आना वही तुम्हारा पुत्र होगा इसके उपरान्त जगकर उस स्वप्नको स्मरणकरके वह राजा अत्यन्त प्रसन्न हुआ और एकसमय शिकार खेलनेकेलिये वनमें बहुतदूरचलागया वहां राजाको मध्याह्नके समय किसी तालाब के किनारे सूर्य्य के समान तेजवाला सिंहपर चढ़ा हुआ एकबालक दिखाई दिया वह सिंह बालकको उतारकर जल पीने के लिये तालावपरचला तब राजाने स्वप्नको स्मरणकरके उससिंह के एक बाणमारा बाणके लगने से वहसिंह पुरुषहोगया तब राजाने उससे पूछा कि बताओ यह क्या बातहै वह बोला हे राजा मैं कुबेरका मित्र सातनामयक्षहूं मैंने एक समय गंगामें स्नानकरती हुई एक ऋषिकी कन्यादेखी और उस कन्याने मुझे देखा परस्पर देखनेसे हमदोनोंको कामकावेग उत्पन्नहुआ तो मैंने उसकेसाथ गान्धर्व विवाह करलिया ६८ उसकेभाइयोंने यहबात सुनकर क्रोधसे शापदिया कि तुम दोनों बड़ेस्वेच्छाचारीहो इस्से सिंहहोजाओ मुनियोंने पुत्र जन्म पर्य्यन्त मेरीस्त्रीके शापकी अवधिकरदी और तुम्हारे बाणलगनेतक मेरेशापकी अवधिकरदी इसके उपरान्त हमदोनों इसवनमें आकर सिंह और सिंहनीहोगये समय पाकर सिंहनीगर्भिणीहुई और इसपुरुष बालकको उत्पन्नकरके मरगई मैंने अन्य सिंहिनियों के दूधसे इसबालककी पालनाकी आजतुम्हारे बाणके लगनेसे मैंभी शापसे छूटगया इस बड़े बलवान् बालकको मैं तुम्हेंदेताहूं इसेलेजाओ और मुनिलोगोंनेभी हमसे यहबात पहलेही कहदीथी यहकहकर उससिंहसे मनुष्यरूप होनेवाले यक्षके अन्तर्द्धान होजानेपर राजा उसबालकको लेकर अपने घरचलाआया सातनाम यक्ष उसका वाहनहुआ था इसहेतु से उसका सातवाहननाम रक्खा और उसे अपना राज्यदेकर राजादीपकर्णिवनको चलागया तब सातवाहन चक्रवर्ती राजाहुआ १०६ इसप्रकार काणभूतिके पूंछने से बीचमें इसकथाको कहकर वहगुणाढ्य फिर अपनी कथाको कहनेलगा एकसमय राजा सातवाहन वसन्तके उत्सवमें देवीजीके उसबगीचे में गया नन्दनवनमें इन्द्रके समान उसबगीचेमें विचरताहुआ राजा जलक्रीड़ा करनेके लिये स्त्रियों समेत बावड़ी में उतरा और बावड़ी में स्त्रियोंपर छींटें डालनेलगा हाथीपर हथिनियों के समान वह स्त्रियांभी उसपर जलडालनेलगीं स्त्रियोंके नेत्रोंका अंजन छुटगया और जलके पड़नेसे वस्त्रअंगोंमें ऐसे चिपटगये कि सबउनके अंग साफ २ दिखाई देनेलगे इस्से वह स्त्रियां राजाके मनको हरनेलगीं वायुकेसमान उसराजाने तिलकरूपी पत्रोंसेरहित और गिरेहुए आभूषण रूप पुष्पोंवाली लताओंके समान सब रानियां करदीं ११२ इसके उपरान्त उनमेंसे एकबड़े कोमल शरीरवाली रानी राजासे बोली कि हेनाथ मोदकैस्ताड़य ( अर्थात् मेरेऊपर जल मतडालो ) यह सुनकर राजाने बहुतसे लड्डू मँगवाये तब फिर वह रानी हँसकरबोली हेराजा यहां जलक्रीड़ा में मोदकों का क्याकाम है मैंने तुमसे यह कहाथा कि मेरेऊपर जलमतडालो तुम मा शब्द और उदक शब्दकी संधिभी नहीं जानतेहो और मोकेकोभी नहीं समझते तुम बड़ेही मूर्खहो व्याकरणकी जाननेवाली रानीने जब इसप्रकारसे कहा और सब स्त्रियां हँसनेलगीं तो राजाको बड़ी लज्जाहुई तब जलक्रीड़ाको छोड़कर और अभिमानरहितहोके राजा अपने अपमानसे दुखितहोकर अपने मकानको चलागया ११६ फिर भोजनको भी परित्याग करके चिन्तासे महाव्याकुल राजा चित्रमें लिखीहुई तसवीर के समान

यह सुनकर मैंने भी चपलतासे इसके आगेका सूत्रबोलदिया यहसुनकर स्वामिकुमारने कहा कि जो तुमबीचमें न बोलते तो यहशास्त्र पाणिनीय शास्त्रसे भी बढ़करहोता अब छोटाहोने के कारण कातंत्र नामहोगा और कलापनाम मेरेवाहनकेनामसे इसका कालापकभी नामहोगा इसप्रकार छोटे से व्याकरणको कहकर फिर बोले कि तुम्हारा राजा पूर्व्वजन्ममें भरद्वाजमुनिका शिष्य कृष्णनाम मुनिया एक समय किसी मुनिकी कन्याको देखकर इसे और उसेदोनोंको कामकी बाधाहुई तबऋषियों ने इनदोनों को शापदेदिया वह ऋषि तो तुम्हारा राजाहुआहै और ऋषिकी कन्या राजाकी रानीहुई है इसप्रकार से तुम्हारा राजा मुनिका अवतारहै तुम्हारे देखनेही से उसे संपूर्ण विद्या प्राप्तहोजायँगी (महात्मालोगों के मनोरथ जन्मान्तरमें इकट्ठेकियेहुए उत्तम संस्कारोंके द्वारा विनापरिश्रमही सिद्धहोजाते हैं) यहकहकर भगवान् स्वामिकुमार के अन्तर्द्धान होजानेपर में बाहर चलाआया तबवहाँके पंड्योंने मुझे थोड़े से चावलदिये रास्ते में रोज २ खानेपरभी वह चावल ज्योंके त्यों बनेरहे २१ इसप्रकार अपने वृत्तान्तको कहकर शर्व्ववर्माके निवृत्तहोनेपर राजा प्रसन्नहोकर स्नानकेलिये उठा तब मानेहोने के कारण संपूर्ण व्यवहारों से रहितहोकर मैंने नहीं इच्छा करतेहुए भी राजासे केवल प्रणाममात्रकेही द्वारा पूछकर दो शिष्यों समते नगरके बाहर गमनकिया और तपकरने का निश्चय करके विन्ध्यवासिनी के दर्शनोंको आया स्वप्नमें भगवती की आज्ञासे तुम्हारे देखनेकेलिये इस विन्ध्याचल के वनमें आया तब किसी भीलके कहने से यात्रियों के समूहकेसाथ यहाँआकर मैंने बहुतसे यह पिशाच देखे दूरसे इनलोगोंकी परस्पर बातोंको सुनकर मैंने भी पिशाचभाषासीखली तब मेरामौनछूटा पिशाचभाषाको जानकर मैंने सुना कि तुम उज्जयिनीकोगये हो इससे अबतक तुम्हारे आनेकी बाट देखतारहा तुम्हें देखकर और पिशाची भाषामें तुम्हारा शिष्टाचारकरके मुझे अपने पूर्व्वजन्मका स्मरणआगया यहमेरा इसजन्मका वृत्तान्तहै गुणाढ्यके ऐसेवचन सुनकर काणभूति बोला कि आजरात्रिको मैंने जिसप्रकार तुम्हारेआने का वृत्तान्तजाना यहसुनो ३० भूतिवर्म्मानाम दिव्यदृष्टिवाला एकराक्षस मेरामित्रहै उससेमिलनेको मैं उज्जयिनीगयाथा वहाँ मैंने उससे पूछा कि मेरेशापका अन्तकबहोगा तब उसनेकहा कि दिनको हमारी सामर्थ्यनहीं है रात्रिको हम तुम्हें बतावेंगे रात्रिहोनेपर भूतोंकोप्रसन्न देखकर मैंने उससे पूछा कि रात्रिमें भूतों के अधिकपराक्रमी और आनन्दहोने का क्या कारण है तब भूतिवर्म्मा राक्षस बोला कि पहले ब्रह्माजी से जैसा शिवजीने कहाहै वह मैं तुमसे कहताहूं दिनमें सूर्य्य के तेजसे ध्वस्तहुए यक्ष राक्षस और पिशाचोंका प्रभावनहींहोता इस्से यहरात्रिमें प्रसन्नरहते हैं और बलीहोते हैं जहां देवता और ब्राह्मणोंका पूजन नहीं होताहै और जहां विधिपूर्व्वक भोजननहीं होताहै वहां इनका जोरहोताहै जहां मांसभक्षणनहीं किया जाताहै और साधूलोग रहतेहैं वहां यहनहींजाते पवित्रशूर और जागतेहुए मनुष्योंको यह कभी पीड़ानहींदेते यह कहकर भूतिवर्म्मा फिर बोला कि जाओ तुम्हारे शापके छूटने का कारण गुणाढ्य आगया यह सुनकर मैं यहां आया और तुम्हारे दर्शन मुझे मिले अब मैं तुमसे पुष्प-

एक बातसुननेकी मुझे और इच्छाहै कि किसकारण से तुम्हारा

स्वामी ऐसे संकटकेसमयमें स्वामिकुमारके सिवाय और कोई उपायनहीं है उसके वचनको ठीकसमझकर शर्ववर्म्मा प्रातःकाल भोजनकिये विनाही घरसे चलागया फिर दूतके मुखसे शर्ववर्म्माके जानेके वृत्तान्त को सुनकर मैंने राजासेभीजाकर उसके स्वामिकुमारके यहांजानेका वृत्तान्तकहा राजानेभीकहा कि देखो क्याहोताहै १५९इसके उपरान्त सिंहगुप्तनाम किसी राजपुत्रने राजासेकहा कि हेराजा उससमय आपको दुखी देखकर मुझेअत्यन्त खेदहुआथा तब मैंने आपके कल्याणकेलिये नगरके बाहर जाकर चंडिका भगवतीके आगे अपनाशिर काटकर चढ़ानाचाहा उससमय यह आकाशबाणी हुई कि शिरमतकाटो तुम्हारे राजाकी इच्छा पूर्णहोगी इससे मैं जानताहूं कि आपका मनोरथ सिद्धहोगा यहकहकर और राजा से पूछकर उसने दोदूत शर्व्ववर्म्माके पीछेभेजे शर्व्ववर्म्माभी निराहार और मौन व्रतसाधकर स्वामिकुमार के निकटपहुंचा वहांउसने अपने शरीरको न समझकर ऐसा तपकिया कि जिससे प्रसन्नहोकर भगवान् स्वामिकुमारने उसका मनोरथ पूर्णकिया १६० यहवात सिंहगुप्तके भेजेहुए दूतों ने आकर राजासे पहलेही कहदी जैसेमेघको देखकर हंसकोखेद और चातकको प्रसन्नताहोती है उसीप्रकार उनदूतोंके बचन सुनकर मुझे खेदहुआ और राजाको आनन्दहुआ शर्व्ववर्म्मा ने आकर स्वामिकुमारकी कृपासे केवल ध्यान करनेही से प्राप्तहुई सम्पूर्ण विद्या राजाको देदीं और उसीसमय राजाको सम्पूर्ण विद्याओं का ज्ञानहोगया (ईश्वरकी कृपासे क्या नहीं होताहै) इसके उपरान्त राजाके पण्डित होजानेकी खबरको सुनकर राज्यभर में बड़ा उत्सव होनेलगा उससमय नवीन लगाईगईं और वायुसे हिलतीहुई पताका मानों नगरभरे में नृत्यकररहींथीं राजाने शर्व्ववर्म्माको अपना गुरू समझकर बड़े २ रत्नों से उनका पूजनकिया और नर्मदा नदीके किनारेपर वसेहुए भरुकच्छनाम देशका राज्य उसेदेदिया जिस सिंहगुप्त नाम राजपुत्रने दूतोंके मुखसे पहले स्वामिकुमारके वरदेनेकी खबर सुनाईथी उसेधनदेकर अपने समान करलिया और विष्णुशक्तिनाम राजाकी कन्या जिसरानीने विद्याके लिये उसे उत्साह दिलायाथा उसे सब रानियों में पटरानी बनाया १६७॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांकथापीठलम्बकेषष्ठस्तरङ्गः ६॥

इसके उपरान्त मैं मौनहोकर राजाकेनिकटगया वहाँ किसीब्राह्मणने अपना बनायाहुआ एकश्लोक पढ़ा और राजाने आपही उसश्लोक की व्याख्यासंस्कृतमें की यह देखकर वहाँ के संपूर्ण लोग बहुत प्रसन्नहुए फिर राजाने शर्व्ववर्म्मासे पूछा कि कहो तुम्हारे ऊपर स्वामिकुमारने किसप्रकारसे कृपाकी यह सुनकर शर्व्ववर्म्मा बोला कि हे राजा मैं यहांसेनिराहार और मौनहोकरचला तो कुछ थोड़ाही मार्गबाकी रहाथा कि मैं मारे क्लेशके मूर्च्छाखाकर पृथ्वीपर गिरपड़ा तब शक्तिको लिये हुए किसी पुरुष ने मुझसे आकरकहा कि हेपुत्र उठ तेरासबमनोरथ पूराहोगा उसके अमृतरूपी वचनोंसे सींचाहुआ मैं उसीसमय उठबैठा और मेरी भूखप्यास सबचलीगई इसके उपरान्त स्वामिकुमारके मंदिरमें पहुंचकर स्नानकरके मैं मन्दिरके भीतरगया तब साक्षात् स्वामिकुमारने मुझे दर्शनदिये और मेरेमुखमें साक्षात् सरस्वती का प्रवेशहुआ इसके उपरान्त भगवान् स्वामिकुमारजी छहों मुखोंसे सिद्धोवर्णसमाम्नायः यहसूत्रबोले १०

यह सुनकर मैंने भी चपलतासे इसके आगेका सूत्रबोलदिया यहसुनकर स्वामिकुमारने कहा कि जो तुमबीचमें न बोलते तो यहशास्त्र पाणिनीय शास्त्रसे भी बढ़करहोता अब छोटाहोने के कारण कातंत्र नामहोगा और कलापनाम मेरेवाहनकेनामसे इसका कालापकभी नामहोगा इसप्रकार छोटे से व्याकरणको कहकर फिर बोले कि तुम्हारा राजा पूर्व्वजन्ममें भरद्वाजमुनिका शिष्य कृष्णनाम मुनिथा एक समय किसी मुनिकी कन्याको देखकर इसे और उसेदोनोंको कामकी बाधाहुई तबऋषियों ने इनदोनों को शापदेदिया वह ऋषि तो तुम्हारा राजाहुआहै और ऋषिकी कन्या राजाकी रानीहुई है इसप्रकार से तुम्हारा राजा मुनिका अवतारहै तुम्हारे देखनेही से उसे संपूर्ण विद्या प्राप्तहोजायँगी (महात्मालोगों के मनोरथ जन्मान्तरमें इकट्ठेकियेहुए उत्तम संस्कारोंके द्वारा विनापरिश्रमही सिद्धहोजाते हैं) यहकहकर भगवान् स्वामिकुमार के अन्तर्द्धान होजानेपर मैं बाहर चलाआया तबवहाँके पंड्योंने मुझे थोड़े से चावलदिये रास्ते में रोज २ खानेपरभी वह चावल ज्योंके त्यों बनेरहे २१ इसप्रकार अपने वृत्तान्तको कहकर शर्व्ववर्माके निवृत्तहोनेपर राजा प्रसन्नहोकर स्नानकेलिये उठा तब मौनैहोने के कारण संपूर्ण व्यवहारों से रहितहोकर मैंने नहीं इच्छा करतेहुए भी राजासे केवल प्रणाममात्रकेही द्वारा पूछकर दो शिष्यों समेत नगरके बाहर गमनकिया और तपकरने का निश्चय करके विन्ध्यवासिनी के दर्शनोंको आया स्वप्नमें भगवती की आज्ञासे तुम्हारे देखनेकेलिये इस विन्ध्याचल के वनमें आया तब किसी भीलके कहने से यात्रियों के समूहकेसाथ यहाँआकर मैंने बहुतसे यह पिशाच देखे दूरसे इनलोगोंकी परस्पर बातोंको सुनकर मैंने भी पिशाचभाषासीखली तब मेरामौनछूटा पिशाचभाषाको जानकर मैंने सुना कि तुम उज्जयिनीकोगये हो इससे अबतक तुम्हारे आनेकी बाट देखतारहा तुम्हें देखकर और पिशाची भाषामें तुम्हारा शिष्टाचारकरके मुझे अपने पूर्व्वजन्मका स्मरणआगया यहमेरा इसजन्मका वृत्तान्तहै गुणाढ्यके ऐसेवचन सुनकर काणभूति बोला कि आजरात्रिको मैंने जिसप्रकार तुम्हारेआने का वृत्तान्तजाना वहसुनो ३० भूतिवर्म्मानाम दिव्यदृष्टिवाला एकराक्षस मेरामित्रहै उससेमिलनेको मैं उज्जयिनीगयाथा वहाँ मैंने उससे पूंछा कि मेरेशापका अन्तकबहोगा तब उसनेकहा कि दिनको हमारी सामर्थ्यनहीं है रात्रिको हम तुम्हें बतावेंगे रात्रिहोनेपर भूतोंकोप्रसन्न देखकर मैंने उससे पूछा कि रात्रिमें भूतों के अधिकपराक्रमी और आनन्दहोने का क्या कारण है तब भूतिवर्म्मा राक्षस बोला कि पहले ब्रह्माजी से जैसा शिवजीने कहाहै वह मैं तुमसे कहताहूं दिनमें सूर्य्य के तेजसे ध्वस्तहुए यक्ष राक्षस और पिशाचोंका प्रभावनहींहोता इस्से यहरात्रिमें प्रसन्नरहते हैं और बलीहोते हैं जहां देवता और ब्राह्मणोंका पूजन नहीं होताहै और जहां विधिपूर्व्वक भोजननहीं होताहै वहां इनका जोरहोताहै जहां मांसभक्षणनहीं किया जाताहै और साधूलोग रहतेहैं वहां यहनहींजाते पवित्रशूर और जागतेहुए मनुष्योंको यह कभी पीड़ानहींदेते यह कहकर भूतिवर्म्मा फिर बोला कि जाओ तुम्हारे शापके छूटने का कारण गुणाढ्य आगया यह सुनकर मैं यहां आया और तुम्हारे दर्शन मुझे मिले अब मैं तुमसे पुष्पदन्तकी कहीहुई कथा कहताहूं परन्तु एक बातसुननेकी मुझे और इच्छाहै कि किसकारण से तुम्हारा

स्वामी ऐसे संकटकेसमयमें स्वामिकुमारके सिवाय और कोई उपायनहीं है उसके वचनको ठीकसमझकर शर्ववर्म्मा प्रातःकाल भोजनकिये विनाही घरसे चलागया फिर दूतके मुखसे शर्ववर्म्माके जानेके वृत्तान्त को सुनकर मैंने राजासेभीजाकर उसके स्वामिकुमारके यहांजानेका वृत्तान्तकहा राजानेभीकहा कि देखो क्याहोताहै १५४इसके उपरान्त सिंहगुप्तनाम किसी राजपुत्रने राजासेकहा कि हेराजा उससमय आपको दुखी देखकर मुझेअत्यन्त खेदहुआथा तब मैंने आपके कल्याणकेलिये नगरके बाहर जाकर चंडिका भगवतीके आगे अपनाशिर काटकर चढ़ानाचाहा उससमय यह आकाशवाणी हुई कि शिरमतकाटो तुम्हारे राजाकी इच्छा पूर्णहोगी इससे मैं जानताहूं कि आपका मनोरथ सिद्धहोगा यहकहकर और राजा से पूछकर उसने दोदूत शर्व्ववर्म्माके पीछेभेजे शर्व्ववर्म्माभी निराहार और मौन व्रतसाधकर स्वामिकुमार के निकटपहुंचा वहांउसने अपने शरीरको न समझकर ऐसा तपकिया कि जिससे प्रसन्नहोकर भगवान् स्वामिकुमारने उसका मनोरथ पूर्णकिया १६० यहवात सिंहगुप्तके भेजेहुए दूतों ने आकर राजासे पहलेही कहदी जैसेमेघको देखकर हंसकोखेद और चातकको प्रसन्नताहोती है उसीप्रकार उनदूतोंके वचन सुनकर मुझे खेदहुआ और राजाको आनन्दहुआ शर्व्ववर्म्मा ने आकर स्वामिकुमारकी कृपासे केवल ध्यान करनेही से प्राप्तहुई सम्पूर्ण विद्या राजाको देदीं और उसीसमय राजाको सम्पूर्ण विद्याओं का ज्ञानहोगया (ईश्वरकी कृपासे क्या नहीं होताहै) इसके उपरान्त राजाके पण्डित होजानेकी खबरको सुनकर राज्यभर में वड़ा उत्सव होनेलगा उससमय नवीन लगाईगई और वायुसे हिलतीहुई पताका मानों नगरभरे में नृत्यकररहींथीं राजाने शर्व्ववर्म्माको अपना गुरू समझकर बड़े २ रत्नों से उनका पूजनकिया और नर्मदा नदीके किनारेपर वसेहुए भरुकच्छनाम देशका राज्य उसेदेदिया जिस सिंहगुप्त नाम राजपुत्रने दूतोंके मुखसे पहले स्वामिकुमारके वरदेनेकी खबर सुनाईथी उसेधनदेकर अपने समान करलिया और विष्णुशक्तिनाम राजाकी कन्या जिसरानीने विद्याके लिये उसे उत्साह दिलायाथा उसे सब रानियों में पटरानी वनाया १६७॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांकथापीठलम्बकेषष्ठस्तरङ्गः ६॥

इसके उपरान्त मैं मौनहोकर राजाकेनिकटगया वहाँ किसीब्राह्मणने अपना वनायाहुआ एकश्लोक पढ़ा और राजाने आपही उसश्लोक की व्याख्यासंस्कृतमें की यह देखकर वहाँ के संपूर्ण लोग बहुत प्रसन्नहुए फिर राजाने शर्व्ववर्म्मासे पूछा कि कहो तुम्हारे ऊपर स्वामिकुमारने किसप्रकारसे कृपाकी यह सुनकर शर्व्ववर्म्मा बोला कि हे राजा मैं यहांसेनिराहार और मौनहोकरचला तो कुछ थोड़ाही मार्गवाकी रहाथा कि मैं मारे क्लेशके मूर्च्छाखाकर पृथ्वीपर गिरपड़ा तब शक्तिको लिये हुए किसी पुरुष ने मुझसे आकरकहा कि हेपुत्र उठ तेरासवमनोरथ पूराहोगा उसके अमृतरूपी वचनोंसे सींचाहुआ मैं उसीसमय उठबैठा और मेरी भूखप्यास सवचलीगई इसके उपरान्त स्वामिकुमारके मंदिरमें पहुंचकर स्नानकरके मैं मन्दिरके भीतरगया तब साक्षात् स्वामिकुमारने मुझे दर्शनदिये और मेरेमुखमें साक्षात् सरस्वती का प्रवेशहुआ इसके उपरान्त भगवान् स्वामिकुमारजी छहों मुखोंसे सिद्धोवर्ण समाम्नायः यहसूत्रबोले १०

उसने यह इशारह कियाहै कि पुष्पदन्त नाम देवमन्दिरमें जाकर हमारी बाटदेखना अभी तुम यहां से जाओ इसप्रकार इशारेका मतलब समझकर उसने शोचको त्यागदिया और वहदेवमन्दिर में जाबैठा ७० फिर अष्टमी के बहाने से राजकन्या भी अकेली देवमन्दिर के भीतरआई और देखा कि द्वारके पीछे अपना प्रियखड़ा है देवदत्तने भी उसे देखकर जल्दी से कण्ठमें लगालिया राजकन्याने देवदत्तसे पूछा कि उस गुप्त इशारेको तुमने कैसेजाना तब उसनेकहा कि मैं नहीं समझाथा परन्तु हमारे उपाध्याय ने उसे समझलिया तब मुझे छोड़दे तू मूर्ख है यहकहकर मंत्र भेदके डरसे वहकन्या वहां से चलीआई और देवदत्तभी एकान्तमें मिलकर चलीगई उस प्रियाका स्मरण करताहुआ वियोगकी अग्निसे मरगया महादेवजी ने उसे मरादेखकर पञ्चशिखनाम गणको आज्ञादी कि तू जाकर इसका मनोरथ पूर्णकर ७६ तब पञ्चशिखने उसे जिलाकर उससे कहा कि तुम स्त्रीकासा वेषबनाओ और पञ्चशिखने अपना वृद्ध ब्राह्मण कासा वेषबनाया तब देवदत्तको अपने साथ में लेकर सुशर्म्मा नाम राजा के यहां जाकर बोला कि हे राजा मेरा पुत्र कहीं चलागया है उसे ढूंढ़नेको मैं जाताहूं तुम मेरी बहूको अपने यहां रखलो यह सुनकर शापकेडरसे सुशर्म्मा ने स्त्री वेषधारी पुरुषको अपनी कन्याके महलमें रक्खा ८० इसके उपरान्त पञ्चशिख नाम गणके चले जाने पर देवदत्त स्त्री के वेष में अपनी प्रिया के यहां रहते २ उसका बड़ा विश्वासपात्र होगया एकसमय राजकन्याको बहुत उत्कण्ठित देखकर देवदत्त ने अपना स्वरूप प्रकट किया और उससे गान्धर्व विवाह करलिया फिर कुछ दिनके बाद राजकन्याके गर्भवती होने पर स्मरणमात्रसे आयाहुआ शिवजी का गण इसे गुप्तरीति से लेगया और देवदत्तको अपने साथमें लेकर सुशर्म्मा राजाके घरगया और बोला कि हे राजा आजमेरापुत्र आगया मेरीबहू मुझे देदो तब राजा ने यहसुनकर कि वह रात्रिको कहीं भागगई है और ब्राह्मण के शापसे डरकर मंत्रियों से यहकहा कि यह ब्राह्मण नहीं है मेरे ठगने के लिये कोई देवताआया है क्योंकि ऐसी बातें बहुधा हुआकरती हैं देखो पूर्व्वसमय में बड़ातपस्वी दयालु दाता और धीर राजाशिवि सम्पूर्ण प्राणियोंका रक्षाकरनेवाला हुआथा उसको ठगनेकेलिये इन्द्र बाजके स्वरूपको धारणकरके कबूतरके रूपको धारणकिये धर्म्म के पीछेदौड़ा वह कबूतर मारेडरके राजा शिविकी गोदी में जापड़ा तब उस बाजने मनुष्योंकीसी वाणीमें राजा शिविसे कहा कि हे राजा मैं बहुत भूखाहूं तुम इस मेरे भक्ष्य कबूतरको छोड़दो नहीं तो मैं मरजाऊंगा तो तुम्हें क्या धर्म्महोगा ६१ तब राजा शिविनेकहा कि यह हमारी शरणमें आयाहै हम इसको नहींत्यागेंगे इसकेसमान अन्य किसी जीवका मांस तुम लेलो बाजने कहा अगर ऐसाही आप कहते हैं तो अपनाही मांस मुझे दो राजाने प्रसन्नहोकर यह बात स्वीकारकरली फिर जैसे२ राजा अपने मांसको तराजूमें उसके बराबर करनेको काट२ चढ़ाताजाताथा वैसेही वैसे वह कबूतर अधिकभारी होताचलाजाता था तब राजाने अपना सम्पूर्ण शरीर तराजूपररखदिया उससमय राजा धन्यहै २ यह आकाशवाणीहुई फिर इन्द्र और धर्म्म ने अपना २ स्वरूपधारणकरके राजाकी बड़ी स्तुतिपूर्व्वक उसका शरीर ज्योंकात्यों करदिया ६६ इसके उपरान्त और भी बहुतसे राजाको वरदानदेकर इन्द्र और धर्म दोनों अन्तर्द्धानहोगये

और पुष्पदन्तका माल्यवान् और पुष्पदन्तनाम हुआ सो कहो ४० काणभूतिके यह वचन सुनकर गुणाढ्य बोला कि गंगाजीके तटपर बहुसुवर्णक नामगांवहै उसमें गोविन्ददत्तनाम एकबहुश्रुत ब्राह्मण रहताथा उसकी बड़ी पतिव्रता अग्निदत्तानामस्त्रीथी समय पाकर उस ब्राह्मण के पांच पुत्रहुए वहपांचों महामूर्ख बड़े स्वरूपवान् और महाअभिमानी थे एक समय गोविन्ददत्तके यहां एक वैश्वानरनाम ब्राह्मण अतिथि होकरआया उस समय गोविन्ददत्त घरमेंनहींथा इसलिये उस ब्राह्मणने उसके पुत्रोंको नमस्कार किया परन्तु उनमूर्खोंने उसको प्रणामतो नहीं किया किन्तु हास्यकरनेलगे इस्से वहअप्रसन्न और क्रोधितहोकर जैसे कि जानेलगा वैसेही गोविन्ददत्तने आकर उस्से संपूर्ण वृत्तान्त पूछकर उसकी बड़ी विनतीकरी इतने परभी वह ब्राह्मण क्रोधसेबोला कि तेरे पुत्र बड़ेमूर्ख और पतितहैं और इनके संपर्कसे तूभी ऐसाही होगयाहै इस्से मैं तुम्हारे यहां भोजननहीं करूंगा चाहै मुझे प्रायश्चित्तभी होजाय ४८ इसके उपरान्त गोविन्ददत्तने शपथ खाकरकहा कि मैं इनदुष्टोंका कभी स्पर्शभी नहीं करताहूं और उसकी स्त्री ने भी आकर इसी प्रकारसे कहा तब वैश्वानरने उस के घरमें बड़ी कठिनतासे भोजन किया यह देखकर उसका देवदत्तनाम एकपुत्र अपने पिताकी अपने ऊपर ऐसी घृणा देखकर बड़ा दुखी हुआ माता पितासे त्याग कियेहुए का जीनाही व्यर्थ है ऐसा शोचकर वह तपकरनेको बदरिकाश्रम में चलागया ५२ फिर वहां देवदत्त बहुत दिनतक पत्तेखाकर और बहुतकालतक धूमपानकरके महादेवजी के प्रसन्नकरनेको तप करतारहा उसके बड़े कठिन तपसे प्रसन्नहोकर महादेवजी ने दर्शनदेकर कहा कि वरमांगो उसने यह वरमांगा कि मैं आपकादासरहूं तब शिवजी बोले कि पहले विद्याओंको पढ़ो और पृथ्वी में सब आनन्दोंको भोगो तब तुम्हारामनोरथ पूर्णहोगा ५५ इसके उपरान्त वह देवदत्त विद्याके निमित्त पाटलिपुत्र नगरमें जाकर वेदकुंभनाम उपाध्यायका विधिपूर्व्वक सेवन करनेलगा एक दिन उपाध्यायकी स्त्री कामसे पीड़ितहोकर देवदत्तसे संभोग करने के लिये हठकरनेलगी क्योंकि (स्त्रियोंकी चित्त की वृत्ति बड़ी चंचलहोती है) इसकारणसे उसदेशको छोड़कर कामदेवके विकारसे युक्त वह देवदत्त प्रतिष्ठान देशको चलाआया ५८ उसदेशमें वृद्धस्त्रीवाले मंत्र स्वामीनाम वृद्ध उपाध्यायसे अच्छे प्रकार विद्या पढ़नेलगा और बड़ा पण्डितहोगया विद्यापढ़ने के उपरान्त सुशर्म्मानाम राजाकी श्रीनाम कन्या ने उसे देखा और उसनेभी उसे झरोखों में खड़ीहुई देखा वह कन्या न थी मानों विमानपर चढ़ीहुई चंद्रलोककी देवताथी कामदेवकी जंजीररूपी दृष्टिसे परस्पर बँधेहुए वहदोनों वहांसे हटनेको नहीं समर्थहुए तब राजाकी कन्याने अपनी एक उंगली से इशारहकिया कि यहांआओ वह उंगली नहींथी मानों मूर्त्ति धारण कियेहुए कामदेवकी आज्ञाथी जब देवदत्त महलके भीतर होकर उसके निकटगया तबउस कन्याने दांतसे फूलउठाकर उसकी तरफफेंका राजकन्याके इस छिपेहुए इशारेको न जानकर देवदत्त उपाध्यायके घरमेंआकर पृथ्वी में लोटनेलगा और तापसे व्याकुलहोकर कुछभी न कहसका ६६ बुद्धिमान् उपाध्यायने कामसेहुए चिह्नोंको देखकर उससे युक्तिपूर्व्वक पूछा तो उसने सबहाल कहदिया यह सुनकर उपाध्याय तो चतुरथा और वह उस इशारेको समझकर इससेबोला कि दांतसे फूलको फेंककर

उसने यह इशारह कियाहै कि पुष्पदन्त नाम देवमन्दिरमें जाकर हमारी बाटदेखना अभी तुम यहां से जाओ इसप्रकार इशारेका मतलब समझकर उसने शोचको त्यागदिया और वहदेवमन्दिर में जाबैठा ७० फिर अष्टमी के बहाने से राजकन्या भी अकेली देवमन्दिर के भीतरआई और देखा कि द्वारके पीछे अपना प्रियखड़ा है देवदत्तने भी उसे देखकर जल्दी से कण्ठमें लगालिया राजकन्याने देवदत्तसे पूछा कि उस गुप्त इशारेको तुमने कैसेजाना तब उसनेकहा कि मैं नहीं समझाथा परन्तु हमारे उपाध्याय ने उसे समझलिया तब मुझे छोड़दे तू मूर्ख है यहकहकर मंत्र भेदके डरसे वहकन्या वहां से चलीआई और देवदत्तभी एकान्तमें मिलकर चलीगई उस प्रियाका स्मरण करताहुआ वियोगकी अग्निसे मरगया महादेवजी ने उसे मरादेखकर पञ्चशिखनाम गणको आज्ञादी कि तू जाकर इसका मनोरथ पूर्णकर ७६ तब पञ्चशिखने उसे जिलाकर उससे कहा कि तुम स्त्रीकासा वेषबनाओ और पञ्चशिखने अपना वृद्ध ब्राह्मण कासा वेषबनाया तब देवदत्तको अपने साथ में लेकर सुशर्म्मा नाम राजा के यहां जाकर बोला कि हे राजा मेरा पुत्र कहीं चलागया है उसे ढूंढ़नेको मैं जाताहूं तुम मेरी बहूको अपने यहां रखलो यह सुनकर शापकेडरसे सुशर्म्मा ने स्त्री वेषधारी पुरुषको अपनी कन्याके महलमें रक्खा ८० इसके उपरान्त पञ्चशिख नाम गणके चले जाने पर देवदत्त स्त्री के वेष में अपनी प्रिया के यहां रहते २ उसका बड़ा विश्वासपात्र होगया एकसमय राजकन्याको बहुत उत्कण्ठित देखकर देवदत्त ने अपना स्वरूप प्रकट किया और उससे गान्धर्व विवाह करलिया फिर कुछ दिनके बाद राजकन्याके गर्भवती होने पर स्मरणमात्रसे आयाहुआ शिवजी का गण इसे गुप्तरीति से लेगया और देवदत्तको अपने साथमें लेकर सुशर्म्मा राजाके घरगया और बोला कि हे राजा आजमेरापुत्र आगया मेरीबहू मुझे देदो तब राजा ने यहसुनकर कि वह रात्रिको कहीं भागगई है और ब्राह्मण के शापसे डरकर मंत्रियों से यहकहा कि यह ब्राह्मण नहीं है मेरे ठगने के लिये कोई देवताआया है क्योंकि ऐसी बातें बहुधा हुआकरती हैं देखो पूर्व्वसमय में बड़ातपस्वी दयालु दाता और धीर राजाशिवि सम्पूर्ण प्राणियोंका रक्षाकरनेवाला हुआ था उसको ठगनेकेलिये इन्द्र बाजके स्वरूपको धारणकरके कबूतरके रूपको धारणकिये धर्म्म के पीछेदौड़ा वह कबूतर मारेडरके राजा शिविकी गोदी में जापड़ा तब उस बाजने मनुष्योंकीसी वाणीमें राजा शिविसे कहा कि हे राजा मैं बहुत भूखाहूं तुम इस मेरे भक्ष्य कबूतरको छोड़दो नहीं तो मैं मरजाऊंगा तो तुम्हें क्या धर्म्महोगा ६१ तब राजा शिविनेकहा कि यह हमारी शरणमें आयाहै हम इसको नहींत्यागेंगे इसकेसमान अन्य किसी जीवका मांस तुम लेलो बाजने कहा अगर ऐसाही आप कहते हैं तो अपनाही मांस मुझे दो राजाने प्रसन्नहोकर यह बात स्वीकारकरली फिर जैसे२ राजा अपने मांसको तराजूमें उसके बराबर करनेको काट२ चढ़ाताजाताथा वैसेही वैसे वह कबूतर अधिकभारी होताचलाजाता था तब राजाने अपना सम्पूर्ण शरीर तराजूपररखदिया उससमय राजा धन्यहै २ यह आकाशवाणीहुई फिर इन्द्र और धर्म्म ने अपना २ स्वरूपधारणकरके राजाकी बड़ी स्तुतिपूर्व्वक उसका शरीर ज्योंकात्यों करदिया ६६ इसके उपरान्त और भी बहुतसे राजाको वरदानदेकर इन्द्र और धर्म दोनों अन्तर्द्धानहोगये

इसीप्रकार मेरीभी परीक्षाकरनेको यह कोई देवताआयाहै मंत्रियों से यह बात कहकर डरताहुआ राजा ब्राह्मण से बोला कि क्षमाकीजिये आज रात्रि को आपकी बहू रात्रिदिन रक्षाकरनेपर भी कहींचलीगई तब वह ब्राह्मण दयाकरके बोला कि जो मेरी बहू कहींचलीगई है तो अपनी कन्या मेरे पुत्रको देदे यह सुनकर शापसेडरेहुए राजाने अपनी कन्याका विवाह देवदत्तसे करदिया देवदत्तभी उस अपनी प्रिया को पाकर अपने श्वशुरके राज्यका अधिकारीहुआ क्योंकि उसके और कोई सन्तान न थी समयपाकर राजा सुशर्मा देवदत्तके पुत्र महीधरनाम अपने दौहितेको राज्य देकर वनको चलागया पुत्रके ऐश्वर्य को देखकर कृतार्थ होनेवाला देवदत्त भी राजकन्या समेत वनको चलागया और वन में शिवजीका आराधनकरके इसशरीरको त्यागकर श्रीशिवजीकी कृपासे उन्हींका गणहोगया १०५ प्रियाके दांतों से फेंकेगये पुष्पों के इशारेको वह नहींसमझा था इसीसे इसका नाम पुष्पदन्तहुआ और इसकी स्त्री जया नाम पार्वतीजी की दासीहुई इसप्रकार मैंने पुष्पदन्तके नामका कारणकहा अब मैं अपने नामका कारण कहताहूं उसको सुनो वह गोविन्ददत्त नाम ब्राह्मण जिसका कि पुत्र देवदत्तथा उसी के पुत्रों में से एक सोमदत्त नाम मैं भी था और जिस कारणसे देवदत्त चलागया था उसी कारणसे मैं भी घरमें से निकलकर हिमालयपर्वतपर बहुतसी मालाओं को पहिनाकर शिवजी महाराजका पूजनकरके तपकरने लगा तब प्रसन्नहोकर प्रकटहुए महादेवजी मुझसे बोले कि वरमांगो तब मैंने अन्य सब भोगों को छोड़कर आपका गणहोजाऊं यही वरमांगा यह सुनकर श्रीशिवजी बोले कि बड़ीकठिन पृथ्वी के उत्पन्नहुए पुष्पोंकी माला से जो तुमने मेरा पूजन किया है इसलिये तुम माल्यवान् नाम हमारे गणहोगे इसके उपरान्त मनुष्यके शरीरको छोड़कर मैं शीघ्रही शिवजीका गणहोगया इसप्रकार यह श्रीमहादेवजी ने मेरा माल्यवान् नाम रक्खाहै हे काणभूति वही मैं पार्वतीजी के शापसे फिर मनुष्यहुआहूं तो अब पुष्पदन्तकी कहीहुई कथा मुझसेकहो जिससे कि हमारा और तुम्हारा दोनोंका शापछूटे ११३ ॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांकथापीठलम्बकेसप्तमस्तरङ्गः ७ ॥

इसप्रकार गुणाढ्य के कहनेसे काणभूति ने वहकथा अपनी भाषामें कहीं और गुणाढ्यनेभी उसी पिशाची भाषामें उसीकथाको सातलाख श्लोकों में सातवर्षों में पूर्णकिया इसकथाको विद्याधरोंके लेजाने के डरसे वनमें स्याही न मिलने के कारण गुणाढ्य ने अपने रुधिरसे वहकथालिखी उस दिव्य कथाके सुननेके लिये आयेहुए सिद्ध और विद्याधरोंकी ऐसीभीड़ इकट्ठीहोगई मानों आकाशमें शामियानाही होगया है गुणाढ्यकी बनाईहुई उसकथाको देखकर काणभूति अपने शापसे छूटकर अपनी सद्गतिको प्राप्तहोगया और जो २ पिशाच वहाँ उसदिव्य कथाको सुनरहेथे वहभी स्वर्गको प्राप्तहुए ६ इसके उपरान्त भगवतीने मुझसे यहबातभी कहीथी कि इसकथाको जबतुम पृथ्वी में प्रकाशित करोगे तब तुम्हारे शापका अन्तहोगा सोमैं इसकथाको किसके पासभेजूं यहसोचकर गुणाढ्य ने अपने साथ आयेहुए गुणदेव और नन्दिदेव नामशिष्यों ने कहा कि इसकाव्यके देनेके योग्य केवल राजा सातवाहनहै वह बड़ारसिकहै जैसे वायुपुष्पों की सुगन्धिको इधरउधर लेजाती है उसीप्रकार वहराजाभी इस

काव्यको पृथ्वी में प्रकाशित करेगा ऐसा विचार करके गुणाढ्यतो वहाँ से आकर देवीजी के बगीचे में ठहरे और अपने शिष्यों को पुस्तकलेकर राजाकेपास भेजा वहशिष्य इसकथा को लेकर राजाके यहां गये और बोले कि हे राजा यह गुणाढ्यका बनायाहुआ काव्यहै इसको आपलीजिये राजा उसपिशाची भाषाको सुनकर और उनशिष्यों की आकृति पिशाचोंकीसी देखकर विद्याके अभिमान से तिरस्कार पूर्व्वक बोला कि सातलाख श्लोकोंकी यह पिशाची भाषाका नीरसग्रन्थहै और रुधिरसे अक्षरलिखेहुए हैं इसपिशाचों की कथाको धिक्कारहै १५ तबवह दोनों शिष्य उसपुस्तक को लेकर गुणाढ्यके पासचले गये और राजाका सबवृत्तान्त वर्णन करतेभये यहसुनकर गुणाढ्यकोभी बड़ाखेदहुआ क्योंकि समझदारके अनादरसे किसको खेदनहीं होता इसके उपरान्त गुणाढ्यने अपने शिष्योंको लेकर औरवहाँसे कुछ दूरजाकर किसीपहाड़ी के बड़े उत्तमस्थानपर एक अग्निका कुंडबनाया और उसकुंडमें अग्नि जलाकर गुणाढ्य पशु और पक्षियोंको सुना २ कर उसपुस्तकका एक २ पत्रा अग्निमें हवन करनेलगा संपूर्ण ग्रन्थको हवनकरदिया परन्तु अपने शिष्योंके लिये एकलाख श्लोकोंका ग्रन्थ नरवाहनदत्तका चरित बचारक्खा क्योंकि वह शिष्योंको बहुतप्याराथा जिससमय गुणाढ्य उसकथाको पढ़ २ कर हवन करते थे उससमय अपने २ चाराघास आदिको छोड़ २ कर भैंसा शूकर तथा सारंग आदिक पशुपक्षी उनके निकट आकर उनको घेरकर निश्चल बैठतेथे और उसकथाको सुन २ कर आंसूबहाते थे २२ इसी बीचमें राजा सातवाहन कुछ बीमारहुआ वैद्योंनेदेखकर कहा कि राजाको सूखेमांसखानेसे यहरोगहुआहै तब रसोईदार बुलायेगये तबवहबोले कि महाराज हमको बहेलिये ऐसाही मांस रोजदेते हैं इसकेउपरान्त जब बहेलियों से पूछागया तो उन्होंने कहा कि यहांसे थोड़ीदूर एक पर्व्वतपर कोई ब्राह्मणपढ़२कर एक२ पुस्तकका पत्राअग्निमें हवनकरताहै उसके सुनने के लिये सबजंगल के पशुपक्षी अपने २ चारोंको भी छोड़कर वहाँ जाते हैं और वहाँसे हटतेनहीं हैं इसीसे भूखके मारे उनके मांस सूखरहे हैं बहेलियोंके ऐसे वचन सुनकर उन्हींकेसाथ राजा बड़ेआश्चर्य्य में भराहुआ गुणाढ्यके पासपहुंचा और वनके वासकरने से बड़ी २ जटावाले गुणाढ्यके दर्शनकिये वहजटायें नहींथीं मानों बुझने से कुछ बचीहुई उसके शाप रूपी अग्नि का वहधुआं सब ओर फैलाथा २८ इसके उपरान्त रोतेहुए पशुपक्षियों के मध्य में बैठेहुए गुणाढ्यको पहचानकर उनको राजाने प्रणामकिया और सबवृत्तान्त पूछा २६ तब गुणाढ्य ने अपने और पुष्पदन्तके शापकी संपूर्णकथा जोकि इसकथा के उत्पन्नहोने की कारणथी वर्णनकी फिरगुणाढ्य को महादेवजी के गणका अवतार समझकर राजा पैरोंपर गिरपड़ा और महादेवजी के मुखसे निकली हुई इसदिव्य कथाको मांगने लगा उससमय गुणाढ्य बोले कि हे राजा छः लाख श्लोकोंकी छः कथा तो हमने हवनकरदी अब एक लाखश्लोककी एककथा बाकी है इसेलेलो और यहदोनों हमारेशिष्य इसकथाको तुम्हें समझावेंगे इसप्रकार राजासे सबवृत्तान्त कहकर और योगसे अपनेशरीरको त्यागकर वहशापसे छूटेहुए गुणाढ्य अपनी पदवीपर पहुंचे इसके उपरान्त गुणाढ्यकी दीहुई बृहत्कथानाम नरवाहनदत्तकी एकलाखश्लोकों की कथाको लेकर राजा अपने नगरको चलाआया और गुणदेव तथा

इसीप्रकार मेरीभी परीक्षाकरनेको यह कोई देवताआयाहै मंत्रियों से यह बात कहकर डरताहुआ राजा ब्राह्मण से बोला कि क्षमाकीजिये आज रात्रि को आपकी बहू रात्रिदिन रक्षाकरनेपर भी कहींचलीगई तब वह ब्राह्मण दयाकरके बोला कि जो मेरी बहू कहींचलीगई है तो अपनी कन्या मेरे पुत्रको देदे यह सुनकर शापसेडरेहुए राजाने अपनी कन्याका विवाह देवदत्तसे करदिया देवदत्तभी उस अपनी प्रिया को पाकर अपने श्वशुरके राज्यका अधिकारीहुआ क्योंकि उसके और कोई सन्तान न थी समयपाकर राजा सुशर्मा देवदत्तके पुत्र महीधरनाम अपने दौहितेको राज्य देकर वनको चलागया पुत्रके ऐश्वर्य को देखकर कृतार्थ होनेवाला देवदत्त भी राजकन्या समेत वनको चलागया और वन में शिवजीका आराधनकरके इसशरीरको त्यागकर श्रीशिवजीकी कृपासे उन्हींका गणहोगया १०५ प्रियाके दांतों से फेंकेगये पुष्पों के इशारेको वह नहींसमझा था इसीसे इसका नाम पुष्पदन्तहुआ और इसकी स्त्री जया नाम पार्व्वतीजी की दासीहुई इसप्रकार मैंने पुष्पदन्तके नामका कारणकहा अब मैं अपने नामका कारण कहताहूं उसको सुनो वह गोविन्ददत्त नाम ब्राह्मण जिसका कि पुत्र देवदत्तथा उसी के पुत्रों में से एक सोमदत्त नाम मैं भी था और जिस कारणसे देवदत्त चलागया था उसी कारणसे मैं भी घरमें से निकलकर हिमालयपर्वतपर बहुतसी मालाओं को पहिनाकर शिवजी महाराजका पूजनकरके तपकरने लगा तब प्रसन्नहोकर प्रकटहुए महादेवजी मुझसे बोले कि वरमांगो तब मैंने अन्य सब भोगों को छोड़-कर आपका गणहोजाऊं यही वरमांगा यह सुनकर श्रीशिवजी बोले कि बड़ीकठिन पृथ्वी के उत्पन्नहुए पुष्पोंकी माला से जो तुमने मेरा पूजन किया है इसलिये तुम माल्यवान् नाम हमारे गणहोगे इसके उपरान्त मनुष्यके शरीरको छोड़कर मैं शीघ्रही शिवजीका गणहोगया इसप्रकार यह श्रीमहादेवजी ने मेरा माल्यवान् नाम रक्खाहै हे काणभूति वही मैं पार्वतीजी के शापसे फिर मनुष्यहुआहूं तो अब पुष्पदन्तकी कहीहुई कथा मुझसेकहो जिससे कि हमारा और तुम्हारा दोनोंका शापछूटे ११३ ॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांकथापीठलम्बकेसप्तमस्तरङ्गः ७ ॥

इसप्रकार गुणाढ्य के कहनेसे काणभूति ने वहकथा अपनी भाषामें कहीं और गुणाढ्यनेभी उसी पिशाची भाषामें उसीकथाको सातलाख श्लोकों में सातवर्षों में पूर्णकिया इसकथाको विद्याधरोंके ले-जाने के डरसे वनमें स्याही न मिलने के कारण गुणाढ्य ने अपने रुधिरसे वहकथालिखी उस दिव्य कथाके सुननेके लिये आयेहुए सिद्ध और विद्याधरोंकी ऐसीभीड़ इकट्ठीहोगई मानों आकाशमें शामि-यानाही होगया है गुणाढ्यकी बनाईहुई उसकथाको देखकर काणभूति अपने शापसे छूटकर अपनी सद्गतिको प्राप्तहोगया और जो २ पिशाच वहाँ उसदिव्य कथाको सुनरहेथे वहभी स्वर्गको प्राप्तहुए ६ इसके उपरान्त भगवतीने मुझसे यहबातभी कहीथी कि इसकथाको जबतुम पृथ्वी में प्रकाशित करोगे तब तुम्हारे शापका अन्तहोगा सोमैं इसकथाको किसके पासभेजूं यहसोचकर गुणाढ्य ने अपने साथ आयेहुए गुणदेव और नन्दिदेव नामशिष्यों ने कहा कि इसकाव्यके देनेके योग्य केवल राजा सात वाहनहै वह बड़ारसिकहै जैसे वायुपुष्पों की सुगन्धिको इधरउधर लेजाती है उसीप्रकार वहराजाभी इस

काव्यको पृथ्वी में प्रकाशित करेगा ऐसा विचार करके गुणाढ्यतो वहाँ से आकर देवीजी के बगीचे में ठहरे और अपने शिष्यों को पुस्तकलेकर राजाकेपास भेजा वहशिष्य इसकथा को लेकर राजाके यहां गये और बोले कि हे राजा यह गुणाढ्यका बनायाहुआ काव्यहै इसको आपलीजिये राजा उसपिशाची भाषाको सुनकर और उनशिष्यों की आकृति पिशाचोंकीसी देखकर विद्याके अभिमान से तिरस्कार पूर्वक बोला कि सातलाख श्लोकोंकी यह पिशाची भाषाका नीरसग्रन्थहै और रुधिरसे अक्षरलिखेहुए हैं इसपिशाचों की कथाको धिक्कारहै १५ तबवह दोनों शिष्य उसपुस्तक को लेकर गुणाढ्यके पासचले गये और राजाका सबवृत्तान्त वर्णन करतेभये यहसुनकर गुणाढ्यकोभी बड़ाखेदहुआ क्योंकि समझदारके अनादरसे किसको खेदनहीं होता इसके उपरान्त गुणाढ्यने अपने शिष्योंको लेकर औरवहाँसे कुछ दूरजाकर किसीपहाड़ी के बड़े उत्तमस्थानपर एक अग्निका कुंडबनाया और उसकुंडमें अग्नि जलाकर गुणाढ्य पशु और पक्षियोंको सुना २ कर उसपुस्तकका एक २ पत्रा अग्निमें हवन करनेलगा संपूर्ण ग्रन्थको हवनकरदिया परन्तु अपने शिष्योंके लिये एकलाख श्लोकोंका ग्रन्थ नरवाहनदत्तका चरित बचारक्खा क्योंकि वह शिष्योंको बहुतप्याराथा जिससमय गुणाढ्य उसकथाको पढ़ २ कर हवन करते थे उससमय अपने २ चाराघास आदिको छोड़ २ कर भैंसा शूकर तथा सारंग आदिक पशुपक्षी उनके निकट आकर उनको घेरकर निश्चल बैठतेथे और उसकथाको सुन २ कर आंसूबहाते थे २२ इसी बीचमें राजा सातवाहन कुछ बीमारहुआ वैद्योंनेदेखकर कहा कि राजाको सूखेमांसखानेसे यहरोगहुआहै तब रसोईदार बुलायेगये तबवहबोले कि महाराज हमको बहेलिये ऐसाही मांस रोजदेते हैं इसकेउपरान्त जब बहेलियों से पूछागया तो उन्होंने कहा कि यहांसे थोड़ीदूर एक पर्व्वतपर कोई ब्राह्मणपढ़२कर एक२ पुस्तकका पत्राअग्निमें हवनकरताहै उसके सुनने के लिये सबजंगल के पशुपक्षी अपने २ चारोंको भी छोड़कर वहाँ जाते हैं और वहाँसे हटतेनहीं हैं इसीसे भूखके मारे उनके मांस सूखरहे हैं बहेलियोंके ऐसे वचन सुनकर उन्हींकेसाथ राजा बड़ेआश्चर्य्य में भराहुआ गुणाढ्यके पासपहुंचा और बनके बासकरने से बड़ी २ जटावाले गुणाढ्यके दर्शनकिये वहजटायें नहींथीं मानों बुझने से कुछ बचीहुई उसके शाप रूपी अग्नि का वहधुआं सब ओर फैलाया २८ इसके उपरान्त रोतेहुए पशुपक्षियों के मध्य में बैठेहुए गुणाढ्यको पहचानकर उनको राजाने प्रणामकिया और सबवृत्तान्त पूछा २६ तब गुणाढ्य ने अपने और पुष्पदन्तके शापकी संपूर्णकथा जोकि इसकथा के उत्पन्नहोने की कारणथी वर्णनकी फिरगुणाढ्य को महादेवजी के गणका अवतार समझकर राजा पैरोंपर गिरपड़ा और महादेवजी के मुखसे निकली हुई इसदिव्य कथाको मांगने लगा उससमय गुणाढ्य बोले कि हे राजा छः लाख श्लोकोंकी छः कथा तो हमने हवनकरदी अब एक लाखश्लोककी एककथा बाकी है इसेलेलो और यहदोनों हमारेशिष्य इसकथाको तुम्हें समझावेंगे इसप्रकार राजासे सबवृत्तान्त कहकर और योगसे अपनेशरीरको त्यागकर वहशापसे छूटेहुए गुणाढ्य अपनी पदवीपर पहुंचे इसके उपरान्त गुणाढ्यकी दीहुई बृहत्कथानाम नरवाहनदत्तकी एकलाखश्लोकों की कथाको लेकर राजा अपने नगरको चलाआया और गुणदेव तथा

नन्दिदेव नाम गुणाढ्यके शिष्योंको पृथ्वी सुवर्ण वाहन वस्त्र आदि अनेक पदार्थ देताभया फिरउन्हीं दोनों शिष्योंके साथ राजा सातवाहन उस कथाको प्रकाशित करने के लिये इसकथा का कथापीठ भी पिशाची भाषा में बनाताभया देवताओंकीभी कथाओंकी भुलानेवाली विचित्ररसोंसे भरीहुई यह दिव्यकथा संपूर्ण सुप्रतिष्ठितनामनगर में प्रसिद्ध होकर तीनोंलोकों में फैलगई ३८॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांकथापीठलंबकेअष्टमस्तरंगः ८॥
यहकथापीठनामप्रथमलंबकसमाप्तहुआ॥

## अथ कथा मुखंनाम द्वितीयोलम्बकः॥

श्लोक। गौरीनवपरिष्वङ्गेविभोस्स्वेदाम्भःपातुवः॥
नेत्राग्निभीत्याकामेन वारुणास्त्रमिवाहितम् १

श्रीपार्वतीजी के प्रथम आलिङ्गनके समय जो महादेवजी के पसीना निकलाथा वह आपलोगों की रक्षाकरै वह पसीना क्या था मानों शिवजी के नेत्रोंकी अग्निसे डरेहुए कामदेव ने वारुणास्त्र मारा था॥

कैलाशमें श्रीशिवजीके मुखसे जोकथा पुष्पदन्तको मिली पुष्पदन्तसे काणभूतिको मिली काणभूति से गुणाढ्यको मिली और गुणाढ्य से राजा सातवाहनको मिली वह विद्याधरोंकी अपूर्व कथा प्रारम्भ होती है २॥

वत्सनाम एक बड़ासुन्दर देशहै जिसे कि ब्रह्माने स्वर्गकी नक़लही करके मानों इसपृथ्वीपर बनाया है उसदेशके मध्य में कौशाम्बी नाम बड़ी उत्तमनगरी है वहनगरी नहीं है मानों पृथ्वीरूपी कमल की कर्णिका (भूमका) है उसनगरी में पाण्डवोंके वंशमें शतानीकनाम एकराजाहुआ जिसका कि पिता जनमेजय पितामह परीक्षित प्रपितामह अभिमन्यु और आदि पुरुष श्रीशिवजी के साथमें भी युद्ध करनेवाला अर्जुनथा उसराजा शतानीककी रानीका नाम विष्णुमतीथा यद्यपि पृथ्वी से राजाको अनेक२ प्रकारके रत्न प्राप्तहोते थे तथापि वह अपनी रानीके किसी पुत्रके न होने से अप्रसन्न रहताथा एकसमय राजा शिकार खेलने गयाथा वहां उसे शांडिल्य नाम मुनि मिले राजाने उनसे पुत्रकी प्रार्थनाकी तब शांडिल्य मुनिने राजाके साथ आकर मन्त्रसे पवित्रकी हुई खीर रानीको खिलाई तब राजाके सहस्रानीक नाम पुत्र उत्पन्नहुआ जैसे विनय से गुणकी शोभा होतीहै उसीप्रकार उस पुत्रसे राजाकी बहुत शोभाहुई थोड़ेही दिनों में राजाने सहस्रानीकको युवराज बनाकर उसे सम्पूर्ण पृथ्वीकाभार सौंपदिया और आप राज्यके सुख भोगनेलगा १२ इसके उपरान्त किसीसमय देवता और दैत्यों के युद्धमें इन्द्रने सहायताके लिये राजा के बुलाने को मातलि सारथी को रथलेकर भेजा तब राजा शतानीक युगन्धर

नाम मन्त्री, और सुप्रतीक नाम मुख्य सेनापति को अपना राज्य तथा पुत्र सौंपकर मातलि के साथ दैत्यों के मारनेको स्वर्गको चलागया वहांजाकर राजाने इन्द्रके देखतेही देखते यमदंष्ट्रा आदिक अनेक दैत्यों को मारा, और आपभी युद्धमें मारागया इसमरेहुए राजाके शरीरको मातलि उसके पुत्र के पास ले आया तब उसराजाकी रानी उसके साथ सतीहोगई और उसकापुत्र सहस्रानीक राजाहुआ सहस्रानीकके सिंहासनपर बैठतेही सब उसकेशत्रु राजालोग दबगये इसके उपरान्त इन्द्रने दैत्यों के जीतने के लिये मातलिको रथ समेत भेजकर सहस्रानीक को बुलवाया स्वर्ग में जाकर नन्दनवन में अपनी २ स्त्रियोंके साथ विहार करतेहुए देवताओंको देखकर राजा सहस्रानीकको अपने योग्य स्त्री के मिलने के लिये बड़ी चिन्ताहुई राजाके इसअभिप्राय को जानकर इन्द्र बोले कि हे राजा सन्देह मतकरो तुम्हारा मनोरथ पूर्णहोगा २१ तुम्हारे समान स्त्री पृथ्वी में उत्पन्न होचुकी है उसका वृत्तान्त भी मैं तुम्हारे आगे वर्णन करताहूं २२ एकसमय ब्रह्मासे मिलनेकेलिये मैं ब्रह्मलोकको गया था वहाँ विधूमनाम एकवसुभी मेरे पीछे २ चलागयाथा हमलोगवहाँ बैठेही थे कि ब्रह्मासे मिलनेको एकअलंबुसानाम अप्सराआई वायु से हिलतेहुए वस्त्रवाली उस अप्सराको देखकर वहवसु काम के वशीभूत होगया और उसवसुको देखकर वह अप्सराभी काम पीड़ितहोगई यह देखकर ब्रह्माने मेरीओरदेखा तब मैंने ब्रह्माका अभिप्राय समझकर उनदोनों को यहशापदिया कि तुमदोनों मृत्युलोकमें उत्पन्नहोजाओ और वहाँ तुमदोनों स्त्री पुरुषहोगे सो हे राजावहवसु तो चन्द्रवंशमें तुम उत्पन्नहुएहो और वह अप्सरा अयोध्यामें कृतवर्मानाम राजाकी कन्या मृगावतीनाम से उत्पन्नहुई है वही तुम्हारी स्त्री होगी इसप्रकार इन्द्रके वचन रूपी वायु से स्नेहयुक्त राजा के हृदयमें कामरूपी अग्निजलनेलगी इसकेउपरान्त इन्द्रने राजाको आदरपूर्वक अपने रथपर बैठालकर मातलिके साथ उसकीपुरीको भेजा चलते समय राजा से तिलोत्तमा नाम वेश्या बोली कि हे राजा जराठहरजाओ मैं तुमसे कुछ कहूंगी राजा मृगावती के ध्यान में उस के वचनको न सुनकर चलागया तब तिलोत्तमाने लज्जितहोकर उसे शाप दिया कि जिसके ध्यानमें तू मेरे वचनको नहीं सुनताहै उसकेसाथ तेराचौदहवर्ष तक वियोगरहेगा ३४ मातलिने यहशाप सुनलिया था प्रियाकेध्यानमें लगाहुआ राजारथकेद्वारा तो कौशाम्बीनगरीमेंपहुंचा और मनकेद्वारा अयोध्यामें पहुंचा ३५ इसकेउपरान्त राजाने इन्द्रसे सुनाहुआ मृगावतीकावृत्तान्त अपने युगन्धरादि मन्त्रियों को सुनाया और कृतवर्म्मा राजासे उसकलावती कन्याकेमांगनेको दूतभेजा कृतवर्म्माने दूतके मुखसे यह वृत्तान्त सुनकर अपनी कलावतीनाम रानीसे सबहालकहा तबकलावती बोली कि हे राजा सहस्रानीक को मृगावती अवश्यदेनीचाहिये यही बात मुझसे किसी ब्राह्मणने स्वप्नमेंकही है रानीकेवचन सुनकर राजाने प्रसन्नहोकर मृगावती का अत्यन्तसुन्दरस्वरूप और नृत्यगीत आदि की चतुरता दूतकोदिखाई ४० इसके उपरान्त सहस्रानीककेसाथ अत्यन्तसुन्दर चन्द्रमाकी किरणकेसमान रूपवान् अपनीमृगावती का विवाहकरदिया परस्पर समान गुणवाले सहस्रानीक और मृगावती इनदोनों का समागमहुआ इसके उपरान्त थोड़ेही दिनोंमें राजाकेमन्त्रियों के पुत्रहुए युगन्धरके यौगन्धरायण नाम पुत्रहुआ सुप्रतीक

के रुमएवान् नाम पुत्रहुआ और राजाकेमित्रके वसन्तकनाम पुत्र उत्पन्नहुआ फिर थोड़ेदिनों के उपरान्त राजाकीरानी मृगावतीभी गर्भवतीहुई फिर गर्भवतीरानीका इसवातपर मनचला कि रुधिरसे भरी हुई बावड़ीमें मैं स्नानकरूं रानीकी इच्छाकोपूर्ण करनेकेलिये धार्मिकराजाने लाखआदि के रससे बावड़ी भरवादी उसवावड़ीमें स्नानकरतीहुई रानीको मांसकेधोखेसे गरुड़केवंशमें उत्पन्नहुआ कोई पक्षी उठालेगया पक्षीसेहरीगई रानीको मानोंढूंढ़नेकेलिये उसीसमय सहस्रानीक का धैर्य्यभी जातारहा अर्थात् राजाको धीरजनहींरहा प्रियामेंलगेहुए राजाकेचित्तको भी मानों पक्षीहरलेगया जिससे कि रानी केजातेही राजा मूर्च्छितहोकर गिरपड़ा ५० क्षणभरमें राजाकी मूर्च्छाजगनेपर राजाके वृत्तांतको अपने प्रभावसे जानकर मातलिस्वर्गसे इसकेपासआया और उसने राजाकोसमझाकर तिलोत्तमाका १४ वर्ष का शापसुनाया और यहकहकर स्वर्गको चलागया हे प्रिये आज उसपापिनी तिलोत्तमाका मनोरथ पूर्णहुआ यहकहकर राजाबारंबार विलापकरनेलगा फिर शापकेवृत्तान्तको सुनकर मंत्रियोंने समझाया तब राजा फिर मिलनेकी आशासे किसी प्रकार सावधानहुआ इतने अन्तरमें वहपक्षी रानी मृगावती को लेकर उदयाचलपरगया और उसे जीतीहुई जानकर वहीं छोड़कर उड़गया उसपक्षी के चलेजाने पर और पर्व्वतपर अकेली अपनेको देखकर शोक और भयसे वहरानी अत्यन्त व्याकुलहुई फिर एक वस्त्र पहने हुए रोतीहुई अकेली रानीको कोई बड़ाभारी अजगरसर्प निगलनेलगा तब उस अजगरको मारकर और उसरानीको उससे छुड़ाकर कोई दिव्य पुरुष चलागया ५८ इसके उपरान्त रानी मरनेकी इच्छासे किसी मतवाले हाथीके सामने आप चलीगई उसने भी दयासे उसे छोड़दिया यहबड़े आश्चर्य्य की बातहै कि पशुभी अपने सन्मुख आईहुई रानीको छोड़कर चलागया अथवा कोई आश्चर्य्य नहीं है क्योंकि ( ईश्वरकी इच्छासे क्या नहीं होसक्ता ) इसके उपरान्त गर्भके भारसे व्याकुल पर्व्वतपरसे गिरती हुई रानी अपनेपतिका स्मरणकरके चिल्लाकर रोनेलगी यह सुनकर कोई मुनिकाबालक जोकिवहां फल मूल लेनेके लिये आयाथा रानीके निकटआया वह रानीको देखकर और समझाकर दयासे जमदग्नि जी के आश्रमको लेआया ६३ वहांरानी ने अपने तेजसे सूर्य्य के समान विराजमान जमदग्निजी के दर्शनकिये और प्रणामकिया तब पैरोंपर गिरीहुई रानीको देखकर दिव्यदृष्टिवाले जमदग्निजी बियोग से महाव्याकुल होनेवाली रानीसे बोले कि हे पुत्री यहां तेरे वंशका चलानेवाला पुत्र उत्पन्नहोगा और तेरापतिभी तुझे मिलेगा शोकमतकरो मुनिजी के यह वचनसुनकर पति के मिलनेकी आशासे रानी वहीं रहनेलगी इसकेपीछे कुछ दिनों में रानी के एक बड़ासुन्दर पुत्र उत्पन्नहुआ उससमय आकाश से मृगावतीके चित्तकी प्रसन्नकरनेवाली यह आकाशवाणी हुई कि यह उदयन् नाम बड़ा यशस्वी राजा होगा और इसकापुत्र सम्पूर्ण विद्याधरोंका राजाहोगा ७० धीरे २ वह उदयन् नाम बालक जमदग्निजी के आश्रममें अपने गुणोंसमेत बढ़नेलगा जमदग्निजीने उसको क्षत्रियोंके योग्य सम्पूर्ण संस्कार करके सम्पूर्ण विद्याओं समेत धनुर्वेद सिखाया कभी प्रसन्नतासे मृगावतीने उस बालकके स्नेहसे राजासहस्रानीकके नामसे युक्त कड़ा अपने हाथसे उतारकर उसके हाथमें पहरादियाथा एकसमय उदयन् शिकार

के खेलनेको गयाथा तो वहां देखा कि कोई मदारी एक बड़े सुन्दर सर्पको जबरदस्ती पकड़े लियेजाता है उदयन्ने दया पूर्व्वक उससे कहा कि हमारे कहनेसे इस सर्पको छोड़दे ७५ तब मदारी बोला कि हे स्वामी यह तो मेरी जीविकाहै मैं बड़ा ग़रीबहूं सदैव सर्पोंका तमाशा दिखा २ कर अपने पेटको भरताहूं पुराने सर्पके मरजानेपर बहुत ढूंढ़ते २ इस बनमें मन्त्र और औषधियोंके बलसे यह सर्प मैंने पायाहै उस के यहबचन सुनकर उदयन् ने माताका दियाहुआ कड़ा उसे देकर सर्प छुड़वादिया तब प्रणाम करके कड़ेको लेके मदारीके चलेजाने पर वह सर्प उदयन् पर प्रसन्नहो वीणाधारी मनुष्य होकर बोला कि मैं वासुकि का बड़ा भाई वसुनेमि नामहूं तुमने मेरी रक्षाकी है इसलिये तारोंसे बड़े सुन्दर शब्दवाली और सुन्दरीयों जड़ावसे बड़ी उत्तम यह वीणालो और तांबूल तथा कभी न मुरझानेवाली पुष्पोंकी माला लो यह देकर उस सर्पने कभी मैले न होनेवाले तिलककी युक्तिभी बताई इसके उपरान्त वह उदयन् उन सब पदार्थोंको लेकर जमदग्निके आश्रममें अपनी माताके निकटआया इसीबीचमें वह मदारी उदयन् के दियेहुए उस कड़ेको लेकर राजा सहस्रानीकके राज्यमें बेचनेको आया राजाके मनुष्य राजाकेनाम से युक्त उसकड़ेको देख कड़ेसमेत उस मदारीको राजाके समीप लेआये ८४ शोकसे बिकल राजा सहस्रानीक ने उस मदारीसे अपने आप पूंछा कि तुम यहकड़ा कहांसेलाये तब उस मदारीने उदयन्सेकड़ा पानेका सम्पूर्ण वृत्तान्त राजाको कहसुनाया मदारीके वचनको सुनके और अपनी स्त्रीके कड़ेको पहचानके राजाके चित्तमें बड़ा सन्देहहुआ उसीसमय यह आकाशवाणी हुई कि हे राजा तुम्हाराशाप अब जातारहा पुत्रसमेत तुम्हारी मृगावती रानी उदयाचल पर्व्वतपर जमदग्निके आश्रममें है जैसे गरमी से व्याकुल मोरको जलकी वृष्टिसे प्रसन्नताहोती है उसीप्रकार वियोग से व्याकुल राजा आकाशवाणी से प्रसन्नहुआ इसके अनन्तर उस दिवसके किसीप्रकार व्यतीत होनेपर उस मदारीको साथमें लेकर राजा सहस्रानीक अपनी प्रियासे मिलनेके लिये सेनाओं समेत उदयाचलको चला ६० ॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांकथामुखलम्बकेप्रथमस्तरङ्गः १ ॥

इसके उपरान्त राजा बहुत दूरजाकर उसदिन किसी जंगली तालाब के पास टिका वहां शयन के समय सेवाकरने के लिये आयेहुए संगतक नाम किसी कथक अर्थात् किस्सेवाजसे राजा बोला कि मृगावती के मुखरूपी कमलके दर्शनकरनेकी इच्छाकरनेवाले मुझसे कोई मनोहर कथाकहो तब संगतक बोला कि हे राजा आप वृथा सन्तापकरतेहो क्योंकि शापका अन्तहोचुका है अब आपसे रानीका समागमहुआही चाहताहै और संयोग वियोग तो मनुष्योंको हुआहीकरते हैं मैं इसी विषय में आपसे एक कथा कहताहूं उसे आप सुनिये ५ मालवदेशमें यज्ञसोम नाम ब्राह्मणके कालनेमि और विगतभय नाम दो पुत्रथे उन पुत्रोंपर वहां के निवासी बहुत प्रेमकरते थे पिताके मरजानेपर युवावस्थाको प्राप्त वह दोनों पुत्र विद्यापढ़ने के लिये पाटलिपुत्र नाम नगरमें गये वहां देवशर्म्मा नाम उपाध्यायसे बहुतसी विद्यापढ़ी तब उपाध्यायने प्रसन्नहोकर अपनी दोनों कन्या उन दोनों को ब्याहदीं इसके उपरान्त कालनेमि अन्य गृहस्थी लोगोंको बहुत धनाढ्यदेखकर ईर्षा से लक्ष्मी मिलनेके लिये अग्नि में हवन

करनेलगा हवनसे प्रसन्नहोके साक्षात् लक्ष्मीजी प्रकटहोकर बोलीं कि तुझे बहुतसाधन मिलेगा और तेरा पुत्र राजाहोगा, परन्तु अन्तमें तू चोरके समान माराजायगा क्योंकि तैंने ईर्षा से हवन कियाहै यह कहकर लक्ष्मीजी तो अन्तर्द्धानहोगई और कालनेमि धीरे २ बड़ा धनवान्होगया और कुछ दिन में उसके एक पुत्रभी उत्पन्नहुआ १३ उसकानाम उसने श्रीदत्त रक्खा क्योंकि वह लक्ष्मीजी की कृपासे हुआथा धीरे २ वह श्रीदत्त बड़ाहोकर ब्राह्मणहोनेपर भी अस्त्रविद्या और बाहुयुद्ध में बड़ा प्रवीणहुआ इसके उपरान्त कालनेमि के भाई विगतभयकी स्त्री को सर्प ने काटखाया इसीसे वह तीर्थयात्राके लिये परदेशको चलागया फिर वहांके गुणग्राही वल्लभशक्ति नाम राजाने श्रीदत्तको विक्रमशक्ति नाम अपने पुत्रका मित्रबनाया इसके उपरान्त अवन्तीदेश के दो क्षत्री बाहुशाली और वज्रमुष्टि नाम उस श्रीदत्त के मित्रहुए फिर श्रीदत्तसे बाहुयुद्ध के द्वारा जीतेगये अन्य गुणज्ञ दक्षिणीलोग और महाबल, व्याघ्रभट, उपेन्द्रबल तथा निष्ठुरक नाम मंत्रियों के पुत्र इसके मित्रहुए एकसमय वर्षाऋतु में श्रीदत्त सब अपने मित्रों को साथलेकर राजपुत्र समेत गङ्गाके तटपर खेलनेकोगया वहांजाकर खेलमें राजाके सेवकों ने राजा के पुत्र को अपनी ओरका राजा बनाया और श्रीदत्त के मित्रों ने श्रीदत्त को अपनी ओरका राजा बनाया २३ यह देखकर क्रोधितहुए राजाके पुत्र ने श्रीदत्त को लड़ने के लिये बुलाया तब श्रीदत्तने मल्लयुद्धकरके राजाके लड़के को पछाड़दिया इसकारण राजाके पुत्रने अपने चित्तमें यह विचार किया कि मैं इसे मरवाडालूं राजा के पुत्रका अभिप्राय समझकर श्रीदत्त अपने मित्रों समेत वहांसे भागआया तब भागते २ मार्ग में यह देखा कि समुद्र में बहतीहुई लक्ष्मीजी के समान गङ्गाजी में बहतीहुई स्त्री जा रही है यह देख उसके निकालने के लिये अपने मित्रों को गंगाजी के किनारेपर छोड़कर श्रीदत्त पानी में घुसा जब उसस्त्री के निकटपहुंचा तो वहस्त्री पानी में डूबगई उसके लेने के लिये श्रीदत्तने भी गोतामारा पानी में गोतामारकर क्षणभरमेंही श्रीदत्तने देखा कि न कहीं पानी है और न वह स्त्री है केवल एकसुन्दर शिवजीका दिव्यमन्दिर बनाहुआ है यह देखकर बड़े आश्चर्य्यसे युक्त थकाहुआ श्रीदत्त श्रीशिवजी को नमस्कारकरके उसी मन्दिरमें रात्रिको रहा ३१ प्रातःकाल सम्पूर्ण गुणों से युक्त मूर्त्तिको धारणकिये लक्ष्मी के समान वहस्त्री शिवजीका पूजनकरने को वहां आई श्रीशिवजी का पूजनकरके वहस्त्री अपने घरकोचली और श्रीदत्त भी उसके पीछे २ चला तब वह स्त्री स्वर्ग के समान अपने स्थान में श्रीदत्त से कुछ विनाबोले चलीगई और भीतरजाके अपने कमरे में पलँगपर जाकर लेटगई वहां सैकड़ों स्त्रियां उसकी सेवाकरनेको मौजूदथीं श्रीदत्तभी वहींजाकर उसके निकट बैठगया इसकेउपरान्त वहस्त्री एकाएकी रोदन कर २ आंसूबहानेलगी उससमय श्रीदत्तके चित्त में बड़ीदयाहुई और बोला कि तुमकौनहो और क्यों रोतीहो मुझसेकहो मैं तुम्हारेदुःखको दूरकरूंगा ३८ तब वह बोली कि हम सब एकहजार दैत्योंके स्वामी बलिकीपोती हैं इनसबमें मैं बड़ीहूं और मेरा विद्युत्प्रभानामहै हमारे बाबा बलिकोतो विष्णुजी ने बहुतदिनसे बाँधरक्खाहै और पिताकोभी विष्णुही ने बाहुयुद्धमें मारकर हमें हमारेपुरसे निकालदियाहै और हमारे रोकने के लिये एकसिंह वहां बैठालदियाहै

इस से हम अपनेपुर में नहींजासक्ती हैं यहीहमको बड़ादुःख है जबहमने विष्णुसे अपने पुरमें जानेका उपाय पूंछा तब उन्होंने यहकहाथा कि कुबेरके शापसे यक्ष सिंहहोगया है जबकोईमनुष्य इसेमारेगा तब इसका शापछूटेगा इससे तुम हमारे शत्रुरूप उससिंहकोमारो क्योंकि इसीलिये मैं तुमको यहांलाईहूं उस सिंहके मारनेसे तुमको मृगाङ्कनाम खड्ग मिलेगा जिसकेप्रभावसे तुम सम्पूर्ण पृथ्वीको जीतकर राजा होजाओगे ४५ यहसुनकर श्रीदत्तने वह दिनतो वहीं व्यतीत किया और दूसरे दिन दैत्यकी सब कन्याओंको साथलेकर उसपुरकोचला ४६ वहांजाकर श्रीदत्तने बाहुयुद्ध से सिंहको जीतलिया तब उस सिंहकारूप पुरुषकासा होगया और वह प्रसन्नहोकर शापके छुटानेवाले श्रीदत्तको अपना खड्गदेकर अंतर्द्धानहोगया और दैत्यकी सबकन्याओंका दुःख दूरहोगया इसकेउपरान्त श्रीदत्त सब कन्याओंसमेत उसपुरके भीतरगया और वहां उस विद्युत्प्रभाने एक विषनाशक अंगूठी श्रीदत्तकोदी फिर वहां बैठे २ उस श्रीदत्तका अभिलाष उस विद्युत्प्रभा कन्यापरहुआ तब वह कन्या युक्तिपूर्वक श्रीदत्तसेबोली कि मगरके भयके दूरकरनेवाले इसखड्गको लेकर तुम बावड़ी में गोतामारो उसकेकहनेसे जबश्रीदत्तने गोता मारा तो गंगाजी के उसीतटपर जानिकला जहां से कि यहकूदाथा ५२ इसप्रकार दैत्यकीकन्यासे छला गया श्रीदत्त खड्ग और अंगूठीसमेत पातालसे निकलकर आश्चर्य्य और खेद दोनों से युक्तहोगया फिर अपने मित्रों के ढूंढ़ने के निमित्त अपने घरकीतरफचला रास्ते में कुछ दूर चलकर निष्ठुरकनाम मित्र उस को मिला निष्ठुरक उसको प्रणामकरके और एकान्तमें जाकर उससेबोला कि गंगामें डूबेहुए तुमको बहुतदिनोंतक ढूंढ़कर हमलोग अपना शिरकाटनेको तैयारहुएथे कि यह आकाशवाणीहुई कि हे पुत्रो अपना शिरमतकाटो तुम्हारा मित्र तुम्हें मिलजायगा उस आकाशवाणी को सुनकर हमलोग तुम्हारे पितासे यह वृत्तांत कहनेको चले थे कि मार्ग में किसी पुरुषने जल्दी से आकर यहकहा कि तुमलोग अभी इसनगर में मतजाओ क्योंकि यहांका राजा वल्लभशक्ति मरगया और मन्त्रियोंने उसके पुत्र विक्रमशक्ति को राज्य देदिया राज्य मिलनेके दूसरे दिन विक्रमशक्तिने कालनेमिके घरपरजाकर पूंछा कि तेरापुत्र श्रीदत्त कहांगयाहै उसने कहा कि मैं नहीं जानता तब विक्रमशक्तिने यहकहकर कि इसने अपने पुत्रको छिपारक्खा है उस तुम्हारे पिताको शूलीपर चढ़ादिया ६२ यह देखकर तुम्हारी माता का हृदय आपही फटगया ठीकहै कि दुष्टों के पाप बहुत अन्य २ पापों से और भी भारीहोजाते हैं ६३ अब वह विक्रमशक्ति श्रीदत्त और श्रीदत्तके मित्रोंकोभी मारनेको ढूंढ़ता है उसपुरुष के ऐसे वचन सुनकर बाहुशालि आदिक तुम्हारे पांच मित्र तो उज्जयिनीको चलेगये और मुझे तुम्हारे लिये यहां छिपाकर छोड़गयेहैं तो चलो जहांहमारे वह पांचोंमित्रहैं वहीं चलें निष्ठुरक के ऐसे वचन सुनकर और अपने माता पिताका बड़ा शोककरके बदलालेने के लिये श्रीदत्त अपने खड्गको देखने लगा फिर समयको विचारकर निष्ठुरकके साथ अपने मित्रों से मिलनेके लिये श्रीदत्त उज्जयिनीको चला ६८ फिर अपने सम्पूर्ण वृत्तान्तको मित्रसे कहतेहुए श्रीदत्तने मार्ग में रोतीहुई एक स्त्री देखी तबपूंछने से वह बोली कि मैं मालवदेशको जातीथी सो मार्ग भूलगईहूं उसके यहवचन सुनकर दयासे उनदोनों ने उसेभी अपने

करनेलगा हवनसे प्रसन्नहोके साक्षात् लक्ष्मीजी प्रकटहोकर बोलीं कि तुझे बहुतसाधन मिलैगा और तेरा पुत्र राजाहोगा परन्तु अन्तमें तू चोरके समान माराजायगा क्योंकि तैंने ईर्षा से हवन कियाहै यह कहकर लक्ष्मीजी तो अन्तर्द्धानहोगईं और कालनेमि धीरे २ बड़ा धनवान्होगया और कुछ दिन में उसके एक पुत्रभी उत्पन्नहुआ १३ उसकानाम उसने श्रीदत्त रक्खा क्योंकि वह लक्ष्मीजी की कृपासे हुआथा धीरे २ वह श्रीदत्त बड़ाहोकर ब्राह्मणहोनेपर भी अस्त्रविद्या और बाहुयुद्ध में बड़ा प्रवीणहुआ इसके उपरान्त कालनेमि के भाई विगतभयकी स्त्री को सर्प ने काटखाया इसीसे वह तीर्थयात्राके लिये परदेशको चलागया फिर वहांके गुणग्राही वल्लभशक्ति नाम राजाने श्रीदत्तको विक्रमशक्ति नाम अपने पुत्रका मित्रबनाया इसके उपरान्त अवन्तीदेश के दो क्षत्री बाहुशाली और वज्रमुष्टि नाम उस श्रीदत्त के मित्रहुए फिर श्रीदत्तसे बाहुयुद्ध के द्वारा जीतेगये अन्य गुणज्ञ दक्षिणीलोग और महाबल, व्याघ्रभट, उपेन्द्रबल तथा निष्ठुरक नाम मंत्रियों के पुत्र इसके मित्रहुए एकसमय वर्षाऋतु में श्रीदत्त सब अपने मित्रों को साथलेकर राजपुत्र समेत गङ्गाके तटपर खेलनेकोगया वहांजाकर खेलमें राजाके सेवकों ने राजा के पुत्र को अपनी ओरका राजा बनाया और श्रीदत्त के मित्रों ने श्रीदत्त को अपनी ओरका राजा बनाया २३ यह देखकर क्रोधितहुए राजाके पुत्र ने श्रीदत्त को लड़ने के लिये बुलाया तब श्रीदत्तने मल्लयुद्धकरके राजाके लड़के को पछाड़दिया इसकारण राजाके पुत्रने अपने चित्तमें यह विचार किया कि मैं इसे मरवाडालूं राजा के पुत्रका अभिप्राय समझकर श्रीदत्त अपने मित्रों समेत वहांसे भागआया तब भागते २ मार्ग में यह देखा कि समुद्र में बहतीहुई लक्ष्मीजी के समान गङ्गाजी में बहतीहुई स्त्री जा रही है यह देख उसके निकालने के लिये अपने मित्रों को गंगाजी के किनारेपर छोड़कर श्रीदत्त पानी में घुसा जब उसस्त्री के निकटपहुंचा तो वहस्त्री पानी में डूबगई उसके लेने के लिये श्रीदत्तने भी गोतामारा पानी में गोतामारकर क्षणभरमेंही श्रीदत्तने देखा कि न कहीं पानी है और न वह स्त्री है केवल एकसुन्दर शिवजीका दिव्यमन्दिर बनाहुआ है यह देखकर बड़े आश्चर्य्यसे युक्त थकाहुआ श्रीदत्त श्रीशिवजी को नमस्कारकरके उसी मन्दिरमें रात्रिको रहा ३१ प्रातःकाल सम्पूर्ण गुणों से युक्त मूर्त्तिको धारणकिये लक्ष्मी के समान वहस्त्री शिवजीका पूजनकरने को वहां आई श्रीशिवजी का पूजनकरके वहस्त्री अपने घरकोचली और श्रीदत्त भी उसके पीछे २ चला तब वह स्त्री स्वर्ग के समान अपने स्थान में श्रीदत्त से कुछ विनाबोले चलीगई और भीतरजाके अपने कमरे में पलँगपर जाकर लेटगई वहां सैकड़ों स्त्रियां उसकी सेवाकरनेको मौजूदथीं श्रीदत्तभी वहींजाकर उसके निकट बैठगया इसकेउपरान्त वहस्त्री एकाएकी रोदन कर २ आंसूबहानेलगी उससमय श्रीदत्तके चित्त में बड़ीदयाहुई और बोला कि तुमकौनहो और क्यों रोतीहो मुझसेकहो मैं तुम्हारेदुःखको दूरकरूंगा ३८ तब वह बोली कि हम सब एकहज़ार दैत्योंके स्वामी बलिकीपोती हैं इनसबमें मैं बड़ीहूं और मेरा विद्युतप्रभानामहै हमारे बाबा बलिकोतो विष्णुजी ने बहुतदिनसे बाँधरक्खाहै और पिताकोभी विष्णुही ने बाहुयुद्धमें मारकर हमें हमारेपुरसे निकालदियाहै और हमारे रोकनेके लिये एकसिंह वहां बैठालदियाहै

इस से हम अपनेपुर में नहींजासक्की हैं यहीहमको वड़ादुःख है जबहमने विष्णुसे अपने पुरमें जानेका उपायपूंछा तब उन्होंने यहकहाथा कि कुवेरके शापसे यक्ष सिंहहोगया है जबकोईमनुष्य इसेमारेगा तब इसका शापछूटेगा इससे तुम हमारे शत्रुरूप उससिंहकोमारो क्योंकि इसीलिये में तुमको यहांलाईहूं उस सिंहके मारनेसे तुमको मृगाङ्कनाम खड्ग मिलेगा जिसकेप्रभावसे तुम सम्पूर्ण पृथ्वीको जीतकर राजा होजाओगे ४५ यहसुनकर श्रीदत्तने वह दिनतो वहीं व्यतीत किया और दूसरे दिन दैत्यकी सब कन्याओंको साथलेकर उसपुरकोचला ४६ वहांजाकर श्रीदत्तने बाहुयुद्ध से सिंहको जीतलिया तब उस सिंहकारूप पुरुषकासा होगया और वह प्रसन्नहोकर शापके छुटानेवाले श्रीदत्तको अपना खड्गदेकर अंतर्द्धानहोगया और दैत्यकी सबकन्याओंका दुःख दूरहोगया इसकेउपरान्त श्रीदत्त सब कन्याओंसमेत उसपुरके भीतरगया और वहां उस विद्युत्प्रभाने एक विषनाशक अंगूठी श्रीदत्तकोदी फिर वहां बैठे २ उस श्रीदत्तका अभिलाप उस विद्युत्प्रभा कन्यापरहुआ तब वह कन्या युक्तिपूर्व्वक श्रीदत्तसेवोली कि मगरके भयके दूरकरनेवाले इसखड्गको लेकर तुम बावड़ी में गोतामारो उसकेकहनेसे जबश्रीदत्तने गोता मारा तो गंगाजी के उसीतटपर जानिकला जहां से कि यहकूदाथा ५२ इसप्रकार दैत्यकीकन्यासे छला गया श्रीदत्त खड्ग और अंगूठीसमेत पातालसे निकलकर आश्चर्य्य और खेद दोनों से युक्तहोगया फिर अपने मित्रों के ढूंढ़ने के निमित्त अपने घरकीतरफचला रास्ते में कुछ दूर चलकर निष्ठुरकनाम मित्र उस को मिला निष्ठुरक उसको प्रणामकरके और एकान्तमें जाकर उससेवोला कि गंगामें डूबेहुए तुमको बहुतदिनोंतक ढूंढ़कर हमलोग अपना शिरकाटनेको तैयारहुएथे कि यह आकाशवाणीहुई कि हे पुत्रो अपना शिरमतकाटो तुम्हारा मित्र तुम्हें मिलजायगा उस आकाशवाणी को सुनकर हमलोग तुम्हारे पितासे यह वृत्तांत कहनेको चले थे कि मार्ग में किसी पुरुषने जल्दी से आकर यहकहा कि तुमलोग अभी इसनगर में मतजाओ क्योंकि यहांका राजा वल्लभशक्ति मरगया और मन्त्रियोंने उसके पुत्र विक्रमशक्ति को राज्य देदिया राज्य मिलनेके दूसरे दिन विक्रमशक्तिने कालनेमिके घरपरजाकर पूंछा कि तेरापुत्र श्रीदत्त कहांगयाहै उसने कहा कि मैं नहीं जानता तब विक्रमशक्तिने यहकहकर कि इसने अपने पुत्रको छिपारक्खा है उस तुम्हारे पिताको शूलीपर चढ़ादिया ६२ यह देखकर तुम्हारी माता का हृदय आपही फटगया ठीकहै कि दुष्टों के पाप बहुत अन्य २ पापों से और भी भारीहोजाते हैं ६३ अब वह विक्रमशक्ति श्रीदत्त और श्रीदत्तके मित्रोंकोभी मारनेको ढूंढ़ता है उसपुरुष के ऐसे वचन सुनकर बाहुशालि आदिक तुम्हारे पांच मित्र तो उज्जयिनीको चलेगये और मुझे तुम्हारे लिये यहां छिपाकर छोड़गयेहैं तो चलो जहांहमारे वह पांचोंमित्रहैं वहीं चलें निष्ठुरक के ऐसे वचन सुनकर और अपने माता पिताका बड़ा शोककरके बदलालेने के लिये श्रीदत्त अपने खड्गको देखने लगा फिर समयको विचारकर निष्ठुरकके साथ अपने मित्रों से मिलनेके लिये श्रीदत्त उज्जयिनीको चला ६८ फिर अपने सम्पूर्ण वृत्तान्तको मित्रसे कहतेहुए श्रीदत्तने मार्ग में रोतीहुई एक स्त्री देखी तबपूंछने से वह बोली कि मैं मालवदेशको जातीथी सो मार्ग भूलगईहूं उसके यहवचन सुनकर दयासे उनदोनों ने उसेभी अपने

साथमें लेकर उसदिन सायङ्कालके समय किसी उजड़ेहुए गांवमें निवासकिया वहां एकाएकी रात्रिमें जगेहुए श्रीदत्तने देखा कि वह स्त्री निष्ठुरकको मारकर उसकामांस बड़ी प्रसन्नतासे खारही है तब श्रीदत्त अपने मृगाङ्क खड्गको लेकर उठा और वह स्त्री भी राक्षसी होगई जब श्रीदत्तने उसको मारने के लिये उसके शिरके बालपकड़े तब उसका दिव्य स्वरूपहोगया और बोली कि हे महाभाग मुझे मतमारो मैं राक्षसी नहींहूं मुझको विश्वामित्रका यहशापथा ७५ एकसमय कुबेरके अधिकारके लेनेके लिये तप करतेहुए विश्वामित्रके तपमें विघ्नकरनेके निमित्त कुबेरने मुझे भेजा वहां सुन्दररूपसे जब मैं विश्वामित्र को अपने वशमें न करसकी तब भयङ्कर रूपकरके मैं उनको डराने लगी यहदेखकर विश्वामित्रने मुझे शापदिया कि हे पापिन तू मनुष्योंकी मारनेवाली राक्षसीहोजाय फिर मेरे प्रार्थना करनेपर विश्वामित्रने यह भी कहा कि जब श्रीदत्त तेरे बालपकड़ेगा तब तेरा शापछूटेगा तभी से मैं राक्षसी होगईहूं और मैंने ही बहुतसे दिनों से इसनगरको प्रसरक्खाथा अब तुम्हारी कृपासे मेरा यहशाप छूटगयाहै तुम जो चाहो सो मुझसे वरमांगो श्रीदत्तने यही वरमांगा कि मेरामित्र जी जावे उसने कहा ऐसाहीहोगा यह कहकर चलीगई और निष्ठुरक जी उठा ८२ इसके उपरान्त निष्ठुरकको साथलेकर श्रीदत्त धीरे २ उज्जयिनी को पहुंचा जैसे कि मेघको देखकर नीलकण्ठ प्रसन्नहोते हैं उसीप्रकार श्रीदत्त और निष्ठुरकको देखकर उसकेमित्र प्रसन्नहुएफिर बाहुशाली नाम मित्र श्रीदत्तको सत्कार पूर्व्वक अपने घरलेगया और श्रीदत्तने उससे अपना सम्पूर्ण वृत्तान्तकहा बाहुशालीके घरमें उसकेमाता और पितासे सेवनकियाहुआ श्रीदत्त अपने सम्पूर्ण मित्रोंसमेत प्रसन्नतापूर्व्वक रहनेलगा ८६ एकसमय वसन्तके उत्सवमें श्रीदत्तअपनेमित्रों समेत किसीबगीचेकी सैरकोगया वहां बिम्बकनाम राजाकी मृगांकवतीनाम कन्याकोसाक्षात् बसन्तऋतु की लक्ष्मीके समानदेखकर श्रीदत्त कामके वशीभूतहोगया और श्रीदत्तको देखकर वहकन्याभी उसपर आशक्त होगई उसकन्याको वृक्षोंकी आड़में चलीगई देखकर श्रीदत्त बहुतविकलहोगया श्रीदत्तकी यह दशा देखकरबाहुशाली बोला कि हे मित्र मैं तुम्हारे चित्तकाहालजानगया मुझसे मतछिपाओ चलोवहीं चलें जहां वह राजकन्यागई है बाहुशाली के यहवचन सुनकर श्रीदत्त बाहुशालीके साथ जहां वहराज कन्यागई थी वहींगया उससमय यहचिल्लाहट सुनाई पड़ी कि हाय२ राजकन्याको सर्पनेकाटखाया ९४ तब बाहुशाली ने उसके कंचुकी अर्थात् ख्वाजेसरायसे कहा कि हमारे मित्रकेपास विषनाशक अंगूठी और विद्याहै यहसुनकर वहकंचुकी श्रीदत्तके पैरोंपर गिरकर उसको राजकन्याकेपास लेगया श्रीदत्तने वहां जाकर अपनी अंगूठी राजकन्याकी उंगलीमें पहरादी और मन्त्रपढ़नेलगा इससे वह राजकन्या जीउठी और सबलोग श्रीदत्तकी प्रशंसा करनेलगे इसवृत्तान्तको सुनकर उसकन्याका पिता राजाबिम्बकभी वहांआया इससे श्रीदत्त अपने मित्रों समेत अंगूठी को विनालिये वहांसे चलाआया राजाने प्रसन्नहोकर जो कुछ सुवर्णादिक पदार्थ श्रीदत्तकोभेजे वहसब उसने बाहुशालीकेपिताको देदिये १०० इसके उपरान्त उसराजकन्याकी यादकरके श्रीदत्तको इतनाखेदहुआ कि जिसके देखने से उसकेमित्र लोगभी बहुत व्याकुलहुए तब भावनिकानाम राजकन्याकी एकप्यारीसखी अंगूठीदेनेके बहानेसेआई

और बोली कि हे श्रीदत्त हमारी राजकन्याका यहनिश्चय विचारहै कि यातो तुमसे विवाहकरेगी या शरीरको त्यागदेगी भावनिका के यहवचन सुनकर श्रीदत्त बाहुशाली, भावनिका और अन्यसंपूर्ण मित्रमिलकर यह सलाहकरनेलगे कि राजकन्याको हम सबलोग यहांसे हरलेचलें और मथुरामें जाकर रहें १०५ ऐसी सलाहहोजानेपर भावनिका वहांसे चलीगई दूसरेदिन बाहुशाली अपने तीनमित्रोंसमेत रोज़गारके बहाने से मथुराकोचलागया यहां श्रीदत्तने कन्यासमेत किसीस्त्रीको मद्यपिलवाकर राजकन्याकेघरमें रखदिया तब दीपक बालनेके बहानेसे उसघरमें आगलगाकर राजकन्या भावनिकासमेत बाहरनिकलआई ११० उसीसमय बाहरखड़ेहुए श्रीदत्तने अपने दोमित्रोंसमेत राजकन्याको आगेकरके गयेहुए बाहुशालीकेपास भेजदिया और राजकन्याके मकानमें वहकन्यासमेत स्त्रीजलगई लोग यह समझे कि राजकन्या अपनी सखीसमेतजलगई श्रीदत्त उसीप्रकार प्रातःकालतक वहांरहा और दूसरे दिन अपनेमृगांककनाम खड्गकोलेकर अपनी प्रियाकेपासचला रात्रिभरमें बहुतसेमार्गको उल्लंघनकर के श्रीदत्त पहरभर दिनचढ़े विन्ध्याचलके वनमेंपहुंचा वहांउसेबहुतसे दुश्शकुनहुए और पीछेसेउसने देखा कि भावनिकासमेत उसकेसंपूर्णमित्र वहां घायलपड़ेहैं वहसब श्रीदत्तको देखकर बोले कि आज बहुतसे घुड़सवारों ने हमकोलूटलिया और हमलोगोंके घायलहोजानेपर एकघुड़सवार राजकन्याको अपने घोड़ेपर सवारकराकेलेगया जबतक वहउसेदूर न लेजाय तबतक तुमदौड़कर उसेपकड़लाओ और हमारे पास मतठहरो क्योंकि वही उन सबमें मुख्यहै ११६ उन मित्रोंके ऐसे वचन सुनकर श्रीदत्त वेग पूर्वक वहांसेचला और बहुत दूरजाकर उसने देखा कि एक घुड़सवारोंकी फौज चलीजातीहै और उस सेना के बीचमें कोई तरुण क्षत्री अपने घोड़ेपर राजकन्याको बैठाये हुए चलाजाताहै यह देखकर वह उस क्षत्रीके पास गया और समझाकर राजकन्याको मांगने लगा जब वह समझाने से भी न माना तब श्रीदत्तने उसका पैर पकड़कर घोड़ेपरसे खींचलिया और उसे मारडाला और उसी घोड़ेपर चढ़कर अन्य आनेवाले बहुत से घुड़सवारोंको मारनेलगा फिर जो कुछ कि मारने से बचे वह उसके दिव्य बलको देखकर भयखाकर भागगये १२५ फिर श्रीदत्त राजकन्या समेत घोड़ेपर सवारहोकर अपने मित्रोंके पासचला थोड़ी दूर चलकर लड़ाईमें बहुत घायल होनेवाला वह घोड़ा श्रीदत्तके उतर आने पर गिरकर मरगया उससमय मृगांकवती डर और कामसे बहुत थकीहुई होके प्यासीहुई तब राजकन्या को वहीं बैठालकर श्रीदत्त पानी लेनेके लिये बहुतदूर चलागया पानी ढूंढ़तेही ढूंढ़ते उसे शाम होगई फिर जलके मिलने पर भी मार्ग भूलजानेके कारण श्रीदत्त रात्रिभर उसी जंगलमें चिल्लाया किया प्रातःकाल जहां वह घोड़ा मरापड़ाथा वहां आया और राजकन्या को वहां न पाया तब वह अपने मृगांकक नाम खड्गको वृक्षके नीचे रखकर राजकन्याको देखने के लिये वृक्षपर चढ़गया १३२ उसी समय उस रास्ते से कोई लुटेरोंका राजा आया और आकर उसने वृक्षके नीचे रक्खाहुआ खड्ग उठा लिया उसे देखकर श्रीदत्त वृक्षके नीचे उतरकर उस्से यह बात पूंछने लगा कि तुमको कोई स्त्री तो नहीं मिलीहै तब वह बोला कि मेरेगांवको जाओ वहीं वहभी गईहै और वहीं आकर में तुझे यह खड्ग

साथमें लेकर उसदिन सायङ्कालके समय किसी उजड़ेहुए गांवमें निवासकिया वहां एकाएकी रात्रिमें जगेहुए श्रीदत्तने देखा कि वह स्त्री निष्ठुरकको मारकर उसकामांस बड़ी प्रसन्नतासे खारही है तब श्रीदत्त अपने मृगाङ्कक खड्गको लेकर उठा और वह स्त्री भी राक्षसी होगई जब श्रीदत्तने उसको मारने के लिये उसके शिरके वालपकड़े तब उसका दिव्य स्वरूपहोगया और बोली कि हे महाभाग मुझे मतमारो मैं राक्षसी नहींहूं मुझको विश्वामित्रका यहशापथा ७५ एकसमय कुवेरके अधिकारके लेनेके लिये तप करतेहुए विश्वामित्रके तपमें विघ्नकरनेके निमित्त कुवेरने मुझे भेजा वहां सुन्दररूपसे जब मैं विश्वामित्र को अपने वशमें न करसकी तब भयङ्कर रूपकरके मैं उनको डराने लगी यहदेखकर विश्वामित्रने मुझे शापदिया कि हे पापिन तू मनुष्योंकी मारनेवाली राक्षसीहोजाय फिर मेरे प्रार्थना करनेपर विश्वामित्रने यह भी कहा कि जब श्रीदत्त तेरे वालपकड़ेगा तब तेरा शापछूटेगा तभी से मैं राक्षसी होगईहूं और मैंने ही वहुतसे दिनों से इसनगरको प्रसरक्खाथा अब तुम्हारी कृपासे मेरा यहशाप छूटगयाहै तुम जो चाहो सो मुझसे वरमांगो श्रीदत्तने यही वरमांगा कि मेरामित्र जी जावे उसने कहा ऐसाहीहोगा यह कहकर चलीगई और निष्ठुरक जी उठा ८२ इसके उपरान्त निष्ठुरकको साथलेकर श्रीदत्त धीरे २ उज्जयिनी को पहुंचा जैसे कि मेघको देखकर नीलकण्ठ प्रसन्नहोते हैं उसीप्रकार श्रीदत्त और निष्ठुरकको देखकर उसकेमित्र प्रसन्नहुएफिर वाहुशाली नाम मित्र श्रीदत्तको सत्कार पूर्व्वक अपने घरलेगया और श्रीदत्तने उससे अपना सम्पूर्ण वृत्तान्तकहा वाहुशालीके घरमें उसकेमाता और पितासे सेवनकियाहुआ श्रीदत्त अपने सम्पूर्ण मित्रोंसमेत प्रसन्नतापूर्व्वक रहनेलगा ८६ एकसमय वसन्तके उत्सवमें श्रीदत्तअपनेमित्रों समेत किसीवगीचेकी सैरकोगया वहां विम्बकनाम राजाकी मृगांकवतीनाम कन्याकोसाक्षात् वसन्तऋतु की लक्ष्मीके समानदेखकर श्रीदत्त कामके वशीभूतहोगया और श्रीदत्तको देखकर वहकन्याभी उसपर आशक्त होगई उसकन्याको वृक्षोंकी आड़मेंचलीगई देखकर श्रीदत्त वहुतविकलहोगया श्रीदत्तकी यह दशा देखकरवाहुशाली वोला कि हे मित्र मैं तुम्हारे चित्तकाहालजानगया मुझसे मतछिपाओ चलोवहीं चलें जहां वह राजकन्यागई है वाहुशाली के यहवचन सुनकर श्रीदत्त वाहुशालीके साथ जहां वहराज कन्यागई थी वहींगया उससमय यहचिल्लाहट सुनाई पड़ी कि हाय२ राजकन्याको सर्पनेकाटखाया ९४ तब वाहुशाली ने उसके कंचुकी अर्थात् ख्वाजेसरायसे कहा कि हमारे मित्रकेपास विषनाशक अंगूठी और विद्याहै यहसुनकर वहकंचुकी श्रीदत्तके पैरोंपर गिरकर उसको राजकन्याकेपास लेगया श्रीदत्तने वहां जाकर अपनी अंगूठी राजकन्याकी उंगलीमें पहरादी और मन्त्रपढ़नेलगा इससे वह राजकन्या जीउठी और सबलोग श्रीदत्तकी प्रशंसा करनेलगे इसवृत्तान्तको सुनकर उसकन्याका पिता राजाबि म्बकभी वहांआया इससे श्रीदत्त अपने मित्रों समेत अंगूठी को विनालिये वहांसे च[illegible]
प्रसन्नहोकर जो कुछ सुवर्णादिक पदार्थ श्रीदत्तकोभेजे वहसव उसने वा[illegible]
इसके उपरान्त उसराजकन्याकी यादकरके श्रीदत्तको इतनाखेदहुआ कि [illegible]
लोगभी वहुत व्याकुलहुए तब भावनिकानाम राजकन्याकी [illegible]

और बोली कि हे श्रीदत्त हमारी राजकन्याका यहनिश्चय विचारहै कि यातो तुमसे विवाहकरेगी या शरीरको त्यागदेगी भावनिका के यहवचन सुनकर श्रीदत्त बाहुशाली, भावनिका और अन्यसम्पूर्ण मित्रमिलकर यह सलाहकरनेलगे कि राजकन्याको हम सबलोग यहांसे हरलेचलें और मथुरामें जाकर रहें १०५ ऐसी सलाहहोजानेपर भावनिका वहांसे चलीगई दूसरेदिन बाहुशाली अपने तीनमित्रोंसमेत रोजगारके बहाने से मथुराकोचलागया यहां श्रीदत्तने कन्यासमेत किसीस्त्रीको मद्यपिलवाकर राजकन्याकेघरमें रखदिया तब दीपक बालनेके बहानेसे उसघरमें आगलगाकर राजकन्या भावनिकासमेत बाहरनिकलआई ११० उसीसमय बाहरखड़ेहुए श्रीदत्तने अपने दोमित्रोंसमेत राजकन्याको आगेकरके गयेहुए बाहुशालीकेपास भेजदिया और राजकन्याके मकानमें वहकन्यासमेत स्त्रीजलगई लोग यह समझे कि राजकन्या अपनी सखीसमेतजलगई श्रीदत्त उसीप्रकार प्रातःकालतक वहांरहा और दूसरे दिन अपनेमृगांककनाम खड्गकोलेकर अपनी प्रियाकेपासचला रात्रिभरमें बहुतसेमार्गको उल्लंघनकर के श्रीदत्त पहरभर दिनचढ़े विन्ध्याचलके वनमेंपहुंचा वहांउसेबहुतसे दुश्शकुनहुए और पीछेसेउसने देखा कि भावनिकासमेत उसकेसंपूर्णमित्र वहां घायलपड़ेहैं वहसब श्रीदत्तको देखकर बोले कि आज बहुतसे घुड़सवारों ने हमकोलूटलिया और हमलोगोंके घायलहोजानेपर एकघुड़सवार राजकन्याको अपने घोड़ेपर सवारकराकेलेगया जबतक वहउसेदूर न लेजाय तबतक तुमदौड़कर उसेपकड़लाओ और हमारे पास मतठहरो क्योंकि वही उन सबमें मुख्यहै ११६ उन मित्रोंके ऐसे वचन सुनकर श्रीदत्त वेग पूर्वक वहांसेचला और बहुत दूरजाकर उसने देखा कि एक घुड़सवारोंकी फौज चलीजातीहै और उस सेना के बीचमें कोई तरुण क्षत्री अपने घोड़ेपर राजकन्याको बैठाये हुए चलाजाताहै यह देखकर वह उस क्षत्रीके पास गया और समझाकर राजकन्याको मांगने लगा जब वह समझाने से भी न माना तब श्रीदत्तने उसका पैर पकड़कर घोड़ेपरसे खींचलिया और उसे मारडाला और उसी घोड़ेपर चढ़कर अन्य आनेवाले बहुत से घुड़सवारोंको मारनेलगा फिर जो कुछ कि मारने से बचे वह उसके दिव्य बलको देखकर भयखाकर भागगये १२५ फिर श्रीदत्त राजकन्या समेत घोड़ेपर सवारहोकर अपने मित्रोंके पासचला थोड़ी दूर चलकर लड़ाई में बहुत घायल होनेवाला वह घोड़ा श्रीदत्तके उतर आने पर गिरकर मरगया उससमय मृगांकवती डर और कामसे बहुत थकीहुई होके प्यासीहुई तब राजकन्या को वहीं बैठालकर श्रीदत्त पानी लेनेके लिये बहुतदूर चलागया पानी ढूंढ़तेही ढूंढ़ते उसे शाम होगई फिर जलके मिलने पर भी मार्ग भूलजानेके कारण श्रीदत्त रात्रिभर उसी जंगलमें चिल्लाया किया प्रातःकाल जहां वह घोड़ा मरापड़ाथा वहां आया और राजकन्या को वहां न पाया तब वह अपने मृगांकक नाम खड्गको वृक्षके नीचे रखकर राजकन्याको देखने के लिये वृक्षपर चढ़गया १३२ उसी समय उस रास्ते से कोई लुटेरोंका राजा आया और आकर उसने वृक्षके नीचे रक्खाहुआ खड्ग उठा लिया उसे देखकर श्रीदत्त वृक्षके नीचे उतरकर उससे यह बात पूंछने लगा कि तुमको कोई स्त्री तो नहीं मिलीहै तब वह बोला कि मेरेगांवको जाओ वहीं वहभी गईहै और वहीं आकर मैं तुझे यह खड्ग

भी दूंगा यह कहकर उसने श्रीदत्तको अपने आदमियों के साथ अपने गांवको भेजदिया १३६ उस गांवमें जाकर उन मनुष्योंने उस्सेकहा कि थोड़ीदेर सुस्तालो तब श्रीदत्त थकाहीथा लुटेरों के राजा के घरमें क्षणभर सोगया फिर जगकर क्यादेखता है कि उसके पैरोंमें बेड़ी पड़ीहुई हैं इसके उपरान्त क्षणभर सुख देनेवाली और क्षणभरमेंही दुख देनेवाली दैवकी गतिके समान अपनी प्रियाको शोचने लगा एकदिन मोचनिकानाम कोई दासी वहां आकर उस्से बोली कि यहां तुम अपने प्राण देने के लिये क्यों आयेहो लुटेरों का राजा अभी किसी कामके लिये कहीं गयाहै लौटकर तुम्हें भगवतीको बलिदेदेगा इसीलिये तुमको यहां युक्तिपूर्वक भेजाहै और इसीसे तुम्हारे पैरों में बेड़ीभी डालीगई हैं उसने तुमको भगवती के बलिदानके लिये भेजाहै इसीसे यह लोग तुम्हारी खानेपीने की बड़ी खातिर करतेहैं १४३ तुम्हारे छूटनेका एक उपायहै जो तुम मानो तो इस लुटेरों के राजाकी लड़की सुन्दरीनाम है वह तुम्हें देखकर अत्यन्त कामातुर हुईहै अगर तुम उसके साथ संभोग करोगे तो तुम्हारे प्राण बच जायँगे उसके यह वचन सुनकर श्रीदत्तने छुपकर उस सुन्दरी के साथ अपना गान्धर्व विवाहकरलिया रोज रात्रिके समय उसकी बेड़ीको खोलकर वह सुन्दरी उसके साथ भोग किया करतीथी और फिर बेड़ी डाल देतीथी इसके उपरान्त थोड़ेही दिनोंमें सुन्दरी गर्भवती हुई और यह सम्पूर्ण वृत्तान्त उसकी माता मोचनिका नाम दासीके मुखसे सुनकर दामादके प्रेमसे एकान्तमें श्रीदत्तके पासगई और बोली कि हे पुत्र श्रीचंड नाम इस सुन्दरी का पिता जो इस वृत्तान्तको जानेगा तो तुम्हें मारे बिना न छोड़ेगा इसलिये तुम यहां से चलेजाओ और सुन्दरी को न भूलना १४८ यह कहकर उसकी सासने उसे वहां से छुड़वादिया तब श्रीदत्त सुन्दरी से यहकहकर कि मेराखड्ग तेरे पिता के पास है वहां से चलाआया फिरमृगांकवती के ढूंढ़ने के लिये चिन्तासे व्याकुल उसीवनमें घुसा और वनमें घुसने के समय इसको अच्छे २ शकुनहुए उनउत्तम शकुनों को देखकर जहां इसका घोड़ामराथा और मृगांकवती खोईथी वहां आया और उसजगह साम्हने आतेहुए एक बहेलिये से भी उसीमृगांकवतीको पूछा तब उसने कहा कि क्यातुम्हारा श्रीदत्तनाम है फिर यह बोला कि अभागा श्रीदत्तमैंही हूं तबवह बोला कि सुनो मैंने यहां रो २ कर तुम्हें ढूंढ़तीहुई तुम्हारी स्त्री को देखकर और संपूर्ण वृत्तान्तभी उस्से पूछकर उसेसावधान किया और फिर दयापूर्वक इसवनसे उसको अपने गांवमें लेगया फिरगांव में जवान २ बधिकोंको देखकर मथुराके निकट नागस्थल नामगांवमें विश्वदत्त नाम एक वृद्धब्राह्मण के यहां मैंने उसेसुपुर्द करदिया फिर तुम्हारी स्त्रीसे तुम्हारे नामको पूछकर मैं तुमको तलाशकरने यहां आयाहूं अब तुमशीघ्र नागस्थल में जाकर अपनी स्त्रीको लेलो १४९ उसके यह वचन सुनकर श्रीदत्तवहाँ से चला और दूसरेदिन नागस्थल में पहुंचा और विश्वदत्त ब्राह्मणके घरमेंजाकर श्रीदत्त यह वचनबोला कि बहेलिये की सुपुर्द कराईहुई हमारी स्त्रीको तुमदेदो यहसुनकर विश्वदत्त ने कहा कि मथुरा में राजा सूरसेन का उपाध्याय तथा मंत्री एकब्राह्मण मेरामित्र है उसी के यहां मैंने तुम्हारी स्त्री को भेजदिया है क्योंकि इसनिर्जन गांवमें उसकी रक्षा नहीं होसक्तीथी तो प्रातःकाल तुम वहींजाना आजयहाँही रहो

विश्वदत्त के कहने से श्रीदत्त रात्रिभर वहां रहा और प्रातःकाल मथुराकोचला फिर दूसरेदिन मथुरा के निकट पहुंचकर बहुत मार्गचलनेसे चेष्टा मैलीहोगईथी इसलिये निर्मलजलवाली एकबावड़ी में स्नान करनेलगा वहां जलके भीतर चोरोंका रक्खाहुआ एकवस्त्र मिला जिसके कि किनारों में रत्नोंकाहार बँधा हुआ था तब वह उस वस्त्रको लेकर हारको विनादेखे श्रीदत्त मथुरामें घुसा वहां उसवस्त्रको पहचानकर और उसमें रत्नोंकाहार बँधादेखकर राजाके सिपाही उसे चोर कहकर बाँधके कोतवाल के पास ले आये कोतवालने राजासे कहा और राजाने उसकेमारनेका हुक्मदेदिया १७० तब मारने के लिये वधकरनेके स्थानमें राजाके सिपाही ढंढोरा पीटतेहुए श्रीदत्तको लेचले इसप्रकारसे जातेहुए श्रीदत्तको मृगांकवती ने देखा और जिसके घरमें रहती थी उसमंत्री से बोली कि यहीमेरापति है जिसको मारनेकेलिये राजा के सिपाही लियेजाते हैं यहसुनकर मंत्रीने उन वधकरनेवालोंको रोकदिया और राजासे कहकर उसे वध से छुड़वादिया और अपने घरमें लेआया इसके उपरान्त श्रीदत्तमंत्रीको देखकर अपने चित्तमें शोचने लगा कि यह वही मेरा विगतभयनाम चचाहै जो कि परदेशको चलागयाथा और भाग्यवशसे यहाँ आकर मंत्रीहुआ इसप्रकार उसे पहचानके और पूछकर उसके पैरों में गिरपड़ा १७५ विगतभयभी अपने भाईके पुत्रको पहचानकर और उसे कंठमेंलगाकर संपूर्णवृत्तान्त पूंछनेलगा तब श्रीदत्तने अपने पिता की मृत्युसे लेकर अपना सबवृत्तान्त अपनेचचाको सुनादिया उस श्रीदत्तका सम्पूर्णवृत्तान्त सुनकर विगत-भयके आंसू निकलआये और एकान्तमें अपनेभतीजेसे बोला कि हेपुत्र धीरजधरो मुझे यक्षिणी सिद्धहै उसने मुझे पांचहजारघोड़े औरसातकरोड़अशर्फीदी हैं वह सब धन तुम्हाराही है क्योंकि मेरे कोई पुत्र नहीं है यहकहकर उसने श्रीदत्तकीस्त्री श्रीदत्तके सुपुर्दकरदी और श्रीदत्तनेभी बहुतसा ऐश्वर्यपाकर उसके साथ अपनाविवाह करलिया जैसे कि रात्रिसे चन्द्रमाकी शोभाहोती है उसीप्रकार वहां रहतेहुए श्रीदत्तकी शोभा मृगांकवती से हुई यद्यपि श्रीदत्तको ऐसा ऐश्वर्य्य प्राप्तभी हुआथा तथापि उसके चित्तमें बाहुशाली आदिक मित्रोंकी चिन्ता बनीही रहतीथी एकसमय विगतभयने श्रीदत्तको एकान्तमें बुलाकर कहा कि हे पुत्र यहांके राजा शूरसेनकी कन्याको राजाकी आज्ञासे किसीके देनेके लिये उसे लेकर मैं अवन्ती देशको जाऊंगा तो इसी बहानेसे उसकन्याको मैं तुम्हें देदूंगा तब उस कन्याकेसाथ जो फौजहोगी वह और मेरी सब फौजको लेकर जो राज्य लक्ष्मीजीकी कृपासे तुम्हें मिलनेवालाहै वह शीघ्रही तुम्हें मिल-जायगा १८५ यह निश्चय करके सेना और अपनी मृगांकवती आदि घरके लोगों के समेत वह दोनों चचा भतीजे उस कन्याको लेकर वहांको चले इसके उपरान्त जब विन्ध्याचल पर यह दोनों पहुंचे तब बहुतसी डांकुओंकी सेना वहां आई और इन्हें रोककर बाणोंसे मारनेलगी तब श्रीदत्तकी सम्पूर्ण सेना के भाग जानेपर प्रहारसे मूर्च्छितहुए श्रीदत्तको बांधकर और उसका सम्पूर्ण धनलेकर डांकू अपनेगांवों को चलेगये फिर सम्पूर्ण डांकू श्रीदत्तको बलिदान देनेके लिये भगवतीके मंदिरमें चलेगये और घंटा बजानेलगे फिर वहां अपने लड़के समेत आई हुई सुन्दरी नाम भीलों के राजा की कन्याने श्रीदत्तको देखा और सब डांकुओंको हटाकर श्रीदत्तको लेकर बड़े आनन्द पूर्वक देवीके मन्दिरमें गई इसके उप-

भी दूंगा यह कहकर उसने श्रीदत्तको अपने आदमियों के साथ अपने गांवको भेजदिया १३६ उस गांवमें जाकर उन मनुष्योंने उससेकहा कि थोड़ीदेर सुस्तालो तब श्रीदत्त थकातोथाही लुटेरों के राजा के घरमें क्षणभर सोगया फिर जगकर क्यादेखता है कि उसके पैरोंमें बेड़ी पड़ीहुई हैं इसके उपरान्त क्षणभर सुख देनेवाली और क्षणभरमेंही दुख देनेवाली देवकी गतिके समान अपनी प्रियाको शोचने लगा एकदिन मोचनिकानाम कोई दासी वहां आकर उस्से बोली कि यहां तुम अपने प्राण देने के लिये क्यों आयेहो लुटेरों का राजा अभी किसी कामके लिये कहीं गयाहै लौटकर तुम्हें भगवतीको बलिदेदेगा इसीलिये तुमको यहां युक्तिपूर्वक भेजाहै और इसीसे तुम्हारे पैरों में बेड़ीभी डालीगई हैं उसने तुमको भगवती के बलिदानके लिये भेजाहै इसीसे यह लोग तुम्हारी खानेपीने की बड़ी खातिर करतेहैं १४३ तुम्हारे छूटनेका एक उपायहै जो तुम मानो तो इस लुटेरों के राजाकी लड़की सुन्दरीनाम है वह तुम्हें देखकर अत्यन्त कामातुर हुईहै अगर तुम उसके साथ संभोग करोगे तो तुम्हारे प्राण बच जायँगे उसके यह वचन सुनकर श्रीदत्तने छुपकर उस सुन्दरी के साथ अपना गान्धर्व विवाहकरलिया रोज रात्रिके समय उसकी बेड़ीको खोलकर वह सुन्दरी उसके साथ भोग किया करतीथी और फिर बेड़ी डाल देतीथी इसके उपरान्त थोड़ेही दिनोंमें सुन्दरी गर्भवती हुई और यह सम्पूर्ण वृत्तान्त उसकी माता मोचनिका नाम दासीके मुखसे सुनकर दामादके प्रेमसे एकान्तमें श्रीदत्तके पासगई और बोली कि हे पुत्र श्रीचंड नाम इस सुन्दरी का पिता जो इस वृत्तान्तको जानेगा तो तुम्हें मारे बिना न छोड़ेगा इसलिये तुम यहां से चलेजाओ और सुन्दरी को न भूलना १४८ यह कहकर उसकी सासने उसे वहां से छुड़वादिया तब श्रीदत्त सुन्दरी से यहकहकर कि मेराखड्ग तेरे पिता के पास है वहां से चलाआया फिरमृगांकवती के ढूंढ़ने के लिये चिन्तासे व्याकुल उसीवनमें घुसा और वनमें घुसने के समय इसको अच्छे २ शकुनहुए उनउत्तम शकुनों को देखकर जहां इसका घोड़ामराथा और मृगांकवती खोईथी वहां आया और उसजगह साम्हने आतेहुए एक बहेलिये से भी उसीमृगांकवतीको पूछा तब उसने कहा कि क्यातुम्हारा श्रीदत्तनाम है फिर यह बोला कि अभागा श्रीदत्तमैंही हूं तबवह बोला कि सुनो मैंने यहां रो २ कर तुम्हें ढूंढ़तीहुई तुम्हारी स्त्री को देखकर और संपूर्ण वृत्तान्तभी उस्से पूछकर उसेसावधान किया और फिर दयापूर्वक इसवनसे उसको अपने गांवमें लेगया फिरगांव में जवान २ बधिकोंको देखकर मथुराके निकट नागस्थल नामगांवमें विश्वदत्त नाम एक वृद्धब्राह्मण के यहां मैंने उसेसुपुर्द करदिया फिर तुम्हारी स्त्रीसे तुम्हारे नामको पूछकर मैं तुमको तलाशकरने यहां आयाहूं अब तुमशीघ्र नागस्थल में जाकर अपनी स्त्रीको लेलो १४९ उसके यह वचन सुनकर श्रीदत्तवहाँ से चला और दूसरेदिन नागस्थल में पहुंचा और विश्वदत्त ब्राह्मणके घरमेंजाकर श्रीदत्त यह वचनबोला कि बहेलिये की सुपुर्द कराईहुई हमारी स्त्रीको तुमदेदो यहसुनकर विश्वदत्त ने कहा कि मथुरा में राजा सूरसेन को उपाध्याय तथा मंत्री एकब्राह्मण मेरामित्र है उसी के यहां मैंने तुम्हारी स्त्री को भेजदिया है क्योंकि इसनिर्जन गांवमें उसकी रक्षा नहीं होसक्तीथी तो प्रातःकाल तुम वहींजाना आजयहाँही रहो

विश्वदत्त के कहने से श्रीदत्त रात्रिभर वहां रहा और प्रातःकाल मथुराकोचला फिर दूसरेदिन मथुरा के निकट पहुंचकर बहुत मार्गचलनेसे चेष्टा मैलीहोगईथी इसलिये निर्मलजलवाली एकवावड़ी में स्नान करनेलगा वहां जलके भीतर चोरोंका रक्खाहुआ एकवस्त्र मिला जिसके कि किनारों में रत्नोंकाहार बँधा हुआ था तब वह उस वस्त्रको लेकर हारको विनादेखे श्रीदत्त मथुरामें घुसा वहां उसवस्त्रको पहचानकर और उसमें रत्नोंकाहार बँधादेखकर राजाके सिपाही उसे चोर कहकर बाँधके कोतवाल के पास ले आये कोतवालने राजासे कहा और राजाने उसकेमारनेका हुक्मदेदिया १७० तब मारने के लिये वधकरनेके स्थानमें राजाके सिपाही ढंढोरा पीटतेहुए श्रीदत्तको लेचले इसप्रकारसे जातेहुए श्रीदत्तको मृगांकवती ने देखा और जिसके घरमें रहती थी उसमंत्री से बोली कि यहीमेरापति है जिसको मारनेकेलिये राजा के सिपाही लियेजाते हैं यहसुनकर मंत्रीने उन वधकरनेवालोंको रोकदिया और राजासे कहकर उसे वध से छुड़वादिया और अपने घरमें लेआया इसके उपरान्त श्रीदत्तमंत्रीको देखकर अपने चित्तमें शोचने लगा कि यह वही मेरा विगतभयनाम चचाहै जो कि परदेशको चलागयाथा और भाग्यवशसे यहाँ आकर मंत्रीहुआ इसप्रकार उसे पहचानके और पूछकर उसके पैरों में गिरपड़ा १७५ विगतभयभी अपने भाईके पुत्रको पहचानकर और उसे कंठमेंलगाकर संपूर्णवृत्तान्त पूंछनेलगा तब श्रीदत्तने अपने पिता की मृत्युसे लेकर अपना सबवृत्तान्त अपनेचचाको सुनादियाउस श्रीदत्तका सम्पूर्णवृत्तान्त सुनकर विगत-भयके आंसू निकलआये और एकान्तमें अपनेभतीजेसे बोला कि हेपुत्र धीरजधरो मुझे यक्षिणी सिद्धहै उसने मुझे पांचहजारघोड़े और सातकरोड़अशर्फी दी हैं वह सब धन तुम्हाराही है क्योंकि मेरे कोई पुत्र नहीं है यहकहकर उसने श्रीदत्तकीस्त्री श्रीदत्तके सुपुर्दकरदी और श्रीदत्तनेभी बहुतसा ऐश्वर्यपाकर उसके साथ अपनाविवाह करलिया जैसे कि रात्रिसे चन्द्रमाकी शोभाहोती है उसीप्रकार वहां रहतेहुए श्रीदत्तकी शोभा मृगांकवती से हुई यद्यपि श्रीदत्तको ऐसा ऐश्वर्य प्राप्तभी हुआथा तथापि उसके चित्तमें बाहुशालि आदिक मित्रोंकी चिन्ता बनीही रहतीथी एकसमय विगतभयने श्रीदत्तको एकान्तमें बुलाकर कहा कि हे पुत्र यहांके राजा शूरसेनकी कन्याको राजाकी आज्ञासे किसीके देनेके लिये उसे लेकर मैं अवन्ती देशको जाऊंगा तो इसी बहानेसे उसकन्याको मैं तुम्हें देदूंगा तब उस कन्याकेसाथ जो फौजहोगी वह और मेरी सब फौजको लेकर जो राज्य लक्ष्मीजीकी कृपासे तुम्हें मिलनेवालाहै वह शीघ्रही तुम्हें मिल-जायगा १८५ यह निश्चय करके सेना और अपनी मृगांकवती आदि घरके लोगों के समेत वह दोनों चचा भतीजे उस कन्याको लेकर वहांको चले इसके उपरान्त जब विन्ध्याचल पर यह दोनों पहुंचे तब बहुतसी डांकुओंकी सेना वहां आई और इन्हें रोककर वाणोंसे मारनेलगी तब श्रीदत्तकी सम्पूर्ण सेना के भाग जानेपर प्रहारसे मूर्च्छितहुए श्रीदत्तको बांधकर और उसका सम्पूर्ण धनलेकर डांकू अपनेगांवों को चलेगये फिर सम्पूर्ण डांकू श्रीदत्तको बलिदान देनेके लिये भगवतीके मंदिरमें चलेगये और घंटा बजानेलगे फिर वहां अपने लड़के समेत आई हुई सुन्दरी नाम भीलों के राजा की कन्याने श्रीदत्तको देखा और सब डांकुओंको हटाकर श्रीदत्तको लेकर बड़े आनन्द पूर्वक देवीके मन्दिरमें गई इसके उप-

रान्त भीलोंका राजा जो मरतेसमय अपना सब राज्य अपनी कन्याको देगयाथा वह श्रीदत्तको मिला क्योंकि उसके कोई पुत्र न था और वह सम्पूर्ण डाकुओंका लियाहुआ धन भी बचा, तथा मृगांकवती समेत श्रीदत्त को मिलगया फिर उस कन्यासे मृगाङ्कक नाम अपने खड्गकोपाकर और शूरसेन नाम राजाकी कन्यासे विवाहकरके श्रीदत्त वहांका बड़ाभारी राजाहोगया, तब श्रीदत्तने अपने दोनों सुसर बिंबक और शूरसेनके पास दूतभेजे तब वह दोनों यह सुनकर अपनी २ सेनालेकर अपनी २ कन्याओं के स्नेह से वहां आये फिर बाहुशाली आदिक मित्र भी घावों के अच्छेहोजानेपर श्रीदत्तके सब वृत्तांतको सुनकर वहां आये इसके उपरान्त सुसरों समेत श्रीदत्त ने पिता के मारनेवाले राजा विक्रमशक्ति को जाकरमारा और मृगाङ्कवती समेत संपूर्ण पृथ्वीका राज्यपाकर विरहके उपरान्त श्रीदत्त अत्यन्त प्रसन्न हुआ इस प्रकारसे हे राजा बड़ेवियोग और नाना आपत्तिरूपी समुद्रको पारहोकर धीरपुरुष आनन्दको पाते हैं संगतककथक्से इस कथाको सुनकर राजा सहस्रानीकने वह रात्रि मार्ग में व्यतीतकी फिर प्रातःकाल पहले तो मनोरथोंपरचढ़कर राजाका चित्तचला और पीछे राजा सहस्रानीकचला थोड़े दिनोंमें राजामहर्षि जमदग्निजी के आश्रममें पहुँचा वह ऐसा उत्तम आश्रमथा कि जिसमें पशु पक्षीभी अपनी चपलताको छोड़कर शान्तवृत्ती में रहते थे वहां अतिथियों के सम्पूर्ण सत्कारकरनेवाले जमदग्निजीको देखकर राजाने प्रणामकिया तब अपने दर्शन से मनुष्योंको पवित्र करनेवाले तपके समूह महर्षिजमदग्निजी ने बहुतदिनसे छुटीहुई पुत्र समेतरानी मृगावती राजाको देदी २०५ शापके अंतमेंपरस्पर देखने से उनदोनोंके जो आंसू आगयेथे वह आंसू न थे मानो अमृतकी वृष्टि थी राजाने अपने उदयन्नाम पुत्रको प्रथमही देखकर आलिङ्गन करके बहुतदेरमें छोड़ा इसके अनन्तर जमदग्निजी से पूंछकर उदयन् समेत अपनी रानी मृगावतीको लेकर राजा आश्रमसे चला उससमय राजाके भेजनेको आंसूभरे हुए मृगभी तपोवनतक चले आये २०६ रानीके विरहकी बातोंको सुनताहुआ और अपने विरहकी बातों को कहताहुआ राजा सहस्रानीक अपनी कौशाम्बी नगरी में पहुंचा रानी और पुत्र समेत राजा को आयाहुआ देखकर प्रजाके सम्पूर्ण लोग अत्यन्त प्रसन्नहुए राजाने अपने पुत्रके गुणोंको देखकर उसे युवराज पदवी देदी और अपने मंत्रियों के पुत्र जिनका कि वसन्तक रुमखान और यौगन्धरायणनाम था उनतीनोंको उसका मंत्री बनादिया उससमय पुष्पवृष्टि संयुक्त आकाशसे वाणीहुई कि इनमंत्रियों के साथ उदयन् सम्पूर्ण पृथ्वीका राजाहोगा इसके उपरान्त अपने पुत्रको राज्यकाभार सौंपकर राजा मृगावती समेत संसारका सुख भोगने लगा कुछ दिनके उपरान्त राजा कानके पासके बालों को श्वेत देखकर शान्तहोगया और विषय भोगकरनेकी सब इच्छा जातीरही तब उदयन्नाम अपने पुत्रको राज्य देकर अपने मंत्री और मृगावती समेत राजा सहस्रानीक तपकरने के लिये हिमालयको चलागया २१७।

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांकथामुखलम्बकेद्वितीयस्तरंगः २॥

इसके उपरान्त राजाउदयन् वत्सदेशके राज्यकोपाकर अच्छेप्रकारसे प्रजाओं का पालनकरनेलगा फिर धीरे २ यौगन्धरायण आदिक मंत्रियोंपर राज्यकेभारको छोड़कर केवल सुखका भोगकरनेलगा स-

दैव शिकार करताथा और वासुककी दीहुई वीणाको रात्रि दिन बजाया करताथा वीणाके मधुरशब्दको सुनकर वशीभूतहुए मतवाले वनके हाथियोंको बँधवाकर लेआताथा और मंत्रियों के सन्मुख वेश्याओंके साथ मद्यपीताथा राजाको केवल यह चिन्तालगीरहती थी कि मेरे कुल और स्वरूपके अनुरूप स्त्री कहीं नहीं है एक वासवदत्तानाम कन्या सुनाई देती है सो वह कैसे मिलसक्ती है और उज्जयिनी में उसकन्या का पिता राजा चण्डमहासेनभी यह विचाराकरताथा कि मेरी कन्याके अनुरूप पति संसारभरमें कोई नहीं है एकउदयन्नाम है सो वह सदैवका हमाराशत्रु है तो किसप्रकारसे उदयन् हमारे वशीभूतहोकर इसकन्याको ग्रहणकरे एकउपायहै कि उदयन्वनमें अकेला शिकारके शौक़से सदैव हाथियोंको पकड़ा करताहै वहीं से युक्तिपूर्व्वक उसको वँधवा मँगवाऊं और उससे अपनी कन्याको गानसिखवाऊं तब वह आपही मेरी कन्याको देखकर मोहितहोगा इसप्रकारसे वशीभूतहोकर मेरादामाद होजायगा इसके सिवाय उसके वशकरनेका कोई दूसरा उपायनहींहै १२ यह शोचकर राजा भगवती के मंदिरकोगया और भगवतीकी पूजा तथा स्तुतिकरके अपनी कन्याके लिये वही राजा उदयन् वरमांगा तब उस मंदिरसे यह आवाजआई कि हे राजा तुम्हारा यहमनोरथ थोड़ेही दिनों में पूराहोजायगा यहसुनकर प्रसन्नहुआ राजा बुद्धिदत्तनाम अपने मंत्री से भी यही विचार करनेलगा कि उदयन् बड़ामानी निर्लोभ तथा महाबलवान् है और उसकेमन्त्रीआदि सेवकभी उससे बड़ा अनुरागकरते हैं इससे यद्यपि उसके साथ कोई उपायनहीं चलसक्ताहै परन्तु पहले सामकरनाचाहिये यह सलाहकरके राजाने एकदूतसेकहा कि तुमवत्स देशके राजासे जाकर यहकहो कि हमारीकन्या तुम से गानविद्या सीखनाचाहती है जो तुम्हें हमलोगों पर स्नेह होय तो उसे यहांआनकर सिखाओ राजाके यहवचन सुनकर वहांसे चलाहुआ दूत कौशाम्बी में आया और संपूर्ण अपनेराजाका संदेशा उदयन्राजा से कहसुनाया दूतसे यह अनुचित वचन सुनकर उदयन् एकान्तमें अपनेमन्त्री यौगन्धरायण से बोला कि उसराजाने अभिमान पूर्व्वक हमारे पास यहक्या संदेशा भेजाहै और इससे उसका क्या अभिप्राय है २१ उदयन् के यहवचन सुनकर अपने स्वामीके हितका चाहनेवाला महामन्त्री यौगन्धरायण बोला कि हे महाराज संसारमें लताकेसमान जो आपके शौककी शोहरत फैलरही है उसी का यह बुराफलहै वह तुम्हें शौकीनसमझकर कन्याके लोभ से बुलाकर पकड़नाचाहताहै इसलिये तुम शौकोंको छोड़दो क्योंकि गड्ढेमें पड़ेहुए वनके हाथियों के समान शौकोंमें डूबेहुए राजाओंको शत्रुलोगपकड़लेते हैं मंत्रीके यहवचन सुनकर उदयन्ने राजा चंड महासेनकेपास अपने दूतकेद्वारा यहसंदेशाभेजा कि जो तुम्हारीकन्या हमसे गान विद्यासीखना चाहती है तो उसे यहांही भेजदो इसके उपरान्त उदयन्ने अपने मंत्रियों से यह कहा कि अब हमजाकर राजा चंडमहासेनको यहां बांधेलाते हैं यह सुनकर महामन्त्री यौगन्धरायण बोला कि यहनहीं किया जासक्ता और योग्यभी नहींहै क्योंकि उसराजाका बड़ाप्रभावहै तुमकोभी उससे मेल करना चाहिये सुनो मैं वहांका सब हाल तुमसे कहताहूं ३० अपने बड़े २ श्वेत मकानों से मानों स्वर्गको भी हँसतीहुई उज्जयिनीनाम नगरी है जिसमें श्रीशिवजी कैलाशके निवासको छोड़कर महाकाल के स्वरूपको धारणकरके निवास

[illegible] श्रीदत्तको मिला [illegible] तथा मृगांकवती समेत श्रीदत्त को मिलगया फिर उस कन्यासे मृगाङ्कक नाम अपने खड्गकोपाकर और शूरसेन नाम राजाकी कन्यासे विवाहकरके श्रीदत्त वहांका बड़ाभारी राजाहोगया तब श्रीदत्तने अपने दोनों सुसर बिंबक और शूरसेनके पास दूतभेजे तब वह दोनों यह सुनकर अपनी २ सेनालेकर अपनी २ कन्याओं के स्नेह से वहां आये फिर बाहुशाली आदिक मित्र भी घावों के अच्छेहोजानेपर श्रीदत्तके सब वृत्तांतको सुनकर वहां आये इसके उपरान्त ससुरों समेत श्रीदत्त ने पिता के मारनेवाले राजा विक्रमशक्ति को जाकरमारा और मृगाङ्कवती समेत संपूर्ण पृथ्वीका राज्यपाकर विरहके उपरान्त श्रीदत्त अत्यन्त प्रसन्न हुआ इस प्रकारसे हे राजा बड़ेवियोग और नाना आपत्तिरूपी समुद्रको पारहोकर धीरपुरुष आनन्दको पाते हैं संगतकके कथकसे इस कथाको सुनकर राजा सहस्रानीकने वह रात्रि मार्ग में व्यतीतकी फिर प्रातःकाल पहले तो मनोरथोंपरचढ़कर राजाका चित्तचला और पीछे राजा सहस्रानीकचला थोड़े दिनोंमें राजामहर्षि जमदग्निजी के आश्रममें पहुँचा वह ऐसा उत्तम आश्रमथा कि जिसमें पशु पक्षीभी अपनी चपलताको छोड़कर शान्तवृत्ती में रहते थे वहां अतिथियों के संपूर्ण सत्कारकरनेवाले जमदग्निजीको देखकर राजाने प्रणामकिया तब अपने दर्शन से मनुष्यों को पवित्र करनेवाले तपके समूह महर्षि जमद-ग्निजी ने बहुतदिनसे छूटीहुई पुत्र समेतरानी मृगावती राजाको देदी २०५ शापके अंतमें परस्पर देखने से उनदोनोंके जो आंसू आगयेथे वह आंसू न थे मानो अमृतकी वृष्टि थी राजाने अपने उदयन्नाम पुत्रको प्रथमही देखकर आलिङ्गन करके बहुतदेरमें छोड़ा इसके अनन्तर जमदग्निजी से पूछकर उद-यन् समेत अपनी रानी मृगावतीको लेकर राजा आश्रमसे चला उससमय राजाके भेजनेको आंसूभरे हुए मृगभी तपोवनतक चलेआये २०६ रानीके विरहकी बातोंको सुनताहुआ और अपने विरहकी बातों को कहताहुआ राजा सहस्रानीक अपनी कौशाम्बी नगरी में पहुंचा रानी और पुत्र समेत राजा को आयाहुआ देखकर प्रजाके संपूर्ण लोग अत्यन्त प्रसन्नहुए राजाने अपने पुत्रके गुणोंको देखकर उसे युवराज पदवी देदी और अपने मंत्रियों के पुत्र जिनका कि वसन्तक रुमरवान और यौगन्धरायणनाम था उनतीनोंको उसका मंत्री बनादिया उससमय पुष्पवृष्टि संयुक्त आकाशसे वाणीहुई कि इनमंत्रियों के साथ उदयन् संपूर्ण पृथ्वीका राजाहोगा इसके उपरान्त अपने पुत्रको राज्यकाभार सौंपकर राजा मृगावती समेत संसारका सुख भोगने लगा कुछ दिनके उपरान्त राजा कानके पासके बालों को श्वेत देखकर शान्तहोगया और विषय भोगकरनेकी सब इच्छा जातीरही तब उदयन्नाम अपने पुत्रको राज्य देकर अपने मंत्री और मृगावती समेत राजा सहस्रानीक तपकरने के लिये हिमालयको चलागया २१०॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांकथामुखलम्बकेद्वितीयस्तरङ्गः २॥

इसके उपरान्त राजाउदयन् वत्सदेशके राज्यकोपाकर अच्छेप्रकारसे प्रजाओं का पालनकरनेलगा फिर धीरे २ यौगन्धरायण आदिक मंत्रियोंपर राज्यकेभारको छोड़कर केवल सुखका भोगकरनेलगा स-

हाथ में एक छिद्रहै उसे मैं धनुपसे छिपायेरहताहूं इसप्रकार उस दैत्यने अपनी कन्याको समझाया और यह सब बातें इस छिपेहुए राजाने सब सुनलीं ६६ इसके उपरान्त वह दैत्य स्नानकरके मौनहोकर श्रीमहादेवजीका पूजनकरनेलगा उससमय प्रकटहोकर धनुपचढ़ायेहुए राजाने उसे युद्धकरनेके लिये बुलाया तब उस दैत्यने बायेंहाथको हटाकर यह इशाराकिया कि क्षणभरठहरजाओ राजाने उसीसमय उस दैत्य के उसीछिद्र में बाणमारा तब वर्म्मस्थान में चोटलगने से बड़ाघोर शब्दकरके वह दैत्य पृथ्वी में गिरपड़ा और यह कहकर मरगया कि जिसने मुझ प्यासेको माराहै वह जो हरसाल मुझको जलसे तृप्त न करेगा तो उसके पांचमंत्री मरजायँगे तब राजा उस कन्याको लेकर उज्जयिनी अपनी नगरीको चलाआया और वहां आकर उसके साथ विवाह किया तब उसके दो पुत्र उत्पन्नहुए एक गोपालक और दूसरा पालक उनके उत्पन्नहोने में राजाने बड़ा इन्द्रोत्सव किया तब स्वप्न में राजा से इन्द्रने कहा कि हमारी कृपासे तुम्हारे एक बड़ी अपूर्व्व कन्याहोगी फिर कुछकालके व्यतीतहोनेपर उस राजा के चन्द्रमाकी मूर्त्तिके समान एक अपूर्व्व कन्या उत्पन्न हुई और उससमय यह आकाशवाणी हुई कि कामदेवका अवतार इस कन्याका पुत्रहोगा और वह सम्पूर्ण विद्याधरोंका राजाहोगा फिर राजाने यह कन्या इन्द्रकी दीहुई है इसकारण उसका नाम वासवदत्तारक्खा ७९ अब समुद्र में लक्ष्मीके समान उस राजाके यहां वह कन्या किसी के देने केही लिये है हे राजा इसप्रकारके प्रभाववाला वह चण्डमहासेन राजा जीतने के योग्य नहीं है परन्तु वह राजा अपनी कन्या तुम्हींको देनाचाहताहै और वह अभिमानी है इसलिये अपने पक्षकी श्रेष्ठताभीचाहताहै मुझे मालूमहोताहै कि वासवदत्ताका विवाह अवश्य तुम्हारेही साथ होगा मंत्री के यह वचन सुनकर राजा उदयन्‌का चित्त वासवदत्ता में लगगया ८३ ॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांकथामुखलम्बकेतृतीयस्तरङ्गः ३ ॥

इस बीच में उदयन् के दूतने चण्डमहासेनसे सम्पूर्ण वृत्तान्त जाकरकहा यह सुनकर इसने शोचा कि उदयन् तो यहां आतानहीं है और कन्या वहां भेजनीनहीं है तो युक्तिसे उसे बँधवाकर यहां लाना चाहिये ऐसा विचारकर और मंत्रियों से सलाहकरके अपने हाथी के समान एक बड़ाभारी यंत्रका हाथी बनवाया और उस हाथी के भीतर बहुतसे वीरपुरुष बैठालकर वह हाथी विन्ध्याचलके वनमें रखवादिया फिर उस हाथीको हाथी पकड़ने के बड़ेशौकीन राजा उदयन्‌के गोयन्देलोगों ने देखा और राजासे आकर कहा कि हे राजा विन्ध्याचलके वनमें एक हाथी हमलोगों ने ऐसा देखाहै कि जैसा इस संसार भरमें और कहीं नहीं है वह इतनाबड़ाहै कि ऐसा मालूमहोताहै कि मानों चलनेवाला दूसरा विन्ध्याचलही है ८ उन गोयन्दों के ऐसे वचन सुनकर राजाने प्रसन्नहोकर उन्हें एकलाख अशर्फीदीं फिर राजा यह शोचने लगा कि अगर नड़ागिरिके समान हाथी मुझे मिलजायगा तो राजा चण्डमहासेन मेरे वशहोजायगा और वासवदत्ताको अपने आपमुझे देदेगा ऐसा विचार करते २ वहरात्रि व्यतीत होगई प्रातःकाल मंत्रियोंके वचनों को न मानकर हाथी के लोभसे राजा गोयन्दों को साथलेकर विन्ध्याचलके वनको चला और ज्योतिपियोंने प्रस्थान की लग्न का फल यह कहाथा कि बन्धन होगा और

करते हैं उस नगरी में महेन्द्रवर्म्मा नाम बड़ा श्रेष्ठ राजा हुआथा उसके जयसेन नाम पुत्र हुआ और उस के बड़ा बलवान् महासेननाम राजाहुआ उस राजाने अपने राज्य करते २ एकसमय यह शोचा कि मेरे पास न मेरे लायक कोई खड्ग है और न कोई मेरे योग्य कुलीन स्त्री है यह शोचकर राजा भगवती चंडिका जी के मन्दिरमें गया और निराहार होकर बहुत दिन भगवतीका भजन करतारहा और पीछेसे अपनेमांस को काट२ कर हवन करनेलगा तब प्रसन्नहोकर साक्षात् भगवती ने उससेकहा कि हे पुत्र तेरे ऊपर मैं प्रसन्न हूं तू इस मेरे खड्गको ले इसके प्रभावसे कोई शत्रु तुझे जीत न सकेगा और अंगारकासुर की अत्यन्त सुन्दर अंगारवतीनाम कन्या तुझे शीघ्रही मिलैगी तूने यह बड़ा चण्ड अर्थात् घोरकर्म कियाहै इससे तेरा नाम चण्डमहासेन होगा ४० यह कहकर और खड्ग देकर भगवती अन्तर्द्धान होगई तब वह राजा अत्यन्त प्रसन्न होगया जैसे इन्द्रके पास वज्र और ऐरावत हाथी है उसीप्रकार उस राजाके पास भगवती का दियाहुआ खड्ग और नड़ागिरिनाम हाथी है इन दोनोंके प्रभावसे सुखपूर्व्वक राज्य करताहुआ वह राजा किसीसमय शिकारखेलनेको वनमेंगया वहां जाकर दिनके प्रभावसे इकट्ठेहुए अन्धकारके समान श्यामरंगवाला एक बड़ा भारी सूअर दिखाईपड़ा तब राजाने उसके बहुतसे बाणमारे तिसपरभी उसकी देहमें कोई घाव न हुआ और राजाके रथमें टक्करमारकर वह अपने भिटे में चलागया तब राजाभी रथको छोड़कर धनुषबाण लेकर उसके पीछेही उस भिटे में घुसा बहुत दूरजाकर वहां एक बड़ा उत्तम पुर दिखाई पड़ा राजा वहां जाकर आश्चर्य्य करके किसी बावड़ीके किनारे पर बैठगया वहां राजाने सैकड़ों स्त्रियों से घिरीहुई और धीरोंकेभी धीरकी छुटानेवाली एक कन्यादेखी ४८ वह कन्याभी राजाको बड़े प्रेमपूर्व्वक देखकर धीरे से बोली कि हेसुन्दर तुम कौनहो और किसलिये यहां आयेहो तब राजाने अपना सम्पूर्ण हाल कहदिया यह सुनकर वह कन्या अधीरहोकर रोनेलगी तब राजाने उससे पूंछा कि तुम कौनहो और किसलिये रोतीहो यह सुनकर उसने काम के वशीभूत होकर कहा कि यह जो सूअर तुमने देखाथा वह अंगारक नाम दैत्यहै और मैं उसकी अंगारवती नाम कन्याहूं मेरे पिताका शरीर वज्रकाहै राजाओं के घरसे सौराजकन्या लाकर उसने मेरीदासी बनाई हैं शापके दोषसे राक्षस होनेवाले मेरे पिताने तृषा और परिश्रमसे व्याकुलहोकर तुम्हें पाकरभी छोड़दियाहै इससमय वह शूकरके रूपको त्यागकर सो रहाहै जब सोकर उठेगा तो अवश्य तुम्हें मारेगा इसीसे तुमको देख२कर मेरे बार२आंसू आरहे हैं ५७ अंगारवती के यह वचनसुनकर राजा बोला कि जो हमारेऊपर तुम्हारा स्नेहहै तो तुम यह हमारा कहनाकरो कि जब तुम्हारा पिता सोकर उठे तब तुम उसके आगे रोनेलगना तब वह जरूर तुमसे दुःखकाकारण पूंछेगा उस समय तुम उससे कहना कि अगर तुमको कोई मारडाले तो मेरी कौनगतिहोगी यही मुझे दुःखहै ऐसा करने से हमारा और तुम्हारा दोनोंका कल्याणहोगा राजाके इनवचनोंको मानकर और राजाको छिपाकर अंगारवती जहां उसका पिता सोताथा वहां चलीगई जब वह दैत्य उठा तब वह रोनेलगी उसे रोतेदेखकर उसने पूँछा कि हे कन्या तू क्यों रोरही है उसनेकहा कि अगर तुमको कोई मारडाले तो मेरी क्यागति होगी इसी दुःखसे मैं रोरहीहूं तब वह हँसकरबोला कि मुझे कौन मारसक्ताहै मेराशरीर वज्रकाहै मेरे बायें

हाथ में एक छिद्रहै उसे मैं धनुषसे छिपायेरहताहूं इसप्रकार उस दैत्यने अपनी कन्याको समझाया और यह सब बातें इस छिपेहुए राजाने सब सुनलीं ६६ इसके उपरान्त वह दैत्य स्नानकरके मौनहोकर श्रीमहादेवजीका पूजनकरनेलगा उससमय प्रकटहोकर धनुषचढ़ायेहुए राजाने उसे युद्धकरने के लिये बुलाया तब उस दैत्यने बायेंहाथको हटाकर यह इशाराकिया कि क्षणभरठहरजाओ राजाने उसीसमय उस दैत्य के उसीछिद्र में बाणमारा तब मर्म्मस्थान में चोटलगने से बड़ाघोर शब्दकरके वह दैत्य पृथ्वी में गिरपड़ा और यह कहकर मरगया कि जिसने मुझ प्यासेको माराहै वह जो हरसाल मुझको जलसे तृप्त न करेगा तो उसके पांचमंत्री मरजायँगे तब राजा उस कन्याको लेकर उज्जयिनी अपनी नगरीको चलाआया और वहां आकर उसके साथ विवाह किया तब उसके दो पुत्र उत्पन्नहुए एक गोपालक और दूसरा पालक उनके उत्पन्नहोने में राजाने बड़ा इन्द्रोत्सव किया तब स्वप्न में राजा से इन्द्रने कहा कि हमारी कृपासे तुम्हारे एक बड़ी अपूर्व्व कन्याहोगी फिर कुछकालके व्यतीतहोनेपर उस राजा के चन्द्रमाकी मूर्त्तिके समान एक अपूर्व्व कन्या उत्पन्न हुई और उससमय यह आकाशवाणी हुई कि कामदेवका अवतार इस कन्याका पुत्रहोगा और वह सम्पूर्ण विद्याधरोंका राजाहोगा फिर राजाने यह कन्या इन्द्रकी दीहुई है इसकारण उसका नाम वासवदत्तारक्खा ७९ अब समुद्र में लक्ष्मीके समान उस राजाके यहां वह कन्या किसी के देने केही लिये है हे राजा इसप्रकारके प्रभाववाला वह चण्डमहासेन राजा जीतने के योग्य नहीं है परन्तु वह राजा अपनी कन्या तुम्हींको देनाचाहताहै और वह अभिमानी है इसलिये अपने पक्षकी श्रेष्ठताभीचाहताहै मुझे मालूमहोताहै कि वासवदत्ताका विवाह अवश्य तुम्हारेही साथ होगा मंत्री के यह वचन सुनकर राजा उदयन्‌का चित्त वासवदत्ता में लगगया ८३॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांकथामुखलम्बकेतृतीयस्तरङ्गः ३॥

इस बीच में उदयन् के दूतने चण्डमहासेनसे सम्पूर्ण वृत्तान्त जाकरकहा यह सुनकर इसने शोचा कि उदयन् तो यहां आतानहीं है और कन्या वहां भेजनीनहीं है तो युक्तिसे उसे बँधवाकर यहां लाना चाहिये ऐसा विचारकर और मंत्रियों से सलाहकरके अपने हाथी के समान एक बड़ाभारी यंत्रका हाथी बनवाया और उस हाथी के भीतर बहुतसे वीरपुरुष बैठालकर वह हाथी विन्ध्याचलके वनमें रखवादिया फिर उस हाथीको हाथी पकड़ने के बड़ेशौकीन राजा उदयन्‌के गोयन्देलोगों ने देखा और राजासे आकर कहा कि हे राजा विन्ध्याचलके वनमें एक हाथी हमलोगों ने ऐसा देखाहै कि जैसा इस संसार भरमें और कहीं नहीं है वह इतनाबड़ाहै कि ऐसा मालूमहोताहै कि मानों चलनेवाला दूसरा विन्ध्याचलही है ८ उन गोयन्दों के ऐसे वचन सुनकर राजाने प्रसन्नहोकर उन्हें एकलाख अशर्फीदीं फिर राजा यह शोचने लगा कि अगर नड़ागिरिके समान हाथी मुझे मिलजायगा तो राजा चण्डमहासेन मेरे वशहोजायगा और वासवदत्ताको अपने आपमुझे देदेगा ऐसा विचार करते २ वहरात्रि व्यतीत होगई प्रातःकाल मंत्रियोंके वचनों को न मानकर हाथी के लोभसे राजा गोयन्दों को साथलेकर विन्ध्याचलके वनको चला और ज्योतिषियोंने प्रस्थान की लग्न का फल यह कहाथा कि बन्धन होगा और

कन्या मिलैगी इसका भी राजाने कुछ विचार न किया विन्ध्याचलके वनमें पहुंचकर हाथीके भागजाने के डरसे राजाने अपनी सेनादूरपर छोड़दी और गोयन्दोंको साथले वीणालियेहुए राजाविन्ध्याचल के वनमेंघुसा १५ वहां विन्ध्याचलके दक्षिणकी ओर गोयन्दों के द्वारा दिखायेहुए उसनक़ली हाथी को राजाने सच्चे हाथीके समान देखा अकेला राजा वीणाको बजाकर मधुर २ शब्द गाताहुआ और उसके पकड़ने का उपाय शोचताहुआ उसके पासतक चलागया गानेके ध्यानसे और संध्याके अन्धकारसे राजा ने उसनक़ली हाथीको नहीं पहचाना वह हाथी भी मानोंगीत के रससे अपने कानों को उठाताहुआ राजाके पास आन २ कर बिचकताहुआ बहुत दूरतक राजाको लेगया इसके उपरान्तउस हाथी में से एकाएकी बहुत से हथियारबन्द पुरुषों ने राजाको घेरलिया उनको देखकर राजा क्रोध से चक्कूनिकालकर जैसे कि अपने आगेवालोंसे लड़नेलगा वैसेही पीछे से और लोगोंने आकर उसेपकड़ लिया फिर इशारे से आयेहुए अन्य सेनाके लोगों के साथ उदयन्को पकड़कर चंडमहासेन के पास लेगये राजा चंडमहासेन बड़े आदरपूर्वक पुरके बाहरआकर उदयन् को अपने साथ उज्जयिनी पुरी में लेगया फिर अपमानसे कलंकित नवीन चन्द्रमाके समान उदयन्को पुरवासियोंने भी बड़े आनन्द से देखा उसके गुणसे प्रसन्नहुए पुरवासियों ने उस के मारेजाने के सन्देह से सबने मिलकर यह कहा कि जो यह माराजायगा तो हम सबभी अपना प्राणदेदेंगे २५ तब राजा चंडमहासेनने उनको यहकहकर समझाया कि हम इन्हें मारेंगे नहीं किन्तु इनसे सन्धिकरेंगे २६ इसके उपरान्त राजा चण्डमहासेन ने गान्धर्वविद्यासीखने के लिये वासवदत्ता नाम कन्या उसवत्सराज राजा उदयन्को सुपुर्द करदी और यहबात भी कहदी कि हेउदयन् तुम इसको गान्धर्वविद्या सिखलाओ तो तुम्हारा कल्याण होगा और खेदमतकरो वासवदत्ताको देखकर उदयन्के चित्तमें ऐसास्नेह उत्पन्नहुआ कि उसका संपूर्ण क्रोधजाता रहा उदयन्को देखकर वासवदत्ताके नेत्र और मन दोनों उदयन्में लगगये नेत्रतो लज्जासे हटगये परन्तु मन न हटासकी इसके उपरान्त वासवदत्ताको गानसिखाता हुआ वह वत्सराज गान्धर्वशालामें रहनेलगा ३१ उस चित्तकी प्रसन्न करनेवाली वासवदत्ता के सन्मुख वीणा बजा २ कर वत्सराज गाया करता था और वासवदत्ता भी बन्धन में पड़ेहुए वत्सराजकी बड़ी सेवा किया करतीथी इस बीच में जो उदयन् के साथीलोग लौटकर कौशाम्बीपुरी में आये तो वहांकी प्रजा उदयन् के प्रेमसे क्रोधितहोगई और उज्जयिनीपर चढ़ाई करनेकी इच्छाकरने लगी यह देखकर रुमण्वान् मंत्रीने सबको समझाया कि चंड महासेन बलसे जीतनेके लायक नहींहै और वहांपर चढ़ाई करने से उदयन्केभी शरीरकी कुशल नहीं इसलिये वहां चढ़ाई न करनी चाहिये इसकामको बुद्धिसेही करनाचाहिये तब संपूर्ण प्रजाका राजापर ऐसा अनुराग देखकर यौगन्धरायणने रुमण्वान् आदिक मंत्रियोंसेकहा कि तुम लोग यहांही रहो और इसराज्यकीरक्षाकरो समयपाकर अपना पराक्रमकरना मैं वसन्तकको साथमें लेकर यहांसेजाकर अपनी बुद्धिसे उदयन्को छुड़ालाऊंगा जैसे जलके लगनेसे बिजलीकी आग ज्यादह चमकतीहै उसीप्रकार आपत्तिमें जिसकी बुद्धि अधिक तेजी दिखातीहै वही धीरपुरुष है ४१ और परकोटेका तोड़ना बेड़ियों

का खोलना और अदृष्ट होजाना इन सब बातोंकी सबरीतिं मुझे मालूमहै यह कहकर और संपूर्ण राज्यका कार्य्य रुमखानको सौंपकर यौगन्धरायण दूसरे वसन्तकनाम मंत्रीको साथ लेकर कौशाम्बी सेचला और बड़े भयंकर प्राणियों से युक्त अत्यन्त दुर्गम विन्ध्याचलके वनमें घुसा वहां विन्ध्याचलके पूर्व्व दिशामें रहनेवाले उदयन्के मित्र पुलिन्दक नाम किसीम्लेच्छोंके राजाके यहांगया और उससे कहा कि तुम बहुतसी सेनाको अपने यहां तैयाररक्खो क्योंकि हम इसी मार्ग होकर उदयन्को लेकर आवेंगे फिर वहांसे चलकर वसन्तक समेत यौगन्धरायण उज्जयिनी में पहुंचा और वहांजाकर मुर्दोंकी गन्धिसे युक्त वेताल भूतादिकोंसे व्याप्त महाकालके श्मशानमें गया वहांके वेतालादि भूत ऐसेकालेथे कि दूरसे देखनेमें चिताके धुएंके ढेरसे मालूमहोते थे ४८ उस श्मशानमें यौगन्धरायणको देखकर प्रसन्न हुए योगेश्वर नाम ब्रह्मराक्षसने आकर यौगन्धरायणसे मित्रताकरली उस ब्रह्मराक्षसकी बताईहुई युक्ति से यौगन्धरायणने अपना स्वरूपबदलकर कुबड़ा बुड्ढा मतवाला तथा गंजा धारणकरलिया जिस्से कि सबलोग उसे देखकर हँसनेलगे और उसी युक्तिसे वसन्तकका भी रूपबदलदिया और उसका पेट ऐसा फूलाहुआ बनाया कि उसके पेटकी सबनसें दिखाई देनेलगीं और उसकामुख बिगाड़कर बड़े२ दांतबना-दिये इसके उपरान्त खाली वसन्तकको राजाके महलकेपास भेजकर नाचता गाताहुआ और लड़कोंसे घिराहुआ यौगन्धरायण उज्जयिनी में घूमता २ राजा के महलके पास पहुंचा वहां उसने अपने खेल तमाशे से रानियोंको बहुत खुश किया यहबात वासवदत्तानेभी सुनी और दासीभेजकर उसेअपनेपास बुलवाया ५६ क्योंकि लड़कपनमें खेल बहुत अच्छा मालूमहोताहै वहांजाकर बँधेहुए उदयन्कोदेखकर यौगन्धरायण के आंसू निकलआये और उसने राजासे कुछ इशाराकिया और राजाभी उसे छिपेहुए वेषमें पहचानगया इसकेउपरान्त यौगन्धरायणने एक ऐसीयुक्तिकी कि वासवदत्ता और वासवदत्ताकी सब सखियां उसे न देखनेलगीं केवल राजाही उसको देखताथा तब वह सम्पूर्णबोलीं कि वहमतवाला एकाएकी कहींचलागया उनके यहवचन सुनकर और उसे आगे देखकर राजानेजाना कि इसने यह बात योगबलसेकीहै यह जानकर उसने वासवदत्तासे कहा कि जायके सरस्वती के पूजनकी सामग्री लेआओ यहसुनकर वह अपनी सखियोंसमेत वहांसे चलीगई तबराजाको अकेलापाकर यौगन्धरायण ने बेड़ीकाटनेकी युक्ति और वीणाकेद्वारा वासवदत्ताके वशीकरणकीयुक्ति राजाको बनाई ६४ औरकहा कि हे राजा द्वारपर वसन्तक वेषबदलेहुए खड़ाहै उसेभी आप भीतर बुलवालीजिये जब वासवदत्ता आप पर विश्वास करनेलगेगी तब मैं जैसाकहूंगा वैसाकरना कुछ दिन ठहरजाओ यहकहकर यौगन्धरायण तो चलागया और वासवदत्ता सरस्वती के पूजनकी सब सामग्रीलाई तब राजा उदयन्ने उससेकहा कि दरवाजेपर कोई ब्राह्मण खड़ाहै उसेसरस्वती के पूजनकी दक्षिणाके लिये बुलवाओ उसके कहने से वा-सवदत्ताने उसेद्वारपरसे बुलवाया तब वसन्तक वहांआकर राजाको देखकर शोकसे रोनेलगा तब राजा ने भेदको छुपाने के लिये उससेकहा कि हे ब्राह्मण मैं तुम्हारे रोगसे बिगड़ेहुए सबशरीरको अच्छा करदूंगा मतरोओ तुमहमारेपास यहांही रहाकरो यहसुनकर वसन्तकने कहा कि यहआपकी बड़ीकृपाहै

कन्या मिलैगी इसका भी राजाने कुछ विचार न किया विन्ध्याचलके वनमें पहुंचकर हाथीके भागजाने के डरसे राजाने अपनी सेनादूरपर छोड़दी और गोयन्दोंको साथले वीणालियेहुए राजाविन्ध्याचल के वनमेंघुसा १५ वहां विन्ध्याचलके दक्षिणकी ओर गोयन्दों के द्वारा दिखायेहुए उसनक़ली हाथी को राजाने सच्चे हाथीके समान देखा अकेला राजा वीणाको बजाकर मधुर २ शब्द गाताहुआ और उसके पकड़ने का उपाय शोचताहुआ उसके पासतक चलागया गानेके ध्यानसे और संध्याके अन्धकारसे राजा ने उसनक़ली हाथीको नहीं पहचाना वह हाथी भी मानोंगीत के रससे अपने कानों को उठाताहुआ राजाके पास आन २ कर विचकताहुआ वहुत दूरतक राजाको लेगया इसके उपरान्तउस हाथी में से एकाएकी वहुत से हथियारबन्द पुरुषों ने राजाको घेरलिया उनको देखकर राजा क्रोध से चक्कूनिकालकर जैसे कि अपने आगेवालोंसे लड़नेलगा वैसेही पीछे से और लोगोंने आकर उसेपकड़ लिया फिर इशारे से आयेहुए अन्य सेनाके लोगों के साथ उदयन्को पकड़कर चंडमहासेन के पास लेगये राजा चंडमहासेन वड़े आदरपूर्व्वक पुरके वाहरआकर उदयन् को अपने साथ उज्जयिनी पुरी में लेगया फिर अपमानसे कलंकित नवीन चन्द्रमाके समान उदयन्को पुरवासियोंने भी वड़े आनन्द से देखा उसके गुणसे प्रसन्नहुए पुरवासियों ने उस के मारेजाने के सन्देह से सबने मिलकर यह कहा कि जो यह माराजायगा तो हम सवभी अपना प्राणदेदेंगे २५ तव राजा चंडमहासेनने उनको यहकहकर समझाया कि हम इन्हें मारेंगे नहीं किन्तु इनसे सन्धिकरेंगे २६ इसके उपरान्त राजा चण्डमहासेन ने गान्धर्वविद्यासीखने के लिये वासवदत्ता नाम कन्या उसवत्सराज राजा उदयन्को सुपुर्द करदी और यहवात भी कहदी कि हेउदयन् तुम इसको गान्धर्वविद्या सिखलाओ तो तुम्हारा कल्याण होगा और खेदमतकरो वासवदत्ताको देखकर उदयन्के चित्तमें ऐसास्नेह उत्पन्नहुआ कि उसका संपूर्ण क्रोधजाता रहा उदयन्को देखकर वासवदत्ताके नेत्र और मन दोनों उदयन्में लगगये नेत्रतो लज्जासे हटगये परन्तु मन न हटासकी इसके उपरान्त वासवदत्ताको गानसिखाता हुआ वह वत्सराज गान्धर्वशालामें रहनेलगा ३१ उस चित्तकी प्रसन्न करनेवाली वासवदत्ता के सन्मुख वीणा वजा-२कर वत्सराज गाया करता था और वासवदत्ता भी वन्धन में पड़ेहुए वत्सराजकी वड़ी सेवा किया करतीथी इस बीच में जो उदयन् के साथीलोग लौटकर कौशाम्बीपुरी में आये तो वहां की प्रजा उदयन् के प्रेमसे क्रोधितहोगई और उज्जयिनीपर चढ़ाई करनेकी इच्छाकरने लगी यह देखकर रुमण्वान् मंत्रीने सबको समझाया कि चंड महासेन वलसे जीतनेके लायक नहींहै और वहांपर चढ़ाई करने से उदयन्केभी शरीरकी कुशल नहीं इसलियेवहां चढ़ाई न करनी चाहिये इसकामको बुद्धिसेही करनाचाहिये तव संपूर्ण प्रजाका राजापर ऐसा अनुराग देखकर यौगन्धरायणने रुमण्वान आदिक मंत्रियोंसेकहा कि तुम लोग यहांही रहो और इसराज्यकीरक्षाकरो समयपाकर अपना पराक्रमकरना मैं वसन्तकको साथमें लेकर यहांसेजाकर अपनी बुद्धिसे उदयन्को छुड़ालाऊंगा जैसे जलके लगनेसे विजलीकी आग ज्यादह चमकतीहै उसीप्रकार आपत्तिमें जिसकी बुद्धि अधिक तेजी दिखातीहै वही धीरपुरुष है ४१ और परकोटेका तोड़ना वेड़ियों

का खोलना और अदृष्ट होजाना इन सब बातोंकी सबरीति मुझे मालूमहै यह कहकर और संपूर्ण राज्यका कार्य्य रुमण्वानको सौंपकर यौगन्धरायण दूसरे वसन्तकनाम मंत्रीको साथ लेकर कौशाम्बी सेचला और बड़े भयंकर प्राणियों से युक्त अत्यन्त दुर्गम विन्ध्याचलके वनमें घुसा वहां विन्ध्याचलके पूर्व्व दिशामें रहनेवाले उदयन्के मित्र पुलिन्दक नाम किसीम्लेच्छोंके राजाके यहांगया और उससे कहा कि तुम बहुतसी सेनाको अपने यहां तैयाररक्खो क्योंकि हम इसी मार्ग होकर उदयन्को लेकर आवेंगे फिर वहांसे चलकर वसन्तक समेत यौगन्धरायण उज्जयिनी में पहुंचा और वहांजाकर मुर्दोंकी गन्धिसे युक्त वेताल भूतादिकोंसे व्याप्त महाकालके श्मशानमें गया वहांके वेतालादि भूत ऐसेकालेथे कि दूरसे देखनेमें चिताके धुएंके ढेरसे मालूमहोते थे ४८ उस श्मशानमें यौगन्धरायणको देखकर प्रसन्न हुए योगेश्वर नाम ब्रह्मराक्षसने आकर यौगन्धरायणसे मित्रताकरली उस ब्रह्मराक्षसकी बताईहुई युक्ति से यौगन्धरायणने अपना स्वरूपबदलकर कुबड़ा बुड्ढा मतवाला तथा गंजा धारणकरलिया जिससे कि सबलोग उसे देखकर हँसनेलगे और उसी युक्तिसे वसन्तकका भी रूपबदलादिया और उसका पेट ऐसा फूलाहुआ बनाया कि उसके पेटकी सबनसें दिखाई देनेलगीं और उसकामुख बिगाड़कर बड़े२ दांतबना-दिये इसके उपरान्त खाली वसन्तकको राजाके महलकेपास भेजकर नाचता गाताहुआ और लड़कोंसे घिराहुआ यौगन्धरायण उज्जयिनी में घूमता २ राजा के महलके पास पहुंचा वहां उसने अपने खेल तमाशे से रानियोंको बहुत खुश किया यहबात वासवदत्तानेभी सुनी और दासीभेजकर उसेअपनेपास बुलवाया ५६ क्योंकि लड़कपनमें खेल बहुत अच्छा मालूमहोताहै वहांजाकर बँधेहुए उदयन्कोदेखकर यौगन्धरायण के आंसू निकलआये और उसने राजासे कुछ इशाराकिया और राजाभी उसे छिपेहुए वेषमें पहचानगया इसके उपरान्त यौगन्धरायणने एक ऐसीयुक्तिकी कि वासवदत्ता और वासवदत्ताकी सब सखियां उसे न देखनेलगीं केवल राजाही उसको देखताथा तब वह सम्पूर्णबोलीं कि यहमतवाला एकाएकी कहींचलागया उनके यहवचन सुनकर और उसे आगे देखकर राजानेजाना कि इसने यह बात योगबलसेकीहै यह जानकर उसने वासवदत्तासे कहा कि जायके सरस्वती के पूजनकी सामग्री लेआओ यहसुनकर वह अपनी सखियोंसमेत वहांसे चलीगई तबराजाको अकेलापाकर यौगन्धरायण ने बेड़ीकाटनेकी युक्ति और वीणाकेद्वारा वासवदत्ताके वशीकरणकीयुक्ति राजाको बताई ६२ औरकहा कि हे राजा द्वारपर वसन्तक वेषबदलेहुए खड़ाहै उसेभी आप भीतर बुलवालीजिये जब वासवदत्ता आप पर विश्वास करनेलगेगी तब मैं जैसाकहूंगा वैसाकरना कुछ दिन ठहरजाओ यहकहकर यौगन्धरायण तो चलागया और वासवदत्ता सरस्वती के पूजनकी सब सामग्रीलाई तब राजा उदयन्ने उससेकहा कि दरवाजेपर कोई ब्राह्मण खड़ाहै उसेसरस्वती के पूजनकी दक्षिणाके लिये बुलवाओ उसके कहने से वा-सवदत्ताने उसेद्वारपरसे बुलवाया तब वसन्तक वहांआकर राजाको देखकर शोकसे रोनेलगा तब राजा ने भेदको छुपाने के लिये उससेकहा कि हे ब्राह्मण मैं तुम्हारे रोगसे बिगड़ेहुए सबशरीरको अच्छा करदूंगा मतरोओ तुमहमारेपास यहांही रहाकरो यहसुनकर वसन्तकने कहा कि यहआपकी बड़ीकृपाहै

पड़के प्रसन्न किया ६६ इसके उपरान्त गोपालने बन्धुमती नाम एक राजकन्या जीतकर वासवदत्ता के पास भेज दी तब वासवदत्ता ने उसको उसका मंजुलिका दूसरा नाम रखकर छिपाकर अपने यहां रक्खा क्योंकि वह बड़ी रूपवतीथी एकदिन वसन्तक समेत राजाने उसे बगीचेमें देखा और उसकेसाथ गान्धर्व विवाह करलिया यह बात वासवदत्ताने छुपकर देखली और खफ़ा होकर वसन्तकको बांधलेगई तब राजा वासवदत्ताके यहांसे आई हुई एक सांकृत्यायिनी नाम वासवदत्ताकी सखी के पासगया और उससे कहा कि तू वासवदत्ताको समझादे उसके समझाने से वासवदत्ताने बंधुमती राजाको देदी यह बात उचितही है ( क्योंकि सती स्त्रियोंका चित्त बड़ा कोमल होताहै ) फिर वासवदत्ता ने वसन्तक को बन्धन से खोलदिया तब उसने रानीके आगे हँसकर कहा कि बन्धुमतीने तो तुम्हारा अपराध कियाथा मैंने क्याकिया तुम्हारी तो वह मसलहै कि सर्पोंपर तो गुस्साहोय और डुमुहे सर्पोंको मारो ७४ यह सुनकर वासवदत्ताने कहा कि इस कहावतको तुम मुझे समझाकर कहो तब वसन्तक कहनेलगा कि पहले किसी रुरुनाम मुनिके पुत्रने एक बड़ी रूपवती कन्याको देखा वह कन्या किसी विद्याधरके संयोगसे मेनिका नाम अप्सराके गर्भसे उत्पन्न हुईथी और स्थूलकेश नाम मुनिके आश्रम में रहतीथी उसका नाम प्रमद्वरा था उसे देखकर मोहितहोनेवाले रुरुमुनिने स्थूलकेशसे वह कन्यामांगी और स्थूलकेश नेभी उनको देदीनी जब उन दोनोंके विवाहका समय निकट आया तब एक सर्प उसकन्याको काटगया उस समय मुनिके व्याकुल होनेपर यहआकाशवाणी हुई कि हेब्राह्मण तू अपनी आधी आयुर्दा देकर इसको जिवाले यह सुनकर रुरुने उसे अपनी आधी उमरदेकर जिवालिया और उसके साथ विवाह किया इसके उपरान्त रुरु जहां किसी सर्पको देखते थे वहीं उसको मारडालते थे कि इन्हींमें से किसीने हमारी स्त्रीको काटा है ८२ एक समय किसी डुमुहे सर्पको रुरुमुनि माररहे थे तब उससर्प ने मनुष्यकीसी भाषामें रुरुमुनिसे कहा कि हे ब्राह्मण तुमसर्पोंपर खफ़ाहोकर हमसरी के डुमुहे सर्पोंको क्यों मारतेहो किसी सर्प ने तुम्हारी स्त्रीको काटाथा और सर्प तथा डुमुहे सर्पों में बड़ा भेदहै क्योंकि सर्प तो विषधर होते हैं और डुमुहे निर्विष होते हैं यहसुनकर रुरुने उससेकहा कि तुम कौनहो तब डुमुहे ने कहा कि मैं शापसे छूटाहुआ मुनिहूं तुम्हारेसाथ बोलने तकका मुझे यह शापथा यहकहकर वह तो अन्तर्द्धान होगया और रुरुने डुमुहे सर्पोंका मारना छोड़दिया इसीसे हेरानी मैंने तुमसे कहाथा कि हेरानी तुम सर्पोंपर खफ़ाहोकर डुंडुभ सर्पोंको मारतीहो यह कहकर वसन्तक के चुपहोजाने पर वासवदत्ता अत्यन्त प्रसन्नहुई इसप्रकारसे राजाउदयन् खफ़ाहोनेवाली वासवदत्ताको पैरोंपर गिरकर सदैव मनाया करताथा और अत्यन्तसुखी राजाउदयन्की जिह्वा मदिराकेरसका आनन्दलेतीथी उसके कान मनोहर वीणाके शब्दमें लगेरहते थे और उसकी दृष्टि प्रियाओंके मुखारविन्दोंमें लगी रहतीथी ९०॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांकथामुखलम्बकेषष्ठस्तरङ्गः ६ ॥

कथामुखनाम द्वितीय लम्बकसमाप्तहुआ ॥

## अथ लावाणकनाम तृतीयोलम्बकः॥

निर्विघ्नविश्वनिर्म्माण सिद्धयेयदनुग्रहम्॥
मन्येसवंब्रेधातापि तस्मैविघ्नजितेनमः १
आश्लिष्यमाणःप्रियया शङ्करोपियदाज्ञया॥
उत्कम्पतेसुभवनं जयत्यसमशायकः २

निर्विघ्नतापूर्व्वक संसारको बनाने के लिये ब्रह्माजी भी जिन गणेशजीकी कृपाके अभिलाषी हुए थे उन गणेशजीको हम नमस्कारकरते हैं १ जिस कामदेवकी आज्ञाके द्वारा पार्व्वतीजीसे आलिङ्गन कियेहुए महादेवजी भी कांपते हैं उस कामदेवको सम्पूर्ण संसार में जयहोय २॥

इसप्रकारसे राजाउदयन् वासवदत्ताकोपाकर उसीकेसाथ सुखभोग में पड़गया और यौगन्धरायण तथा रुमण्वान् यह दोनों मंत्री राज्यके कामको करनेलगे एकसमय यौगन्धरायण रुमण्वान् को अपने घर में लाकर कहनेलगा कि यह राजा उदयन् पांडवों के वंश में उत्पन्नहुआहै इसके पुरखे सदैव से चक्रवर्त्ती होतेआये हैं और उन सबकी राजधानी देहलीथी वह सब बातें इसने छोड़दीं और इसका राज्य केवल वत्सदेशमात्रमेंही रहगयाहै स्त्री मद्य और शिकारके आनन्द में पड़कर इसने सम्पूर्ण राज्यका भार हमपर छोड़दियाहै और आप कुछभी नहींकरता इससे हमलोगों को अपनी बुद्धि से ऐसा उपाय करनाचाहिये जिससे सम्पूर्ण पृथ्वीकाराज्य इसे मिलजाय ऐसाकरने से हमलोगों की राजभक्ति और मंत्रीपन सफलहोंगे इस बात में ऐसा भी न शोचना चाहिये कि यह बात कैसे होसक्ती है क्योंकि बुद्धिसे सब होसक्ताहै इसी बातपर मैं तुम्हें एक कथाभी सुनाताहूं १० पूर्व्वसमय में एक महासेन नाम राजाथा उसपर किसी बलवान् शत्रुने चढ़ाईकी तब मंत्रियों ने राज्य बचानेकी इच्छासे उस अत्यंत बलवान् शत्रुको राजासे कर दिलवादिया तब करदेकर राजा महासेनको यह समझकर कि मैंने शत्रुको कर दियाहै बड़ा शोचहुआ और इसी शोचसे राजाके हृदयके भीतर एक फोड़ाहोगया तब राजा उसकी पीड़ासे मरनेलगा राजाकी यह दशादेखकर किसी बुद्धिमान् वैद्यने इस फोड़ेको औषधियों से साध्य न समझकर राजासे कहा कि हेराजा तुम्हारी रानी मरगई यह सुनकर राजा एकाएकी पृथ्वी में गिरपड़ा और बड़े शोकसे वह फोड़ा आपही फूटगया तब रोगसे छूटेहुए राजाने अपनी रानीपाई और शत्रुओं को भी जीता १७ तो जैसे उस वैद्यने अपने राजाका हितकियाथा उसीप्रकार हमभी राजाके लिये सम्पूर्ण पृथ्वीके जीतनेका उपायकरें परन्तु हमारा शत्रु मगधदेशका राजाहै जब हम किसी अन्य देशके जीतनेको जायँगे तब वह पीछे से आकर हमारे राज्यपर चढ़ाईकरेगा इससे उसके एक बड़ी सुन्दर पद्मावती नाम कन्याहै उसको उदयन् के लिये उस राजासे मांगें और वासवदत्ताको कहीं छुपाकर घर में आगलगाकर यह खबरउड़ादें कि वासवदत्ता जलगई क्योंकि इस खबरके बिनापाये मगधदेशका राजा अपनी कन्या राजा उदयन् को नहींदेगा और हमने पहले भी उदयन् के लिये उससे कन्या मांगीथी

तब उसने कहाथा कि मैं अपनी बड़ीप्यारी कन्याका विवाह उदयन् के साथ नहींकरूंगा क्योंकि उसको वासवदत्तापर बड़ा स्नेहहै और जबतक वासवदत्ता रहैगी तबतक उदयन् भी दूसरा विवाह नहींकरेगा इससे जब वासवदत्ताके जलनेकी खबरहोजायगी तब सब काम होजायगा २४ और राजा मगधकी कन्याका विवाह होजानेपर वह हमलोगोंपर चढ़ाई नहीं करेगा बल्कि सहायताकरेगा तब हम पूर्वादिक चारोंदिशाओं को जीतकर उदयन् को सम्पूर्ण पृथ्वीका राजा बनावेंगे और पहले यह आकाश वाणी भी होचुकी है कि यौगन्धरायण आदि मन्त्रियों के उद्योगसे उदयन् सम्पूर्ण पृथ्वी का राजा होगा यौगन्धरायणके यहवचन सुनकर और इनबातों को साहस समझकर रुमण्वान् ने कहा कि शायद मगध देशके राजाकी कन्या पद्मावती के लिये यहबहाना करने से कोई दोष हमी लोगों पर न आजाय इसीबातपर मैं तुम्हें कथा सुनाताहूं कि २६ गंगाजी के किनारेपर माकन्दिका नाम पुरी में एक मौनी संन्यासी बहुतसे संन्यासियों समेत किसी देवमन्दिरके मठ में रहताथा और भीख मांगकर अपना पेट पालताथा एकसमय वह मौनी किसी बणिये के घर भिक्षालेनेको गयाथा वहां उसने भिक्षा देने को निकलीहुई एक बहुत सुन्दर स्वरूपवाली कन्या देखी उसके अद्भुत स्वरूपको देखकर वह संन्यासी उसबणियेको सुनाकर हाय २ यहबड़ा गजबहै ऐसा कहनेलगा ३३ फिर वहांसे भिक्षालेकर अपने घरको चला आया तब एकान्तमें उस बणिये ने जाकर उससे पूंछा कि आज आप अपने मौन व्रतको छोड़कर किसकारणसे बोले यह सुनकर उस संन्यासी ने कहा कि तुम्हारी कन्याके लक्षण बहुत बुरे हैं जब इसका विवाहहोगा तो निस्सन्देह तुम्हारे सब कुटुम्बका नाशहोजायगा इसीसे इसकन्याको देखकर मुझको बड़ा दुःखहुआ और तुम मेरे बड़े भक्तहो इसलिये मैंने अपना मौनव्रत छोड़कर वह वचनकहेथे सो तुम अब ऐसा उपायकरो कि उसकन्याको किसी संदूकमें बन्दकरके रात्रिके समय उसपर एक दीपक जलाकर गंगामें बहादो तब उसबणिये ने उसके वचन मानकर भयसे अपनी कन्या उसीप्रकार गंगा में बहादी ठीकहै डरपोक लोगोंको विचार नहींहोता ३६ उससमय उससंन्यासी ने अपने सेवकों से कहा कि तुम गंगाजी जाओ और वहां बहतीहुई एक संदूक आवेगी जिसपर कि एकदीपक जलताहोगा उसे छुपाकर लेआओ और उसमें से जो कोई शब्दभी सुनाईपड़े तोभी उसे मत खोलना जबतक वह लोग वहां पहुंचेभी नहीं तबतक किसी राजाके लड़के ने उससंदूकको देखकर अपने नौकरोंको भेजकर मँगवालिया फिर उससंदूकको खोलके उसमें से निकलीहुई उस परमसुन्दर कन्याके साथ अपना गान्धर्व विवाह करलिया और उससंदूकमें बड़ा भयंकर बन्दर बैठालकर और उसके ऊपरदीपक रखवाकर फिरवही संदूक गंगाजी में बहादिया उसकन्याको लेकर वह राजाका पुत्र तो चलागया और उससंन्यासीके चेले उससंदूकको संन्यासी के पास लेगये तब उससंन्यासी ने चेलों से कहा कि आज मैं अकेला इससंदूक को लेकर इसमठके ऊपर कोई मन्त्र सिद्धकरूंगा और तुम लोग चुपचाप नीचेरहना यहकहकर और उससंदूकको ऊपर लेजाकर उसने वहसंदूक खोला तब उसमें से एकबड़ा भयंकर बन्दर निकला और उसने दौड़कर उसके कान और नाक काटलिये ५१ इसप्रकार बन्दरके काटनेपर वह संन्यासी डरकरनीचे

## अथ लावाणकनाम तृतीयोलम्बकः॥

निर्विघ्नविश्वनिर्म्माण सिद्ध्येयदनुग्रहम्॥
मन्येसर्वत्रेधातापि तस्मैविघ्नजितेनमः १
आश्लिष्यमाणःप्रियया शङ्करोपियदाज्ञया॥
उत्कम्पतेसुभवनं जयत्यसमशायकः २

निर्विघ्नतापूर्व्वक संसारको बनाने के लिये ब्रह्माजी भी जिन गणेशजीकी कृपाके अभिलाषी हुए थे उन गणेशजीको हम नमस्कारकरते हैं १ जिस कामदेवकी आज्ञाके द्वारा पार्व्वतीजीसे आलिङ्गन कियेहुए महादेवजी भी कांपते हैं उस कामदेवको सम्पूर्ण संसार में जयहोय २॥

इसप्रकारसे राजाउदयन् वासवदत्ताकोपाकर उसीके साथ सुखभोग में पड़गया और यौगन्धरायण तथा रुमण्वान् यह दोनों मंत्री राज्यके कामको करनेलगे एकसमय यौगन्धरायण रुमण्वान् को अपने घर में लाकर कहनेलगा कि यह राजा उदयन् पांडवों के वंश में उत्पन्नहुआहै इसके पुरखे सदैव से चक्रवर्त्ती होतेआये हैं और उन सबकी राजधानी देहलीथी वह सब बातें इसने छोड़दीं और इसका राज्य केवल वत्सदेशमात्रमेंही रहगयाहै स्त्री मद्य और शिकारके आनन्द में पड़कर इसने सम्पूर्ण राज्यका भार हमपर छोड़दियाहै और आप कुछभी नहींकरता इससे हमलोगों को अपनी बुद्धि से ऐसा उपाय करनाचाहिये जिससे सम्पूर्ण पृथ्वीकाराज्य इसे मिलजाय ऐसांकरने से हमलोगों की राजभक्ति और मंत्रीपन सफलहोंगे इस बात में ऐसा भी न शोचना चाहिये कि यह बात कैसे होसक्ती है क्योंकि बुद्धिसे सब होसक्ताहै इसी बातपर मैं तुम्हें एक कथाभी सुनाताहूं १० पूर्व्वसमय में एक महासेन नाम राजाथा उसपर किसी बलवान् शत्रुने चढ़ाईकी तब मंत्रियों ने राज्य बचानेकी इच्छासे उस अत्यन्त बलवान् शत्रुको राजासे कर दिलवादिया तब करदेकर राजा महासेनको यह समझकर कि मैंने शत्रुको कर दियाहै बड़ा शोचहुआ और इसी शोचसे राजाके हृदयके भीतर एक फोड़ाहोगया तब राजा उसकी पीड़ासे मरनेलगा राजाकी यह दशादेखकर किसी बुद्धिमान् वैद्यने इस फोड़ेको औषधियों से साध्य न समझकर राजासे कहा कि हेराजा तुम्हारी रानी मरगई यह सुनकर राजा एकाएकी पृथ्वी में गिरपड़ा और बड़े शोकसे वह फोड़ा आपही फूटगया तब रोगसे छूटेहुए राजाने अपनी रानीपाई और शत्रुओं को भी जीता १७ तो जैसे उस वैद्यने अपने राजाका हितकियाथा उसीप्रकार हमभी राजाके लिये सम्पूर्ण पृथ्वीके जीतनेका उपायकरें परन्तु हमारा शत्रु मगधदेशका राजाहै जब हम किसी अन्य देशके जीतनेको जायँगे तब वह पीछे से आकर हमारे राज्यपर चढ़ाईकरेगा इससे उसके एक बड़ी सुन्दर पद्मावतीनाम कन्याहै उसको उदयन् के लिये उस राजासे मांगें और वासवदत्ताको कहीं छुपाकर घर में आगलगाकर यह खबरउड़ादें कि वासवदत्ता जलगई क्योंकि इस खबरके बिनापाये मगधदेशका राजा अपनी कन्या राजा उदयन्को नहींदेगा और हमने पहले भी उदयन् के लिये उससे कन्या मांगीथी

तब उसने कहाथा कि मैं अपनी बड़ीप्यारी कन्याका विवाह उदयन्के साथ नहींकरूंगा क्योंकि उसको वासवदत्तापर बड़ा स्नेहहै और जबतक वासवदत्ता रहैगी तबतक उदयन् भी दूसरा विवाह नहींकरेगा इससे जब वासवदत्ताके जलनेकी खबरहोजायगी तब सब काम होजायगा २४ और राजा मगधकी कन्याका विवाह होजानेपर वह हमलोगोंपर चढ़ाई नहीं करेगा बल्कि सहायताकरेगा तब हम पूर्व्वादिक चारोंदिशाओं को जीतकर उदयन् को सम्पूर्ण पृथ्वीका राजा बनावेंगे और पहले यह आकाश वाणी भी होचुकी है कि यौगन्धरायण आदि मन्त्रियों के उद्योगसे उदयन् सम्पूर्ण पृथ्वी का राजा होगा यौगन्धरायणके यहवचन सुनकर और इनबातों को साहस समझकर रुमण्वान् ने कहा कि शायद मगध देशके राजाकी कन्या पद्मावती के लिये यहवहाना करने से कोई दोष हमी लोगों पर न आजाय इसीबातपर मैं तुम्हें कथा सुनाताहूं कि २६ गंगाजी के किनारेपर माकन्दिका नाम पुरी में एक मौनी संन्यासी बहुतसे संन्यासियों समेत किसी देवमन्दिरके मठ में रहताथा और भीख मांगकर अपना पेट पालताथा एकसमय वह मौनी किसी वणिये के घर भिक्षालेनेको गयाथा वहां उसने भिक्षा देने को निकलीहुई एक बहुत सुन्दर स्वरूपवाली कन्या देखी उसके अद्भुत स्वरूपको देखकर वह संन्यासी उसवणियेको सुनाकर हाय २ यहबड़ा गजबहै ऐसा कहनेलगा ३३ फिर वहांसे भिक्षालेकर अपने घरको चला आया तब एकान्तमें उस वणिये ने जाकर उससे पूंछा कि आज आप अपने मौन व्रतको छोड़कर किसकारणसे बोले यह सुनकर उस संन्यासी ने कहा कि तुम्हारी कन्याके लक्षण बहुत बुरे हैं जब इसका विवाहहोगा तो निस्सन्देह तुम्हारे सब कुटुम्बका नाशहोजायगा इसीसे इसकन्याको देखकर मुझको बड़ा दुःखहुआ और तुम मेरे बड़े भक्तहो इसलिये मैंने अपना मौनव्रत छोड़कर वह वचनकहेथे सो तुम अब ऐसा उपायकरो कि उसकन्याको किसी संदूकमें बन्दकरके रात्रिके समय उसपर एक दीपक जलाकर गंगामें बहादो तब उसवणिये ने उसके वचन मानकर भयसे अपनी कन्या उसीप्रकार गंगा में बहादी ठीकहै डरपोक लोगोंको विचार नहींहोता ३९ उससमय उससंन्यासी ने अपने सेवकों से कहा कि तुम गंगाजी जाओ और वहां बहतीहुई एक संदूक आवेगी जिसपर कि एकदीपक जलताहोगा उसे छुपाकर लेआओ और उसमें से जो कोई शब्दभी सुनाईपड़े तोभी उसे मत खोलना जबतक वह लोग वहां पहुंचेभी नहीं तबतक किसी राजाके लड़के ने उससंदूकको देखकर अपने नौकरोंको भेजकर मँगवालिया फिर उससंदूकको खोलके उसमें से निकलीहुई उस परमसुन्दर कन्याके साथ अपना गान्धर्व विवाह करलिया और उससंदूकमें बड़ा भयंकर बन्दर बैठालकर और उसके ऊपरदीपक रखवाकर फिरवही संदूक गंगाजी में बहादिया उसकन्याको लेकर वह राजाका पुत्र तो चलागया और उससंन्यासीके चेले उससंदूकको संन्यासी के पास लेगये तब उससंन्यासी ने चेलों से कहा कि आज मैं अकेला इससंदूक को लेकर इसमठके ऊपर कोई मन्त्र सिद्धकरूंगा और तुम लोग चुपचाप नीचेरहना यहकहकर और उससंदूकको ऊपर लेजाकर उसने वहसंदूक खोला तब उसमें से एकबड़ा भयंकर बन्दर निकला और उसने दौड़कर उसके कान और नाक काटलिये ५१ इसप्रकार बन्दरके काटनेपर वह संन्यासी डरकरनीचे

उतर आया और उसे देखकर उसके चेलों ने बड़ी मुश्किलसे अपनी हँसीको रोका प्रातःकाल इस वृत्तान्तको जानकर सम्पूर्ण लोग हँसनेलगे और वणियां तथा वणियेकी कन्या ऐसे वरकोपाकर अत्यन्त प्रसन्नहुए इसप्रकार जैसे उससंन्यासीकी हँसीहुईथी उसीप्रकार इसवहाने के खुलजाने से कहीं हमारीभी हँसी न होजाय और वासवदत्ताका राजासे विरहहोनेपर बहुतसे उपद्रव होनेका सन्देह है रुमण्वान्के यह वचन सुनकर यौगन्धरायणने कहा कि ऐसा न करने से हमारा उद्योग सिद्ध नहीं होसक्ता और उद्योग के विना राजाके व्यसनी होनेसे निस्सन्देह यहराज्य नष्टहोजायगा ५६ तव हम लोगोंकी जोमंत्रीपनेकी प्रशंसाहै वह सव धूलहोजायगी और हमलोग स्वामीके शुभचिन्तक भी न रहेंगे जहां सम्पूर्ण राज्यकाज राजाके आधीनहै वहांराजाकी बुद्धि मुख्य समझनी चाहिये और वनने से वा विगड़ने से मंत्रियोंका कोई दोप नहीं होता और जहां राजकाज मंत्रियोंके आधीनहै वहां मंत्रियोंकीही बुद्धिसे सव कार्य्यसिद्ध हो सक्ताहै और जो मंत्रीलोगही उत्साह से रहितहोजायँ तो अवश्यही राज्य नष्ट होजायगा और जो तुम वासवदत्ताके पिता चण्डमहासेनसे डरतेहो तो यह डरनेकी बात नहीं है क्योंकि चण्डमहासेन उसके पुत्र और वासवदत्ता यह सव मेरे वचनोंको मानतेही हैं यौगन्धरायणके इस कहनेपर बुराई होनेके सववसे रुमण्वान् मंत्री फिर वोला कि प्यारी स्त्रीके वियोगमें बड़े २ विचारवान्भी विकल होजाते हैं फिर उदयन्का क्या कहना इसी वातपर मैं तुमसे एक कथा कहताहूं सुनो ६२ श्रावस्ती नाम पुरी में देवसेन नाम वड़ा बुद्धिमान् एक राजाथा और उसीपुरी में एक वड़ा धनवान् कोई वणिया रहताथा उस वणियेके एक बड़ी सुन्दर कन्याथी उस कन्याका नाम उन्मादनीथा क्योंकि उसे देखकर सव लोग कामसेमतवाले होजातेथे उस वणियेने यहशोचा कि विना राजाके पूंछे मैं इसकन्याका विवाह किसीके साथ नहींकरूंगा नहीं तो शायद राजा मेरे ऊपर खफा होजायगा तव उसने जाकर राजा देवसेन से कहा कि हे राजा मेरी वड़ी सुन्दर कन्याहै जो आपकी इच्छाहोय तो आप लेलीजिये यह सुनकर राजाने ब्राह्मणोंको उस के घर इसलिये भेजा कि वह जाकर कन्या के लक्षण देखआवें कि अच्छे हैं या नहीं तव राजाके भेजे हुए ब्राह्मण वहांगये और उस उन्मादनीको देखकर कामके वशीभूत होगये फिर सावधान होकर उन ब्राह्मणों ने यह विचारा कि जो राजा इसके साथ विवाहकरेगा तो इसके वशीभूत होकर सव राज्य कार्य्योंकोछोड़देगा और ऐसा करने से राज्य नष्ट होजायगा इसलिये ऐसा करनाचाहिये कि इस राजाका इसके साथ विवाह न होय यह शोचकर ब्राह्मणोंने राजासे जाकर कहदिया कि उस कन्याके लक्षण बहुत बुरे हैं ७१ इसके उपरान्त राजासे त्यागीहुई उस कन्याका उस वणिये ने राजाके सेनापति के साथ विवाहकरदिया एक समय अपने पतिके घरमें उस उन्मादनी कन्याने राजाको उसी मार्गसे जाताहुआ जानकर महल केऊपर खड़ी होकर राजाको अपना रूपदिखाया उसके परम सुंदर रूपको देखकर कामसे व्याकुल हुआ राजा अपने महल में आकर और यह जानकर कि मैंने पहले इसीका त्याग कियाथा वहुत ज्वर सहित सन्तापसे युक्त होगया राजाकी यहदशा देखकर सेनापतिने कहा कि हे राजा वह पराई स्त्री नहीं है आप की दासी है आप उसे लेलीजिये और नहीं तो मैं उसे किसी देवमंदिरमें त्याग करदूं तो वहांसे आप उसे

लेलीजिये अपने सेनापतिके ऐसे वचनसुनकर राजा बोला कि मैं परस्त्रीको न लूंगा और जो तुम उसका त्याग करदोगे तो तुम्हारा धर्म नष्टहोगा और मैंभी तुमको दण्डदूंगा यह सुनकर सम्पूर्ण मंत्री चुप होगये और राजा उसी कामज्वर से सन्तप्त होकर कुछ कालमें मरगया इसप्रकारसे वह बड़ा धैर्य्यवान्भी राजा उन्मादनीके विरहसेमरगया तो वासवदत्ताके विना उदयन्की क्या दशाहोगी ८० रुमण्वान् के यह वचन सुनकर यौगन्धरायण फिर यहवचन बोला कि कार्य्य के देखनेवाले राजालोग क्लेशको सहलेते हैं देखो रावणके मारनेके लिये देवतालोगोंने युक्ति पूर्व्वक रामचन्द्र और सीताका वियोग करादियाथा तव क्या रामचन्द्रजीने विरहको नहीं सहाथा यह सुनकर रुमण्वान् फिर बोला कि रामचन्द्रादिक तो देवता थे वह सब बातोंको सहसक्ते थे परन्तु मनुष्य लोग ऐसे क्लेशोंको नहीं सहसक्ते हैं इसबातपर मैं तुम्हें एक कथा सुनाताहूं मथुरानाम नगरी में एक यइल्लकनाम वणियां रहताथा उसके एक बड़ी प्यारी स्त्री थी और वह स्त्री भी उस्से बड़ा स्नेह करती थी एकसमय वह वणियां किसी बड़ेकामसे किसी दूसरे द्वीपको जाने लगा तब उसकी स्त्री भी उसके साथ चलने को तैयारहुई क्योंकि बहुत स्नेह करनेवाली स्त्रियां विरहको नहीं सहसक्ती हैं परन्तु वह वणियां उसस्त्रीको विनालियेही अपने घरसेचला तव उसकी स्त्री द्वारके किवाड़को पकड़के रोतीहुई पीछेसे उसेदेखतीरही जब वह उसकीनज़रसे बाहर निकलगया तब उसके वियोग को न सहकर उसस्त्री के प्राणनिकलगये यह खबर सुनकर उसीवक्त लौटेहुए उस वणियेने पृथ्वी पर मरीपड़ीहुई अपनीस्त्री देखी उससमय उसकी ऐसी शोभाहोरहीथी कि मानों आकाशसे सोतीहुई कोई चन्द्रलोक की देवता पृथ्वीपर गिरपड़ी है ९१ सुन्दर पीतवर्णवाली और विखरेहुए बालवाली अपनी स्त्रीको गोदी में रखकर रोतेहुए उस वणिये के भी बड़ेशोकसे प्राण निकलगये इसप्रकार परस्परके विरह से वह दोनों मरगये इस्से मैं इनदोनों के भी वियोग से डरताहूं यह कहकर रुमण्वान् के चुपहोजानेपर बड़ा धैर्य्यवान् यौगन्धरायण बोला कि मैंने इनसब बातों का निश्चय करलिया है और राजा लोगों के कार्य्य बहुधा इसीप्रकार के होते हैं ६६ इसीबातपर मैं तुम्हें एककथा सुनाताहूं कि उज्जयिनी में प्रथम एक पुण्यसेन नाम राजाथा उसपर किसी बड़ेबलवान् राजाने चढ़ाईकी तब उसके मंत्रियोंने उसशत्रुको दुर्जय समझकर पुण्यसेन मरगया यह झूठीखबर उड़ादी और पुण्यसेन को कहीं छिपाकर कोई अन्यमुर्दा राजा लोगोंकी विधिसे जलवादिया इसके उपरान्त उनमंत्रियों ने दूतके द्वारा उसशत्रु के पास यह संदेशा भेजा कि अबकोई हमारा राजा नहीं है तुम्हीं हमारे भी राजा होजाओ इसबातको सुनकर प्रसन्नहुए शत्रुके समीप सेनासमेत जाकर उनमंत्रियों ने उसकी सबसेनाको विगाड़दिया फिर राजाकी सेनाके विगड़ जानेपर अपने पुण्यसेन नाम राजाको प्रकटकरके उनमंत्रियों ने उसशत्रु को मारडाला इसीप्रकार के राजा लोगों के कार्य्य हुआकरते हैं इस्से हमलोग भी वासवदत्ता के जलने के बहाने से सब कार्य्य को करेंगे १०३ यौगन्धरायण के ऐसे निश्चित वचनों को सुनकर रुमण्वान् बोला कि जो ऐसाहीनिश्चयहै तो वासवदत्ताकेभाई गोपालकको बुलाके उस्से सबसलाहकरके संपूर्ण कार्यकरो तब यौगन्धरायणने यह उसकी बातमानली और यौगन्धरायणके विश्वाससे रुमण्वान्नेभी सब कार्य्य

उतर आया और उसे देखकर उसके चेलों ने बड़ी मुश्किलसे अपनी हँसीको रोंका प्रातःकाल इस वृत्तान्तको जानकर सम्पूर्ण लोग हँसनेलगे और वणियां तथा वणियेकी कन्या ऐसे वरकोपाकर अत्यन्त प्रसन्नहुए इसप्रकार जैसे उससंन्यासीकी हँसीहुईथी उसीप्रकार इसवहाने के खुलजाने से कहीं हमारीभी हँसी न होजाय और वासवदत्ताका राजासे विरहहोनेपर बहुतसे उपद्रव होनेका सन्देह है रुमण्वान्के यह वचन सुनकर यौगन्धरायणने कहा कि ऐसा न करने से हमारा उद्योग सिद्ध नहीं होसक्ता और उद्योग के विना राजाके व्यसनी होनेसे निस्सन्देह यहराज्य नष्टहोजायगा ५६ तव हम लोगोंकी जोमंत्रीपनेकी प्रशंसाहै वह सव धूलहोजायगी और हमलोग स्वामीके शुभचिन्तक भी न रहेंगे जहां सम्पूर्ण राज्यकाज राजाके आधीनहै वहांराजाकी बुद्धि मुख्य समझनी चाहिये और वनने से वा विगड़ने से मंत्रियोंका कोई दोप नहीं होता औरजहां राजकाज मंत्रियोंके आधीनहैवहां मंत्रियोंकीही बुद्धिसे सव कार्य्यसिद्ध हो सक्ताहै और जो मंत्रीलोगही उत्साह से रहितहोजायँ तो अवश्यही राज्य नष्ट होजायगा और जो तुम वासवदत्ताके पिता चण्डमहासेनसे डरतेहो तो यह डरनेकी वात नहीं है क्योंकि चण्डमहासेन उसके पुत्र और वासवदत्ता यह सव मेरे वचनोंको मानतेही हैं यौगन्धरायणके इस कहनेपर बुराई होनेके सवबसे रुमण्वान् मंत्री फिर बोला कि प्यारी स्त्रीके वियोगमें बड़े २ विचारवान्भी विकल होजाते हैं फिर उदयन्का क्या कहना इसी वातपर मैं तुमसे एक कथा कहताहूं सुनों ६२ श्रावस्ती नाम पुरी में देवसेन नाम वड़ा बुद्धिमान् एक राजाथा और उसीपुरी में एकवड़ा धनवान् कोई वणिया रहताथा उस वणियेके एक वड़ी सुन्दर कन्याथी उस कन्याका नाम उन्मादनीथा क्योंकि उसे देखकर सव लोग कामसेमतवाले होजातेथे उस वणियेने यहशोचा कि विना राजाके पूंछे मैं इसकन्याका विवाह किसीके साथ नहींकरूंगा नहीं तो शायद राजा मेरे ऊपर खफा होजायगा तव उसने जाकर राजा देवसेन से कहा कि हे राजा मेरी वड़ी सुन्दर कन्याहै जो आपकी इच्छाहोय तो आप लेलीजिये यह सुनकर राजाने ब्राह्मणोंको उस के घर इसलिये भेजा कि वह जाकर कन्या के लक्षण देखआवें कि अच्छे हैं या नहीं तव राजाके भेजे हुए ब्राह्मण वहांगये और उस उन्मादनीको देखकर कामके वशीभूत होगये फिर सावधान होकर उन ब्राह्मणों ने यह विचारा कि जो राजा इसके साथ विवाहकरेगा तो इसके वशीभूत होकर सव राज्य कार्य्योंकोछोड़देगा और ऐसा करने से राज्य नष्ट होजायगा इसलिये ऐसा करनाचाहिये कि इस राजाका इसके साथ विवाह न होय यह शोचकर ब्राह्मणोंने राजासे जाकर कहदिया कि उस कन्याके लक्षण वहुत बुरे हैं ७१ इसके उपरान्त राजासे त्यागीहुई उस कन्याका उस वणिये ने राजाके सेनापति के साथ विवाहकरदिया एक समय अपने पतिके घरमें उस उन्मादनी कन्याने राजाको उसी मार्गसे जाताहुआ जानकर महल केऊपर खड़ी होकर राजाको अपना रूपदिखाया उसके परम सुंदर रूपको देखकर कामसे व्याकुल हुआ राजा अपने महल में आकर और यह जानकर कि मैंने पहले इसीका त्याग कियाथा वहुत ज्वर सहित सन्तापसे युक्त होगया राजाकी यहदशा देखकर सेनापतिने कहा कि हे राजा वह पराई स्त्री नहीं है आप की दासी है आप उसे लेलीजिये और नहीं तो मैं उसे किसी देवमंदिरमें त्याग करदूं तो वहांसे आप उसे

पदी भी वासवदत्ताके समान महास्वरूपवती थी यह देखकर मैंने पाण्डवों से कहा कि तुमलोग स्त्री के वैरसे बचेरहना क्योंकि स्त्री के वैरसे बड़ी२आपत्तियां आजाती हैं इसी बातपरमें तुमसे एककथाकहताहूं कि पूर्व्वसमयमें बड़े बलवान् सुन्द और उपसुन्द नाम दो दैत्य भाई थे उनके मारनेकी इच्छासे ब्रह्मा ने विश्वकर्म्मा से एक बड़ी उत्तम स्वरूपवाली तिलोत्तमानाम स्त्री बनवाई वह तिलोत्तमा ऐसीसुन्दरथी कि मानों उसी के देखने के लिये ब्रह्माने चारों दिशाओं में चारमुख धारणकिये और श्री शिवजी ने भी उसे चारोंओर देखने के निमित्त सबओर मुखधारणकिये वह तिलोत्तमा कैलाशपर्व्वतपर रहनेवाले सुंद और उपसुन्दके रिझानेको ब्रह्माकी आज्ञासे गई उसे निकटआई देखकर वह दोनों उसको पकड़नेलगे तब उसके लेनेको वह दोनों परस्पर लड़कर मरगये १४० इसप्रकार से स्त्रियों के पीछे सबको आपत्तियां भोगनी पड़ती हैं तुम पांचों भाइयोंकी एकस्त्री द्रौपदी है तो इस वैरको तुम लोग अवश्य बचाये रहना और हमारे कहने से यह निश्चय करलो कि जब बड़े भाईके पास द्रौपदी होवे तब उसे छोटे भाई माता करके मानें और जब छोटेंके पासहोय तो बड़े भाई उसकों बहूकरके मानें हमारे इस वचनको अपने कल्याणके लिये सब पांडवोंने मानलिया पांडवलोग हमारे बड़े मित्रथे इसीसे मैं तुमकोदेखनेको आयाहूं और तुमसे यह कहेजाताहूं कि जैसे पांडवलोगोंने हमारेवचनोंको मानाथा उसीप्रकार तुम अपनेमंत्रियों के वचनोंको मानों इससे थोड़ेही कालमें तुम्हारा बड़ा ऐश्वर्य्य होगा बीचमें कुछ समय तक तुमको दुःखभीहोगा परन्तु उस दुःखमें बहुत मतघबराना इसप्रकारसे समझाकर उदयन्के आगे होनेवाले ऐश्वर्य्य को जतलातेहुए नारदजी वहीं अन्तर्द्धान होगये और नारद मुनिके इन वचनों से यौगन्धरायण आदिक मंत्रियोंने अपने विचारेहुए कार्य्यको सिद्ध समझकर उसमें बड़ा यत्न किया १४१॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांलावाणकलम्बकेप्रथमस्तरङ्गः १॥

इसके उपरान्त पहले कहीहुई युक्ति से यौगन्धरायण आदिक मंत्री वासवदत्ता समेत राजाकोलावाणक देशमें लेगये और राजा सम्पूर्ण सेनासमेत लावाणक देशमेंपहुँचा और उदयन्के लावाणकदेश में आनेकी खबर सुनकर इसकारणसे मगधदेशका राजा भयभीत हुआ कि कहीं मेरे ऊपर तो चढ़ाई करके नहीं आते हैं इसीसे उसने यौगन्धरायणके पास एकदूत भेजा और यौगन्धरायणने उसदूतको प्रसन्नकरके लौटादिया इसके उपरान्त लावाणकदेशमें रहताहुआ राजाउदयन् शिकार खेलने को रोज़ जायाकरताथा एकदिन राजा के चले जानेपर गोपालक यौगन्धरायण रुमण्वान् और वसन्तक यह चारों सलाहकरके एकान्त में वासवदत्ता के पासगये और वहां जाके पहले कही हुई सम्पूर्ण बातों को समझाकर राजाके कार्य्य में उससे सहायता मांगनेलगे और यहबात गोपालक उसे पहलेभी समझा चुकाथा इसलिये उसने उस विरहके दुःखको स्वीकार करलिया ठीकहै पतिव्रता कुलीन स्त्रियां कौन २ क्लेश नहीं सहतीं ६ इसके उपरान्त यौगन्धरायण ने युक्ति से वासवदत्ताका रूप बदलकर उसकारूप ब्राह्मणी कासा बनादिया बसन्तकका रूप काणे बालक कासा बनादिया और अपनारूप वृद्धब्राह्मण कासा बनालिया फिर वासवदत्ता और वसन्तकको सायलेकर यौगन्धरायण मगधदेश को चलागया

का निश्चय करलिया दूसरेदिन उनदोनों मंत्रियोंने उत्कंठाके बहाने उस गोपालकके बुलाने के लिये दूत भेजा जो किसी कार्य्य के लिये पहले यहांसे चलागया था गोपालक उसदूतके वचनको सुनकर वहांसे चलाआया तब आयेहुए गोपालकको रात्रिके समय यौगन्धरायण रुमण्वान् समेत अपनेघरमें लेगया और वहाँ यौगन्धरायणने जो विचार रुमण्वान्के साथकिया था वह सबउससे कहदिया११० गोपालक ने अपनी बहनके दुखदायी भी उस कार्य्य को राजाकाहित समझकर स्वीकार करलिया ठीकहै सज्जन बुद्धिमान् लोगोंके वचन अवश्य माननेचाहिये उससमय रुमण्वान् फिर बोला कि यह सबबात तो ठीक होगई परन्तु रानीको जलीहुई सुनकर प्राणोंकोत्यागतेहुए उदयन्को कौन बचावेगा अच्छे उपाय आदि सामग्री के होनेपरभी अनर्थका रोकनाही मंत्र (सलाह) का मुख्यअंगहै यह वचनसुनकर सम्पूर्ण कार्य्यों को पहलेही से यौगन्धरायण विचारचुकाथा इसलिये यौगन्धरायण बोला कि इसबातका कुछ सन्देह नहीं है क्योंकि गोपालकको वासवदत्ता प्राणों से भी अधिकप्यारी है यहबात राजा उदयन्भी जानताहे तो गोपालकको थोड़ा दुखी देखकर शायद वासवदत्ता फिर जीआवे ऐसा शोचकर उदयन् धीरजरक्खेगा और राजा बड़ागंभीरहै इससे कोई सन्देह न करनाचाहिये फिरशीघ्रही पद्मावतीका बिवाहकरके वासवदत्ता थोड़ेही दिनों में उसे मिलजायगी ११७ यह निश्चयकरके यौगन्धरायण गोपालक और रुमण्वान्ने यहसलाहकी कि युक्तिपूर्व्वक राजा और वासवदत्ताको लावाणकदेशमें लेचलें वह लावाणकदेश हमारे राज्यके किनारेपरहै और मगधदेश के समीपहै वहां शिकारखेलने के लियेभी बड़ा उत्तम जंगलहै इससे राजा जब शिकारखेलनेको जायगा तब रानी के महलको जलाकर हम अपना प्रयोजन सिद्धकरलेंगे और वासवदत्ताको युक्तिपूर्व्वक लेजाकर पद्मावती के यहां छिपाकररक्खेंगे जिससे कि पद्मावतीही वासवदत्ताके धर्मकी साक्षिणी रहेगी रात्रिके समय इसप्रकार सलाहकरके दूसरे दिन राजाके यहां वह सब मिलकरगये तब रुमण्वान्ने राजासेकहा कि हेराजा हमलोग लावाणकदेश को चलें तो बहुतअच्छाहोय क्योंकि वहदेश बड़ारमणीकहै वहां बड़ीसुन्दर शिकारकीभी पृथ्वी है और उस पृथ्वीपर सुन्दर तृण तथा घासभी लगी है इससे वहां जाने में कोई क्लेशनहीं है और निकटहोने के कारण मगधदेशका राजा वहां प्रायः उपद्रव कियाकरता है इसलिये उसदेशकी रक्षाकरने के लिये और अपने चित्तको प्रसन्नकरनेके निमित्त अवश्य चलना चाहिये १२५ यहसुनकर वासवदत्तासमेत उदयन्ने केवल क्रीड़ाकरनेकी इच्छासे लावाणकजानेका विचारकिया फिर दूसरे दिन यात्राकी लग्न ठीकहोजानेपर अकस्मात् नारदमुनि अपने तेजसे दिशाओंको प्रकाशित करतेहुए और आकाश से उतरतेहुए चन्द्रमाके समान चन्द्रवंशमें उत्पन्नहुए उदयन्पर प्रसन्नहोकर उसके पासआये १२८ उदयन् ने आदरपूर्व्वक नारदजीका बड़ा सत्कारकरके प्रणामकिया तब नारदजी ने प्रसन्नहोके एककल्पवृक्षके पुष्पों की माला उदयन्कोदी और वासवदत्ताको यह वरदानदिया कि कामदेवके अंशसे उत्पन्नहोकर तेरा पुत्र सम्पूर्ण विद्याधरोंका राजाहोगा इसकेपीछे नारदजी उदयन्से बोले कि हे राजा वासवदत्ताको देखकर मुझे तुम्हारे पितर पाण्डवलोगोंकी यादआगई पांचों पाण्डवोंकी एक द्रौपदी स्त्री थी और द्रौ-

पदी भी वासवदत्ताके समान महास्वरूपवती थी यह देखकर मैंने पाण्डवों से कहा कि तुमलोग स्त्री के वैरसे बचेरहना क्योंकि स्त्री के वैरसे बड़ी२आपत्तियां आजाती हैं इसी बातपरमें तुमसे एककथाकहताहूं कि पूर्व्वसमयमें बड़े बलवान् सुन्द और उपसुन्द नाम दो दैत्य भाई थे उनके मारनेकी इच्छासे ब्रह्मा ने विश्वकर्म्मा से एक बड़ी उत्तम स्वरूपवाली तिलोत्तमानाम स्त्री बनवाई वह तिलोत्तमा ऐसीसुन्दरथी कि मानों उसी के देखने के लिये ब्रह्माने चारों दिशाओं में चारमुख धारणकिये और श्री शिवजी ने भी उसे चारोंओर देखने के निमित्त सबओर मुखधारणकिये वह तिलोत्तमा कैलाशपर्व्वतपर रहनेवाले सुंद और उपसुन्दके रिझानेको ब्रह्माकी आज्ञासे गई उसे निकटआई देखकर वह दोनों उसको पकड़नेलगे तब उसके लेनेको वह दोनों परस्पर लड़कर मरगये १४० इसप्रकार से स्त्रियों के पीछे सबको आपत्तियां भोगनी पड़ती हैं तुम पांचों भाइयोंकी एकस्त्री द्रौपदी है तो इस वैरको तुम लोग अवश्य बचाये रहना और हमारे कहने से यह निश्चय करलो कि जब बड़े भाईके पास द्रौपदी होवे तब उसे छोटे भाई माता करके मानें और जब छोटेंके पासहोय तो बड़े भाई उसको बहूकरके मानें हमारे इस वचनको अपने कल्याणके लिये सब पांडवोंने मानलिया पांडवलोग हमारे बड़े मित्रथे इसीसे मैं तुमकोदेखनेको आयाहूं और तुमसे यह कहेजाताहूं कि जैसे पांडवलोगोंने हमारेवचनोंको मानाथा उसीप्रकार तुम अपनेमंत्रियों के वचनोंको मानों इससे थोड़ेही कालमें तुम्हारा बड़ा ऐश्वर्य्य होगा बीचमें कुछ समय तक तुमको दुःखभीहोगा परन्तु उस दुःखमें बहुत मतघबराना इसप्रकारसे समझाकर उदयन्के आगे होनेवाले ऐश्वर्य्य को जतलातेहुए नारदजी वहीं अन्तर्द्धान होगये और नारद मुनिके इन वचनों से यौगन्धरायण आदिक मंत्रियोंने अपने विचारेहुए कार्य्यको सिद्ध समझकर उसमें बड़ा यत्न किया १४९॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांलावाणकलम्बकेप्रथमस्तरङ्गः १॥

इसके उपरान्त पहले कहीहुई युक्ति से यौगन्धरायण आदिक मंत्री वासवदत्ता समेत राजाकोलावाणक देशमें लेगये और राजा सम्पूर्ण सेनासमेत लावाणक देशमेंपहुँचा और उदयन्के लावाणकदेश में आनेकी खबर सुनकर इसकारणसे मगधदेशका राजा भयभीत हुआ कि कहीं मेरे ऊपर तो चढ़ाई करके नहीं आते हैं इसीसे उसने यौगन्धरायणके पास एकदूत भेजा और यौगन्धरायणने उसदूतको प्रसन्नकरके लौटादिया इसके उपरान्त लावाणकदेशमें रहताहुआ राजाउदयन् शिकार खेलने को रोज जायाकरताथा एकदिन राजा के चले जानेपर गोपालक योगन्धरायण रुमण्वान् और वसन्तक यह चारों सलाहकरके एकान्त में वासवदत्ता के पासगये और वहां जाके पहले कही हुई सम्पूर्ण बातों को समझाकर राजाके कार्य्य में उससे सहायता मांगनेलगे और यहबात गोपालक उसे पहलेभी समझा चुकाथा इसलिये उसने उस विरहके दुःखको स्वीकार करलिया ठीकहै पतिव्रता कुलीन स्त्रियां कौन २ क्लेश नहीं सहतीं ६ इसके उपरान्त यौगन्धरायण ने युक्ति से वासवदत्ताका रूप बदलकर उसकारूप ब्राह्मणी कासा बनादिया वसन्तकका रूप काणे बालक कासा बनादिया और अपनारूप वृद्धब्राह्मण कासा बनालिया फिर वासवदत्ता और वसन्तकको सायलेकर यौगन्धरायण मगधदेश को चलागया

वासवदत्ता अपने घरसे चली तो सही परन्तु उसका चित्त अपने पति में लगारहा उनसबके चलेजानेपर रुमण्वान् ने वासवदत्ताका महल जलादिया और यहखबर उड़ाई कि वासवदत्ता समेत वसन्तक जल-गया लोगोंने धीरे २ आकर आग तो बुझाई परन्तु देशभरमें वासवदत्ताके जलनेकी खबरसे रोदनकी ध्वनि फैलगई इसके उपरान्त यौगन्धरायण वासवदत्ता और वसन्तकको लेकर मगधदेश में पहुंचा १६ वहांजाकर यहजानकर कि राजकन्या वगीचे में है यौगन्धरायण उनदोनोंको साथमें लेकर द्वारपालकों के रोकनेपरभी वगीचे में चलागया वहां ब्राह्मणी रूप धारणी वासवदत्ताको देखके पद्मावतीको बड़ा स्नेह उत्पन्नहुआ तव उसने रक्षकोंको रोककर यौगन्धरायणको अपनेपास बुलाकर पूछा कि हे ब्राह्मण यह स्त्री तुम्हारीकौनहै और यहांतुम किसलिये आयेहो तव यौगन्धरायणने कहा कि हे राजपुत्री यह मेरी कन्याहै इसका पति बड़ाकुचाली है इसलिये इसे छोड़कर कहीं चलागया है तो अब इसे तुम्हारे पास छोड़कर इसके पतिको ढूंढ़लाऊंगा और यह काणावालक इसकाभाई है इसेभी तुम अपनेहीं पास रहने दो जिससे कि इसको अकेलेरहने से दुःख न हो तवराजकन्याने उसके वचनोंको स्वीकार करलिया और यहभी कहदिया कि मैं इनदोनोंको बड़ीइज्जतसे सुखपूर्वक रक्खूंगी राजकन्याके यह वचन सुनकर और उससे आज्ञामांगकर यौगन्धरायण लावाणकको चलाआया २४ इसके उपरान्त अवन्तिकानाम उस ब्राह्मणीरूप वासवदत्ताको और काणेवालकरूप वसन्तकको साथलेकर पद्मावती अपने घरको आई वहांजाकर दिवालों में सीताजीकी वनीहुई तसवीरोंको देखकर वासवदत्ता विरहकी व्यथाको सहतीभई फिर वासवदत्ताकी चेष्टासे सुकुमारतासे वैठने उठनेकी चतुरतासे और शरीरकी वड़ी उत्तम सुगन्धिसे पद्मावती उसे वड़ीउत्तम स्त्री जानके अपनेआभूषण तथा वस्त्रादिकोंसे उसकी खातिरकरतीथी और अपने चित्तमें शोचती थी कि यह कोई दिव्य स्त्री छिपकर मेरे यहां ऐसेरहती है जैसे कि विराटके यहां द्रौपदी रहतीथी एक दिन वासवदत्ताने नहीं म्लानहोनेवाली माला और नहीं म्लानहोनेवाला तिलक जिसकी कि युक्ति उसने उदयन्से सीखीथी वही पद्मावती के शरीरमें वनादिये पद्मावती के शरीरमें ऐसे माला और तिलकको देखके उसकी माताने उस्से पूछा कि यह किसने वनायाहै यह सुनकर पद्मावती बोली कि मेरे यहां एक अवन्तिका नाम ब्राह्मणी रहती है उसने वनायाहै तव उसकी माता वोली कि हे पुत्री वह मानुषी नहीं है कोई देवी है क्योंकि मानुषीको ऐसी विद्याकहां से आसक्ती है देवता और मुनिलोग भी सज्जन लोगोंकी परीक्षा करने के लिये उनके घर रहा करते हैं इसी वातपर मैं तुझे एककथा सुना-तीहूं २५ एक समय कुन्तिभोज नामराजाके यहां दुर्वासा मुनि उसकी परीक्षा के लिये आके रहे राजाने मुनिकी सेवाके लिये अपनी कन्या कुन्ती को आज्ञादेदी और वह कुन्ती भी यत्नपूर्वक मुनिकी सेवा करने लगी एक समय कुन्ती की परीक्षा करने के लिये दुर्वासा ऋषिने उस्से कहा कि जल्दी से खीर-वनाओ मैं अभी स्नान करके आताहूं यह कहकर जल्दी से स्नानकरके दुर्वासा भोजन के लिये आ-गये तव कुन्तीने खीरसे भराहुआ पात्र दुर्वासाके आगे रखदिया वहुत गरमखीरसे उसपात्रको जलता हुआ जानकर और हाथ से छूने के योग्य न जानके दुर्वासाने कुन्तीकी पीठकी ओर दृष्टिकी दुर्वासा

के आशयको समझकर कुन्ती नें उस पात्रको अपनी पीठपर रखलिया और दुर्व्वासाने यथेष्ट भोजन किया पीठके जलजानेपरभी कुन्तीकी चेष्ठामें कोई विकार न देखके दुर्व्वासाने प्रसन्नहोकर कुन्तीको वर-दान दिया इसप्रकारसे दुर्व्वासा मुनिने कुन्तीकी परीक्षाकी थी तो यह अवन्तिकाभी कोईदेवी है छि-पकर तेरे पास रहती है इस्से तुम इसका वड़े यत्नसे सेवनकरो माताके ऐसे वचन सुनकर पद्मावती वा-सवदत्ताकी वड़ी सेवाकरने लगी और वासवदत्ताभी अपने पतिके वियोगसे ऐसी मलिनचित्त और उ-दासीन रहती थी कि जैसे रात्रिके समय कमलिनी उदास रहती है कभी२ वालकोंके समान वसंतककी क्रीड़ाको देखकर वियोगिनी वासवदत्ताको कुछहँसीभी आजातीथी ४६ इसीवीचमें राजाउदयन् वहुत दिनतक शिकारखेलकर रात्रिके समय अपने घरकोआया वहां आकर देखा कि वासवदत्ताका महल जलगयाहै और यहभी सुना कि वसन्तक समेत वासवदत्ता जलगई यहसुनतेही राजा मूर्च्छा खाकर पृथ्वीपर गिरपड़ा और क्षणभरमें मूर्च्छा से उठेहुए राजाका हृदय शोकसे जलनेलगा मानों उसमहल की जलानेवाली अग्नि राजाकेभी हृदयमें चलीगई इसके उपरान्त दुःखसे वहुत विलापकरके राजाने शरीर त्यागनेका निश्चयकिया फिर क्षणभरकेवाद राजाने यहशोचा कि नारदमुनि यह कहगये हैं कि वासवदत्ताका पुत्र सम्पूर्ण विद्याधरोंका राजाहोगा सो उनकाकहा मिथ्या नहींहोसक्ता और यहभी ना-रदनेही कहाथा कि कुछकालतक तुमकोदुःखहोगा और दूसरी वात यहहै कि इस गोपालककोभी वहुत शोचनहीं है और यौगन्धरायण आदिक मंत्री भी वहुत दुखीनहीं हैं इससे मालूमहोता है कि शायद किसीप्रकारसे वासवदत्ता जीआवे और यह मंत्रियों ने कोई चालकी है इससे मैं जानताहूं कि वासव-दत्ता शायद मुझे फिरभी मिलजायगी इसलिये इसवातका अन्तदेखनाचाहिये यह विचारकर और मं-त्रियों के समझाने से राजाउदयन्ने अपने चित्तमें धैर्य्य धारणकिया ५६ और गोपालकनेभी छिपाकरके किसी दूतकेद्वारा अपनेघर यह सँदेशा इसलिये भेजदिया कि जिससे राजा चण्डमहासेनको घवराहट न होवे इसप्रकार इस वृत्तांतके होजानेपर लावाणकसे गयेहुए मगधराजके गोयन्दों ने यहसववृत्तांत राजासेकहा यह वृत्तांत सुनकर मगधराजने उदयन्के साथ पद्मावती के विवाहकरदेनेका विचार किया और दूतोंके द्वारा यहसंदेशा उदयन् तथा यौगन्धरायण मंत्री के पास कहलाभेजा तव यौगन्धरायणके कहनेसे उदयन् ने पद्मावती के साथ अपना विवाह करना इसलिये स्वीकार किया कि शायद इसीनि-मित्त इनलोगों ने वासवदत्ता को छिपारक्खा होगा इसके उपरान्त लग्नका निश्चय करके यौगन्धराय-णने उसदूतको यह वातकहकर लौटाया कि तुम्हारी इच्छा हमने स्वीकार करली इससे आजके सातवें दिन पद्मावती से विवाह करनेको राजा उदयन् वहाँ आवेंगे और लग्नकी जल्दी इसलिये की है जि-ससे उदयन् वासवदत्ता की यादभूलजाय ६४ उसदूतने जाकर सव संदेशा मगधराजसे कहा और मग-धराजने भी वह सववातें स्वीकार करलीं इसके उपरान्त मगधराज ने अपनी कन्याके स्नेहसे वड़ेउत्साह पूर्वक विवाहके उत्सवकी वड़ी तैयारी की इस खवरको सुनके अभीष्टवरके मिलनेसे पद्मावती वड़ीप्रसन्न हुई और वासवदत्ताको दुःख हुआ एक तो वासवदत्ता पतिकेवियोगसे पहलेही महा उदासीन थी दूसरे

इसबात को सुनकर और भी उदासीन होगई वासवदत्ता को उदासीन देखकर बसन्तकने उससे कहा कि उदयन् का स्नेह तुम्हारे ऊपर कमनहीं हुआहै किन्तु मगधराज शत्रुको अपना मित्रबनाने के लिये यह युक्तिकीगई है यह सुनकर वासवदत्ता को धैर्य हुआ जब पद्मावती के विवाहके दिन निकट आये तब फिर वासवदत्ताने नहीं म्लान होनेवाले हार और तिलक पद्मावती के बनादिये इसके उपरान्त सातवें दिन राजा उदयन् अपने मन्त्रियों समेत विवाह करने के लिये मगधदेशमें आया जो राजा उदयन् को फिर वासवदत्ताके मिलजानेकी आशा न होती तो वह मनसे भी इस उद्योगको कभी स्वीकार न करता उदयन् को आया हुआ सुनकर जैसे उदयहुए चन्द्रमाको देखकर समुद्र उमगताहै इसी प्रकार उदयन् के लिवालानेको मगधराज चला ७३ जिससमय राजा उदयन् ने मगधदेशकी राजधानी में प्रवेश किया उससमय सम्पूर्ण पुरवासी अपने २ घर में बड़ा उत्सवकरके उदयन् के देखने को चले विरहसे कृश शरीरवाले राजाउदयन् को देखके लोगों के चित्त में यह सन्देह होताथा कि यह रतिके विरहसे दुबला हुआ कामदेवही है इसके उपरान्त मगधराज के मन्दिर में जाकर अनेक स्त्रियों से भरे हुए विवाहके स्थानमें राजाउदयन् गया वहांजाकर उसने अपने मुखारविन्द से चन्द्रमाकी भी जीतने वाली पद्मावती देखी और पद्मावती के नहीं म्लानहोनेवाले माला और तिलकको देखकर उसके चित्तमें यह सन्देहहुआ कि यह इसके पास कहां से आये क्योंकि इसको मेरे और वासवदत्ताके सिवाय कोई दूसरा नहींजानता फिर उदयन् ने वेदीपर बैठके पद्मावतीका पाणिग्रहण किया वह पद्मावतीका हाथ नहींथा मानों सम्पूर्ण पृथ्वीकी राजलक्ष्मीका हाथ था उदयन् को वासवदत्ता बहुत प्यारी है इससे यह इस उत्सवको नहीं देखसक्ता इसीलिये मानों वेदीकेधुएँ ने आंसुओं से उसके नेत्र रोकदिये ८० अग्निकी प्रदक्षिणाकरने से लालहोजानेवाला पद्मावतीका मुख ऐसा शोभायमान होताथा कि मानों अपने पति के अभिप्राय को जानकर यह कुपितहोगई है फिर विवाहहोजाने के उपरान्त उदयन् ने पद्मावतीका हाथ छोड़दिया परन्तु वासवदत्ता को हृदयसे क्षणभरभी नहीं छोड़ा विवाहके उत्सव में मगधराज ने इतने रत्न उदयन् को दिये जिससे यह मालूमहोताथा कि सम्पूर्ण पृथ्वी रत्नों से खालीहोगई उससमय यौगन्धरायणने अग्निको साक्षीकरके राजा उदयन् और मगधराजका द्रोह छुटाकर सन्धिकरादी ८४ फिर उस उत्सव में अनेक प्रकारके वस्त्र तथा आभूषण बँटनेलगे नट डोम गानेलगे और वेश्या नाचनेलगीं उससमय अपने पतिके उदयहोनेकी इच्छासे वासवदत्ता दिनमें चन्द्रमाकी कांतिकेसमान छिपीरही इसके उपरान्त जब राजा उदयन् महलके भीतरगया तब यौगन्धरायणने इस सन्देह से कि ऐसा न होय कहीं राजा वासवदत्ताको देखले तो मंत्र खुलजायगा मगधराजसे कहा कि उदयन् को आप आजही विदा करदीजिये उसके वचनों को मानकर मगधराजने उदयन् से यह बातकही और उसने भी स्वीकारकरली तब उदयन् अपनी सम्पूर्ण सेनाको भोजनादिक से निवृत्तकरके पद्मावती और मंत्रियों समेत वहां से चला फिर पद्मावतीकी भेजीहुई सवारीपर चढ़कर और उसी के भेजेहुए सिपाहीआदि को साथलेकर वासवदत्ताभी वसन्तक समेत सेनाके पीछे २ छिपीहुईचली धीरे २ पद्मावती समेत राजा उदयन् ला-

वाणक में अपने घरको पहुँचा और वासवदत्ता सिपाहियोंको बैठालकर गोपालकके घरको चलीगई वहां गोपालकको देखके उसके कण्ठ में लिपटकर वासवदत्ता बहुत रोई यह बातजानकर यौगन्धरायण तथा रुमण्वान् भी अपने मंत्रको गुप्तसमझकर गोपालकके यहांगये ९६ जबतक यौगन्धरायण वासवदत्ताको यहां सावधानकरनेलगा तबतक सिपाहियों ने जाकर पद्मावती से कहा कि अवन्तिका हम लोगों को छोड़कर गोपालकके घर में चलीगई उदयन् के आगे उनलोगों के ऐसे वचन सुनकर पद्मावती कुछ सन्देहयुक्तहोकर उनसे बोली कि तुम अवन्तिकासे जाकरकहो कि वह ब्राह्मण तुमको हमें सुपुर्दकरगयाथा इसलिये तुम वहां क्यों गईहो जहांहमरहैं वहांहीचलीआओ १०० यह सुनकर जब वह सिपाहीचलेगये तब राजाने पद्मावती से एकान्तमें पूँछा कि यह माला और तिलक किसनेबनाये हैं तब पद्मावतीबोली कि कोई ब्राह्मण अवन्तिकानाम अपनी कन्याको मेरे यहां रखगयाथा उसीकी यहकारीगरी है और उसीका यहहाल सिपाहीलोग कहतेथे यह सुनकर और शोचकर कि शायद वासवदत्ता गोपालकके घरहोगी उदयन् गोपालकके यहांचलागया वहांजाकर उदयन्ने देखा कि बाहरतो सिपाही बैठे हैं और भीतर गोपालक यौगन्धरायण रुमण्वान् तथा वसन्तकसमेत वासवदत्ताबैठी है ग्रहणसेछुटीहुई चन्द्रमाकी मूर्त्तिकेसमान परदेशसे आईहुई वासवदत्ताको देखकर राजाउदयन् शोचसे व्याकुलहोकर पृथ्वीपर गिरपड़ा और वासवदत्ताभी कंपायमानहोकर पृथ्वीपरगिरपड़ी और अपने चरित्रकी निन्दाकरके रोनेलगी उन दोनोंका ऐसा विलापदेखकर यौगन्धरायणके भी आंसूआगये और उससमय उस कोलाहलको सुनकर पद्मावती भी वहांआगई और राजा तथा वासवदत्ताकी यह दशादेखकर वह भी उन्हीं के समान रोदनकरनेलगी क्योंकि सतीस्त्रियां बड़े स्नेहयुक्त और भोली होती हैं ११० उससमय वासवदत्ताने रोकर यहकहा कि पतिको दुःखदेनेवाले इस मेरे जीवनसे क्या प्रयोजनहै तब यौगन्धरायण बोला कि मगधराजकी कन्याके मिलने से आप चक्रवर्त्ती होजाइयेगा इसलिये मैंनेही यह उपाय कियाहै इसमें वासवदत्ताका कोई अपराधनहीं है और यह पद्मावतीही इसके धर्म्मकी साक्षिणी है यौगन्धरायणके यह वचनसुनकर पद्मावती ईर्षारहितहोकरबोली कि वासवदत्ताकी शुद्धता प्रकटकरनेको मैं अग्निमें प्रवेशकरसक्तीहूं तब राजाने कहा कि इसमें मेराही अपराधहै जिसके कारण रानी वासवदत्ता को भी क्लेशसहनापड़ा यहसुनकर वासवदत्ताने कहा कि मैं राजाको अपनी शुद्धता प्रकटकरने के लिये अवश्य अग्निमें प्रवेशकरूंगी तब बड़ाबुद्धिमान् यौगन्धरायण आचमनकरके और पूर्व्वकी ओर मुख करके यह वचनबोला कि जो मैं राजाका हितकारीहूं और रानी वासवदत्ता शुद्धहै तो हे लोकपाललोगो तुमभी इसबातकोकहो नहीं तो मैं अपनाशरीर त्यागताहूं यहकहकर यौगन्धरायणके चुपहोजानेपर यह आकाशवाणीहुई कि हे राजा तुम धन्यहो जिसका ऐसा श्रेष्ठ यौगन्धरायण मंत्री है और वासवदत्ता सरीकी जो पूर्व्वजन्मकी देवी है वह तुम्हारी स्त्री है और वासवदत्तामें कोईदोष नहीं है यहकहकर आकाशवाणी बन्दहोगई १२० नवीन मेघों के गर्जने के समान इस आकाशवाणीको सुनकर नीलकण्ठ पक्षियों के समान ऊपर गर्द्दनउठायेहुए वह सबलोग सन्तापसे रहितहोगये फिर गोपालकसमेत राजा

उदयन् ने यौगन्धरायणके कार्यकी बड़ीप्रशंसाकी और सम्पूर्ण पृथ्वी अपने हाथमें आईहुईजानी इसके उपरान्त राजाउदयन् वासवदत्ता और पद्मावती को पाकर नित्य २ उनके साथ क्रीड़ाकरताहुआ बड़े आनन्दको प्राप्तहुआ १२३ ॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांलावाणकलम्बकेद्वितीयस्तरङ्गः २ ॥

इसके उपरान्त एकदिन राजाउदयन् वासवदत्ता तथा पद्मावतीके साथ एकान्तमें मद्यपानादिक करके गोपालक रुमण्वान् वसन्तक तथा यौगन्धरायणको बुलाकर विश्वासयुक्त बातें करनेलगा उससमय राजा अपने विरहके विषयमें यह कथा कहनेलगा कि पूर्वसमयमें पुरूरवा नाम एक ऐसा प्रतापी राजा था जिसका रथ पृथ्वी के समान स्वर्गमें भी चलताथा एक समय नन्दनवनमें विहारकरतेहुए राजाको देखकर उर्वशीनाम वेश्या कामसे ऐसी व्याकुलहुई कि उसकी विकलताको देखकर उसकी रंभादिक सखियां बहुत घबरागई और राजाभी उर्वशीको देखकर कामसे अत्यन्त पीड़ितहोकर मूर्च्छितहुआ इसके उपरान्त श्रीकृष्णभगवान्ने क्षीरसमुद्र में दर्शन करने के लिये आयेहुए नारदमुनिसे कहा कि हे नारद नन्दनबनमें राजापुरूरवा उर्वशीको देखकर बहुत व्याकुलहोरहाहै तो तुमजाकर हमारी आज्ञासे पुरूरवा को इन्द्रसे कहकर उर्वशी दिलवादो १० विष्णुभगवान्की यहआज्ञापाकर नारदजीने पुरूरवाको मूर्च्छा से जगाकर यह कहा कि हे राजा उठो तुम्हारे लिये विष्णुभगवान्ने हमको यहांभेजाहै क्योंकि वह अपने निष्कपटभक्तोंकी आपत्ति नहीं देखसक्तेहैं इसप्रकार पुरूरवाको समझाकर नारदमुनि पुरूरवाको साथलेकर इन्द्रकेपासगये और वहां इन्द्रसे विष्णुभगवान्का संदेशा कहकर पुरूरवाको उर्वशी दिलवादी उर्वशी के देनेसे स्वर्गतो निर्जीवसाहोगया परन्तु उर्वशीके मानोंशरीरमें प्राणआगये इसके उपरान्त उर्वशीको साथलेकर राजा पुरूरवा पृथ्वीपरआगया और उर्वशीको देखकर पृथ्वीके संपूर्ण लोगोंको बड़ा आश्चर्य्यहुआ पृथ्वी में आकर राजा और उर्वशी दोनों बड़े स्नेहसे आनन्दका भोगकरनेलगे १७ एक समय इन्द्रने दैत्योंके युद्धमें सहायताके लिये पुरूरवाकोस्वर्गमें बुलवाया वहां जाकर जब राजाने मायाधरनाम दैत्योंके स्वामीकोमारा तो स्वर्गमें बड़ा उत्सवहोनेलगा उस उत्सवमें संपूर्ण अप्सरा नृत्यकरनेलगीं उन मेंसे जिससमय तुम्बुरनाम गंधर्वके आचार्य्य होकर स्थितहोनेपर रंभानाम उर्वशी नाचनेलगी तब भावके बिगड़ जानेपर पुरूरवा हँसनेलगा उसेहँसता देखकर रंभाने ईर्षा से यहवचन कहा कि हे मनुष्य इसदिव्य नृत्यको मैं जानतीहूं पर तू क्या जानताहै तबपुरूरवाने कहा कि उर्वशीके संगसे मैं वहबातें जानताहूं जोतुम्हारा गुरुतुम्बुरभी न जानताहोगा यहसुनकर तुम्बुरने क्रोधसे राजाको यहशापदिया कि उर्वशीसे तुम्हारा वियोग तबतकरहेगा जबतक कि तुम श्रीकृष्णभगवान्का आराधन न करोगे २३ इसशापको सुनकर राजा ने पृथ्वीमेंजाके वज्रपातके समान कठोरशापका वृत्तांत उर्वशीको सुनाया इसके उपरांत एकसमय एकाएकी गन्धर्वलोग उर्वशीको हरलेगये और राजाउन्हें न देखसका तबराजाने शापकादोष जानकर बद्रिकाश्रममें जाकर श्रीकृष्णभगवान्का आराधनकिया और उर्वशी गन्धर्वोके लोकमें वियोगसे व्याकुल होकर मरीहुईसी सोईहुईसी अथवा तसवीरमें लिखीहुईसी चेतनारहित होगई फिर रात्रिके समय चक्र-

थाकीकेसमान शापके अन्तकी आशासे उसकेप्राण नहीं निकलगये यहीआश्चर्य्यहै इसके उपरान्त पुरूरवाकेतपसे प्रसन्नहुए श्रीभगवान्की कृपासे गन्धर्वों ने इसे उर्वशी देदी फिर शापके अन्तमें उर्वशीको पाकर राजापुरूरवा पृथ्वीमें दिव्य आनंदोंको भोगनेलगा ३० यहकहकर राजाकेचुप होजानेपर वासवदत्ताको उर्वशीका अनुराग सुनकर यहलज्जाहुई कि हाय मैंने राजाका वियोग सहलिया युक्तिपूर्व्वक राजासे लज्जित कीहुई रानीको देखकर राजाको प्रसन्नकरने के लिये यौगन्धरायण बोला कि हे राजा जो आपने यहकथा न सुनीहोय तो सुनिये कि तिमिरनाम नगरी में विहितसेननाम एक राजाथा उसकी बड़ीसुन्दर तेजोवती नामरानीथी राजा उससे ऐसा स्नेह करताथा कि उसीके गले में हाथडाले हुए आलिंगनके लोभ से रानीको कंचुकी ( आंगी ) तक नहीं पहरने देताथा एकसमय उस राजा को जीर्णज्वर होगया तब वैद्योंने राजा और रानीका समागम बन्दकरवादिया रानी के न मिलने से राजाके हृदयमें एक ऐसा फोड़ाहोगया जो कि सम्पूर्ण औषधियों से असाध्यथा तब वैद्यों ने मंत्री से कहा कि भय शोक अथवा चोटसे यहफोड़ाफूटसक्ताहै तब मंत्रीबोले कि पीठपर बड़ेविषधरसर्पके गिरनेसे औरमहलतक शत्रुकीसेना के आजानेसेभी जिसेभयनहींहुआ उसराजाको अन्य किसरीति से भयहोसक्ताहै यहशोचकर मंत्रियोंने रानीकेसाथ सलाहकरके औररानीको छिपाकर राजासेकहा कि रानी मरगई ४१ इसशोकसे अतिव्याकुल होजानेवाले राजाके हृदयका फोड़ाफूटगया तबरोगसेछूटेहुए राजाको वहरानी देदी औरराजाभी रानीपर बहुतप्रसन्नहुआ और उसपरछिपनेके अपराधसे खफाभी न हुआ पति काहितचाहनाही रानीहोनेका परमधर्महै केवल पतिको प्रसन्नरखनेसेही रानीनहींहोसक्ती है राज्यकेकार्य्य के भारका चिन्ताकरनाही मंत्रीपनहै और स्वामीकी हाँमेंहाँमिलाना मुसाहिबोंका लक्षणहै इसकारणसे शत्रु मगधराजकेसाथ मेलमिलापकरके संपूर्णपृथ्वी के विजयकरनेका हमनेयहयत्नकियाथा इससे हेराजा रानीने आपकीभक्तिसे असह्यआपके वियोगको सहकर कोई अपराधनहीं कियाहै बल्कि उपकार किया है ४८ मन्त्री के यह यथार्थ वचन सुनकर और अपनाही अपराध समझकर राजा प्रसन्नहोकर बोला कि मैं इसबातको जानताहूं कि आपकेही कहने से रानी ने यह उपाय करके साक्षात् नीति के समान मानों मुझे सम्पूर्णपृथ्वीका राज्यदिया और मैंने बड़ेप्रेमसे यहबात कहीथी क्योंकि स्नेहसे अन्धे हृदय वालों को विचार नहीं होता है इसीप्रकार की अनेक बातों से राजाने रानीकी लज्जा दूरकरके वहदिन व्यतीत किया दूसरेदिन मगधराजका भेजाहुआ दूत उदयन् के पास आकर बोला कि हे राजा मगधराजने यह संदेशा कहाहै कि तुम्हारे मन्त्रियों ने हमारे साथ छलकिया तो अबऐसा यत्नकरना कि जिससे हमलोगों को खेद न होवे यह सुनकर उदयन् ने बड़ेआदर पूर्व्वक उसदूतको पद्मावती के पास संदेशेका जवाबलेनेके लिये भेजदिया वहाँ वासवदत्ता से बहुत नम्रता करनेवाली पद्मावती वासवदत्ताके निकट उसदूतसे मिली क्योंकि नम्रताही सतीस्त्रियों का परमधर्म है ५६ पद्मावती से उसदूतने कहा कि हे पुत्री छलसे यहलोग तुम्हारा विवाह करलाये और तुम्हारे पतिका चित्त अन्य स्त्री में लगाहै इसखेद से मुझे कन्याके जन्मका फलमिलगया दूतके मुखसे पिताके इस संदेशे को सुनकर पद्मावती बोली कि

उदयन् ने यौगन्धरायणके कार्यकी बड़ीप्रशंसाकी और सम्पूर्ण पृथ्वी अपने हाथमें आईहुईजानी इसके उपरान्त राजाउदयन् वासवदत्ता और पद्मावती को पाकर नित्य २ उनके साथ क्रीड़ाकरताहुआ बड़े आनन्दको प्राप्तहुआ १२२ ॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांलावाणकलम्बकेद्वितीयस्तरङ्गः २ ॥

इसके उपरान्त एकदिन राजाउदयन् वासवदत्ता तथा पद्मावतीके साथ एकान्तमें मद्यपानादिक करके गोपालक रुमखान् वसन्तक तथा यौगन्धरायणको बुलाकर विश्वासयुक्त बातें करनेलगा उससमय राजा अपने विरहके विषयमें यह कथा कहनेलगा कि पूर्वसमयमें पुरूरवा नाम एक ऐसा प्रतापी राजा था जिसका रथ पृथ्वी के समान स्वर्गमें भी चलताथा एक समय नन्दनवनमें विहारकरतेहुए राजाको देखकर उर्वशीनाम वेश्या कामसे ऐसी व्याकुलहुई कि उसकी विकलताको देखकर उसकी रंभादिक सखियां बहुत घबरागई और राजाभी उर्वशीको देखकर कामसे अत्यन्त पीड़ितहोकर मूर्च्छितहुआ इसके उपरान्त श्रीकृष्णभगवान्ने क्षीरसमुद्र में दर्शन करने के लिये आयेहुए नारदमुनिसे कहा कि हे नारद नन्दनवनमें राजापुरूरवा उर्वशीको देखकर बहुत व्याकुलहोरहाहै तो तुमजाकर हमारी आज्ञासे पुरूरवा को इन्द्रसे कहकर उर्वशी दिलवादो १० विष्णुभगवान्की यहआज्ञापाकर नारदजीने पुरूरवाको मूर्च्छा से जगाकर यह कहा कि हे राजा उठो तुम्हारे लिये विष्णुभगवान्ने हमको यहांभेजाहै क्योंकि वह अपने निष्कपटभक्तोंकी आपत्ति नहीं देखसक्तेहैं इसप्रकार पुरूरवाको समझाकर नारदमुनि पुरूरवाको साथलेकर इन्द्रकेपासगये और वहां इन्द्रसे विष्णुभगवान्का संदेशा कहकर पुरूरवाको उर्वशी दिलवादी उर्वशी के देनेसे स्वर्गतो निर्जीवसाहोगया परन्तु उर्वशीके मानोंशरीरमें प्राणआगये इसके उपरान्त उर्वशीको साथलेकर राजा पुरूरवा पृथ्वीपरआगया और उर्वशीको देखकर पृथ्वीके संपूर्ण लोगोंको बड़ा आश्चर्य्यहुआ पृथ्वी में आकर राजा और उर्वशी दोनों बड़े स्नेहसे आनन्दका भोगकरनेलगे १७ एक समय इन्द्रने दैत्योंके युद्धमें सहायताके लिये पुरूरवाकोस्वर्गमें बुलवाया वहां जाकर जब राजाने मायाधरनाम दैत्योंके स्वामीकोमारा तो स्वर्गमें बड़ा उत्सवहोनेलगा उस उत्सवमें संपूर्ण अप्सरा नृत्यकरनेलगीं उनमेंसे जिससमय तुम्बुरनाम गंधर्वके आचार्य्य होकर स्थितहोनेपर रंभानाम उर्वशी नाचनेलगी तब भावके बिगड़ जानेपर पुरूरवा हँसनेलगा उसेहँसता देखकर रंभाने ईर्षा से यहवचन कहा कि हे मनुष्य इसदिव्य नृत्यको में जानतीहूं पर तू क्या जानताहै तबपुरूरवाने कहा कि उर्वशीके संगसे में वहबातें जानताहूं जोतुम्हारा गुरुतुम्बुरभी न जानताहोगा यहसुनकर तुम्बुरने क्रोधसे राजाको यहशापदिया कि उर्वशीसे तुम्हारा वियोग तबतकरहैगा जबतक कि तुम श्रीकृष्णभगवान्का आराधन न करोगे२३ इसशापको सुनकर राजा ने पृथ्वीमेंजाके वज्रपातके समान कठोरशापका वृत्तांत उर्वशीको सुनाया इसके उपरांत एकसमय एकाएकी गन्धर्वलोग उर्वशीको हरलेगये और राजाउन्हें न देखसका तबराजाने शापकादोष जानकर बदिकाश्रममें जाकर श्रीकृष्णभगवान्का आराधनकिया और उर्वशी गन्धर्वोंके लोकमें वियोगसे व्याकुल होकर मरीहुईसी सोईहुईसी अथवा तसवीरमें लिखीहुईसी चेतनारहित होगई फिर रात्रिके समय चक-

कालके समय गुहसेनने अपनेपुत्र गुहचन्द्रसे कहा कि हे पुत्र इसेअपनी शय्यापरसुलाओ क्योंकि अपनी स्त्रीको कौन अपनी शय्यापरनहीं सुलाताहै यहवचन सुनकर सोमप्रभाने अपने श्वशुरको बड़ेक्रोध से देखकर यमराजकी आज्ञाके समान अपनी तर्जनीं उंगलीघुमाई उसअंगुली को देखतेही गुहसेनके तो प्राण निकलगये और अन्यवणिये डरगये फिर गुहचन्द्रने भी अपने पिताको मरादेखकर यहजाना कि यहस्त्री महामारीरूप मेरेघरमें आई है ६० इसके उपरान्त गुहचन्द्रने उसकेसाथ भोगनहींकिया और असिधारा व्रतसा धारणकरलिया फिर इसदुःख से बहुत व्याकुल होकर सबभोगोंको त्यागकर गुहसेन नियम पूर्व्वक रोज ब्राह्मणोंको भोजन करानेलगा उसकी स्त्री भी मौन धारणकरके संपूर्ण ब्राह्मणोंको रोज दक्षिणादेतीथी एकसमय किसी वृद्धब्राह्मणने सोमप्रभाके बड़े विलक्षणरूपको देखकर एकान्त में गुहसेनसे कहा कि यहस्त्री तुम्हारी कौनहै हमसेबताओ तबबहुत पूछनेसे गुहसेनने सबवृत्तान्त उसका ब्राह्मणसे कहदिया यहबात सुनकर उस ब्राह्मणने दयापूर्व्वक गुहसेनका मनोरथ सिद्धहोनेके लिये उसे एक अग्निकामंत्र बतादिया उसमंत्रको एकान्तमें जपते २ गुहसेनके आगे एकपुरुष अग्निमें से निकला उसेदेखकर गुहचन्द्र उसके चरणोंपर गिरपड़ा तबब्राह्मण रूपधारी अग्निने उससे कहा कि आज हम तुम्हारे घरमें भोजनकरके रात्रिको तुम्हारेही यहाँरहेंगे और तुम्हें संपूर्णतत्त्वदिखाकर तुम्हारा मनोरथ पूर्णकरदेंगे यहकहकर वह ब्राह्मण गुहचन्द्रके घरको चलागया १०० और वहाँ जाके साधारण ब्राह्मणों के समान भोजनकरके रात्रि के समय गुहसेनके साथ सोगया प्रहरभर रात्रि व्यतीत होनेपर जबगुहचन्द्रके यहाँ सबलोग सोगये तब गुहचन्द्रकी स्त्री घरसे बाहर निकली उससमय उसब्राह्मणने गुहचन्द्रको जगाकरकहा कि आओ अपनी स्त्रीका चरित्रदेखो फिर उसब्राह्मणने अपने योगके बलसे गुहसेनका और अपना रूप भौंरेकासा करलिया और वह दोनों गुहचन्द्रकी स्त्री के पीछे २ चले वह सोमप्रभा नगरसे बाहर निकलकर बहुतदूरतक चलीगई वहाँजाकर गुहचन्द्र और ब्राह्मणने यहदेखा कि वहाँपर बड़ी सघन छायावाला एकबड़का वृक्षहै उसके नीचे उसेबड़ीसुन्दर वीणाकी ध्वनि और अत्यन्त मधुर गीत सुनाई दिये उसवृक्ष की एकशाखा पर बड़ेउत्तम सिंहासनपर सोमप्रभा के समान एक बड़ी उत्तम कन्या बैठीदिखाई दी उसकन्या की कान्ति चांदनीसे भी निर्मलथी और सखियां उसके ऊपर श्वेतचमर डुलारहीं थीं वह कन्या क्याथी मानों चन्द्रमाकी सुन्दरताके खजाने की देवताथी वहाँ सोमप्रभाभी उस वृक्षपर चढ़के उसकन्याके आधे सिंहासनपर बैठगई समान कान्तिवाली उनदोनोंको देखकर गुहचन्द्र को यह मालूमहोताथा कि आजकी रात्रिको तीनचन्द्रमा निकले हैं यह देखकर बहुत आश्चर्य्य पूर्व्वक गुहचन्द्र शोचनेलगा कि क्या यहस्वप्नहै अथवा भ्रांतिहै या यहदोनों बातें नहीं हैं सन्मार्गरूपी वृक्षकी सत्संगतिरूपी मञ्जरीका यहफूलफूलाहै अबइससे उचितफल मुझको मिलेगा गुहचन्द्रके इस विचारके करने के समय उन दोनों कन्याओं ने दिव्य भोजन और दिव्यमद्यका पान किया तदनन्तर सोमप्रभ बोली कि आज हमारे यहां एकबड़ा तेजस्वी ब्राह्मण आयाहै उससे मेरा चित्त डरताहै इसीसे मैं जातीहूं यहकहकर और उसकी आज्ञा लेकर सोमप्रभा उसवृक्षसे उतरी यहदेखकर वह दोनों

तुम हमारे पिता और मातासे यह वचन कहना कि खेदकरने का कोई प्रयोजन नहीं है क्योंकि आर्य पुत्र (पति) मेरे ऊपर अत्यन्त स्नेह करते हैं और देवीवासवदत्ता भी मेरे ऊपर बहिनके समान स्नेह करती है इसकारण से मेरे पिताको अपने सत्य और मेरे प्राणोंकी जो पालना करनी होय तो आर्य पुत्र (पति) के साथ स्नेह सदैव बनायरक्खें पद्मावती के इस उचित सन्देशे को कहकर चुपहोजाने पर वासवदत्ताने उसदूतको बहुत सत्कारकरके बिदाकिया ६१ दूतके चलेजानेपर पिताकेघरका स्मरणकरके पद्मावती कुछ उदासीन होगई तब उसको प्रसन्न करने के लिये वासवदत्ता ने वसन्तकको बुलवाकर यह कथा कहलाई कि पाटलिपुत्र नामनगरमें धर्मगुप्त नाम एकबड़ा धनवान् बणियां रहताथा उसके चन्द्र-प्रभानाम एकस्त्री थी एकसमय उस चन्द्रप्रभाके सर्वांग सुन्दरी एक कन्या उत्पन्नहुई वह कन्या उत्पन्नहो-तेही उठकेबैठगई और स्पष्ट (साफ २) बोलनेलगी यह देखकर संपूर्णस्त्रियां बहुतघबराईं और धर्मगुप्तभी डरकर वहाँआगया और प्रणामकरके उसकन्यासेबोला कि हेभगवती तुमकौनहो मेरेयहाँ अवतारलेकर आईहो तब वहकन्या बोली कि हे पिता तुम मेरा किसी के साथविवाह न करना मुझे अपने घरमेंही रखने से तुम्हारी भलाईहोगी और अन्यवृत्तान्त पूछनेसे तुमको क्या प्रयोजनहै उसके यह वचन सुनकर डरे हुए धर्मगुप्तने उस कन्याको छिपाकर अपनेघरमेंरक्खा और बाहर यहखबर उड़ादी कि कन्यामरगई ७० इसके उपरांत दिव्य स्वरूपवाली वह सोमप्रभा नाम कन्या उसकेघरमें बढ़नेलगी एकसमय वह कन्या अपने महलके ऊपर चढ़ीहुई वसन्तके उत्सवको देखरहीथी वहाँ कामदेवके भालेकेसमान उस कन्याको देखकर गुहचन्द्र नाम कोई बणियेका लड़का कामसे मूर्छितहोकर बड़ेदुःखसे अपनेघरको आया उसके माता पिताने बहुतहठसे जब उसके व्याकुलहोनेका कारण पूछा तब उसने मित्रोंके मुखसे यहहाल कह-लवादिया यहबात सुनकर गुहसेननाम उस लड़केका पिता पुत्रके स्नेहसे धर्मगुप्तके यहाँ कन्या मांगने कोगया और वहाँजाकर उसने कन्यामांगी तब धर्मगुप्तने उससेकहा कि हेमूर्ख मेरेयहाँ कन्याकहाँ है धर्म-गुप्तके यहवचन सुनकर गुहसेनने जाना कि इसने अपनी कन्या छिपारक्खी है और अपने घरमेंजाकर अपनेपुत्रको व्याकुलदेखके उसने शोचा कि मैं राजासे कहकर उससे वहकन्यालेलूं क्योंकि मैंने पहले राजाकी बड़ीसेवाकी है इससे राजा मेरे पुत्रको व्याकुलदेखकर उसकन्याको दिवादेगा ७८ ऐसानिश्चय करके गुहसेनने राजाके पासजाकर रत्नोंकी भेटदेकर राजासे अपना मनोरथ कहदिया राजातो उससे प्रसन्नहीथा इससे उसने सहायताकेलिये कोतवालको उसके साथकरदिया तबकोतवालने वहाँ जाकर धर्मगुप्तकाघर चारोंओरसे घेरलिया यहदेखकर धर्मगुप्तको इसलिये बड़ाखेदहुआ कि आजमेरा सबधन नाशहोजायगा तबसोमप्रभाने उससे कहा कि हेपिता मुझे तुम इसेदेदो इसमें मेरे लिये तुम्हारे यहाँ कोई उपद्रव न होय परन्तु अपने समधीसे यहनियम करलो कि मेरापति मुझे अपनी शय्यापर न बुलावे कन्या के यहवचन सुनकर धर्मगुप्तने शय्यापर न बुलाने का नियमकरके कन्यादेना स्वीकार करलिया और गुहसेनने भी अपने चित्तमें हँसकर किसीतरहसे पुत्रका विवाह तो होजाय इसलिये वहबात स्वीकार करलीनी ८५ इसके उपरान्त गुहसेनकापुत्र गुहचन्द्र सोमप्रभाको विवाहकरके अपने घरलेगया सायं-

इन्द्रको भी यह शापदिया कि तुमको भगका बड़ा लोभहै इससे तुम्हारे शरीरमें हज़ार भगहोजायँगी और जब विश्वकर्म्मा तिलोत्तमानाम अप्सराको बनावेंगे तब उसे देखकर यह सब तुम्हारे शरीरकी भग नेत्र होजायँगी १४५ इसप्रकार से शाप देके मुनि तपकरनेको चलेगये अहल्या शिलाहोगई और इन्द्रका संपूर्ण शरीर भगोंसे व्याप्तहोगया ( ठीक है दुस्स्वभाव से किसको बुराई नहीं होती ) इसप्रकार से जो कुकर्म कोई करताहै उसकाफल उसको अवश्य मिलताहै क्योंकि जो जैसा बीजबोता है उसको वैसाही फल मिलताहै इसीसे महात्मालोग पराया विरोध कभी नहीं करते हैं और यही अच्छेलोगोंका भी सदैव नियम रहताहै तुम दोनों रानी पूर्वजन्मकी बहिनहो और दिव्यस्त्रीहो और शापसे यहाँ आई हो इसीसे तुमदोनों आपसमें बड़ास्नेह करतीहो और आपसमें भेद नहीं रखतीहो १५० वसन्तकके मुख से इसकथा और बातोंको सुनकर वासवदत्ता और पद्मावतीके हृदयोंमें ईर्षाका लेशमात्रभी नहींरहा फिर वासवदत्ताने अपनेसमान पद्मावती में भी उदयन्का बड़ास्नेह बढ़ादिया पद्मावतीके भेजेहुए दूतोंसे वासवदत्ताके ऐसे उत्तम स्वभावको सुनकर मगधराज बहुत प्रसन्नहुआ इसकेपीछे एकदिन यौगन्धरायण ने रानी और अन्यलोगों के सन्मुख राजाउदयन्से यहवचनकहा कि हे राजा अब उद्योग करनेके लिये कौशाम्बीको चलिये छलेहुए भी उस मगधराजसे अबकुछ डरनहीं है क्योंकि कन्याके संबन्धसे वहखूब वशीभूतहोगयाहै आपसे लड़कर प्राणों से भी प्यारी अपनीकन्याको कैसे छोड़सकेगा इसकेसिवाय वह अपने सत्यकोभी नहीं त्यागेगा और आपने उसकेसाथ कुछछल भी नहीं कियाहै छलतो मैंने कियाहै पर उससे भी उसको कुछ दुःखनहीं हुआ मैंने दूतोंके मुखसे यह बातजानली है कि अब वह कुछ उपद्रव नहींकरेगा इसीबातके जाननेको मैं यहां इतने दिनतक ठहराहाथा १५८ यौगन्धरायण यह सब बातें करहीरहाथा कि उसीसमय मगधराजका दूतआयाहै यहखबर द्वारपालने आकरकही राजाने उसे उसी समय भीतर बुलवालिया तो उस दूतने वहांआकर प्रणामकरकेकहा कि पद्मावती के सन्देशे से प्रसन्न हुए मगधराजने आपके पास यह सन्देशाभेजाहै कि बहुत कहने से क्या प्रयोजनहै सम्पूर्ण बातों को जानकर मैं तुम्हारेऊपर प्रसन्नहूं तो जिसलिये तुम्हारा यह उद्योगहै उसकोकरो हम तुमसे दबगये यौगन्धरायणकी नीतिरूपी वृक्षकेपुष्परूपी दूतके यह सुन्दर वचनसुनकर प्रसन्नहुए उदयन् ने पद्मावतीको बुलाकर उसके सन्मुख दूतको बहुतसा धनदेकर बिदाकिया १६४ इसके उपरान्त राजा चण्डमहासेनका दूतभी राजाके पासआके प्रणामपूर्वकबोला कि हे स्वामी कार्य्य के तत्त्वकोजाननेवाले राजा चण्डमहासेनने आपका वृत्तान्तजानकर प्रसन्नहोकर यह सन्देशाभेजाहै कि आपकी श्रेष्ठताकावर्णन तो इतनेही से होगया कि यौगन्धरायण आपका मंत्रीहै फिर अधिककहने से क्या है और वासवदत्ताभी धन्यहै जिसने कि तुम्हारी भक्तिसे यह कार्य्यकियाहै उसके यशसे सज्जनों के बीचमें मेराशिर ऊंचाहोगया मैं पद्मावती और वासवदत्तामें कोई भेदनहींसमझता क्योंकि स्नेहसे उनदोनोंकाचित्त एकहोगया इससे अब तुम शीघ्र अपना उद्योगकरो तब अपने श्वशुरके दूतके यह वचनसुनकर राजा उदयन् को बड़ा आनन्दहुआ और रानी वासवदत्ता तथा यौगन्धरायणपर राजाका अत्यन्त प्रेमहोगया इसके उपरान्त

अपने घरमें आनकर पहले से सोगये और फिर गुहचन्द्रकी स्त्रीभी छिपकर आकर सोरही ११८ इसके उपरान्त उस ब्राह्मणने एकान्त में गुहचन्द्रसे कहा कि तुमने देखाकि यह सोमप्रभा दिव्यस्त्री है मानुषी स्त्री नहींहै और इसकी बहिनको भी तुमने देखा तो अब बताओ कि दिव्य स्त्री मनुष्य से कैसे समागमचाहैगी अब तुम्हारे मनोरथ के सिद्ध करनेके लिये मैं तुम्हें एक मंत्रबताताहूं उसे दरवाजेपर लिखदेना और उसके सिद्धकरनेकी युक्तिभी तुम्हेंबताताहूं जैसे केवल अग्निभी जलासक्ती है तोवायुके संयोगमें तो अवश्यही जलावेगी इसमें क्या कहनाहै इसीप्रकार केवल मंत्रही मनोरथको सिद्धकरसक्ताहै और उसमें श्रेष्ठ युक्तिभी होय तो क्या कहनाहै यह कहकर और गुहचन्द्रको युक्ति समेत मंत्रको बताकर प्रातःकाल वह ब्राह्मण अन्तर्द्धान होगया और गुहचन्द्रने भी अपनी उसस्त्रीके घरके द्वारपर वह मंत्रलिखकर ब्राह्मणकी बताईहुई युक्तिकरदी फिर इसके उपरान्त गुहसेन बड़े उत्तमवस्त्र पहनकर अपनी स्त्रीके सन्मुख किसी अन्य स्त्रीसे कुछ बातकरनेलगा यह देखकर मंत्रसे खुलीहुई जिह्वावाली सोमप्रभाने उससे बुलाकर पूछा कि यह कौन स्त्री है तब गुहचन्द्र यह मिथ्यावचन बोला कि यह स्त्री मुझसे बड़ा स्नेह करती है इससे आज मैं इसके यहां जाताहूं यह सुनकर तिरछी नजर से देखकर और बायें हाथ से उसे रोककर सोमप्रभाबोली कि क्यातुमने इसीलिये यह ठाटकिये हैं इसके यहां तुम मतजाओ उससे तुम्हें क्या प्रयोजनहै मेरे पासआओ क्योंकि मैं तुम्हारी स्त्रीहूं तब पुलकावली तथा कम्पसे युक्त और मन्त्रके प्रभावसे वशीभूतहुई सोमप्रभाके ऐसे वचन सुनकर गुहसेन उसे शयनस्थानमें लेजाकर उस दिव्य सुखको भोगनेलगा जिसका कि वह मनोरथभी नहीं करसक्तायाथा १३१ इसप्रकार मंत्रके प्रतापसे अत्यन्त स्नेहयुक्त सोमप्रभाको पाकर गुहचन्द्र सुखपूर्व्वक रहनेलगा इसरीति से यज्ञादिक बड़े २ पुण्य करनेवालों के यहां शापसे आईहुई दिव्य स्त्रियांभी उनकी स्त्री होती हैं देवता तथा ब्राह्मणोंकी सेवा सज्जनोंके लिये कामधेनु के समान होती है उससे कौन २ पदार्थ नहीं पासक्ता है और साम आदिक उपाय तो ऊपरके दिखावेहैं पातक बड़े २ उच्चपदवाले दिव्यपुरुषोंको भी अपने पदसे नीचे ऐसे गिरा देते हैं जैसे कि वायु पुष्पोंको नीचे गिरादेती है यह कहकर वसन्तक पद्मावती से फिर कहनेलगा कि इस विषयमें मैं तुम्हें अहल्या की कथा सुनाताहूं कि पूर्व्वसमय में त्रिकालज्ञ महर्षि गौतम नाम मुनि की बड़ी रूपवती अहल्या नाम स्त्री थी एकसमय उसके रूपसे मोहित होकर इन्द्रने एकान्त में उससे प्रार्थनाकी ठीकहै कि स्वामीलोग धन ऐश्वर्य्य से मदान्ध होकर अनुचित कार्य्य भी करने लगते हैं अहल्यानेभी कामातुर होकर इन्द्रकी प्रार्थना स्वीकार करली इसबातको अपने प्रभावसे जानकर गौतमसुनि वहांआये सुनिको आया जानकर इन्द्रने अपना बिल्लीका स्वरूप धारणकरलिया तब गौतमने अहल्यासे पूछा कि यहां अभी कौनथा उसने यह सत्यवचन कहा कि यह मेरायार और बिल्लीथा यहसुनकर गौतमने हँसकर कहा कि ठीकहै तेराजार यहां अभीथा और यह शापदिया कि हेपापिनि तू बहुत कालतक पत्थरकी शिलाबनी रहेगी फिर उसके सत्यवचनोंको समझकर यह भी कहदिया कि जब वनमें श्रीरामचन्द्रजी आवेंगे तब उनके दर्शनसे तुम्हारा शापछूटजायगा इसके उपरान्त गौतमने

चला प्रातःकाल कमल सहित तड़ागकी जो शोभाहोती है और चन्द्रमाके उदयमें जो समुद्रकी शोभा होती है वहीशोभा उससमय उस राजभवनकीभी हुई उससमय करदेनेवाले राजाओंकी भेटोंसे वह संपूर्ण राजभवन भरगया उन भेटोंसे यह सूचित होताथा कि मानों संपूर्ण पृथ्वी के राजा लोगों की भी भेटें इसीप्रकारसे अवेंगी इसके उपरान्त संपूर्ण राजालोगोंका आदरकरके सबलोगोंके चित्तके समान अपने महलोंमें राजा चलागया वहाँरति और प्रीतिकेमध्यमें बैठेहुए कामदेवके समान दोनों रानियोंके बीचमें बैठेहुए राजाने मद्यपानादि क्रीड़ाओंसे वहदिन व्यतीतकिया २७ दूसरेदिन अपने मंत्रियोंसमेत राजा सभामें बैठाथाकि उसीसमय किसीब्राह्मणनेद्वारसे चिल्लाकर कहा कि बड़ाअन्धेरहै कि हे राजा वनमेंपापी गोपालकोंने विनाकारणही मेरेपुत्रके पैरकाटलिये यहसुनकर राजाने उसीसमय दो तीन गोपालकोंको पकड़वाके पूछा तब वह कहनेलगे कि हे राजा हमगोपालक लोग निर्जन वनमें रहते हैं हममेंसे एकदेवसेन नाम गोपालकने वनके एक स्थानमें शिलापर बैठके हमलोगोंसे कहा कि हम तुम्हारे राजाहैं और वही हमलोगोंपर अब हुक्म चलाताहै हमलोगोंमेंसे उसकी आज्ञाको कोई नहीं टालता इसप्रकारसे देवसेन वनमें राज्य करताहै आज इस ब्राह्मणका लड़का उसी मार्गसे जारहाथा उस बालकने हमलोगोंके राजाकोप्रणाम नहीं किया राजाकी आज्ञासे हमलोगोंने उससेकहा भी कि तू विनाप्रणाम कियेहुए मत जा परन्तु वह हमारे वचनको न मानकर हँसताहुआ चलागया तब उसराजाने यह हुक्मदिया कि इस दुष्ट बालकके पैरकाटलो तब हमने दौड़कर बालकके पैर काटलिये क्योंकि हमलोग अपने प्रभुकी आज्ञाको नहीं टालसक्के हैं ३७ गोपालकों के यह वचन सुनकर यौगन्धरायणने विचारकर राजा उदयन्से एकान्तमें यहवचन कहा किमुझे मालूम होताहै कि जिस स्थानमें गोपालक राजा वनके बैठाहै वहांपर कोई निधि अवश्यहै जिसकेप्रभावसे गोपालकभी ऐसा प्रभुत्वकरताहै यौगन्धरायणके यह वचन सुनके राजा उन गोपालकोंको साथलेकर सेनासमेतचला और वहांजाकर परीक्षा करके जब पृथ्वी खुदवाईगई तो एक बड़ाभारी पर्वतके समान यक्ष उसमेंसे निकला और बोला कि हेराजा तुम्हारे पितामहकी गाड़ी हुई निधिकी मैंने बहुत कालतक रक्षाकी अब आ इसे संभालिये राजासे यह वचनकहकर और राजा के कियेहुए पूजनको ग्रहणकरके वह यक्ष अन्तर्द्धान होगया फिर उस गढ़े में बहुतसीनिधि मिली और एक बहुत बड़ा रत्नोंका सिंहासनमिला यह बातठीकहै कि उदय होनेके समयमें बहुतसी अच्छी २ शुभ बातें इकट्ठी होजाती हैं ४४ इसके उपरान्त सम्पूर्ण धनकोलेकर और उन गोपालकोंको दण्डदेकर राजा अपनी पुरीको चलाआया वहां माणिक्यकी किरणोंके समूहसे दिशाओंमें फैलनेवाले राजा उदयन्के प्रतापको प्रकट करतेहुए और चांदी के तारों में पुरेहुए मोतियों के समूहों से मंत्रियोंकी बुद्धिके आश्चर्यको मानों हँसतेहुए उस सुवर्ण के सिंहासनको देखकर प्रजा के लोग बड़े प्रसन्नहुए और नगाड़े बजनेलगे मंत्रीलोगभी राजाकी जयका निश्चय करके बड़ा उत्सव करनेलगे क्योंकि प्रारम्भ मेंही होनेवाले कल्याणसे कार्य्य की सिद्धि जानी जाती है इसके उपरान्त पताकारूपी बिजलियोंसे आकाशके व्याप्त होजानेपर वह राजारूपी मेघ सेवकोंपर सुवर्णकी वृष्टिकरनेलगा उत्सवकेद्वारा उसदिनके व्यतीत

वासवदत्ता और पद्मावती से वहुत खातिरकियेहुए उस दूतको विदाकरके राजा उदयन् मंत्रियों से सलाहकरके उद्योगकरने के लिये कौशाम्बी चलनेकी इच्छाकरनेलगा १७१॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांलावाणकलम्बकेतृतीयस्तरङ्गः ३॥

इसके उपरान्त राजा उदयन् दूसरे दिन लावाणक से कौशाम्बी नगरीको चला विनासमयके किनारोंपर फैलेहुए समुद्रके जलके समान संपूर्ण पृथ्वीको व्याप्तकरनेवाली राजाकी सेना शब्दोंको करतीहुई चली उससमय हाथीपर चढ़ेहुए राजाकी ठीक २ उपमा तवहोसक्ती है जव कि सूर्य्य उदयाचल समेत आकाशमें चलें श्वेतछत्रसे राजाकी ऐसी शोभा होरहीथी कि मानों इसराजाने सूर्य्य के तेजको जीतलियाहै इससे प्रसन्नहुआ चन्द्रमा राजाकी सेवाकररहाहै अपनी कक्षाओं से सवके ऊपर विराजमान तेजस्वी राजाके सवओर ऐसे छोटे२ राजालोग घूमरहेथे जैसे कि ध्रुवजीके चारोंओर सव ग्रहघूमते हैं और राजाके पीछे हथिनीपर चढ़ीहुई दोनोंरानियां ऐसीशोभित होतीथीं कि मानोंलक्ष्मी और पृथ्वी स्वरूप धारण कियेहुए राजाके स्नेहसे पीछे २ चली आती हैं और सेना के घोड़ों के खुरोंके चिह्नरूपी नखक्षतों से युक्त मार्ग की पृथ्वी भोगकीहुईसी मालूमहोती थी इसप्रकारसे चलताहुआ वन्दीजनों से स्तुति कियाहुआ राजाउदयन् थोड़ेही दिनमें कौशाम्बी में पहुंचा ८ ध्वजाके रक्तवस्त्रोंसे ढकी हुई झरोखे रूपी प्रफुल्लित नेत्रवाली द्वारमें रक्खेहुए पूर्णकुम्भ रूपी स्तनवाली मनुष्योंके कोलाहलरूपी शब्दवाली और श्वेतमहल रूप हास्यवाली वहपुरी परदेशसे अपने स्वामीके आजानेपर अत्यन्त शोभितहुई फिर राजाने दोनोंरानियों समेत उस पुरी में प्रवेशकिया तव पुरकी स्त्रियां राजाके देखनेको वड़ाउत्सव माननेलगीं उससमय महलोंपर चढ़ीहुई स्त्रियों के मुखोंसे आकाश पूर्णहोगया वहमुख क्याथे मानों रानियोंके मुखोंसे जीतेगये चन्द्रमाकी सेना सेवाकरनेको आई झरोखोंसे वेपलक लगायेहुए स्त्रियोंको देखकर यह भ्रम होताथा कि राजाके देखनेकेलिये विमानों पर चढ़ीहुई मानों अप्सराही आई हैं (क्योंकि अप्सराओंकेभी नेत्रनहीं वन्दहोते हैं) कोईस्त्रियां झरोखोंकी जालीमें नेत्रलगाये देखरहीथीं वह मानों कामदेवके पिंजरे वनारहीथीं १४ राजाके देखनेकेलिये प्रफुल्लित किसी स्त्रीकी उत्सुकदृष्टि राजाको नहीं देखतेहुए कानकेपास मानों राजाकाहाल कहनेको गई जल्दी से आईहुई किसीस्त्री के वारम्वार हिलतेहुएस्तन राजाको देखनेकेलिये मानोंआंगी से वाहरनिकलना चाहतेथे किसीस्त्रीके घवराहट से टूटेहुए हारकेमोती गिररहेथे वहमानों प्रसन्नतासे हृदयमें निकलेहुए स्वेदजलके विन्दुसे शोभित होते थे कोई स्त्रियां वासवदत्ताके जलनेकी खवरसे यह वातें कररहीथीं कि जोलावाणकमें अग्नि इसेजलादेती तोवह प्रकाशक होकरभी जगत्में अन्धाकारकी फैलानेवाली होजाती पद्मावती को देखकर कोई स्त्री अपनी सखीसे कहतीथी कि सखीके तुल्य पद्मावतीसे वासवदत्तानहीं लज्जितहुई यह योग्यहै कोई स्त्रियां अपने नेत्ररूपी कमलोंसे उनदोनों रानियोंको देखकर परस्पर यह कहतीथीं कि विष्णु और शिवने इनदोनों रानियोंका रूप नहींदेखा नहींतो वह लक्ष्मी और पार्वतीजीका वड़ाआदर नहींकरते इसप्रकारसे अपनी प्रजाओंके नेत्रोंको आनन्द देताहुआ उदयन् मंगलाचारकरके रानियों समेत अपने राजमंदिरमें

चला प्रातःकाल कमल सहित तड़ागकी जो शोभाहोती है और चन्द्रमाके उदयमें जो समुद्रकी शोभा होती है वहीशोभा उससमय उस राजभवनकीभी हुई उससमय करदेनेवाले राजाओंकी भेटोंसे वह संपूर्ण राजभवन भरगया उन भेटोंसे यह सूचित होताथा कि मानों संपूर्ण पृथ्वी के राजा लोगों की भी भेटें इसीप्रकारसे आवेंगी इसके उपरान्त संपूर्ण राजालोगोंका आदरकरके सबलोगोंके चित्तके समान अपने महलोंमें राजा चलागया वहाँरति और प्रीतिकेमध्यमें बैठेहुए कामदेवके समान दोनों रानियोंके बीचमें बैठेहुए राजाने मद्यपानादि क्रीड़ाओंसे वहदिन व्यतीतकिया २७ दूसरेदिन अपने मंत्रियोंसमेत राजा सभामें बैठाथाकि उसीसमय किसीब्राह्मणनेद्वारसे चिल्लाकर कहा कि बड़ाअन्धेरहै कि हे राजा वनमेंपापी गोपालकोंने विनाकारणही मेरेपुत्रके पैरकाटलिये यहसुनकर राजाने उसीसमय दो तीन गोपालकोंको पकड़वाके पूछा तब वह कहनेलगे कि हे राजा हमगोपालक लोग निर्जन वनमें रहते हैं हममेंसे एकदेवसेन नाम गोपालकने वनके एक स्थानमें शिलापर बैठके हमलोगोंसे कहा कि हम तुम्हारे राजाहैं और वही हमलोगोंपर अब हुक्म चलाताहै हमलोगोंमेंसे उसकी आज्ञाको कोई नहीं टालता इसप्रकारसे देवसेन वनमें राज्य करताहै आज इस ब्राह्मणका लड़का उसी मार्गसे जारहाथा उस बालकने हमलोगोंके राजाकोप्रणाम नहीं किया राजाकी आज्ञासे हमलोगोंने उससेकहा भी कि तू विनाप्रणाम कियेहुए मत जा परन्तु वह हमारे वचनको न मानकर हँसताहुआ चलागया तब उसराजाने यह हुक्मदिया कि इस दुष्ट बालकके पैरकाटलो तब हमने दौड़कर बालकके पैर काटलिये क्योंकि हमलोग अपने प्रभुकी आज्ञाको नहीं टालसक्ते हैं ३७ गोपालकों के यह वचन सुनकर यौगन्धरायणने विचारकर राजा उदयन्से एकान्तमें यह वचन कहा कि मुझे मालूम होताहै कि जिस स्थानमें गोपालक राजा वनके बैठेहै वहांपर कोई निधि अवश्यहै जिसकेप्रभावसे गोपालकभी ऐसा प्रभुत्वकरताहै यौगन्धरायणके यह वचन सुनके राजा उन गोपालकोंको साथलेकर सेनासमेतचला और वहांजाकर परीक्षा करके जब पृथ्वी खुदवाईगई तो एक बड़ाभारी पर्वतके समान यक्ष उसमेंसे निकला और बोला कि हेराजा तुम्हारे पितामहकी गाड़ी हुई निधिकी मैंने बहुत कालतक रक्षाकी अब आ इसे संभालिये राजासे यह वचनकहकर और राजा के कियेहुए पूजनको ग्रहणकरके वह यक्ष अन्तर्द्धान होगया फिर उस गढ़े में बहुतसीनिधि मिली और एक बहुत बड़ा रत्नोंका सिंहासनमिला यह बातठीकहै कि उदय होनेके समयमें बहुतसी अच्छी २ शुभ बातें इकट्ठी होजाती हैं ४४ इसके उपरान्त सम्पूर्ण धनकोलेकर और उन गोपालकोंको दण्डदेकर राजा अपनी पुरीको चलाआया वहां माणिक्यकी किरणोंके समूहसे दिशाओंमें फैलनेवाले राजा उदयन्के प्रतापको प्रकट करतेहुए और चांदी के तारों में पुरेहुए मोतियों के समूहों से मंत्रियोंकी बुद्धिके आश्चर्यको मानों हँसतेहुए उस सुवर्ण के सिंहासनको देखकर प्रजा के लोग बड़े प्रसन्नहुए और नगाड़े बजनेलगे मंत्रीलोगभी राजाकी जयका निश्चय करके बड़ा उत्सव करनेलगे क्योंकि प्रारम्भ में ही होनेवाले कल्याणसे कार्य्य की सिद्धि जानी जाती है इसके उपरान्त पताकारूपी बिजलियों से आकाशके व्याप्त होजानेपर वह राजारूपी मेघ सेवकोंपर सुवर्णकी वृष्टिकरनेलगा उत्सवकेद्वारा उसदिनके व्यतीत

होजाने पर दूसरे दिन राजाके चित्तकी परीक्षाके लिये यौगन्धरायण बोला कि हे राजा यह जो पुरखों का सिंहासन आपको मिला है उसपर बैठकर आपउसे शोभित कीजिये यह सुनकर राजाने कहा कि जिस सिंहासन पर हमारे पुरखे लोग संपूर्ण पृथ्वीको जीतकर बैठे थे उससिंहासन पर विनादिशाओंको जीतेहुए बैठने से मेरी क्या शोभाहोगी इस्से समुद्र पर्य्यन्त संपूर्ण पृथ्वीको जीतकर इस रत्नजटित सिंहासनपर मैं बैठूंगा यह कहकर राजा उस सिंहासनपर नहीं बैठा ठीकहै क्योंकि कुलीन पुरुषोंका अभिमान बनावटका नहीं होता ५५ तब यौगन्धरायणने खुशहोकर राजासे कहा कि हे राजा आपने बहुत ठीक कहा तो अब आप प्रथम पूर्व दिशाके जीतनेका उपायकीजिये यह सुनकर राजा ने प्रसंगपाकर यौगन्धरायणसे पूंछा कि राजालोग पहले उत्तरादि दिशाओंको छोड़कर सबसे प्रथम पूर्व दिशामेंही क्यों चढ़ाईकरते हैं यहसुनकर यौगन्धरायण फिर बोला कि हे राजा यद्यपि उत्तरदिशा बहुत उत्तमहै तौभी म्लेच्छों के संसर्ग से बहुत दूषितहै पश्चिम दिशा सूर्य्यादि ग्रहों के अस्तहोनेका स्थान है इससे वहभी श्रेष्ठ नहीं है और दक्षिणदिशामें राक्षस तथा चाण्डाल रहते हैं इसलिये वहभी नहीं उत्तमहै पूर्व्व दिशामें सूर्य्यका उदयहोताहै उसी में इन्द्ररहतेहैं और गंगाजीभी उसीदिशाको जाती हैं इससे वही दिशा सब दिशाओं से बहुत श्रेष्ठहै विन्ध्याचल तथा हिमालयके बीचके देशों में भी जो देश गंगाजी के जलसे पवित्रहै वह बहुत उत्तम और पवित्र समझाजाताहै इसीसे मंगलके चाहनेवाले राजालोग प्रथम पूर्व्वदिशापर चढ़ाई करते हैं और गंगाजीसे युक्त देशों में रहते हैं तुम्हारे पुरखोंने भी प्रथम पूर्व्वही दिशापर चढ़ाईकीथी और गंगाजीके किनारे हस्तिनापुरमें रहतेथे ६३ तुम्हारा पितामह सतानीक यहशोचकर कि राज्यपुरुषार्थ से होताहै इसमें देशकारण नहींहै इसलिये कौशाम्बी नगरीको मनोहर समझकर उसमें रहाथा यहकहकर यौगन्धरायण के चुपहोजानेपर राजा उदयन् पुरुषार्थकोही मुख्य समझकर बोला कि ठीकहै चक्रवर्त्ती होनेमें देशका नियमकारण नहींहै क्योंकि बलवान् लोगोंका पुरुषार्थही सम्पत्तियोंका कारणहै एकभी और आश्रयसे रहितभी बलवान् पुरुषार्थी लक्ष्मीकोपाताहै क्या आपने इस विषयमें सत्त्ववान पुरुषकी कथानहीं सुनी है यह कहकर मन्त्रियों के पूछनेपर राजा उदयन् रानियों के सन्मुख इसकथा को कहने लगा कि ६८ संपूर्ण संसारमें विख्यात उज्जयिनी नाम पुरी में आदित्यसेन नाम एकराजा था उस राजाकारथ चक्रवर्त्ती होने के कारण सूर्य्यके रथके समान कहीं भी नहीं रुकता था उसराजाके श्वेत छत्रके आकाश में प्रकाशित होनेपर अन्यराजा लोगोंके छत्र बन्दहोजाते थे जैसे समुद्रमें संपूर्ण जल चलेजाते हैं उसीप्रकार से सम्पूर्ण पृथ्वी में उत्पन्न होनेवाले रत्नउस राजा के पास आजाते थे एकसमय वह राजा किसी कारणसे सेना समेत गंगाजी के किनारे टिकाथा वहाँ उसी राजा के राज्यमें रहनेवाले किसी गुणवर्म्मा नाम बणिये ने अपनी बड़ीउत्तम कन्या राजाको भेटदेने के लिये आकर प्रतीहार से कहा कि यह मेरी कन्या त्रैलोक्यमें रत्नके समान है राजाके सिवाय और कोई पुरुष इसके योग्यनहीं है प्रतीहारसे इसबातको भीतर राजाके पास कहलाकर गुणवर्म्माने भीतरजाके अपनी कन्या राजाको दिखादीनी ७६ अपनी कान्ति से संपूर्ण दिशाओं को प्रकाशित करनेवाली कामदेव

के घरके रत्नोंके दीपककी शिखाके समान उसतेजस्वती नाम कन्याको देखकर राजाको बड़ास्नेहउत्पन्न हुआ इसीसे उसकन्याकी कान्तिके तेजके पड़ने से कामाग्निसे संतप्तहुए राजाके पसीने क्या निकले मानों राजा पिघलगया उससमय उसकन्याको स्वीकारकरके राजाने प्रसन्नहोकर उस गुणवर्मावणियेको अपने समान बनालिया इसके उपरान्त उस तेजस्वतीके साथ विवाहकरके राजा अपनेको कृतार्थ समझ- कर उज्जयिनीनाम अपनी नगरीकोलौटआया वहाँआकर राजासदैव तेजस्वतीके मुखको देखाकरताथा इससे राज्यके बड़े २ भारीभी कार्य्योंको नहीं देखताथा फिर तेजस्वतीके मनोहर वचनोंसे मानों राजाके कानकीलदियेसे होगये इसीसे वह प्रजालोगोंके दुःखित शब्दोंकोभी नहीं सुनाकरताथा बहुतकालसे महलों में गयाहुआ राजातो बाहरनहीं निकलताथा परन्तु शत्रुओंके हृदयसे भय निकलाजाताथा ८३ कुछ समयकेपीछे उस तेजस्वतीरानीके एकबड़ीसुन्दरकन्या उत्पन्नहुई और राजाकेहृदयमें दिग्विजयकी इच्छा उत्पन्नहुई अपनेस्वरूपसे तीनोंलोकोंको तुच्छकरनेवाली उसकन्याने राजाकाहर्ष और दिग्विजय की इच्छाने राजाका प्रतापबढ़ाया इसकेउपरान्त लड़नेकेलिये उद्यत किसी करदेनेवाले राजापर चढ़ाई करनेकेलिये राजा आदित्यसेन उज्जयिनीसे चले और तेजस्वती रानीकोभी हथिनीपर चढ़ाकर राजा अपने सायलेचला और राजा चलनेवाले पर्वतके समान ऊंचे शुभलक्षणोंसे युक्तआभूषण धारी और मदसे बहतेहुए पसीनेवाले घोड़ेपरचढ़ा वहघोड़ा ओष्ठ पर्य्यन्त उठेहुए पैरों से अपने समान वेगवाले गरुड़की चालकामानों अभ्यास करताथा और अपनी गर्दनको उठाकर मानों यह देखताथा कि क्या यह संपूर्ण पृथ्वी मेरी दौड़भरको होजायगी इसप्रकार कुछ दूरचलकर सम पृथ्वीमें आकर राजाने तेज- स्वतीके दिखाने को अपना घोड़ा तेजकिया राजाकी एँड़के लगतेही वहघोड़ा धनुपसे निकले हुए बाणके समान बहुत वेगसे बहुतदूर जाकर लोगोंकी दृष्टिसे बाहरचलागया ६२ यहदेखकर सेनाके लोग व्याकुल होगये और हजारोंसवार राजाके ढूंढ़नेको दौड़े परन्तु राजाकापता नहीं मिला तब मंत्रीलोग भयसे सेनासमेत रोतीहुई रानीको लेकर उज्जयिनीको लौटआये और वहाँआकर नगरके फाटकोंको बन्दकरके और परकोटेकी रक्षाकरके संपूर्ण प्रजाको समझाके राजाकी खबरलगाने लगे इस बीचमें वह घोड़ा राजाको विन्ध्याचलके बड़े घोरवनमें लेगया वहाँ जाकर भाग्यसे उस घोड़े के ठहरजानेपर राजा को उस वनमें व्याकुलता के कारण दिशाओं का भ्रम होगया तब घोड़ों की जाति के जाननेवाले उस राजाने उस श्रेष्ठघोड़ेपर से उतरके उससे प्रणाम करके कहा कि तुम देवताहो तुम सरीके उत्तम लोग अपने स्वामी का द्रोह नहीं करते हैं इससे मैं तुम्हारी शरण में आयाहूं तुम मुझको उत्तम मार्ग से घर लेचलो यहवचन सुनकर अपने पूर्व्व जन्मका स्मरण करनेवाले उस घोड़े ने पछताकर राजाके वचन अपने मनमें स्वीकारकरलिये क्योंकि श्रेष्ठ घोड़ा देवता होताहै १०० इसके उपरान्त राजाके च- ढ़नेपर वह घोड़ा सुन्दर शीतलजलसे युक्त श्रमके दूरकरनेवाले मार्ग से चला और सायंकालकेसमय सौ योजन पृथ्वी उल्लंघन करके उसने राजाको उज्जयिनी के समीप पहुँचादिया उस घोड़ेके वेगसे जीते गये अपने सातों घोड़ेको देखकर मानों लज्जितहुए सूर्य्य भगवान् के अस्ताचलकी कन्दरामें पहुँच-

जानेपर तथा अन्धकारके फैलजानेपर उज्जयिनी के फाटकों को बन्ददेखके और बाहरके श्मशान को बहुत भयंकर देखके वह बुद्धिमान घोड़ा राजाको रात्रिभर रहने के लिये नगर के बाहर एकान्त स्थान में बनेहुए ब्राह्मणों के मठमें लेगया राजाने उसमठको रात्रिभररहने के योग्य समझकर उसके भीतर जानाचाहा तब उसमठके रहनेवाले ब्राह्मणों ने राजाको रोका और कहनेलगे कि यह कोई श्मशानका रक्षक है अथवा चोरहै यह कहतेहुए और लड़ाई करतेहुए मठसे बाहर निकले क्योंकि वैदिक ब्राह्मण भय कोप तथा कठोरताके घरहोते हैं १०८ उनलोगों के इसप्रकार लड़ने पर उसमठ से विदूषकनाम एक बड़ागुणवान् तथा बलवान् ब्राह्मण निकला उसयुवा ब्राह्मणने तपसे अग्निको प्रसन्न करके एक ऐसा उत्तम खड्गपायाथा कि जिससमय वह उसखड्गको यादकरताथा उसीसमय वह उसके पास आजाताथा उसब्राह्मणने आयेहुए राजाकी बड़ी मनोहर आकृति देखकरके यहजाना कि कोई देवता छिपकर यहांआयाहै तब वह अन्यब्राह्मणोंको रोककर राजाको बड़ी नम्रतापूर्वक मठके भीतर लेगया और थकेहुए राजाकीधूलको दासियों से सफाकरवाके उसने राजाके लिये बड़ा उत्तमभोजन बनवाया फिर राजाको भोजनकराके उस थकेहुए घोड़ेकी काठीखुलवाके और दानाचारा आदिक देकर उसेभी सावधान करदिया तब उस विदूषकने राजासेकहा कि आप इस बिछेहुए पलँगपरसोइये में आपके शरीरकी रक्षाकरूंगा फिर राजाके सोजानेपर स्मरणकरने से आयेहुए उस खड्गको लेकर वह रात्रिभर द्वारेपर बैठारहा प्रातःकाल जब राजाजगा तब विदूषक विनाकहेहुएही घोड़ेको तैयारकरके ले आया राजाभी घोड़े परचढ़ और उससे पूछकर उज्जयिनी में चलाआया राजाको दूरसे आताहुआ देखकर सम्पूर्ण प्रजाके लोग बड़ेप्रसन्नहुए और मंत्री आदिक सम्पूर्णलोग राजाके निकटगये उससमय राजाके आनेसे आनन्दकी ध्वनि सम्पूर्ण शहरमें फैलगई और मंत्रियों समेत राजा अपने राजभवन में आया और रानी तेजस्वती के हृदयसे संताप चलागया १२० राजाके आने के उत्सवमें लगाई हुई वायुसे हिलतीहुई पताकाओं से मानों उससमय उस नगरका संपूर्ण शोक निकाल दियागया रानीने उसदिन महोत्सवमें इतना गुलाल उड़ाया कि जिससे सूर्य्य समेत आकाश और प्रजाकेलोग रक्तवर्ण होगये दूसरे दिन राजा आदित्यसेनने सम्पूर्ण ब्राह्मणों समेत विदूषकको उस मठसे बुलवाया और रात्रिका सम्पूर्ण वृत्तान्त कहके विदूषकको हजार गांव दिये फिर राजाने विदूषकको छत्र और सवारी देकर अपना पुरोहित बनालिया इसप्रकारसे वह विदूषक छोटे राजाओं के समान होगया ठीकहै बड़ों के साथ कियाहुआ उपकार व्यर्थ कैसे होसक्ताहै १२६ विदूषकने जो गांव राजासे पाये वह सब उसने मठमें रहनेवाले ब्राह्मणों के समुदायमें साधारण रक्खे फिर राजाका सेवन करताहुआ विदूषक उनगांवों की सब आमदनीको उन ब्राह्मणों के साथ अपने भोग विलासमें लाताथा कुछ समयके व्यतीतहोनेपर धनसे मतवाले वहसब ब्राह्मण अपनी २ प्रधानताकी इच्छासे विदूषकको कुछ भी नहीं गिननेलगे एक स्थानमें रहनेवाले जुदे २ वह सातब्राह्मण परस्परमें लड़कर दुष्टग्रहों के समान उन ग्रामवासियोंको दुःख देतेथे उन ब्राह्मणोंके उद्दंड होजानेपर विदूषक उदासीन बनारहा क्योंकि निर्बललोगोंपर धीरलोगों

का अनादरही शोभादेताहै एक समय उन ब्राह्मणोंको लड़तेहुए देखकर कोई चक्रधरनाम बड़ानिष्ठुर ब्राह्मण वहाँ आया क्योंकि पराये झगड़े के फैसले में कानेके भी बड़ी २ आंखें होजाती हैं और गूंगा भी बड़ा वाचाल होजाताहै वह ब्राह्मण उनसे बोलाकि हे मूर्खो तुम भिखारियों को भी इतना धनमिलगया तो आपसके झगड़े से इनगांवों को क्यों नष्ट करतेहो परन्तु यहदोष विदूषकका है जो कि तुम लोगोंको सजानहीं देताहै इससे निस्सन्देह तुमलोग थोड़ेही दिनोंमें फिर भीख मांगोगे झगड़ते हुए बहुत मालिकोंसे नष्टहुए सब धनवाले स्थानकी अपेक्षा भाग्यसे बढ़नेवाले बेस्वामीका स्थान अच्छाहै १३६ इससे जो तुम लोग अपने धनको नष्ट न किया चाहो तो मेरे कहनेसे कोई मुखिया तजवीज करो यह सुनकर जब वह लोग किसी मुखियाकी तजवीज करनेलगे तब उस चक्रधरने शोचकर फिर कहा कि आपसमें झगड़नेवाले तुम लोगोंको मुखिया बनाने के लिये मैं एकशर्त्त तुमसे कहताहूं यहाँ श्मशान में तीन चोर शूलीपर चढ़ाकर मारे गयेहैं और वह वहाँ ही लटकते हैं तुममें से जो कोई रात्रिके समय उन तीनोंकी नाक काटलावे वही तुम्हारा मुखिया होय क्योंकि वीरपुरुष ही स्वामी होसक्ताहै चक्रधरके ऐसे वचन सुनकर विदूषकने उन ब्राह्मणों से कहा कि ऐसाही करो इसमें क्या हर्ज है १४१ तब वह ब्राह्मण बोले कि हम लोग यह कामनहीं करसक्के जो समर्थ होय वहकरे हमलोग इस शर्त्त से नहीं हटेंगे तब विदूषकने कहा कि मैं रात्रिके समय श्मशानमें जाकर चोरोंकी नाक काटलाऊंगा इसबातको बहुत कठिन समझकर वह बोले कि जो तुम ऐसा करोगे तो तुम्हीं हमारे स्वामी होगे उनलोगोंसे यह शर्त्त करके रात्रिके समय विदूषक उन ब्राह्मणोंसे पूछकर श्मशानको गया स्मरण करनेसे प्राप्तहोनेवाले अग्निके दियेहुए उस खड्गको लेकर वह उस बड़े भयंकर श्मशानमें घुसा वहाँ डाकिनी गीध तथा कौए चिल्लारहेथे और अगिया बैतालोंकी मुखकी अग्निसे चिताकी अग्नि और भी बढ़रहीथी उस श्मशान के बीचमें शूलीपर चढ़ेहुए उनचोरोंको विदूषकने देखा वह तीनोंचोर मानों नाकोंके काटनेके डरसे ऊंचे को शिर कररहेथे जब विदूषक उनके निकटगया तो वह तीनों बैतालके आवेशसे विदूषकको घूंसे मारने लगे और वह भी निडर होकर खड्गसे उन्हें मारने लगा क्योंकि धीर लोगों के हृदयमें कभी भयनहीं होताहै १५० मारने से जब वह बैताल उनमेंसे निकलगया तब उसने उन तीनोंकी नाकें काटकर कपड़े में बांधलीं फिर वहाँसे लौटतेहुए विदूषकने उसी श्मशानमें मुर्देपर बैठाहुआ जपकरताहुआ एकसंन्यासी देखा उसकी चेष्टा और क्रीड़ा देखनेके उत्साह से विदूषक छिपकर उसके पीछे जा बैठा क्षणभरमें ही जिस मुर्देपर संन्यासी बैठगया वह अपने मुखसे फूत्कार करनेलगा उससमय उस मुर्देके मुखसे अग्नि निकलने लगी और नाभिसे सरसों निकली तब वह संन्यासी उन सरसों को लेकर उसपरसे उठा और हाथसे उसे मारनेलगा तब बैतालके पराक्रमसे वह मुर्दा खड़ाहोगया और वह संन्यासी उसके कन्धेपर चढ़गया १५६ औरउसपर चढ़के वहाँसे चला और विदूषक भी चुपचाप उसके पीछे २ चला वहाँ से थोड़ीदूर चलकर विदूषकने कात्यायनीका एक निर्जन मन्दिर देखा वहाँ वह संन्यासी मुर्देके कन्धे से उतरकर मंदिरमें चलागया और वह मुर्दा गिरपड़ा विदूषक भी छिपकर उसकी इन सबबातोंको देखना

रहा तब वह संन्यासी भगवतीका पूजनकरके यहवचन बोलाकि हे देवीजी जो आप मेरे ऊपर प्रसन्नहैं तो मेरामनोरथ पूर्णकरो नहीं तो मैं अपना बलिदान देकर तुमको प्रसन्न करूंगा तीव्र मंत्रके सिद्धकरने से अभिमान युक्त उस संन्यासीके यह बचन सुनकर उस मंदिरसे यह आवाज आई कि आदित्यसेन राजाकी कन्याको लाकर भेटकरो तब तुम्हारा मनोरथ पूराहोगा यह आवाज सुनकर उस संन्यासीने मन्दिरसे निकलकर उस मुर्देको हाथ से मारकर उठाया फूत्कार करके उठे हुए मुखसे अग्निकी ज्वाला निकालनेवाले उस मुर्देपर चढ़कर वह राजकन्याके लेने के लिये आकाशमें उड़गया १६५ यह देखकर विदूषकने चित्तमें विचारा कि यह कैसे मेरे जीतेजी राजकन्याको मारसकेगा इससे जबतक यह दुष्ट लौटकर आजाय तबतक मैं यहीं ठहारहूं यह शोचकर विदूषक छिपकर वहीं ठहरारहा और वह संन्यासी झरोखेके द्वारा राज कन्याके महलमें चलागया और अपनी कान्तिसे सब दिशाओं की प्रकाशित करनेवाली चन्द्रमाकी कलाको जैसे राहुग्रसता है उसीप्रकार रात्रिके समय सोतीहुई राजकन्याको पकड़कर श्यामवर्णवाला वह संन्यासी आकाशमार्ग से चला हापिता हामाता इसप्रकार से रोती हुई उस कन्याको लियेहुए वह संन्यासी उसी देवीके मंदिरमें उतरा १७० और उसमुर्देको छोड़कर उस कन्यारूपी रत्नको लेकर देवीके मंदिरमें गया वहां जाकर जैसे कि वह उसराजपुत्रीको मारना चाहताहीथा वैसेही विदूषकभी अपने खड्गको खींचकर मंदिरमें पहुंचा और बोला कि अरे पापी तू मालतीके फूलको पत्थरसे मारना चाहताहै क्योंकि तू ऐसी सुन्दर आकृतवाली पर शस्त्र चलानाचाहताहै यह कहकर और उसके बाल पकड़कर विदूषकने उसका शिर अपने खड्गसे काटडाला और कुछ पहचानकर उसके शरीरमें भयसे मानो घुसीसी जातीहुई राजकन्याको समझाकर सावधान किया उस समय विदूषकने यहशोचा कि इसराजकन्याको मैं इसकेमहलमें कैसे पहुंचाऊं इसके विचार करतेही यह आकाशवाणीहुई कि हे विदूषकसुन तुने जिससंन्यासीको माराहै इसनेवेताल और सरसों बहुत सिद्ध कियेथे और यह संपूर्ण पृथ्वीका राज्य और संपूर्ण राजाओंकी कन्याओंको चाहताथा इसी से आज इसमूर्खकी यहदशाहुई इस्से हेवीर तुम इनसरसवोंको इसकेवस्त्रसे खोललो इनसे आजकी रात्रिभर तुम को आकाशमें चलनेकी सामर्थ्य होजायगी इस आकाशवाणीको सुनकर विदूषक बहुत प्रसन्नहुआ यहठीक है कि प्रायः देवतालोगभी ऐसे वीर पुरुषोंपर दया करते हैं १८० तब विदूषकने उस संन्यासी के कपड़ोंसे सरसों खोलली और उसराजकन्याको गोदमें लेकर जैसे वह देवीजीके मंदिरसे बाहर निकला उसीसमय फिर आकाशवाणीहुई कि हेवीर महीने भरकेपीछे तुम इसी देवीके मंदिरमें फिर आना और इसबातको भूलनानहीं इस आकाशवाणीको सुनकर और बहुत अच्छा आऊंगा यह कहकर विदूषक देवीजीकी कृपासे उसराजकन्याको लेकर आकाशमें उड़ा और आकाशमार्गसे राजकन्याको महल में पहुंचाकर और उसे समझाकर बोला कि प्रातःकाल में आकाशके मार्गसे नहीं जासकूंगा तो द्वारसे निकलतेहुए मुझेलोग देखेंगे इस्से मैं अभी जाताहूं उसके यह वचनसुनकर राजकन्या बोली कि तुम्हारे जानेसे मारेडरके मेरे प्राण निकलजायँगे इस्से हेमहाभाग तुमयहां रहकर मेरे प्राणबचाओ क्योंकि अपने

कियेका निर्वाहकरना यह सज्जन लोगोंका स्वाभाविक धर्म्म है १९८ यह सुनकर बड़े वीर विदूषक ने यहशोचा कि चाहे जोहोय मैं अवनहीं जाऊंगा क्योंकि मेरे जानेपर भयसे यह मरजायगी फिर मेरी करी कराई राजाकी भक्ति सबव्यर्थ होजायगी यह शोचकर वह रात्रिभर उसीकन्याके महलमेंरहा और व्या-याम तथा जागरणके श्रमसे वहीं सोगया परन्तु राजाकी कन्या मारेभयके रात्रिभर नहीं सोई प्रातःकाल भी राजकन्याने सोतेहुए विदूषकको बड़े प्रेमसे इसलिये नहींजगाया कि यह थकाहुआ है इससे अभी थोड़ीदेर और आराम करले इसके उपरान्त वहां आईहुई दासियोंने विदूषकको देखा और घबराकर यह वृत्तान्त राजासेकहा तब राजाने इसबातके निश्चय करने को कोई प्रतीहारभेजा उस खबरलेजानेवालेने भी वहां जाकर विदूषकको देखा और राजकन्याके मुखसे उसका संपूर्ण वृत्तान्त सुना फिर उसने यह सब वृत्तान्त राजासेकहा यह सुनकर विदूषकके पराक्रमके जाननेवाले राजाको कुछ घबराहटसीहुई कि यह क्याबातहै तब राजाने विदूषकको अपनी कन्याकेमहलसे बुलवाया उससमय स्नेहसे राजकन्याका चित्तभी उसके साथही मानो चला आया आयेहुए विदूषकसे राजाने सबवृत्तान्त पूछा तब विदूषकने भी आदिसे सब वृत्तान्त कहकर वस्त्रमें बँधीहुई चोरोंकीनाकें और संन्यासीकी पृथ्वीके भी भेदनकरनेवाली सरसों दिखाई १९९ तब इसबातको सत्यसमझकर राजाने चक्रधरसमेत सम्पूर्ण मठके ब्राह्मणोंको बुला के उनसे सबबातेंपूछीं और श्मशानमेंभी जाकर नाककटेहुए तीन चोर और शिरकटाहुआ वहसंन्यासी देखा इसप्रकार अच्छेप्रकार निश्चय होजानेपर अपनी कन्याके प्राणबचानेवाले विदूषकको वह अपनी कन्यादेदी ( ठीक है उदारलोग उपकारी पुरुषोंको प्रसन्न होकर क्यानहीं देसक्ते हैं ) उस राजकन्या के हाथमें मानो कमलके स्नेहसे लक्ष्मी रहती थी क्योंकि उसका पाणिग्रहण करतेही विदूषकको लक्ष्मी प्राप्तहुई तब वह विदूषक उस राजकन्या के साथ राजाकेही घरमें राजा लोगोंकेही समान भोगविलास करनेलगा इसके उपरान्त कुछदिन व्यतीतहोनेपर एकसमय भाग्यवशसे उस राजकन्या ने रात्रिमें वि-दूषकसे कहा कि हे नाथ आपको यह ज्ञातयाद है कि रात्रिकेसमय देवीकेमंदिरके बाहर आकाशवाणी ने कहाथा कि एकमहीने पीछे तुम फिर यहाँ आना वह महीना तो आज व्यतीतहुआ और आप उस बातको भूलगये अपनी प्रियाके यह वचन सुनकर विदूषक उस आकाशवाणी को स्मरण करके बड़ा प्रसन्नहुआ और बोला हे प्रिये तुमने खूब यादरक्खी मैंभूलगयाथा यह कहकर उसने अपनी प्रियाको आलिङ्गनरूप इनामदिया २०९ इसके उपरान्त राजकन्या के सोजानेपर विदूषक अपने खड्गको लेकर महलसे बाहरहोकर देवीजीके मंदिरकोचला वहाँ जाकर उसने बाहरसेही यह कहा कि मैं विदूषक आ-याहूं तब भीतरसे यह शब्दहुआ कि भीतर चलेआओ यह किसीके वचन उसने सुने तब भीतर जाकर विदूषकने एक दिव्यस्थानदेखा और उसस्थानमें दिव्यठाटवाली एक महासुन्दर कन्या देखी यह कन्या क्या थी मानो अपनेप्रकाशसे अन्धकारकी नाशकरनेवाली रात्रिकेसमय प्रकाशमान शिवजीके कोपकी अग्निसे जलेहुए कामकी संजीवनी ओषधहीथी यह देखकर आश्चर्य युक्तहोनेवाले विदूषकको उसने बड़ेस्नेह और आदर सत्कारसे अत्यन्त प्रसन्नकिया तब उसके प्रेमको देखकर विदूषक विश्वास पूर्वक

वहाँ बैठे और उसे उसके वृत्तान्त जानने की इच्छाहुई तब वह कन्याबोली कि मैं विद्याधरों के कुलमें उत्पन्न हुईहूं और भद्रामेरानामहै अपनी इच्छापूर्व्वक घूमतीहुई मैंने उसदिन तुमको यहाँदेखाथा तुम्हारे गुणोंको देखकर मेरा चित्त तुमपर आसक्तहोगया तब मैंनेही तुमको बुलाने के लिये अदृश्य वाणी से कहाथा और आजभी मैंनेही मंत्रका प्रयोग करके उस कन्याकेद्वारा तुमको याद दिलाईथी २१८ अब तुम्हारेलिये मैं यहाँ स्थितहूं तो मैं यह अपना शरीर तुम्हारे अर्पण करतीहूं तुम मेरा पाणिग्रहणकरो उस भद्रानाम विद्याधरीके यहवचन सुनकर विदूषकने उस्से गान्धर्व विवाह करलिया और अपने पुरुषार्थकी फल सिद्धरूपी उस विद्याधरी के साथ दिव्यभोगों को पाकर वहीं रहनेलगा इस बीचमें प्रातःकाल के समय वह राजकन्या जागी और वहाँ अपने पतिको न देखकर महाव्याकुल होगई फिर नेत्रों में आँसू भरीहुई विह्वल होकर गिरती परती वह राजपुत्री अपनी माताके पासगई और अपने अपराधसे डरकर तथा पश्चात्ताप करके मातासे वोली कि आज मेरापति रात्रिके समय कहीं चलागया तब उसकी माता स्नेहसे बहुत घबरागई और राजाभी वहाँ आकर इसबातको सुनके बहुत घबरागया २२५ इसके उपरान्त राजकन्याने यहकहा कि मुझे मालूम होताहै कि मेरापति श्मशानमें जो देवीका मंदिरहै वहाँ गयाहोगा यह सुनकर राजा आप वहाँगया परन्तु विद्याधरी की विद्या के प्रभाव से छिपाहुआ विदूषक राजा को बहुत ढूंढ़नेपरभी नहीं मिला तब राजाके लौट आनेपर निराशहोकर वह राजकन्या अपना शरीर त्याग करने को तैयारहुई उससमय किसी ज्ञानी ने आकर उस्से कहा कि तुम कोई बुराई का सन्देह मतकरो तुम्हारापति दिव्य आनन्दों को भोगताहुआ वर्त्तमानहै थोड़ेदिनों में तुमको मिलजायगा उसज्ञानी के यह वचन सुनकर अपने पतिके फिर मिलजाने की आशासे राजकन्याने अपना शरीर त्याग नहींकिया इसबीचमें उस विद्याधरी के पास रहतेहुए विदूषकके यहाँ उस भद्राकी कोई योगेश्वरीनाम सखीआई उसने भद्राको एकान्तमें लेजाकरकहा कि हे सखी मनुष्यके सत्संगसे विद्याधरलोग तुमपर नाराजहैं और तुम्हारे साथ कोई बुराईभी कियाचाहते हैं इसलिये तुमयहांसे चलीजाओ पूर्व समुद्रके पार कर्कोटकनाम शहर है उसशहर के आगे शीतोदानाम एकबड़ी पवित्रनदी है और उसनदी के पार सिद्धों के रहनेका स्थान एकउदयनाम पर्व्वतहै उसपर्व्वतपर विद्याधरलोग नहींजासक्ते हैं इससे तुम अभी वहींचलीजाओ और इसअपने प्यारे मनुष्यके लिये कोई चिन्तामतकरो २३५ अपना सब वृत्तान्त इसमनुष्य से तुमकह जाना जिससे कि पीछेसे यह वीर पुरुषभी तुम्हारे पास वहींचलाआवेगा अपनी सखीके यहवचनसुनकर भद्रा यद्यपि विदूषकसे बड़ा स्नेहकरतीथी तथापि भयभीतहोकर उसने अपनी सखीके वचनमानलिये फिर उसने विदूषकसे अपनी सबबातें कहकर उसेअपनी अंगूठीदेदी और रात्रिके व्यतीतहोनेपर वहअन्तर्द्धान होगई तब क्षणभरके बाद विदूषकने अपनेको उसशून्य देवीके मंदिरमें बैठाहुआपाया न वहां भद्राथी और न वह दिव्य मंदिरथा उसविद्या के जालको स्मरणकरताहुआ और उस अंगूठीको देखताहुआ विदूषक खेद तथा आश्चर्यको प्राप्तहुआ फिर उसने स्वप्नकेसमान उसविद्याधरी के वचनों को स्मरणकरके अपने चित्तमें कहा कि वह मुझे उदयपर्व्वतपर बुलागई है इससे मुझे शीघ्रही उससे मिलने के लिये वहांजाना

चाहिये परन्तु लोगोंके देखनेसे जोराजा मुझे सुनपावेगा तो नहींछोड़ेगा इससे यहांपर मैं कोई युक्तिकरूं तो मेरा कार्य्यसिद्धहोय यहशोचकर उसने अपना वेषबदलडाला फटेकपड़े पहनकर और शरीरमें धूल लपेटकर विदूषक उसदेवी के मंदिरसे हायभद्रे २ यहकहताहुआ निकला २४४ उससमय विदूषक को देखकर उसदेशके रहनेवाले लोग यह वही विदूषकहै यहवही विदूषकहै ऐसा कोलाहल मचानेलगे यह खबरसुनकर राजाने खुदआकर सिड़ीकीसी चेष्टामें उस विदूषकको देखा और पकड़वाके उसे अपनेमहल में लेगया वहां स्नेहसे व्याकुल सेवक तथा बंधुओं ने उससे जो कुछ कहा उसने उसका हा भद्रे हा भद्रे यही उत्तरदिया वैद्यों के बतायेहुए तैलों के मर्द्दनकरनेपरभी वह उसीसमय अपने शरीरमें बहुतसी धूल लपेटलेताथा राजकन्या बड़ेस्नेहसे जो कुछ उत्तम भोजनलाती थी उसे विदूषक लातमारकर फेंकदेता था इसप्रकारसे अपनेवस्त्रों को फाड़ताहुआ विदूषक उन्मत्तोंकीसी चेष्टामें कुछ दिन वहांरहा तब राजा आदित्यसेनने यहशोचा कि यह अच्छाहोता मालूमनहींहोता क्योंकि इसके अच्छेहोनेका कोई यत्न नहीं है तो क्यों इसे व्यर्थ क्लेशदेनाचाहिये और शायद इसीतौरपर इसके प्राण निकलजायँ तो ब्रह्म-हत्याहोगी और स्वतन्त्रतापूर्वक घूमनेसे शायद कुछकालमें यहअच्छाभी होजाय यहशोचकर राजाने उसे छुड़वा दिया २५२ तब विदूषक अंगूठीलेकर दूसरे दिन स्वच्छन्दतासे भद्राके पास पहुँचने को चला रोज २ पूर्व दिशामें जाते २ एकदिन मार्ग में उसे पौण्ड्रवर्द्धननाम शहरमिला वहां किसी वृद्धाब्राह्मणी से इसने यहपूछा कि हे माता आज रात्रिभर में तुम्हारे यहां रहजाऊं यहकहकर उसके घरमेंगया तबउस ने भी उसका अतिथि सत्कारकरके उसकेरहनेको अपनेघरमें जगहदी फिर क्षणभरके उपरान्त दुःख से भरीहुई उसब्राह्मणी ने विदूषकसे आकरकहा कि हे पुत्र मैंने यह अपना सम्पूर्णघर तुमको देदिया तुम इसेलेलो क्योंकि मैं अबनहीं जीऊंगी तब विदूषकनेपूछा कि तुम ऐसा क्योंकहतीहो यहसुनकर वहवृद्धा बोली कि सुनो मैं तुमसे सबवृत्तान्त कहतीहूं २५८ हे पुत्र इसनगरमें देवसेननामराजाहै इसराजाके एक बहुतसुन्दरकन्या उत्पन्नहुई तब राजाने बड़ेप्रेमसे बड़ेदुःखसे पाने केकारण उसकन्याकानाम दुःखलब्धि-कारक्खा समयपाकर जब वहकन्यातरुणहुई तबराजाने कच्छपनाथ राजाकोबुलाकर उसकेसाथ कन्या का विवाह करदिया वह कच्छपनाथ जिससमय उसकन्याके रहनेके स्थानमेंगया उसीसमय उसके प्राण निकलगये तब राजाने दुखीहोकर किसी अन्यराजाके साथ उसका विवाहकरदिया और वहभी उसीप्र-कारसे मरगया इसभयसे जब अन्य राजालोग उसकेसाथ विवाहकरनेको नहीं इच्छाकरतेभये तब राजा ने अपने सेनापतिको यह आज्ञादी कि इसदेशसे क्रमपूर्वक एक २ आदमी एक २ घरसे ब्राह्मण अथवा क्षत्री रोजलाओ और लाकर उसे रात्रिमें मेरीकन्याके यहां भेजो मैं देखूं तो कितने आदमी यहां आ-कर मरतेहैं जो पुरुष यहां बचजायगा वही इसकापतिहोगा क्योंकि अद्भुत कार्य्यवाले ब्रह्माकी गतिको कोई नहीं टालसक्ताहै २६७ राजाकी यह आज्ञापाकर सेनापति प्रतिदिन क्रमसे एक आदमीको घरोंसे लेजाताहै इसप्रकारसे सैकड़ोंआदमी वहां जा २ कर मरगये मुझ पापिनी के एकही पुत्रहै आज उसपुत्र की वहां मरनेजानेकी बारी है उसके मरजाने पर प्रातःकाल में आगमें जलजाऊंगी इसलिये अपने

जीतेजी मैं यह सत्र अपना घर तुम्हें इसी निमित्त दियेदेतीहूं जिससे कि मुझे दूसरेजन्ममें दुःख न होवे उसके यह वचनसुनकर बुद्धिमान्धीर विदूषकनेकहा कि हे माता जो ऐसाहै तो तुम मतघबराओ आज मैं वहां जाऊंगा जिससे तुम्हारा यह पुत्रजीतारहे और यहशोचकर कि मैं इसेक्योंमखाऊं मेरेऊपर दया मतकरो क्योंकि सिद्धिके वलसे वहां जाने से मुझे कुछ भयनहीं है विदूषकके यह वचनसुनके वह ब्राह्मणी बोली कि तुम मेरे पुण्यसे आयेहुए कोई देवताहो तो हे पुत्र तुम हमारे प्राणोंकी रक्षाकरो और अपनेको भी वचाना २७५ इसप्रकार उसवृद्धासे सलाहकर सायंकालके समय सेनापतिके नौकरकेसाथ वह विदूषक राजकन्याके घरकोगया वहां जाकरउसने पुष्पों के गुच्छों के भारसे झुकीहुई लताकेसमान योवनकेमदसे उन्मत्त राजकन्यादेखी तब रात्रिके समय राजकन्याके पलँगपर लेटजानेपर ध्यानकरनेसे आयेहुए खड्गको अपने हाथमें लेकर विदूषक उसमंदिरमें इसलिये जागतारहा कि मैं देखूं यहां मनुष्यों को कौन मारडालताहै सम्पूर्ण मनुष्यों के सोजानेपर एकवड़ाघोर राक्षस किवाड़े खोलकर दरवाजेपर दिखाईदिया उसराक्षसने दरवाजेपरही खड़े २ सैकड़ोंमनुष्यों के मारनेवाली अपनीभुजा उसघरके भीतर डाली तब विदूषकने दौड़कर क्रोधसे खड्ग के एकहीप्रहारसे वह भुजाकाटडाली भुजाके कटजानेपर विदूषकके पराक्रमसे डराहुआ राक्षस फिर कभीनहींआनेका विचारकरके वहां से भागगया २८३ फिर राजकन्याने जगकर उसराक्षसकी कटीहुई और पृथ्वी में पड़ीहुई भुजादेखी तब उसे भय हर्ष तथा आश्चर्य यह तीनों एकसाथही हुए प्रातःकाल राजा देवसेनने अपनी कन्याके महलके दरवाजेपर वह कटीपड़ीहुई भुजादेखी वह भुजा क्याथी मानो विदूषकने वड़ाभारी बेलन इसलिये लगादियाथा कि अब आज से यहां कोई अन्यपुरुष न आवे तब राजाने दिव्यप्रभाववाले विदूषक के साथ प्रसन्नता पूर्वक बहुतसा धनदेकर अपनी कन्याका विवाहकरदिया विदूषक साक्षात् संपत्तिके समान उसकन्याके साथ कुछ दिन वहांरहा एकदिन सोईहुई राजकन्याको छोड़कर विदूषक भद्रासे मिलनेको वहांसे रात्रिके समयचला प्रातःकाल वह राजकन्या विदूषकको न देखकर बहुतदुखितहुई तब उसके पिताने विदूषकके फिर लौट आनेकी आशासे उसकन्याको सावधानकिया २६० विदूषकभी प्रति दिन चलताहुआ क्रमसे पूर्व समुद्रके निकट ताम्रलिप्तिकानाम नगरी में पहुँचा वहांजाकर उसने समुद्रके पारजानेवाले किसी स्कन्ददासनाम वणियेसे मेलकिया और उसी वणियेके साथ बहुत धनसेभरेहुए जहाजपर चढ़कर समुद्रमें चला वह जहाज समुद्रकेवीचमें जाकर किसीचीजमें अटककर चलते २ रुकगया फिर रत्नादिसे समुद्रका पूजनकरनेपर भी जब वह जहाज न चला तब स्कन्ददास बहुतदुखीहोकर बोला कि जो इस मेरे जहाज को छुड़ाकर चलादेवे उसे मैं अपना आधाधन और अपनी कन्यादूं यहसुनकर धैर्यवान् विदूषकबोला कि मैं समुद्रके भीतरघुसकर समुद्रकेजलको देखकर तुम्हारे जहाजको अभी चलाय देताहूं तुमलोग मुझे रस्सी में बाँधकर लटकादो और रस्सियां मजबूती से पकड़ेरहना जब जहाजचलनेलगे तब तुम मुझे पानी में से [illegible] ने विदूषकके वचन [illegible] और मल्लाहों ने विदूषककी कांख में रस्सीबाँधी [illegible]

नहीं चूकते हैं ) समुद्रके भीतर ध्यानकरने से आयेहुए अपने खड्गको हाथमें लेकर वीरविदूषक जहाज़के नीचेगया वहांजाकर उसनेदेखा कि एकवड़ाभारी पुरुषसोरहाहै और उसीकीजांघ में जहाजरुका हुआहै तबविदूषकने अपनेखड्गसे उसकी जांघकाटडाली और वहजहाज वेरोकके चलदिया जहाज को चलाहुआ देखकर उसपापीवणियेने धनकेदेनेके लोभसे वहरस्सीकटवादी तबछुटेहुए अपने चरित्र के समान उसजहाजसे वहवणिया अपने वहुत लोभके समान वहुतवड़े समुद्रकेपारगया ३०६ कटीहुई रस्सियोंको पकड़ेहुए विदूषकभी समुद्रकेऊपरतैरआया और अपनी यहदशादेखकर वहधीरपुरुषशोचने लगा कि इसवणियेने यहक्याकिया अथवा इसमें कहनाहीक्याहै क्योंकि धनकेलोभसे अन्धे कृतघ्नी पुरुषउपकारको नहीं देखसक्तेहैं तोयहसमय घवरानेकानहीं है क्योंकि घवरानेसे मनुष्य थोड़ीसी आपत्तिकोभी नहीं दूरकरसक्ता यह शोचकर उसने जोपानीके भीतर पुरुषकी टांगकाटीथी उसीपरचढ़ा और अपने हाथों से समुद्रके जलको हटाताहुआ उसीजांघको नौकाके समान वनाकर समुद्रके पारपहुंचा ठीकहै ( दिलेरपुरुषोंका भाग्यही सहायकहोताहै ) महावीरजीके समान रामार्थ ( रामके निमित्त और रामा अर्थात् स्त्री के निमित्त ) समुद्रके पारआयेहुए वलवान् विदूषकको यहआकाशवाणीहुई कि स्यावास २ हेविदूषक तुझसेवढ़कर कौनदिलेर होसक्ताहै तुम्हारे इसधैर्य्य से मैं वहुतप्रसन्नहूं तो तुमसुनो कि इसनग्नदेशमें तुम आगयेहो और यहांसेचलकर सातदिनमें कर्कोटकनगरमें पहुंचोगे वहांसे धैर्य्यपूर्वक जाकर शीघ्रही तुम्हारा मनोरथ पूर्णहोजायगा और मैं पहले तुमसे आराधनकियाहुआ अग्निदेवताहूं अवहमारे वरदानसे तुम्हेंक्षुधा और तृषाकीवाधा न होगी तो तुम विश्वासपूर्वक अपने कार्य्य के सिद्ध करनेकोजाओ यहकहकर वहआकाशवाणी वन्दहोगई ३१६ यहसुनकर अग्निको प्रणामकरके विदूषक हर्षपूर्वकवहांसेचला और सातवेंदिन कर्कोटकनगरमें पहुंचा वहांजाकर विदूषक एकमठमेंगया उसमठमें अनेक देशों से आयेहुए अभ्यागत श्रेष्ठ ब्राह्मणरहतेथे वहमठवहां के आर्य्यवर्म्मा नाम राजाने अनेक सुन्दर २ सुवर्णकी देवताओंकी मूर्त्तियोंसमेत वनवायाथा उसमठमें संपूर्ण ब्राह्मणोंसे सत्कार कियेहुए विदूषकको एकब्राह्मणने घरके भीतरलेजाकर स्नानभोजन तथा वस्त्रसेसन्तुष्टकिया सायंकालके समय उसमठमें वैठेहुए विदूषकने उसनगरमें यहढंढोरा पिटताहुआसुना कि जोकोई ब्राह्मण अथवा क्षत्री प्रातःकाल राजकन्याकेसाथ विवाहकरनाचाहे वह आजरात्रिको उसके यहांरहै यह सुनकर विदूषकनेजाना कि इसमें कोईकारण है यहशोचकर उससाहसीने राजकन्याके यहां जानेकी इच्छाकरी ३२३ तवमठके ब्राह्मण विदूषकसेवोले कि हेब्राह्मण साहसमतकरो वहराजकन्याका घरनहीं है वहतो मृत्युका खुलाहुआ मुखहै जोरात्रिकेसमय वहांजाताहै वहनहींजीताइसप्रकारसे वहुतसेसाहसीपुरुषयहांमरचुकेहैं उनब्राह्मणों के कहनेपरभी उनकेवचन न मानकर विदूषकराजाके नौकरोंकेसाथ राजाकेयहांगया वहांआपराजाआर्य्यवर्म्माने विदूषकको देखकर उसकी वड़ीखातिरकी और रात्रिके समय जैसेसूर्य्य अग्निमेंजातेहैं उसीप्रकार विदूषक राजकन्याके महलमेंगया वहां विदूषककी आकृतिको देखकर राजकन्याको वड़ाअनुरागहुआ और निराशहोकर दुःखसेनेत्रोंमें आंसूभरके उसेदेखनेलगी राजकन्याकी यहदशादेखकर ध्यानकरनेसे

आयेहुए अपने खड्गको हाथमें लेकर विदूपकरात्रिमें इधर उधर देखताहुआ जागताहीरहा एकाएकी एकवड़ा घोरराक्षस द्वारपरदिखाईदिया उसराक्षसकी दाहिनीभुजाकटीथी इस्से उसने अपना बायां हाथ उसघरके भीतरफैलाया यहदेखकर विदूपकने शोचा कि यह वहीराक्षसहै जिसका दाहनाहाथ मैंने पौंड्रवर्द्धन नगरमेंकाटाथा तो मैं आजइसकी भुजानहीं काटूंगा नहींतो यहपहलेकी तरह फिरभागजायगा इस्से इसको अच्छेहीप्रकारसे मारूंगा यहशोचकर विदूपकने दौड़कर उसके बालपकड़कर उसका शिरकाटना चाहा तव उसराक्षसने डरकर उस्सेकहा कि मुझेमतमारो मुझेमतमारो तुमबड़े बलवान्हो मेरेऊपरदया करो ३३४ तब विदूपकने उसेछोड़कर उस्सेपूँछा कि तुम्हारा क्यानाम है और तुम्हारा यह कैसाकामहै तव राक्षसबोला कि मेरायमदंष्ट्रनामहै मेरेदोकन्याहुई एकतो यह और दूसरी पौण्ड्रवर्द्धननगरमें है मुझे महादेवजीकी यहआज्ञाथी कि इनदोनोंराजकन्याओंको वीरतारहितपुरुषके संगसेवचाना तोपहले पौंड्रवर्द्धननगरमें एकपुरुषने मेरीएकभुजाकाटडालीथी और आजयहां तुमने हमकोजीतलिया अवमेरा वह कामसमाप्त होगया यहसुनकर विदूपकने हँसकर उस्सेकहा कि मैंनेही पौण्ड्रवर्द्धन में तेराहाथकाटाथा तव राक्षसबोला कि तुम मनुष्यनहींहो किसीदेवताका अवतारहो मैंजानताहूं तुम्हारेहीलिये मुझेमहादेवजीने यहआज्ञादीथी तो अवतुम हमारेमित्रहोगये जवतुम मेराध्यानकरोगे तव मैं संकटमेंभी तुम्हारा कार्य्य सिद्धकरनेको आऊंगा विदूपकने यहउसकी वातस्वीकारकरली इसप्रकार वह राक्षस विदूपक से मित्रताकरके अन्तर्द्धानहोगया ३४२ तवराजकन्याने बहुतप्रसन्नहोकर विदूपकके बड़ेपराक्रमकी प्रशंसा की और विदूपकने भी आनन्दपूर्व्वक वहरात्रिउसकेसाथव्यतीतकी प्रातःकाल राजाने यह संपूर्णवृत्तांत जानकर बड़ीप्रसन्नतासे वीरताकी पताकाकेसमान धनसमेत अपनीकन्या विदूपककोदी विदूपककुछदिन उसराजकन्याकेसाथ वहांरहा विदूपककेगुणोंसे प्रसन्नहुई वहलक्ष्मीकेसमान कन्या उसको एककदमभर भी अकेला अलगनहींछोड़तीथी एकदिन रात्रिकेसमय उसकन्याके सोजानेपर भद्राकी यादकरके विदूपक वहांसेभीचलाठीकहै दिव्यरसकास्वादलेकर अन्यरसों में किसकाचित्तलगताहै नगरसेबाहरनिकल कर विदूपकने उसराक्षसका स्मरणकिया स्मरणकरनेसे आयेहुए प्रणामकरतेहुए उसराक्षससेबोला कि मुझे भद्रानाम विद्याधरी के लिये उदयाचलपर सिद्धक्षेत्रमेंजानाहै इस्से हे मित्र तुममुझेवहींलेचलो उसने उसके वचनमानलिये और उसे अपने कन्धेपर बैठालकर रात्रिभरमें उसे दुर्गमसाठयोजनपरलेगया और प्रातःकाल मनुष्योंसे पारजाने के अयोग्य शीतोदानाम नदीसे पारहोकर वह राक्षसउदयाचलके पास विना परिश्रमकेपहुंचा और बोला कि यहउदयनामपर्व्वत तुम्हारे सन्मुखहै इसकेऊपर सिद्धक्षेत्रमें मेरी गतिनहीं है यहकहकर और आज्ञालेकर उसराक्षसके चलेजानेपर विदूपकने वहां एक बड़ीसुन्दरवावड़ी देखी ३५२ भ्रमरोंके गुंजारसे मानों स्वागतपूछतीहुई और प्रफुल्लितकमलरूपी मुखवाली उस वावड़ी के किनारेपर विदूपकवैठगया वहांपर विदूपकने स्त्रियोंकेचरणोंकी वड़ीलम्बीकतारदेखी वह पंक्ति मानों विदूपकसे कहतीथी कि तुम्हारी प्रियाके आनेका यहीमार्ग है तव विदूपकने वहांयहशोचा कि इसपर्व्वत पर मनुष्यतो जानहींसक्ते हैं इस्से यहठीकहै कि मैं थोड़ीदेरतक यहांठहरूं और देखूं कि यह किसके पैरों

की पंक्तिहै ३५५ उसके यह विचारकरतेही करतें बहुतसी सुन्दर २ स्त्रियां सुवर्ण के घड़ले लेकर जलभरने को आईं जब वह जलभरचुकीं तब विदूपकने नम्रतापूर्व्वक उनसेपूछा कि यह जल किसके लिये तुम भर कर लियेजातीहो उनस्त्रियों ने कहा कि यहां पर्व्वतपर भद्रानाम विद्याधरी रहती है उसी के स्नानकेलिये यह जल हमलियेजाती हैं बड़ाआश्चर्य्य है कि बड़े कठिनकार्य्योंके करनेवाले धीरपुरुषोंपर प्रसन्नहोके ब्रह्माही उसकेयोग्य सामग्रियोंको इकट्ठाकरदेते हैं तब उन स्त्रियोंमें से एकस्त्रीविदूपकसेबोली कि हेमहाभाग यहघड़ा मेरेकन्धेपर रखवादो विदूपकने उसकेकहने से घड़ा उसके कन्धेपररखवादिया और भद्राकीदीहुई अंगूठीभी,उसीघड़ेमेंडालदी फिर विदूपकतो उसीबावड़ी के किनारेपर बैठगया और वह स्त्रियां जललेकर भद्राकेयहांचलीगईं ३६२ वहांजाकर वहभद्राको स्नानकेलिये जब जलदेनेलगीं तबवहअंगूठी भद्राकीगोद मेंघड़ेसेगिरपड़ी उसअंगूठीकोदेखके और पहचानकर भद्राने अपनी सखियोंसेपूछा कि आज क्या तुमने यहां कोई अपूर्व्वपुरुषदेखाहै तब उनस्त्रियोंनेकहा कि बावड़ीकेकिनारेपर एकतरुणपुरुषबैठाहै और उसीने यह मेराघड़ाभी कन्धेपर रखवादियाहै यहसुनकर भद्राने कहा कि शीघ्रहीउसको स्नानकराके और वस्त्राभूषणपहराके यहांलेआओ वह मेरापतिहै भद्राकी यह आज्ञापाकर उनस्त्रियोंने जाके विदूपकसे यह सब वृत्तांतकहा और वह सब स्नानकराके वस्त्रालंकारयुक्त उसे वहां लिवालेगईं विदूपकने वहांजाकर अपनी वीरतारूपीवृक्षकी साक्षात्पकीहुई फलीकेसमान बहुतकालसे इन्तजारकरनेवाली भद्राकोजाकरदेखा भद्रा भी उसेदेखकर उठकेहर्पकेआंसुओंसे मानों अर्घदेतीहुई उसकेगलेमें अपनीभुजारूपी मालाडालाकर चिपटगई उससमय उनदोनोंके परस्पर बहुत दबाकर आलिङ्गनकरनेसे स्वेदके बहानेसे मानों बहुतदिनोंका इकट्ठाहुआ स्नेह दबकर टपकपड़ा ३७० इसके उपरान्त बैठकर वह दोनों परस्पर देखने से तृप्त नहीं हुए और उनकी उत्कण्ठा पूर्व्वसेभी सौगुनी बढ़गई उससमय भद्राने विदूपक से पूंछा कि तुम इतनी दूर कैसे आयेहो तब विदूपकबोला कि तुम्हारे स्नेहके सहारेसे प्राणोंकेभी सन्देहोंमें फँसकर इतनीदूर चलाआयाहूं और मैं तुमसे क्याकहूं यह सुनकर और प्राणोंसेभी अधिक उसका स्नेह अपने ऊपर देखकर भद्राको उस पर बहुत स्नेहबढ़ा और बोली कि हेआर्य्यपुत्र मुझे अब इन सखियों से और सिद्धियों से कुछ काम नहीं है तुम्हीं मेरे प्राणहो और मैं तुम्हारी गुणोंसे खरीदीहुई दासीहूं तब विदूपकनेकहा कि अगर ऐसाहै तो तुम इस दिव्य ऐश्वर्य्यको छोड़कर हमारे साथ चलकर उज्जयिनी में रहो भद्राने उसी समय उसके वचन मान लिये और ऐसा विचारकरनेसे नष्टहुई विद्याओंका तृणकेसमान त्यागकर दिया ३७७ विदूपक उस दिन तो रात्रिभर अपनी प्रियाके साथ वहींरहा और योगेश्वरी नाम भद्राकीसखीने उसकी बड़ीखातिरकरी फिर प्रातःकाल भद्रासमेत उस पर्व्वतसे उतरकरउसने यमदंष्ट्रनाम राक्षसका स्मरणकिया स्मरण करनेसेआये हुए राक्षससे अपने जानेका मार्ग बताके विदूपक भद्रासमेत उसराक्षसके कन्धेपरचढ़ा और राक्षसपरचढ़ के वहांसे चलाहुआ भद्रासमेत कर्कोटकपुर में पहुंचा वहांराक्षसको देखकर लोग बहुतडरे और विदूपकने आर्य्यवर्मा नाम राजासे उसकी कन्या अपनी स्त्री मांगी राजाने अपनीकन्या उसेदेदी और विदूपकभी अपने बाहुबलसे पाईहुई उसराजकन्याको लेकर उसीराक्षसपर चढ़के वहांसेभी चला समुद्रके किनारे पर

आयेहुए अपने खड्गको हाथमें लेकर विदूषकरात्रिमें इधर उधर देखताहुआ जागताहीरहा एकाएकी एकबड़ा घोरराक्षस द्वारपरदिखाईदिया उसराक्षसकी दाहिनीभुजाकटीथी इस्से उसने अपना बायां हाथ उसघरके भीतरफैलाया यहदेखकर विदूषकने शोचा कि यह वहीराक्षसहै जिसका दाहनाहाथ मैंने पौंड्रवर्द्धन नगरमेंकाटाथा तो मैं आजइसकी भुजानहीं काटूंगा नहींतो यहपहलेकी तरह फिरभागजायगा इस्से इसको अच्छेहीप्रकारसे मारूंगा यहशोचकर विदूषकने दौड़कर उसके बालपकड़कर उसका शिरकाटना चाहा तब उसराक्षसने डरकर उस्सेकहा कि मुझेमतमारो मुझेमतमारो तुमबड़े बलवान्हो मेरेऊपरदया करो ३३४ तब विदूषकने उसेछोड़कर उस्सेपूँछा कि तुम्हारा क्यानाम है और तुम्हारा यह कैसाकामहै तब राक्षसबोला कि मेरायमदंष्ट्रनामहै मेरेदोकन्याहुईं एकतो यह और दूसरी पौण्ड्रवर्द्धननगरमें है मुझे महादेवजीकी यहआज्ञाथी कि इनदोनोंराजकन्याओंको वीरतारहितपुरुषके संगसेबचाना तोपहले पौंड्रवर्द्धननगरमें एकपुरुषने मेरीएकभुजाकाटडालीथी और आजयहां तुमने हमकोजीतलिया अबमेरा वह कामसमाप्त होगया यहसुनकर विदूषकने हँसकर उस्सेकहा कि मैंनेही पौण्ड्रवर्द्धन में तेराहाथकाटाथा तब राक्षसबोला कि तुम मनुष्यनहींहो किसीदेवताका अवतारहो मैंजानताहूं तुम्हारेहीलिये मुझेमहादेवजीने यहआज्ञादीथी तो अबतुम हमारेमित्रहोगये जबतुम मेराध्यानकरोगे तब मैं संकटमेंभी तुम्हारा कार्य्य सिद्धकरनेको आऊंगा विदूषकने यहउसकी बातस्वीकारकरली इसप्रकार वह राक्षस विदूषक से मित्रताकरके अन्तर्द्धानहोगया ३४२ तबराजकन्याने बहुतप्रसन्नहोकर विदूषकके बड़ेपराक्रमकी प्रशंसा की और विदूषकने भी आनन्दपूर्व्वक वहरात्रिउसकेसाथव्यतीतकी प्रातःकाल राजाने यह संपूर्णवृत्तांत जानकर बड़ीप्रसन्नतासे वीरताकी पताकाकेसमान धनसमेत अपनीकन्या विदूषककोदी विदूषककुछदिन उसराजकन्याकेसाथ वहांरहा विदूषककेगुणोंसे प्रसन्नहुई वहलक्ष्मीकेसमान कन्या उसको एककदमभर भी अकेला अलगनहींछोड़तीथी एकदिन रात्रिकेसमय उसकन्याके सोजानेपर भद्राकी यादकरके विदूषक वहांसेभीचलाठीकहै दिव्यरसकास्वादलेकर अन्यरसों में किसकाचित्तलगताहै नगरसेबाहरनिकलकर विदूषकने उसराक्षसका स्मरणकिया स्मरणकरनेसे आयेहुए प्रणामकरतेहुए उसराक्षससेबोला कि मुझे भद्रानाम विद्याधरी के लिये उदयाचलपर सिद्धक्षेत्रमेंजानाहै इस्से हे मित्र तुममुझेवहींलेचलो उसने उसके वचनमानलिये और उसे अपने कन्धेपर बैठालकर रात्रिभरमें उसे दुर्गमसाठयोजनपरलेगया और प्रातःकाल मनुष्योंसे पारजाने के अयोग्य शीतोदानाम नदीसे पारहोकर वह राक्षसउदयाचलके पास बिना परिश्रमकेपहुंचा और बोला कि यहउदयनामपर्व्वत तुम्हारे सन्मुखहै इसकेऊपर सिद्धक्षेत्रमें मेरी गतिनहीं है यहकहकर और आज्ञालेकर उसराक्षसके चलेजानेपर विदूषकने वहां एक बड़ीसुन्दरबावड़ी देखी ३५२ भ्रमरोंके गुंजारसे मानों स्वागतपूछतीहुई और प्रफुल्लितकमलरूपी मुखवाली उस बावड़ी के किनारेपर विदूषकबैठगया वहांपर विदूषकने स्त्रियोंकेचरणोंकी बड़ीलम्बीकतारदेखी वह पंक्ति मानों विदूषकसे कहतीथी कि तुम्हारी प्रियाके आनेका यहीमार्ग है तब विदूषकने वहांयहशोचा कि इसपर्व्वत पर मनुष्यतो जानहींसक्ते हैं इस्से यहठीकहै कि मैं थोड़ीदेरतक यहांठहरूं और देखूं कि यह किसके पैरों

दिग्विजयकीजिये यौगन्धरायणके यहवचनसुनकर राजाबोला कि यहतो ठीकहै परन्तु कल्याणके सिद्ध होने में बहुतसे विघ्नहोते हैं इससे दिग्विजयके लिये में तपस्याकरके महादेवजीका आराधनकरूं क्योंकि विना शिवजीकी कृपाके मनोरथकी सिद्धिनहीं होसक्ती है यहसुनकर जैसे समुद्रमें सेतुबांधने के समय रामचन्द्रजीके वचन कपीश्वरोंने मानेथे उसीप्रकार मंत्रियोंनेभी राजाके तपकरने के विचारको स्वीकार करलिया इसके उपरान्त दोनों रानी और मन्त्रियों समेत तपकरनेको बैठेहुए राजासे तीनदिनके व्रत के उपरान्त स्वप्नमें शिवजीने रात्रिके समय यहकहा कि तुम्हारे ऊपर मैं प्रसन्नहूं अब तुम तपछोड़दो तुम्हारी निर्विघ्नतासे जयहोगी और थोड़ेही दिनों में तुम्हारे पुत्रहोगा वहसम्पूर्ण विद्याधरोंका राजाहो-गा जब राजाकी निद्राउछटगई और सूर्य्यकी किरणों से तृप्तहुए प्रतिपदाके चन्द्रमाके समान शिवजी की कृपासे राजाव्रतके क्लेशसे निवृत्त होगया तब प्रातःकाल राजाने स्वप्नकहकर मन्त्रियोंको और व्रत करने से शिथिल होनेवाली पुष्प के समान कोमल दोनों रानियोंको प्रसन्न किया ६ सुनने के योग्य इसस्वप्नके वर्णन को सुनकर तृप्तहुई दोनों रानियों को वहव्रत आगे होनेवाले ऐश्वर्य्य की औषध के समान होगया और तपसे राजाका प्रभाव अपने पुरुषों के समान होगया तथा राजाकी रानियोंकी कीर्त्ति अन्य प्राचीन पतिव्रताओं के समान परमपवित्रहोगई जब राजाने उसव्रतका पारण किया तब पुरमें बड़ाउत्सवहुआ फिर उत्सव के दूसरेदिन यौगन्धरायणने राजासे कहा कि हे राजा तुम धन्यहो क्योंकि तुम्हारेऊपर श्रीशिवजी इसप्रकारसे प्रसन्नहुएहैं तो अब तुम शत्रुओंकोजीतकर अपने भुजाओं के बलसे उपार्ज्जितकीहुई लक्ष्मीका भोगकरो अपने धर्म से उपार्जनकीहुई लक्ष्मी राजालोगोंके वंशमें स्थिररहती है क्योंकि अपने धर्म से उपार्ज्जितकीहुई लक्ष्मीकानाशनहींहोता और इसी से बहुत दिनसे नष्टहुई आपके पुरुषोंकी निधि पृथ्वी में गड़ीहुई आपकोमिली इसीविषयपर में आपको एक कथा सु-नाताहूं १५ पाटलिपुत्रनाम नगरमें किसी महाधनवान् वणियेका एकदेवदासनाम पुत्रथा वह पौण्ड्रव-र्द्धननाम नगरसे किसी बड़ेधनवान् वणियेकी कन्या विवाहलायाथा पिताके मरजानेपर देवदास धीरे२ जुएमें सब धनहारगया तब उसका श्वशुर अपनीकन्याको दरिद्रसे बहुतदुखी देखकर वहांसे पौण्ड्रवर्द्ध-नमें अपने घरलेगया धीरे २ विपत्तिसे व्याकुल देवदासभी रोजगारकरनेकी इच्छासे अपने श्वशुरसे धनमांगनेकोचला सायंकालकेसमय पौण्ड्रवर्द्धन नगरमें पहुँचकर अपनेको धूलमें लिप्त बुरेवस्त्रधारण कियेहुये देखकर देवदासने शोचा कि इसप्रकारसे मैं अपने श्वशुरकेयहां कैसेजाऊं क्योंकि कहाभी है कि ( वरंहिमानिनोमृत्युर्नदैन्यंस्वजनाग्रतः ) अर्थात् मानीपुरुषका मरजानाअच्छाहै परंतु अपने सम्बं-धियों के आगे दीनताकरना अच्छानहीं यह शोचकर बाजारमेंजाके किसी दुकानकेबाहर रात्रिकेसमय कमलकेसमान मुरझाकर वह बैठरहा २३ क्षणभरकेहीपीछे उसने देखा कि कोई जवानवणिया उसदुकान के किवाड़खोलकर भीतरचलागया और क्षणभरकेहीपीछे उसीदूकानमें एक स्त्री बहुत धीरे२ पैररखतीहुई जल्दी से उसीदूकानमेंचलीगई जब दीपकके उजयाले में देवदासने दूकानके भीतरदेखा तो उसे मालूम हुआ कि यह तो मेरीही स्त्री है तब किवाड़ेबन्दकरके अन्य पुरुषके साथ संभोगकरने के लिये गईहुई

जाके विदूपकने उसपापी वणियेको पाया जिसने समुद्रमें पड़ेहुए इसकी रस्सी काटदीनीथी और धन समेत उस वणियेकी कन्यालेली क्योंकि पहले उसने समुद्रमें जहाजके छुटानेके निमित्त अपनेआधेधन समेत अपनीकन्या देनीकी थी और धनका छीनलेनाही विदूपकने उसका मारडालना समझा क्योंकि प्रायः नीचलोगोंको धन प्राणसेभी अधिक प्याराहोताहै ३८७ इसके उपरान्त विदूपक उसराक्षसपरभद्रा राजकन्या तथा वणियेकीकन्या समेत चढ़कर आकाश मार्गसेचला और अपनी स्त्रियोंको सत्त्वों (जीव तथा पराक्रम) के वेगसे युक्त अपने पराक्रमके समान समुद्रको दिखाताहुआ समुद्रके पारआया और वहांसे उस पौण्ड्रवर्द्धन नाम नगरमें पहुंचा वहां राक्षसपर चढ़ेहुए विदूपक को देखकर लोगोंको बड़ा आश्चर्य हुआ फिर राक्षसकी भुजाकाटनेसे मिलीहुई बहुतदिनों से उत्कंठित राजादेवसेनकी कन्याको विदूपकने जाकर प्रसन्न किया और राजाके रोकनेपर भी अपने देशकी उत्कंठा से राजकन्याको लेकर उसी राक्षस पर चढ़करचला और थोड़ेही समयमें उसराक्षस के प्रभावसे उज्जयिनीपुरी में जापहुंचा वह पुरी क्याथी मानों बाहर निकलीहुई अपने देश के देखने की साक्षात् प्रसन्नताथी कन्धेपर बैठीहुई स्त्रियोंकी कान्तिसे प्रकाशित शरीरवाले राक्षसपर चढ़ेहुए विदूपकको लोगों ने जाज्वल्यमान ओष-धियों से युक्त उदयाचलके शिखरपर चन्द्रमाके समान देखा इसके उपरान्त उसे देखकर लोगों के डरनेपर उसकाश्वशुर राजा आदित्यसेन इसबातको सुनके वहांआया विदूपकने राजाको देखकर रा-क्षसपरसे उतरकर उसेप्रणामकिया और राजानेभी उसे अपने पासबुलाकर उसकीबड़ी खातिरकी ३९७ फिर विदूपकने अपनी सब स्त्रियोंको उतारकरउसराक्षससे कहा कि अब तुम्हारा जहांचित्तचाहे वहांजाओ उसराक्षसके चलेजानेपर विदूपक अपने श्वशुरके साथ राजमन्दिर में गया और वहांजाकर उसने बहुत दिनों से उत्कण्ठित अपनी पहली स्त्री राजाकी कन्याको प्रसन्नकिया इसकेउपरान्त राजाने विदूपकसे पूंछा कि यहस्त्रियां तुम्हें कहां से मिलीं और यहराक्षस कौनथा राजाके यहवचन सुनकर विदूपकने सब वृत्तान्त कहदिया तब राजाने उसपर अत्यन्त प्रसन्नहोकर अपना आधा राज्य उसेदेदिया तबसे वहवि-दूपक ब्राह्मणभी राजाहोगया और श्वेतछत्र समेत उसपर चमरढुलनेलगा उससमय मंगलके बाजे और गानोंसे उज्जयिनीपुरी ऐसीशोभितहुई कि मानों यहपुरीही आनन्दके शब्दकररही है इसप्रकार राज्य के ऐश्वर्य्यको पाकर विदूपकने धीरे२ संपूर्ण पृथ्वी जीतकर सब राजा अपने वशीभूतकरलिये और प-रस्पर ईर्षारहित भद्राआदिक संपूर्ण रानियों के साथ आनन्दका भोगकरने लगा इसप्रकार से भाग्यके अनुकूल होनेपर धीरलोगोंको अपना पराक्रमही लक्ष्मी के खैंचनेको सिद्धहुआ महामन्त्र होजाताहै उदयनके मुखसे इसप्रकार अद्भुत अर्थवाली विचित्रकथाको सुनकर पास बैठेहुए संपूर्ण मन्त्री वासव-दत्ता और पद्मावती समेत अत्यन्त प्रसन्नहुए ४०७॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांलावाणकलम्बकेचतुर्थस्तरङ्गः ४॥

इसकेउपरान्त योगन्धरायण उदयनसे बोला कि हे राजा आपके भाग्य और पुरुषार्थ दोनों अनुकूल हैं और नीतिके मार्ग में हमलोगों ने भी कुछ श्रम कियाहै इससे अब आपशीघ्रही विचारके अनुसार

दिग्विजयकीजिये यौगन्धरायणके यहवचनसुनकर राजाबोला कि यहतो ठीकहै परन्तु कल्याणके सिद्ध होने में बहुतसे विघ्नहोतेहैं इससे दिग्विजयके लिये में तपस्याकरके महादेवजीका आराधनकरूं क्योंकि विना शिवजीकी कृपाके मनोरथकी सिद्धिनहीं होसक्ती है यहसुनकर जैसे समुद्रमें सेतुबांधने के समय रामचन्द्रजीके वचन कपीश्वरोंने मानेथे उसीप्रकार मंत्रियोंनेभी राजाके तपकरने के विचारको स्वीकार करलिया इसके उपरान्त दोनों रानी और मन्त्रियों समेत तपकरनेको बैठेहुए राजासे तीनदिनके व्रत के उपरान्त स्वप्नमें शिवजीने रात्रिके समय यहकहा कि तुम्हारे ऊपर में प्रसन्नहूं अब तुम तपछोड़दो तुम्हारी निर्विघ्नतासे जयहोगी और थोड़ेही दिनों में तुम्हारे पुत्रहोगा वहसम्पूर्ण विद्याधरोंका राजाहोगा जब राजाकी निद्राउच्छटगई और सूर्य्यकी किरणों से तृप्तहुए प्रतिपदाके चन्द्रमाके समान शिवजी की कृपासे राजाव्रतके क्लेशसे निवृत्त होगया तब प्रातःकाल राजाने स्वप्नकहकर मन्त्रियोंको और व्रत करने से शिथिल होनेवाली पुष्प के समान कोमल दोनों रानियोंको प्रसन्न किया ६ सुनने के योग्य इसस्वप्नके वर्णन को सुनकर तृप्तहुई दोनों रानियों को वहव्रत आगे होनेवाले ऐश्वर्य्य की औषध के समान होगया और तपसे राजाका प्रभाव अपने पुरुषों के समान होगया तथा राजाकी रानियोंकी कीर्त्ति अन्य प्राचीन पतिव्रताओं के समान परमपवित्रहोगई जब राजाने उसव्रतका पारण किया तब पुरमें बड़ाउत्सवहुआ फिर उत्सव के दूसरेदिन यौगन्धरायणने राजासे कहा कि हे राजा तुम धन्यहो क्योंकि तुम्हारेऊपर श्रीशिवजी इसप्रकारसे प्रसन्नहुएहैं तो अब तुम शत्रुओंकोजीतकर अपने भुजाओं के बलसे उपार्ज्जितकीहुई लक्ष्मीका भोगकरो अपने धर्म से उपार्जनकीहुई लक्ष्मी राजालोगोंके वंशमें स्थिररहती है क्योंकि अपने धर्म से उपार्ज्जितकीहुई लक्ष्मीकानाशनहींहोता और इसी से बहुत दिनसे नष्टहुई आपके पुरुषोंकी निधि पृथ्वी में गड़ीहुई आपकोमिली इसीविषयपर में आपको एक कथा सुनाताहूं १५ पाटलिपुत्रनाम नगरमें किसी महाधनवान् वणियेका एकदेवदासनाम पुत्रथा वह पौण्ड्रवर्द्धननाम नगरसे किसी बड़ेधनवान् वणियेकी कन्या विवाहलायाथा पिताके मरजानेपर देवदास धीरे२ जुएमें सब धनहारगया तब उसका श्वशुर अपनीकन्याको दरिद्रसे बहुतदुखी देखकर वहांसे पौण्ड्रवर्द्धनमें अपने घरलेगया धीरे २ विपत्तिसे व्याकुल देवदासभी रोजगारकरनेकी इच्छासे अपने श्वशुरसे धनमांगनेकोचला सायंकालकेसमय पौण्ड्रवर्द्धन नगरमें पहुँचकर अपनेको धूलमें लिप्त कुवेषधारण कियेहुये देखकर देवदासने शोचा कि इसप्रकारसे में अपने श्वशुरकेयहां कैसेजाऊं क्योंकि कहाभी है कि ( वरंहिमानिनोमृत्युर्नदैन्यंस्वजनाग्रतः ) अर्थात् मानीपुरुषका मरजानाअच्छाहै परंतु अपने सम्बंधियों के आगे दीनताकरना अच्छानहीं यह शोचकर बाजारमेंजाके किसी दुकानकेबाहर रात्रिकेसमय कमलकेसमान मुरझाकर वह बैठरहा २२ क्षणभरकेहीपीछे उसने देखा कि कोई जवानवणिया उसदुकान के किवाड़खोलकर भीतरचलागया और क्षणभरकेहीपीछे उसीदूकानमें एक स्त्री बहुत धीरे२ पैररखतीहुई जल्दी से उसीदूकानमेंचलीगई जब दीपकके उजयाले में देवदासने दूकानके भीतरदेखा तो उसे मालूम हुआ कि यह तो मेरीही स्त्री है तब किवाड़बन्दकरके अन्य पुरुषके साथ संभोगकरने के लिये गईहुई

अपनी स्त्री को देखकर उसकी छाती में दुःखरूपी वज्रसालगा और वह शोचनेलगा कि धनहीन पुरुषके शरीरको भी लोगहरलेते हैं तो स्त्रियोंका क्या कहनाहै क्योंकि स्त्रियां तो स्वभावही से बिजली के समान चंचलहोती हैं व्यसनरूपी समुद्रमें डूबेहुए मनुष्योंको यह विपत्तिहोती है और पिताकेघरमें रहनेसे स्वतंत्र स्त्रियोंकी यह गतिहोती है ऐसा विचार करते २ उसने वाहरसे रतिकेउपरान्त जारकेसाथ में लेटीहुई अपनी स्त्रीका वार्त्तालापकरनासासुना तब वह द्वारेमें कानलगाकरसुननेलगा उससमय उसकी स्त्री अपने यार बणियेसे बोली कि सुनो आज मैं तुमसे स्नेहकेवशहोकर अपने घरकी गुप्तवातकहतीहूं कि मेरे पतिके बीरवर्मानाम प्रपितामहने अपनेघरके आंगनके चारोंकोनोंमें सुवर्णसेभरेहुए चारकलशेगाड़ेथे ३३ और उसने अपनीस्त्रीसे यहसव वृत्तांत कहदिया उसने मरतेसमय अपनीवहू अर्थात् मेरेपतिकीदादीसे कहा उसने अपनीवहू अर्थात् मेरीसाससे व मेरीसासने मुझसे कहदियाथा इसप्रकार मेरे पतिके यहां यहबात सासोंकेमुखसे क्रमपूर्वक सुनीजाती है मैंने अपने पतिकेदरिद्री होजानेपर भी यहवृत्तांत उससे नहींकहा क्योंकि उसज्वारीसे मुझे द्वेषथा और तुम मेरेपरमप्रियहो इससेयह मैंने तुमसेकहदिया तो तुममेरेपतिके पासजाकर उसे कुछ धनदेकर वहघरखरीदलो और वहसोना निकालकर यहांआकर मेरेसाथ आनन्द करो उसके यहवचनसुनकर उसकायार उसपर विनापरिश्रमकेही इतनाधन मिलजानेकीआशासे बहुत प्रसन्नहुआ फिरदेवदासभी उसदुष्टस्त्रीके वचनरूपीवाणोंसेअत्यन्त खेदितहुआ और धनमिलनेकीआशा उससमय उसकेहृदयमें कीलितसीहोगई इसकेउपरान्त वहशीघ्रही अपने पाटलपुत्रनगरमें चलाआया और घरमेंआकर उसने सबधन खोदलिया ४० इसके उपरान्त इसकीस्त्रीकायार वहीबणिया धनकेलोभ से रोजगारके बहानेवहांआया और देवदाससे उसने वहघरखरीदा देवदासनेभी उसमकानकी बहुतसी कीमतली इसके उपरान्त देवदास किसी और घरमें अपना कारखाना जमाकर शीघ्रही अपनी स्त्रीको युक्तिपूर्वक अपने श्वशुरकेघरसे अपनेघरलेआया ऐसाकरनेके उपरान्त उसकीस्त्रीके यारबणियेने वहां धन न पाकर देवदाससेआकर कहा कि यहतुम्हाराघर बहुतपुरानाहै इससेमुझे नहीं अच्छा मालूमहोता तो तुम हमाराधन हमेंदेदो और अपना मकानलेलो जब देवदासने उसकेकहनेको मंजूर न किया तब वह दोनों लड़तेहुए राजाकेयहां गये वहां जाकर देवदासने हृदयमें स्थितविषके समान दुस्सह अपनी स्त्री का सम्पूर्ण वृत्तान्त राजाकेआगे कहदिया तब राजाने उसकीस्त्रीको बुलाके और सब बातोंका निश्चय करके पराई स्त्रीके चाहनेवाले उस दुष्टबणियेका सबधन छीनलिया और देवदासभी उसदुष्ट अपनी स्त्री की नाककाटके और किसी अन्यस्त्री से विवाहकरके सुखपूर्वक भोगकरनेलगा ४६ इसप्रकार धर्म से उपार्जनकीहुई लक्ष्मी अनेकपुश्तोंतक नष्टनहींहोती और अधर्मसे उपार्जनकीहुई लक्ष्मी पालेकेजलके कणोंकीसमान शीघ्र नष्टहोनेवाली होती है इससे मनुष्यको धर्म से धनका उपार्जन करनाचाहिये और राजाको तो यहबात औरभी अधिकआवश्यकहै क्योंकि राज्यरूपीवृक्षका धनही मूलहै इससे कार्यको सिद्ध करनेकेलिये मंत्रियोंका यथायोग्य सन्मानकरके धर्मपूर्वकलक्ष्मीके उपार्जन करनेके निमित्त आप दिग्विजयकीजिये आपकेदोनोंश्वशुरोंके संबंधसे बहुतसेराजालोग आपसेलड़ेंगेनहीं किंतु बिनालड़ेही

मिलजायँगे और यहकाशीका ब्रह्मदत्तनामराजा आपकासदैवकोवैरीहै तो पहिलेइसीकोजीतो फिरइसे जीतकर क्रमसे पूर्वादिचारों दिशाओंको जीतकर कुमुदके समान उज्ज्वल पांडुकेयशको अत्यन्त उन्नत करो ५५ मंत्रीकेयहवचनसुनकर विजयकेलिये उद्यतउदयन्नेयात्राके प्रारंभका हुक्मदेदिया इसकेउपरांत सहायताके लिये आयेहुये वासवदत्ताकेभाई गोपालकको राजाने सत्कार करनेके लिये विदेह देशका राज्यदेदिया और सेनाओंको साजकर सहायके लिये आयेहुए पद्मावतीकेभाई सिंहवर्मको चंदेलीका राज्य देदिया और फिरजैसे मेघोंसे वर्षाऋतु दिशाओंको व्याप्तकरती है उसीप्रकार सेनाओं से दिशाओंके व्याप्तकरनेवाले अपने मित्रम्लेच्छोंके राजा पुलिन्दकको बुलाया इसप्रकार वत्सदेशमें विजयके निमित्त यात्राकी तैयारी होनेपर सबशत्रुओंके हृदयमें व्याकुलता होनेलगी यौगन्धरायणने पहलेही से थोड़ेसे गोइन्देकाशीजी में इसलिये भेजे कि वहराजा ब्रह्मदत्तके कार्य्योंको जानकर यौगन्धरायणके पासखबर भेजतेरहैं ६१ इसके उपरान्त कोई अच्छादिन देखके राजा उदयन्ने ब्रह्मदत्तके जीतनेकेलिये पूर्वमेंचढ़ाईकी उससमय बहुतसे अच्छे२ शकुनहुए बड़ेऊंचेहाथीपर छत्र लगाकर चढ़ेहुए राजाकीऐसी शोभाहुई जैसी कि जिसपर्वतपर एकवृक्षफूलाहोय उसपरचढ़ेहुए मतवालेसिंहकी होतीहै जयकी सिद्धि को मानों कहतीहुई शरदऋतुसे दिग्विजयकाहर्ष और भी अधिक होगया क्योंकि नदियों में जलके कम होजानेसे मार्गबहुत सुगमहोगया और अनेक प्रकारके शब्दों करके युक्तसेनासे संपूर्ण पृथ्वीतल पूर्ण होगयाउससमय अवसरकेबिनाही मेघरहित वर्षाऋतुका भ्रमहोताथा सेनाके शब्दोंकेभाईंशब्दोंसेव्याकुलहुई चारोंदिशा मानोंपरस्पर राजाके आनेके भयकी बातेंकरतीथीं सुवर्ण के वस्त्रोंको धारणकरने से सूर्य्यकेसमान प्रभावाले घोड़ोंको चलतेहुए देखकर यहमालूम होताथा किनीराजनसे प्रसन्नहुई अग्नि घोड़ोंके साथ२ चलीजातीहै सेनाके हाथीकानों में लगेहुए श्वेतचामरों से अत्यन्त शोभित होते थे और कपोलोंमें लगेहुए सिंदूरके बहनेसे हाथियों के मदकाजल लालहोगयाथा वहहाथी क्याथे मानोंपर्व्वतों ने डरकर शरदऋतुके श्वेतमेघोंसे युक्त और गेरुआदि धातुओं के प्रवाहसे युक्त अपने २ पुत्र राजाकी यात्रामें भेजे यहराजा किसी दूसरेके तेजकोनहीं सहसक्ताहै इसीसे मानोंसेनाकी धूलने उड़कर सूर्य्य के तेजको ढकलिया उसयात्रामें दोनोंरानीभी राजाके पीछे २ चलीजातीथीं वहरानी क्याथीं मानों राजाकी नीतिके गुणोंसे वशीभूतहुई कीर्त्ति और जयरूपी लक्ष्मीथीं वायुके द्वारासुकड़ेहुए और फैलेहुएपताकाओंके वस्त्रमानों शत्रुओंसे कहतेथे कि यातोनम्रहोजाओ अथवा भागजाओ ७२ इसप्रकारसे वहराजा चारोंओर प्रफुल्लित श्वेत कमलोंको देखताहुआ चला वह कमल क्याथे मानों पृथ्वीके दबनेके भयसेघबरायेहुए शेषने अपनेफणदेखनेको निकालेथे इसबीचमें यौगन्धरायणके भेजेहुए वहगोइन्दे कपालियों का स्वरूपधारणकरके काशीजीमें पहुंचे उनमेंसे एकपुरुषजो अच्छेप्रकारसे अनेक मायाओंको जानताथा वहतो अपनेकोबड़ाज्ञानी दर्शाकरगुरुबनगया और बाकीउसके शिष्यबनगये वहसबशिष्य इधर उधरजाकर यहकहतेथे कि यहभिक्षामांगनेवाला हमाराआचार्य्य त्रिकालज्ञहै जोकोई लोगउसपर श्रद्धा करके उससे पूछने आतेथे उनसे वहजोकुछ अग्नि दाहादिक फलबनाताथा वहबात उसके शिष्यछिपकर

अपनी स्त्री को देखकर उसकी छाती में दुःखरूपी वज्रसालगा और वह शोचनेलगा कि धनहीन पुरुषके शरीरको भी लोगहरलेते हैं तो स्त्रियोंका क्या कहनाहै क्योंकि स्त्रियां तो स्वभावही से बिजली के समान चंचलहोती हैं व्यसनरूपी समुद्रमें डूबेहुए मनुष्योंको यह विपत्तिहोती है और पिताकेघरमें रहनेसे स्वतंत्र स्त्रियोंकी यह गतिहोती है ऐसा विचार करते २ उसने बाहरसे रतिकेउपरान्त जारकेसाथ में लेटीहुई अपनी स्त्रीका वार्त्तालापकरनासासुना तब वह द्वारेमें कानलगाकरसुननेलगा उससमय उसकी स्त्री अपने यार बणियेसे बोली कि सुनो आज मैं तुमसे स्नेहकेवशहोकर अपने घरकी गुप्तबातकहतीहूं कि मेरे पतिके वीरवर्मानाम प्रपितामहने अपनेघरके आंगनके चारोंकोनोंमें सुवर्णसेभरेहुए चारकलशेगाड़ेथे ३२ और उसने अपनीस्त्रीसे यहसबवृत्तांत कहदिया उसने मरतेसमय अपनीबहू अर्थात् मेरेपतिकीदादीसे कहा उसने अपनीबहू अर्थात् मेरीसाससे व मेरीसासने मुझसे कहदियाथा इसप्रकार मेरे पतिके यहां यहबात सासोंकेमुखसे क्रमपूर्वक सुनीजाती है मैंनेअपने पतिकेदरिद्री होजानेपर भी यहवृत्तांत उससे नहींकहा क्योंकि उसज्वारीसे मुझे द्वेषथा और तुम मेरेपरमप्रियहो इस्सेयह मैंने तुमसेकहदिया तो तुममेरेपतिके पासजाकर उसे कुछ धनदेकर वहघरखरीदलो और वहसोना निकालकर यहांआकर मेरेसाथ आनन्द करो उसके यहवचनसुनकर उसकायार उसपर बिनापरिश्रमकेही इतनाधन मिलजानेकीआशासे बहुत प्रसन्नहुआ फिरदेवदासभी उसदुष्टस्त्रीके वचनरूपीबाणोंसेअत्यन्त खेदितहुआ और धनमिलनेकीआशा उससमय उसकेहृदयमें कीलितसीहोगई इसकेउपरान्त वहशीघ्रही अपने पाटलपुत्रनगरमें चलाआया और घरमेंआकर उसने सबधन खोदलिया ४० इसके उपरान्त इसकीस्त्रीकायार वहबणियां धनकेलोभ से रोजगारके बहानेवहांआया और देवदाससे उसने वहघरखरीदा देवदासनेभी उसमकानकी बहुतसी क़ीमतली इसके उपरान्त देवदास किसी और घरमें अपना कारखाना जमाकर शीघ्रही अपनी स्त्रीको युक्तिपूर्व्वक अपने श्वशुरकेघरसे अपनेघरलेआया ऐसाकरनेके उपरान्त उसकीस्त्रीके यारबणियेने वहां धन न पाकर देवदाससेआकर कहा कि यहतुम्हाराघर बहुतपुरानाहै इससेमुझे नहीं अच्छा मालूमहोता तो तुम हमाराधन हमेंदेदो और अपना मकानलेलो जब देवदासने उसकेकहनेको मंजूर न किया तब वह दोनों लड़तेहुए राजाकेयहां गये वहां जाकर देवदासने हृदयमें स्थितविषके समान दुस्सह अपनी स्त्री का सम्पूर्ण वृत्तान्त राजाकेआगे कहदिया तब राजाने उसकीस्त्रीको बुलाके और सब बातोंका निश्चय करके पराई स्त्रीके चाहनेवाले उस दुष्टबणियेका सबधन छीनलिया और देवदासभी उसदुष्ट अपनी स्त्री की नाककाटके और किसी अन्यस्त्री से विवाहकरके सुखपूर्व्वक भोगकरनेलगा ४६ इसप्रकार धर्म से उपार्जनकीहुई लक्ष्मी अनेकपुस्तोंतक नष्टनहींहोती और अधर्मसे उपार्जनकीहुई लक्ष्मी पालेकेजलके कणोंकीसमान शीघ्र नष्टहोनेवाली होती है इससे मनुष्यको धर्म से धनका उपार्जन करनाचाहिये और राजाको तो यहबात औरभी अधिकआवश्यकहै क्योंकि राज्यरूपीवृक्षका धनही मूलहै इससे कार्यको सिद्ध करनेकेलिये मंत्रियोंका यथायोग्य सन्मानकरके धर्मपूर्वकलक्ष्मीके उपार्जन करनेके निमित्त आप दिग्विजयकीजिये आपकेदोनोंश्वशुरोंके संबंधसे बहुतसेराजालोग आपसेलड़ेंगेनहीं किंतु बिनालड़ेही

या १०० अपने पिताके पासगईहुई वासवदत्ता बालावस्थाका स्मरणकरके संपूर्ण सुखोंके होने परभी
दासीनसीहोगई राजाचंडमहासेन जैसेवासवदत्तासे मिलकर प्रसन्नहुआ उसीप्रकार पद्मावतीसेभीमिल
र प्रसन्नहोगया इसप्रकार कुछदिन उज्जयिनी में रहकर प्रसन्नहुआ राजाउदयन् अपने श्वशुरकीभी
नालेकर पश्चिमदिशाके जीतनेकोचला उदयन्का खड्गमानो प्रतापरूपी अग्निका धुआंथा क्योंकि
उसने लाटदेशकी स्त्रियोंकेनेत्र आंसुओंसे मैलेकरदीनेथे उदयन्के हाथियोंसे कंपायेहुए वनमाला मंदरा-
लपर्व्वत इसलिये मानों कांपताथा कि ऐसा न होय कि यहराजा कहीं समुद्रमथनकेलिये मुझेउखाड़े
लूमहोताहै कि यहराजाउदयन् सूर्य्यादिग्रहोंसेभी विलक्षण तेजस्वीथा क्योंकि पश्चिमदिशामें उसका
रभी अधिक उदयहुआ इसके उपरान्त अलकापुरीसेयुक्त और कैलाशरूपी हास्यवाली उत्तरदिशाको
दयन्चला वहांजाकर जैसे वानरोंकी सेनालेजाकर समुद्रबांधकर श्रीरामचन्द्रजीने राक्षसोंको माराथा
सीप्रकार सिन्धुदेशके राजाकोअपनेवशीभूत करके अपनी सेनाओंसे उदयन्ने म्लेच्छोंका नाशकिया
से चंचलसमुद्रकी लहरें किनारेके वनोंमें आकर नष्टहोजाती हैं उसीप्रकार म्लेच्छोंके घोड़े उदयन् के
थियोंमें आकर नष्टहोगये जैसे हाथमें चक्रलेकर विष्णुभगवान्ने राहुका शिरकाटडालाथा उसीप्रकार
पूर्ण राजाओंसे करलेनेवाले उदयन्ने पारसदेशके महापापी राजाका शिरकाटडाला ११० हूणदेशके
जीतनेवाले उदयन्कीकीर्त्ति दिशाओंको शब्दायमान करतीहुई दूसरी गंगाजीके समान हिमालयको
ली उदयन्की सेनाओंके गर्जनेपर भयसे शत्रुओंके शान्तहोजानेके कारण केवलपर्व्वतोंकी गुहाहों
ही भाईशब्द सुनाई देताथा कामरूपदेशका राजाभीछत्रकी छायाको छोड़कर उदयन्के आगे नम्र
होकर मिला कामरूपदेशके राजाके दियेहुये हाथियोंको लेकर उदयन् लौटा वहहाथी क्याथे मानो
पर्व्वतोंने छोटे २ जंगम पहाड़राजाको भेंटकियेथे इसप्रकार संपूर्ण पृथ्वीको जीतकर राजाउदयन् सेना
समेत पद्मावती के पिता मगधराज के यहांगया जैसे रात्रि के समय चन्द्रमा की उजयाली में कामका
उत्सव होता है उसीप्रकार रानियों समेत राजाउदयन् के आने के समय मगध देशमें उत्सव होनेलगा
पहले छिपकर आईहुई और दूसरीबार प्रकटहोके आईहुई वासवदत्ता से मगधराज बड़ेप्रेमपूर्व्वक मिला
इसके उपरांत संपूर्ण नगर निवासियों समेत मगधराजके उत्तमसत्कारको अंगीकारकरके स्नेहसे सबके
चित्तोंको अपने साथमें लेताहुआ और सेनाके भारसे पृथ्वीको दबाताहुआ राजा उदयन् लावाणक
नाम अपने देशमें आया ११८ ॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांलावाणकलम्बकेपंचमस्तरङ्गः ५ ॥

इसके उपरान्त सेनाके विश्राम करानेकेलिये लावाणकमेंठहरेहुए राजाउदयन्ने एकान्तमें यौगन्ध-
रायणसेकहा कि तुम्हारीसलाहसे मैंनेपृथ्वीकेसंपूर्ण राजाजीतलिये और उपायसेवशीभूतहुए वहराजा
लोग अबनहींबिगड़ेंगे परन्तुकाशीका यहराजा ब्रह्मदत्तबड़ाकुटिलहै मैंजानताहूं कि शायदयही अ-
केला फिरकुछ उपद्रवकरेगा क्योंकि कुटिलमनुष्योंपर क्या विश्वासहोसक्ताहै उदयन्केयहवचन सुनकर
यौगन्धरायणनेकहा कि हेराजा अबब्रह्मदत्तआपकेसाथ कोईउपद्रवनहींकरेगा क्योंकि जब आपनेउसपर

उसीप्रकारसेकरदेतेथे इसीसे वहकाशीजीमें बड़ाप्रसिद्धहोगया उसकी सिद्धिको देखकर राजाब्रह्मदत्तका परमप्रिय एकराजपुत्र उसपर बड़ाप्रसन्नहुआ तबउसने उसराजपुत्रको अपनासेवकबनालिया राजाब्रह्म-दत्तउसी राजपुत्रके द्वाराजोकुछ पूछनाचाहताथा वहपूछताथा इससे वहराजाकी लड़ाईकी गुप्तबातोंकाभी जाननेवालाहोगया ७६ इसके उपरान्त ब्रह्मदत्तकेमंत्री योगकरण्डकने मार्गमें आतेहुए राजाउदयन्के लियेबहुतसे उपद्रवकिये अर्थात् उसने मार्गके वृक्षपुष्पलता जलतथा तृणयहसब विषआदि औषधियोंसे युक्तिपूर्व्वक दूषितकरदिये विषदेनेवाली स्त्रियां वेश्याबनाकर सेनामेंभेजीं औररात्रिमें छुपकर मारडालने वाले पुरुषभीभेजे इनसबबातोंकोजानकर उसबनेहुए ज्ञानीनेअपनेशिष्योंके द्वारासबबातें यौगन्धरायण से कहलाभेजीं ८३ इनबातोंको जानकर यौगन्धरायणने भी दूषितजलादि पदार्थ औषधियों से शुद्ध करवाये और वेजानीहुई स्त्रीका सेनाके भीतर आना वन्दकरवादिया और उसने रुमण्वानके साथघूम२ कर जितने घातक पुरुषपाये वहसबमरवाडाले इनसब बातोंको जानकर जबब्रह्मदत्तकी मायाकुछ नहीं चली तबउसने जाना कि सेनासे दिशाओंके पूरितकरनेवाले उदयन्को मैंनहीं जीतसकूंगा तबसलाह करके उसने पहलेतो दूतभेजा और जबउदयन् निकटआगया तबआपही हाथजोड़ताहुआ उसकेपास गया भेटलेकर आयेहुए राजाब्रह्मदत्तका उदयन्ने भी प्रीतिपूर्व्वक बड़ासत्कार किया क्योंकि शूरलोगों को नम्रता प्रियहोतीहै इसप्रकार ब्रह्मदत्तको जीतकर पूर्व्वदिशामें दबनेवाले नम्रराजाओंको अपनेआ-धीन करताहुआ और कठिन राजाओंको निर्मूल करताहुआ राजाउदयन् पूर्वसमुद्रपर कोमल वृक्षोंको झुकातीहुई और कठिन वृक्षोंको उखाड़तीहुई वायुके समान प्राप्तहुआ वहांसमुद्रमें जोबड़ी२ लहरेंआती थीं उनसे यहमालूमहोताथा कि मानों वंगदेशवासियों के पराजयसे डराहुआ समुद्र कांपरहाहै६०समुद्रके किनारेपर राजाने जयस्तंभगाड़दिया वह जयस्तंभक्याथा मानों अभयमांगनेके लिये पातालसे शेषजी ही निकले थे इसके उपरान्त जबकलिङ्ग देशके निवासियोंने आगेआकर उसेकरदिया तब उसकायश महेन्द्रपर्व्वतपर फैलगया महेन्द्रकी पराजयसे मानों डरकर आयेहुए विन्ध्याचलके शिखरोंके समान हा-थियोंसे संपूर्ण राजालोगोंको जीतकर उदयन् दक्षिण दिशाकोचला उसदक्षिण दिशामें जैसे शरदऋतु मेघोंको निस्सार पांडुवर्ण गर्जनारहित तथा पर्वतनिवासी करदेतीहै उसीप्रकार राजाउदयन्ने अपनेशत्रु लोग निस्सार पाण्डुवर्ण गर्जनारहित और पर्वतनिवासी करदिये उदयन्से उल्लंघनकीहुई कावेरीनदी और चोलकदेशके राजाकीकीर्त्ति दोनोंएकसाथही गंदलेपनेको प्राप्तहोगई उदयन्मुरलाके निवासियों के शिरोंकीही उन्नतिनहीं सहसका यह बात नहीं किंतु हाथोंसेपीटेहुए उनकी स्त्रियोंकेस्तनोंकीभी उन्नति नहीं सहसका उसके हाथियोंने सातधाराओं से बहनेवाली गोदावरी नदीके जलोंका जो पानीपिया इसीसे मानों उनके शरीरोंके सातस्थानोंसे मदबहनेलगा ६७ इसकेउपरान्त उदयन्रेवानदीको उतरकर उज्जयिनीमें पहुंचा और राजाचंडमहासेन उसेआगेआकर लेगया वहांउसेमालाकी शिथिलतासे खुले हुए चुट्टेवाली और इसीसे अधिक शोभावाली मालव देशकी स्त्रियोंनेदेखा फिर राजाचंडमहासेनने उदयन्का ऐसासत्कारकिया कि जिस्से प्रसन्नहुआ उदयन् अपने देशके संपूर्णउत्तम भोगोंकोभी भूल

गया १०० अपने पिताके पासगईहुई वासवदत्ता बालावस्थाका स्मरणकरके संपूर्ण सुखोंके होने परभी उदासीनसीहोगई राजाचंडमहासेन जैसेवासवदत्तासे मिलकर प्रसन्नहुआ उसीप्रकार पद्मावतीसेभीमिल कर प्रसन्नहोगया इसप्रकार कुछदिन उज्जयिनी में रहकर प्रसन्नहुआ राजाउदयन् अपने श्वशुरकीभी सेनालेकर पश्चिमदिशाके जीतनेकोचला उदयन्का खड्गमानो प्रतापरूपी अग्निका धुआंथा क्योंकि उसने लाटदेशकी स्त्रियोंकेनेत्र आंसुओंसे मैलेकरदीनेथे उदयन्के हाथियोंसे कंपायेहुए वनमाला मंदराचलपर्व्वत इसलिये मानों कांपताथा कि ऐसा न होय कि यहराजा कहीं समुद्रमथनकेलिये मुझेउखाड़े मालूमहोताहै कि यहराजाउदयन् सूर्य्यादिग्रहोंसेभी विलक्षण तेजस्वीथा क्योंकि पश्चिमदिशामें उसका औरभी अधिक उदयहुआ इसके उपरान्त अलकापुरीसेयुक्त और कैलाशरूपी हास्यवाली उत्तरदिशाको उदयन्चला वहांजाकर जैसे वानरोंकी सेनालेजाकर समुद्रबांधकर श्रीरामचन्द्रजीने राक्षसोंको माराथा उसीप्रकार सिन्धुदेशके राजाकोअपनेवशीभूत करके अपनी सेनाओंसे उदयन्ने म्लेच्छोंका नाशकिया जैसे चंचलसमुद्रकी लहरें किनारेके वनोंमें आकर नष्टहोजाती हैं उसीप्रकार म्लेच्छोंके घोड़े उदयन् के हाथियोंमें आकर नष्टहोगये जैसे हाथमें चक्रलेकर विष्णुभगवान्ने राहुका शिरकाटडालाथा उसीप्रकार संपूर्ण राजाओंसे करलेनेवाले उदयन्ने पारसदेशके महापापी राजाका शिरकाटडाला ११० हूणदेशके जीतनेवाले उदयन्कीकीर्त्ति दिशाओंको शब्दायमान करतीहुई दूसरी गंगाजीके समान हिमालयको चली उदयन्की सेनाओंके गर्जनेपर भयसे शत्रुओंके शान्तहोजानेके कारण केवलपर्व्वतोंकी गुहाहीं सेही झाईशब्द सुनाई देताथा कामरूपदेशका राजाभीछत्रकी छायाको छोड़कर उदयन्के आगे नम्र होकर मिला कामरूपदेशके राजाके दियेहुये हाथियोंको लेकर उदयन् लौटा वहहाथी क्याथे मानो पर्व्वतोंने छोटे २ जंगम पहाड़राजाको भेंटकियेथे इसप्रकार संपूर्ण पृथ्वीको जीतकर राजाउदयन् सेना समेत पद्मावती के पिता मगधराज के यहांगया जैसे रात्रि के समय चन्द्रमा की उजयाली में कामका उत्सव होता है उसीप्रकार रानियों समेत राजाउदयन् के आने के समय मगध देशमें उत्सव होनेलगा पहले छिपकर आईहुई और दूसरीवार प्रकटहोके आईहुई वासवदत्ता से मगधराज बड़ेप्रेमपूर्व्वक मिला इसके उपरांत संपूर्ण नगर निवासियों समेत मगधराजके उत्तमसत्कारको अंगीकारकरके स्नेहसे सबके चित्तोंको अपने साथमें लेताहुआ और सेनाके भारसे पृथ्वीको दबाताहुआ राजा उदयन् लावाणक नाम अपने देशमें आया ११८ ॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांलावाणकलम्बकेपंचमस्तरङ्गः ५ ॥

इसके उपरान्त सेनाके विश्राम करानेकेलिये लावाणकमेंठहरेहुए राजाउदयन्ने एकान्तमें यौगन्धरायणसेकहा कि तुम्हारीसलाहसे मैंनेपृथ्वीकेसंपूर्ण राजाजीतलिये और उपायसेवशीभूतहुए वहराजा लोग अबनहींबिगड़ेंगे परन्तुकाशीका यहराजा ब्रह्मदत्तबड़ाकुटिलहै मैंजानताहूं कि शायदयही अकेला फिरकुछ उपद्रवकरेगा क्योंकि कुटिलमनुष्योंपर क्या विश्वासहोसक्ताहै उदयन्केयहवचन सुनकर यौगन्धरायणनेकहा कि हेराजा अबब्रह्मदत्तआपकेसाथ कोईउपद्रवनहींकरेगा क्योंकि जब आपनेउसपर

चढ़ाईकीथी और वहनम्रहोकर आपकेपासभेटलेकरआयाथा तब आपनेउसकाबड़ा सत्कारकियाहै बुद्धिमान्भलाई करनेवालेकेसाथ बुराईकरेगा और जोकोईबुराईकरेभी तो उलटकर उसीकेलिये बुराई है इसीविषयपरमैंतुम्हें एककथासुनाताहूं ६ पद्मनामदेशमें अग्निदत्तनाम एकबड़ाप्रसिद्ध ब्राह्मणरह राजानेउसेगांवदिये थे उसीसे उसका निर्वाहहोताथा उसब्राह्मणके दोपुत्रथे बड़ेकानाम सोमदत्तथा छोटेका नाम वैश्वानरदत्तथा बड़ाभाई बहुत मूर्ख सुन्दर तथा महादुष्टथा और छोटाभाई विद्वान् नम्र सदैवविद्यापढ़ने वालाथा अग्निदत्तके मरजानेपर उन दोनोंने विवाहकरके अपनेपिताका गांव आ धनआधा२बांटलिया उनमेंसे छोटेभाईका तो राजानेबड़ा आदरकिया और बड़ाभाई सोमदत्त चंच से क्षत्रियोंकेसे कर्म करनेलगाएकसमय शूद्रोंकेसाथ बैठेहुए सोमदत्तकोदेखकर उसके पिताके मित्र ब्राह्मणने कहा कि हेमूर्ख तू अग्निदत्तका पुत्र होकर शूद्रोंकेसे कर्म करताहै और राजाकेयहांअपने भाईकी ऐसी प्रतिष्ठा देखकर तुझे लज्जाभी नहीं आती१२ यहसुनकर सोमदत्तने क्रोधसे उसब्राह्म कुछ गौरव न मानकर एकलात उसके मारी तब लातमारनेसे क्रोधितहुआ ब्राह्मण अन्य दो तीनब्रा को गवाहकरके राजासे जाकर पुकारा राजाने ब्राह्मणके वचन सुनकर सोमदत्तके पकड़नेको अपने पाही भेजे उन सिपाहियोंको सोमदत्तके शस्त्रधारी मित्रोंने मारा तब राजाने बहुतसी सेना भेजक मदत्तको बँधवा मँगवाया और क्रोधसे सोमदत्तको शूली देनेका हुक्म दे दिया शूलीपर चढ़ाया सोमदत्त शूलीपर से पृथिवीपर ऐसेगिरपड़ा कि मानोंकिसीने उसे वहांसेउठाकर पटकदिया और उसे शूलीपर चढ़ानेके लिये उद्यतहुए बधिकलोग आंखोंसे अंधे होगये ठीकहै जिसके लिये कुछ अच्छा वाला होताहै उसका भाग्यही उसकी रक्षाकरताहै उससमय इस वृत्तान्तको सुनकर प्रसन्नहुए राज सोमदत्तके छोटेभाईके कहनेसे उसेशूलीसे छुड़वा दिया इसके उपरान्त मृत्युसेबचाहुआ सोमदत्त के अनादरसे अपने घरके लोगोंको लेकर अन्य देशमें जानेकी इच्छाकरनेलगा यहबात सुनकर उ भाई बन्धोंने उसे परदेश जानेसे रोका तब सोमदत्त राजाके दियेहुए गांवों का हिस्साछोड़के वहीं लगा २२ इसके उपरान्त किसी अन्य रोजगारके न होनेसे वह खेती करनेके विचारसे खेतीके योग्य पृ ढूंढ़नेकेलिये किसी अच्छे दिन वनकोगया वनमें जाकर उसे फलहोनेके योग्य बड़ी सुन्दर पृथ्वी मि और उसपृथ्वीके बीचमें एकबड़ाभारी पीपलकावृक्ष उसको दिखाईपड़ा उसवृक्षकी ऐसी शीतलस छायाथी कि उसके नीचे सदैव वर्षाऋतुसी बनीरहतीथी उसवृक्षको देखकर बहुत प्रसन्नहुए सोमद कहा कि जोकोई देवता इसवृक्षका मालिकहै उसीका मैंभक्तहूं और प्रदक्षिणा करके उसवृक्षको प्रण किया इसके उपरान्त मंगलाचारकरके और उसवृक्षके नीचे बलिदानकरके सोमदत्त दो बैलोंको जोड़ वहीं खेती करनेलगा सोमदत्त उसीवृक्षके नीचेरहा करताथा और उसकीस्त्री वहीं उसको भोजनले आ करतीथी समयपाकर जब उसकासब नाज पकआया तब किसी अन्यदेशके राजाने आकर उसपृथ्वी उजाड़दिया फिर राजाकी सेनाके चलेजानेपर और नाजके नष्ट होजानेपर रोतीहुई अपनी स्त्रीको सोमदत्तने समझाकर जो कुछ नाज बचाथा सोसब देदिया और पहलेके समान बलिदानकरके उसी

के नीचेरहा ठीकहै ऐसाही कहाहै ( निसर्गः सहधीराणां पद्यापद्यधिकं दृढ़ाः ) ( आपत्तियों में अधिक दृढ़होना धीरोंका स्वभावहै ) ३१ इसके उपरांत रात्रिके समय उसी वृक्षके नीचे अकेले वैठेहुए और चिन्तासे जागतेहुए सोमदत्तको उसीवृक्षपरसे यह वचन सुनाईपड़े कि हेसोमदत्त तुम्हारेऊपर में प्रसन्नहूं तो तुम श्रीकंठदेशमें आदित्यप्रभनाम राजाके राज्यमें जाओ वहांजाकर राजाके द्वारपर संध्या और अग्निहोत्रके मंत्रोंको पढ़कर यहवचन कहना कि मैं फलभूति नाम ब्राह्मणहूं जो कुछ मैं कहताहूं वह सुनो ( भद्रकृत्प्राप्नुयाद्भद्रमभद्रंचाप्य भद्रकृत् ) ( नेकी करनेवालोंको नेकी और वदी करनेवालोंको वदी मिलती है) ऐसा कहनेसे वहां तुमको वड़ा ऐश्वर्य्य मिलैगा संध्या तथा अग्निहोत्रके मंत्र तुममुझीसे अभी पढ़लो मैं एक यक्षहूं यहकहकर अपने प्रभावसे सोमदत्तको वह मंत्रपढ़ाकर उसवृक्ष से वह वाणी निवृत्त होगई प्रातःकाल सोमदत्त यक्षके कहनेसे अपना भलभूतिनाम रखकर स्त्रीसमेत वहांसे चला मार्गमें विषम और टेढ़े वेढ़ेवनोंको दुर्द्दशाओं के समान ,उल्लंघनकरके वह श्रीकण्ठ देशमें पहुंचा वहां जाकर संध्या तथा अग्निहोत्रके मन्त्रपढ़कर राजाके द्वारपर अपना फलभूतिनाम कहकर ( भद्रकृत्प्राप्नुयाद्भद्रमभद्रं चाप्यभद्रकृत् ) यहवचन कहनेलगा यहवचन सुनकर लोगोंको वड़ा आश्चर्य्य हुआ और वारंवार यही वचन कहतेहुए फलभूतिको जानकर राजा आदित्यप्रभने वड़ेआश्चर्य्य से वुलाया वहाँजाकर भी वह वारंवार राजाके साम्हनेवही वचन कहनेलगा यहसुनकर राजा अपनी समाज समेत हँसनेलगा और राजाने प्रसन्नहोके उसेवस्त्र आभूषणों समेत कुछगांवदिये ठीकहै ( नतोषोमहतांमृषा ) ( वड़ेलोगों की प्रसन्नता व्यर्थनहीं होती है ) इसप्रकारसे उससमय यक्षके अनुग्रहसे दुर्बल फलभूतिको राजाका दिया हुआ वहुतसा धनमिला ४५ सदैव वहीवचन कहताहुआ फलभूति राजाका वड़ा प्रियहोगया क्योंकि राजालोगोंका चित्तऐसी २ आनन्दकी वातोंका अत्यन्त रसिकहोता है क्रमसे राजाके यहां महलों में और संपूर्ण राज्यभरमें उसफलभूतिका वड़ाआदर इसलिये होनेलगा कि यह राजाका परमप्रियहै एक समय वनसे शिकार खेलकर आयाहुआ राजा आदित्यप्रभ अपने महलमेंगया और द्वारपालकों को घवरानेसे सन्देहयुक्त राजाने भीतर जाकर देखा कि रानीकुवलयावती नग्नवाल खोलेहुए नेत्रोंकोवन्द कियेहुए सिंदूरका वड़ातिलक लगायेहुए जपकरतीहुई विचित्ररंगोंसे वनीहुई चौकमें वैठीहुई और रुधिर मद्यतथा मांससे उग्रवलिदान करतीहुई किसी देवताका पूजनकररहीथी राजाके आनेपर घवराके रानीने वस्त्रपहनलिये और राजाके पूछनेपर अभयमांगकर रानीवोली कि आपही के उदयके वास्ते मैं यह पूजनकर रहीथी इसविषयमें शास्त्रका वृत्तान्त और अपनी सिद्धि आपको सुनातीहूं ५३ पहले मैं अपने पिताके यहां जवकन्याथी तववसन्तके उत्सवमें मेरीसखियोंने वगीचेमें मुझसे कहा कि इसवगीचे में वृक्षोंके मंडलके वीचमें देवताओंके भी देवता वरदायक गणेशजी रहतेहैं उनका प्रभावहम लोगोंने देखाहै उनवरदायक गणेशजी का जोतुम भक्तिपूर्वक पूजनकरो तोतुम्हें शीघ्रही निर्विघ्ननामे योग्य पतिमिलजाय यहसुनकर मैंनेभोलेपन से अपनी सखियों से पूछा क्यागणेशजीके पूजनसे कन्याओं को पतिमिलते हैं तव वहवोलीं कि तुम इननीही वातक्या कहतीहो इससंसार में गणेशजी के पूजनके

विना मनुष्यको कोईभी सिद्धिनहीं मिलसक्ती है सुनोहमतुम्हारे आगे गणेशजीका प्रभाव वर्णनकरती हैं यहकहकर वह सखियां यहकथा कहनेलगीं ५६ पूर्वकाल में जिससमय तारकासुरसे हारेहुए इन्द्रश्री शिवजीके पुत्रको अपना सेनापति बनायाचाहते थे और श्रीशिवजीकी दृष्टिसे कामदेव भस्महोगया था उससमय वड़ातपकरनेवाले ऊर्ध्वरेता महादेवजीको पार्वतीजीने बड़ाघोर तपकरके प्रसन्न किया था और प्रसन्नकरके उन्हींके साथ अपना विवाहकियाथा विवाहके उपरान्त पार्वतीजीने श्री महादेवजीसे यहचाहा किमेरे एकपुत्रहोय और कामदेव फिरजीआवे परन्तु पार्वतीजीने अपने कार्य्य के सिद्धहोने केलिये विघ्नराज गणेशजीका स्मरणनहीं कियाथा इसके उपरान्त इसमनोरथके मांगनेवाली पार्वती जीसे श्रीशिवजी ने कहा कि हे प्रिये पहले ब्रह्माके मनसे कामदेव उत्पन्नहुआथा और उसने उत्पन्नहोते ही अहंकारसे यहबातकही कि ( कंदर्पयामि ) ( किसको दलनकरूं ) तब ब्रह्माने उसकानाम कंदर्प रखदिया और कहा कि हेपुत्र जोतुम बड़े अभिमानी हो तो केवलतुम श्रीशिवजी के चित्तके विगाड़ने का कभी उद्योगनकरना नहीं तो तुम्हारी मृत्युहोजायगी ब्रह्माजी के इसकहनेपरभी वह मूर्ख मेरे चित्त विगाड़ने को आया तबमैंने उसे भस्मकरदिया इसकारणसे अबवह सदेह उत्पन्न नहीं होसक्ता और मैं तुम्हारे अपनी शक्तिसे पुत्रउत्पन्न करूंगा क्योंकि संसारीजीवोंके समान मेरे कामके उत्साहसे पुत्रनहीं होता ६७ पार्वतीसे महादेवजी के इसवचनको कहतेही इन्द्रसमेत ब्रह्मावहां आकर प्रकटहुए और स्तुति करके ब्रह्माने तारकासुरके मारनेकी प्रार्थनाकी तबशिवजीने पार्वतीजीमें अपना औरसपुत्र उत्पन्न करना स्वीकारकिया और ब्रह्माके कहनेसे सृष्टिके नाशहोनेकी रक्षाके लिये लोगोंके चित्तमें कामदेव का उत्पन्न होना स्वीकारकिया और अपने भी चित्तमें महादेवजीने कामको अवकाशदिया इसबातसे प्रसन्नहोकर ब्रह्माजी चलेगये और पार्वतीजी भी प्रसन्नहोगईं इसके पीछे बहुतकाल व्यतीत होजाने पर एकसमय एकान्त में श्रीशिवजी पार्वतीजी से रतिकरनेलगे जब सैकड़ोंवर्ष के व्यतीत होजानेपर भी उनकी रतिनहीं समाप्तहुई तब भयसे तीनोंलोक कांपनेलगे उससमय संसारके नाशहोजाने के भयसे संपूर्ण देवतालोग ब्रह्माकी आज्ञासे श्रीशिवजी की रतिमें विघ्न करनेकेलिये अग्निका स्मरण करने लगे स्मरण करतेही अग्नि श्रीशिवजी को अधृष्य ( दबानेके अयोग्य ) समझकर देवतालोगों से भागकर जलमें छिपगये तब ढूंढ़तेहुए देवतालोगों को मेढकों ने जल में छिपेहुए अग्नि देवताको बतादिया क्योंकि वह उनके तेजसे जलजाते थे तब मेढकों को यहशापदेकर कि तुम लोगों के वचन प्रकटनहीं होंगे अग्नि देवता मन्दराचल पर्वतपर चलेगये वहां किसी वृक्षके खोखले में घोंघे का स्वरूपरखकर बैठेहुए अग्निदेवको हाथी और तोतों ने देवतालोगों को बतादिया तब अग्नि ने देवता लोगोंको दर्शनदिये और शापसे हाथी तथा तोतोंकी जिह्वा विपरीतकरदी फिर देवतालोगों के स्तुति करनेपर उनकेकार्य्यको स्वीकारकरके अग्निदेवने कैलाशपर जाके अपनी गरमीसे श्रीशिवजीको रति से वन्दकरादिया और शापके भयसे प्रणामकरके देवतालोगों का कार्य्य श्री शिवजी से कहदिया तब महादेवजीने अपना वीर्य्य अग्निमें छोड़दिया उसवीर्य्यको न अग्नि धारणकरसके न पार्वतीजी धारण

करसकीं तब पार्वतीजीने खेदसे व्याकुलहोकर महादेवजीसे कहा कि आपसे मुझको पुत्रकी प्राप्तिनहीं हुई यहसुनकर श्रीशिवजी बोले कि तुमने विघ्नराज गणेशजीका पूजननहीं कियाथा इसीसे तुम्हारेगर्भ में विघ्नहोगया अब तुमगणेशजीका पूजनकरो तो अग्निमें पड़ेहुए वीर्य्यसे पुत्रहोजाय महादेवजी के यहकहनेसे पार्वतीजीने गणेशजीका पूजनकिया तब महादेवजी के वीर्य्य से अग्निकेभी गर्भरहा ८४ शिवजीके तेजको धारणकरतेहुए अग्निदेवकी दिनमेंभी ऐसीशोभाहोतीथी कि मानों इससमयमेंभी सूर्य्यने अग्निमें प्रवेशकियाहै अग्निने शिवजी के महाडुस्सह तेजको गंगाजी में वमनकरदिया और गंगाने शिवजीकी आज्ञासे सुमेरुपर्व्वतपर अग्निकुण्डमें उसेछोड़दिया वहांमहादेवजीके गणोंसे रचा कियाहुआ वहगर्भ हजारवर्ष के उपरान्त छः मुखका कुमारहोकर उसकुण्डमें से निकला इसके उपरान्त पार्वतीजीकी भेजीहुई छःकृत्तिकाओंके स्तनोंके दुग्धको अपनेछओं मुखसे पानकरके थोड़ेही दिनोंमें वहबालक बड़ाहोगया इसी बीचमें ताड़कासुरसे हारेहुए इन्द्र युद्धछोड़कर दुर्गम सुमेरुपर्व्वतके शिखरों पर आकर रहनेलगे और ऋषियोंसमेत सम्पूर्ण देवतालोग इन्हीं स्वामिकार्त्तिकजीकी शरणमें आये जब स्वामिकार्त्तिकने उनकीरक्षाकी तबसब उन्हींके पास उन्हेंघेरकर रहनेलगे यहबात जानकर इन्द्रनेसमझा कि अब तो यहहमारा राज्यही छीनलेंगे यहसमझकर क्रोधसे इन्द्र स्वामिकार्त्तिक के पासजाकर उनसे लड़नेलगे इन्द्रकेवज्रके लगनेसे स्वामिकार्त्तिकके शरीरसे शाख और विशाखनाम महातेजस्वी दोपुत्र उत्पन्नहुए तब पुत्रोंसमेत स्वामिकार्त्तिकने इन्द्रकोजीतलिया यहबातजानकर श्रीशिवजी ने वहांआके स्वामिकार्त्तिकको युद्धसे निवृत्तकरके यहशिक्षाकी कि तुमताड़कासुरके मारनेको और इन्द्रके राज्यकी रक्षाकरनेको उत्पन्नहुएहो इससेअपने कार्य्यकोकरो ६४ इसकेउपरान्त प्रसन्नहुए इन्द्रने उससमय स्वामिकार्त्तिकको अपनी सेनाकासेनापति बनानेकेलिये अभिषेककरनेका प्रारम्भकिया जिससमय इन्द्रने अपने हाथसे अभिषेककरनेके निमित्त जलकाकलश उठाया उससमय उनकीभुजा स्तब्ध (जकड़गई) होगई इससेइन्द्रको बड़ा क्लेशहुआ तब श्रीशिवजी ने इन्द्रसे कहा कि तुमने सेनापति बनाने के समय गणेशजीका पूजननहीं किया इसीसे यहविघ्नहुआहै अब तुम गणेशजीका पूजनकरो यहसुनकर इन्द्र ने गणेशजीका पूजनकिया और पूजनकरतेही इन्द्रकी भुजा अच्छीहोगई और उन्होंने अच्छेप्रकारसे अपने सेनापति का अभिषेक किया इसके उपरान्त शीघ्रही ताड़कासुरको युद्ध करके मारडाला तब सम्पूर्ण देवता बड़े प्रसन्नहुए और श्रीपार्व्वतीजी को भी ऐसा वीर पुत्र प्राप्तहोने से बड़ी प्रसन्नताहुई इसप्रकारसे हे राजकन्या देवतालोगों को भी गणेशजी के पूजन बिना कोई सिद्धिनहीं होती इससे तुम योग्य पति के मिलने के अर्थ गणेशजी का पूजन करो १०० सखियों के यहवचन सुनकर मैंने बगीचे के एकान्त स्थान में रहनेवाले विघ्नहर्त्ता श्रीगणेशजी का पूजन किया पूजन के उपरान्त मैंने देखा कि अकस्मात् मेरी सखियां अपनी सिद्धि से उड़कर आकाश में विहारकर रही हैं यह देखकर मैंने उनको आकाशसेबुलाकर पूंछा कि तुमको यह सिद्धिकैसेहुई तब वह बोली कि मनुष्यके मांसको खानेसे डाकिनी के मंत्रको जपकर यह सिद्धियांहोती हैं इसमंत्रकी उपदेशकरनेवाली एक कालरात्रि

विना मनुष्यको कोईभी सिद्धिनहीं मिलसक्ती है सुनोहमतुम्हारे आगे गणेशजीका प्रभाव वर्णनकरती हैं यहकहकर वह सखियां यहकथा कहनेलगीं ५६ पूर्वकाल में जिससमय तारकासुरसे हारेहुए इन्द्रश्री शिवजीके पुत्रको अपना सेनापति वनायाचाहते थे और श्रीशिवजीकी दृष्टिसे कामदेव भस्महोगया था उससमय वड़ातपकरनेवाले ऊर्ध्वरेता महादेवजीको पार्वतीजीने वड़ाघोर तपकरके प्रसन्न किया था और प्रसन्नकरके उन्हींके साथ अपना विवाहकियाथा विवाहके उपरान्त पार्वतीजीने श्री महादेवजीसे यहचाहा किमेरे एकपुत्रहोय और कामदेव फिरजीआवे परन्तु पार्वतीजीने अपने कार्य्य के सिद्धहोने केलिये विघ्नराज गणेशजीका स्मरणनहीं कियाथा इसके उपरान्त इसमनोरथके मांगनेवाली पार्वती जीसे श्रीशिवजी ने कहा कि हे प्रिये पहले ब्रह्माके मनसे कामदेव उत्पन्नहुआथा और उसने उत्पन्नहोते ही अहंकारसे यहवातकही कि (कंदर्पयामि) (किसको दलनकरूं) तव ब्रह्माने उसकानाम कंदर्प रखदिया और कहा कि हेपुत्र जोतुम वड़े अभिमानी हो तो केवलतुम श्रीशिवजी के चित्तके विगाड़ने का कभी उद्योगनकरना नहीं तो तुम्हारी मृत्युहोजायगी ब्रह्माजी के इसकहनेपरभी वह मूर्ख मेरे चित्त विगाड़ने को आया तवमैंने उसे भस्मकरदिया इसकारणसे अववह सदेह उत्पन्न नहीं होसक्ता और मैं तुम्हारे अपनी शक्तिसे पुत्रउत्पन्न करूंगा क्योंकि संसारीजीवोंके समान मेरे कामके उत्साहसे पुत्रनहीं होता ६७ पार्वतीसे महादेवजी के इसवचनको कहतेही इन्द्रसमेत ब्रह्मावहां आकर प्रकटहुए और स्तुति करके ब्रह्माने तारकासुरके मारनेकी प्रार्थनाकी तवशिवजी ने पार्वतीजी में अपना औरसपुत्र उत्पन्न करना स्वीकारकिया और ब्रह्माके कहनेसे सृष्टिके नाशहोनेकी रक्षाके लिये लोगोंके चित्तमें कामदेव का उत्पन्न होना स्वीकारकिया और अपने भी चित्तमें महादेवजीने कामको अवकाशदिया इसवातसे प्रसन्नहोकर ब्रह्माजी चलेगये और पार्वतीजी भी प्रसन्नहोगई इसके पीछे वहुतकाल व्यतीत होजाने पर एकसमय एकान्त में श्रीशिवजी पार्वतीजी से रतिकरनेलगे जव सैकड़ोंवर्ष के व्यतीत होजानेपर भी उनकी रतिनहीं समाप्तहुई तव भयसे तीनोंलोक कांपनेलगे उससमय संसारके नाशहोजाने के भयसे संपूर्ण देवतालोग ब्रह्माकी आज्ञासे श्रीशिवजी की रतिमें विघ्न करनेकेलिये अग्निका स्मरण करने लगे स्मरण करतेही अग्नि श्रीशिवजी को अधृष्य (दवानेके अयोग्य) समझकर देवतालोगों से भागकर जलमें छिपगये तव ढूंढ़तेहुए देवतालोगों को मेढकों ने जल में छिपेहुए अग्नि देवताको वतादिया क्योंकि वह उनके तेजसे जलजाते थे तव मेढकों को यहशापदेकर कि तुम लोगों के वचन प्रकटनहीं होंगे अग्नि देवता मन्दराचल पर्व्वतपर चलेगये वहां किसी वृक्षके खोखले में घोंघे का स्वरूपरखकर वैठेहुए अग्निदेवको हाथी और तोतों ने देवतालोगों को वतादिया तव अग्नि नें देवता लोगोंको दर्शनदिये और शापसे हाथी तथा तोतोंकी जिह्वा विपरीतकरदी फिर देवतालोगों के स्तुति करनेपर उनकेकार्य्यको स्वीकारकरके अग्निदेवने कैलाशपर जाके अपनी गरमीसे श्रीशिवजीको रति से वन्दकरदिया और शापके भयसे प्रणामकरके देवतालोगों का कार्य्य श्रीशिवजी से कहदिया तव महादेवजीने अपना वीर्य्य अग्निमें छोड़दिया उसवीर्य्यको न अग्नि धारणकरसके न पार्वतीजी धारण

क रजोगुणवाले पुरुषोंके चित्तको विगाड़देती है क्योंकि वृद्ध तथा विद्वान्भी उपाध्यायने विनाविचारेअ-
त्यंत क्रोधपूर्व्वक इतनाविरोध मुझसेकिया १२६ अथवा सृष्टिकीआदिसेही विद्वान् ब्राह्मणोंके भी काम
और क्रोधमोक्षके द्वारके स्वाभाविकरोकनेवालेवेलनहैं देखोपहले भी देवदारु वनमें अपनी स्त्रियों के वि-
गड़ने के सन्देहसे मुनिलोग क्या शिवजीपर क्रुद्धनहींहुएहैं और उन ऋषिलोगोंने च्पणक (यती) का
रूपधरके पार्वतीजीकोऋषियोंकाभी शान्त न होनादिखातेहुए महादेवजीको नहींजानाफिर शापदेनेपर
तीनोंलोकोंके नाशकरनेवाले महादेवजी को पहचानकर उन्हींकी शरणमें गये तो इसप्रकारसे कामक्रो-
धादि छः शत्रुओंके द्वारा मुनिलोगभी मोहितहोजाते हैं तो वेदपाठी ब्राह्मणोंका क्या कहनाहै रात्रिके
समय इसप्रकार ध्यानकरताहुआ वहसुन्दरक चोरोंकेभयसेशून्य गोवाटनाम महलमें चढ़करवैठरहा जब
तक कि वहउसमहलमें छिपकरकहीं वैठनेहीकोथा तबतक उसीमहलमें वहकालरात्रि चक्रकोहाथमेंलिये
हुए भयंकर फूत्कारोंको छोड़तीहुई नेत्रतथा मुखसे अग्निकी लपटें निकालतीहुई और वहुतसी डाक-
नियोंको अपने साथमें लियेहुए आई उसप्रकारसे आईहुई कालरात्रिको देखकर सुन्दरकने भयसे राक्ष-
सोंके नाशकरनेवाले मंत्रोंका स्मरणकिया उनमंत्रोंसे मोहितहुई कालरात्रिने एकान्तमें भयसे अंगों
कोसकोड़ेहुए वैठेहुए सुन्दरकको नहींदेखा इसके उपरान्त कालरात्रि उड़नेके मंत्रकोजपकर महलस-
मेत आकाशमें उड़गई सुन्दरकने वहमंत्रसुनकर यादकरलिया और कालरात्रि उसमहल समेत शीघ्रही
उज्जयिनीको चलीगई १४१ उज्जयिनी में जाकर शाकवाट (शाककी मंडी) में उसमहलको मंत्रके
द्वाराउतारकर कालरात्रि डाकिनियों समेत श्मशान भूमिमें क्रीड़ा करनेचली लगी और उससमय क्षुधा
से व्याकुल सुन्दरकने महलसे शाकवाटमें जाकर उखाड़ी हुई मूलीखाई और मूलियोंके द्वारा अपनी
क्षुधाको निवृत्तकरके वह गोवाटमें जाके उसीप्रकारसे वैठरहा इसके उपरान्त कालरात्रि उसश्मशानसे
लौटी और उसीगोवाटपर चढ़के मंत्रोंकेद्वारा आकाशमार्ग में उड़ी और अपने यहाँ आकर गोवाटको
जहाँसे लियाथा वहीं रखकर और उनडाकिनियोंको विदाकरके शयनके स्थानमें चलीगई सुन्दरकभी
आश्चर्य्य पूर्व्वक उसरात्रिको व्यतीत करके प्रातःकाल गोवाटसे उठकर अपने मित्रोंके पासचलागया
वहाँ अपने मित्रोंसे संपूर्ण वृत्तान्तकहकर विदेशजानेकी इच्छा करनेलगा तबमित्रोंने समझाकर उसे
अपनेही पासरक्खा उपाध्यायके घरको छोड़कर यज्ञगृहमें भोजन करताहुआ सुन्दरक अपने मित्रोंके
साथ विहारकरताहुआ स्वच्छन्द रहनेलगा १४६ एकसमय घरकेलिये किसी चीजके खरीदनेके लिये
बजारमेंगईहुई कालरात्रिने सुन्दरकको देखा उससमयभी वहकामसे पीड़ितहोकर उससेवोलीकि हे सु-
न्दरक तू अवभी मेरेसाथ भोगकर क्योंकि मेरेप्राण तेरेही आधीनहैं उसके यहवचन सुनकर उससाधु
सुन्दरकनेकहा कि तुमऐसा मतकहो मेरायह धर्मनहींहै क्योंकि तुमगुरुपत्नी होनेसे मेरीमाताके समान
हो तबकालरात्रि वोली कि जो तुमधर्मको जानतेहो तोमेरेप्राण रक्खो क्योंकि प्राणदानसे वढ़कर कोई
धर्मनहीं है यहसुनकर सुन्दरकने कहा हेमाता ऐसाविचार अपने हृदयमें कभीमतकरो भलागुरुकी स्त्री
केसाथ भोगकरना भी कहीं धर्म होसक्ताहै इसप्रकार सुन्दरकसे निषेधकीहुई क्रोधसे सुन्दरकको डराती

नाम ब्राह्मणी हमारी गुरुहै सखियों के यह वचनसुनकर आकाश में चलनेकी सिद्धिके लोभसे और मनुष्यकेमांसके खानेकेभयसे मैं क्षणभर बहुत सन्देहयुक्तरही फिर सिद्धिके लोभसे मैंने अपनी सखियों सेकहा कि उस मंत्रका उपदेश मुझेभी दिलवादो मेरे यह कहनेसे सखियां उसीसमय बड़े भयङ्कररूप वाली कालरात्रिको वहींबुलालाईं मिलीहुई भृकुटीवाली, ढीड़युक्तनेत्रवाली टेढ़ी और चपटी नाकवाली स्थूलकपोलवाली भयंकरओठवाली बड़े २ दांतवाली बड़ीलम्बी गर्द्दनवाली लम्बेस्तनवाली बड़ेउदर वाली और फटेहुए तथा फूलेहुए पैरवाली उस कालरात्रिको देखकर यह मालूमहोताथा कि मानों ब्रह्माने बुरीचेष्टाबनानेकी सम्पूर्णचतुरता इसी में खतमकरदीनी है १०६ उसे आईदेखकर मैं उसके पैरों में गिरी तब उसने स्नानकरवाके मुझसे प्रथमतो गणेशजीका पूजनकरवाया और वस्त्र उतरवाके मंडलके भीतर मुझेलेजाकर भैरवजीका पूजनकरवाया इसकेउपरान्त मेरा अभिषेककरके उसने अपने मंत्रोंका उपदेश मुझेकरदिया और पूजनमें बलिदानकियाहुआ मनुष्यकामांस मुझेखानेको दिया मंत्रोंकोलेकर और मनुष्यके मांसकोखाकर उसीसमय मैं नग्नही अपनी सखियों समेत आकाशमें उड़गई फिर वहां थोड़ी देरतक विहारकरके अपनी गुरानीकीआज्ञासे उतरकर मैं अपने महलमें चलीगई हे राजा इसप्रकार से मैं बालावस्थामें भी डाकिनियों के साथरहाकरतीथी उससमय हमने मिल २ कर बहुतसे मनुष्य खायेथे हे महाराज इसीकथाके बीचमें मैं आपको एक दूसरी कथासुनातीहूं कि उस कालरात्रिनाम ब्राह्मणीका विष्णु स्वामीनाम पतिथा वह उसदेशभरमें वेदविद्याका बड़ाजाननेवालाथा इससे अनेक देशों से आये हुए विद्यार्थियोंको पढ़ायाकरताथा सम्पूर्णशिष्यों में से एक सुन्दरकनाम तरुणशिष्य बड़ारूपवान् तथा शीलवान्था एकसमय विष्णुस्वामी के कहींचलेजानेपर कालरात्रिने कामसे व्याकुलहोकर एकान्तमें सुन्दरकसे अपनेसाथ भोगकरनेकोकहा कामदेव मानों बुरेरूपवालोंको हँसीका खिलौनाबनाकर उनके साथखेलताथा क्योंकि कालरात्रिने अपने स्वरूपको विना देखे सुन्दरककेसाथ भोगकरनेकी इच्छाकी ११९ सुन्दरकने कालरात्रिके बहुत हठकरनेपर भी ऐसे बुरेकामकरनेकी इच्छानहींकी ठीकहै स्त्रियांचाहै जैसी बुरीचेष्टाकरें परन्तु सज्जनपुरुषोंका चित्तकभी नहींढुलता इसके उपरान्त सुन्दरकके चलेजानेपर कालरात्रिने क्रोधितहोकर दांतों से और नखों से अपना सम्पूर्ण अंगघायलकरडाला और बालों को तथा वस्त्रोंको फैलायेहुएरोतीहुई तबतक बैठीरही जबतक कि विष्णुस्वामी घरकोआये जब वह घरमेंआये तो उनसे बोली कि हे स्वामी आज सुन्दरकने जबरदस्ती से मेरी क्या दशाकी है यह सुनकर उससमय उपाध्यायको बड़ाक्रोधहुआ ठीकहै (प्रत्ययस्त्रीपुमप्णाति विमर्षविद्वषामपि) (स्त्रियोंपर विश्वासकरनेसे विद्वान्लोगोंका भी विचारनष्टहोजाताहै) सायंकालकेसमय जब सुन्दरकआया तब विष्णुस्वामीने अपने शिष्योंसमेत दौड़करघूंसोंसे लातोंसे और लाठियोंसे उसे खूबपीटा जब मारते २ वह बेहोशहोगया तब रात्रिकेसमय उसकोबेपरवाई से अपनेशिष्यों के हाथों से पकड़वाके बाहरसड़कपर डलवादिया इसके उपरान्त उससमयकी वायुकेलगनेसे सुन्दरक धीरे२ होशमेंआगया और अपनी यहदशादेखकर विचारनेलगा कि अरे जैसे बहुततेजवायु बालूयुक्त तड़ागोंको गदलाकरदेतीहै उसीप्रकारस्त्रियोंकी प्रेरणा अधि-

क रजोगुणवाले पुरुषोंके चित्तको बिगाड़देती है क्योंकि वृद्ध तथा विद्वान्भी उपाध्यायने बिनाविचारेअत्यंत क्रोधपूर्व्वक इतनाविरोध मुझसेकिया १२६ अथवा सृष्टिकीआदिसेही विद्वान् ब्राह्मणोंके भी काम और क्रोधमोक्षके द्वारके स्वाभाविकरोकनेवालेवेलनहैं देखोपहले भी देवदारु वनमें अपनी स्त्रियोंके बिगड़ने के सन्देहसे मुनिलोग क्या शिवजीपर क्रुद्धनहींहुएहैं और उन ऋषिलोगोंने क्षपणक (यती) का रूपधरके पार्वतीजीकोऋषियोंकाभी शान्त न होनादिखातेहुए महादेवजीको नहींजानाफिर शापदेनेपर तीनोंलोकोंके नाशकरनेवाले महादेवजी को पहचानकर उन्हींकी शरणमें गये तो इसप्रकारसे कामक्रोधादि छः शत्रुओंके द्वारा मुनिलोगभी मोहितहोजाते हैं तो वेदपाठी ब्राह्मणोंका क्या कहनाहै रात्रिके समय इसप्रकार ध्यानकरताहुआ वहसुन्दरक चोरोंकेभयसेशून्य गोवाटनाम महलमें चढ़करबैठरहा जब तक कि वहउसमहलमें छिपकरकहीं बैठनेहीको था तबतक उसीमहलमें वहकालरात्रि चक्कूकोहाथमेंलिये हुए भयंकर फूत्कारोंको छोड़तीहुई नेत्रतथा मुखसे अग्निकी लपटें निकालतीहुई और बहुतसी डाकिनियोंको अपने साथमें लियेहुए आई उसप्रकारसे आईहुई कालरात्रिको देखकर सुन्दरकने भयसे राक्षसोंके नाशकरनेवाले मंत्रोंका स्मरणकिया उनमंत्रोंसे मोहितहुई कालरात्रिने एकान्तमें भयसे अंगों कोसकोड़ेहुए बैठेहुए सुन्दरकको नहींदेखा इसके उपरान्त कालरात्रि उड़नेके मंत्रकोजपकर महलसमेत आकाशमें उड़गई सुन्दरकने वहमंत्रसुनकर यादकरलिया और कालरात्रि उसमहल समेत शीघ्रही उज्जयिनीको चलीगई १४१ उज्जयिनी में जाकर शाकवाट (शाककी मंडी) में उसमहलको मंत्रके द्वाराउतारकर कालरात्रि डाकिनियों समेत श्मशान भूमिमें क्रीड़ा करनेचली लगी और उससमय क्षुधा से व्याकुल सुन्दरकने महलसे शाकवाटमें जाकर उखाड़ी हुई मूलीखाई और मूलियोंके द्वारा अपनी क्षुधाको निवृत्तकरके वह गोवाटमें जाके उसीप्रकारसे बैठरहा इसके उपरान्त कालरात्रि उसश्मशानसे लौटी और उसीगोवाटपर चढ़के मंत्रोंकेद्वारा आकाशमार्ग में उड़ी और अपने यहाँ आकर गोवाटको जहाँसे लियाथा वहीं रखकर और उनडाकिनियोंको विदाकरके शयनके स्थानमें चलीगई सुन्दरकभी आश्चर्य्य पूर्व्वक उसरात्रिको व्यतीत करके प्रातःकाल गोवाटसे उठकर अपने मित्रोंके पासचलागया वहाँ अपने मित्रोंसे संपूर्ण वृत्तान्तकहकर विदेशजानेकी इच्छा करनेलगा तबमित्रोंने समझाकर उसे अपनेही पासरक्खा उपाध्यायके घरको छोड़कर यज्ञगृहमें भोजन करताहुआ सुन्दरक अपने मित्रोंके साथ विहारकरताहुआ स्वच्छन्द रहनेलगा १४६ एकसमय घरकेलिये किसी चीजके खरीदनेके लिये बजारमेंगईहुई कालरात्रिने सुन्दरकको देखा उससमयभी वहकामसे पीड़ितहोकर उससेबोलीकि हे सुन्दरक तू अबभी मेरेसाथ भोगकर क्योंकि मेरेप्राण तेरेही आधीनहैं उसके यहवचन सुनकर उससाधु सुन्दरकनेकहा कि तुमऐसा मतकहो मेरायह धर्मनहींहै क्योंकि तुमगुरुपत्नी होनेसे मेरीमाताके समान हो तबकालरात्रि बोली कि जो तुमधर्मको जानतेहो तोमेरेप्राण रक्खो क्योंकि प्राणदानसे बढ़कर कोई धर्मनहीं है यहसुनकर सुन्दरकने कहा हेमाता ऐसाविचार अपने हृदयमें कभीमतकरो भलागुरुकी स्त्री केसाथ भोगकरना भी कहीं धर्म होसक्ताहै इसप्रकार सुन्दरकसे निषेधकीहुई क्रोधसे सुन्दरकको डराती

हुई कालरात्रि अपनेही हाथसे अपने वस्त्रफाड़कर घरमें आई और घरमें अपने पतिको अपनावस्त्र दिखाकरबोली कि देखोआज सुन्दरकने दौड़कर मेरावस्त्र फाड़डाला यहसुनकर उसकेपतिनें यज्ञशालामें जाकर यहकहकर कि यहसुन्दरक भोजनकेदेने योग्यनहींहै बल्किमारनेके योग्यहै उसका भोजन बन्द करवादिया इसके उपरान्त सुन्दरक बड़े खेदसे परदेश जानेकेलिये फिर उद्यत हुआ और गोवाटनाम महलमें सीखाहुआ आकाशमें उड़नेका मंत्रतो उसेयादहीथा परन्तु उतरनेकामंत्र कुछभूलगयाथा उसी को सीखनेकेलिये वहउसी शून्यगोवाटमें फिरजाकर पहलेहीके समानबैठा तबकालरात्रि वहाँआकरमहलसमेत उड़कर उज्जयिनीको चलीगई उज्जयिनीमें गोवाटको मंत्रकेद्वारा शाकवाटमें उतारकर क्रीड़ा करनेकेलिये श्मशानकोचलीगई १६१ सुन्दरकने उसमंत्रको दूसरीबारभी सुनकर नहींयादकिया क्योंकि गुरुकी आज्ञाकेविना संपूर्ण सिद्धिनहीं होसक्ती इसकेउपरांत सुन्दरकने कुछमूलीखाई और कुछ मूलीघर लानेकेलिये गोवाटमें उठाकररखलीं और वहींछिपकर बैठरहा तबकालरात्रि वहाँआकर गोवाटसमेतउड़ी और गोवाटको उसके ठीकस्थानमें रखकर अपने घरकोचलीगई प्रातःकाल सुन्दरकभी गोवाटसे निकलकर उनमूलियोंको बाजारमें इसलिये बेचनेकोचला कि इनको बेचकर जोकुछ धनमिलेउससे भोजनको लाऊं उसेमूली वेचतेहुए देखकर मालवदेशके राजसेवकोंने विना मूल्यदियेही अपने देशकी उत्पन्नहुई मूलियां उससे छीनलीनी जबवह उनसे लड़नेलगा तो वहउसे बाँधकर राजाके यहाँ लेगये और उसके मित्रभी उसके पीछे २ उसकेसाथचलेगये वहाँजाकर उनमालवदेशवालोंनेराजासे कहा कि हे राजा हम लोगइससेपूछतेहैं कि तूमालवदेशसे मूलीलाकर कान्यकुब्जदेशमें सदैव कैसेबेचाकरताहै इसकाउत्तरतो यहकुछनहीं देताहै परन्तुढेलेमारताहै यहअद्भुत बातसुनकर राजानेउससे पूछाकि यहकैसीबातहै तब उसके मित्रबोले कि हेराजा जो हमलोगोंसमेत इसेमहलपरचढ़ाइये तो यहसबबातकहैगा नहींतो नहींकहैगा १७० राजाने उसीसमय उसको मित्रोंसमेत महलपरचढ़ा दिया तबसुन्दरक महलसमेत राजाके देखतेही देखते आकाशमें उड़गया सुन्दरक अपनेमित्रोंसमेत धीरे २ प्रयागपहुँचा और वहांथककर उसनेकिसी राजाको गंगास्नानकरतेहुये देखा वहांमकानको आकाशमेंही रोककर वहगंगाजीमें कूदपड़ालोगोंको उसके देखनेसे बड़ाआश्चर्य्य हुआ और वहउसी स्नानकरनेवाले राजाकेपासचलागया राजानेप्रणाम करके उससेपूछा कि तुमकौनहो और किसलिये आकाशसेउतरेहो तबउसनेकहा किमैं मुरजकनाममहादेवजीका गणहूं मनुष्योंकेसे भोगकरनेको मैं महादेवजीकी आज्ञासे तुम्हारेपास आयाहूं यहसुनकर उसकेवचन सत्यजानकर राजाने संपूर्णअन्नोंसे युक्त रत्नोंसेपूर्ण एकपुरश्री तथाराज्यके सबअंगोंसमेत उसेदेदिया वहउसपुरमें जाकर पुरसमेत आकाशमें उड़गया और अपनेसाथियोंसमेत अपनीइच्छासे विहारकरनेलगा सुवर्णके पलँगपरसोताहुआ चामरोंसे मोरछलकियाहुआ और श्रेष्ठस्त्रियोंसे भोगकियाहुआ सुन्दरक आकाशहीमें इन्द्रकेसेसुख भोगनेलगा १७८ एकसमय कोईसिद्ध आकाशमार्गसेचला जाताथा उसकी इससुन्दरकने बड़ी स्तुतिकी तब उसनेप्रसन्नहोकर इसको आकाशसे उतरनेकामंत्रबता दिया आकाशसे उतरने का मन्त्रपाकर वह पुरसमेत अपने कान्यकुब्ज देशमें आकाशसे उतरा बड़े

धनाढ्य पुरसमेत आकाश से उतरेहुये उसे जानकर राजा वड़े आश्चर्य्य से आपही उसकेपास आया राजाने उसे पहचानकर जव उससे पूछा तो उसने अपना और कालरात्रिका सववृत्तान्त ठीक २ राजा से कह दिया यहसुनकर राजाने कालरात्रिको वुलाकरपूछा तो उसने निर्भयहोकर अपना सम्पूर्ण दोप स्वीकार करलिया यह सुनकर जव राजा कुपित होकर उसके कानकाटने को उद्यत हुआ तो पकड़ने पर भी सवके देखते२ अन्तर्ध्यानहोगई राजाने तवसे कालरात्रिका अपने देशमें रहना निपेध करदिया और राजा के पूजन को ग्रहण करके सुन्दरकभी आकाश को चलागया १८५ रानी कुवलयावली इसप्रकार राजा आदित्य प्रभसे कहकर फिर कहनेलगी कि हे स्वामी डाकिनियों के मंत्रकी सिद्धियां इसी प्रकारकी होती हैं और यह वृत्तान्त मेरे पिताके देशभरमें प्रसिद्धहै मैंने यहतो आपसे कहा कि मैं कालरात्रिकी शिष्यहूं परन्तु पतिव्रता होने के कारण मेरीसिद्धि कालरात्रिसे भी वढ़ीहुई है आज आपने मुझे देखलिया मैं आपही के लिये यह पूजनकररहीथी और वलिदान देनेके निमित्त मंत्रसे किसी पुरुषको खैंचनेको उद्यतथी हे राजा अव आप भी इस हमारे मार्ग्ग में आजाइये तो अपनी सिद्धि से सम्पूर्ण राजालोगोंको जीतकर उनके शिरोमणि होजाइये यह सुनकर राजाने कहा कि कहां तो डाकिनियों के मार्ग में मनुष्यके मांसका भोजनकरना और कहां राज्य करना इसमें वड़ा अन्तरहै और यह वात कहके राजा ने अपने संयुक्त होनेको निपेध करदिया परन्तु जवरानी प्राण देनेको तय्यारहुई तव राजा ने उसका कहना अंगीकार करलिया ठीकहै (विपयाकृष्यमानाहि तिष्ठन्तिस्वपथेकथम्) (विपयोंके वशीभूत मनुष्य अच्छेमार्गमें कैसे रहसक्ते हैं) १९२ इसकेउपरान्त रानीने पहलेसे पूजन कियेहुए उसमण्डलमें राजाकोवुलालिया और उस्से संपूर्णवातोंका नियमकरनेका कौलकरारकहा कि यह जो फलभूति नाम ब्राह्मण आपके पासरहताहै उसीको आज मैंने भेटदेनेके लिये खैंचनेका विचार कियाथा परन्तु मंत्रकेद्वारा खैंचने में वड़ापरिश्रमहै इस्से किसी रसोइयेको भी इसमार्ग में लेनाचाहिये जिस्से कि वह रसोइया उसेआपहीमारे और पकावे. हे राजा उसवलिदानके मांसकेखाने में घृणा (नफ़रत) न करनाचाहिये क्योंकि पूजनके समाप्तहोजानेपर सिद्धिपूर्णहोजातीहै इस्से वह मांसवड़ाउत्तमहै प्रियाके यहवचनसुनकर पापसेडरेहुए भी राजाने ब्राह्मणका वलिदानदेना स्वीकार करलिया (वड़ेकष्ट देनेवाली स्त्रियोंकी आज्ञाके पालनकरनेको धिक्कारहै) इसकेउपरान्त साहसिकनाम रसोइयेको वुलाकर और उसेभी विश्वासपूर्व्वक अपना शिष्यकरके राजा और रानी दोनोंउस्सेवोले कि राजा और रानी आज साथही भोजनकरेंगे इस्से शीघ्रही भोजनवनाओ, यहवात तुमसे जो कोई आकरकहे उसेमारकर उसीकेमांससे प्रातःकाल एकान्तमें तुम स्वादिष्ट भोजन हमारेवास्तेवनाना राजाकी इसआज्ञाको स्वीकारकरके वह रसोइया अपने घरकोचलागया २०० प्रातःकाल राजाने फलभूतिसेकहा कि तुमसाहसिक नाम रसोइयेसे जाकरकहो कि रानीसमेत राजा आज स्वादिष्ट भोजनकरेंगे इस्से तुम शीघ्रही उत्तम भोजनवनाओ राजाकी आज्ञाकोलेकर वाहरगयेहुए फलभूतिसे चन्द्रप्रभनाम राजाके पुत्रने कहा कि यह सोनालेकर आज शीघ्रही तुमहमारेलिये वैसे कुण्डलवनवाओ जैसे कि पहले तुमने हमारे पिताके

हुई कालरात्रि अपनेही हाथसे अपने वस्त्रफाड़कर घरमेंआई और घरमें अपने पतिको अपनावस्त्र दिखाकरबोली कि देखोआज सुन्दरकने दौड़कर मेरावस्त्र फाड़डाला यहसुनकर उसकेपतिने यज्ञशालामें जाकर यहकहकर कि यहसुन्दरक भोजनकेदेने योग्यनहींहै बल्किमारनेके योग्यहै उसका भोजन बन्द करवादिया इसके उपरान्त सुन्दरक बड़े खेदसे परदेश जानेकेलिये फिर उद्यत हुआ और गोवाटनाम महलमें सीखाहुआ आकाशमें उड़नेका मंत्रतो उसेयादहीथा परन्तु उतरनेकामंत्र कुछभूलगयाथा उसी को सीखनेकेलिये वहउसी शून्यगोवाटमें फिरजाकर पहलेहीके समानबैठा तबकालरात्रि वहाँआकर महलसमेत उड़कर उज्जयिनीको चलीगई उज्जयिनीमें गोवाटको मंत्रकेद्वारा शाकवाटमें उतारकर क्रीड़ा करनेकेलिये श्मशानकोचलीगई १६१ सुन्दरकने उसमंत्रको दूसरीवारभी सुनकर नहींयादकिया क्योंकि गुरुकी आज्ञाकेविना संपूर्ण सिद्धिनहीं होसक्ती इसकेउपरांत सुन्दरकने कुछमूलीखाई और कुछ मूलीघर लानेकेलिये गोवाटमें उठाकररखलीं और वहींछिपकर बैठरहा तबकालरात्रि वहाँआकर गोवाटसमेतउड़ी और गोवाटको उसके ठीकस्थानमें रखकर अपने घरकोचलीगई प्रातःकाल सुन्दरकभी गोवाटसे निकलकर उनमूलियोंको बाजारमें इसलिये वेचनेकोचला कि इनको वेचकर जोकुछ धनमिलेउससे भोजनको लाऊं उसेमूली वेचतेहुए देखकर मालवदेशके राजसेवकोंने विना मूल्यदियेही अपने देशकी उत्पन्नहुई मूलियां उससे छीनलीनी जबवह उनसे लड़नेलगा तो वहउसे बाँधकर राजाके यहाँ लेगये और उसके मित्रभी उसके पीछे २ उसकेसाथचलेगये वहाँजाकर उनमालवदेशवालोंनेराजासे कहा कि हे राजा हम लोगइससेपूछतेहैं कि तूमालवदेशसे मूलीलाकर कान्यकुब्जदेशमें सदैव कैसेवेचाकरताहै इसकाउत्तरतो यहकुछनहीं देताहै परन्तुढेलेमारताहै यहअद्भुत बातसुनकर राजानेउससे पूछाकि यहकैसीबातहै तब उसके मित्रबोले कि हेराजा जो हमलोगोंसमेत इसेमहलपरचढ़ाइये तो यहसबबातकहैगा नहींतो नहींकहैगा १७० राजाने उसीसमय उसको मित्रोंसमेत महलपरचढ़ा दिया तबसुन्दरक महलसमेत राजाके देखतेही देखते आकाशमें उड़गया सुन्दरक अपनेमित्रोंसमेत धीरे २ प्रयागपहुँचा और वहांथककर उसनेकिसी राजाको गंगास्नानकरतेहुये देखा वहांमकानको आकाशमेंही रोककर वहगंगाजीमें कूदपड़ालोगोंको उसके देखनेसे बड़ाआश्चर्य हुआ और वहउसी स्नानकरनेवाले राजाकेपासचलागया राजानेप्रणाम करके उससेपूछा कि तुमकौनहो और किसलिये आकाशसेउतरेहो तबउसनेकहा कि मैं मुरजकनाममहादेवजीका गणहूं मनुष्योंकेसे भोगकरनेको मैं महादेवजीकी आज्ञासे तुम्हारेपास आयाहूं यहसुनकर उसकेवचन सत्यजानकर राजाने संपूर्णअन्नोंसे युक्त रत्नोंसेपूर्ण एकपुरखी तथाराज्यके सबअंगोंसमेत उसेदेदिया वहउसपुरमें जाकर पुरसमेत आकाशमें उड़गया और अपनेसाथियोंसमेत अपनीइच्छासे विहारकरनेलगा सुवर्णके पलँगपरसोताहुआ चामरोंसे मोरछलकियाहुआ और श्रेष्ठस्त्रियोंसे भोगकियाहुआ सुन्दरक आकाशहीमें इन्द्रकेसेसुख भोगनेलगा १७८ एकसमय कोईसिद्ध आकाशमार्गसेचला जाताथा उसकी इससुन्दरकने बड़ी स्तुतिकी तब उसनेप्रसन्नहोकर इसको आकाशसे उतरनेकामंत्रबता दिया आकाशसे उतरने का मन्त्रपाकर वह पुरसमेत अपने कान्यकुब्ज देशमें आकाशसे उतरा बड़े

वहुतसा धनदेकर निहालकिया फिरराजाने क्षेत्रोंमेंभी वहुतसा धनदिया उससमय मृदंगोंके शब्दों से भरीहुई पुरीमें प्रजालोग आगेहोनेवाले अन्यउत्तम फलोंके विचारसे अपने २ घरोंमें उत्सवकरनेलगे इस प्रकार संपूर्ण पृथ्वीको जीतकर निहालहुआ राजाउदयन् रुमरवान् और यौगन्धरायण दोनोंमंत्रियोंपर संपूर्ण राज्यका भाररखकर वासवदत्ता और पद्मावती के साथ आनन्द पूर्व्वक विराजमानहुआ कीर्त्ति और लक्ष्मीके समान उनदोनों रानियोंके वीचमें वैठहुआ राजाउदयन् सुन्दर नटों के गानको सुनता हुआ अपने यशके समान स्वच्छ चांदनी में शत्रुओंके प्रतापके समान मद्यपानकरनेलगा २३० ॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांलावाणकलम्वकेषष्ठस्तरंगःलावाणकनामतीसरालम्वकसमाप्तहुआ ॥

---

## नर वाहनदत्त जननंनाम चतुर्थोलम्बकः ॥

कर्णनाल वलाघात सीमन्तितकुलाचलः ॥
पंथानमिवसिद्धीनांदिशंजयतिविघ्नजित् १ ॥

इसके उपरान्त राजाउदयन् कौशाम्वीमें रहकर जीतीहुई सम्पूर्ण पृथ्वीका भोग करनेलगा रुमरवान् और यौगन्धरायण पर राज्यका सम्पूर्ण भाररखकर वसन्तक समेत राजा सुखपूर्व्वक विहार करनेलगा और रानी वासवदत्ता तथा पद्मावतीकोसंगमें लेकर वीणाको वजाकर संगीत गानका सुख अनुभवकरने लगा जिससमय राजावीणा वजाताथा और रानीकाकली अर्थात् धीरे २ गंभीर मधुरस्वरसे गानकरती थी उससमय दोनोंस्वरोंका ऐसा अभेद होजाताथा कि वीणा वजाने में राजाकी चलतीहुई उंगलीको देखकर मालूम होताथा किवीणाभीवजती है अपनीकीर्तिके समान चांदनीसे निर्मल महलोंपर शत्रुओं के मदके समान मद्यको राजापीताथा वेश्याजन सुवर्णके कलशोंमें भरकर मद्य उसके लिये लातीथीं वह मद्य क्याथी मानों कामदेवके राज्यमें अभिषेककरनेका जलथा राजा कुछ रक्तवर्ण सुन्दर रसयुक्त निर्म्मल और रानियोंके मुखोंके प्रतिविम्वसे युक्त मद्यको रानियोंके मध्यमें रखताथा वहमद्य न थी मानों राजाका मूर्त्तिमान चित्तही था ईर्षा और क्रोधके विनाभी टेढ़ी भृकुटीवाले रानियों के रक्तमुखारविन्दोंको देखकर राजाकी दृष्टि तृप्त नहीं होतीथी मद्यसेभरेहुए अनेक स्फटिकके प्यालोंसेयुक्त मद्यपीनेकी पृथ्वी प्रातःकाल की धूपसे कुछ रक्तवर्णवाले श्वेत कमलोंसे युक्त पद्मिनीके समान शोभित होतीथी १० वीच २ में अनेक व्याघ्रोंसे युक्त पलासरूपकाले वख्तरको पहरेहुए और वाणासन ( वाण तथा असनके वृक्ष पक्षान्तरमें धनुष )से युक्त अपने समानवनमें राजा शिकारखेलनेको गया जव राजाकीचसे भरेहुए शूकरोंको वाणों से मारताथा तव किरणोंसे अंधकारके समूहोंके नाश करनेवाले सूर्य्यके समान शोभित होताथा शिकार के लिये राजाके दौड़नेपर डरकर इधर उधर भागेहुए मृग पहले जीतीहुई दिशाओंके कटाक्षों के समान शोभितहुए फैलेहुए मुखोंमें लगेहुए भालोंसे छिदजानेपर मरनेके समयमेंभी गर्जनेवाले सिंहोंको देख- कर राजा अत्यन्त प्रसन्न होताथा शिकारी कुत्ते पशुओं के मार्गों में गढ्ढे और पशुओंके वांधनेकी डोरी

लिये बनवायेथे जबराजपुत्रने फलभूतिसे बहुतहठपूर्व्वक शीघ्रजानेकोकहा तो वह राजाका संदेसा उस राजपुत्रसे कहकर कुंडलवनवानेको चलागया और राजपुत्रभी फलभूतिकी बताईहुई राजाकी आज्ञाको कहनेकेलिये अकेलाही रसोईदारकेपासगया वहांजाकर जबराजपुत्रनेरसोइये से राजाकीआज्ञाकही तब उस साहसिकने शीघ्रही राजपुत्रको छुरीसे मारडाला और उसी के मांससेबनायेहुए भोजनको पूजनके उपरान्त राजा रानी ने विनाउसतत्त्वकेजाने खाया २०८ राजाने पश्चात्तापसहित वह रात्रिव्यतीतकरके प्रातःकाल कुंडलोंको हाथमेंलिये आयेहुए फलभूतिको देखा उसे देखकरराजाको बड़ा सन्देहहुआ और कुण्डलोंके बहानेसे राजाने उससमय उस्से पूछा कि तुम यह कैसे कुंडललेकर यहां आयेहो तब फलभूति ने कुण्डलोंका सबवृत्तान्त कहदिया उसवृत्तान्तको सुनतेही राजापृथ्वी में गिरकर हापुत्र २कहकरचिल्लानेलगा और अपनी तथा रानीकी निन्दाकरनेलगा जब मंत्रियोंनेपूछा कि यह क्या वृत्तांतहै तबराजाने सबवृत्तान्त सत्य २ कहदिया और बोला कि फलभूतितो नित्य कहताहीथा कि (भद्रकृत्प्राप्नुयाद्भद्रमभद्रं चाप्यभद्रकृत) (नेकीकरनेवालेको नेकी और बदीकरनेवालेको बदी) जैसे दीवारपर फेंकीहुई गेंद फेंकने वालेहीकीओर लौटकर आजाती है उसीप्रकार दूसरेकेलिये विचाराहुआ दोषअपनेही ऊपरआताहै देखो हमदोनों पापियोंने ब्रह्महत्या करनेका विचारकियाथा इस्से अपनेहीपुत्रको मरवाकर उसीका मांसखाना पड़ा यहकहकर और नीचेको मुखकियेहुए अपने मंत्रियोंको समझाकर राजाने अपने सबराज्य में उसीफलभूतिका राज्याभिषेक करदिया २१५ पुत्र रहितराजा इसप्रकार अपने पापसे छूटनेकेलिये संपूर्ण राज्यका दानकरके और पश्चात्ताप से बहुत संतप्तहो के रानी समेत अग्नि में जलगया फलभूति उस राज्यको पाकर सबपृथ्वीका पालनकरनेलगा इसीप्रकार भलाई या बुराई जो दूसरेपर कियाचाहो वह अपनेही ऊपरआजाती है इसप्रकारइसकथाको कहकर यौगन्धरायणराजासे फिरकहनेलगा कि हेराजा आपने ब्रह्मदत्तको जीतकरके भी उसकेसाथ भलाईकी है अबवह जोकोईभी उपद्रवकरे तो आपउसको मारडालिये यौगन्धरायणके यह वचन सुनकर राजाउदयनने उसकी प्रशंसाकी और वहांसे उठकर अपना दिवसका नित्यकृत्यकिया दूसरेदिन संपूर्णदिग्विजयसे निवृत्तहुआ राजालावाणकसे अपनी कौशाम्बी पुरीकोचला और धीरे २ सेना समेत अपनी कौशाम्बीनगरीमें आया उससमय वहनगरी पताकारूपी भुजाओंको उठाकर मानोंबड़ेहर्षसे नाचरहीथी पुरवासियोंकी स्त्रियोंके नेत्ररूपीवनमें अधिकवायुके वेग सेहोनेवाली शृंगाररसकी चेष्टाको उत्पन्नकरताहुआ नगरी के भीतरचला कथिकों के गानको बंदियोंकी स्तुतिको सुनताहुआ और राजालोगोंसे प्रणामकियाहुआ राजाउदयन् अपने राजमंदिरमें आया२२४ इसकेउपरांत हारेहुए संपूर्ण देशोंके राजालोगोंपर अपने शासनको जमाकर राजाउदयन् निधिमें मिले हुये अपनेपुरुखोंके प्राचीन रत्नसिंहासनपरबैठा उससमय मंगलके निमित्त बजायेगये नगाड़ों के शब्द तथाझाईं शब्दों से आकाशभरगया वह नगाड़ोंका शब्दनहींथा मानों राजाके मंत्रियोंपर प्रसन्नहुए लोकपाल संपूर्ण दिशाओंमें धन्यवाद कररहेथे फिरलोभरहित राजाने पृथ्वीके जीतनेसे लायेहुए धनको दानकरके ब्राह्मणोंको दिया और बड़ाउत्सव करके संपूर्णहारेहुए राजालोगोंको तथा अपने मंत्रियोंको

आप जैसा उचित समझें कीजिये आपही मालिकहैं उसके दीनवचनों को सुनकर राजाने प्रतीहारसे कहाकि इसेलेजाकर वासवदत्ताको सौंपदो ४५ तब आगे २ जातेहुए शुभकर्मके समान उसप्रतीहारके साथ वहब्राह्मणी वासवदत्ताके समीप पहुंची तब रानी वासवदत्ताने प्रतीहार के द्वारा राजाकी भेजीहुई जानकर उसपर बड़ी श्रद्धाकी और उसके दोपुत्र देखकर अपनेचित्तमें शोचाकि (अहोवामैकव्यचित्वंकिमप्येतत्प्रजापतेः अहोवस्तुनिमात्सर्य्य महोभक्तिरवस्तुनि) ब्रह्माकी कैसी कुटिलगतिहै कि योग्यस्थानों में ऐसी उदासीनता और अयोग्यस्थानमें ऐसी कृपा,देखो मेरे अबतक एकभी पुत्रनहीं उत्पन्नहुआ और इसदीनके दोपुत्र एकसाथही उत्पन्नहुए इसप्रकारसे शोचतीहुई रानी स्नानकरनेकोगई और दासियोंको उस ब्राह्मणी के भी स्नानादिकरावनेकी आज्ञादेगई दासियों से स्नानकराईगई वस्त्र पहनाईगई और भोजनकराईगई ब्राह्मणी जलसे सींचीहुई उष्ण पृथ्वी के समान प्रसन्नताको प्राप्तहुई ५१ इसके उपरान्त जब वह ब्राह्मणी सावधानहुई तब वासवदत्ताने कथाकेप्रसंगसे उसकी परीक्षाकरने के लिये उससे कहा कि हेब्राह्मणी कोई कथाकहो रानी के वचनसुनकर वह ब्राह्मणी यह कथाकहनेलगी कि पूर्वसमय में जयदत्तनाम किसी सामान्य राजाके देवदत्तनाम पुत्रहुआ समयपाकर देवदत्तके तरुणहोनेपर उसके विवाहकरनेकी इच्छासे उस बुद्धिमान् राजाने यह शोचा कि ( वेश्येवबलवद्भोग्या राजश्रीरतिचंचला वणिजांतुकुलस्त्रीव स्थिरालक्ष्मीरनन्यगा ) अत्यन्त चंचल राजलक्ष्मी वेश्याके समान बलवान्ही से भोगकीजासक्ती है और वणियोंकीलक्ष्मी कुल स्त्री के समान अन्य गामिनीनहींहोती इससे मैं अपने पुत्रका विवाह वणियेकीपुत्री से करूंगा इसकारणसे अनेक उपाधियुक्त इसराज्यमें इसको क्लेश न होगा ऐसा निश्चयकरके राजा जयदत्तने अपने पुत्र के लिये पटनेकेरहनेवाले वसुदत्तनाम वणिये से अपने पुत्रकेलिये कन्यामांगी वसुदत्तने भी उत्तमसम्बन्धकी इच्छासे दूरदेशमें भी राजपुत्रकेलिये अपनी कन्या देनास्वीकारकरलिया और विवाहकेसमय जामाताको इतने रत्नदिये कि उसको अपने पिताके सम्पूर्ण ऐश्वर्य्यका अभिमान दूरहोगया उस धनवान् वणियेकी कन्याके साथ अपने पुत्रका विवाहकरके वह जयदत्तराजा सुखपूर्वकरहनेलगा ६१ एकसमय वसुदत्त बहुत उत्कण्ठितहोकर अपने जमाई के घरआकर अपनी पुत्रीको लिवालेगया इसके उपरान्त अकस्मात् राजा जयदत्त तो स्वर्गवासीहुआ और उसके भाइयों ने देवदत्तसे सम्पूर्ण राज्यछीनलिया तब उनके डरसे उसकी माताछिपकर उसे किसी दूरदेशमें लेगई वहांजाकर देवदत्तसे उसकीमातानेकहा कि पूर्वदिशाकाराजा चक्रवर्त्ती है और वहीहमारा स्वामीहै उसकेपास तुमजाओ वह तुमको तुम्हाराराज्यदिलवादेगा माताके यह वचनसुनकर राजपुत्रने कहा कि परिकरके बिना वहांमुझको कौन राजपुत्रसमझेगा यह सुनकर फिर मातावोली कि पहले तुम अपने श्वशुरके घरजाकर वहांसे धनलेकर परिकरवनाके उस चक्रवर्त्ती के पासजाओ मातासे इसप्रकार प्रेरणा कियाहुआ वह राजपुत्र लज्जितहोकर वहांसे धीरे २ चला और सायङ्कालकेसमय अपने श्वशुरके घर के समीपपहुंचा ६९ पिता और राजलक्ष्मी से रहित वह राजपुत्र रात्रिकेसमय लज्जासे अपने श्वशुरके घरमें न जासका श्वशुरके घरके निकट किसी यज्ञशालाके बाहरठहरा वहां रात्रिकेसमय उसनेदेखा कि

यह सब सामग्री केवल शस्त्रों के द्वाराही कार्य्य सिद्ध करनेवाले राजाके साथमेंथीं १६ इसप्रकार सुखको भोग करतेहुए राजाके स्थानपर एकसमय नारदमुनि आये आकाशके आभूषण स्वरूप और अपने शरीरकी प्रभाके मंडलसे युक्त नारदजी क्याथे मानों तेजस्वियोंके प्रेमसे उतरेहुए साक्षात् सूर्य्य भगवान् थे राजाने उनका बड़ा सत्कारकर बारम्बार प्रणामकरके आसनपर बैठाया क्षणभर बैठकर प्रसन्नहुए नारदजी ने राजासे कहा कि हेउदयन् सुनों तुमसे हम संक्षेप पूर्व्वक कहते हैं कि तुम्हारे पूर्व्व पुरुषों में पाण्डु नाम राजाहुए उनकेभी तुम्हारे समान दोरानियांथीं एक कुन्ती और दूसरीमाद्री समुद्र पर्य्यन्त सम्पूर्ण पृथ्वीको जीतकर एकसमय राजापाण्डु शिकारखेलनेको वनमें गये वहांजाकर राजाने मृगरूपसे अपनी भार्य्याके साथ रतिकरतेहुए किन्दमनाम मुनिकोमारा बाणके लगतेही मुनिने मृगके स्वरूपको त्यागकर मरते समय यहशापदिया कि तुमने विना विचारकियेंही एकांत में रतिकरतेहुए मुझकोमाराहै इससेतुमभी मेरेही समान अपनी स्त्री से भोगकरते हुए मृत्युको प्राप्तहोगे इसप्रकार शापपाकर भयसे भोगकी इच्छाको छोड़कर अपनी स्त्रियोंसमेत राजापाण्डु तपोवनमें रहनेलगावहांभी शापकी प्रेरणासे एकसमय राजाने माद्रीनाम अपनी स्त्रीकेसाथ भोगकिया तभी उनकी मृत्युहोगई इससे हे राजायहशिकारकरना राजालोगोंकेलिये बड़ा दुखदाईहै इसकेद्वारा औरभी राजालोग मृगोंके समानमृत्युको प्राप्त हुएहैं भयङ्कर शब्दवाली मांससेभरीहुई रूखीधुमैले वर्णवाली उठेहुएकेशवाली और भालेरूपदांतवाली शिकारमृगया राक्षसीके समान कल्याणकरनेवाली कैसेहोसक्ती है इससे व्यर्थ श्रमवालेशिकारको त्याग दो इसमें शिकार खेलनेवाले उनके वाहन और वनके पशु इनतीनोंकेही प्राणोंका संशयरहताहै हे राजा तुम्हारे पुरखोंकी प्रीति से तुमभी मेरे बड़े प्यारेहो अब तुम्हारे कामदेवका अवतार पुत्रहोगा वहभी मैं तुम को सुनाताहूं ३१ एकसमयमें कामदेवके शरीर धारणकरनेके लिये रतिनेशिवजी महाराजकी बड़ीस्तुति की तब श्रीशिवजीने प्रसन्नहोकररतिसे यहसंक्षिप्त वचनकहे कि पार्व्वतीजी अपनेअंशसेपृथ्वी में अवतार लेकर और पुत्रकी इच्छासे मेरीआराधना करके कामदेवको उत्पन्नकरेंगी इससे चंडमहासेनके यहां वासवदत्तारूपसे पार्वतीजीने अवतारलिया और वहीतुम्हारी रानी हैं यह श्रीशिवजीका आराधन करके कामदेवके अंशरूप पुत्रको उत्पन्न करेंगी और वहसंपूर्ण विद्याधरोंका चक्रवर्तीहोगा इसप्रकार कहकर राजासे आदर कियेगये नारदजी अन्तर्ध्यान होगये ३७ इसकेउपरान्त दूसरेदिन सभामें बैठेहुएराजा से नित्योदितनाम प्रतीहारने आकर यह विज्ञापनकिया कि एकबड़ीदीन ब्राह्मणी दोवालकों को लियेहुए द्वारपर खड़ीहै और आपके दर्शनकरनेकी अभिलाषा करतीहै यहसुनकर राजाने उसको आने की आज्ञादेदी तब अत्यन्त दुर्बल और पाण्डु तथा धूसरवर्णवाली वह ब्राह्मणीमानके समान गलेहुए फटेवस्त्रोंसे व्याकुल और दुःख तथा दैत्यके समान दोनों बालकोंको लियेहुए सभामें आई वहां उसने यथायोग्य प्रणामकरके कहा कि हे महाराज मैं कुलीन ब्राह्मणी इसप्रकारकी दुर्दशाको प्राप्तहुईहूं और भाग्यवशसे यह दोपुत्र मेरे एकसाथहीहुए हैं भोजनके न मिलने से स्तनों में दूधभी नहीं पैदाहोताहै जो इन्हें पिलाकर पालनकरूं इससे दीनअनाथ तथाशरणागतोंकी रक्षाकरनेवाले आपकीशरणमें मैं आईहूं

कदाचित् वही इसेलेगयाहोगा इसप्रकार शोचतीहुई उसवणियेकी पुत्रीका हृदय अपने दुराचारके प्रकट होजानेसे व्याकुलहोकर कातरतासे फटगया इसके मरजानेपर इसके पिताने पुत्री के वृत्तान्तके जाननेवाली दासी से पूछके और सम्पूर्ण तत्त्व समझकर अपने शोकको त्याग करदिया और वह राजपुत्र राज्यकोपाकर अपने गुणोंसे प्रसन्नहुई चक्रवर्तीकी कन्याको दूसरी राज्य लक्ष्मी के समान प्राप्तहोकर अत्यन्त प्रसन्नहुआ ९६ इससे यह निश्चयहोता है कि साहस के समय स्त्रियोंका हृदय वज्रसे भी अधिक कठिन और भयतथा संभ्रम के समय पुष्पसे भी अधिक कोमल होताहै ( तास्तुकाश्चनसद्वंशजाता मुक्ताइवाङ्गनाः याः सुवृत्ताच्छ हृदयायान्ति भूषणतांभुवि ) श्रेष्ठवंशमें उत्पन्नहुई मोतियोंके समान ऐसीस्त्रियांतो कोई२होती हैं जो अपने निर्म्मल हृदय और सुंदर आचरणों से पृथ्वीमें आभूषण रूपहोती हैं ( हरिणीवच राजश्रीदेवम्बिष्ठविनीसदा धैर्य्यपाशेन वन्धुञ्चतामेवं जानतेबुधाः ) हरिनीके समान राज्यलक्ष्मी इसीप्रकारसे सदैव भागती है और पण्डितलोग धैर्य्यरूपी पाशसे इसीप्रकार उसका बांधना भी जानते हैं इससे आपत्तिमें भी सम्पत्तिके चाहनेवाले मनुष्योंको सत्त्वका त्याग नहीं करनाचाहिये यहीवृत्तान्त मेरेलिये भी उदाहरण रूपहुआया जो मैंने अत्यन्त क्लेशमें भी अपने आचरणोंकी रक्षा कीथी वहतुम्हारे दर्शन होनेसे सफलहुई १०१ उसब्राह्मणीके मुखसे इसकथाको सुनकर वासवदत्ताने आदर पूर्वक अपने चित्तमें विचार कियाकि इसके प्रौढ़वचनों से और आचरणके रक्षाकी कहावतसे ज्ञातहोताहै कि निस्सन्देह यहकोई कुलीन ब्राह्मणी है और इसीसे इसे राजाकी सभामें प्रवेशकरनेकी चतुरताहुई यहविचारकर रानीने फिरउस ब्राह्मणीसे पूछाकि तुमकिसकी स्त्रीहो अपना सबवृत्तान्त मुझसे वर्णनकरो वासवदत्ताकी आज्ञापाकर ब्राह्मणी कहनेलगी कि हे रानी मालवदेशमें बड़ाविद्वान् और धनवान् अग्निदत्तनाम एकब्राह्मणथा वहसदैव याचकोंको धनदिया करताथा उसके अपनेही समान दो पुत्र उत्पन्नहुए ज्येष्ठकानाम शङ्करदत्त और कनिष्ठकानाम शान्तिकर था उनमें से शान्तिकर विद्या पढ़नेके लिये बालावस्थामेंही पिताके घरसे निलकरकहीं चलागया और बड़ेभाईने यज्ञकरनेके निमित्त धनके इकट्ठे करनेवाले यज्ञदत्तनाम ब्राह्मणकी कन्याके साथ विवाहकिया वह मैंहूं समयपाकर मेरा श्वशुर स्वर्गवासीहुआ और मेरी सासभी उसीके साथ सतीहोगई ११० इसकेउपरान्त मुझगर्भवतीको छोड़कर मेरे पतिने तीर्थयात्राके बहाने जाकर सरस्वती नदी के प्रवाहमें शोकसे अन्धहोकर अपना शरीर त्यागकरदिया जबउसके साथियोंनेआकर उसका वृत्तान्तकहा तब मैं गर्भवती होनेकेकारण उसकेदुःखमें अपना शरीर नहींत्यागसकी इसकेउपरान्त अकस्मात् बहुतसे चोरोंनेआकर जिसगांवमें मैं रहतीथी वह सबगांव लूटलिया उससमय तीनब्राह्मणियोंके साथहोकर मैं अपने आचरणकी रक्षाकरने के लिये थोड़े से वस्त्रोंको लेकर वहांसे भागी देशभंगहोनेसे बहुतदूरआकर एकदेशमें महीनेभरतक बहुतकठिनकामोंकी जीविकाकरके निवास किया वहांलोगों से राजा उदयन्को अनाथोंकी रक्षाकरनेवाले सुनकरब्राह्मणियोंकेसाथ केवल सदाचाररूपी पाथेय(सफरखर्च) को लेकर यहांआई इसदेशमें आनेही उनतीनों ब्राह्मणियोंके समीपहीमें एकसाथही यहदोनों पुत्र उत्पन्नहुए शोक विदेश दरिद्रता और एकसाथही दोनों

श्वशुरके कोठे से एकस्त्री रस्सी के सहारे नीचे उतररही है क्षणभरमें आकाश से गिरीहुई ज्वालाके स-मान रत्नजटित आभूषणों से देदीप्यमान उस स्त्रीको उसने पहचाना कि यह तो मेरीही स्त्री है और पहचानकर उसके चित्तमें बड़ाखेदहुआ उसस्त्री ने तो उसे देखकर भी मलिनता और दुर्बलताके कारण नहींपहचाना और उस्सेपूछा कि तू कौनहै उसनेकहा कि मैं एकपथिकहूं इसकेउपरान्त वह यज्ञशाला के भीतरगई और राजपुत्रभी छिपकर देखने के लिये उसकेपीछे चलागया वहां वहस्त्री एकपुरुषके पास गई उसने उसे देखकरकहा कि तू आज बहुतदेरकरकेआई और लातोंसे उसे बहुतपीटा पीटने से और भी अधिक अनुरागयुक्तहोकर उसने उसे प्रसन्नकिया और इच्छाके अनुसार उसकेसाथरमणकिया यह संपूर्ण चरित्र देखकर राजपुत्रने अपने चित्तमें विचारकिया कि यह क्रोधका समयनहीं है अभी मुझे अन्य कार्य्यकरने हैं मेरा यह शत्रुओंके योग्य शस्त्र इसदीनस्त्रीपर और इसजड़पुरुषपर चलानेके योग्य नहींहै इसदुष्टस्त्री से मुझे क्या प्रयोजनहै यह सबकार्य्य मेरेही दुर्भाग्यका है जो कि मेरे धैर्य्यकी परीक्षा के लिये दुःखपैदुःखदिये चलाजाताहै और इसमें इसका अपराधही क्याहै यह तो समान कुलमें संबन्ध न करनेका फलहै ठीक कहा है कि ( मुक्त्वावलिभुजंकाकी कोकिले रमते कथम् ) काकी ( कौए की स्त्री ) कौए को छोड़कर कोकिलकेसाथ कैसे रमणकरे यह शोचकर उसने अपनीस्त्री और जार दोनोंको उपेक्षाकरके न मारा ( सतांगुरुजिगीषेहिचेतासि स्त्री तृणंकियत् ) बहुतजीतने की इच्छा करनेवाले स-ज्जनलोगोंके चित्तमें स्त्रीरूपी तृणक्याहै ८१ उससमय रतिके आनन्दमें मोतियों से जड़ाहुआ आभू-षण उसस्त्रीके कानमेंसे गिरपड़ा वहउसने रतिकेअन्तमेंभी शीघ्रतासे नहीं सँभाला और जारसेपूछकर जिसमार्ग से आईथी उसी मार्गहोकर चलीगई और उसके जानेके बाद वह जार पुरुषभी चलागया इनदोनोंके चलेजानेके उपरान्त राजपुत्रने वह जड़ाऊ आभूषण उठालिया रत्नोंके प्रकाशसे देदीप्य-मान वहआभूषण क्या था मानों ब्रह्माने खोईहुई राज्य लक्ष्मीके ढूंढ़नेके लिये मोहरूपी अन्धकार का दूर करनेवाला दीपक उसके हाथमें दिया उस आभूषणको बहुमूल्यजानकर राजपुत्रने जाना कि मेरा कार्य्य सिद्धहुआ और उसे लेकर कान्यकुब्ज देशको चलागया वहां उसने वह आभूषण एक लाख अशर्फी में गिरवींरखकर हाथी और घोड़ेआदि सबपरिकर इकट्ठे किये और उससब परिकरकोलेकर च-क्रवर्तीकेपास जाके अपना वृत्तान्त वर्णनकिया और चक्रवर्तीकी दीहुई बहुतसी सेना अपने साथमें लेकर शत्रुओंको मार अपने पिताके राज्यको लेलिया देवदत्तको फिर अपने राज्यपर बैठा देखकर उस की माता बहुतप्रसन्नहुई ८८ इसके उपरान्त देवदत्तने उसआभूषणको छुड़ाकर अपनी स्त्री का सम्पूर्ण वृत्तान्त प्रकटकरनेके लिये अपने श्वशुरके पास भेज दिया उसनेभी अपनीकन्याके कानके आभूषण को देखकर घबराके अपनी कन्याको जाकर दिखाया पहले भ्रष्टहुये आचारके समान उसआभूषणको देखकर और उसे अपने पतिका भेजा जानकर वणियेकी पुत्री ने व्याकुलहोकर अपने चित्तमें स्मरण किया कि यहआभूषण उसरात्रिको यज्ञशालामें गिराथा जिसमें कि मैंने वहां एकपथिक देखाथा इससे यहज्ञातहोताहै कि वहमेरा पति मेरेआचरणकी परीक्षाकरनेको आयाथा परन्तु मैं उसेनहीं पहचानसकी

रात्रितक व्रतकरनेके उपरान्त रात्रिके समय स्वप्नमें श्रीशिवजीने प्रकटहोकर राजा और रानीसे कहा कि तुमउठो व्रतको त्यागकरो हमारी कृपासे तुम्हारे कामका अवतार पुत्रहोगा और वह संपूर्ण विद्याधरोंका राजाहोगा ऐसाकहकर श्रीशिवजीके अन्तर्द्धान होनेपर वहदोनों जगकर वरदानकी प्राप्ति से अत्यन्त प्रसन्नहुए और प्रातःकाल उठकर सम्पूर्ण प्रजाओंको बुलाकर वहस्वप्नसुनाया और सबने मिलकर पारण किया कुछ दिनके पीछे रानीको स्वप्नमें एकजटाधारी पुरुषने आकर फलदिया रानी ने प्रातःकाल उठकर यहस्वप्न राजाको सुनाया उसस्वप्नसे यहजानकर कि श्रीशिवजीने फलके व्याजसे पुत्रदियाहै राजामंत्रियों समेत अत्यन्त प्रसन्नहुआ और उसने यहजानलिया कि हमारा मनोरथ बहुत शीघ्रपूरहोगा ९६॥ इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांनरवाहनदत्तजननलम्बकेप्रथमस्तरङ्गः १॥

इसकेउपरान्त वासवदत्ताने उदयनके हृदयका हर्षदेनेवाला गर्भधारणकिया वह गर्भकामके अंश से अत्यन्त देदीप्यमानथा चञ्चलनेत्र तथा पीलीकान्तिवालेमुखसे वासवदत्ताकी ऐसी शोभाहोतीथी कि मानों गर्भमें स्थितकामदेवके प्रेमसे चन्द्रमा उसके सेवनकोआयाहै जिससमय वासवदत्ता पलँगपर बैठतीथी और उसका प्रतिबिम्ब रत्नजटित पाटियोंपर पड़ताथा तो ऐसी शोभाहोतीथी कि मानोकामदेवके प्रेमसे रति और प्रीति दोनों उसके पासआई हैं उसकी सेवाकरनेवाली सखियों को देखकर यहमालूम होताथा कि मानोंहोनेवाले विद्याधरोंके स्वामीके गर्भकी सेवाके निमित्त संपूर्ण विद्या मूर्त्तिधारणकरके आई है वासवदत्ताके नीले मुखवाले दोनोंस्तन ऐसे शोभित होतेथे कि मानों गर्भके अभिषेक करने के लिये वह दोकलशधारण करतीहै अत्यन्त दीप्तिवाली मणियोंकी चट्टानिवाले मन्दिरके बीचमें शय्या पर बैठीहुई वासवदत्ता ऐसीशोभायमान होतीथी कि मानोंहोनेवाले उसकेबालकके भयसे संपूर्ण रत्नोंके समूह उसकी सेवाकररहेहैं ऊपर उड़तेहुए विमानों पर पड़ीहुई उसकी प्रतिमा ऐसी शोभितहोतीथी कि मानों विद्याधरोंकी राजलक्ष्मी उसे प्रणामकरनेकेलिये आकाशमार्गमें आई है मन्त्रके सिद्धकरनेवाले साधक लोगोंकी कथाके सुननेकेलिये वासवदत्ताका चित्तचलताथा एकदिन वासवदत्ताने स्वप्नमेंदेखा कि सुन्दर मधुर गीतगातीहुई विद्याधरोंकी स्त्रियां उसेआकाशमें लेजाकर उसकी सेवाकरतीहैं यहस्वप्न देखकर जब वह जगी तो उसे यहइच्छाहुई कि मैं आकाशमें विहारकरूं और वहांसे पृथ्वीके कौतुकदेखूं उसकेइस मनोरथको यौगन्धरायणने यन्त्र मंत्र और इन्द्रजाल आदिकोंसे पूर्णकिया यौगन्धरायणकेयत्नों से जिससमय वहआकाशमें विहारकरतीथी उससमय पुरजनोंकीस्त्रियां अत्यन्त आश्चर्यकरके वारंवार शिर उठा २ कर उसे देखतीथीं १२ एकसमय बैठे २ वासवदत्ताके हृदयमें यह इच्छाहुई कि मैं विद्याधरों की कथासुनूं उसकी यह इच्छाजानकर यौगन्धरायणने सबको सुनाकर यहकथाकही कि श्रीपार्वतीजी का पिता हिमालयनाम पर्वत जो कि केवल पर्वतोंहीका नहीं किन्तु श्रीशिवजीकाभी गुरुहै उस पर्वतपर विद्याधरोंका राजा जीमूतकेतु रहताथा उसके घरमें एक कल्पवृक्ष पुरुषाओं के समयसेथा उस केही द्वारा राजाके संपूर्ण मनोरथ पूर्णहोते थे एकसमय राजा जीमूतकेतुने बगीचे में जाकर कल्पवृक्ष से यह प्रार्थनाकरी कि हे देव सदैव आप हमारे संपूर्ण मनोरथोंको पूर्णकरतेहो इससे मुझ अपुत्रको एक

पुत्रोंका उत्पन्नहोना वाह ब्रह्मानेमानों मेरेलिये आपत्तियोंका द्वारही खोलदिया ११८ तब इनबालकोंके पालनकरने के लिये कोई गति न समझकर मैंने स्त्रियों के लज्जारूपी आभूपणको छोड़कर सभामें आकर महाराज उदयन्से प्रार्थनाकी और उनकी आज्ञासे तुम्हारे सन्निकट प्राप्तहुई ठीककहा है कि (कश्शक्तःसोढुमीपन्न वालापत्यार्त्तिदर्शनम् ) आपत्तिमें पड़ेहुए वालकोंके दुःखको कौनदेखसकाहै तुम्हारे द्वारपर आतेही मेरी सम्पूर्ण विपत्तियां मानों किसीने मारकर भगादीं हे रानी यह मेरा सम्पूर्ण वृत्तान्तहै और बालकपनसेही अग्निहोत्रके धुएं से मेरेनेत्र पिङ्गलवर्णके होगये इसलिये मेरा पिङ्गलिकानाम है और मेरा शान्तिकरनाम देवर जो परदेश चलागयाथा सोकहां है यह अवतक नहींमालूमहुआ १२३ इस प्रकार अपने वृत्तान्तको कहनेवाली उसब्राह्मणीको कुलीनजानकर रानी विचारकर बोली कि यहांशान्तिकरनाम विदेशी ब्राह्मणरहताहै वहमेरा पुरोहितहै मैं जानतीहूं कि वहीतेरा देवरहोगा इसप्रकार उस ब्राह्मणी से कहकर और उस उत्कण्ठित ब्राह्मणी को रात्रिभर अपने समीप रखकर प्रातःकाल रानी ने शान्तिकरको बुलाके उसका वृत्तान्त पूंछा उस वृत्तान्तको सुनकर रानीको निश्चय होगया कि यह पिंगलिकाका देवरहै फिर शान्तिकरसेकहा कि यह तुम्हारे बड़ेभाईकी स्त्री तुम्हारी भावी है तब जानपहचान हो जानेपर उसकेद्वारा अपने मातापिता तथा भाईकी मृत्यु जानकर शान्तिकर उसको अपने घरलेगया और वहां जाकर अपने मातापिता और भाईका शोककरके अपनी उस भावीको सावधान किया रानी वासवदत्तानेभी पिंगलिकाके दोनोंपुत्र होनेवाले अपने पुत्रके पुरोहित बनाये और बहुतसा धन देकर ज्येष्ठका नाम शांतिसोम और कनिष्ठका नाम वैश्वानर रक्खा ( अन्धस्येवास्यलोकस्य फलभूमिंस्वकर्म्मभिः पुरोगैर्नीय मानस्य हेतुमात्रं स्वपौरुपम् ) अन्धके समान यह लोक आगे चलतेहुए अपने कर्म्मों करके फलरूपी पृथ्वीपर पहुंचाया जाताहै उसमें अपना पुरुपार्थ हेतुमात्रहै क्योंकि पिंगलिका शान्तिकर औरवह दोनों बालक सब अनायास एकस्थानमें आकर मिलगये १३२ इसके उपरान्त कुछ दिनोंके व्यतीत होजानेपर एकसमय एक कुम्हारी अपने पांच वालकोंको साथ लेकर सकोरेदेनेके लिये वासवदत्ता के घरआई उसे देखकर रानीने पास बैठीहुई पिंगलिकासे कहा कि हेसखी इसके तो पांचपुत्रहैं और मेरे अभी तक एकपुत्रभी नहींहुआ यह तो ऐसीपुण्यात्माहै और मैं इसकेभी समान पुण्यात्मा नहीं हूं यह सुनकर पिंगलिकाने कहा कि हेरानी दरिद्रियोंकेही यहां पापोंसे बहुतसी सन्तति दुःखभोगने और भुगाने को होती है और आप सरीके लोगोंके तो वहीहोगा जो कोई अत्यन्त उत्तम श्रेष्ठ पुरुपहोगा इससे शीघ्रता न करो थोड़ेही कालमें अपने योग्य पुत्रको पाओगी पिंगलिकाके यहवचन सुनकरभी वासवदत्ता पुत्र के उत्पन्न होने के लिये बहुत उत्कण्ठितहोके चित्तमें चिन्तासे उसी का विचार करती रही १३६ इसके उपरान्त राजा उदयनने रानीकी चित्तकी वृत्तिको जानकर उससे कहा कि नारदमुनि तुम्हारे शिवजीकी आराधनासे पुत्रकाहोना बतागये हैं इससे वरदायक श्री शिवजी का आराधन अवश्य करना चाहिये राजाके यहवचन सुनकर रानीने शीघ्रही व्रतकरनेका निश्चयकिया जबरानीने व्रतकरना प्रारंभ किया तब सम्पूर्ण मन्त्रियों तथा प्रजा समेत राजानेभी श्री महादेवजीका व्रतकरना प्रारम्भ किया तीन

मित्रावसु की वहिनको एकान्तमें देखा और ज्ञानसे जानलिया कि यहमेरी पूर्व्वजन्मकीस्त्री है उससमय उनदोनोंका एकान्तमें परस्पर देखनाही मनरूपी मृगोंके बांधनेकीदृढ़ डोरीके समान होगया ४६ इसके उपरान्त एकदिन मित्रावसुने आकर एकाएकी जीमूतवाहनसे कहा कि मलयवतीनाम मेरी एक छोटी वहिन है उसे मैं तुमको दियाचाहताहूं तुम मेरी इच्छाको भंगनकरना यहसुनकर जीमूतवाहनबोला कि हेयुवराज यहतो पूर्व्वजन्ममें भी मेरी स्त्रीथी और तुमदूसरे हृदयके समान मेरे परममित्रथे मैं जातिस्मर हूं इससेमुझे पूर्व्वजन्मका स्मरण वनाहै उसके यहवचन सुनकर मित्रावसुबोला कि पूर्व्वजन्मकी सम्पूर्ण कथाकहो मुझे उसके सुननेकी परमइच्छाहै मित्रावसुके ऐसे कहनेपर पुण्यात्मा जीमूतवाहन अपने पूर्व्वजन्मकी कथा कहनेलगा कि मैं पूर्व्वजन्म में आकाशमार्ग से चलनेवाला विद्याधर था एक समय हिमालयके ऊपरके शिखरपरहोकर मैं जारहाथा और नीचे श्रीशिवजी पार्वतीजी के साथ क्रीड़ाकररहेथे मुझे ऊपरजाते देखकर उल्लङ्घनसे क्रोधितहोकर महादेवजी ने शापदिया कि तू मनुष्यहोजायगा वहां विद्याधरी स्त्रीकोपाकर और अपनेपुत्रको अपना अधिकार देकर फिर विद्याधरों के यहांउत्पन्नहोगा और तुझे अपने पूर्व्वजन्मोंका स्मरण वनारहैगा इसप्रकार शापदेके और शापका अन्तभी कहकर महादेव जीके अन्तर्द्धान होजानेपर थोड़ेही समयके उपरान्त में पृथ्वीपर वणियों के कुलमें उत्पन्नहुआ वलभी नाम नगरी में महाधननाम वैश्यकेघरमें मेराजन्महुआ और वसुदत्त मेरा नामहुआ धीरे२ जवमेरी युवावस्थाहुई तव मेरे पिताने द्वीपान्तरजानेके लिये मेरी तय्यारीकरदी और मैंभी उनकी आज्ञालेकर रोजगारकरनेको चलागया ६१ इसकेउपरान्त जव मैं वहांसे लौटा तो वनमें बहुतसे चोरों ने आकर मेरा सब धन छीनलिया और वहमुझे बांधकर अपने गांवकी चण्डिकाके मन्दिर में लेगये उसमन्दिर में लाल वस्त्रकी लम्बी पताका ऐसी शोभित होतीथी कि मानों पशुओंकी मारनेकी इच्छा से यमराजने अपनी जिह्वा निकाली वहांदेवीका पूजनकरतेहुए पुलिन्दकनाम अपने स्वामीके निकट वलिदानके निमित्त मुझे लेगये वह पुलिन्दक मुझे देखतेही मुझपर अत्यन्त दयालुहोगया ( वक्तिजन्मान्तर प्रीतिम्मन स्स्निह्यदकारणम् ) कारणके विनाही मनमें स्नेह उत्पन्नहोनेसे जन्मान्तरकी प्रीति सूचितहोती है ६५ तवपुलिन्दकने मुझे छुड़वाकर अपने आपकोही वलिदानकरके पूजनको समाप्त करनाचाहा उसका यहसाहस देखकर यहआकाशवाणीहुई कि ऐसामतकर मैं तेरेऊपर प्रसन्नहूं तू वरमांग इसआकाशवाणी को सुनकर पुलिन्दक प्रसन्न होकर बोला कि हे भगवती यदि तुम प्रसन्नहो तो मुझे अन्य वरदानसे क्या प्रयोजनहै तथापि मैं यह वरमांगताहूं कि जन्मान्तरमें भी इसवणियेके साथ मेरी मित्रताहोवे तव एवमस्तु यहकहकर वाणीके निवृत्त होजानेपर पुलिन्दकने वहुत साधनदेकर मुझे मेरेघर भेजदिया परदेशसे और मृत्युके मुखसे वचकर मेरे लौटनेपर मेरे पिताने सववृत्तान्त जानकर वड़ा उत्सव किया ७० इसके उपरान्त कुछसमयके व्यतीतहोनेपर मैंने देखा कि उसी पुलिन्दकको पथिकों के लूटनेके अपराधसे राजाने वँधवा मँगायाहै उसी समय अपने पितासे कहकर मैंने एकलाख रुपया दण्डकरके उस पुलिन्दकको राजाके यहाँसे फांसीसे वचाया इसप्रकार प्राणोंके वचानेका प्रत्युपकार करके अपने घरमें

गुणवान् पुत्रदीजिये यह सुनकर कल्पवृक्षनेकहा कि तुम्हारे अत्यन्तदानी पूर्वजन्मका स्मरणकरने वाला संपूर्ण प्राणियोंका हितकारी पुत्रहोगा यहसुनकर प्रसन्नहुए राजाजीमूतकेतुने कल्पवृक्षकोप्रणाम किया और महलमें जाकर रानी से भी यहवृत्तान्तकहकर उसे अत्यन्त प्रसन्न किया ३२ इसके उपरान्त थोड़ेही दिनोंमें राजाके पुत्रहुआ उसनेउसकानाम जीमूतवाहनरक्खा जैसे २ वह जीमूतवाहन बढ़ता था वैसेही वैसे उसके हृदयमें सम्पूर्ण प्राणियों पर दया भी बढ़ती जाती थी समय पाकर जब वह युव-राजहुआ तब उसने अपनी सेवासे प्रसन्नकरके पितासे एकान्तमें कहा कि हे महाराज इस संसार में जितनेभर पदार्थ हैं वह सब क्षणभंगुरहैं परन्तु महात्माओं का निर्म्मलयश कल्पपर्यन्त रहताहै यदि पराये उपकारसे ऐसासुन्दर यशप्राप्तहोता है तो धन प्राणों से भी अधिकप्यारा क्यों होनाचाहिये जिस सम्पत्तिसे पराया उपकारनहींहोताहै वह बिजली के समान लोगों के नेत्रोंको खेददेकर चंचलतासे नाश को प्राप्त होजाती है इससे यह जो कल्पवृक्ष संपूर्ण मनोरथोंका पूर्णकरनेवाला हमारे यहां है वह जो पराये उपकारके अर्थ रखदियाजाय तो उसकाहोना सफलहोजाय तो अब मैं ऐसाकरताहूं कि जिससे कल्पवृक्ष की सम्पत्तियोंसे सम्पूर्ण याचकलोग दरिद्र रहितहोजायँ पिता से यहकहकर और उनकी आज्ञा पाके जीमूतवाहन कल्पवृक्षके पास जाकर बोला कि हेदेव आप सदैव हमारे मनोरथोंको पूर्ण करतेरहेहो इससे अब हमारे इसमनोरथकोभी पूर्णकरो कि यहसम्पूर्ण पृथ्वी दरिद्र रहितहोजाय आपकाकल्याणहोय मैंने आपको सम्पूर्ण याचकोंके अर्थ देदिया उसके यहवचनसुनकर कल्पवृक्षने बहुतसी सुवर्णकी वृष्टिपृथ्वी परकी इससे सम्पूर्ण प्रजा आनन्दित होगई जीमूतवाहनकी इस उदारताको देखकर लोगों ने कहा कि जीमूतवाहनसे अधिक और कौन बौद्धावतारके समान दयालुहोगा जो कल्पवृक्षको भी याचकों के निमित्त देसके इसप्रकार जीमूतवाहनका यश सम्पूर्ण दिशाओंमें फैलगया ३६ इसके उपरान्त जीमूत केतुके राज्यको पुत्रके यशसे दृढ़होते जानकर उसके गोत्री भाई द्वेषकरनेलगे और कल्पवृक्षके देदेनेसे उसे प्रभाव रहित जानके उन्होंने यह जानलिया कि इसको हम शीघ्रही जीतलेंगे ऐसे समझकर वह सं-पूर्ण जब युद्धके लिये तैयारहुए तब जीमूतवाहनने अपने पितासेकहा कि जो यह शरीरही पानीके बुल-बुले के समानहै तो वायुमें रक्खेहुए दीपकके समान चंचल लक्ष्मीसे क्या प्रयोजनहै और उसेभी दूसरों को क्लेशदेकर कौन बुद्धिमान् लेनाचाहै इससे हेपिता मैं इनगोत्री भाइयोंके साथयुद्ध नहीं करूंगा और राज्य छोड़कर यहांसे किसी वनमें चला जाऊंगा यह लोभी राज्यको भोगकरें मैं अपने वंशका नाशनहीं करूंगा जीमूतवाहनके यह वचन सुनकर जीमूतकेतु निश्चयकरके बोला कि हेपुत्र जब तुम्हींने युवा होकर भी इसराज्यको तृणके समान त्यागदिया तो मैं वृद्धहोकर इसराज्यको क्याकरूंगा और मैंभी तुम्हारेही साथ वनको चलूंगा पिता के यहवचन सुनकर जीमूतवाहन पिता और माता दोनों लेकर मलयाचल पर चलागया मलयाचल में जहां अनेक चन्दनके वृक्ष लगेहुए हैं झरने झररहे हैं और अनेक सिद्ध लोग निवास करते हैं वहां एक आश्रममें रहकर अपने माता पिताकी सेवा करनेलगा वहां रहते २ सं-पूर्ण सिद्धों के राजाविश्वावसुके पुत्र मित्रावसुके साथ उसकी मित्रताहोगई किसीसमय जीमूतवाहनने

मित्रावसु की वहिनको एकान्तमें देखा और ज्ञानसे जानलिया कि यहमेरी पूर्व्वजन्मकीस्त्री है उससमय उनदोनोंका एकान्तमें परस्पर देखनाही मनरूपी मृगोंके बांधनेकीदृढ़ डोरीके समान होगया ५६ इसके उपरान्त एकदिन मित्रावसुने आकर एकाएकी जीमूतवाहनसे कहा कि मलयवतीनाम मेरी एक छोटी वहिन है उसे मैं तुमको दियाचाहताहूं तुम मेरी इच्छाको भंगनकरना यहसुनकर जीमूतवाहनवोला कि हेयुवराज यहतो पूर्व्वजन्ममें भी मेरी स्त्रीथी और तुमदूसरे हृदयके समान मेरे परममित्रथे मैं जातिस्मर हूं इससेमुझे पूर्व्वजन्मका स्मरण वनाहै उसके यहवचन सुनकर मित्रावसुवोला कि पूर्व्वजन्मकी सम्पूर्ण कथाकहो मुझे उसके सुननेकी परमइच्छाहै मित्रावसुके ऐसे कहनेपर पुण्यात्मा जीमूतवाहन अपने पूर्व्वजन्मकी कथा कहनेलगा कि मैं पूर्व्वजन्म में आकाशमार्ग से चलनेवाला विद्याधर था एक समय हिमालयके ऊपरके शिखरपरहोकर मैं जारहाथा और नीचे श्रीशिवजी पार्वतीजी के साथ क्रीड़ाकररहेथे मुझे ऊपरजाते देखकर उल्लङ्घनसे क्रोधितहोकर महादेवजी ने शापदिया कि तू मनुष्यहोजायगा वहां विद्याधरी स्त्रीकोपाकर और अपनेपुत्रको अपना अधिकार देकर फिर विद्याधरों के यहांउत्पन्नहोगा और तुझे अपने पूर्व्वजन्मोंका स्मरण वनारहेगा इसप्रकार शापदेके और शापका अन्तभी कहकर महादेव जीके अन्तर्द्धान होजानेपर थोड़ेही समयके उपरान्त में पृथ्वीपर वणियोंके कुलमें उत्पन्नहुआ वलभी नाम नगरीमें महाधननाम वैश्यकेघरमें मेराजन्महुआ और वसुदत्त मेरा नामहुआ धीरे २ जबमेरी युवावस्थाहुई तब मेरे पिताने द्वीपान्तरजानेके लिये मेरी तय्यारीकरदी और मैंभी उनकी आज्ञालेकर रोजगारकरनेको चलागया ६१ इसकेउपरान्त जब मैं वहांसे लौटा तो वनमें वहुतसे चोरोंने आकर मेरा सब धन छीनलिया और वहमुझे बांधकर अपने गांवकी चण्डिकाके मन्दिर में लेगये उसमन्दिर में लाल वस्त्रकी लम्बी पताका ऐसी शोभित होतीथी कि मानों पशुओंकी मारनेकी इच्छा से यमराजने अपनी जिह्वा निकाली वहांदेवीका पूजनकरतेहुए पुलिन्दकनाम अपने स्वामीके निकट वलिदानके निमित्त मुझे लेगये वह पुलिन्दक मुझे देखतेही मुझपर अत्यन्त दयालुहोगया (वक्तिजन्मान्तर प्रीतिम्मन स्स्निह्यदकारणम्) कारणके विनाही मनमें स्नेह उत्पन्नहोनेसे जन्मान्तरकी प्रीति सूचितहोती है ६५ तवपुलिन्दकने मुझे छुड़ाकर अपने आपकोही वलिदानकरके पूजनको समाप्त करनाचाहा उसका सहसाहस देखकर यहआकाशवाणीहुई कि ऐसामतकर मैं तेरेऊपर प्रसन्नहूं तू वरमांग इसआकाशवाणी को सुनकर पुलिन्दक प्रसन्न होकर वोला कि हे भगवती यदि तुम प्रसन्नहो तो मुझे अन्य वरदानसे क्या प्रयोजनहै तथापि मैं यह वरमांगताहूं कि जन्मान्तरमें भी इसवणियेके साथ मेरी मित्रताहोवे तव एवमस्तु यहकहकर वाणीके निवृत्त होजानेपर पुलिन्दकने वहुत साधनदेकर मुझे मेरेघर भेजदिया परदेशसे और मृत्युके मुखसे वचकर मेरे लौटनेपर मेरे पिताने सववृत्तान्त जानकर वड़ा उत्सव किया ७० इसके उपरान्त कुछसमयके व्यतीतहोनेपर मैंने देखा कि उसी पुलिन्दकको पथिकों के लूटनेके अपराधसे राजाने वँधवा मँगायाहै उसी समय अपने पितासे कहकर मैंने एकलाख रुपया सर्च्चकरके उस पुलिन्दकको राजाके यहाँसे फांसीसे वचाया इसप्रकार प्राणोंके वचानेका प्रत्युपकार करके अपने घरमें

लाकर बहुत प्रीति पूर्व्वक उसे रक्खा और कुछदिनके उपरान्त उसको बहुत सत्कार पूर्व्वक विदाकिया वहभी अपना प्रेम युक्त हृदय मेरे पास रखकर अपने गांवको गया वहां मेरे प्रत्युपकारके निमित्त अपने पासकी कस्तूरी तथा मोती आदिकको न्यूनसमझकर बहुतसे गजमुक्तालेनेके निमित्त हाथियों के मारने को हिमाचल पर्व्वतपर धनुषवाण लेकरगया हिमाचलपर घूमते २ उसे एक बड़ा सुन्दर तालाव मिला उसमें बहुत से अनेक २ प्रकारके कमल फूलरहेथे और किनारेपर एक महासुन्दर मन्दिर बना हुआ था वहां यहशोचकर कि यहां हाथी पानीपीने आवेंगे पुलिन्दक छिपकर एकान्तमें बैठगया उससमय वहां एकबड़ी सुन्दर कन्या सिंहपर चढ़ीहुई श्रीशिवजीका पूजन करनेको आई श्रीशिवजीका पूजनकरने वाली कन्यकाभाव में वर्त्तमान दूसरी पार्वतीजीके समान उसकन्याको देखकर पुलिन्दकको बड़ा आश्चर्य्य हुआ और उसने शोचा कि यदि यहमनुष्यकी स्त्रीहोती तो सिंहपर कैसे सवारहोती और जो दिव्यस्त्रीहोती तो मुझसरीखोंको दृष्टिगोचर कैसेहोती इससे यहनिश्चयहोताहै कि मेरे नेत्रोंके अकृत पुण्योंकी परिणति (फल) मूर्त्ति धारणकरके आई है यदि इसके साथमें मैं अपने उसमित्रका विवाहकराऊं तो बड़ाही उत्तम प्रत्युपकार उसके साथमेंहोजाय इससे इसकेपास जाकर इसके मनोभिलषित वरके जाननेको उद्योगकरूं यहशोचकर पुलिन्दक उसके पासगया और वहकन्या भी छायामें बैठेहुए सिंहपरसे उतरकर तालावमें से कमल तोड़नेलगी तब पुलिन्दकभी उसके पासजाकर प्रणामकरके खड़ा होगया तब कन्याने उसे अपूर्व्वअतिथिके स्नेहसे स्वागत पूछकर प्रसन्नकिया और पूछा कि तुमकौन हो और किसनिमित्त इसदुर्गमभूमि में आयेहो उसके यहमधुरवचन सुनकर पुलिन्दक बोला कि मैं श्रीपार्वतीजीके चरणोंकासेवक शबरोंकाराजाहूं यहां गजमुक्ता लेनेके निमित्त आयाहूं इससमय तुम्हें देखकर अपने प्राणदायक मित्र साहूकारकेपुत्र वसुदत्तकीयाद आगईहै सुन्दरी वहभी तुम्हारेही समानरूप और यौवनसे इससंसारके नेत्रोंका आनन्द देनेवाला अद्वितीय सुन्दरहै इससंसारमें वहकन्या धन्यहै जो मित्रता दान दया तथा धैर्य्यादि गुणोंके निधिरूप उसके पाणिको ग्रहणकरेगी जो यहतुम्हारी सुन्दर आकृति उससुन्दर पुरुषकेसाथ संयोगको नपावे तो कामको धनुष धारणकरनाही व्यर्थहै इसप्रकार कामदेवके मोहनमन्त्रों के समान पुलिन्दकके वचनों को सुनकर उसका चित्तहरगया और कामदेवसे प्रेरितहोकर पुलिंदकसे बोली कि तुम्हारा वह मित्र कहां है मुझेलाकर दिखलाओ उसके यहवचन सुनकर और उससे आज्ञालेकर पुलिन्दक वहांसे अपने घरको आया और वहांसे बहुत से मोती तथा कस्तूरी आदिक पदार्थोंको भारोंपर लदवाकर मेरे स्थानको आया मेरे यहां सबलोगों ने उसका बड़ा सत्कारकिया और जो २ पदार्थ लायाथा वहसब उसने मेरे पिताकी भेटकरदिया इसप्रकार उत्सवसे उस दिनके व्यतीत होजानेपर रात्रिके समय एकान्तमें पुलिन्दकने कन्याके देखनेका संपूर्ण वृत्तान्त मुझे सुनाकर मुझसे कहा कि हे मित्रचलो वहींचलें यहसुनकर मैं उत्कण्ठित होकर उसी रात्रिको उसके संगचला प्रातःकाल मेरे पिताने मुझे पुलिन्दकके साथगयाहुआ सुनकर पुलिन्दकके प्रेमके विश्वास से धैर्य्य धारणकरलिया और पुलिन्दकने मार्गमें मेरे संपूर्ण कार्य्य करके क्रमसे मुझे हिमालयपर पहुं-

आया वहाँ सायंकालके समय उसतालावपर पहुंचकर हमदोनोंने स्नानकिये और सुन्दर मधुरफलखाकर वहीं एकरात्रि व्यतीतकी लताओंके पुष्प जिसमें बिछेहुएहैं भौंरे जहाँ सुन्दर गुंजार कररहे हैं शीतल मन्द सुगन्ध वायु जिसमें आरहीहै और ओषधरूपी दीपक जिसमें जलरहेहैं ऐसा वहवन हमलोगोंको रात्रिके समय विश्राम करनेको रतिके निवासके समान मालूमहुआ १०४ इसके उपरान्त दूसरेदिन उस के देखनेकी इच्छासेमानों वारंवार फड़कतेहुए दक्षिण नेत्रसे सूचित आगमनवाली और वारंवारउत्कंठित होके उसी के मार्गमें जानेवाले मनसेमानों आगे चलकर लीगई वहकन्या वहाँ आई बड़ी २ जटावाले सिंहकी पीठपर बैठी हुई उसकन्याको शरदकालके मेघोंपर विराजमान चन्द्रमाकी कलाके समान मैंने देखा उससमय आश्चर्य्य उत्कण्ठा और भयसे उसेदेखकर मेराचित्तकैसाहुआ वह मैं नहींजानता इसके उपरान्त वह सिंहपरसे उतरकर फूलोंकोतोड़ तड़ागमें स्नानकरके तड़ागके किनारेपर वर्त्तमान श्रीशिवजीका पूजनकरनेलगी पूजनके अन्तमें पुलिन्दक उसकेपासगया और प्रणामकरके बोला कि हेसुन्दरी तुम्हारेयोग्य उस वरको मैंयहाँ लिवालायाहूं यदिआज्ञाहोय तो अभी बुलाकरदिखाऊं यहसुनकर उसने कहा कि दिखाओ तबपुलिन्दक मुझेवहाँसे बुलाकर उसके पासलेगया वहतिरछीदृष्टिसे प्रेमपूर्व्वक मुझे देखकर कामके वशीभूतहोकर पुलिन्दकसेबोली कि तुम्हारायहमित्र मनुष्यनहीं है मेरे ठगनेकेलिये कोई देवताआयाहै क्योंकि मनुष्यकी ऐसीआकृतिनहींहोसक्ती उसके यह वचनसुनकर उसे विश्वासदिलाने के लिये मैंनेकहा कि हेसुन्दरी मैं मनुष्यहीहूं सीधेजनकेसाथ छलकरनेसे क्याप्रयोजनहै मैं वलभीनगरमें रहनेवाले महाधननाम वैश्यका श्रीशिवजीके वरसेप्राप्तहुआ पुत्र हूं पुत्रकेनिमित्त श्रीशिवजीके प्रसन्न करने को तपकरतेहुए मेरे पितासे महादेवजीने प्रसन्नहोकर स्वप्नमेंकहा कि उठोतुम्हारे कोई महात्मापुत्र होगा और इसकाबड़ावृत्तान्तहै उसकेकहने से कोईप्रयोजननहीं यहसुनकर मेरे पिताकी निंद्राखुली तो समयपाकर मेराजन्महुआ और उन्होंने वसुदत्तमेरानाम रक्खा और शबरोंकास्वामी यह पुलिन्दक विपत्तिमें रक्षाकरनेवाला परममित्रमुझे विदेशमेंप्राप्तहुआथा यहमेरासंपूर्ण वृत्तान्तहै इसप्रकारकहकर जब मैं निवृत्तहुआ तबवहकन्यालज्जासे नीचेमुखकरके बोली कि तुम्हाराकहना बहुतठीकहै गतरात्रिमें मैंने स्वप्नमें देखा कि मैं श्रीशिवजीका पूजनकरचुकीथी किउससमय शिवजीनेकहा कि तुझेप्रातःकाल पति मिलेगा इसेतुम्हीं मेरे पतिहो और तुम्हारामित्र मेराभाई है इसप्रकार वचनरूपी अमृतोंसे मुझेप्रसन्न करके वहचुपहोगई १२३ इसकेउपरान्त विधिपूर्व्वक विवाहकरनेके लिये उस्सेसलाहकरके मैंने अपनेघर जानेकी मित्रसमेतइच्छाकी तबउसने सिंहको इशारेसे बुलाकरमुझसे कहा कि हे आर्य्यपुत्र तुमइसपर सवारहोजाओ मैंनेभी सिंहपरचढ़के उसस्त्रीको गोदीमें उठालिया और मित्रसमेतवहाँसे प्रसन्नतापूर्वक चला पुलिन्दकके बाणों से मारेगये हिरणकेमांसको खातेहुए हमसब लोग क्रमसे वलभीपुरी में पहुंचे वहाँमुझे उस कन्यासमेत सिंहपरसवार देखकर लोगोंने बड़ेआश्चर्य्यपूर्व्वक मेरे पितासे जाकरकहा और मेरे पिताभीहर्षसे आगेआकरसिंहसे उतरकर प्रणामकरतेहुए मुझेदेखकर आश्चर्य्यसमेत अत्यन्त प्रसन्न हुए और अत्यन्तसुन्दरी उसकन्याको प्रणामकरते देखकरमेरेयोग्य स्त्रीजानकर आनन्द में मगनहोगये

इसके उपरान्त हम सब लोगों को घरमें लेजाकर और संपूर्ण वृत्तान्तपूछकर मेरेपिताने पुलिन्दककी मित्रताकी बड़ी प्रशंसा की और महाउत्सवकिया फिर ज्योतिषीकी आज्ञा से दूसरे दिन संपूर्ण बन्धुओं को बुलाकर उसकन्याकेसाथ मेराविवाहकिया मेरे विवाहके होजानेपर वह सिंह सब के देखते २ दिव्य-वस्त्राभरणधारी दिव्यपुरुषहोगया यह देखकर लोगोंके अत्यन्त आश्चर्य्य युक्त होनेपर उसने प्रणामकर-के मुझ से कहा कि मैं चित्रांगदनाम विद्याधर हूं और यह प्राणोंसेभी अधिकप्यारी मनोवतीनाम मेरी कन्याहै इसकोसदैव गोदीमें लेकर वनमें घूमताहुआ मैं एक समय श्रीगंगाजी के तटपरपहुँचा वहाँत-पस्वियोंके बहुतसे आश्रमोंको देखकर तपस्वियोंके उल्लंघनके भयसे गंगाजीके बीचमें होकर मैं चला भाग्यवशसे मेरीपुष्पोंकीमाला गंगाजीके जल में गिरपड़ी उसके गिरतेही जल के भीतरबैठेहुए नारद जीने एकाएकी उठकर उसमालाके पीठपर गिरने के अपराध से क्रोधकरके मुझे यह शापदिया कि हे पापीतू इस उद्दण्डता के कारण हिमालयपर्व्वत में जाकर सिंहहोगा और इसकन्याको पीठपरलिये २ घूमेगा फिर जिससमय मनुष्यके साथतेरी कन्याका विवाहहोगा तब तू उसे देखकर शापसे छूटजायगा इसप्रकार नारदमुनिसे शापदियागया मैं हिमाचल में सिंहहोकर सदैव श्रीशिवजीकी पूजाकरनेवाली इसकन्या को पीठपर धारण करतारहा इसके उपरान्त जिस प्रकार पुलिन्दक के यत्न से यह सम्पूर्ण कार्य्य सिद्धहुआ सो तो आपसब लोगोंको विदितही है अब मैं जाताहूं मेराशाप छूटगया आप सब लोगोंका कल्याणहोय यहकहकर वह विद्याधर आकाशको उड़गया १४४ तब इस आश्चर्य्य को देख-कर सम्पूर्ण बांधवलोग बड़े प्रसन्नहुए और इसश्रेष्ठसम्बन्ध से प्रसन्नहोकर मेरे पिताने बड़ामहोत्सव किया ( कोहिनिर्व्याजमित्राणां चरितंचिन्तयिष्यति ॥ सुहृत्सुनैवतृप्यन्ति प्राणैरप्युपकृतये ) निर्व्याज मित्रोंके चरित्रोंको कौनजानसक्ताहै जो मित्रोंकेसाथ प्राणोंसे भी उपकारकरके नहींतृप्तहोते हैं यह बात किसने पुलिन्दकके चरित्रको ध्यानकरके आश्चर्य्यपूर्व्वक नहींकही वहांकाराजा भी पुलिन्दकके उस वृत्तान्तको जानकर हमारे स्नेहसे उसपर अत्यन्त प्रसन्नहुआ और मेरे पिताने राजाको प्रसन्नजानकर बहुतसे रत्नोंकीभेट देकर पुलिन्दकको सम्पूर्णवनका राज्य दिलवादिया इसकेउपरान्त अपनी प्रिया म-नोवती और प्रियमित्र पुलिन्दकके साथमें कृतार्थहोकर सुखपूर्व्वक रहनेलगा और पुलिन्दकभी अपने देशकेस्नेहको छोड़कर बहुधा मेरेहीघरमें रहनेलगा परस्पर उपकार करनेसे नहींतृप्त होतेहुए हमदोनों मित्रोंकासमय व्यतीतहोताथा १५२ थोड़ेदिनोंके उपरान्त मनोवतीमें मेरे पुत्रउत्पन्नहुआ वह पुत्र क्या था मानों सम्पूर्ण कुलके हृदयका उत्सव रूप धारणकरके बाहरआगया हिरण्यदत्तनाम वह पुत्र धीरे २ बढ़ा और सम्पूर्ण विद्याओंकोपढ़कर योग्यहोगया तब मेरे पिताने उसका विधिपूर्व्वक व्याहकरवादिया यह संपूर्ण उत्सवकरके और जीवनके फलको परिपूर्ण जानके मेरे पिता मेरीमाता समेत श्रीभागीरथी गंगाजीके तटपर शरीर त्यागकरनेको चलेगये तब पिताके शोकसे अत्यन्त व्याकुल मुझेजानकर ब-न्धुओंने बहुतसमझाकर मुझे गृहस्थीकाभार धारण करवाया उससमय मनोवतीके मुग्ध (भोले) मुख-चन्द्रको देखकर और प्रियमित्र पुलिन्दकसे मिलकर मेराचित्त सावधानहुआ इसके उपरान्त सत्पुत्रसे

आनन्दयुक्त सुन्दरस्त्रीसे मनोहर और प्रियमित्रके समागमसे मेरे, वह उत्तमदिन व्यतीतहुए समयपाकेर जब में वृद्धहुआ तो वृद्धावस्थाने प्रीतिपूर्व्वक मानों मुझसे यह कहकर कि हेपुत्र क्या अब भी घर में रहोगे मेरी ठोढ़ी पकड़ली तब मुझे शीघ्रही वैराग्य उत्पन्नहुआ और वनजानेकी इच्छासे मैंने कुटुम्ब का सम्पूर्णभार अपनेपुत्रपर रखदिया और स्त्रीसमेत में कालिंजर पर्व्वतपर चलागया मेरे स्नेहसे राज्य को त्यागकर मेरा प्रियमित्र पुलिन्दकभी मेरेपास चलाआया वहां जाकर मुझे अपने पूर्व्वजन्मकी और समाप्तहुए श्रीशिवजीके शापकी यादआगई वह सब मैंने पुलिन्दक और मनोवतीसे कहदिया इसके उपरान्त मनुष्य शरीरके त्यागकरनेकी इच्छासे मैंने यहीस्त्री और मित्र मुझको पूर्व्वजन्म में भी मिलें और स्मरणभी बनारहे यह कहकर और हृदयमें श्री शिवजी का ध्यानकरके उस पर्व्वतपरसे स्त्री तथा मित्र समेत गिरकर शरीरका त्यागकिया १६५ वही में इसविद्याधरके कुलमें अपने पूर्व्वजन्मको स्मरण करताहुआ जीमूतवाहननाम से उत्पन्नहुआहूं और वह पुलिन्दक श्रीशिवजीकी कृपासे सिद्धोंके राजा विश्वावसुके पुत्र मित्रावसुनाम तुमहो और वह मनोवतीनाम मेरीस्त्री तुम्हारी बहिन मलयवती नाम से उत्पन्नहुई इसप्रकार तुम हमारे पूर्व्वजन्मके मित्रहो और तुम्हारी बहिन हमारी पूर्व्वजन्मकी स्त्री है इससे इसकेसाथमें विवाहकरना योग्यही है परन्तु पहिलेजाकर हमारेमातापितासे कहो जब वहस्वीकार करलेंगे तब यह कार्य्यसिद्धहोगा इसप्रकार जीमूतवाहनसे सुनकर मित्रावसुने उसके मातापितासे जाकर अपना अभीष्टकहा जब उनलोगोंने उसकीबात स्वीकार करलीनी तो उसने अपने माता पितासे सब वृत्तान्तकहा वह भी जब उसकेमनोरथको सुनकर प्रसन्नहुए तबउसनेजाकर अपनी बहिनकेविवाह की तैयारीकरी और मलयवतीका विवाह जीमूतवाहनके साथ विधिपूर्व्वक करदिया उससमय विद्याधर सिद्ध और अनेक आकाशचारी देवयोनियोंका बड़ाउत्सवहुआ इसप्रकार विवाहकरके उस मलयाचलपर्व्वतपर जीमूतवाहन अपनी मलयवती स्त्रीसमेत बड़ेऐश्वर्य्यको भोगकरताहुआ रहनेलगा १७६ एकसमय जीमूतवाहन अपनेसाले मित्रावसुको साथलेकर समुद्रके किनारों की सैरकरनेको गया वहां जाकरदेखा कि एकयुवापुरुष उदासीन होकर आया है और हापुत्र २ हापुत्र कहकर रोतीहुई अपनी माताको लौटारहाहै उसीके साथमें एकदूसरापुरुष औरहै जिसने कि उसे एकबड़ीऊंची शिलाके पास जाकर छोड़दियाहै यह देखकर जीमूतवाहनने उसउदासीन पुरुषसेपूछा कि तुम कौनहो क्या चाहते हो और तुम्हारीमाता क्यों शोककररहीहै यह सुनकर उसनेकहा कि पूर्व्वसमय में कश्यपमुनि की स्त्री कद्रू और विनताने आपसमें कथाप्रसंगसे परस्पर यह विवादकिया कि सूर्य्यके घोड़ेकाले हैं अथवा श्वेत तब कद्रूने कहा कालेहैं और विनताने कहा श्वेत और यह प्रणकिया कि जो हारे वह दासीहोय तब कद्रूने एकान्तमें अपनेपुत्र सर्पों से कहकर विषकेफूत्कारोंसे सूर्य्यके घोड़े काले करवादिये और विनता को उसीप्रकारके काले दिखलाकर छलसे उसेजीतकर अपनीदासी बनालिया ठीककहाहै स्त्रियोंकाडाह बड़ाही कठिनहोताहै १८४ यह सब वृत्तान्त जानकर विनताकेपुत्र गरुड़ने कद्रूको समझाकर अपनी माताको दासपनेसे छुटानेकी प्रार्थनाकी तब कद्रूकेपुत्र सर्पोंनेसोचकर गरुड़सेकहा कि हेवैनतेय देवना

इसके उपरान्त हम सब लोगों को घरमें लेजाकर और संपूर्ण वृत्तान्तपूछकर मेरेपिताने पुलिन्दककी मित्रताकी वड़ी प्रशंसा की और महाउत्सवकिया फिर ज्योतिषीकी आज्ञा से दूसरे दिन संपूर्ण वन्धुओं को बुलाकर उसकन्याकेसाथ मेराविवाहकिया मेरे विवाहके होजानेपर वह सिंह सब के देखते २ दिव्य-वस्त्राभरणधारी दिव्यपुरुषहोगया यह देखकर लोगोंके अत्यन्त आश्चर्य्य युक्त होनेपर उसने प्रणामकर-के मुझ से कहा कि मैं चित्रांगदनाम विद्याधर हूं और यह प्राणोंसेभी अधिकप्यारी मनोवतीनाम मेरी कन्याहै इसकोसदैव गोदीमें लेकर वनमें घूमताहुआ मैं एक समय श्रीगंगाजी के तटपरपहुंचा वहाँत-पस्वियोंके वहुतसे आश्रमोंको देखकर तपस्वियोंके उल्लंघनके भयसे गंगाजीके वीचमें होकर मैं चला भाग्यवशसे मेरीपुष्पोंकीमाला गंगाजीके जल में गिरपड़ी उसके गिरतेही जल के भीतरवैठेहुए नारद जीने एकाएकी उठकर उसमालाके पीठपर गिरने के अपराध से क्रोधकरके मुझे यह शापदिया कि हे पापीतू इस उद्दण्डता के कारण हिमालयपर्व्वत में जाकर सिंहहोगा और इसकन्याको पीठपरलिये २ घूमेगा फिर जिससमय मनुष्यके साथतेरी कन्याका विवाहहोगा तव तू उसे देखकर शापसे छूटजायगा इसप्रकार नारदमुनिसे शापदियागया मैं हिमाचल में सिंहहोकर सदैव श्रीशिवजीकी पूजाकरनेवाली इसकन्या को पीठपर धारण करतारहा इसके उपरान्त जिस प्रकार पुलिन्दक के यत्न से यह सम्पूर्ण कार्य्य सिद्धहुआ सो तो आपसव लोगोंको विदितही है अव मैं जाताहूं मेराशाप छूटगया आप सब लोगोंका कल्याणहोय यहकहकर वह विद्याधर आकाशको उड़गया १४४ तव इस आश्चर्य्य को देख-कर सम्पूर्ण वांधवलोग वड़े प्रसन्नहुए और इसश्रेष्ठसम्वन्ध से प्रसन्नहोकर मेरे पिताने वड़ामहोत्सव किया (कोहिनिर्व्याजमित्राणां चरितंचिन्तयिष्यति ॥ सुहृत्सुनैवतृप्यन्ति प्राणैरप्युपकृत्यये ) निर्व्याज मित्रोंके चरित्रोंको कौनजानसक्ताहै जो मित्रोंकेसाथ प्राणोंसे भी उपकारकरके नहींतृप्तहोते हैं यह वात किसने पुलिन्दकके चरित्रको ध्यानकरके आश्चर्य्यपूर्व्वक नहींकही वहांकाराजा भी पुलिन्दकके उस वृत्तान्तको जानकर हमारे स्नेहसे उसपर अत्यन्त प्रसन्नहुआ और मेरे पिताने राजाको प्रसन्नजानकर वहुतसे रत्नोंकीभेट देकर पुलिन्दकको सम्पूर्णवनका राज्य दिलवादिया इसकेउपरान्त अपनी प्रिया म-नोवती और प्रियमित्र पुलिन्दकके साथमें कृतार्थहोकर सुखपूर्वक रहनेलगा और पुलिन्दकभी अपने देशकेस्नेहको छोड़कर वहुधा मेरेहीघरमें रहनेलगा परस्पर उपकार करनेसे नहींतृप्त होतेहुए हमदोनों मित्रोंकासमय व्यतीतहोताथा १५२ थोड़ेदिनोंके उपरान्त मनोवतीमें मेरे पुत्रउत्पन्नहुआ वह पुत्र क्या था मानों सम्पूर्ण कुलके हृदयका उत्सव रूप धारणकरके वाहरआगया हिरण्यदत्तनाम वह पुत्र धीरे २ वड़ा और सम्पूर्ण विद्याओंकोपढ़कर योग्यहोगया तव मेरे पिताने उसका विधिपूर्व्वक व्याहकरवादिया यह संपूर्ण उत्सवकरके और जीवनके फलको परिपूर्ण जानके मेरे पिता मेरीमाता समेत श्रीभागीरथी गंगाजीके तटपर शरीर त्यागकरनेको चलेगये तव पिताके शोकसे अत्यन्त व्याकुल मुझेजानकर व-न्धुओंने वहुतसमझाकर मुझे गृहस्थीकाभार धारण करवाया उससमय मनोवतीके मुग्ध (भोले) मुख-चन्द्रको देखकर और प्रियमित्र पुलिन्दकसे मिलकर मेराचित्त सावधानहुआ इसके उपरान्त सत्पुत्रमे

मोहहोताहै तो आज मैं गरुड़को अपनाशरीरदेकर तुम्हें बचाऊंगा हे मित्र शोकमतकरो जीमूतवाहनके यह वचनसुनकर शङ्खचूड़ने धैर्य्यधारणकरके यह वचनकहा कि ईश्वर न करे ऐसाहोय हे वीर अब ऐसा मतकहना कांचकेनिमित्त मोतीकीहानिकरना उचितनहीं मैं ऐसाकरके कुलकाकलंकी नहींहोऊंगा इस प्रकार जीमूतवाहनसेकहकर और क्षणभरमें गरुड़के आनेका समयजानकरके शङ्खचूड़ समुद्रके तटपर वर्त्तमान श्रीगोकर्णनाम शिवजीको अन्तसमयमें नमस्कारकरनेकोगया २१८ उसके चलेजानेपर अत्यन्तदयालु जीमूतवाहनने जाना कि उसके बचानेका अवसरमुझेमिला और शीघ्रही उसबातको विस्मृतसीकरके युक्तिपूर्व्वक किसी कार्य्य के बहानेसे मित्रावसुको अपनेघरभेजदिया उससमय निकटआये हुए गरुड़के पङ्खोंकी वायुकेवेगसे वहांकी पृथ्वी जीमूतवाहनके सत्वके देखनेके आश्चर्य्य से मानोंकांप उठी उस भूकम्पसे गरुड़को आतेहुएजानके परमदयालु जीमूतवाहन उस वध्यशिलापर चढ़गया उसी क्षणमें अपनीछायासे आकाशको आच्छादितकरतेहुए गरुड़जी चोंचमारकर जीमूतवाहनको उठालेगये और जिसके शरीरसे रुधिरटपकरहाहै जिसकी चूड़ामणि उखड़कर पृथ्वीपरगिरपड़ी है ऐसे जीमूतवाहन को पर्व्वतके शिखरपर लेजाकरखानेलगे उससमय आकाशसे पृथ्वीपर पुष्पोंकी वृष्टिहुई और उसेदेखकर गरुड़को आश्चर्य्यहुआ कि यहक्या बातहै यहां तो गरुड़जी जीमूतवाहनको खारहे थे और वहांगोकर्ण नाम शिवजीको नमस्कारकरके लौटेहुए शङ्खचूड़ने वध्यशिलापर पड़ाहुआ रुधिरदेखा यह देखकरकहा कि हाय मुझेधिक्कारहै मेरे लिये उस महात्माने शरीरदेदिया तो इससमय गरुड़ उसेकहांलेगयेहोंगे जल्दी से ढूंढूं कदाचित् मिलजाय यह शोचकर वहउसरुधिरकीधारको देखताहुआचला इसीबीचमें गरुड़ने जीमूतवाहनको प्रसन्नदेखकर भक्षणकरनात्यागकर आश्चर्य्य पूर्व्वक शोचा कि क्या यह कोई औरही है जो मुझसे भक्षणकियाजाता भी दुःखके सिवाय प्रसन्नहोरहाहै इसप्रकार शोचतेहुए गरुड़जी से जीमूत वाहन अपने अभीष्टको सिद्धकरने के लिये बोला कि हे पक्षिराज मेरे शरीरमें अभीरुधिर और मांस है तुमक्यों बिनातृप्तहुएही भोजनसे निवृत्तहोगयेहो यहसुनकर गरुड़ने बहुत आश्चर्य्ययुक्तहोकर कहा कि साधो तुम सर्प तो नहींहो बताओ कौनहो यह सुनकर जीमूतवाहनने कहा कि सर्पहीहूं तुम अपने कामकोकरो (आरब्धाह्यसमाप्तैव किंधीरैस्त्यज्यतेक्रिया) क्या धीरलोग कार्य्यको प्रारम्भकरके बिना समाप्तकियेही छोड़देते हैं जिससमय जीमूतवाहन यह कहरहाथा उसीसमय शङ्खचूड़ने दूरसे पुकारकर कहा कि हे गरुड़ यह सर्पनहीं है तुम्हारा भक्ष्यसर्प मैं हूं तुम इसे छोड़दो यह तुमको कैसा अयोग्यभ्रम हुआहै यह सुनकर गरुड़को तो बड़ाभ्रमहुआ और जीमूतवाहनको अपने मनोरथ के न होनेसे खेदहुआ तब परस्परकी बातोंसे जीमूतवाहनको विद्याधरोंका स्वामीजानकर गरुड़जीको अज्ञानतासे उसकेखाने का बड़ासन्तापहुआ कि अरेमुझपापीने यहबड़ाही अधर्मकार्य्यकिया अथवा कुमार्गमें चलनेवालोंको पापसुलभहीहोते हैं एकयही महात्मा प्रशंसाकरनेके योग्यहै जिसने परायेनिमित्त प्राणदेकर ममताके मोहमें पड़ेहुए सम्पूर्णको तुच्छकरदिया २२० इसप्रकार विचारकरके पापसेछूटनेके लिये अग्निमें प्रवेश करनेकी इच्छाकरतेहुए गरुड़से जीमूतवाहनने कहा कि हे पक्षीन्द्र क्यों दुःखीहोतेहो जो तुम अधर्म २ ही

लोगोंने समुद्रके मथनेका प्रारंभ कियाहै वहांसे अमृत लाकर जो हमको दोतो अपनी माताको लेजाओ क्योंकि तुम बड़े बलवान्हो सर्पोंके यहबचन सुनकर गरुड़ने क्षीरसमुद्रमें जाकर अमृतके लिये बड़ाही पुरुषार्थ दिखाया गरुड़के पराक्रमको देखकर प्रसन्नहुए भगवान्विष्णुनेकहा कि तुम्हारे ऊपर में प्रसन्नहूं तुमकोई वरमांगो भगवान्के वचन सुनकर माताके दासीभाव से क्रुद्धहुए गरुड़ने यह वरमांगा कि सर्प हमारे भक्ष्यहोजायँ भगवान्नेकहा ऐसाही होगा इसप्रकार भगवान्से वरपाकर और अपने पराक्रम से अमृतलेकर जब गरुड़चलनेलगे तब इन्द्रने सबवृत्तान्त जानकर उनसेकहा कि हेपक्षीन्द्र ऐसाउपायकरना जिससे मूर्ख सर्प अमृत न खासकें और मैं उनसे लेआऊं इन्द्रके वचनको स्वीकार करके विष्णुभगवान्के वरदानसे बड़े प्रचंड गरुड़जी अमृतके कलशको लेकर सर्पों के पासआये और वरके प्रभाव से डरेहुए मूर्ख सर्पों से बोले कि यह अमृत हम लेआये हैं तुम हमारी माताको छोड़कर इसकोलो और जो तुम्हें सन्देहहोवे तो मैं इसे कुशोंपर रक्खे देताहूं और अपनी माताको छुड़ाकर लिये जाताहूं तुम इसेलेलेना सर्पों ने गरुड़की बात स्वीकार करलीनी तब गरुड़ ने पवित्र कुशासनपर अमृतका कलश रखदिया और सर्पोंने उनकी माताको छोड़दिया इसप्रकार अपनी माताको दासीभाव से छुटाकर गरुड़जीके चले जानेपर जैसेही सर्प निस्सन्देह होकर अमृतको लेने लगे वैसेही इन्द्र वहां आकर अपनी शक्ति से सर्पों को मोहित करके कुशासनपरसे अमृतके कलशको हरलेगया तब सर्प अत्यन्त दुःखित होके उन कुशोंको इसलोभसे चाटनेलगे कि कदाचित् कुछ अमृतइनमें लगगयाहोगा इससे जिह्वा के कटजानेसे वह नाहकही द्विजिह्वताको प्राप्तहोगये ठीकहै (हास्यादृतेकिमन्यत्स्यादतिलौल्यवतांफलम्) अत्यन्त लोभियोंको हँसीकेसिवाय और क्या फलहोनाचाहिये २०० इसके उपरान्त सर्पोंको अमृत तो नहींमिला परन्तु गरुड़ने वैरमानकर विष्णुभगवान्के वरसे वहां आनकर उनका खानाप्रारम्भकरदिया गरुड़के आने से पातालमें द्विमुहे विषरहितसर्प तो निर्जीवहोजाते थे और गर्भिणीनागिनियों के गर्भ गिरपड़ते थे इसप्रकार सर्पोंको नष्टहोते देखकर वासुकीने विचारकरके बड़ेबलवान् गरुड़से प्रार्थनाकरके यहनियमकरके कहा कि हे पक्षीन्द्र एकसर्प हम तुम्हारेलिये समुद्रकेतटके पर्व्वतपर रोज भेजाकरेंगे आप पातालमें न आयाकरिये क्योंकि आपके यहांपर आनेसे बहुतसे सर्प एकसाथही नष्टहोजाते हैं इससे हमारे और आप दोनोंके स्वार्थकीहानिहोती है वासुकी के इसवचनको स्वीकारकरके वासुकीके भेजेहुए एकसर्पको रोजयहां गरुड़खानेलगे इसप्रकारसे यहां बहुतसेसर्प नाशहुएहैं मैं शङ्खचूड़नाम सर्पहूं और आज मेरीबारी है इसीसे मैं सर्पराजकी आज्ञासे गरुड़के भोजनकेलिये इस वध्यशिलापरआयाहूं और यहीकारणहै कि मेरी माता अत्यन्त शोककररही है उसके यह वचनसुनकर जीमूतवाहनने बहुत दुःखित होकर कहा कि सब परमेश्वर कुशलकरेंगे और यहभीकहा कि सर्पों के राजा वासुकीबड़ेहीनिस्सत्वहैं जो कि अपनेही हाथसे अपनी प्रजाको शत्रुकीभेटकरते हैं उस नपुंसकने पहले अपने आपकोही गरुड़को न देकर अपने वंशकाक्षयदेखना स्वीकारकिया कश्यपजी से उत्पन्नहोकर गरुड़भी कैसापापकरते हैं ठीकहै (देहमात्रकृतेमोहःकीदृशोमहतामपि) महात्मालोगोंको भी केवल शरीरही के निमित्त कैसा

कुटुम्बसहित अपने स्थानकोचले और गोविन्दकूटनाम पर्वतपर अपनेस्थानमें पहुँचगये इसके उपरान्त काशी के स्वामी राजाप्रतापमुकुटने भी अपने देवमन्दिरके दूसरे कलशमें भी सुवर्णका कमललगादिया और उसके दियेहुए अन्यकमलों से श्रीशिवजीका पूजनकरके और उसके सम्बन्धकी बड़ाई से प्रसन्न होकर अपने कुलको कृतार्थमाना इसप्रकार दिव्य जीव भी किसीकारणसे पृथ्वी में अवतारलेते हैं और वह अपने योग्यसत्त्व तथा उत्साह को धारणकरतेहुए दुर्लभकार्य्योंकी भी सिद्धिको प्राप्तहोते हैं इस्से हेसत्त्वसागर तुमभी मेरे अनुमानसे कोई देवांशमालूम होतेहो तुम्हारा कार्य्य अवश्य सिद्धहोगा (प्रायः क्रियासुमहतामपिदुष्करासुसोत्साहता कथयतिप्रकृतेर्विशेषम्) प्रायः महात्माओंसे भी दुष्करकार्य्यों में उत्साह युक्तहोनेसे प्रकृतिकी विशेषता प्रकटहोती है और यदितुम्हारा मनोरथ न सिद्धिहोने वालाहोता तो वहदिव्य राजकन्या कनकरेखा कनकपुरीके देखनेवाले दिव्य पतिकी इच्छा क्यों करती इसप्रकार एकान्तमें विष्णुदत्त से इससरसकथाको सुनकर हृदय में कनकपुरी के दर्शन करनेकी इच्छाकरनेवाले शक्तिदेवने धैर्य्य धारणकरके उसरात्रिको व्यतीतकिया २१८ ॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांचतुर्दारिकालम्बकेद्वितीयस्तरङ्गः २ ॥

इसके उपरान्त प्रातःकालके समय उत्स्थलद्वीपके मठमेंबैठेहुए शक्तिदेवके पास निषादोंका स्वामी आया और अपनी प्रतिज्ञाके अनुसार बोला कि मैंने तुम्हारे मनोरथके सिद्धकरनेके लिये एक उपाय शोचाहै कि समुद्रके बीचमें रत्नकूटनाम एकद्वीपहै उसमें समुद्रसे प्रतिष्ठाकियेगये श्रीशिवजीका स्थानहै आषाढ़ शुदी १२ के दिन वहां बड़ा उत्सव होताहै उसमें संपूर्णद्वीपों से बहुतसे लोग दर्शन करनेको आतेहैं कदाचित् वहां तुमको कनकपुरीका पतालगजाय इस्सेचलो वहींचलें क्योंकि वह तिथिभी निकट आगई है सत्यव्रतके यहवचन सुनकर शक्तिदेव विष्णुदत्त के दियेहुए पाथेय (राहखर्च) को लेकर सत्यव्रतके लायेहुए जहाजपरचढ़कर उसीकेसाथ वहांसेचला कुछदूर चलकर ऐसे अद्भुत स्थानमें जहांद्वीपों के समान बड़े २ मगरथे पहुंचकर उसने जहाजको खेवतेहुए सत्यव्रत से पूछा कि यहां से थोड़ीदूरपर समुद्रमें यहकौनसी बड़ीभारीवस्तु समुद्रसे निकलेहुए सपक्ष पर्व्वतके समान दिखाईदेरही है तब सत्यव्रतबोला कि यह वर्गदका वृक्षहै इसके नीचेबड़े २ भौंरोंसे युक्त बड़वानलहै इसस्थानको बचाकर यहां चलना पड़ताहै क्योंकि इसकेभँवरमें जाकर फिरलौटनाकठिनहै सत्यव्रतके ऐसा कहनेपर जलके वेगसे वहजहाज उसीओरको जानेलगा यहदेखकर सत्यव्रत शक्तिदेवसे बोला कि हेविप्रवर निस्सन्देह हमलोगों के विनाशकासमय आगया क्योंकि अकस्मात् यहजहाज देखो उसीओरजारहाहै औरमें इसेकिसीप्रकार सेभी नहींरोकसक्ता मृत्युके मुखकेसमान इसगंभीरभँवरमें बलवान्कर्मके समान जलने हमलोगोंको डाल दियाहै इसबातका मुझे कोईदुःख नहीं है क्योंकि किसकाशरीर स्थिररहसक्ताहै परन्तु दुःखयहहै कि इतना क्लेश सहकरभी तुम्हारा मनोरथ सिद्धनहींहुआ इस्से जबतक में धीरे २ इसजहाजको कुछ रोकताहूं तब तक तुम इस वर्गदकी शाखापर चढ़जाओ तुम्हारी सुन्दरआकृति से मालूमहोताहै कि कदाचित् तुम्हारे जीवनका कोईउपाय निकलआवे क्योंकि (विधेर्विलासानव्धेश्चतरंगान्कोहितर्कयेत्) भाग्यके विलास

राजकन्या बड़ी उत्कण्ठा से उसपर ध्यानलगाये बैठी थी अपने दर्शन से उसके चित्तको प्रसन्नकरके अशोकदत्त ने बहुतसे सुवर्ण के कमल राजाको दिये और राजाभी मनोरथ से अधिक प्राप्तिहोने से अत्यन्त प्रसन्नहुआ २७० तदनन्तर सब लोगोंके सन्मुख गोविन्दस्वामी आश्चर्य और कौतुकसे युक्त होकर विजयदत्तसे बोला कि हे पुत्र श्मशानमें रात्रिके समय जब तुम राक्षसपने को प्राप्तहुए तब तुम्हारा क्या वृत्तान्तहुआ उसे वर्णनकरो तब विजयदत्तने कहा कि हे तात चपलतासे दैवाधीनहोकर चितामें जलते हुए कपालको फोड़कर उससे उछलकर मुखमें गईहुई चरबी से मैं राक्षसहोकर माया से मोहितहोगया यह तो आपने देखाही था इसके उपरान्त राक्षसों ने मुझे कपालस्फोटनामसे पुकारा और मैं उनमेंजाकर मिलगया वहमुझे अपने साथ राक्षसों के स्वामी के पासलेगये उसनेभी मुझे देख कर प्रसन्नहोके मुझे अपना सेनापति बनालिया एकसमय वहराक्षसों का स्वामी अभिमानसे गन्धर्वों के साथ युद्धकरनेको गया वहां संग्राम में शत्रुओं ने उसे मारडाला उसके मरजानेपर सम्पूर्ण राक्षस मेरी आज्ञामाननेलगे तबसे मैं उसपुर में रहकर राक्षसों पर राज्य करनेलगा उसीपुर में अकस्मात् सुवर्ण के कमलोंको लेनेके लिये गयेहुए ज्येष्ठभ्राता अशोकदत्त के दर्शनसे मेरी वह दशाजातीरही फिर जैसे हमलोगोंको शापके छूटजाने से अपनी विद्याप्राप्तहुई वह सम्पूर्ण वृत्तान्त आर्य्य अशोकदत्त आपलोगोंसे वर्णन करेंगे २८० इसप्रकार विजयदत्त के कहनेपर अशोकदत्त अपने शापका वृत्तान्त प्रारम्भसे कहनेलगा कि पूर्व्वसमयमें हम दोनों विद्याधरथे एकसमय आकाशमार्ग से उड़ते २ गालव मुनिके आश्रममें हम दोनोंने गंगाजी में स्नानकरतीहुई मुनिकी कन्यकाओंको देखा उन्हें देखकर हम दोनों के चित्तमें और हमेंदेखकर उन सबके चित्तोंमें कामकी चेष्टा उत्पन्नहुई जब हम दोनोंने एकान्तमें जाकर उनके प्राप्तकरनेकी इच्छाकरी तब दिव्यदृष्टिवाले उनके बन्धुओं ने सब वृत्तान्तजानकर हमको क्रोधसे शापदिया कि हे पापियो तुम दोनों मनुष्ययोनिमें उत्पन्नहोजाओ और वहां भी तुम्हारा विलक्षण वियोगहोगा मनुष्योंसे अगोचर अत्यन्त दूरदेशमें गयेहुए एकको देखकर जब दूसरेको ज्ञानहोगा तब विद्याधरों के गुरूसे विद्याओं को प्राप्तकरके तुम दोनों शापसे छूटकर फिर विद्याधरहोजाओगे इस प्रकार मुनियों के शापसे हम दोनों यहां उत्पन्नहुए और यहां जिसप्रकार हमारा वियोगहुआ वह तो आपलोगोंको विदितही है इससमय कमल के निमित्त अपनी सासकी सिद्धिके प्रभावसे राक्षसपति के पुरमें जाकर यह विजयदत्त मेरा छोटाभाई मुझे वहां मिला और वहीं प्रज्ञप्ति गुरूसे विद्याओं को पाकर हम दोनों विद्याधरहोगये और वहां से यहांचलेआये यहकहकर अशोकदत्तने अपने माता पिता और अपनी स्त्री राजकन्याको सम्पूर्ण विद्यासिखलादीं उन विद्याओंको पाकर वह सब भी विद्याधरहोगये और अत्यन्त विचित्रचरित्रवाला अशोकदत्त शापसे छूटकर बहुतप्रसन्नहुआ इसकेउपरान्त राजाप्रतापमुकुटसे आज्ञालेकर अशोकदत्त तथा विजयदत्त अपने माता पिता तथा स्त्रियों समेत वहां से उड़कर आकाशमार्ग से अपने चक्रवर्ती के स्थानकोचलेगये वहांजाके चक्रवर्त्ती के दर्शनकरके चक्रवर्तीकी आज्ञासे अशोकदत्त अशोकवेग और विजयदत्त विजयवेग इन अपने पुरानेनामोंको पाकर सम्पूर्ण

अद्भुत रचनाकी रूपवती पराकाष्ठा ( हद्द ) के समान उस चन्द्रप्रभाको देखा वहभी शक्तिदेवको देखतेही उसके वशीभूत होकर रत्नोंके पलंगपरसे उठी और आप आकर उसे भीतर लिवालेगई वहाँ उसका स्वागत करके और आदर पूर्व्वक उसे बैठालके बोली कि हे महाभाग तुमकौनहो और मनुष्योंसे दुर्गम इसस्थानमें कैसे आगयेहो उसके यहवचन सुनकर शक्तिदेवने अपना देशनाम तथा जातिकहकर कनकपुरीके देखनेके नियमसे कनकरेखानाम राजकन्याको पानेके लिये जिसप्रकार वहाँगयाथा वहसव वृत्तान्त वर्णनकिया इसवृत्तान्तको जानकर कुछध्यानकरके और दीर्घश्वास लेकर चन्द्रप्रभा एकान्तमें शक्तिदेवसे बोली कि हे सुभग इससमय में तुमसे कोई गुप्तबात कहतीहूं उसे सुनो यहाँके सम्पूर्ण विद्याधरोंका स्वामी शशिखंड नाम विद्याधरहै उसके चारकन्याहुईं सबसे बड़ी चन्द्रप्रभानाम में हूं दूसरी का नाम चन्द्ररेखा तीसरीका शशिरेखा और चौथीका शशिप्रभानामहै हम चारोंबहन अपने पिताके घरमें क्रमसे वृद्धिको प्राप्तहुईं एकसमय में तो कन्याओंके व्रतमें स्थितथी और मेरी छोटी तीनों बहनें स्नान करनेकेलिये गंगाजीकोगईं वहाँ जाकर यौवनके मदसे जलक्रीड़ा करतीहुईं उनतीनोंने जलमें बैठेहुए अग्रतप नामसुनिको जलसे बहुत सींचा तब रोकनेपरभी बहुत हठकरनेवाली उनको देखकर मुनिने उन तीनोंको यहशाप दिया कि हे दुष्टकन्याओ तुम तीनों मृत्युलोकमें उत्पन्न होगी इसशापको जानकर हमारे पिताने वहाँ जाकर मुनिको बहुत प्रसन्नकिया तबमुनिने उनतीनोंके अलग२ शापका अन्तबतलाया और कहा कि मनुष्ययोनि में भी इनको दिव्यज्ञानसे अपने इसजन्मका स्मरण बनारहैगा इसके उपरान्त जब वहतीनों मेरीबहन अपने २ शरीरों को त्यागकरके मृत्युलोकको गईं तब मेरे पिता खेद से मुझे यहनगरी सौंपकर वनकोचलेगये यहाँ रहते २ एकसमय भगवती ने मुझ से स्वप्नमें कहा है पुत्री मनुष्य तेरापति होगा भगवती की स्वप्नमेंदीहुई उसी आज्ञाको मानकर मैंने पिता के बताये हुए अनेकविद्याधरों को अपने पतिकरनेको नहीं स्वीकार किया और अबतक में कन्याही बनीहूं इससमय आश्चर्य्य भरेहुए तुम्हारे यहां आगमनसे और अत्यन्त श्रेष्ठ स्वरूपसे में तुम्हारे वशीभूत होगईहूं इससे आनेवाली चतुर्द्दशीके दिन ऋषभनाम पर्व्वतपर अपने पितासे तुम्हारे लिये विज्ञापनकरनेको जाऊंगी उसपर्व्वतपर प्रतिवर्ष इसचतुर्द्दशीके दिन श्रीशिवजीका पूजनकरनेके लिये सम्पूर्ण विद्याधर वहांइकट्ठे होतेहैं इससे मेरापिताभी वहां अवश्यआवेगा वहां उनसे आज्ञालेकर में शीघ्रआऊंगी तब तुम मेरेसाथ विवाहकरना अबउठो अपना नित्यनैमित्तिक कर्मकरो यहकहकर चन्द्रप्रभाने विद्याधरोंके योग्य उत्तम२ सुखदायी पदार्थोंसे शक्तिदेवकी सेवाकरी उससमय उनपदार्थोंका अनुभवकरके शक्तिदेवको ऐसा सुख हुआ कि जैसादावानलसे संतप्त मनुष्यको अमृतके तालाबमें गोतालगानेसे होताहै ६६ इसकेउपरान्त जब चतुर्द्दशीका दिनआया तब चन्द्रप्रभा शक्तिदेवसे बोली कि आज में अपने पिताके पास तुम्हारे लिये विज्ञापनकरनेको जाऊंगी और यहसम्पूर्ण परिकरभी मेरेही साथ जायगा तुम दोदिन यहां अकेले रहकर किसीप्रकारका चित्तमें खेद न करना और इसमन्दिरमें अकेले रहकरभी कभी बीचके सगट में न जाना यहकहकर चन्द्रप्रभा अपने चित्तको उसकेपास और उसके चित्तको अपनेसाथ लेकर चली

और समुद्रकी तरंगोंको कौन जानसक्ता है धैर्य्यवान् सत्यव्रतके ऐसा करनेपर वह जहाज उस वृक्षके निकट पहुंचगया उससमय शक्तिदेवने निर्भयहोकर उछलके उसबर्गदके वृक्षकी बड़ी मोटीशाखा पकड़लीनी और सत्यव्रत तो पराये निमित्त त्यागकियेगये बहतेहुए शरीर तथा जहाज दोनों समेत बड़वानलमें चलागया २१ इसके उपरान्त शाखाओंसे आशा (दिशा) ओंके पूर्ण करनेवाले उसवृक्षका आलम्बन करकेभी शक्तिदेवने निराश होकर शोचा कि मैंने वह कनकपुरी नाम नगरी तो नहीं देखी परंतु इसस्थानमें उसनिपादों के स्वामीको नष्टकरके मैं आपभी नष्टहोनेवालाहूं अथवा सदैव सबके शिरपर पैररखनेवाली भगवती भवितव्यताको कौनउल्लंघन करसक्ताहै अपनी दशाकेअनुसार इसप्रकार चिंता करते २ उसीवृक्षपर बैठे बैठे उसका वह दिन व्यतीतहुआ सायंकालके समय उसबर्गद के वृक्षपर सब ओरसे शब्दकरतेहुए वहुतसे पक्षी आकरबैठे बड़े २ पक्षोंकीवायुसे चलायमान समुद्रकी लहरोंसे मानों आगे चलकर लियेगये वहुतसे गिद्ध उसवृक्षपर आनकर बैठे उससमय पत्तों के भीतर छिपकर बैठेहुए शक्तिदेवने वृक्षकी शाखाओंपर बैठेहुए पक्षियोंकी परस्पर मनुष्यभाषामें बात चीत सुनी किसीने द्वीप किसीने पर्व्वत और किसीने देशान्तर अपने २ उसदिनके चुगनेका स्थानबताया उनमेंसे एक वृद्धपक्षीनेकहा कि आज मैं कनकपुरीमें चुगनेके निमित्तगयाथा और प्रातःकालभी वहीं सुखपूर्व्वक चुगने के निमित्त जाऊंगा वहुतदूर जाकर बड़े श्रमकरने से मुझको क्यालाभ है उसपक्षी के अमृतकी वृष्टिके समान वचनोंसे शक्तिदेवका संपूर्णसन्ताप दूरहोगया और उसनेशोचा कि भाग्यवशसे आजउसनगरी का होना संभवहुआ औरवहां पहुंचनेकेलिये बड़ेशरीरवाला यहपक्षीही वाहनरूपसे मेराउपायहोगा यह शोचकर शक्तिदेव धीरे २ उसपक्षीके पासजाकर सोतेहुए उसपक्षीकी पीठके पंखोंमें छुपरहा ३४ प्रातःकाल होजानेपर जब अन्य संपूर्णपक्षी इधर उधर उड़गये तब भाग्यके समान आश्चर्य्यकारी अपने पक्षपातोंको दिखाताहुआ वहपक्षी उसवृक्षपरसे उड़कर पीठमें छुपेहुए शक्तिदेव समेत क्षणभरमें कनकपुरीमें पहुंचा वहां पहुंचकर जबवहपक्षी किसीवनमें उतरकर चुगनेलगा उससमय शक्तिदेवने धीरे २ उसकी पीठसे उतरकर और उसके पाससे दूरजाकर उसने देखा कि दो स्त्रियां पुष्प तोड़रही हैं धीरे २ उनके पासजाके उनसेपूंछा कि यह कौनदेशहै और तुम दोनोंकौनहो यहवचन सुनकर और उसके देखने से आश्चर्य्ययुक्तहोकर वहबोलीं कि यहकनकपुरीनाम नगरी है इसमें विद्याधर लोगरहते हैं और चंद्रप्रभानाम विद्याधरी का यहबगीचाहै हमदोनोंइसकी रक्षाके लिये यहाँ नौकरहैं और इससमय उसी चन्द्रप्रभा के निमित्त फूल तोड़रही हैं यहसुनकर शक्तिदेव बोला कि तुम ऐसा उपायकरो कि जिस्से मैं भी तुम्हारी स्वामिनीको देखूं शक्तिदेवके इनवचनोंको स्वीकार करके वहदोनों स्त्री उसे नगरीके भीतर राजमन्दिर में लेगईं उसने भी वहाँ जाकर सम्पत्तियों के निवासके समान माणिक्यके खंभोंसे युक्त और सुवर्णकी दीवारवाला वह राजमन्दिर देखा ४४ वहाँ गयेहुए शक्तिदेवको देखकर सम्पूर्ण सेवकों ने चन्द्रप्रभासे आश्चर्य्य पूर्व्वक कहा कि कोई मनुष्य यहाँ आया है यहसुनकर उसने शीघ्रही प्रतीहारको भेजकर शक्तिदेवको शीघ्रतासे अपने पास बुलवाया इसने भीतर जाकर नेत्रोंकी आनन्द देनेवाली ब्रह्माकी

अद्भुत रचनाकी रूपवती पराकाष्ठा ( हद्द ) के समान उस चन्द्रप्रभाको देखा वहभी शक्तिदेवको देखतेही उसके वशीभूत होकर रत्नोंके पलंगपरसे उठी और आप आकर उसे भीतर लिवालेगई वहाँ उसका स्वागत करके और आदर पूर्व्वक उसे बैठालके बोली कि हे महाभाग तुमकौनहो और मनुष्योंसे दुर्गम इसस्थानमें कैसे आगयेहो उसके यहवचन सुनकर शक्तिदेवने अपना देशनाम तथा जातिकहकर कनकपुरीके देखनेके नियमसे कनकरेखानाम राजकन्याको पानेके लिये जिसप्रकार वहाँगयाथा वहसब वृत्तान्त वर्णनकिया इसवृत्तान्तको जानकर कुछध्यानकरके और दीर्घश्वास लेकर चन्द्रप्रभा एकान्तमें शक्तिदेवसे बोली कि हे सुभग इससमय में तुमसे कोई गुप्तबात कहतीहूं उसे सुनो यहाँके सम्पूर्ण विद्याधरोंका स्वामी शशिखंड नाम विद्याधरहै उसके चारकन्याहुईं सबसे बड़ी चन्द्रप्रभानाम में हूं दूसरी का नाम चन्द्ररेखा तीसरीका शशिरेखा और चौथीका शशिप्रभानामहै हम चारोंबहन अपने पिताके घरमें क्रमसे वृद्धिको प्राप्तहुईं एकसमय में तो कन्याओंके व्रतमें स्थितथी और मेरी छोटी तीनों बहनें स्नान करनेकेलिये गंगाजीकोगईं वहाँ जाकर यौवनके मदसे जलक्रीड़ा करतीहुई उनतीनोंने जलमें बैठेहुए अग्रतप नामसुनिको जलसे बहुत सींचा तब रोकनेपरभी बहुत हठकरनेवाली उनको देखकर सुनिने उन तीनोंको यहशाप दिया कि हे दुष्टकन्याओ तुम तीनों मृत्युलोकमें उत्पन्न होगी इसशापको जानकर हमारे पिताने वहाँ जाकर मुनिको बहुत प्रसन्नकिया तबमुनिने उनतीनोंके अलग२ शापका अन्तबतलाया और कहा कि मनुष्ययोनि में भी इनको दिव्यज्ञानसे अपने इसजन्मका स्मरण बनारहैगा इसके उपरान्त जब वहतीनों मेरीबहन अपने २ शरीरों को त्यागकरके मृत्युलोकको गईं तब मेरे पिता खेद से मुझे यहनगरी सौंपकर बनकोचलेगये यहाँ रहते २ एकसमय भगवती ने मुझ से स्वप्नमें कहा हे पुत्री मनुष्य तेरापति होगा भगवती की स्वप्नमेंदीहुई उसी आज्ञाको मानकर मैंने पिता के बताये हुए अनेकविद्याधरों को अपने पतिकरनेको नहीं स्वीकार किया और अबतक में कन्याही बनीहूं इससमय आश्चर्य्य भरेहुए तुम्हारे यहां आगमनसे और अत्यन्त श्रेष्ठ स्वरूपसे में तुम्हारे वशीभूत होगईहूं इससे आनेवाली चतुर्द्दशीके दिन ऋषभनाम पर्व्वतपर अपने पितासे तुम्हारे लिये विज्ञापनकरनेको जाऊंगी उसपर्व्वतपर प्रतिवर्ष इसचतुर्द्दशीके दिन श्रीशिवजीका पूजनकरनेके लिये सम्पूर्ण विद्याधर वहांइकट्ठे होतेहैं इससे मेरापिताभी वहां अवश्यआवेगा वहां उनसे आज्ञालेकर में शीघ्रआऊंगी तब तुम मेरेसाथ विवाहकरना अबउठो अपना नित्यनैमित्तिक कर्मकरो यहकहकर चन्द्रप्रभाने विद्याधरोंके योग्य उत्तम२ सुखदायी पदार्थोंसे शक्तिदेवकी सेवाकरी उससमय उनपदार्थोंका अनुभवकरके शक्तिदेवको ऐसा सुख हुआ कि जैसादावानलसे संतप्त मनुष्यको अमृतके तालाबमें गोतालगानेसे होताहै ६६ इसकेउपरान्त जब चतुर्द्दशीका दिनआया तब चन्द्रप्रभा शक्तिदेवसे बोली कि आज में अपने पिताके पास तुम्हारे लिये विज्ञापनकरनेको जाऊंगी और यहसम्पूर्ण परिकरभी मेरेही साथ जायगा तुम दोदिन यहां अकेले रहकर किसीप्रकारका चित्तमें खेद न करना और इसमन्दिरमें अकेले रहकरभी कभी बीचके खण्ड में न जाना यहकहकर चन्द्रप्रभा अपने चित्तको उसकेपास और उसके चित्तको अपनेसाथ लेकर चली।

और समुद्रकी तरंगोंको कौन जानसक्ता है धैर्य्यवान् सत्यव्रतके ऐसा करनेपर वह जहाज उस वृक्षके निकट पहुंचगया उससमय शक्तिदेवने निर्भयहोकर उछलके उसबर्गद्के वृक्षकी बड़ी मोटीशाखा पकड़ लीनी और सत्यव्रत तो पराये निमित्त त्यागकियेगये बहतेहुए शरीर तथा जहाज दोनों समेत बड़वानलमें चलागया २१ इसके उपरान्त शाखाओंसे आशा (दिशा) ओंके पूर्ण करनेवाले उसवृक्षका आलम्बन करकेभी शक्तिदेवने निराश होकर शोचा कि मैंने वह कनकपुरी नाम नगरी तो नहीं देखी परंतु इसस्थानमें उसनिषादों के स्वामीको नष्टकरके मैं आपभी नष्टहोनेवालाहूं अथवा सदैव सबके शिरपर पैररखनेवाली भगवती भवितव्यताको कौनउल्लंघन करसक्ताहै अपनी दशाकेअनुसार इसप्रकार चिंता करते २ उसीवृक्षपर बैठे बैठे उसका वह दिन व्यतीतहुआ सायंकालके समय उसबर्गद् के वृक्षपर सब ओरसे शब्दकरतेहुए बहुतसे पक्षी आकरबैठे बड़े २ पक्षोंकीवायुसे चलायमान समुद्रकी लहरोंसे मानों आगे चलकर लियेगये बहुतसे गिद्ध उसवृक्षपर आनकर बैठे उससमय पत्तों के भीतर छिपकर बैठेहुए शक्तिदेवने वृक्षकी शाखाओंपर बैठेहुए पक्षियोंकी परस्पर मनुष्यभाषामें बात चीत सुनी किसीने द्वीप किसीने पर्व्वत और किसीने देशान्तर अपने २ उसदिनके चुगनेका स्थानबताया उनमें से एक वृद्धपक्षीनेकहा कि आज मैं कनकपुरीमें चुगनेके निमित्तगयाथा और प्रातःकालभी वहीं सुखपूर्व्वक चुगने के निमित्त जाऊंगा बहुतदूर जाकर बड़े श्रमकरने से मुझको क्यालाभ है उसपक्षी के अमृतकी वृष्टिके समान वचनोंसे शक्तिदेवका संपूर्णसन्ताप दूरहोगया और उसनेशोचा कि भाग्यवशसे आजउसनगरी का होना संभवहुआ और वहां पहुंचनेकेलिये बड़ेशरीरवाला यहपक्षीही वाहनरूपसे मेराउपायहोगा यह शोचकर शक्तिदेव धीरे २ उसपक्षीके पासजाकर सोतेहुए उसपक्षीकी पीठके पंखोंमें छुपरहा ३४ प्रातःकाल होजानेपर जब अन्य संपूर्णपक्षी इधर उधर उड़गये तब भाग्यकेसमान आश्चर्य्यकारी अपने पक्षपातोंको दिखाताहुआ वहपक्षी उसवृक्षपरसे उड़कर पीठमें छुपेहुए शक्तिदेव समेत क्षणभरमें कनकपुरी में पहुंचा वहां पहुंचकर जबवहपक्षी किसीवनमें उतरकर चुगनेलगा उससमय शक्तिदेवने धीरे २ उसकी पीठसे उतरकर और उसके पाससे दूरजाकर उसने देखा कि दो स्त्रियां पुष्प तोड़रही हैं धीरे २ उनके पासजाके उनसेपूंछा कि यह कौनदेशहै और तुम दोनोंकौनहो यहवचन सुनकर और उसके देखने से आश्चर्य्ययुक्तहोकर वेहबोलीं कि यहकनकपुरीनाम नगरी है इसमें विद्याधर लोगरहते हैं और चंद्रप्रभानाम विद्याधरी का यहबगीचाहै हमदोनोंइसकी रक्षाके लिये यहाँ नौकरहैं और इससमय उसी चन्द्रप्रभा के निमित्त फूल तोड़रही हैं यहसुनकर शक्तिदेव बोला कि तुम ऐसा उपायकरो कि जिस्से मैं भी तुम्हारी स्वामिनीको देखूं शक्तिदेवके इनवचनोंको स्वीकार करके वहदोनों स्त्री उसे नगरीके भीतर राजमन्दिर में लेगईं उसने भी वहाँ जाकर सम्पत्तियों के निवासके समान माणिक्यके खंभोंसे युक्त और सुवर्णकी दीवारवाला वह राजमन्दिर देखा ४४ वहाँ गयेहुए शक्तिदेवको देखकर सम्पूर्ण सेवकों ने चन्द्रप्रभासे आश्चर्य्य पूर्व्वक कहा कि कोई मनुष्य यहाँ आया है यहसुनकर उसने शीघ्रही प्रतीहारको भेजकर शक्तिदेवको शीघ्रतासे अपने पास बुलवाया इसने भीतर जाकर नेत्रोंकी आनन्द देनेवाली ब्रह्माकी

ी अपने पितासे बोली कि हेतात इसने सत्यही कनकपुरीदेखी है थोड़ेही कालमें यहकनकपुरी में पतिहोगा और अन्यमेरी तीनवहनोंके साथ विवाह करके उसीपुरीमें विद्याधरोंका राजाहोगा मैंअब सीपुरीमें रक्खेहुए अपनेशरीरमें प्रवेशकरूंगी मुनिके शापसे आपके यहांमेरा जन्महुआथा जिससमय मुझको शापदियाथा उसीसमय मुनिने यह शापका अन्त कहदियाथा कि जब कनकपुरीमेंतेरे शरीरको देखकर कोईमनुष्य आनकर मनुष्य शरीरमें स्थित तुझसेकहैगा। उससमय तेराशाप छूटजायगा और वही मनुष्य तेरापतिहोगा इसप्रकारसे मुनिने मुझे मेरेशापका अन्त बतायाथा मुझे मनुष्यभावमें भी ज्ञानसे अपने पूर्व्वजन्मका स्मरणवनाहै इससे मैं सिद्धिकेलिये अपने विद्याधरोंके स्थानको जातीहूं यह कहकर राजकन्या उसशरीरको छोड़कर चलीगई और राजमन्दिरमें वड़ाभारी रोदनका कोलाहल मचगया १०६ शक्तिदेवभी दोनोंओरसे भ्रष्टहोकर वड़ेक्लेशोंसे मिलीहुई अपनी दोनों प्रियाओंका ध्यान करताहुआ मनोरथके सम्पूर्ण न होनेसे खिन्नहोकर अपने भाग्यकी निन्दाकरताहुआ राजभवनसे निकल करइसप्रकार शोचनेलगा कि कनकरेखाने तोमेरेमनोरथकासिद्धहोना कहाहीहै तोअब मैं खेदक्योंकरता हूं सम्पूर्णसिद्धियां सत्त्वके आधीनहैं इससे मैं उसीमार्गसे फिरकनकपुरीको चलताहूं निस्सन्देह भाग्यवश से कोईनकोई उपाय फिर होजायगा यह शोचकर शक्तिदेव वर्द्धमानपुरसे फिर चला ठीकहै (असिद्धार्थो निवर्त्तन्ते नहिधीरा२ कृतोद्यमाः) धीरलोग उद्योगकरके कार्य्यसिद्धकियेविना नहींनिवृत्तहोतेहैं चलते२ बहुतकालके उपरांत समुद्रकेतटपर उसीविटंकनाम नगरमें वह फिर पहुंचा वहाँसन्मुख आतेहुए उसबणिये को उसनेदेखा जिसकेसाथ जहाजमें जातेहुए जहाजटूटगयाथा उसेदेखकर शक्तिदेवने अपनेचित्तमेंकहा कि क्या यहवही समुद्रदत्तहै यह समुद्रमें गिरकर कैसेनिकलआया अथवाइसमें आश्चर्य्यहीक्याहै क्योंकि मैंही इसका दृष्टान्तहूं इसप्रकार शोचकर जबतक यह उसकेपास जाताहीथा तब तकवही इसेपहचानकर गलेमें लिपटगया और अपनेघरमें लेजाके सम्पूर्णअतिथि सत्कारकरके इससेपूछा कि जहाजके टूटजाने पर तुम कैसे२ समुद्रसेनिकलेथे तब उसने जैसेमछलीकेनिगलनेसे उत्स्थलद्वीपमें पहुंचाथा वहसब ब्यौरे-वार वृत्तान्तकहदिया फिर शक्तिदेवने समुद्रदत्तसे भी पूछा कि उससमय तुम कैसे समुद्रकेपार हुए तब वह बोला कि उससमय मैंसमुद्रमें पड़ाहुआ एककाष्ठके सहारेसे तीन दिनतक पानीपरही इधर उधर बहाकिया इसके उपरान्त उसीमार्गसे एक जहाज जाताहुआ निकला जहाजवालोंने मुझे चिल्लातेहुए देखकर अपने जहाजपर चढ़ालिया जहाजपर चढ़कर मैंने वहाँ उससमय अपनेपिताको देखा जोकि बहुतकाल से द्वीपान्तरसे घरकोलौटेथे मेरेपिताने भी मुझेदेख और पहचानकर गलेसे लगालिया और रोदनकरके मुझसे सम्पूर्ण वृत्तान्तपूछा तबमैंने कहा कि हेतात जब आप बहुतकालसे जाकरनहींलौटे तब मैं व्यापार को अपनाधर्म जानकर उसमें प्रवृत्तहुआ फिर द्वीपान्तरमें जातेहुए जहाजके टूटनेसे समुद्रमेंगिरा तीन दिनतक समुद्रही में काष्ठकेसहारेसे घूमतारहा आज आपलोगोंने मुझेदेखकर यहाँ निकाला मेरे यहवचन सुनकर पिताबोले कि तुमऐसेप्राणोंके संदेहकारीकामोंको क्यों करतेहो हेपुत्र मेरेपासधनहै और मैं अभी धनके उपार्जनकरनेमें स्थितहीहूं देखोसुवर्णसे भराहुआ यहजहाज मैं तुम्हारेलियेलायाहूं इसप्रकार सम-

गई शक्तिदेवभी अकेला अपने चित्तको बहलाताहुआ बड़े २ उत्तम स्थानों में घूमनेलगा घूमते २ यह शोचकर कि चन्द्रप्रभाने मुझे बीचके खण्डमें जानेको क्यों निषेधकियाहै उसमन्दिरके उसीबीचके खंड में चढ़गया ठीकहै (प्रायोवारितवामाहि प्रवृत्तिर्मनसोनृणाम्) प्रायः मनुष्योंकी चित्तवृत्ति निषेधकरने से उलटीहोतीहै वहांजाकर उसने रत्नोंके तीन मण्डप देखे उनमेंसे दोके तो द्वारबन्दथे और एकका द्वार खुलाथा उसखुलेहुए द्वारमें जाके रत्नजटित पलँगपर सम्पूर्ण शरीरको लपेटेहुए किसी को सोताहुआ देखा जब उसने उसके वस्त्रको खोला तब परोपकारी राजाकी मरीहुई कनकरेखानाम कन्या दिखाईदी उसे देखकर उसने बड़े आश्चर्य्यसे शोचा कि क्या यह वही कन्या मरीहुई पड़ी है या मुझको भ्रान्ति है जिसके लिये मैं इतनीदूरआया वह यहां मरीहुई पड़ीहै और मेरेदेशमें जीतीहुई है यहां उसकी कान्ति में कुछ अन्तरभी नहींहुआहै मुझे मालूमहोताहै कि ब्रह्माने किसीकारणसे मेरे लिये यह इन्द्रजालरचाहै इसप्रकार शोचकर वह उस मंदिरसे निकलकर उन दूसरे बन्द दोनों मंदिरों में गया उनमें भी उसीप्रकार दो मरीहुई कन्या पलँगोंपर पड़ीहुई दिखाईदीं तब उन दोनों मन्दिरों से भी निकलकर आश्चर्य्यपूर्व्वक वह वहां बैठगया वहां बैठे उसनेदेखा कि एक बड़ीसुन्दर बावड़ी निर्म्मल जलसे भरीहुई है और बावड़ी के किनारेपर एकघोड़ाखड़ाहै जिसपर रत्नजटित काठीरक्खीहुई है यह देखकर शक्तिदेव बावड़ी के किनारे परगया और उस घोड़े के पासजाके उसको शून्यजानकर उसपर चढ़ने का विचार किया तब उस घोड़ेने लातमारकर उसे बावड़ी में डालदिया उस बावड़ी में गोताखाकर शक्तिदेव अपने वर्द्धमानपुरके बगीचेकी बावड़ीमें जानिकला जन्मभूमिकी बावड़ीके जलमें स्थित उसने चन्द्रप्रभाके बिना कुमुदों के समान दीन अपनेको देखकर शोचा कि कहां यह वर्द्धमानपुर और कहां वह विद्याधरोंकी कनकपुरी नगरी यहकैसा आश्चर्य्यकारी मायाका आडम्बरहै बड़ेकष्टका विषयहै कि मुझमंदभागीको किसीने कैसा ठगाहै अथवा कौनजानताहै कि अभी क्याहोनेवालाहै इसप्रकार शोचताहुआ शक्तिदेव उसबावड़ीके जलसे निकलकर अपने पिताके घरमेंआया और वहां उसके पिता तथा अन्यसब बांधवलोग उसेदेख कर अत्यन्त प्रसन्नहुए और बड़ा उत्सवहुआ दूसरेदिन घरके बाहरजाकर उसने फिर यह ढंढोरा पिटता हुआसुना कि ब्राह्मण अथवा क्षत्री जिसने कनकपुरीदेखीहो वहकहे राजायुवराजपदवी समेत अपनी कन्या उसेदेगा उसढंढोरेको सुनकर उसने ढंढोरेपीटनेवालों से कहा कि मैंने कनकपुरी देखी है वह उसे राजाके निकट लेगये और राजाने उसेपहचानकर पहलेहीके समान उसको झूठाजाना तब उसने राजा से कहा कि जो मेरा कनकपुरीका देखना मिथ्यानिकले तो आप मुझे प्राणदंड दीजियेगा यह मैं नियम करताहूं आजराजकन्या मुझसे जोचाहै सोपूछे उसके यह वचनसुनकर राजाने सेवकोंको भेजकर राजकन्या वहीं बुलवाली उसने वहां शक्तिदेवको देखकर और पहचानकर राजासेकहा कि हे तात यह फिर भी कुछ मिथ्याही कहेगा राजकन्या के यहवचन सुनकर शक्तिदेव बोला कि मैं झूठ अथवा सत्य जो कुछ बोलूंगा परन्तु मुझे यहआश्चर्य्य है सोतोबताओ कि मैंने तुमको कनकपुरी में मरी पड़ीहुई पलँगपर देखाहै और यहां तुमको जीतीहुई देखताहूं यह क्या बात है उससे इसपतेकी बातको सुनकर कनकरेखा

विवाहकरदिया विवाहहोजानेपर पुण्यसे प्राप्तहुई स्वरूपको धारणकियेहुए सुलकीसिद्धिके समान उस दिव्य स्त्री विन्दुमती के साथ शक्तिदेव वहां रहनेलगा १५७ एकसमय महलपर बैठे हुए शक्तिदेव ने गोमांसकोलेकर मार्ग में आयेहुए चाण्डालको देखकर अपनी विन्दुमतीनाम प्रियासेकहा कि हे कृशोदरि देखो कि तीनोंलोकोंकी भी वन्दनीय गौओं के भी मांसकाखानेवाला यह कैसा पापी है यहसुनकर विन्दुमती बोली कि हे आर्य्यपुत्र यह पातक अचिन्त्यहै इसमें क्या कहूं में तो गौओं के थोड़ेही अपराधसे इस निषादकुलमें उत्पन्नहुईहूं और इसपापका तो उद्धारही नहीं है उसके यह वचनसुनकर शक्तिदेव बोला कि हे प्रिये मुझे बड़ा आश्चर्य्यहोताहै कि तुम कौनहो और तुम्हारा इस कुलमें कैसे जन्म हुआ उसके बहुत आग्रहसे पूछनेपरविन्दुमतीबोली कि यदि तुममेरावचनमानों तोमैं अपना गुप्तवृत्तांतभी तुमको बताऊं शक्तिदेवने शपथखाकर कहा कि मैं अवश्यही तेरेवचनको मानूंगा तबवह पहले अपना मनोरथ कहनेलगी कि इसद्वीपमें अभीएक और स्त्री तुम्हारीहोगी और वहथोड़ेही कालमें गर्भवती होगी गर्भ के आठवें महीनेमें उसका पेटफाड़कर तुमगर्भ निकाल लेना और किसीप्रकारकी घृणा न करना उसके यहवचन सुनकर शक्तिदेवको बड़ा आश्चर्य्यहुआ और उसके चित्तमें घृणाहुई तब फिर विन्दुमती बोली कि यहमेरे वचन किसीकारणसे तुमको अवश्य करने चाहियें अबजोमैंहूं और जिसप्रकारसे मेरा जन्महुआहै वह सबसुनो में पूर्व्व जन्ममें विद्याधरीथी अब मैंशापसे मृत्युलोक में उत्पन्नहुईहूं जब में विद्याधरीथी उससमय मैंने वीणाकी तांतको दांतसे तोड़कर जोड़ाथा इसी से मेरा जन्म निषाद के कुलमें हुआ इस्से जो गौओंकी सूखी नसको दांतके छूनेसे ऐसी अधोगति होगई तो उनके मांसके खानेमें क्याही कहनाहै १७१ उसके इतनेकहनेही पर उसके एकभाईने वहां आकर घबराके शक्तिदेव से कहा कि उठो २ यहबड़ाभारी शूकर कहीं से आकर अनेकमनुष्योंको मारताहुआ क्रोधसे सन्मुख आरहा है यहसुनकर शक्तिदेवमहलपरसे उतरा और हाथमें शक्तिलेके और घोड़ेपर सवारहोकर उसशूकरके पीछे भागा और उसपर प्रहारभीकिया तबघायल शूकरउसे फिरभी अपनेपीछे आताहुआ देखकर भागके एक बिलमें घुसगया शक्तिदेव भी उसके ढूंढ़नेको उसके पीछे २ उसी बिलमें चलागया क्षणभरमें भीतरजाकर उसे वहां एक महल और एक बड़ा उत्तम बगीचा दिखाईदिया और वहीं अत्यन्त स्वरूपवती घबराकर आतीहुई एककन्या स्नेहसे आईहुई वनदेवीके समान दिखाईदी उसकन्याको देखकर शक्तिदेवने उससे पूछा कि हे सुन्दरी तुमकौनहो और तुमको किसकारणसे घबराहटहै उसके वचन सुनकर वह बोली कि दक्षिण देशका स्वामी चंडविक्रम नामराजाहै उसीकी मैं विन्दुरेखानाम विनब्याही कन्याहूं अकस्मात् जाज्वल्य नेत्रवाला महापापी एकदैत्य आज पिताके घरसे छलकर मुझे यहाँ हरलायाहै और मांसके निमित्त इसीसमय शूकरके रूपको धरके बाहरगया था वहाँ किसी वीरने इसभूखे दैत्यको ऐसी शक्ति मारी कि जिससे घायलहोकर यहाँ आकर मृत्युको प्राप्तहोगया इस्से मेरा कन्यकाभाव अभी दूषित नहीं हुआहै मैं भागकर बाहर चलीआईहूं यहसुनकर शक्तिदेवने कहा कि तो घबराहटकी क्याबातहै मैंनेही शक्तिसे शूकरको माराथा तबवह बोली कि आपकौनहैं उसने कहा कि मैं शक्तिदेवनाम ब्राह्मणहूं यह

झाकर वह मुझे उसीजहाजपर विटंकपुरमें लेआये १३० उसवणियेसे यह सम्पूर्ण वृत्तान्त सुनकर और रात्रिभर उसीकेयहाँ रहकर दूसरेदिन शक्तिदेवने उस्सेकहा कि हेमित्र मुझे फिरभी उत्स्थलद्वीपको जाना है बताओ मैं वहाँ किस प्रकारसे जाऊं तव वह वणिया वोला कि मेरे व्यवहारी आजही उत्स्थलद्वीपको जानेवालेहैं उनके जहाजपर चढ़कर आपचलेजाइये उसके यह वचन सुनकर उसीके व्यवहारियोंके साथ शक्तिदेव उत्स्थलद्वीपकोगया वहाँ पहुंचकर उसने शोचा कि वह महात्मा विष्णुदत्त मेराभाई जो यहां रहताहै उसीके पासचलकर रहूं यह शोचकर वह वाजारके मार्गसे अपने भाईके घरकी ओर चला भाग्य वशसेमार्गमें निपादोंके स्वामी सत्यव्रतके पुत्रोंने उसेदूरसे देखकर पहचानलिया और बुलाकर कहा कि हे ब्राह्मण तुम यहां से कनकपुरीके ढूंढ़नेकेलिये हमारेपिताके साथगयेथे इससमय तुम अकेले कैसे आये यह सुनकर शक्तिदेव वोला कि जलोंके वेगसे जहाजके वड़वानलमें चलेजाने से तुम्हारा पिता समुद्रमें डूबगया शक्तिदेवके वचन सुनकर सत्यव्रतके पुत्रोंने क्रोधकरके अपने सेवकोंसे कहा कि इस दुष्टकोबां-धलो इसने हमारे पिताकोमाराहै नहीं तो कैसे सम्भवहै कि एकहीजहाजपर दोमनुष्य चढ़ेहोयँ उनमेंएक डूबजाय और एक वचे इस्से पिताके मारनेवाले इसदुष्टको प्रातःकाल चण्डिका देवीके आगेपशुके स-मान मारेंगे सेवकोंसे इसप्रकारकहकर सत्यव्रतके पुत्र आपही शक्तिदेवको वांधकर निरन्तर अनेक जीवों के भक्षणकरनेवाले वड़े उदरवाले वँधीहुई घंटाओंकी मालारूपी दांतवाले मृत्युके मुखके समान भयंकर चण्डिकाके मंदिरमें लेगये १४४ उस मंदिरमें रात्रिके समय वन्धनमें पड़ेहुए प्राणोंके वचने में सन्देहसे युक्तशक्तिदेवने भगवती चण्डिकाजी से यह विज्ञापनाकरी कि हे भगवति प्रातःकालके सूर्य्यके समान मानोंवहुत पियेगये और फैलेहुए रुरुनाम दैत्यके कण्ठके रुधिरवाली मूर्त्तिसे तुमने संसारकी रक्षाकी है इस्से हे वरदेभगवति प्रिय जनकी प्राप्तिकी तृष्णासे वहुतदूर आयेहुए और निष्कारण दुष्टलोगों के हाथमें पड़ेहुए मुझ सदैवनमस्कार करनेवालेकी रक्षाकरो इसप्रकार भगवती से विज्ञापन करके जबउसे किसी प्रकारसे निद्रापड़ी तो स्वप्नमें उसी मन्दिरसे निकलीहुई एकदिव्यस्त्री उसे दिखलाई दीनी उस दिव्यस्वरूपवाली स्त्री ने उसके पास आकर दयापूर्व्वक कहा कि हे शक्तिदेवडरोमत तुम्हारे लिये कोई अनिष्ट नहीं होगा सत्यव्रतके पुत्रोंकी एक विन्दुमतीनाम वहनहै वह प्रातःकाल तुम्हें देखकर तुमको अपना पतिवनाने की प्रार्थना करेगी तुमउसकी वातको स्वीकार करलेना वही तुमको छुटादेगी वह निपादकी कन्या नहीं है वहतो शापसे आईहुई कोई दिव्यस्त्री है यह सुनकर उसकी निद्राखुलगई और प्रातःकाल उसके नेत्रोंमें अमृतकीसी वृष्टिकरती हुई सत्यव्रतकी कन्या देवीजीके मन्दिरमें आई और इस्से वोली कि मैं निपादोंकेपति सत्यव्रतकी कन्याहूं यहांसे तुम्हें छुड़वादूंगी इस्से तुम मेरेमनोरथकोपूर्ण करो मैंने भाइयोंके वतायेहुए अनेकवरोंका निपेधकरदियाहै तुमको देखकर मेरे चित्तमें स्नेहउत्पन्नहुआ है इससे तुम मुझे स्वीकारकरो उसके यह वचनसुनकर शक्तिदेवने स्वप्नका स्मरणकरके प्रसन्नतापूर्व्वक उसे स्वीकारकिया और उस कन्याके भाइयोंको भी भगवती ने स्वप्नमें यही आज्ञादेदीथी इससे उन्होंने भी उसके मनोरथके पूर्णकरने के लिये उसके कहनेसे शक्तिदेवको वन्धनसे छुटवाकर उसीकेसाथ उसका

विवाहकरदिया विवाहहोजानेपर पुण्यसे प्राप्तहुई स्वरूपको धारणकियेहुए सुखकीसिद्धिके समान उस दिव्य स्त्री विन्दुमती के साथ शक्तिदेव वहां रहनेलगा १५७ एकसमय महलपर बैठे हुए शक्तिदेव ने गोमांसकोलेकर मार्ग में आयेहुए चाण्डालको देखकर अपनी विन्दुमतीनाम प्रियासेकहा कि हे कृशोदरि देखो कि तीनोंलोकोंकी भी वन्दनीय गौओं के भी मांसकाखानेवाला यह कैसा पापी है यहसुनकर विन्दुमती बोली कि हे आर्य्यपुत्र यह पातक अचिन्त्यहै इसमें क्या कहूं मैं तो गौओं के थोड़ेही अपराधसे इस निषादकुलमें उत्पन्नहुईहूं और इसपापका तो उद्धारही नहीं है उसके यह वचनसुनकर शक्तिदेव बोला कि हे प्रिये मुझे बड़ा आश्चर्य्यहोताहै कि तुम कौनहो और तुम्हारा इस कुलमें कैसे जन्म हुआ उसके बहुत आग्रहसे पूछनेपरविन्दुमतीबोली कि यदि तुममेरावचनमानों तोमैं अपना गुप्तवृत्तांतभी तुमको बताऊं शक्तिदेवने शपथखाकर कहा कि मैं अवश्यही तेरेवचनको मानूंगा तबवह पहले अपना मनोरथ कहनेलगी कि इसद्वीपमें अभीएक और स्त्री तुम्हारीहोगी और वहथोड़ेही कालमें गर्भवती होगी गर्भ के आठवें महीनेमें उसका पेटफाड़कर तुमगर्भ निकाल लेना और किसीप्रकारकी घृणा न करना उसके यहवचन सुनकर शक्तिदेवको बड़ा आश्चर्य्यहुआ और उसके चित्तमें घृणाहुई तब फिर विन्दुमती बोली कि यहमेरे वचन किसीकारणसे तुमको अवश्य करने चाहियें अबजोमैंहूं और जिसप्रकारसे मेरा जन्महुआहै वह सबसुनो मैं पूर्व्व जन्ममें विद्याधरीथी अब मैंशापसे मृत्युलोक में उत्पन्नहुईहूं जब मैं विद्याधरीथी उससमय मैंने वीणाकी तांतको दांतसे तोड़कर जोड़ाथा इसी से मेरा जन्म निषाद के कुलमें हुआ इससे जो गौओंकी सूखी नसको दांतके छूनेसे ऐसी अधोगति होगई तो उनके मांसके खानेमें क्याही कहनाहै १७१ उसके इतनेकहनेही पर उसके एकभाईने वहां आकर घबराके शक्तिदेव से कहा कि उठो २ यहबड़ाभारी शूकर कहीं से आकर अनेकमनुष्योंको मारताहुआ क्रोधसे सन्मुख आरहा है यहसुनकर शक्तिदेवमहलपरसे उतरा और हाथमें शक्तिलेके और घोड़ेपर सवारहोकर उसशूकरके पीछे भागा और उसपर प्रहारभीकिया तबघायल शूकरउसे फिरभी अपनेपीछे आताहुआ देखकर भागके एक बिलमें घुसगया शक्तिदेव भी उसके ढूंढ़नेको उसके पीछे २ उसी बिलमें चलागया क्षणभरमें भीतरजाकर उसे वहां एक महल और एक बड़ा उत्तम बगीचा दिखाईदिया और वहीं अत्यन्त स्वरूपवती घबराकर आतीहुई एककन्या स्नेहसे आईहुई वनदेवीके समान दिखाईदी उसकन्याको देखकर शक्तिदेवने उससे पूछा कि हे सुन्दरी तुमकौनहो और तुमको किसकारणसे घबराहटहै उसके वचन सुनकर वह बोली कि दक्षिण देशका स्वामी चंडविक्रम नामराजाहै उसीकी मैं विन्दुरेखानाम बिनब्याही कन्याहूं अकस्मात् जाज्वल्य नेत्रवाला महापापी एकदैत्य आज पिताके घरसे छलकर मुझे यहाँ हरलायाहै और मांसके निमित्त इसीसमय शूकरके रूपको धरके बाहरगया था वहाँ किसी वीरने इसभूखे दैत्यको ऐसी शक्ति मारी कि जिससे घायलहोकर यहाँ आकर मृत्युको प्राप्तहोगया इससे मेरा कन्यकाभाव अभी दूषित नहीं हुआहै मैं भागकर बाहर चलीआईहूं यहसुनकर शक्तिदेवने कहा कि तो घबराहटकी क्याबातहै मैंनेही शक्तिसे शूकरको माराथा तबवह बोली कि आपकौनहैं उसने कहा कि मैं शक्तिदेवनाम ब्राह्मणहूं यह

सुनकर कन्याने कहा तो आपही मेरेपतिहो उसके वचनोंको स्वीकार करके और उसे लेकर शक्तिदेव बाहर निकलआया और घरमेंआकर विन्दुमती से अपना सम्पूर्णवृत्तान्त कहदिया और उसीकी आज्ञा से उसविन्दुरेखाके साथ भी अपना विवाह किया इसके उपरान्त दोनों स्त्रियोंसमेत रहतेहुए शक्तिदेवकी दूसरी स्त्री विन्दुरेखा गर्भवतीहुई जबउसका आठवां महीना प्राप्तहुआ तबपहली स्त्री विन्दुमतीने एकान्तमें शक्तिदेवसे कहा कि हे वीर जो तुमने मुझसे प्रतिज्ञाकी थी उसे यादकरो तुम्हारी दूसरी स्त्रीके गर्भका आठवां महीना आगया इस्से तुमजाकर उसके पेटको फाड़कर उसगर्भको निकाललाओ क्योंकि तुमको अपने सत्यवचनको त्यागना नहीं चाहिये १९० उसके यहवचन सुनकर स्नेह तथा कृपासे व्याकुल और प्रतिज्ञाके आधीन शक्तिदेव क्षणभर विना कुछ उत्तरदिये वहाँठहरा और फिर घबराकर वहाँसे विन्दुरेखाके पासचलागया उसने भी उसे खेदसे आतेदेखकर कहा कि हे आर्यपुत्र आजतुम क्योंव्याकुलहो मैं जानतीहूं कि विन्दुमतीने मेरे गर्भको निकालनेके लिये तुमको भेजाहै तुमको यहअवश्य करना चाहिये क्योंकि इसमें कोई कारणहै और इसमें कोईपाप नहीं है इससे घृणामतकरो इसविषयमें मैं तुम्हें देवदत्तकी कथा सुनातीहूं पूर्व्व समय में कंबुकनाम पुरमें हरदत्तनाम एकधनवान् ब्राह्मण था उसके एकदेवदत्तनाम पुत्रथा वहविद्वान् होजानेपर भी बाल्यावस्थामें जुआ बहुत खेलताथा एकसमय जुएमें वस्त्रादिक हारकर पिताके घरमें न जासका और किसी शून्यमन्दिरमें चलागया वहाँ जाकर अनेक औषधियोंको सिद्धकरके जपकरतेहुए जालपादनाम महाव्रती को अकेला बैठाहुआ देखा उसके पास जाकर देवदत्तने उसे प्रणामकिया और उसने भी मौनताको छोड़कर स्वागतसे उसे प्रसन्नकिया क्षणभर वहाँ बैठनेके उपरान्त उसमहाव्रतीने देवदत्तसे दुःखका कारण पूछा और उसने भी अपना जुएसे धन नष्टहोनेका सबवृत्तान्त कहदिया तबमहाव्रती बोला कि हे वत्स इससंसारमें व्यसनी लोगोंकी इच्छापूर्ण करनेको पर्य्याप्त ( काफी ) धननहींहै जो विपत्तियोंके नाशकरनेकी तुमको इच्छा होय तो मेराकहना करो क्योंकि मैंने विद्याधर पदवीको पानेके लिये सामग्री इकट्ठीकी है इस्से हे सुलक्षण तुमभी हमारे साथ विद्याधरपनेको सिद्धकरो परन्तु तुमहमारी आज्ञाका उल्लंघन न करना इस्से तुम्हारी सम्पूर्ण विपत्तियां नष्टहोजायँगी २०२ उसमहाव्रतीके वचनों को स्वीकारकरके देवदत्त उसीके पास वहाँ रहनेलगा दूसरेदिन वहमहाव्रती रात्रिके समय श्मशानमें जाकर बरगदके नीचे पूजनकरके खीरकानैवेद्य लगाके दिशाओंमें बलिफेंककर और दिशाओंका पूजनकरके पासखड़ेहुए देवदत्तसे बोला कि तुमभी यहाँ प्रतिदिन हे विद्युत्प्रभे इसपूजनको ग्रहणकरो ऐसाकहकर इसीप्रकारसे पूजन कियाकरो इसके उपरान्त जो होगा वहमैं जानताहूं इस्सेहमारी और तुम्हारी निस्सन्देह सिद्धिहोगी यहकहकर उसे अपने साथलेकर वहमहाव्रती उसीमन्दिरमें चलागया फिर देवदत्त प्रतिदिन उसीवृक्षके नीचेजाकर उसी विधिसे पूजन करनेलगा एकसमय पूजनके अन्तमें वहवृक्ष फटगया और उसमेंसे अकस्मात् एकदिव्य स्त्री निकली और देवदत्तसे बोली कि चलो तुमको मेरी स्वामिनी बुलाती है यहकहकर वहस्त्री उसदेवदत्तको वृक्षके भीतर लेगई वहाँजाकर देवदत्तने दिव्यमणिमय स्थानमें पलँगपर बैठीहुई एकदिव्य स्त्री देखी उसेदेख

कर जब यह शोचनेलगा कि यह तो मेरी मूर्त्तिमती सिद्धिहीहोगी उससमय उस स्त्री ने अतिथिसत्कार करके पलँगपर से उठकर देवदत्तको पलँगपर बैठालिया उठने में जो उसके आभूषणबजे थे वह मानों देवदत्तसे स्वागत पूंछतेथे पलँगपर बैठालकर उसने देवदत्तसे कहा कि हे महाभाग में रत्नवर्षनाम यक्षपतिकी विद्युत्प्रभानाम पुत्रीहूं इसजालपादनाम महाव्रती ने मेरा बहुतआराधनकियाहै इससे उसके तो केवल मनोरथकोही सिद्धकरूंगी परन्तु तुम मेरे प्राणोंकेभी स्वामीहो इससे केवल दर्शनमात्रसे मुझस्नेह युक्तसे अपनाविवाहकरो उसके यहवचनसुनकर देवदत्तने उसकेसाथ विवाहकरलिया और कुछकालतक वहींरहा जब वह गर्भवतीहुई तब देवदत्त फिर आनेकी प्रतिज्ञाकरके वहां से चलकर उस महाव्रतीके पास आया और उससे सम्पूर्ण वृत्तान्तकहा उसनेभी सबवृत्तान्त सुनकर अपनी सिद्धिकेलिये देवदत्तसेकहा कि तुमने बहुत अच्छाकिया अब जाकर तुम उसयक्षिणीका पेटफाड़कर उसका गर्भ निकाललाओ यह कहकर और पुरानी प्रतिज्ञाकास्मरणकराके उसने फिर देवदत्तको उसयक्षिणीके पास भेजदिया २२१ वहां जाकर जबदेवदत्त उसबातको शोचकरखिन्नचित्तहोके बैठा उसीसमय विद्युत्प्रभा उससेआपहीबोली कि हे आर्य्यपुत्र तुम क्यों खिन्नहो में जानगई किजालपादने मेरागर्भनिकालनेको तुम्हें भेजाहै इससे तुममेरा पेटफाड़कर मेरागर्भनिकाललो और जोतुम नहींनिकालोगे तो में आपही निकालूंगी क्योंकि इसमें कोई हेतुहै उसके ऐसाकहनेपर भी जब देवदत्त गर्भको नहींनिकालसका तब उसने आपही अपना पेटफाड़ कर गर्भनिकालके देवदत्तके आगेरखदिया और उससे कहा कि विद्याधरत्वके भोगनेकाकारण यहगर्भ लो में शापसे विद्याधरों के घरसे भ्रष्टहोकर यक्षों के यहां उत्पन्नहुई थी और यही मेरे शापका अन्तथा मुझे अपने पूर्व्वजन्मका सम्पूर्ण स्मरणबनाहै अब में अपने स्थानकोजातीहूं वहीं आकर मुझसे तुम्हारा समागमहोगा यह कहकर विद्युत्प्रभा अन्तर्द्धानहोगई देवदत्तभी उस गर्भकोलेकर चित्तमें खेदकरताहुआ जालपादके निकटआया और सिद्धिदायक वह गर्भ उसे देदिया ठीककहाहै कि ( भजंत्यात्मंभरित्वंहि दुर्लभेपिनसाधवः ) दुर्लभ पदार्थों में भी सज्जनलोग अपस्वार्थी नहीं होतेहैं इसके उपरान्त महाव्रतीने गर्भके मांसका परिपाककरके देवदत्तको वनमें भैरवके पूजनकरनेको भेजा उससमय देवदत्त जब बलिदानदेकर लौटा तो उसने देखा कि उस महाव्रतीने यह सम्पूर्ण मांसखाडाला और जैसे कि उसनेकहा कि तुमने सम्पूर्ण मांस क्यों खाडाला वैसेही वह कुटिल जालपाद विद्याधरहोकर आकाशको उड़गया तब आकाशकेसमान नीले खड्गकोलेकर और हार तथा बाजूकोपहरकर उस जालपादके उड़जानेपर देवदत्तने शोचा कि इस पापीने मुझे कैसाठगाहै अथवा बहुत सीधेपनसे किसका तिरस्कारनहींहोताहै अब में इसका बदलाकेसेलूं और विद्याधरहुए जालपादको कैसेपाऊं इसमें वेताल सिद्धकरनेकेसिवाय और मेरे लिये कोई दूसरा उपायनहीं है २३७ यह शोचकर वहां मनुष्यके शरीरमें वेतालको बुलाकर पूजनकरके देवदत्त मनुष्यके मांसकीबलिसे उसे तृप्तकरनेलगा वेतालको उतनेमांससे तृप्तहोना न देखकर और अन्य मांसलेनेतक उसकाठहरना असम्भवसमझकर उसको तृप्तकरने के लिये वह अपनाही मांस काटनेलगा उससमय वेताल उससे बोला कि तुम्हारे सत्वसे में प्रसन्नहूं साहसमतकरो तुम्हारी क्या इच्छाहै

सुनकर कन्याने कहा तो आपही मेरेपतिहो उसके वचनोंको स्वीकार करके और उसे लेकर शक्तिदेव बाहर निकलआया और घरमेंआकर विन्दुमती से अपना सम्पूर्णवृत्तान्त कहदिया और उसीकी आज्ञा से उसविन्दुरेखाके साथ भी अपना विवाह किया इसके उपरान्त दोनों स्त्रियोंसमेत रहतेहुए शक्तिदेवकी दूसरी स्त्री विन्दुरेखा गर्भवतीहुई जबउसका आठवां महीना प्राप्तहुआ तबपहली स्त्री विन्दुमतीने एकान्तमें शक्तिदेवसे कहा कि हे वीर जो तुमने मुझसे प्रतिज्ञाकी थी उसे यादकरो तुम्हारी दूसरी स्त्रीके गर्भका आठवां महीना आगया इस्से तुमजाकर उसके पेटको फाड़कर उसगर्भको निकाललाओ क्योंकि तुमको अपने सत्यवचनको त्यागना नहीं चाहिये १९० उसके यहवचन सुनकर स्नेह तथा कृपासे व्याकुल और प्रतिज्ञाके आधीन शक्तिदेव क्षणभर विना कुछ उत्तरदिये वहाँठहरा और फिर घबराकर वहाँसे विन्दुरेखाके पासचलागया उसने भी उसे खेदसे आतेदेखकर कहा कि हे आर्यपुत्र आजतुम क्योंव्याकुलहो मैं जानतीहूं कि विन्दुमतीने मेरे गर्भको निकालनेके लिये तुमको भेजाहै तुमको यहअवश्य करना चाहिये क्योंकि इसमें कोई कारणहै और इसमें कोईपाप नहीं है इससे घृणामतकरो इसविषयमें मैं तुम्हें देवदत्तकी कथा सुनातीहूं पूर्व्व समय में कंबुकनाम पुरमें हरदत्तनाम एकधनवान् ब्राह्मण था उसके एकदेवदत्तनाम पुत्रथा वहविद्वान् होजानेपर भी बाल्यावस्थामें जुआ बहुत खेलताथा एकसमय जुएमें वस्त्रादिक हारकर पिताके घरमें न जासका और किसी शून्यमन्दिरमें चलागया वहाँ जाकर अनेक औषधियोंको सिद्धकरके जपकरतेहुए जालपादनाम महाव्रती को अकेला बैठाहुआ देखा उसके पास जाकर देवदत्तने उसे प्रणामकिया और उसने भी मौनताको छोड़कर स्वागतसे उसे प्रसन्नकिया क्षणभर वहाँ बैठनेके उपरान्त उसमहाव्रतीने देवदत्तसे दुःखका कारण पूछा और उसने भी अपना जुएसे धन नष्टहोनेका सबवृत्तान्त कहदिया तबमहाव्रती बोला कि हे वत्स इससंसारमें व्यसनी लोगोंकी इच्छापूर्ण करनेको पर्य्याप्त (काफी) धननहींहै जो विपत्तियोंके नाशकरनेकी तुमको इच्छा होय तो मेराकहना करो क्योंकि मैंने विद्याधर पदवीको पानेके लिये सामग्री इकट्ठीकी है इस्से हे सुलक्षण तुमभी हमारे साथ विद्याधरपनेको सिद्धकरो परन्तु तुमहमारी आज्ञाका उल्लंघन न करना इस्से तुम्हारी सम्पूर्ण विपत्तियां नष्टहोजायँगी २०३ उसमहाव्रतीके वचनों को स्वीकारकरके देवदत्त उसीके पास वहाँ रहनेलगा दूसरेदिन वहमहाव्रती रात्रिके समय श्मशानमें जाकर बरगदके नीचे पूजनकरके खीरकानैवेद्य लगाके दिशाओंमें बलिफेंककर और दिशाओंका पूजनकरके पासखड़ेहुए देवदत्तसे बोला कि तुमभी यहाँ प्रतिदिन हे विद्युत्प्रभे इसपूजनको ग्रहणकरो ऐसाकहकर इसीप्रकारसे पूजन कियाकरो इसके उपरान्त जो होगा वहमैं जानताहूं इस्सेहमारी और तुम्हारी निस्सन्देह सिद्धिहोगी यहकहकर उसे अपने साथलेकर वहमहाव्रती उसीमन्दिरमें चलागया फिर देवदत्त प्रतिदिन उसीवृक्षके नीचेजाकर उसी विधिसे पूजन करनेलगा एकसमय पूजनके अन्तमें वहवृक्ष फटगया और उसमेंसे अकस्मात् एकदिव्य स्त्री निकली और देवदत्तसे बोली कि चलो तुमको मेरी स्वामिनी बुलाती है यहकहकर वहस्त्री उसदेवदत्तको वृक्षके भीतर लेगई वहाँजाकर देवदत्तने दिव्यमणिमय स्थानमें पलँगपर बैठीहुई एकदिव्य स्त्री देखी उसेदेख

कर जब यह शोचनेलगा कि यह तो मेरी मूर्त्तिमती सिद्धिहीहोगी उससमय उस स्त्री ने अतिथिसत्कार करके पलँगपर से उठकर देवदत्तको पलँगपर बैठालिया उठने में जो उसके आभूषणबजे थे वह मानों देवदत्तसे स्वागत पूंछतेथे पलँगपर बैठालकर उसने देवदत्तसे कहा कि हे महाभाग मैं रत्नवर्षनाम यक्षपतिकी विद्युत्प्रभानाम पुत्रीहूं इसजालपादनाम महाव्रती ने मेरा बहुतआराधनकियाहै इससे उसके तो केवल मनोरथकोही सिद्धकरूंगी परन्तु तुम मेरे प्राणोंकेभी स्वामीहो इससे केवल दर्शनमात्रसे मुझस्नेहयुक्तसे अपनाविवाहकरो उसके यहवचनसुनकर देवदत्तने उसकेसाथ विवाहकरलिया और कुछकालतक वहींरहा जब वह गर्भवतीहुई तब देवदत्त फिर आनेकी प्रतिज्ञाकरके वहां से चलकर उस महाव्रतीके पास आया और उससे सम्पूर्ण वृत्तान्तकहा उसनेभी सबवृत्तान्त सुनकर अपनी सिद्धिकेलिये देवदत्तसेकहा कि तुमने बहुत अच्छाकिया अब जाकर तुम उसयक्षिणीका पेटफाड़कर उसका गर्भ निकाललाओ यह कहकर और पुरानी प्रतिज्ञाकास्मरणकराके उसने फिर देवदत्तको उसयक्षिणीके पास भेजदिया २२१ वहां जाकर जबदेवदत्त उसबातको शोचकरखिन्नचित्तहोके बैठा उसीसमय विद्युत्प्रभा उससेआपहीबोली कि हे आर्य्यपुत्र तुम क्यों खिन्नहो मैं जानगई किजालपादने मेरागर्भनिकालनेको तुम्हें भेजाहै इससे तुममेरा पेटफाड़कर मेरागर्भनिकाललो और जोतुम नहींनिकालोगे तो मैं आपही निकालूंगी क्योंकि इसमें कोई हेतुहै उसके ऐसाकहनेपर भी जब देवदत्त गर्भको नहींनिकालसका तब उसने आपही अपना पेटफाड़कर गर्भनिकालके देवदत्तके आगेरखदिया और उससे कहा कि विद्याधरत्वके भोगनेकाकारण यहगर्भ लो मैं शापसे विद्याधरों के घरसे भ्रष्टहोकर यक्षों के यहां उत्पन्नहुई थी और यहीमेरे शापका अन्त था मुझे अपने पूर्वजन्मका सम्पूर्ण स्मरणबनाहै अब मैं अपने स्थानकोजातीहूं वहीं आकर मुझसे तुम्हारा समागमहोगा यह कहकर विद्युत्प्रभा अन्तर्द्धानहोगई देवदत्तभी उस गर्भकोलेकर चित्तमें खेदकरताहुआ जालपादके निकटआया और सिद्धिदायक वह गर्भ उसे देदिया ठीककहाहै कि ( भजंत्यर्थिनेऽपि हि दुर्लभेपिनसाधवः ) दुर्लभ पदार्थों में भी सज्जनलोग अपस्वार्थी नहीं होतेहैं इसके [illegible] गर्भके मांसका परिपाककरके देवदत्तको वनमें भैरवके पूजनकरनेको भेजा उससमय [illegible] दानदेकर लौटा तो उसने देखा कि उस महाव्रतीने वह सम्पूर्ण मांसखाडाला और [illegible] कि तुमने सम्पूर्ण मांस क्यों खाडाला वैसेही वह कुटिल जालपाद विद्याधर [illegible] तब आकाशकेसमान नीले खड्गकोलेकर और हार तथा बाजूकोपहनकर [illegible] देवदत्तने शोचा कि इस पापीने मुझे कैसाठगाहै अथवा बहुत सीधे [illegible] अब मैं इसका बदलाकैसेलूं और विद्याधरहुए जालपादको कैसे [illegible] और मेरे लिये कोई दूसरा उपायनहीं है २३७ यह शोचकर वहां [illegible] पूजनकरके देवदत्त मनुष्यके मांसकीबलिसे उसे तृप्तकरनेलगा [illegible] और अन्य मांसलेनेतक उसकाठहरना असम्भवसमझकर [illegible] [illegible]गा उससमय वेताल उससे बोला कि तुम्हारे [illegible]

बताओ मैं उसको सिद्धकरूं उसके यह वचनसुनकर वीर देवदत्त बोला कि जहां विश्वासघाती जालपाद है वहीं विद्याधरों के स्थानमें उसके मारनेकेलिये मुझे लेचलो तब वेताल उसके वचनोंको स्वीकारकर उसको अपनेकन्धेपरचढ़ाकर आकाशमार्गसे विद्याधरों के स्थानपर लेगया वहांजाकर देवदत्तने विद्याधरोंके राज्यपाने से अभिमानयुक्त रत्नसिंहासनपर बैठेहुए और नहीं इच्छाकरतीहुई विद्याधरी विद्युत्प्रभाको अपनीस्त्री बनानेकेलिये अनेकप्रकारकेवचनोंकरके समझातेहुए जालपादकोदेखा फिरउसेदेखकर प्रसन्नहुई विद्युत्प्रभाके नेत्ररूपीचकोरोंकेलिये चन्द्मारूप वहदेवदत्त वेतालसमेत जालपादपरदौड़ा जालपादभी उसे वहां अकस्मात्आया देखकर घबराके आसनसे पृथ्वीपरगिरपड़ा और भयसेउसके हाथमेंसे खड्गभी छूटगया देवदत्तने वह खड्गतो उठालिया परन्तु उसे मारा नहींठीकहै ( रिपुस्वपि हिभीतेषुस्वानु कम्पामहाशयाः) डरेहुएशत्रुओंपरभी महात्मालोगदयाकरते हैं और वेतालकोभी उसकेमारनेमें उद्युक्त देखकर उसने कहा कि इसदीनपाखंडी को मारने से क्याप्रयोजन है तुम इसे पृथ्वीमें लेजाकर अपने पास रक्खो यह पापी वहीं फिरभी भिक्षुक होकररहै उससमय देवदत्तके ऐसाकहते ही आकाशसे भगवती पार्वतीजी उतरकर देवदत्तके समीप प्रत्यक्ष आईं और प्रणाम करनेवाले देवदत्तसे बोलीं किहेपुत्र तेरे असाधारण सत्वको देखकर मैं प्रसन्नहूं इस्से मैंने तुमको यहां के विद्याधरों का राज्यदिया यहकहकर और सम्पूर्ण विद्यादेकर भगवती अन्तर्द्धान होगईं और वेताल जालपादको लेकर पृथ्वीपर चला गया और उस महाव्रती की सम्पूर्ण सिद्धीनष्टहोगई ठीकहै ( नाधर्म्मश्चिरमृद्धये ) अधर्मसे बहुत काल तक सुखनहीं मिलता इसके उपरान्त देवदत्त विद्याधरोंके राज्यको पाकर विद्युत्प्रभाके साथवहाँ आनन्द पूर्वक रहनेलगा २५५ इसप्रकार शक्तिदेवसे सम्पूर्ण कथा कहकर मृदुभाषिणी विन्दुरेखा फिरबोली कि इसप्रकार से बहुधाकार्य्यहुआ करते हैं इस्से तुम विन्दुमती के कहने से शोकत्यागकर मेरागर्भ निकाललो विन्दुरेखाके इसप्रकार कहनेपर और शक्तिदेवके पापसे भयभीत होनेपर आकाशवाणी हुई कि हे शक्तिदेव निस्सन्देह तुम इसका पेटफाड़कर गर्भनिकाललो जबउसगर्भ का कण्ठ तुम पकड़ोगे तब बड़ेसुन्दर खड्गकी मूठ तुम्हारे हाथ आवेगी और वह गर्भखड्ग होजायगा इस आकाशवाणी को सुनकर शक्तिदेवने शीघ्रही विन्दुरेखाका पेटफाड़कर गर्भ निकाललिया और हाथसे उसका गला पकड़ा हाथमेंलेतेही वह गर्भसुन्दर खड्गरूप होगया वहखड्ग क्याथा मानोंसत्वसे खींचागया सिद्धिके बालोंका समूहथा इसके उपरान्त शक्तिदेव शीघ्रही विद्याधरहोगया और विन्दुरेखा उसीसमय अन्तर्द्धान होगई उसे गुप्तहुई देखकर उसने अपनी पहली स्त्री विन्दुमती से जाकर सम्पूर्ण वृत्तान्त कहा तब वह बोली कि हे नाथ विद्याधरके स्वामी की पुत्री हमतीनों बहनें शापके द्वारा कनकपुरीसे च्युत ( अपने अधिकारसे भ्रष्ट) हुईं उनमेंसे एक कनकरेखानामथी जिसको तुमने वर्द्धमानपुरमें देखाथा वहीं तुम्हारे आगे उसकेशापकाभी अन्तहोगयाथा वहअपनीपुरीको चलीगई भाग्यवशसे उसकेशापका अन्तऐसाही विचित्रथा * दूसरी विन्दुरेखा जिसके शापका अन्तगर्भके निकालने से हुआ है वह आपकोविदितही है *

* विन्दुरेखा का नाम यहां पर मूल पुस्तकमें छुटा हुआसा मालूम होताथा इसलिये अपनी ओरसे लिखा है।

और तीसरी में हूं इसीसमय मेरेभी शापका अन्त है हे प्रिय में आजही अपनी नगरी को जाऊंगी क्योंकि हमतीनों वहिनोंके विद्याधर शरीर वहीं हैं हमारी बड़ी वहिन चन्द्रप्रभाभी वहीं है इस्से तुमभी खड्गके प्रभावसे वहीं आओ वहां वनमें स्थित हमारे पिता हम चारों वहिनों का विवाह तुम्हारे साथ करदेंगे और तुम उसपुरीके राजा होजाओगे २६६ विन्दुमतीसे इससम्पूर्ण वृत्तान्त को सुनकर शक्तिदेव उसी के साथ आकाशमार्ग से कनकपुरीको गया वहां जाकर उसने जो तीनों मंडपों में पलँगोंपर तीन स्त्रियोंके तीन मृत शरीर देखेथे उनशरीरों में प्रविष्टहुई कनकरेखा आदि अपनी तीनों प्रियाप्रणाम करतीहुईं उसने देखीं और उनतीनों की बड़ीवहिन मंगलाचार करतीहुई चौथी चन्द्रप्रभाको वहुतकाल तक दर्शन न होनेसे उत्कण्ठित दृष्टिकेद्वारा उसके रूपको मानों पानकरतीहुई सी को देखा अपने २ काय्यों में लगीहुई सेवकोंकी स्त्रियां शक्तिदेवको भीतरगया हुआ देखकर वहुत प्रसन्नहुई और चन्द्रप्रभाने उस्से कहा कि हे सुभग जो तुमने वर्द्धमानपुरमें कनकरेखानाम कन्यादेखीथी वह यहीमेरी वहिन चन्द्रेखानाम है, उत्स्थल द्वीपमें जो निषादोंके स्वामी की विन्दुमती कन्या तुम्हारी स्त्री हुईथी वही यह मेरी वहिन शशिरेखा है और जो दैत्य से हरीगई विन्दुरेखानाम राजकन्या तुम्हारी दूसरी स्त्री हुई थी वही मेरी छोटी वहिन यह शशिप्रभाहै इस्से अवतुम हमारे साथ हमारे पिताके पास चलो वह हम सव को तुम्हें देदेंगे तव तुम हमारे साथ विवाह करलेना चन्द्रप्रभा के कामकी आज्ञा से प्रगल्भ यह वचन शीघ्रही कहनेपर उनचारों को साथलेकर शक्तिदेव वन में उनके पिता के पासगया २७६ वहाँ जाकर इनचारोंने प्रणामकरके अपने पितासे सव वृत्तान्तकहा उनके वचनों को सुनकर और उन्हीं के अनुकूल आकाशवाणी को भी सुनकर उसने प्रसन्नता पूर्वक अपनी चारोंकन्या शक्तिदेव को देदीं और उनके दहेज में अपना कनकपुरीका सवराज्य तथा अपनी संपूर्ण विद्या भी अर्पण करदीं और अपने विद्याधरों में उसका योग्य शक्तिवेग नाम धरदिया और उसने शक्तिदेवसे कहा कि तुम्हें वड़े प्रभावसे कोई जीत न सकेगा परन्तु वत्सदेशके स्वामी राजा उदयन् का पुत्र नरवाहनदत्तनाम तुम्हारा चक्रवर्तीहोगा उस्से तुम सदैव नम्रताकरना इसप्रकार कहकर वड़े प्रभाववाले उस विद्याधरों के स्वामीशशिखण्डने जामाता को अपनी कन्याओं समेत आदरपूर्वक तपोवन से राजधानी में जाने के लिये विदाकिया इसके उपरान्त शक्तिवेग विद्याधरोंके लोककी वैजयंती पताकाके समान कनकपुरीमें राजा होकर अपनी स्त्रियों समेत गया सुवर्ण की रचना से जिसके मंदिर देदीप्यमान होरहे हैं और इसी से वहुत उन्नतहोने के कारण मानों सूर्य्यकी प्रभा सिमटकर इकट्ठी होगई है ऐसीसुन्दर उसपुरी में अपनी चारों स्त्रियों समेत शक्तिवेग रत्नजटित सिड्ढीवाली वावड़ियों से मनोहर वगीचों में अत्यन्त आनन्द को भोगकरनेलगा इसप्रकार अपनेही विचित्र चरित्र को कहकर शक्तिवेग राजाउदयन् से फिर वोला कि हे चन्द्रकुलभूषण वह शक्तिवेग मेंहीं हूं और इस समय उत्पन्न हुए भावी नवीन अपने चक्रवर्ती तुम्हारेपुत्रके चरणों के दर्शनकी अभिलाषा से आयाहूं हे राजा इसप्रकार मैंने मनुष्यहोकरभी श्री शिवजीकी कृपासे विद्याधरोंका राज्यपाया मैंने अपने स्वामीको देख लिया अवमें अपने घरको जाताहूं

आपका सदैव कल्याणहोय इसप्रकार हाथ जोड़कर उसके कहनेपर और आज्ञालेकर चन्द्रमाके समान उसके उसीसमय आकाश में चलेजानेपर दोनों रानी तथा सम्पूर्ण मंत्रियोंसमेत राजाउदयन् अपने बालक पुत्रको देखकर अपूर्व आनन्द को प्राप्तहुआ २८६ ॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांचतुर्द्वारिकालम्बकेतृतीयस्तरंगः ३ ॥
चतुर्द्वारिकानामपंचमलम्बकसमाप्तहुआ ॥

---

## मदनमंचुकानामषष्ठोलम्बकः ॥

तर्जयन्निवविघ्नौघान्नमितोन्नमितेनयः ॥
मुहुर्विभातिशिरसासपायाद्वोगजाननः १
नमःकामाययद्वाणपातैरिवानिरन्तरम् ॥
भातिकण्टकितंशंभोरप्युमालिङ्गितंवपुः २

इत्यादि अनेक दिव्यचरितोंकोकरके अपनेको अन्यकेसमान दर्शितकराके और सम्पूर्ण विद्याधरोंके ऐश्वर्य्यको पाके नरवाहनदत्तने किसीप्रसंगमें पत्नियोंसमेत महर्षियों के पूंछनेपर अपने मुखसे जो चरित्र आदिसे वर्णनकियाहै उसको अब सुनो ४इसकेउपरान्त महाराज उदयन्से पालनकियागया नरवाहनदत्त पूरेआठवर्षकाहुआ उससमय वहसम्पूर्णविद्याओंको सीखताहुआ मन्त्रिपुत्रोंकेसाथ उपवनोंमेंक्रीड़ाकरता था रानी वासवदत्ता औरपद्मावती यहदोनों अत्यन्तस्नेहसे रात्रिदिन नरवाहनदत्तकेही प्रेममें एकाग्ररहती थीं सद्वंशमें उत्पन्न और गुण(प्रत्यंचातथा शीलादिगुण)के आरोहणसे नम्र और धीरे२ पूर्णहोतेहुए धनुष तथा शरीरसे नरवाहनदत्त अत्यन्त शोभितहोताथा और उसकापिता राजा उदयन् फल सम्प्राप्तिके निकट होनेसे मनोहर उसके विवाहादि मनोरथों से अपनेसमयकोव्यतीतकरताथा इसी कथाकेबीचमें औरजो विचित्र कथाहुई है उसका वर्णनकरते हैं वितस्तानामनदी के तटपर तक्षशिलानाम एकपुरीथी नदी के जलमें उसपुरीका प्रतिबिम्ब ऐसा शोभितहोताथा कि मानों पातालपुरी नीचे से उसकी शोभादेखनेको आई है उसपुरी में कलिङ्गदत्तनाम बौद्धमतावलम्बी राजाथा और ताराके वरदानसे उसकी सम्पूर्ण प्रजा जिन देवकीपरमभक्तथी वहपुरी बड़ेसुन्दर रत्नजटित श्रेष्ठमंदिरों से ऐसी शोभितहोतीथी कि मानों उत्पन्न हुए मदके शृंगों से मेरे समान कोई दूसरी पुरीनहीं है यह कहतीथी राजा कलिंगदत्त पिताके समान प्रजाओंका केवल पालनही नहींकरताथा किन्तु गुरूकेसमान आपही ज्ञानकाभी उपदेशकरताथा १४ उसी नगरी में बौद्धमतावलंबी वितस्तादत्तनाम एकधनवान् वैश्य रहताथा वह सदैव भिक्षुकोंका पूजन किया करताथा उसवणियेका रत्नदत्तनाम तरुणपुत्र सदैव उसकी निन्दाकिया करताथा और उसेपापी कहाकरता था किसीसमय अपने पुत्रसे उसने कहा कि हे पुत्र तू मेरी निन्दा क्यों कियाकरता है तो

वह ईर्षासे बोला कि हेतात तुम वेदोंके मार्गको छोड़कर यह बड़ा अधर्म करतेहो जो ब्राह्मणों को छोड़कर सदैव श्रावकोंका पूजनकरते हो स्नानादिक नियमोंसेरहित अपनेसमयपर भोजनके लोभी शिखा समेत सम्पूर्ण केशों के मुड़ाने वाले और केवललँगोटी बांधनेवाले सम्पूर्ण अधम जातिके लोग विहार और स्थान के लोभसे जिस बौद्धधर्म का अवलम्बन करते हैं उससे तुम्हें क्या प्रयोजनहै यह सुनकर वह वणिया बोला कि हेपुत्र धर्मएकही प्रकारका नहीं है अलौकिकधर्म अन्यहै और संपूर्ण लोकों का धर्म अन्यहै देखोब्राह्मणत्व भी राग आदिके त्यागकरने को सत्यको और संपूर्ण प्राणियोंपर दयाकरने कोही कहते हैं व्यर्थजाति के झगड़े को ब्राह्मणत्व नहींकहते और संपूर्ण प्राणियों को अभय देने वाले इसधर्म्मकी निन्दा प्रायः पुरुषों के दोष से तुमको नहीं करनी चाहिये उपकार करना परमधर्म है इसविषयमें किसी शास्त्रकाभी विवाद नहींहै और मेरे मतसे प्राणियोंकी रक्षाकरनेसे बढ़कर कोई उपकार नहींहै इससे अहिंसा प्रधान और मोक्षदायक इस बौद्धमतमें जो मेरा बड़ा अनुरागहै तोमेरा अधर्मही क्याहै अपने पिताके यहवचन सुनकरभी रत्नदत्तने वह बातें स्वीकारतो नहींकीं परन्तु उसमत की और भी अधिक निन्दाकी २६ तब उसके पिताने धर्मशिक्षक राजाकलिंगदत्तके पास जाकर खेद पूर्व्वक अपना संपूर्ण वृत्तान्त वर्णनकिया उसके वचन सुनकर राजाने युक्तिपूर्व्वक वणियेके पुत्र को सभामें बुलवाकर मिथ्या कोप दिखाकर द्वारपालसे कहाकि मैंने सुनाहै कि यह महापापी और कुकर्मी है इससे देशके दूषित करनेवाले इसदुष्टको विना विचारे मारडालो राजा के ऐसा कहनेपर वितस्तादत्त ने जब विज्ञापना की तब राजाने धर्माचरणकी परीक्षा करनेकेलिये दोमहीनेतक उसकावध रोकरक्खा और दोमहीनेकेपीछे फिर आनेकी आज्ञादेके उसीकेपिता को उसे सौंपदिया राजासे आज्ञालेकर रत्नदत्त अपने पिताके साथ घरकोआया और भयसे व्याकुल होकर यह विचारने लगाकि मैंने राजाका क्या अपराधकियाहै दोमहीने के उपरान्त विना कारणकेही मेरीमृत्यु होगी यह शोचकर उसे रात्रि दिन निद्रानहीं आतीथी और भोजनके न्यूनहोजानेसे उसकीचेष्टा अत्यन्त म्लानहोगईथी जब इसी प्रकार दोमहीने व्यतीतहुए तब वितस्तादत्त कृश तथा पांडुवर्णवाले अपने पुत्रको फिर राजाके निकट लेगया राजाने उसे दुर्बल तथा दुखी देखकर कहा कि तुम ऐसे दुर्बल कृशशरीर क्यों होगयेहो क्यामैंने तुम्हारा भोजन रोंकदियाथा यह सुनकर रत्नदत्त बोला कि हे महाराज मैं तो अपने आपहीको भूलगयाथा भोजनकी क्या कथा है हे स्वामी जिस दिनसे आपने वधकी आज्ञादीथी उसी दिनसे अवमृत्यु आती है अवमृत्यु आतीहै यही रोज शोचाकरताहूं उसके यहवचन सुनकर राजा बोला कि हे पुत्र मैंने युक्ति पूर्व्वक तुम्हें मृत्युके भयकाज्ञान करवायाहै सब प्राणियोंको भी इसीप्रकार मृत्युका भयहोताहै तो बताओ कि मृत्युकी रक्षाके उपकार से अधिक और कौनसा धर्महै इससे मैंने तुम्हें धर्मके लिये और मोक्षकी इच्छाके निमित्त यहभय दिखायाथा क्योंकि मृत्युसे डराहुआ मनुष्य मोक्षके लिये यत्नकरताहै इससे ऐसेधर्मके अवलंबन करनेवाले अपने पिताकी तुमनिन्दा मतकियाकरो राजाके यहवचन सुनकर रत्नदत्त बहुतनम्रहोकर बोला कि हे महाराज आपने धर्मकाउपदेशदेकर मुझे कृतार्थ करदिया अब मेरी

मोक्षके लिये इच्छा उत्पन्न हुई है आप कृपाकरके उसका भी उपदेश कीजिये यहसुनकर राजाने किसी उत्सवके दिन रत्नदत्तके हाथमें एकतेलसे भरापात्र धरकरके कहा कि इसपात्रको लेकर तुम सम्पूर्ण पुरीमें घूमआओ परन्तु इसमेंसे एक विन्दुभी तेल न गिरनेपावे जो एकविन्दुभी तेलका इसमें से गिरेगा तो यहपुरुष तुमको शीघ्रही मारडालेंगे इसप्रकार कहकर और खड्गधारी पुरुषोंको उसके साथमें करके पुरीमें घूमनेके लिये उसेभेजा ४६ वहभी भयसे तेलके गिरनेको बचाताहुआ सम्पूर्णपुरी में घूमकर बड़ेक्लेशसे राजाकेपास आया राजाने तेल नहीं गिराहुआ देखकर उससेकहा कि आज तुमने पुरीमें घूमतेहुए किसी को देखाहै यहसुनकर वहहाथजोड़कर बोला कि मैंने न किसीको देखाहै न कुछ सुनाहै मैं खड्ग के भयसे बहुत सावधानता पूर्व्वक तेलके गिरनेको बचाताहुआ पुरीमें घूमा उसकेइसप्रकार कहनेपर राजाबोला कि तुमने इसतेलकी रक्षामें केवल चित्तलगाकर कुछभी नहीं देखा इससे इसीप्रकारकी एकाग्रतासे परमात्मा का ध्यानकरो क्योंकि बाहरकी वृत्तियोंसे निवृत्तहुआ पुरुष एकाग्र होकर तत्त्वको देखताहै और तत्त्वको देखकर फिर कर्मजालमें नहीं बँधताहै यह मोक्षका उपदेश मैंने संक्षेपसे तुम्हारेआगे वर्णनकिया राजाके यह वचन सुनकर रत्नदत्त उसके पैरोंपर गिरपड़ा और फिर उससे आज्ञालेकर कृतार्थ होके बहुत प्रसन्नता पूर्व्वक अपने घरको चलाआया ५२ इसप्रकार प्रजाओंका पालन करतेहुए राजा कलिंगदत्त के तारादत्ता नाम योग्य महाकुलीन रानीथी सुन्दर रीति (मर्य्यादा और काव्योंके बनाने की प्रणाली) वाली अच्छे वृत्त (आचरण और छन्द) वालीउसरानीसे अनेक दृष्टान्तोंका रसिक राजा सरस्वतीसे सुकविके समान शोभितहुआ अमृतमय चन्द्रमासे प्रकाश गुणके द्वारा प्रशंसनीय चन्द्रिकाके समान राजाकलिंगदत्त से वहरानी अत्यन्त स्नेहके कारण अभिन्न मालूम पड़तीथी स्वर्ग में इन्द्राणीकेसाथ इन्द्रके समान उसनगरी में तारादत्तानाम रानीकेसाथरहतेहुए राजाकलिंगदत्तके दिनआनन्दपूर्व्वक व्यतीत होतेथे इसीबीचमें किसीकारण से स्वर्गमें इन्द्रकेयहांबड़ा उत्सव हुआ उसउत्सवमें नृत्यके निमित्तसम्पूर्ण वेश्याओंके आने परभी एक श्रेष्ठ सुरभिदत्तानाम वेश्या नहीं दिखाईदी तब इन्द्रनेध्यानधरके देखा कि वह किसी विद्याधरके साथ नन्दनवनमें एकान्तमेंस्थितहै यहदेखकर इन्द्रनेचित्तमें क्रोधपूर्व्वक शोचाकि यहदोनों कैसेदुराचारी और कैसेकामान्धहैं यहवेश्यातो हमलोगोंको भूलकर स्वतन्त्रकेसमान कार्य्यकरतीहै और यहविद्याधर देवभूमिमें भी आकर कैसीअनीतिकरताहै अथवा इसविचारे विद्याधरकाक्यादोषहै इसेयही वेश्या अपनेरूपसे मोहितकरके यहांलेआई है उन्नतस्तनोंसेपूर्ण हृदयवाली लावण्यरूपी जलकीनदीरूपी स्त्रीसे आकर्षणकियेहुए अपनेचित्तको कौनरोकसक्ताहै पूर्व्वसमयमें सम्पूर्ण उत्तमपदार्थोंमेंसे तिल२भर लेकर ब्रह्मासे बनाईगई तिलोत्तमानाम अप्सराको देखकर क्याशिवजीके चित्तमें क्षोभनहींहुआ क्या मेनका को देखकर विश्वामित्रकाचित्त चलायमान नहींहुआ क्या शर्मिष्ठाकेरूपके लोभसे ययातिवृद्धावस्थाको नहीप्राप्तहुए इससे तीनोंलोकोंके क्षोभकरने में समर्थरूपकेद्वारा अप्सरासे मोहितकियेगये इसविद्याधर का कोई अपराधनहीं है किन्तु यहांस्वर्गकी पापिनी अप्सरानेनिकासंगकरनेसे अपराधिनी है क्योंकि यह देवताओं को छोड़कर इसविद्याधरको नन्दनवनमेंलेआई इसप्रकार शोचकर इन्द्रने उसविद्याधरको

छोड़कर उर्स अप्सराको शापदिया कि हे पापिनि तू मनुष्ययोनिमें उत्पन्नहोगी वहांअयोनिज पुत्रीको पाकर और दिव्य कार्य्यकरके फिर स्वर्गकोआवेगी ७१ इसीबीचमें तक्षशिलापुरीमें राजाकलिंगदत्तकी स्त्री ऋतुधर्मको प्राप्तहुई उससमय रानीकेउदरमें इन्द्रके शापसे भ्रष्टहुई सुरभिदत्तानाम अप्सराप्राप्तहुई उसकेगर्भमें आनेसे रानीकास्वरूप अत्यन्तही शोभितहोगया और रानीने स्वप्नमें आकाशसे गिरीहुई एक ज्वाला अपनेउदरमें प्रवेशकरतीहुई देखीप्रातःकाल रानीने आश्चर्य्यपूर्व्वक यहस्वप्न राजासे कहा स्वप्नको सुनकर राजाभी प्रसन्नहोकर बोला कि हे सुन्दरि शापसे भ्रष्टहुए दिव्यजीवभी मनुष्ययोनिमें आतेहैं इससे मैं जानताहूं कि कोई दिव्यजीव तुम्हारेगर्भ में आया है ठीककहा है (विचित्रसदसत्कर्म निबद्धास्संचरंतिहि जंतवस्त्रिजगत्यस्मिन्शुभाशुभफलाप्तये।) नानाप्रकारके उत्तमतथा निकृष्ट विलक्षण कर्मोंसेबँधेहुए प्राणी तीनोंलोकोंमें शुभाशुभकर्मोंके भोगनेकेलिये भ्रमण कियाकरते हैं राजाकेयहवचन सुनकर प्रसंगसे रानीबोली कि ठीकहै शुभाशुभभोगोंका देनेवाला कर्महीबलवान् है इसीविषयमें पूर्व्व सुनीहुई मैं कथा कहती हूं आप सुनिये कोशलदेश में धर्मदत्तनाम एकराजाथा उसराजाकी नागश्री नाम रानीथी सतियोंमें अग्रगण्य वह रानी ऐसी पतिव्रताथी कि सम्पूर्ण लोग उसेपृथ्वी में अरुन्धती कहतेथे कुछ समय व्यतीतहोनेपर राजाधर्मदत्तके नागश्रीनाम रानी में मेराजन्महुआ जब मैं अत्यंतही बालकथी उससमय मेरीमाताने अकस्मात अपनेपूर्व्वजन्मका स्मरणकरके मेरे पितासेकहा कि हेराजा आज अकस्मात मुझे अपनेपूर्व्वजन्मका स्मरणआयाहै जो उसेनहीं कहतीहूं तो चित्तनहीं मानताहै और कहदूंगी तो मेरीमृत्युहोजायगी क्योंकि अकस्मात स्मरणमेंआयेहुए पूर्वजन्मके वृत्तान्तको कहने से मृत्युहोती है ऐसाप्राचीन लोगकहतेहैं इससे मेरे चित्तमेंबड़ा खेदहोरहाहै ८५ मेरी माताके यहवचन सुनकर मेरापिता बोला कि हेप्रिये मुझेभी अकस्मात अपनेपूर्व्वजन्मका स्मरणआया है इससे तुमअपना वृत्तान्तमुझसेकहो और मैंभी अपनावृत्तान्त तुमसेकहूंगा जो होनाहोय सोहोय क्योंकि भवितव्यताको कोईभी नहींमेटसक्ता है अपनेपतिसे इसप्रकार प्रेरणाकीगई रानी बोली कि हे राजा जो आपको आग्रहहै तो सुनिये मैं कहतीहूं इसीदेशमें मैं पूर्व्वजन्ममें माधवनाम किसीब्राह्मणके यहांदासीथी मेरा आचरण बहुतअच्छाथा और मेरेपतिकानाम देवदासथा वहभीदासभी किसी वणिये के यहांसेवक था हमदोनों स्त्री पुरुष अपनेयोग्य घरबनाकर अपने २ मालिकोंके यहांसे लायेहुए पक्वान्नको खाकर रहते थे हमारेयहां वारिधानी (पलहड़ी) घड़ा बुहारी मचिया मैं और मेरापति इनदोकेसिवाय और कोई वस्तुनथी हमारेयहांकभी कलहनहींहोतीथी इससेबड़े सन्तोष पूर्व्वक हमारासमय व्यतीतहोताथा देवता पितर तथा अतिथियों को देकर जो शेष अन्नरहताथा वही अन्न हमदोनोंखाते थे हमदोनों के ओढ़ने से जो कुछ अधिक वस्त्रहोताथा वहभी किसीगरीब भिक्षुकको देदेते थे इसप्रकार सुखपूर्वक रहते २ इस देशमें बड़ा दुर्भिक्षपड़ा इससे हमदोनों को सेवाकरने से जो अन्न मिलता था वहथोड़ाहीसा मिलने लगा तब क्षुधासे हमदोनों का शरीरक्षीणहोगया और बड़ा क्लेश होनेलगा उन्हीं दिनों में एकसमय भोजनके अवसरमें एकथकाहुआ अतिथि ब्राह्मण आया यद्यपि उससमय प्राणोंकेभी रहने में सन्देह

मोक्षके लिये इच्छा उत्पन्न हुई है आप कृपाकरके उसका भी उपदेश कीजिये यह सुनकर राजाने किसी उत्सवके दिन रत्नदत्तके हाथमें एक तेलसे भरापात्र धरकर कहा कि इसपात्रको लेकर तुम सम्पूर्ण पुरीमें घूमआओ परन्तु इसमेंसे एक बिन्दुभी तेल न गिरनेपावे जो एकबिन्दुभी तेलका इसमें से गिरेगा तो यहपुरुष तुमको शीघ्रही मारडालेंगे इसप्रकार कहकर और खड्गधारी पुरुषोंको उसके साथमें करके पुरीमें घूमनेके लिये उसेभेजा ५६ वहभी भयसे तेलके गिरनेको बचाताहुआ सम्पूर्णपुरी में घूमकर बड़ेक्लेशसे राजाकेपास आया राजाने तेल नहीं गिराहुआ देखकर उससेकहा कि आज तुमने पुरीमें घूमतेहुए किसी को देखाहै यहसुनकर वहहाथजोड़कर बोला कि मैंने न किसीको देखाहै न कुछ सुनाहै मैं खड्ग के भयसे बहुत सावधानता पूर्वक तेलके गिरनेको बचाताहुआ पुरीमें घूमा उसके इसप्रकार कहनेपर राजाबोला कि तुमने इसतेलकी रक्षामें केवल चित्तलगाकर कुछभी नहीं देखा इस्से इसीप्रकारकी एकाग्रतासे परमात्मा का ध्यानकरो क्योंकि बाहरकी वृत्तियोंसे निवृत्तहुआ पुरुष एकाग्र होकर तत्त्वको देखताहै और तत्त्वको देखकर फिर कर्मजालमें नहीं बँधताहै यह मोक्षका उपदेश मैंने संक्षेपसे तुम्हारेआगे वर्णनकिया राजाके यह वचन सुनकर रत्नदत्त उसके पैरोंपर गिरपड़ा और फिर उस्से आज्ञालेकर कृतार्थ होके बहुत प्रसन्नता पूर्वक अपने घरको चलाआया ५४ इसप्रकार प्रजाओंका पालन करतेहुए राजा कलिंगदत्त के तारादत्ता नाम योग्य महाकुलीन रानीथी सुन्दर रीति (मर्यादा और काव्योंके बनाने की प्रणाली) वाली अच्छे वृत्त (आचरण और छन्द) वाली उसरानीसे अनेक दृष्टान्तोंका रसिक राजा सरस्वतीसे सुकविके समान शोभितहुआ अमृतमय चन्द्रमासे प्रकाश गुणके द्वारा प्रशंसनीय चन्द्रिकाके समान राजाकलिंगदत्त से वहरानी अत्यन्त स्नेहके कारण अभिन्न मालूम पड़तीथी स्वर्ग में इन्द्राणीकेसाथ इन्द्रके समान उसनगरी में तारादत्तानाम रानीकेसाथ रहतेहुए राजाकलिंगदत्तके दिन आनन्दपूर्व्वक व्यतीत होतेथे इसीबीचमें किसीकारण से स्वर्गमें इन्द्रकेयहांबड़ा उत्सवहुआ उसउत्सवमें नृत्यके निमित्तसम्पूर्ण वेश्याओंके आने परभी एक श्रेष्ठ सुरभिदत्तानाम वेश्या नहीं दिखाईदी तब इन्द्रनेध्यानधरके देखा कि वह किसी विद्याधरके साथ नन्दनवनमें एकान्तमेंस्थितहै यहदेखकर इन्द्रनेचित्तमें क्रोधपूर्व्वक सोचा कि यहदोनों कैसेदुराचारी और कैसेकामान्धहैं यहवेश्यातो हमलोगोंको भूलकर स्वतंत्रकेसमान कार्य्यकरतीहै और यहविद्याधर देवभूमिमें भी आकर कैसीअनीतिकरताहै अथवा इसविचारे विद्याधरकाक्यादोषहै इसेयही वेश्या अपनेरूपसे मोहितकरके यहांलेआई है उन्नतस्तनोंसेपूर्ण हृदयवाली लावण्यरूपी जलकीनदीरूपी स्त्रीसे आकर्षणकियेहुए अपनेचित्तको कौनरोकसक्ताहै पूर्व्वसमयमें सम्पूर्ण उत्तमपदार्थोंमेंसे तिल २ भर लेकर ब्रह्मासे बनाईगई तिलोत्तमानाम अप्सराको देखकर क्याशिवजीके चित्तमें क्षोभनहींहुआ क्या मेनका को देखकर विश्वामित्रकाचित्त चलायमान नहींहुआ क्या शर्मिष्ठाकेरूपके लोभसे ययातिनेवृद्धावस्थाको नहींपायाहुए इस्से तीनोंलोकोंके क्षोभकरने में समर्थरूपकेद्वारा अप्सरासे मोहितकियेगये इसविद्याधर का कोई अपराधनहीं है किन्तु यहस्वर्गकी पापिनी अप्सरानीचकासंगकरनेसे अपराधिनी है क्योंकि यह देवताओं को छोड़कर इसविद्याधरको नन्दनवनमेंलेआई इसप्रकार सोचकर इन्द्रने उसविद्याधरको

छोड़कर उस अप्सराको शापदिया कि हेपापिनि तू मनुष्ययोनिमें उत्पन्नहोगी वहांअयोनिज पुत्रीको पाकर और दिव्य कार्यकरके फिर स्वर्गकोआवेगी ७१ इसीबीचमें तक्षशिलापुरीमें राजाकलिंगदत्तकी स्त्री ऋतुधर्मको प्राप्तहुई उससमय रानीकेउदरमें इन्द्रके शापसे भ्रष्टहुई सुरभिदत्तानाम अप्सराप्राप्तहुई उसकेगर्भमें आनेसे रानीकास्वरूप अत्यन्तही शोभितहोगया और रानीने स्वप्नमें आकाशसे गिरीहुई एक ज्वाला अपनेउदरमें प्रवेशकरतीहुई देखीप्रातःकाल रानीने आश्चर्य्यपूर्व्वक यहस्वप्न राजासे कहा स्वप्नको सुनकर राजाभी प्रसन्नहोकर बोला कि हे सुन्दरि शापसे भ्रष्टहुए दिव्यजीवभी मनुष्ययोनिमें आतेहैं इससे मैं जानताहूं कि कोई दिव्यजीव तुम्हारेगर्भ में आया है ठीककहा है (विचित्रसदसत्कर्म निबद्धास्संचरंतिहि जंतवस्त्रिजगत्यस्मिन्शुभाशुभफलाप्तये) नानाप्रकारके उत्तमतथा निकृष्ट विलक्षण कर्मोंसेबँधेहुए प्राणी तीनोंलोकोंमें शुभाशुभकर्मोंके भोगनेकेलिये भ्रमणकियाकरते हैं राजाकेयहवचन सुनकर प्रसंगसे रानीबोली कि ठीकहै शुभाशुभभोगोंका देनेवाला कर्महीबलवान् है इसीविषयमें पूर्व्व सुनीहुई मैं कथा कहती हूं आप सुनिये कोशलदेशमें धर्मदत्तनाम एकराजाथा उसराजाकी नागश्री नाम रानीथी सतियोंमें अग्रगण्य वह रानी ऐसी पतिव्रताथी कि सम्पूर्ण लोग उसेपृथ्वी में अरुन्धती कहतेथे कुछ समय व्यतीतहोनेपर राजाधर्मदत्तके नागश्रीनाम रानी में मेराजन्महुआ जब मैं अत्यंतही बालकथी उससमय मेरीमाताने अकस्मात् अपनेपूर्व्वजन्मका स्मरणकरके मेरे पितासेकहा कि हेराजा आज अकस्मात् मुझे अपनेपूर्व्वजन्मका स्मरणआयाहै जो उसेनहीं कहतीहूं तो चित्तनहीं मानताहै और कहदूंगी तो मेरीमृत्युहोजायगी क्योंकि अकस्मात् स्मरणमेंआयेहुए पूर्वजन्मके वृत्तान्तको कहने से मृत्युहोती है ऐसाप्राचीन लोगकहतेहैं इससे मेरे चित्तमेंबड़ा खेदहोरहाहै ८४ मेरी माताके यहवचन सुनकर मेरापिता बोला कि हेप्रिये मुझेभी अकस्मात् अपनेपूर्व्वजन्मका स्मरणआया है इससे तुमअपना वृत्तान्तमुझसेकहो और मैंभी अपनावृत्तान्त तुमसेकहूंगा जो होनाहोय सोहोय क्योंकि भवितव्यताको कोईभी नहींमेटसक्ता है अपनेपतिसे इसप्रकार प्रेरणाकीगई रानी बोली कि हे राजा जो आपको आग्रहहै तो सुनिये मैं कहतीहूं इसीदेशमें मैं पूर्व्वजन्ममें माधवनाम किसीब्राह्मणके यहांदासीथी मेरा आचरण बहुतअच्छाथा और मेरेपतिकानाम देवदासथा वहभी किसी वणिये के यहांसेवकथा हमदोनों स्त्री पुरुष अपनेयोग्य घरबनाकर अपने २ मालिकोंके यहांसे लायेहुए पक्वान्नको खाकर रहते थे हमारेयहां वारिधानी (पलहड़ी) घड़ा बुहारी मचिया मैं और मेरापति इनकेसिवाय और कोई वस्तुनथी हमारेयहांकभी कलहनहींहोतीथी इससेबड़े सन्तोष पूर्व्वक हमारासमय व्यतीतहोताथा देवता पितर तथा अतिथियों को देकर जो शेष अन्नरहताथा वही अन्न हमदोनोंखाते थे हमदोनों के ओढ़ने से जो कुछ अधिक वस्त्रहोताथा वहभी किसीगरीब भिक्षुकको देदेते थे इसप्रकार सुखपूर्व्वक रहते २ इस देशमें बड़ा दुर्भिक्षपड़ा इससे हमदोनों को सेवाकरने में जो अन्न मिलता था वहथोड़ाहीसा मिलने लगा तब क्षुधासे हमदोनों का शरीरक्षीणहोगया और बड़ा क्लेश होनेलगा उन्हीं दिनों में एकसमय भोजनके अवसरमें एकथकाहुआ अतिथि ब्राह्मण आया यद्यपि उससमय प्राणोंकेभी रहने में सन्देह

था तथापि हम दोनों ने अपनासम्पूर्ण अन्न उस अतिथि को देदिया भोजन करके उसके चले जा-
ने पर इसने अतिथि का आदरकिया हमारा नहींकिया मानों इसक्रोध से मेरेपति के प्राण निकलगये
तबमें अच्छे प्रकारसे चितालगाकर अपने पतिकेही साथ जलगई और मेरा संपूर्ण दुःखदूरहोगया इसी
से मैं राजाके यहाँ उत्पन्नहोकर तुम्हारी रानीहुई ठीक है (अचिन्त्यंहिफलंसूते सद्यःसुकृतपादपः) पु-
ण्यरूपीवृक्ष शीघ्रही अचिन्त्य फलको उत्पन्न करता है ६६ मेरीमाता के यह वचन सुनकर मेरा पिता
बोला कि हेप्रिये वहीमें तुम्हारा पूर्व्वजन्मका पतिहूं वणियेकासेवक देवदास मैंहीथा मुझेभी अभीअपने
इसी पूर्व्वजन्मका स्मरणआयाहे यहकहकर और अपनी पहिचान बताकर मेरापिता मेरीमाता समेत
कुछप्रसन्न और कुछ दुखीहोकर शीघ्रही स्वर्गको चलागया इसप्रकार जब मेरे माता पिता परलोकगा-
मीहुए तब मेरी मौसी मेरे पालन करनेको मुझेअपने घरलेगई जबमें कन्याही थी उससमय मेरी मौसी
के घरपर एक अतिथिआया मेरीमौसीने उसकी सेवाकरनेको मुझे आज्ञादी जैसे कुन्तीने दुर्वासाजीका
सेवनकियाथा उसीप्रकार मैंनेभी उस अतिथिका सेवनकिया और उसीके बरदानसे मुझेआप धर्मात्मा
पतिमिलेहो इसीप्रकारसे धर्मकेद्वारा अनेक प्रकारके सुख प्राप्तहोते हैं देखोधर्महीके प्रतापसे हमारे माता
पिताको राज्यमिला और उन्हें अपने पूर्व्वजन्मका स्मरण आया रानीतारादत्तके मुखारविन्दसे यह
वचन सुनकर अत्यन्त धर्मात्मा राजा कलिंगदत्त बोला कि ठीकहे अच्छे प्रकार से साधन कियागया
थोड़ा धर्म्मभी बहुतफल दायकहोताहे इसीविषयमें तुमको मैं प्राचीन सात ब्राह्मणोंकी कथा सुनाताहूं
कुंडिनपुरमें किसी ब्राह्मण उपाध्यायके ब्राह्मणों के सातपुत्र शिष्यथे एक समय दुर्भिक्षके दोषसे उपा-
ध्यायने अपने सातोंशिष्योंको अपने श्वशुरके यहाँ गौ मांगनेकोभेजा दुर्भिक्षसे दुर्बल वह सातोंशिष्य
अन्यदेशमें रहनेवाले उपाध्यायके श्वशुरके यहाँ गये और जाकर बोले कि उपाध्यायने एक गौ मांगी है
उस कृपणने अपने जामाताके जीविकाके निमित्त एक गौ तो देदी परन्तु उन भूखे ब्राह्मणों को भो-
जन नहीं दिया तब उस गौ को लेकर जब आधीदूर वह सातों पहुंचेतो क्षुधासे अत्यन्त व्याकुल हो-
कर मुरझाके पृथ्वी में गिरपड़े उससमय में उन सबोंने मिलकर यह विचारकिया कि उपाध्याय का घर
यहाँसे बहुत दूरहे और हम लोगोंको बड़ाभारी क्लेशहोरहाहे यहाँ अन्न मिलनाभी सर्वथा दुर्लभहै इस्से
हम लोगोंके अब प्राणही जातेहैं और हम लोगोंके विना यह गौभी जल तृण तथा मनुष्य रहित इस
वनमें अवश्य नष्ट होजायगी तब गुरूका कुछभी प्रयोजन सिद्ध न होगा इस्से इसगौके मांसको खाके
अपने प्राणबचावें और जो मांसबचे वह गुरुको जाकरदेवें क्योंकि यह आपत्तिका समयहे इस प्रकार
सलाहकरके उन सातों ने शास्त्रोक्त विधि से गौ को मारकर उसके मांस से देव पितरों का पूजनकरके
आप भोजनकिया और जो मांसबचा वहलेकर अपने उपाध्यायकेपासचले उपाध्यायके पास आकेप्र-
णामपूर्व्वक उनसबने अपनासम्पूर्ण वृत्तान्तकहदिया उपाध्यायभी उन अपराधी शिष्योंपर सत्यबोल
ने के कारण अत्यन्त प्रसन्नहुआ सातदिनके उपरान्त दुर्भिक्षके दोषसे वहसातोंमृत्युकोप्राप्तहोगये और
सत्यके प्रभावसे दूसरेजन्ममें भी जातिस्मरहुए १२० इसप्रकार किसानोंके समानपुरुषों का

रूपी जलसे सींचागया स्वल्पभी पुण्यरूपी बीज फलदायकहोताहै और जो वही पुण्यरूपी बीज दुष्ट संकल्परूपी जलसे दूषितहुआ तो अनिष्टफलको देताहै इसबातपर भी मैं तुमसे एक दृष्टान्त कहताहूं उसे सुनो कि पूर्व्व समयमें गंगाजी के तटपर एक ब्राह्मण और एक चांडाल दोनों अनशन व्रत करके बैठे उनमें से क्षुधासे व्याकुल ब्राह्मणने वहां आकर मछलियां खातेहुए निषादोंको देखकर चित्तमें शोचा कि संसारमें यह निषादही धन्यहैं क्योंकि यह अपनी इच्छाके अनुसार नित्य मछलियोंका मांसखातेहैं और उस चाण्डालने उन निषादोंको देखकर यह शोचा कि जीवों के मारनेवाले मांसाशी इन निषादों को धिक्कारहै यहां इनका मुखभी मुझे नहीं देखनाचाहिये इसप्रकार शोचकर उसने अपने नेत्रबन्दकर लिये और अपने आत्माका ध्यानकरनेलगा क्रमसे थोड़ेहीदिनों में अनशनसे वह दोनों ब्राह्मण और चाण्डाल मृत्युको प्राप्तहुए तब ब्राह्मण के शरीर को तो कुत्तों ने खाडाला और चाण्डालका शरीर गंगा जी में गलगया इसके उपरान्त वह ब्राह्मण तो निषादों के यहां उत्पन्नहुआ परन्तु तीर्थ के प्रभावसे पूर्व्व जन्मका स्मरणबनारहा और वह धीरचाण्डाल गंगाजी के तटपर राजाके यहां उत्पन्नहुआ और उसे भी अपने पूर्व्व जन्मका स्मरणबनारहा इसप्रकार उत्पन्नहोकर अपने २ पूर्व्वजन्मका स्मरणकरतेहुए उन दोनों में से ब्राह्मण तो निषादहोकर पश्चात्तापको प्राप्तहुआ और चाण्डाल राजाहोकर अत्यन्त प्रसन्न हुआ इससे धर्मरूपी वृक्षकामूल मन जिसका जैसा शुद्धहोताहै उसको वैसाही फल निस्संदेह मिलता है और अशुद्धको अशुद्धफल मिलताहै १३२ रानी तारादत्तासे इसप्रकार कहकर राजा कलिंगदत्त प्रसंगपाकर फिर बोला कि हे रानी जो कर्म्म जैसा अधिक सत्त्वयुक्तहोताहै उसमें वैसाही अधिक फल होताहै क्योंकि संपत्तियां सत्त्वके आधीनहैं इस विषयमें मैं तुमको एक विचित्र कथा सुनाताहूं अवन्ती नाम देशमें उज्जयिनीनाम पुरीहै श्वेतमहलों से वह पुरी ऐसी शोभितहोती है कि मानों महाकालनाम शिवकी सेवाके निमित्त कैलास के शिखरही आये हैं प्रवेशकरती हुई अनेकवाहिनि (सेना) ओं से युक्त और सपक्षी भूधरों (राजाओं) से व्याप्त उसपुरीकी भँवरदार जलसे भरीहुई परिखा समुद्रके समान गंभीरथी ऐसी सुन्दर उस पुरी में विक्रमसिंह नाम राजा था उसका यह नाम सार्थकथा क्योंकि वैरीरूपी मृग उसके सम्मुख कभी नहीं आये शत्रुओं के न होने से कभी युद्धकरनेका अवसर उसे नहीं मिला इससे अपने अस्त्र शस्त्र और भुजबलको अनादरकरताहुआ वह राजा अन्तःकरणमें खिन्नरहताथा अमरगुप्तनाम मन्त्री ने राजा के अभिप्राय को जानकर प्रसंगपाकर कहा कि हे महाराज भुजबल और शस्त्र बलके अभिमान से शत्रुओं की अभिलाषा करतेहुए राजालोगों को दोषहोना दुर्लभनहीं है देखियेपूर्व्व समयमें बाणासुरने सहस्र भुजाओं के अभिमानसे श्रीशिवजीका पूजनकरके अपने योग्य शत्रुचाहा जब उसने अपनी इच्छा के अनुसार वरदानपाया तब उसके वैरी भगवान् श्रीकृष्णने युद्धमें उसकी सम्पूर्ण भुजाकाटडालीं इससे आपकोभी युद्धके विना असन्तोष नहीं करनाचाहिये और अनिष्टकारी शत्रुओं की इच्छा कभी नहीं करनीचाहिये जो शस्त्रशिक्षा और अपने पराक्रमके दिखाने की इच्छाहोय तो वनकी योग्य पृथ्वीमें शिकारखेलकर उसे दिखाइये राजालोगों को व्यायामादिके निमि-

न शिकारखेलना उचित है क्योंकि कदापि श्रम नहीं करनेवाले राजा युद्ध में प्रशंसा नहींपाते हैं और वनके दुष्टजीव चाहते हैं कि पृथ्वी शून्य होजाय इससे राजालोगों को उनका वधकरना चाहिये इस निमित्त भी शिकार खेलना उचितहै परन्तु इसकाभी अधिक सेवन नहीं करनाचाहिये क्योंकि इसीके व्यसन से पूर्व्वसमय में पाण्डवादिक राजा नाशको प्राप्तहुए हैं अमरगुप्तनाम अपने बुद्धिमान् मन्त्री के यहवचन सुनकर राजा विक्रमसिंह ने उसकी शिक्षा स्वीकार करली १४६ दूसरे दिन राजा सम्पूर्ण परिकरलेकर शिकार खेलनेको चला उससमय सम्पूर्ण पृथ्वी घोड़े पदाति तथा कुत्तों से भरगई पशुओं की बांधनेवाली डोरियोंसे सम्पूर्ण दिशाव्याप्तहोगईं और प्रसन्न व्याधों के शब्दों से आकाश भरगया जब हाथीपर सवारहोकर राजाचला तब उसीसमय उसने पुरके बाहर किसी शून्य देवमन्दिर में परस्पर कुछ सलाह करतेहुए दो पुरुष एकान्तमें खड़ेहुए दूरसे देखे और उनको देखताहुआ राजा वनमें शिकार खेलने को चलागया वहां खड्गों से न डरनेवाले वृद्धव्याघ्रोंको देखकर सिंहोंके शब्दोंको सुनकर और पर्व्वत तथा पृथ्वीके विचित्र स्थानों को देखकर राजा अत्यन्त प्रसन्नहुआ हाथियों के मारनेवाले सिंहों को मारकर उनके नखोंसे गिरेहुए पराक्रमके बीजके समान गजमोती सम्पूर्ण पृथ्वीमें राजाने बखेरदिये तिरछे चलनेवाले पक्षी तथा मृग वक्रहोकर राजाके निकटहोकर भागे उनको विनावक्रहुएही मारकर वह अत्यन्तही प्रसन्नहुआ इसप्रकार शिकारखेलकर सेवकोंके थकजाने और धनुषों के शिथिल होजानेपर राजा अपनी उज्जयिनी नगरीको लौटा फिर लौटते समय भी राजाने जातेसमय जिन दो पुरुषों को शून्य देवमन्दिर में सलाह करते देखाथा उन्हें उसी प्रकारसे उतने समयतक खड़ेहुए देखा उनको देखकर राजाने शोचा कि यह कौन हैं और इतनी देरतक क्या विचारकररहे हैं निस्सन्देह यह दोनों किसी बड़ी गुप्तबातके विचार करनेवाले चार हैं यह शोचकर राजाने प्रतीहारको भेजकर उनदोनों को बुलवाया और दोनों को बँधवालिया दूसरेदिन सभा में उनदोनों को बुलाकर राजाने पूछा कि तुम कौनहो और बहुत कालतक तुम क्या विचार कररहे थे राजाके यहवचन सुनकर उनमें से एक पुरुष अभय मांगकर बोला कि हे महाराज सुनिये मैं सम्पूर्ण यथार्थ वृत्तान्त वर्णन करताहूं आपकी इसीपुरी में वेद विद्याका जाननेवाला करभकनाम एक ब्राह्मणथा उसने वीरपुत्र होनेकी इच्छासे अग्नि का आराधन किया तब मेरा जन्महुआ समय पाकर जब मेरेपिता मरगये और मेरीमाता उन्हींके साथ सतीहोगई तब मैं बाल्यावस्थाही में विद्याओंको पढ़कर भी अनाथहोनेके कारण द्यूत खेलनेलगा और शस्त्रविद्या में अभ्यास करनेलगा ठीकहै (कस्यनोच्छृंखलंबाल्यंगुरुशासनवर्जितम्) बड़े लोगों की शिक्षाके बिना बाल्यावस्थामें कौनपुरुष कुमार्गी नहीं होजाताहै १६६ इसप्रकारसे बाल्यावस्थाके व्यतीत होजानेपर एकसमय में अपने भुजबलके अभिमानसे वनमें बाण फेंकनेको गया उससमय उसीमार्गसे नगरीके बाहर एकवधू बहुतसे बरातियों समेत गाड़ीपर चढ़ीहुई वहाँआई और अकस्मात् जंजीर तो- ड़कर कहींसे भागाहुआ एकमतवाला हाथी उसी वधूपर दौड़ा उसके भयसे उसकापति तथा अन्य सब लोग इधर उधर भागगये यहदेखकर मैंने घबराके एकाएकी शोचा कि हाय इनकातरोंने कैसे इस बिचारी

को अकेला छोड़दियाँ तो इसहाथी से मैं इसअनाथको बचाऊंगा क्योंकि (आपन्नत्राणविकलैः किं प्राणैः पौरुषेणवा) विपत्तिमें पड़ेहुएको न बचानेवाले व्यर्थप्राण और पुरुषार्थ से क्या प्रयोजन है यह शोचकर मैं गर्जकर उसहाथीकी ओरदौड़ा और वह हाथीभी उस स्त्री को छोड़कर मेरी ओरदौड़ा तब डरीहुई उसस्त्री से बारंबार देखागया मैं भागकर उस हाथीको बहुत दूरतक लेगया बीचमें घनेपत्रों से युक्त किसीवृक्षकी टूटीहुई शाखको लेकर उससे अपने को आच्छादितकरके मैं वृक्षोंके बीचमें चलागया और शीघ्रतासे वृक्षोंके बीचमें उसशाखाको धरकर मैंतो भागगया और हाथी ने वह शाखा तोड़डाली तब मैंने वहाँसे उसस्त्रीके पासआकर उससे शरीरकी कुशलपूछी वहभी मुझे देखकर दुःख तथा हर्षसेयुक्त होकर बोली कि मुझे कुशलही क्याहै जिसका ऐसे कुत्सित पुरुषके साथ विवाह हुआहै जो ऐसे संकट में भी मुझे छोड़कर कहीं भागगयाहै परन्तु यहकुशलहै जो तुम उसहाथीसे बचकर फिर दिखाईदियेहो इससे अब वह मेरा कौनहै तुम्हीं मेरे पतिहो जिसने शरीरकी आशा छोड़कर निरपेक्षहोकर मृत्युके मुखसे मेरी रक्षाकी अब वह मेरापति अपने सेवकों समेत देखो आरहाहै इससे तुम पीछे २ छिपकर मेरे साथ चलेआओ अवसर मिलनेपर तुमसे मिलकर जहाँचाहोगे वहाँचलूंगी उसके यहवचन सुनकर मैंने स्वीकारकरलिये (सुरूपाप्यर्पितात्मापि परस्त्रीयंकिमेतया॥ इतिधैर्यस्यमार्गोयं नतारुण्यस्य संगिनः) यद्यपि स्वरूपवती भी है और स्वयं अपनेको अर्पण भी करती है तथापि यहपरस्त्री होनेके कारण ग्रहण करनेके योग्यनहीं है इसधैर्यके मार्गपर युवापुरुष नहीं चलसक्ते १८३ क्षणभरमें उसके पतिने आकर उस सावधानकिया और अपने भृत्यों समेत उसेलेकर वहाँसे चला और मैं भी गुप्तता पूर्वक उसके दिये हुए पाथेय (राहखर्चको) को भोजन करताहुआ उसकेसाथ बहुतदूरतक अन्य मार्गसे छिपकर पीछे२ चला और उस स्त्रीने . . . . . . . . . मिथ्या पीड़ाका बहाना करके अपने पतिको अपना स्पर्श भी नहीं . . . . . . . . . गाढ़रूढ़ान्तरविपदुस्सहा॥ तिष्ठेदनपकृत्यस्त्री भुज्यगीविविकारिता) विकार युक्त कीगई रक्तोन्मुखी (रुधिर पीनेकी इच्छा करतीहुई और अनुराग युक्त पुरुषकी अभिलाषिणी) और अन्तःकरणमें उत्पन्नहुए घने विकाररूपी विषसे दुस्सह सर्पिणी के समान किसकी स्त्री विना अपकारकिये रहती है क्रमसे चलते २ हम उन्हीं के साथ पीछे २ लोहनगर में पहुँचे वहीं रोजगारसे जीविकाकरनेवाले उस स्त्री के पतिका घरथा पहले दिन वह लोग बाहर एक देवमन्दिर में रहे वहीं यह ब्राह्मण हमको मिला नवीन दर्शन में भी हम दोनों को परस्पर बड़ा हर्ष हुआ ठीकहै (चित्तंजानातिजन्तूनां प्रेमजन्मान्तरार्जितम्) प्राणियोंका चित्त जन्मान्तरके संचित प्रेमको जानताहै १९० तब मैंने अपना संपूर्ण रहस्य इससे कहदिया उसेजानकर इसने मुझसे एकान्तमें कहा कि तुमचुपरहो जिसलिये तुमयहाँ आयेहो उसका उपाय मेरे पासहै इसबणियेंकी बहिन मेरे साथ यहाँ से निकल चलनेको उद्यतहै औरइसबातका सबठीकभी होचुकाहै इससे उसीकी सहायतासे मैंतुम्हाराभी अभीष्ट सिद्धकरूंगा मुझसे यहकहकर इसब्राह्मणने उसस्त्रीकी ननन्दसे संपूर्ण वृत्तान्त कहदिया दूसरे दिन सलाह करके वह अपने भाईकी स्त्रीको लेकर उसी देवमन्दिरके एकगुप्तस्थानमें आई वहाँ हम

दोनोंमेंसे मेरे मित्र इसब्राह्मणका वेष उसने अपने भाईकी स्त्रीकासा बनालिया और इसे लेकर अपने भाईके साथ नगरमें अपने घरकोगई और मैं पुरुष वेषधारिणी उस बणियेकी स्त्रीको साथलेकर धीरे २ उज्जयिनी में आया और उसकी नन्द रात्रिके समय उत्सव से उन्मत्तहोकर जब संपूर्णलोगसोगये तब मेरे इसमित्रको लेकर वहाँसे निकली तब यह उसे लेकर छिपकर इस उज्जयिनी नगरी में आया और यहाँ आकर मुझसे मिला २०० इसप्रकार हमदोनोंको वहदोनों नन्द और भावज अपने २ अनुरागसे मिलीं इस्से हे महाराज हमलोगोंको यहाँ सबकहीं निवासकरनेमें सन्देह होताहै क्योंकि साहसी चित्त किसीपर विश्वास नहींकरते इसीसे उनस्त्रियोंके निवासकेलिये और धनकेलिये हमदोनों कल एकान्तमें विचार कररहे थे उससमय आपने दूरसे देखकर चार (गोइन्दा) के सन्देहसे हम दोनोंको पकड़मँगवाया और आज आपके पूछनेपर मैंने अपना और अपने मित्रका सम्पूर्ण वृत्तान्त वर्णन किया अब आप स्वामीहैं जैसा उचित समझिये वैसा कीजिये उसके यहवचन सुनकर राजाविक्रमसिंह उनदोनों ब्राह्मणों से बोला कि तुम दोनोंपर मैं प्रसन्नहूं डरोमत मैं तुमदोनों को निर्वाहके योग्य धनदूंगा इसीपुरी में रहो यहकहकर राजाने उनको यथेष्ट जीविका दी और वह अपनी स्त्रियों समेत सुखपूर्व्वक राजाके निकट रहे इसप्रकार प्रबलसत्त्वसे कियेगये सम्पूर्ण कार्य्योंमें सम्पत्तियोंका निवासहै और इसीप्रकारसे साहसी तथा बुद्धिमान् मनुष्योंपर प्रसन्नहोकर राजालोग उन्हें यथेष्ट धनदेते हैं इस्से हे रानी देवता तथा दैत्यादिक सम्पूर्ण सृष्टिके लोगोंको इसजन्ममें अथवा पूर्वजन्ममें अपनेही कियेहुए शुभाशुभकर्मके अनुसार नानाप्रकारके विचित्र भोग भोगने पड़ते हैं इस्सेस्वप्नके वृत्तान्तके बहानेसे आकाशसेगिरीहुई जोज्वाला तुमने अपनेउदरमें प्रवेश करतीहुई देखी है वह किसी कर्मवशसे निस्सन्देह कोई देवजाति तुम्हारेगर्भ में आई है इसप्रकार अपने पति राजाकलिंगदत्तसे सुनकर गर्भवती रानीतारादत्ता अत्यन्त प्रसन्नहुई ॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांमदनमंचुकालम्बकेप्रथमस्तरंगः १ ॥

इसके उपरान्त तक्षशिला नाम पुरी में राजा कलिंगदत्तकी रानी तारादत्ता धीरे २ गर्भ के भारसे आलस्य युक्तहुई जब प्रसवका समय आया तब पांडुवर्ण मुखवाली और चंचल नेत्रों की पुतलीवाली रानीतारादत्ता उदयहोतेहुए चन्द्रमासे युक्त पूर्व्व दिशाके समान शोभितहुई और थोड़ेही समयमें उस के एक अत्यन्त सुन्दर और ब्रह्माकी सम्पूर्ण सुन्दरता बनाने के रंगकी कटोरीसी अपूर्व्व कन्या उत्पन्न हुई उससमय स्नेहयुक्त दीपक उसकी कान्ति से पराजित होके ऐसा पुत्र क्यों न हुआ इसलिये मानों कान्ति रहित होगये राजा कलिंगदत्तभी ऐसी सुन्दर कन्याको भी देखकर तद्रूपपुत्र होनेकी आशाके व्यर्थ होजाने से उदास होगया और उसकन्या को दिव्य जानकर भी उसके चित्तमें खेदहीहुआ क्यों हुआ क्योंकि उसे पुत्रहोनेकी आशाथी ठीकहै (शोककन्दः ककन्याहि कानन्दः कायवान्सुतः) कहाँ तो शोककी मूलकन्या और कहाँ मूर्तिमान् आनन्दरूप पुत्र इसके उपरान्त राजा खिन्नहोकर मन्दिर से निकलकर चित्तको बहलानेके लिये जिनदेव के मन्दिरमें गया वहाँ जाकर राजाने बहुतसे मनुष्यों के बीचमें बैठे हुए धर्म के उपदेश करने वाले एक भिक्षुकके मुख से यह व्याख्यान सुना कि संसार में

धनका देनाही परमतपहै धनका देनेवाला प्राणदाता कहलाता है क्योंकि प्राणधनके आश्रितहैं देखो करुणासे व्याप्त चित्तवाले बुद्धनेपराये निमित्त अपना शरीरभी तृणकेसमान देदिया तो धनका क्या कहनाहै इसीप्रकारके धैर्य और तपसे इच्छारहित होकर दिव्यज्ञानको प्राप्तहुए बुद्ध बुद्ध होगये इससे शरीर पर्य्यन्त संपूर्ण अभिलाषोंको आशासे हटाकर बुद्धिमान् मनुष्य अच्छेप्रकार ज्ञानकी प्राप्तिके लिये प्राणियोंका हितकरे १२ पूर्व्वसमयमें कृतनाम किसी राजाके अत्यन्त सुन्दर सातकन्याक्रमसेहुई वह सातोंबाल्यावस्थामेंही वैराग्यसे पिताके घरकोछोड़कर श्मशानमें चलीगई जबपरिवारके लोगोंने उनसे पूँछा कि तुमने गृहकात्यागक्योंकिया है तबवहबोलीं कि यह संपूर्ण संसारही असारहै संसारमेंभी यह शरीर अधिकअसारहै और इसशरीरमें भी अभीष्टकी प्राप्तिआदिक सुखस्वप्नके समान अत्यन्तही असारहै परन्तु एकपरहितही इससंसारमें सारहै इससेइसशरीर से हमसब प्राणियोंका हितकरेंगी इसजीते हुएही शरीरको श्मशानमें राक्षसोंके भोजनकेनिमित्त डालदेंगी क्योंकि सुन्दरभी इसशरीरसे क्याप्रयोजनहै देखो पूर्वसमयमें एकसुन्दर राजपुत्र तरुणअवस्थामेंही विरक्तहोकर संन्यासीहोगया एकसमय वह किसीवैश्यके यहां भिक्षाके निमित्तगया वहां उसवैश्यकी स्त्रीकाचित्त कमलकेपत्रोंके समान बड़े २ उसके सुन्दरनेत्रोंकी शोभासे चलायमानहुआ तो वहबोली कि तुमने इसअवस्थामें इसकष्टदायी संन्यासका ग्रहणक्योंकिया वहस्त्रीधन्यहै जिसको तुम अपने नेत्रकमलसे देखतेहो उसके यहवचन सुनकर राजपुत्रने अपना एकनेत्र फाड़करहाथमें लेकरकहा कि हेमातादेखो यह ऐसानिन्दितमांस रुधिर से भराहुआ नेत्रहै जो आपको प्रिय लगताहोय तो लेलो और दूसरा नेत्र भी इसी प्रकारकाहै बताओ इनमें रमणीयता क्याहै उसके यहवचनसुनकर और उसे देखकर वहस्त्री बहुत दुःखितहोके बोली हाय२ में महादुष्टाहूं मुझपापिनीने यहबड़ा पापकिया क्योंकि तुम्हारे नेत्रके निकालनेकाहेतु मैंहीहूं यहसुनकर राजपुत्र बोला कि हे माताखेदमतकरो तुमने मेरेसाथ उपकार कियाहै इसबातपर में तुम्हें एकदृष्टान्त सुनाता हूं पूर्वसमयमें गंगाजी के तटपर किसी उपवनमें एकयती वैराग्य के अधिक बढ़नेकी इच्छासे तपकरताथा वहाँ भाग्यवशसे कोईराजा अपनी रानियोंसमेत विहारकरनेको आया विहारकरनेके उपरान्त जबमद्यपानकरके राजासोगया तबसंपूर्णरानी उसके पाससेउठकर अपनी चपलतासे उसउपवनमें घूमनेलगीं और उसमुनिको एकस्थानमें समाधि लगायेहुए बैठादेखकर आश्चर्य्य से संपूर्णरानी उसे घेरकर बैठगई जबवह बहुतकालतक वहाँबैठीरहीं तबराजाने जगकर रानियोंको अपनेपास न देखकर उन्हें ढूंढ़नेके लिये संपूर्ण वनमें भ्रमणकिया और देखा कि मुनिको घेरे हुए संपूर्णरानी बैठीहैं उन्हें देखकरईर्षासे कुपितहोकर राजाने मुनिपर खड्गकाप्रहार किया ठीकहै ( ऐश्वर्य्यमीर्ष्या नैर्घृण्यंक्षीवत्त्वं निर्विवेकिता॥ एकैकंकिन्नयत्कुर्य्यात् पंचाग्नित्वेनतुका कथा ) ऐश्वर्य, ईर्षा, निर्दयता, उन्मत्तता और विवेककानहोना इनमेंसे एकएकही कौनसे कुकर्मको नहींकरसक्ता और जहाँ यहअग्निके समान पांचों इकट्ठेहोयँ वहाँ क्याकहनाहै ३२ इसके उपरान्त जबवह राजाचलागया और शरीरके कटजानेपर भी मुनिको क्रोधनहींहुआ तबएकदेवी प्रकटहोकर मुनिसेबोली कि हे महात्मन् जिसपापीने क्रोधसे तु-

म्हारेऊपर प्रहारकियाहै उसे जो तुम्हारी आज्ञाहोयतो मैं मारडालूं देवी के वचनसुनकर मुनि बोला कि हे देवी ऐसामतकहो वहमेरेधर्मका सहायकहै अपकारीनहींहै उसकी कृपासे मेराक्षमारूपी धर्मबढ़ा यदि वहऐसानकरता तो मैं किसपर क्षमाकरता और जानसक्ता कि मैं अपने को वशीभूतकरचुका इसन श्वर शरीरकेलिये बुद्धिमान् क्रोधनहीं करते हैं प्रिय और अप्रियमें समताहोनेसे जो क्षमाहोतीहै वह ब्रह्मकापदहै मुनिके यहवचनसुनकर उसके तपसे प्रसन्नहुई देवी उसके अंगोंको घावोंसे रहित करके अन्तर्द्धानहोगई इससे हे माता जैसे वहराजा मुनिका उपकारीहुआ उसीप्रकार तुम भी मेरानेत्र निकलवाकर मेरी उपकारिणीहुई हो इसप्रकार उसवैश्यकी स्त्रीसे कहकर जितेन्द्री वहराजपुत्र अपने सुन्दर शरीरमें भी विश्वास न करके सिद्धिके लिये चलागया इससेबाल भी और रम्यभी इसनश्वर शरीरमें क्या विश्वासहै बुद्धिमान्को इसशरीर से केवल परोपकारही करनाउचितहै इस्से हमसातों इसस्वाभाविक सुखदायी श्मशानमें प्राणियोंके निमित्त इसशरीरको रक्खेंगी अपने परिवारवालोंसे इसप्रकार कहकर उनराजकन्याओं ने वैसाही किया और परम सिद्धियों को प्राप्तहुई इसप्रकार बुद्धिमान् लोगों को अपने शरीरमें भी ममता नहीं होती है और पुत्र तथा स्त्री आदि परिवाररूपी तृणोंकी कौनगणना है इत्यादि अनेक उपदेशोंको उसजैन मन्दिरमें धर्मोपदेशक से सुनकर राजा कलिंगदत्त उसदिनको वहाँ व्यतीत करके अपने स्थानको चलाआया ४५ वहाँ आकर कन्या जन्मके शोकसे उसे व्याकुल देखकर राजगृह के किसीवृद्ध ब्राह्मण ने उस्से कहा कि हे राजा कन्यारूपी रत्नके उत्पन्नहोने से तुम क्यों दुखी होतेहो ऐहिक और पारलौकिक सुख की देनेवाली कन्या पुत्रों से भी उत्तम होती हैं और राज्य के लोभीपुत्रों में राजालोगों को विश्वास न करना चाहिये क्योंकि वह मकड़ी के समान अपने पिता को भी नष्ट करदेता है कुन्ति भोजादिकी राजा कुन्ती आदि कन्यकाओं के गुणों से दुस्सह दुर्वासाआदिके शापसे बचे हैं कन्यादानसे जो पारलौकिक फल मिलताहै वह पुत्रसे कैसेमिलसक्ताहै इस विषय में मैं सुलोचनाकीकथा आपको सुनाताहूं कि चित्रकूट पर्व्वतपर सुषेण नाम राजाथा जिसे ब्रह्माने शिवजीकी ईर्ष्यासे मानों द्वितीयकामके समान बनायाथा उसने चित्रकूटके तट में एकदिव्य उपवन बनवाया वह ऐसासुन्दर वनाथा जिसेदेखकर देवतालोगों को नन्दनवनके विहार से अनिच्छा होजातीथी और उसी उपवन के बीचमें प्रफुल्लितकमलों से युक्त एकवावड़ी बनवाईथी वहबावड़ीस्यात् मानो लक्ष्मीजीके क्रीड़ाके कमलोंकी नवीनखानथी उस वावड़ीकी रत्नजटितसीढ़ियोंपर अपनेयोग्य स्त्रियोंके न होनेसे अकेलाहीराजा सुषेणविहारकरताथा एक समय उसीमार्गसे आकाशमें भ्रमणकरती हुई रम्भानामअप्सरा इन्द्रके भवनसेआई उसने उस उपवन में प्रफुल्लितपुष्पों के वनमें साक्षात्वसन्तके समान विहारकरतेहुए राजाको देखा वावड़ीकेकमलों में वर्त्तमान लक्ष्मीकेलिये क्या यह चन्द्रमास्वर्गसे आयाहै परन्तु यह चन्द्रमानहीं है क्योंकि इसकी शोभास्थिरहै क्या यह कामदेवहै यहां पुष्पतोड़नेको वनमेंआयाहै परन्तु इसकेसाथ सदैवरहनेवाली रतिकहांगई इसप्रकारचित्त में सन्देहकरतीहुई रम्भामनुष्य शरीरधारणकरके राजाकेपास गई उसे अपनेपासआईहुई देखकर राजाने आश्चर्यपूर्वकसोचा

कि यह अपूर्वसुन्दररूपवालीकौनहै यह मानुषीतोनहींहै क्योंकि इसकेपैरोंमें धूलनहींलगी और इसके नेत्रोंमें पलकेंभीनहींलगती हैं इस्से यह कोईदिव्यस्त्री मालूमहोतीहै परन्तुइस्से पूछना नहींचाहिये पूछने से कदाचित्चली न जाय क्योंकि किसीकारणसे मिलीहुईदिव्यस्त्री प्रायःअपने भेदको नहीं प्रकट कर सक्ती हैं इसप्रकार विचारतेहुए राजासे उसने आकर सम्भाषणकिया और क्रमसे उनदोनोंका उससमय समागमभीहुआ राजाउसअप्सराके साथ बहुतकालतक क्रीड़ाकरतारहा और उसनेभी स्वर्गका स्मरण नहींकिया ठीकहै (रम्यंप्रेमनजन्मभूः) प्रेमरमणीयहोताहै जन्मभूमि नहींरम्यहोती ६४ रम्भाकी सखी यक्षिणियों से बर्षायेगये सुवर्णके समूहसे राजाके राज्यकीपृथ्वी ऐसीव्याप्तहोगई जैसे कि सुमेरुके शिखरोंसे स्वर्गहोताहै इसकेउपरान्त समयपाकर राजासुषेणकी वह श्रेष्ठअप्सरा रम्भागर्भवतीहुई और गर्भ के पूरेहो जानेपर एकअत्यन्त सुन्दरकन्या उत्पन्नहुई कन्याके उत्पन्नहोतेही रम्भाराजासे बोलीकि हे राजा मुझे इतनेदिनका शापथा वह इससमय छूटगया मैं रम्भानामस्वर्गकी अप्सराहूं तुम्हें देखतेही मेरे चित्त में अनुरागउत्पन्नहुआ अब मैं इसकन्याको यहांछोड़करजातीहूं क्योंकि मेराऐसाही नियम है आपइस कन्याकी रक्षाकीजिये और इसकेविवाहसे स्वर्ग में हमारा तुम्हारा फिरसमागमहोगा इसप्रकार कहकर पराधीन वह अप्सरा अन्तर्द्धानहोगई और राजाउसके दुःख से प्राणदेने को उद्यतहुआ राजाकी यह दशादेखकर मंत्रियोंने उस्सेकहा क्या शकुन्तलाको उत्पन्नकरके मेनका के चलेजानेपर विश्वामित्रने निराशहोकर शरीरत्यागदियाथा मंत्रियोंके इत्यादि अनेकवचनोंको सुनकर राजाको धीरे२ धैर्यहुआ और उसकन्याको देखकर उसके विवाहमें रम्भा के फिर मिलनेकी आशाहुई राजाने सर्वांगसुन्दरी उस कन्याकानाम लोचनोंके अत्यन्तसुन्दरहोने के कारण सुलोचनारक्खा समयपाकर जब सुलोचना युवती हुई तबउसे उपवनमें कश्यपजीके पुत्र वत्सनाम युवामुनिने देखा तपकेसमूह रूपभी वत्समुनि राजकन्या को देखकर अनुरागवशहोगये और शोचनेलगे किइसकन्याका रूपपरमअद्भुतहै यदि यह मेरीस्त्री न होय तो इसके सिवाय तपका क्या फलहोगा इसप्रकार शोचतेहुए धूमरहित अग्निके समान जाज्वल्यतेजवाले वत्समुनिको सुलोचनाने भी देखा माला यज्ञोपवीत तथा कमण्डलधारी मुनिको देखकर उसके चित्त में भी प्रेम उत्पन्नहुआ और शोचनेलगी कि यह कौनहै इसकी आकृति कैसी शान्ति और मनोहरहै इसप्रकार शोचकर मानों स्वयम्बरकेलिये नेत्रकमलोंकी माला उसपरफेंकतीहुई सुलोचनाने निकटजाकर उसे प्रणामकिया तबदेवता और दैत्यों सेभीनहींउल्लंघनकरनेके योग्य कामकी आज्ञाके वशीभूत मुनिनेतुम्हें पतिप्राप्तहोययहआशीर्वाददिया उससमय मुनिके अपूर्वरूपके लोभसे निर्लज्जहोकरसुलोचना मुसकाके भुकाकेबोली किजो आपकी ऐसीही इच्छाहै और यह केवल हास्यनहींहैतो मेरेपितासे जाकरयाचना कीजिये वहीमुझे देसक्ताहै तब मुनिने उसकी सखियों से उसकासंपूर्ण वृत्तान्त पूछकरउसके पिताराजा सुषेणके पासजाकरउसकी याचनाकी राजाने भी उसे तप और शरीर दोनोंसे अत्यन्त उत्कृष्ट जानकर अतिथिसत्कारकरके कहा कि हे भगवन् यहमेरी कन्यारंभाअप्सरासे उत्पन्नहुई है जबरंभास्वर्गको जाने लगीथी तबउसने कहाथा किइसकन्याके विवाहमें हमारातुम्हारा फिर समागमहोगा यहजानकेमैने नि-

द्धहोगी इसको आप विचारलीजिये राजाके यहवचनसुनकरवत्समुनिने क्षणभरयह विचारकिया कि पूर्व्वसमयमें मेनकाकी कन्या प्रमद्वराको जबसर्पने काटाथा तबरुरुनाममुनिने अपनी आयुका अर्द्ध भागदेकर क्या उसकेसाथविवाह नहीं किया था क्या विश्वामित्र भयभीत त्रिशंकुको स्वर्ग नहीं लेगये थे इस्सेमैंभी अपनेतपके कुछ अंशको व्ययकरके इसके मनोरथको क्यों न सिद्धकरूं यह शोचकर और यहकुछ कठिन बातनहींहै ऐसा कहकर वह मुनिबोले कि हे देवतालोगो मेरे तपके अंशसे शरीरसहित यह राजा रंभा से सम्भोग करनेके निमित्त स्वर्ग को जाय मुनि के ऐसा कहने पर एवमस्तु यह आकाशवाणी राजसभामें सुनाईदी तबराजा सुपेण वत्समुनिकेसाथ सुलोचनाका विवाहकरके स्वर्ग को चलागया और स्वर्गमें जाकर दिव्य शरीरहोके इन्द्रकी आज्ञासे दिव्यप्रभाववाली रंभाकेसाथ आनन्दपूर्व्वक रमणकरनेलगा इसप्रकार कन्याके प्रभावसे राजासुपेण कृतार्थहुआ हे महाराज आपलोगों के यहाँ इसीप्रकारकी कन्या उत्पन्न होती हैं और यहकन्याभी शापसे भ्रष्टहुई कोई दिव्य स्त्री तुम्हारे यहाँ उत्पन्नहुईहै इस्से आप इसके जन्मसे शोक न कीजिये उस वृद्धब्राह्मणके मुखसे इसकथाको सुनकर राजा कलिंगदत्तकी चिन्तादूरहोगई और उसके चित्तमें सन्तोषहोगया ९६ तदनन्तर चन्द्रमाकी कलाके समान नेत्रोंको आनन्ददेनेवाली अपनी कन्याकानाम राजाने कलिङ्गसेना रक्खा वह कन्या अपने पिताके घरमें धीरे २ बड़ीहुई और सखियोंके साथ क्रीड़ा करनेलगी क्रीड़ाके रससे भरेहुए बाल्यावस्थारूपी समुद्रकी तरंगके समान वह कलिंगसेना महलों में गृहों में और उपवनों में विहारकरनेलगी एक समय अपने महलपर खेलतीहुई कलिङ्गसेना को आकाशमार्गसे जातीहुई मयासुरकी पुत्री सोमप्रभाने देखा अपनेरूपसे मुनियों के मनोंको मोहनेवाली कलिङ्गसेना को देखकर सोमप्रभा के चित्तमें स्नेह उत्पन्न हुआ और उसने आकाशही में शोचा क्या यह चन्द्रमाकीमूर्त्ति है नहीं क्योंकि चन्द्रमाकी कान्ति तो दिनमें नष्टहोजाती है अथवा रतिहै परन्तु इसके साथमें कामनहींहै इस्सेमैं विचारसे यह शापसे च्युतहुई कोईदिव्यस्त्री यहां आकर राजकन्याहुई है इसेदेखकर मेरेचित्त में अत्यन्तस्नेह उत्पन्न होता है इस्से मैं जानती हूं कि पूर्वजन्म में भी मेरी इसकेसाथ मित्रता थी इस्से मैं आपहीजाकर इस्से मित्रता करतीहूं इसप्रकार विचारकरके कलिङ्गसेनाको भय न होय इसलिये सोमप्रभा आकाशसे अलक्षितहोकर उतरी और विश्वासकेलिये मनुष्यकी कन्याका स्वरूपधारणकरके धीरे २ कलिङ्गसेनाके पासगई उसेदेखकर कलिङ्गसेनाने यह शोचाकि यह कोई अत्यन्त अद्भुतरूपवती कन्यामेरेपासआई है इस्सेमित्रताकरना मुझेयोग्य है इसप्रकार शोचकर और उठकर कलिङ्गसेना ने सोमप्रभाको आलिङ्गनकरके आदरपूर्वक अपने पास बैठाया और उस्से पूछा कि तुम्हारा क्यानाम है और किस श्रेष्ठ कुलमें तुम्हारा जन्म है तब सोमप्रभाने कहा कि ठहरो सैं वर्णन करूंगी इसके उपरान्त कुछ कालतक वार्त्तालाप करके उनदोनों ने आपसमें हाथमारकर मित्रताकी ११० तदनन्तर सोमप्रभा बोली कि हे सखी तुमराजकन्या हो और राजपुत्रों के साथमित्रता निबाहना बहुतकठिनहै क्योंकि वहथोड़ेही अपराधमें अत्यन्त कुपित होजाते हैं इसपरमैं एकराजपुत्र और बणिक्पुत्रकी कथासुनातीहूं पुष्करावतीनाम नगरी में गूढ़सेननाम राजा

थी उसके एकहीपुत्रथा वहराजपुत्र अभिमानसे जो कुछशुभाशुभ कार्य्य करताथा वहसब उसकापिता सहलेताथा एकसमय उपवनमें भ्रमणकरतेहुए राजपुत्रने ब्रह्मदत्तनाम वैश्यका अपने समानरूप और ऐश्वर्य्यवान् पुत्रदेखा देखतेही राजपुत्रने जाकर उससे मित्रताकरली उनदोनोंमें ऐसी मित्रतावढ़ी कि वहदोनों एकरूपसे होगये परस्पर विनादेखे वहक्षणभर भी नहीं ठहरसक्ते थे ठीकहै (आशुवघ्नातिहिप्रेम प्राग्जन्मान्तरसंस्तवः) पूर्व्व जन्मका संस्कार शीघ्रही प्रेमको दृढ़करदेताहै राजपुत्र उससुखको कभी नहीं भोगकरताथा जो उस वणिक्पुत्रके लिये पहलेसेही नहीं कल्पित कियाजाताथा। एकसमय राजपुत्र अपने मित्र वणिक्पुत्रके विवाहका पहिलेहीसे निश्चयकरके अपने विवाहकेलिये अहिच्छत्र देशको जानेकेलिये अपने मित्रसमेत हाथीपरचढ़कर सबसेना सहितचला और सायंकालके समय इक्षुमती नदीके तीरपररहा वहाँ रात्रिकेसमय चांदनीमें मद्यपानकरके पलंगपरलेटा और अपनी उपमाताके कहने से कोई कथा कहनेलगा कथाके वीचहीमें श्रमसे और मदसे राजपुत्रको तो निद्राआगई और उसकी उपमाताभी सोगई परन्तु वहवणिक्पुत्रस्नेहसे जागतारहा उससमय आकाशमें स्त्रियों कीसी यह बातचीत उसवणिक्पुत्रको सुनाईदी कि यहपापी कथाको विनाकहे सोगया इस्से में इसे यहशाप देतीहूं कि प्रातःकाल इसे एकहार दिखाईदेगा यदि यह उसेलेलेगा तो उसके पहरतेही इसकी मृत्युहोजायगी यहकहकर जबएक चुपहुई तबदूसरी बोली कि जो इस्से यहवचजायगा तो मार्गमें एकआम्रका वृक्ष इसेदिखाईदेगा जो उसके फल यहखायगा तो इसकी मृत्युहोजायगी यहकहकर जबवह चुपहुई तब तीसरीबोली कि जो यह इस्से भी वचजायगा तो विवाहकेलिये यह जिसघरमें जायगा वहीघर इसके ऊपरगिरेगा और उसीसे इसकी मृत्युहोजायगी यहकहकर जबवह भी चुपहोगई तबचौथी बोली कि जो इस्से भी यहवचजायगा तो रात्रिके समय जबयह शयनके स्थानमें जायगा तबजातेही इसेसौवार सौ छींकेंआवेंगी जो हरछींकमें कोई मनुष्य इस्से जीव २ नहींकहेगा तो इसकी मृत्युहोजायगी और जिसने हमलोगोंकी यहबातचीत सुनीहोगी वह जो कदाचित् इसके बचानेके लिये इस्से कहेगा तो उसकी भी मृत्युहोजायगी यहकहकर वह भी चुपहोगई १३१ इससंपूर्ण दुखदायी वार्त्तालापको सुन कर वहवणिक्पुत्र राजपुत्रके स्नेहसे व्याकुलहोकर शोचनेलगा कि बड़े खेदकाविषय है कि प्रारंभकी हुई कथाको अलक्षित होकर देवतालोग भी सुनतेहैं जो उसे पूरी न करो तो वहशाप देजातेहैं अच्छा होयसोहोय इस्से क्यालाभहै अबइस राजपुत्रके मरजानेपर मेराजीना भी व्यर्थहोजायगा इस्से प्राणोंके समान प्रिय इसमित्रकी युक्तिपूर्व्वक रक्षाकरनी चाहिये और यह वृत्तान्त भी उस्से नहीं कहनाचाहिये क्योंकि कहनेसे मुझे दोषहोगा इसप्रकार शोचकर बड़े खेदसे उसने वहरात्रि व्यतीतकी प्रातःकाल वहाँसे चलकर राजपुत्रने एकहार मार्गमें पड़ाहुआदेखा और उसके लेनेकी इच्छाकी तबवणिग्के पुत्रनेकहा कि हे मित्र यहहारमतलो यहहारनहीं है मायाहै नहींतो सैनिकलोग इसे क्यों नहीं देखते अपने मित्रके यहवचनसुनकर उसे छोड़कर राजपुत्रने आगेचलकर एक आम्रका वृक्षदेखा और उसके फलखानेकी इच्छाकरी तब फिर वैश्यपुत्रने उसीप्रकारसे वहाँभी निषेधकरदिया इसके उपरान्त धीरे २

द्धहोगी इसको आप विचारलीजिये राजाके यहवचनसुनकरवत्समुनिने क्षणभरयह विचारकिया कि पूर्व्वसमयमें मेनकाकी कन्या प्रमद्वराको जबसर्पने काटाथा तबरुरुनाममुनिने अपनी आयुका अर्द्ध भागदेकर क्या उसकेसाथविवाह नहीं किया था क्या विश्वामित्र भयभीत त्रिशंकुको स्वर्ग नहीं लेगये थे इससेमैंभी अपनेतपके कुछ अंशको व्ययकरके इसके मनोरथको क्यों न सिद्धकरूं यह शोचकर और यहकुछ कठिन वातनहींहै ऐसा कहकर वह मुनिबोले कि हे देवतालोगो मेरे तपके अंशसे शरीरसहित यह राजा रम्भा से सम्भोग करनेके निमित्त स्वर्ग को जाय मुनि के ऐसा कहने पर एवमस्तु यह आकाशवाणी राजसभामें सुनाईदी तबराजा सुषेण वत्समुनिकेसाथ सुलोचनाका विवाहकरके स्वर्ग को चलागया और स्वर्गमें जाकर दिव्य शरीरहोके इन्द्रकी आज्ञासे दिव्यप्रभाववाली रंभाकेसाथ आनन्दपूर्व्वक रमणकरनेलगा इसप्रकार कन्याके प्रभावसे राजासुषेण कृतार्थहुआ हे महाराज आपलोगों के यहाँ इसीप्रकारकी कन्या उत्पन्न होती हैं और यहकन्याभी शापसे भ्रष्टहुई कोई दिव्य स्त्री तुम्हारे यहाँ उत्पन्नहुईहै इस्से आप इसके जन्मसे शोक न कीजिये उस वृद्धब्राह्मणके मुखसे इसकथाको सुनकर राजा कलिंगदत्तकी चिन्तादूरहोगई और उसके चित्तमें सन्तोषहोगया ६६ तदनन्तर चन्द्रमाकी कलाके समान नेत्रोंको आनन्ददेनेवाली अपनी कन्याकानाम राजाने कलिङ्गसेना रक्खा वह कन्या अपने पिताके घरमें धीरे २ बड़ीहुई और सखियोंके साथ क्रीड़ा करनेलगी क्रीड़ाके रससे भरेहुए बाल्यावस्थारूपी समुद्रकी तरंगके समान वह कलिंगसेना महलों में गृहों में और उपवनों में विहारकरनेलगी एक समय अपने महलपर खेलतीहुई कलिङ्गसेना को आकाशमार्ग से जातीहुई मयासुरकी पुत्री सोमप्रभाने देखा अपनेरूपसे मुनियों के मनोंको मोहनेवाली कलिङ्गसेना को देखकर सोमप्रभा के चित्तमें स्नेह उत्पन्न हुआ और उसने आकाशही में शोचा क्या यह चन्द्रमाकीमूर्त्ति है नहीं क्योंकि चन्द्रमाकी कान्ति तो दिनमें नष्टहोजाती है अथवारतिहै परन्तु इसके साथमें कामनहीं है इस्सेमें विचारसे यह शापसे च्युतहुई कोईदिव्यस्त्री यहां आकर राजकन्याहुई है इसेदेखकर मेरेचित्त में अत्यन्तस्नेह उत्पन्न होता है इस्से मैं जानती हूं कि पूर्वजन्म में भी मेरी इसकेसाथ मित्रता थी इस्से मैं आपहीजाकर इस्से मित्रता करतीहूं इसप्रकार विचारकरके कलिङ्गसेनाको भय न होय इसलिये सोमप्रभा आकाशसे अलक्षितहोकर उतरी और विश्वासकेलिये मनुष्यकी कन्याका स्वरूपधारण करके धीरे २ कलिङ्गसेनाके पासगई उसेदेखकर कलिङ्गसेनाने यह शोचाकि यह कोई अत्यन्त अद्भुतरूपवती कन्यामेरेपासआई है इस्सेमित्रताकरना मुझेयोग्य है इसप्रकार शोचकर और उठकर कलिङ्गसेना ने सोमप्रभाको आलिङ्गनकरके आदरपूर्वक अपने पास बैठाया और उस्से पूछा कि तुम्हारा क्यानाम है और किस श्रेष्ठ कुलमें तुम्हारा जन्म है तब सोमप्रभाने कहा कि ठहरो सैत्र वर्णन करूंगी इसके उपरान्त कुछ कालतक वार्त्तालाप करके उनदोनों ने आपसमें हाथमारकर मित्रताकी ११० तदनन्तर सोमप्रभा बोली कि हे सखी तुमराजकन्या हो और राजपुत्रोंके साथमित्रता निबाहना बहुतकठिनहै क्योंकि वहथोड़ेही अपराधमें अत्यन्त कुपित होजाते हैं इसपरमें एकराजपुत्र और वणिक्पुत्रकी कथासुनातीहूं पुष्करावतीनाम नगरी में गूढसेननाम राजा

थी उसके एकहीपुत्रथा वहराजपुत्र अभिमानसे जो कुछशुभाशुभ कार्य करताथा वहसव उसकापिता सहलेताथा एकसमय उपवनमें भ्रमणकरतेहुए राजपुत्रने ब्रह्मदत्तनाम वैश्यका अपने समानरूप और ऐश्वर्य्यवान् पुत्रदेखा देखतेही राजपुत्रने जाकर उससे मित्रताकरली उनदोनोंमें ऐसी मित्रतावढ़ी कि वहदोनों एकरूपसे होगये परस्पर विनादेखे वहक्षणभर भी नहीं ठहरसक्ते थे ठीकहै (आशुवध्नातिहिप्रेम प्राग्जन्मान्तरसंस्तवः) पूर्व्व जन्मका संस्कार शीघ्रही प्रेमको दृढ़करदेताहै राजपुत्र उससुखको कभी नहीं भोगकरताथा जो उस वणिक्पुत्रके लिये पहलेसेही नहीं कल्पित कियाजाताथा। एकसमय राजपुत्र अपने मित्र वणिक्पुत्रके विवाहका पहिलेहीसे निश्चयकरके अपने विवाहकेलिये अहिच्छत्र देशको जानेकेलिये अपने मित्रसमेत हाथीपरचढ़कर सवसेना सहितचला और सायंकालके समय इक्षुमती नदीके तीरपररहा वहाँ रात्रिकेसमय चांदनीमें मद्यपानकरके पलंगपरलेटा और अपनी उपमाताके कहने से कोई कथा कहनेलगा कथाके वीचहीमें श्रमसे और मदसे राजपुत्रको तो निद्राआगई और उसकी उपमाताभी सोगई परन्तु वहवणिक्पुत्रस्नेहसे जागतारहा उससमय आकाशमें स्त्रियों कीसी यह वातचीत उसवणिक्पुत्रको सुनाईदी कि यहपापी कथाको विनाकहे सोगया इससे मैं इसे यहशाप देतीहूं कि प्रातःकाल इसे एकहार दिखाईदेगा यदि यह उसेलेलेगा तो उसके पहरतेही इसकी मृत्युहो-जायगी यहकहकर जवएक चुपहुई तवदूसरी वोली कि जो इससे यहवचजायगा तो मार्गमें एकआम्रका वृक्ष इसेदिखाईदेगा जो उसके फल यहखायगा तो इसकी मृत्युहोजायगी यहकहकर जववह चुपहुई तव तीसरीवोली कि जो यह इससे भी वचजायगा तो विवाहकेलिये यह जिसघरमें जायगा वहीघर इसके ऊपरगिरेगा और उसीसे इसकी मृत्युहोजायगी यहकहकर जववह भी चुपहोगई तवचौथी वोली कि जो इससे भी यहवचजायगा तो रात्रिके समय जवयह शयनके स्थानमें जायगा तवजातेही इसेसौवार सौ छींकेंआवेंगी जो हरछींकमें कोई मनुष्य इससे जीव २ नहींकहेगा तो इसकी मृत्युहोजायगी और जिसने हमलोगोंकी यहवातचीत सुनीहोगी वह जो कदाचित् इसके वचानेके लिये इससे कहेगा तो उसकी भी मृत्युहोजायगी यहकहकर वह भी चुपहोगई १३१ इससंपूर्ण दुखदायी वार्त्तालापको सुन कर वहवणिक्पुत्र राजपुत्रके स्नेहसे व्याकुलहोकर शोचनेलगा कि वड़े खेदकाविषय है कि प्रारंभकी हुई कथाको अलक्षित होकर देवतालोग भी सुनते हैं जो उसे पूरी न करो तो वहशाप देजातेहैं अच्छा होयसोहोय इससे क्यालाभहै अवइस राजपुत्रके मरजानेपर मेराजीना भी व्यर्थहोजायगा इससे प्राणोंके समान प्रिय इसमित्रकी युक्तिपूर्व्वक रक्षाकरनी चाहिये और यह वृत्तान्त भी उससे नहीं कहनाचाहिये क्योंकि कहनेसे मुझे दोषहोगा इसप्रकार शोचकर वड़े खेदसे उसने वहरात्रि व्यतीतकी प्रातःकाल वहाँसे चलकर राजपुत्रने एकहार मार्गमें पड़ाहुआदेखा और उसके लेनेकी इच्छाकी तववणियके पु-त्रनेकहा कि हे मित्र यहहारमतलो यहहारनहीं है मायाहै नहींतो सैनिकलोग इसे क्यों नहीं देखते अपने मित्रके यहवचनसुनकर उसे छोड़कर राजपुत्रने आगेचलकर एक आम्रका वृक्षदेखा और उसके फलखानेकी इच्छाकरी तव फिर वैश्यपुत्रने उसीप्रकारसे वहाँभी निषेधकरदिया इसके उपरान्त धीरे २

द्धहोगी इसको आप विचारलीजिये राजाके यहवचनसुनकरवत्समुनिने क्षणभरयह विचारकिया कि पूर्व्वसमयमें मेनकाकी कन्याप्रमद्वराको जबसर्पने काटाथा तबरुरुनाममुनिने अपनी आयुका अर्द्ध- भागदेकर क्या उसकेसाथविवाह नहीं किया था क्या विश्वामित्र भयभीत त्रिशंकुको स्वर्ग नहीं लेगये थे इस्सेमैंभी अपनेतपके कुछ अंशको व्ययकरके इसके मनोरथको क्यों न सिद्धकरूं यह शोचकर और यहकुछ कठिन बातनहींहै ऐसा कहकर वह मुनिबोले कि हे देवतालोगो मेरे तपके अंशसे शरी- रसहित यह राजा रम्भा से सम्भोग करनेके निमित्त स्वर्ग को जाय मुनि के ऐसा कहने पर एवमस्तु यह आकाशवाणी राजसभामें सुनाईदी तबराजा सुषेण वत्समुनिकेसाथ सुलोचनाका विवाहकरके स्वर्ग को चलागया और स्वर्गमें जाकर दिव्य शरीरहोके इन्द्रकी आज्ञासे दिव्यप्रभाववाली रंभाकेसाथ आ- नन्दपूर्व्वक रमणकरनेलगा इसप्रकार कन्याके प्रभावसे राजासुषेण कृतार्थहुआ हे महाराज आपलोगों के यहाँ इसीप्रकारकी कन्या उत्पन्न होती हैं और यहकन्याभी शापसे भ्रष्टहुई कोई दिव्य स्त्री तुम्हारे यहाँ उत्पन्नहुईहै इस्से आप इसके जन्मसे शोक न कीजिये उस वृद्धब्राह्मणके मुखसे इसकथाको सुनकर राजा कलिंगदत्तकी चिन्तादूरहोगई और उसके चित्तमें सन्तोषहोगया ६६ तदनन्तर चन्द्रमाकी कलाके समान नेत्रोंको आनन्ददेनेवाली अपनी कन्याकानाम राजाने कलिङ्गसेना रक्खा वह कन्या अपने पिताके घरमें धीरे २ बड़ीहुई और सखियोंके साथ क्रीड़ा करनेलगी क्रीड़ाके रससे भरेहुए बाल्यावस्थारूपी स- मुद्रकी तरंगके समान वह कलिंगसेना महलों में गृहों में और उपवनों में विहारकरनेलगी एक समय अपने महलपर खेलतीहुई कलिङ्गसेना को आकाशमार्ग से जातीहुई मयासुरकी पुत्री सोमप्रभाने देखा अपनेरूपसे मुनियों के मनोंको मोहनेवाली कलिङ्गसेना को देखकर सोमप्रभा के चित्तमें स्नेह उत्पन्न हुआ और उसने आकाशही में शोचा क्या यह चन्द्रमाकीमूर्त्ति है नहीं क्योंकि चन्द्रमाकी कान्ति तो दिनमें नष्टहोजाती है अथवा रतिहै परन्तुइसके साथमें कामनहींहै इस्सेमेरेविचारसे यह शापसे च्युतहुई कोईदिव्यस्त्री यहां आकर राजकन्याहुई है इसेदेखकर मेरेचित्त में अत्यन्तस्नेह उत्पन्न होता है इस्से मैं जानती हूं कि पूर्वजन्म में भी मेरी इसकेसाथ मित्रता थी इस्से मैं आपहीजाकर इस्से मित्रता करतीहूं इसप्रकार विचारकरके कलिङ्गसेनाको भय न होय इसलिये सोमप्रभा आकाशसे अलक्षितहोकर उतरी और विश्वासकेलिये मनुष्यकी कन्याका स्वरूपधारणकरके धीरे २ कलिङ्गसेनाके पासगई उसेदेखकर कलिङ्गसेनाने यह शोचाकि यह कोई अत्यन्त अद्भुतरूपवती कन्यामेरेपासआई है इस्सेमित्रताकरना मुझेयोग्य है इसप्रकार शोचकर और उठकर कलिङ्गसेना ने सोमप्रभाको आलिङ्गनकरके आदरपूर्वक अपने पास बैठाया और उस्से पूछा कि तुम्हारा क्यानाम है और किस श्रेष्ठ कुलमें तुम्हारा जन्म है तब सोमप्रभाने कहा कि ठहरो मैं वर्णन करूंगी इसके उपरान्त कुछ कालतक वार्त्तालाप करके उनदोनों ने आपसमें हाथमारकर मित्रताकी ११० तदनन्तर सोमप्रभा बोली कि हे सखी तुमराजकन्या हो और राजपुत्रोंके साथमित्रता निबाहना बहुतकठिनहै क्योंकि वहथोड़ेही अपराधमें अत्यन्त कुपित होजाते हैं इसपरमें एकराजपुत्र और वणिक्पुत्रकी कथासुनातीहूं पुष्करावतीनाम नगरी में गूढसेननाम राजा

थी उसके एकहीपुत्रथा वहराजपुत्र अभिमानसे जो कुछ शुभाशुभ कार्य्य करताथा वहसब उसकापिता सहलेताथा एकसमय उपवनमें भ्रमणकरतेहुए राजपुत्रने ब्रह्मदत्तनाम वैश्यका अपने समानरूप और ऐश्वर्य्यवान् पुत्रदेखा देखतेही राजपुत्रने जाकर उस्से मित्रताकरली उनदोनोंमें ऐसी मित्रतावढ़ी कि वहदोनों एकरूपसे होगये परस्पर विनादेखे वहक्षणभर भी नहीं ठहरसक्ते थे ठीकहै (आशुबध्नातिहिप्रेम प्राग्जन्मान्तरसंस्तवः) पूर्व्व जन्मका संस्कार शीघ्रही प्रेमको दृढ़करदेताहै राजपुत्र उससुखको कभी नहीं भोगकरताथा जो उस वणिक्पुत्रके लिये पहलेसेही नहीं कल्पित कियाजाताथा एकसमय राजपुत्र अपने मित्र वणिक्पुत्रके विवाहका पहिलेहीसे निश्चयकरके अपने विवाहकेलिये अहिच्छत्र देशको जानेकेलिये अपने मित्रसमेत हाथीपरचढ़कर सबसेना सहितचला और सायंकालके समय इक्षुमती नदीके तीरपररहा वहाँ रात्रिकेसमय चांदनीमें मद्यपानकरके पलंगपरलेटा और अपनी उपमाताके कहने से कोई कथा कहनेलगा कथाके बीचहीमें श्रमसे और मदसे राजपुत्रको तो निद्राआगई और उसकी उपमाताभी सोगई परन्तु वहवणिक्पुत्रस्नेहसे जागतारहा उससमय आकाशमें स्त्रियों कीसी यह बातचीत उसवणिक्पुत्रको सुनाईदी कि यहपापी कथाको विनाकहे सोगया इस्से मैं इसे यहशाप देतीहूं कि प्रातःकाल इसे एकहार दिखाईदेगा यदि यह उसेलेलेगा तो उसके पहरतेही इसकी मृत्युहोजायगी यहकहकर जबएक चुपहुई तबदूसरी बोली कि जो इस्से यहबचजायगा तो मार्गमें एकआम्रका वृक्ष इसेदिखाईदेगा जो उसके फल यहखायगा तो इसकी मृत्युहोजायगी यहकहकर जबवह चुपहुई तब तीसरीबोली कि जो यह इस्से भी बचजायगा तो विवाहकेलिये यह जिसघरमें जायगा वहीघर इसके ऊपरगिरेगा और उसीसे इसकी मृत्युहोजायगी यहकहकर जबवह भी चुपहोगई तबचौथी बोली कि जो इस्से भी यहबचजायगा तो रात्रिके समय जबयह शयनके स्थानमें जायगा तबजातेही इसेसौबार सो छींकेंआवेंगी जो हरछींकमें कोई मनुष्य इस्से जीव २ नहींकहेगा तो इसकी मृत्युहोजायगी और जिसने हमलोगोंकी यहबातचीत सुनीहोगी वह जो कदाचित् इसके बचानेके लिये इस्से कहेगा तो उसकी भी मृत्युहोजायगी यहकहकर वह भी चुपहोगई १३१ इससंपूर्ण दुखदायी वार्त्तालापको सुन कर वहवणिक्पुत्र राजपुत्रके स्नेहसे व्याकुलहोकर शोचनेलगा कि बड़े खेदकाविषय है कि प्रारंभकी हुई कथाको अलक्षित होकर देवतालोग भी सुनते हैं जो उसे पूरी न करो तो वहशाप देजातेहैं अच्छा होयसोहोय इस्से क्यालाभहै अबइस राजपुत्रके मरजानेपर मेराजीना भी व्यर्थहोजायगा इस्से प्राणोंके समान प्रिय इसमित्रकी युक्तिपूर्व्वक रक्षाकरनी चाहिये और यह वृत्तान्त भी उस्से नहीं कहनाचाहिये क्योंकि कहनेसे मुझे दोषहोगा इसप्रकार शोचकर बड़े खेदसे उसने वहरात्रि व्यतीतकी प्रातःकाल वहाँसे चलकर राजपुत्रने एकहार मार्गमें पड़ाहुआदेखा और उसके लेनेकी इच्छाकी तबवणिक्के पुत्रनेकहा कि हे मित्र यहहारमतलो यहहारनहीं है मायाहै नहींतो सैनिकलोग इसे क्यों नहीं देखते अपने मित्रके यहवचनसुनकर उसे छोड़कर राजपुत्रने आगेचलकर एक आम्रका वृक्षदेखा और उसके फलखानेकी इच्छाकरी तब फिर वैश्यपुत्रने उसीप्रकारसे वहाँभी निषेधकरदिया इसके उपरान्त धीरे २

राजपुत्र अपने श्वशुरके यहाँ पहुंचा वहाँ जबविवाहके निमित्त घरमें जानेलगा तबवणिक्पुत्रने द्वारही से उसेरोका और उसीसमय वहघर गिरपड़ा इसप्रकार इनआपत्तियोंसे बचकर राजपुत्र रात्रिके समय वणिक्पुत्रकी उनबातोंमेंकुछ आश्चर्यपूर्वक विश्वास करताहुआ अपनी स्त्री समेत शयन स्थानमें गया वहाँ वणिक्पुत्र पहलेहीसे जाकर पलंगकेनीचे छिपकर बैठरहाथा वहांजाकर पलंगपर बैठतेही राजपुत्र को सौवार छींकेंआईं और प्रतिवार नीचेसे वणिक्पुत्रने धीरे २ जीव २ यहशब्दकहा फिर छिपाहुआ ही प्रसन्नहोकर वहाँसे निकलनेलगा निकलते समय उसे राजपुत्रने देखकर ईर्षासे उसके स्नेहको भूलकर कुपितहोके द्वारपालोंसे कहा कि यहपापी यहाँ एकान्तमें भी मेरे रणवासमें चलाआया इस्से इसे बाँधकर रक्खो प्रातःकाल इसे फांसीदीजायगी राजपुत्रके वचनसुनकर रक्षकोंने उसे रात्रिभर बाँध रक्खा और प्रातःकाल वध्यस्थानको लेचले उससमय वणिक्पुत्रने उनसेकहा कि पहले मुझेराजपुत्रके पासलेचलो क्योंकि मुझे उस्से कुछकहनाहै पीछे मेरावधकरना उसके यहवचनसुनकर उनलोगोंने राजासेजाकर यहीविज्ञापनाकी तबराजपुत्रने मंत्रियोंके कहनेसे उसे अपनेपास बुलवाया वहाँ आकर वणिक्पुत्रने राजपुत्रसे वहसंपूर्ण वृत्तान्त जो रात्रिके समय दिव्यस्त्रियोंसे सुनाथा कहदिया यह राजपुत्रने घरगिरनेके विश्वास से वहसबबातें निश्चयमानलीं और वधसे उसेछुड़ाकर अत्यन्त प्रसन्नहोकर उसीकेसाथ अपनी स्त्री समेत अपनी पुरीमेंआया और वहाँ आकर अपने मित्र वणिक्पुत्रका भी विवाहकरवाया विवाहके उपरान्त मार्गकी वातोंको सुनकर संपूर्ण लोगों से प्रशंसाकियागया वणिक्पुत्र सुखपूर्व्वक रहनेलगा हे सखी इसप्रकार उच्छृंखल (जंजीरसेछुटा और उद्दंड) होकर अपने नियन्ता (शिक्षक और महावत) को भी मारनेवाले उन्मत्तहाथीके समान राजपुत्र हितको नहीं मानते हैं और वेतालके समान हंसकर भी प्राणलेतेहैं ऐसेराजपुत्रोंसे मित्रता क्या करनीचाहिये इस्से हे राजपुत्री मेरी मित्रतामें कभी भेद न करना १५३ सोमप्रभाके मुखसे इसकथाको सुनकर कलिंगसेना स्नेहपूर्व्वक उस्से बोली कि मेरी बुद्धिसे तो ऐसेस्वभाववाले राजपुत्रनहीं हैं पिशाच हैं इसविषयमें मैं तुमको दुर्ग्रहनाम पिशाचकी कथा सुनातीहूं यज्ञस्थलनाम किसीग्राममें एकदरिद्री ब्राह्मणरहता था वह एकसमय बनमें काष्ठ लेनेको गया वहाँ कुठारसे कटाहुआ एककाष्ठ भाग्यवशसे उसकी जंघामें घुसगया उसके लगने से वह मूर्च्छितहोकर गिरपड़ा और जंघासे रुधिर वहनेलगा उस समय किसी पुरुषने उसे पहचानकर घर पहुंचादिया वहां उसकी स्त्रीने पतिकी यह दशादेखकर रुधिरधोकर उसकी जंघा में पट्टी बांधदी इसके उपरान्त प्रतिदिन औषध करने पर भी वहघावपूरातो नहीं हुआ परन्तु नासूरहोगया उससे अत्यन्त दुखी होके वह ब्राह्मण मरने के लिये उद्यतहुआ उससमय उसके किसी मित्र ब्राह्मणने उस्से एकान्तमें जाकर कहा कि मेरामित्र यज्ञदत्तनाम ब्राह्मण बड़ादरिद्री था पिशाचका साधन करने से उसको बहुतसाधन प्राप्तहुआ और अबवह सुखपूर्व्वक रहताहै उसने वह पिशाचसाधन मुझे भी बता दियाहै इस्से हेमित्र तुमभी पिशाचसिद्धकरो वहतुम्हारे इसघाव और नासूरको अच्छाकरदेगा यहकहकर और मंत्र बताकर उसने यह विधिभी बताई किरात्रिके पिछले पहर में उठकर बालोंको खोलकर न-

ग्न होके आचमन विनाकिये दोमुट्टियोंमें जितने चांवलआसकें उतने चांवललेकर मन्त्रको जपतेहुये तुमचौराहेपरजाना वहां दोनों मुट्ठी चांवलरखकर मौनहोकर चलेआना और पीछेफिरकर न देखना जबतक पिशाच प्रकट होकर यह न कहे कि मैं तुम्हारे रोगको खोदूंगा तबतकप्रतिदिन इसीरीतिकोकरे चलेजाना इसप्रकारसे पिशाच सिद्धहोकर तुम्हारे रोगको दूरकरदेगा अपने मित्रके यह वचन सुनकर उस ब्राह्मणने उसीरीतिपर किया तब पिशाचने सिद्धहोकर हिमाचलसे औषधीलाकर उसका नासूर खोदिया नासूरके अच्छे होजानेसे प्रसन्नहुए उस ब्राह्मणसे वह पिशाच बोला कि हेब्राह्मण मुझे कोई दूसराघाव और बताओ जिसको मैं पूराकरूं नहींतो मैं तुम्हारेलिये कोई अनर्थकरदूंगा या तुम्हारे शरीर कोहीनष्ट करदूंगा यह सुनकर ब्राह्मण भयभीतहोके अपनेको बचाने के लिये बोलाकि सातदिनके उपरान्त मैं तुमको दूसरा घावबतलाऊंगा तबपिशाच चलागया और वह ब्राह्मण अपने जीवनसे निराशहोगया इतनी कथा कहकर कलिंगसेना असभ्यवचनों के कहने की लज्जासे निवृत्त होकर सोमप्रभा के कहने से फिरबोली कि इसके उपरान्त उस ब्राह्मण की एकचतुर विधवापुत्री अपनेपिताको खिन्नदेखकर बोली कि आप क्यों उदासीनहो तबउसने उससे संपूर्ण वृत्तान्तकहदिया तब कन्याने व्रण के न मिलने से अपने पिताको खिन्नजानकर कहा कि मैं उस पिशाच को छललूंगी तुम उससे जाकरकहो कि मेरी पुत्री के नासूरहै उसे पूराकरो पुत्रीके वचन सुनकर ब्राह्मण प्रसन्नहोकर पिशाचके पासगया और उसको अपनी पुत्रीके पासलेआया तब लड़की ने पिशाचको एकान्तमें अपनी योनि दिखाकरकहाकि इसमेरेघावको तुमपूराकरो उसकेवचन सुनकर वहमूर्खपिशाच अनेक प्रकारके लेप और वत्तीआदि उसकी योनि में लगाने लगा परन्तुउसे पूर्ण न करसका कुछदिनोंके पीछे खिन्नहोकर पिशाच उस ब्राह्मणकी पुत्री की जंघा अपने कन्धोंपर रखकर उसकीयोनि को देखने लगा कि यहव्रण क्यों नहींपूर्णहोताहै उससमय कुछ नीचेदृष्टि पड़ने से उसेगुदा का छिद्रदिखाईदिया उसेदेखकर वह घबरा कर शोचनेलगा कि एकव्रण को तो पूराही नहीं करचुकाहूं दूसरा और उत्पन्नहोगया यह कहावतठीकहै कि ( छिद्रेष्वनर्थाबहुलीभवन्ति ) छिद्रोंमें अनर्थ बहुत होतेहैं ( प्रभवन्तियतोलोकाःप्रलयंयान्तियेनच। संसारवर्त्मविवृतंकःपिधातुंतदीश्वरः ) जिस्से संपूर्ण लोग उत्पन्न होते हैं और जिसके द्वारा नाशकोप्राप्तहोतेहैं उसखुलेहुएसंसारके मार्गको कौन ढकसक्ताहै यह शोचकर उसेयहभयहुआ कि घाव तो नहीं अच्छाहुआ अबमुझको यहीं बन्धनमें पड़नापड़ेगा इसभयसे वहमूर्ख पिशाच वहांसे भागगया इसप्रकारसे उसमूर्खपिशाचको छलकरके ब्राह्मणकी पुत्रीने अपने पिताकी रक्षाकरी और ब्राह्मणभी पिशाचके चलेजाने पर नीरोगहोकर सुखपूर्व्वक रहनेलगा १८४ इसप्रकारके पिशाच और पिशाचोंकेतुल्य नवयुवक राजपुत्र होतेहैं वह सिद्धहोकर भी अनर्थही करतेहैं परबुद्धिमान् लोग उनसेभी अपनी रक्षा करते हैं परन्तु हेसखी कुलीन राजपुत्री तो तुमने ऐसी कभी न देखी होंगी और न सुनीहोंगी इस्से तुम मेरी मित्रतामें कभी सन्देह मतकरो इसप्रकार कलिंगसेनासे हास्यकारी इस विचित्र कथाको सुनकर सोमप्रभा प्रसन्नहोकर बोली कि यहां से साठयोजन मेरा घरहै दिनथोड़ाही रहगयाहै और मुझे आये

बहुत देरहोचुकी इस्से मैं जातीहूं तब सूर्य्य के अस्तहोनेपर फ़िर अनेक नियम कराने वाली कलिंग-सेनासेपूछकर सोमप्रभा आकाशमें उड़कर अपने स्थानको चली गई इसआश्चर्य्यको देखकर कलिंग-सेना अपने चित्तमें अनेक प्रकारके तर्क वितर्ककरके शोचने लगी कि क्या यह मेरीसखी सिद्धाङ्गना है अथवा अप्सराहै या विद्याधरीहै आकाशमार्गमें उड़नेसे इसके दिव्य स्त्री होनेमें तो कुछ संदेहनहीं है और दिव्यस्त्रियां भी स्नेहके वशीभूत होकर मानुषी स्त्रियों से संगत करती हैं देखो अरुन्धती ने राजापृथुकी कन्यासे स्नेहकियाथा उन्हीं की प्रीतिसे पृथुस्वर्ग से सुरभीगऊको लायेथे उसके दूधको पी-कर राजापृथु भ्रष्टहोकर भी स्वर्ग को गये और तभीसे इसपृथ्वीमें अनेक गौउत्पन्नहुई मैंधन्यहूं क्योंकि किसीपुण्यके उदयसेयह दिव्यसखी मुझको मिलीहै प्रातःकाल जबवह आवेगी तबउससेनाम और वंश अवश्यपूछूंगी इसप्रकार अपने हृदयमें विचारतीहुई कलिंगसेनाने वहरात्रि व्यतीतकरी और सोमप्रभा ने भी अपने स्थानमें जाके कलिंगसेना के फिर दर्शनों की उत्कण्ठा से वहरात्रि व्यतीत करी—१६३॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांमदनमंचुकालम्बकेद्वितीयस्तरंगः २॥

इसके उपरान्त प्रातःकाल सोमप्रभा कलिंगसेनाको प्रसन्नकरनेके लिये एकपिटारीमें काष्ठमयअनेक मायाके यन्त्रों की पुतली रखकर उसपिटारीको लेकर आकाशमार्ग से फिर कलिंगसेनाके पास आई कलिंगसेना भी उसे देखतेही आनन्दके अश्रुओं को बहातीहुई उठकर उसके कंठमें लिपटगई और उसे अपने पास बैठाकरबोली कि हे सखी तुम्हारे मुखरूपी पूर्णचन्द्रके दर्शनके विना आज अन्धकार मय यह चारप्रहर रात्रि सैकड़ों प्रहरके समान होगई इस्से तुम्हारे साथ मेरा पूर्व्व जन्मका कैसा सम्बन्ध है जिसका कि यहपरिणामहुआहै जो तुम जानतीहो तो कहो यहसुनकर सोमप्रभाबोली कि हेसखी मुझे ऐसा विज्ञान नहीं है मुझे तो अपनेही पूर्वजन्मकाभी स्मरणनहीं है इसविषयको तो मुनिलोगभी नहीं जानतेहैं और जो कोई २ जानतेहैं उन्होंने पूर्व जन्ममें कोई अत्यन्तउत्तमकर्म किये हैं और वह परतत्त्व कोभी जानते हैं उसके यहवचन सुनकर कलिङ्गसेना एकान्तमें प्रेमपूर्व्वक उस्से बोली कि हेसखी तुमने देवताओंकी किसजातिमेंसे अपने पिताके वंश को अपने जन्मसे सुवृत्त(गोलऔर अच्छे आचरणवाली) मोतीकेसमान सुशोभित कियाहै और संसारमें मनुष्योंके कानोंकासुखदाई तुम्हारानाम क्या है और यह पिटारी तुम किसलिये लाईहो और इसमें क्या है कलिंगसेनाके इन प्रेमपूर्ण वचनोंको सुनकर सोमप्रभा क्रमसे सबबातोंका उत्तर कहनेलगी कि तीनोंलोकों में मयनामदैत्य विख्यातहै जो अपने आसुरीभावको छोड़कर श्रीकृष्ण भगवान्की शरणमेंगया फिर श्रीकृष्णजी से अभयपाकर उसने इन्द्रकी सभाबनाई तब दैत्योंने उसेदेवताओं का पक्षीजानकर उसपर अत्यन्त क्रोधकिया उनकेभयसे उसनेविन्ध्याचलके भीतर अनेकप्रकारके आश्चर्य्यों से युक्त एकमन्दिर अपने निवासकेलिये मायाके छिद्रों से युक्तकरकेबनाया उसमें दैत्यलोगनहीं जासक्ते हैं उस मयदैत्यकी दोकन्याहैं बड़ी स्वयंप्रभानाम कन्या ब्रह्मचारिणी है इस्से वह कुमारी ही अपने पिताके गृहमें रहती है और छोटी सोमप्रभानाम में हूं पिताने कुवेरके पुत्र नलकूवर के साथ मेराविवाह करदियाहै और मुझे अनेक प्रकारके मायाके यन्त्र सिखाये हैं उन्हीं यन्त्रों से भरी

हुई यह पिटारी मैं स्नेहसे तुम्हारे पासलाई हूं १७ यह कहकर सोमप्रभाने काष्ठसे बनीहुई माया के यन्त्रों की पुतलियां उसे दिखाईं कीलकेदबाने से ही कोई पुतली आकाशमें जाकर सोमप्रभाकी आज्ञासे पुष्पों की माल लेआई कोईपानी लेआई कोई नाचनेलगी और कोई बातचीत करनेलगी इत्यादिक आश्चर्यों से कुछ कालतक कलिंगसेनाको प्रसन्न करके सोमप्रभाने यन्त्रोंकी पिटारी बन्दकरके छिपाकर रखदीनी और कलिंगसेनासे पूछकर आकाशमार्गसे अपने स्थानको चलीगई कलिंगसेनाको उनआश्चर्यकारी यन्त्रोंके देखनेसे ऐसी प्रसन्नताहुई कि उसदिन उसने खुशीकेमारे भोजनभी नहींकिया तबउसकी माता ने रोगकेभयसे आनन्दनाम वैद्यको बुलाकर उसेदिखाया तो वैद्यने उसेदेखकरकहा कि इसके प्रफुल्लित नेत्र और मानों हँसतेहुए मुखसे मालूमहोताहै कि किसीकारणसे इसको बड़ा हर्षहुआहै इसीसे इसको भूखनहीं लगी है इसेकोई रोगनहीं है वैद्यके यहवचनसुनकर रानीके पूछनेपर कलिंगसेनाने वह संपूर्ण वृत्तान्त कहदिया उसे श्रेष्ठ सखीके मिलने से अपनी कन्याको प्रसन्न जानकर रानीने बड़ी प्रशंसाकरके उसको उचित भोजन करवाया २७ इसके उपरान्त दूसरेदिन आकर एकान्तमें सोमप्रभाने कलिंगसेना से कहा कि मैंने अपने ज्ञानीपतिसे तुम्हारी मित्रताका वृत्तान्त कहदियाहै और उससे तुम्हारेपास नित्य आनेकी आज्ञा लेलीनीहै इस्से तुमभी अपने मातापितासे यहवृत्तान्त कहकर उनकी आज्ञालेलो तो हम तुम दोनों स्वच्छन्दहोकर निस्सन्देह विहारकरें सोमप्रभाके यहवचनसुनकर कलिंगसेना उसका हाथप-कड़कर अपने मातापिताके पासलेगई औरउनसे जाकरबोली कि यही मेरीसखी सोमप्रभाहै उसे देखकर वह दोनों बहुत प्रसन्नहोकर बोले कि हे वत्से इस कलिंगसेनाको हमने तुम्हारे हाथसौंपाहै इसेलेकर तुम स्वच्छन्दहोकर क्रीड़ाकरो उनके यहवचनसुनकर कलिंगसेना और सोमप्रभा दोनों उसयन्त्रकी पिटारी को लेकर राजाके बनवायेहुए बुद्धके मंदिरमें क्रीड़ाकरनेको गईं वहाँ जाकर सोमप्रभाने एकयन्त्रके यक्षको बुद्धके पूजनकेलिये भेजा उसयक्षने आकाशमार्गसे बहुत दूरजाकर उत्तम मोती मणितथा सु-वर्णके कमललाकर बुद्धका पूजनकिया औरउनमणियोंसे संपूर्ण मन्दिर देदीप्यमानहोगया यहवृत्तान्त राजा कलिंगदत्तने भी सुना और रानी समेत वहाँ आकरदेखा उसविचित्र चमत्कारको देखकर राजाने सोमप्रभासे पूछा कि यहक्या बातहै तबसोमप्रभा बोली कि हे राजा यह अनेक प्रकारके माया यन्त्रादिक शिल्प (कारीगरी) पूर्व समयमें मेरेपिताने बनाये थे जैसे यहसंपूर्ण संसाररूपी यन्त्र पंचभूतात्मकहै इसीप्रकार यहसब यंत्रभी पंचभूतात्मकहैं सुनिये मैं आपको अलग २ बतातीहूं जिसयन्त्रमें पृथ्वी तत्त्व प्रधानहै वहद्वारआदि बन्दकरताहै और उसकेबन्दकियेहुए द्वारआदिको कोईभीनहीं खोलसक्ताहै जिस यन्त्रमें जलतत्त्व प्रधानहै वहसजीवसा मालूमहोताहै जिसयन्त्रमें अग्नितत्त्वप्रधानहै उसमेंसे ज्वाला नि-कलतीहै जिसमें वायुप्रधानहै वहगमनागमन आदिकचेष्टा करताहै और जिसमेंआकाशतत्त्व प्रधानहै वहबोलता चालताहै मैंने यहसम्पूर्ण यन्त्र अपने पितासेपाये हैं परन्तु जोअमृत का रक्षकचक्रयन्त्रहै उसे मेरे पिताही जानते हैं और कोई नहीं जानता २७ उसके इसप्रकार कहतेही कहते मानों उस के वचनपर श्रद्धा करतेहुए मध्याह्न समय के सूचक शंखबजनेलगे तब सोमप्रभाने राजा कलिंगदत्त से

बहुत देरहोचुकी इससे मैं जातीहूं तब सूर्य्य के अस्तहोनेपर फिर अनेक नियम कराने वाली कलिंग-सेनासेपूछकर सोमप्रभा आकाशमें उड़कर अपने स्थानको चली गई इसआश्चर्य्यको देखकर कलिंग-सेना अपने चित्तमें अनेक प्रकारके तर्क वितर्ककरके शोचने लगी कि क्या यह मेरीसखी सिद्धाङ्गना है अथवा अप्सराहै या विद्याधरीहै आकाशमार्गमें उड़नेसे इसके दिव्य स्त्री होनेमें तो कुछ संदेहनहीं है और दिव्यस्त्रियां भी स्नेहके वशीभूत होकर मानुषी स्त्रियों से संगत करती हैं देखो अरुन्धती ने राजापृथुकी कन्यासे स्नेहकियाथा उन्हीं की प्रीतिसे पृथुस्वर्ग से सुरभीगऊको लायेथे उसके दूधको पीकर राजापृथु भ्रष्टहोकर भी स्वर्ग को गये और तभीसे इसपृथ्वीमें अनेक गौउत्पन्नहुई मैंधन्यहूं क्योंकि किसीपुण्यके उदयसेयह दिव्यसखी मुझको मिलीहै प्रातःकाल जबवह आवेगी तबउससेनाम और वंश अवश्यपूछूंगी इसप्रकार अपने हृदयमें विचारतीहुई कलिंगसेनाने वहरात्रि व्यतीतकरी और सोमप्रभा ने भी अपने स्थानमें जाके कलिंगसेना के फिर दर्शनों की उत्कण्ठा से वहरात्रि व्यतीत करी–१६३॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांमदनमंचुकालम्बकेद्वितीयस्तरंगः २॥

इसके उपरान्त प्रातःकाल सोमप्रभा कलिंगसेनाको प्रसन्नकरनेके लिये एकपिटारीमें काष्ठमयअनेक मायाके यन्त्रों की पुतली रखकर उसपिटारीको लेकर आकाशमार्ग से फिर कलिंगसेनाके पास आई कलिंगसेना भीउसे देखतेही आनन्दके अश्रुओं को बहातीहुई उठकर उसके कंठमें लिपटगई और उसे अपने पास बैठाकरबोली कि हे सखी तुम्हारे मुखरूपी पूर्णचन्द्रके दर्शनके विना आज अन्धकार मय यह चारप्रहर रात्रि सैकड़ों प्रहरके समान होगई इससे तुम्हारे साथ मेरा पूर्व्व जन्मका कैसा सम्बन्ध है जिसका कि यहपरिणामहुआहै जो तुम जानतीहो तो कहो यहसुनकर सोमप्रभाबोली कि हेसखी मुझे ऐसा विज्ञान नहीं है मुझे तो अपनेही पूर्वजन्मकाभी स्मरणनहीं है इसविषयको तो मुनिलोगभी नहीं जानतेहैं और जो कोई २ जानतेहैं उन्होंने पूर्व जन्ममें कोई अत्यन्तउत्तमकर्म किये हैं और वह परतत्त्व कोभी जानते हैं उसके यहवचन सुनकर कलिङ्गसेना एकान्तमें प्रेमपूर्व्वक उससे बोली कि हेसखी तुमने देवताओंकी किस जातिमेंसे अपने पिताके वंश को अपने जन्मसे सुवृत्त(गोलऔर अच्छे आचरणवाली) मोतीकेसमान सुशोभित कियाहै और संसारमें मनुष्योंके कानोंकासुखदाई तुम्हारानाम क्या है और यह पिटारी तुम किसलिये लाईहो और इसमें क्या है कलिंगसेनाके इन प्रेमपूर्ण वचनोंको सुनकर सोमप्रभा क्रमसे सबबातोंका उत्तर कहनेलगी कि तीनोंलोकों में मयनामदैत्य विख्यातहै जो अपने आसुरीभावको छोड़कर श्रीकृष्ण भगवान्की शरणमेंगया फिर श्रीकृष्णजी से अभयपाकर उसने इन्द्रकी सभाबनाई तब दैत्योंने उसेदेवताओं का पक्षीजानकर उसपर अत्यन्त क्रोधकिया उनकेभयसे उसनेविन्ध्याचलके भीतर अनेकप्रकारके आश्चर्य्यों से युक्त एकमन्दिर अपने निवासकेलिये मायाके छिद्रों से युक्तकरकेबनाया उसमें दैत्यलोगनहीं जासक्ते हैं उस मयदैत्यकी दोकन्याहैं बड़ी स्वयंप्रभानाम कन्या ब्रह्मचारिणी है इससे वह कुमारी ही अपने पिताके गृहमें रहती है और छोटी सोमप्रभानाम मैं हूं पिताने कुबेरके पुत्र नलकूबर के साथ मेराविवाह करदियाहै और मुझे अनेक प्रकारके मायाके यन्त्र सिखाये हैं उन्हीं यन्त्रों से भरी

हि कुटिलश्वश्रू परतन्त्रवधूस्थितिः) कुटिलसासों के आधीन होकर सज्जन वधुओं का रहना बड़ा कष्ट-दायकहै एकसमय देवसेनवाणिज्यकेलिये बन्धुओंके कहनेसे वलभीपुरीके जानेकोउद्युक्तहुआ तबकीर्त्ति-सेनाउससेबोली कि हेआर्य्यपुत्र अबतकमैंने तुमसे कुछनहीं कहाथा परन्तु अबकहनापड़ता है तुम्हारी यहमाता मुझे तुम्हारे होनेपरभी अत्यन्त त्रासदेतीहै और तुम्हारे चलेजानेपर न जानिये क्याकरेगी सो मैं नहीं जानतीहूं यहसुनकर उसकेस्नेहसे घबराकर देवसेन डरताहुआ अपनीमाताके पासप्रणाम करके बोला कि हे अम्ब मैं इसकीर्त्तिसेनाको तुम्हेंसौंपे जाताहूं इससेतुम्हें कठोरताकरनी नहीं उचितहै क्योंकि यहसत्कुलमें उत्पन्नहुई इससे इसका सरलस्वभाव है यहसुनकर उसकी माता कीर्त्तिसेनाको बुलाकर त्यौरीबदलकर देवसेनसेबोली कि इससे पूछो तो मैंने क्याकियाहै यहघरमें भेदडालने के लिये तुमको बहकाती है हेपुत्रमुझे तो तुमदोनों समानहीहो यहसुनकर देवसेनका चित्तसावधान होगया ठीकहै (व्याजसप्रणयैर्वाक्यै र्जनन्याकोनवंच्यते) अपनी माताके कपटभरे प्रेमके वचनोंमें कौननहीं फँसता है २ कीर्त्तिसेनाभी उसके भयसे चकित होकर चुपखड़ीरही उसके दूसरेदिन देवसेन तो वलभीपुरीको चला गया और पतिके क्लेशसेव्याकुल उस कीर्त्तिसेनाके पास जोदासी नौकरथीं वहसब उसकी सास ने धीरे २ छुड़ादीं और एकदिन उसने अपनीदासीसे सलाहकरके कलिंगसेना को भीतर बुला कर नंगीकरके लातों से दांतोंसे और नखों से बड़ी ताड़नाकरी और कहा कि हेदुष्टे तूमेरे पुत्रको भड़काती है फिरएकतहखानेमें से सब असबाब निकलवाकर उसखाली तहखाने में उसेबन्दकरके जंजीर लगादी और प्रतिदिन सायंकालके समय वह पापिनी उसको आधासकोराभर भातदेने लगी तदनन्तर उस ने शोचा कि इससमय इसका पतितो बहुत दूरहै जो यहइसीमें पड़े २ मरजाय तो इसको फिकवाकर लोगोंसे कहदूंगी कि वह निकलगई इसप्रकार पापिनी साससे तहखानेमें डाली गई सुखके योग्य कीर्त्तिसेना रोदनकरके शोचने लगी कि धनवान् पति सत्कुलमें जन्म सौभाग्य और अच्छे आचरण इनसब सुलक्षणों के होनेपरभी सासकी कृपा से मुझे यह विपत्ति भोगनी पड़ी है इसीसे बांधव लोग कन्याके जन्म की निन्दा करतेहैं सास औरननंदोंके आधीनहोकर कन्याओंको अनेक प्रकारके दुःख भोगने पड़तेहैं इसप्रकार शोचतीहुई कीर्त्तिसेनाको अकस्मात् उसी तहखाने में एककुदाली मिलगई वह कुदाली क्याथी मानों ब्रह्माने उसके चित्तसे दुःख रूपीशल्य निकालकर बाहरडाल दियाथा उसी कुदाली से उसने सुरंग खोदी वह सुरंग भाग्यवश से उसीके निवासस्थान में जा निकली वहां उसके पूर्व जन्म के पुण्यके समान दीपक का प्रकाश होरहाथा उस समय थोड़ीहीसी रात्रिबाकी रही थी इससे कीर्त्तिसेना थोड़ेसे वस्त्र और सुवर्ण वहांसे लेकर छिपकर नगरके बाहर चलीगई वहांजाके उसने शोचा कि इसप्रकारसे मुझे अपने पिताके यहांजाना तो उचित नहीं है क्योंकि वहांजाकरमैंक्याकहूंगी और लोग मुझपर कैसे विश्वासकरेंगे इससेअपनी युक्तिपूर्व्वक मुझको अपने पतिकेही पासजानाउचितहै क्योंकि (इहामुत्रचसाध्वीनांपतिरेकागतिर्यतः) साध्वीस्त्रियों को इसलोक और परलोकमें पतिके सिवाय और कोई गतिनहींहै यह शोचकर उसने तड़ाग में स्नानकरके अपना भेषराजपुत्र का बनाया और बाज़ा-

कलिंगसेनाको अपने घरलेजानेके लिये आज्ञामांगी और कहा कि मैं इसको वहां इसके योग्यही भोजनदूंगी राजाने उसके वचनसुनकर कलिंगसेना के लेजानेकी आज्ञादेदी तब सोमप्रभा कलिंगसेना को यन्त्रसेवनेहुए विमानपर चढ़ाके आकाशमार्ग से अपनी बड़ी वहिनके घरकोचली और क्षणभरमें विन्ध्याचल पर्व्वतपर मयासुरके मन्दिरमें स्वयंप्रभाके निकट पहुँची वहां कलिंगसेनाने लम्बी २ जटा जिसके लटकरही हैं लंबी मालाधारण किये श्वेत वस्त्रपहने हँसतीहुई उग्रतपको करनेवाली पार्वतीजी के समान जिसकी आकृतिहै ऐसी ब्रह्मचारिणी स्वयंप्रभाको देखा स्वयंप्रभाने भी सोमप्रभाके कहनेसे प्रणाम करतीहुई कलिंगसेनाको अतिथिसत्कारकरके फलभोजनकरनेकेलिये दिये उससमय सोमप्रभा ने कलिंगसेनासे कहा कि हे सखीपद्मोंके नाशकरनेवाले पालेके समान तुम्हारे स्वरूपको नाशकर ने वाली वृद्धावस्था इनफलोंके खाने से तुमको नहींआवेगी इसीलिये तुमको मैं स्नेहसे यहां लाईथी उस के यहवचन सुनकर कलिंगसेनाने वह फलखाये और उसीसमय उसके सम्पूर्ण अंगों में मानों अमृत सा सिंचगया वहां कौतुकसे भ्रमण करतीहुई कलिंगसेनाने उस नगरका उपवनदेखा उसकी वावड़ियोंमें सुवर्णके कमल खिलरहेथे वहांके वृक्षोंमें अमृतकेसमान स्वादिष्टफल लटकरहेथे उनपर अनेक २ प्रकारके सुवर्णमय पक्षी बैठेथे दूरसे उनवृक्षोंके देखनेसे मणिमय खंभोंकी भ्रान्तिहोतीथी और शून्यस्थानमें दीवारकीभ्रान्ति होतीथी और जहांदीवारबनीथी वहांशून्यकी भ्रान्तिहोतीथी जलमेंस्थलकी और स्थलमें जलकी भ्रान्तिहोतीथी वह उपवनक्याथा मानों मयासुरने अपनीमायासे कोई अपूर्व्वलोक बनायाथा पूर्व्वसमयमें सीताको ढूंढ़नेको जबवानरलोग उसमें चलेगयेथे तबवह बहुतदिनोंतक उसीमें पड़े २ स्वयंप्रभाकी कृपासे बाहरनिकले इसप्रकारके आश्चर्य्यदायी उसउपवन और पुरको अच्छेप्रकार से देखकर और स्वयंप्रभासे आज्ञालेकर बृद्धावस्थाके भयसेरहित कलिंग सेना सोमप्रभाके साथ उसी विमानपर चढ़के आकाशमार्गसे अपनेस्थानको आई और वहांआकर अपने मातापितासे वहांकासंपूर्ण वृत्तान्तकहा वहभीसुनकर बहुतप्रसन्नहुये ६४ इसप्रकार उनदोनों सखियों के कुछदिन स्नेहपूर्वक व्यतीतहोनेपर एकदिन सोमप्रभा कलिंगसेनासे बोली कि हेसखी जबतक तुम्हारा विवाह नहींहुआ है तभीतक मेरीमित्रताहै पीछे तुम्हारेपतिकेयहां मैं कैसेआसकूंगी क्योंकि अपनीसखीके पतिको न देखना उचितहै और न उसकेयहां जानाउचित है (अवेर्वृकीवस्तुपायाः स्वस्नूर्मांसानिखादति) जैसे भेड़ीके मांसको भेड़ियेकी भिड़नीखाती है उसीप्रकार वधूकेमांसको दुष्टसासखातीहै इससे औरभी तुम्हारे यहां मेराआना उचित न होगा इस विषयमें तुमको मैं एककथा सुनातीहूं पाटलिपुत्रनाम पुरमें धनपालित नाम एक बड़ाधनी वणियारहता था उसके कीर्त्तिसेनानाम अत्यन्तरूपवती प्राणोंसे भी अधिकप्यारी कन्याथी उसने उसकन्याका विवाह मगधदेशकेनिवासी देवसेननाम महाधनवान् वणियेकेसाथ किया उस सज्जनदेवसेनके यहां उसकी दुष्टमाता गृहकी स्वामिनीथी क्योंकि उसका पिता मरगयाथा वह अपनी वधूकीर्त्तिसेनाको अपनेपुत्रको प्यारीदेखकर क्रोधसे अत्यन्त जाज्वल्यहोतीथी और पुत्रकेपरोक्षमें उसे बहुतत्रास दियाकरतीथी परन्तुकीर्त्तिसेना अपनेपतिसे कुछभी नहींकहतीथी ठीक है (कष्टा-

-था उस फिर तपस्वी के अन्तर्द्धान होजानेपर मानों अमृतसे तृप्त हुई क्षुधा और तृषासे रहित वह धीमि-
[illegible]
[illegible]
कीर्त्तिसेना किसी बड़े वृक्षकी जड़ के गृहके समान खोलमें चली गई और उसका द्वार किसी दूसरे काठ
से बन्द करलिया सायंकालके समय उसने छिद्रोंमें से देखा कि एक बड़ी भयंकर राक्षसी अपने बालकों
को लिये चली आती है यह देखकर इसको बड़ा भय हुआ कि अन्य विपत्तियोंसे तो मैं बचआई हूं परन्तु
यह राक्षसी आज मुझे खाडालेगी उस राक्षसी को जो यह वृत्तान्त विदित ही न था इस हेतुसे वह अपने
बालकों समेत वृक्षपर चढ़गई उस समय उसके बालकोंने अपनी माता राक्षसीसे कहा कि हे माता कुछ
भोजन दो तब वह बोली कि आज मुझे श्मशानमें भी जाकर कुछ भोजन नहीं मिला और डाकिनियों
से भी मैंने मांगा परन्तु उन्होंने भी मुझे भाग नहीं दिया इसी खेदसे मैंने भैरवनाथजी से प्रार्थना की तब
उन्होंने मुझसे नाम तथा वंशको पूछकर बोले कि भयंकरी तू खरदूषणके वंशमें उत्पन्न होने के कारण बड़ी
कुलीन है इससे यहाँसे थोड़ीदूर पर वसुदत्तपुर नाम नगरमें तू जा वहाँ वसुदत्त नाम बड़ा धर्मवान् राजा
है वही इस संपूर्ण वनकी रक्षा करता है और पथिकोंसे थोड़ासा कर लेकर चोरोंसे उनकी रक्षा करता है
एक समय वह राजा वनमें शिकार खेलनेके लिये आया और शिकार खेलकर थकके यहीं सोगया
उस समय एक कनखजूरा उसके कानमें चलागया परन्तु उसे नहीं मालूम हुआ और कानके भीतर
जाकर उस कनखजूरेने बहुतसे बच्चे दिये हैं इस रोगसे राजा वसुदत्त अत्यन्त दुर्बल होगया है वैद्यलोग
उसके इस रोगको नहीं जानसके हैं जो दूसरा भी कोई न जानेगा तो कुछ कालमें राजा भी मृत्युहो-
जायगी [illegible]
तुम्हारी [illegible]
करूं दस राक्षसी के यह वचन सुनकर वह बोले कि हे माता जो इस रोगको जानकर कोई दूसरा पुरुष
अच्छा करदे तो वह राजा जी सक्ता है और जो जी सक्ता है तो यह रोग किस प्रकारसे जा सक्ता है अपने
पुत्रोंके यह वचन सुनकर वह राक्षसी बोली कि इस रोगके दूर होजानेपर वह राजा अवश्य जी सक्ता है मैं
तुम्हें इस रोगके दूर होनेका उपाय बताती हूं पहले राजाके शिरमें गरम घृत लगाकर उसे मध्याह्नकी अ-
त्यन्त कड़ी धूपमें बैठावे फिर उसके कानमें एक बांसकी नली जिसमें बराबर छिद्र होय लगादे और उस
नलीको दूसरी ओरसे शीतल जलसे भरे हुए घड़ेपर छेद दार उसको बन्द करके उस छिद्र में लगादे इस
उपायसे स्वेद तथा धूपसे व्याकुल होकर सम्पूर्ण कनखजूरे शिरसे निकलकर कानके द्वारा नलीमें होकर
शीतल जलके लोभसे घड़ेमें गिरपड़ेंगे इस उपायसे राजा बड़े रोगसे छूटजायेगा इस प्रकार अपने पुत्रों से
कहती हुई उस राक्षसीसे इस सम्पूर्ण वृत्तान्तको सुनकर खोखलमें खड़ी हुई कीर्त्तिसेना सोचनेलगी कि
जो मैं यहांसे बचजाऊंगी तो इसी युक्तिसे राजा वसुदत्तको नीरोग करूंगी यही राजा थोड़ासा कर लेकर
इस वनकी रक्षा करता है इसी लोभसे सम्पूर्ण बाणिये इस मार्ग से जाते हैं यह जान वसुदत्तने भी मुझसे

रमें जाकर कुछ सुवर्ण बेचके उसदिन किसी बणियेके यहां निवास किया १०० दूसरेदिन वलभीपुरी को जाने की इच्छा करते हुए समुद्रसेन वणिये के साथ परिचय करके उसी के साथ राजपुत्र का भेषबना कर वलभीपुरी को चली और उस वैश्य से उसने कहा कि मुझे गोत्री भाइयों ने यहां क्लेश दिया है इससे मैं तुम्हारे साथ वलभीपुरी में अपने सुजन से मिलने को चलता हूं यह सुनकर उस वैश्य ने उसे राजपुत्र जानकर गौरवसे मार्ग में उसकी बड़ी सेवा करनेलगा कुछदूर चलकर वह बणिया अपने साथियों समेत साधारण मार्ग को छोड़कर वनके मार्ग की ओर चला क्योंकि साधारण मार्ग में बहुत साकर पड़ताथा कुछ दिनोंके उपरान्त वनके द्वारपर पहुंचकर जब सम्पूर्ण लोग वहां सायंकालके समय टिके उससमय यमराजकी दूती के समान शृगालीने भयंकर शब्द किया उस शब्दको सुनकर उसके जाननेवाले वैश्यलोग अपने२ शस्त्रोंको लेकर सबओरसे अपने सम्पूर्णपदार्थों को घेरकर सावधानीसे बैठे उससमय चोरों की आगे चलनेवाली सेना के समान सब ओर से अन्धकार के आजानेपर पुरुष वेषधारी कीर्त्तिसेना शोचनेलगी कि पापियों का कर्म्म वंश के समान बढ़ताही जाताहै देखो मेरीसास के कर्म्मों का फल मुझे यहां भी मिला पहले मृत्युके समान सास के कोपने मुझे भक्षणकिया तब मैं द्वितीय गर्भवास के समान तहखाने में डालीगई भाग्यवश से उससे भी निकलकर मानों दूसरीबार जन्मलेकर धीरे२ यहां आई अब यहां आकर भी मुझे प्राणों का सन्देह होरहा है जो चोर मुझे यहां मारडालेंगे तो वह वैरिणी सास मेरेपतिसे कहेगी कि वह किसी के साथ भागगई और जो वस्त्रों के खुलजाने से मुझे कोई पुरुष स्त्री जानजायगा तो मुझे मृत्यु अच्छी है परन्तु अपने आचार का भ्रष्ट करना उचित नहीं है इससेमुझे अपनी रक्षा करनीचाहिये इसमित्र वणिये की अपेक्षा नहीं करनी चाहिये क्योंकि मित्रादिकों को छोड़कर स्त्रियों को अपने सतीधर्म्म की रक्षाकरनीही योग्य है यह निश्चयकरके उसने ढूंढ़कर वृक्षों के बीच में एकघर के समान बनाहुआ गढ़ा देखा मानों पृथ्वी ने रहने के लिये उसेस्थानदियाथा उसने उसके भीतर जाकर और तृण तथा पत्ते आदिकों से अपने शरीरको ढककर पति के मिलने की आशा से चित्तको सावधान करके वहीं स्थिति करी इसके उपरान्त अर्द्ध रात्रिके समय शस्त्रधारणकिये हुए बहुत से चोरों की सेनाने आकर सम्पूर्ण साथियों समेत समुद्रदत्त को घेरलिया उससमय चोररूपी मेघगर्जनेलगे शस्त्रों की ज्वालारूपी बिजली चमकनेलगी और रुधिररूपी जल बरसने लगा इसप्रकार उसयुद्धरूपी वर्षा में साथियों समेत समुद्रसेन को मारकर वह बलवान् चोर सम्पूर्ण धन को लेकर चलेगये उससमय चोरों के कोलाहल को सुनकर भी जो कीर्त्तिसेना के प्राणनहीं निकले इसमें केवल भाग्यही कारण है १२० तदनन्तर रात्रि के व्यतीत होजानेपर और सूर्य्य भगवान् के उदित होजाने पर वह कीर्त्तिसेना उस गढ़े से बाहर निकली निस्सन्देह अपने व्रत को नहीं भंगकरनेवाली पतिव्रतास्त्रियों को आपत्ति में देवतालोग आपही आकर बचाते हैं क्योंकि उस निर्जनवन में सिंह ने उसे देखकर भी छोड़दिया और किसी ओर से किसी तपस्वी ने आकर सम्पूर्ण वृत्तान्त पूछकर अपने कमण्डल से जल पिलाकर उसे सावधान किया और मार्ग भी बता-

या उस फिर तपस्वी के अन्तर्द्धान होजानेपर अनेक अमृतसे तृप्त हुई क्षुधा और तृषासे रहित वह कीर्त्ति-सेना तपस्वी के बतायेहुए मार्ग से चली कुछदूर चलिकर श्री सूर्य्य भगवान् को अस्त होते जानकर और किरण रूपी हाथोंको फैलाकर पक्षियोंके शब्दोंसे मानों एकरात्रि यहां ठहरजाओ ऐसा कहनेपर कीर्त्तिसेना किसी बड़े वृक्षकी जड़ के गढ़के समीप खोखलमें चलीगई और उसका द्वार किसी दूसरे काठ से बन्द करलिया सायंकालके समय उसने छिद्रोंमें से देखा कि एकबड़ी भयंकर राक्षसी अपने बालकों को लिये चली आती है उसे देखकर इसको बड़ा भय हुआ कि अन्य विपत्तियोंसे तो मैं बचआई हूं परन्तु यह राक्षसी आज मुझे खाडालेगी उस राक्षसी को यह वृत्तान्त विदित ही न था इस हेतुसे वह अपने बालकों समेत वृक्षपर चढ़गई उससमय उसके बालकों ने अपनी माता राक्षसी से कहा कि हे माता कुछ भोजन दो तब वह बोली कि आज मुझे श्मशानमें भी जाकर कुछ भोजन नहीं मिला और डाकिनियों से भी मैंने मांगा परन्तु उन्होंने भी मुझे भाग नहीं दिया इसी खेदसे मैंने भैरवनाथजी से प्रार्थना की तब उन्होंने मुझसे नाम तथा वंशको पूछकर कहा कि भयंकरी तू खरदूषणके वंशमें उत्पन्न होने के कारण बड़ी कुलीन है इससे यहाँसे थोड़ीदूर पर वसुदत्तपुर नाम नगरमें तू जा वहाँ वसुदत्त नाम बड़ा धर्मवान् राजा है वही इस संपूर्ण वनकी रक्षा करता है और पथिकोंसे थोड़ासा कर लेकर चोरोंसे उनकी रक्षा करता है एकसमय वह राजा वनमें शिकार खेलनेके लिये आया और शिकार खेलकर थकके यहीं सोगया उससमय एक कनखजूरा उसके कानमें चलागया परन्तु उसे नहीं मालूम हुआ और कानके भीतर जाकर उस कनखजूरेने बहुतसे बच्चे दिये हैं इसरोगसे राजा वसुदत्त अत्यन्त दुर्बल होगया है वैद्यलोग उसके इस रोगको नहीं जानसके हैं जो दूसरा भी कोई न जानेगा तो कुछकालमें राजाकी मृत्यु हो-जायगी राजाके मरजानेपर उसका मांस तुम अपनी मायासे हरकर खाना उसके खानेसे छःमहीनेतक तुम्हारी तृप्ति होगी॥ इसप्रकारसे भैरवजीने मुझसे यह संदिग्धवचन कहाहै इससे हे बालको मैं क्या करूं इसराक्षसी के यह वचन सुनकर बालक बोले कि हे माता जो इसरोगको जानकर कोई दूसरा पुरुष अच्छा करदे तो वह राजा जी सक्ता है और जो जीसक्ता है तो यह रोग किसप्रकारसे जा सक्ता है अपने पुत्रोंके यह वचन सुनकर वह राक्षसी बोली कि इसरोगके दूर होजानेपर वह राजा अवश्य जी सक्ता है मैं तुम्हें इसरोगके दूरहोनेका उपाय बताती हूं पहले राजाके शिरमें गर्म घृत लगाकर उसे मध्याह्न की अ-त्यन्त कड़ी धूपमें बैठावे फिर उसके कानमें एक बांसकी नली जिसमें बराबर छिद्र होय लगादे और उस नलीको दूसरी ओरसे शीतल जलसे भरेहुए घड़ेपर छेद दे और उसको बन्द करके उस छिद्र में लगादे इस उपायसे स्वेद तथा धूपसे व्याकुल होकर सम्पूर्ण कनखजूरे शिरसे निकलकर कानके द्वारा नलीमें होकर शीतलताके लोभसे घड़े में गिरपड़ेंगे इसउपायसे राजा बड़े रोगसे छूटजायगा इसप्रकार अपने पुत्रों से कहतीहुई उसराक्षसीसे इस सम्पूर्ण वृत्तान्तको सुनकर खोखलेमें खड़ीहुई कीर्त्तिसेना सोचनेलगी कि जो मैं यहांसे निकलजाऊंगी तो इसी युक्तिसे राजा वसुदत्तको नीरोग करूंगी यही राजा थोड़ासा कर लेकर इसवनकी रक्षा करता है इसीलोभसे सम्पूर्ण वणिये इसमार्ग से जाते हैं यहजान समुद्रदत्तने भी मुझे

कहीथी इस्से मेरापतिभी इसी मार्ग से आवेगा तो मैं इसवनसे वसुदत्तपुर में जाकर राजाको नीरोग करके वहीं अपने पतिके आनेकी प्रतीक्षाकरूंगी इसप्रकार विचारतीहुई कीर्त्तिसेना वड़ेखेदसे उसरात्रि को व्यतीत करके प्रातःकाल राक्षसों के चलेजानेपर उसखोलमें से निकली और धीरे २ वहां से चली कुछदूरचलकर मध्याह्नके समय एक साधूगोपाल उसेमिला उसके पासजाकर कीर्त्तिसेना ने पूछा कि यह कौनसा प्रदेशहै यह सुनकर उसकी सुकुमारता और मार्ग गमनके क्लेशको देखकर वह गोपाल दयापूर्व्वक वोला कि देखो यह सन्मुख वसुदत्तनाम राजाका वसुदत्तपुर नामनगर है यह महात्माराजा रोगसे दो एकदिन में मरने चाहताहै यह सुनकर कीर्त्तिसेना उस्से वोली कि जो मुझे उसके पासकोई लेचले तो मैं उसके रोगको दूरकरदूंगा तव वह गोपाल वोला कि मैं इसीपुरमें जाताहूं तुम मेरे साथ चलो मैं तुम्हें राजाकेपास पहुँचानेका उद्योग करूंगा उसके वचनोंको स्वीकार करके कीर्त्तिसेना उसीके साथ वसुदत्तपुरको गई वहां जाकर उसगोपालने राजाके रोगको देखकर किसीदुखित प्रतीहारसे कहा कि यह वैद्यराजाके रोगको दूरकरनेको कहताहै यह सुनकर प्रतीहार राजासे विज्ञापनाकरके और आज्ञा लेकर कीर्त्तिसेनाको उसके पासलेगया रोगसे पीड़ित राजाभी उसके अद्भुत स्वरूपको देखतेही सावधानहोगया ठीकहै ( वेत्यात्मैवहिताहितम् ) आत्माही हिताहित को पहचानताहै और वोला कि हे सुलक्षण जोतुम मेरे इसरोगको दूरकरदोगे तो मैं तुम्हें अपना आधा राज्यदेदूंगा मैंने स्वप्नमें देखा था कि किसी स्त्री ने मेरीपीठपरसे काला कम्वल उतारलिया है इस्से मुझे निश्चय होताहै कि आप मेरे इस रोगको अवश्यदूर करियेगा राजाके यहवचन सुनकर कीर्त्तिसेना वोली कि हे महाराज आजतो दिन व्यतीतहोगयाहै कलमैं आपकेरोगको दूरकरदूंगा आपअपने धैर्य्यको न छोड़ियेगा यह कहकर उसने राजाके शिरपर गौका घृतमलवाया उस्से राजाकी पीड़ाकमहोगई और निद्राआगई तव सम्पूर्ण लोग कीर्त्तिसेनाकी वड़ाईकरके वोले कि यहकोई देवता हमलोगोंके पुण्यसे वैद्यकारूप धारणकरके आयाहै रानीनेभी राजाकेयोग्य सम्पूर्ण उत्तम२ सामग्रियोंसे उसका सेवनकरके रात्रिकेसमय दासियोंसमेत एक वड़ासुन्दर स्थान उसके शयनकरनेकोदिया ६६ इसकेउपरान्त दूसरेदिन मध्याह्नकेसमय सम्पूर्ण मंत्री और रानियोंके सन्मुख कीर्त्तिसेनाने राक्षसीकीवताई उस अपूर्व्वयुक्तिकेद्वारा राजाकेशिरसे डेढ़सौ खनखजूरे कानकेमार्गसे निकाले उनखनखजूरोंको घड़ेमेंरखकर दूध और घी आदि पुष्टपदार्थोंसे राजाकोतृप्त किया क्रमसेरोगके निवृत्तहोजानेपर राजा सावधानहोगया और घड़े में उनखनखजूरोंको देखकर संपूर्ण लोगोंको वड़ाआश्चर्य्यहुआ राजानेभी उनकीड़ोंको देखकर भय तथा आनंदसे युक्तहोकर अपनापुनर्जन्म माना और स्नानकरनेकेपछि उत्सवकरके कीर्त्तिसेनाको अपना आधाराज्य देनेका प्रस्तावकिया जव कीर्त्तिसेनाने आधाराज्य नहीं स्वीकारकिया तव गांव हाथी घोड़े तथा सुवर्ण देकर उसेप्रसन्नकिया संपूर्ण रानी तथा मंत्रियोंनेभीकहा कि इसने हमारे स्वामीके प्राणोंकीरक्षाकीहै इस्सेयहहमारा पूज्यहै और वहुतसे वस्त्र तथा सुवर्णके आभूषणउसेदिये कीर्त्तिसेना उनसंपूर्ण पदार्थोंको राजाके हाथमें सौंपकर और मैं यहां कुछदिन रहूंगा यहकहकर अपने पतिकी वाटदेखनी हुई वहीं रहनेलगी इसके उपरान्त संपूर्ण

लोगोंसे आदरकीगई उसकीर्त्तिसेनाने पुरुष वेषसे वहां कुछदिन रहकर अपने पतिदेवसेनको वलभीसे वहां आयाहुआसुना और जिसवैश्य पथिक समाजमें उसका पतिथा उसे उसनगरी में आयाहुआ जानके नवीन मेघको मयूरीके समान उसने अपने पतिको वैश्यसमूहमें जाकरदेखा बहुतकाल उत्कण्ठा से व्याकुल चित्तसे आनन्दके आंसुओंका अर्घदेतीहुई कीर्त्तिसेनापतिके पैरोंपरगिरपड़ी वहभी दिनमें सूर्य्यकी किरणोंसे अलक्षित चन्द्रमाकी मूर्त्तिके समान पुरुषवेषमें छिपीहुई अपनी प्रियाको पहचानगया और उसके मुखरूपी चन्द्रमाको देखकर चन्द्रकान्त (चन्द्रमाके समान सुन्दर और चन्द्रकान्तमणि) उसे देवसेनका हृदय जोनहीं गलितहुआ यह बड़ा आश्चर्य्यहै तदनन्तर कीर्त्तिसेनाको अपने स्वरूप के प्रकट करनेपर देवसेनको बड़ा आश्चर्य्यहुआ कि यहक्यावातहै और उसके साथके संपूर्ण वणियों कोभी बड़ा आश्चर्य्य हुआ उससमय इसवृत्तान्त को सुनकर राजावसुदत्तभी वहां आश्चर्य्य पूर्व्वक आया और उसने कीर्त्तिसेनासे पूछा कि यह क्यावातहै तव उसने अपनी सासके दुराचारसेहुए अपने संपूर्ण वृत्तान्तका वर्णनकिया वहसव वृत्तान्त सुनकर उसका पति देवसेन अपनी मातासे विमुखहोगया और उसेक्रोधक्षमा आश्चर्य्य तथा हर्ष एकसाथहीहुए १८७ कीर्त्तिसेनाके इसअद्भुत चरित्रको सुनकर सम्पूर्ण लोग आनन्दपूर्व्वक कहतेथे कि पतिकी भक्तिरूपी रथपरचढ़कर शीलरूपी कवचको धारणकर और धर्मरूपी सारथीको साथले साध्वीपतिव्रतास्त्री बुद्धिरूपी शस्त्रसे विजयको प्राप्तहोती हैं राजाने भी कहा कि पतिके निमित्त इतनाक्लेशसहकर इसने श्रीरामचन्द्रके निमित्त क्लेशसहनेवाली सीतादेवीको भी जीतलिया इस्से प्राणोंकी रक्षाकरनेवाली यहमेरी धर्मकी वहन है इसप्रकार प्रशंसाकरतेहुए राजासे कीर्त्तिसेनावोली कि हेमहाराज जोआपके दियेहुए ग्राम हाथी घोड़े तथा रत्नादिक पदार्थ मैंने आपको सौंपदिये थे वह मेरेपतिको देदीजिये उसके यह वचनसुनकर राजाने ग्रामादिक सम्पूर्ण पदार्थ देवसेनको देदिये और प्रसन्नहोके उसको पक्का लेखभी लिखदिया इसप्रकार राजाके दियेहुये और वाणिज्यमें उत्पन्नकियेहुए धनसे देवसेन बड़ा ऐश्वर्य्यवान् होकर अपनी माताको त्यागकरके कीर्त्तिसेनाकी प्रशंसा करताहुआ उसी वसुदत्तपुरमें रहनेलगा और कीर्त्तिसेनाभी अपने चरित्रके प्रभावसे बड़ेयशको पाकर और उसपापिनी सासको छोड़कर संपूर्ण ऐश्वर्य्यको सुखपूर्व्वकभोगतीहुई अपनेपतिकेपास मूर्त्तिमती पुण्योंके फलकी समृद्धिकेसमान रहनेलगी इसप्रकार दुर्दैवके योगसे दुःखको सहकरविपत्तिमेंभी अपने चरित्रकी रक्षाकरतीहुई साध्वीस्त्रियां अपने बड़े सत्वके प्रभावसे अपनी रक्षाकरके अपना और पतिका भी कल्याण करती हैं हेसखी वहुओंको प्रायः सास और नन्दोंकेद्वारा इसीप्रकारके दुःखभोगने पड़ते हैं इस्से मैं तुम्हारे लिये ऐसी सुसराल चाहती हूं जहां दुष्टसास और नन्द न होय सोमप्रभा से इसअद्भुत आनन्ददायिनी कथाको सुनकर कलिंगसेना अत्यन्त प्रसन्नहुई और मानो इसीविचित्र कथाको समाप्त जानकर सूर्य्य भगवान्के अस्ताचल पर जानेके समय सोमप्रभा कलिंगसेना से मिलकर अपने स्थानको चलीगई १९९॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांमदनमंचुकालम्बकेतृतीयस्तरंगः ३॥

कही थी इससे मेरापतिभी इसी मार्ग से आवेगा तो मैं इसवनसे वसुदत्तपुर में जाकर राजाको नीरोग करके वहीं अपने पतिके आनेकी प्रतीक्षा करूंगी इसप्रकार विचारतीहुई कीर्त्तिसेना बड़ेखेदसे उसरात्रि को व्यतीत करके प्रातःकाल राक्षसों के चलेजानेपर उसखोलमें से निकली और धीरे २ वहां से चली कुछदूरचलकर मध्याह्नके समय एक साधुगोपाल उसेमिला उसके पासजाकर कीर्त्तिसेना ने पूछा कि यह कौनसा प्रदेशहै यह सुनकर उसकी सुकुमारता और मार्ग गमनके क्लेशको देखकर वह गोपाल दयापूर्व्वक बोला कि देखो यह सन्मुख वसुदत्तनाम राजाका वसुदत्तपुर नामनगर है यह महात्माराजा रोगसे दो एकदिन में मरने चाहताहै यह सुनकर कीर्त्तिसेना उस्से बोली कि जो मुझे उसके पासकोई लेचले तो मैं उसके रोगको दूरकरदूंगा तव वह गोपाल बोला कि मैं इसीपुरमें जाताहूं तुम मेरे साथ चलो मैं तुम्हें राजाकेपास पहुँचानेका उद्योग करूंगा उसके वचनोंको स्वीकार करके कीर्त्तिसेना उसीके साथ वसुदत्तपुरको गई वहां जाकर उसगोपालने राजाके रोगको देखकर किसीदुखित प्रतीहारसे कहा कि यह वैद्यराजाके रोगको दूरकरनेको कहताहै यह सुनकर प्रतीहार राजासे विज्ञापनाकरके और आज्ञा लेकर कीर्त्तिसेनाको उसके पासलेगया रोगसे पीड़ित राजाभी उसके अद्भुत स्वरूपको देखतेही सावधानहोगया ठीकहै ( वेत्यात्मैवहिताहितम् ) आत्माही हिताहित को पहचानताहै और बोला कि हेसुलक्षण जोतुम मेरे इसरोगको दूरकरदोगे तो मैं तुम्हें अपना आधा राज्यदेदूंगा मैंने स्वप्नमें देखा था कि किसी स्त्री ने मेरीपीठपरसे काला कम्बल उतारलिया है इस्से मुझे निश्चय होताहै कि आप मेरे इस रोगको अवश्यदूर करियेगा राजाके यहवचन सुनकर कीर्त्तिसेना बोली कि हे महाराज आजतो दिन व्यतीतहोगयाहै कलमैं आपकेरोगको दूरकरदूंगा आपअपने धैर्य्यको न छोड़ियेगा यह कहकर उसने राजाके शिरपर गौका घृतमलवाया उस्से राजाकी पीड़ाकमहोगई और निद्राआगई तव सम्पूर्ण लोग कीर्त्तिसेनाकी बड़ाईकरके बोले कि यहकोई देवता हमलोगोंके पुण्यसे वैद्यकारूप धारणकरके आयाहै रानीनेभी राजाकेयोग्य सम्पूर्ण उत्तम२ सामग्रियोंसे उसका सेवनकरके रात्रिकेसमय दासियोंसमेत एक बड़ासुन्दर स्थान उसके शयनकरनेकोदिया १६६ इसकेउपरान्त दूसरेदिन मध्याह्नकेसमय सम्पूर्ण मंत्री और रानियोंके सन्मुख कीर्त्तिसेनाने राक्षसीकीवताई उस अपूर्व्वयुक्तिकेद्वारा राजाकेशिरसे डेढ़सो खनखजूरे कानकेमार्गसे निकाले उनखनखजूरोंको घड़ेमेंरखकर दूध और घी आदि पुष्टपदार्थोंसे राजाकोतृप्त किया क्रमसेरोगके निवृत्तहोजानेपर राजा सावधानहोगया और घड़े में उनखनखजूरोंको देखकर संपूर्ण लोगोंको बड़ाआश्चर्यहुआराजानेभी उनकीड़ोंको देखकर भय तथा आनंदसे युक्तहोकर अपनापुनर्जन्म माना और स्नानकरनेकेपछि उत्सवकरके कीर्त्तिसेनाको अपना आधाराज्य देनेका प्रस्तावकिया जव कीर्त्तिसेनाने आधाराज्य नहीं स्वीकारकिया तव गांव हाथी घोड़े तथा सुवर्ण देकर उसेप्रसन्नकिया संपूर्ण रानी तथा मंत्रियोंनेभीकहा कि इसने हमारे स्वामीके प्राणोंकीरक्षाकीहै इस्सेयहहमारा पूज्यहै और वहुतसे वस्त्र तथा सुवर्णके आभूषणउसेदिये कीर्त्तिसेना उनसंपूर्ण पदार्थोंको राजाके हाथमें सौंपकर और मैं यहां कुछदिन रहूंगा यहकहकर अपने पतिकी वाटदेखती हुई वहीं रहनेलगी इसके उपरान्त संपूर्ण

लोगोंसे आदरकीगई उसकीर्त्तिसेनाने पुरुष वेषसे वहां कुछदिन रहकर अपने पतिदेवसेनको वलभीसे वहां आयाहुआसुना और जिसवैश्य पथिक समाजमें उसका पतिथा उसे उसनगरीमें आयाहुआ जानके नवीन मेघको मयूरीके समान उसने अपने पतिको वैश्यसमूहमें जाकरदेखा बहुतकाल उत्कण्ठासे व्याकुल चित्तसे आनन्दके आंसुओंका अर्घदेतीहुई कीर्त्तिसेनापतिके पैरोंपरगिरपड़ी वहभी दिनमें सूर्य्यकी किरणोंसे अलक्षित चन्द्रमाकी मूर्त्तिके समान पुरुषवेषमें छिपीहुई अपनी प्रियाको पहचानगया और उसके मुखरूपी चन्द्रमाको देखकर चन्द्रकान्त (चन्द्रमाके समान सुन्दर और चन्द्रकान्तमणि) उसे देवसेनका हृदय जोनहीं गलितहुआ यह बड़ा आश्चर्य्यहै तदनन्तर कीर्त्तिसेनाको अपने स्वरूपके प्रकट करनेपर देवसेनको बड़ा आश्चर्य्यहुआ कि यहक्यावातहै और उसके साथके संपूर्ण वणियोंकोभी बड़ा आश्चर्य्य हुआ उससमय इसवृत्तान्त को सुनकर राजावसुदत्तभी वहां आश्चर्य्य पूर्व्वक आया और उसने कीर्त्तिसेनासे पूछा कि यह क्यावातहै तव उसने अपनी सासके दुराचारसेहुए अपने संपूर्ण वृत्तान्तका वर्णनकिया वहसव वृत्तान्त सुनकर उसका पति देवसेन अपनी मातासे विमुखहोगया और उसेक्रोधक्षमा आश्चर्य्य तथा हर्ष एकसाथहीहुए १८७ कीर्त्तिसेनाके इसअद्भुत चरित्रको सुनकर सम्पूर्ण लोग आनन्दपूर्व्वक कहतेथे कि पतिकी भक्तिरूपी रथपरचढ़कर शीलरूपी कवचको धारणकर और धर्मरूपी सारथीको साथले साध्वीपतिव्रतास्त्री बुद्धिरूपी शस्त्रसे विजयको प्राप्तहोतीं हैं राजाने भी कहा कि पतिके निमित्त इतनाक्लेशसहकर इसने श्रीरामचन्द्रके निमित्त क्लेशसहनेवाली सीतादेवीको भी जीतलिया इससे प्राणोंकी रक्षाकरनेवाली यहमेरीधर्मकी वहन है इसप्रकार प्रशंसाकरतेहुए राजासे कीर्त्तिसेनावोली कि हेमहाराज जोआपके दियेहुए ग्राम हाथी घोड़े तथा रत्नादिक पदार्थ मैंने आपको सौंपदिये थे वह मेरेपतिको देदीजिये उसके यह वचनसुनकर राजाने ग्रामादिक सम्पूर्ण पदार्थ देवसेनको देदिये और प्रसन्नहोके उसको पक्का लेखभी लिखदिया इसप्रकार राजाके दियेहुये और वाणिज्यमें उत्पन्नकियेहुए धनसे देवसेन बड़ा ऐश्वर्य्यवान् होकर अपनी माताको त्यागकरके कीर्त्तिसेनाकी प्रशंसा करताहुआ उसी वसुदत्तपुरमें रहनेलगा और कीर्त्तिसेनाभी अपने चरित्रके प्रभावसे बड़ेयशको पाकर और उसपापिनी सासको छोड़कर संपूर्ण ऐश्वर्य्यको सुखपूर्व्वकभोगतीहुई अपनेपतिकेपास मूर्त्तिमती पुण्योंके फलकी समृद्धिकेसमान रहनेलगी इसप्रकार दुर्दैवके योगसे दुःखको सहकरविपत्तिमेंभी अपने चरित्रकी रक्षाकरतीहुई साध्वीस्त्रियां अपने बड़े सत्वके प्रभावसे अपनी रक्षाकरके अपना और पतिका भी कल्याण करती हैं हेसखी बहुओंको प्रायः सास और नन्दोंकेद्वारा इसीप्रकारके दुःखभोगने पड़ते हैं इससे मैं तुम्हारे लिये ऐसी सुसराल चाहती हूं जहां दुष्टसास और नन्द न होंय सोमप्रभा से इसअद्भुत आनन्ददायिनी कथाको सुनकर कलिंगसेना अत्यन्त प्रसन्नहुई और मानो इसीविचित्र कथाको समाप्त जानकर सूर्य्य भगवान्के अस्ताचल पर जानेके समय सोमप्रभा कलिंगसेना से मिलकर अपने स्थानको चलीगई १९९॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांमदनमंचुकालम्बकेतृतीयस्तरंगः ३॥

न्।। इसके उपरान्त अपने स्थान को गई हुई सोमप्रभा के मार्ग को स्नेह से देखने के उत्कंठ से [illegible] खड़ी
हुई कलिंगसेना को आकाश मार्ग से जाते हुए मदनवेग नाम एक विद्याधर ने [illegible] देखा मानो
ये इन्द्रजाल की पिच्छिका (झाड़ू) के समान अपने रूप से त्रिलोकी को मोहित करनेवाली उस कलिंग-
सेना को देखकर उस का चित्त कामदेव से मोहित हुआ तब उसने विचार किया कि विद्याधरी स्त्रियां क्या
हैं और अप्सराओं की भी क्या गणना है इस मुनि का कैसा अद्भुत रूप है जो यह मेरी स्त्री न हुई
तो मेरा जीवन ही व्यर्थ है परन्तु मैं विद्याधर होकर इस मानुषी से कैसे [illegible] यह शोचकर उसने प्रज्ञप्ति
नाम विद्या का ध्यान किया ध्यान करते ही वह विद्या साक्षात् प्रकट होकर बोली कि यह मानुषी नहीं है
राजा कलिंगदत्त के यहां यह कोई अप्सरा शाप से भ्रष्ट होकर उत्पन्न हुई है विद्या के यह वचन सुनकर मदन-
वेग प्रसन्न होके अपने स्थान को चलागया और वहां अन्य सम्पूर्ण कार्यों को छोड़कर कामदेव से पीड़ित
होके यह विचारने लगा कि जो मैं हठ से इसको हरलाऊं तो यह मुझको योग्य नहीं है क्योंकि हठपूर्वक
स्त्रियों के साथ भोग करने से मेरी मृत्यु होजायगी यह मुझे शाप होचुका है इससे इसकी प्राप्ति के निमित्त
मुझे तप करके श्री शिवजी का आराधन करना चाहिये क्योंकि सम्पूर्ण कल्याण तपही के आधीन हैं और
मेरे लिये इससे अन्य कोई उपाय ही नहीं है यह निश्चय करके दूसरे दिन मदनवेग ऋषभ पर्वत पर जा-
कर एक पैर से खड़ा हो निराहार होके तप करनेलगा थोड़े काल के उपरांत उसके तप से प्रसन्न हुए पार्वती-
पति शीघ्र प्रसाद करनेवाले श्री महादेवजी प्रकट हुए और प्रणाम करते हुए मदनवेग से बोले कि इस कलिंगसेना
नाम कन्या का रूप सम्पूर्ण संसार में विख्यात है इसके समान रूपवान् पति संसार में नहीं है केवल वत्स
देश का स्वामी राजा उदयन है और वह इसे चाहता भी है परन्तु वासवदत्ता के भय से प्रकट होकर इस
के पिता से मांगता नहीं है और कलिंगसेना भी सोमप्रभा के मुख से उसके रूप की प्रशंसा सुनके उसके
रूप में लुब्ध होकर उसी के साथ स्वयंवर करने की इच्छा करती है इस से जब तक इसका विवाह होवे
उसके बीचही में उदयन का रूप धारण करके तुम इसके साथ गान्धर्व विवाह करो इस प्रकार श्री शिवजी के
वचन सुनकर और उनको प्रणाम करके मदनवेग कालकूट नाम पर्वत के तट पर अपने स्थान को च-
लागया।। ९८ इसबीच में सोमप्रभा आकाशगामी विमान पर चढ़कर प्रतिदिन प्रातःकाल तक्षशिलापुरी
में कलिंगसेना के पास आतीथी और सायंकाल को चली जाती थी एक दिन क्रीड़ा करते करते कलिंग-
सेना ने सोमप्रभा से एकान्त में कहा कि हे सखी मैं जो तुमसे यह बात कहती हूं इसे किसी से मत कहना
मैं जानती हूं कि मेरा विवाह होनेवाला है क्योंकि बहुत से राजा लोगों ने मेरे मांगने के लिये अपने
अपने दूत भेजे थे उनको मेरे पिता ने किसी बहाने से टाल दिया परन्तु श्रावस्तीपुरी के स्वामी राजा
[illegible] के दूत का बड़ा सत्कार किया है और मेरी माता भी प्रसेनजित को बहुत श्रेष्ठ समझती है इससे मैं
[illegible] विवाह होगा हमारे पिता उसे बड़ा कुलीन समझते हैं वह उसकुल में
और पांडवों की पितामही अम्बा अम्बालिकादिक उत्पन्न हुई थीं इससे हे सखी
यु मेरे विवाह का निश्चय यहै कलिंगसेना के यह वचन सुनकर आंसु-

ओंकी धारसे मानों स्तनोंमें द्वितीयमाला पहरतीहुई सोमप्रभा रोनेलगी उसेरोतेदेखकर कलिंगसेना ने पूछा कि हे सखीतुम्हारे शोक का क्या कारणहै तब सम्पूर्ण भूलोक की देखनेवाली सोमप्रभा बोली कि अवस्था, रूप, कुल, शील, तथा धन यह सब बातें वरकी देखी जाती हैं इन में से अवस्था पहले देख लेनी चाहिये फिर वंशकुल आदिका विचार करना चाहिये राजाप्रसेनजित की अवस्था अधिकहै उसे मैंने देखाहै चमेली के मुरझाये हुए पुष्प के समान जीर्ण उसराजाकी केवल जातिसे क्या प्रयोजनहै हिमकेसमान श्वेतवर्णवाले उस राजासे युक्त कुम्हलायेहुए मुखारविन्दवाली तुम हेमन्तऋतुकी कमलनीके तुल्य शोचकरने के योग्यहोगी इसीसे मुझको दुःखहुआ है मुझको तो तभी प्रसन्नता होय जब वत्सराज राजाउदयन तुम्हारास्वामीहोय इस पृथ्वी में रूपलावण्य कुल शूरता तथा ऐश्वर्य्य में उदयन के समान कोई दूसराराजा नहीं है जो उस सदृशपति के साथ तुम्हारा विवाहहोयतो ब्रह्मा का तुम्हारा रूपबनाना सफलहोय सोमप्रभाके यन्त्रों के समान इन वचनों से कलिंगसेना का चित्त उदयन की ओर चलागया और उसने सोमप्रभासे पूछा कि वह किस वंश में उत्पन्नहुआ है और वह वत्सराज क्यों कहाताहै और उसका उदयन नाम कैसे हुआहै तब सोमप्रभा बोली कि हे सखी सम्पूर्ण पृथ्वी का आभूषणरूप वत्सनाम देशहै उसमें दूसरी अमरावती के समान कौशाम्बी नाम पुरी है उसपुरी में वह राज्य करताहै इससे उसको वत्सराज कहते हैं अब उसका वंश में कहती हूं पाण्डुकेपुत्र अर्जुन के अभिमन्यु नाम पुत्रथा जिसने चक्रव्यूहको तोड़करके कौरवों का नाशकिया उसके परीक्षितनाम पुत्रहुआ परीक्षित के सर्पयज्ञ करनेवाला जन्मेजय पुत्रहुआ जन्मेजयके सतानीकनाम पुत्रहुआ जो कौशाम्बी में आकररहा और देवासुरों के युद्ध में दैत्यों को मारकर आपभी मरा उससतानीक के संसार में प्रशंसनीय सहस्रानीकनाम पुत्रहुआ जो इन्द्रके भेजेहुए रथपर चढ़कर स्वर्ग में आया जाया करता था इस राजा सहस्रानीक के मृगावतीनाम रानी में यह उदयननाम राजाचन्द्रवंशका भूषण उत्पन्नहुआहै ४४ हे सखी अब इसका उदयननाम जैसे हुआहै सोसुनों इसकी माता मृगावती जब गर्भिणीहुई तो उसे यह अभिलाषाहुई कि मैं रुधिर में स्नानकरूं इस अभिलाषको जानकर राजा सहस्रानीक ने पाप से डरकर लाखके रसकी बावड़ी बनवाई उसमें रानीमृगावती स्नानकरनेलगी उसेस्नानकरतेहुए देखकर गरुड़के वंशमें उत्पन्नहुए किसीपक्षीने उसेमांसका पिण्डजानकर उठाके भाग्यवशसे उदयाचलमें डालदिया वहां जमदग्निऋषिने उसे अपने आश्रममें रखकर उससे कहा कि तेरापति तुझेमिलजायगा तू सावधानहोजा ( अनादरसे ईर्ष्यायुक्त तिलोत्तमाने उसकेपति सहस्रानीकको कुछ कालतक रानीसे वियोगहोनेका ऐसाही शापदियाथा ) इसके उपरान्त कुछ दिनोंके व्यतीतहोनेपर उसी उदयाचलपर जमदग्निजीके आश्रममें नवीनचन्द्रमाको आकाशके समानरानीने पुत्रउत्पन्नकिया पुत्रके उत्पन्नहोतेही यह आकाशवाणीहुई कि यह उदयन संपूर्ण पृथ्वीकाचक्रवर्ती राजाहोगा और इसकापुत्र सम्पूर्ण विद्याधरोंका चक्रवर्तीराजाहोगा इसप्रकार आकाशवाणीसे देवतालोगोंने उदयाचलमें उत्पन्नहोनेसे इसका उदयननामरक्खा इसबीचमें राजासहस्रानीकने भी मातलिसारथीके कहनेसे शापके अन्तमें याशाल-

६॥ इसके उपरान्त अपने स्थान को आई हुई सोमप्रभा के मार्ग को स्नेह से देखने के लिये मस्तक को ऊंचा किये हुई कलिङ्गसेना को आकाश मार्ग से जाते हुए मदनवेग नाम युवा विद्याधर ने भाग्य के वश से देखा कामरूपी इन्द्रजाल की पिच्छिका (छड़ी) के समान अपने रूप से त्रिलोकी को मोहित करनेवाली उस कलिङ्गसेना को देखकर उसका चित्त काम से मोहित हुआ तब उसने विचार किया कि विद्याधरी स्त्रियां क्या हैं और अप्सराओं की भी क्या गणना है इस मनुष्यी का कैसा अद्भुत स्वरूप है जो यह मेरी स्त्री न हुई तो मेरा जीवन ही व्यर्थ है परन्तु मैं विद्याधर होकर इस मानुषी से कैसे संग करूं यह सोच कर उसने प्रज्ञप्ति नाम विद्या का स्मरण किया ध्यान करतेही वह विद्या साक्षात् प्रकट होकर बोली कि यह मानुषी नहीं है राजा कलिङ्गदत्त के यहां यह कोई अप्सरा शाप से भ्रष्ट होकर उत्पन्न हुई है विद्या के यह वचन सुनकर मदनवेग प्रसन्न होके अपने स्थान को चला गया और वहां अन्य संपूर्ण कार्यों को छोड़कर काम से पीड़ित

[illegible]

[illegible]

मुझे तप करके श्री शिवजी का आराधन करना चाहिये क्योंकि संपूर्ण कल्याण तपही के आधीन हैं और मेरे लिये इससे अन्य कोई उपाय ही नहीं है यह निश्चय करके दूसरे दिन मदनवेग ऋषभ पर्वत पर जाकर एक पैर से खड़ा हो निराहार होके तप करने लगा थोड़े काल के उपरांत उसके तप से प्रसन्न हुए पार्वतीपति शीघ्रप्रसाद श्री महादेवजी प्रकट हुए और प्रणाम करते हुए मदनवेग से बोले कि इस कलिङ्गसेना नाम कन्या का रूप सम्पूर्ण संसार में विख्यात है इसके समान रूपवान् पृथ्वी संसार में नहीं है केवल वत्स देश का स्वामी राजा उदयन है और वह इसे चाहता भी है परन्तु वासवदत्ता के भय से प्रकट होकर उस के पिता से मांगता नहीं है और कलिङ्गसेना भी सोमप्रभा के मुख से उसके रूप की प्रशंसा सुनके उसके रूप में लुब्ध होकर उसी के साथ स्वयम्बर करने की इच्छा करती है इससे जब तक इसका विवाह होय उसके बीचही में उदयन का रूप धारण करके तुम इसके साथ गान्धर्व विवाह करो इस प्रकार श्री शिवजी के वचन सुनकर और उनको प्रणाम करके मदनवेग कालकूट नाम पर्वत के तट पर अपने स्थान को चला गया॥ १८ इस बीच में सोमप्रभा आकाशगामी विमान पर चढ़कर प्रतिदिन प्रातःकाल तक्षशिला पुरी में कलिङ्गसेना के पास आती थी और सायंकाल को चली जाती थी एक दिन क्रीड़ा करते करते कलिङ्गसेना ने सोमप्रभा से एकान्त में कहा कि हे सखी मैं जो तुमसे यह बात कहती हूं इसे किसी से मत कहना मैं जानती हूं कि मेरा विवाह होनेवाला है क्योंकि बहुत से राजा लोगों ने मेरे मांगने के लिये अपने अपने दूत भेजे थे उनको मेरे पिता ने किसी बहाने से टाल दिया परन्तु श्रावस्तीपुरी के स्वामी राजा प्रसेनजित के दूत का बड़ा सत्कार किया है और मेरी माता भी प्रसेनजित को बहुत श्रेष्ठ समझती है इससे मैं जानती हूं कि उसी के साथ मेरा विवाह होगा हमारे पिता उसे बड़ा कुलीन समझते हैं वह उस कुल में उत्पन्न हुआ है जिसमें कौरव और पांडवों की पितामही अम्बा अम्बालिकादिक उत्पन्न हुईं थीं इससे श्रावस्ती के राजा प्रसेनजित के साथ मेरे विवाह का निश्चय है कलिङ्गसेना के यह वचन सुनकर आंसू-

श्रोंकी धारसे मानों स्तनोंमें द्वितीयमाला पहरतीहुई सोमप्रभा रोनेलगी उसेरोतेदेखकर कलिंगसेना ने पूछा कि हे सखीतुम्हारे शोक का क्या कारणहै तब सम्पूर्ण भूलोक की देखनेवाली सोमप्रभा बोली कि अवस्था, रूप, कुल, शील, तथा धन यह सब बातें वरकी देखी जाती हैं इन में से अवस्था पहले देख लेनी चाहियें फिर वंशकुल आदिका विचार करना चाहिये राजाप्रसेनजित की अवस्था अधिकहै उसे मैंने देखाहै चमेली के मुरझाये हुए पुष्प के समान जीर्ण उसराजाकी केवल जातिसे क्या प्रयोजनहै हिमकेसमान श्वेतवर्णवाले उस राजासे युक्त कुम्हलायेहुए मुखारविन्दवाली तुम हेमन्तऋतुकी कमलनीके तुल्य शोचकरने के योग्यहोगी इसीसे मुझको दुःखहुआ है मुझको तो तभी प्रसन्नता होय जब वत्सराज राजाउदयन तुम्हारास्वामीहोय इस पृथ्वी में रूपलावण्य कुल शूरता तथा ऐश्वर्य्य में उदयन के समान कोई दूसराराजा नहीं है जो उस सदृशपति के साथ तुम्हारा विवाहहोयतो ब्रह्मा का तुम्हारा रूपबनाना सफलहोय सोमप्रभाके यन्त्रों के समान इन वचनों से कलिंगसेना का चित्त उदयन की ओर चलागया और उसनें सोमप्रभासे पूछा कि वह किस वंश में उत्पन्नहुआ है और वह वत्सराज क्यों कहाताहै और उसका उदयन नाम कैसे हुआहै तब सोमप्रभा बोली कि हे सखी सम्पूर्ण पृथ्वी का आभूषणरूप वत्सनाम देशहै उसमें दूसरी अमरावती के समान कौशाम्बी नाम पुरी है उसपुरी में वह राज्य करताहै इससे उसको वत्सराज कहते हैं अब उसका वंश में कहती हूं पाण्डुकेपुत्र अर्जुन के अभिमन्यु नाम पुत्रथा जिसने चक्रव्यूहको तोड़करके कौरवों का नाशकिया उसके परीक्षितनाम पुत्रहुआ परीक्षित के सर्पयज्ञ करनेवाला जन्मेजय पुत्रहुआ जन्मेजयके सतानीकनाम पुत्रहुआ जो कौशाम्बी में आकररहा और देवासुरों के युद्ध में दैत्यों को मारकर आपभी मरा उससतानीक के संसार में प्रशंसनीय सहस्रानिकनाम पुत्रहुआ जो इन्द्रके भेजेहुए रथपर चढ़कर स्वर्ग में आया जाया करता था इस राजा सहस्रानीक के मृगावतीनाम रानी में यह उदयननाम राजाचन्द्रवंशका भूषण उत्पन्नहुआहै ४४ हे सखी अब इसका उदयननाम जैसे हुआहै सोसुनों इसकी माता मृगावती जब गर्भिणीहुई तो उसे यह अभिलाषाहुई कि में रुधिर में स्नानकरूं इस अभिलाषको जानकर राजा सहस्रानीक ने पाप से डरकर लाखके रसकी बावड़ी बनवाई उसमें रानीमृगावती स्नानकरनेलगी उसेस्नानकरतेहुए देखकर गरुड़के वंशमें उत्पन्नहुए किसीपक्षीने उसेमांसका पिण्डजानकर उठाके भाग्यवशसे उदयाचलमें डालदिया वहां जमदग्निऋषिने उसे अपने आश्रममें रखकर उससे कहा कि तेरापति तुझेमिलजायगा तू सावधानहोजा (अनादरसे ईर्ष्यायुक्त तिलोत्तमाने उसकेपति सहस्रानीकको कुछ कालतक रानीसे वियोगहोनेका ऐसाही शापदियाथा) इसके उपरान्त कुछ दिनोंके व्यतीतहोनेपर उसी उदयाचलपर जमदग्निजीके आश्रममें नवीनचन्द्रमाको आकाशके समानरानीने पुत्रउत्पन्नकिया पुत्रके उत्पन्नहोतेही यह आकाशवाणीहुई कि यह उदयन संपूर्ण पृथ्वीकाचक्रवर्ती राजाहोगा और इसकापुत्र सम्पूर्ण विद्याधरोंका चक्रवर्तीराजाहोगा इसप्रकार आकाशवाणीसे देवतालोगोंने उदयाचलमें उत्पन्नहोनेसे इसका उदयननामरक्खा इसबीचमें राजासहस्रानीकने भी मातलिसारथीके कहनेसे शापके अन्तमें आशाल-

गाकर रानीमृगावती के विना वहकाल वड़े खेदसे व्यतीतकिया शापके व्यतीतहोजानेपर उदयाचल पर्व्वतसे आयेहुए किसी निषादसे अपनी पहचान पाकर और उसी समय हुई आकाशवाणी से सब वृत्तान्तजानकर राजासहस्रानीक उसीनिषादको साथलेकर उदयाचलपर्व्वतको गया वहां मनोरथ की सिद्धिके समान रानीमृगावती और मनके राज्यकेसमान अपनेपुत्र उदयनको पाकर दोनोंकोसाथलेके कौशाम्बीपुरी को चलाआया और वहां आकर उदयन के गुणोंसे प्रसन्नहुए राजासहस्रानीक ने उसे युवराजपदवी देदी और अपने मंत्रियोंके पुत्रयौगन्धरायण आदिक उसकेमंत्री बनादिये इसप्रकारउदयनपर संपूर्णपृथ्वीका भाररखकर रानीसमेत राजासहस्रानीक सुखपूर्व्वक राज्यका सुखभोगनेलगा कुछ कालके उपरान्त वृद्धावस्थाके आजाने पर संपूर्ण राज्य उदयनको देकर अपनीरानी तथा मंत्रियोंसमेत राजा सहस्रानीक इस संसारके आनन्दको त्यागकर हिमालय को चलागया इसप्रकार अपने पिता के राज्य को पाकर और संपूर्ण पृथ्वीकोजीतकर राजाउदयन यौगन्धरायणके मंत्रसे संपूर्ण पृथ्वीकाराज्य करताहै ६० इसभांति इस सबवृत्तान्त को कहकर सोमप्रभाएकान्त में फिर कलिंगसेनासे कहनेलगी कि यह राजा पाण्डवों के वंशमें उत्पन्नहोने से चन्द्रवंशी वत्सदेशके राज्य करने से वत्सराज हुआ और उदयाचल में जन्महोने से देवतालोगों ने इसका उदयननाम रक्खाहै संसार में इसके समान रूपवान् कामदेवभीनहीं है हे त्रैलोक्यसुन्दरि इसत्रिलोकी में तुम्हारेयोग्यपति उदयनसे अन्यकोई नहीं है और वहभी तुम्हारी लावण्यताके लोभसे तुम्हारे निमित्त प्रार्थना करना चाहताहै परन्तु राजा चण्डमहासेन की पुत्री वासवदत्ता उसकीपटरानी है उसने अत्यन्त अनुरागसे अपने बन्धुओं को छोड़कर और ऊषा शकुन्तला आदि कन्याओंकी लज्जाको हरकर इसको स्वीकारकिया है उसके नरवाहनदत्तनाम पुत्र भी उत्पन्नहोचुकाहै उसेदेवतालोगोंने विद्याधरोंका चक्रवर्त्तीहोनेवाला बतायाहै इससे वासवदत्ताके भय से वह तुम्हारे लिये प्रार्थना नहीं करताहै मैंने वासवदत्ताको भी देखाहै उसका स्वरूप तुम्हारे समान नहीं है इसप्रकार सोमप्रभाके वचन सुनकर कलिंगसेना राजाउदयनकेलिये उत्सुकहोकर बोली कि यह में जानतीनोहूं परन्तु में मातापिताके आधीन होनेके कारणकुछनहीं करसक्ती इससे हे सखी तुमसर्व्वज्ञ और बड़ी प्रभाववाली हो तुम्हारेही उद्योग से मेरासबकार्य्य होसक्ता है तब सोमप्रभा बोली कि यह कार्य्य दैवाधीन है इसमें मेरा कुछवश नहीं है इसविषयपर में तुम्हें एककथासुनाती हूं उज्जयिनी नाम पुरी में विक्रमसेननाम एकराजा पूर्व्व समय में था उसराजा के तेजस्वती नाम अत्यन्त सुन्दरी कन्या थी उसकन्याको प्रायः कोई भी राजा अपने विवाह के योग्य नहीं मालूमहोता था एकसमय उस ने अपने महलपर से किसी पुरुष को देखा उसे अपने समान सुन्दर जानकर उसके पास संदेशा लेकर अपनी सखीभेजी सखीने जाकर उससे राजपुत्रीका संदेशा कहा परन्तु उसने साहससे डरकर अंगीकार नहीं किया फिर सखी ने बहुत प्रार्थना करके उससे यह संकेत किया कि यहजोनिर्ज्जन देवमन्दिर तुम देखतेहो इसमेंरात्रिमें तुमआकर उसराजपुत्री की प्रतीक्षाकरना यहकहकर सखीने वहांसे आकर तेजस्वती से उसका सब वृत्तान्त कहदिया तब तेजस्वती तो सूर्य्यके अस्तहोनेकी प्रतीक्षाकरनेलगी और वहपुरुष

इसके उपरान्त एकसमय कलिंगसेनाके अनुपम शरीरको स्मरण करताहुआ कामसे पीड़ित राजा उदयन् रात्रिके समय खड्गलेकर अकेला कलिंगसेना के मन्दिरकोगया वहां कलिंगसेनाने उसका बड़ा सत्कार किया जब राजाने संभोगके लिये उससे प्रार्थनाकरी तब उसने कहा कि हेराजा मैं पराईस्त्रीहूं इसहेतुसे आपको मेरेसाथ संभोग नहींकरना चाहिये उसके यहवचनसुनकर राजानेकहा कि तुमतृतीय पुरुषको प्राप्तहोने के कारण पुंश्चलीहो परस्त्रीके साथ गमन करने में दोषहै परन्तु तुम्हारे साथ भोग करने में दोषनहीं है राजाके यहवचनसुनकर उसने कहा कि तुम्हारे निमित्त मैं आईथी तुम्हारा रूपधरके विद्याधरने मुझसे विवाह करलिया और वहीमेरा एकपतिहै तो मैंपुंश्चलीकैसेहूं बन्धुओंका उल्लंघनकरके स्वेच्छासे कार्य्य करतीहुई विवाहिता स्त्रियों को भी ऐसी विपत्तियां भोगनी पड़ती हैं कुमारियोंका तो कहनाही क्याहै अशकुनको देखकर निषेध करनेवाली अपनी सखी के वचनोंको न मानकर जो मैंने आपके पास दूतभेजा उसका यह फलहुआ इससे जो आपहठसे मेरास्पर्शभी करियेगा तो मैंप्राणदेदूंगी कौनकुलीन स्त्री अपने पतिको त्यागकरके पराये पतिका संगकरेगी इसविषयमें मैं आपको एककथा सुनातीहूं उसे आप सुनिये पूर्व्वसमय में इन्द्रदत्तनाम चेदिदेशका राजा था उसने शरीरको क्षणभंगुर जानकर यशरूपी शरीरकी प्राप्तिकेलिये पापशोधननाम तीर्थपर एक बड़ा सुन्दर देवमन्दिर बनवाया राजा बड़ी भक्तिसे दर्शन करनेको वहां नित्यआताथा और सम्पूर्ण वहांके मनुष्य तीर्थ स्नानकरने के लिये उसस्थानपर आतेथे एकसमय तीर्थपर स्नानके निमित्त आईहुई किसी वैश्यकी स्त्री जिसकापति परदेशमें था राजाने देखी निर्मलकान्तिरूपी सुधासे सिंचीहुई विचित्ररूप तथा आभूषणवाली वह स्त्री क्याथी मानो कामदेवकी मनोहरजंगम राजधानीथी तुम्हारे बलसे हम संसारको जीतेंगे इसलिये मानों कामदेवके तरकसोंकी शोभा उसके पैरोंमें आलगीथी ऐसी सुन्दर उस स्त्रीको देखकर राजाका चित्त उसपर ऐसा आशक्तहुआ कि रात्रिके समय वह उसको ढूंढ़कर उसके घर पहुंचा और उससे संभोग केलिये प्रार्थना करनेलगा तव उसने राजासे कहा कि आप तो धर्मकी रक्षा करनेवालेहो आपको परस्त्रियोंपर अधर्म्म करना उचित नहीं है जो आप हठसे मेरा स्पर्श करोगे तो बड़ा अधर्म्म होगा और मैं इस दोषको न सहकर शीघ्रही मरजाऊंगी उसके यह कहनेपरभी राजाके हठ करनेकी इच्छा करने

पर अपने आचरणके भ्रष्टहोनेके भयसे उस पतिव्रता स्त्रीका हृदय फटगया यहदेखकर राजा लज्जित होके अपने घरको चलागया और इसी पश्चात्तापसे कुछ दिनमें आपभी मरगया इसकथाको कहकर कलिंगसेना भयसे नम्रता पूर्व्वक उदयनसे कहनेलगी कि इस्से हेराजा अधर्म से मेरे प्राण नाशमत करो यहां अपने आश्रय में आपमुझे रहने न दीजिये नहीं तो मैं अन्यत्र कहीं चलीजाऊं कलिंगसेनाके यह वचन सुनकर धर्मज्ञ राजा उदयन् विचारकर उस अधर्म से निवृत्तहोके यह कहनेलगा कि हेराजपुत्री तुम अपनी इच्छाके अनुसार अपने पतिके साथ यहां निवासकरो अब मैं तुमसे कुछनहीं कहूंगा भयमतकरो यह कहकर राजाके चलेजानेपर मदनवेग कलिंगसेना और राजाके वार्तालापको सुनकर आकाशसे उतरा और बोला कि हे प्रिये तुमने वहुत अच्छाकिया जो तुम ऐसा न करती तो तुम्हारे लिये कल्याण न होता क्योंकि मैं तुम्हारे इसअपराधको न सहसका इसप्रकार कहके और उसको समझाके रात्रिभर उसीके पासरहा और तवसे नित्य वहां आने जानेलगा कलिंगसेनाभी विद्याधरोंके स्वामीको अपना पतिपाकर मृत्युलोकमें भी दिव्य सुखोंको भोगनेलगी और राजा उदयन भी कलिंगसेनाकी चिन्ताको छोड़कर यौगन्धरायणके वचनको स्मरण करके रानी वासवदत्ता तथा नरवाहनदत्तको मानो फिर मिलाहुआसामानकर वहुत प्रसन्नहुआ और रानीवासवदत्ता तथा यौगन्धरायण भी नीतिरूपी कल्पलताके सफल होजाने से अत्यन्त प्रसन्नहुए २० इसके उपरान्त कुछदिनोंके व्यतीत होनेपर कलिंगसेना गर्भवतीहुई उसका मुखरूपी कमल पीत होगया उसके श्याम मुखवाले उन्नतस्तन मदकी मुद्रासे अंकित कामदेवकी निधिके कुंभोंके समान शोभित होनेलगे तबमदनवेगने कलिंगसेनासे आकरकहा कि हे प्रिये हमलोग दिव्यपुरुषों का यह नियम है कि जब मनुष्य गर्भ होताहै तब उसे छोड़कर चलेजाते हैं देखो मेनका कण्वमुनिके आश्रम में शकुन्तलाको छोड़कर चलीगई तुम यद्यपि अप्सराहो तथापि अपने अपराधसे इन्द्र के शापकेद्वारा मनुष्य योनिमें प्राप्तहुईहो और इसीसे तुमको लोगोंने निरपराधभी पुंश्चलीकहा इससे मैं अब अपने स्थानको जाताहूं तुम अपनी सन्तानको अच्छे प्रकार रक्षाकरना जब तुम मुझे स्मरण करोगी तब मैं तुम्हारे पास आऊंगा इसप्रकार कहकर और अश्रुमुखी कलिंगसेनाको समझाकर और वहुतसे रत्नादिकदेके मदनवेग नियमसे पराधीन होकर चलागया परन्तु उसका चित्त कलिंगसेनामें लगारहा और कलिंगसेनाभी सन्ततिहोने में आसरालगाकर राजा उदयनके आश्रयमें वहीं रही ३८ इसबीचमें अंग सहित पतिके मिलनेकेलिये तप करतीहुई रतिसे श्री शिवजीने कहा कि वत्सराज राजाउदयनके यहां तेरापति नरवाहनदत्तनामसे उत्पन्नहुआहै उसने मेरा अपराध कियाथा इसीसे उसकी उत्पत्ति योनिसेहुई है और तुमने मेरी आराधनाकी है इससे तुम मृत्युलोक में भी अयोनिज होओगी और वहीं तुमको अंगसहित पति मिलेगा रति से इसप्रकार कहकर श्री शिवजीने ब्रह्माको यह आज्ञादी कि कलिंगसेनाके पुत्रहोगा उसको तुम अपनी मायासे हरके इस रतिको दिव्य शरीरसे मानुषी कन्या वनाकर वहीं स्थापितकरमाना इसप्रकार श्रीशिवजीकी आज्ञाको मानकर ब्रह्माजीके चलेजानेपर समयपाकर कलिंगसेनाके पुत्रहुआ तबब्रह्माने उत्पन्नहोतेही

उसको मायासे हरकर उस के स्थान में रतिमानुषी कन्या बनाकर रखदी और सबों ने उस कन्याहीका उत्पन्न होनाजानी दिनमें भी अकस्मात् उदितहुई द्वितीयाके चन्द्रमाकी कलाके समान उसकन्याकी कान्तिसे सम्पूर्ण घर देदीप्यमान होगया और रत्नोंके दीपकोंकी पंक्तियां मानों लज्जित होकर निस्तेज होगई ऐसी सुन्दर उस कन्याको देखकर कलिंगसेनाने प्रसन्न होकर पुत्रके जन्मसे भी अधिक उत्सव किया ४६ इसके उपरान्त राजा उदयनने मंत्रियों तथा रानियोंके निकट बैठे २ सुना कि कलिंगसेनाके महारूपवती कन्या उत्पन्न हुई है यहसुनकर राजाने अकस्मात् ईश्वरकी प्रेरणासे यौगन्धरायणके आगे रानी वासवदत्तासे कहा कि यह कलिंगसेना शापसे भ्रष्टहुई कोई दिव्यस्त्री है और इसकी यह अपूर्व रूपवती कन्याभी कोई दिव्य स्त्री होगी इससे यहकन्या नरवाहनदत्तके समान रूपवती होनेके कारण इसकी पटरानी होनेके योग्यहै यहसुनकर वासवदत्ताने राजासे कहा कि हे महाराज यह क्याबात आप अकस्मात् कहरहेहैं कहाँतो दोनोंकुलोंसे शुद्ध आपकापुत्र और कहाँपुंश्चलीकेगर्भसे उत्पन्नहुई यहकन्या यहसुनकर राजानेकहा कि यहबात में अपने आप नहीं कहरहाहूं कोई मेरेअन्तःकरणमें प्रवेशकरकेमुझ से कहलवारहाहै और मुझे आकाशवाणीसी सुनाईदेरही है कि यहकन्या नरवाहनदत्तकी पहलेही से स्त्रीबनादीगईहै और सत्कुलमें उत्पन्नहुई यहकलिंगसेना बड़ी पतिव्रता है परन्तु पूर्वजन्मके कर्म के वशसे यहपुंश्चली कहाईहै राजाके इसप्रकार कहनेपर बड़े बुद्धिमान् यौगन्धरायणनेकहा कि हेमहाराज मैंने सुनाहै कि कामके भस्महोजानेपर रतिने अपनेपतिके प्राप्तहोनेके लिये तपकिया उसेश्री शिवजी ने प्रसन्नहोके यहवर दियाहै कि मृत्युलोक में उत्पन्नहुए अपने शरीरवाले पति से तेरा समागमहोगा और जिससमय नरवाहनदत्तका जन्महुआथा उससमय आकाशवाणी हुईथी कि यहकामका अवतार है और रतिकोभी शिवजीकी आज्ञासे मृत्युलोकमें अवतार लेनाही है फिर दाईने आकर आजमुझसे एकान्तमें यहबात कहीथी कि मैंने आज पहले कलिंगसेनाका गर्भगर्भाशय (जेर) से युक्तदेखा और फिर उसीसमय गर्भाशयसे रहित अन्यसा दिखाईदिया इसआश्चर्यको देखकर में आपसे कहनेके लिये आईहूं यहबात उसदाईने मुझसे कहीथी और आपको इसबातका कुछ अनुभवभी हुआ है इससे मैं जानताहूं कि देवता लोगोंने मायासे कलिंगसेनाके गर्भको हरकेरतिको कलिंगसेनाकी अयोनिजकन्या बनादियाहै हे राजा यहकामके अवतार नरवाहनदत्तकी स्त्री अवश्यहोगी इसविषयमें मैं आपको एकयक्ष की कथा सुनाताहूं कि कुबेरका सेवक विरूपाक्षनाम एकयक्षथा वहलाखों निधानोंके रक्षकोंका प्रधानथा उसने मथुरा नगरीके बाहर जो एक निधानथा उसकीरक्षाके लिये एकऐसेयक्षको नियतकियाथा जोकि रात्रि दिन उसनिधानपरसे स्तम्भके समान नहीं हटताथा वहां मथुराका निवासी एकपाशुपत ब्राह्मण जो कि पृथ्वीमें निधिहोनेकी परीक्षाकरसक्ता था मनुष्यकी चर्बीके दीपकको हाथमें लिये हुए स्थानों की परीक्षा करताहुआ आया वहां आतेही वह दीपक उसके हाथसे गिरपड़ा उसलक्षणसे उसने वहां निधिजानकर अपनेमित्रों समेत खोदनेका आरम्भकिया उससमयवहांका रक्षक जोयक्षथा उसनेजाकर विरूपाक्षसे कहदिया यहसुनकर विरूपाक्षने क्रोधयुक्तहोकर कहा कि जाकर शीघ्रही उनखोदनेवालों

पर अपने आचरणके भ्रष्टहोनेके भयसे उस पतिव्रता स्त्रीका हृदय फटगया यहदेखकर राजा लज्जित होके अपने घरको चलागया और इसी पश्चात्तापसे कुछ दिनमें आपभी मरगया इसकथाको कहकर कलिंगसेना भयसे नम्रता पूर्वक उदयन्से कहनेलगी कि इससे हेराजा अधर्म से मेरे प्राण नाशमत करो यहां अपने आश्रय में आपमुझे रहने न दीजिये नहीं तो मैं अन्यत्र कहीं चलीजाऊं कलिंगसेनाके यह वचन सुनकर धर्मज्ञ राजा उदयन् विचारकर उस अधर्म से निवृत्तहोके यह कहनेलगा कि हेराजपुत्री तुम अपनी इच्छाके अनुसार अपने पतिके साथ यहां निवासकरो अब मैं तुमसे कुछनहीं कहूंगा भयमतकरो यह कहकर राजाके चलेजानेपर मदनवेग कलिंगसेना और राजाके वार्तालापको सुनकर आकाशसे उतरा और बोला कि हे प्रिये तुमने बहुत अच्छाकिया जो तुम ऐसा न करती तो तुम्हारे लिये कल्याण न होता क्योंकि मैं तुम्हारे इसअपराधको न सहसक्ता इसप्रकार कहके और उसको समझाके रात्रिभर उसीके पासरहा और तबसे नित्य वहां आने जानेलगा कलिंगसेनाभी विद्याधरोंके स्वामीको अपना पतिपाकर मृत्युलोकमें भी दिव्य सुखोंको भोगनेलगी और राजा उदयन् भी कलिंगसेनाकी चिन्ताको छोड़कर यौगन्धरायणके वचनको स्मरण करके रानी वासवदत्ता तथा नरवाहनदत्तको मानों फिर मिलाहुआसा मानकर बहुत प्रसन्नहुआ और रानीवासवदत्ता तथा यौगन्धरायण भी नीतिरूपी कल्पलताके सफल होजानेसे अत्यन्त प्रसन्नहुए २० इसके उपरान्त कुछ दिनोंके व्यतीत होनेपर कलिंगसेना गर्भवतीहुई उसका मुखरूपी कमल पीत होगया उसके श्याममुखवाले उन्नतस्तन मदकी मुद्रासे अंकित कामदेवकी निधिके कुंभोंके समान शोभित होनेलगे तबमदनवेगने कलिंगसेनासे आकरकहा कि हे प्रिये हमलोग दिव्यपुरुषों का यह नियम है कि जब मनुष्य गर्भ होताहै तब उसे छोड़कर चलेजाते हैं देखो मेनका कण्वमुनिके आश्रम में शकुन्तलाको छोड़कर चलीगई तुम यद्यपि अप्सराहो तथापि अपने अपराधसे इन्द्र के शापकेद्वारा मनुष्य योनिमें प्राप्तहुईहो और इसीसे तुमको लोगोंने निरपराधभी पुंश्चलीकहा इससे मैं अब अपने स्थानको जाताहूं तुम अपनी सन्तानकी अच्छे प्रकार रक्षाकरना जब तुम मुझे स्मरण करोगी तब मैं तुम्हारे पास आऊंगा इसप्रकार कहकर और अश्रुमुखी कलिंगसेनाको समझाकर और बहुतसे रत्नादिकदेके मदनवेग नियमसे पराधीन होकर चलागया परन्तु उसका चित्त कलिंगसेनामें लगारहा और कलिंगसेनाभी सन्ततिहोने में आसरालगाकर राजा उदयन्के आश्रममें वहीं रही ३६ इसबीचमें अंग सहित पतिके मिलनेकेलिये तप करतीहुई रतिसे श्री शिवजीने कहा कि वत्सराज राजाउदयन्के यहां तेरापति नरवाहनदत्तनामसे उत्पन्नहुआहै उसने मेरा अपराध कियाथा इसीसे उसकी उत्पत्ति योनिसेहुई है और तुमने मेरी आराधनाकी है इससे तुम मृत्युलोक में भी अयोनिज होओगी और वहीं तुमको अंगसहित पति मिलेगा रति से इसप्रकार कहकर श्रीशिवजीने ब्रह्माको यह आज्ञादी कि कलिंगसेनाके पुत्रहोगा उसको तुम अपनी मायासे हरके इस रतिको दिव्य शरीरसे मानुषी कन्या बनाकर वहीं स्थापितकरना इसप्रकार श्रीशिवजीकी आज्ञाको मानकर ब्रह्माजीके चलेजानेपर समयपाकर कलिंगसेनाके पुत्रहुआ [illegible]

उसको मायासे हरकर उस के स्थान में रतिमानुषी कन्या बनाकर रखदी और सबों ने उस कन्याहीका उत्पन्न होताजानी दिनमें भी अकस्मात् उदितहुई द्वितीयाके चन्द्रमाकी कलाके समान उसकन्याकी कान्तिसे सम्पूर्ण घर देदीप्यमान होगया और रत्नोंके दीपकोंकी पंक्तियां मानों लज्जित होकर निस्तेज होगईं ऐसी सुन्दर उस कन्याको देखकर कलिंगसेनाने प्रसन्न होकर पुत्रके जन्मसे भी अधिक उत्सव किया ॥ इसके उपरान्त राजा उदयनने मंत्रियों तथा रानियोंके निकट बैठे २ सुना कि कलिंगसेनाके महारूपवती कन्या उत्पन्नहुई है यहसुनकर राजाने अकस्मात् ईश्वरकी प्रेरणासे योगन्धरायणके आगे रानी वासवदत्तासे कहा कि यह कलिंगसेना शापसे भ्रष्टहुई कोई दिव्यस्त्री है और इसकी यहअपूर्व रूपवती कन्याभी कोई दिव्य स्त्री होगी इससे यहकन्या नरवाहनदत्तके समान रूपवती होनेके कारण इसकी पटरानी होनेके योग्यहै यहसुनकर वासवदत्ताने राजासे कहा कि हे महाराज यह क्याबात आप अकस्मात् कहरहेहैं कहाँतो दोनोंकुलोंसे शुद्ध आपकापुत्र और कहाँ पुंश्चलीकेगर्भसे उत्पन्नहुई यहकन्या यहसुनकर राजानेकहा कि यहबात मैं अपने आप नहीं कहरहाहूं कोई मेरे अन्तःकरणमें प्रवेशकरके मुझसे कहलवारहा है और मुझे आकाशवाणीसी सुनाईदेरही है कि यहकन्या नरवाहनदत्तकी पहलेही से स्त्रीबनादीगई है और सत्कुलमें उत्पन्नहुई यहकलिंगसेना बड़ी पतिव्रता है परन्तु पूर्वजन्मके कर्म के वशसे यहपुंश्चली कहाई है राजाके इसप्रकार कहनेपर बड़े बुद्धिमान् योगन्धरायणनेकहा कि हेमहाराज मैंने सुनाहै कि कामके भस्महोजानेपर रतिने अपनेपतिके प्राप्तहोनेके लिये तपकिया उसेश्री शिवजी ने प्रसन्नहोके यहवर दियाहै कि मृत्युलोक में उत्पन्नहुए अपने शरीरवाले पति से तेरा समागमहोगा और जिससमय नरवाहनदत्तका जन्महुआथा उससमय आकाशवाणी हुईथी कि यहकामका अवतार है और रतिकोभी शिवजीकी आज्ञासे मृत्युलोकमें अवतार लेनाही है फिर दाईने आकर आजमुझसे एकान्तमें यहबात कहीथी कि मैंने आज पहले कलिंगसेनाका गर्भगर्भाशय (जेर) से युक्तदेखा और फिर उसीसमय गर्भाशयसे रहित अन्यसा दिखाईदिया इसआश्चर्य्यको देखकर मैं आपसे कहनेके लिये आईहूं यहबात उसदाईने मुझसे कहीथी और आपको इसबातका कुछ अनुभवभी हुआ है इससे मैं जानताहूं कि देवता लोगोंने मायासे कलिंगसेनाके गर्भको हरकेरतिको कलिंगसेनाकी अयोनिजकन्या बनादियाहै हे राजा यहकामके अवतार नरवाहनदत्तकी स्त्री अवश्यहोगी इसविषयमें मैं आपको एकयक्ष की कथा सुनाताहूं कि कुबेरका सेवक विरूपाक्षनाम एकयक्षथा वहलाखों निधानोंके रक्षकोंका प्रधानथा उसने मथुरा नगरीके बाहर जो एक निधानथा उसकीरक्षाके लिये एकऐसेयक्षको नियतकियाथा जोकि रात्रि दिन उसनिधानपरसे स्तम्भके समान नहीं हटताथा वहां मथुराका निवासी एकपाशुपत ब्राह्मण जो कि पृथ्वीमें निधिहोनेकी परीक्षाकरसक्ता था मनुष्यकी चरबीके दीपकको हाथमें लिये हुए स्थानों की परीक्षा करताहुआ आया वहां जातेही वह दीपक उसके हाथसे गिरपड़ा उसलक्षणसे उसने वहां निधिजानकर अपनेमित्रों समेत खोदनेका प्रारम्भकिया उससमय वहांका रक्षक जोयक्षथा उसनेजाकर विरूपाक्षसे कहदिया यहसुनकर विरूपाक्षने क्रोधयुक्तहोकर कहा कि जाकर शीघ्रही उनखोदनेवालों

को मारडालो यह आज्ञापाकर उसयक्षने वहांजाके अपनी युक्तिसे निधिके खोदनेवाले वहसम्पूर्ण ब्राह्मण मारडाले जब यहवृत्तान्त कुबेरने सुनातब क्रोधकरके विरूपाक्षसे कहा कि हे पापी तूने सहसा ब्रह्महत्या क्योंकरवाई दुर्दशा ग्रस्त निर्धनलोग लोभसे क्या नहींकरते हैं उन्हें विघ्नों से डराकर भगादेना चाहिये मारना न चाहिये यहकहकर उसे शापदिया कि तू इसपापके प्रभावसे मृत्युलोकमें उत्पन्नहोजा शापके प्रभावसे वहयक्ष किसी जमींदार ब्राह्मणके यहां उत्पन्नहुआ तब उसयक्षकी स्त्री ने कुबेरसे कहा कि हे धनाध्यक्ष आपने जहाँ मेरे पतिको भेजाहै वहांही कृपा करके मुझेभी भेजदीजिये मैं उसके वियोगमें नहीं जीसक्ती उस पतिव्रता स्त्री के यह वचन सुनकर कुबेर ने कहा कि जिस ब्राह्मणके यहां वह उत्पन्नहुआहै उसकी दासीके यहां तू अयोनिज कन्याहोगी वहां तेरापति तुझे मिलजायगा और तेरेहीप्रभाव से वह अपने शापसे उद्धार होकर तुझसमेत फिर मेरे पास आजायगा कुबेरके इस वचन से वह पतिव्रता मानुषी कन्या होकर उस ब्राह्मणकी दासीके द्वारपर आपड़ी दासीने अकस्मात् अपने द्वारपर उसकन्या को देखकर लेके अपने स्वामी उस ब्राह्मणको दिखाया उसे देखकर उस ब्राह्मणने कहा कि यह निस्सन्देह कोई अयोनिज दिव्य कन्याहै यही मेरा चित्तकहताहै इससे तू इसको मेरेही घरमें रख यही मेरे पुत्रकी स्त्रीहोगी अपने स्वामीकी यह आज्ञापाकर दासीने वह कन्या उसीके घरमें रक्खी क्रमसे वह कन्या और ब्राह्मणका पुत्र दोनों बढ़े और उनदोनोंमें परस्पर बड़ा स्नेहहोगया तब उसब्राह्मणने उनदोनोंका विवाहकरदिया यद्यपि उनदोनोंको अपने पूर्व जन्मका स्मरण नहीं था तथापि उनदोनोंको समागम होनेसे ऐसे आनन्दहुआ मानों बहुत कालके विरहके उपरान्त मिलेहैं कुछकालमें वहयक्ष अपनी स्त्री के तपसे पापरहितहोके मृत्युके वशहोगया और वह उसके साथ सती होगई इसप्रकार वह दोनों अपने लोकको फिर चलेगये इस रीतिसे किसीकारणके द्वारा दिव्य स्त्रियां मृत्युलोकमें अयोनिज उत्पन्न होती हैं इससे हे राजा कलिंगसेनाकी कन्या आपके पुत्र नरवाहनदत्तकी स्त्री होनेके योग्यहै और यहतो देवतालोगों की बनाई हुई अयोनिजहै इसका कुलही क्या होसक्ताहै यौगन्धरायण के यह वचन सुनकर रानी वासवदत्ता समेत राजा उदयन् ने यह बात स्वीकार करली इसके उपरान्त यौगन्धरायण के अपने घर चलेजानेपर राजा मद्यपानादि क्रियाकरके रानी वासवदत्ता केही यहाँ उसदिनरहा ६३ कुछ दिनों के व्यतीत होने पर कलिंगसेनाकी कन्या मोह से अपने पूर्व जन्मको भूलकर सौन्दर्य समेत बढ़नेलगी वह मदनवेगनाम विद्याधरकी कन्या थी इसहेतु से कलिंगसेनासमेत अन्य सबलोगोंने उसका मदनमंचुकानाम रक्खा मानों उसने संपूर्ण सुन्दर स्त्रियों का रूप लेलियाथा नहीं तो उसके सन्मुख वह सब विरूप क्यों होगईं एकसमय रानी वासवदत्ता ने उसके स्वरूपकी बड़ी प्रशंसा सुनकर उसको अपनेपास बुलाया वहां धायकी गोदमें आईहुई मदनमंचुकाको दीपककी ज्योतिके समान वासवदत्ता राजा उदयन् तथा यौगन्धरायण इन तीनों ने देखा उसके अपूर्व नेत्रोंसमेत आनन्ददायी स्वरूपको देखकर सबको यही विश्वास होगया कि यहसाक्षात् रतिही उत्पन्नहुई है उससमय वासवदत्ताने नेत्रोंको आनन्ददायी अपनेपुत्र नरवाहनदत्तको वहांबुलाया

प्रफुल्लित मुखारविन्दवाला नरवाहनदत्त, वहांआकर जैसे पद्माकर सूर्यकी प्रभाको देखता है उसी प्रकार देदीप्यमान मदनमंचुकाको देखनेलगा वहभी जैसे चन्द्रमाको देखकर चकोरी नहीं तृप्तहोती है इसप्रकार प्रफुल्लित नेत्रोंसे उसे देखकर तृप्त नहीं हुई तबसे वहदोनों बाल्यावस्थाही में मानों दृष्टि-रूपी पाशोंसे बँधेहुए क्षणभरभी अलग २ नहीं रहसक्तेथे कुछ दिनोंके उपरान्त राजा उदयन्ने देवता लोगोंसे पहलेही निश्चित कियेगये उनदोनों के विवाहका निश्चयकिया तब कलिंगसेना वत्सराज उदयन्के इस विचारको जानकर बड़ी प्रसन्नहुई और नरवाहनदत्त को अपना होनेवाला जामाता जानकर उससे अत्यन्त स्नेह करनेलगी इसके अनन्तर राजाने मंत्रियोंसे सलाह करके नरवाहनदत्तके लिये अपनासा मंदिर अलग बनवादिया और उसे बहुत गुणवान् जानकर सम्पूर्ण सामग्री इकट्ठी करके युवराजपदवीपर उसका अभिषेक करदिया अभिषेकके समय नरवाहनदत्तके शिरपर पहले तो आनन्द देनेवाले माता पिताके अश्रुगिरे और पीछेसे श्रुतिकेमन्त्रोंसे पवित्र सम्पूर्ण तीर्थोंका जल अभिषेकके जलसे उसके मुखारविन्दके निर्मल होजानेसे सम्पूर्ण दिशाभी निर्म्मलहोगईं फिर माताओं के मंगलकारी पुष्पोंके बरसानेपर आकाश से भी दिव्य पुष्पोंकी वृष्टिहुई पृथ्वी तथा आकाशमें आनन्दके नगाड़ेबजे उससमय युवराज पदवीपर बैठेहुए नरवाहनदत्तके आगे ऐसाकोई न था जो नम्र न हुआ केवल उसका प्रभावही ऊंचेको बढ़ा उससमय राजाने नरवाहनदत्तके मित्र अपने मंत्रियों के पुत्रोंको बुलवाकर उसके मंत्रीबनाये उनमें से योगन्धरायणके पुत्र मरुभूति को मंत्रीका, रुमण्वान्के पुत्र हरिशिखको सेनापतिका, वसन्तकके पुत्र तपंतकको क्रीड़ा सखाभावका, इत्यक अर्थात् नित्योदितके पुत्र गोमुख को सम्पूर्ण प्रतीहारोंके स्वामीका और पिंगलिकाके पुत्र अपने पुरोहितके भतीजे वैश्वानर तथा शान्तिसोमको पुरोहितका अधिकार दिया इसप्रकारसे राजाके अधिकार देनेपर आकाशसे पुष्पों की वृष्टिहोकर यह आकाशवाणीहुई कि यह सबमंत्री नरवाहनदत्तके सम्पूर्ण कार्य्योंके साधकहोंगे और गोमुख तो इसके द्वितीय शरीरहीके समान होगा इस आकाशवाणी को सुनकर राजा उदयन् ने प्रसन्नहोके सम्पूर्ण मंत्रियोंके पुत्रोंका वस्त्र तथा आभूषणोंसे बड़ा सत्कारकिया उससमय राजाने सम्पूर्ण सेवकोंको इतनाधनदिया जिससे केवल दरिद्रशब्दही वहाँ अनर्थरहा वायुकेद्वारा हिलती हुई पताकाओंके वस्त्रोंसे मानों बुलायेगये नट वेश्या तथा चारणादिकों से सम्पूर्ण नगरी भरगई उससमय कलिंगसेना भी अपने भविष्यत जामाताके उत्सव में होनेवाली साक्षात् विद्याधरोंकी लक्ष्मीके समान आई फिरवासवदत्ता और पद्मावती उसकलिंगसेना समेत प्रसन्नहोकर मिलीहुईं उत्साह मन्त्र तथा प्रभाव इनतीनों शक्तियोंके समान नाचनेलगीं उसउत्सवमें वायुकेद्वारा कम्पित उपवनके लता समेत वृक्षभी नाचतेसे मालूमहोतेथे फिर चैतन्यपुरुषोंका तो क्याहीकहनाहै इसप्रकार अभिषेक होनेके उपरान्त नरवाहनदत्त हाथीपर चढ़कर नगरमें निकला तब पुरकी स्त्रियों ने नीलकमल, खीले, तथा रक्तकमलोंके समान अपने नील श्वेत तथा रक्तवर्ण नेत्रोंसे उसे आच्छादित करदिया इसरीति से सम्पूर्ण पुरमें घूमकर और पुरीके पूज्यदेवताओंका दर्शनकरके बन्दीगणोंसे स्तुति कियागया नरवाहनदत्त

अपने सब मन्त्रियों समेत अपने मन्दिरमें गया वहां कलिंगसेना पहलेहीसे दिव्य भोजन तथा पीने के पदार्थ लाईथी वह उसे मन्त्रियों समेत भोजन और पीनेके लियेदिये फिर भोजन कराके जामाता के स्नेहसे कातरहोके उसने अपने ऐश्वर्य्य सेभी अधिक वस्त्र तथा दिव्य आभूषण मन्त्री मित्र तथा उसके सेवकों समेत नरवाहनदत्तको दिये इसप्रकार बड़े उत्सवसे अमृतकी वृष्टिके समान आनन्ददायी वह दिवस राजा उदयन् आदि सबको व्यतीतहुआ १२० इसकेउपरान्त रात्रिके समय कलिंगसेनाने अपनी कन्याके विवाहका विचार करते २ अपनी सखी सोमप्रभाका स्मरण किया स्मरण करतेही उस के पति महाज्ञानी नलकूबरने उससे कहा कि हे प्रिये तुम्हारी सखी कलिंगसेना उत्कण्ठितहोके तुमको स्मरण करती है इससे वहां उसके पास जाकर उसकी कन्याके विवाहके लिये दिव्य उपवनबनादो यह कहकर और कलिंगसेनाका सम्पूर्ण भूत तथा भविष्य वृत्तान्त बताकर नलकूबरने सोमप्रभाको भेज दिया तब सोमप्रभा कलिंगसेना के निकट आकर बहुतकालकी उत्कण्ठासे उसके गलेमें लिपटकर और कुशल पूंछकर कहनेलगी कि हे सखी बड़े ऐश्वर्य्यवान् विद्याधरके साथ तुम्हारा बिवाहहुआ है और साक्षात् रति अवतारलेकर श्रीशिवजीकी कृपासे तुम्हारी कन्याहुई है यह राजा उदयन्के पुत्र कामके अवतार नरवाहनदत्तकी भार्य्या पहलेही से है नरवाहनदत्त दिव्य कल्प पर्य्यन्त विद्याधरोंका चक्रवर्त्ती राजाहोगा और यह तुम्हारी कन्या उसकी सब स्त्रियोंमें पटरानीहोगी और तुमभी पूर्व्वजन्म की अप्सराहो इन्द्रके शापसे भ्रष्टहोके इस पृथ्वीलोकमें आगईहो जब तुम्हारे सम्पूर्ण कार्य्य समाप्तहोंगे तब शापसे छूटकर स्वर्गको चलीजाओगी यह सम्पूर्ण बातें मेरे ज्ञानी पतिने मुझसे कहदीहैं इससे तुम चिन्ता न करो तुम्हारेलिये भविष्यतमें सब अच्छाहीहोगा मैं तुम्हारी कन्याके लिये एक दिव्य उपवन बनाये देतीहूं जैसा न पातालमें न स्वर्गमें न पृथ्वीमें है यहकहकर और अपनी मायासे दिव्य उपवन बनाकर जानेदेनेकी नहीं इच्छा करनेवाली सखीकलिंगसेनासे किसीप्रकार आज्ञालेकर सोमप्रभा अपने स्थानको चलीगई १४२ प्रातःकाल अकस्मात् आकाश से पृथ्वीपर गिरेहुए नन्दनवनके समान उस उपवनको लोगोंने देखा और उसउपवनका वृत्तान्त सुनकर राजा उदयन्भी अपने मन्त्री तथा स्त्रियों समेत उसउपवनको देखनेके लिये आया और नरवाहनदत्तभी अपने साथियों समेत वहांआया उसउप वन में सदैव होनेवाले सब ऋतुके फलफूल वृक्षोंमें लगेथे और दीवारें तथा बावड़ी और पृथ्वी अनेक प्रकार की अपूर्व मणियों से जटितथीं सुवर्णमय सैकड़ों पक्षी उसमें उड़ते थे और दिव्य सुगन्धयुक्त वायुचलतीथी वह उपवन क्या था मानों देवता लोगोंकी आज्ञासे द्वितीय स्वर्गही पृथ्वी में उतरकर आयाथा ऐसे अति अद्भुत उपवनको देखकर राजाने अतिथि सत्कारमें व्यग्रचित्तवाली कलिंगसेना से पूँछा कि यह क्या आश्चर्य्य है उसने सब के आगे राजा उदयन् से कहा कि विश्वकर्माका अवतार मयनाम दैत्य है जिसने युधिष्ठिर और इन्द्रकेलिये रम्यपुरबनाया था उसकी सोमप्रभानाम कन्या मेरी सखी है उसने रात्रिकेसमय मेरे पासआकर स्नेह से मेरी कन्याके लिये यह दिव्य उपवन बना दिया और मेरा सम्पूर्ण भूत भविष्य वृत्तान्त भी बतादिया यहकहकर उस ने सोमप्रभाका कहाहुआ सम्पूर्ण

वृत्तान्त राजासे कहदिया कलिंगसेना के इनवचनोंको यथार्थ जानकर सम्पूर्ण लोग निस्सन्देहहोकर अत्यन्तही प्रसन्नहुए वह दिन कलिंगसेना ने उन लोगों के सत्कारही में व्यतीतकिया और राजा उदयन् भी अपनी स्त्रियों तथा पुत्र समेत उस दिन वहींरहा। दूसरेदिन राजा उदयन् देवमन्दिर में देवताओं के दर्शनकरनेकोगयाथा वहां उसने सुन्दर वस्त्रालंकारयुक्त बहुतसी दिव्य स्त्रियां देखीं राजा ने उनसे पूँछा कि तुम कौनहो वह बोलीं कि हम सम्पूर्ण विद्या और कलाहैं तुम्हारे पुत्रकेलिये यहां आईं हैं अब जाकर हम उसीके अन्तःकरण में प्रवेशकरती हैं यहकहकर वह अन्तर्द्धान होगईं तब राजा उदयन् ने आश्चर्य्यपूर्व्वक दर्शनकरके मन्दिर में जाकर रानी वासवदत्ता और सम्पूर्ण मंत्रियों से वह सब वृत्तान्तकहके सबको आनन्ददिया वह लोगभी सुनकर देवताकी कृपामानकर अत्यन्त प्रसन्न हुए इसके उपरान्त नरवाहनदत्त मन्दिर में आया तो राजा के कहने से वासवदत्ता वीणावजानेलगी माताको वीणावजाते देखकर नरवाहनदत्त ने नम्रतापूर्व्वक कहा कि वीणा स्थानसे च्युतहोगई उसके यह वचनसुनकर राजाने कहा कि अच्छा तुमतो इसेलेकर बजाओ तब पिताकी आज्ञासे उसने वीणा लेकर ऐसी सुन्दरतासे बजाई कि जिसे सुनकर गन्धर्व्वलोग भी विस्मितहोजायँ इसप्रकारसे सम्पूर्ण विद्याओं तथा कलाओं में उसकी परीक्षाकरके राजाने जानलिया कि सम्पूर्ण विद्या तथा कलाओं ने इसके अन्तःकरण में प्रवेशकिया है और पुत्रको गुणवान् जानकर कलिंगसेनाकी कन्या मदनमंचुका को नृत्यसिखवाया फिर जैसे २ चन्द्रमाकी कलाकेसमान मदनमंचुका सम्पूर्ण कलाओं से पूर्णहुई वैसेही वैसे नरवाहनदत्त रूपसमुद्र आनन्दकी तरंगयुक्तहुआ उनदिनों गातीहुई और भावबताकर नाचतीहुई मदनमंचुकाको मानों कामदेवकी आज्ञाको पढ़तीहुईसी देखकर वह नरवाहनदत्त अत्यन्त प्रसन्नहोताथा मदनमंचुका क्षणभर भी चन्द्रमा के समान सुन्दर नरवाहनदत्तको विनादेखे आंसूभरकर प्रातःकाल जल से आर्द्र कुमुदिनी के समान शोभितहोतीथी और नरवाहनदत्त भी उसके मुखारविन्द को विनादेखे क्षणभरभी नहीं ठहरसक्ताथा इससे उस उपवन में जाकर वह सदैव विहारकरताथा वहां कलिंगसेना उसे अपने पासबुलाके मदनमंचुका के साथ उसको क्रीड़ाकरवाकर प्रसन्नहोतीथी नरवाहनदत्तके चित्तकी वृत्तिका जाननेवाला गोमुख उसके वहां बहुतकालतक ठहरने के लिये कलिंगसेनासे अनेक २ प्रकारकी कथा कहाकरता था औरनरवाहनदत्त अपने चित्तके अनुसार उसके कार्य्य करने से उसपर अत्यन्त प्रसन्नहोता था ठीक है ( हृदयानुप्रवेशोहि प्रभोस्सम्वननंपरम् ) स्वामी के चित्तकाजानना स्वामी का बड़ा वशीकरण है १६६ उस उपवनकी संगीतशाला में नरवाहनदत्त आपही मदनमंचुकाको नृत्यआदिक सिखलाताथा और जब वह नाचती थी तब बड़े २ गन्धर्वों को भी लज्जित करताहुआ आपही उसके साथ मृदंगादिक बाजे बजाता था उनदिनों वह हाथी घोड़े रथ शस्त्र अस्त्र चित्र तथा पुस्तकादि विद्याओं में ऐसा चतुरहोगया था कि अनेक २ देशों से आये हुए अनेक २ विषयों के जाननेवाले पंडितों को भी उसने जीतलिया इसप्रकार संपूर्ण विद्याओं से युक्त नरवाहनदत्त के कुमारावस्थाके दिन व्यतीतहुए १७२ एकसमय नरवाहनदत्त अपनेसम्पूर्ण मंत्री

तथा मदनमंचुका समेत किसी उत्सवमें नागवननाम उपवनमेंगया वहां किसी बणियेकी स्त्रीने गोमुखसे कामकी चेष्टाकरनेकी अभिलाषाकी परन्तु उसने उसका तिरस्कारकरदिया तब उसस्त्रीने सविष शर्बत पिलाकर गोमुखको मारनाचाहा परन्तु उसीकी सखीसे यहवृत्तान्तजानकर गोमुखने शर्बतनहीं पिया और इसप्रकार से स्त्रियोंकी निन्दा करनेलगा कि (अहोधात्रापुरस्सृष्टंसाहसंतदनुस्त्रियः नैतासां दुष्करंकिंचिन्निसर्गादिहविद्यते) ब्रह्माने पहले साहस बनाया फिर स्त्रियांबनाईं क्योंकि इनको स्वभाव ही से कोई काम दुष्करनहीं है (नूनंस्त्रीनामसृष्टेयममृतेनविषेणच अनुरक्तामृतंसाहिविरक्ताविषमेवच) निस्सन्देह स्त्रीविष और अमृतसे मिलाकर बनाईगई है अनुरागयुक्तस्त्रीतो अमृतहैऔर विरक्तस्त्री विषरूप है (ज्ञायतेकान्तवदना केनप्रच्छन्नपातका कुस्त्रीप्रफुल्लकमलागूढनक्रेवपद्मनी) जैसे किसी तड़ागमें सुन्दर कमल फूलरहे हों और उसकेभीतर छुपाहुआ मगर बैठाहो उसीप्रकार सुन्दर मुखवाली कुलटा स्त्रीके अन्तःकरण में छिपेहुए पातकको कौन जानसक्ता है (दिवःपततिकाचित्तुगुणचक्रप्रचोदिनीभर्तृश्लाघासहासुस्त्रीप्रभाभानोरिवामला) (हन्त्येवांशुगृहीतान्याःपररक्तागतस्पृहा पापाविरागविषभृद्भर्त्तारंभुजगीवसा) कोई पापिनी स्त्री परपुरुष में अनुरक्तहोकर द्वेषरूप विषसेयुक्त सर्पिणी के समान अपने पतिको स्पर्शकरतेही शीघ्र मारडालती है देखो किसी ग्राममें शत्रुघ्ननाम कोई पुरुषरहताथा उसकीस्त्री बड़ी व्यभिचारिणी थी उसने एकदिन सायंकाल के समय अपनीस्त्रीको जारकेसाथ रमणकरते देखकर खड्ग से जारको मारडाला और उसदुष्टास्त्रीको भीतर रखकर द्वारपर इसनिमित्त जाबैठा कि अधिक रात्रि व्यतीतहोजाय तो इसे बाहर फेंकआऊं उससमय कोई पथिक उसकेघर टिकनेकोआया उसने उसे टिकालिया और उसीको साथ लेकर उसजारकी लोथको लेकर वनमेंजाके जैसेही किसी अन्धे कुएमें फेंकनाचाहा वैसेही पीछेसे चुपके २ आईहुई उसकीस्त्रीने उसेभी कुएमें ढकेल दिया इसप्रकारसे कुलटा स्त्री कौन २ साहसनहीं करती हैं इसरीतिसे गोमुखने कुमारावस्थाही में स्त्रियोंकी बड़ी निन्दा की तदनन्तर नागवनमें सर्पोंका पूजनकरके नरवाहनदत्त अपने परिकर समेत अपने मन्दिरकोआया वहां आकर उसने दूसरेदिन जानकर भी परीक्षा करने के लिये गोमुखादि मंत्रियों से नीतिका तत्त्व पूछा तब वह लोग कहनेलगे कि यद्यपि आप सर्वज्ञहो तथापि आपके पूछनेपर हम लोग नीति के तत्त्वको कहते हैं राजापहले वशीभूत कियेहुए इन्द्रीरूपी घोड़ों पर चढ़कर काम क्रोधादिक भीतरे शत्रुओंको जीतकर अपनी आत्माको अन्य शत्रुओं के जीतनेके लिये प्रथमहीजीते क्योंकि जिसने अपने आत्माही को नहीं जीता है वह विवश होने के कारण दूसरे को क्या जीतसकेगा तदनन्तर सम्पूर्ण गुणयुक्त मन्त्रीकरे और अथर्व वेद का जाननेवाले चतुर तपस्वी ब्राह्मण को अपना पुरोहित बनावे और मंत्री तथा पुरोहितों की भय, लोभ, धर्म तथा काममें युक्तिपूर्व्वक परीक्षा करके कार्य्यों में नियुक्तकरे और उनके अन्तःकरण को भी देखता रहे कार्यों में परस्पर अपना अपना बिचार कहतेहुए मंत्रियोंके बचनों में इसबातकी परीक्षाकरे कि यह वचन सत्यहै अथवा द्वेषयुक्त है और स्नेह से कहाहै अथवा स्वार्थ सिद्ध करनेको कहागया है जब वह सत्य कहें तो उनपर प्रसन्नहोवे और जब

असत्यकहैं तो उनको योग्य दण्डदेवे और गोयन्दोंके द्वारा मंत्रियों के आचरणको सदैव गुप्तरीति से जानतारहै इसप्रकार सम्पूर्ण कार्योंपर दृष्टिकरताहुआ दुष्टलोगोंको राज्यकार्योंसे निकालकर और सेना तथा कोश ( खजाना ) को वढ़ाकर अपने राज्यको पुष्टकरै तिसपीछे उत्साह प्रभुता तथा मन्त्र शक्तिसे युक्तहोकर अन्य राजालोगों के जीतनेकी इच्छाकरे परन्तु अपने और उनके वलावल को देखले प्रमाणिक तथा वहुश्रुत बुद्धिमान् लोगों के साथ विचारकरे और जब वह लोग निश्चय करचुकें तब अपनी बुद्धिसे भी सब प्रकार शोचले और साम दामादिक उपायों को जानकर योग क्षेम ( प्राप्तकी रक्षा और अप्राप्तकी प्राप्तिका उपाय ) को सिद्धकरे फिर संधि विग्रह आदिक छओं गुणोंको काममें लावे इसप्रकार निरालस्य होकर स्वदेश और परदेशकी चिन्ता करताहुआ राजा सदैव जयको प्राप्त होताहै और कभी पराजित नहीं होता और जो मूर्ख राजा काम तथा लोभसे अन्धे होते हैं उन्हें धूर्त्त लोग झूठे उपदेश करके आपत्ति में डालके उनसे खूबधन लेतेहैं १०२ जैसे खेतके स्वामी जब खेतके चारोंओर कांटोंकी मेंड़ लगादेतेहैं तब उसमें कोई नहीं जासक्ता है उसीप्रकार जिसराजाको वहुत से धूर्त्त लोग घेरेही रहतेहैं उसके पास किसी सज्जन का प्रवेश नहीं होने पाताहै धूर्त्तलोग सम्पूर्ण गुप्त वातोंको जानकर उसे ऐसा अपने वशकरते हैं कि राज्यलक्ष्मी दुखित होकर उसके पाससे चलीजाती है इससे राजा अपनी आत्माकोजीतै और सम्पूर्ण विशेष वातोंको जाने और योग्य दण्डदेवे इससे उसपर प्रजाका अनुराग वढ़ताहै और प्रजाहीके अनुरागसे वह राज्यलक्ष्मीका पात्र होताहै पूर्व समय में सूरसेन नाम एक राजा अपने मन्त्रियोंपर वड़ा विश्वास करताथा इससे मन्त्रीलोग आपसमें मिलकर उससे जो चाहतेथे सो लेतेथे राजा अपने जिस सेवकको कुछ देना चाहताथा उसे वह एक तिनकाभी नहीं देने देतेथे और अपने सेवकोंको जो चाहतेथे वह राजासे दिलवा देतेथे राजाने धीरे २ अपने मंत्रियों की यह परस्पर मिलावट जानकर युक्ति पूर्व्वक उनमें भेदकरादिया और उन धूर्त्तों में भेद होजानेसे राजा अच्छेप्रकार से अपने राज्यका कार्य्य करनेलगा और फिर उसे कोई न ठगसका पूर्व्वसमय में हरिसिंह नाम एक साधारण राजाथा उसने नीतिके तत्त्वको जानकर विद्वान् तथा भक्त मंत्रीकिये क़िलेको वहुत दृढ़ करलिया कोशखजाना वहुत इकट्ठा किया और योग्य कार्य्य करके सम्पूर्ण प्रजा अपने में ऐसी प्रीति युक्त करली कि चक्रवर्त्ती के साथभी लड़ने से वह नहीं पराजित हुआ इसप्रकार वहुत कहने से क्या प्रयोजन है विचार और चिन्तवन राज्य का सारांश है इत्यादि वातों को कहकर वह गोमुखादिक मन्त्री चुप होरहे मन्त्रियों के यह वचन सुनकर और उनके वचनों की प्रशंसा करके नरवाहनदत्त ने कहा कि पुरुषों को चिन्तवन करना तो उचितही है परन्तु भाग्य मुख्यहै यह कहकर अपने मंत्रियोंको साथ लेकर विलम्ब होनेके कारण महाउत्कण्ठित होकर अपनी प्रिया मदनमंचुकाके देखनेको गया वहांजाकर जब नरवाहनदत्त आसनपर बैठा तो कलिंगसेना ने विस्मितहोकर गोमुख से कहा कि आज नरवाहनदत्तकोआया न देखकर मदनमंचुका उत्कण्ठितहोके इसके मार्गके देखनेके निमित्त मंदिरके ऊपर चढ़गई और मैंभी इसके पीछे २ चलीगई उससमय कि-

रीटको धारण कियेहुए खड्गको लियेहुए एक दिव्यपुरुष आकाशसे उतरकर मुझसे बोला कि मैं विद्याधरोंका स्वामी मानसवेगनाम विद्याधरहूं और तुम शाप से भ्रष्टहुई सुरभिदत्तानाम अप्सराहो और तुम्हारी यह कन्याभी दिव्यहै यह मुझे मालूमहै इससे यह कन्या मुझे देदो यह सम्बन्ध बहुत योग्य है यह सुनकर मैंने हँसकरकहा कि देवतालोगोंने पहलेही से इसका पति नरवाहनदत्त बनायाहै जो तुम सबलोगोंका चक्रवर्ती होगा मेरे यह वचन सुनकर वह आकाशको चलागया और अकस्मात् बिजली चमकने के समान उस विद्याधरको देखकर मदनमंचुका के नेत्र चकचौंधी में होगये कलिंगसेनाके यह वचनसुनकर गोमुख बोला कि जिससमय नरवाहनदत्त का जन्म हुआथा तब आकाशवाणीके द्वारा इसको अपना चक्रवर्त्ती होनेवाला जानकर संपूर्ण विद्याधर इसके लिये कोई घातकरना विचारतेथे क्योंकि कोई उद्दण्ड पुरुष नहीं चाहताहै कि उसपर बलवान् स्वामीहोय विद्याधरों की यह दुष्ट इच्छाजानकर श्री शिवजीने अपने गण भेजकर इसकी रक्षाकी यह नारदमुनिका कहाहुआ मैंने अपने पिताके मुखसे सुनाहै इससे संपूर्ण विद्याधर लोग हमारे विरोधी हैं गोमुखके यहवचनसुनकर कलिंगसेना अपने वृत्तान्तको शोचकर कहनेलगी कि मेरे समान इसके साथभी कोई अपनी माया न करे इससे राजपुत्रके साथ इसका शीघ्रही विवाह होजाना चाहिये यह सुनके गोमुखादिकों ने कहा कि तुम्हींको इसकार्य्यमें राजा उदयन्से प्रेरणा करनी चाहिये २२६ इसके अनन्तर नरवाहनदत्त मदनमंचुका को देखताहुआ उसदिन उसी उपवन में रहा और अपने चित्तमें उसकी इसप्रकार प्रशंसा करनेलगा कि प्रफुल्लित कमलके समान मुखवाली फूलीहुई कुमुदिनीके समान नेत्रवाली दुपहरिया पुष्पके सदृश सुन्दर ओष्ठवाली पारजातके पुष्पों के गुच्छेके समान स्तनवाली और शिरसके फूलोंके समान कोमल अंगवाली मदनमंचुकाको मानों कामदेवने जगत्को जीतनेके लिये पांचों बाणों को मिलाकर एक बाण बनाया है दूसरेदिन कलिंगसेनाने वत्सराजके पासजाकर अपना मनोरथ कहा तब राजा उदयन्ने उसे बिदाकरके रानी बासवदत्ता औरमंत्रियोंको बुलाकर कहा कि कलिंगसेना अपनी कन्याके विवाहके निमित्त शीघ्रता करती है और कलिंगसेना यद्यपि शुद्धहै परन्तु तौभी लोग उसको पुंश्चली कहते हैं और लोकके अपवादसे सबको सदैव बचनाचाहिये देखो रामचन्द्रजीने लोकापवादसे डरकर अपनी सीतासरीकी पतिव्रतास्त्रीका भी त्याग करदिया और भीष्मजी ने अपने भाई के लिये अम्बाको हरकरभी उसे अन्यपुरुषमें आशक्तजानकर त्याग करदिया इसीप्रकार कलिंगसेना मेरे स्वयंबरके लिये आईथी परन्तु मदनवेगके साथ उसका बिवाहहोगया इसी से सबलोग उसकी निन्दा करतेहैं इससे मदनमंचुकाके साथ नरवाहनदत्त आपही गान्धर्व्व बिवाह करले तो अच्छाहै उदयन्के यह वचन सुनकर योगन्धरायणने कहा कि हे महाराज कलिंगसेना इस अनुचित कार्य्य को कैसे अंगीकार करेगी यहसामान्यस्त्री नहींहै यह दिव्यस्त्री है और इसकी कन्याभी दिव्यहै यहबात मुझे आपभी मालूमहै और मेरे मित्र योगेश्वर ब्रह्मराक्षस ने भी कहाहै इसप्रकार वह लोग जिससमय बिचार कररहेथे उससमय श्री शिवजी ने आकाशवाणी के द्वारा यहकहा कि मेरे नेत्रकी अग्निसे भस्महुए कामके अवतार नर-

वाहनदत्त के लिये मैंनेही तप से प्रसन्न होकर रति को मदनमंचुका नाम से उत्पन्न कियाहै और यह इस नरवाहनदत्त की स्त्री होगी इसके साथ यह मेरी कृपासे सम्पूर्ण शत्रुओं को जीतकर एक दिव्य कल्प पर्य्यन्त सब विद्याधरोंका चक्रवर्ती होकर राज्य करेगा यह कहकर आकाशवाणी के निवृत्त हो जानेपर श्री शिवजीकी इस वाणीको सुनकर राजा उदयन् ने श्री शिवजीका स्मरण करके पुत्र के विवाह का निश्चय किया और पहलेही से सम्पूर्ण तत्त्वोंके जाननेवाले यौगन्धरायणकी प्रशंसा करके ज्योतिषियों को बुलाके विवाहकी लग्न पूछी ज्योतिषियोंने थोड़ेही दिनोंमें होनेवाली बड़ी दिव्य सुन्दर लग्न बता दीनी और कहा कि हे महाराज हम सबको अपने शास्त्र से मालूम होताहै कि कुछ काल तक नरवाहन-दत्तका मदनमंचुकाके साथ वियोग होगा यह कहकर ज्योतिषी तो चलेगये और राजाने अपने पुत्रके विवाहके लिये इतनी सामग्री इकट्ठी की जिससे केवल उस की सब पुरीही नहीं किन्तु सम्पूर्ण पृथ्वी उसके उद्योग से उकला गई जब विवाहका दिन आया तब कलिंगसेनाने मदनवेगके दियेहुए दिव्य आभूषणों से और पतिकी आज्ञासे आईहुई सोमप्रभा ने अपने लाएहुए आभूषणोंसे मदनमंचुकाका शृंगार किया दिव्य शृंगारसे युक्त स्वाभाविक सुन्दर वह मदनमंचुका उससमय अत्यन्त शोभितहुई जैसे चन्द्रमाकी कला सदैव मनोहर होती है परन्तु कार्त्तिकमें तो क्याही कहनाहै उससमय श्रीशिवजी की आज्ञासे दिव्यस्त्रियां अलक्षितहोके मंगलकेगीत गानेलगीं मानों उसके रूपसे जीतलीगईथीं इससे लज्जितहोकर नहीं प्रकटहुई इसके अनन्तर नरवाहनदत्त विवाहकावेष बनाकर जिस गृहमें विवाहके निमित्त मदनमंचुका थी उसमें गया वहां विवाहविधिको समाप्त करके मदनमंचुका समेत जाज्वल्यमान अग्नियुक्त वेदीपरचढ़ा वह निर्मल रत्नों के दीपकोंसे युक्त वेदी क्याथी मानों बड़े २ राजालोगोंके मस्तक थे, जो एक साथहीसूर्य और चन्द्रमा सुमेरुकी प्रदक्षिणा करें तो उससमय अग्निकी प्रदक्षिणा करतेहुए वधू और वरकी उपमा पूरीहोय जैसे विवाहके उत्सव में बजतेहुए नगाड़ेके शब्दों को आकाशमें बजने वाले नगाड़ों के शब्दोंने छालिया उसीप्रकार वधूसे डालीगई होमकी खीलें देवतालोगोंके फेंकेहुए पुष्पों ने छालीं उससमय अत्यन्त उदार कलिंगसेनाने इतने रत्नोंके समूह और सुवर्णके ढेर अपने जामाता को दिये कि जिससे लोगोंने उसके आगे कुबेरको भी दरिद्री जाना औरअन्य कृपण राजा लोगोंकी तो क्या गणना है इसप्रकार बहुत कालसे अभिलाषा कियेगये पाणिग्रहणके महोत्सवकी विधि के समाप्त होजानेपर वह दोनों वधू वर निर्मल चित्रोंसे युक्त दीवारवाले और स्त्रियों से व्याप्त गृह के भीतरगये उस समय राजा उदयन्ने अपने सेवकोंको इतना सुवर्ण दिया कि राज्यभरके सम्पूर्ण लोग सुवर्णमय होगये अनेक २ देशोंसे आयेहुए कथिक तथा वेश्याओं के समूहों से सम्पूर्ण लोग नृत्यगीत तथा वाद्यमय जगत्को जाननेलगे उस उत्सवमें वायुसे कम्पित पताकारूपी भुजावाली और पुरकीस्त्रियोंसे कियेगये शृंगाररूपी आभरणवाली कौशाम्बीपुरी भी मानों नृत्यकरती थी उससमय बड़े २ तेजस्वी राजालोग अपनी २ सेनाओं को साथलेकर चारोंओर से समुद्रोंके समान बड़े २ सुन्दर रत्नों की भेंट लेकर वत्स-राज उदयन्के पास आये उससमय वह पुरी राजाओंसे ऐसीव्याप्त होरहीथी कि मानों उसपुरीमें केवल

राजा लोगही रहतेथे इसप्रकार से प्रति दिन बढ़ताहुआ वह महोत्सव बहुत दिनों में समाप्त हुआ उस उत्सवमें सम्पूर्ण सुहृद परिजन तथा अन्य सब जनोंके मनोरथ पूर्ण होगये और युवराज नरवाहनदत्त बहुतकाल से अभिलाषा कियेगये सुखको मदनमंचुका के साथ अनुभव करनेलगा॥२६५॥

रत्नप्रभानाम सप्तमोलम्बकः ७॥

केलिकेशग्रहव्यग्र गौरीकरनखाहृतम्॥
शिवायानेकचन्द्राढ्यमिवशार्वशिवोस्तुवः १
करंदानाम्भसाद्र्यः कुञ्चिताग्रंप्रसारयन्॥
ददत्सिद्धिमिवाभाति सपायाद्वोगजाननः २

इसप्रकार महाराज उदयन्का पुत्र नरवाहनदत्त मदनमञ्चुकाके साथ विवाहकरके अपने मन्त्री गोमुखादिके साथ सुखपूर्व्वक रहनेलगा एकसमय उन्मत्तकोकिलाओंके कूजनेपर मलयाचलकी वायु के द्वारा लताओंके कम्पनरूपी नृत्यके प्रवृत्त होनेपर और सुन्दरभ्रमरोंके गुञ्जार करनेपर नरवाहनदत्त अपने मन्त्रियों समेत वसन्तोत्सवमें वनविहार करनेगया वहां तपन्तकने उपवन में भ्रमणकरके बड़ी प्रसन्नता पूर्व्वक आकर नरवाहनदत्तसे कहा कि हे युवराज यहांसे थोड़ी दूरपर आकाशसे उतरकर एक दिव्य कन्या अशोकवृक्षके नीचे खड़ीहुई है उसके साथमें बहुतसी सखी हैं और उसकी कान्तिसे वह स्थान देदीप्यमान होरहाहै उसीने आपको बुलानेके लिये मुझे भेजाहै तपन्तकके यहवचन सुनकर नरवाहनदत्त उसके देखनेके लिये अपने सब मंत्रियों समेत अशोकवृक्षके नीचेगया वहां उसने चंचल नेत्ररूपी भ्रमरवाली लाल ओष्ठरूपी पल्लववाली बड़े स्तनरूपी पुष्पोंके गुच्छेवाली गौरवर्णरूपी पराग वाली और छाया (कान्ति) से तापहरनेवाली उचित स्वरूपको धारण कियेहुए साक्षात् बनदेवता के समान वहकन्यादेखी उससमय उसके स्वरूपसे इसकेनेत्र उसमें आशक्तहोगये और उसकन्याको प्रणाम करतीहुई देखकर उसके समीपजाके उसका बड़ा आश्वासनकिया १३ इसके उपरान्त यथायोग्य सब के बैठजानेपर गोमुखने उससेपूंछा कि हे शुभे तुम कौनहो और किस निमित्त कहां से यहां आईहो यहसुन-कर वह कामदेवकी दुर्लंघ्य आज्ञासे लज्जारहितहोके तिरछी दृष्टि से नरवाहनदत्त के मुखारविन्द को वारम्वार देखतीहुई विस्तारपूर्व्वक अपना वृत्तान्त वर्णनकरनेलगी कि त्रैलोक्य में विख्यात हिमवान् नाम पर्वतहै जिसके बहुतसे शृंगों में से एक कैलास भी है देदीप्यमान मणियोंकी प्रभासेयुक्त और श्वेतहिम के समूहोंसेव्याप्त वह पर्व्वत इतनाबड़ाहै कि आकाशके समान उसका कोई परिमाण नहीं करसक्ता है

जिसके शिखर वृद्धावस्था तथा मृत्युकी नाशकरनेवाली श्री शिवजीकी कृपासे मिलनेवाली सिद्धियों तथा ओषधियोंकी खान है विद्याधरों के शरीरोंकी शोभासे मिलेहुए जिसके शिखर सुमेरुके शिखरोंकी भी शोभाको तिरस्कारकरते हैं ऐसे सुन्दर उस पर्व्वतपर काञ्चनशृंगनाम एक सुवर्णमयपुरहै जो अपनी प्रभाओं से प्रभाकर (सूर्य्य) का स्थानसा मालूमहोताहै अनेक योजन लम्बे उस पुर में श्रीशिवजी का परमभक्त हेमप्रभनाम विद्याधरोंका राजा है सम्पूर्ण रानियों में बहुत प्यारी उसकी अलंकार प्रभानाम पटरानी है वह राजा हेमप्रभ अलङ्कारप्रभा के साथ नित्य प्रातःकाल उठकर स्नानकरके विधिपूर्व्वक श्री शिवजीका पूजनकरके मृत्युलोक में आकर रत्नोंसमेत एकलाख अशर्फी दरिद्रीब्राह्मणों को देताहै और वहां से लौटकर धर्मपूर्व्वक राज्य के कार्योंको देखकर मुनियों के समान बड़ेनियम से आहार पानादिककरताहै इसप्रकारसे कुछदिनों के व्यतीतहोनेपर किसी कथाको स्मरणकरके राजा हेमप्रभको मेरे पुत्रनहीं है यहचिन्ता उत्पन्नहुई उस चिन्तासे अत्यंत खिन्न राजाको देखकर अलंकारप्रभाने नम्रता से पूंछा कि हे आर्य्यपुत्र आप उदास क्यों हैं तब राजा ने कहा कि मेरे यहां सम्पूर्ण सम्पत्तियां हैं परन्तु मेरेपुत्रनहीं है यही दुःख मुझको बड़ा होरहा है मैंने जो पहले सत्वशीलनाम एक अपुत्र पुरुषकी कथा सुनीथी उसीकेस्मरण से मुझको यह चिन्ता उत्पन्न हुई है यहसुनकर रानीने पूंछा कि वह कथा कौनसीहै मुझसे भी कहिये तब राजा संक्षेपसे कथा कहने लगा कि चित्रकूटनाम पर्व्वतपर सदैव ब्राह्मणों का पूजन करनेवाला ब्राह्मण वरनामराजाथा उसराजा के यहां सत्वशील नाम एक सेवक केवल युद्ध के ही लिये नौकरथा उसको राजाकेयहां से सौ अशर्फी मासिक मिलतीथीं परन्तु उतने में उसमहादान शील सत्त्व शीलका निर्वाहनहीं होताथा क्योंकि वह अपुत्रहोने के कारण केवलदानमें अपनाचित्त बहलाया करताथा वह यहशोचाकरताथा कि परमेश्वर ने मुझे चित्तकेप्रसन्न करनेकेलिये पुत्र तो नहीं दिया है और दान का व्यसनदेदिया है तिसपर भी धननहीं दिया संसारमें सूखेहुए जीर्ण वृक्ष तथा पाषाणका भी जन्म अच्छाहै परन्तु दानशीलका दरिद्री होना नहीं अच्छाहै इसप्रकार शोचते २ उसे एक समय उपवनमें बहुतसी निधि मिलगई बहुतसे सुवर्ण तथा रत्नमय उसनिधिको वह निजसेवकों के द्वारा वह अपने घर उठवालाया और उसधनसे ब्राह्मणोंको तथा अपने मित्रोंको देताहुआ और यथेच्छ भोगकरता हुआ सुख पूर्व्वक रहनेलगा उसके गोत्रिभाइयों ने उसे सुखपूर्व्वक रहताजानकर यह अनुमान करके कि इसको निधिमिली है राजासे जाकर कहदिया राजाने उसे प्रतीहारके द्वारा बुलवाभेजा तब वह सत्त्वशील राजाकी आज्ञासे वहां गया और पहले क्षणभर भीतर जानेकी आज्ञा न पाकर राजाके आंगनमें एकान्त में बैठगया वहां शोकके कारण पृथ्वी खोदते २ उसे ताम्रके कलशे में और बहुतसी निधिमिली मानोंईश्वरने उसपर प्रसन्नहोके राजा को प्रसन्नकरने के लिये उपाय निकालदिया उसने उसनिधिको देखकर उसीप्रकार मिट्टीसेतोपदिया और प्रतीहारकेद्वारा आज्ञापाकर राजाके निकटजाके उसेप्रणामकिया तब राजाने उससे कहा कि मुझे मालूमहुआ है कि तुमने निधिपाई है वह मुझे देदो उसने कहा कि हे महाराज जो निधिपहले मिली है वह देऊं अथवा जो आजमिली है वह निधिदेऊं राजा

राजा लोगही रहतेथे इसप्रकार से प्रति दिन बढ़ताहुआ वह महोत्सव बहुत दिनों में समाप्त हुआ उस उत्सवमें सम्पूर्ण सुहृद परिजन तथा अन्य सब जनोंके मनोरथ पूर्ण होगये और युवराज नरवाहनदत्त बहुतकाल से अभिलाषा कियेगये सुखको मदनमंचुका के साथ अनुभव करनेलगा २६५॥

## रत्नप्रभानाम सप्तमोलम्बकः ७॥

केलिकेशग्रहव्यग्र गौरीकरनखाहृतम्॥
शिवायानेकचन्द्राढ्यमिवशार्वशिवोस्तुवः १
करदानाम्भसार्द्रयः कुञ्चिताग्रंप्रसारयन्॥
ददात्सिद्धिमिवाभाति सपायाद्वोगजाननः २

इसप्रकार महाराज उदयनका पुत्र नरवाहनदत्त मदनमञ्चुकाके साथ विवाहकरके अपने मन्त्री गोमुखादिके साथ सुखपूर्व्वक रहनेलगा एकसमय उन्मत्तकोकिलाओंके कूजनेपर मलयाचलकी वायु के द्वारा लताओंके कम्पनरूपी नृत्यके प्रवृत्त होनेपर और सुन्दरभ्रमरोंके गुञ्जार करनेपर नरवाहनदत्त अपने मन्त्रियों समेत वसन्तोत्सवमें वनविहार करनेगया वहां तपन्तकने उपवन में भ्रमणकरके बड़ी प्रसन्नता पूर्व्वक आकर नरवाहनदत्तसे कहा कि हे युवराज यहांसे थोड़ी दूरपर आकाशसे उतरकर एक दिव्य कन्या अशोकवृक्षके नीचे खड़ीहुई है उसके साथमें बहुतसी सखी हैं और उसकी कान्तिसे वह स्थान देदीप्यमान होरहाहै उसीने आपको बुलानेके लिये मुझे भेजाहै तपन्तकके यहवचन सुनकर नरवाहनदत्त उसके देखनेके लिये अपने सब मंत्रियों समेत अशोकवृक्षके नीचेगया वहां उसने चंचल नेत्ररूपी भ्रमरवाली लाल ओष्ठरूपी पल्लववाली बड़े स्तनरूपी पुष्पोंके गुच्छेवाली गौरवर्णरूपी पराग वाली और छाया (कान्ति) से तापहरनेवाली उचित स्वरूपको धारण कियेहुए साक्षात् बनदेवता के समान वहकन्यादेखी उससमय उसके स्वरूपसे इसकेनेत्र उसमें आशक्तहोगये और उसकन्याको प्रणाम करतीहुई देखकर उसके समीपजाके उसका बड़ा आश्वासनकिया १३ इसके उपरान्त यथायोग्य सब के बैठजानेपर गोमुखने उससेपूँछा कि हे शुभे तुम कौनहो और किस निमित्त कहां से यहां आईहो यहसुन कर वह कामदेवकी दुर्लंघ्य आज्ञासे लज्जारहितहोके तिरछी दृष्टि से नरवाहनदत्त के मुखारबिन्द को बारम्बार देखतीहुई विस्तारपूर्व्वक अपना वृत्तान्त वर्णनकरनेलगी कि त्रैलोक्य में विख्यात हिमवान् नाम पर्वतहै जिसके बहुतसे शृंगोंमें से एक कैलास भी है देदीप्यमान मणियोंकी प्रभासेयुक्त और श्वेतहिम के समूहोंसेव्याप्त वह पर्व्वत इतनाबड़ाहै कि आकाशके समान उसका कोई परिमाण नहीं करसक्ता है

करने से तो आपप्रकट होगये परन्तु मैं ने इतने दिनतक नियम पूर्व्वक हवन किया और आपनहीं प्रकटहुए इसका क्या कारणहै तव अग्निदेवने कहाकि जो हम इसेवर न देते तो यह शीघ्रही सत्त्ववान् होने के कारण अपना शिर हवनकरदेता हे ब्राह्मण तीव्रसत्त्ववाले लोगों को शीघ्रही सिद्धिहोती है और तुमसरीके मन्द सत्त्ववालों को देरमें सिद्धिहोतीहै यह कहकर अग्निके अन्तर्द्धान होजाने पर नागशर्मा राजासे पूछकर अपने घरकोगया और क्रमसे वड़ा धनवान् होगया और राजा भी वड़े सत्त्वके कारण संपूर्ण लोगों से अपनी प्रशंसा सुनताहुआ पाटलिपुत्र नगर को चलाआया ७८ वहां एकसमय अकस्मात् शत्रुञ्जय नाम प्रतीहार ने मंदिर में वैठेहुए राजा से विज्ञापन किया कि हे महाराज दत्तशर्म्मा नाम एक विद्यार्थी ब्राह्मण द्वारपर खड़ाहै और आपसे एकान्तमें कुछ विज्ञापन किया चाहताहै राजाने कहा अच्छा आनेदो तव राजाकी आज्ञासे वह ब्राह्मण भीतर आकर प्रणाम करके वैठगया और कहने लगा कि हे राजा मैं किसी चूर्ण की युक्तिसे तांवेका सुवर्ण वनासक्ताहूं यह युक्तिमेरे गुरूने मुझे वताई है और मेरे आगेही गुरूजीने इस युक्तिसे सुवर्ण वनाया था उसके यह वचन सुनकर राजाने तांवा मंगवाकर गलवाया और उसब्राह्मण ने उसमें चूर्णडाला उस चूर्णको कोई यक्ष अदृश्यहोकर डालतेही हर लेगया यहवात केवल राजाहीने अग्निकी कृपा से देखली चूर्णके न पड़ने से तांवा सुवर्ण नहीं हुआ इस प्रकार उसने तीनिवार अपना चूर्ण छोड़ा और तीनों वार यक्षके हरलेजानेसे उस का श्रम व्यर्थहो गया तव राजाने उसको खिन्न देखकर तांवा गलवाके उससे चूर्ण लेकर अपने हाथ से डाला और यक्ष राजा के तेजके प्रभाव से उसे हरनहींसका और लज्जितहोकर चलागया तवचूर्ण के पड़ने से तांवा सुवर्ण होगया राजा के हाथ से सुवर्ण वनता देखकर उसब्राह्मण ने वड़े आश्चर्य पूर्व्वक पूछा कि यह क्या वातहै उसके यह वचन सुनके राजाने यक्षका सव वृत्तान्त कहदिया और उस वालक ब्राह्मण से चूर्ण वनाने की युक्ति सीखकर उसे वहुतसा धन देकर कृतार्थकर दिया धनपाकर वह ब्राह्मण तो विवाह करके सुखपूर्व्वक रहने लगा और राजाभी उस युक्ति से वनायेहुए सुवर्ण से अपने खजाने को पूर्णकरके इतनादान करनेलगा कि कोई भी ब्राह्मण दरिद्री नहींरहा और सुखपूर्व्वक अपनी रानियों समेत रहने लगा इससे इस प्रकार मानो डराहुआ अथवा प्रसन्नहुआ ईश्वरही वड़े सत्त्ववालों के मनोरथ को पूर्ण करताहै और हे राजा तुम से अधिक धीर सत्त्ववान् तथादानी दूसरा कौन है श्री शिवजीकी आराधना करने से आपके अवश्य पुत्रहोगा शोक न कीजिये रानी अलंकारप्रभा के मुखसे इस उदारकथा को सुनकर राजाने प्रसन्नहोकर उसके कहने पर विश्वास किया और उत्साह युक्त अपने हृदयसे यहजाना कि श्रीशिवजी के आराधनसे मेरे अवश्य पुत्र होगा इसके उपरान्त दूसरे दिन रानी समेत स्नान करके श्रीशिवजी का पूजनकरके और नौकरोड़ अशर्फीब्राह्मणों को दानकरके पुत्रकी प्राप्ति के लिये श्रीशिवजी के सन्मुख निराहारहोकर राजा तपकरनेलगा और उसने मनमें यह निश्चय करलिया कि कै तो शिवजी प्रसन्नहोंगे या शरीरही नष्टहोगा फिर तपमें स्थितहोके राजाने उपमन्युको दुग्धसमुद्र के देनेवाले वरदायक श्रीशिवजीकी स्तुति इसप्रकारसे की कि हे गौरीश आकाशादिक भेदोंसे भिन्न २

ने कहा कि आजकी मिलीहुई निधि मुझको देदे तब उसने राजाको लेजाकर वह निधि जो आगनमें मिलीथी राजाको दिखलादी उस निधिको पाके राजाने प्रसन्नहोकर कहा कि हे सत्त्वशील तुम पहले की पाईहुई निधिको यथेच्छ भोगकरो राजाके यह वचनसुनकर सत्त्वशील अपने घरमें आकरदान तथा भोगसे अपने नामको यथार्थ करताहुआ और अपुत्रताके दुःखको किसीप्रकार दूरकरता हुआ रहा ५० यह कथा सत्त्वशील की मैंने प्रथम सुनी थी उसीका स्मरण करके पुत्रनहोनेकी चिन्तासे मुझे दुःखहो रहाहै इसप्रकार अपने पतिके मुखसेकथाको सुनकर रानीअलंकारप्रभाबोली सत्यहै कि सत्त्ववान् पुरुषों का भाग्यही सहायकरता है देखो सत्त्वशीलको संकटमें दूसरी निधि मिलगई इस्से आपका भी अपने सत्त्व के प्रभावसे मनोरथ सिद्धहोगा इसविषय पर मैं आपको विक्रमतुंगनाम राजाकी कथा सुनातीहूं सम्पूर्ण पृथ्वी का आभूषण रूप अनेकप्रकारकी मणियों से युक्त पाटल पुत्रनाम नगरहै उसमें विक्रम तुंगनाम सत्त्ववान् राजाथा जो दानमें अर्थियों से और युद्धमें शत्रुओं से कभी नहीं पराङ्मुखहुआ वह राजा एकसमय वनमें शिकार खेलनेकोगया वहां एकब्राह्मण बेलोंकाहवनकररहाथा उसे देखकर राजा ने पूछने की इच्छाभी की परन्तु शिकारमें तत्परहोने के कारण सेनासमेत वहांसे आगे चलागया बहुत कालतक उछलतेहुए और गिरतेहुए सिंहादि जीवोंको अपने हाथसेमारकर शिकार खेलके राजा लौटा लौटकर भी राजाने ब्राह्मणको उसीप्रकार हवनकरते देखा और उसकेपास जाके प्रणाम पूर्वक पूछा कि आपका क्यानामहै और आप यह किसनिमित्तकररहे हैं राजाके पूछनेपर ब्राह्मणने आशीर्वाद देकरकहा कि मैं नागशर्म्मानाम ब्राह्मणहूं और इसहोमका यहफलहै कि बिल्वोंका हवनकरते २ जब अग्नि भगवान् प्रसन्नहोते हैं तब कुण्डसे सुवर्ण के बेल निकलने लगते हैं और अग्नि भगवान् साक्षात् प्रकटहोकर वरदानदेते हैं मुझे बहुत काल बेलोंका हवनकरतेहुए व्यतीतहोचुकाहै परन्तु अभी तक मुझ मन्दभागी पर अग्निदेव प्रसन्न नहींहुए हैं उसब्राह्मण के यह बचन सुनकर बड़ा सत्त्ववान् राजा विक्रमतुङ्ग बोला कि हे ब्राह्मण मुझको एक बेलदो मैं अभी हवनकरके अग्निको प्रसन्न करता हूं तब ब्राह्मण ने कहा कि मैं व्रतमें बैठाहुआ महापवित्रहूं जब मेरे हवनसे नहीं प्रसन्नहुए तो तुम तो महाभ्रष्टहोरहे हो तुम्हारे हवनसे कैसे प्रसन्नहोंगे ब्राह्मण के वचन सुनकर राजाने फिरकहा कि ऐसा नहीं है तुम मुझको बिल्वदेदो तो अभी आश्चर्य्य देखलो तब ब्राह्मणने आश्चर्य्य देखनेकेलिये उसको बेलदेदिया और राजाने अपने दृढ़सत्त्वयुक्त चित्तमें यहसंकल्पकरके कि इसबेलकेहवनसे अग्निदेवनहीं प्रसन्नहोंगे तो मैं अपना शिर हवनकरदूंगा बेलकाहवनकरदिया हवनकरतेही कुंडमेंसे साक्षात् अग्निदेव राजाके सत्त्वरूपीवृक्षके फलकेसमानसुवर्णके बेलको हाथमेंलियेहुएप्रकटहुए और बोले कि हेराजा तुम्हारे सत्त्वसे मैं प्रसन्नहूं वरदानमांगो अग्निके यहवचन सुनकर राजाने प्रणामकरके कहा कि मुझे और कोई वर नचाहिये आपइस ब्राह्मणके मनोरथ को पूर्णकीजिये यह सुनकर अग्निदेव ने प्रसन्न होकर कहा कि हे राजा यह ब्राह्मण बड़ाधनवान्होगा और हमारी कृपासे तुम्हाराभी खजाना कभी क्षीण न होगा इस प्रकार वरदान देतेहुए अग्निदेव से उस ब्राह्मण ने कहा कि इस स्वेच्छाचारी राजाके एकहीबार हवन

है देखो रत्नप्रभा विनीतभी है विद्यावतीभी है और रूप तथा युवावस्थासे युक्तभी है परन्तु इसकेविवाह के लिये मेरे चित्तमें खेदवनारहताहै यहसुनकर रानीनेकहा कि इसके जन्मकेसमय यह आकाशवाणी हुई थी कि यह नरवाहनदत्तकी स्त्रीहोगी जो कि विद्याधरोंका चक्रवर्तीहोगा उसीकेसाथ इसका विवाह क्यों नहींकरते रानी के यह वचनसुनकर राजाने कहा कि वह कन्या धन्यहै जिसका विवाह नरवाहनदत्त के साथहो क्योंकि वह कामका अवतारहै परन्तु अभीतक वह दिव्यता को नहीं प्राप्तहुआहै इससे मैं यह प्रतीक्षाकरताहूं कि जब उसे विद्याओंकी प्राप्तिहोले तब मैं अपनी कन्यादूं कामदेव के मोहनमंत्रों के समान पिताके वचनों को सुनकर रत्नप्रभा भ्रांतसी भूतग्रस्तसी सुप्तसी और लिखितसी होगई उसकाचित्त उसी वरने हरलिया तब वह रत्नप्रभा माता पिता को नमस्कारकरके अपने महल में जाकर चिन्तासे व्याकुलहोकर सोगई स्वप्नमें पार्वतीजी ने कृपाकरके उससे यहकहा कि हे पुत्री प्रातःकाल शुभदिनहै इससे तुम कौशाम्बीनगरी में जाकर वत्सराज उदयन्के पुत्र अपने वरको देखना तब तुम्हारा पिता तुमको और तुम्हारे वरको यहांलाकर तुम्हारा विवाहकरदेगा इसप्रकार स्वप्नमें श्रीपार्वतीजी की आज्ञा को पाकर उसने प्रातःकालही उठकर वह स्वप्न अपनी माता से कहा और माता की आज्ञापाकर विद्याके प्रभावसे अपने वरको उपवनमें जानकर उसके देखनेके लिये अपने पुरसे गमन किया हे आर्यपुत्र वह रत्नप्रभा मैंहींहूं क्षणभरमेंही वहां से चलकर यहां आगईहूं अब जो आप उचित समझिये सो कीजिये उसके यह वचनसुनकर और नेत्रों में अमृतकीसी वृष्टिकरनेवाले उसके स्वरूप को देखकर नरवाहनदत्त अपने अन्तःकरणमें ब्रह्माकी यह निन्दाकरके कि मेरासम्पूर्णशरीर कर्ण तथा नेत्रमय क्यों नहीं बनादिया बोला कि हे सुन्दरि मैं धन्यहूं मेरा जन्मसफलहै जिसके पास तुम आपही आईहो १४० इसप्रकार परस्पर उन दोनों के नवीन प्रेमसे वार्तालापकरने पर अकस्मात् आकाश में विद्याधरोंकी सेना दिखाईदी उस सेनाको देखकर रत्नप्रभा बोली कि यह तो पिताजी आगये उसके ऐसा कहतेही राजा सोमप्रभ अपने पुत्रसमेत आकाशसे उतरा और नरवाहनदत्तके निकटआया नरवाहनदत्तने स्वागत पूँछकर उनका वड़ाआदर सत्कारकिया फिर परस्पर शिष्टाचारकरके जैसे वह बैठे वैसेही राजा उदयन् ने भी उस वृत्तान्तको सुनकर अपने मन्त्रियों समेत वहां आकर हेमप्रभका वड़ाआदर सत्कारकिया तब हेमप्रभने उदयन् से रत्नप्रभाका सम्पूर्ण वृत्तान्तकहकर कहा कि मैंने अपनी विद्याके प्रभावसे जानलिया कि मेरी कन्या यहांआई है और इसका सम्पूर्ण वृत्तान्त मैं जानताहूं हे राजा मैं अपनी विद्यासे विमानवनाकर यदि आपकी आज्ञाहोय तो नरवाहनदत्तको उसपरचढ़ाकर अपने पुरमें लेजाऊं थोड़ेहीकाल में यह रत्नप्रभाको लेकर आपकेपास आजायगा इसप्रकार वत्सराज से प्रार्थना करके और उनकी अनुमतिपाकर हेमप्रभने अपनी विद्याके बलसे उत्तम विमानवनाया और कहा कि ऐसाही विमान कुछकालके पीछे आपके पुत्रकेपास भी होजायगा फिर विमानको वनादेखकर राजाकी आज्ञासे लज्जासे अधोमुख नरवाहनदत्त अपने गोमुखादि मंत्रियों समेत उसपर बैठा और यौगन्धरायण भी राजाकी आज्ञासे उसकेसाथ बैठगया इसप्रकार उन सबलोगों के बैठजानेपर हेमप्रभ रत्नप्रभा

वहां स्नानकरके और फलादि भोजनपूर्वक जलपानकरके निश्चयदत्त भोजन से निवृत्तहुए उस वन्दर से बोला कि आप मनुष्य से वन्दर कैसे होगये सो कहिये तव वह वन्दर बोला कि सुनो काशीपुरी में चन्द्रस्वामीनाम एक ब्राह्मणरहताहै उसकी सुवृत्तानाम स्त्री में मेराजन्महुआ है सोमस्वामी मेरानामहै क्रमसे जब मैं वड़ाहुआ तव मद से निरंकुश कामरूपी मतवालेहाथीपर चढ़कर इधर उधर घूमनेलगा एकसमय काशीपुरी के रहनेवाले श्रीगर्भनाम वैश्यकी पुत्री और वराहदत्तनाम वैश्यकी स्त्री वन्धुदत्ता नाम तरुणी ने मुझे अपने पिताके घरके झरोखेसे देखा देखतेही कामसे व्याकुलहोकर उसने अपनी सखीको मेरे पास संगमके लिये भेजा वह मुझ से उसका सम्पूर्ण वृत्तान्तकहकर मुझे अपनेघर लिवा लेगई और मुझको वहां छोड़कर कामकीव्यथासे निर्लज्ज उस वन्धुदत्ताको वहीं लिवालाई वह आतेही बड़े स्नेहसे मेरे गले में हाथडालकर लिपटगई ठीकहै (एकवीरोहिनारीणा मतिभूमिंगतस्मरः) स्त्रियों का वहुतवढ़ाहुआ कामदेव वड़ावीरहोताहै इसप्रकार से वन्धुदत्ता प्रतिदिन अपने पिताके घरसे अपनी सखी के घरमें आकर मुझ से रमणकरनेलगी एकसमय वहुतकालसे अपने पिताकेही घरमें रहनेवाली वन्धुदत्ता को उसकापति मथुरासे लेनेकेलियेआया और उसके पिताने उसकी विदाकी तैयारीकरदी तव वन्धुदत्ता अपने जानेका निश्चयजानकर अपनी सखी से बोली कि हे सखी निस्सन्देह मेरा पति मुझे मथुरालेजायगा और मैं वहांसोमस्वामी के विना जीनहींसक्तीहूं इससे कोई उपाय तुमसुझको वताओ उसके यह वचनसुनकर योगकीज्ञाता वह सखी वोली कि मुझे दोमन्त्र मालूमहैं जिनमें से एक मंत्रको पढ़कर गले में सूत्रबाँधनेसे मनुष्य शीघ्रही वन्दरहोजाताहै और दूसरे मन्त्रको पढ़कर सूत्र खोललेने से वह फिर मनुष्यहोजाताहै और वन्दरहोने में उसकी बुद्धिनहींवदलती इससे जो तुम्हारा प्रिय सोमस्वामी इसवातको अंगीकारकरे तो मैं उसे शीघ्रही वन्दरका वनावनादूं तव तुम क्रीड़ाकेवहानेसे इसकोमथुरामें लेजाना और मैं तुम्हें दोनों मन्त्र भी वतलाये देतीहूं उन मन्त्रों के प्रभावसे तुम इसको सदैव वन्दर वनारखना और एकान्तमें पुरुषवनाकर इसके साथ भोगविलासकरना अपनी सखीके यह वचनसुनकर उस वन्धुदत्ताने मुझे एकान्तमें बुलाकर यह सब वृत्तान्तकहा तव मैंने कामकेवशहोकर उसका कहना मानलिया और उसकी सखी ने मुझे वन्दरका वनावनादिया मुझे उसी रूपसे लेजाकर वन्धुदत्ता ने अपने पतिको दिखाकर कहा कि मेरी सखी ने मुझे खेलनेकेलिये यह वन्दर दिया है वह मुझे देखकर वहुत प्रसन्नहुआ और मैं ज्ञानवान् तथा वोलने को समर्थहोकर भी वन्दर के समान उसकी गोदी में जाकर वैठगया और अपने चित्तमें स्त्रियोंके विचित्र चरित्रको शोचकर हँसताहुआ भी वन्दरहीके समान वनारहा क्योंकि यह कामदेव किसको नहीं ठगताहै दूसरे दिन वन्धुदत्ता अपनी सखीसे उन मंत्रोंको सीखकर पतिके साथ मथुराको चली और उसके पतिने उसके स्नेहसे मुझे एक नौकरके कन्धे पर चढ़वादिया इसप्रकार हम सब लोग दोदिन चलकर एक वड़े वनमें पहुँचे जिस में वड़े २ भयंकर वहुतसे वन्दर रहतेथे वह सब मुझे देखकर किलकारी मार२ कर मुझे वुलातेहुए आकर जिस नौकरके कन्धेपर मैं वैठाथा उसे काटने लगे तव वह भयसे विह्वलहोकर मुझे पृथ्वी में छोड़कर भागगया और

बैठकर सबलोग अपनी रक्षाकेलिये मन्त्रजपनेलगे ६३ उससमय शृंगोत्पादनी नाम यक्षिणी नाचतीहुई और हड्डियोंकी कींगिड़ीबजातीहुई वहांआई और एकमहाव्रतीकी ओर दृष्टिलगाकर नाच २ के मंडलके बाहर मंत्रपढ़नेलगी उस मन्त्रके प्रभावसे महाव्रतीके सींगनिकलआये और वह मोहित होकर जलतीहुई अग्निमें गिरपड़ा उसे आधाजलाहुआ देखकर अग्निमें से निकालकर उस यक्षिणी ने बड़ी प्रसन्नता पूर्वक खाडाला फिर दूसरे महाव्रती की ओर दृष्टि लगाकर नाच २ कर मंत्र जपनेलगी मंत्रके प्रभावसे उसके भी सींग निकलआये और नाचकर मोहित होकर अग्निमें गिरपड़ा उसेभी उसने आधा जला हुआ देखके अग्निसे निकालकर खाडाला इसप्रकार उसने चारों महाव्रती मंत्रकेप्रभावसे मोहितकरके खाडाले भाग्यवशसे जबचौथेको खानेलगी तब अपनी कींगिड़ी पृथ्वीमें रखदी उसकींगिड़ीको पृथ्वीमें धरी देखकर निश्चयदत्तने वहआपउठालीनी और कईवार सुनने से यादहुए मंत्रकोपढ़कर उसयक्षिणी के मुखमें दृष्टिलगाकर नाच २ कर कींगिड़ी बजाई उस मंत्रके प्रभावसे विवश यक्षिणी भयभीतहोकर बोली कि हेमहासत्त्व तुममुझ विचारीस्त्रीको मतमारो अबमंत्रपाठको समाप्तकरो तुममुझ शरणागतकी रक्षाकरो मैं तुम्हारेसंपूर्ण मनोरथको जानतीहूं और उसेसिद्ध भी करदूंगी जहांवहअनुरागपराहै वहांतुम्हें पहुंचादूंगी उसके यह विश्वास योग्य वचन सुनकर निश्चयदत्त मंत्रपाठको बन्दकरके उसी यक्षिणीके कहनेसे उसीके कन्धेपर चढ़कर आकाशमार्गसेचला चलते २ जब रात्रि व्यतीत होगई तब उसयक्षिणी ने उसे एकपर्व्वत के वन में पहुँचाकरकहा कि सूर्य्य के उदयहोजानेपर मुझे ऊपरजानेकी शक्तिनहीं है इससेआप इसीसुन्दरवनमें इस दिनको व्यतीतकरिये और सुन्दर मधुरफलखाकर झिरनोंका जलपीजिये मैं अपने स्थानकोजातीहूं रात्रिकेसमय फिरआकर आपको हिमालयकेऊपर पुष्करावतीनगरी में अनुरागपरा के पास पहुँचाऊंगी इसप्रकार कहकर और निश्चयदत्त से आज्ञालेकर सत्यबोलनेवाली वह यक्षिणी फिर आनेके लिये कहकर वहांसेचलीगई उसके चलेजानेपर निश्चयदत्त ने एक बड़ासुन्दर शीतल जलसे भराहुआ तड़ागदेखा उसके जल में विषमिलाहुआथा मानों सूर्य्यभगवान् अपनी किरणरूपी हाथों को फैलाकर कहते थे कि हे प्रेमी स्त्रियोंकाचित्त ऐसाहीहोताहै सुगन्धिसे उस जलमें विषमिलाहुआजानकर उसे छोड़कर वह प्याससे व्याकुलहोकर उसी दिव्यपर्व्वतपर घूमनेलगा घूमते २ एक बड़े ऊंचे स्थान में दोपद्मराग मणिसी चमकतीहुई देखकर उसने वहांकी मिट्टीहटाई मृत्तिका के हटानेसे एक जीवतेहुए बन्दरकाशिर उसे दिखाईदिया जिसके कि नेत्र पद्मरागमणि से चमकरहे थे उसे देखकर जब इसे बड़ाआश्चर्य्यहुआ तब वह बन्दर मनुष्यवाणीसे बोला कि मैं ब्राह्मणहूं भाग्यवशसे बन्दरहोगयाहूं जो आप मुझे निकालिये तो मैं अपना सम्पूर्ण वृत्तान्तकहूं उसके यह वचनसुनकर निश्चयदत्त ने मृत्तिकाहटाके उसे निकाललिया तब वह वहांसे निकलके उसके चरणोंपरगिरकर बोला कि आपने मुझे इसक्लेश से निकालकर प्राणदानदिया तो आओ आप थकगयेहोंगे कुछ फलखाकर जलपानकरो और तुम्हारी कृपासे मैं भी बहुतदिनों के उपरान्त जलपानकरूं यह कहकर वह वानर उसे थोड़ीदूरपर पर्व्वतीनदीपर लेगया जहां बड़े २ सुन्दर मधुरफलों से युक्त सघनछायावालेवृक्ष लगेहुएथे

होकर पीछे उसदुष्टाने क्रोधको छिपाकर मेरी मारको सहलिया और दूसरेदिन क्रीड़ाके वहानेसे मेरेगले में एकसूत्र बांधदिया सूत्रके बांधतेही मैं उसीसमय बंधिया बैलहोगया तब उसनेमुझे एकऊंटवाले पुरुषसे यथेच्छ धनलेकर वेचडाला वहऊंटवाला मुझसे बोझा ढुलवानेलगा एकदिन वन्धमोचनिका नाम यो-गिनीनें मुझे भारसे पीड़ित देखकर और ज्ञानसे यहजानकर कि सोमदाने इसेपशुवनायाहै मेरे स्वामी के परोक्षमें कृपाकरके मेरे गलेका सूत्रखोलदिया मैं उसीसमय मनुष्यहोगया और मेरास्वामी मुझेभागा जानकर इधर उधर ढूंढ़नेलगा तदनन्तर भाग्यवशसे सोमदाने मुझको वन्धमोचनीकेसाथ जाताहुआ देखलिया और क्रोधसे जाज्वल्यमानहोकर वन्धमोचनी से कहा कि इसपापीको तुमने पशुपनेसे क्यों छुड़ादिया हे पापिन तुझे इसकर्मका फलमिलेगा देख प्रातःकाल में तुझे और इसेदोनोंको मारडालूंगी उसके यहवचन कहकर चलेजानेपर वन्धमोचनीने उससे वचनेके लिये मुझसे कहा कि सोमदाकाली घोड़ीका स्वरूप धरकरमुझे मारनेकेलिये आवेगी और मैं लाल घोड़ीका स्वरूप धारण करूंगी जवमेरा और उसका युद्ध होनेलगे तव तुम खड्गलेकर पीछेसे उसे मारना इसप्रकारसे हम तुम दोनों मिलकर उसे मारलेंगे इससे तुम प्रातःकाल मेरे घरपर आजाना यहकहकर उसने मुझे अपनाघर दिखलादिया और अपने घरमें चलीगई तवमें एकही जन्ममें अनेक जन्मोंका अनुभव करके अपने घरको आया और प्रा-तःकाल खड्गलेकर वन्धमोचनीके मकानपर गया वहाँ उससमय सोमदा कालीघोड़ीका स्वरूप धारण करके आई और वन्धमोचनीने लाल घोड़ीका स्वरूप धारणकिया जब उनदोनोंका लत्तियों और दांतों से युद्धहोनेलगा तव मैं पीछेसे सोमदाके खड्गमारनेलगा और वन्ध मोचनी ने उससोमदाको मारडाला उसे मरीहुई देखकर मैं निर्भय होगया और पशुपनेका स्मरण करके फिर कभी मैंने परस्त्रीका मनसे भी ध्यान न किया चपलता, साहस और डाकिनी होना यहतीनों दोष स्त्रियों के प्रायः मनुष्यों को भयदायक हैं इससे डाकिनीकी सखी वन्धुदत्तासे तुमस्नेह न करो जिसे अपने पतिपरही स्नेह नहीं है उसे तुमपर कैसे स्नेह होसक्ताहै अपने मित्र भवशर्म्माके ऐसा कहनेपर भी मैंने उसका कहना नहीं किया इसीसे मैं इसगतिको प्राप्तहुआ हूं इससे अव मैं तुमको समझाताहूं कि अनुरागपरासे कभी स्नेह न करो यह अपने सजातीय पुरुषको पाकर तुमको अवश्य छोड़देगी जैसे भौंरीनवीन २ पुष्पों की वांछा करतीहै वैसेही स्त्रीभी नवीन २ पुरुषोंकी अभिलाष कियाकरतीहैं इससे हे मित्र जो तुम मेरा कहना नहीं मानोगे तो तुमको मेरेही समान पश्चात्ताप करना पड़ेगा कपिरूप सोमस्वामी के यहवचन निश्चयदत्तके अनुरागसे पूर्ण हृदयमें नहीं भाये और उसने सोमस्वामी से कहा कि विद्या-धरोंके शुद्धकुलमें उत्पन्नहुई अनुरागपरा मुझे छोड़कर व्यभिचार नहींकरेगी इसप्रकार उनदोनों की वार्त्ता होतेहीहोते संध्यासे रक्त श्री सूर्य्यभगवान् मानों निश्चयदत्तकी प्रसन्नताके लिये अस्ताचलको चलेगये १७७ तदनन्तर अग्रदूतीके समान रात्रिके आजानेपर वह शृंगोत्पाटनीनाम यक्षिणी निश्चय-दत्तकेपास आई उसयक्षिणीको आया देखकर निश्चयदत्तने सोमस्वामी से जानेके लिये आज्ञामांगी उसने कहा अच्छा जाओ परन्तु मेरास्मरण रखना इसप्रकार उससे आज्ञालेकर निश्चयदत्त उसयक्षि-

वह वन्दर मुझे पकड़लेगये मेरे स्नेह से वन्धुदत्ता तथा उसका पति और उसके सब नौकर ब-न्दरों को पत्थर लाठी आदिके मारने से भी नहीं जीतसके और लाचारहोके वहा से चलेगये तब वह संपूर्ण वन्दर मानों मेरे कुकर्मसे कुपित होकर दांतोंसे तथा नखोंसे मेरा रोंयां रोंयां नोचनेलगे उससमय गलेमें बँधेहुए सूत्रके प्रभावसे और श्रीशिवजीके स्मरणसे मैं बलवान् होकर उनसे अपने बंधन को छुटाकर वहांस भागा और भागते २ उनकी दृष्टिसें अलक्ष्यहोकर अनेक वनोंमें घूमता हुआ इस वनमें आया यहां आकर मानों ब्रह्माने दुःखरूपी अन्धकारसे अन्धे मुझ दीनपर इसलिये कुपितहोके कि वन्धुदत्तासे भ्रष्टहुए तुझ दुष्टको क्या परस्त्री संगमका यहवानर होनाही फलमिलैगा औरभी दुःख दिया कि अकस्मात् एक हथिनीने यहां आकर मुझे सूंड़से पकड़कर मेघों के जलसे बही हुई सर्पकी वामीकी कीचड़में डालदिया मैं जानताहूं कि वह हथिनीके रूपमें भाग्यसे प्रेरित कोई देवताथी क्योंकि मैं बहुत यत्न करने परभी उस कीचसे निकल नहींसका उसकीचड़के सूखजाने पर मेरी मृत्यु नहीं हुई और निरन्तर श्रीशिवजीका ध्यान करनेसे मेरी क्षुधातथा तृषाभी मिटगई और बहुतकालके पीछेआज तुमने मुझे इससूखी कीचड़ से निकाला हेमित्र श्रीशिवजीकी कृपासे ज्ञानके प्राप्तहोनेपरभी मुझे इतनी शक्तिनहीं है कि मैं वन्दर भावसे छूटकर फिर मनुष्य होसकूं जब कोई योगिनी उसी मंत्रको पढ़कर मेरे गलेका सूत्रखोलेगी तब मैं फिर मनुष्य होजाऊंगा यहमेरा सम्पूर्ण वृत्तान्तहै अब हे मित्र तुमभी बताओ कि इसऐसे अगम्यस्थानमें कैसे और किसनिमित्त आयेहो वन्दररूप उससोमस्वामी के इसप्रकारबचन सुनकर निश्चयदत्तने उज्जयिनीमें विद्याधरीके मिलनेसेलेकर अपने धैर्य्यके प्रभावसे जीतीहुई यक्षिणी के द्वारा वहां पहुंचनेतकका अपना सम्पूर्ण वृत्तान्त कहदिया १४० निश्चयदत्तके यहबचनसुनकर बंदर रूपधारी बुद्धिमान् सोमस्वामीबोला कि हे मित्र तुमनेभी हमारेही समानस्त्रीके निमित्त बड़ादुःख उठाया (नचाश्रियःस्त्रियश्चेह कदाचित्कस्यचित्स्थिराः) किसीकी लक्ष्मी और स्त्री कदापि स्थिर नहींहोसक्ती है (संध्यावत्क्षणरागिण्यो नदीवत्कुटिलाशयाः भुजगीवदविश्वास्याविद्युद्वच्चपलाःस्त्रियः) स्त्रियां संध्या के समानक्षणमात्र रागयुक्तनदीके समान कुटिलचित्त सर्पिणीके समान विश्वास करनेके अयोग्य और बिजलीके समान चपल होतीहैं इस्से वह अनुरागपरा विद्याधरी अभी तो तुमसे स्नेह करती है परन्तु अपने किसी सजातीयकोपाकर तुमको मनुष्य जानकर छोड़देगीइस्सेतुमस्त्रीके निमित्त अन्तमें नीरस किंपाकफलके समान परिश्रम मतकरो हे मित्र तुम पुष्करावती विद्याधरपुरी को मतजाओ उसी यक्षि-णीके कन्धेपर चढ़कर अपनी उज्जयिनी पुरीको लौटजाओ मेरा कहनामानों देखो मैंने पहले प्रेमके वशीभूतहोकर अपने मित्रकाकहना नहींमानाथा उस्से अबतक दुःखपारहाहूं जब मेरा बन्धुदत्तासे स्नेह होगया था तब भवशर्मानाम मेरेमित्र ब्राह्मणने मुझको निषेध करनेकेलिये यहबातें कहीथीं कि हेमित्र स्त्रीके वशीभूतमतहो क्योंकि स्त्रियोंका चित्तबड़ा कठिनहोताहै देखो मैंतुमको अपनाही वृत्तान्तसुनाताहूं यहीं काशीपुरीमें सोमदानाम एक बड़ी चपलरूपवती ब्राह्मणी गुप्तयोगिनी थी उसके साथभाग्यवशसे मेरा समागमहोगया और धीरे २ उसपरमेरा बहुत स्नेह होगया एकदिन मैंने उसको ईर्षासे क्रोध युक्त

होकर पीती उसदुष्टाने क्रोधको छिपाकर मेरी मारको सहलिया और दूसरेदिन क्रीड़ाके बहानेसे मेरे गले में एकसूत्रबांधदिया सूत्रके बांधनेही में उसीसमय बंधिया बैलहोगया तब उसनेमुझे एकऊंटवाले पुरुषसे यथेच्छ धनलेकर बेचडाला वहऊंटवाला मुझसे बोझा ढुलवानेलगा एकदिन बन्धमोचनिका नाम यो- गिनीने मुझे भारसे पीड़ित देखकर और ज्ञानसे यहजानकर कि सोमदाने इसेपशुबनायाहै मेरे स्वामी के परोक्षमें कृपाकरके मेरे गलेका सूत्रखोलदिया में उसीसमय मनुष्यहोगया और मेरास्वामी मुझेभागा जानकर इधर उधर ढूंढनेलगा तदनन्तर भाग्यवशसे सोमदाने मुझको बन्धमोचनीकेसाथ जाताहुआ देखलिया और क्रोधसे जाज्वल्यमानहोकर बन्धमोचनी से कहा कि इसपापीको तुमने पशुपनेसे क्यों छुड़ादिया हे पापिन तुझे इसकर्मका फलमिलेगा देख प्रातःकाल में तुझे और इसेदोनोंको मारडालूंगी उसके यहवचन कहकर चलेजानेपर बन्धमोचनीने उससे बचनेके लिये मुझसे कहा कि सोमदाकाली घोड़ीका स्वरूप धरकरमुझे मारनेकेलिये आवेगी और में लाल घोड़ीका स्वरूप धारण करूंगी जबमेरा और उसका युद्ध होनेलगे तब तुम खड्गलेकर पीछेसे उसे मारना इसप्रकारसे हम तुम दोनों मिलकर उसे मारलेंगे इससे तुम प्रातःकाल मेरेघरपर आजाना यहकहकर उसने मुझे अपनाघर दिखलादिया और अपने घरमें चलीगई तबमें एकही जन्ममें अनेक जन्मोंका अनुभव करके अपने घरको आया और प्रा- तःकाल खड्गलेकर बन्धमोचनीके मकानपर गया वहाँ उससमय सोमदा कालीघोड़ीका स्वरूप धारण करके आई और बन्धमोचनीने लाल घोड़ीका स्वरूप धारणकिया जब उनदोनोंका लत्तियों और दांतों से युद्धहोनेलगा तब में पीछेसे सोमदाके खड्गमारनेलगा और बन्ध मोचनी ने उससोमदाको मारडाला उसे मरीहुई देखकर मैं निर्भय होगया और पशुपनेका स्मरण करके फिर कभी मैंने परस्त्रीका मनसे भी ध्यान न किया चपलता, साहस और डाकिनी होना यहतीनों दोष स्त्रियों के प्रायः मनुष्यों को भयदायक हैं इससे डाकिनीकी सखी बन्धुदत्तासे तुमस्नेह न करो जिसे अपने पतिपरही स्नेह नहीं है उसे तुमपर कैसे स्नेह होसक्ताहै अपने मित्र भवशर्म्माके ऐसा कहनेपर भी मैंने उसका कहना नहीं किया इसीसे में इसगतिको प्राप्तहुआ हूं इससे अब में तुमको समझाताहूं कि अनुरागपरासे कभी स्नेह न करो यह अपने सजातीय पुरुषको पाकर तुमको अवश्य छोड़देगी जैसे भौंरीनवीन २ पुष्पों की वांछा करतीहै वैसेही स्त्रीभी नवीन २ पुरुषोंकी अभिलाष कियाकरतीहै इससे हे मित्र जो तुम मेरा कहना नहीं मानोगे तो तुमको मेरेही समान पश्चात्ताप करना पड़ेगा कपिरूप सोमस्वामी के यहवचन निश्चयदत्तके अनुरागसे पूर्ण हृदयमें नहीं भाये और उसने सोमस्वामी से कहा कि विद्या- धरोंके शुद्धकुलमें उत्पन्नहुई अनुरागपरा मुझे छोड़कर व्यभिचार नहींकरेगी इसप्रकार उनदोनों की वार्त्ता होतेहीहोते संध्यासे रक्त श्री सूर्य्यभगवान् मानों निश्चयदत्तकी प्रसन्नताके लिये अस्ताचलको चलेगये १७७ तदनन्तर अग्रदूतीके समान रात्रिके आजानेपर वह शृंगोत्पाटनीनाम यक्षिणी निश्चय- दत्तकेपास आई उसयक्षिणीको आया देखकर निश्चयदत्तने सोमस्वामी से जानेके लिये आज्ञामांगी उसने कहा अच्छा जाओ परन्तु मेरास्मरण रखना इसप्रकार उससे आज्ञालेकर निश्चयदत्त उसयक्षि-

वह वन्दर मुझे पकड़लेगये मेरे स्नेह से वन्धुदत्ता तथा उसका पति और
न्दरों को पत्थर लाठी आदिके मारने से भी नहीं जीतसके और लाचारहो
संपूर्ण वन्दर मानों मेरे कुकर्मसे कुपित होकर दांतोंसे तथा नखोंसे मेरा
मय गलेमें बँधेहुए सूत्रके प्रभावसे और श्रीशिवजीके स्मरणसे में व
को छुटाकर वहांसे भागा और भागते २ उनकी दृष्टिसे अलक्ष्यहो
वनमें आया यहां आकर मानों ब्रह्माने दुःखरूपी अन्धकारसे अ
कि वन्धुदत्तासे भ्रष्टहुए तुझ दुष्टको क्या परस्त्री संगमका यहव
दिया कि अकस्मात् एक हथिनीने यहां आकर मुझे सूंड़से प
वामीकी कीचड़में डालदिया मैं जानताहूं कि वह हथिनीके स
मैं वहुत यत्न करने परभी उस कीचसे निकल नहींसका उस
और निरन्तर श्रीशिवजीका ध्यान करनेसे मेरी क्षुधातथा तृ
तुमने मुझे इससूखी कीचड़ से निकाला हेमित्र श्रीशिवजी
शक्तिनहीं है कि मैं वन्दर भावसे छूटकर फिर मनुष्य होस
गलेका सूत्रखोलेगी तव मैं फिर मनुष्य होजाऊंगा यहमेर
कि इसऐसे अगम्यस्थानमें कैसे और किसनिमित्त आये
सुनकर निश्चयदत्तने उज्जयिनीमें विद्याधरीके मिलनेसे
के द्वारा वहां पहुंचनेतकका अपना सम्पूर्ण वृत्तान्त कहा
रूपधारी वुद्धिमान् सोमस्वामीवोला कि हे मित्र तुमनेभी
(नचाश्रियःस्त्रियश्चेह कदाचित्कस्यचित्स्थिराः) किसीक
(संध्यावत्क्षणरागिण्यो नदीवत्कुटिलाशयाः भुजगीवदा
के समानक्षणमात्र रागयुक्तनदीके समान कुटिलचित्त स
विजलीके समान चपल होतीहैं इस्से वह अनुरागपरा
अपने किसी सजातीयकोपाकर तुमको मनुष्य जानकर
किंपाकफलके समान परिश्रम मतकरो हे मित्र तुम पु
णीके कन्धेपर चढ़कर अपनी उज्जयिनी पुरीको लौट
वशीभूतहोकर अपने मित्रकाकहना नहींमानाथा उस्से
होगया था तव भवशर्मानाम मेरेमित्र ब्राह्मणने मुझ
स्त्रीके वशीभूतमतहो क्योंकि स्त्रियोंका चित्तवड़ा कठि
यहीं काशीपुरीमें सोमदानाम एक वड़ी चपलरूपवती
मेरा समागमहोगया और धीरे २ उसपरमेरा वहुत स्ने

अपनेवशीभूत करके तुम्हारे अर्पणकरदिया है इससे हे सुन्दरी पृथ्वी के निवासी मनुष्य को छोड़कर तुम जवतक तुम्हारा पिता नहीं जानता है तवतक हमारेसाथ विवाहकरलो उसके यहवचन सुनकर अनुरागपरा ने उसे तिरछी दृष्टिसे देखकर अपने चित्तमें शोचा कि मेरे योग्य पति यही है तव अनुराग-पराके आशयको जानकर उसरागभंजनने अनुरागपरा से विवाहकरलिया ठीक है, ( अपेक्षतेद्वयोरैक चित्येकिंरहसिस्मरः ) एकान्त में स्त्री पुरुष के चित्त मिलजानेपर कामदेव किसी वातकी अपेक्षानहीं करता है तदनन्तर उस विद्याधरके चलेजानेपर निश्चयदत्त सोमस्वामी के पाससे अनुरागपरा के पास आया उससमय अनुरागपराने विरक्तहोकर शिरकी पीड़ाके वहाने से उसका आलिंगन भी नहींकिया परन्तु स्नेहसे मोहित सरलचित्त निश्चयदत्त उसवहाने को सचाही जानकर दुःख पूर्व्वक वहदिन व्य-तीतकरके दूसरे दिन प्रातःकाल खेदसे अपने चित्तको वहलाने के लिये उसी की वताईहुई विद्या के वल से फिर अपने मित्र सोमस्वामीकेपास आया उसके चलेआनेपर वहरागभंजन विद्याधर अनुराग-परा के विना रात्रिभर जागकर उससमय अवकाशपाकर उसके गलेमें आकर लिपटगया और यथेच्छ रमणकरके श्रमसे सोगया और अनुरागपराभी गोदी में उस सोतेहुए विद्याधरको अपनी विद्याके वलसे छिपाकर रात्रिभरके जागनेसे सोगई इसवीच में निश्चयदत्त अपने मित्रके पासपहुँचा सोमस्वामीने उसका शिष्टाचारकरके उससे पूँछा कि हे मित्र आज तुम उदासीनसे क्यों मालूमहोतेहो निश्चयदत्त ने कहा कि अनुरागपरा आज वहुत पीड़ित है इससे मैं उदासीनहोरहाहूं क्योंकि वह मुझे प्राणों से भी अधिक प्रियहै यह सुनकर ज्ञानी वानररूप सोमस्वामी ने कहा कि जाओ इससमय अनुरागपरा सो-रही है उसको उसीकीवताईहुई विद्या के वल से गोदी में लेकर मेरे पास चलेआओ मैं तुम्हें यहां वड़ा आश्चर्य्य दिखाऊंगा उसके इसप्रकार कहने से निश्चयदत्त ने आकाशमार्ग से जाकर अपनी प्रियाको सोतीहुई देखकर गोदी में उठालिया परन्तु उसकी गोदी में सोताहुआ वह विद्याधर उसे नहीं दिखाई दिया क्योंकि उसने उसे पहलेही विद्याके प्रभावसे अदृश्यकरदिया था उसे लेकर निश्चयदत्त शीघ्रही सोमस्वामी के पास आगया उससमय दिव्यदृष्टि सोमस्वामी ने उसे योगका उपदेशकिया जिसके प्रभावसे उसने अनुरागपराकी गोदी में सोतेहुए विद्याधर को देखलिया उसे देखकर हा धिक्कार यह क्या वात है इसप्रकार कहतेहुए निश्चयदत्तको सोमस्वामी ने उसका सम्पूर्ण वृत्तान्त अपने ज्ञान के वलसे जानकर वतलादिया यह सुनकर उसके कुपित होनेपर वह रागभंजन विद्याधर जगकर आ-काशको चलागया और अनुरागपराभी जगकर अपने भेदको खुलगया जानकर लज्जासे अधोमुख होकरवैठी उससमय निश्चयदत्त आंसूभरकर उससेवोला कि हे पापिन तूने मुझ विश्वासीको इस प्रकारसे क्योंछला उसके यहकहनेपर अनुरागपरा धीरे २ रोतीहुई विना कुछ उत्तरदिये आकाश में उड़कर अपने स्थानको चलीगई तव सोमस्वामीने निश्चयदत्तसेकहा कि तुमने मेरे निवारण करनेपरभी उसके पास गमनकिया उसी तीव्र अनुरागरूपी अग्निका यह फलहै कि तुम इससमय पश्चात्ताप कर-रहेहो स्वभावही से चंचल स्त्रियों का और सम्पत्तियोंका क्या विश्वासहै इससे अव पश्चात्ताप न करो

णी के कन्धेपर चढ़कर वहाँसे चला और अर्द्धरात्रिके समय हिमाचलपर पुष्करावती नगरीमें पहुंचा उससमय अनुरागपरा अपनी विद्याके प्रभावसे उसकेआगमनको जानकर उसेलिवालानेकेलिये नगरी के वाहर आई उसे आते देखकर यक्षिणीने निश्चयदत्तसे कहा कि नेत्रोंकी आनन्द देनेवाली चन्द्रमा की दूसरी मूर्त्तिके समान तुम्हारी कान्ताआरही है तो अवमें जातीहूं यहकहकर और उसे अपने कन्धे से उतारकर यक्षिणी प्रणामकरके चलीगई तव अनुरागपराने वहुत कालसे उत्कण्ठितहोनेके कारण वहुत गाढ़ आलिंगन करके उसको प्रसन्नकिया और वह भी वहुत क्लेशोंको सहकर प्राप्त होनेवाली अनुरागपरासे यथेच्छ आलिंगनकरके मानों आनन्दके कारण अपने शरीरमें न समाकर उसकेहृदय में प्रविष्ट साहोगया तदनन्तर अनुरागपरा के साथ गान्धर्व विवाहकरके विद्याके वलसे उसी के वनाये हुए पुरमें रहनेलगा और उसीकी विद्याके प्रभावसे उसके माता पितानेभी उसे नहीं देखा फिर निश्चयदत्त ने उसके पूछने पर अपने मार्गके सव क्लेशोंका वर्णनकिया उनक्लेशोंको सुनकर अनुरागपरा उस पर अत्यन्त प्रसन्नहुई और दिव्य ऐश्वर्य्यों से उसका सेवन करनेलगी निश्चयदत्त ने अपने मार्ग के वृत्तान्त में वानररूपी सोमस्वामीकी भी कथा अनुरागपरा को सुनाकर कहा कि हे प्रिये जो तुम्हारे उपायसे मेरामित्र पशुयोनिसे छूटजाय तो वड़ा उपकारहोय उसके यहवचन सुनकर अनुरागपरानेकहा कि यह योगिनी स्त्रियों की वातें हैं मैं इनविषयों को क्याजानूं परन्तु भद्ररूपानाम सिद्ध योगिनी मेरी सखी है मैं उससे कहकर तुम्हारा अभीष्ट सिद्धकरवादूंगी उसके यहवचन सुनकर निश्चयदत्त वहुतप्रसन्नहोके वोला कि चलो अपने उसमित्रको तुम्हें दिखलाऊं तव अनुरागपरा उसे गोदी में लेकर आकाश मार्ग से उसको उसवानररूप सोमस्वामी के पास लेआई वहां आकर निश्चयदत्तने अनुरागपरा समेत अपने मित्र वानरको प्रणामकरके कुशल क्षेम पूंछी सोमस्वामीने अनुरागपरा को आशीर्वाददेकर निश्चयदत्त से कहा कि अव मुझको कुशलही है जो मैंने तुमको अनुरागपरा के साथ देखा तव वह सव एक मनोहर शिलापर वैठगये और सोमस्वामी को पशुपने से छुटाने का वार्त्तालाप करने लगे कुछ काल वार्त्तालाप करके निश्चयदत्त सोमस्वामी से आज्ञालेकर प्रियाकी गोदी में बैठकर पुष्करावती को गया दूसरे दिन उसने अनुरागपरा से फिर कहा कि हेप्रिये चलो उसी मित्र के पास फिरचलें तव वह वोली कि आज तुम्हींजाओ मैं तुम्हें आकाश में उड़ने की और आकाश से उतरने की विद्या वताये देतीहूं यह कहकर उसने उसे वह दोनों विद्या सिखादीं तव वह उन विद्याओं को पाकर आकाश मार्ग से अपने मित्रकेपास आया २०२ निश्चयदत्त तो यहां आकर अपनेमित्रसे वार्त्तालाप करनेलगा और अनुरागपरा अपने घरसे निकलकर उपवनमें विहार करनेकोगई वहां उपवनमें वैठी हुई अनुरागपरा को स्वेच्छा से आकाशमें भ्रमण करतेहुए किसी विद्याधर के कुमार ने देखकर अपनी विद्यासे जानलिया कि यह किसी मनुष्य से प्रेमकरती है यह जानकर वह उसकेपासगया उसे देखकर वह अपना नीचे मुखकरके वोली कि तुम कौनहो और यहां किसलिये आयेहो उसनेंकहा कि मैं सम्पूर्ण विद्याओं का जाननेवाला रागभंजन नाम विद्याधरहूं तुम्हारे देखनेही से कामदेव ने मुझे

अपनेवशीभूत करके तुम्हारे अर्पणकरदिया है इससे हे सुन्दरी पृथ्वी के निवासी मनुष्य को छोड़कर तुम जबतक तुम्हारा पिता नहीं जानता है तबतक हमारेसाथ विवाहकरलो उसके यहवचन सुनकर अनुरागपराने उसे तिरछी दृष्टिसे देखकर अपने चित्तमें शोचा कि मेरे योग्य पति यही है तब अनुरागपराके आशयको जानकर उसरागभंजनने अनुरागपरा से विवाहकरलिया ठीक है (अपेक्षते द्वयोरैक चित्त्येकिंरहसिस्मरः) एकान्त में स्त्री पुरुष के चित्त मिलजानेपर कामदेव किसी बातकी अपेक्षानहीं करता है तदनन्तर उस विद्याधरके चलेजानेपर निश्चयदत्त सोमस्वामी के पाससे अनुरागपरा के पास आया उससमय अनुरागपराने विरक्तहोकर शिरकी पीड़ाके बहाने से उसका आलिंगन भी नहींकिया परन्तु स्नेहसे मोहित सरलचित्त निश्चयदत्त उसबहाने को सच्चाही जानकर दुःख पूर्वक वहदिन व्यतीतकरके दूसरे दिन प्रातःकाल खेदसे अपने चित्तको बहलाने के लिये उसी की बताईहुई विद्या के बल से फिर अपने मित्र सोमस्वामीकेपास आया उसके चलेआनेपर वहरागभंजन विद्याधर अनुरागपरा के बिना रात्रिभर जागकर उससमय अवकाशपाकर उसके गलेमें आकर लिपटगया और यथेच्छ रमणकरके श्रमसे सोगया और अनुरागपराभी गोदी में उस सोतेहुए विद्याधरको अपनी विद्याके बलसे छिपाकर रात्रिभरके जागनेसे सोगई इसबीच में निश्चयदत्त अपने मित्रके पासपहुँचा सोमस्वामीने उसका शिष्टाचारकरके उससे पूँछा कि हे मित्र आज तुम उदासीनसे क्यों मालूमहोतेहो निश्चयदत्त ने कहा कि अनुरागपरा आज बहुत पीड़ित है इससे मैं उदासीनहोरहाहूं क्योंकि वह मुझे प्राणों से भी अधिक प्रियहै यह सुनकर ज्ञानी वानररूप सोमस्वामी ने कहा कि जाओ इससमय अनुरागपरा सोरही है उसको उसीकीबताईहुई विद्या के बल से गोदी में लेकर मेरे पास चलेआओ मैं तुम्हें यहां बड़ा आश्चर्य दिखाऊंगा उसके इसप्रकार कहने से निश्चयदत्त ने आकाशमार्ग से जाकर अपनी प्रियाको सोतीहुई देखकर गोदी में उठालिया परन्तु उसकी गोदी में सोताहुआ वह विद्याधर उसे नहीं दिखाई दिया क्योंकि उसने उसे पहलेही विद्याके प्रभावसे अदृश्यकरदिया था उसे लेकर निश्चयदत्त शीघ्रही सोमस्वामी के पास आगया उससमय दिव्यदृष्टि सोमस्वामी ने उसे योगका उपदेशकिया जिसके प्रभावसे उसने अनुरागपराकी गोदी में सोतेहुए विद्याधर को देखलिया उसे देखकर हा धिक्कार यह क्या बात है इसप्रकार कहतेहुए निश्चयदत्तको सोमस्वामी ने उसका सम्पूर्ण वृत्तान्त अपने ज्ञान के बलसे जानकर बतलादिया यह सुनकर उसके कुपित होनेपर वह रागभंजन विद्याधर जगकर आकाशको चलागया और अनुरागपराभी जगकर अपने भेदको खुलगया जानकर लज्जासे अधोमुख होकरबैठी उससमय निश्चयदत्त आंसूभरकर उससेबोला कि हे पापिन तूने मुझ विश्वासीको इस प्रकारसे क्योंछला उसके यहकहनेपर अनुरागपरा धीरे २ रोतीहुई बिना कुछ उत्तरदिये आकाश में उड़कर अपने स्थानको चलीगई तब सोमस्वामीने निश्चयदत्तसेकहा कि तुमने मेरे निवारण करनेपरभी उसके पास गमनकिया उसी तीव्र अनुरागरूपी अग्निका यह फलहै कि तुम इससमय पश्चात्ताप कररहेहो स्वभावही से चंचल स्त्रियों का और सम्पत्तियोंका क्या विश्वासहै इससे अब पश्चात्ताप न करो

अपने चित्तको शान्तिकरो ब्रह्माभी होनहारको नहीं मेटसक्ते हैं सोमस्वामी के शोक तथा मोहनाशक यह बचन सुनकर निश्चयदत्त वैराग्य युक्तहोके श्रीशिवजीकी शरणमें गया इसके उपरान्त परममित्र कपिरूप सोमस्वामी के साथ वनमें रहतेहुए निश्चयदत्त के पास मोक्षदा नाम तपस्विनी भाग्यवशसे आई उसने प्रणाम करतेहुए निश्चयदत्तसे पूंछा कि तुम तो मनुष्यहो इसबन्दरकेसाथ तुम्हारी मित्रता कैसेहुई तब निश्चयदत्तने अपना और अपनेमित्रका सम्पूर्णवृत्तान्त सुनाकर उससे दीनतापूर्वक कहा कि जो तुम कोई प्रयोग अथवा मंत्र जानतीहो तो मेरे इस सुहृद सन्मित्रको पशुपने से छुटाओ यह सुनकर उसने बहुत अच्छा कहकर मन्त्रकी युक्तिसे सोमस्वामी के गलेसे वह सूत्र खोललिया सूत्रके खुलतेही वह बन्दर के स्वरूपको छोड़कर जैसा पहलेथा वैसाही मनुष्यहोगया सोमस्वामी को मनुष्य बनाकर उस तपस्विनी के अन्तर्द्धान होजानेपर निश्चयदत्त और सोमस्वामी बहुतकालतक बड़ातप करके परमगतिको प्राप्तहुए इसप्रकारसे स्त्रियां प्रायः स्वभावही से चपलहोती हैं उनके दुश्चरित प्रबंधों को देखकर सत्पुरुषोंको विवेक और वैराग्य उत्पन्नहोताहै कोई २ स्त्री पतिव्रताभी होती हैं जो आकाश को चन्द्रमाके समान अपने विशाल कुलको आभूषित करती हैं इसप्रकार गोमुखके मुखसे इस विचित्र कथाको सुनकर नरवाहनदत्त रत्नप्रभा समेत अत्यन्त प्रसन्नहुआ २४४॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांरत्नप्रभालंबकेतृतीयस्तरंगः३॥

इसके उपरान्त गोमुखकी कथा से नरवाहनदत्तको प्रसन्न देखकर उसकी स्पर्द्धा से मरुभूति बोला कि प्रायः स्त्रियां चपलहोती हैं परन्तु सर्व साधारण यह बात नहीं है कहीं २ वेश्या भी सुशील होती हैं फिर अन्य सत्कुलोत्पन्न स्त्रियोंका तो क्याही कहनाहै इसविषयमें मैं आपको एककथा सुनाताहूं पाटलिपुत्र नाम नगरमें विक्रमादित्य नाम एक राजाथा उसके बहुत से घोड़े तथा हाथियों से सम्पन्न हयपति और गजपति नाम दो बड़े राजा परममित्र थे और प्रतिष्ठान देशका स्वामी बहुतसी पदाती सेना से सम्पन्न नरसिंह नामराजा उसका शत्रुथा एकसमय राजा विक्रमादित्यने अपने मित्रोंके बलके अभिमान से सहसा यह प्रतिज्ञाकी कि मैं राजा नृसिंहको इसप्रकार से जीतूंगा कि जब वह द्वारपर आवे तो बन्दी और मागध लोग सेवक के समान उसका निवेदन मेरे सन्मुखकरें इसप्रकार प्रतिज्ञाकरके अपने मित्र हयपति और गजपति को बुलाकर उनको साथमें लेकर हाथी और घोड़ों से पृथ्वीको व्याकुल करताहुआ राजाविक्रमादित्य अपनीसंपूर्ण सेनालेकर राजानरसिंहदत्तसे लड़नेकोगया जब प्रतिष्ठान के निकटपहुंचा तबराजा नरसिंहदत्त उसेआताहुआ जानके सब सेनाको तैयारकरके युद्धकेलिये बाहर निकला उससमय उनदोनों राजाओंकी सेनाओंका ऐसाघोर आश्चर्य्यकारी युद्धहुआ कि हाथी और घोड़ोंकेसाथ पैदललड़े युद्धहोते २ राजानरसिंहके एककरोड़ पैदलोंसे विक्रमादित्यकी सबसेना हारगई और विक्रमादित्य भागकर पाटलि पुत्र नगरको चलागया और उसके मित्र अपने २ देशकोभागगये तब राजानरसिंह बन्दीगणोंसे कीगई अपनी प्रशंसाको सुनताहुआ अपनेनगरके भीतरगया तदनन्तर राजा विक्रमादित्य ने अपने कार्य्यको सिद्धहुआ न जानकर सोचा कि पराक्रमसे नहीं जीतनेकेयोग्य

शत्रुको बुद्धिसे जीतना चाहिये इसमें चाहे मेरी कोई निन्दाभी करे परन्तु प्रतिज्ञा झूठी न होय यह शोच कर और योग्य मंत्रियोंपर राज्यका भाररखकर बुद्धिवरनाम मुख्य मंत्री सौ राजपुत्र तथा पांच कुलीन शूरोंको साथमेंलेकर राजा विक्रमादित्य भिक्षुकोंकासाभेष बनाकर प्रतिष्ठाननाम नगरकोगया वहांपहुँचकर मदनमालानाम वेश्याके राजमंदिरकेसमान सुन्दर भवनमें गया वह भवन शिखरों पर लगीहुई लताओंके वायुसेचंचल वस्त्रोंसेमानों राजाको बुलारहाथा उसभवनके मुख्यपूर्व्वदिशाके फाटकपर रात्रि दिन अनेक प्रकारके शस्त्रों को धारण कियेहुए बीस हजार पैदल रक्षकरहते थे अन्य तीनफाटकों पर दश २ हजार पैदल शूर रक्षकरहतेथे ऐसे बड़ेभारी उस भवनके द्वारपर जाकर विक्रमादित्य अपनेभीतर जानेके लिये निवेदन कराकर और प्रतीहारकेद्वारा आज्ञापाकर अपने साथियोंसमेत भीतरचला उस मन्दिरमें कहीं बड़े २ सुन्दर सैकड़ों घोड़े बँधे थे कहीं बड़े २ उन्नतहाथी झूमतेथे कहींपर अनेक २ प्रकार देदीप्यमान शस्त्ररक्खे थे कहीं अनेक प्रकारके सुन्दर रत्नोंसे देदीप्यमान धनके समूहके समूह से भरेहुए खजाने इकट्ठेथे कहींपर सैकड़ों सेवकलोग अपना २ कार्य्यकररहेथे कहींपर सैकड़ों बन्दियों के समूह उच्चस्वरसे स्तुति कररहे थे और कहींपर मृदंगकी ध्वनिके अनुसार मधुरगान होरहाथा इसप्रकार शोभा देखताहुआ सात डेवढ़ियोंका उल्लंघन करके अपने सब साथियोंसमेत मदनमालाके रहने के बड़ेउन्नत दिव्य सुन्दरस्थानमें पहुँचा मदनमालाभी अपने सेवकोंकेद्वारा यह सुनकर कि यहसंपूर्ण घोड़े आदि पदार्थों को बड़े ध्यानसे देखताहुआ आयाहै उसे कोई छिपाहुआ उत्तमपुरुष जानकर कुछ दूर आगे चलकर प्रणामकरके लेगई और भीतरलेजाकर राजाके योग्य आसनपर बैठाकर बड़ासत्कार किया राजाभी उसकेरूप लावण्य तथा विनयसे वशीभूत होकर अपनेको नहीं प्रकटकरके उसकीबड़ी प्रशंसा करनेलगा उससमय मदनमालाने स्नान पुष्प अनुलेपन वस्त्र तथा बहुमूल्य आभूषणों से राजाका सन्मानकरके उसके संपूर्ण साथियों को रोज़ीना दिवाकर मंत्रीसमेत राजाको अतिउत्तम भोजनकरवाये और उसके साथ मद्यपानादि क्रीड़ासे दिन व्यतीत करके रात्रिके समय उसके सुन्दरस्वरूपसे वशीभूत होकर अपना शरीरभी उसके अर्पण करदिया इसप्रकार मदनमाला से सेवाकियागया राजा विक्रमादित्य अपनेको छिपाकर चक्रवर्त्तियोंके समान ऐश्वर्य्योंको भोग करता हुआ रहनेलगा वह नित्यही याचकोंको जितना धनदेताथा सो सब मदनमाला अपनेपाससे दिलवातीथी औरउससे भोग कियेगये अपने शरीर तथा धनको धन्य मानतीथी वह राजाके ऐसी वशीभूत होगईथी कि अन्य पुरुषोंसे पराङ्मुखहोकर अत्यन्त अनुरक्त राजानरसिंहकोभी उसने युक्तिपूर्वक निवृत्तकरदिया इसप्रकार उसके सेवनको देखकर राजाने अपने बुद्धिवर मन्त्रीसे एकान्तमें कहा कि धनकी चाहनेवाली वेश्या काममेंभी धनके विना नहीं प्रसन्नहोतीहै ब्रह्माने मानों संपूर्ण याचकोंका लोभ वेश्याओंकोही देदिया है परन्तु यह मदनमाला तो मुझे अपने धनको भोगकरतेहुए देखकर विरक्त तो नहीं होती किन्तु स्नेहसे अधिक प्रसन्नहोती है तो इससमय इसके साथ कैसे प्रत्युपकार करनाचाहिये जिससे मेरी प्रतिज्ञाभी पूरीहोजाय यह सुनकर बुद्धिवर मंत्रीने कहा कि जो आपके चित्तमें ऐसाही है तो प्रपंचबुद्धिनाम

अपने चित्तको शान्तकरो ब्रह्माभी होनहारको नहीं मेटसक्ते हैं सोमस्वामी के शोक तथा मोहनाशक यह वचन सुनकर निश्चयदत्त वैराग्य युक्तहोके श्रीशिवजीकी शरणमें गया इसके उपरान्त परममित्र कपिरूप सोमस्वामी के साथ वनमें रहतेहुए निश्चयदत्त के पास मोक्षदा नाम तपस्विनी भाग्यवशसे आई उसने प्रणाम करतेहुए निश्चयदत्तसे पूछा कि तुम तो मनुष्यहो इसबन्दरकेसाथ तुम्हारी मित्रता कैसेहुई तब निश्चयदत्तने अपना और अपनेमित्रका सम्पूर्णवृत्तान्त सुनाकर उससे दीनतापूर्वक कहा कि जो तुम कोई प्रयोग अथवा मंत्र जानतीहो तो मेरे इस सुहृद सन्मित्रको पशुपने से छुटाओ यह सुनकर उसने बहुत अच्छा कहकर मन्त्रकी युक्तिसे सोमस्वामी के गलेसे वह सूत्र खोललिया सूत्रके खुलतेही वह बन्दर के स्वरूपको छोड़कर जैसा पहलेथा वैसाही मनुष्यहोगया सोमस्वामी को मनुष्य बनाकर उस तपस्विनी के अन्तर्द्धान होजानेपर निश्चयदत्त और सोमस्वामी बहुतकालतक बड़ातप करके परमगतिको प्राप्तहुए इसप्रकारसे स्त्रियां प्रायः स्वभावही से चपलहोती हैं उनके दुश्चरित प्रबंधों को देखकर सत्पुरुषोंको विवेक और वैराग्य उत्पन्नहोताहै कोई २ स्त्री पतिव्रताभी होती हैं जो आकाश को चन्द्रमाके समान अपने विशाल कुलको आभूषित करती हैं इसप्रकार गोमुखके मुखसे इस विचित्र कथाको सुनकर नरवाहनदत्त रत्नप्रभा समेत अत्यन्त प्रसन्नहुआ २४४॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांरत्नप्रभालंबकेतृतीयस्तरंगः३॥

इसके उपरान्त गोमुखकी कथा से नरवाहनदत्तको प्रसन्न देखकर उसकी स्पर्द्धा से मरुभूति बोला कि प्रायः स्त्रियां चपलहोती हैं परन्तु सर्व साधारण यह बात नहीं है कहीं २ वेश्या भी सुशील होती हैं फिर अन्य सत्कुलोत्पन्न स्त्रियोंका तो क्याही कहनाहै इसविषयमें मैं आपको एककथा सुनाताहूं पाटलिपुत्र नाम नगरमें विक्रमादित्य नाम एक राजाथा उसके बहुत से घोड़े तथा हाथियों से सम्पन्न हयपति और गजपति नाम दो बड़े राजा परममित्र थे और प्रतिष्ठान देशका स्वामी बहुतसी पदाती सेना से सम्पन्न नरसिंह नामराजा उसका शत्रुथा एकसमय राजा विक्रमादित्यने अपने मित्रोंके बलके अभिमान से सहसा यह प्रतिज्ञाकी कि मैं राजा नृसिंहको इसप्रकार से जीतूंगा कि जब वह द्वारपर आवे तो वन्दी और मागध लोग सेवक के समान उसका निवेदन मेरे सन्मुखकरें इसप्रकार प्रतिज्ञाकरके अपने मित्र हयपति और गजपति को बुलाकर उनको साथमें लेकर हाथी और घोड़ों से पृथ्वीको व्याकुल करताहुआ राजाविक्रमादित्य अपनीसंपूर्ण सेनालेकर राजानरसिंहदत्तसे लड़नेकोगया जब प्रतिष्ठान के निकटपहुंचा तबराजा नरसिंहदत्त उसेआताहुआ जानके सब सेनाको तैयारकरके युद्धकेलिये बाहर निकला उससमय उनदोनों राजाओंकी सेनाओंका ऐसाघोर आश्चर्यकारी युद्धहुआ कि हाथी और घोड़ोंकेसाथ पैदललड़े युद्धहोते २ राजानरसिंहके एककरोड़ पैदलोंसे विक्रमादित्यकी सबसेना हारगई और विक्रमादित्य भागकर पाटलि पुत्र नगरको चलागया और उसके मित्र अपने २ देशकोभागगये तब राजानरसिंह वन्दीगणोंसे कीगई अपनी प्रशंसाको सुनताहुआ अपनेनगरके भीतरगया तदनन्तर राजा विक्रमादित्यने अपने कार्य्यको सिद्धहुआ न जानकर शोचा कि पराक्रमसे नहीं जीतनेके योग्य

प्रकटहुए कुबेरजीको प्रणाम करके मैंने कहा कि जिससमय में आपसे कोई अपने प्रयोजन का वर चाहूंगा तब आप प्रकट होकर मुझे वही वरदीजियेगा तब कुबेर एवमस्तु कहकर अन्तर्द्धान होगये और मैं अपने घरको चलाआया यह मेरा संपूर्ण वृत्तान्त है इससे मैं अब कुबेर के वरसे मदनमाला का प्रत्युपकार करूंगा तो। हे बुद्धिवर तुम इनराजपुत्रों को अपने साथलेकर पाटलिपुत्र को जाओ और मैं भी मदनमाला का प्रत्युपकार करके वहीं चला आऊंगा और औसर पाकर फिर यहां आजाऊंगा यह कहकर राजाने अपने मंत्री को परिकर समेत विदाकरदिया और उसके चले जाने पर उस दिनको व्यतीतकरके रात्रि के समय होनेवाले वियोग से उत्कण्ठितहोकर मदनमाला के साथ वहरात्रि व्यतीत की और मदनमाला भी अपनी अन्तरात्मासे मानों राजाको दूरहुआसा जानकर वारम्वार आलिंगन करके उत्कण्ठासे रात्रिभरसोई नहीं प्रातःकाल राजा सन्ध्यावन्दनादिक आवश्यक कार्य्यकरके अकेलाही देवमंदिर में जपकरने के वहाने से गया और वहांजाकर कुबेर देवता का आवाहनकरके प्रकटहुए कुबेरजीको प्रणामकरके वह वर जो उन्होंने पहले देनेकोकहाथा उनसेमांगा कि हे देव सुवर्ण के पांच अक्षयपुरुष मुझे दीजिये जिनके अंगनिरन्तर काटनेपरभी पूरेही बनजाया करें तब कुबेर देवता एवमस्तु कहकर अन्तर्द्धान होगये और राजाको उसीसमय सुवर्ण के पांचपुरुष उसी मंदिर में दिखाई दिये तब राजा देवमंदिरसे निकलकर अपनी प्रतिज्ञाको स्मरण करताहुआ आकाश मार्ग से पाटलिपुत्रको चलाआया ॥ वहां आकर अपने मंत्री पुरवासी तथा सब रानियों को प्रसन्न करके राज्य कार्य्य करनेलगा परन्तु उसका चित्त प्रतिष्ठान देशमेंही लगारहा राजा तो यहांचला आया और वहां वह मदनमाला राजा के आनेकी वहुत कालतक वाट देखकर उसे ढूंढ़नेकेलिये देवमन्दिर में गई वहां उसे राजा तो नहीं दिखाईदिया परन्तु सुवर्णके पांचपुरुष वहुतवड़े दिखाईदिये उनको देखकर और राजाको न पाकर वह दुखितहोकर शोचनेलगी कि मेराप्रिय कोईगन्धर्व अथवा विद्याधर था जो मुझे यह पांचपुरुष देकर आकाश को चलागया तो उसके विना भारतुल्य इनपुरुषोंको मैं क्याकरूं यहशोचकर अपने सेवकोंसे पूछनेलगी कि तुमने मेरे प्यारेको कहीं देखा तो नहीं है और उस के ढूंढ़नेके लिये इधर उधर फिरनेलगी फिर राजाको कहींभी न पाकर विलाप करतीहुई मदनमालाको मंदिर उपवन तथा किसी स्थानमें चैन न पड़ा और वियोग से अत्यन्त व्याकुलहोकर वह अपना शरीर त्यागनेको उद्यतहोगई उसकी यह दशा देखकर सम्पूर्ण लोगोंने उसे समझाया कि हे मदनमाले विषाद न करो तुम्हारा प्रिय कोई कामधारी देवताहै वह तुमको फिर प्राप्तहोजायगा इन वचनोंको सुनकर उसके चित्त में कुछ भरोसाहुआ और सावधान चित्तकरके उसने यह प्रतिज्ञाकी कि छः महीने के भीतर जो मुझे वह दर्शन नहींदेगा तो मैं सर्वस्वदान करके अग्निमें जलजाऊंगी इसप्रकारकी प्रतिज्ञासे अपनेको सावधान करके वह उसका ध्यानकरके नित्यदान करनेलगी एकदिन उस ने सुवर्ण के पुरुषोंमें से एकके हाथ काटकर ब्राह्मणोंको देदिये दूसरेदिन उसको उस पुरुषके हाथ फिर ज्योंके त्यों दिखाई दिये तब रात्रिभरमें उसके हाथोंको उत्पन्नहुआ जानकर उसने सब पुरुषोंके हाथ काटकर दान

भिक्षुकके दियेहुए अमूल्य रत्नोंमेंसे कुछ इसकोभी दीजिये मंत्रीके यह वचन सुनकर राजाबोला कि उन संपूर्ण रत्नोंके भी देनेसे इसका प्रत्युपकार नहींहोसक्ता परन्तु इसी भिक्षुकके सम्बन्धमें एक और उपायहै जिससे इसका प्रत्युपकार होजायगा ४४ यह सुनकर मंत्रीने कहा कि हे राजा उस भिक्षुकने आपकी क्या सेवाकीथी वहसबवृत्तान्त मुझसेभी कहिये तब राजाने कहा कि सुनो मैं तुमसे उसकी सब कथा कहताहूं पहले पाटलिपुत्र नगरमें प्रपंच बुद्धिनाम भिक्षुकने मेरीसभामें आकर एक संपुट (एक प्रकारका डिब्बा) मुझेदिया मैंने उसे लेकर बिना खोलेही खजानचीको देदिया इसीप्रकारसे वह बर्ष दिनतक रोजएक संपुटलातारहा और मैं बिनाखोलेही अपने खजानचीको देतारहा एकदिन भिक्षुकका दियाहुआ डिब्बा मेरे हाथसे गिरकर दैवयोगसे खुलगया और उसमें से अग्निके समान प्रज्वलित एक महारत्न निकलामानो उसने अपना हृदय खोलकर मुझे दिखलादिया उसरत्नको देखकर मैंने और सब डिब्बे भी मँगवाकर उनमें से सबरत्न निकलवालिये और उससमय प्रपंच बुद्धिसे कहा कि तुम इन बहुमूल्य रत्नोंसे मेरा नित्यसेवनक्योंकरते हो तब उसने एकान्तमें मुझसे कहा कि इसआनेवाली कृष्ण पक्षकी चतुर्दशीको रात्रिके समय श्मशानमें मुझे कोई विद्या सिद्धकरनी है हे बीर मैं चाहताहूं कि वहाँ मेरी सहायताके लिये आप आइये क्योंकि बीरोंकी सहायता से निर्विघ्नता पूर्वक सुगमता से सब सिद्धियां सुलभहोजाती हैं उस भिक्षुकके यहवचन मैंने स्वीकार करलिये इसके उपरान्त वह भिक्षुक तो प्रसन्नहोकर चलागया और कुछदिनोंके पीछे वह कृष्णपक्षकी चतुर्दशी आई और मुझे उस भिक्षुकके वचनोंका स्मरण आगया तब मैं संपूर्ण आह्निककरके सायंकालतक अपने संपूर्ण कार्य्य करतारहा और संध्यावन्दनके उपरान्त कुछ सोगया उससमय गरुड़पर चढ़ेहुए लक्ष्मी जी समेत भक्तवत्सल भगवान् विष्णुने स्वप्नमें मुझे दर्शन देकर कहा कि यह प्रपंचबुद्धिनाम भिक्षुक अपने नाम के अर्थ से युक्तहै यह तुमको श्मशानमें लेजाकर बलिदान करना चाहताहै इससे वह जो कुछ तुमसे कहै वही न करनेलगना तुम उससे कहना कि पहले तू ऐसाही कर फिर मैं भी उसे सीखकर करूंगा जबवह उसीप्रकारसे करनेलगे तब उसीक्षण तुम उसको मारडालना इसप्रकारसे जो सिद्धि उसको होनेवाली है वह तुमको होजायगी यहकहकर भगवान्के अन्तर्द्धान होजानेपर मैंने जगकर शोचा कि विष्णु भगवान्की कृपासे मुझे इसमायावीकी माया मालूम होगई इसप्रकार शोचकर दूसरेप्रहर में खड्ग लेकर मैं श्मशानको गया वहाँ वह भिक्षुक पूजन कररहा था वह मुझे देखकर अत्यन्त प्रसन्न होकर बोला कि हे राजा नेत्र बन्दकरके अंगोंको फैलाकर नीचेको मुखकरके पृथ्वी में लेटजाओ इसप्रकारसे हम तुम दोनोंको बड़ी सिद्धिहोजायगी तब मैंने उससे कहा कि तुम प्रथम इसरीतिसे लेटो उसे देखकर मैं भी उसीरीति से लेटूंगा यहसुनकर वहमूर्ख उसीप्रकारसे पृथ्वी में लेटगया तब मैंने खड्ग से उसका शिर काटडाला उससमय यह आकाशवाणी हुई कि हे राजा तुमने जो इस महापापी भिक्षुकको मारा यह बहुत अच्छा किया जो यह आकाशमें अपनी गति सिद्धकरना चाहताथा वह तुमको सिद्धहोगई और मैं कुबेरहूं तुम्हारे धैर्य्यसे तुमपर बड़ा प्रसन्न हूं इसमे तुम जो चाहो सो बरमुझसे मांगो यहकहकर

प्रकटहुए कुबेरजीको प्रणाम करके मैंने कहा कि जिससमय में आपसे कोई अपने प्रयोजन का वर चाहूंगा तब आप प्रकट होकर मुझे वही वरदीजियेगा तब कुबेर एवमस्तु कहकर अन्तर्द्धान होगये और मैं अपने घरको चलाआया यह मेरा संपूर्ण वृत्तान्त है इससे मैं अब कुबेर के वरसे मदनमाला का प्रत्युपकार करूंगा तो हे बुद्धिवर तुम इनराजपुत्रों को अपने साथलेकर पाटलिपुत्र को जाओ और मैं भी मदनमाला का प्रत्युपकार करके वहीं चला आऊंगा और औसर पाकर फिर यहां आजाऊंगा यह कहकर राजाने अपने मंत्री को परिकर समेत बिदाकरदिया और उसके चले जाने पर उस दिनको व्यतीतकरके रात्रि के समय होनेवाले वियोग से उत्कण्ठितहोकर मदनमाला के साथ वहरात्रि व्यतीतकी और मदनमाला भी अपनी अन्तरात्मासे मानों राजाको दूरहुआसा जानकर वारम्वार आलिंगनकरके उत्कण्ठासे रात्रिभरसोई नहीं प्रातःकाल राजा सन्ध्यावन्दनादिक आवश्यक कार्य्यकरके अकेलाही देवमंदिर में जपकरने के बहाने से गया और वहांजाकर कुबेर देवता का आवाहनकरके प्रकटहुए कुबेरजीको प्रणामकरके वह वर जो उन्होंने पहले देनेकोकहाथा उनसेमांगा कि हे देव सुवर्ण के पांच अक्षयपुरुष मुझे दीजिये जिनके अंगनिरन्तर काटनेपरभी पूरेही बनजाया करें तब कुबेर देवता एवमस्तु कहकर अन्तर्द्धान होगये और राजाको उसीसमय सुवर्ण के पांचपुरुष उसी मंदिर में दिखाई दिये तब राजा देवमंदिरसे निकलकर अपनी प्रतिज्ञाको स्मरण करताहुआ आकाश मार्ग से पाटलिपुत्रको चलाआया ८५ वहां आकर अपने मंत्री पुरवासी तथा सब रानियों को प्रसन्न करके राज्य कार्य्य करनेलगा परन्तु उसका चित्त प्रतिष्ठान देशमेंही लगारहा राजा तो यहांचला आया और वहां वह मदनमाला राजा के आनेकी बहुत कालतक बाट देखकर उसे ढूंढनेकेलिये देवमन्दिर में गई वहां उसे राजा तो नहीं दिखाईदिया परन्तु सुवर्णके पांचपुरुष बहुतबड़े दिखाईदिये उनको देखकर और राजाको न पाकर वहदुखितहोकर शोचनेलगी कि मेराप्रिय कोईगन्धर्व अथवा विद्याधर था जो मुझे यह पांचपुरुष देकर आकाश को चलागया तो उसके बिना भारतुल्य इनपुरुषोंको मैं क्याकरूं यहशोचकर अपने सेवकोंसे पूछनेलगी कि तुमने मेरे प्यारेको कहीं देखा तो नहीं है और उसके ढूंढनेके लिये इधर उधर फिरनेलगी फिर राजाको कहींभी न पाकर विलाप करतीहुई मदनमालाको मंदिर उपवन तथा किसी स्थानमें चैन न पड़ा और वियोग से अत्यन्त व्याकुलहोकर वह अपना शरीर त्यागने को उद्यतहोगई उसकी यह दशा देखकर सम्पूर्ण लोगोंने उसे समझाया कि हे मदनमाले विषाद न करो तुम्हारा प्रिय कोई कामधारी देवताहै वह तुमको फिर प्राप्तहोजायगा इन वचनोंको सुनकर उसके चित्त में कुछ भरोसाहुआ और सावधान चित्तकरके उसने यह प्रतिज्ञाकी कि छः महीने के भीतर जो मुझे वह दर्शन नहींदेगा तो मैं सर्वस्वदान करके अग्निमें जलजाऊंगी इसप्रकारकी प्रतिज्ञासे अपनेको सावधान करके वह उसका ध्यानकरके नित्यदान करनेलगी एकदिन उस ने सुवर्ण के पुरुषोंमें से एकके हाथ काटकर ब्राह्मणोंको देदिये दूसरेदिन उसको उस पुरुषके हाथ फिर ज्योंके त्यों दिखाई दिये तब रात्रिभरमें उसके हाथोंको उत्पन्नहुआ जानकर उसने सब पुरुषोंके हाथ काटकर दान

कर दिये फिर उन सबकेभी उसीप्रकार सवहाथ निकलआये तब उनपुरुषोंको अक्षयजानकर वह वेद पाठी ब्राह्मणोंको जोजितने वेद पढ़ाहो उनको उतनीही भुजा देनेलगी कुछ दिनों में दिशाओंमें फै लीहुई उस चरचाको सुनकर चारवेदका जाननेवाला गुणवान् दरिद्री संग्रामदत्त नाम ब्राह्मण पात्रकि पुत्रसे दानलेनेको उसके यहां गया तब द्वारपालों के द्वारा उस ब्राह्मणको आया जानकर उसने उस ब्राह्मण को सुवर्णकी चार भुजा दानमें दीनी उससमय मदनमाला के विरहसे कृश तथा पीले अंगों को देखकर और उसके दुखी परिजनों से सम्पूर्ण वृत्तान्त तथा घोर प्रतिज्ञा को सुनकर संग्रामदत्त दुखी तथा प्रसन्नहोकर दो ऊंटोंपर उन चारों भुजाओंको लादकर अपने पाटलिपुत्र नगरको चलाआया वहाँ आकर उसने राजाकी रक्षाके विना मेरा यहसुवर्ण कुशल पूर्व्वक नहीं रहसक्ता यह शोचकर स भामें जाकर राजा विक्रमादित्यसे यह विज्ञापनाकरी कि हे महाराज मैं इसीनगरका रहनेवाला ब्राह्मण हूं दरिद्रसे व्याकुल होकर मैं धन उपार्जन करनेको दक्षिण दिशामें गयाथा राजा नरसिंहके प्रतिष्ठान नामपुरमें पहुंचकर अत्यन्त यशस्विनी मदनमाला नाम वेश्याके यहाँ मैं दानलेनेकोगया कोई दिव्य पुरुष उसके पास बहुत कालतक रहकर उसे पांच सुवर्ण के अक्षयपुरुष देकर अन्तर्द्धान होगया है उसके विरह से महाव्याकुल होकर उस वेश्याने जीवनको विषकी पीड़ा शरीरको निष्फल भार और भोजनको चोरीके समान मानकर धैर्य्य रहित होके अपने परिजनोंके बहुत समझानेसे यह प्रतिज्ञाकी है कि जो छः महीनेके भीतर मेरा प्रिय मुझे नहीं मिलैगा तो मैं अपने इसअभागे शरीरको अग्निमें जलादूंगी इसप्रकार प्रतिज्ञा करके शरीर त्याग करनेके निश्चयसे युक्त मदनमाला धर्मकी इच्छा करके नित्य महादान करती है ११४ हे महाराज मैंने उसे देखाहै कि यद्यपि भोजन थोड़ाकरनेसे उसका श रीर कृशहोगयाहै परन्तु उसकी शोभा न्यून नहीं हुई है जिस सुन्दरपुरुष के पीछे सुन्दरी मदनमाला अपने शरीरको त्याग करनेकी इच्छा कररही है और जिसने विरक्त होकर उसका त्याग कियाहै वह पुरुष मेरेमतसे निन्द्यभी और वन्द्यभीहै उसी वेश्याने मुझको चार सुवर्णकी भुजा इस निमित्तदी है कि मैं चारों वेदपढ़ाहूं तो अब मैं अपनेघरमें सदावर्त्त जारीकरके स्वधर्म का सेवनकिया चाहताहूं इस में आप मेरे सहायक हूजिये उस ब्राह्मणके मुखसे इसप्रकार अपनी प्रियाकी वार्त्ताको सुनकर राजा का चित्त उसीसमय मदनमालाकी ओर चलागया तब प्रतिहारको उसब्राह्मणके मनोरथको सिद्धकरने की आज्ञादेकर और मदनमालाका प्राणों से भी अधिक अपने ऊपर अनुराग देखकर और अपनी कि ह्लाके सिद्ध होनेके लिये उसकी सहायताके लिये उत्कण्ठित होकर और उसके शरीर त्याग करने नुम अवधिमें थोड़ाहीसा समय बाकी जानकर राजाविक्रमादित्य मंत्रियों को सम्पूर्णराज्य सौंपकर आ में भी मार्गसे प्रतिष्ठान नगरमें अपनी प्रियाके यहां पहुंचा और वहां उसने चन्द्रिकाके समान उज्ज्वल शिर कांति विबुध (पण्डित और देवता लोग) लोगोंको अपने ऐश्वर्य्यकी देनेवाली अमावास्याके यह बहुत अमाकी कलाके समान अपनी कृशित प्रिया देखी वहभी नेत्रोंमें अमृतकी वृष्टि करनेवाले और में कुवेरसमान देखकर कुछ भ्रान्ति युक्तहोकर मानों फिर भागजाने के भयसे उसके गलेमें दोनों

हाथीहालिकर लिपटीहुई और बोली कि हे निर्दय मुझ निरपराधिनीको छोड़करके तुम क्यों चलेगये थे उसके यह वचन सुनकर राजाने कहा कि चलो एकान्तमें कहेंगे यह कहकर उसे एकान्तमें लेजाकर राजाने नरसिंह राजाके जीतनेकी प्रतिज्ञासे लेकर अपना संपूर्ण वृत्तान्त वर्णन किया और प्रपंचबुद्धि को मारकर आकाशमें उड़नेकी शक्तिका संपूर्ण वृत्तान्त तथा कुबेरके वरदानसे उन पांचों सुवर्ण पुरुषोंको मिलनेका वृत्तान्त और ब्राह्मणके द्वारा उसके अनुरागको सुनकर अपने वहाँ जानेका वृत्तान्त [illegible]

[illegible]

लोगोंको उचित नहीं है इससे मैंने जो यह प्रतिज्ञाकी है कि राजा नरसिंह मेरे द्वारपर आवेगा तो बन्दीलोग तथा प्रतीहारलोग उसका सेवकोंके समान मुझसे निवेदन करेंगे सो इस प्रतिज्ञाके पूर्ण होनेमें तुम सहायताकरो यहसुनकर उसने कहा कि मैं धन्यहूं और राजाके साथ सलाहकरके अपने वन्दियों को बुलाकर यह आज्ञादी कि जब राजा नरसिंह मेरे मकानपर आवे तब तुमलोग द्वारपर इकट्ठे खड़ेरहना और द्वारमें प्रवेशकरनेके समय यह कहना कि हे महाराज राजा नरसिंह आपका बड़ाभक्त है और आपसे बहुत स्नेह करताहै इसप्रकार कहनेपर जब राजा पूछे कि यहाँ कौनहै तो कहदेना कि म- [illegible]

[illegible] गह जिवआवे

[illegible] सुखपूर्वक

बहुत सो दानकरतीहुई रहनेलगी इसके उपरान्त राजा नरसिंह मदनमालाके अत्यन्त दानका वृत्तान्त सुनकर और पांच अक्षय सुवर्णके पुरुषोंका प्राप्तहोना सुनकर उसे देखनेके लिये उसके यहाँ आया उससमय प्रतीहारीने उसे निषेध नहीं किया और बन्दीलोग उच्चस्वरसे यह कहनेलगे कि हे महाराज राजा नरसिंह आपका बड़ाभक्त है और आपसे सदैव नम्ररहता है यहसुनकर भय तथा क्रोधसे युक्त होकर राजा नरसिंहने पूछा कि भीतर कौनहै मंत्रियोंने कहा कि महाराज विक्रमादित्य हैं यहसुनकर उसने अपने चित्तमें शोचा कि विक्रमादित्यने जो प्रतिज्ञाकी थी वह पूर्ण करलीनी यह बड़ा तेजस्वी है इसने आज मुझे जीतलिया इससमय यह अकेला हमारे यहाँ आयाहै इससे इसका मारना भी उचित नहीं है इसप्रकार शोचकर वन्दियोंसे निवेदन कियाहुआ राजा नरसिंह भीतरगया उसको मुस्कुरातेहुए भीतर आते देखकर विक्रमादित्यने मुस्कुराकर उठकर उसे अपने गलेसे लगाकर अपने पास बैठालिया फिर परस्पर कुशलक्षेम पूछकर प्रसंगसे राजा नरसिंहने विक्रमादित्यसे पूछा कि यहसुवर्णके पुरुष कहाँसे आपने पायेहैं उसके इसप्रकार पूछनेपर विक्रमादित्य ने प्रपंचबुद्धिनाम भिक्षुक के मारने में आकाशमें [illegible]

मिलना [illegible]

क्तिमान जानकर और उसकी बुद्धिको पापसे निवृत्त जानकर उसके साथ मित्रताकरली और मित्रताकरके उसे अपने घरमें लेजाकर राजालोगोंके योग्य उसका बड़ा सत्कार किया और फिर उसे मद-

कर दिये फिर उन सबकेभी उसीप्रकार सवहाथ निकलआये तब उनपुरुषोंको अक्षयजानकर वह वेद पाठी ब्राह्मणोंको जो जितने वेद पढ़ाहो उनको उतनीही भुजा देनेलगी कुछ दिनों में दिशाओं में फै लीहुई उस चरचाको सुनकर चारवेदका जाननेवाला गुणवान् दरिद्री संग्रामदत्त नाम ब्राह्मण पृथ्वी पुत्रसे दानलेनेको उसके यहां गया तब द्वारपालों के द्वारा उस ब्राह्मणको आया जानकर उसने उस ब्राह्मण को सुवर्णकी चार भुजा दानमें दीनी उससमय मदनमाला के विरहसे कृश तथा पीले अंगों को देखकर और उसके दुखी परिजनों से सम्पूर्ण वृत्तान्त तथा घोर प्रतिज्ञा को सुनकर संग्रामदत्त दुखी तथा प्रसन्नहोकर दो ऊंटोंपर उन चारों भुजाओंको लादकर अपने पाटलिपुत्र नगरको चलाआया वहाँ आकर उसने राजाकी रक्षाके विना मेरा यहसुवर्ण कुशल पूर्वक नहीं रहसक्ता यह शोचकर स भामें जाकर राजा विक्रमादित्यसे यह विज्ञापनाकरी कि हे महाराज मैं इसीनगरको रहनेवाला ब्राह्मण हूं दरिद्रसे व्याकुल होकर मैं धन उपार्जन करनेको दक्षिण दिशामें गयाथा राजा नरसिंहके प्रतिष्ठान नामपुरमें पहुंचकर अत्यन्त यशस्विनी मदनमाला नाम वेश्याके यहाँ मैं दानलेनेकोगया कोई दिव्य पुरुष उसके पास बहुत कालतक रहकर उसे पांच सुवर्ण के अक्षयपुरुष देकर अन्तर्द्धान होगया है उसके विरह से महाव्याकुल होकर उस वेश्याने जीवनको विषकी पीड़ा शरीरको निष्फल भार और भोजनको चोरीके समान मानकर धैर्य्य रहित होके अपने परिजनोंके बहुत समझानेसे यह प्रतिज्ञाकी है कि जो छः महीनेके भीतर मेरा प्रिय मुझे नहीं मिलैगा तो मैं अपने इसअभागे शरीरको अग्निमें जलादूंगी इसप्रकार प्रतिज्ञा करके शरीर त्याग करनेके निश्चयसे युक्त मदनमाला धर्मकी इच्छा करके नित्य महादान करती है ३१४ हे महाराज मैंने उसे देखाहै कि यद्यपि भोजन थोड़ाकरनेसे उसका श रीर कृशहोगयाहै परन्तु उसकी शोभा न्यून नहीं हुई है जिस सुन्दरपुरुष के पीछे सुन्दरी मदनमाला अपने शरीरको त्याग करनेकी इच्छा कररही है और जिसने विरक्त होकर उसका त्याग कियाहै वह पुरुष मेरेमतसे निन्द्यभी और वन्द्यभीहै उसी वेश्याने मुझको चार सुवर्णकी भुजा इस निमित्तदी हैं कि मैं चारों वेदपढ़ाहूं तो अब मैं अपनेघरमें सदावर्त्त जारीकरके स्वधर्म का सेवनकिया चाहताहूं इस में आप मेरे सहायक हूजिये उस ब्राह्मणके मुखसे इसप्रकार अपनी प्रियाकी वार्त्ताको सुनकर राजा का चित्त उसीसमय मदनमालाकी ओर चलागया तब प्रतिहारको उसब्राह्मणके मनोरथको सिद्धकरने की आज्ञादेकर और मदनमालाको प्राणों से भी अधिक अपने ऊपर अनुराग देखकर और अपनी कि ह्नाके सिद्ध होनेके लिये उसकी सहायताके लिये उत्कण्ठित होकर और उसके शरीर त्याग करने नुम अवधिमें थोड़ाहीसा समय बाकी जानकर राजाविक्रमादित्य मंत्रियों को सम्पूर्णराज्य सौंपकर आ में भी मार्गसे प्रतिष्ठा न नगरमें अपनी प्रियाके यहां पहुंचा और वहां उसने चन्द्रिकाके समान उज्ज्वल शिर कोटि विबुध (पण्डित और देवता लोग) लोगों को अपने ऐश्वर्य्यकी देनेवाली अमावास्याके यह बहुत अमाकी कलाके समान अपनी कृशित प्रिया देखी वहभी नेत्रोंमें अमृतकी वृष्टि करनेवाले और मैं कुबेरस्मात् देखकर कुछ भ्रान्ति युक्तहोकर मानों फिर भागजाने के भयसे उसके गलेमें दोनों

मान और बल में भीमसेन के समान था इसप्रकार भृंगभुज को गुणवान् देखकर वीरभुजकी सम्पूर्ण रानियां गुणवरा से ईर्ष्या करनेलगीं उनमें से अयशोलेखा नाम रानीने सबसे सलाहकरके जबराजा उसके यहां आया तब उदासीन होकर राजासे कहा कि हे आर्यपुत्र आप तो दूसरों के दोषोंको मि- टातेहो फिर अपने घरके दूषणोंको कैसेसहतेहो यह जो सुरक्षितनाम सम्पूर्ण अन्तःपुरोंका अधिकारी है उसके साथ आपकी गुणवरा रानी आशक्त है और उसके सिवाय अन्य पुरुष अन्तःपुरवालों को मिलभी नहीं सक्ता है क्योंकि अन्य सब रक्षक तो नपुंसक हैं यह बात आपकी सम्पूर्ण रानियों को विदित होगई है उसके यहवचन सुनकर राजाने बहुत विचारकरके अपनी सम्पूर्ण रानियों से जाकर पूछा उनसबनेभी कपटसे वही बात राजासे कही तब बुद्धिमान् राजा वीरभुजने क्रोधको रोककर विचारा कि रानी गुणवरा और सुरक्षितपर ऐसे दोषका संभवनहीं होसक्ताहै परन्तु यह अवाद तो इसप्रकार से फैलाही है इससे बिना निश्चयकिये इसबातका भेद किसीकेआगे नहीं खोलनाचाहिये और युक्तिपूर्वक इनदोनोंको पृथक् २ रखकर देखना चाहिये कि क्या होताहै यह निश्चय करके राजाने दूसरे दिन सुर- क्षितको बुलाकर क्रोधपूर्व्वककहा कि हे पापी मैंने सुनाहै कि तुमने ब्रह्महत्याकी है इससे जबतक तुम सम्पूर्ण तीर्थयात्रा न कर आओगे तबतक मैं तुम्हारा स्वरूप नहीं देखूंगा यह सुनकर उसने घबराकर कहा कि हे महाराज मैंने ब्रह्महत्या कहांकी है तब राजाने उससे फिर कहा कि धृष्टता मतकरो पापके नाश करनेवाले उस कश्मीर देशको जाओ जहां विष्णु भगवान् से पवित्र किया गया विजय क्षेत्र नन्दि क्षेत्र तथा वाराह क्षेत्रहै और जहां बहतीहुई भगवती गंगाका वितस्ता ऐसा नामहै ऐसे पवित्र और मंडव चेत्र तथा उत्तर मानसरोवरसे युक्त कश्मीर देशकी यात्रासे पवित्र होकर तुम मेरेपासआओ यह कहकर राजाने उस विचारे सुरक्षितको निरपराधही तीर्थयात्राके बहानेसे बहुत दूर भेजदिया ३८ तदनन्तर राजा स्नेह क्रोध तथा विचारसे युक्त होकर रानी गुणवराके मन्दिर में गया उसने राजाको उदासीन देखकर बहुत व्याकुल होकर कहा कि हे आर्यपुत्र आज अकस्मात् आपउदासीन क्यों हैं यह सुनकर राजाने बातबनाकर उससे कहा कि हेरानी आज कोई महाज्ञानी आकर मुझसे कहगया है कि रानी गुणवराको कुछकालतक तहखानेमें बंदरखिये और आप ब्रह्मचारी हूजिये नहीं तो आपके राज्यका नाशहोजायगा और गुणवरा मरजायगी उसज्ञानी के इन वचनोंसे मुझे बड़ा विषाद होरहाहै यह सुनकर पतिव्रता रानी गुणवरा भय तथा अनुराग से व्याकुल होकर बोली कि हे आर्य्यपुत्र तो आजही आप मुझको तहखाने में क्यों नहीं छोड़देते जो मेरे प्राणों से भी आपका हितहोय तो मैं धन्यहूं मेरी चाहे मृत्यु होजाय परन्तु आपकी कोई हानि न होय क्योंकि इसलोक और परलोक में स्त्रियोंको पतिही एक परमगतिहै यहसुनकर राजाने नेत्रों में आंसूभरकर अपने चित्तमें शोचा कि इस रानीपर और सुरक्षितपर मुझे कोई सन्देह नहीं होता मैंने उसको निस्सन्देह देखाहै और उसके मुखकी कान्तिभी नहीं म्लान हुईथी तथापि इसअपवादका निश्चय करना अवश्य उचितहै यहशोचकर रानीसे राजानेकहा कि तो यहीं तहखाना बनवाकर तुमरहो उसनेकहा बहुत अच्छा जैसी महाराजकी आज्ञा

नमालाकेही घर भेजदिया इसप्रकार राजा विक्रमादित्यने अपने पराक्रम और बुद्धिसे अपनी प्रतिज्ञा को पूर्णकरके वहाँसे अपने देशके चलनेका विचार किया उससमय मदनमालाभी विरहको सहने के लिये समर्थ न होकर अपने सम्पूर्ण गृहादिक ब्राह्मणोंको दानकरके राजा के साथ चलने को उद्यतहुई तब राजा विक्रमादित्य मदनमालाके हाथी घोड़े तथा सब सेनाको साथमें लेकर उस समेत अपने पाटलिपुत्र नगरमें आया और राजा नरसिंहसे मित्रताहोने के कारण अपनेदेशमें भी अत्यन्त आनन्द पूर्वक मदनमालाके साथ रहनेलगा इसप्रकार हे युवराज कभी२ वेश्याभी रानियोंकेही समान राजा लोगोंपर दृढ़प्रेम करती हैं और सत्कुलमें उत्पन्नस्त्रियों का तो कहनाही क्याहै मरुभूति के मुखसे इस उत्तम कथाको सुनकर नरवाहनदत्त और विद्याधरोंके श्रेष्ठकुलमें उत्पन्न होनेवाली रानीरत्नप्रभा दोनों अत्यन्त आनन्द को प्राप्तहुए १६१॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायां रत्नप्रभालम्बके चतुर्थस्तरंगः ४॥

वैद्य अपने नौकरके साथ औषधादि देनेको उसके पास जाताथा राजा उस अन्धकारमय गढ़े में अपने हृदयसे अधिक होनेके कारण निकलेहुए अज्ञान में मानों कुछ कालतक रहा उसमें रहते २ जब छः महीनें व्यतीत होगये तब वह वैद्य राजा की वृद्धावस्थाको और भी अधिक देखकर राजा के समान आकृतिवाले किसी युवापुरुषको तुझे राजा बनाऊंगा यह कहकर सुरंगखोदकर रात्रिके समय उसीगढ़े में लेआया और सोतेहुए राजाको मारकर वहां से लेकर किसी अन्धेकुएँ में छोड़ आया और उस तरुणपुरुष को वहीं बैठालकर वह सुरंग बन्दकर दीनी ठीकहै ( सम्प्राप्यमूढबुद्धीनामवकाशंनिर्गलम् उच्छृंखलमतिःकुर्यात् प्राकृतःकिन्नसाहसं ) मूर्खलोगों में निरर्गल अवकाश पाकर उद्दंड साधारण लोग कौनसा साहस नहीं करतेहैं तब उस वैद्यने दूसरे दिन राजाके सम्पूर्ण परिकरके लोगों से कहा कि मैंने छः महीने में राजाको युवाकरदिया और दो महीने में इसकारूपभी बदल जायगा इस्से तुमलोग कुछ दूरसे राजाकी चेष्टा देखो यह कहकर उसने सम्पूर्ण लोगों को बुलाकर उस युवापुरुष से सबके नाम और कार्य्य बतलाये इस युक्तिसे उसने दो महीने तक उस युवापुरुषको रानी पर्य्यन्त सम्पूर्ण परिकर पहचनवादिया और सुन्दर भोजनों से उसे पुष्टकरके आठमहीनों के बाद बाहर निकालकर सबसे कहा कि देखो राजा अजर होगया उससमय सम्पूर्ण लोग राजाको औषधसे अजरहुआ जानकर उसको सब ओरसे घेरकर खड़े होकर देखनेलगे तदनन्तर वह तरुण पुरुष स्नान करके बड़े उत्सव पूर्व्वक मंत्रियों के साथ सम्पूर्ण राज्य कार्य्य करनेलगा तबसे उसका नाम राजा अजरहोगया और सम्पूर्ण रानियों के साथ क्रीड़ा करताहुआ राज्यके सुखोंको भोगनेलगा वैद्यके छलको न जानकर सब लोगों ने यही जाना कि यह वही राजाहै रसायन के प्रभावसे इसका स्वरूप बदलगया है तब राजा अजर स्नेहसे सम्पूर्ण प्रजातथा रानी कमल प्रभाको अपने ऊपर अनुरक्त करके अपने मित्रों समेत राज्य सुख को भोगनेलगा उसने अपने परममित्र भेषजचन्द्र तथा पद्मदर्शन को इतने हाथी घोड़े और रत्न दिये कि वह राजाके समान ऐश्वर्य्यवान् होगये परन्तु तरुणचन्द्र नाम वैद्य को केवल औषधके लिये रक्खा और सत्य तथा धर्मसे उसको च्युतजानके उसपर विश्वास नहीं किया एकदिन उस वैद्यने एकान्तमें राजासे कहा कि तुम मुझे कुछ भी नहीं गिनतेहो स्वतन्त्रता से जो चाहतेहो सो करते हो क्या वहदिन भूलगया जो मैंने तुमको राजा बनायाथा यह सुनकर राजा अजरने वैद्यसे कहा कि अरे तुम बड़े मूर्खहो कौन किसको करताहै और कौन किसको देताहै अपने पूर्वजन्म के कर्महीं सब करतेहैं और देतेहैं इस्से तुम अभिमान न करो यह मुझे तपके प्रभावसे राज्य मिलाहै यह बात मैं तुमको थोड़ेही कालमें प्रत्यक्ष दिखादूंगा उसके यह वचन सुनकर उस वैद्यने भयभीतहोकर शोचा कि यह तो धृष्टता रहित बड़ाधीर ज्ञानी मालूम होताहै जो गुप्तबातका जानना राजा लोगोंको वशमें रखने का मुख्य कारण होताहै वह भी इसके सन्मुख नहीं चलता इस्से इसी के अनुकूल बनारहना चाहिये और देखूं यह क्या अपने तपका प्रभाव मुझे दिखावेगा इस प्रकार शोचकर वह वैद्य चुपहोगया ८२ दूसरेदिन राजा अजर तरुणचन्द्रादिकों को लेकर भ्रमण करने को निकला भ्रमण करते २ नदी के

उत्पन्नहोते हैं तो ईश्वरकी मेरेऊपर यही बड़ीकृपाहै कि मुझे भी ऐसाही नहीं किया भाग्यके लिखेको कौन मेटसक्ताहै यह शोचकर विरूपशर्म्मा तपोवनसे अपने घरकोचलागया हरिशिखके इसप्रकार कहने पर और गोमुखके प्रशंसाकरनेपर मरुभूति उन्मत्ततासे क्रोधकरके बोला कि हे गोमुख तुमलोगों के वचनमेंही बलहै भुजाओं में नहीं तुमसरीके नपुंसक वकवादियों से कलहकरने में वीरपुरुषोंको लज्जा होती है यह कहकर लड़नेकी इच्छा करतेहुए मरुभूतिको नरवाहनदत्तने मुस्कराकर आपही समझाया और स्नेहसे उसे उसी के घर भेजके अपना नित्यनैमित्तिककरके वह दिन सुखपूर्व्वक व्यतीतकिया १६ प्रातःकाल फिर सम्पूर्ण मंत्रियों के आजानेपर मरुभूतिको लज्जित देखकर रत्नप्रभा नरवाहनदत्त से बोली कि हे आर्यपुत्र आप बड़े पुण्यात्माहो जिनको ऐसे शुद्धचित्त और बाल्यावस्थासे ही स्नेहरूपी जंजीरमें बँधेहुए यह मन्त्री मिले हैं और यह मन्त्री भी धन्यहैं जिनको आपसरीखे स्वामी मिलेहो निस्सन्देह आपलोगोंका पूर्वज संस्कारसे संयोगहुआहै रानी रत्नप्रभाके यह वचन सुनकर वसन्तकका पुत्र तपंतकबोला कि ठीकहै हमलोगोंको पूर्वजन्मकेही संयोगसे यह स्वामी मिलाहै और इससंसारके संपूर्ण कार्य्य पूर्व संस्कारही से होते हैं इस विषयपर मैं तुमको एककथासुनाताहूं विलासपुरनाम नगरमें विनयशीलनाम एक बड़ा सुशील राजाथा उसके प्राणों से भी प्यारी कमलप्रभारानीथी राजा बहुत कालतक सुखपूर्व्वक उसरानी के साथ विहार करताहुआ रहा समयपाकर सुन्दरताकी नष्टकरनेवाली वृद्धावस्था उसराजाके प्रकटहुई वृद्धावस्था को देखकर राजा शोचनेलगा कि पाले से मारेहुए कमलके समान अपना म्लानमुख मैं रानीको कैसे दिखाऊं हा धिकारहै मेरा तो मरनाही अच्छा है यह शोचकर उसने तरुणचन्द्रनाम वैद्यको सभामें बुलाकर कहा कि हे तरुणचन्द्र तुम हमारे बड़ेभक्तहो और बड़ेचतुरहो इस से मैं तुमसे पूछताहूं कि क्या कोई ऐसीभी युक्तिहै जिससे वृद्धावस्था निवृत्तहोजाय राजाके यह वचन सुनकर केवल कलाओं से ही युक्त वह कुटिल तरुणचन्द्र अपने को परिपूर्ण करनेकी इच्छासे शोचने लगा कि यह राजा मूर्ख है इससे प्रथम इसके पाससे खूबधनलेनाचाहिये फिर जैसाहोगा तैसा देखाजायगा यह शोचकर वह राजासे बोला कि हे स्वामी पृथ्वी में एकबड़ाभारी गढ़ाखुदवाकर आठमहीनेतक आप अकेले उसमें रहिये और मेरीदीहुई औषध खाइये तो आपकी वृद्धावस्था दूरहोजाय वैद्यके यह वचन सुनकर राजाने शीघ्रही पृथ्वी में एक बड़ाभारी गढ़ाबनवाया ठीकहै (क्षमन्तेनविचारंहिमूर्खा विषयलोलुपाः) विषयके लोभी मूर्खलोग विचार नहीं करसक्ते हैं राजाको वैद्यकी आज्ञामें उद्यत देखकर मन्त्रियों ने कहा कि हे महाराज प्राचीनलोगों के सत्त्व तप तथा दमसे और युगके प्रभावसे रसायन सिद्ध होती थी आजकलतो रसायन केवल सुनी हैं देखी नहीं हैं और जो कोई करताभी है तो सामग्री के न मिलने से विपरीत फल मिलता है इससे आपको इसके कहने में आना योग्य नहींहै क्योंकि धूर्तलोग बहुधा अज्ञानोंको ठग २ कर खायाकरते हैं आप विचारिये तो सही क्या गईहुई अवस्था भी फिर लौट सक्ती है मन्त्रियों के इत्यादिक अनेक वचन धनी भोग तृष्णा से भरेहुए राजाके हृदयमें नहीं समाये और वह उस वैद्यके कहनेसे अपने सम्पूर्ण ऐश्वर्य्य को छोड़कर उस गढ़े में आकेलाहीगया केवल

सार शुभाशुभफल प्राप्त होताहै इससे आपभी हमारे प्राक्तन कर्म के अनुसार हमारे स्वामी हुएहो नहीं तो अन्य लोगोंके होतेहुए भी आपहमारेही ऊपर इतने प्रसन्न कैसे होसक्ते हो तपंतकके मुखसे इस विचित्र रमणीय कथा को सुनकर नरवाहनदत्त रत्नप्रभा समेत स्नान करनेको उठा और स्नान करके माता पिताके नेत्रोंमें अमृतकी वृष्टिके समान आनन्द देताहुआ उनके निकट गया वहां उन्हींके साथ भोजन करके मन्त्री तथा रानियों समेत सुख पूर्व्वक पानादि क्रियासे दिनको व्यतीत करके अन्तःपुरमें जाकर रात्रि व्यतीत की ११६॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांरत्नप्रभालम्बकेषष्ठस्तरंगः ६॥

इसके उपरान्त दूसरे दिन रत्नप्रभाके मन्दिरमें अपने मंत्रियों के साथ अनेक २ प्रकारकी वार्त्तालाप करतेहुए नरवाहनदत्तने मन्दिरके आंगनमें वाहरकी ओर अकस्मात् किसी पुरुषके रोनेका शब्दसुना यह क्याहै उसके इसप्रकार पूछनेपर चेरियों ने आकर कहा कि हे स्वामी यह धर्मगिरिनाम कंचुकीरोरहाहै यहां इसके किसी मूर्ख मित्रने उससे तीर्थमें गयेहुए उसके भाईके मरजानेका वृत्तान्त कहदियाहै इससे वह शोकसे व्याकुल होकर रोरहाहै और लोग उसको उसके घरपहुँचाये देतेहैं यह सुनकर युवराजको दयासे कुछ दुःखहुआ और रानी रत्नप्रभा उदासीन होकर बोली कि प्रिय बंधुओं के वियोगका दुःख बड़ा दुस्सह होताहै ब्रह्माने सबजीवोंको अजर तथा अमरही क्यों न करदिया रानीके यह वचन सुनकर मरुभूति बोला कि हे रानी मनुष्योंमें यह वात कैसे होसक्ती है इसविषय में एककथा मैं आपको सुनाताहूं कि चिरायु नाम नगर में चिरायुनाम एक बड़ाधनवान् चिरंजीवी राजाथा उसके बुद्धदेव का अवतार नागार्जुन नाम दयालुदानी तथा विज्ञानी एकमन्त्रीथा वह संपूर्ण औषधियोंकी युक्तिजानताथा इससे उसने रसायन बनाकर अपनेको और राजाचिरायु को अजर तथा चिरजीवी करलियाथा एक समय नागार्जुन का एकपुत्र जोकि संपूर्ण पुत्रों में से उसे अधिक प्रियथा मरगया उसदुःखसे व्याकुल होकर नागार्जुनने मनुष्योंकी मृत्युकी शान्तिकेलिये अपने तप तथा दानके प्रभाव से बहुतसी औषधियां मिलाकर अमृत बनाया एकही औषध उसमें मिलानेको वाकीथी उसके मिलानेका समय आयेही था कि इन्द्र ने यह जानकर देवताओं से सलाह करके अश्विनीकुमार से कहा कि नागार्जुन से जाकर हमारे यह वचन कहो कि तुममंत्री होकर भी यह क्या अन्याय करतेहो क्या तुम ब्रह्माकेभी जीतनेको उद्यत हुएहो क्योंकि ब्रह्माने मनुष्य मृत्युके लिये उत्पन्नकिये हैं तुम अमृत बनाकर उन्हें भी अमर बनाया चाहतेहो ऐसा करने से देवता और मनुष्यों में भेदही क्या रहेगा और पूज्य पूजकके अभावसे संसार की मर्य्यादा नष्टहोजायगी इससे हमारे वचनको मानकर तुम अमृत मतबनाओ नहीं तो देवता लोग कुपितहोकर तुमको शापदेंगे और जिस पुत्रके शोकसे यहयत्न तुमने कियाहै वह स्वर्गमें सुख पूर्व्वक रहताहै यह कहकर इन्द्रने अश्विनीकुमार को नागार्जुनकेपास भेजा तब अश्विनीकुमारने नागार्जुन के पास आकर अर्घपाद्यादि सत्कारके ग्रहण करनेके पीछे इन्द्रका संदेशा उसे सुनाया और यह भी कहा कि तुम्हारा पुत्र स्वर्ग में सुखपूर्व्वक वर्त्तमानहै इन्द्रके संदेशेको सुनकर नागार्जुन उदासीनहोकर

तीरपर पहुंचा वहां नदीके प्रवाहमें बहतेहुए पांच सुवर्णके कमल उसने देखे सेवकोंके द्वारा वह कमल मँगवाकर और देखकर उसने अपनेपास खड़ेहुए तरुणचन्द्र वैश्यसे कहा कि तुम नदीके किनारे किनारे जाकर इन कमलों के उत्पन्न होनेका स्थान देख आओ और देखकर शीघ्रही मुझसे कहो मुझेइन अद्भुत कमलोंके लिये बड़ा आश्चर्य्य होरहाहै तुम बड़े चतुरहो इसी से मैं तुमको भेजताहूं यह कहकर राजा तो अपनेघरको चलाआया और तरुणचन्द्रने विवसहोकर उसी नदीके किनारेकिनारे चलतेचलते नदी के तटपर एक शिवजी का मन्दिर और एक बड़ा भारी बरगदका वृक्ष जिसपर कि किसी मनुष्य के हाड़ों की पंजरी लटकरहीथी उसे देखा और वहां थकके स्नानकरके श्रीशिवजी का पूजन करके कुछ देरतक विश्राम किया उस समय अकस्मात् मेघ वरसनेलगा जलवरसने से बरगदकी शाखाओं में लटकेहुए मनुष्यके पंजरसे जो जलके विन्दु नदी में गिरे वह सुवर्ण के कमल होगये यह आश्चर्य्य देखकर तरुणचन्द्र शोचने लगा कि यह क्या आश्चर्य्य है इस निर्जन वन में किससे पूछूं अथवा ईश्वर की अनेक आश्चर्य्योंसे भरी सृष्टिको कौन जानसक्ताहै मैंने सुवर्ण के कमलोंका उत्पत्ति स्थान तो देखही लियाहै अब इस पांजरको नदीके जलमें फेंकदूं तो एक तो धर्महोगा और इसकी पीठपर कमल उत्पन्न होंगे यह शोचकर उसने वह पंजर जल में फेंकदिया और वह दिन वहीं व्यतीत करके कई दिनों में वहां से धीरे धीरे चलकर विलासपुर पहुंचके राजद्वार में अपने आगमन का निवेदन करवाया फिर द्वारपाल से आज्ञापाकर राजा अजरके निकट पहुंचके तरुणचन्द्र जैसे कि कुशल पूछकर चाहताही था कि मैं सब वृत्तान्त कहूं वैसेही राजाने वहां से सब लोगोंको हटाकर उससे कहा कि हे मित्र तुमने सुवर्ण के कमलोंके उत्पत्ति स्थान को देखा और उस उत्तम क्षेत्रमें तुमने मनुष्य का पांजर लटकताहुआ भी देखा वह मेरा पूर्व्व जन्म का शरीरहै वहां मैंने पैरोंसे बरगदको पकड़के नीचे को मुखकरके तपकरते २ शरीर सुखाकर त्याग करदिया था उसी तपके माहात्म्य से पांजरसे गिरेहुए जलके विन्दु सुवर्णके कमल होजाते हैं और तुमने जो वह पांजर जलमें फेंकदिया सो बहुत उचित किया तुम मेरे पूर्व्व जन्म के मित्रहो और यह भेपजचन्द्र तथा पद्मदर्शन भी मेरे पूर्व जन्म के बड़े मित्रहैं हेमित्र उसीतपके प्रभावसे मुझे ज्ञान तथा राज्य प्राप्तहुआहै और पूर्व्व जन्मका स्मरणभी बना है मैंने युक्ति पूर्व्वक यह तुमको प्रत्यक्ष दिखादिया और पांजर फेंकने की पहचान भी तुम्हारे निश्चय के लिये तुमसे कहदी इससे तुम यह अभिमान छोड़दो कि मैंने इसको राज्य दियाहै और अपने चित्तमें खेदभी मतकरो ( विनाहिप्राक्तनंकर्म्मनदाताकोपिकस्यचित् आगर्भाज्जन्तुरश्नातिपूर्व्वकर्मतरोःफलम् ) प्राक्तन कर्म्मके विना कोई किसीका दाता नहीं है मनुष्य जबसे गर्भ में आताहै तभी से अपने प्राक्तन कर्मरूपी वृक्षके फलको खाताहै राजा अजरके यह वचन सुनकर और यथार्थ जानकर तरुणचन्द्र उसी दिनसे सन्तोषपूर्व्वक उसका सेवन करनेलगा और राजा अजरभी आदर पूर्वक उसे बहुतसा धन देकर रानी तथा मित्रों समेत पुण्यके प्रभावसे मिलेहुए अकंटक राज्य का सुख पूर्व्वक भोग करनेलगा इस प्रकारसे हे युवराज इस संसारमें सदैव सब जन्तुओं को अपने पूर्वजन्मके कर्मसे अनु-

सार शुभाशुभफल प्राप्त होताहै इससे आपभी हमारे प्राक्तन कर्म के अनुसार हमारे स्वामी हुएहो नहीं तो अन्य लोगोंके होतेहुए भी आपहमारेही ऊपर इतने प्रसन्न कैसे होसक्ते हो तपंतकके मुखसे इस विचित्र रमणीय कथा को सुनकर नरवाहनदत्त रत्नप्रभा समेत स्नान करनेको उठा और स्नान करके माता पिताके नेत्रोंमें अमृतकी वृष्टिके समान आनन्द देताहुआ उनके निकट गया वहां उन्हींके साथ भोजन करके मन्त्री तथा रानियों समेत सुख पूर्व्वक पानादि क्रियासे दिनको व्यतीत करके अन्तःपुरमें जाकर रात्रि व्यतीत की ११६॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांरत्नप्रभालम्बकेषष्ठस्तरंगः ६॥

इसके उपरान्त दूसरे दिन रत्नप्रभाके मन्दिरमें अपने मंत्रियों के साथ अनेक २ प्रकारकी वार्त्तालाप करतेहुए नरवाहनदत्तने मन्दिरके आंगनमें बाहरकी ओर अकस्मात् किसी पुरुषके रोनेका शब्दसुना यह क्याहै उसके इसप्रकार पूछनेपर चेरियों ने आकर कहा कि हे स्वामी यह धर्मगिरिनाम कंचुकीरोरहाहै यहां इसके किसी मूर्ख मित्रने उससे तीर्थमें गयेहुए उसके भाईके मरजानेका वृत्तान्त कहदियाहै इससे वह शोकसे व्याकुल होकर रोरहाहै और लोग उसको उसके घरपहुँचाये देतेहैं यह सुनकर युवराजको दयासे कुछ दुःखहुआ और रानी रत्नप्रभा उदासीन होकर बोली कि प्रिय बंधुओं के वियोगका दुःख बड़ा दुस्सह होताहै ब्रह्माने सबजीवोंको अजर तथा अमरही क्यों न करदिया रानीके यह वचन सुनकर मरुभूति बोला कि हे रानी मनुष्योंमें यह बात कैसे होसक्ती है इसविषय में एककथा में आपको सुनाताहूं कि चिरायु नाम नगर में चिरायुनाम एक बड़ाधनवान् चिरंजीवी राजाथा उसके बुद्धदेव का अवतार नागार्जुन नाम दयालुदानी तथा विज्ञानी एकमन्त्रीथा वह संपूर्ण औषधियोंकी युक्तिजानताथा इससे उसने रसायन बनाकर अपनेको और राजाचिरायु को अजर तथा चिरजीवी करलियाथा एक समय नागार्जुन का एकपुत्र जोकि संपूर्ण पुत्रों मेंसे उसे अधिक प्रियथा मरगया उसदुःखसे व्याकुल होकर नागार्जुनने मनुष्योंकी मृत्युकी शान्तिकेलिये अपने तप तथा दानके प्रभाव से बहुतसी औषधियां मिलाकर अमृत बनाया एकही औषध उसमें मिलानेको बाकीथी उसके मिलानेका समय आवेही था कि इन्द्र ने यह जानकर देवताओं से सलाह करके अश्विनीकुमार से कहा कि नागार्जुन से जाकर हमारे यह वचन कहो कि तुममंत्री होकर भी यह क्या अन्याय करतेहो क्या तुम ब्रह्माकेभी जीतनेको उद्यत हुएहो क्योंकि ब्रह्माने मनुष्य मृत्युके लिये उत्पन्नकिये हैं तुम अमृत बनाकर उन्हें भी अमर बनाया चाहतेहो ऐसा करने से देवता और मनुष्यों में भेदही क्या रहेगा और पूज्य पूजकके अभावसे संसार की मर्य्यादा नष्टहोजायगी इससे हमारे वचनको मानकर तुम अमृत मतबनाओ नहीं तो देवता लोग कुपितहोकर तुमको शापदेंगे और जिस पुत्रके शोकसे यहयत्न तुमने कियाहै वह स्वर्गमें सुख पूर्व्वक रहताहै यह कहकर इन्द्रने अश्विनीकुमार को नागार्जुनकेपास भेजा तब अश्विनीकुमारने नागार्जुन के पास आकर अर्घपाद्यादि सत्कारके ग्रहण करनेके पीछे इन्द्रका संदेशा उसे सुनाया और यह भी कहा कि तुम्हारा पुत्र स्वर्ग में सुखपूर्व्वक वर्त्तमानहै इन्द्रके संदेशेको सुनकर नागार्जुन उदासीनहोकर

शोचनेलगा कि जो मैं इन्द्रका वचन नहीं मानूंगा तो देवता तो अलगरहे पहले यह अश्विनीकुमार ही मुझे शापदेंगे इससे अमृतको जानेदो मेरा मनोरथ सिद्ध नहीं होगा और मेरापुत्र तो अपने पुण्यों से उत्तम गतिको पहुंचही गया इसप्रकार शोचकर उसने अश्विनीकुमार से कहा कि मैंने इन्द्रकी आज्ञामानली अबमैं अमृत नहीं बनाऊंगा जो आप न आजाते तो मैं पृथ्वीके संपूर्ण जीवोंको पांचही दिन पीछे अजर अमर करदेता यह कहकर नागार्जुन ने अश्विनीकुमार के आगेही वह सिद्ध होने वाला अमृत पृथ्वीमें गाड़दिया तब अश्विनीकुमारने इससे आज्ञालेकर इन्द्रके पासजाके उनसे यह सब वृत्तान्त कहकर उनको प्रसन्नकिया इसके उपरान्त राजा चिरायुने जीवहर नाम अपने पुत्रको युवराज पदवीदी युवराज पदवीपाकर वह जीवहर प्रसन्नहोकर अपनी धनपरा नाम माताको प्रणामकरनेगया धनपराने पुत्रको प्रसन्न देखकर कहा कि हे पुत्र इस युवराज पदवी को पाकर तुम क्यों प्रसन्नहोते हो तुम्हारे पिता के न जानिये कितने पुत्र युवराज पदवी पाकर चलेगये परन्तु राज्य किसीको भी नहीं प्राप्तहुआ क्योंकि नागार्जुन ने इसको ऐसी रसायन बनाकरदी है कि जिससे यह आठसौ वर्षका पूरा होचुकाहै न जाने अभी कितने अल्पायु इसके राज्यमें युवराज होंगे यह सुनकर अपने पुत्रको उदासीन देखकर उसने कहा कि जो तुम राज्य लेना चाहतेहो तो यह उपायकरो कि नागार्जुन प्रतिदिन सम्पूर्ण आह्निक करके भोजन के समय यह ढंढोरा पिटवाताहै कि कौन याचकहै किसे क्या दियाजाय और कौन क्या चाहता है उस समय तुम जाकर उससे कहो कि तुम अपना शिर मुझे देदो तब वह सत्यवक्ता अपना शिरकाटकर तुमको देदेगा इसप्रकार उसके मरजानेपर उसके शोकसे राजाकेतो मर जायगा या बनको चलाजायगा इसरीतिसे तुमको राज्यमिलेगा इसके सिवाय और कोई उपाय राज्य मिलनेका नहीं है माताके यह वचन सुनकर जीवहरने प्रसन्नहोकर यही उपाय करनेका निश्चय किया ठीकहै (कष्टेहिबान्धवस्नेहं राज्यलोभोतिवर्त्तते) खेदका विषयहै कि राज्यके लोभसे बन्धुताका स्नेहभी नष्ट होजाताहै इसके उपरान्त दूसरे दिन जीवहरने भोजनके समय कौन क्या मांगताहै इत्यादि वचन कहतेहुए नागार्जुन से उसका शिरमांगा युवराजकी यह प्रार्थना सुनकर उसने कहा कि हे वत्स मेरे इस शिरको लेकर तुम क्याकरोगे मांस हड्डी तथा बालोंका समूहरूप यह शिर तुम्हारे किस काम आवेगा इतनेपर भी जो तुमको इससे कुछ प्रयोजनही है तो तुम काटलो यह कहकर उसने अपनी गर्दन उस के आगे रखदी रसायनसे दृढ़ उसकी ग्रीवाके काटने में राजपुत्रके बहुतसे खड्गों के टुकड़े २ होगये परन्तु ग्रीवा नहींकटी उससमय इस वृत्तान्तको सुनकर राजा चिरायुभी वहां आकर नागार्जुन को शिर देनेसे निवारण करनेलगा तब उसने कहा हे राजा मुझे अपने पूर्व्वजन्मों का स्मरणहै मेरे निन्नानबे जन्म होचुके हैं उनसबजन्मों में मैंने अपना शिर दियाहै यह सौवांजन्महै इसमेंभी मुझे शिर देना है इससे आप मुझे निषेध न कीजिये मेरे पाससे अर्थी कभी विमुखहोकर नहीं लौटताहै अब मैं अपना शिर तुम्हारे पुत्रको दियेदेताहूं तुम्हारे देखने के लिये मैंने इतनी देरलगाई है यह कहकर और राजासे मिलकर उसने अपने पाससे एक चूर्णलेकर राजपुत्रके खड्गमें लगादिया उसखड्गके

नालसे कमलके समान नागार्जुनका शिर गर्दनसे अलग काटलिया उस समय सम्पूर्ण लोग रोदन करनेलगे और राजा चिरायुभी प्राणदेनेको उद्यतहुआ तब यह आकाशवाणीहुई कि हे राजा ऐसा अनर्थ न करो यह तुम्हारा मित्र नागार्जुन शोक करने के योग्यनहीं है यह मुक्तहोकर बुद्धके समान उत्तमगतिको प्राप्तहुआहै यह आकाशवाणी सुनकर राजाचिरायु बहुतसा दानकरके शोकसे राज्यको त्यागके वनको चलागया और वहां कुछकाल तपकरके परमगतिको प्राप्तहुआ और उसका पुत्र जीवहर राज्यपरबैठा उसके राज्यपर बैठतेही नागार्जुन के पुत्रों ने अपने पिताका वध स्मरणकरके राज्यमें भेद करवाके उसे मरवाडाला तब जीवहरके शोकसे उसकी माता धनपराकाभी हृदय फटगया ठीक है (अनार्य्यजुष्टेन पथाप्रवृत्तानांशिवंकुतः) अनुचित मार्गों से चलनेवालोंका कल्याण कैसे होसक्ता है जीवहरको माता समेत मराहुआ देखकर मंत्रियों ने राजा चिरायुके अन्य रानी से उत्पन्नहुए शतायु नाम पुत्रको राज्यपर बैठाया इसप्रकार नागार्जुन से मनुष्योंकी मृत्युके नाशके लिये बनायेहुए अमृत को देवतालोग न सहसके और नागार्जुन भी मृत्युको प्राप्तहुआ इससे ब्रह्माका बनायाहुआ यह अनित्य जीवलोक दुस्सहदुःखों से भराहुआहै जो ब्रह्मा नहीं चाहते हैं वह सैकड़ों यत्नों से भी कोई नहीं करसक्ताहै इसकथाको कहकर मरुभूति के निवृत्त होजानेपर नरवाहनदत्त ने अपने मंत्रियों समेत उठकर अपने दिनका कृत्यकिया ६१॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांरत्नप्रभालम्बकेसप्तमस्तरंगः ७॥

इसके उपरान्त दूसरे दिन नरवाहनदत्त अपनी उत्कण्ठित रत्नप्रभा प्रिया से शीघ्रही लौट आने को कहकर अपने पिताके साथ मित्रों समेत बहुतसी सेनाको लेकर शिकारखेलनेकेलिये बनकोगया वहां हाथियोंके मारनेवाले मारेगये सिंहों के नखों से गिरेहुए मोतियोंसे मानों बोईगई भालेसेमारेगये व्याघ्रोंकी दाढ़ोंसे मानों अंकुरितहुई हिरनोंके रुधिरसे मानोंपल्लवयुक्तहुई बाणोंसे छिदेहुए शूकरोंसे मानों गुच्छेदारहुई और मारेगये अन्यपशुओं से मानों फलितहुई गिरतेहुए शिलीमुखों (बाण और भ्रमर) के शब्दोंसे युक्तवनको शोभितकरनेवाली शिकाररूपी लतासे उसको अत्यन्त प्रसन्नताहुई इस प्रकार शिकार खेलकर थोड़ीदेर विश्रामकरके नरवाहनदत्त घोड़े पर सवारहोकर और दूसरे घोड़े पर गोमुखको सवारकरवाके उसेसाथलेकर वनकी शोभादेखने को गया और वहां जाकरगेंद खेलनेलगा उससमय कोई तपस्विनी उसमार्गसे आनिकली और नरवाहनदत्तके हाथसे छूटकरगेंद उसके शिरपर जालगी तब वह तपस्विनी हँसकरबोली कि जो तुम्हें अभीमें इतनामदहै तो कदाचित्कर्पूरिका स्त्री जब तुम्हें मिलजायगी तो क्या तुम्हारी दशाहोगी यह सुनकर नरवाहनदत्तने घोड़ेसे उतर उसको प्रणामकरके कहा कि मैंने तुमको नहीं देखाथा अकस्मात् गेंद तुम्हारे लगगईहै इससे हे भगवती मेरे अपराधको क्षमाकरो नरवाहनदत्तके यह वचनसुनकर क्रोधको जीतनेवाली उस तपस्विनीने मुझको क्रोध नहीं है ऐसा कहकर उसे आशीर्वाददिया तब नरवाहनदत्तने उसको सच्चीतपस्विनी तथा जितेन्द्रीजानकर बड़ी नम्रतापूर्वक पूछा कि हे भगवती वह कर्पूरिका कौनहै जिसका आपने नामलिया

शोचनेलगा कि जो मैं इन्द्रका वचन नहीं मानूंगा तो देवता तो अलगरहे पहले यह अश्विनीकुमार ही मुझे शापदेंगे इससे अमृतको जानेदो मेरा मनोरथ सिद्ध नहीं होगा और मेरापुत्र तो अपने पुण्यों से उत्तम गतिको पहुंचही गया इसप्रकार शोचकर उसने अश्विनीकुमार से कहा कि मैंने इन्द्रकी आज्ञामानली अवमैं अमृत नहीं बनाऊंगा जो आप न आजाते तो मैं पृथ्वीके संपूर्ण जीवोंको पांचही दिन पीछे अजर अमर करदेता यह कहकर नागार्जुन ने अश्विनीकुमार के आगेही वह सिद्ध होने वाला अमृत पृथ्वीमें गाड़दिया तब अश्विनीकुमारने इससे आज्ञालेकर इन्द्रके पासजाके उनसे यह सब वृत्तान्त कहकर उनको प्रसन्नकिया इसके उपरान्त राजा चिरायुने जीवहर नाम अपने पुत्रको युवराज पदवीदी युवराज पदवीपाकर वह जीवहर प्रसन्नहोकर अपनी धनपरा नाम माताको प्रणामकरनेगया धनपराने पुत्रको प्रसन्न देखकर कहा कि हे पुत्र इस युवराज पदवी को पाकर तुम क्यों प्रसन्नहोते हो तुम्हारे पिता के न जानिये कितने पुत्र युवराज पदवी पाकर चलेगये परन्तु राज्य किसीको भी नहीं प्राप्तहुआ क्योंकि नागार्जुन ने इसको ऐसी रसायन बनाकरदी है कि जिससे यह आठसौ वर्षका पूरा होचुकाहै न जाने अभी कितने अल्पायु इसके राज्यमें युवराज होंगे यह सुनकर अपने पुत्रको उदा- सीन देखकर उसने कहा कि जो तुम राज्य लेनाचाहतेहो तो यह उपायकरो कि नागार्जुन प्रतिदिन सम्पूर्ण आह्निक करके भोजन के समय यह ढंढोरा पिटवाताहै कि कौन याचकहै किसे क्या दियाजाय और कौन क्या चाहताहै उस समय तुम जाकर उससे कहो कि तुम अपना शिर मुझे देदो तब वह सत्यवक्ता अपना शिरकाटकर तुमको देदेगा इसप्रकार उसके मरजानेपर उसके शोकसे राजा तो मर जायगा या वनको चलाजायगा इसरीतिसे तुमको राज्यमिलैगा इसके सिवाय और कोई उपाय राज्य मिलनेका नहीं है माताके यह वचन सुनकर जीवहरने प्रसन्नहोकर यही उपाय करनेका निश्चय किया ठीकहै (कष्टोहिबान्धवस्नेहं राज्यलोभोतिवर्त्तते) खेदका विषयहै कि राज्यके लोभसे बन्धुताका स्नेहभी नष्ट होजाताहै इसके उपरान्त दूसरे दिन जीवहरने भोजनके समय कौन क्या मांगताहै इत्यादि वचन कहतेहुए नागार्जुन से उसका शिरमांगा युवराजकी यह आज्ञा सुनकर उसने कहा कि हे वत्स मेरे इस शिरको लेकर तुम क्याकरोगे मांस हड्डी तथा बालोंका समूहरूप यह शिर तुम्हारे किस काम आवेगा इतनेपर भी जो तुमको इससे कुछ प्रयोजनही है तो तुम काटलो यह कहकर उसने अपनी गर्दन उस के आगे रखदी रसायनसे दृढ़ उसकी ग्रीवाके काटने में राजपुत्रके बहुतसे खड्गों के टुकड़े २ होगये परन्तु ग्रीवा नहींकटी उससमय इस वृत्तान्तको सुनकर राजा चिरायुभी वहां आकर नागार्जुन को शिर देनेसे निवारण करनेलगा तब उसने कहा हे राजा मुझे अपने पूर्व्वजन्मों का स्मरणहै मेरे निन्नानवे जन्म होचुके हैं उनसबजन्मों में मैंने अपना शिर दियाहै यह सौवांजन्महै इसमेंभी मुझे शिर देना है इससे आप मुझे निषेध न कीजिये मेरे पाससे अर्थी कभी विमुखहोकर नहीं लौटताहै अब मैं अपना शिर तुम्हारे पुत्रको दियेदेताहूं तुम्हारे देखने के लिये मैंने इतनी देरलगाई है यह कहकर और राजासे मिलकर उसने अपने पाससे एक चूर्णलेकर राजपुत्रके खड्गमें लगादिया उसखड्गके प्रहारसे राजपुत्रने

था आप जो मेरे ऊपर प्रसन्नहैं तो उसे मुझे बताओ इसप्रकारनम्रतासे कहतेहुए नरवाहनदत्तसे वह तपस्विनीबोली कि समुद्रकेपार कर्पूरसंभव नाम पुरहै वहां कर्पूरकनाम यथार्थ नामवाला राजाहै उसके कर्पूरिकानाम एक अतिसुन्दरी कन्याहै वह संपूर्ण पुरुषोंसे द्वेषरखा करके विवाहकरना नहीं चाहती है तुमको देखकर विवाहकरलेगी इससे हे पुत्र तुम वहां जाओ तुमको वह सुन्दरी मिलैगी और मार्गमें जाते समय तुमको वनमें बड़ाक्लेशहोगा उससे तुम विस्मितहोना परिणाम शुभहै यह कहकर वह तपस्विनी आकाशमें जाकर अन्तर्द्धानहोगई १ और नरवाहनदत्त कामकी आज्ञाके समान उस तपस्विनीके वचन सुनकर गोमुखसेबोला कि चलो कर्पूरिकाकेलिये कर्पूरसंभवपुरको चलें क्योंकि अब मुझे उसके देखेविना क्षणभरभी चैन नहीं पड़ता नरवाहनदत्तके यह वचन सुनकर गोमुखबोला कि हे युवराज साहस नहीं करना चाहिये कहां तुम कहां समुद्र कहां वह पुर कहां उसपुरका मार्ग और कहां वह कन्या केवलनामही सुनकर अपनी दिव्यस्त्रियोंको छोड़कर जो कि विवाहभी नहीं करना चाहती है ऐसी मानुषीकेलिये आप अकेले जाना कहतेहो यह सुनकर नरवाहनदत्तने कहा कि उस सिद्ध तपस्विनी का वचनझूठ नहीं होसक्ता इससे मैं उस राजकन्याकेलिये अवश्य कर्पूरसंभवपुरको जाऊंगा यह कहकर वह उसीसमय घोड़ेपर चढ़करचला और गोमुखभी इच्छाके विनाभी उसके पीछे २ चला क्योंकि ( अकुर्वन्वचनंभृत्यैरनुगम्यः परंप्रभुः ) जो स्वामी सेवकोंके वचन नहीं भी माने तौ भी सेवकों को उसीके अनुसार चलना चाहिये इसप्रकार यह दोनों तो चलेगये और राजाउदयन नरवाहनदत्तकोभी सेनाके साथजानकर संपूर्ण सेनाको साथमें लेकर अपनीपुरी को चलाआया और नरवाहनदत्त के मंत्री मरुभूति आदिकभी उसको सेनाके मध्यमें जानकर चलेआये पुरीमें आकर जब नरवाहनदत्तको किसी ने भी नहीं देखा तो उसे ढूंढतेहुए राजा उदयन आदि सब लोग रत्नप्रभाके पासगये उसने अपने पतिको न आया जानके व्याकुलहोकर अपनी विद्याके बलसे सब वृत्तान्त जानलिया और अपने श्वशुर उदयन से कहा कि वनमें किसी तपस्विनी के मुखसे कर्पूरिकानाम राजकन्याकी प्रशंसा सुनकर उसकी प्राप्तिके लिये कर्पूरसंभव पुरको आर्यपुत्रगये हैं और शीघ्रही अपने मनोरथको सफल करके गोमुखके साथ लौट आवेंगे इससे आप चिन्ता न करिये मैंने अपनी विद्याके बलसे सब जानलियाहै यह कहकर उसने सब परिकर समेत अपने श्वशुरको सावधान किया और मार्गमें नरवाहनदत्तके क्लेशको दूर करने के लिये एक विद्या उसकेपास भेजी ( नेर्ष्याम्भर्तृहितैषिण्यो गणयन्तिहिसुस्त्रियः ) पतिका कल्याण चाहने वाली श्रेष्ठस्त्रियां ईर्षा नहीं करती हैं इतने बीचमें नरवाहनदत्त गोमुख समेत वनमें बहुतदूर निकलगया वहां अकस्मात् उसे एक कन्या देखपड़ी और बोली कि मैं रत्नप्रभाकी भेजीहुई मायावती नाम विद्याहूं अलक्षित होकर मार्गमें आपकी रक्षाकरूंगी इससे अब आप निस्सन्देह होकर चलिये यह कहकर वह अन्तर्द्धान होगई और उसके प्रभावसे नरवाहनदत्त की क्षुधातृषा शान्त होगई और वह अपनी प्रिया रत्नप्रभाकी प्रशंसा करताहुआ आगेचला सायंकालके समय मधुर फलवाले वृक्षों से युक्त एक निर्मल तड़ागपर पहुंचकर वहीं गोमुख समेत नरवाहनदत्त ने स्नान करके आहार पानादिक किया और रात्रिके

समय घोड़ोंको घासदेकर किसी बड़े वृक्षके नीचे बांधकर उसी वृक्षपर चढ़कर निवास किया उस वृक्ष की बड़ी शाखापर गोमुख समेत सोया हुआ नरवाहनदत्त डरेहुए घोड़ोंकी हिनहिनाहट से जगपड़ा और उसे एकसिंह वृक्षके नीचे दिखाई पड़ा उसेदेखकर घोड़ेको बचानेके लिये उसने वृक्षपरसे उतरना चाहा तब गोमुखने कहा कि तुम अपनी देहकी कुछ अपेक्षा न करके विनासलाहलिये ही जो चाहतेहो सो करतेहो राजा लोगोंके लिये शरीरही मुख्यहै और राज्यके लिये मन्त्र मुख्यहै सो तुम विना विचार किये नख तथा दंष्ट्रारूपी शस्त्रवाले पशुओंके साथ युद्धकिया चाहतेहो इस शरीरही की रक्षाके लिये वृक्ष पर चढ़ेथे नहींतो वृक्षपर चढ़नेको क्या प्रयोजन था गोमुखके यह वचनसुनकर नरवाहनदत्तने घोड़े को मारतेहुए सिंहको वृक्षपरसेही एक छुरी फेंककर मारी उसके लगनेपर भी उससिंहने एक घोड़ेको मारकर दूसरे को भी मारा तब नरवाहनदत्तने गोमुखसे खड्ग लेकर फेंककर उसे मारा उस खड्गके लगनेसे सिंहके बीचमें से दो टुकड़े होगये सिंहको मरादेखकर वह वृक्षसे उतरकर खड्गलेकर फिर वृक्षपरही चढ़गया और उसीपर रात्रिभर रहा प्रातःकाल उसवृक्षपरसे उतरकर गोमुख समेत नरवाहनदत्त पैदलही कर्पूरिकाके निमित्त चला मार्ग में गोमुखने उसे पैदल चलता देखकर चित्तबहलाने के लिये प्रसंगपाकर कहा कि हे युवराज मैं एक कथा आपसे कहताहूं कि अलकासे भी महासुन्दर एक ऐरावतीनाम नगरीहै उस में परित्यागसेन नाम महायशा राजा था उसके प्राणों के समान दो रानियां थीं [illegible] उसी के मंत्रीकी पुत्री अधिक

[illegible] राजा के कोई पुत्र न था इसीसे

[illegible] बैठकर उसने तपकरना प्रारम्भ

[illegible] से कहा कि हे राजा उठो यह

[illegible] पार्वतीजी अन्तर्द्धान होगई

और राजाने उठकर अपने हाथमें दोनों फलोंको देखके रानियोंसे स्वप्नका वृत्तान्त कहा और प्रसन्नता पूर्वक श्रीभगवती पार्वतीजी का पूजन किया और पारण किया तदनन्तर मंत्रीके गौरवसे पहले अधिक संगमानाम रानीके यहां जाकर रात्रिके समय उसे एक फल खिलाके उसीके साथ निवासकिया और दूसरा फल दूसरी रानीके लिये अपने सिराने रखलिया जब राजा सोगया तो रानी अधिकसंगमा ने उठकर अपनेही दो पुत्रोंके होने की इच्छासे उस फलको भी खालिया क्योंकि (निसर्गसिद्धोनारीणां सपत्नीषु हिमत्सरः) स्त्रियोंको अपनी सौतों से स्वाभाविक वैरहोताहै प्रातःकाल उठकर उस फलको ढूंढतेहुए राजा से रानी ने कहदिया कि वह फलभी मैंने ही खालिया तब राजा उदासीन होके दिन व्यतीत करके रात्रिके समय रानी काव्यालंकाराके यहां गया और जब उसने फलमांगा तब राजाने कहदिया कि मेरे सोजानेपर तुम्हारी सौत दूसराफल भी खागई राजा के यह वचन सुनकर और पुत्रोत्पत्ति के निमित्त उस फलको न पाकर वह रानी चित्तमें अत्यन्त दुखित होके चुपहो रही कुछ दिनोंके व्यतीत होनेपर रानी अधिकसंगमा गर्भवतीहुई और समय पूरेहोनेपर एकसाथही उसके दो पुत्रहुए राजा परित्यागसेनने पुत्रोंकी उत्पत्ति से अपने मनोरथको सफल जानके अत्यन्त प्रसन्नहोकर बड़ा उत्सव किया और कमलके समान नेत्र

वाले अद्भुत स्वरूपवान् अपने बड़े पुत्रका नाम इन्दीवरसेन रक्खा और छोटेका नाम अनिच्छासेन रक्खा क्योंकि उसकी माताने राजाकी अनिच्छासे वह फल खायाथा उन दोनों बालकोंको देखकर रानी काव्यालंकाराने क्रोधयुक्तहोकर शोचा कि देखो मेरी सौतने मुझेछलकर मेरे पुत्र नहींहोनेदिया इससे इसके साथ मुझे बदला अवश्य लेनाचाहिये कि किसी युक्तिसे इन दोनों बालकोंका नाश होजाय इसप्रकार शोचकर वह उसका उपाय ढूंढ़नेलगी जैसे २ वह दोनों बालक बढ़े तैसे २ उसरानी के हृदय में वैररूपी वृक्षभी बढ़तागया क्रमसे जब वह दोनों तरुण हुए तब दिग्विजय की इच्छासे अपने पिता से बोले कि हम दोनों अस्त्र विद्यासीखचुके और युवावस्थाभी आगई तो इन व्यर्थ भुजाओं को लेकर क्याकरें विजयकी इच्छासे रहित क्षत्रीकी भुजा तथा यौवनको धिक्कारहै इससे हे तात हमें दिग्विजय के लिये आज्ञादीजिये पुत्रों के यह वचन सुनकर राजा परित्यागसेनने प्रसन्नहोकर उनकी यात्राका आरम्भ करदिया और यहभी कहदिया कि जो तुम्हें मार्गमें कोई संकटपड़े तो भगवती पार्वतीजीका स्मरणकरना क्योंकि उन्हींकी कृपासे तुम दोनोंका जन्महुआहै यहकहकर बहुतसी सेना तथा जमींदार साथमें देकर उन्हें विदाकिया और पीछे से अपने प्रधान मन्त्री उन बालकों के मातामह बुद्धिमान् प्रथम संगमको भेजा तब महाबलवान् उन दोनों राजपुत्रों ने जाकर पहले पूर्व दिशाको विजयकिया और वहां से अनेक जीतेहुए राजाओं को अपने साथ में लेकर दक्षिण दिशाके विजयको गमन किया अपने पुत्रों के इस वृत्तान्तको सुनकर राजा परित्यागसेन रानी अधिकसंगमा समेत बहुत प्रसन्नहुआ और रानी काव्यालंकारा द्वेषरूपी अग्नि से अत्यन्त संतप्तहुई तब उसने सन्धि विग्रहके अधिकारी कायस्थको बहुतसा धन देकर राजाकी ओरसे जमींदारोंको जो कि उसके साथमें थे यह पत्रलिखवाया कि यह दोनों मेरे पुत्र अपनी भुजाओं के बल से सम्पूर्ण पृथ्वीको जीतकर मुझे मारकर राज्यलेना चाहते हैं इससे जो तुमलोग मेरे भक्तहो तो बिना विचारेही इन दोनोंको मारडालो यह लिखवाकर पत्र देकर हलकारेको भेज दिया उस हलकारे ने छिप कर सेनामें जाके वह पत्र उन छोटे राजाओंको जो उनराजपुत्रों के साथ उनकी रक्षाके लिये राजा ने भेजदिये थे देदिया उन लोगों ने वह पत्र बांचकर राजनीतिको अत्यन्त कठिन समझकर और राजा की आज्ञाका उल्लंघन करना उचित न जानकर रात्रिके समय सलाहकरके उन दोनों के मारने का निश्चय किया यद्यपि राजपुत्रों के गुणों से वह सब प्रसन्न थे तथापि राजाकी आज्ञासे विवशहोकर उन लोगों ने यह विचारकिया इस वार्त्ताको किसी मित्रके मुखसे जानकर उनराजपुत्रोंका मातामह प्रथम संगमनाम महामन्त्री उन्हें घोड़ोंपर सवारकराके उनको लेकर भागा रात्रिके समय मार्ग न जानने के कारण वह तीनों विन्ध्याचल के वनमें चलेगये वहां रात्रि के व्यतीतहोजानेपर चलते चलते मध्याह्न के समय घोड़े प्यासेहोकर जल न पाकर मरगये और वह वृद्ध मन्त्री भी क्षुधा तथा तृषासे तालूके सूखने के कारण अपने दौहित्रों के देखतेही देखते मरगया घोड़ोंको तथा अपने मातामहको मराहुआ देखकर वह दोनों शोचनेलगे कि देखो हमारे पिताने हमारी उसदुष्ट सौतेली माताके कहनेसे अपराध के बिनाभी हमलोगों की यहदशाकी इसप्रकार शोचकर दुःखितहों के और पिताके उपदेशको स्मरण

भाई एकान्तमें इस मदनदंष्ट्राके साथ भोगकरनेलगा स्नानसे लोटकर मैंने साक्षात् इसको रमण करते
[illegible] भी भाग्य के समान दुर्लंघ्य
[illegible] साथ रमणकरताहै मैं जान-
तीहूं कि इसे खड्गके माहात्म्यसे इतना अभिमानहै इससे यह खड्ग छिपादेना चाहिये यह शोचकर
जब तुम्हाराभाई सोगया तब मैंने खड्गको उठाकर अग्नि में छोड़दिया खड्गके अग्नि में छोड़तेही
इसकी तो यहदशा होगई और खड्ग कलंकित होगया तबमैंतो पश्चात्ताप करनेलगी और मदनदंष्ट्रा
मेरी निन्दा करनेलगी फिर शोकसे व्याकुलहोके हम दोनोंके मरनेके लिये उद्यतहोनेपर तुम यहांआ-
गये तो अब तुम इसखड्गको लेकर मुझहत्यारिनि राक्षसीको इसी खड्गसे मारो उसके यह वचनसुन
का अनिच्छासेनने उसको अवध्यजानकर अपनाही शिर काटनाचाहा उससमय यह आकाशवाणी
हुई कि हे राजपुत्र ऐसासाहस मतकरो तुम्हारा बड़ाभाई मरानहीं है खड्गके अपराधसे इसको देवीने
मोहितकरदियाहै और इस खड्गदंष्ट्राकाभी कोई अपराधनहीं है क्योंकि शापसे उत्पन्नहोनेवाली स्त्रि-
योंके बहुधा ऐसेही काम हुआ करते हैं यह दोनों पूर्व्वजन्मकी तुम्हारे भाईकी स्त्रियां हैं इससे तुमजा-
कर उन्हीं भगवती पार्वतीजीको प्रसन्नकरो इस आकाशवाणीको सुनकर अनिच्छासेन मरणके उद्योग
से निवृत्तहोकर विमानपर चढ़के और उस कलंकित खड्गकोलेकर विन्ध्यवासिनीको गया वहां पहुँच
कर उपवास करके भगवतीको प्रसन्न करनेके अर्थ अपना शिरकाटनेको उद्यतहुआ उस समय यह
आकाशवाणी हुई कि हे पुत्र साहस मतकरो मैं तुम्हारी भक्तिसे प्रसन्नहूं तुम्हाराभाई जीउठेगा औरयह
खड्ग फिर निर्मलहोजायगा इसआकाशवाणीको सुनकर और खड्गको अपनेहाथमें निर्म्मल देखकर
अनिच्छासेन भगवतीकी परिक्रमा करके और अपने विमानपर चढ़कर शैलपुरमें अपने भाई के निकट
आया और उसे उसीसमय चैतन्यहुआ देखकर नेत्रों में अश्रुभरकर उसके पैरोंपर गिरपड़ा और उसने
भी उसे पैरों से उठाकर अपने गले में लगालिया १७७ उससमय वह दोनों स्त्रियां भी अनिच्छासेनके
पैरोंपर गिरकरबोलीं कि तुमने हमारेपतिके प्राण रखलिये इसके उपरान्त इन्दीवरसेनके पूछनेपर उसनेसब
व्यौरेवार वृत्तान्त कहदिया उस संपूर्ण वृत्तान्तको सुनकर इन्दीवरसेन खड्गदंष्ट्रापर क्रोधित नहींहुआ
और अपने भाईपर अत्यन्त प्रसन्नहुआ फिर अनिच्छासेनके मुखसे अपनी सौतेली माताकी माया
से अपने मारनेकी आज्ञाको जानकर और माता पिताको उत्कण्ठित सुनकर इन्दीवरसेन अपने भाई
से उस खड्गको लेकर उसीके प्रभावसे मिलेहुए विमानपर अपनेभाई तथा स्त्रियोंसमेत चढ़कर और
सुवर्णके मंदिरोंकोभी उसीपर रखकर आकाशमार्गसे इरावतीनाम पुरीको चलाआया वहां आकाशसे
उतरकर पुरवासियों के चित्तमें आश्चर्य्य कराताहुआ राजमन्दिरमें अपने मातापिताके पास भाई तथा
स्त्रियों समेत गया और आंसूभरकर अपने माता पिताके चरणोंपर गिरा वहभी सहसा अपने पुत्रको
देखकर और उसे हृदयसे लगाकर सन्तापरहित होगये और दिव्यरूप बहुओंकोभी बन्दना करतेदेख
कर उनके चित्तमें परमानन्दहुआ तदनन्तर कथाके प्रसंगसे उन दोनों बहुओंको अपने पुत्रकी पूर्व्व

वाले अद्भुत स्वरूपवान् अपने बड़े पुत्रका नाम इन्दीवरसेन रक्खा और छोटेका नाम अनिच्छासेन रक्खा क्योंकि उसकी मातानें राजाकी अनिच्छासे वह फल खायाथा उन दोनों बालकोंको देखकर रानी काव्यालंकाराने क्रोधयुक्तहोकर शोचा कि देखो मेरी सौतने मुझेछलकर मेरे पुत्र नहींहोनेदिया इससे इसके साथ मुझे बदला अवश्य लेनाचाहिये कि किसी युक्तिसे इन दोनों बालकोंका नाश होजाय इसप्रकार शोचकर वह उसका उपाय ढूंढ़नेलगी जैसे २ वह दोनों बालक बढ़े तैसे २ उसरानी के हृदय में बैररूपी वृक्षभी बढ़तागया क्रमसे जब वह दोनों तरुण हुए तब दिग्विजय की इच्छासे अपने पिता से बोले कि हम दोनों अस्त्र विद्यासीखचुके और युवावस्थाभी आगई तो इन व्यर्थ भुजाओं को लेकर क्याकरें विजयकी इच्छासे रहित क्षत्रीकी भुजा तथा यौवनको धिक्कारहै इससे हे तात हमें दिग्विजय के लिये आज्ञादीजिये पुत्रों के यह वचन सुनकर राजा परित्यागसेनने प्रसन्नहोकर उनकी यात्राका आरम्भ करदिया और यहभी कहदिया कि जो तुम्हें मार्गमें कोई संकटपड़े तो भगवती पार्वतीजीका स्मरणकरना क्योंकि उन्हींकी कृपासे तुम दोनोंका जन्महुआहै यहकहकर बहुतसी सेना तथा जमींदार साथमें देकर उन्हें बिदाकिया और पीछे से अपने प्रधान मन्त्री उन बालकों के मातामह बुद्धिमान् प्रथम संगमको भेजा तब महाबलवान् उन दोनों राजपुत्रों ने जाकर पहले पूर्व दिशाको विजयकिया और वहां से अनेक जीतेहुए राजाओं को अपने साथ में लेकर दक्षिण दिशाके विजयको गमन किया अपने पुत्रों के इस वृत्तान्तको सुनकर राजा परित्यागसेन रानी अधिकसंगमा समेत बहुत प्रसन्नहुआ और रानी काव्यालंकारा द्वेषरूपी अग्नि से अत्यन्त संतप्तहुई तब उसने सन्धि विग्रहके अधिकारी कायस्थको बहुतसा धन देकर राजाकी ओरसे जमींदारोंको जो कि उसके साथमें थे यह पत्रलिखवाया कि यह दोनों मेरे पुत्र अपनी भुजाओं के बल से सम्पूर्ण पृथ्वीको जीतकर मुझे मारकर राज्यलेना चाहते हैं इससे जो तुमलोग मेरे भक्तहो तो बिना विचारेही इन दोनोंको मारडालो यह लिखवाकर पत्र देकर हलकारेको भेज दिया उस हलकारे ने छिप कर सेनामें जाके वह पत्र उन छोटे राजाओंको जो उनराजपुत्रों के साथ उनकी रक्षाके लिये राजा ने भेजदिये थे देदिया उन लोगों ने वह पत्र बांचकर राजनीतिको अत्यन्त कठिन समझकर और राजा की आज्ञाका उल्लंघन करना उचित न जानकर रात्रिके समय सलाहकरके उन दोनों के मारने का निश्चय किया यद्यपि राजपुत्रों के गुणों से वह सब प्रसन्न थे तथापि राजाकी आज्ञासे विवशहोकर उन लोगों ने यह विचारकिया इस वार्ताको किसी मित्रके मुखसे जानकर उनराजपुत्रोंका मातामह प्रथम संगमनाम महामन्त्री उन्हें घोड़ोंपर सवारकराके उनको लेकर भागा रात्रिके समय मार्ग न जानने के कारण वह तीनों विन्ध्याचल के वनमें चलेगये वहां रात्रि के व्यतीतहोजानेपर चलते चलते मध्याह्न के समय घोड़े प्यासेहोकर जल न पाकर मरगये और वह वृद्ध मन्त्री भी क्षुधा तथा तृषासे तालूके सूखने के कारण अपने दौहित्रों के देखतेही देखते मरगया घोड़ोंको तथा अपने मातामहको मराहुआ देखकर वह दोनों शोचनेलगे कि देखो हमारे पिताने हमारी उसदुष्ट सौतेली माताके कहनेसे अपराध के विनाभी हमलोगों की यहदशाकी इसप्रकार शोचकर दुःखितहोके और पिताके उपदेशको स्मरण

भाई एकान्तमें इस मदनदंष्ट्राके साथ भोगकरनेलगा स्नानसे लौटकर मैंने साक्षात् इसको रमण करते देखकर बहुतसे कुवाच्य इससे कहे तदनन्तर तुम्हारेभाईके विनय करनेपरभी भाग्य के समान दुर्लंघ्य ईर्ष्यासे मोहितहोकर मैंने शोचा कि यह मेराकहना न मानकर अन्यस्त्रीके साथ रमणकरताहै मैं जानतीहूं कि इसे खड्गके माहात्म्यसे इतना अभिमानहै इससे यह खड्ग छिपादेना चाहिये यह शोचकर जब तुम्हाराभाई सोगया तब मैंने खड्गको उठाकर अग्नि में छोड़दिया खड्गके अग्नि में छोड़तेही इसकी तो यहदशा होगई और खड्ग कलंकित होगया तबमैंतो पश्चात्ताप करनेलगी और मदनदंष्ट्रा मेरी निन्दा करनेलगी फिर शोकसे व्याकुलहोके हम दोनोंके मरनेके लिये उद्यतहोनेपर तुम यहांआगये तो अब तुम इसखड्गको लेकर मुझहत्यारिन राक्षसीको इसी खड्गसे मारो उसके यह वचनसुन कर अनिच्छासेनने उसको अवध्यजानकर अपनाही शिर काटनाचाहा उससमय यह आकाशवाणी हुई कि हे राजपुत्र ऐसासाहस मतकरो तुम्हारा बड़ाभाई मरानहीं है खड्गके अपराधसे इसको देवीने मोहितकरदियाहै और इस खड्गदंष्ट्राकाभी कोई अपराधनहीं है क्योंकि शापसे उत्पन्नहोनेवाली स्त्रियोंके बहुधा ऐसेही काम हुआ करते हैं यह दोनों पूर्व्वजन्मकी तुम्हारे भाईकी स्त्रियां हैं इससे तुमजाकर उन्हीं भगवती पार्वतीजीको प्रसन्नकरो इस आकाशवाणीको सुनकर अनिच्छासेन मरणके उद्योग से निवृत्तहोकर विमानपर चढ़के और उस कलंकित खड्गकोलेकर विन्ध्यवासिनीको गया वहां पहुँच कर उपवास करके भगवतीको प्रसन्न करनेके अर्थ अपना शिरकाटनेको उद्यतहुआ उस समय यह आकाशवाणी हुई कि हे पुत्र साहस मतकरो मैं तुम्हारी भक्तिसे प्रसन्नहूं तुम्हाराभाई जीउठेगा औरयह खड्ग फिर निर्मलहोजायगा इसआकाशवाणीको सुनकर और खड्गको अपनेहाथमें निर्म्मल देखकर अनिच्छासेन भगवतीकी परिक्रमा करके और अपने विमानपर चढ़कर शैलपुरमें अपने भाई के निकट आया और उसे उसीसमय चैतन्यहुआ देखकर नेत्रों में अश्रुभरकर उसके पैरोंपर गिरपड़ा और उसने भी उसे पैरों से उठाकर अपने गले में लगालिया १७७ उससमय वह दोनों स्त्रियां भी अनिच्छासेनके पैरोंपर गिरकरबोलीं कि तुमने हमारेपतिके प्राण रखलिये इसके उपरान्त इन्दीवरसेनके पूछनेपर उसनेसब ब्यौरेवार वृत्तान्त कहदिया उस संपूर्ण वृत्तान्तको सुनकर इन्दीवरसेन खड्गदंष्ट्रापर क्रोधित नहींहुआ और अपने भाईपर अत्यन्त प्रसन्नहुआ फिर अनिच्छासेनके मुखसे अपनी सौतेली माताकी आज्ञा से अपने मारनेकी आज्ञाको जानकर और माता पिताको उत्कण्ठित सुनकर इन्दीवरसेन अपने भाई से उस खड्गको लेकर उसीके प्रभावसे मिलेहुए विमानपर अपनेभाई तथा स्त्रियोंसमेत चढ़कर और सुवर्णके मंदिरोंकोभी उसीपर रखकर आकाशमार्गसे इरावतीनाम पुरीको चलाआया वहां आकाशसे उतरकर पुरवासियों के चित्तमें आश्चर्य्य कराताहुआ राजमन्दिरमें अपने मातापिताके पास भाई तथा स्त्रियां समेत गया और आंसूभरकर अपने माता पिताके चरणोंपर गिरा वहभी सहसा अपने पुत्रको देखकर और उसे हृदयसे लगाकर सन्तापरहित होगये और दिव्यरूप बहुओंकोभी वन्दना करतेदेख कर उनके चित्तमें परमानन्दहुआ तदनन्तर कथाके प्रसंगसे उन दोनों बहुओंको अपने पुत्रकी पूर्व्व

जन्मकी स्त्रियांजानकर और विमान तथा सुवर्णके मन्दिरों को देखकर उन दोनोंरानी अधिकसंगमा तथा राजा परित्यागसेनके चित्तमें आश्चर्य पूर्वक प्रसन्नताहुई इसप्रकार अपने माता पिताको प्रसन्न करके इन्दीवरसेन अपने भाई और स्त्रियोंसमेत कुछ कालतक सुखपूर्वक रहा कुछसमयके उपरान्त अपने पितासे आज्ञालेकर अपनेभाई समेत दिग्विजय करनेको गया और खड्गके प्रभावसे संपूर्णपृथ्वी जीतकर राजालोगों से [illegible] येहुए इन्दीवरसेनके [illegible] के पीछे २ चलीआ- [illegible] धानीसे बाहर आगे [illegible] पुत्रों से मिलकर अत्यन्त प्रसन्नहुइ इसप्रकार अपन माता पिताका प्रसन्नकरके और संपूर्ण विजय कियेहुए राजालोगोंका सत्कार करके इन्दीवरसेन ने वह दिन अपनेभाई तथा स्त्रियों समेत बड़े आनन्दसे व्यतीत किया दूसरे दिन अपने पिताको वह सबकर जो राजालोगोंसे मिलाथा देकर उसे अकस्मात् अपने पूर्व जन्मका स्मरण आगया तब सोकर उठेहुएके समान वह अपने पितासे बोला कि हे तात मुझे अपने पूर्वजन्म का स्मरण आगयाहै वह मैं आपको सुनाताहूं हिमालयके शिखरपर मुक्तापुर नाम एक नगरहै उसमें

किसी राजाकी रानीहोकर राक्षसकी स्त्री होगी फिर पीछेसे तुम्हारीस्त्रीहोगी और यहरूपसेनभी तुम्हारे साथ तपोवन जानेकी इच्छा करताथा इससे यहभी वहां तुम्हारा छोटाभाई होगा वहां दो स्त्रियोंके होने से कुछ दुःख अनुभव करके जब संपूर्ण पृथ्वी जीतकर अपने पिताको देदोगे तब इन सब समेत तुम अपनी जातिको स्मरणकरके शापसे छूटजाओगे इसप्रकार अपने पितासे अपने शापका उद्धार सुन कर [illegible] अपनेभाई तथा स्त्रियोंसमेत पृथ्वीमें उत्पन्नहुआ हे तात वह पद्मसेन मैंही हूं जिसका कि [illegible] ननाम रक्खाहै मैं अपना सब कर्त्तव्य करचुका और जो रूपसेननाम दूसरा विद्याधर [illegible] नाम मेराछोटाभाई है आदित्यप्रभानाम जो मेरीस्त्री थी वह यह खड्ग- [illegible] मेरीस्त्री मदनदंष्ट्राहै इससमय हमारे शापकी अवधि आगई इससेहम

करके उन्होंने भगवती पार्वतीजीका ध्यानकिया भक्तवत्सल भगवती के ध्यानकरतेही क्षुधा तृषा तथा श्रम



का नाशहोगया और उनके शरीरमें बलबढ़गया तब वह दोनों भगवतीकी कृपाके विश्वाससे सावधान होके भगवती विन्ध्यवासिनीके दर्शनकरनेकोचले और मार्गके श्रमकेविनाही वहां पहुंचकर भगवती के आगे निराहाररहोके भगवतीकी आराधनाकरनेकेलिये तप करनेलगे ॥ १९ ॥ इसबीचमें वह संपूर्ण राजालोग सेनामें मिलके उन दोनों राजपुत्रोंके मारनेकेलिये उनके डेरेपर आये वहां मातामहके साथ उनको भागाहुआ जानिकर मन्त्रके खुलजानेसे भयभीतहोके राजा पारितोगसेनके पास चलेआये और वहां राजाको संपूर्ण लेखदिखाकर सबवृत्तान्त वर्णनकिया राजा वह सब वृत्तान्त सुनकर घबराकर क्रोधपूर्वक बोला कि यह लेख और भेजेहुए नहीं हैं यह तो कोई इन्द्रजालहै हे मूर्खों क्या तुम इतना भी नहीं जानतेहो कि मैं इतने कठिन तपसे प्राप्तहुए अपने पुत्रोंको मरवाडालता तुमने तो उन्हें मार डालाहोता परन्तु वह अपने पुण्यसे बचगये और उनके मातामहने मंत्रीहोनेका फलदिखाया उनसे इसप्रकार कहके राजाने भागेहुए मिथ्यालिखनेवाले उसकायथको बहुतदूरसे पकड़मँगवाकर सब हाल पूछकर मरवाडालो और उस दुष्टकार्य करनेवाली रानी काव्यालंकाराको पुत्रघातिनी जानकर तह-खानेमें बन्दकरवादिया (अविचार्य्यतुपर्यन्तमतिदेषान्भयाधिया सहसाहिकृतंपापंकस्मात्सद्विपत्तये ) लोगराजपुत्रोंके साथमेंसे लौटआयेथे उनको राजाने उनके राज्योंसेनिकालकरके उनके स्थानापन्न दूस-रोंकोकरदिया और रानी अधिकसंगमा समेत दुखितहोकर आपने पुत्रोंके दुःखपाताहुआ राजा भगवती का स्मरण करनेलगा इसबीचमें राजपुत्र इन्दीवरसेनपर तपसेप्रसन्नहुई भगवती विन्ध्यवासिनीने स्वप्न में एकखड्ग देकर उससे कहा कि इसखड्गके प्रभावसे तुम दुर्जय शत्रुकोभीजीतोगे औरजोकुछइच्छा करोगे वह सबभी इसखड्गके प्रभावसे मिलेगा और इसीसे तुम दोनोंके सब मनोरथ भी पूर्णहोंगे यह कहकर भगवतीके अन्तर्द्धान होजानेपर इन्दीवरसेनने जगकर अपने हाथमें खड्गदेखा और अपने भाई से स्वप्नका वृत्तान्त कहके तथा खड्ग दिखाकर उस समेत प्रसन्नहोके वनके फल फूलोंसेही व्रतका पारण किया तदनन्तर भगवतीकी कृपासे श्रमरहित होकर वह दोनों भाई भगवतीको प्रणाम करके आनन्द पूर्वक खड्गको लेकर वहांसे चले बहुत दूरचलकर एकबड़ा सुन्दर नगरमिला जिसके सुवर्ण मयगृहोंको देखकर सुमेरु पर्व्वतकी भ्रान्ति होतीथी उस नगरके द्वारपर एक बड़ा भयंकर राक्षसखड़ाथा उससे इन्दीवरसेनने पूछा कि इसनगरका क्यानामहै और इसका स्वामी कौनहै तब उस राक्षसने कहा कि इस नगरका शैलपुरनामहै और यमदंष्ट्र नाम हमारा स्वामी यहांकाराजाहै राक्षसके यहवचन सुनकर यमदंष्ट्रके मारनेकी इच्छासे इन्दीवरसेन अपने भाईसमेत उस नगरमें प्रवेश करनेलगा तब उस द्वार-पालनेरोका तो इन्दीवरसेनने अपने एकही खड्गकेप्रहारसे उसका शिरकाटकर नगरके भीतर राजभवन में जाके सिंहासनपर बैठेहुए यमदंष्ट्रनाम राक्षसको देखा उसके बाई ओर एकबड़ी स्वरूपवती स्त्री बैठी थी और दहिनीओर एकदिव्य कुमारी बैठीथी इसप्रकार स्त्रियोंके बीचमें बैठेहुए बड़ी २ दाढ़ोंसे भयंकर

करके उन्होंने भगवती पार्वतीजीका ध्यानकिया भक्तवत्सल भगवती के ध्यानकरतेही क्षुधा तृषा तथा श्रम का नाशहोगया और उनके शरीरमें बलबढ़गया तब वह दोनों भगवतीकी कृपाके विश्वाससे सावधान होके भगवती विन्ध्यवासिनीके दर्शनकरनेकोचले और मार्गके श्रमकोविनाही वहां पहुंचकर भगवती के आगे निराहारहोके भगवतीकी आराधनाकरनेकेलिये तप करनेलगे॥१९॥ इसीबीचमें वह संपूर्ण राजालोग सेनामें मिलके उन दोनों राजपुत्रोंके मारनेकेलिये उनके डेरेपरआये वहां मातामहके साथ उनको भागाहुआ जानिकर मन्त्रके खुलजानेसे भयभीतहोके राजा परित्यागसेनके पास चलेआये और वहां राजाको संपूर्ण लेखदिखाकर सबवृत्तान्त वर्णनकिया राजा वह सब वृत्तान्त सुनकर घबराकर क्रोधपूर्वक बोला कि यह लेखमेरे भेजेहुए नहीं हैं यह तो कोई इन्द्रजालहै हे मूर्खो क्या तुम इतना भी नहीं जानतेहो कि मैं इतने कठिन तपसे प्राप्तहुए अपने पुत्रोंको मरवाडालता तुमने जो उन्हें मारही डालाहोता परन्तु वह अपने पुण्यसे बचगये और उनके मातामहने मंत्रीहोनेका फलदिखाया उनसे इसप्रकार कहके राजाने भागेहुए मिथ्यालिखनेवाले उसकायथको बहुतदूरसे पकड़मँगवाकर सब हाल पूंछकर मरवाडाला और उस दुष्टकार्य्य करनेवाली रानी काव्यालंकाराको पुत्रघातिनी जानकर तह खानेमें बन्दकरवादिया (अविचार्य्यतुपर्य्यन्तमतिदेषान्धयाधिया सहसाहिकृतंपापंकथंमास्तुविपत्तये) परिणामको विनाशोचे द्वेषसे अन्धेहोकर सहसा कियागया पापविपत्तिका कारण क्यों न होगा जोराजा लोग राजपुत्रोंके साथमेंसे लौटआयेथे उनको राजाने उनके राज्योंसे निकालकरके उनके स्थानापन्न दूसरोंकोकरदिया और रानी अधिकसंगमा समेत दुखितहोकर अपने पुत्रोंको हूंढ़ताहुआ राजा भगवती का स्मरण करनेलगा इसबीचमें राजपुत्र इन्दीवरसेनपर तपसेप्रसन्नहुई भगवती विन्ध्यवासिनीने स्वप्न में एकखड्ग देकर उससे कहा कि इसखड्गके प्रभावसे तुम दुर्जय शत्रुकोभीजीतोगे औरजोकुछइच्छा करोगे वह सबभी इसखड्गके प्रभावसे मिलेगा और इसीसे तुम दोनोंके सब मनोरथ भी पूर्णहोंगे यह कहकर भगवतीके अन्तर्द्धान होजानेपर इन्दीवरसेनने जगकर अपने हाथमें खड्गदेखा और अपने भाई से स्वप्नका वृत्तान्त कहके तथा खड्ग दिखाकर उस समेत प्रसन्नहोके वनके फल फूलोंसेही व्रतका पारण किया तदनन्तर भगवतीकी कृपासे श्रमरहित होकर वह दोनों भाई भगवतीको प्रणाम करके आनन्द पूर्वक खड्गको लेकर वहांसेचले बहुत दूरचलकर एकबड़ा सुन्दर नगरमिला जिसके सुवर्ण मयगृहोंको देखकर सुमेरु पर्वतकी भ्रान्ति होतीथी उस नगरके द्वारपर एक बड़ा भयंकर राक्षसखड़ाथा उससे इन्दीवरसेनने पूछा कि इसनगरका क्यानामहै और इसका स्वामी कौनहै तब उस राक्षसने कहा कि इस नगरका शैलपुरनामहै और यमदंष्ट्र नाम हमारा स्वामी यहांकाराजाहै राक्षसके यहवचन सुनकर यमदंष्ट्रके मारनेकी इच्छासे इन्दीवरसेन अपने भाईसमेत उस नगरमें प्रवेश करनेलगा तब उस द्वार पालनेरोका तो इन्दीवरसेनने अपने एकही खड्गकेप्रहारसे उसका शिरकाटकर नगरके भीतर राजभवन में जाके सिंहासनपर बैठेहुए यमदंष्ट्रनाम राक्षसको देखा उसके बाईं ओर एकबड़ी स्वरूपवती स्त्री बैठी थी और दहिनीओर एकदिव्य कुमारीबैठीथी इसप्रकार स्त्रियोंके बीचमें बैठेहुए बड़ी २ दाढ़ों से भयंकर

मुखवाले उस यमदंष्ट्र को इन्दीवरसेन ने युद्ध करने को बुलाया वह भी खड्ग लेकर उठ खड़ाहुआ और उन दोनोंका युद्ध होनेलगा युद्ध में इन्दीवरसेन ने कईवार अपने खड्गसे उस राक्षसका शिरकाटा परन्तु वह बारंबार जम जम आया उसकी इस मायाको देखकर उस कुमारी स्त्री ने जो कि इन्दीवरको देखकर अनुरक्तहोगई थी यह संज्ञा (इशारा) की कि शिरको काटकर उसके दो टुकड़े करडालो इस संज्ञाको जानकर उसने शीघ्रही राक्षसका शिरकाटकर दोटुकड़े करडाले इससे उसकी माया नष्टहोगई और शिर फिर नहीं जमा इसीसे वह राक्षस मरगया राक्षसके मरजानेपर उस स्त्री तथा कुमारीको प्रसन्न देखके भाई समेत इन्दीवरसेनने वैठकर उनसे पूछा कि ऐसे सुन्दर पुरमें यह केवल एक द्वारपाल राक्षससे युक्त राक्षसोंका राजा कौन था और तुम दोनों कौनहो जो कि इसे मरा देखकर प्रसन्न होरही हो यह सुनकर उनमें से कुमारी बोली कि इस शैलपुर में वीरभुजनाम राजाथा उसकी यह मदनदंष्ट्रानाम रानी है इस यमदंष्ट्रनाम राक्षसने अपनी मायासे वीरभुजनाम राजाको उसके सब परिकर समेत खाकर इस मदनदंष्ट्राको अपनी स्त्री बनालिया और इसरम्यपुरमें सुवर्ण के घरबनाकर परिकरके विनाही इसके साथ रमणकरताहुआ रहनेलगा और मैं उसराक्षसकी खड्गदंष्ट्रानाम छोटी बहिनहूं अभी मेरा विवाह नहीं हुआहै तुम्हें देखकर मेरे चित्त में अनुराग उत्पन्नहुआहै इससे हे आर्य्यपुत्र तुम मेरे साथ विवाहकरो इस राक्षसने हठपूर्वक इसमदनदंष्ट्राके साथ विवाह कियाथा इसीसे उसके मरनेसे इसको प्रसन्नताहुई है इसप्रकार उस खड्गदंष्ट्रा के वचन सुनकर इन्दीवरसेन उसके साथ गान्धर्व विवाहकरके उसीनगरमें भगवती के दिये हुए खड्गके प्रभाव से मनोवांछित भोगकरताहुआ अपने भाईसमेतरहा एकदिन खड्गके प्रभावसे आकाशगामी विमान बनाकर इन्दीवरसेनने अपनेभाईको उसपर बैठालकर अपने माता पिता से अपना वृत्तान्त कहने के लिये भेजा वह विमानपर चढ़कर क्षणभरमें इरावतीनाम पुरी में पहुँचकर अपने माता पिता के निकट गया जैसे चन्द्रमाको देखकर तीव्र दुःखरूपी धूपसे व्याकुल चकोर प्रसन्नहोते हैं उसीप्रकार अनिच्छासेनको देखकर उसके माता पिता प्रसन्नहुए पैरोंपर पड़ेहुए अपने छोटेपुत्र अनिच्छासेन को आलिंगनकरके राजा और रानी ने सन्देहयुक्त होकर अपने बड़ेपुत्रका कुशल पूछा तब उसने अपनी भाईकी कुशल कहकर आदिसे अन्ततकका सब वृत्तान्त वर्णन किया और अपने माता पितासे अपनी पापिन सौतेली माताका कियाहुआ वह कुकार्य्य सुना तदनंतर कुछदिन वहां रहकर दुस्स्वप्नोंके देखने से शंकितहोके उसने अपने माता पितासे कहा कि मैं अब जाकर आपकी उत्कण्ठा का वर्णनकरके आर्य्य इन्दीवरसेनको यहीं लिवायलाताहूं इससे आप मुझे जानेकी आज्ञादीजिये यह सुनकर राजा और रानी ने उसको जानेकेलिये आज्ञा देदी तब अनिच्छासेन विमान में चढ़के आकाशमार्ग से शैलपुरको गया और प्रातःकाल उसने अपने भाईके मंदिर में जाकर देखा कि इन्दीवरसेन पृथ्वीपर अचेतहुआ पड़ा है और खड्गदंष्ट्रा तथा मदनदंष्ट्रा उसकेपास बैठीहुई रोरही हैं यह देखकर घबराके उसने पूछा कि मेरे भाई की यह क्यादशाहोगई तब मदनदंष्ट्रा तो खड्गदंष्ट्राकी निन्दा करनेलगी और खड्गदंष्ट्रा नीचे को मुखकरके बोली कि तुम्हारे चलेजानेके उपरान्त एकदिन जब मैं स्नान करनेको गई

अपने स्थानको जातेहैं यह कहकर अपनेभाई तथा स्त्रियोंसमेत पद्मसेनने अपना मानुषी स्वरूपत्याग कर विद्याधरोंका स्वरूप धरलिया और अपनेपिताको प्रणामकरके स्त्रियोंको गोदमें लेकर अपने भाई समेत आकाशमार्ग से अपने मुक्तापुर नगरमें पहुँचकर अपने पिता मुक्तासेन तथा माता कम्बुमतीको प्रणाम किया कम्बुमती समेत मुक्तासेनभी अपने पुत्रों और बहुओंकोदेखकर उनकासत्कारकरके अत्यन्त प्रसन्नहुआ इसप्रकार शापसे छूटकर पद्मसेन ईर्ष्यारहित आदित्यप्रभा और चन्द्रप्रभा समेत सुखपूर्वक रहनेलगा नरवाहनदत्तसे इसरमणीय कथाको कहकर गोमुख फिर कहनेलगा कि हे युवराज महात्मालोगोंकोही इसप्रकारसे बड़ाक्लेश तथा बड़ा उदय प्राप्तहोताहै और साधारण लोगोंको जैसासाधारण दुःख वैसाही साधारण सुख प्राप्तहोताहै और आपतोराजपुत्री कर्पूरिकाको विनाक्लेशहीपाओगे क्योंकि रानी रत्नप्रभाकी विद्या आपकी रक्षाकरती है गोमुखके इन वचनोंको सुनताहुआ नरवाहनदत्त विना परिश्रम केही बहुत दूर चलागया चलते २ सायंकाल के समय अमृतके समान मधुर शीतल जलवाले तड़ाग पर पहुंचा उस तड़ागके किनारेपर आम कटहल तथा अनार आदिक फलों के मनोहर वृक्ष लगेथे उस के जल में सुन्दर कमल प्रफुल्लितहोरहे थे और सुन्दर राजहंस मनोहर शब्दकररहेथे ऐसे सुन्दर उस तड़ाग में स्नानकरके और भक्तिपूर्व्वक श्री शिवजी का पूजनकरके नरवाहनदत्त और गोमुख दोनों ने सुगन्धित मधुरफलतोड़कर खाये और रात्रिके समय कोमल २ पत्ते बिछाकर शयनकिया इसप्रकार सुखपूर्व्वक वह रात्रि उन दोनोंकी व्यतीत हुई २२५ ॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांरत्नप्रभालम्बकेअष्टमस्तरंगः ८ ॥

इसके उपरान्त प्रातःकाल उस तड़ाग के तटसे चलाहुआ नरवाहनदत्त गोमुखसे बोला कि हे मित्र आज कुछ थोड़ी रात्रिरहे स्वप्नमें एक श्वेतवस्त्र धारणकिये कुमारी ने मुझ से कहा कि हे पुत्र निश्चिन्त होजाओ यहां से कुछ दूर चलकर समुद्रके किनारेपर वनमें एक बड़ा आश्चर्य्यकारी नगर तुमको मिलेगा वहां विश्रामकरके क्लेश विनाही कर्पूरसम्भव नगर में पहुंचकर तुम्हें कर्पूरिकानाम राजपुत्री मिलेगी यह कहकर वह अन्तर्द्धान होगई और मेरी निद्राजातीरही उसके यह वचनसुनकर गोमुख प्रसन्न होकर बोला कि हे युवराज तुम्हारे ऊपर देवताओंकी कृपाहै तुमको कोई वस्तु दुर्लभ नहीं है इससे निस्सन्देह तुम्हारा मनोरथ विनाश्रमके पूर्णहोजायगा इसप्रकार कहतेहुए गोमुख के साथ नरवाहनदत्त बहुत शीघ्रतासे मार्ग में चला और चलते २ समुद्रके तटपर पर्व्वतों के समान उन्नत चौबारे तथा फाटकों से युक्त सुमेरु के समान सुवर्णमय राजमन्दिर से शोभित और दूसरे भूमण्डलके समान विस्तार युक्त नगरके निकट प्राप्तहुआ और उस नगरके भीतर जाकर बजारमें उसने सम्पूर्ण जीव, काष्ठयन्त्र के देखे जोकि चैतन्यों के समान चेष्टाकररहेथे, केवल न बोलने के कारण निर्जीव मालूम होते वैश्य वेश्या तथा पुरजनों को आश्चर्य्यपूर्व्वक देखताहुआ गोमुख समेत नरवाहनदत्त राजमन्दिरके निकट पहुंचा वहां भी काष्ठकेही घोड़े तथा हाथी देखकर सुवर्ण से बनेहुए उस राजमन्दिर के भीतरगया वहां [illegible] प्रतीहार वेश्या तथा सेवकादिकों से युक्त एकभव्यपुरुष सिंहासनपर बैठाहुआ उसनेदेखा जैसे

शिकार कहां तपस्विनी कहां समुद्रके तटपर राज्यधरनाम बढ़ईका मिलना कहां उसके विमानपर चढ़-कर समुद्रके पारजाना और कहां पहलेहीसे इस दूसरे विमानबनानेवालेका दैवयोगसे वहां पहुंचजाना परमेश्वर भाग्यवान् पुरुषों के कल्याणकी सिद्धिके उपायकी रचनाकी चिन्ता पहलेही से करताहै यह बात वहां सबलोगोंने आनन्दपूर्वक कही और गोमुखके स्वामिभक्तहोनेकी बड़ी प्रशंसाकरी और पतिव्रता धर्म से अत्यन्त संतुष्ट रानीरत्नप्रभाकीभी सब लोगों ने इसलिये बड़ी प्रशंसाकी कि उसनेमार्ग में विद्याको भेजकर अपने पतिकी रक्षाकीथी इसके उपरान्त नरवाहनदत्त अपने पिता माता मन्त्री तथा स्त्रियोंसमेत राजधानीमें गया और अपनेमन्दिरमें पहुँचकर उसने अपनेमित्र तथा बन्धुओंको बहुतसा सुवर्ण देकर प्राणधर तथा राजा कर्पूरकके प्रतीहारको धनसे पूर्ण करदिया तदनन्तर भोजनादिके उपरान्त प्राणधर ने नरवाहनदत्त से कहा कि हे स्वामी राजाकर्पूरकने चलते समय हमसे यह कहदिया है कि कर्पूरिका को कौशाम्बी में पहुँचाकर शीघ्रही लौटआना जिससे मुझे विदित होजाय कि वह आनन्दपूर्वक कौशाम्बीमें पहुँचगई इससे हमलोगों को अभी जानाहै आप कर्पूरिकासे राजाकर्पूरकके नाम एक पत्री लिखवा दीजिये पत्रके बिना अत्यन्त स्नेहयुक्त राजाके चित्तमें विश्वास नहींहोगा उसे यह सन्देह होगा कि कहीं विमानपरसे गिरतो नहीं पड़ी इससे चिट्ठीदेकर मुझको और जानेकेलिये उद्यत इस प्रतीहार को आज्ञादीजिये में वहां होकर अपने कुटुम्ब को लेके यहीं लौटआऊंगा क्योंकि आपके अमृतमय चरणकमलों को मैं नहीं छोड़सक्ताहूं प्राणधरके यह वचन सुनकर नरवाहनदत्तने कर्पूरिकाको पत्रलि-खनेकी आज्ञादी तब उसने हे तात श्रेष्ठपति के यहां स्थित मेरे लिये आप कोई चिन्ता न कीजियेगा क्या पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण भगवान्को प्राप्तहुई लक्ष्मी की चिन्ता समुद्रको करनी चाहिये इसप्रकार पत्र लिखकर प्रतीहार को देदिया तब नरवाहनदत्तने प्रतीहार तथा प्राणधरको सत्कारपूर्वक बिदाकिया वह दोनों विमानपरचढ़के देखनेवालोंको आश्चर्य्य करातेहुए आकाशमार्ग से समुद्रके पार कर्पूरसम्भव नगरमें पहुँचे वहां उनदोनोंने कर्पूरिका की कुशलकहकर उसके हाथका पत्र राजाको देकर आनन्दित किया दूसरेदिन प्राणधर राजासे आज्ञालेकर अपने कुटुम्बसमेत वहांसे चलकर कौशाम्बी में नरवाहन-दत्तके निकट आगया नरवाहनदत्तने शीघ्रही उसको अपने मन्दिरहीके पास रहनेको स्थान दिया और उसकी अपने यहांसे बड़ी जीविका करदीनी उसके बनायेहुए विमानोंपर रानियों समेत चढ़कर क्रीड़ा करताहुआ नरवाहनदत्त मानों होनेवाली विद्याधरों की आकाशगति का अभ्यासकरताथा इसप्रकार मित्र मन्त्री तथा रानियोंको आनन्ददेताहुआ नरवाहनदत्त रत्नप्रभा मदनमंचुका तथा नीसरीकर्पूरिका को पाकर सुखपूर्वक दिन व्यतीत करने लगा २७५॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांरत्नप्रभालम्बकेनवमस्तरंगः ९॥

रत्नप्रभानामसातवांलम्बकसमाप्तहुआ॥

कैसे जानते हैं तब नरवाहनदत्तने जिसप्रकार उसने राज्यधरको देखाथा और जो२ राज्यधरने कहाथा वह सबकहदिया तदनन्तर अपनेश्वशुर राजाकर्पूरककी आज्ञालेकर नरवाहनदत्त कर्पूरिका तथा गोमुख समेत प्राणधर के लायेहुए बड़े विमानपर बैठा और उसीपर कपूरवस्त्र तथा सुवर्णरखवाकर और दासियों कोभी उसीपर बैठालेकर चलतेसमय नरवाहनदत्तने ब्राह्मणोंको बहुतसा दानदिया और उसकी सासने उससमय बड़ा मंगलाचारकिया फिर अपने श्वशुरकी आज्ञासे प्राणधरको तथा वहांके एकप्रतीहारकोभी साथलेकर अपने मनोरथके समान पूर्णविमानपर आकाशमार्गसे गमनकरतेहुए नरवाहनदत्तने प्राणधर से कहा कि प्रथम समुद्रके तटपर राज्यधरके पास चलो फिर वहां होकर कौशाम्बीको चलना क्षणभरमें ही समुद्रको लांघकर वह विमान हेमपुरमें राज्यधरके मन्दिरपर पहुंचा वहां राज्यधर अपने भाई को देखकर बड़ा प्रसन्नहुआ और उसके चरणोंपरगिरा फिर नरवाहनदत्त तथा गोमुखसे प्रीतिपूर्व्वक मिला इसप्रकार राज्यधरसे मिलकर और स्नेहसे अपने भाईको नहीं छोड़तेहुए राज्यधरसे किसीप्रकार पूछ-कर नरवाहनदत्त अपने सम्पूर्ण परिकर समेत कौशाम्बीपुरीकोचला और क्षणमात्रमेंही कौशाम्बी के निकट आगया वहां आकाशसे उतरेहुए उसबिमानको और परिकर तथा नवीन स्त्री समेत नरवाहनदत्त को देखकर लोगोंको बड़ाआश्चर्य्य हुआ फिर पुरवासियोंके उत्साहसे नरवाहनदत्तको आया जान-कर वत्सराज उदयन् प्रसन्नहोके उसकोलेनेकेलिये रानी मन्त्री तथा बहुओंसमेत आगेआया चरणोंपर गिरतेहुए अपने पुत्रसे मिलकर और विमानसे होनेवाली विद्याधरोंकी चक्रवर्त्तिताकी सूचना जान-कर राजाउदयन् अत्यन्त प्रसन्नहुआ रानीवासवदत्ता तथा पद्मावतीके नरवाहनदत्तको आलिंगनकरके अश्रुपात होनेलगा मानों बहुत कालसे उसके न देखनेके कारण जो दुःखकी गांठपड़गईथी वह पिघ-लगई प्रेम से ईर्प्यारहित मदनमंचुका तथा रत्नप्रभा ने आनन्दपूर्वक नरवाहनदत्त के चरणों में प्रणाम किया उनदोनोंको ईर्प्यारहित देखकर नरवाहनदत्तके हृदयमें उनपर बड़ाही अनुराग उत्पन्नहुआ यौग-न्धरायण आदिक पिताके मन्त्रियोंसे और मरुभूति आदिक अपने मन्त्रियों से नरवाहनदत्त यथायोग्य सत्कार पूर्व्वकमिला दाशार्ह कुलके आभूषित करनेवाले अपने पतिसे समुद्रका उल्लंघन करके लाई गई अमृतकी बहिन लक्ष्मीजी के समान कर्पूरिकाको यथायोग्य प्रणामकरते देखकर और उसके साथ अनेक दासियों को देखकर राजा उदयन् आदिक सम्पूर्णलोग अत्यन्त प्रसन्नहुए तदनन्तर सुवर्ण कपूर तथा वस्त्रोंकोदेतेहुए राजाकर्पूरकके प्रतीहारका राजाउदयन्ने बड़ा सत्कारकिया और नरवाह-नदत्तसे बनायेगये विमानके बनानेवाले प्राणधरको उपकारी जानकर उसकाभी बड़ा आदरकिया इस प्रकार सबका आदर सत्कार करके राजाने बड़ा सन्मान करके गोमुखसे पूछा कि तुम किसप्रकारसे गये और कैसे यह राजकन्या मिली तब गोमुखने जैसे वनमें वह तपस्विनी मिलीथी जैसे राज्यधरके दियेहुए विमानपर चढ़के समुद्रके पार पहुंचेथे जैसे विवाहसे विमुखभी कर्पूरिकाको विवाहकेलिये उत्सुक कियाथा और जैसे प्राणधर के बनायेहुए विमानपर चढ़के कौशाम्बी में आये थे वह सम्पूर्ण वृत्तान्त मन्त्रियों तथा रानियों समेत राजाउदयन्से वर्णन किया २५५ गोमुखसे सब वृत्तान्त को सुनकर कहां

शिकार कहां तपस्विनी कहां समुद्रके तटपर राज्यधरनाम बढ़ईका मिलना कहां उसके विमानपर चढ़कर समुद्रके पारजाना और कहां पहलेहीसे इस दूसरे विमानबनानेवालेका दैवयोगसे वहां पहुंचजाना परमेश्वर भाग्यवान् पुरुषों के कल्याणकी सिद्धिके उपायकी रचनाकी चिन्ता पहलेही से करताहै यह बात वहां सबलोगोंने आनन्दपूर्वक कही और गोमुखके स्वामिभक्तहोनेकी बड़ी प्रशंसाकरी और पतिव्रता धर्म से अत्यन्त संतुष्ट रानीरत्नप्रभाकीभी सब लोगों ने इसलिये बड़ी प्रशंसाकी कि उसनेमार्ग में विद्याको भेजकर अपने पतिकी रक्षाकीथी इसके उपरान्त नरवाहनदत्त अपने पिता माता मन्त्री तथा स्त्रियोंसमेत राजधानीमें गया और अपनेमन्दिरमें पहुँचकर उसने अपनेमित्र तथा बन्धुओंको बहुतसा सुवर्ण देकर प्राणधर तथा राजा कर्पूरकके प्रतीहारको धनसे पूर्ण करदिया तदनन्तर भोजनादिके उपरान्त प्राणधर ने नरवाहनदत्त से कहा कि हे स्वामी राजाकर्पूरकने चलते समय हमसे यह कहदिया है कि कर्पूरिका को कौशाम्बी में पहुँचाकर शीघ्रही लौटआना जिससे मुझे विदित होजाय कि वह आनन्दपूर्वक कौशाम्बीमें पहुँचगई इससे हमलोगों को अभी जानाहै आप कर्पूरिकासे राजाकर्पूरकके नाम एक पत्री लिखवा दीजिये पत्रके विना अत्यन्त स्नेहयुक्त राजाके चित्तमें विश्वास नहींहोगा उसे यह सन्देह होगा कि कहीं विमानपरसे गिरतो नहीं पड़ी इससे चिट्ठीदेकर मुझको और जानेकेलिये उद्यत इस प्रतीहार को आज्ञादीजिये मैं वहां होकर अपने कुटुम्ब को लेके यहीं लौटआऊंगा क्योंकि आपके अमृतमय चरणकमलों को मैं नहीं छोड़सक्ताहूं प्राणधरके यह वचन सुनकर नरवाहनदत्तने कर्पूरिकाको पत्रलिखनेकी आज्ञादी तब उसने हे तात श्रेष्ठपति के यहां स्थित मेरे लिये आप कोई चिन्ता न कीजियेगा क्या पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण भगवान्को प्राप्तहुई लक्ष्मी की चिन्ता समुद्रको करनी चाहिये इसप्रकार पत्र लिखकर प्रतीहार को देदिया तब नरवाहनदत्तने प्रतीहार तथा प्राणधरको सत्कारपूर्वक विदाकिया वह दोनों विमानपरचढ़के देखनेवालोंको आश्चर्य्य करावतेहुए आकाशमार्ग से समुद्रके पार कर्पूरसम्भव नगरमें पहुँचे वहां उनदोनोंने कर्पूरिका की कुशलकहकर उसके हाथका पत्र राजाको देकर आनन्दित किया दूसरेदिन प्राणधर राजासे आज्ञालेकर अपने कुटुम्बसमेत वहांसे चलकर कौशाम्बी में नरवाहनदत्तके निकट आगया नरवाहनदत्तने शीघ्रही उसको अपने मन्दिरहीके पास रहनेको स्थान दिया और उसकी अपने यहांसे बड़ी जीविका करदीनी उसके बनायेहुए विमानोंपर रानियों समेत चढ़कर क्रीड़ा करताहुआ नरवाहनदत्त मानों होनेवाली विद्याधरों की आकाशगति का अभ्यासकरताथा इसप्रकार मित्र मन्त्री तथा रानियोंको आनन्ददेताहुआ नरवाहनदत्त रत्नप्रभा मदनमंचुका तथा नीमरीकर्पूरिका को पाकर सुखपूर्वक दिन व्यतीत करने लगा २७५॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांरत्नप्रभालम्बकेनवमस्तरंगः ९॥

रत्नप्रभानामसातवांलम्बकसमाप्तहुआ॥

कैसे जानते हैं तब नरवाहनदत्तने जिसप्रकार उसने राज्यधरको देखाथा और जो २ राज्यधरने कहाथा वह सबकहदिया तदनन्तर अपनेश्वशुर राजाकर्पूरककी आज्ञालेकर नरवाहनदत्त कर्पूरिका तथा गोमुख समेत प्राणधर के लायेहुए बड़े विमानपर बैठा और उसीपर कपूरवस्त्र तथा सुवर्णरखवाकर और दासियों कोभी उसीपर बैठालकर चलतेसमय नरवाहनदत्तने ब्राह्मणोंको बहुतसा दानदिया और उसकी सासने उससमय बड़ा मंगलाचारकिया फिर अपने श्वशुरकी आज्ञासे प्राणधरको तथा वहांके एकप्रतीहारकोभी साथलेकर अपने मनोरथके समान पूर्णविमानपर आकाशमार्ग से गमनकरतेहुए नरवाहनदत्तने प्राणधर से कहा कि प्रथम समुद्रके तटपर राज्यधरके पास चलो फिर वहां होकर कौशाम्बीको चलना क्षणभरमें ही समुद्रको लांघकर वह विमान हेमपुरमें राज्यधरके मन्दिरपर पहुंचा वहां राज्यधर अपने भाई को देखकर बड़ा प्रसन्नहुआ और उसके चरणोंपरगिरा फिर नरवाहनदत्त तथा गोमुखसे प्रीतिपूर्वक मिला इसप्रकार राज्यधरसे मिलकर और स्नेहसे अपने भाईको नहीं छोड़तेहुए राज्यधरसे किसीप्रकार पूछकर नरवाहनदत्त अपने सम्पूर्ण परिकर समेत कौशाम्बीपुरीकोचला और क्षणमात्रमेंही कौशाम्बी के निकट आगया वहां आकाशसे उतरेहुए उसविमानको और परिकर तथा नवीन स्त्री समेत नरवाहनदत्त को देखकर लोगोंको बड़ाआश्चर्य्य हुआ फिर पुरवासियोंके उत्साहसे नरवाहनदत्तको आया जानकर वत्सराज उदयन् प्रसन्नहोके उसकोलेनेकेलिये रानी मन्त्री तथा बहुओंसमेत आगेआया चरणोंपर गिरतेहुए अपने पुत्रसे मिलकर और विमानसे होनेवाली विद्याधरोंकी चक्रवर्त्तिताकी सूचना जानकर राजाउदयन् अत्यन्त प्रसन्नहुआ रानीवासवदत्ता तथा पद्मावतीके नरवाहनदत्तको आलिंगनकरके अश्रुपात होनेलगा मानों बहुत कालसे उसके न देखनेके कारण जो दुःखकी गांठपड़गईथी वह पिघलगई प्रेम से ईर्ष्यारहित मदनमंचुका तथा रत्नप्रभा ने आनन्दपूर्वक नरवाहनदत्त के चरणों में प्रणाम किया उनदोनोंको ईर्ष्यारहित देखकर नरवाहनदत्तके हृदयमें उनपर बड़ाही अनुराग उत्पन्नहुआ यौगन्धरायण आदिक पिताके मन्त्रियोंसे और मरुभूति आदिक अपने मन्त्रियों से नरवाहनदत्त यथायोग्य सत्कार पूर्वकमिला दाशार्ह कुलके आभूषित करनेवाले अपने पतिसे समुद्रको उल्लंघन करके लाई गई अमृतकी बहिन लक्ष्मीजी के समान कर्पूरिकाको यथायोग्य प्रणामकरते देखकर और उसके साथ अनेक दासियों को देखकर राजा उदयन् आदिक सम्पूर्णलोग अत्यन्त प्रसन्नहुए तदनन्तर सुवर्ण कपूर तथा वस्त्रोंकोदेतेहुए राजाकर्पूरकके प्रतीहारका राजाउदयन्ने बड़ा सत्कारकिया और नरवाहनदत्तसे बनायेगये विमानके बनानेवाले प्राणधरको उपकारी जानकर उसकाभी बड़ा आदरकिया इस प्रकार सबका आदर सत्कार करके राजाने बड़ा सन्मान करके गोमुखसे पूछा कि तुम किसप्रकारसे गये और कैसे यह राजकन्या मिली तब गोमुखने जैसे वनमें वह तपस्विनी मिलीथी जैसे राज्यधरके दियेहुए विमानपर चढ़के समुद्रके पार पहुंचेथे जैसे विवाहमें विमुखभी कर्पूरिकाको विवाहकेलिये उत्सुक किपाथा और जैसे प्राणधर के बनायेहुए विमानपर चढ़के कौशाम्बी में आये थे वह सम्पूर्ण वृत्तान्त मन्त्रियों तथा रानियों समेत राजाउदयन्ने वर्णन किया २५५ गोमुखसे सब वृत्तान्त को सुनकर कहा

की कृपासे विद्याधरों के स्वामियोंका चक्रवर्त्ती होनेवालाहै इससे यह विद्याधरत्वकी प्राप्त करानेवाली विद्याओंको क्यों नहीं सिद्ध करताहै इसीलिये श्रीशिवजीने मुझको यहां भेजाहै इससे जो आपआज्ञादीजिये तो मैं इसेलेजाकर विद्याधरोंके चक्रवर्त्ती होनेकी कारणरूप विद्याओं का साधन इसे सिखाऊं इसकार्य्यमें श्रुतशर्म्मानाम विद्याधर इसका प्रतिद्वन्द्वी है क्योंकि उसेइन्द्रने विद्याधरों का चक्रवर्त्तीकरने का विचार कियाहै इससे यह जो विद्याओं को सिद्ध करले तो हम लोगोंके साथजाकर उस श्रुतशर्म्माको जीतकर विद्याधरोंका चक्रवर्त्ती होजायगा मयदैत्यके यह वचन सुनकर राजाचन्द्रप्रभ ने कहा कि हम धन्यहैं और यहभी बड़ापुण्यात्माहै जिसपर श्रीशिवजीकी ऐसी कृपाहै आप इसे जहांचाहैं वहां अपनी इच्छाके अनुसार लेजाइये इस प्रकार राजासे आज्ञापाकर मयदैत्य मंत्रियों समेत सूर्य्यप्रभको पातालमें लेगया वहां उसने उसको ऐसे तपोंका उपदेश किया कि जिससे उसने अपने मन्त्रियोंसमेत शीघ्रही सब विद्या सीखलीं तब मयासुरने विमानका साधनभी उसे बतादिया जिससे उसने भूतासननाम विमान सिद्ध किया तब मयासुर उसी विमानपर मन्त्रियोंसमेत सूर्य्यप्रभको चढ़ाकर राजाचन्द्रप्रभकेपास लेआया और बोला कि तुम तबतक इसीलोकमें सिद्धियों के सुखको भोगो जबतक कि मैं न आऊं यह कहकर और इसके कियेहुए पूजनको ग्रहण करके मयासुर चलागया और राजा चन्द्रप्रभ अपने पुत्रको विद्याओंसे संपन्न देखकर अत्यन्त प्रसन्नहुआ ३६ सूर्य्यप्रभभी विद्याओं के प्रभाव से विमानपर चढ़कर अपने मन्त्रियों समेत नानादेशोंमें भ्रमण करनेलगा जहांजहां जिसजिस राजकन्याने उसे देखा उसउस ने काम से मोहितहोकर उसकेसाथ स्वयंवर किया ताम्रलिप्ती के राजा वीरभटकी अत्यन्त सुन्दरी मदनसेना नाम कन्या अपरान्त देशके स्वामी राजासुभटकी चन्द्रिकावतीनाम कन्या जिसे सिद्धलोगोंने लेजाकर अन्यस्थानमें रक्खाथा कांची नगरी के स्वामी राजाकुंभीरक की अत्यन्त रूपवती वरुणसेनानाम कन्या लावाणकदेशके स्वामी राजा पौरवकी अत्यन्त सुन्दरनेत्रवाली सुलोचनानाम कन्या चीनदेशके राजा सुरोहकी सुन्दरसुवर्ण के समान वर्णवाली विद्युन्मालानामकन्या श्रीकंठदेशके राजाकान्तिसेनकी कान्तिसे अप्सराओंको जीतनेवाली कान्तिमतीनाम कन्या और कौशाम्बी नगरीके राजा जनमेजयकी अत्यन्त मधुर बोलनेवाली परपुष्टानाम कन्या इनसातों कन्याओंको उनके पिताओंसे बिना कहेही सूर्य्यप्रभ हरलाया परन्तु उनलोगों ने जानकरभी विद्याके प्रभाव से भयभीत होकर क्रोध नहीं किया किन्तु नम्रही बनेरहे इन सातों अपनी प्रियोंको भी विद्या सिखाकर सूर्य्यप्रभ विद्याकेप्रभावसे अनेक स्वरूप धरके उनसबोंके साथ एक साथही रमण करनेलगा और अपने मन्त्री तथा रानियों समेत आकाश में विहार संगीत तथा मद्यपानादिक क्रीड़ा करनेलगा वह दिव्य चित्र तथा कलाओंको जानताथा इससे कभी कभी विद्याधरी स्त्रियोंके चित्रबनाकर और क्रीड़ा में कुटिल वचनकहकर प्रियाओं को मनाने के लिये कुपित करताथा और टेढ़ी भृकुटी तथा लालनेत्र वाले उनके मुखोंको देखकर और कंपायमान ओष्ठों से स्पष्टता पूर्व्वक नहीं निकलते हुए वचनों को सुनकर अत्यन्त प्रसन्नहोताथा एक समय सूर्य्यप्रभ अपने मंत्री तथा रानियों समेत आकाशमार्ग से

## सूर्य्यप्रभोनामअष्टमोलम्बकः ॥

चलत्कर्णानिलोद्धून सिन्दूरारुणिताम्बरः ॥
जयत्यकालेपिसृजन्सन्ध्यामिवगजाननः १

इसप्रकार मदनमंचुका रत्नप्रभा तथा कर्पूरिकाको पाकर नरवाहनदत्त कौशाम्बी में सुखपूर्व्वक आनन्द करनेलगा एकसमय सभा में अपने पिता के समीप बैठे हुए नरवाहनदत्त ने आकाश से आयेहुए एक दिव्य पुरुषको देखा और प्रणामकरतेहुए उस पुरुष से आदरपूर्व्वक पूछा कि तुम कौनहो और यहां किसलिये आयेहो तब वह कहनेलगा कि हिमाचल पर्व्वतपर वज्र के समान पुष्ट वज्रकूट नाम यथार्थ नामवाला नगर है उस पुर में सम्पूर्ण विद्याधरों का स्वामी वज्रप्रभ नाम मैं राजाहूं मेरा शरीर वज्र से बनाहुआहै इसीसे मेरानाम यथार्थ है मेरे तपसे प्रसन्नहुए श्रीशिवजीने मुझे यह वरदान दियाहै कि मेरे नियत कियेहुए अपने चक्रवर्त्तियोंके तुम भक्त बनेरहो इससे तुमको कोई शत्रु नहीं जीतसकेंगे इन दिनों अपनी विद्या के प्रभाव से यह जानकर कि वत्सराजका पुत्र कामका अवतार नरवाहनदत्त श्री शिवजीकी कृपा से मनुष्यहोकर भी वेदी के दोनों भागोंका चक्रवर्त्तीहोगा इससे मैं प्रणाम करने को यहां चलाआया हूं यद्यपि पहलेभी श्रीशिवजीकी कृपासे सूर्य्यप्रभ नाम मनुष्यही दिव्य कल्प पर्य्यन्त हमारा चक्रवर्त्ती रहाहै तथापि वह वेदी के दक्षिणभागही का स्वामी था और उत्तर भाग में श्रुतशर्मा नाम चक्रवर्त्ती था परन्तु उन दोनों भागोंके दिव्य कल्पपर्य्यन्त चक्रवर्त्ती होनेवाले अत्यन्त पुण्यवान् आपहीहो उसके यह वचन सुनकर राजाउदयन् और नरवाहनदत्तने कौतुक पूर्वक उससे पूँछा कि सूर्य्य-प्रभने मनुष्य होकर भी किसप्रकार से विद्याधरों का ऐश्वर्य्य पायाथा सो आप कहिये तब वह राजा वज्रप्रभ मन्त्री तथा रानियोंके आगे उदयन् और नरवाहनदत्त से उसकी कथा कहने लगा कि पूर्वही मद्रदेश में शाकल नाम एक नगरथा वहां अंगारप्रभका पुत्र चन्द्रप्रभ नाम राजाथा सम्पूर्ण संसारको आनन्द देने से उसका यह नाम यथार्थथा परन्तु उसके शत्रु उसको अग्नि के समान सन्तापकारी जानतेथे उसके कीर्त्तिमती नाम रानीमें अत्यन्त शुभलक्षणों से भावी उदयको सूचन करनेवाला पुत्र हुआ उससमय चन्द्रप्रभ के कर्णों में अमृत के समान आनन्द देनेवाली यह आकाशवाणी हुई कि यह सूर्य्यप्रभनाम बालक उत्पन्नहुआ है श्रीशिवजीकी कृपासे यह विद्याधरोंके राजाओं का चक्रवर्त्ती होगा इस आकाशवाणी को सुनकर राजाने बड़ा उत्सव किया, राजपुत्र सूर्य्यप्रभ धीरे २ बढ़ने लगा बाल्यावस्थामेंही वहगुरुके पास जाकर सम्पूर्ण विद्या तथा कलाओंमें पारङ्गत होगया जब वह सोलह वर्षका हुआ तब चन्द्रप्रभने उसके गुणोंसे अत्यन्त प्रजाको प्रसन्न देखकर उसे युवराजपदवी देदी और अपने मंत्रियोंके पुत्र भास,प्रभास,सिद्धार्थ तथा प्रहस्तादिक उसके मन्त्री बनादिये इसप्रकार भास प्रभा-सादिकों के साथ युवराजपदवी को पाकर सूर्य्यप्रभ के राज्य कार्य्य करनेपर एकसमय मयनाम दैत्य वहां आया और सभा में सूर्य्यप्रभके आगे चन्द्रप्रभ से बोला कि हे राजा यह तुम्हारा पुत्र श्रीशिवजी

की कृपासे विद्याधरों के स्वामियोंका चक्रवर्त्ती होनेवालाहै इससे यह विद्याधरत्वकी प्राप्त करानेवाली विद्याओंको क्यों नहीं सिद्ध करताहै इसीलिये श्रीशिवजीने मुझको यहां भेजाहै इससे जो आपआज्ञादीजिये तो मैं इसेलेजाकर विद्याधरोंके चक्रवर्त्ती होनेकी कारणरूप विद्याओं का साधन इसे सिखाऊं इसकार्य्यमें श्रुतशर्म्मानाम विद्याधर इसका प्रतिद्वन्दी है क्योंकि उसेइन्द्रने विद्याधरों का चक्रवर्त्तीकरने का विचार कियाहै इससे यह जो विद्याओं को सिद्ध करले तो हम लोगोंके साथजाकर उस श्रुतशर्म्माको जीतकर विद्याधरोंका चक्रवर्त्ती होजायगा मयदैत्यके यह वचन सुनकर राजाचन्द्रप्रभ ने कहा कि हम धन्यहैं और यहभी बड़ापुण्यात्माहै जिसपर श्रीशिवजीकी ऐसी कृपाहै आप इसे जहांचाहें वहां अपनी इच्छाके अनुसार लेजाइये इस प्रकार राजासे आज्ञापाकर मयदैत्य मंत्रियों समेत सूर्य्यप्रभको पातालमें लेगया वहां उसने उसको ऐसे तपोंका उपदेश किया कि जिससे उसने अपने मन्त्रियोंसमेत शीघ्रही सब विद्या सीखलीं तब मयासुरने विमानका साधनभी उसे बतादिया जिससे उसने भूतासननाम विमान सिद्धकिया तब मयासुर उसी विमानपर मन्त्रियोंसमेत सूर्य्यप्रभको चढ़ाकर राजाचन्द्रप्रभकेपास लेआया और बोला कि तुम तबतक इसीलोकमें सिद्धियों के सुखको भोगो जबतक कि मैं न आऊं यह कहकर और इसके कियेहुए पूजनको ग्रहण करके मयासुर चलागया और राजा चन्द्रप्रभ अपने पुत्रको विद्याओंसे संपन्न देखकर अत्यन्त प्रसन्नहुआ ३९ सूर्य्यप्रभभी विद्याओं के प्रभाव से विमानपर चढ़कर अपने मन्त्रियों समेत नानादेशोंमें भ्रमण करनेलगा जहांजहां जिसजिस राजकन्याने उसे देखा उसउस ने काम से मोहितहोकर उसकेसाथ स्वयंवर किया ताम्रलिप्ती के राजा वीरभटकी अत्यन्त सुन्दरी मदनसेना नाम कन्या अपरान्त देशके स्वामी राजासुभटकी चन्द्रिकावतीनाम कन्या जिसे सिद्धलोगोंने लेजाकर अन्यस्थानमें रक्खाथा कांची नगरी के स्वामी राजाकुंभीरक की अत्यन्त रूपवती वरुणसेनानाम कन्या लावाणकदेशके स्वामी राजा पौरवकी अत्यन्त सुन्दरनेत्रवाली सुलोचनानाम कन्या चीनदेशके राजा सुरोहकी सुन्दरसुवर्ण के समान वर्णवाली विद्युन्मालानामकन्या श्रीकंठदेशके राजाकान्तिसेनकी कान्तिसे अप्सराओंको जीतनेवाली कान्तिमतीनाम कन्या और कौशाम्बी नगरीके राजा जनमेजयकी अत्यन्त मधुर बोलनेवाली परपुष्टानाम कन्या इनसातों कन्याओंको उनके पिताओंसे बिना कहेही सूर्य्यप्रभ हरलाया परन्तु उनलोगों ने जानकरभी विद्याके प्रभाव से भयभीत होकर क्रोध नहीं किया किन्तु नम्रही बनेरहे इन सातों अपनी प्रियोंको भी विद्या सिखाकर सूर्य्यप्रभ विद्याकेप्रभावसे अनेक स्वरूप धरके उनसबोंके साथ एक साथही रमण करनेलगा और अपने मन्त्री तथा रानियों समेत आकाश में विहार संगीत तथा मद्यपानादिक क्रीड़ा करनेलगा वह दिव्य चित्र तथा कलाओंको जानताथा इससे कभी कभी विद्याधरी स्त्रियोंके चित्रबनाकर और क्रीड़ा में कुटिल वचनकहकर प्रियाओं को मनाने के लिये कुपित करताथा और टेढ़ी भृकुटी तथा लालनेत्र वाले उनके मुखोंको देखकर और कंपायमान ओष्ठोंसे स्पष्टता पूर्व्वक नहीं निकलेहुए वचनों को सुनकर अत्यन्त प्रसन्नहोताथा एक समय सूर्य्यप्रभ अपने मंत्री तथा रानियों समेत आकाशमार्ग से

ताम्रलिप्ती में जाकर वहांके उपवनों में मदनसेना के साथ विहार करनेलगा एक दिन वहीं संपूर्णमंत्री तथा रानियोंको छोड़कर भूतासन विमानपर चढ़के प्रहस्तको अपनेसाथ लेकर वज्ररात्र नगरको गया और रम्भनाम राजाकी तारावली नाम कन्याको अपनेऊपर अनुरक्त तथा कामाग्निसे पीड़ितजानकर वहांसे हरकर ताम्रलिप्ती में लेआया और वहांआकर वहीं के राजाकी विलासिनीनाम एक दूसरीकन्या को भी हरलाया विलासिनी का भाई अपने मामा तथा सेवकोंको साथलेकर कुपितहोकर उससे लड़ने को आया उनसबको उसने अपनी विद्याके प्रभाव से स्तम्भित करदिया और उनके शिर मुड़वादिये परन्तु उन्हें अपनी प्रियाके वन्धु जानकर मारानहीं और उनके अभिमान को नष्ट देखकर उन्हें छोड़ दिया तदनन्तर अपने पिताकेबुलानेसे अपनी नवों प्रियाओंको साथलेके सूर्यप्रभ उसीविमानपर चढ़कर अपने शाकलपुरको चलाआया उसके पहुँचतेही ताम्रलिप्तीसे राजावीरभटने चन्द्रप्रभके पास दूत के द्वारा यह संदेसा भेजा कि तुम्हारे पुत्रने हमारी दो कन्या हरली हैं इसमें कोई अनुचित बात नहीं है क्योंकि यह उनके योग्य पति है जो आपलोगोंको हमपर स्नेह है तो यहां आइये मैं विवाहका संपूर्ण आचार पूर्णकरूं दूतके यह वचन सुनके उसका सत्कार करके राजाचन्द्रप्रभने दूसरेही दिन ताम्रलिप्ती के जाने का विचार किया और राजा वीरभटकी सत्यताको निश्चय करनेके लिये दूतके आनेजाने में देर होना जानके प्रहस्तको उसके पासभेजा प्रहस्त शीघ्रही आकाशमार्गसे राजा वीरभटके पासजाकर उससे वार्त्तालाप करके उसे विश्वासपात्र जानकर और उससे यह कहकर कि प्रातःकालही मेरे स्वामी आप के पास आवेंगे अपने राजाचन्द्रप्रभके पास लौट आया प्रहस्त से वीरभटको विश्वासपात्र जानकर और संपूर्ण सामग्री उसके यहां इकट्ठीहुई सुनकर चन्द्रप्रभ अपनीरानी कीर्त्तिमती सूर्य्यप्रभ विलासिनी तथा मदनसेना और अपने तथा सूर्य्यप्रभ के मन्त्री इन सबको अपने साथ लेके भूतासन विमान पर चढ़ प्रातःकालही चला और पहरभर दिनचढ़े ताम्रलिप्तीके निकट पहुँचगया वहां आकाशसे उतरकर पहलेही से लेनेके लिये आयेहुए राजा वीरभटके साथ उसपुरीके भीतर गया चन्दनके जलसे सिंचीहुई उसपुरीके मार्गमें पुरकी स्त्रियां नीलकमलोंकेसमान अपनेकटाक्ष फेंकरहीथीं वीरभटने अपनेसंबंधी तथा जामाताको मन्दिर में लेजाकर पूजनकिया और अपनी दोनों कन्याओंको विवाहका आचार सूर्य्यप्रभके साथ कर दिया और ढाई २ मनकी हजार विदरी सुवर्ण रत्नोंसे भरेहुए आभूषणोंके सौ ऊंट अनेक प्रकारके श्रेष्ठ वस्त्रों से लदेहुए पांचसौऊंट सातहजार घोड़े पांचहजार हाथी और रूपतथा आभूषणोंसे अलंकृत एक हजार दासी अपनी कन्याओंको वेदीपर संकल्पकरके दीं और सूर्य्यप्रभ तथा चन्द्रप्रभको अनेक प्रकारके रत्न तथा देश दिये और प्रहस्तादिक मन्त्रियोंको भी बहुतसा धन देकर तृप्त किया उस दिन सम्पूर्ण नगरी के जनों ने अपने २ गृहमें बड़ा उत्सवकिया और सूर्य्यप्रभ अपने माता पिता मन्त्री तथा स्त्रियां समेत बड़े २ उत्तम दिव्य भोजनकरके और मद्यपीके गान सुननेलगा उससमय वज्ररात्रपुर से राजा रम्भका भेजाहुआ दूत सभामें आकर सबके सन्मुख अपने स्वामी का वचन कहनेलगा कि विद्याओं के बल से बड़े अभिमानी सूर्य्यप्रभ ने मेरी कन्या को हरके मेरा बड़ा तिरस्कार किया अब मुझे मालूम

है कि राजा वीरभट जिसका कि हमारेही समान तुमने तिरस्कार किया था उसके साथ तुमने सन्धि करली है उसीप्रकार जो हमारे भी साथ सन्धि करनाचाहते हो तो यहां आओ नहीं तो मैं अपने प्राण त्याग करदूंगा दूत के वचन सुनकर राजा चन्द्रप्रभने उसका बड़ा सत्कारकिया और प्रहस्तसे कहा कि तुम राजारंभके यहां जाकर मेरे यह वचन कहो कि व्यर्थ क्यों सन्ताप करतेहो श्रीशिवजी ने सूर्य्यप्रभ को विद्याधरोंका भावी चक्रवर्त्ती नियत कियाहै और तुमलोगोंकी कन्या उसकी रानीहोंगी इससे तुम्हारी कन्या उचित स्थानमें प्राप्तहुई है तुमसे कन्या इसलिये नहींमांगी कि तुम्हारा स्वभाव बड़ा कठिन है इससे अब तुम सन्ताप न करो तुम हमारे मित्रहो हम तुम्हारे यहाँ अवश्य आवेंगे राजाका यह संदेसा सुनकर प्रहस्तने पहरभरमें वज्ररात्र नगरमें पहुँचकर राजारम्भसे सब संदेसा कहदिया और उसकी अनुमति लेकर लौटके राजा चन्द्रप्रभ से कहदिया कि वह आपके संदेससे प्रसन्नहै आप वहां चलिये तब राजा चन्द्रप्रभने प्रभासनाम मन्त्री से कहा कि तुम शाकलमें जाकर राजा रम्भकी कन्या तारावली को लेकर वज्ररात्रको चलो में भी वहीं आताहूं इसप्रकार उसे भेजके राजा चन्द्रप्रभ सूर्य्यप्रभ तथा वीरभट और अन्य अपने सब परिकरको साथमें लेके वज्ररात्र नगरमें पहुँचा वहां पहलेही से सबलोग उस का मार्ग देखरहे थे राजा रम्भ ने आगेआकर उनसबको अपनी राजधानी में लेजाकर प्रभास के साथ आईहुई अपनी तारावली कन्याके विवाह आचार सूर्य्यप्रभके साथ करदिया और असंख्य अशर्फी हाथी घोड़े तथा रत्नादिक अपनी कन्याको दहेजमें दिये और अपने जामाता सूर्य्यप्रभकी ऐसी सेवा कियी कि जिससे उसे अपने यहां के सम्पूर्ण ऐश्वर्य्य भूलगये जब यह सम्पूर्ण लोग उस उत्सव में आनन्दित होरहेथे उसीसमय कांची नगरी से राजा रम्भके पास दूतआया उससे सब संदेसेको सुनकर राजा रम्भने चन्द्रप्रभसे कहा कि कांची का राजा कुम्भीर मेरा बड़ाभाई है उसने मेरे पास इसलिये दूत भेजाहै कि सूर्य्यप्रभ पहले मेरी कन्या हरलेगया था उसके पीछे तुम्हारी मेंने सुनाहै कि तुमने उसके साथ मित्रता करलीनी है इससे उनके साथ मेरी भी मित्रता करवादो वह सब लोग मेरे यहां भी आवें में अपने हाथसे वरुण सेनाको संकल्पकरके सूर्य्यप्रभको दूं यहउसकी प्रार्थनाहै उसे आप पूर्ण कीजिये रम्भके यह वचन सुनकर राजा चन्द्रप्रभने विश्वासकरके प्रहस्तसे कहा कि शीघ्रही शाकल से वरुणसेनाको लेकर कांची में आओ में भी वहीं आताहूं इसप्रकार उसे भेजकर दूसरे दिन राजा चन्द्रप्रभ सूर्य्यप्रभ रम्भ वीरभट तथा अन्य परिकरको लेकर विमानपर चढ़कर काञ्ची नगरी को गया अनेक प्रकार के रत्नों से जटित गुणों से गुंफित पृथ्वी की काञ्ची के समान काञ्चीपुरी में राजा कुम्भीर ने उसे राजमन्दिर में लेजाकर सूर्य्यप्रभ के साथ अपनी कन्या का विवाह करदिया और बहुतसा धन जामाता तथा अपनी कन्याको दिया १०६ विवाह के उपरान्त भोजन करके जब सब लोग सुखपूर्व्वक बैठे तब प्रहस्त ने सबके आगे चन्द्रप्रभ से कहा कि हे स्वामी में घूमताघूमता श्रीकण्ठदेश में गया था वहां किसी प्रसंगसे मिलेहुए राजा कान्तिसेन ने मुझसे कहा था कि सूर्य्यप्रभ मेरी कान्तिमती नाम कन्याको हरलेगयाहै वह यहां आवे तो में अपनी कन्याका विवाह उसके साथ करदूं नहीं तो स्नेह से

मोहितहोकर मैं अपना शरीर त्यागदूंगा उसके यह वचन आज मैंने प्रसंगपाकर आप से कहे हैं प्रह-स्तके यह वचन सुनकर राजा ने उससे कहा कि तुम शाकलसे कान्तिमती को लेकर राजा कान्ति-सेन के पास जाओ मैंभी सबको लेकर आताहूं राजा के यह वचन सुनकर प्रहस्त शाकल में जाकर कान्तिमती को लेकर राजा कान्तिसेन के पास गया और प्रातःकाल राजा चन्द्रप्रभ, सूर्य्यप्रभ तथा कुंभीरादिक सम्पूर्ण परिकरको लेकर आकाशगामी विमान पर चढ़कर श्रीकण्ठदेश में पहुँचा वहां राजा कान्तिसेन ने आगे आकर सबको पुरी में लेजाकर सूर्य्यप्रभ के साथ अपनी कान्तिमती का विवाहकरदिया और इन पिता पुत्रों को अपरमित आश्चर्य्यकारी रत्न दिये तदनन्तर भोजनादि करके सबलोगों के सुखपूर्व्वक बैठनेपर कौशाम्बी नगरी के राजा का दूत आकर बोला कि राजा जनमेजय ने आपलोगों से यह कहा है कि मेरी परपुष्टानाम कन्याको कोई हरलेगया था आज मुझे मालूम हुआ है कि उसे सूर्य्यप्रभ लेगयाहै तो वह उसको साथ लेकर निर्भयहोकर मेरे यहां आवे मैं परपुष्टा के विवाह का आचार करके उसे विदाकरूंगा नहीं तो तुम हमारे शत्रु और हम तुम्हारे शत्रु इसप्रकार अपने स्वामी के वचन कहकर दूत के चुपहोजानेपर चन्द्रप्रभ ने एकान्त में सम्पूर्ण राजा तथा मन्त्रियों से कहा कि इसप्रकार अभिमानयुक्त वचन कहनेवाले राजा जनमेजय के यहां जाना कैसे योग्य है यह सुनकर सिद्धार्थनाम मन्त्री बोला कि हे स्वामी इसमें कुछ अनुचित नहीं है उसे ऐसा कहना योग्यही है राजा जनमेजय महादानी महापण्डित महा शूर कुलीन तथा अश्वमेध यज्ञकाकरनेवाला है वह कभी किसी से हारा नहीं है इससे उसके इस यथार्थ वचन में अनुचितही क्या है और जो उसने शत्रुताका नाम लियाहै सो इसमें कुछ इन्द्रका कारण है इससे उसके यहां अवश्य जानाचाहिये परन्तु यद्यपि वह राजा सत्यसन्ध है तथापि उसकी चित्तकी वृत्तिजानने के लिये प्रथम किसी को भेजदीजिये सिद्धार्थ के यह वचन सुनकर सबलोग बोले कि बहुतठीक है तब चन्द्रप्रभ ने दूतका सत्कारकरके प्रहस्त को जनमे-जय के यहां भेजा प्रहस्त ने कौशाम्बी में जाकर राजा जनमेजय से वार्त्तालाप करके उसकी चित्तवृत्ति जानली और उससे एक लेख लिखवाकर राजा चन्द्रप्रभ को लाकरदिया लेख को देखकर प्रसन्नहोके चन्द्रप्रभ ने प्रहस्तकोही शाकल से परपुष्टा को लेकर कौशाम्बी जानेकी आज्ञादी प्रहस्त के चलेजानेपर दूसरे दिन सूर्य्यप्रभ कान्तिसेना तथा सम्पूर्ण परिकर को लेकर विमानपर चढ़के राजा चन्द्रप्रभ कौशा-म्बी में पहुँचा वहां राजा जनमेजय ने नम्रतापूर्व्वक अगमानी आदि से सबका सत्कारकरके अपनी कन्याका विवाह सूर्य्यप्रभ के साथ करदिया और पांच हजार हाथी एक लाख श्रेष्ठ घोड़े और रत्न सुवर्ण वस्त्र कपूर तथा अगर से भरेहुए पांच हजार ऊंट दिये और ब्राह्मणों का तथा सब राजा लोगों का पूजनकरके इतना उत्सव किया कि जिस्से सम्पूर्णनगर नृत्य तथा वाद्यमय ज्ञातहोनेलगा १३३ उससमय अकस्मात् आकाश पीतवर्ण होगया उससे यह सूचित होताथा कि मानों अभी आकाश रुधिरसे रक्तवर्ण होना चाहताहै दिशाओं में भयंकर शब्दहोनेलगे मानों शत्रुओं की सेनाको देखकर वह डरगईं और बड़ी प्रचण्ड वायु चलनेलगी मानों देवतालोगों के साथ युद्ध करने के लिये पृथ्वी से

मनुष्योंको ऊपर फेंकना चाहती थी उसी क्षणमें विद्याधरोंकी बड़ी सेना आकाशमें दिखाईदी उनकी कान्तिसे सम्पूर्ण दिशायें देदीप्यमानहोकर उनके गम्भीर शब्दोंसे पूर्णहोगई उस सेनाके बीचमें एक बड़ा सुन्दर विद्याधर कुमार सूर्य्यप्रभ आदिकोंको दिखाई दिया उससमय उस कुमारके आगे खड़ेहोकर विद्याधरोंका वन्दी उच्चस्वरसे बोला कि यह आषाढ़ेश्वरका पुत्र दामोदरनाम युवराजहै हे पृथ्वीके रहनेवाले मनुष्य सूर्य्यप्रभ इसके पैरोंपर आकर गिर हे जनमेजय तू भी आकर इसे प्रणामकर तूने अपनी कन्या अयोग्य पुरुषको देदी है इससे इसका सेवनकर नहीं तो यह तेरे अपराधको नहीं क्षमा करेगा वन्दी के यह वचन सुनकर और उनकी सेनाको देखकर सूर्य्यप्रभ अपने खड्ग तथा ढालको लेकर आकाशको चलागया उसकेपीछे प्रहस्त प्रभास भास सिद्धार्थ प्रज्ञाढ्य, सर्वदमन, वीतभीति, और शुभंकर यह सब मन्त्री अपने २ शस्त्रलेकर विद्याओंके प्रभावसे आकाशमें चलेगये और उनके साथ विद्याधरोंका युद्धहोनेलगा और सूर्य्यप्रभ खड्गसे शत्रुओंको मारताहुआ और उनके शस्त्रोंको अपनी ढालपर रोकताहुआ दामोदरकी ओरचला दामोदरके साथ तो लाखोंपुरुषथे और सूर्य्यप्रभकेसाथ आठही थे परन्तु उन लाखोंको युद्धमें वह आठों अपने समानही मालूमहुए शूरोंके शरीर में लगतेहुए,रुधिर से रक्तखड्ग यमराजकी दृष्टिके समान शोभितहुए युद्धमें मरेहुए विद्याधर भयसे मानों शरणके लिये पृथ्वीपर चन्द्रप्रभके आगे गिरने लगे उससमय सूर्य्यप्रभ शत्रुओं को मारकर सिंदूरके समान रुधिरसे आकाशको रक्तवर्ण करके सूर्य्य के समान अत्यन्त शोभित होताहुआ दामोदर के साथ जाके लड़ने लगा और अपनी खड्गसे उसकी ढालको काटके उसे पृथ्वी में गेरकर जैसेही सूर्य्यप्रभने उसका शिरकाटना चाहा वैसेही विष्णुभगवान्ने आकाश में आकर हुंकारशब्द किया हुंकारको सुनके और विष्णुभगवान्के दर्शन करके उसने विष्णुभगवान्के गौरवसे दामोदर को छोड़दिया उसेबचाकर और उसको अपने साथलेकर विष्णुभगवान् अन्तर्द्धान होगये ठीकहै विष्णुभगवान् अपने भक्तकी सदैव सर्वत्र रक्षाकरते हैं तब दामोदरकी सेनातो इधर उधर भागगई और सूर्य्यप्रभ आकाश से उतरकर अपने पिताकेपास आया मंत्रियों समेत सूर्य्यप्रभको शत्रुओं को जीतकर आकाश से आया देखकर चन्द्रप्रभ तथा अन्य राजालोग उसपर अत्यन्त प्रसन्न होकर उसकी प्रशंसा करनेलगे तदनन्तर प्रसन्नता पूर्वक बैठेहुए सब लोगों के पास राजा सुभटके दूतने आकर चन्द्रप्रभ के आगे पत्ररखदिया उस लेखको सिद्धार्थने सभामें बांचा उसमें लिखाथा कि कोंकण देशसे राजासुभट आदर पूर्वक उन्नत वंशोंके मौक्तिकमणि श्रीमान् राजाचन्द्रप्रभसे यह विज्ञापन करताहै कि मेरी कन्याको रात्रिके समय कोई हरलेगयाथा मैंने सुनाहै कि वह आपकाही पुत्रथा इससे मुझे बड़ी प्रसन्नताहुई है सो आपकृपा करके सूर्य्यप्रभको साथ लेकर मेरे यहां भी आइये मैं यहां परलोकसे मानों लौटीहुई अपनी कन्याको देखूं और उसका विवाह आपके पुत्रसेकरूं इस पत्रको सुनकर राजाचन्द्रप्रभने दूतका बड़ा सत्कार किया और प्रहस्तसे कहा कि तुम शीघ्रतासे चन्द्रिकावतीको लेकर कोंकण देशमें जाओ मैं भी वहीं आताहूं प्रातःकाल राजाचन्द्रप्रभ सूर्य्यप्रभ आदिकोंको साथ लेकर उसी विमानपर बैठकर कोंकण

मोहितहोकर मैं अपना शरीर त्यागदूंगा उसके यह वचन आज मैंने प्रसंगपाकर आप से कहे हैं प्रहस्तके यह वचन सुनकर राजा ने उससे कहा कि तुम शाकलसे कान्तिमती को लेकर राजा कान्तिसेन के पास जाओ मैंभी सबको लेकर आताहूं राजा के यह वचन सुनकर प्रहस्त शाकल में जाकर कान्तिमती को लेकर राजा कान्तिसेन के पास गया और प्रातःकाल राजा चन्द्रप्रभ, सूर्य्यप्रभ तथा कुंभीरादिक सम्पूर्ण परिकरको लेकर आकाशगामी विमान पर चढ़कर श्रीकण्ठदेश में पहुँचा वहां राजा कान्तिसेन ने आगे आकर सबको पुरी में लेजाकर सूर्य्यप्रभ के साथ अपनी कान्तिमती का विवाहकरदिया और इन पिता पुत्रों को अपरमित आश्चर्य्यकारी रत्न दिये तदनन्तर भोजनादि करके सबलोगों के सुखपूर्व्वक बैठनेपर कौशाम्बी नगरी के राजा का दूत आकर बोला कि राजा जनमेजय ने आपलोगों से यह कहा है कि मेरी परपुष्टानाम कन्याको कोई हरलेगया था आज मुझे मालूम हुआ है कि उसे सूर्य्यप्रभ लेगयाहै तो वह उसको साथ लेकर निर्भयहोकर मेरे यहां आवे मैं परपुष्टा के विवाह का आचार करके उसे विदाकरूंगा नहीं तो तुम हमारे शत्रु और हम तुम्हारे शत्रु इसप्रकार अपने स्वामी के वचन कहकर दूत के चुपहोजानेपर चन्द्रप्रभ ने एकान्त में सम्पूर्ण राजा तथा मन्त्रियों से कहा कि इसप्रकार अभिमानयुक्त वचन कहनेवाले राजा जनमेजय के यहां जाना कैसे योग्य है यह सुनकर सिद्धार्थनाम मन्त्री बोला कि हे स्वामी इसमें कुछ अनुचित नहीं है उसे ऐसाकहना योग्यही है राजा जनमेजय महादानी महापण्डित महा शूर कुलीन तथा अश्वमेध यज्ञकाकरनेवाला है वह कभी किसी से हारा नहीं है इससे उसके इस यथार्थ वचन में अनुचितही क्या है और जो उसने शत्रुताका नाम लियाहै सो इसमें कुछ इन्द्रका कारण है इससे उसके यहां अवश्य जानाचाहिये परन्तु यद्यपि वह राजा सत्यसन्ध है तथापि उसकी चित्तकी वृत्तिजानने के लिये प्रथम किसी को भेजदीजिये सिद्धार्थ के यह वचन सुनकर सबलोग बोले कि बहुतठीक है तब चन्द्रप्रभ ने दूतका सत्कारकरके प्रहस्त को जनमेजय के यहां भेजा प्रहस्त ने कौशाम्बी में जाकर राजा जनमेजय से वार्त्तालाप करके उसकी चित्तवृत्ति जानली और उससे एक लेख लिखवाकर राजा चन्द्रप्रभ को लाकरदिया लेख को देखकर प्रसन्नहोके चन्द्रप्रभ ने प्रहस्तकोही शाकल से परपुष्टा को लेकर कौशाम्बी जानेकी आज्ञादी प्रहस्त के चलेजानेपर दूसरे दिन सूर्य्यप्रभ कान्तिसेना तथा सम्पूर्ण परिकर को लेकर विमानपर चढ़के राजा चन्द्रप्रभ कौशाम्बी में पहुँचा वहां राजा जनमेजय ने नम्रतापूर्व्वक अगमानी आदि से सबका सत्कारकरके अपनी कन्याका विवाह सूर्य्यप्रभ के साथ करदिया और पांच हजार हाथी एक लाख श्रेष्ठ घोड़े और रत्न सुवर्ण वस्त्र कपूर तथा अगर से भरेहुए पांच हजार ऊंट दिये और ब्राह्मणों का तथा सब राजा लोगों का पूजनकरके इतना उत्सव किया कि जिससे सम्पूर्णनगर नृत्य तथा वाद्यमय ज्ञातहोनेलगा १३३ उससमय अकस्मात् आकाश पीतवर्ण होगया उससे यह सूचित होताथा कि मानों अभी आकाश रुधिरसे रक्तवर्ण होना चाहताहै दिशाओं में भयंकर शब्दहोनेलगे मानों शत्रुओं की सेनाको देखकर वह डरगईं और बड़ी प्रचण्ड वायु चलनेलगी मानों देवतालोगों के साथ युद्ध करने के लिये पृथ्वी से

मनुष्योंको ऊपर फेंकना चाहती थी उसी क्षणमें विद्याधरोंकी बड़ी सेना आकाशमें दिखाईदी उनकी कान्तिसे सम्पूर्ण दिशायें देदीप्यमानहोकर उनके गम्भीर शब्दोंसे पूर्णहोगईं उस सेनाके बीचमें एक बड़ा सुन्दर विद्याधर कुमार सूर्य्यप्रभ आदिकोंको दिखाई दिया उससमय उस कुमारके आगे खड़ेहोकर विद्याधरोंका वन्दी उच्चस्वरसे बोला कि यह आषाढ़ेश्वरका पुत्र दामोदरनाम युवराजहै हे पृथ्वीके रहनेवाले मनुष्य सूर्य्यप्रभ इसके पैरोंपर आकर गिर हे जनमेजय तू भी आकर इसे प्रणामकर तूने अपनी कन्या अयोग्य पुरुषको देदी है इससे इसका सेवनकर नहीं तो यह तेरे अपराधको नहीं क्षमा करेगा वन्दी के यह वचन सुनकर और उनकी सेनाको देखकर सूर्य्यप्रभ अपने खड्ग तथा ढालको लेकर आकाशको चलागया उसकेपीछे प्रहस्त प्रभास भास सिद्धार्थ प्रज्ञाढ्य, सर्वदमन, वीतभीति, और शुभंकर यह सब मन्त्री अपने २ शस्त्रलेकर विद्याओंके प्रभावसे आकाशमें चलेगये और उनके साथ विद्याधरोंका युद्धहोनेलगा और सूर्य्यप्रभ खड्गसे शत्रुओंको मारताहुआ और उनके शस्त्रोंको अपनी ढालपर रोकताहुआ दामोदरकी ओरचला दामोदरके साथ तो लाखोंपुरुषथे और सूर्य्यप्रभकेसाथ आठही थे परन्तु उन लाखोंको युद्धमें वह आठों अपने समानही मालूमहुए शूरोंके शरीर में लगतेहुए रुधिर से रक्तखड्ग यमराजकी दृष्टिके समान शोभितहुए युद्धमें मरेहुए विद्याधर भयसे मानों शरणके लिये पृथ्वीपर चन्द्रप्रभके आगे गिरने लगे उससमय सूर्य्यप्रभ शत्रुओं को मारकर सिंदूरके समान रुधिरसे आकाशको रक्तवर्ण करके सूर्य्य के समान अत्यन्त शोभित होताहुआ दामोदर के साथ जाके लड़ने लगा और अपनी खड्गसे उसकी ढालको काटके उसे पृथ्वी में गेरकर जैसेही सूर्य्यप्रभने उसका शिरकाटना चाहा वैसेही विष्णुभगवान्ने आकाश में आकर हुंकारशब्द किया हुंकारको सुनके और विष्णुभगवान्के दर्शन करके उसने विष्णुभगवान्के गौरवसे दामोदर को छोड़दिया उसेबचाकर और उसको अपने साथलेकर विष्णुभगवान् अन्तर्द्धान होगये ठीकहै विष्णुभगवान् अपने भक्तकी सदैव सर्वत्र रक्षाकरते हैं तब दामोदरकी सेनातो इधर उधर भागगई और सूर्य्यप्रभ आकाश से उतरकर अपने पिताकेपास आया मंत्रियों समेत सूर्य्यप्रभको शत्रुओं को जीतकर आकाश से आया देखकर चन्द्रप्रभ तथा अन्य राजालोग उसपर अत्यन्त प्रसन्न होकर उसकी प्रशंसा करनेलगे तदनन्तर प्रसन्नता पूर्वक बैठेहुए सब लोगों के पास राजा सुभटके दूतने आकर चन्द्रप्रभ के आगे पत्ररखदिया उस लेखको सिद्धार्थने सभामें बांचा उसमें लिखाथा कि कोंकण देशसे राजासुभट आदर पूर्वक उन्नत वंशोंके मौक्तिकमणि श्रीमान् राजाचन्द्रप्रभसे यह विज्ञापन करताहै कि मेरी कन्याको रात्रिके समय कोई हरलेगयाथा मैंने सुनाहै कि वह आपकाही पुत्रथा इससे मुझे बड़ी प्रसन्नताहुई है सो आपकृपा करके सूर्य्यप्रभको साथ लेकर मेरे यहां भी आइये मैं यहां परलोकसे मानों लौटीहुई अपनी कन्याको देखूं और उसका विवाह आपके पुत्रसेकरूं इस पत्रको सुनकर राजाचन्द्रप्रभने दूतका बड़ा सत्कार किया और महस्तसे कहा कि तुम शीघ्रतासे चन्द्रिकावतीको लेकर कोंकण देशमें जाओ मैं भी वहीं आताहूं प्रातःकाल राजाचन्द्रप्रभ सूर्य्यप्रभ आदिकोंको साथ लेकर उसी विमानपर बैठकर कोंकण

देशमें पहुंचा वहां राजासुभटने उन सबका बड़ा सत्कार करके सूर्य्यप्रभके साथ अपनी कन्याका विवाहोत्सव किया और इतने रत्नादिक चन्द्रिकावतीको दिये जिन्हें देखकर वीरभटादिक सब राजालज्जितहोगये इसके उपरान्त लावाणकसे राजापौरवके दूतने आकर चन्द्रप्रभसे अपने स्वामीके यह वचन कहे कि सूर्य्यप्रभ मेरी सुलोचनानाम कन्याको हरलेगयाहै इसमें मुझे कोई सन्ताप नहीं है अब आप सूर्य्यप्रभको मेरी कन्यासमेत साथलेकर मेरे यहां आइये मैं विवाहका आचार और उत्सव करूं दूतके यह वचन सुनकर चन्द्रप्रभने उसका बड़ा सत्कारकिया और प्रहस्तको शाकलसे सुलोचनाको लेकर लावाणकजाने की आज्ञादी तदनन्तर चन्द्रादिक सम्पूर्णलोग विमानपर चढ़कर लावाणक देशकोगये वहां राजापौरवने प्रहस्तके साथ आईहुई सुलोचनाका सूर्य्यप्रभके साथ विवाहोत्सव किया और बहुतसे रत्न उन दोनोंको दिये इसप्रकार विवाहोत्सवके पीछे उन सम्पूर्ण लोगोंके सुख पूर्व्वक वहां रहनेपर चीन देशके स्वामी राजासुरोहकादूत आकर राजाचन्द्रप्रभसे कहनेलगा कि सूर्य्यप्रभ मेरी विद्युन्मालानाम कन्याको हरलेगया है इससे आपलोग उस कन्यासमेत सूर्य्यप्रभको साथलेकर यहां आइये मैं अपनी कन्याका विवाहोत्सव करूंगा दूतके यह वचन सुनके राजाचन्द्रप्रभ ने उसका बड़ा सत्कार करके प्रहस्तको विद्युन्मालालेकर चीनदेशमें जानेकी आज्ञादी दूसरे दिन राजाचन्द्रप्रभ सूर्य्यप्रभादिकोंको साथलेकर उसी विमानमें बैठके चीनदेशको गया वहां राजासुरोहने इन सब को अपने परकोटेमें लेजाकर अपनी कन्याका विवाहोत्सव किया और असंख्य सुवर्ण हाथी घोड़े रत्न तथा चीनके अमूल्यवस्त्र दिये सुरोहसे अत्यन्त आदर कियेगये चन्द्रप्रभादि सब लोग वहां सुखपूर्व्वक कई दिन रहे और सूर्य्यप्रभभी घनयौवनसे युक्तहोकर विद्युन्मालाके साथ वर्षाकालके समान शोभित होताहुआ और अपनी सम्पूर्णस्त्रियोंके साथ विहारकरताहुआ अपने श्वशुरके ऐश्वर्य्यको भोगताहुआरहा कुछ दिनों के उपरान्त मन्त्रियों से सलाहकरके राजाचन्द्रप्रभ अपने पुत्रबहू मन्त्री तथापरिकरको साथलेकर विमानपर चढ़करचला और वीरभटादिक सब राजालोगोंको वहीं से अपने २ देश जानेकेलिये बिदाकरदिया फिर सूर्य्यप्रभ सहित राजाचन्द्रप्रभने शाकलमें पहुंचकर अत्यन्त उत्सव करके कहीं नृत्य कहीं संगीत कहीं पान क्रीड़ा कहीं स्त्रियोंका शृंगारकरना और कहीं यथेष्टधनपाकर प्रसन्नहुए वन्दियों की प्रशंसायुक्त कोलाहल इत्यादिक आनन्द में शाकल देशको मग्न किया तदनन्तर सूर्य्यप्रभ अपने २ पिताओंके यहां स्थित अपनी प्रियाओंको हाथी घोड़े रथ सुवर्ण रत्न तथा ऊंट आदिक असंख्य ऐश्वर्य्य समेत शाकलमें लेआया उस ऐश्वर्य्यको देखकर सब प्रजाको निश्चयहोताथा कि यह सब दिग्विजयकर आयाहै उससमय बहुतसेवसु ( धन और अष्टवसु ) तथा निधान ( खान ) से युक्त वह शाकल नगर उस महाभोगी ( बड़ा सर्प और बड़ा भोगकरनेवाला ) सूर्य्यप्रभको पाकर स्वर्ग अलका तथा पाताल इन तीनों को मिलाकर बनायागयाहुआसा शोभितहुआ इसप्रकार विवाहों केहोजानेपर सूर्य्यप्रभ मदनसेना आदिक अपनी सम्पूर्ण स्त्रियोंके साथ यथेष्टसुख अनुभवकरताहुआ फिर आनेको कह जानेवाले मयदैत्यके आनेकी बाट देखताहुआ अपने मन्त्रियों समेत सुखपूर्वक रहा १८७ ॥ इतिश्री ॥

इसके उपरान्त एकसमय सूर्य्यप्रभ तथा सम्पूर्णमन्त्रियोंसमेत राजाचन्द्रप्रभ सभामें बैठाहुआ सिद्धार्थ की कहीहुई कथाकेप्रसंगसे मयासुरकास्मरण करनेलगा उससमय अकस्मातसभाके वीचहीमें पृथ्वी फट गई और उसमेंसे प्रथम तो शब्दसहित सुगन्धित वायुनिकली और पीछेसे मयासुर निकलआया उसके कृष्णवर्ण ऊंचेशिरमें सींगोंपर तथा केशोंपर दिव्यऔषधी देदीप्यमानहोरहीथीं और वह रक्तवर्ण के वस्त्र पहरेहुएथा इससे रात्रिमें पर्व्वतके समान उसकी शोभाहो रही थी मयासुर राजा चन्द्रप्रभ से योग्यपूजन को ग्रहणकरके रत्नके सिंहासनपर बैठकर वोला कि तुमलोग पृथ्वीके ऐश्वर्य तो भोगचुके अवदूसरा समय आगयाहै उसके लिये उद्योगकरो दूतोंको भेजकर अपने संवंधी तथा वांधव राजालोगोंको बुलवाओ तव मैं तुम्हें सुमेरुनाम विद्याधरों के स्वामीके पासलेचलूं उससे मिलकर श्रुतशर्म्मानाम विद्याधर को जीतलेंगे तव विद्याधरोंकाराज्य मिलैगा विद्याधरोंका राजासुमेरु हमलोगोंका सहायकहै क्योंकि श्री शिवजी ने उसे प्रथमही यह आज्ञादेरक्खी है कि तुम अपनी कन्याकी रक्षाकरो इसका विवाहसूर्य्यप्रभ से करना मयासुरके यह वचन सुनकर चन्द्रप्रभ ने प्रहस्तादिक आकाशमें चलनेवाले मंत्रियोंको संवंधीतथा वान्धवोंके पास बुलानेकेलिये भेजा और सूर्य्यप्रभ ने अपने संपूर्ण मंत्री तथा रानियोंको जिनको कि प्रथम विद्यानहीं वताईथीं वतादीं उससमय आकाशसे नारदमुनि अपनी प्रभासे दिशाओं को प्रकाशित करते हुए उतरे और अर्घादिक पूजन ग्रहण करके वोले कि इन्द्रने मुझे तुम्हारे पास भेजाहै और यहकहाहै कि मैंने सुनाहै कि आपलोग श्रीशिवजीकी आज्ञासे मयासुर के साथ मित्रताकरके अज्ञानता से मोहितहोके इसमनुष्य सूर्य्यप्रभ के लिये संपूर्ण विद्याधरोंके [illegible]ओं के चक्रवर्ती का अधिकारसिद्ध करना चाहतेहो यह अनुचितहै मैंने यह अधिकार विद्याधरोंके कुलचन्द्र श्रुतशर्म्माको दियाहै क्योंकि यह उसके पुरखों से चलाआताहै हमसेविरुद्ध होकर औरधर्मको छोड़कर तुम जो ऐसाकरोगे तो तुम्हारा नाशहोजायगा पहले जव तुम रुद्र यज्ञकररहे थे तव मैंने तुमसेकहाथा कि अश्वमेधयज्ञकरके अन्य यज्ञकरो परन्तु तुमने मेरा वह कहना तवभी नहींस्वीकार कियाथा इससे संपूर्ण देवतालोगोंको तिरस्कारकरके केवल शिवकी ही प्रत्याशासे जो अभिमानकरते हो इसमें तुम्हारा कल्याण नहीं है इन्द्रके इससन्देशको सुनकर मयासुर हँसकरवोला कि इन्द्रकाकहना उचितनहींहैजो उसने सूर्य्यप्रभ को मनुष्य कहाहै सो सत्यहै परन्तु क्या दामोदर के संग्राम में उसका प्रभाव इन्द्र ने नहीं जाना सत्त्वयुक्त मनुष्यहो संपूर्ण सिद्धियोंके अधिकारी होतेहैं देखोपूर्व्वही राजानहुप आदिकों ने क्या इन्द्रकी पदवी नहींपाई है और जो उसनेकहा कि हमने श्रुतशर्म्माको चक्रवर्त्ती की पदवीदीहै क्योंकि उसके वहपदवी कुलपरम्परासे चलीआती है सोभी उचितनहीं है जहां साक्षात् शिवजी देने वालेहैं वहां अन्यप्रमाण देने की क्या आवश्यकताहै इन्द्रने आपही वड़े भाई हिरण्याक्षसे इन्द्रपदवी क्यों लेली और जो उसने कहा कि तुमहमसे विरुद्धकरते हो और अधर्म्म करतेहो यहभी मिथ्या है क्योंकि वहआपही हठसे हमारेस्वार्थमें विरोधकरतेहैं और हमअपने शत्रुको जीतनाचाहते हैं इसमें अधर्म्मही क्याहै हमनमुनिकी भार्य्याको हरते हैं और न ब्रह्महत्याकरते हैं और जो उसने कहा कि तुमने

देशमें पहुंचा वहां राजासुभटने उन सबका बड़ा सत्कार करके सूर्य्यप्रभके साथ अपनी कन्याका विवाहोत्सव किया और इतने रत्नादिक चन्द्रिकावतीको दिये जिन्हें देखकर वीरभटादिक सब राजालज्जितहोगये इसके उपरान्त लावाणकसे राजापौरवके दूतने आकर चन्द्रप्रभसे अपने स्वामीके यह वचन कहे कि सूर्य्यप्रभ मेरी सुलोचनानाम कन्याको हरलेगयाहै इसमें मुझे कोई सन्ताप नहीं है अब आप सूर्य्यप्रभको मेरी कन्यासमेत साथलेकर मेरे यहां आइये मैं विवाहका आचार और उत्सव करूं दूतके यह वचन सुनकर चन्द्रप्रभने उसका बड़ा सत्कारकिया और प्रहस्तको शाकलसे सुलोचनाको लेकर लावाणकजाने की आज्ञादी तदनन्तर चन्द्रादिक सम्पूर्णलोग विमानपर चढ़कर लावाणक देशकोगये वहां राजापौरवने प्रहस्तके साथ आईहुई सुलोचनाका सूर्य्यप्रभके साथ विवाहोत्सव किया और बहुतसे रत्न उन दोनोंको दिये इसप्रकार विवाहोत्सवके पीछे उन सम्पूर्ण लोगोंके सुख पूर्व्वक वहां रहनेपर चीन देशके स्वामी राजासुरोहकादूत आकर राजाचन्द्रप्रभसे कहनेलगा कि सूर्य्यप्रभ मेरी विद्युन्मालानाम कन्याको हरलेगया है इससे आपलोग उस कन्यासमेत सूर्य्यप्रभको साथलेकर यहां आइये मैं अपनी कन्याका विवाहोत्सव करूंगा दूतके यह वचन सुनके राजाचन्द्रप्रभने उसका बड़ा सत्कार करके प्रहस्तको विद्युन्मालालेकर चीनदेशमें जानेकी आज्ञादी दूसरे दिन राजाचन्द्रप्रभ सूर्य्यप्रभादिकोंको साथलेकर उसी विमानमें बैठके चीनदेशको गया वहां राजासुरोहने इन सबको अपने परकोटेमें लेजाकर अपनी कन्याका विवाहोत्सव किया और असंख्य सुवर्ण हाथी घोड़े रत्न तथा चीनके अमूल्यवस्त्र दिये सुरोहसे अत्यन्त आदर कियेगये चन्द्रप्रभादि सब लोग वहां सुखपूर्व्वक कई दिन रहे और सूर्य्यप्रभभी घनयौवनसे युक्तहोकर विद्युन्मालाके साथ वर्षाकालके समान शोभित होताहुआ और अपनी सम्पूर्णस्त्रियोंके साथ विहारकरताहुआ अपने श्वशुरके ऐश्वर्य्यको भोगताहुआरहा कुछ दिनों के उपरान्त मन्त्रियों से सलाहकरके राजाचन्द्रप्रभ अपने पुत्रबहू मन्त्री तथापरिकरको साथलेकर विमानपर चढ़करचला और वीरभटादिक सब राजालोगोंको वहीं से अपने २ देश जानेकेलिये बिदाकरदिया फिर सूर्य्यप्रभ सहित राजाचन्द्रप्रभने शाकलमें पहुंचकर अत्यन्त उत्सव करके कहीं नृत्य कहीं संगीत कहीं पान क्रीड़ा कहीं स्त्रियोंका शृंगारकरना और कहीं यथेष्टधनपाकर प्रसन्नहुए वन्दियों की प्रशंसायुक्त कोलाहल इत्यादिक आनन्द में शाकल देशको मग्न किया तदनन्तर सूर्यप्रभ अपने २ पिताओंके यहां स्थित अपनी प्रियाओंको हाथी घोड़े रथ सुवर्ण रत्न तथा ऊंट आदिक असंख्य ऐश्वर्य्य समेत शाकलमें लेआया उस ऐश्वर्य्यको देखकर सब प्रजाको निश्चयहोताथा कि यह सब दिग्विजयकर आयाहै उससमय बहुतसेवसु (धन और अष्टवसु) तथा निधान (खान) से युक्त वह शाकल नगर उस महाभोगी (बड़ा सर्प और बड़ा भोगकरनेवाला) सूर्यप्रभको पाकर स्वर्ग अलका तथा पाताल इन तीनों को मिलाकर बनायागयाहुआसा शोभितहुआ इसप्रकार विवाहों केहोजानेपर सूर्यप्रभ मदनसेना आदिक अपनी सम्पूर्ण स्त्रियोंके साथ यथेष्टसुख अनुभवकरताहुआ फिर आनेको कह जानेवाले मयदैत्यकेआनेकी बाट देखताहुआ अपने मन्त्रियों समेत सुखपूर्वक रहा १८७॥ इतिश्रीकथास ॥

उत्पन्नहुआ मनुष्य पहले सबको भूल जाताहै तब हमको इससे क्या और इसे हमलोगों से क्या लाभ होगा सिद्धार्थ के यह वचनसुनकर मयासुरने कहा कि योगकी युक्ति से स्वतन्त्र होकर अपने पूर्व्व शरीरमें प्रवेश करतेहुए इसको तुमलोग भी वहां चलकर देखना यह तुमको भूलेगा नहीं इसमें यह कारणहै कि जो अस्वतन्त्र होके मरकर गर्भ से उत्पन्नहोताहै वह मरणादि क्लेशों से सब भूलजाता है और जो स्वतन्त्र होकर योगकी युक्ति से अन्तःकरण तथा इन्द्रियों में प्रवेशकरके द्वितीय शरीर में जाताहै उसके मन तथा बुद्धिमें कोई विकार नहीं होता वह एक घरसे दूसरे घरमें गयेहुए के समान कुछ भी नहीं भूलताहै इससे तुम सन्देह न करो इसे वृद्धावस्था और रोगोंसे रहित दिव्य शरीर प्राप्त होगा तुम सबलोगभी पूर्वजन्म के दैत्यहो पातालमें चलकर अमृत पीने से तुम्हारे भी शरीर नीरोग तथा दिव्य होजायँगे मयके यह वचनसुनकर सबको विश्वास होगया और सबके सन्देह दूरहोगये ६४ दूसरे दिन मय के कहने से राजा चन्द्रप्रभ अपने सम्पूर्ण परिकर समेत चन्द्रभागा तथा इरावतीनदी के संगमपर गया वहां सम्पूर्ण राजालोगों को तटपर बैठालकर और उन्हीं को सूर्य्यप्रभकी सब रानियां सौंपकर जलमें मयके बतायेहुए विवरमें चन्द्रप्रभ ने सूर्य्यप्रभ कीर्त्तिमती तथा सिद्धार्थ आदिक मंत्रियों समेत प्रवेश किया उस विवर के भीतर कुछदूर चलकर एक देवमन्दिर उन्हें दिखाई दिया और उसमें वह सबलोगगये इस बीच में जो राजालोग बाहर रहगये थे उनके पास बहुतसी विद्याधरों की सेना ने आकर माया से उन्हें स्तंभितकरदिया और सूर्य्यप्रभकी सम्पूर्ण रानियां हरलीनीं उससमय यह आकाशवाणीहुई कि अरे पापी श्रुतशर्म्मा जो चक्रवर्त्ती की इनस्त्रियों का तू स्पर्शभी करेगा तो सेना समेत तेरी मृत्युहोजायगी इससे माताके समान गौरवसे इनकी रक्षाकरना अभी तुझे मारकर जो मैंने यह नहीं छुड़ालीनी इसमें कोईकारणहै इससे कुछकाल यह तेरेही यहांरहें इस आकाशवाणी को सुन-कर सम्पूर्ण विद्याधर अन्तर्द्धान होगये और वीर भटादिक राजा कन्याओं को हरीहुई देखकर परस्पर युद्धकरके शरीरत्याग करनेका विचार करनेलगे उससमय फिर आकाशवाणी हुई कि हे राजालोगो तुम साहस मतकरो इन कन्याओंका कोई बिगाड़ न होगा यह फिर तुमको मिलजायँगी और तुम्हारा कल्याणहोगा इस आकाशवाणी को सुनकर सम्पूर्ण राजालोग मरनेका उद्योग त्यागकर वहीं उनकी प्रतीक्षा करनेलगे इस बीचमें उस देवमन्दिर में सबकेसाथ बैठेहुए राजा चन्द्रप्रभसे मयासुरने कहा कि हे राजा तुम सावधान होकर सुनो इससमय अन्य शरीर में प्रवेश करनेका बड़ा श्रेष्ठ योग में तुमको बताताहूं यह कहकर उसने सांख्य तथा योगका उपदेशकिया और योगसे अन्यशरीरमें प्रवेशकरने की युक्ति बताकर कहा कि यह महासिद्धि और ज्ञानहै जिससे स्वतन्त्रता ऐश्वर्य्य तथा अणिमादिकसिद्धियां प्राप्तहोती हैं इस ऐश्वर्य्य को पाकर मोक्षकी भी अभिलाषा नहीं रहती है इसीकेलिये बड़े २ ऋषिमुनि जप तप आदिक क्लेशोंको सहते हैं और इसके प्राप्त होनेके पीछे स्वर्गको भी नहींचाहते हैं इसविषय पर मैं तुमको एककथा सुनाताहूं कि व्यतीतहुए कल्पमें कालनाम एक ब्राह्मणथा वह पुष्कर तीर्थपर रात्रि दिन जप करनेलगा उसे जप करते २ दोसे दिव्य वर्ष व्यतीतहुए तब उसके शिरसे असंड महा-

अश्वमेध यज्ञ नहीं किया और देवतालोगों का तिरस्कार किया यहभी कहना उनका ठीकनहीं है क्योंकि रुद्रयज्ञकरने पर अन्ययज्ञोंसे क्याप्रयोजनहै और संपूर्ण देवताओंके स्वामी श्रीशिवजी के पूजनमें किस देवताका पूजननहीं होगया और जो उसने कहा कि केवल श्रीशिवजीकी प्रत्याशासे तुम्हारा कल्याण नहीं होगा यहभी महाही अनुचितहै जिसकार्य्य में साक्षात् श्रीशिवजीउद्यतहैं उसमें अन्य देवताओंका क्या प्रयोजनहै क्या सूर्य्य भगवान् के उदयहोनेपर और कोईभी तेज चमकताहै हे नारदजी आप इन्द्रसे यह सब हमारा उत्तर कह दीजिये हम अपने कार्य्यको करतेहैं उनको जैसा उचित समझपड़े सो करें मयासुर के यहवचन सुनकर नारदमुनि प्रतिसंदेश लेकर इन्द्रके पास चले गये नारदके चलेजानेपर इन्द्रके संदेशे से कुछ संदेह युक्त राजाचन्द्रप्रभ को देखकर मयासुर बोला कि इन्द्रसे आपलोगोंको भयनहींकरना चाहिये वहहमारे द्वेषसे संपूर्ण देवतालोगों को साथ में लाकर युद्ध में श्रुतशर्म्मा का पक्षकरेगा और आपके पक्षमें प्रह्लादकी आज्ञा से असंख्य दैत्य दानव होंगे और हमारे ऊपर श्री शिवजी कृपाकरेंगे इससे तीनों लोकों में ऐसा कौनहै जो विचारा हमारे सन्मुख आवेगा इससे हे वीरलोगो इस कार्य्य में उद्योग करो मयके यह वचनसुनकर सम्पूर्ण लोग प्रसन्न होकर उसके कहने से युद्धकेलिये तैयारहोगये इसके उपरान्त मन्त्रियों के सन्देशे से सववीरभटादि राजा लोग अपनी २ सेनासमेत वहां आये उन सबका यथायोग्य सत्कारकरके सावधान हुए चन्द्रप्रभसेमय दैत्य फिर बोला कि हे राजा आज तुम रुद्रकी महाबलि करो तदनन्तर जो मैं कहूंगा सो करना-मयासुरके यह वचनसुनकर चन्द्रप्रभने बलिकी सम्पूर्ण सामग्री इकट्ठी करवाई और रात्रिके समयवनमें जाकर मयदैत्यके उपदेश से बलिप्रदान किया और जब राजा भक्तिपूर्व्वक हवन करनेलगा तब साक्षात् नन्दीगण प्रकटहुआ और राजाके पूजनको ग्रहण करके बोला कि श्रीशिवजी ने कहा है कि हमारी कृपासे तुम सैकड़ों इन्द्रोंसे भी मतडरो सूर्य्यप्रभ अवश्य विद्याधरोंका चक्रवर्ती होगा इसप्रकार श्री शिवजीका सन्देशा कहकर और अपना बलिका भागलेकर नंदीश्वर अन्तर्द्धान होगया तब राजा चन्द्रप्रभ अपने पुत्रके उदयमें विश्वासयुक्त होकर बलिको समाप्त करके मयसमेत अपने पुरकोगया प्रातःकाल एकान्तमें रानी पुत्र मन्त्री तथा अपने मित्रराजा लोगों समेत बैठेहुए राजा चन्द्रप्रभ से मयने कहा कि हे राजा तुमसे आज मैं एक गुप्तबात कहताहूं तुम मेरे पुत्र महाबलवान् सुनीथनाम दैत्य हो और सूर्य्यप्रभ सुमुण्डीकनाम तुम्हारा छोटाभाई है तुम दोनों देवता लोगों के युद्धमें मारेगये थे मैंने तुम्हारा शरीर दिव्य औषधियों से लिसकर रक्खा है इससे विवरमें घुसके पाताल में जाके मेरी बताईहुई युक्तिसे अपने पूर्व शरीरमें प्रवेश करो उस शरीरमें प्रवेश करनेसे तुम्हारा तेजवीर्य्य तथाबल इतना बढ़ेगा जिससे तुम देवता लोगोंको जीतलोगे और सुमुण्डीकका अवतार यह सूर्य्यप्रभ इसी शरीरसे विद्याधरों का चक्रवर्ती होगा मयासुरके यह वचन चन्द्रप्रभने प्रसन्नता पूर्व्वक स्वीकार करलिये तब सिद्धार्थ ने कहा कि हे दानवोत्तम यह अन्य देहमें प्रविष्टहुआ अथवा मृत्युको प्राप्तहुआ हमारी इस भ्रान्तिको कौन मिटावेगा और यह देहान्तर में जाकर हम लोगोंको भूलजायगा जैसे मरकर फिर

उत्पन्नहुआ मनुष्य पहले सबको भूल जाताहै तब हमको इससे क्या और इसे हमलोगों से क्या लाभ होगा सिद्धार्थ के यह वचनसुनकर मयासुरने कहा कि योगकी युक्ति से स्वतन्त्र होकर अपने पूर्व्व शरीरमें प्रवेश करतेहुए इसको तुमलोग भी वहां चलकर देखना यह तुमको भूलेगा नहीं इसमें यह कारणहै कि जो अस्वतन्त्र होके मरकर गर्भ से उत्पन्नहोताहै वह मरणादि क्लेशों से सब भूलजाता है और जो स्वतन्त्र होकर योगकी युक्ति से अन्तःकरण तथा इन्द्रियों में प्रवेशकरके द्वितीय शरीर में जाताहै उसके मन तथा बुद्धिमें कोई विकार नहीं होता वह एक घरसे दूसरे घरमें गयेहुए के समान कुछ भी नहीं भूलताहै इससे तुम सन्देह न करो इसे वृद्धावस्था और रोगोंसे रहित दिव्य शरीर प्राप्त होगा तुम सबलोगभी पूर्वजन्म के दैत्यहो पातालमें चलकर अमृत पीने से तुम्हारे भी शरीर नीरोग तथा दिव्य होजायँगे मयके यह वचनसुनकर सबको विश्वास होगया और सबके सन्देह दूरहोगये ६४ दूसरे दिन मय के कहने से राजा चन्द्रप्रभ अपने सम्पूर्ण परिकर समेत चन्द्रभागा तथा इरावतीनदी के संगमपर गया वहां सम्पूर्ण राजालोगों को तटपर बैठालकर और उन्हीं को सूर्य्यप्रभकी सब रानियां सौंपकर जलमें मयके बतायेहुए विवरमें चन्द्रप्रभ ने सूर्य्यप्रभ कीर्त्तिमती तथा सिद्धार्थ आदिक मंत्रियों समेत प्रवेश किया उस विवर के भीतर कुछदूर चलकर एक देवमन्दिर उन्हें दिखाई दिया और उसमें वह सबलोगगये इस बीच में जो राजालोग बाहर रहगये थे उनके पास बहुतसी विद्याधरों की सेना ने आकर माया से उन्हें स्तंभितकरदिया और सूर्य्यप्रभकी सम्पूर्ण रानियां हरलीनी उससमय यह आकाशवाणीहुई कि अरे पापी श्रुतशर्म्मा जो चक्रवर्त्ती की इनस्त्रियों का तू स्पर्शभी करेगा तो सेना समेत तेरी मृत्युहोजायगी इससे माताके समान गौरवसे इनकी रक्षाकरना अभी तुझे मारकर जो मैंने यह नहीं छुड़ालीनी इसमें कोईकारणहै इससे कुछकाल यह तेरेही यहांरहें इस आकाशवाणी को सुनकर सम्पूर्ण विद्याधर अन्तर्द्धान होगये और वीर भटादिक राजा कन्याओं को हरीहुई देखकर परस्पर युद्धकरके शरीरत्याग करनेका विचार करनेलगे उससमय फिर आकाशवाणी हुई कि हे राजालोगो तुम साहस मतकरो इन कन्याओंका कोई बिगाड़ न होगा यह फिर तुमको मिलजायँगी और तुम्हारा कल्याणहोगा इस आकाशवाणी को सुनकर सम्पूर्ण राजालोग मरनेका उद्योग त्यागकर वहीं उनकी प्रतीक्षा करनेलगे इस बीचमें उस देवमन्दिर में सबकेसाथ बैठेहुए राजा चन्द्रप्रभसे मयासुरने कहा कि हे राजा तुम सावधान होकर सुनो इससमय अन्य शरीर में प्रवेश करनेका बड़ा श्रेष्ठ योग में तुमको बताताहूं यह कहकर उसने सांख्य तथा योगका उपदेशकिया और योगसे अन्यशरीरमें प्रवेशकरने की युक्ति बताकर कहा कि यह बड़ासिद्धि और ज्ञानहै जिससे स्वतन्त्रता ऐश्वर्य्य तथा अणिमादिकसिद्धियां प्राप्तहोती हैं इस ऐश्वर्य्य को पाकर मोक्षकी भी अभिलाषा नहीं रहती है इसीकेलिये बड़े २ ऋषिमुनि जप तप आदिक क्लेशोंको सहते हैं और इसके प्राप्त होनेके पीछे स्वर्गको भी नहींचाहते हैं इसविषय पर मैं तुमको एककथा सुनाताहूं कि व्यतीतहुए कल्पमें कालनाम एक ब्राह्मणथा वह पुष्कर तीर्थपर रात्रि दिन जप करनेलगा उसे जप करते २ दोसौ दिव्य वर्ष व्यतीतहुए तब उसके शिरसे अखंड महा-

करने से वह नष्ट होजायगा यह सुनकर मैंने कहा कि क्या कहतेहो कि वह कौनहै सुनो श्रीशिवजीने उसे विद्याधरों का चक्रवर्त्ती बनाया है जो वह मनुष्य भी है तो मनुष्य तो देवता भी होगये हैं और विद्याधरोंने तो उसका पराक्रम देखाही है मैं जानताहूं कि उसका तो नाश न होगा पर उसके यहां आने से तुम्हारा नाश अवश्य होजायगा मेरे इसकहने पर सम्पूर्ण सभा कुपित होगई और श्रुतशर्म्मा तथा धुरन्धर मुझे मारनेको दौड़े उन्हें आते देखकर मैंने खड़े होकर कहा कि आओ मैं तुम्हारा पराक्रम तो देखूं तब दामोदरने उठकर उन दोनोंको रोका और कहा कि दूत तथा ब्राह्मण अवध्य होताहै तब विक्रमशक्तिने मुझसे कहा कि हे दूत जाओ तुम्हारे स्वामीके समान हम सब लोग भी ईश्वरके बनाये हुएहैं वह आवे तो हम उसका अतिथि सत्कार करसक्ते हैं देखा जायगा उसके यह अभिमान युक्त वचन सुनकर मैंने हँसकर कहा कि कमलोंके वनमें हंस तभीतक शब्द करते हैं जबतक मेघ आकर आकाशको नहीं आच्छादित करते हैं यह कहकर मैं वहां से चला आया प्रहस्तके यह वचन सुनकर मयासुरादिकों ने प्रसन्न होकर युद्धके उद्योगका निश्चय करके रणदुर्मद प्रभासको अपना सेनापति बनाया और सुवासकुमारसे रणकी दीक्षाकी आज्ञापाकर सब उसदिनसे नियम पूर्व्वक रहने लगे १७२ तदनन्तर रात्रिके समय गृहकेभीतर व्रतशय्या में सोयेहुए सूर्य्यप्रभने वहां आई एक श्रेष्ठ कन्या देखी उसे देखकर यह झूठ मूठको सोगया तब वह कन्या उसे और उसके सब मंत्रियोंको सोताहुआ जानकर निकट आकर उसका स्वरूप देखकर अपनी सखी से बोली कि जो सोनेपर भी इसकी ऐसी सुन्दर शोभाहै तो जागनेपर न जानिये कैसीहोगी अब नेत्रोंका कौतुक पूरा होगया इसको जगाओमत इसपर मुझे अपना चित्तभी बहुत न लगाना चाहिये श्रुतशर्म्मा के साथ इसका संग्राम होनेवाला है उसमें न जानें किसको क्या होगा शूरोंके प्राणों के व्ययके निमित्त युद्धका उत्सवहुआ करता है उसमें इसका कल्याण होय फिर जो कुछ होगा सो देखाजायगा और इसने विमानपर चढ़के कामचूड़ामणि को देखा है मुझ सरीकी स्त्रियोंपर इसको कैसे अनुराग होगा उसके यह वचन सुनकर उसकी सखी बोली कि तुम क्या कहतीहो क्या तुम्हारा हृदय इसपर अत्यन्त आसक्त नहीं होगया है १८० जिसे देखकर कामचूड़ामणिका भी चित्तचलायमान हुआ उसे देखकर जो साक्षात् अरुन्धतीभी होंय तो उनका भी चित्तचलायमान होजाय तो अन्य साधारण स्त्रियोंकी क्या गणना है और यह क्या तुमको नहीं मालूमहै कि इसे सब विद्या आगई हैं इससे यह युद्धमें अवश्य जीतेगा सिद्धलोगोंने प्रथमही कहाहै कि यह विद्याधरोंका चक्रवर्त्ती होगा और तुम्हें इसकी स्त्री होनाबतायाहै तो क्या सिद्धलोगोंका वचन मिथ्याहोसक्ताहै तुम्हाराकाम चूड़ामणिका और सुप्रभाका एकहीगोत्रहै इनमेंसे सुप्रभाकेसाथ तो इसका विवाहहोचुकाहै जिसका चित्तसुप्रभापर अनुरक्तहुआहै उसका तुमपर क्यों नहींहोगा क्योंकि तुम उससे अधिकरूपवतीहो और तुम्हारे बान्धव नहींमानेंगे इसबातकाभी सन्देह तुमको नहीं करनाचाहिये क्यों कि पतिकेसिवाय स्त्रियोंका कोईबान्धव नहीं है सखीके यहवचनसुनकर वहकन्याबोली कि हेसखी तुम सत्यकहतीहो मुझे अन्यबन्धुओंसे क्या प्रयोजनहै मैंने यद्यपि अपनी विद्यासे जानलियाहै कि इसकी

युद्धमें विजयहोगी क्योंकि इसे सम्पूर्णरत्न तथा विद्या तो सिद्धहोगई हैं परन्तु अभीतक औषधी नहीं सिद्ध हुई हैं इससे मेरे चित्तमें सन्देहहोताहै वह सम्पूर्ण औषधियां चन्द्रपादनाम पर्व्वतकीगुफामें हैं पुण्यात्मा चक्रवर्त्तियोंकोही सिद्धहोती हैं जो यह वहांजाकर औषधियोंकोभी सिद्धकरे तो बहुतअच्छाहै क्योंकि प्रातःकालही यहयुद्धकरनेको जायगा इनवातों को सुन सूर्य्यप्रभ झूठीनिद्राको छोड़कर उठबैठा और बोला कि हेसुन्दरी तुमने मेरे ऊपर बड़ापक्षपातदिखाया मैंवहांजाकरऔषधियोंको सिद्धकरताहूं और बताओ कि तुमकौनहो उसके यहवचनसुनकर वहकन्या जानगई कि इसने मेरीसबबातें सुनली हैं इसी से लज्जितहोगई और उसकी सखीबोली कि यह विद्याधरोंके स्वामी सुमेरुकी भतीजी है इसकाविला- सिनीनामहै आपके दर्शनोंको यहां आईथी इसप्रकार कहतीहुई सखीको अपने साथलेकर विलासिनी चलीगई तब सूर्य्यप्रभने अपने प्रभासादिक सम्पूर्ण मंत्रियोंको जगाकर औषधियों को सिद्धकरनेके लिये सुनीथ सुमेरु तथा मयासुरको बुलाने के लिये प्रहस्तको भेजा प्रहस्तके साथ उन सब लोगोंने आकर कहा कि अच्छीबातहै चलो औषधि सिद्धकरें तब सूर्य्यप्रभ रात्रिहीके समय उन सब लोगोंको साथलेकर चन्द्रपाद पर्व्वतको औषधि सिद्धकरनेको चला मार्गमें अनेक यक्ष गुह्यक तथा कूष्माण्ड अनेक प्रकारके शस्त्रोंकोलेकर विघ्न करनेकोमिले उनमें से कुछोंको शस्त्रोंसे मारकर और कितनोंही को अपनी विद्यासे स्तंभित करके वह चन्द्रपाद पर्व्वतपर पहुंचा वहां जिस गुफा में औषधियां उसके द्वारपर श्रीशिवजीके गणोंने उसेरोका तब सुवासकुमारने कहा कि इनके साथ युद्ध नहीं करना चा- हिये नहीं तो श्रीशिवजी अप्रसन्नहोंगे इससे आठहजारनामों से श्रीशिवजी महाराजहीकी स्तुतिकरो उन्हींकी स्तुतिसे यह लोग भी प्रसन्नहोजायंगे सुवासकुमार के यह वचन सुनकर सूर्य्यप्रभादिकों ने वरदायक श्रीशिवजीकी स्तुतिकी स्तुतिको सुनकर वह गणप्रसन्न होकरबोले कि हम गुफाको छोड़े देते हैं तुम इसमें से महौषधियांलेलो परन्तु इसमें सूर्य्यप्रभको न जाना चाहिये प्रभासको जाना चाहिये क्योंकि यहगुफा इसको सुगम है गणों के यहवचन सुनकर सबने प्रभासको उसगुफामें भेजा प्रभास के जातेही महा अन्धकारसे युक्त वह गुफा प्रकाशित होगई और उसमें बैठे हुए चार घोर राक्षस उठकर प्रणामकरके बोले कि आइये महौषधियां लीजिये तब प्रभासने वहां से सातोंदिव्य महौषधियां लेकर बाहर आकर सूर्य्यप्रभ को देदीं उससमय यह आकाशवाणी हुई कि हे सूर्य्यप्रभ यह सातों दिव्य महौषधी आजतुमको सिद्धहोगईं इनमें महा प्रभावहै इस आकाशवाणी को सुनकर सूर्य्यप्रभ अपने सब सा- थियों समेत सुमेरु के आश्रम को चलाआया वहाँ आकर सुनीथने सुवासकुमार से पूछा कि हे मुने सूर्य्यप्रभको छोड़कर गणों ने प्रभासहीको गुफामें जानेकी क्यों आज्ञादी और राक्षसों ने क्यों इसका सत्कार किया यह सुनकर सुवासकुमार ने सबके आगे कहा कि प्रभास सूर्य्यप्रभका बड़ा हितकारीहै और आत्मरूपहै इनदोनों में कोई भेदनहीं है और प्रभास के समान यहाँ कोई शूर तथा प्रभाववान्भी नहींहै पूर्व्वजन्मके पुण्यों से यह गुफा इसीकी है यह पूर्व्वजन्ममें जोथा सो सब मैं तुमसे वर्णन कर- ताहूं पूर्व्वही एक नमुचिनाम महादानी दैत्यथा जिसे अपने शत्रुओं को भी कोई पदार्थ अदेय न

था उसने दशहजारवर्ष तपकरके ब्रह्माजीसे यह वरपाया कि लोह काष्ठ तथा पाषाण से न मरे तब कई वार इन्द्र को जीत २ कर युद्धसे उसने भगाया इन्द्रकी यह दुर्द्दशा देखकर कश्यपमुनिने देवता और दैत्यों से सन्धिकरवादी तदनन्तर वैरके निवृत्तहोजाने से सम्पूर्ण देवता दैत्य मिलकर मन्दराचल की रई बनाकर क्षीरसमुद्र को मथने लगे समुद्र में से अनेक पदार्थ निकले उनमेंसे उच्चैश्रवा नमुचि के भाग में आया और अन्य सम्पूर्ण पदार्थ ब्रह्माकी आज्ञासे सब दैत्य और देवताओं के भागमें यथा-योग्य आये सम्पूर्ण पदार्थों के उपरान्त पीछे से निकलेहुए अमृत को लेकर देवतालोग भागगये इस से उनका और दैत्य लोगोंका फिर वैरहोगया और परस्पर युद्धहोनेलगा युद्ध में जिस २ दैत्य को दे-वतालोग मारते थे उच्चैश्रवा उस २ को सूंघ२ कर जिलादेताथा इससे देवतालोग दैत्य और दानवों को युद्ध में नहीं जीतसके तब इन्द्रको उदासीन देखकर वृहस्पतिने एकान्त में उससेकहा कि तुम्हारी जयका एक उपायहै उसको तुम बहुत शीघ्रता से करो कि तुम आपही नमुचि के पास जाकर उस से उच्चैश्रवामांगो वहतुमको शत्रुजानकर भी उच्चैश्रवा अवश्य देदेगा और जन्मभरके संचितकिये हुए अपने यशको कभी खंडित नहीं करेगा वृहस्पतिजीके यह वचन सुनकर इन्द्रने सब देवताओं को साथ लेजाकर नमुचिसे उच्चैश्रवा घोड़ामांगा इन्द्र को मांगता देखकर नमुचिने शोचा कि मेरेपाससे कोई भी याचक विमुख नहीं जाताहै फिर इन्द्रको तो विमुख करना मुझे उचित नहीं है इससे इसे उ-च्चैश्रवा घोड़ा अवश्य देना योग्य है मैंने संसारमें बहुतकाल से जोदानकी कीर्त्ति फैलारक्खी है वह जोनष्ट होजायगी तो मेरे धन तथा प्राणोंसे भी क्या लाभहै इसप्रकार शोचकर उसने शुक्राचार्य्यके निषेधको भी न मानकर वह उच्चैश्रवा घोड़ा इन्द्रको देदिया तब इन्द्रने घोड़ापाकर शस्त्रादिकों से अवध्य नमुचिको वज्र में गंगाजीका फेन रखकर मारा उससे वह मरगया ( अहोदुरन्तासंसारे भोग तृष्णायया हताः। अनौचित्यादकीर्त्तिश्च देवाश्चापिनविभ्यति ) इस संसारमें भोग तृष्णा बड़ी कठिनहै जिसके वशीभूतहोकर देवता लोग भी अपयश तथा अनुचित काय्यों से नहीं डरते हैं नमुचिको इस प्रकार मराहुआ जानकर उसकी माता दनु ने अपने तपोबल से शोक के दूरकरनेको यह संकल्प किया कि वही नमुचि मेरे गर्भमें आकर फिर उत्पन्नहोवे और युद्ध में देवताओं से न जीताजाय तब वही नमुचि दनु के गर्भ से सम्पूर्ण रत्नमय शरीरवाला उत्पन्नहुआ और उसका नाम प्रबलहुआ उसजन्म में भी उसने तपकरके सौवार युद्धमें इन्द्रको जीता और पूर्व्वजन्मकेही समान दान देकर याचक लोग सन्तुष्ट किये तब सम्पूर्ण देवतालोगों ने सलाह करके पुरुष यज्ञ करने के लिये जाकर उससे श-रीरमांगा उसने उन शत्रुओं को भी अपना शरीर देदिया ठीकहै (प्राणानुदाराविसृजन्त्यर्थिनोनपरा-ङ्मुखान्) उदारलोग अपने प्राणतलक देदेते हैं परन्तु याचकोंको विमुख नहीं फेरते तब देवतालोगों ने उसका शरीर लेकर उसके खण्ड २ करडाले, वही प्रबल मनुष्यलोकमें प्रभासनामसे उत्पन्नहुआहै इसने नमुचि और प्रबलनाम दोनों जन्मों में बड़ेभारी पुण्यकिये हैं उन्हीं के प्रभावसे इसको कोई शत्रु इस जन्ममें नहीं जीतसक्ताहै इन ओषधियोंकी गुफाका वह प्रबलही स्वामीथा इसी से यह गुफा प्रभास के

आधीन है इसी गुफाके नीचे पातालमें प्रबलका मंदिर है जहां इसकी बारह मुख्यस्त्री अनेक प्रकार के रत्न नानाप्रकारके शस्त्र चिन्तामणि एकलक्षयोद्धा और एकलक्षही घोड़े यह सब वस्तुहैं उन सब वस्तुओंका स्वामी अब प्रभासही है क्योंकि इसी ने पूर्व्वजन्ममें यह सब उपार्जन कीथी इससे प्रभास के किसी कार्य्य में भी आश्चर्य्य न करना चाहिये यह बड़ाही प्रतापी है सुवासकुमारके यह वचनसुनकर सूर्य्यप्रभ, मयासुर प्रभास सुमेरु तथा सुनीथादिकोंको साथ लेकर उन रत्नादिकों के लानेके निमित्त पातालमें उस मंदिरके जानेके बिलके द्वारपरगया वहां प्रभास अकेलाही बिलके द्वारा अपने मंदिरको गया और सम्पूर्ण धन चिन्तामणि घोड़े योद्धा तथा अपनी बारहों स्त्रियोंको लेकर बाहरआया तब सूर्य्यप्रभ बहुत प्रसन्नहोके उसको सायलेकर अपने सम्पूर्ण साथियों समेत सुमेरुके आश्रमपर अपनी सेनामें आया वहांआकर सम्पूर्ण राजा तथा दैत्यलोगोंको अपने२ डेरोंपर चले जानेपर उसने कुशासन पर लेटकर जो रात्रि शेषथी सो व्यतीतकी २४६ ॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांसूर्य्यप्रभलम्बकेतृतीयस्तरंगः ३ ॥

इसके उपरान्त प्रातःकाल सूर्य्यप्रभ अपनी सम्पूर्ण सेना समेत सुमेरुके तपोवनसे श्रुतशर्म्मा को जीतनेकेलिये त्रिकूटाचल के निकटगया और वहां से श्रुतशर्म्माकी सेनाको हटाकर वहीं अपनी सेना का डेराडालकर और वहीं सभाका स्थानवनवाकर सुमेरु, मयासुर तथा सुनीथ आदिकोंकेसाथ सभामें बैठा उससमय श्रुतशर्मा के पिता त्रिकूटाचलके स्वामी के दूतने आकर सुमेरुसे कहा कि श्रुतशर्मा के पिताने आपसे यह संदेशा कहाहै कि मैंने दूरहोनें के कारण तुम्हारा कभी सत्कार नहीं किया आज तुम अपने साथियों समेत मेरे देशमें आयेहो इससे अब में आपका अतिथि सत्कार यथायोग्य करूंगा शत्रुके इस संदेशेको सुनकर सुमेरुने दूतसे कहा कि बहुत ठीक है हमारे समान योग्य अतिथि उसको दूसरा नहीं मिलैगा क्योंकि अन्य अतिथियोंके सत्कारसे परलोकमें फल मिलताहै और हमारे सत्कार का फल इसीलोकमें मिलजायगा इससे हम लोग तैयारहैं वह आकर अतिथि सत्कारकरै सुमेरुके यह वचन सुनकर वह दूत अपने स्वामी के पास चलागया इसके उपरान्त सूर्य्यप्रभादिक सबलोग किसी ऊंचे स्थानपर खड़े होके अपनी सम्पूर्ण सेनाको देखनेलगे तब सुनीथने अपने पिता मयासुर से कहा कि इससेनामें आपमुझे रथ महारथ और अतिरथ आदिकोंका विभागवताइये मयासुरने कहा कि सुनो यहकहकर वह अंगुलीसे बता२कर कहनेलगा कि सुवाहु, निर्घात, मुष्टिक, गोहर प्रलंब, प्रमाथ, कंकट, पिंगल, तथा वसुदत्तादिक यह सब राजा अर्द्धरथ हैं अंकुटी, सुविशाल, दंडीभूषण, सोमिल, उन्मत्तक, देवशर्म्मा, पितृशर्म्मा, कुमारक तथा हरिदत्तादिक यह सब राजा पूर्णरथहैं, प्रकंपन, दर्पित, कुम्भीर, मातृपालित, महाभट, उग्रभट, वीरस्वामी, सुराधर, भंडीर, सिंहदत्त, गुणवर्मा, कीटक, भीम तथा भयंकर यह सब द्विरथहैं विरोचन, वीरसेन, यज्ञसेन, कुञ्जर, इन्द्रवर्म्मा, शबरक, क्रूरकर्मा, तथा निराशक, यह सब त्रिरथहैं सुशर्म्मा, बाहुशाली, विशाख, क्रोधन, तथा प्रचंड यह सब राजपुत्र चतुररथहैं, जिंजरी, वीरवर्मा, प्रवीर, सुप्रतिज्ञ, अमराराम, चंडदत्त, जालिक, सिंहभट, व्याघ्रभट तथा शत्रुभट यह सब राजा

तथा राजपुत्र पंचरथहैं यह उग्रवर्मा नाम राजपुत्र पंट्रथहै, विशाल, सुतन्तु, सुगम तथा नरेन्द्रशर्म्मा यह सब सप्तरथहैं यह राजा सहस्रायुका पुत्र महारथहै यह शतानीक महारथों के यूथका स्वामी है सूर्य्यप्रभ के मित्र सुभास, हर्ष, विमल, महाबुद्धि अचल, प्रियंकर, शुभंकर, यज्ञरुचि तथा धर्मरुचि यह सब महारथहैं सूर्य्यप्रभ के मंत्री विश्वरुचि, भास तथा सिद्धार्थ यह तीनों महारथों के यूथपति हैं प्रहस्त तथा महार्थ अतिरथों के यूथपति हैं प्रज्ञाढ्य तथा स्थिरबुद्धि, पूर्णरथों के यूथपहैं सर्वदमन प्रमथन, धूमकेतु, प्रवहण, वज्रपञ्जर, कालचक्र तथा मरुद्वेग यह सब रथोंके तथा अतिरथों के अधिपतिहैं प्रकंपन तथा सिंहनाद रथातिरथों के यूथपहैं महाकाय, काम्बलिक, कालकंपनक, तथा प्रहृष्टरोमा, यह चारों दैत्यराज अतिरथों के यूथपों के अधिपति हैं और सूर्य्यप्रभके समान बलवान् सेनाका स्वामी यह प्रभास तथा सुमेरुका पुत्र श्रीकुंजरकुमार यह दोनों महारथों के यूथपोंके यूथपहैं यह तथा अन्य बहुत से शूर हमारी सेनामें हैं परन्तु हमारे शत्रुओं की सेनामें इससे भी अधिक हैं तथापि श्री शिवजीकी कृपासे वह लोग हमारा कुछ भी नहीं करसकेंगे मयासुरके इसप्रकार कहतेही कहते श्रुतशर्म्मा के पिताका भेजाहुआ दूत आया और बोला कि त्रिकूटाधिपति ने आपसे कहाहै कि शूरलोगोंकेलिये संग्राम बड़ा उत्सवहै औरयहां की पृथ्वी सकेतहै इससे कलापकग्राम नाम स्थानमें चलो वहीं हमलोग भी जातेहैं क्योंकि वहां की पृथ्वी बहुत विस्तृतहै यह सुनकरसुनीथ तथा सूर्य्यप्रभादिक अपनी सम्पूर्ण सेनाको लेकर कलापग्रामको गये श्रुतशर्म्मा भी अपनी सम्पूर्ण विद्याधरोंकी सेनाको लेकर वहींआया श्रुतशर्माकी सेनामें हाथियोंको देखकर सूर्यप्रभनेभी विमानभेजकर अपने हाथी बुलवालिये तदनन्तर श्रुतशर्म्माकी सेनामें सेनाधिपति दामोदरने महाशुचिव्यूह बनाया उसव्यूहके किनारेपर अपने मंत्रियों समेत श्रुतशर्म्मारहा व्यूहके आगे दामोदररहा और अन्यस्थानों में अन्यान्य महारथरहे ४१ और सूर्य्यप्रभकी सेनामें सेनाधिपति प्रभासने अर्द्धचन्द्रव्यूह बनाया उसके मध्यमें वह आपही रहा दोनों कोनों पर कुंजरकुमार तथा प्रहस्तरहा और सूर्य्यप्रभ तथा सुनीथादिक यह सब उसके पीछेरहे और सुवासकुमार तथा सुमेरु उसके पास खड़ेरहे इसप्रकार व्यूहोंकी रचनाकरके दोनों सेनाओं में रणके बाजे बजने लगे उससमय सम्पूर्ण देवतालोग संग्राम देखने के लिये आकाश में आये उनसे सम्पूर्ण आकाशपूर्ण होगया अप्सराओं तथा लोकपालों समेत इन्द्र आये सम्पूर्ण भूतगण मातृकादेवी तथा पार्वती समेत श्रीशिवजी आये सम्पूर्ण महर्षि मूर्त्तिमान् वेदशास्त्र तथा सावित्री आदि समेत भगवान् ब्रह्माजी आये लक्ष्मी कीर्त्ति तथा जयाआदि देवियोंसे युक्त शंख चक्र गदा पद्मधारी श्रीविष्णुभगवान् गरुड़पर चढ़करआये अपनी स्त्रियोंसमेत महर्षि कश्यपजीआये सूर्य्यआये, वसुआये और यक्ष राक्षस सर्प तथा प्रह्लादादिक दैत्य आये इनसबसे आकाशके व्याप्त होजानेपर दोनों सेनाओंका बड़ा संग्राम होनेलगा अनेक प्रकारके शस्त्र चलनेलगे जयजयकारका महाशब्द होनेलगा उससमय बनेवाणोंके समूहरूपी मेघोंसे सम्पूर्ण दिशा आच्छादित होगई परस्पर बाणोंके चलनेसे अग्निरूपी बिजली चमकनेलगी और शस्त्रोंसे मारेगये हाथी घोड़ोंके रुधिरों से पूर्ण वीरों के शरीररूपी ग्राहों से युक्त रुधिरकी नदियां

बहनेलगीं उसनदीमें नाचतेहुए तैरतेहुए तथा नानाप्रकारके शब्द करतेहुए शूरलोगोंको शृगालोंको तथा भूतोंको महा आनन्दहुआ इसप्रकार बहुतसी सेनाके मरनेसे तुमुल युद्धके शान्त होजानेपर और धीरे २ अपनी तथा पराई सेनाके भेद मालूम होनेपर और लड़तेहुए प्रतिपक्षियोंके नाम सुमेरुकेद्वारा सूर्य्यप्रभादिकोंको विदित होनेपर पहले राजासुबाहु तथा विद्याधरोंके स्वामी अट्टहासका द्वन्द्वयुद्धहुआ बहुत कालतक युद्ध होनेपर अट्टहासने सुबाहुको बाणों से वेधकर उसका शिर अर्द्धचन्द्र बाणसे काट डाला सुबाहुको मरा देखकर अत्यन्त क्रोधयुक्त होके मुष्टिक अट्टहाससे लड़नेलगा उसेभी अट्टहासने बाणोंसे गेरकर मारा मुष्टिकको इसप्रकार मराहुआ देखकर राजाप्रलंब क्रोधित होकर अट्टहाससे लड़ने लगा अट्टहासने उसेभी मर्मोंमें बाणमारकर यमपुरभेजा और उसकी सम्पूर्ण सेनाभी मारडाली उसेभी मरा देखकर मोहन नाम राजा अट्टहासके साथ द्वन्द्वयुद्ध करनेलगा तब अट्टहासने उसके सारथीको मार धनुषको काट बाणों के दृढ़प्रहारों से उसे भी मारगिराया अट्टहाससे चार योद्धाओं को मरा देख कर श्रुतशर्म्माकी सेना प्रसन्नता से गर्जनेलगी यह देखकर सूर्य्यप्रभका मित्रहर्ष अपनी सेना लेकर सेना समेत अट्टहाससे लड़नेलगा उसने अपने शरोंसे अट्टहासके बाणोंको काटकर सारथीको मार दो तीनबार धनुष काटकर ध्वजा गिराकर उसका शिरकाटडाला इससे वह रथपरसे पृथ्वीपर गिरपड़ा अट्टहासके मरनेसे श्रुतशर्म्माकी सेनामें बड़ा क्षोभहुआ और सेना आधी दिखाई देनेलगी उससमय क्षणभरमेंही घोरयुद्धसे दोनों सेनाओं के हाथी घोड़े तथा पैदल इतने मरे कि युद्धमें केवल कबन्धही कबन्ध दिखाई देनेलगे तब विकृतदंष्ट्र नाम विद्याधर क्रोधसे आकर हर्षसे लड़नेलगा हर्षने उसके सारथी ध्वजा रथ तथा घोड़ोंको मारकर अपने बाणोंसे कुंडल समेत उसका शिरभी काटकर पृथ्वीमें डालदिया विकृतदंष्ट्रके मरनेपर कुपित होकर चक्रवाल नाम विद्याधरोंके स्वामीने हर्षका धनुषकाटके और युद्धमें उसे थकाकर मारडाला तब क्रोधसे राजा प्रमाथ चक्रवालके साथ युद्ध करनेलगा उसे भी उसने मारडाला और फिर क्रोधकरके इकट्ठे आयेहुए कंकट विशाल प्रचंड तथा अंकुरी इनचारों राजाओंको भी मार डाला इन सबको मराहुआ देखकर निर्घातनाम राजा चक्रवाल के साथ युद्धकरनेलगा इन दोनों ने बहुत कालतक युद्धकरके परस्पर एक दूसरेका रथ बाणों से चूर्णकरडाला और पदातीहोकर खड्ग तथा चक्रलेकर परस्पर युद्धकरनेलगे युद्ध करते २ वह दोनों एक दूसरे के खड्ग से कटकर पृथ्वीपर गिरपड़े उन दोनों वीरों को मराहुआ देखकर दोनों सेनाओं में उदासीनताहुई फिर विद्याधरों का स्वामी कालकंपन युद्धकरनेको आया उसके साथ युद्धकरनेको प्रकंपननाम राजपुत्रगया कालकंपन ने क्षणभरही में उसे बाणों से मारगिराया प्रकंपन को मरादेखकर जालिक चण्डदत्त गोपक सोमिल तथा पितृशर्म्मा यह पांचों एक साथही कालकंपन से युद्धकरनेलगे उसने इन सबको विरथकरके एक साथही पांच बाण मारकर यमपुरको भेजदिया यह देखकर विद्याधर तो प्रसन्नहुए परन्तु मनुष्य तथा दैत्य बहुत खिन्नहुए तब उन्मत्तक प्रशस्त विलवक तथा धुरन्धर यह चारों रथी कालकंपन से युद्धकरनेलगे उसने इन चारों को भी शीघ्रता से मारकर फिर आयेहुए तेजिक गेडुक वंगिल शासिल भद्रंकर तथा दंडी यह रथी भी

मारडाले और इन्हें मारकर भीम भीषण कुम्भीर विकट तथा सविलोचन इन पांचों रथियों को भी मारा कालकंपनसे इसप्रकार बहुत से राजाओं को मारेगये देखकर सुगणनाम राजपुत्र उससे जाकर युद्ध करने लगा परस्पर युद्ध करते २ वह दोनों एक दूसरे के घोड़े तथा सारथियों को मार विरथहोगये उससमय वह परस्पर खड्ग युद्धकरनेलगे युद्धकरते २ कालकम्पनने सुगणको पृथ्वीपर गिराकर उसका शिरकाट डाला उससमय मनुष्योंके साथ मानों विद्याधरोंका युद्ध असम्भव जानकर सूर्य्य भगवान् खिन्नहोकर अस्ताचलकोगये तव रुधिरसे भरीहुई युद्धभूमिही रक्तनहींहुई किन्तु आकाशभी सन्ध्यासे रक्तताको प्राप्तहोगया और भूत तथा कवन्ध नृत्यकरने लगे इसप्रकार उसदिनके व्यतीतहोजानेपर दोनों सेना युद्ध वन्दकरके अपने २ डेरोंको चलीगई उसदिन श्रुतशर्म्माकी सेनामें तो तीन वीर और सूर्य्यप्रभकी सेनामें तेतीस वीर मारेगये इससे सूर्य्यप्रभ अपने वांधव तथा मित्रादिकों के वधसे उदासीन होकर मंत्रियों के साथ युद्धसम्बन्धी वार्त्तालाप करताहुआ रात्रिभर सोया नहीं और इसकी सम्पूर्ण रानियां वन्धुओंके दुःखसे विकलहोके एक दूसरेके समझानेके लिये इकट्ठीहुई वहां रोनेके अवसरमें भी वहअनेकप्रकारकी वार्त्तालाप करनेलगीं ठीकहै (स्त्रीणां नसक्षणोयत्रनकथास्वपराश्रया) स्त्रियोंका ऐसाकोई भी क्षणनहींहोताहै जिसमें वह अपनी या पराई वात न करें उससमय प्रसंगसे एकराजपुत्रीने कहा कि वड़ा आश्चर्य्य है आज आर्यपुत्र स्त्रियोंके विनाही सोगये यहसुनकर दूसरीने कहा कि युद्धमें वन्धुओं के नाशसे आर्यपुत्र दुःखितहोरहे हैं उनका चित्त स्त्रियों में कैसे लगे यहसुनकर किसी अन्यराजपुत्रीने कहा कि जो अवभी कोई नवीन श्रेष्ठ कन्या मिलजाय तो उन्हें दुःखभूलजाय यहसुनकर कोई और राजपुत्री बोली कि यद्यपि आर्यपुत्र स्त्रियोंमें वड़े अनुरक्तहैं तथापि वह ऐसेदुःखमें स्त्रियोंपर चित्त नहीं चलावेंगे १०१ उनसवके ऐसे विचारकरनेपर फिर किसी राजपुत्रीने कहा कि वताओ आर्यपुत्र ऐसे स्त्रियोंमें अनुरक्त क्यों हैं वहुतसी स्त्रियोंके होनेपरभी वह निरन्तर नवीन २ स्त्रियोंका संग्रह किया करते हैं और सन्तुष्ट नहीं होतेहैं यहसुनकर वड़ीचतुर मनोवती नाम राजपुत्री वोली कि मैं तुमको इसवात का कारण वताती हूं कि राजालोग वहुतसी स्त्रियोंसे विवाह क्यों करते हैं, देश रूप अवस्था चेष्टा तथा विज्ञान आदिक भेदोंसे श्रेष्ठ स्त्रियोंमें भिन्न २ गुणहोते हैं एकही में सवगुण नहीं होसक्ते हैं कर्णाट लाट सौराष्ट्र तथा मध्य देशोंमें उत्पन्नहुई स्त्रियां अपने २ देशोंके गुणोंसे पुरुषों के चित्त हरती हैं कोई शरत्कालके चन्द्रमाके समान अपने २ मुखों से कोई सुवर्ण के कुम्भोंके समान शोभायमान सटेहुए उन्नत स्तनोंसे कोई कामदेवके सिंहासनके समान सुन्दर जंघाओंसे और कोई अन्य २ सुन्दर अंगोंसे पुरुषों के चित्तोंको हरती हैं कोई सुवर्णके समान निर्मल अंगवाली कोई प्रियंगुके समान श्यामांगी और कोई रक्तवर्ण स्त्रियांहोती हैं उन्हें देखकर मनुष्योंके नेत्र लुभाते हैं कोई स्त्री यौवनके आगमन में कोई सम्पूर्ण यौवनमें और कोई प्रौढ़ावस्थामें अपनी सुन्दरतासे मनोहरहोती है कोई हँसनेमें शोभितहोती है कोई क्रोधमें मनोहर लगती है कोई हाथी के समान गंभीरतासे गमनकरती है कोई चलने में हंसके समान शोभितहोती है कोई अमृतके समाम मधुर वचनों से कर्णोंको तृप्तकरती है कोई भृकुटियों को

चलाकर देखतीहुई स्वभावहीसे मनोहरहोतीहैं कोई नृत्यमें शोभित दीखतीहै कोई अपने मनोहर गान से मनुष्योंके चित्तको आकर्षण करतीहै और कोई वीणा आदिक बजाकर पुरुषोंको अपने ऊपर आशक्तकरती है कोई बाह्यरति जानती है कोई आभ्यन्तर रति में प्रवीण होती है कोई शृंगार से अत्यन्त शोभित होती है कोई चतुरता से चित्त को हरती है और कोई अपने पति को चित्त के अभिप्रायको जानकर उसी के अनुसार कार्य्य करके उसे अपने वशीभूत करती है कहांतक कहूं स्त्रियों में अलग २ अनेक२प्रकारके गुण होते हैं किसी में कोई गुण किसी में कोईगुण परन्तु एक स्त्री में सम्पूर्ण गुण नहीं होते हैं इसीसे श्रेष्ठ राजालोग अनेक प्रकार के स्वाद लेने की इच्छासे बहुतसी स्त्रियों के साथ विवाह करतेही जाते हैं और परस्त्रियोंसे संगम करना कभी नहीं चाहते हैं इससे आर्य्यपुत्रका यह दोष नहीं है और इसमें हमलोगों को ईर्षा भी न करना चाहिये मनोवती के यह वचनसुनकर मदनसेना आदिक अन्यरानी भी उसीप्रकार अनेक बातें कहनेलगीं उससमय अत्यन्त रससे लज्जा रहित होकर उन सब रानियों ने परस्पर सुरत क्रियाकी प्रवीणताका भी उपदेश किया ठीकहै (प्रसंगमिलिताःकथाप्रसरसक्तचित्ता मिथस्तदस्तिनकिमप्यहोयदिहनोद्गमन्तिस्त्रियः) प्रसंगसे मिलीहुई स्त्रियां कथाके प्रबन्धमें चित्त के लगजाने से ऐसी कौन बातहै जो नहीं कहती हैं इसप्रकार वार्त्तालाप करते २ उन सब रानियों ने जागकर वह रात्रि व्यतीत की और शत्रुवों के जीतने की इच्छासे सूर्य्योदयकी आकांक्षा करते हुए सूर्य्यप्रभको भी वह रात्रि जागतेही जागते व्यतीत हुई १२१ ॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांसूर्य्यप्रभलम्बकेचतुर्थस्तरङ्गः ४॥

इसके उपरान्त प्रातःकाल सूर्य्यप्रभ अपनी सम्पूर्ण सेनाको लेकर युद्धभूमि में गया और श्रुतशर्म्मा भी अपनी सबसेनाको साथलेकर आया और इन्द्र ब्रह्मा विष्णु तथा शिव आदिक देवता दैत्य यक्ष राक्षस सर्प तथा गन्धर्व युद्ध देखने को आये श्रुतशर्म्मा की सेनामें दामोदर ने चक्रव्यूह बनाया और सूर्य्यप्रभकी सेनामें प्रभासने वज्रव्यूह बनाया तब दोनों सेनाओं में युद्धके बाजे बजनेलगे सुभटगर्जनेलगे और युद्धका प्रारंभहुआ शस्त्रोंसे मरेहुए शूर मेरे मण्डलको भेदतेहैं इसीसे मानों भयभीत होकर सूर्यबाणों के जाल में छुपगये दामोदर के बनायेहुए चक्रव्यूहको कोई दूसरा नहीं भेदसक्ता था इससे सूर्य्यप्रभकी आज्ञासे प्रभासने उसेभेदकर उसमें प्रवेश किया दामोदरने वहीं आकर उसे रोककर उसव्यूहके छिद्रको बन्दकिया और उनदोनोंका युद्धहोनेलगा सूर्यप्रभने प्रभासको व्यूहके भीतर अकेलाही गया देखकर उसकेपीछे प्रकंपन धूमकेतु कालकंपन,महामाय,मरुद्वेग,प्रहस्त,वज्रपंजर,कालचक्र, प्रमथन,सिंहनाद,कंबल,विकटाक्ष,प्रवहण,कुंजरकुमार, और प्रहृष्टरोमा यह पन्द्रह महारथी व्यूहकेद्वारपर भेजे उस समय दामोदरने अपूर्वही पुरुषार्थ दिखाया कि प्रभासको छोड़कर अकेलेही उन पन्द्रहों के सामने युद्धकिया यहदेखकर इन्द्रने पास खड़ेहुए नारदमुनिसे कहा कि सूर्य्यप्रभादिक यह सबदैत्योंके अवतार हैं और श्रुतशर्मादिक विद्याधर देवताओं के अंशहैं उनमें से श्रुतशर्मा मेराही अंशहै इससे यह युद्ध देवासुर संग्रामहै देखो विष्णुभगवान् देवताओं के सदैव सहायक होतेहैं इसीसे विष्णुभगवान्

मारडाले और इन्हें मारकर भीम भीषण कुम्भीर विकट तथा सविलोचन इन पांचों रथियों को भी मारा कालकंपनने इसप्रकार बहुत से राजाओं को मारेगये देखकर सुगणनाम राजपुत्र उससे जाकर युद्ध करने लगा परस्पर युद्ध करते २ वह दोनों एक दूसरे के घोड़े तथा सारथियों को मार विरथहोगये उससमय वह परस्पर खड्ग युद्धकरनेलगे युद्धकरते २ कालकम्पनने सुगणको पृथ्वीपर गिराकर उसका शिरकाट डाला उससमय मनुष्योंके साथ मानों विद्याधरोंका युद्ध असम्भव जानकर सूर्य्य भगवान् खिन्नहोकर अस्ताचलकोगये तब रुधिरसे भरीहुई युद्धभूमिही रक्तनहींहुई किन्तु आकाशभी सन्ध्यासे रक्तताको प्राप्तहोगया और भूत तथा कबन्ध नृत्यकरने लगे इसप्रकार उसदिनके व्यतीतहोजानेपर दोनों सेना युद्ध बन्दकरके अपने २ डेरोंको चलीगईं उसदिन श्रुतशर्म्माकी सेनामें तो तीन वीर और सूर्य्यप्रभकी सेनामें तेतीस वीर मारेगये इससे सूर्य्यप्रभ अपने बांधव तथा मित्रादिकों के वधसे उदासीन होकर मंत्रियों के साथ युद्धसम्बन्धी वार्त्तालाप करताहुआ रात्रिभर सोया नहीं और इसकी सम्पूर्ण रानियां बन्धुओंके दुःखसे विकलहोके एक दूसरेके समझानेके लिये इकट्ठीहुईं वहां रोनेके अवसरमें भी वहअनेकप्रकारकी वार्त्तालाप करनेलगीं ठीकहै (स्त्रीणां निसक्षणोयत्रनकथास्वपराश्रया) स्त्रियोंका ऐसाकोई भी क्षणनहींहोताहै जिसमें वह अपनी या पराई बात न करें उससमय प्रसंगसे एकराजपुत्रीने कहा कि बड़ा आश्चर्य्य है आज आर्यपुत्र स्त्रियोंके विनाही सोगये यहसुनकर दूसरीने कहा कि युद्धमें बन्धुओं के नाशसे आर्यपुत्र दुःखितहोरहे हैं उनका चित्त स्त्रियों में कैसे लगे यहसुनकर किसी अन्यराजपुत्रीने कहा कि जो अबभी कोई नवीन श्रेष्ठ कन्या मिलजाय तो उन्हें दुःखभूलजाय यहसुनकर कोई और राजपुत्री बोली कि यद्यपि आर्यपुत्र स्त्रियोंमें बड़े अनुरक्तहैं तथापि वह ऐसेदुःखमें स्त्रियोंपर चित्त नहीं चलावेंगे १०१ उनसबके ऐसे विचारकरनेपर फिर किसी राजपुत्रीने कहा कि बताओ आर्यपुत्र ऐसे स्त्रियोंमें अनुरक्त क्यों हैं बहुतसी स्त्रियोंके होनेपरभी वह निरन्तर नवीन २ स्त्रियोंका संग्रह किया करते हैं और सन्तुष्ट नहीं होतेहैं यहसुनकर बड़ीचतुर मनोवती नाम राजपुत्री बोली कि मैं तुमको इसबात का कारण बताती हूं कि राजालोग बहुतसी स्त्रियोंसे विवाह क्यों करते हैं, देश रूप अवस्था चेष्टा तथा विज्ञान आदिक भेदोंसे श्रेष्ठ स्त्रियोंमें भिन्न २ गुणहोते हैं एकही में सबगुण नहीं होसक्ते हैं कर्णाट लाट सौराष्ट्र तथा मध्य देशोंमें उत्पन्नहुई स्त्रियां अपने २ देशोंके गुणोंसे पुरुषों के चित्त हरती हैं कोई शरत्कालके चन्द्रमाके समान अपने २ मुखों से कोई सुवर्ण के कुम्भोंके समान शोभायमान सटेहुए उन्नत स्तनोंसे कोई कामदेवके सिंहासनके समान सुन्दर जंघाओंसे और कोई अन्य २ सुन्दर अंगोंसे पुरुषों के चित्तको हरती हैं कोई सुवर्णके समान निर्मल अंगवाली कोई प्रियंगुके समान श्यामांगी और कोई रक्तवर्ण स्त्रियांहोती हैं उन्हें देखकर मनुष्योंके नेत्र लुभाते हैं कोई स्त्री यौवनके आगमन में कोई सम्पूर्ण यौवनमें और कोई प्रौढावस्थामें अपनी सुन्दरतासे मनोहरहोती है कोई हँसनेमें शोभितहोती है कोई क्रोधमें मनोहर लगती है कोई हाथी के समान गंभीरतासे गमनकरती है कोई चलने में हंसके समान शोभितहोती है कोई अमृतके समान मधुर वचनों से कर्णोंको तृप्तकरती है कोई भृकुटियों को

चलाकर देखतीहुई स्वभावहीसे मनोहरहोतीहैं कोई नृत्यमें शोभित दीखतीहै कोई अपने मनोहर गान से मनुष्योंके चित्तको आकर्षण करतीहै और कोई वीणा आदिक वजाकर पुरुषोंको अपने ऊपर आशक्तकरती है कोई बाह्यरति जानती है कोई आभ्यन्तर रति में प्रवीण होती है कोई शृंगार से अत्यन्त शोभित होती है कोई चतुरता से चित्त को हरती है और कोई अपने पति को चित्त के अभिप्रायको जानकर उसी के अनुसार कार्य्य करके उसे अपने वशीभूत करती है कहांतक कहूं स्त्रियों में अलग २ अनेक२प्रकारके गुण होते हैं किसी में कोई गुण किसी में कोईगुण परन्तु एक स्त्री में सम्पूर्ण गुण नहीं होते हैं इसीसे श्रेष्ठ राजालोग अनेक प्रकार के स्वाद लेने की इच्छासे वहुतसी स्त्रियों के साथ विवाह करतेही जाते हैं और परस्त्रियोंसे संगम करना कभी नहीं चाहते हैं इससे आर्य्यपुत्रका यह दोष नहीं है और इसमें हमलोगों को ईर्षा भी न करना चाहिये मनोवती के यह वचनसुनकर मदनसेना आदिक अन्यरानी भी उसीप्रकार अनेक बातें कहनेलगीं उससमय अत्यन्त रससे लज्जा रहित होकर उन सव रानियों ने परस्पर सुरत क्रियाकी प्रवीणताका भी उपदेश किया ठीकहै (प्रसंगमिलिताःकथाप्रसरसक्त चित्ता मिथस्तदस्तिन्नकिमप्यहोयदिहनोद्वमन्तिस्त्रियः) प्रसंगसे मिलीहुई स्त्रियां कथाके प्रबन्धमें चित्त के लगजाने से ऐसी कौन वातहै जो नहीं कहती हैं इसप्रकार वार्त्तालाप करते २ उन सव रानियों ने जागकर वह रात्रि व्यतीत की और शत्रुवों के जीतने की इच्छासे सूर्य्योदयकी आकांक्षा करते हुए सूर्य्यप्रभको भी वह रात्रि जागतेही जागते व्यतीत हुई १२१॥

इतिश्रीकथासारित्सागरभाषायांसूर्य्यप्रभलम्बकेचतुर्थस्तरङ्गः ४॥

इसके उपरान्त प्रातःकाल सूर्य्यप्रभ अपनी सम्पूर्ण सेनाको लेकर युद्धभूमि में गया और श्रुतशर्म्मा भी अपनी सवसेनाको साथलेकर आया और इन्द्र ब्रह्मा विष्णु तथा शिव आदिक देवता दैत्य यक्ष राक्षस सर्प तथा गन्धर्व युद्ध देखने को आये श्रुतशर्म्मा की सेनामें दामोदर ने चक्रव्यूह वनाया और सूर्य्यप्रभकी सेनामें प्रभासने वज्रव्यूह वनाया तव दोनों सेनाओं में युद्धके वाजे वजनेलगे सुभटगर्जनेलगे और युद्धका प्रारंभहुआ शस्त्रोंसे मरेहुए शूर मेरे मण्डलको भेदतेहैं इसीसे मानों भयभीत होकर सूर्य्यवाणों के जाल में छुपगये दामोदर के वनायेहुए चक्रव्यूहको कोई दूसरा नहीं भेदसक्ता था इससे सूर्य्यप्रभकी आज्ञासे प्रभासने उसेभेदकर उसमें प्रवेश किया दामोदरने वहीं आकर उसे रोककर उसव्यूहके छिद्रको वन्दकिया और उनदोनोंका युद्धहोनेलगा सूर्य्यप्रभने प्रभासको व्यूहके भीतर अकेलाही गया देखकर उसकेपीछे प्रकंपन धूमकेतु कालकंपन,महामाय,मरुद्वेग,प्रहस्त,वज्रपंजर,कालचक्र, प्रमथन,सिंहनाद,कंवल,विकटाक्ष,प्रवहण,कुंजरकुमार, और प्रहृष्टरोमा यह पन्द्रह महारथी व्यूहकेद्वारपर भेजे उस समय दामोदरने अपूर्वही पुरुषार्थ दिखाया कि प्रभासको छोड़कर अकेलेही उन पन्द्रहों के साथमें युद्धकिया यहदेखकर इन्द्रने पास खड़ेहुए नारदमुनिसे कहा कि सूर्य्यप्रभादिक यह सवदैत्योंके अवतार हैं और श्रुतशर्मादिक विद्याधर देवताओं के अंशहैं उनमेंसे श्रुतशर्मा मेराही अंशहै इससे यह युद्ध देवासुर संग्रामहै देखो विष्णुभगवान् देवताओं के सदैव सहायक होतेहैं इसीसे विष्णुभगवान्

का अंश यह दामोदर इस प्रकार से युद्ध कररहाहै इन्द्रके इस प्रकार कहतेही दामोदर की सहायता के लिये ब्रह्मगुप्त, वायुबल, यमदंष्ट्र, सुरोषण, रोपावरोह, अतिबल, तेजप्रभ, धुरन्धर, कुबेरदत्त, वरुणशर्मा, कम्बलिक, दुष्टदमन दोहन, और आरोहण यह चौदह महारथआये और दामोदरकी सहायता करके सूर्यप्रभके वीरोंको व्यूहके द्वारपर रोककर युद्धकरनेलगे तब उनलोगोंके परस्पर द्वन्द्वयुद्ध होनेलगे दामोदरकेसाथ प्रकंपन, ब्रह्मदत्तकेसाथ धूमकेतु, महामायकेसाथ अतिबल, तेजप्रभकेसाथ कालकंपन, वायुबलकेसाथ मरुद्वेग, यमदंष्ट्रके साथ वज्रपंजर, सुरोषणकेसाथ कालचक्र, कुबेरदत्तकेसाथ प्रमथन, वरुणशर्माकेसाथ सिंहनाद, दुष्टदमनके साथ प्रवहण, रोपावरोहके साथ प्रहृष्टरोमा, धुरन्धरकेसाथ विकटाक्ष, काम्बलिककेसाथ काम्बलिक, आरोहणकेसाथ कुंजरकुमार, और दोहन जिसका कि दूसरा नाम महोत्पात भी है उसके साथ प्रहस्त का परस्पर द्वन्द्वयुद्ध होनेलगा व्यूहके आगे इसप्रकार द्वन्द्व युद्धको देखके सुनीथने मयासुरसे कहा कि देखो हमारे नाना प्रकारके युद्धों के जाननेवाले इन शूर महारथियों को प्रतिपक्षियों ने व्यूहमें प्रवेश नहीं करने दियाहै द्वारहीपर रोकरक्खाहै और प्रभास अकेलाही व्यूह के भीतर चलागया इससे न जानिये किसके लिये क्या होनेवालाहै यह सुनकर सुवासकुमारने कहा कि त्रैलोक्य में सम्पूर्ण देवता दैत्य तथा मनुष्य प्रभास से युद्ध करने में नहीं समर्थ होसक्के हैं फिर इन विद्याधरोंकी क्या गणनाहै इससे जानबूझकर भी तुमको ऐसा सन्देह नहीं करना चाहिये इसप्रकार सुवास कुमारके कहनेपर कालकंपन नाम विद्याधर युद्ध में प्रभासके सन्मुख आया तब प्रभास ने उससे कहा कि अरे तूनेमेरा बड़ा अपकार कियाहै आज मैं तेरे पुरुषार्थ को देखूंगा यह कहकर उसने उसके बाण मारे और वह भी प्रभासपर बाण चलाने लगा परस्पर बाणों से उन दोनों का बड़ा आश्चर्य्यकारी युद्ध बहुत काल तक होतारहा फिर प्रभास ने एक बाण से उसकी ध्वजा एक बाण से सारथी चार बाणों से चारों घोड़े एक बाण से धनुष दो बाणों से दोनों हाथ दो बाणों से दोनों कान और एक तीक्ष्ण बाण से उसका शिर काट के अपनी चतुरता दिखाई इसप्रकारसे अनेक वीरों के मारनेवाले कालकम्पन को मारके प्रभास ने अपना बदलालिया कालकम्पन को मरा देखके मनुष्य तथा दैत्य गर्जनेलगे और विद्याधर दुखितहुए तब कालिंजरगिरिका स्वामी विद्युत्प्रभनाम विद्याधर क्रोध करके प्रभास से युद्धकरनेलगा प्रभास ने उसकी भी ध्वजाकाटकर कईवार उसका धनुषकाटा और कई वार उसने नवीन धनुषलिया तब विद्युत्प्रभ लज्जितहोकर मायासे आकाश में उड़कर गुप्तहोके प्रभास के ऊपर खड्ग तथा गदाआदिक शस्त्रोंकी वृष्टिकरनेलगा प्रभास ने भी अपने बाणोंसे उसके शस्त्रोंको काटकर प्रकाशनास्त्र से उसे प्रकाशितकरके अग्निबाणमारा तब विद्युत्प्रभ उसके तेज से जलकर पृथ्वी पर गिरपड़ा यह देखकर श्रुतशर्म्मा ने अपने महारथियों से कहा कि देखो इसने महारथों के दो यूथप मारडाले इससे तुम सबलोग मिलकर इसेमारो यह सुनकर क्रोधितहोके वंकटकपर्व्वतका निवासी विद्याधरोंका स्वामी रथोंका यूथप ऊर्ध्वरोमा, धरणीधर पर्व्वतका निवासी विद्याधरोंका स्वामी महारथ विक्रोशननाम, लीलापर्वतका निवासी विद्याधरोंका स्वामी अतिरथोंका यूथप इन्द्रमाली, मलयाचलका

निवासी विद्याधरोंकास्वामी रथोंका यूथप काकांडक, निकेतपर्व्वतका निवासी विद्याधरोंकास्वामी अतिरथोंका यूथप दर्पवाह, अंजनगिरिका निवासी विद्याधरोंका स्वामी अतिरथोंका यूथप धूर्त्तपवन, कुमुद पर्व्वतका निवासी विद्याधरोंका स्वामी महारथोंका यूथप गधों के रथपर चलनेवाला वराहस्वामी और दुन्दुभि पर्व्वतका निवासी विद्याधरोंका स्वामी महारथों का यूथप मेघावर यह आठ वीर एकसाथही आकर प्रभासपर शस्त्रचलानेलगे प्रभास ने एकसाथही अपने वाणों से इन सबको वेधा किसी के घोड़े मारे किसीका सारथीमारा किसीकी ध्वजाकाटी किसीका धनुषकाटा और मेघावरके हृदय में चार वाण मारे जिनके लगने से वह निर्जीवहोकर पृथ्वीपर गिरपड़ा फिर अन्य सातों महारथियों के ऐसे वाणमारे कि उनके वाल उन वाणों में लिपटगये और अंजलिकनाम वाणसे ऊर्ध्वरोमाका शिरकाटडाला और शेष छः विद्याधरों को भालों से शिर काट २ कर पृथ्वीपर गिरादिया और उनके सारथी तथा घोड़े भी मारडाले उन आठों महारथियों को मराहुआ देखकर आकाश से प्रभास के ऊपर पुष्पों की वृष्टि हुई उसे देखकर देवता तथा मनुष्य प्रसन्नहुए और विद्याधर उदासीन होगये तव श्रुतशर्म्मा ने कुंडरकपर्व्वत के स्वामी काचरक, पंचकाद्रि के स्वामी डिंडिमाली, जयपुराचलके स्वामी विभावसु और भूमितुण्डक गिरि के स्वामी धवल यह चारों महारथियों के यूथप प्रभास से युद्धकरने को भेजे इनसबने जाकर एक साथही प्रभास को पांच २ सौ वाणमारे प्रभास ने उन वाणों को काटकर एक २ वाण से ध्वजा एक २ से धनुष एक २ से सारथी चार २ से घोड़े और एक २ वाण से चारों का शिर काटडाला इस प्रकार आठ २ वाणों से उन चारों को मारकर वह युद्धभूमि में गर्जनेलगा तव श्रुतशर्म्मा की आज्ञा से विश्वावसु के क्षेत्र में बुध से उत्पन्नहुआ कुवलय श्याम भद्रकर, जंभकके क्षेत्र में मंगल से उत्पन्न हुआ अग्नि के समान कान्तिवाला नियन्त्रिक, दामोदर के क्षेत्रमें शनैश्चर से उत्पन्न हुआ अत्यन्त कृष्णवर्ण कपिलमूर्धज, और चन्द्रमा के क्षेत्र में वृहस्पति से उत्पन्नहुआ सुवर्ण के समान कान्तिवाला विक्रमशक्ति, यहचारों विद्याधर प्रभाससे युद्धकरने को गये इनमें से पहले तीन अतिरथियों के यूथपोंकेभी यूथपथे और चौथा इनतीनोंसेभी अधिक पराक्रमीथा यहचारों रणभूमि में जाकर दिव्यास्त्रोंके द्वारा प्रभाससे युद्धकरनेलगे प्रभासने उनसव अस्त्रोंका नागयणास्त्र से निवारण करदिया और शीघ्रतासे उनचारोंके आठ २ वार धनुष काटकर उनको धनुषसे रहित करदिया तव वहगदा खड्ग तथा भाले शक्ति आदिक फेंक २ कर मारनेलगे प्रभासने उनसव शस्त्रोंकोभी काटकर घोड़े तथा सारथियोंको मारकर उनचारोंको विरथकरदिया ७५ यह देखकर श्रुतशर्म्मा ने केतुमालेश्वरके क्षेत्रमें अश्विनीकुमारसे उत्पन्नहुए दम तथा नियम और मकरन्दके क्षेत्र में आठों वसुओं से उत्पन्नहुए विक्रम संक्रम पराक्रम अक्रम सम्मर्द्दन मर्द्दन प्रमर्द्दन विमर्द्दननाम विद्याधर प्रभासके साथ युद्धकरनेको भेजे यहदशोंवीर रथियोंके यूथपोंके यूथपथे इनदशोंको सहायताके लिये आया देखकर वह छः विद्याधरभी रथोंपर चढ़े और इनको सायलेकर सबकेसब एकसाथही प्रभासपर वाणों की वृष्टि करनेलगे प्रभासने अकेलेही निर्भयहोकर उनसबके साथ युद्ध किया तब सूर्य्यप्रभकी आज्ञासे प्रहस्त और कुंजरकुमार

का अंश यह दामोदर इस प्रकार से युद्ध कररहाहै इन्द्रके इस प्रकार कहतेही दामोदर की सहायता के लिये ब्रह्मगुप्त, वायुबल, यमदंष्ट्र, सुरोषण, रोषावरोह, अतिबल, तेजप्रभ, धुरन्धर, कुबेरदत्त, वरुणशर्मा, कम्बलिक, दुष्टदमन दोहन, और आरोहण यह चौदह महारथआये और दामोदरकी सहायता करके सूर्यप्रभके वीरोंको व्यूहके द्वारपर रोककर युद्धकरनेलगे तब उनलोगोंके परस्पर द्वन्द्वयुद्ध होनेलगे दामोदरकेसाथ प्रकंपन, ब्रह्मदत्तकेसाथ धूमकेतु, महामायकेसाथ अतिबल, तेजप्रभकेसाथ कालकंपन, वायुबलकेसाथ मरुद्वेग, यमदंष्ट्रके साथ वज्रपंजर, सुरोषणकेसाथ कालचक्र, कुबेरदत्तकेसाथ प्रमथन, वरुणशर्माकेसाथ सिंहनाद, दुष्टदमनके साथ प्रवहण, रोषावरोहके साथ प्रहृष्टरोमा, धुरन्धरकेसाथ विकटाक्ष, काम्बलिककेसाथ काम्बलिक, आरोहणकेसाथ कुंजरकुमार, और दोहन जिसका कि दूसरानाम महोत्पात भी है उसके साथ प्रहस्त का परस्पर द्वन्द्वयुद्ध होनेलगा व्यूहके आगे इसप्रकार द्वन्द्व युद्धको देखके सुनीथने मयासुरसे कहा कि देखो हमारे नाना प्रकारके युद्धों के जाननेवाले, इन शूर महारथियों को प्रतिपक्षियों ने व्यूहमें प्रवेश नहीं करने दियाहै द्वारहीपर रोकरक्खाहै और प्रभास अकेलाही व्यूह के भीतर चलागया इससे न जानिये किसके लिये क्या होनेवालाहै यह सुनकर सुवासकुमारने कहा कि त्रैलोक्य में सम्पूर्ण देवता दैत्य तथा मनुष्य प्रभास से युद्ध करने में नहीं समर्थ होसक्ते हैं फिर इन विद्याधरोंकी क्या गणनाहै इससे जानबूझकर भी तुमको ऐसा सन्देह नहीं करना चाहिये इसप्रकार सुवास कुमारके कहनेपर कालकंपन नाम विद्याधर युद्ध में प्रभासके सन्मुख आया तब प्रभास ने उससे कहा कि अरे तूनेमेरा बड़ा अपकार कियाहै आज मैं तेरे पुरुषार्थ को देखूंगा यह कहकर उसने उसके बाण मारे और वह भी प्रभासपर बाण चलाने लगा परस्पर बाणों से उन दोनों का बड़ा आश्चर्यकारी युद्ध बहुत काल तक होतारहा फिर प्रभास ने एक बाण से उसकी ध्वजा एक बाण से सारथी चार बाणों से चारों घोड़े एक बाण से धनुष दो बाणों से दोनों हाथ दो बाणों से दोनों कान और एक तीक्ष्ण बाण से, उसका शिर काट के अपनी चतुरता दिखाई इसप्रकारसे अनेक वीरों के मारनेवाले कालकम्पन को मारके प्रभास ने अपना बदला लिया कालकम्पन को मरादेखके मनुष्य तथा दैत्य गर्जनेलगे और विद्याधर दुखितहुए, तब कालिंजरगिरिका स्वामी विद्युत्प्रभनाम विद्याधर क्रोध करके प्रभास से युद्धकरनेलगा प्रभास ने उसकी भी ध्वजाकाटकर कईवार उसका धनुषकाटा और कई वार उसने नवीन धनुषलिया तब विद्युत्प्रभ लज्जितहोकर मायासे आकाश में उड़कर गुप्तहोके प्रभास के ऊपर खड्ग तथा गदाआदिक शस्त्रोंकी वृष्टिकरनेलगा प्रभास ने भी अपने बाणोंसे उसके शस्त्रोंको काटकर प्रकाशनास्त्र से उसे प्रकाशितकरके अग्निबाणमारा तब विद्युत्प्रभ उसके तेज से जलकर पृथ्वी पर गिरपड़ा यह देखकर श्रुतशर्म्मा ने अपने महारथियों से कहा कि देखो इसने महारथों के दो यूथप मारडाले इससे तुम सबलोग मिलकर इसेमारो यह सुनकर क्रोधितहोके वंकटकपर्व्वतका निवासी विद्याधरोंका स्वामी रथोंका यूथप ऊर्ध्वरोमा, धरणीधर पर्व्वतका निवासी विद्याधरोंका स्वामी महारथ विक्रोशननाम, लीलापर्वतका निवासी विद्याधरोंका स्वामी अतिरथोंका यूथप इन्द्रमाली, मलयाचलका

को भी आश्चर्य्यकरानेवाला युद्ध सायङ्कालतकहोतारहा और इस बीच में बहुतसी सेना दोनों ओरकी मरी इसप्रकार दिन के व्यतीतहोजानेपर सायङ्कालकेसमय बहुत से भूत तथा कबन्ध उठ २ कर नाचने लगे तब बहुतसी सेना तथा बन्धुओंके मारेजानेसे दुःखितहुए विद्याधर और शत्रुओंके क्षयसे जयको प्राप्तहुए मनुष्य तथा दैत्य प्रसन्न होकर अपने२ कटकमें आये उससमय श्रुतशर्म्मा के पक्षको छोड़कर महारथियों के यूथपों के अधिपति दो विद्याधर सूर्य्यप्रभके पास आके और प्रणाम करके कहनेलगे कि हम दोनों महायान और सुमाय नाम विद्याधर हैं और हमारा तीसरासाथी सिंहवलथा हम लोग महा श्मशानोंके स्वामी होनेसे सिद्धहैं इससे कोई विद्याधर हमें नहीं जीत सक्ताहै एक समय श्मशान में सुखपूर्व्वक बैठेहुए हमलोगोंके पास महादिव्यप्रभाववाली सदैव प्रसन्नमुखी शरभाननाम योगिनी आई उससे हम लोगोंने प्रणामकरके पूंछा कि तुम कहांथीं और वहां तुमने क्या अपूर्व बातदेखी सो कहो तब उसने कहा कि मैं अपनी सम्पूर्ण योगिनियोंके साथ अपने स्वामी श्रीमहाकाल शिवजीके दर्शन को गईथी वहां मेरे साम्हने एक वेताल पतिने आकर श्रीशिवजीसे विज्ञापन करी कि हे स्वामी हमारी सेनाके महाअधिपति जिसे विद्याधरों ने मारडालाहै उसकी कन्याको तेजप्रभ नाम विद्याधर हरेलिये जाताहै उसे सिद्धलोगों ने विद्याधरों के चक्रवर्त्तीकी स्त्री होना वताया था इससे आप कृपाकरके उसे छुड़वादीजिये वेतालके यहवचन सुनकर श्री शिवजी ने हमसेकहा कि उस कन्याको छुड़ालाओ उन की आज्ञासे हमलोगों ने आकाशमें जाकर तेजप्रभके पास उस कन्याको देखा और उसे हाथ पैरों से स्तंभितकरके कन्याछीनली उससमय उसनेकहा कि मैं इस कन्याको चक्रवर्त्ती श्रुतशर्म्मा के लिये हरे लिये जाताथा, इसप्रकार उससे छीनकर वह कन्या श्रीशिवजीको हमने लाकर सौंपदी फिर कुछ दिन वहां रहकर श्री शिवजीको प्रणामकरके यहां आईहूं उसके यह वचन सुनकर फिर हमने उससे पूंछा कि तुम सर्वज्ञहो इससे वताओ कि विद्याधरोंका चक्रवर्त्ती कौनहोगा उसनेकहा कि सूर्य्यप्रभहोगा तब सिंहवलने कहा कि ऐसानहींहोसक्ता है क्योंकि सम्पूर्ण इन्द्रादिक देवता श्रुतशर्म्मा के पक्षमें हैं यहसु- नकर वह फिरबोली जो तुम्हें विश्वासनहींहै तो सुनो कि थोड़ेही कालमें श्रुतशर्म्माका और सूर्य्यप्रभ का युद्धहोगा उसमें तुम्हारेही सन्मुख यह सिंहवल मनुष्यके हाथसे माराजायगा तब तुम इस परीक्षासे ही जानलेना कि मेरा वचन सत्यहै यह कहकर वह योगिनी चलीगई आज उस योगिनी के वचन के अनुसार हमने अपने नेत्रों से देखलिया कि सिंहवलको मनुष्यने मारा इसी विश्वाससे हमको नि- श्चयहोगया कि आपही सब विद्याधरों के चक्रवर्त्तीहोंगे इसीसे हम आपके चरणकमलों के आश्रय में आये हैं अब आपकी आज्ञाके अनुसार सबकार्य्यकरेंगे उनके यहवचनसुनके सूर्य्यप्रभने विश्वास करके उन दोनोंका बड़ा सत्कारकिया और शत्रुकी सेनामें भेद देखकर तथा युद्धमें शत्रुओं के पक्षका नाश देखकर बहुत प्रसन्नहोके स्त्रियों के विना अपने मंत्रियों समेत शयनस्थान में जाकर लेटा उन दोनों विद्याधरों के चलेजानेका वृत्तान्त सुनकर श्रुतशर्म्माको बहुत दुखित देखके इन्द्रने उसके पास विश्वावसु के द्वारा यहकहला भेजा कि तुम धैर्य्यधरो प्रातःकाल सम्पूर्ण देवताओं को साथ लेकर मैं

व्यूहके अग्रभागसे युद्धछोड़कर शस्त्रलेके गौर तथा श्याम मूर्तिधारी राम तथा कृष्णके समान आकाशमार्ग से प्रभासके पास उसकी सहायताकोगये और दम तथा नियमसे युद्धकरनेलगे यद्यपि दम नियम रथोंपर सवारथे और वह पैदलथे तथापि उन्हों ने इन दोनोंको वाणों से व्याकुल करदिया और सारथियोंको मारकर उनके धनुप काटडाले तव दम और नियम दोनों भयभीतहोकर आकाशमें चले गये और प्रहस्त तथा कुंजरकुमारने भी अपने नेत्रों में दिव्य अंजनलगाके आकाशमें पहुंचकर दिव्यदृष्टिसे उन्हें देखकर इतने वाणमारे कि वह दोनों विद्याधर युद्धभूमिको छोड़कर भागगये उन्हें भगाकर वारह महारथियों से लड़तेहुए प्रभास के पास आकर प्रहस्तने उन वारहों के सारथी मारडाले और कुंजरकुमारने उनके घोड़े मारडाले तव वह वारहों विद्याधर विरथहोकर उन तीनों महारथियों से युद्ध न करसके और युद्धभूमिसे भागगये तव श्रुतशर्म्मा ने चन्द्रकुल पर्व्वतके स्वामी के क्षेत्रमें चंद्रमा से उत्पन्नहुए अतिरथों के यूथप चन्द्रमाके समान सुन्दर चन्द्रगुप्तनाम विद्याधरको और धुरंधराचल के क्षेत्रमें चन्द्रमासे उत्पन्नहुए अतिरथों के यूथप महातेजस्वी नगरंगमनाम अपने मंत्रीको युद्धके लिये भेजा इन दोनोंको भी प्रभासादिकों ने विरथकरके इतने वाणमारे कि यह भी युद्धछोड़कर भागगये तव मनुष्य तथा दैत्य प्रसन्नहोकर गर्जनेलगे प्रतिपक्षियों की इसप्रकार जयदेखकर श्रुतशर्म्मा मलयाचलादिकों के निवासी विद्याधरों के स्वामी चित्रपालआदि चार विद्याधरों के क्षेत्रों में त्वष्टा, भग, अर्य्यमा, तथा पूपासे उत्पन्नहुए महौघ, आरोहण, उत्पात, तथा वेत्रवान् नाम चार महारथियों को साथ लेकर युद्ध करनेको आया प्रभासादिक तीनों इन आयेहुए पांचों के साथ युद्धकरनेलगे तव परस्पर छोड़ेहुए वाणों के समूह आकाशमें ऐसे शोभितहुए कि मानों रणलक्ष्मी ने धूपके निवृत्तकरने के निमित्त चँदोआटांगाहै उस समय वह विद्याधर जो विरथहोकर भागगये थे सो भी लड़नेको आये तव सूर्य्यप्रभने श्रुतशर्म्मा के पास वहुतसे विद्याधरोंको देखकर प्रज्ञाढ्य, वीरसेन तथा शतानीक आदिक महारथी प्रभासकी सहायताके लिये भेजे और आकाशमार्ग से गयेहुए उन सवके लिये भूतासन विमानपर रखकर रथभेजे प्रभासादिक सम्पूर्ण वीर उनरथोंपर चढ़कर युद्धकरनेलगे उससमय श्रुतशर्म्मा के साथी अन्यवहुतसे विद्याधर भी आकर युद्धकरनेलगे तव प्रभासादिकों के साथ विद्याधरों का महा घोर संग्रामहुआ और द्वन्द्वयुद्धमें दोनों सेनाओं के वहुतसे महारथी मारेगये वीरसेन ने सेना समेत धूमलोचनको मारा वीरसेनको हरिशर्म्मा ने विरथकरकेमारा वीर विद्याधर हिरण्याक्षको अभिमन्युने मारा अभिमन्यु तथा हरिभटको सुनेत्रनेमारा और सुनेत्रको प्रभासनेमारा ज्वालामाली तथा महायु यह दोनों परस्पर लड़करमरे प्रवहननाम विद्याधरने कुंभीरक नीरसक खर्व सुशर्म्मा उग्रविक्रम, शत्रुभट, व्याघ्रभट, तथा सिंहभट इनसवकोमारा प्रवहणको सुरोह तथा त्रिरोहने मिलकरमारा उनदोनों को श्मशानवासी सिंहवल ने मारा और सिंहवल कपिलक चित्रापीड़ जगज्ज्वर, कान्तायति, सुवर्ण, कामधन, क्रोधपति, वज्रदेव तथा विचित्रापीड़ इन दश विद्याधरों को राजपुत्र शतानीक ने मारा इसप्रकार विद्याधरों को मारतेदेखकर श्रुतशर्म्मा क्रोधकरके शतानीकके साथ आपही युद्धकरनेलगा तव उन दोनोंका देवताओं

को भी आश्चर्यकरानेवाला युद्ध सायङ्कालतकहोतारहा और इस बीच में बहुतसी सेना दोनों ओरकी मरी इसप्रकार दिन के व्यतीतहोजानेपर सायङ्कालकेसमय बहुत से भूत तथा कबन्ध उठ २ कर नाचने लगे तब बहुतसी सेना तथा बन्धुओंके मारेजानेसे दुःखितहुए विद्याधर और शत्रुओंके क्षयसे जयको प्राप्तहुए मनुष्य तथा दैत्य प्रसन्न होकर अपने२ कटकमें आये उससमय श्रुतशर्म्मा के पक्षको छोड़कर महारथियों के यूथपों के अधिपति दो विद्याधर सूर्य्यप्रभके पास आके और प्रणाम करके कहनेलगे कि हम दोनों महायान और सुमाय नाम विद्याधर हैं और हमारा तीसरासाथी सिंहबलथा हम लोग महा श्मशानोंके स्वामी होनेसे सिद्धहैं इससे कोई विद्याधर हमें नहीं जीत सक्ताहै एक समय श्मशान में सुखपूर्व्वक बैठेहुए हमलोगोंके पास महादिव्यप्रभाववाली सदैव प्रसन्नमुखी शरभाननाम योगिनी आई उससे हम लोगोंने प्रणामकरके पूंछा कि तुम कहांथीं और वहां तुमने क्या अपूर्व बातदेखी सो कहो तब उसने कहा कि मैं अपनी सम्पूर्ण योगिनियोंके साथ अपने स्वामी श्रीमहाकाल शिवजीके दर्शन को गईथी वहां मेरे साम्हने एक वेताल पतिने आकर श्रीशिवजीसे विज्ञापनकरी कि हे स्वामी हमारी सेनाके महाअधिपति जिसे विद्याधरों ने मारडालाहै उसकी कन्याको तेजप्रभ नाम विद्याधर हरेलिये जाताहै उसे सिद्धलोगों ने विद्याधरों के चक्रवर्त्तीकी स्त्री होना बताया था इससे आप कृपाकरके उसे छुड़वादीजिये वेतालके यहवचन सुनकर श्री शिवजी ने हमसेकहा कि उस कन्याको छुड़ालाओ उन की आज्ञासे हमलोगों ने आकाशमें जाकर तेजप्रभके पास उस कन्याको देखा और उसे हाथ पैरों से स्तंभितकरके कन्याछीनली उससमय उसनेकहा कि मैं इस कन्याको चक्रवर्त्ती श्रुतशर्म्मा के लिये हरे लिये जाताथा, इसप्रकार उससे छीनकर वह कन्या श्रीशिवजीको हमने लाकर सौंपदी फिर कुछ दिन वहां रहकर श्री शिवजीको प्रणामकरके यहां आईहूं उसके यह वचन सुनकर फिर हमने उससे पूंछा कि तुम सर्वज्ञहो इससे बताओ कि विद्याधरोंका चक्रवर्त्ती कौनहोगा उसनेकहा कि सूर्य्यप्रभहोगा तब सिंहबलने कहा कि ऐसानहींहोसक्ता है क्योंकि सम्पूर्ण इन्द्रादिक देवता श्रुतशर्म्मा के पक्षमें हैं यहसु- नकर वह फिरबोली जो तुम्हें विश्वासनहींहै तो सुनो कि थोड़ेही कालमें श्रुतशर्म्माका और सूर्य्यप्रभ का युद्धहोगा उसमें तुम्हारेही सन्मुख यह सिंहबल मनुष्यके हाथसे माराजायगा तब तुम इस परीक्षासे ही जानलेना कि मेरा वचन सत्यहै यह कहकर वह योगिनी चलीगई आज उस योगिनी के वचन के अनुसार हमने अपने नेत्रों से देखलिया कि सिंहबलको मनुष्यने मारा इसी विश्वाससे हमको नि- श्चयहोगया कि आपही सब विद्याधरों के चक्रवर्त्तीहोंगे इसीसे हम आपके चरणकमलों के आश्रय में आये हैं अब आपकी आज्ञाके अनुसार सबकार्य्यकरेंगे उनके यहवचनसुनके सूर्य्यप्रभने विश्वास करके उन दोनोंका बड़ा सत्कारकिया और शत्रुकी सेनामें भेद देखकर तथा युद्धमें शत्रुओं के पक्षका नाश देखकर बहुत प्रसन्नहोके स्त्रियों के विना अपने मंत्रियों समेत शयनस्थान में जाकर लेटा उन दोनों विद्याधरों के चलेजानेका वृत्तान्त सुनकर श्रुतशर्म्माको बहुत दुःखित देखके इन्द्रने उसके पास विश्वावसु के द्वारा यहकहला भेजा कि तुम धैर्य्यधरो प्रातःकाल सम्पूर्ण देवताओं को साथ लेकर मैं

आप युद्धमें तुम्हारी सहायता करूंगा विश्वावसुके यहवचन सुनकर श्रुतशर्माका चित्त कुछ सावधान हुआ १३८ ॥ इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांसूर्य्यप्रभलम्बकेपंचमस्तरंगः ५॥

रात्रिके समय स्त्रियोंके विनाही अकेला शय्यापर लेटाहुआ रणकेलिये उत्कण्ठित सूर्य्यप्रभ अपने मंत्री वीतभीतसे बोला कि हे मित्र मुझे निद्रा नहींआती है इससे किसीसत्त्ववान् वीरपुरुषकी कथा तुम मेरे आगेकहो जिससे कि चित्तबहले सूर्य्यप्रभके यहवचन सुनकर बहुत अच्छा जो आज्ञा ऐसाकहकर वीतभीत यहकथा कहनेलगा कि सम्पूर्ण पृथ्वीकी आभूषणरूप समस्तरत्नों से युक्त उज्जयिनी नाम नगरी है उसमें महासेननाम गुणज्ञ सम्पूर्ण कलाओं का जाननेवाला सूर्य्यके समान तेजस्वी और चन्द्रमा के समान कान्तिमान् राजाथा उसके अशोकवतीनाम रानी प्राणोंके समान प्रियथी क्योंकि उसके समान त्रैलोक्यमेंभी कोई सुन्दर स्त्री न थी उसरानी के साथ क्रीड़ाकरतेहुए और धर्म्मपूर्वक राज्यका पालन करतेहुए राजा महासेनको गुणशर्म्मानाम एकब्राह्मण अत्यन्तप्रिय तथा मान्यहोगया गुणशर्म्मा अत्यन्त रूपवान् शूर वेदविद्याका पारंगत और सम्पूर्ण कला अस्त्र तथा शास्त्रादि विद्याओं का जाननेवालाथा वहसदैव राजाकेही पास रहाकरताथा एकसमय अन्तःपुर में नृत्यकी बातचीत के प्रसंगसे राजा तथा रानीने गुणशर्म्मासे कहा कि तुम सर्वज्ञहो इससे जो तुम नाचनाभी जानतेहो तो कृपाकरके अपना नाचहमें दिखाओ यहसुनकर गुणशर्म्मा मुसकुराकरबोला कि मैं नाचना जानताहूं परन्तु सभामें नाचना उचित नहींहै हास्यका कारण नृत्यमूर्खोंका काम है इसीसे शास्त्रोंमें बहुधा नाचनेका निषेधहै और फिर राजा रानीके आगे नाचना तो बड़ी लज्जाकी बातहै गुणशर्म्माके यहवचन सुनकर रानीकी प्रेरणासे राजाबोला कि यहसभा नहींहै जहां नाचनेसे पुरुषोंको लज्जाहोतीहै यह तो मित्रोंकी गोष्ठी है इसमें अपनी २ चतुरता अवश्य दिखावनी चाहिये मैं तुम्हारा राजा नहींहूं क्योंकि तुम मेरे परममित्रहो आज जबतक तुम नाचोगे नहीं तबतक मैं भोजन नहींकरूंगा राजाके इसप्रकार हठकरनेपर गुणशर्म्माने नाचना स्वीकारकिया ठीकहै (कथंहिलंघ्यतेभृत्यैर्ग्रहिकस्यप्रभोर्वचः) आग्रही स्वामीके वचनोंको सेवक कैसे टालसक्तेहैं तब गुणशर्म्माने ऐसा उत्तम नृत्यकिया कि राजा तथा रानी का चित्तभी उसके साथ नाचनेलगा नाचनेके उपरान्त राजाने उसको वीणा बजानेकोदी उसने उस वीणाको छेड़तेही राजासे कहा कि हे महाराज यहवीणा अच्छी नहीं है मुझे दूसरी वीणा मँगवादीजिये इसवीणाकी तांतके भीतर कुत्तेका बालहै इसके बजनेसे मुझे यहबात मालूमहोती है यहकहकर उसने राजाको वीणदेदी राजाने उसकी तांतको खुलवाकर जो देखा तो उसमें कुत्तेका बालनिकला तब राजाने उसकी बड़ी प्रशंसाकरके उसेदूसरी वीणा मँगादी उसवीणाको बजाकर गुणशर्म्मा ने मधुर स्वरसे गानकिया उसके मधुरगानको सुनकर तथा वीणामें अति प्रवीणताको देखकर राजा और रानी को बड़ा आश्चर्य्यहुआ तब गुणशर्म्माने राजाको अपनी शस्त्र और अस्त्र विद्याभी दिखाई यहदेखकर राजाने उससे कहा कि जो तुम युद्धविद्याभी जानते हो तो मुझे एकबन्धकर्ण दिखाओ उसने कहा आपशस्त्र लेकर मेरे ऊपरप्रहार कीजिये तब राजाने जो खड्गादिक शस्त्रलेकर गुणशर्म्मापर प्रहार

किये उन सबको बचा २ कर उसने राजाके हाथ पैर बांधदिये तब तो राजाने गुणशर्म्मा की अत्यन्त प्रशंसाकी और उसे राज्य के कार्य्यों में सहायता देने के योग्यजाना उससमय रानी अशोकवती उसके रूप तथा गुणों को देखकर मोहितहोगई और उसने यहशोचके कि जो यहयुवापुरुष मुझे नहीं मिला तो मेरा जीवन व्यर्थ है राजासे कहा कि हे आर्यपुत्र आप कृपाकरके गुणशर्म्मा को आज्ञा दीजिये कि यहमुझे वीणावजाना सिखलादेवे आज इसे वीणा बजाते देखकर मेरा भी चित्त वीणा जाने को बहुत चाहता है यह सुनकर राजाने गुणशर्म्मा से कहा कि तुम रानी को वीणा बजाना सिखादो राजाकी आज्ञा पाकर उसने कहा कि बहुत अच्छा किसी दिन अच्छा मुहूर्त्त देख के सिखलाने का प्रारम्भकरूंगा यह कहकर और राजा से पूंछकर वह अपने घरको चलागया ३५ तदनन्तर गुणशर्म्मा रानीकी दृष्टि विपरीत देखकर अधर्म की शंकासे बहुत दिनतक वीणा बजानेकी शिक्षा को टालतारहा एकदिन राजाके भोजन के समय गुणशर्म्मा भी बैठाथा उसने रसोइयेको दालपरोसते देखकर कहा कि यह मतपरोसो यह सुनकर राजाने पूंछा कि तुमने इसे क्यों निषेध किया उसने कहा कि इसमें विषमिला है इस रसोइये ने परोसते समय भय तथा शंका से चकित होकर मेरा मुख देखाथा और अन्यलक्षणों से भी मुझे मालूम होगया है आप अभी किसी जीवको खिलाकर देख लीजिये अभी मालूम होजायगा मैं पीछेसे उसका विष दूरकरदूंगा उसके यह वचन सुनकर राजाने उसी रसोइयेको वह व्यंजन खिलाया खातेही उसे मूर्च्छा आगई तब गुणशर्म्मा ने मन्त्रसे उसका विषदूर करदिया और राजाने उससे पूंछा कि यह क्याबातहै सत्य २ बतलाओ राजाके यह वचन सुनकर उसने भयभीत होकर कहा कि हे स्वामी गौड़देशके स्वामी राजा विक्रमशक्तिने आपको विष देने के लिये मुझको यहां भेजाथा मैंने यहां विदेशी बनकर आपसे मिलकर रसोईदारोंमें नौकरी करली आजअवसर पाकर मैं इस व्यंजन में मिलाकर आपको विषदेना चाहताथा परन्तु इसबुद्धिमान्ने पहचानलिया अब आप मालिक हैं जो चाहिये सो कीजिये इसप्रकार उस रसोइयेके वचन सुनकर राजाने उसेमरवाडाला और प्रसन्न होकर गुणशर्म्माको हजार गांवदिये दूसरेदिन राजाने रानी के बहुत हठ करनेपर गुणशर्म्मा से वीणाकी शिक्षाका प्रारंभ करवाया रानी अशोकवती वीणा बजानेके समय गुणशर्म्मा के साथ हास विलास करनेलगी एकदिन उसने एकान्तमें निवारण करतेहुए भी गुणशर्म्मासे नखक्षत देकर कामसे व्याकुल होकर कहा कि हे सुन्दर मैंने वीणा सीखनेके बहानेसे तुम्हें अपने पास एकान्त में बुलाना चाहाथा तेरे ऊपर मेरा बड़ाही अनुरागहै मेरेसाथ भोग विलासकरो रानीके यह वचन सुनकर गुणशर्म्माने उससे कहा कि ऐसा कभी न कहो तुम हमारे स्वामीकी स्त्रीहो मुझसरीके मनुष्य अपने स्वामियों से द्रोह नहीं करते हैं इससे इससाहस से तुम अपने चित्तको हटाओ यह सुनकर वह रानी बोली कि तुम्हारा यह रूप और कलाओंकी चतुरता व्यर्थहै है नीरस प्रार्थना करतीहुई मुझ सुन्दरस्त्रीको तुम कैसे छोड़े देतेहो यहसुनकर गुणशर्म्मा हँसकर बोला (सुष्ठ्वन्तस्यरूपस्य वैदग्ध्यस्यच किंफलम्। परदारापहारेण यत्राकीर्त्तिमलीमसम्॥ इहामुत्रचयन्नस्यात्पातायनरकार्णवे) तुमने बहुतठीककहा कि उस

रूप तथा चतुरताका क्या फलहै जो परस्त्रियों को हरकर इस लोकमें अयशसे कलंकित न होय और परलोकमें नरकमें न गिरावे यह सुनकर रानी कुपित होकर बोली कि जो तुम मेरा वचन नहीं मानोगे तो अवश्य मेरी मृत्यु होजायगी परन्तु मैं तुम्हें मारकर मरूंगी यह सुनकर गुणशर्म्माने कहा कि ऐसाही होय क्या हानिहै (वरंयद्धर्मपाशेन क्षणमेकंहिजीवितम् । परंनपदंधर्मेण कल्पकोटिशतान्यपि ।) धर्मके अनुसार एकक्षणभरका भी जीवन श्रेष्ठहै परन्तु अधर्म से सौकोटि कल्पतक जीनाभी अयोग्यहै पुण्य करने से मेरी अकलंकित मृत्यु अच्छी परन्तु पाप करने से राजाका निन्दित दंडनहीं अच्छा है यह सुनकर वह रानी फिर बोली कि देखो मैं तुम्हें समझातीहूं तुम अपनी और मेरी दोनोंकी हानिमतकरो यह राजा मेरे अशक्य वचनोंको भी नहीं टालताहै इससे कहकर मैं तुमको बहुत से देश दिलवादूंगी और सम्पूर्ण छोटे २ राजा तुम्हारे आधीन करवादूंगी इससे तुम राजा हीके समानहोजाओगे तब तुमको किसीका भय नहीं रहैगा और कोई तुम्हें दबा नहीं सकेगा इससे तुम निस्सन्देह होकर मेरे वचन स्वीकारकरो मेरे वचनोंको कुछ मिथ्या मतजानो इसप्रकार हठ पूर्व्वक कहतीहुई रानी से गुणशर्म्माने उस समय युक्तिपूर्व्वक टालनेकेलिये कहा कि जो तुम्हें बहुत आग्रहहै तो मैं तुम्हारा कहना करूंगा परन्तु भेदके भयसे ऐसे कार्य्य एकाएकी नहीं करने चाहियें कुछ दिन ठहरजाओ मेरे वचन सत्यजानो मुझे तुमसे विरोध करके अपना सर्वनाश करवाने से क्या प्रयोजनहै इसप्रकार उसे संतोष देकर गुणशर्म्मा वहांसे किसीप्रकार वचकर चलाआया ६७ तदनन्तर कुछ दिनोंके व्यतीत होनेपर राजामहासेनने चढ़ाई करके सोमदेशके राजाका किला घेरलिया तब गौड़देशके राजा विक्रमशक्तिने पीछेसे आकर राजा महासेनको घेरा राजा महासेनने अपने ऊपर दूसरे शत्रुको आया देखकर गुणशर्म्मासे कहा कि एक शत्रु पर तो हम चढ़ाई करके आयेथे दूसरेने हमको पीछेसे आकर घेरलिया अब इतनी सेना हमारे पास नहीं है जो इन दोनोंसे हम लड़सकें और जो न लड़ें तो इनदोनोंके बीचमें कबतक पड़ेरहैंगे इससे इस संकट में हमको क्या करना चाहिये सो बताओ यह सुनकर गुणशर्म्माने कहा कि धैर्य्य धरिये मैं ऐसा उपाय करूंगा जिससे सब संकट दूरहोजायगा इसप्रकार राजाको समझाकर गुणशर्म्मा रात्रिको अपने नेत्रोंमें लोपांजन लगाकर अलक्षितहोके राजा विक्रमशक्तिके कटकमेंगया और राजा के निकटजाके सोतेहुए राजाको जगाकर यह वचन बोला कि हे राजा मैं विष्णुभगवान्का दूतहूं तुम उनके भक्तहो और वह अपने भक्तोंका सदैव कल्याण करते हैं इसीसे उन्होंने मुझे तुम्हारे पास यह कहनेको भेजाहै कि राजा महासेनसे सन्धिकरके शीघ्रही लौटजाओ नहीं तो सेना समेत तुम्हारा नाशहोजायगा जो तुम उसके पास संधिकेलिये दूतभेजोगे तो वह स्वीकारकरलेगा यह कहकर वह चुपहोगया उससमय राजा विक्रमशक्तिने शोचा कि इसकठिन स्थानमें विष्णुदूतके सिवाय और कौन आसक्ताहै और इसकी आकृति भी मनुष्यों कीसी नहीं है यहसमझकर उसने कहा कि मैं धन्यहूं जिसके पास विष्णुभगवान्ने अपना दूतभेजाहै उनकी जो आज्ञाहै वही मैं करूंगा राजा के यह वचन सुनकर गुणशर्म्मा अलोपांजन लगाके राजाको विश्वास दिलाने के निमित्त वहीं अलक्षित होकर चलाआया और उसने राजा

महासेन से आकर सम्पूर्ण वृत्तान्त कहा राजा महासेन उस वृत्तान्तको सुनकर बहुत प्रसन्नहुआ और प्राण तथा राज्यकी रक्षा करनेवाले गुणशर्माकी बहुत प्रशंसा करनेलगा प्रातःकाल राजा विक्रमशक्ति दूतभेजके राजा महासेनसे सन्धिकरके सेना समेत लौटगया और महासेनभी सोमदेशके राजा को जीतकर बहुत से हाथी घोड़े तथा रत्नादिको लेकर अपनी उज्जयिनीपुरी को चलाआया वहां आकर एकदिन गुणशर्माने नदीमें स्नान करतेहुए राजा को ग्राहसे बचाया और एकदिन उपवन में सर्पसे बचाया इसके उपरान्त कुछ दिनों के व्यतीत होनेपर राजा महासेन बहुतसी सेना इकट्ठी करके अपने शत्रु गौड़देशके स्वामी राजा विक्रमशक्तिपर चढ़ाई करके गया वह भी अपनी सम्पूर्ण सेना लेकर लड़ने को नगरके बाहर निकला तब महाघोर युद्ध होनेलगा क्रमसे द्वन्द्व युद्ध होते २ दोनों राजा विरथ होकर खड्गलेके परस्पर युद्ध करनेको चले उससमय राजा महासेन व्याकुल होके पृथ्वी पर गिरपड़ा उसे गिरादेखकर विक्रमशक्तिने खड्ग से उसे मारडालना चाहा तब गुणशर्मा ने चक्रसे खड्ग समेत राजा विक्रमशक्तिका हाथ काटडाला और छाती में परिघमारकर उसे पृथ्वी में गिरादिया गुणशर्मा की इस शीघ्रताको देखकर राजा महासेन उठके बोला कि हे विप्रवर तुमने यह पांचवींबार मेरे प्राणोंकी रक्षाकी है तदनन्तर गुणशर्मा से मारेगये राजा विक्रमसेनके सम्पूर्ण राज्यको विध्वंस करके और वहां के सम्पूर्ण रत्नलेके राजा महासेन गुणशर्माकी सहायतासे सब अपने अन्य शत्रुओं को जीतकर उज्जयिनी में आकर सुख पूर्वक रहनेलगा ६९ इस बीचमें रानी अशोकवती निरन्तर गुणशर्मा से अपनी प्रार्थना करतीहीगई परन्तु वह उस कुकर्मको स्वीकार न करके उसकोटालताही रहाठीकहै ( देहपातमपीच्छन्ति सन्तोनाविनयंपुनः ) सज्जन लोग अपने शरीर तकको त्याग देते हैं परन्तु अधर्म नहीं करते तब बहुत दिनतक प्रार्थना कर २ के रानी अशोकवती गुणशर्माका निश्चय अभिप्राय कुकर्मसे बचनेही का जानकरके एकदिन शत्रुनासे उसको मरवाने के लिये राजा के खाने के समय बैठकर मिथ्या रोदन करनेलगी राजाने मन्दिरमें आकर उसेरोतेहुए देखकर पूछा कि हे प्रिये यह क्याहै किसने तुम्हें कुपित कियाहै कहो किसके प्राण तथा धनहरूं राजाके यह वचनसुनकर रानी बोली कि जिसने मेरे साथ अपकार किया है उसका तुम कुछ नहीं करसक्ते वह ऐसा साधारण पुरुष नहीं है इससे उस बातको प्रकट करने से क्या प्रयोजनहै यह सुनकर राजाके बहुत आग्रह करनेपर रानीने कहा कि जो आपकी इच्छाही है तो सुनिये कि राजा विक्रमशक्तिसे सलाह करके धनके लोभसे गुणशर्मा आपको मारना चाहता था इसीसे इसने अपना दूत राजा विक्रमशक्ति के पास इसलिये भेजाया कि वह अपना खजाना आदि इकट्ठा करे उसदूत के वचनसुनकर विश्वासपात्र रसोइये ने राजासे कहा कि आपव्यर्थधन न बिगाड़िये मैं आपका कार्य्य करदूंगा यह कहकर वह रसोइया उस दूतको वहीं बँधवाकर आपको विष देनेके लिये यहां आया और आपके रसोईदारों में नौकर होगया इसबीचमें वह दूतभी बंधनसे छूटगया उसने यहां आकर गुणशर्मा से रसोइयेका वृत्तान्त कहदिया और आपके रसोई में से उसको पहचनवादिया तब गुणशर्मा ने विषदेने को उद्यत उस रसोइये को आपसे

कहकर मरवाडाला इन्हीं दिनों उस रसोइयेकी माता स्त्री तथा भाई उसकी खवरलगानेके लिये यहां आये यह जानकर गुणशर्मा ने उसकी माता तथा स्त्रीको तो मरवाडाला परन्तु उसका भाई भागकर प्रारब्ध से मेरे यहां आगया और मुझसे अपनासम्पूर्णवृत्तान्त जैसेही कहचुका वैसेही गुणशर्माभी मेरे यहां आया उसे देखकर वह भयभीत होकर न मालूम कहां भागगया और गुणशर्माभी मेरे यहां उसे देखकर घबराकर कुछ शोचनेसालगा तब मैंने एकान्तमें सबवृत्तान्त जाननेकी इच्छाकरके उससे पूछा कि आज तुम घबरायेहुए से क्यों हो मेरेपूछनेपर वह अपनेभेदके खुलने के भयसे मुझे गाठनेकी इच्छासे बोला कि हे रानी तुम्हारे अनुरागकी अग्नि से मैं भस्महोरहाहूं इससे तुम मेरेसाथ भोग विलास करो नहीं तो मेरेप्राण नहीं बचेंगे मेरीरक्षाकरो यह कहकर वह मेरेपैरोंपर गिरपड़ा मैंने अपनेपैर हटालिये तब जैसेही उठकर उसने जबरदस्तीसे मेरा आलिंगनकिया वैसेही पल्लविका नाम मेरीचेरी यहां आगई उसेदेखकर गुणशर्मा यहांसे भागगया जोउससमय वह पल्लविका यहां न आजाती तो वह पापी मुझेभ्रष्टकरडालता इसप्रकार कहकर रानी रोनेलगी ठीकहै ( आदावसत्यवचनं पश्चाज्जाताहिकुस्त्रियः ) ( पहले असत्य वचन उत्पन्नहुएहैं और पीछेसे दुष्ट स्त्रियां उत्पन्न हुईहैं ) रानीके इसप्रकार वचन सुनकर राजामहासेन क्रोधसे व्याप्तहोगया ठीकहै ( स्त्रीवचःप्रत्ययोहन्ति विचारंमहतामपि ) ( स्त्रियों के वचनोंपर विश्वास करने से महात्माओंका भी विचार नष्ट होजाताहै ) और रानीसे बोला कि धीरजकरो मैं उस दुष्ट को अवश्यमरवाडालूंगा परन्तु युक्तिसे यह कामहोगा नहीं तो बड़ा अपयशहोगा क्योंकि सम्पूर्ण देशमें यहबात प्रसिद्धहै कि उसने पांचवार मेरेप्राणोंकी रक्षाकीहै और यहबात लोकमें प्रसिद्ध करने के योग्य नहीं है कि उसने तुम्हें भ्रष्टकरना चाहाथा राजाके यह वचन सुनकर रानीबोली कि यह दोषतो कहने लायकनहीं है परन्तु क्या यह भी कहने के योग्य नहीं है कि उसने विक्रमशक्ति से मिलकर आपको मरवाना चाहाथा रानीके यह वचन सुनकर राजामहासेन तुमने बहुत अच्छीयुक्ति बताई है यह कहकर अपनी सभामें चलाआया वहां सम्पूर्णमंत्री राजपुत्र तथा राजाआदिक राजासे मिलने को आये और गुणशर्मा भी अपने घरसे राजाके यहां को चला उसदिन मार्गमें उसको बहुत से दुश्शकुन हुए बाईं ओर कौआ मिला कुत्ता बाईं ओर से दाहिनी ओर चलागया सर्प दाहिनी ओर से बाईं ओर चला गया और कन्धे सहित उसकी बाईंभुजा फड़कनेलगी इन दुश्शकुनों को देखकर उसने अपने चित्त में कहा कि निस्सन्देह आजकुछ अशुभहोनेवालाहै जोकुछ होय सो मेरेहीलियेहोय राजाको न होय इसप्रकार राजभक्ति से शोचताहुआ गुणशर्मा सभामें जाकर राजाको प्रणामकरके बैठा उसदिन राजाने उसका सत्कार न करके क्रोधयुक्त दृष्टिसे उसको देखा राजाको क्रोधित देखकर गुणशर्मा शोचनेलगा कि यह क्या बातहै तब राजा अपने सिंहासनपरसे उठकर गुणशर्माके पासजाबैठा और सभासदों को विस्मित देखकर बोला कि यह सिंहासन मेरेयोग्य नहीं है इसपर गुणशर्माको बैठना चाहिये राजा के यह वचन सुनकर गुणशर्मा बोला कि मैं सेवकहूं और आप स्वामीहो मेरा आपका ऐसा व्यवहार नहीं होसक्ता आप आसनपर बैठकर जो चाहिये सो कहिये उस धीरके इसप्रकार कहने से और मंत्रियों के

समझाने से राजा सिंहासनपर बैठकर कहनेलगा कि यह बात आपलोगों को विदितहै कि मैंने अपने प्राचीन मंत्रियों को छोड़कर इस गुणशर्मा को अपने समान करलिया और देखिये इसने दूतोंको भेजकर गौड़देशके स्वामी विक्रमशक्ति से मिलकर मेरेसाथ कैसा द्रोहकरना चाहाथा यह कहकर उसने जो २ बातें रानी अशोकवतीने कहीथीं सो सब वर्णनकरीं और साधारण पुरुषों को हटाकर विश्वासपात्र लोगों के सन्मुख रानीके भ्रष्टकरने की इच्छा इसकी थी यह भी कहदिया राजा के वचन सुनकर गुणशर्माने कहा कि आपसे यह असत्यबात किसने कही है यह आकाश में चित्र किसने बनाया है तब राजाने कहा कि हे पापी जो यहबात सत्य न होती तो तुम उस दाल में मिलाहुआ विष कैसे जान लेते यह सुनकर गुणशर्माने कहा कि बुद्धिसे सब जाना जासक्ताहै यह सुनकर अन्य मंत्रियोंने उसके द्वेष से कहा कि यहबात जानना असम्भवहै मंत्रियों का वचन सुनकर गुणशर्मा फिर बोला कि हे स्वामी तत्त्व को विनाजाने आपको ऐसा न कहना चाहिये नीति के ज्ञातालोग विचार रहित राजा की प्रशंसा नहीं करते हैं गुणशर्माके यह वचन सुनकर राजाने क्रोधसे यह कहके कि तू बड़ा धृष्टहै दौड़कर उसकी पीठपर छुरी मारनी चाही उसने वह प्रहार युक्तिसे बचालिया तब राजाके कहने से अन्य सबलोग उसके मारने को उद्युक्तहुए उसने उन सबके प्रहारों को बचाकर युक्ति से उन सब के बाल एकहीमें गूंददिये इसप्रकार युक्तिपूर्वक अपनेको बचाकर वहसभाके बाहर चलाआया और पीछेसे दौड़ेहुए सौ योद्धाओंको मारकर नेत्रोंमें लोपांजनलगाके अलक्षितहोके वहांसे दक्षिणदिशा को चला मार्गमें चलते २ उसने शोचा कि निस्संदेह इसकुटिल रानी अशोकवतीनेही इस मूर्खराजाको प्रेरणाकीहै (अहोविषादप्यधिकाःस्त्रियोरक्तविमानिताः। अहोअसेव्यास्साधूनांराजानोऽतत्त्वदर्शिनः) अनुराग युक्त स्त्रियां अनादर करनेपर विषसेभी अधिक घातकहोजाती हैं सज्जन पुरुषोंको मूर्ख राजाओंका सेवन न करनाचाहिये इसप्रकार विचारकरताहुआ गुणशर्म्मा किसी ग्राम में पहुंचा वहां एक ब्राह्मण बरगदके वृक्षके नीचे अपने शिष्योंको पढ़ारहेथे उसने उनब्राह्मण देवके पास जाकर उनको प्रणामकिया ब्राह्मणने अतिथि सत्कार करके उससे पूंछा कि तुम वेदकी कौनसी शाखा पढ़तेहो उसने कहा कि बारहशाखा पढ़ताहूं दो सामवेदकी दो ऋग्वेदकी सात यजुर्वेदकी और एकअथर्ववेदकी यह सुनकर उसब्राह्मणने कहा कि तो तुम देवताहो और भव्य आकृति देखकर पूंछा कि तुम किस देशमें रहतेहो किसवंशमें तुम्हारा जन्महै क्या तुम्हारा नामहै और इतना तुमने कहांपढ़ाहै सो बताओ यह सुनकर गुणशर्म्मा बोला कि उज्जयिनीपुरीमें आदित्यशर्म्मा नाम कोई ब्राह्मणका बालकथा बाल्यावस्थाहीमें उसका पिता मरगया और उसकी माता अपने पतिके साथ सतीहोगई तब आदित्यशर्म्मा उसीपुरीमें अपने मामाके यहांरहकर वेद विद्या तथा कला सीखनेलगा १६१ कुछ दिनोंमें सम्पूर्ण विद्याओंको पढ़कर आदित्यशर्म्मा जप तथा व्रतोंमें अपना समय व्यतीत करनेलगा और उसकी एक तपस्वीसे मित्रताहोगई एकसमय वहतपस्वी उसको अपने साथ ले जाकर श्मशानमें यक्षिणी सिद्ध करनेके लिये हवन करनेलगा वहां सुवर्णके विमानपर चढ़ीहुई एक दिव्य कन्या आई उसके साथमें

कहकर मरवाडाला इन्हीं दिनों उस रसोइयेकी माता स्त्री तथा भाई उसकी खबरलगानेके लिये यहां आये यह जानकर गुणशर्मा ने उसकी माता तथा स्त्रीको तो मरवाडाला परन्तु उसका भाई भागकर प्रारब्ध से मेरे यहां आगया और मुझसे अपनासम्पूर्णवृत्तान्त जैसेही कहचुका वैसेही गुणशर्माभी मेरे यहां आया उसे देखकर वह भयभीत होकर न मालूम कहां भागगया और गुणशर्माभी मेरे यहां उसे देखकर घबराकर कुछ शोचनेसालगा तब मैंने एकान्तमें सबवृत्तान्त जाननेकी इच्छाकरिके उससे पूछा कि आज तुम घबरायेहुए से क्यों हो मेरेपूछनेपर वह अपनेभेदके खुलने के भयसे मुझे गाठनेकी इच्छासे बोला कि हे रानी तुम्हारे अनुरागकी अग्नि से मैं भस्महोरहाहूं इससे तुम मेरेसाथ भोग विलास करो नहीं तो मेरेप्राण नहीं बचेंगे मेरीरक्षाकरो यह कहकर वह मेरेपैरोंपर गिरपड़ा मैंने अपनेपैर हटालिये तब जैसेही उठकर उसने जबरदस्तीसे मेरा आलिंगनकिया वैसेही पल्लविका नाम मेरीचेरी यहां आगई उसेदेखकर गुणशर्मा यहांसे भागगया जोउससमय वह पल्लविका यहां न आजाती तो वह पापी मुझेभ्रष्टकरडालता इसप्रकार कहकर रानी रोनेलगी ठीकहै (आदावसत्यवचनं पश्चाज्जाताहिकुस्त्रियः) (पहले असत्य वचन उत्पन्नहुएहैं और पीछेसे दुष्ट स्त्रियां उत्पन्न हुईहैं) रानीके इसप्रकार वचन सुनकर राजामहासेन क्रोधसे व्याप्तहोगया ठीकहै (स्त्रीवचःप्रत्ययोहन्ति विचारंमहतामपि) (स्त्रियों के वचनोंपर विश्वास करने से महात्माओंका भी विचार नष्ट होजाताहै) और रानीसे बोला कि धीरजकरो मैं उस दुष्ट को अवश्यमरवाडालूंगा परन्तु युक्तिसे यह कामहोगा नहीं तो बड़ा अपयशहोगा क्योंकि सम्पूर्ण देशमें यहबात प्रसिद्धहै कि उसने पांचबार मेरेप्राणोंकी रक्षाकीहै और यह बात लोकमें प्रसिद्ध करने के योग्य नहीं है कि उसने तुम्हें भ्रष्टकरना चाहाथा राजाके यह वचन सुनकर रानीबोली कि यह दोषतो कहने लायकनहीं है परन्तु क्या यह भी कहने के योग्य नहीं है कि उसने विक्रमशक्ति से मिलकर आपको मरवाना चाहाथा रानीके यह वचन सुनकर राजामहासेन तुमने बहुत अच्छीयुक्ति बताई है यह कहकर अपनी सभामें चलाआया वहां सम्पूर्णमंत्री राजपुत्र तथा राजाआदिक राजासे मिलने को आये और गुणशर्मा भी अपने घरसे राजाके यहां को चला उसदिन मार्गमें उसको बहुत से दुश्शकुन हुए बाईं ओर कौआ मिला कुत्ता बाईं ओर से दाहिनी ओर चलागया सर्प दाहिनी ओर से बाईं ओर चला गया और कन्धे सहित उसकी बाईंभुजा फड़कनेलगी इन दुश्शकुनों को देखकर उसने अपने चित्त में कहा कि निस्सन्देह आजकुछ अशुभहोनेवालाहै जोकुछ होय सो मेरेहीलियेहोय राजाको न होय इसप्रकार राजभक्ति से शोचताहुआ गुणशर्मा सभामें जाकर राजाको प्रणामकरके बैठा उसदिन राजाने उसका सत्कार न करके क्रोधयुक्त दृष्टिसे उसको देखा राजाको क्रोधित देखकर गुणशर्मा शोचनेलगा कि यह क्या बातहै तब राजा अपने सिंहासनपरसे उठकर गुणशर्माके पासजाबैठा और सभासदों को विस्मित देखकर बोला कि यह सिंहासन मेरेयोग्य नहीं है इसपर गुणशर्माको बैठना चाहिये राजा के यह वचन सुनकर गुणशर्मा बोला कि मैं सेवकहूं और आप स्वामीहो मेरा आपका ऐसा व्यवहार नहीं होसक्ता आप आसनपर बैठकर जो चाहिये सो कहिये उस धीरके इसप्रकार कहने से और मंत्रियों के

उज्जयिनीमें रहते २ वहां के राजाके साथ मेरी मित्रता होगई यह कहकर उसने रानी अशोक-
राजा महासेनका सम्पूर्ण वृत्तान्त युद्ध पर्य्यंत कहके कहा कि वहांसे भागकर में देशान्तरको
कि बीचमें आपके दर्शन होगये गुणशर्म्मा के यह वचन सुनकर वहब्राह्मण बोला कि आपके
से मैं धन्यहूं मेरे घरपरचलो अग्निदत्त मेरा नामहै और यह ग्राम मेराही है २०० यह कहकर
गुणशर्म्माको गोधनादि अनेक ऐश्वर्य्योंसे युक्त अपने घरमें लेगया वहां उसे स्नानकराके
तथा आभूपण पहराके आह्निकके उपरान्त अग्निदत्तने उसको अति उत्तम भोजन करवाये
ी सुन्दरी नाम अत्यन्त सुन्दर कन्या लक्षणोंके देखनेके वहानेसे उसे दिखाई गुणशर्म्माने
उत्तम स्वरूप देखकर अग्निदत्तसे कहा कि इसकी नासिकापर तिलहै इससे इसकी छाती
तिलहोगा इन दोनों तिलोंका यह फलहै कि इसके बहुतसी सौतें होंगी उसके यह वचन
म सुन्दरीके भाई ने अपने पिताकी आज्ञासे सुन्दरीका हृदय खोलकर देखा तो दूसरा भी
ाई दिया तब आश्चर्य्य युक्त होकर अग्निदत्तने गुणशर्म्मा से कहा कि तुम सर्वज्ञहो इसके
तिल अशुभ नहीं हैं प्रायःधनवान् पति मिलनेपर सौतें होती हैं क्योंकि दरिद्री तो एकका भी
ी करसक्ताहै बहुतोंका कैसेकरसकेगा यह सुनकर गुणशर्म्मानेकहा कि ऐसी सुन्दर आकृतिवा-
ुभ कैसे होसक्ताहै इसी प्रसंगसे गुणशर्म्माने स्त्री पुरुषोंके सम्पूर्ण तिलकादि चिह्न अग्निदत्तसे
य सुन्दरी गुणशर्म्मा को देखकर चन्द्रमाको चकोरीके समान उसकी शोभाका अपनीदृष्टि से
लगी तदनन्तर एकान्तमें अग्निदत्तने गुणशर्म्मा से कहा कि हे महाभाग आप परदेशको
मैं इस सुन्दरी कन्याका विवाह आपके साथ करदेता हूं आप सुखपूर्व्वक यहां रहिये यह
ुणशर्म्मावोला कि आपका कहना बहुत ठीक है ऐसा करने से मुझे बड़ा सुखहोगा परन्तु
ोध्या अपमानसे संतप्तहुए मुझको कुछ अच्छा नहीं मालूमहोता (कान्ताचन्द्रोदयोवीणापं-
रित्यमी। येनन्दयन्तिसुखितान्दुःखितान्व्यथयन्तिते) प्रिया स्त्री चन्द्रोदय तथा वीणाकी पंचम
जो सुखीलोगों को प्रसन्न करते हैं उन्हीं से दुःखितों को दुःखहोता है और देखिये अपने
अनुराग युक्त होकर जो स्त्रियां विवाह करती हैं वह व्यभिचारिणी नहीं होतीं और जिन विवश
ोंका विवाह पिता किसी के साथ करदेताहै वह बहुधा व्यभिचारिणी होजाती हैं और यहां से
ानी निकट है जो राजा महासेन जान जायगा तो उपद्रव करेगा इससे में सम्पूर्ण तीर्थोंपर
करके सम्पूर्ण पातकोंको दूरकरके इस शरीरका त्यागकरूंगा जिससे परमसुख की प्राप्तिहोगी
गुणशर्म्मा के यह वचन सुनकर अग्निदत्तने हँसकर कहा कि जो तुमको भी ऐसा मोह है तो
मूर्खों की क्या गणना है बताओ तोसही जब तुम्हारा हृदय शुद्धहै तो मूर्ख के अनादर करनेसे
नि क्यों करतेहो जो कोई आकाशमें कीचफेंकताहै वह उसी के शिरपर गिरताहै थोड़े दिनों में
महासेन को इसमूर्खताका फल मिलेगा क्योंकि विवेक रहित मूर्खके पास संपत्ति बहुतकाल तक
ी और जो अशोकवती को देखकर तुमको स्त्रियोंपर वैराग्यहुआहै तो सबस्त्रियोंको देखकर

बहुतसी उत्तम कन्यायेंथीं वह उसतपस्वी से बड़ी मधुरवाणी से बोली कि हे तपस्वी मैं विद्युन्मालानाम यक्षिणीहूं और यह जो मेरे साथहैं सो सबभी यक्षिणी हैं इनमेंसे जिसको तुम चाहो उसे लेलो इतनाही तुमको इसमन्त्र साधनसे सिद्धहुआहै तुम्हें मेरे मन्त्रका पूर्णसाधन नहीं मालूमथा इसीसे मैं तुमको सिद्ध नहींहुई अब व्यर्थ क्लेश मतकरो उसयक्षिणीके यहवचन सुनकर उसतपस्वीने उनमेंसे एकयक्षिणी लेली तब विद्युन्माला अन्तर्द्धानहोगई और वहयक्षिणीसे जो उसतपस्वीको सिद्धहोगईथी उससे आदित्यशर्म्माने पूंछा कि विद्युन्मालासेभी कोई उत्तम और यक्षिणी है उसनेकहा कि हाँ विद्युन्माला चन्द्रलेखा तथा सुलोचना यहतीन उत्तम यक्षिणी हैं इनमेंभी सुलोचना सबसे उत्तमहै यहकहकर वह यक्षिणी अपने समयपर आनेके लिये नियमकरके चलीगई और आदित्यशर्म्मा उसतपस्वी के साथ अपने घरको चलाआया वहयक्षिणी प्रतिदिन समयपर आकर तपस्वीको यथेष्ट ऐश्वर्य्य देकर और उसके साथ संभोगकरके उसको प्रसन्नकरनेलगी एकसमय आदित्यशर्म्माने तपस्वीके द्वारा यक्षिणीसे पूंछा कि सुलोचनानाम यक्षिणीके मन्त्रकी विधिको कौन जानताहै उसने कहा कि दक्षिणदिशा में तुंगवन नाम एकस्थानहै वहां वेणा नदीके तटपर भदन्तनाम एकतपस्वी रहताहै वह उसकी सब विधि जानताहै यक्षिणीके वचनसे यहजानकर आदित्यशर्म्मा उत्कण्ठितहोके उसतपस्वीको साथलेके तुंगवनकोगया और वहां भदन्त नाम तपस्वीको ढूंढ़कर तीनवर्षतक उसका सेवन तपस्वीकी यक्षिणीकेद्वारा प्राप्तहुए ऐश्वर्य्य से करतारहा तीनवर्ष के उपरान्त भदन्तने प्रसन्न होकर आदित्यशर्म्मा को सुलोचनाका मन्त्र विधिपूर्वक बतादिया तब आदित्यशर्म्मा ने उसमंत्रका जप करके एकान्तमें जाकर विधिपूर्व्वक हवन किया उस समय अत्यन्त आश्चर्य्यकारी रूप से युक्त सुलोचना नाम यक्षिणी विमानपर बैठकर वहां आई और बोली हे ब्राह्मण आओ मैं तुमको सिद्धहोगईहूं जो तुम मुझसे समृद्धिमान सुलक्षण सर्वज्ञ तथा महावीर पुत्र प्राप्त करना चाहो तो छःमहीनेतक मेरा कन्यका भाव नहीं नष्टकरना उसने कहा बहुत अच्छा मैं ऐसाही करूंगा तब सुलोचना उसे विमानपर चढ़ाकर अलकाको लेगई वहां आदित्यशर्म्मा उसे देखकर अपने चित्तको रोकताहुआ छः महीनेतक असिधारा व्रत कररहा जब छः महीने व्यतीत होगये तो कुबेरजी ने प्रसन्न होकर आदित्यशर्म्मा के साथ सुलोचनाका विधिपूर्व्वक विवाह करदिया फिर विवाहके उपरान्त कुछ कालमें उसी सुलोचना में मेरा जन्महुआ पिताने मेरे सद्गुणोंको देखकर मेरा गुणशर्म्मा नाम रक्खा मैंने वहीं अलकापुरी में अवस्थापाकर मणिधरनाम यक्षराजसे सम्पूर्ण वेद तथा विद्या पढ़ी और सम्पूर्ण कलासीखीं एकसमय अलकापुरी में कुबेरकेपास इन्द्रआये उनको देखकर जो लोग वहां बैठेथे वह सब उठे परन्तु मेरापिता आदित्यशर्म्मा उससमय चित्तके कहीं अन्य होनेकेकारण नहीं उठा तबइन्द्रने क्रोधकरकेउसे यह शापदिया कि हे जड़ अपने मृत्युलोकको जा तू यहां रहने के योग्य नहीं है उस घोरशापको सुनकर सुलोचनाने हाथजोड़कर इन्द्रसे बड़ीविनती करी सुलोचनाकी विनती से प्रसन्नहोकर इन्द्रने कहा कि जो यह मृत्युलोकको न जाय तो इसका पुत्र जाय क्योंकि पुत्र आत्मा होताहै इससे मेरा वचनभी व्यर्थ नहींहोगा तब मेरे पिता मुझे अपने मामाकेयहां उज्जयिनी में

छोड़गये उज्जयिनीमें रहते २ वहां के राजाके साथ मेरी मित्रता होगई यह कहकर उसने रानी अशोकवती तथा राजा महासेनका सम्पूर्ण वृत्तान्त युद्ध पर्य्यंत कहके कहा कि वहांसे भागकर मैं देशान्तरको जाताथा कि बीचमें आपके दर्शन होगये गुणशर्म्मा के यह वचन सुनकर वह ब्राह्मण बोला कि आपके आगमन से मैं धन्यहूं मेरे घरपरचलो अग्निदत्त मेरा नामहै और यह ग्राम मेराही है २०० यह कहकर वह ब्राह्मण गुणशर्म्मा को गोधनादि अनेक ऐश्वर्य्योंसे युक्त अपने घरमें लेगया वहां उसे स्नानकराके उत्तम वस्त्र तथा आभूषण पहराके आह्निकके उपरान्त अग्निदत्तने उसको अति उत्तम भोजन करवाये और अपनी सुन्दरी नाम अत्यन्त सुन्दर कन्या लक्षणोंके देखनेके वहानेसे उसे दिखाई गुणशर्म्माने उसका वड़ा उत्तम स्वरूप देखकर अग्निदत्तसे कहा कि इसकी नासिकापर तिलहै इससे इसकी छाती पर भी एक तिलहोगा इन दोनों तिलोंका यह फलहै कि इसके वहुतसी सौतें होंगी उसके यह वचन सुनकर उस सुन्दरीके भाई ने अपने पिताकी आज्ञासे सुन्दरीका हृदय खोलकर देखा तो दूसरा भी तिल दिखाई दिया तब आश्चर्य्य युक्त होकर अग्निदत्तने गुणशर्म्मा से कहा कि तुम सर्वज्ञहो इसके यह दोनों तिल अशुभ नहीं हैं प्रायःधनवान् पति मिलनेपर सौतें होती हैं क्योंकि दरिद्री तो एकका भी पालन नहीं करसक्काहै वहुतोंका कैसेकरसकेगा यह सुनकर गुणशर्म्माने कहा कि ऐसी सुन्दर आकृतिवालीको अशुभ कैसे होसक्ताहै इसी प्रसंगसे गुणशर्म्माने स्त्री पुरुषोंके सम्पूर्ण तिलकादि चिह्न अग्निदत्तसे कहे उससमय सुन्दरी गुणशर्म्मा को देखकर चन्द्रमाको चकोरीके समान उसकी शोभाको अपनीदृष्टि से पानकरने लगी तदनन्तर एकान्तमें अग्निदत्तने गुणशर्म्मा से कहा कि हे महाभाग आप परदेशको न जाओ मैं इस सुन्दरी कन्याका विवाह आपके साथ करेदेता हूं आप सुखपूर्व्वक यहां रहिये यह सुनकर गुणशर्म्मावोला कि आपका कहना वहुत ठीक है ऐसा करने से मुझे वड़ा सुखहोगा परन्तु राजाके मिथ्या अपमानसे संतप्तहुए मुझको कुछ अच्छा नहीं मालूमहोता (कान्ताचन्द्रोदयोवीणापंचमध्वनिरित्यमी। येनन्दयन्तिसुखितान्दुःखितान्व्यथयन्तिते) प्रिया स्त्री चन्द्रोदय तथा वीणाकी पंचम ध्वनि यह जो सुखीलोगों को प्रसन्न करते हैं उन्हीं से दुःखितों को दुःखहोता है और देखिये अपने चित्तसे अनुराग युक्त होकर जो स्त्रियां विवाह करती हैं वह व्यभिचारिणी नहीं होतीं और जिन विवश कन्याओंका विवाह पिता किसी के साथ करदेताहै वह वहुधा व्यभिचारिणी होजाती हैं और यहां से उज्जयिनी निकट है जो राजा महासेन जान जायगा तो उपद्रव करेगा इससे मैं सम्पूर्ण तीर्थोंपर भ्रमणकरके सम्पूर्ण पातकोंको दूरकरके इस शरीरका त्यागकरूंगा जिससे परमसुख की प्राप्तिहोगी २१८ गुणशर्म्मा के यह वचन सुनकर अग्निदत्तने हँसकर कहा कि जो तुमको भी ऐसा मोह है तो अन्य मूर्खों की क्या गणना है वताओ तो सही जब तुम्हारा हृदय शुद्धहै तो मूर्ख के अनादर करनेसे ग्लानि क्यों करतेहो जो कोई आकाशमें कीचफेंकताहै वह उसी के शिरपर गिरताहै थोड़े दिनों में राजामहासेन को इसमूर्खताका फल मिलेगा क्योंकि विवेक रहित मूर्खके पास संपत्ति वहुतकाल तक नहीं रहती और जो अशोकवती को देखकर तुमको स्त्रियोंपर वैराग्यहुआहै तो सतीस्त्रियोंको देखकर

उनपर विश्वास क्यों नहीं होता और तुम तो उनके लक्षणभी जानतेहो और जो उज्जयिनीके निकट होनेका तुम्हें भयहोय तो मैं तुमको ऐसा स्थानरहने को दूंगा जिसमें तुमको कोई भी न जानसकेगा और जो तीर्थयात्रापर आपको श्रद्धाहै सो तीर्थयात्रा तो उसे करनी चाहिये जो वैदिक कर्म न कर सके क्योंकि देवता तथा पितरोंका पूजन अग्निहोत्र व्रत और जपादिकों से जो पुण्य घरमें होसक्ताहै वह मार्गमें भ्रमण करनेसे नहीं होसक्ताहै मुनियोंकेसमान भुजाओं का तकियाबनाके पृथ्वीमें शयन करके भिक्षासे उदरपूर्त्ति करके और अनेक क्लेशोंको सहकर भी यात्रीलोग दुःखोंसे नहीं छूटते हैं और जो तुम शरीरको त्यागकर परम सुख चाहतेहो यह भी तुम्हारा भ्रमहै क्योंकि आत्मघातकों को यहां से भी अधिक परलोकमें दुःखहोता है इससे विद्वान्होकर भी आपको ऐसा मोहकरना अनुचित है अपने मनसे विचार करके देखलो हमारा कहना आपको अवश्य माननाचाहिये मैं आपकेलिये बड़ा सुन्दर तहखाना बनवाये देताहूं आप सुन्दरीका विवाह करके उसी में गुप्तता पूर्व्वक रहियेगा अग्निदत्तके इसप्रकार समझानेसे गुणशर्मा उसके वचनोंको स्वीकार करके बोला कि मैं जैसा आप कहते हैं वैसाही करूंगा क्योंकि सुन्दरी स्त्रीको पाकर कौनछोड़सक्ता है परन्तु मैं अभी इसके साथ विवाह नहीं करूंगा पहले किसी देवता का आराधन करके राजामहासेन से बदलालेऊंगा फिर आप जैसा कहेंगे वैसाकरूंगा यह सुनकर अग्निदत्तने कहा बहुत अच्छा ऐसाही करना तदनन्तर गुणशर्मा ने सुखपूर्व्वक वह रात्रि व्यतीतकी दूसरे दिन अग्निदत्तने गुणशर्माके रहनेकेलिये बड़ा उत्तम तहखाना बनवादिया तब गुणशर्म्मा ने अग्निदत्तसे एकान्तमें कहा कि आपबताइये कि किसमन्त्रसे किसदेवताका आराधनकरूं यह सुनकर अग्निदत्तने कहा कि मुझे अपने गुरूका बतायाहुआ स्वामिकार्त्तिकका मंत्रयादहै वह मैं तुमको बतायेदेताहूं उसीसे स्वामिकार्त्तिकका आराधनकरो जिन स्वामिकार्त्तिककी उत्पत्तिकेलिये देवतालोगों की प्रार्थना से श्रीशिवजी ने भस्महुए भी कामको संकल्प से उत्पन्न किया था जिनकी उत्पत्ति प्रथम श्रीशिवजीसे फिर अग्निसे फिर शरवनसे और फिर कृत्तिकाओं से हुई जिन्होंने उत्पन्नहोतेही सम्पूर्ण संसारको अपने तेजसे व्याप्तकरके दुर्जय तारकासुरकोभी जीता उनका मन्त्र तुम मुझसे ग्रहणकरो यह कहकर वह मन्त्र उसे बतादिया तब उसी मन्त्र से गुणशर्मा ने तहखानेमें बैठकर श्रीस्वामिकार्त्तिकजीका आराधन किया और वह सुन्दरी उसका सेवनकरतीरही कुछ दिन आराधना करनेसे प्रसन्नहोकर श्रीस्वामिकार्त्तिकजीने प्रकटहोकर कहा कि हे पुत्र मैं तुम्हारे ऊपर प्रसन्नहूं तुम्हारे पास कभीधन नहींघटेगा और राजामहासेनको जीतकर तुमसम्पूर्ण पृथ्वीके राजाहोजाओगे यह वरदानदेकर श्रीस्वामि कार्त्तिकजी अन्तर्द्धानहोगये और उनकी कृपासे गुणशर्म्माको अक्षय कोश प्राप्तहुआ तब अग्निदत्तने अपने ऐश्वर्य्य के अनुसार बड़ा उत्सवकरके बहुतकालसे उत्कण्ठित अत्यन्तरूपवती अपनी सुन्दरीनाम कन्या प्राप्तहोनेवाली रूपवती सम्पत्तिके समान गुणशर्म्माको विधिपूर्व्वक दानकरदी इसप्रकार विवाहकरके गुणशर्म्मा अक्षयकोशके प्रभावसे बहुतसेहाथी घोड़े तथा पैदल इकट्ठेकरके और बहुतसाधनदेके अनेक राजालोगोंकीसेना साथलेकर उज्जयिनी नगरीपर चढ़गया वहां

सम्पूर्णलोगोंसे अशोकवतीके दुराचारको कहकर और राजामहासेनको जीतकर आपही राजाहोगया इसप्रकार उज्जयिनीका राज्यलेकर गुणशर्मा वहुतसे राजालोगोंकी अनेककन्याओंकेसाथ विवाहकरके समुद्र पर्य्यन्त सम्पूर्ण राजालोगों को विजयकरके चक्रवर्ती राजाहोके अपनी प्रिया सुन्दरी के साथ वहुतकालतक यथेष्ट राज्यसुखोंको भोगतारहा इसप्रकारसे देखो राजा महासेन मूर्खतासे विचार न करके विपत्तिको प्राप्तहुआ और गुणशर्म्मा केवल धैर्य्यकीही सहायतासे अत्यन्त ऐश्वर्य्यको प्राप्तहुआ इससे हे राजा आपभी धैर्य्यसे शत्रुओंको जीतकर समृद्धिको पाइयेगा वीतभीतके मुखसे इसउदार कथाको सुनकर वीर सूर्य्यप्रभ युद्धरूपी महासमुद्रके पारजानेके लिये अधिक उत्साहीहोकर सोगया ३५२॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांसूर्य्यप्रभलम्बकेषष्ठस्तरंगः ६॥

प्रातःकाल सूर्य्यप्रभ अपनी सम्पूर्णमनुष्य तथा दैत्यों की सेनालेकर युद्धभूमिमें गया और श्रुतशर्म्मा भी अपनी सम्पूर्ण विद्याधरों की सेना लेकर आया और सम्पूर्ण देवता दैत्य राक्षस तथा सर्प युद्ध देखनेको आये उसदिन दोनों सेनाओं के अधिपतियोंने अर्द्धचन्द्र व्यूह बनाया और परस्पर युद्धका प्रारम्भहुआ उससमय शब्दायमान वाण परस्पर एक दूसरे को काटतेहुए योद्धाओं के समान शोभितहुए म्यानरूपी मुखसे निकलीहुई रुधिर से युक्त चंचल लम्बी खड्ग लतायें यमराजकी जिह्वाके समान शोभितहुईं उस युद्धरूपी महातड़ाग में शूरलोगों के प्रफुल्लित मुखारविन्दों पर अनेक चक्रगिरे और राजारूपी राजहंसों का नाशहुआ कटकर उछलतेहुए और गिरतेहुए शूरोंके मस्तकों से युद्धभूमि यमराजके गेंदखाने के समान शोभितहुई इस प्रकारके युद्धके द्वारा वहुतसी मरीहुई सेनाके रुधिर से धूलरूपी अन्धकारके निवृत्त होजानेपर वड़े पराक्रमी महारथियों के द्वन्द्व युद्धहोनेलगे श्रुतशर्माके साथ सूर्य्यप्रभका दामोदरके साथ प्रभासका, महोत्पात के साथ सिद्धार्थका, ब्रह्मगुप्तके साथ प्रहस्तका, संगमकेसाथ वीतभीतका, चन्द्रगुप्तकेसाथ प्रज्ञाढ्यका, अक्रमकेसाथ प्रियंकरका, अतिबलकेसाथ सर्वदमनका, धुरन्धरकेसाथ कुंजरकुमारका, तथा अन्य महारथियों के साथ अन्यमहारथियों का परस्पर द्वन्द्वयुद्ध होनेलगा वहां पहले महोत्पातने अपनेवाणों से सिद्धार्थ के वाण तथा धनुषकाटके सारथीसमेत घोड़ोंको मारके उसे विरथकरदिया तव सिद्धार्थने दौड़कर लोहेकेदंडेसे महोत्पातकाभी रथचूर्ण२करके सबघोड़े मारडाले और वाहुयुद्धकरके उसे पृथ्वी में गिराके जैसेही मारनाचाहा वैसेही भगनाग देवताने आकर उसे वचालिया प्रहस्त तथा ब्रह्मगुप्तभी दोनों लड़ते२विरथहोगये और खड्गलेकर परस्पर दाम पेचकरके युद्ध करने लगे प्रहस्तने युक्ति से ब्रह्मगुप्त की ढालकाटडाली और उसे पृथ्वीमें गिराकर जैसेही शिरकाटना चाहा वैसेही उसके पिता ब्रह्माने दूरही से निवारणकिया तव दैत्यलोग देवताओं से यह कहकर हँसने लगे कि तुमलोग अपने पुत्रोंकी रक्षा करनेको आयेहो या युद्ध देखनेको आये हो वीतभीतने संक्रमका धनुष काटके सारथी को मारकर उसके हृदयमें प्रद्युम्नास्त्रमारा जिसके लगतेही उसके प्राण निकलगये प्रज्ञाढ्य तथा चन्द्रगुप्त दोनों विरथहोकर खड्ग युद्ध करनेलगे और युद्धकरते २ प्रज्ञाढ्यने चन्द्रगुप्तका शिर अपने खड्गसे काटडाला तव चन्द्रमा अपने पुत्रको मरादेख महा कुपितहोके प्रज्ञाढ्य

के साथ आपयुद्ध करनेलगा, प्रियंकरने विरथहोके अक्रम को भी विरथ करके उसका एकही प्रहार से शिर काटडाला सर्वदमनने धनुष के कटजानेपर अंकुश फेंककर अतिवलकेमारा उसके लगतेही वह मरकर पृथ्वी में गिरपड़ा, कुंजरकुमारने वहुत कालतक युद्धकरके धुरन्धरको कईवार विरथकिया परन्तु विक्रमशक्ति उसकेलिये रथ भेजतागया और अपने अस्त्रों से कुंजरकुमारके अस्त्रों को काटकर उसकी रक्षा करतारहा तव कुंजरकुमारने दौड़कर एक वड़ी भारी शिला विक्रमशक्ति के रथपर फेंकी विक्रमशक्तितो निकलगया परन्तु उसका रथ चूर्णहोगया फिर कुंजरकुमारने उसी शिला से धुरन्धरका चूर्ण करडाला, सूर्य्यप्रभने श्रुतशर्मा से युद्धकरते २ दमसे विरोचन को मारागयादेखके एकही वाण फेंककर दमको मारडाला दमको मरादेखकर क्रोधकरके अश्विनीकुमार युद्धकरने को आये सुनीथ उन्हें वीचहीमें रोककर उनसे युद्धकरनेलगा स्थिरवुद्धि युद्धमें पराक्रम को मारकर उसके मरनेसे क्रोधित होकर आयेहुए अष्टवसुओं से युद्धकरनेलगा दामोदरके साथ युद्धकरतेहुए प्रभासने मर्द्दनसे भासको विरथ कियाहुआ देखकर एकही वाणसे मर्द्दनको मारगिराया प्रकंपन अस्त्रयुद्धसे तेजप्रभको मारकर उसके मरनेसे कुपितहुए अग्नि से युद्धकरनेलगा धूमकेतु यमदंष्ट्रको युद्ध में मारकर कुपितहुए यमराज के साथ भयंकर युद्धकरनेलगा सिंहदंष्ट्र शिलासे सुरोपणको चूर्णकरके उसके वधसे कुपितहुए निर्ऋति के साथ युद्धकरनेलगा कालचक्रने चक्रसे वायुवलका शिरकाटडाला तव कुपितहोकर वायुदेवता उससे युद्धकरनेलगे सर्प वृक्ष तथा पर्वतोंका रूप धारण करके युद्धकरनेवाले कुवेरदत्त को महामायने गरुड़ अग्नि तथा वज्रकारूप धारणकरके मारा तव कुवेर कुपितहोकर उसके साथ युद्धकरनेलगे इसप्रकारसे अन्यसव देवतालोगभी अपने २ अंशोंका वध देखकर कुपितहोके युद्धकरनेलगे और मनुष्य तथा दैत्यों ने वहुत से विद्याधरों के स्वामीमारे इसवीचमें दामोदर के साथ प्रहस्तका परस्पर अस्त्र प्रत्यस्त्रों से महा घोर युद्धहुआ दामोदरने धनुषके कटने और सारथीके मरजानेपर अन्य धनुषलेके और अपनेही हाथ से घोड़ोंकी वागडोर पकड़के युद्धकिया यहदेखकर ब्रह्माने उसकी वड़ी प्रशंसाकी तब इन्द्रने उनसेपूछा कि हे भगवन् आप हारेहुए की प्रशंसा क्यों करते हो ब्रह्माजी ने उत्तरदिया कि इसकी प्रशंसा क्यों न करें जो इतने कालतक प्रभास के साथ युद्ध कररहाहै विष्णुभगवान् के अंश दामोदरके विना यह काम कौन करसक्ता है इस अकेले प्रभासके साथ सम्पूर्ण देवता मिलकर भी युद्ध नहीं करसक्ते हैं नमुचि नाम जो वड़ा वलवान् दैत्यथा वही प्रवलनाम दैत्यथा जिसका कि शरीर रत्नमयथा वही प्रवलभासका पुत्र प्रभासहुआ है भासभी पहले कालनेमिनाम महादैत्य था फिर हिरण्यकशिपुहुआ और फिर कपिंजल हुआ और मुमुण्डीकनाम दैत्य सूर्य्यप्रभहुआ है और हिरण्यकशिपुका दूसरा भाई हिरण्याक्ष दूसरे जन्ममें सुनीथहुआ है और यह जितने प्रहस्तादिक हैं यह सवभी पूर्वजन्मके दैत्य हैं जिनको कि तुम ने युद्धमें माराथा वही फिर अव उत्पन्नहुए हैं इसीसे मयासुरआदि सवदैत्य उनके पक्षमें होगये हैं देखो सूर्य्यप्रभादिकोंने जो रुद्र यज्ञकियाहै उसीके प्रभावसे वलिके वन्धन शिथिल होगये हैं इसीसे वह भी युद्ध देखनेको आयाहै अपने सत्य वचनोंकी पालना करनेकेलिये पातालही में रहता है जव तुम्हारे

समय व्यतीत होगा तब यहीइन्द्र होगा इससमय श्रीशिवजीने दैत्योंका पक्षलियाहै इससे अब तुमलोगों की विजय नहीं होगी तुम आग्रह छोड़कर संधिकरलो ब्रह्माजीके इसप्रकार वार्त्तालाप करतेही करते प्रभासने पाशुपत अस्त्र दामोदरपर चलाया उस सर्वसंहारी महारौद्र अस्त्रको देखकर विष्णुभगवान्ने अपने पुत्र दामोदरको बचाने के लिये सुदर्शनचक्र चलाया तब उनदोनों अस्त्रोंकापरस्पर महाघोर युद्धहोनेलगा और उनदोनों अस्त्रोंके तेजसे सम्पूर्ण संसारको व्याकुल देखकर विष्णुभगवान् ने प्रभाससे कहा कि तुम अपने अस्त्रका संहारकरलो तो मैं भी अपने अस्त्रका संहारकरलूं यह सुनकर प्रभास ने कहा कि दामोदर युद्धको त्यागकर भागजाय तो मैं अपने अस्त्रका संहारकरलूं क्योंकि यह अस्त्र व्यर्थ नहीं होसक्ता तब भगवान् विष्णुने कहा कि तुम भी हमारे अस्त्रका मानकरो जिसमें दोनों अस्त्र व्यर्थ न होंय भगवान् के यह वचनसुनकर प्रभासने कहा तो आपकाचक्र मेरे रथको नष्टकरे तब विष्णुभगवान् ने दामोदरको रणसे भगादिया उसे भागादेखकर प्रभासने अपने अस्त्रका संहारकरलिया और सुदर्शनचक्रने उसके रथको भस्मकरदिया तब प्रभास दूसरे रथपर चढ़कर सूर्य्यप्रभके पासगया और दामोदर श्रुतशर्मा के निकटगया ६२ उससमय इन्द्रके अंश श्रुतशर्मा और सुमुण्डीक के अवतार सूर्य्यप्रभका बड़ा घोर युद्धहुआ श्रुतशर्माने जिस २ अस्त्रको चलाया सो सब सूर्य्यप्रभने अपने अस्त्रोंसे काटडाले और श्रुतशर्मा ने जोनरसी मायाकरी सूर्य्यप्रभ ने अपनी माया से वह सब नष्टकरदीं तब श्रुतशर्मा ने क्रोधकरके ब्रह्मास्त्रका प्रयोग किया सूर्य्यप्रभ ने उसके निवारण करने को पाशुपत अस्त्र चलाया उस अस्त्रने ब्रह्मास्त्रको नष्टकरके श्रुतशर्माको नष्टकरना चाहा यह देखकर इन्द्रादिक लोकपालों ने अपने २ वज्रादिक अस्त्रचलाये परन्तु वह सब अस्त्र उसके तेजसे नष्टहोगये और श्रुतशर्म्मा उसके तेजसे मरने लगा तब सूर्य्यप्रभ ने उस महाअस्त्र की स्तुति करके कहा कि श्रुतशर्म्मा को मारिये नहीं बांधकर मुझे देदीजिये उसकी प्रार्थनासे श्रुतशर्मा को बँधादेखकर सम्पूर्ण देवतालोग युद्ध करनेको उपस्थित होगये उससमय श्री शिवजी का भेजाहुआ वीरभद्रनाम गण देवताओं से आकर बोला कि तुमलोग युद्ध देखने के लिये आयेहो तुमको युद्ध करने से क्या प्रयोजनहै मर्यादाका उल्लंघन मतकरो नहीं तो और अधिक हानिहोगी यह सुनकर देवतालोग बोले कि हमलोगों के बहुतसे पुत्र मारेगये और बहुत मारेजारहे हैं तो हम कैसे न लड़ें पुत्रोंका स्नेह हमारे छोड़ने से नहींछूटता जो कोई उन्हें मारेगा उन्हें हम लोग यथाशक्ति मारेंगे इसमें मर्यादाका उल्लंघनही क्याहै देवतालोगों के यह वचनसुनकर वीरभद्र के चलेजानेपर देवता तथा दैत्योंका महाघोर युद्धहोनेलगा अश्विनीकुमार के साथ सुनीथ, अष्टवसुकेसाथ स्थिरबुद्धि, वायुके साथ कालचक्र, अग्निके साथ प्रकंपन, निर्ऋतिके साथ सिंहदंष्ट्र, वरुणकेसाथ प्रमथन, यमकेसाथ धूमकेतु, और कुबेरकेसाथ महामाय अस्त्रप्रत्यस्त्रोंसेयुद्ध करनेलगे अन्तमें जो २ देवता जो २ महास्त्र छोड़ताथा श्रीशिवजी अपने हुंकारहीसे उसको नष्टकरदेतेथे महामायपर कुबेरको गदामारनेको उद्यतदेखकर श्रीशिवजीने अपना भक्तजानकर वचनहीसे उसे निवारण करदिया और अन्यसबदेवता अपने महास्त्रोंको नष्ट देखकर युद्ध छोड़ २ कर भागगये तब इन्द्रक्रोधकरके आपही सूर्य्यप्रभके साथ

के साथ आपयुद्ध करनेलगा, प्रियंकरने विरथहोके अक्रम को भी विरथ करके उसका एकही प्रहार से शिर काटडाला सर्वदमनने धनुप के कटजानेपर अंकुश फेंककर अतिव्रलकेमारा उसके लगतेही वह मरकर पृथ्वी में गिरपड़ा, कुंजरकुमारने वहुत कालतक युद्धकरके धुरन्धरको कईवार विरथकिया परन्तु विक्रमशक्ति उसकेलिये रथ भेजतागया और अपने अस्त्रों से कुंजरकुमारके अस्त्रों को काटकर उसकी रक्षा करतारहा तव कुंजरकुमारने दौड़कर एक वड़ी भारी शिला विक्रमशक्ति के रथपर फेंकी विक्रमशक्तितो निकलगया परन्तु उसका रथ चूर्णहोगया फिर कुंजरकुमारने उसी शिला से धुरन्धरका चूर्ण करडाला, सूर्य्यप्रभने श्रुतशर्मा से युद्धकरते २ दमसे विरोचन को मारागयादेखके एकही वाण फेंककर दमको मारडाला दमको मरादेखकर क्रोधकरके अश्विनीकुमार युद्धकरने को आये सुनीथ उन्हें वीचहीमें रोककर उनसे युद्धकरनेलगा स्थिरवुद्धि युद्धमें पराक्रम को मारकर उसके मरनेसे क्रोधित होकर आयेहुए अष्टवसुओं से युद्धकरनेलगा दामोदरके साथ युद्धकरतेहुए प्रभासने मर्द्दनसे भासको विरथ कियाहुआ देखकर एकही वाणसे मर्द्दनको मारगिराया प्रकंपन अस्त्रयुद्धसे तेजप्रभको मारकर उसके मरनेसे कुपितहुए अग्नि से युद्धकरनेलगा धूमकेतु यमदंष्ट्रको युद्ध में मारकर कुपितहुए यमराज के साथ भयंकर युद्धकरनेलगा सिंहदंष्ट्र शिलासे सुरोपणको चूर्णकरके उसके वधसे कुपितहुए निर्ऋति के साथ युद्धकरनेलगा कालचक्रने चक्रसे वायुवलका शिरकाटडाला तव कुपितहोकर वायुदेवता उससे युद्धकरनेलगे सर्प वृक्ष तथा पर्वतोंका रूप धारण करके युद्धकरनेवाले कुवेरदत्त को महामायने गरुड़ अग्नि तथा वज्रकारूप धारणकरके मारा तव कुवेर कुपितहोकर उसके साथ युद्धकरनेलगे इसप्रकारसे अन्यसव देवतालोगभी अपने २ अंशोंका वध देखकर कुपितहोके युद्धकरनेलगे और मनुष्य तथा दैत्यों ने वहुत से विद्याधरों के स्वामीमारे इसवीचमें दामोदर के साथ प्रहस्तका परस्पर अस्त्र प्रत्यस्त्रों से महा घोर युद्धहुआ दामोदरने धनुपके कटने और सारथी के मरजानेपर अन्य धनुपलेके और अपनेही हाथ से घोड़ोंकी वागडोर पकड़के युद्धकिया यहदेखकर ब्रह्माने उसकी वड़ी प्रशंसाकी तव इन्द्रने उनसेपूछा कि हे भगवन् आप हारेहुए की प्रशंसा क्यों करते हो ब्रह्माजी ने उत्तरदिया कि इसकी प्रशंसा क्यों न करें जो इतने कालतक प्रभास के साथ युद्ध कररहाहै विष्णुभगवान् के अंश दामोदरके विना यह काम कौन करसक्ता है इस अकेले प्रभासके साथ सम्पूर्ण देवता मिलकर भी युद्ध नहीं करसक्ते हैं नमुचि नाम जो वड़ा वलवान् दैत्यथा वही प्रवलनाम दैत्यथा जिसका कि शरीर रत्नमयथा वही प्रवलभासका पुत्र प्रभासहुआ है भासभी पहले कालनेमिनाम महादैत्य था फिर हिरण्यकशिपुहुआ और फिर कपिंजल हुआ और सुमुण्डीकनाम दैत्य सूर्य्यप्रभहुआ है और हिरण्यकशिपुका दूसरा भाई हिरण्याक्ष दूसरे जन्ममें सुनीथहुआ है और यह जितने प्रहस्तादिक हैं यह सवभी पूर्वजन्मके दैत्य हैं जिनको कि तुम ने युद्धमें माराथा वही फिर अव उत्पन्नहुए हैं इसीसे मयासुरआदि सवदैत्य उनके पक्षमें होगये हैं देखो सूर्य्यप्रभादिकोंने जो रुद्र यज्ञकियाहै उसीके प्रभावसे वलिके वन्धन शिथिल होगये हैं इसीसे वह भी युद्ध देखनेको आयाहै अपने सत्य वचनोंकी पालना करनेकेलिये पातालही में रहना है जव तुम्हारे

समय व्यतीत होगा तव यहीइन्द्र होगा इससमय श्रीशिवजीने दैत्योंका पक्षलियाहै इससे अव तुमलोगों की विजय नहीं होगी तुम आग्रह छोड़कर संधिकरलो ब्रह्माजीके इसप्रकार वार्त्तालाप करतेही करते प्रभासने पाशुपत अस्त्र दामोदरपर चलाया उस सर्वसंहारी महारौद्र अस्त्रको देखकर विष्णुभगवान्ने अपने पुत्र दामोदरको वचाने के लिये सुदर्शनचक्र चलाया तव उनदोनों अस्त्रोंकापरस्पर महाघोर युद्धहोनेलगा और उनदोनों अस्त्रोंके तेजसे सम्पूर्ण संसारको व्याकुल देखकर विष्णुभगवान् ने प्रभाससे कहा कि तुम अपने अस्त्रका संहारकरलो तो मैं भी अपने अस्त्रका संहारकरलूं यह सुनकर प्रभास ने कहा कि दामोदर युद्धको त्यागकर भागजाय तो मैं अपने अस्त्रका संहारकरलूं क्योंकि यह अस्त्र व्यर्थ नहीं होसक्ता तव भगवान् विष्णुने कहा कि तुम भी हमारे अस्त्रका मानकरो जिसमें दोनों अस्त्रव्यर्थ न होंय भगवान् के यह वचनसुनकर प्रभासने कहा तो आपकाचक्र मेरे रथको नष्टकरे तव विष्णुभगवान् ने दामोदरको रणसे भगादिया उसे भागादेखकर प्रभासने अपने अस्त्रका संहारकरलिया और सुदर्शनचक्रने उसके रथको भस्मकरदिया तव प्रभास दूसरे रथपर चढ़कर सूर्य्यप्रभके पासगया और दामोदर श्रुतशर्मा के निकटगया ६२ उससमय इन्द्रके अंश श्रुतशर्मा और सुमुण्डीक के अवतार सूर्य्यप्रभका बड़ा घोर युद्धहुआ श्रुतशर्माने जिस २ अस्त्रको चलाया सो सव सूर्य्यप्रभने अपने अस्त्रोंसे काटडाले और श्रुतशर्मा ने जौन२सी मायाकरी सूर्य्यप्रभ ने अपनी माया से वह सव नष्टकरदीं तव श्रुतशर्मा ने क्रोधकरके ब्रह्मास्त्रका प्रयोग किया सूर्य्यप्रभ ने उसके निवारण करने को पाशुपत अस्त्र चलाया उस अस्त्रने ब्रह्मास्त्रको नष्टकरके श्रुतशर्माको नष्टकरना चाहा यह देखकर इन्द्रादिक लोकपालों ने अपने२ वज्रादिक अस्त्रचलाये परन्तु वह सव अस्त्र उसके तेजसे नष्टहोगये और श्रुतशर्म्मा उसके तेजसे मरने लगा तव सूर्य्यप्रभ ने उस महाअस्त्र की स्तुति करके कहा कि श्रुतशर्म्मा को मारिये नहीं वांधकर मुझे देदीजिये उसकी प्रार्थनासे श्रुतशर्मा को वँधादेखकर सम्पूर्ण देवतालोग युद्ध करनेको उपस्थित होगये उससमय श्री शिवजी का भेजाहुआ वीरभद्रनाम गण देवताओं से आकर वोला कि तुमलोग युद्ध देखने के लिये आयेहो तुमको युद्ध करने से क्या प्रयोजनहै मर्यादाका उल्लंघन मतकरो नहीं तो और अधिक हानिहोगी यह सुनकर देवतालोग वोले कि हमलोगों के वहुतसे पुत्र मारेगये और वहुत मारेजारहे हैं तो हम कैसे न लड़ें पुत्रोंका स्नेह हमारे छोड़ने से नहींछूटता जो कोई उन्हें मारेगा उन्हें हम लोग यथाशक्ति मारेंगे इसमें मर्यादाका उल्लंघनही क्याहै देवतालोगों के यह वचनसुनकर वीरभद्र के चलेजानेपर देवता तथा दैत्योंका महाघोर युद्धहोनेलगा अश्विनीकुमार के साथ सुनीथ, अष्टवसुकेसाथ स्थिरवुद्धि, वायुके साथ कालचक्र, अग्निके साथ प्रकंपन, निर्ऋतिके साथ सिंहदंष्ट्र, वरुणकेसाथ प्रमथन, यमकेसाथ धूमकेतु, और कुवेरकेसाथ महामाय अस्त्रप्रत्यस्त्रोंसेयुद्ध करनेलगे अन्तमें जो २ देवता जो२ महास्त्र छोड़ताथा श्रीशिवजी अपने हुंकारहीसे उसको नष्टकरदेतेथे महामायपर कुवेरको गदामारनेको उद्यतदेखकर श्रीशिवजीने अपना भक्तजानकर वचनहीसे उसे निवारण करदिया और अन्यसवदेवता अपने महास्त्रोंको नष्ट देखकर युद्ध छोड़ २ कर भागगये तव इन्द्रक्रोधकरके आपही सूर्य्यप्रभके साथ

युद्ध करनेलगा इन्द्रने बहुतसे अस्त्र शस्त्र और अनेक बाण सूर्य्यप्रभपर चलाये सूर्य्यप्रभ ने अपने बाणोंसे उन सबको काटकर सौबाण कानतक खेंचकर इन्द्रके मारे उन बाणोंके लगने से अत्यन्त कुपितहोके इन्द्रने अपना वज्र उठाया वज्रको देखकर श्रीशिवजी ने हुंकारकरकेही उसे नष्ट करदिया वज्रको नष्ट देखकर इन्द्र पराङ्मुखहोकर युद्ध से भागगये इस बीचमें विष्णु भगवान् आपही प्रभाससे युद्ध करनेलगे युद्ध करते २ प्रभासका रथ काटडाला घोड़े मारडाले तब वह दूसरा रथ लेकर अत्यन्त घोरयुद्ध करनेलगा तब भगवान् ने कुपितहोकर अपना सुदर्शनचक्र उसपर चलाया प्रभास ने उसे निवारण करनेके अर्थ अभिमन्त्रित करके खड्ग चलाया उन दोनोंका परस्पर युद्धहोते २ खड्गको हीनहोता देखकर श्रीशिवजीने हुंकार किया जिससे खड्ग और सुदर्शनचक्र दोनों अन्तर्द्धानहोगये तब सूर्य्यप्रभकी जयदेखकर और श्रुतशर्माको बँधादेखकर सम्पूर्ण दैत्य तथा मनुष्य अत्यन्त प्रसन्नहुए और देवतालोग महाविषादयुक्त होगये ९० तदनन्तर देवतालोगों ने स्तुति करके श्रीशिवजी को प्रसन्नकिया तब शीघ्रप्रसाद श्रीशिवजीने प्रसन्नहोकर कहा कि सूर्य्यप्रभके लिये जो मैंने प्रतिज्ञाकी है उसके सिवाय जो चाहो सोमांगो यह सुनकर देवतालोगोंने कहा कि आपकी प्रतिज्ञाको कौनमेट सक्ताहै परन्तु जो हमलोगोंने श्रुतशर्माकेलिये प्रतिज्ञाकी है उसे भी मिथ्या न कीजिये जिसमें हमलोगोंका अंश नष्ट न होय देवताओंके यह वचन सुनकर श्रीशिवजीबोले कि सन्धिकरने से यह बात होसक्ती है और सन्धि इसप्रकारसे करो कि श्रुतशर्मा अपने परिकरसमेत सूर्य्यप्रभको प्रणामकरे तब मैं ऐसा करूंगा जिसमें सबका कल्याणहोगा शिवजीकी यह आज्ञापाकर देवतालोगों ने श्रुतशर्म्मा से परिकर समेत सूर्य्यप्रभको प्रणामकरवाया और वैरको शान्तकरके दोनों को गले मिलवाकर दोनों की सन्धिकरवादीनी तब श्रीशिवजी सब के आगे सूर्य्यप्रभ से बोले कि तुम वेदीके दक्षिण भागमें अपना चक्रवर्त्तीपनेका अधिकारकरो और उत्तरभाग श्रुतशर्म्माकोदेदो हेपुत्र थोड़ेहीकालमें किन्नरादिक आकाशचारियों के चक्रवर्त्तीहोकर तुम इससे चतुर्गुणित ऐश्वर्य्यको प्राप्तहोगे और उसके प्राप्त होनेपर तुम दक्षिणभाग भी कुंजरकुमारको देदेना यह कहकर फिर श्रीशिवजी बोले कि इस युद्धमें जो देवता दैत्य तथा मनुष्यमरे हैं वह सब अपने भलेचंगे शरीरोंसमेतजीउठें यह कहकर श्रीशिवजी तो अन्तर्द्धानहोगये और सम्पूर्ण योद्धा जो कि युद्धमें मरेथे सोकर जगेहुएके समान जीकर उठबैठे तदनन्तर श्रीशिवजीकी आज्ञाको शिरपर रखकर एक बड़े सुन्दर मैदान में जाकर सूर्य्यप्रभ बैठा और श्रुतशर्म्माभी वहीं आया उसे सूर्य्यप्रभने अपने सिंहासनपर बैठालिया तब सूर्य्यप्रभ के प्रभासादिक मन्त्री तथा श्रुतशर्म्मा के दामोदरादिक मन्त्री और मय सुनीथादिकदैत्य तथा सम्पूर्ण विद्याधर यथा योग्य आसनोंपर बैठे उससमय सातों पातालों के स्वामी प्रह्लादादिक दैत्य लोकपाल तथा बृहस्पति सहित इन्द्र सुमेरु सुवासकुमार दनु आदिक कश्यपजी की सबस्त्रियां सूर्य्यप्रभकी संपूर्ण रानियां और [illegible] के संपूर्ण राजा यह सबलोग अपने २ स्थानों से वहाँआये और परस्पर यथायोग्य [illegible] दनुकी सिद्धिनाम सखी उनकी आज्ञा से यह वचन बोली कि हे

देवता तथा दैत्यलोगो देवीदनु तुमलोगों से कहती हैं कि इसप्रीति समाजमें जैसासुख होरहाहै वैसा और भी कभी तुमलोगोंने अनुभव कियाहै इससे अब दुःखका कारण परस्पर विरोध कभी मतकरना और जिन हिरण्याक्षादिकों ने ज्येष्ठ होनेके कारण स्वर्ग का राज्यलेनेके निमित्त विरोधकिया था वह अब नहीं रहे अब इन्द्रही ज्येष्ठहैं तो विरोधका क्या प्रयोजनहै इससे वैरको त्यागकरके परस्पर स्नेहसे सुखपूर्व्वक रहो जिससे हमलोगों को सुखहोय और संसारका कल्याणहोवे सिद्धिके मुखसे दनुके यह वचन सुनकर इन्द्रकी ओरसे बृहस्पति जी बोले कि देवतालोगों को दैत्योंसे कोई वैर नहीं है जो दैत्य लोगही देवतालोगों के साथ विनाकारणके विकार न करें तो वैर कभी न होय बृहस्पतिके यह वचन सुनकर मयासुर बोला कि जो दैत्यलोगही वैर करतेहोते तो नमुचि दैत्य इन्द्रको अपना उच्चैश्श्रवा घोड़ा क्यों देदेता प्रबल अपना शरीर देवताओंको क्यों देता बलि विष्णुको त्रैलोक्य देकर बन्दीगृह में क्योंजाते और अयोदेह अपना शरीर विश्वकर्माको क्योंदेदेता और कहांतक कहें दैत्यलोगों के चित्तमें वैर नहींहै जो उनके साथ छल न कियाजाय तो वह कभी उपद्रव न करें मयासुरके इसप्रकार कहनेपर सिद्धिने ऐसे वचन कहे जिनसे देवता लोगोंने तथा दैत्योंने गलेसें गलामिलाकर परस्पर प्रेमकरलिया इसवीचमें श्री पार्वतीजीकी भेजीहुई जयानाम प्रतिहारी वहाँ आई और सबके पूजनको ग्रहणकरके सुमेरुसे बोली कि श्री पार्वतीजीने तुमसे कहा है कि तुम्हारी कामचूड़ामणि जो कन्याहै वह मेरी परम भक्तहै इससे उसका विवाह तुम सूर्य्यप्रभ के साथ करदो जयाके यहवचन सुनकर सुमेरु नम्रहोकरबोला कि भगवतीने मेरेऊपर बड़ी दयाकी है जो उनकी आज्ञाहोगी सोई में करूंगा श्रीशिवजीभी मुझेप्रथम येही आज्ञादेचुके हैं सुमेरु के यह वचन सुनकर जया सूर्य्यप्रभ से बोली कि तुमसे भी श्रीपार्वतीजीने कहा है कि तुम इसे अपनी सबस्त्रियोंमें पटरानी करना और यह तुमको सबस्त्रियों से अधिक प्रियहोगी जयाके यहवचन सुनकर सूर्य्यप्रभने कहा कि भगवतीकी आज्ञा मेरे शिरपरहै तदनन्तर जयाके चले जानेपर सुमेरुने उसीदिन लग्नका निश्चयकरके रत्नजटित वेदीवनवाई और अपनी कामचूड़ामणि पुत्रीको वहींवुलवाया उसेदेखकर संपूर्ण देवता तथा दैत्य कहनेलगे कि श्रीपार्वतीजीका जन्महिमालय से हुआहै और इसका सुमेरुसे हुआहै इसीसे यहपार्वतीजीके समान रूपवती है तब सुमेरुने उसेवेदीपर बैठालकर संकल्प करके उसका हाथ सूर्य्यप्रभके हाथमें देदिया दनुआदिक स्त्रियोंसे बाँधेहुए कंकण समेत कामचूड़ामणिका हाथ ग्रहणकरके सूर्य्यप्रभ अत्यन्त प्रसन्नहुआ उससमय पहलीवार लाजाहवनमें पार्वतीजीकी भेजीहुई जयाने आकर दिव्य कभी नाश न होनेवाली माला सूर्य्यप्रभको दी और सुमेरुने अमूल्यरत्नों समेत ऐरावतसे उत्पन्न दिव्यहाथी दिया दूसरीवार लाजाहवनमें जयाने रत्नावलीदी जिसे कंठमें धारण करने से मृत्यु क्षुधा तथा तृषा नहींबाधाकरसक्ती है और सुमेरुने द्विगुणरत्न तथा उच्चैश्श्रवासे उत्पन्नश्रेष्ठघोड़ा औरतीसरीवार लाजाहवनमें जयाने एक लड़ी मालादी जिसके पहरने से युवावस्थाही सदैव बनीरहती है और सुमेरुने त्रिगुण रत्न तथा एकदिव्यगोली दी जिससे सबप्रकारकी सिद्धियां प्राप्त होसक्ती थीं इसप्रकार विवाह विधिके समाप्त होजानेपर सुमेरुने हाथजोड़कर देवता दैत्य विद्याधर तथा

युद्ध करनेलगा इन्द्रने बहुतसे अस्त्र शस्त्र और अनेक बाण सूर्य्यप्रभपर चलाये सूर्य्यप्रभ ने अपने बाणोंसे उन सबको काटकर, सौबाण कानतक खैंचकर इन्द्रके मारे उन बाणोंके लगने से अत्यन्त कुपितहोके इन्द्रने अपना वज्र उठाया वज्रको देखकर श्रीशिवजी ने हुंकारकरकेही उसे नष्ट करदिया वज्रको नष्ट देखकर इन्द्र पराङ्मुखहोकर युद्ध से भागगये इस बीचमें विष्णु भगवान् आपही प्रभाससे युद्ध करनेलगे युद्ध करते २ प्रभासका रथ काटडाला घोड़े मारडाले तब वह दूसरा रथ लेकर अत्यन्त घोरयुद्ध करनेलगा तब भगवान् ने कुपितहोकर अपना सुदर्शनचक्र उसपर चलाया प्रभास ने उसे निवारण करनेके अर्थ अभिमन्त्रित करके खड्ग चलाया उन दोनोंका परस्पर युद्धहोते २ खड्गको हीनहोता देखकर श्रीशिवजीने हुंकार किया जिससे खड्ग और सुदर्शनचक्र दोनों अन्तर्द्धानहोगये तब सूर्य्यप्रभकी जयदेखकर और श्रुतशर्माको बँधादेखकर सम्पूर्ण दैत्य तथा मनुष्य अत्यन्त प्रसन्नहुए और देवतालोग महाविषादयुक्त होगये ९० तदनन्तर देवतालोगों ने स्तुति करके श्रीशिवजी को प्रसन्नकिया तब शीघ्रप्रसाद श्रीशिवजीने प्रसन्नहोकर कहा कि सूर्य्यप्रभके लिये जो मैंने प्रतिज्ञाकी है उसके सिवाय जो चाहो सोमांगो यह सुनकर देवतालोगोंने कहा कि आपकी प्रतिज्ञाको कौनमेट सक्ताहै परन्तु जो हमलोगोंने श्रुतशर्माकेलिये प्रतिज्ञाकी है उसे भी मिथ्या न कीजिये जिसमें हमलोगोंका अंश नष्ट न होय देवताओंके यह वचन सुनकर श्रीशिवजीबोले कि सन्धिकरने से यह बात होसक्ती है और सन्धि इसप्रकारसे करो कि श्रुतशर्मा अपने परिकरसमेत सूर्य्यप्रभको प्रणामकरे तब मैं ऐसा करूंगा जिसमें सबका कल्याणहोगा शिवजीकी यह आज्ञापाकर देवतालोगों ने श्रुतशर्म्मा से परिकर समेत सूर्य्यप्रभको प्रणामकरवाया और वैरको शान्तकरके दोनों को गले मिलवाकर दोनों की सन्धिकरवादीनी तब श्रीशिवजी सब के आगे सूर्य्यप्रभ से बोले कि तुम वेदीके दक्षिण भागमें अपना चक्रवर्त्तीपनेका अधिकारकरो और उत्तरभाग श्रुतशर्म्माकोदेदो हेपुत्र थोड़ेहीकालमें किन्नरादिक आकाशचारियों के चक्रवर्त्तीहोकर तुम इससे चतुर्गुणित ऐश्वर्य्यको प्राप्तहोगे और उसके प्राप्त होनेपर तुम दक्षिणभाग भी कुंजरकुमारको देदेना यह कहकर फिर श्रीशिवजी बोले कि इस युद्धमें जो देवता दैत्य तथा मनुष्यमरे हैं वह सब अपने भलेचंगे शरीरोंसमेतजीउठें यह कहकर श्रीशिवजी तो अन्तर्द्धानहोगये और सम्पूर्ण योद्धा जो कि युद्धमें मरेथे सोकर जगेहुएके समान जीकर उठबैठे तदनन्तर श्रीशिवजीकी आज्ञाको शिरपर रखकर एक बड़े सुन्दर मैदान में जाकर सूर्य्यप्रभ बैठा और श्रुतशर्म्माभी वहीं आया उसे सूर्य्यप्रभने अपने सिंहासनपर बैठालिया तब सूर्य्यप्रभ के प्रभासादिक मन्त्री तथा श्रुतशर्म्मा के दामोदरादिक मन्त्री और मय सुनीथादिकदैत्य तथा सम्पूर्ण विद्याधर यथा योग्य आसनोंपर बैठे उससमय सातों पातालों के स्वामी प्रह्लादादिक दैत्य लोकपाल तथा बृहस्पति सहित इन्द्र सुमेरु सुवासकुमार दनु आदिक कश्यपजी की सबस्त्रियां सूर्य्यप्रभकी संपूर्ण रानियां और विद्याधरोंके संपूर्ण राजा यह सबलोग अपने २ स्थानों से वहाँ आये और परस्पर यथायोग्य शिष्टाचार करके बैठे तब दनुकी सिद्धिनाम सखी उनकी आज्ञा से यह वचन बोली कि हे

सुनकरके एकगजमुख पुरुष ने द्वार खोलकर कहा कि आओ तुम्हारे ऊपर भगवान् गणेशजी प्रसन्नहैं यह आज्ञापाके उसने भीतरजाके देखा कि एक बड़ीभारी मणिमय शिलापर बारहसूर्य्यों के समान तेजस्वी एकदन्त लम्बोदर त्रिनेत्र देदीप्यमान परशु तथा मुद्गरधारी भगवान् गणाधिपति बैठे हैं और अनेकगण उनके निकट खड़ेहुएहैं इसप्रकार भगवान् गणपतिके दर्शनकरके उनके चरणोंपर गिरकर उसने प्रणामकिया विघ्नहर्ता भगवान् गणेशजीने उसे प्रणाम करते देखके उससे आगमनका कारण पूछके कहा कि इसमार्गसे चलेजाओ यह आज्ञा पाकर उस मार्गसे पांचयोजन ऊंचेचढ़के सूर्य्यप्रभने एक मणिका बड़ाभारी द्वारदेखा और उसमें भी प्रवेश करनेको असमर्थ होकर सहस्रनाम से श्रीशिवजी की स्तुतिकी तब स्वामिकार्त्तिकके पुत्र विशाखने द्वार खोलकर उससेकहा कि भीतरआओ वहां जाकर उसने अग्निके समान तेजस्वी भगवान् स्वामिकार्त्तिकको बालग्रह रूप शाक विशाखादिक पांचपुत्रों से युक्तदेखा और प्रणाम किया स्वामिकार्त्तिकने भी प्रसन्नहोके उसेचढ़नेका मार्ग बतादिया इसक्रमसे भैरव महाकाली वीरभद्र नन्दी तथा भृङ्गीसेरक्षित पांचरत्नोंके अन्यद्वारोंको उल्लंघनकरके वहपर्व्वतके ऊपर स्फटिकके द्वारपर पहुंचा और द्वारको मुद्रित देखकर श्रीशिवजीकी स्तुति करनेलगा तब एकरुद्रने द्वारखोल कर उसेआदर पूर्व्वक बुलालिया भीतरजाकर उसने स्वर्गसेभी अधिकमनोहर श्री शिवजीका स्थानदेखा वहां दिव्य सुगन्धयुक्त वायुचलरही थी सदैव पुष्पफलों से युक्त अनेकवृक्ष लगरहेथे गन्धर्व गान करते और अप्सरा नृत्यकररहीं थीं ऐसे मनोहर शुभस्थान में स्फटिकके सिंहासनपर त्रिलोचन शूलपाणि स्फटिकके समान गौरवर्ण पीत जटाजूटधारी चन्द्रशेखर भगवान् श्रीशिवजी को पार्वतीजी समेत देखकर सूर्य्यप्रभने चरणों में गिरकर उनको प्रणाम किया तब श्रीशिवजीने उसकी पीठपर हाथरखके और उठाके पूछा कि हे पुत्र किसनिमित्त आयेहो यह सुनकर सूर्य्यप्रभ हाथ जोड़कर बोला हे स्वामी मेरे अभिषेक का समय निकट आयाहै इससे मैं यह प्रार्थना करने आयाहूं कि आपभी उस समय कृपाकीजिये यह सुनकर श्रीशिवजी ने कहा कि हे पुत्र इतनेही के लिये तुमने इतनाश्रम क्यों किया वहीं से मेरास्मरण क्यों नहीं किया मैं उस समय वहां अवश्य आऊंगा यह कहकर एकगणको बुलाकर कहा कि जाओ इसे अभिषेकके लिये ऋषभपर्व्वतपर पहुंचा आओ क्योंकि विद्याधरों के चक्रवर्त्तियों का अभिषेक वहीं होता है शिवजी की यह आज्ञापाके वह गण सूर्य्यप्रभको गोदी में उठाकर ऋषभपर्व्वतपर ले आया और उसीसमय अपनी सिद्धिसे अन्तर्द्धान होगया उससमय वहां सूर्य्यप्रभके पास प्रभासादिक सम्पूर्ण मन्त्री काम चूड़ामणि आदिक सम्पूर्ण रानियां इन्द्रादिक देवता मयादिक दैत्य याज्ञवल्क्यादि महर्षि श्रुतशर्मा सुवासकुमार और सुमेरु आदिक विद्याधरों के सब राजा आये सूर्य्यप्रभने उन सबका सत्कार किया और अपने मन्त्री तथा मित्रोंसे श्रीशिवजीके मिलनेका वृत्तान्त कहा तदनन्तर प्रभासादिक मन्त्री सम्पूर्ण ओषधि तथा सुवर्णके घटोंमें नदनदीयोंके जललाये इतनेमें श्रीशिवजीभी पार्वतीजी समेत वहां आगये उन्हें देखकर सम्पूर्ण देवता दैत्य विद्याधर राजा तथा महर्षियोंने उठ २ कर प्रणाम किया तब श्रीशिवजीकी आज्ञासे सम्पूर्ण महर्षियोंने सूर्य्यप्रभको सिंहा-

देव मातादिक सबसे कहा कि मैं हाथजोड़कर सबसे प्रार्थना करता हूं कि आज कृपाकरके सब मेरेही यहां भोजनकरो सुमेरुकी इस प्रार्थनाको सबलोगों को ग्रहणकरते न देखकर नन्दीगण ने वहां आकर कहा कि श्रीशिवजीकी यह आज्ञाहै कि आज तुम सब लोग सुमेरुकेही यहां भोजनकरो क्योंकि यह हमारा परमभक्त है इसके यहां भोजन करने से तुमलोगों को सदैव तृप्ति बनीरहैगी नन्दीश्वरके यह वचन सबने स्वीकारकरलिये तब शिवजी के भेजेहुए विनायक, महाकाल तथा वीरभद्रादिक गणों ने आकर भोजनकी सम्पूर्णसामग्री इकट्ठीकी और देवता दैत्य तथा मनुष्यों को बैठालकर सुमेरुकी विद्या से प्राप्तहुए तथा श्रीशिवजीकी आज्ञापाकर कामधेनुसे दियेगये भोजन सबके आगे परोसेगये एक २ गण एक २ पुरुषके पास खड़ारहा जिससे ऐसा न होय कि किसीको कोई वस्तु मांगने पर न मिले और भोजन के समय दिव्य गान तथा दिव्य स्त्रियों का नृत्यभी होतारहा इसप्रकार जब सब भोजन करचुके तब नन्दीश्वरादिक सबको वस्त्र आभूषण तथा हारदेकर और यथायोग्य सबका सत्कारकरके चलेगये तदनन्तर सब देवता, दैत्य देवमाता तथा श्रुतशर्म्मा आदिकोंके भी अपने २ स्थानपर चले जानेपर सूर्य्यप्रभ अपने मंत्री तथा स्त्रियों समेत सुमेरुके तपोवनमें चला आया वहां आकर उसने अपने मित्रहर्षको सम्पूर्ण राजा लोगोंसे तथा अपने छोटेभाई रत्नप्रभसे अपनी विजयकी वृत्तान्त कहनेको भेजा और इसप्रकार उत्सवसे उसदिनके व्यतीत होजानेपर रात्रिकेसमय शयन स्थानमें जाकर नवीन वधू कामचूड़ामणि को आलिंगनादिकों से लज्जारहित करके उसके साथ नवीन संगमका अपूर्व्व सुख अनुभव किया और रतिके उपरान्त उससे यह कहा कि अब मेरी रानीतो बहुतसी हैं परन्तु हृदय में तुम्हारीही स्थानहै यह कहके उसे आलिंगन करके वह सोगया और रात्रि व्यतीत होगई १६० प्रातः काल उठकर सूर्य्यप्रभ अपनी अन्य स्त्रियोंको भी प्रसन्न करनेकेलिये उनके पासगया वह सब उसे नवीन वधूसे अनुरक्त जानकर कुटिलता भरेहुए मधुर वचनों से उसकी हँसी करनेलगीं इतने में प्रतीहार के द्वारा निवेदन कियेगए सुषेणनाम विद्याधरने आकर कहा कि हे स्वामी त्रिकूटनाथ नामादिक विद्याधरोंने मुझे आपके पास यह प्रार्थना करनेको भेजाहै कि आजके तीसरे दिन ऋषभ पर्व्वतपर आपके अभिषेककी लग्नहै इससे आप सम्पूर्ण लोगोंको निमंत्रण भिजवाइये और अभिषेककी सम्पूर्ण सामग्री इकट्ठी करवाइये यह सुनकर सूर्य्यप्रभने उस दूतसे कहा कि जाओ त्रिकूटनाथादिकोंसे कहो कि आपही लोग सबसामग्री इकट्ठी कीजिये मैं यहां तैयारहूं और निमंत्रणभी मैं सबके पासभिजवादूंगा इससंदेशेको लेकर सुषेण तो चलागया और सूर्य्यप्रभ अपने प्रभासादिक मंत्रियोंको देवताओंको याज्ञवल्क्यादिक मुनि राजालोग, विद्याधर तथा दैत्यलोगोंको निमंत्रण देनेकेलिये भेजकर आप श्रीपार्वतीजी तथा श्रीशिवजीको निमंत्रण देनेकोचला और देवता ऋषि तथा सिद्धलोगोंसे सेवित अत्यन्त श्वेतवर्ण द्वितीय शिवजीके समान कैलाशपर्व्वतपर पहुंचा वहां आवेसे अधिक दूरचढ़कर फिर आगे उसे चढ़ने का कोई मार्ग नहीं दिखाई दिया और एक मृगेका बनाहुआ द्वार दिखाई दिया जब उस द्वारमें वह अपनी सिद्धिके द्वारा घुस न सका तब एकाग्रचित्त होकर श्रीशिवजीकी स्तुति करनेलगा स्तुतिको

सुनकर एकगजमुख पुरुष ने द्वार खोलकर कहा कि आओ तुम्हारे ऊपर भगवान् गणेशजी प्रसन्नहैं यह आज्ञापाके उसने भीतरजाके देखा कि एक बड़ीभारी मणिमय शिलापर बारहसूर्यों के समान तेजस्वी एकदन्त लम्बोदर त्रिनेत्र देदीप्यमान परशु तथा मुद्गरधारी भगवान् गणाधिपति बैठे हैं और अनेकगण उनके निकट खड़ेहुएहैं इसप्रकार भगवान् गणपतिके दर्शनकरके उनके चरणोंपर गिरकर उसने प्रणामकिया विघ्नहर्ता भगवान् गणेशजीने उसे प्रणाम करते देखके उससे आगमनका कारण पूछके कहा कि इसमार्गसे चलेजाओ यह आज्ञा पाकर उस मार्गसे पांचयोजन ऊंचेचढ़के सूर्य्यप्रभने एक पन्नेका बड़ाभारी द्वारदेखा और उसमें भी प्रवेश करनेको असमर्थ होकर सहस्रनाम से श्रीशिवजी की स्तुतिकी तब स्वामिकार्त्तिकके पुत्र विशाखने द्वार खोलकर उससेकहा कि भीतरआओ वहां जाकर उसने अग्निके समान तेजस्वी भगवान् स्वामिकार्त्तिकको बालग्रह रूप शाक विशाकादिक पांचपुत्रों से युक्तदेखा और प्रणाम किया स्वामिकार्त्तिकने भी प्रसन्नहोके उसेचढ़नेका मार्ग बतादिया इसक्रमसे भैरव महाकाली वीरभद्रनन्दी तथा भृङ्गीसेरक्षित पांचरत्नोंके अन्यद्वारोंको उल्लंघनकरके वहपर्व्वतके ऊपर स्फटिकके द्वारपर पहुंचा और द्वारको मुद्रित देखकर श्रीशिवजीकी स्तुति करनेलगा तब एकरुद्रने द्वारखोल कर उसेआदर पूर्व्वक बुलालिया भीतरजाकर उसने स्वर्गसेभी अधिक मनोहर श्री शिवजीका स्थानदेखा वहां दिव्य सुगन्धयुक्त वायुचलरही थी सदैव पुष्पफलों से युक्त अनेकवृक्ष लगरहेथे गन्धर्व गान करते और अप्सरा नृत्यकररहीं थीं ऐसे मनोहर शुभस्थान में स्फटिकके सिंहासनपर त्रिलोचन शूलपाणि स्फटिकके समान गौरवर्ण पीत जटाजूटधारी चन्द्रशेखर भगवान् श्रीशिवजी को पार्वतीजी समेत देखकर सूर्य्यप्रभने चरणों में गिरकर उनको प्रणाम किया तब श्रीशिवजीने उसकी पीठपर हाथरखके और उठाके पूछा कि हे पुत्र किसनिमित्त आयेहो यह सुनकर सूर्य्यप्रभ हाथ जोड़कर बोला हे स्वामी मेरे अभिषेक का समय निकट आयाहै इससे मैं यह प्रार्थना करने आयाहूं कि आपभी उस समय कृपाकीजिये यह सुनकर श्रीशिवजी ने कहा कि हे पुत्र इतनेही के लिये तुमने इतनाश्रम क्यों किया वहीं से मेरास्मरण क्यों नहीं किया मैं उस समय वहां अवश्य आऊंगा यह कहकर एकगणको बुलाकर कहा कि जाओ इसे अभिषेकके लिये ऋषभपर्व्वतपर पहुंचा आओ क्योंकि विद्याधरों के चक्रवर्त्तियों का अभिषेक वहीं होता है शिवजी की यह आज्ञापाके वह गण सूर्य्यप्रभको गोदी में उठाकर ऋषभपर्व्वतपर ले आया और उसीसमय अपनी सिद्धिसे अन्तर्द्धान होगया उससमय वहां सूर्य्यप्रभके पास प्रभासादिक सम्पूर्ण मन्त्री काम चूड़ामणि आदिक सम्पूर्ण रानियां इन्द्रादिक देवता मयादिक दैत्य याज्ञवल्क्यादि महर्षि श्रुतशर्मा सुवासकुमार और सुमेरु आदिक विद्याधरों के सब राजा आये सूर्य्यप्रभने उन सबका सत्कार किया और अपने मन्त्री तथा मित्रोंसे श्रीशिवजीके मिलनेका वृत्तान्त कहा तदनन्तर प्रभासादिक मन्त्री सम्पूर्ण औषध तथा सुवर्णके घटोंमें सब तीर्थोंके जललाये इतनेमें श्रीशिवजीभी पार्वतीजी समेत वहां आगये उन्हें देखकर सम्पूर्ण देवता दैत्य विद्याधर राजा तथा महर्षियोंने उठ २ कर प्रणाम किया तब श्रीशिवजीकी आज्ञासे सम्पूर्ण महर्षियोंने सूर्य्यप्रभको सिंहा-

सनपर बैठके सब तीर्थोंके जलोंसे अभिषेक किया और सम्पूर्ण देवता दैत्य तथा विद्याधरोंने मिलकर पुण्याहवाचन किया और मयासुरने उसके शिरपर मुकुट रखकरके पट्टबांधा उस समय सम्पूर्ण महर्षियोंने कामचूडामणिको अभिषेक करके उसकी पटरानी बनादी इसप्रकार अभिषेककी विधिके समाप्तहोजानेपर आकाशमें दुन्दुभी बजनेलगी और वेश्यानृत्यकरनेलगीं तदनन्तर देवता तथा दैत्योंके अपनेअपने स्थानोंपर चलेजानेपर सूर्य्यप्रभ ने अपने बन्धु मित्र तथा मन्त्रियोंसमेत अभिषेकका बड़ा उत्सवकिया और श्रीशिवजीकी आज्ञानुसार वेदीका उत्तरभाग श्रुतशर्म्माको देदिया फिर अन्यबहुतसी विद्याधरी स्त्रियोंके साथ विवाह करके अपने मन्त्रियोंसमेत विद्याधरोंके चक्रवर्त्तीपनेका भोगकिया इसप्रकार श्रीशिवजीकी कृपासे सूर्य्यप्रभ मनुष्यहोकर भी विद्याधरोंका चक्रवर्त्तीहुआ था इसकथाको कहकर विद्याधरों का राजा वज्रप्रभ वत्सराज उदयन् तथा नरवाहनदत्तको प्रणामकरके आकाश को चलागया उसके चलेजाने पर नरवाहनदत्त अपनी प्रिया मदनमंचुकासमेत अपने पिताके यहां विद्याधरों के पदकी प्राप्तिके लिये प्रतीक्षा करतारहा २१२॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांसूर्य्यप्रभलम्बकेसप्तमस्तरंगः ७॥

सूर्य्यप्रभनामआठवांलम्बकसमाप्तहुआ॥

## अलंकारवती नाम नवमो लम्बकः

निशुंभभणनंश्रोर्वी खचिताःपर्वताअपि
यन्नमन्तीवनृत्यन्तं नमामस्तंविनायकम्॥

इसप्रकार विद्याधरों के राजाओं से पहलेही सत्कार कियागया नरवाहनदत्त कोशाम्बी में अपने पिताके यहाँ निवास करताहुआ आनन्द से समय व्यतीत करताथा एकसमय नरवाहनदत्त अपनी सेनाको लेकर मंत्रियों समेत शिकार खेलनेको गया वहाँ किसी वनमें सम्पूर्ण सेनाको छोड़के गोमुखको साथ लेकर वनके आनन्द देखने को भ्रमण करताहुआ कुछदूर चलागया वहाँ उसकी शुभसूचक दाहिनी आंख फड़कनेलगी और दिव्यवीणाके बाजे समेत दिव्यगान सुनाईदिया उसीशब्द के अनुसार थोड़ीदूर जाकर एक शिवजी का मन्दिर उसने देखा और घोड़े बांधकर गोमुखको साथ लेकर उसके भीतर जाकर वीणा बजातीहुई एक दिव्यकन्या देखी उसकन्याके साथमें अन्य भी बहुत सी कन्या थीं चन्द्रमाके समान उसकन्याको देखकर समुद्रके समान नरवाहनदत्तका चित्त चलायमान हुआ और वहकन्या भी रसीले भोले नेत्रोंसे उसके स्वरूपको देखकर सम्पूर्ण गानादिको भूलकर उसी में आशक्तचित्त होगई तब नरवाहनदत्तके चित्तका जाननेवाला गोमुख जैसेही उसकी सखियोंसे पूछने लगा कि यहकौनहै और किसकी कन्याहै वैसेही आकाशसे एक अत्यन्त स्वरूपवती प्रौढ़ा विद्याधरी

उतरकर उसीकन्या के पास बैठगई और उसकन्याने उसें प्रणामकिया तब उस विद्याधरीने उसे यह आशीर्वाददिया कि तुझे निर्विघ्नतापूर्व्वक संपूर्ण विद्याधरोंका चक्रवर्त्ती पति मिले उसके इसआशीर्वादको सुनकर नरवाहनदत्त ने निकटजाके प्रणामपूर्व्वक उससे पूछा कि हे अम्ब यह कन्या कौनहै और तुम्हारा इससे क्यासम्बन्धहै इन विनीत वचनोंको सुनकर वहबोली कि सुनो मैं तुमसे सबकथा कहतीहूं १४ हिमालयपर्व्वतपर श्रीसुन्दरपुरनाम नगरहै वहां विद्याधरोंका स्वामी अलंकारशील नाम राजाहै उसकी कांचनप्रभा नाम रानी है उसरानी में अलंकारशील राजाके एक पुत्रहुआ उस दिन स्वप्न में राजासे श्रीपार्वतीजीने कहा कि यह तुम्हारा पुत्र बड़ा धर्मात्मा होगा इससे अलंकारशीलने अपने पुत्रका नाम धर्मशील रक्खा क्रमसे धर्मशीलको युवावस्था में प्राप्तहुआ देखकर राजा अलंकारशीलने उसे सम्पूर्ण विद्या सिखाकर युवराजपदवी देदी तब धर्मशील धर्मसे सम्पूर्ण राज्य कार्य्य करके अपने पिता तथा सब प्रजामात्रको सुख देनेलगा इसबीच में कनकप्रभा फिर गर्भवती हुई और गर्भके दिन पूरे होनेपर एक बड़ी सुन्दर कन्या उत्पन्नहुई उससमय यह आकाशवाणीहुई कि यह कन्या सम्पूर्ण विद्याधरों के चक्रवर्त्ती नरवाहनदत्तकी स्त्री होगी तब अलंकारशीलने अत्यन्त प्रसन्न होकर बड़ा उत्सव किया और अपनी कन्याका नाम अलंकारवती रक्खा चन्द्रमाकी कलाके समान बढ़तीहुई वह अलंकारवती युवावस्थाको प्राप्त होकर और अपने पितासे सम्पूर्ण विद्याओंको पाकर भक्तिसे श्रीशिवजीके अनेक मन्दिरों में दर्शन करनेको जानेलगी इस बीच में धर्मशील ने युवावस्था में भी विरक्त होकर अपने पितासे कहा कि हेतात यह क्षणभंगुर विषय मुझे अच्छे नहीं मालूम होते हैं इससंसारमें ऐसी कौन वस्तुहै जो अन्तमें विरस नहीं होजाती क्या आपने व्यासमुनिका यह वचन नहीं सुनाहोगा (सर्वेक्षयान्तानिचयाः पतनान्ताःसमुच्छ्रयाः संयोगाविप्रयोगान्तामरणान्तंहिजीवितम्) सम्पूर्ण समूहों का अन्तमें क्षयहोताहै सम्पूर्ण वृद्धियोंका अन्तमें पतनहोताहै सम्पूर्ण संयोगोंका अन्तमें वियोग होता है और सम्पूर्ण जीवनों के अन्तमें मृत्यु होती है इससे हे तात बुद्धिमान् लोग इन अनित्य विषयों में स्नेह नहीं करते हैं (परत्रचसहायान्ति नभोगाःनार्थसंचयाः। एकस्तुनान्धवोधर्म्मोनजहातिप्रदात्पदम्) सम्पूर्ण भोग तथा धन परलोकमें साथ नहीं जावे हैं केवल धर्मही ऐसा बान्धवहै जो पदमरभी मनुष्य का साथ नहीं छोड़ता इससे मैं वनमें जाकर उत्तम तपकरूं जिससे नित्य परमपदकी प्राप्ति होय धर्मशीलके यह वचन सुनकर राजाअलंकारशील नेत्रोंमें आंसूभरकर बोला कि हेपुत्र तुमको इसबाल्यावस्थाही में यह क्या बुद्धिभ्रम हुआहै युवावस्थाके उपरान्त सज्जन लोग तप करना उत्तम समझते हैं इससे विवाह करके धर्म के अनुसार राज्य पालन करनेका और सुख भोगनेका यह तुम्हारा समय है वैराग्यका नहीं है पिताके यह वचन सुनकर धर्मशील फिर बोला कि हेतात वैराग्यमें और विषय लोलुप होनेमें अवस्थाका कोई नियम नहीं है देखो ईश्वरकी कृपासे कोई बाल्यावस्थामें ही शान्त होजाते हैं और कोई विषयी पुरुष वृद्धावस्था में भी शान्तिको नहीं प्राप्त होते हैं न मेरी राज्यमें रुचिहै न विवाह करनेमें है मुझे अपने जीवनका फल यही मालूम होताहै कि तप करके श्रीशिवजीका आराधनकरूं

सनपर बैठके सब तीर्थोंके जलोंसे अभिषेक क्रिया और सम्पूर्ण देवता दैत्य तथा विद्याधरोंने पुण्योहवाचन किया और मयासुरने उसके शिरपर मुकुट रखकरके पट्टबांधा उस समय सर्पियोंने कामचूड़ामणिको अभिषेक करके उसकी पटरानी बनादी इसप्रकार अभिषेककी विधि महोजानेपर आकाशमें दुन्दुभी बजनेलगीं और वेश्यानृत्यकरनेलगीं तदनन्तर देवता तथा अपनेअपने स्थानोंपर चलेजानेपर सूर्य्यप्रभ ने अपने बन्धु मित्र तथा मन्त्रियोंसमेत अभिषे उत्सवकिया और श्रीशिवजीकी आज्ञानुसार वेदीका उत्तरभाग श्रुतशर्म्माको देदिया फिर तसी विद्याधरी स्त्रियोंके साथ विवाह करके अपने मन्त्रियोंसमेत विद्याधरोंके चक्रवर्त्तीपनेका इसप्रकार श्रीशिवजीकी कृपासे सूर्य्यप्रभ मनुष्यहोकर भी विद्याधरोंका चक्रवर्त्तीहुआ था कहकर विद्याधरों का राजा वज्रप्रभ वत्सराज उदयन तथा नरवाहनदत्तको प्रणामकरके चलागया उसके चलेजाने पर नरवाहनदत्त अपनी प्रिया मदनमंचुकासमेत अपने पिताके धरों के पदकी प्राप्तिके लिये प्रतीक्षा करतारहा ३१२॥

इतिश्रीकथासरित्सागरेभाषायांसूर्य्यप्रभलम्बकेसप्तमस्तरंगः ७॥

सूर्य्यप्रभनामआठवांलम्बकसमाप्तहुआ॥

## अलंकारवती नाम नवमो लम्बकः

निशुंभभणनंभ्रोर्वा खर्विताःपर्वताअपि
यन्नमन्तीवनृत्यन्तं नमामस्तंविनायकम्॥

इसप्रकार विद्याधरों के राजाओं से पहलेही सत्कार कियागया नरवाहनदत्त कौर पिताके यहाँ निवास करताहुआ आनन्द से समय व्यतीत करताथा एकसमय नरवा सेनाको लेकर मंत्रियों समेत शिकार खेलनेको गया वहाँ किसी बनमें सम्पूर्ण सेनाक सको साथ लेकर वनके आनन्द देखने को भ्रमण करताहुआ कुछदूर चलागया वह मूचक दाहिनी आंख फड़कनेलगी और दिव्यवीणाके बाजे समेत दिव्यगान सुनाई के अनुसार थोड़ीदूर जाकर एक शिवजी का मन्दिर उसने देखा और घोड़े बांधकर लेकर उसके भीतर जाकर वीणा बजातीहुई एक दिव्यकन्या देखी उसकन्याके साथमें सी कन्या थीं चन्द्रमाके समान उसकन्याको देखकर समुद्रके समान नरवाहनदत्तका हुआ और वहकन्या भी रसीले भोले नेत्रोंसे उसके स्वरूपको देखकर सम्पूर्ण गानादि में आशक्तचित्त होगई तब नरवाहनदत्तके चित्तका जाननेवाला गोमुख जैसेही उसकी लगा कि यहकौनहै और किसकी कन्याहै वैसेही आकाशसे एक अत्यन्त स्वरूपवती

उतरकर उसीकन्या के पास बैठगई और उसकन्याने उसे प्रणामकिया तब उस विद्याधरीने उसे यह आशीर्वाददिया कि तुझे निर्विघ्नतापूर्वक संपूर्ण विद्याधरोंका चक्रवर्ती पति मिले उसके इसआशी-र्वादको सुनकर नरवाहनदत्त ने निकटजाके प्रणामपूर्वक उससे पूछा कि हे अम्ब यह कन्या कौनहै और तुम्हारा इससे क्यासम्बन्धहै इन विनीत वचनोंको सुनकर वहबोली कि सुनो मैं तुमसे सबकथा कहतीहूं १४ हिमालयपर्व्वतपर श्रीसुन्दरपुरनाम नगरहै वहां विद्याधरोंका स्वामी अलंकारशील नाम राजाहै उसकी कांचनप्रभा नाम रानी है उसरानी में अलंकारशील राजाके एक पुत्रहुआ उस स… स्वप्न में राजासे श्रीपार्वतीजीने कहा कि यह तुम्हारा पुत्र बड़ा धर्मात्माहोगा इससे अलंकारशील… न अपने पुत्रका नाम धर्मशील रक्खा क्रमसे धर्मशीलको युवावस्था में प्राप्तहुआ देखकर रानी… हलेते शीलने उसे सम्पूर्ण विद्या सिखाकर युवराजपदवी देदी तब धर्मशील धर्मसे सम्पूर्ण रा… व्याकुल अपने पिता तथा सब प्रजामात्रको सुख देनेलगा इसबीच में कनकप्रभा फिर ग… पवित्रजा-दिन पूरे होनेपर एक बड़ी सुन्दर कन्या उत्पन्नहुई उससमय यह आका… विचारकिया कि विद्याधरों के चक्रवर्त्ती नरवाहनदत्तकी स्त्री होगी तब … सुनेसेभी हमलोगों किया और अपनी कन्याका नाम अलं… कालते हैं और इनके कारवती युवावस्थाको … को किसी दूसरे आश्रममें होने… उनसे कहा कि हे मुनि लोगो …जीकेभी इतने कहनेपर उनको …मझे वैसे मेरी परीक्षा करलीजिये … यहवचन सुनकर मुनि लोगोंके चित्त … टिट्टिभ ने अपनी स्त्रीको अन्यमें आसक्त … खितहोकर सम्पूर्णलोकपालों से तथा पृथ्वी … नोंको सुनकर लोकपालोंने उसे शुद्धकरने के … ष्मी शुद्धहुई उसी टिट्टिभसरनाम तीर्थपर चलकर … क यहवचन सुनके श्री जानकीजी उन्हें साथ लेकर … जो मैंने आर्यपुत्र श्री रामचन्द्रजी के सिवाय कभी स्वप्न … होय तो मैं इसतड़ागके पार उतरजाऊं यहकहकर जलमें … प्रकटहोके अपनी गोदीमें बैठालकर पार उतारदिया तब संपूर्ण … ताजीको प्रणामकरके उनके त्यागके अपराधसे श्री रामचन्द्रजी … हाथ जोड़कर उनसे कहा कि आप आर्यपुत्रको शाप न दीजिये … योग्य है परमपतिव्रता सीताजीके यहवचन सुनकर मुनि लोगोंने प्रसन्न … रे बड़ावीर सत्पुत्रहोगा इसप्रकार वरदानपाके सीताजीने आश्रममें आ-

… र्ती … उस … इससे … वैराग्य … होनेमें उ … और कोई … करनेमें है मु

धर्मशील के यह वचन सुनकर और उसके वैराग्यको दृढ़ जानकर अलंकारशील आंसूवहाकर बोला कि हे पुत्र जो युवावस्थाही में तुमको इसप्रकार का वैराग्यहै तो मैं वृद्धावस्था में राज्य करके क्याकरूंगा मैंभी वनको चलूंगा यह कहकर अलंकारशीलने मृत्युलोकमें जाकर ब्राह्मणोंको तथा दीन लोगों को बहुतसी असर्फी तथा रत्नदिये और फिर अपने पुरमें जाकर अपनी स्त्री कांचनप्रभासे कहा कि तुम हमारी आज्ञा से इसी नगरमें रहो और इस अलंकारवती की रक्षाकरो आजके वर्षवें दिन इसी तिथि में इसके विवाहकी शुभलग्नहै उसदिन में यहां आकर इसकन्याको विवाह नरवाहनदत्तके साथ करदूंगा वही मेरे इसपुरकी रक्षा करेगा यह कहके और शपथ दिलाकर राजा अलंकारशील विलाप करतीहुई अपनी स्त्रीको छोड़कर अपने पुत्र समेत वनको चलागया तब कांचनप्रभा अपनी कन्या समेत उसी नगरमें रही क्योंकि सतीस्त्रियां अपने पतिके वचनको उल्लंघन नहीं करसक्तीं तदनन्तर अलंकारवती श्रीशिवजीके अनेक मन्दिरोंमें जाजाकर दर्शन करनेलगी और उसकी माताभी उसीके साथ२ स्नेहसे घूमतीरही एक समय प्रज्ञप्तिनाम विद्याने अलंकारवती से कहा कि कश्मीर देशमें जाकर स्वयंभूक्षेत्रमें शिवजीका पूजनकरो उस विद्याके यह वचन सुनकर अलंकारवती अपनी माताके साथ कश्मीर में जाकर नन्दिक्षेत्र, महादेवगिरि, अमर पर्वत, सुरेश्वर्यादि, विजय तथा कपटेश्वर आदि महापवित्र क्षेत्रों में श्रीशिवजी का पूजन करके अपने घरको चलीआई हे सुभग वही अलंकारवती यह है और मैं इसकी माता काञ्चनप्रभाहूं आज यह मुझसे विनाकहे इस शिवालय में चलीआई तब मैं प्रज्ञप्ति विद्या के द्वारा तुम्हारा और इसका दोनों का यहां आगमन जानकर आई हूं तुम मेरी इसकन्या के साथ विवाहकरो क्योंकि देवतालोग पहलेही से आज्ञा देचुके हैं प्रातःकाल वही दिनहै जिस दिनमें इसके पिताने विवाहकी लग्नबताई थी इससे हे पुत्र आज तुम अपनी कौशाम्बी नगरी को जाओ और मैं इसको लेकर अपने स्थानको जातीहूं प्रातःकाल राजा अलङ्कारशील वन से आकर इसका विवाह तुम्हारे साथ करदेंगे कांचनप्रभाके यहवचन सुनकर रात्रिभरभी एक दूसरे के वियोगके सहने में असमर्थ चक्रवाकोंके समान अलङ्कारवती तथा नरवाहनदत्त दोनों उदासीन होगये इनदोनों को उदासीन देखकर कांचनप्रभा बोली क्या एकरात्रि के वियोग में भी तुम लोगों को धैर्य नहीं होता धीर लोग तो अवधिरहित विरहको बहुत कालतक सहते हैं सुनो इसी बातपर मैं तुमको श्रीरामचन्द्र और सीताजी की कथा सुनाती हूं अयोध्यापुरी के स्वामी राजा दशरथ के राम भरत लक्ष्मण तथा शत्रुघ्न यहचार पुत्रथे इनमेंसे रामचन्द्र सबसे बड़ेथे यहरावणके मारनेके लिये साक्षात् विष्णु भगवान् का अवतारथे राजा जनककी कन्या सीतानाम इनकी परमप्रिय स्त्री थी भाग्यवश से राजा दशरथ ने भरतको राज्यदेकर रामचन्द्रको सीता और लक्ष्मण समेत चौदहवर्ष का वनवास दिया वन में जाकर रामचन्द्रकी प्रिय स्त्री सीताजीको हरकर रावणमार्ग में जटायुको मारकर लङ्कापुरीको लेगया तब विरह से व्याकुल श्री रामचन्द्रजी ने वालि को मार सुग्रीव से मित्रता करके हनुमान् को भेजकर सीताजी की खबर मंगवाई और खबरपाके समुद्रमें सेतु बांधके रावणको मारके विभीषणको लङ्काका

जीको लेकर वहांसे गमनकिया जब वनसे लौटकर रामचन्द्रजी अयोध्यापुरीमें आये तब भरतने संपूर्ण राज्य उनको देदिया भरतसे मिलेहुए राज्यका पालन करतेहुए रामचन्द्रकी स्त्री सीताजी गर्भवती हुई उन्हीं दिनोंमें श्रीरामचन्द्रजी अपनी प्रजाकी चेष्टा देखनेकेलिये अकेले छिपकर निकले घूमते२ उन्होंने एक ऐसे पुरुषको देखा जो अपनी स्त्रीको यहदोष लगाकर कि यहपराये घरमें रहीहै अपने घरसे निकाल रहाथा और वह उसकी स्त्री यहकहतीथी कि रामचन्द्रने राक्षसकेभी घरमें रहीहुई सीताको नहीं निकाला परन्तु यह उनसे भी बड़ाहै जो मुझे अपनी जातिवालेके भी घरमें रहनेसे घरसे निकालरहाहै उस स्त्री के यहवचन सुनके रामचन्द्रजीने अपने मन्दिरमें जाके लोकापवादसे डरकर सीताजीको वन को भिजवादिया ठीकहै (सहतेविरहक्लेशंयशस्वीनायशः पुनः) यशस्वी लोग विरहके क्लेशको सहलेते हैं परन्तु अपयशको नहीं सहसके ७० तब लक्ष्मणके द्वारा वनमें त्यागीगई सीताजी गर्भ से व्याकुल होकर भ्रमण करतीहुई भाग्यवशसे वाल्मीकिजी के आश्रममें पहुंचीं वाल्मीकिजी ने उनको पवित्रजानकर अपने आश्रममें रखलिया तब उसआश्रमके रहनेवाले अन्य मुनिलोगों ने यह विचारकिया कि सीतामें कोई दोष अवश्यहै नहीं तो इनके पति इन्हें क्यों निकालदेते इससे इनके देखनेसेभी हमलोगों को पापहोताहै और वाल्मीकिजी दयाके कारण इनको अपने आश्रमसे नहीं निकालते हैं और इनके देखनेसेहुए पापको अपने तपके प्रभावसे नष्टकर देते हैं इससे हम लोगोंको किसी दूसरे आश्रममें चलकर रहना चाहिये मुनि लोगोंका यहविचार जानकर वाल्मीकिजीनें उनसे कहा कि हे मुनि लोगो हमने अपने ध्यानसे देखलियाहै कि सीताजी परमशुद्धहैं जब वाल्मीकिजीकेभी इतने कहनेपर उनको विश्वास न हुआ तब सीताजी बोलीं कि आप लोग जैसे उचित समझें वैसे मेरी परीक्षा करलीजिये और जो मैं अशुद्ध निकलूं तो मेरा शिरकाट डालिये सीताजीके यहवचन सुनकर मुनि लोगोंके चित्त में दयाआई और सब मुनि बोले कि इसवनमें पूर्वही किसी टिट्टिभ ने अपनी स्त्रीको अन्यमें आसक्त जानकर उसपर मिथ्या दोष लगाया तब उसने अत्यन्त दुःखितहोकर सम्पूर्णलोकपालों से तथा पृथ्वी से पुकारकर अपने शुद्धकरनेको कहा उसके दीन वचनोंको सुनकर लोकपालोंने उसे शुद्धकरने के लिये एकतड़ाग इसीवनमें बनादिया उसमें वह टिट्टिभी शुद्धहुई उसी टिट्टिभसरनाम तीर्थपर चलकर सीताजी अपनी शुद्धताकी परीक्षादें उनलोगों के यहवचन सुनके श्रीजानकीजी उन्हें साथ लेकर उसतीर्थपर आई और बोलीं कि हे माता पृथ्वी जो मैंने आर्यपुत्र श्रीरामचन्द्रजीके सिवाय कभी स्वप्न में भी किसी अन्य पुरुषपर चित्त न चलायाहोय तो मैं इसतड़ागके पार उतरजाऊं यहकहकर जलमें प्रविष्टहुई जानकीजीको साक्षात् पृथ्वीने प्रकटहोके अपनी गोदीमें बैठालकर पार उतारदिया तब संपूर्ण मुनियोंने महापतिव्रता साध्वी श्री सीताजीको प्रणामकरके उनके त्यागके अपराधसे श्रीरामचन्द्रजी को शापदेनाचाहा तब सीताजी ने हाथ जोड़कर उनसे कहा कि आप आर्यपुत्रको शाप न दीजिये मुझ अभागिनीको शापदेना योग्य है परमपतिव्रता सीताजीके यहवचन सुनकर मुनि लोगोंने प्रसन्न होके यहवरदान दिया कि तेरे बड़ावीर सत्पुत्रहोगा इसप्रकार वरदानपाके सीताजीने आश्रममें आ-

कर गर्भमासोंके पूर्णहोनेपर एकसुलक्षण पुत्र उत्पन्नकिया बाल्मीकिजी ने उसकानाम लवरक्खा एक समय सीताजी लवको साथ लेकर स्नानकरनेको गई थीं उससमय वाल्मीकिजीने उनकी कुटीको शून्य देखकर शोचा कि बालकको छोड़कर सीता स्नानकरनेको जाया करतीहैं तो वहबालक कहांगया ऐसा निश्चयहोताहै कि उसबालकको कोई पशु उठा लेगया इससे एकदूसरा बालक बनाना चाहिये नहीं तो जब सीता स्नानकरके लौटेंगी और बालकको न देखेंगी तो प्राण त्यागकरदेंगी यह शोचकर बाल्मीकिजी ने लवके समान एकदूसरा बालक कुशोंका बनाकर कुटी में सुला दिया तदनन्तर स्नानकरके लौटीहुई सीताजीने वाल्मीकिजीसे कहा कि हे मुने मेरा बालक तो मेरे साथ गयाथा यहदूसरा बालक किसकाहै यहसुनकर बाल्मीकिजी ने सम्पूर्ण वृत्तान्त बताकर कहा कि यहपुत्र बड़ाभाग्यवान् होगा इसे भी तुम्हीं लेलो मैंने इसेकुशोंसे बनायाहै इसीसे इसकानाम कुशहोगा यहकहकर बाल्मीकिजी ने उन दोनों बालकोंके संस्कार करदिये और सीताजी उनदोनोंका पालन करनेलगीं बाल्यावस्थामें भी उन दोनों बालकोंको वाल्मीकिजीसेही सम्पूर्ण विद्या तथा दिव्य अस्त्र प्राप्तहोगये एकसमय उनदोनों बालकोंने उसआश्रमके मृगको मारकर खाया और वाल्मीकिजी के पूजनका शिवलिंग लेके अपना खिलौना बनाया तब वाल्मीकिजीने खिन्नहोकर सीताजीकी प्रार्थनासे उनदोनोंको यहप्रायश्चित्त बताया कि लवकुबेरके तड़ागपर जाकर सुवर्णके कमल और उनके उपवनसे मन्दारके पुष्पलावें उन्हीं पुष्पों से यहदोनों भाई मिलकर इसीशिवलिंगका पूजनकरें तो इनकापाप शान्तहोगा यहसुनकर लव कैलाश में जाकर बहुतसे यक्षोंको मारकर कुबेरके तड़ाग तथा वनसे सुवर्ण के कमल तथा मन्दारके पुष्पों को तोड़कर लौटे और थककर मार्ग में किसी वृक्षके नीचे सोगये इसबीचमें रामचन्द्रजीकी आज्ञासे नरमेध केलिये लक्ष्मणजी किसी सुलक्षण पुरुषके ढूंढ़नेको उसीमार्ग होकर निकले उन्होंने लवको जगाकर और उससे युद्धकरके मोहनास्त्रसे मोहित करके उसे अयोध्याजीमें लेगये जब लव बहुत कालतक नहीं आए तब वाल्मीकिजीने सीताजीको समझाकर ध्यानसे सब वृत्तान्त जानके कुशसेकहा कि लक्ष्मण अयोध्यामें लवको पकड़लेगयेहैं तुम इन दिव्यास्त्रोंको मुझसे लेकर लक्ष्मणको जीतकर लवको छुड़ा लाओ इसप्रकार कहके और दिव्यास्त्रदेके वाल्मीकिजीने कुशको अयोध्या भेजा अयोध्यामें पहुंचकर कुशने अपने बाणोंसे यज्ञभूमिको छादिया और यज्ञभूमिकी रक्षाके निमित्त आयेहुए लक्ष्मणजीको अपने दिव्यास्त्रोंसे जीतलिया तब रामचन्द्रने आकर उससे युद्धकिया और जब वह भी बाल्मीकिजी के प्रभावसे उसे न जीतसके तब पूछनेलगे कि तुम कौनहो और यहां क्यों युद्धकर रहेहो उसने कहा कि लक्ष्मण मेरे बड़े भाईको पकड़ लायेहैं उसके छुटानेको मैं आयाहूं हम दोनोंका लवकुश नामहै और रामचन्द्र हमारे पिता हैं यह हमारी माता जानकीजीने कहा है यह कहकर उसने जानकीजीका सब वृत्तान्त कहदिया तब रामचन्द्रने कुशको गोदमें लेकर और लवकोभी बुलाकर गोदमें लेकर कहा कि वह पापी रामचन्द्र मैंहीं हूं तब सम्पूर्ण लोग उन वीर पुत्रोंको देखकर सीताजीकी प्रशंसा करनेलगे और श्रीरामचन्द्रजी सीताजीको वाल्मीकिजी के आश्रमसे बुलाकर और पुत्रों पर राज्यका भाररखकर

रहनेलगे इसप्रकारसे धीरलोग बहुत कालतक विरहको सहते हैं तुमलोग एकरात्रि भी नहीं सहसक्ते विवाहके लिये उत्कंठित नरवाहनदत्त और अलंकारवती से यहकथा कहकर कांचनप्रभा प्रातःकाल आनेकी प्रतिज्ञाकरके अलङ्कारवतीको लेके आकाशमार्गसे अपने पुरकोगई और नरवाहनदत्त उदासीनहोकर कौशाम्बीको गया ११५ कौशाम्बी में जाकर रात्रि के समय नरवाहनदत्तको निद्रा न आवे देखकर गोमुखने कहा कि हे युवराज आपके चित्तके वहलानेके लिये मैं राजा पृथ्वीरूपकी कथा आप से कहताहूं दक्षिण दिशा में प्रतिष्ठाननाम नगरहै उसनगरमें अत्यन्त रूपवान् पृथ्वीरूपनाम राजाथा एकसमय दो ज्ञानी क्षपणक उसकेपास आये और उसके अद्भुत स्वरूपको देखकर बोले कि हे राजा हमदोनों सम्पूर्ण पृथ्वीपर घूमेहैं परन्तु आपके समान पुरुष अथवा स्त्री रूपयुक्त नहींदेखी किन्तु मुक्तिपुर द्वीपमें राजा रूपधरकी हेमलतानाम रानी में उत्पन्नहुई रूपलतानाम कन्या आपके सदृशहै और आप उसके सदृशहैं जो आपका उससे संयोगहोय तो बहुत अच्छाहोय क्षपणकोंके इसवचनके सुनतेही कामकेबाण राजाके हृदय में लगे तब राजाने कुमारिदत्तनाम अपने तसवीर उतारनेवालेको बुलाकर कहा कि मेरी तसवीर अच्छेप्रकारसे उतारकर इनदोनों भिक्षुकों के साथ मुक्तिपुरनाम द्वीपको जाओ वहां राजा रूपधरकी कन्या रूपलताको मेरी तसवीर युक्ति पूर्व्वक दिखाओ और यहजानकर कि वह राजा मुझे अपनी कन्यादेगा अथवा नहीं तुम रूपलताकी तसवीर उतारकर मेरे पास ले आओ यह कहकर और अपनी तसवीर उतरवाके राजाने उसचित्रकारको उनभिक्षुकोंके साथ भेजा वहतीनों क्रम से चलते २ समुद्रके तटपर पत्रपुरनाम नगरमें पहुंचे और वहांसे जहाजमें चढ़कर पांच दिनमें मुक्तिपुर में पहुंचे वहां उसचित्रकारने राजद्वारपर जाकर कहा कि सम्पूर्ण पृथ्वीमें मेरे समान और कोई चित्रकार नहींहै यहखबर पाकर राजा रूपधरने उसे अपने पास बुलाया वहां उसने राजाको प्रणाम करके कहा कि हे महाराज मैंने सम्पूर्ण पृथ्वी में भ्रमण किया परन्तु अपने समान कोई चित्रकार नहींपाया बताइये देवता मनुष्य अथवा दैत्यों में से किसकी तसवीरबनाऊं यहसुनकर राजाने अपनी पुत्री रूपलताको बुलाकर चित्रकारसे कहा कि इसकी तसवीर बनाकर मुझे दिखाओ तब कुमारिदत्तने रूपलता की यथावत् तसवीर बनाकर राजाको दिखाई उसे यथावत् बनीहुई देखकर राजा रूपधरने उसचित्रकार को बड़ा चतुर जानके रूपवान् जामाता मिलनेकी इच्छासे उससे पूंछा कि तुमने सम्पूर्ण पृथ्वीपर भ्रमणकियाहै तो बताओ तुमने हमारी कन्याके समान कहीं पुरुष अथवा स्त्री देखी है यहसुनकर उसने कहा कि सम्पूर्ण संसारमें इसके समान स्त्री अथवा पुरुष नहींहै किन्तु प्रतिष्ठान नगरमें पृथ्वीरूप राजा इसीके समानहै उसके साथ इसका विवाहहोय तो बहुत अच्छाहै राजा पृथ्वीरूपने अपने समान कन्या कहीं न पाकर युवावस्थामें भी विवाह नहीं कियाहै और मैंने उसकी तसवीर उतारकर अपने पास रखली है यहसुनकर राजाने कहा कि क्या वहतसवीर यहां तुम्हारे पासहै तब उसचित्रकरने वहतसवीर राजाको निकालकर देदी तसवीरमें राजा पृथ्वीरूपके स्वरूपको देखकर राजा रूपधरको बड़ा आश्चर्य हुआ और बोला कि हम धन्यहैं जिन्होंने उसकी तसवीर देखी और जिन्होंने साक्षात् उसके दर्शन

कियेहोंगे वह महाधन्यहैं राजाके यहवचन सुनकर और तसवीरको देखकर रूपलता पृथ्वीरूपपर काम से अत्यन्त मोहितहोगई उसेकामसे मोहित देखकर राजाने उस चित्रकरसे कहा कि तुम्हारी उतारीहुई तसवीरमें जराभी अन्तर नहींहोताहै जिसकी यहतसवीर है वही राजा पृथ्वीरूप मेरी कन्याको पतिहै इससे तुम इसमेरी कन्याकी तसवीरको लेजाकर पृथ्वीरूपको दिखाओ जो यह उसे प्रियलगे तो वह यहांआकर शीघ्रही इससे अपना विवाहकरे यहकहकर राजाने भिक्षुक समेत चित्रकरको बहुतसाधन देकर एकअपना दूत साथ करके वहांसे विदाकिया वह चारों पुरुष वहां से चलकर समुद्रके पारहोकर प्रतिष्ठान नगरमें आये वहांआकर चित्रकरने राजाके पास जाकर राजा रूपधरका सब वृत्तान्त कहदिया और रूपलताकी तसवीर दिखाई तसवीरको देखतेही सुन्दरताकी नदी उसरूपलतामें राजा पृथ्वीरूप की दृष्टि ऐसी मग्नहोगई कि वह उसे निकाल न सका कान्तिरूपी अमृतकी बरसानेवाली चन्द्रिका के समान उसतसवीरको देखकर चकोरके समान राजा तृप्त नहीं हुआ इसप्रकार उसे देखकर राजाने चित्रकरसे कहा कि रूपलताको बनानेवाला ब्रह्मा और उसकी तसवीर उतारनेवाला तुम्हारा हाथ दोनों वन्दनाकरनेके योग्यहैं मैंने राजारूपधरके वचन स्वीकार करलिये मैं मुक्तिपुरद्वीपमें जाकर उसकी कन्या के साथ अवश्य विवाह करूंगा यहकहकर उसने चित्रकरको दूतको तथा भिक्षुकोंको बहुतसाधन देकर विरहसे व्याकुलहोकर वहदिन उपवन आदिकोंमें विहारकरके व्यतीतकिया और दूसरे दिन लग्नको निश्चय करके बहुतसे हाथी घोड़े सेना तथा राजपुत्रोंको लेकर और चित्रकर क्षपणक तथा राजारूपधर के दूत को साथ लेकर मंगलघट नाम हाथीपर चढ़के यात्राकरी दिनभर में बहुतसा मार्ग्ग उल्लंघन करके सायंकाल के समय विन्ध्याचलके वनके समीप पहुँचकर राजा अपनी सेनासमेत वहीं टिका और दूसरे दिन शत्रुमर्दन नाम हाथीपर चढ़के अपनी सब सेनासमेत विन्ध्याचलके वनमें चला कुछ दूर चलकर राजाने देखा कि मेरी आगे गईहुई सेना लौटी भागीआती है यह देखकर चकितहुए राजा से निर्भयनाम राजपुत्रने आकरकहा कि हे स्वामी आगे भिल्लोंकी बड़ी सेनाहै उन भिल्लों ने हमारे पचास हाथीमारे हज़ार पैदलमारे तथा तीनसौ घोड़ेमारे हैं और हमारी सेनावालों ने दोहज़ार भिल्ल मारे और फिर उन भिल्लोंके बाणोंसे पीड़ितहोके भागे यह सुनकर राजा पृथ्वीरूपने कुपितहोके दौ-ड़कर बहुतसे भिल्लोंकोमारा और एकभाले से भिल्लों के स्वामीका शिरकाटडाला और उसके साथी निर्भयादिकोंने भी बहुतसे भीलोंको मारा उससमय बाणोंके लगने से बहतेहुए रुधिरसे युक्त राजा का शत्रुमर्दननाम हाथी धातुओं के झरनोंसे युक्त अंजनाचलके समान शोभितहुआ तब सम्पूर्ण भिल्ल भागगये और राजाकी सम्पूर्ण सेना अत्यन्त प्रसन्नहोकर लौटी इसप्रकार भीलों को जीतकर राजा पृथ्वीरूप थकीहुई सेनाके विश्रामके लिये उसी वनमें उसदिनरहा फिर प्रातःकाल वहांसे चलकर क्रम से कई दिनमें समुद्रके निकट पत्रपुरनाम नगरमें पहुंचा वहां उसनगरके राजा उदारचरितने उसे एक दिन अपने यहां बड़ेआदरपूर्वक टिकाकर दूसरे दिन अपनेही जहाजोंपर चढ़ाके वहांसे विदाकिया तब आठदिनतक समुद्रमें चलकर नवें दिन राजापृथ्वीरूप जहाजोंपरसे उतरकर मुक्तिपुरद्वीपमें पहुँचा

वहां राजारूपधर आगेआकर वड़ेसत्कारपूर्व्वक उसे सवपुरमें घुमाकर अपने मन्दिरमें लेगया वहां रानी हेमलता अपनी कन्याकेही समान वरको देखकर वड़ीप्रसन्नहुई और वड़ेआदरपूर्व्वक अपने जामाता को मन्दिरके भीतरलेगई दूसरे दिन राजारूपधरने वेदी वनवाकर शुभलग्नमें रूपलताका विवाह विधि पूर्व्वक पृथ्वीरूप के साथ करदिया और लाजाहवनमें वहु मूल्य रत्नदिये फिर विवाह विधिको समाप्त करके उस चित्रकरको तथा क्षपणकोंको वहुतसा धनदेकर सम्पूर्ण परिजनोंको वस्त्र तथा आभूषणदिये तदनन्तर राजा पृथ्वीरूप उसी द्वीपके अनुसार भोजनादि व्यवहारकरके और नृत्य तथा गीतमंगलों से उस दिनको व्यतीतकरके रात्रिकेसमय शयनस्थानमें जाकर रत्नके पलंगपरलेटा उस स्थानमें रत्नके दीपक वलरहेथे रत्नजटित खम्भेलगे थे और रत्नोंसेही जटित पक्कीचट्टानथी वहां रूपलताकी सखी रूपलताको उसके पास भेजगई तव उस रूपलताके साथ राजा पृथ्वीरूप वहुतकालसे अभिलाषा कियेगये सुखको अनुभवकरके सुरतके श्रमसे सोगया और प्रातःकाल वन्दी तथा मागधों के जगाने से उठा इसप्रकार दश दिन वड़े आनन्दसे वहां रहकर राजा पृथ्वीरूप ज्योतिषियों से पूछकर ग्यारहवें दिन मंगलाचारकरके रूपलताको साथलेकर अपने परिकरसमेत वहां से चला और समुद्रके तटपरआकर भेजने के लिये आयेहुए अपने श्वशुरको लौटालकर सम्पूर्ण परिकरसहित जहाजोंपर चढ़कर आठ दिन में समुद्रका उल्लंघनकरके पत्रपुरनगरमें आया और वहां राजा उदारचरितके वहुतआग्रहसे कुछदिन टिककर अपनी प्रिया रूपलताको जयमंगलनाम हाथीपर चढ़ाके और कल्याणगिरि नाम हाथीपर आप सवारहोकर वहांसे चला मार्ग में कई एक विश्रामोंको करके अपने प्रतिष्ठाननाम नगर में पहुंचा वहां रूपलताको देखकर पुरकी रूपवती स्त्रियों ने अपने रूपका अभिमान त्यागदिया और राजा तथा रानी पर वहुतसे पुष्पों की वृष्टिकी इसप्रकार नगरमेंहोकर राजा पृथ्वीरूपने अपने मन्दिर में आकर उस चित्रकरको वहुतसे गांव तथा धनदेकर उन क्षपणकोंको धनसे पूर्णकरके अपने आधीन राजपुत्रों का और मन्त्रियोंका वहुतसा धनदेकर वड़ा सत्कारकिया इसप्रकार विवाहोत्सवको समाप्तकरके राजा पृथ्वीरूप अपनी प्रिया रूपलताके साथ मृत्युलोकके सुखको अनुभव करताहुआ वहुतकालतक राज्य करतारहा १९९ इसकथाको कहकर गोमुख नरवाहनदत्तको सावधान करने के लिये फिर वोला कि इस प्रकारसे धीरलोग क्लेश तथा विरहको वहुतकालतक सहते हैं आपसे एक रात्रिभरभी नहीं रहाजाताहै प्रातःकाल अलंकारवती के साथ आपका विवाह अवश्यहोगा क्योंकि उस विद्याधरी के वचन मिथ्या नहीं होसक्ते गोमुखके यह वचन सुनकर उसीसमय आयेहुए मरुभूतिने कहा कि तुम्हें कभी कामका सन्ताप सहना नहींपड़ाहै इसी से ऐसा कहरहेहो ( तावद्धत्तेपुमान्धैर्य्यं विवेकंशीलमेवच। यावत्पतति कामस्यसायकानाम् नगोचरे ॥ धन्याःसरस्वतीस्कन्दो जिनश्चजगतित्रयः। पटान्तलग्नतृणव त्तिप्तोव्याधूययैस्मरः ) मनुष्यका धैर्य्य विवेक तथा शील तभीतक रहताहै जवतक कामदेव के वाण उसको नहीं वेधते हैं इससंसारमें सरस्वतीस्कन्द तथा जिन यह तीन धन्यहैं जिन्हों ने वस्त्रके कोने में लगेहुए तृण के समान कामदेवको झिटककर दूर फेंकदिया मरुभूतिके इसप्रकार कहने पर गोमुखको

उद्विग्न देखकर नरवाहनदत्त ने उसकी बात का समर्थन (ताईद) करने के लिये कहा कि मेरे बहलाने के लिये गोमुख ने यह बात योग्यही कही थी क्या स्नेही लोग विरह से व्याकुल अपने मित्रको समझाने के सिवाय स्याबासी देते हैं मित्रलोगोंको उचित है कि विरहीलोगों को यथाशक्ति समझावें फिर कामदेव तो जैसा चाहेगा वैसा करेहीगा इत्यादि बातोंको कहकर और अपने मंत्रियोंसे अनेक कथाओं को सुनकर नरवाहनदत्त ने वह रात्रि व्यतीतकी प्रातःकाल उठकर सम्पूर्ण आवश्यक कार्य्य करके नरवाहनदत्त ने आकाश से काञ्चनप्रभा अलंकारशील धर्म्मशील तथा अलंकारवती को उतरते देखा वह सब उतरकर नरवाहनदत्त के समीपआये और उनके साथ अन्य बहुतसे विद्याधर सुवर्ण तथा रत्नों के भारके भारलेकर आये नरवाहनदत्त ने उन सबका बड़ासत्कार किया इतने में इस वृत्तान्तको सुनकर वत्सराज उदयन् भी अपने मंत्री तथा स्त्रियों समेत वहां आकर उन सबका यथायोग्य अतिथि सत्कारकरके बैठा तब राजा अलंकारशील ने उदयन् से कहा कि हे राजा यह अलंकारवती कन्या मेरी पुत्री है जब इसका जन्महुआ था तब यह आकाशवाणीहुई थी कि यह कन्या सम्पूर्ण विद्याधरों के भावी चक्रवर्ती नरवाहनदत्तकी स्त्री होगी इससे मैं इस कन्याका विवाह नरवाहनदत्त के साथ कियेदेताहूं आज बड़ी शुभलग्न है इसीलिये मैं अपने परिकर समेत यहां आयाहूं अलंकारशीलके यह वचनसुनकर वत्सराज उदयन् ने कहा कि यह आपका परमअनुग्रह है उदयन् के यह वचन सुनकर अलंकारशीलने विद्याओं के प्रभावसे अपने हाथ में जल उत्पन्नकरके वहां की पृथ्वीपर छिड़का जल के पड़तेही बड़ी सुन्दर सुवर्णमयवेदी दिव्यवस्त्रों से ढकीहुई उत्पन्नहोगई और अनेक रत्नमय एक अद्भुत स्थानबनगया तब अलंकारशील ने नरवाहनदत्त से कहा कि उठो लग्नकासमय आगया स्नानकरो यह आज्ञापाकर स्नानकरके आयेहुए नरवाहनदत्त को वेदीपर बैठालकर अलंकारशील ने अपनी अलंकारवती कन्या देदी और लाजाहवन में बहुतसी मणि सुवर्ण दिव्य स्त्री वस्त्र तथा आभूषण दिये इसप्रकार विवाहकरके और आदरपूर्व्वक सबसे आज्ञालेके अलंकारशील अपने पुत्र तथा स्त्री समेत आकाशमार्ग में होकर अपने स्थानकोगया तब वत्सराज उदयन् ने विद्याधरों के राजाओं से इसप्रकार अपने पुत्र को सेवा कियागया देखकर बहुत प्रसन्नहोके अत्यन्त उत्सवकिया और रसिक नरवाहनदत्त सुन्दर आचरणवाली उदार गुणवती अलङ्कारवती प्रियाको पाकर अत्यन्त आनन्दितहोकर उसके साथ बड़े सुख से समय व्यतीत करने लगा २२७॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांअलंकारवतीलम्बकेप्रथमस्तरङ्गः १॥

इसप्रकार नरवाहनदत्त अलंकारवती के साथ विवाहकरके अपने पिताके यहां राज्यके सुखों को भोग करताहुआ और अपनी स्त्री की सखी विद्याधरियों के मनोहरगीतों को सुनताहुआ अपने मंत्रियों के साथ आनन्द से रहनेलगा एकसमय अलंकारवती की माता काञ्चनप्रभा ने वहां आकर नरवाहनदत्तसे कहा कि हे पुत्र हमारे सुन्दरपुर नाम नगरकोचलो और वहांके उपवनों में अलंकारवती के साथ विहार करो उसके यह वचनसुनके नरवाहनदत्त अपने पितासे आज्ञालेकर वसन्तक को तथा सब अपने मंत्रियों

को साथलेकर अलंकारवती समेत अपनी सासकी विद्याके प्रभावसे बनेहुए विमानपरचढ़कर आकाश मार्गहोकर चला विमानके ऊपरसे नीचेको मुखकरके देखने से मालूमहोताथा कि पृथ्वी एक नगर के समानहै और सम्पूर्ण समुद्रखाई से हैं इसप्रकार से बहार देखताहुआ नरवाहनदत्त अपने परिकर समेत क्रमसे हिमालयपर्व्वतपर पहुँचा और वहां किन्नरियों के मधुरगीतों को सुनताहुआ और अनेकप्रकारके आश्चर्य्यकारी पदार्थों को देखताहुआ सुन्दरपुर में पहुँचा उसके सुवर्णमय गृह हिमालयपर भी सुमेरुकी भ्रान्तिको उत्पन्नकरते थे चंचल पताकाओं से शोभित ऐसे उत्तम उस पुर में विमानपर से उतरकर अपने परिकर समेत अपने श्वशुर अलंकारशील के मन्दिर में गया वहां रानी काञ्चनप्रभा ने बहुत मंगलाचार करके अपनी विद्याके प्रभावसे उत्पन्नहुए दिव्य ऐश्वर्य्यों से उसे बड़ासुख दिया इसप्रकार एक दिनके व्यतीतहोजानेपर दूसरे दिन काञ्चनप्रभा ने नरवाहनदत्त से कहा कि इसनगर में श्रीभगवान् स्वयंभू शिवजीका मन्दिर है उनके दर्शन से मनुष्यों को चारोंपदार्थ प्राप्तहोतेहैं उन्हीं के मन्दिर के निकट तुम्हारे श्वशुर ने बड़ा सुन्दर उपवन लगायाहै और वहीं गंगासर नाम बड़ातीर्थ बनवाया है इससे तुम उस वन में जाकर श्रीशिवजीका पूजनकरो और वहीं विहारकरो अपनी सासके यह वचनसुनकर नरवाहनदत्त अलंकारवती तथा सब अपने परिकर को लेकर श्रीशिवजी के उस उपवन में गया उस वन के वृक्षों के बड़े २ गुद्दे सुवर्ण के शाखा रत्नोंकी पुष्पों के गुच्छे मोतियों के और पत्ते मूंगों के थे ऐसे सुन्दर उस उपवनको देखकर गंगासर नाम तीर्थ में स्नानकर श्रीशिवजीका पूजनकरके रत्नोंकी सीढ़ियों से अलंकृत सुवर्ण के कमलों से युक्त बावड़ियों के तटपर भ्रमणकरताहुआ और कल्पलताओं के कुंजों में अलंकारवती के साथ विहारकरताहुआ विद्याधरों के मनोहरगान को श्रवणकरताहुआ और मरुभूतिके मनोहर हास्यकारी वचनों से प्रसन्नहोताहुआ नरवाहनदत्त एक महीने तक उस उपवनमें क्रीड़ा करता रहा तदनन्तर दिव्यवस्त्र तथा बहुतसे दिव्य आभूषण देकर कांचनप्रभा नरवाहनदत्त अलंकारवती तथा उसके सबपरिकर जनोंको विमानमें चढ़ाकर कौशाम्बी में उदयन्के निकटलेआई और वहां उनसबको विमान से उतारकर वासवदत्ता तथा उदयन्के आगे अलंकारवती से यहवचन बोली कि हेपुत्री तुम ईर्षा से कोपकरके अपने पतिको कभी दुःख न देना क्योंकि जोस्त्री ऐसाकरती हैं उन्हें इस पापसे अत्यन्त दुखदाई विरहप्राप्त होताहै देखो मैं ने ईर्ष्या से अपने पतिको बड़ा दुःखदिया था उसी पापसे अब पतिके चलेजानेपर पश्चात्तापसे व्याकुलरहतीहूं यह कहकर और अलंकारवती का आलिंगनकरके कांचनप्रभा आंसूभरके आकाश मार्ग से अपने पुरको चलीगई तदनन्तर उत्सवसे उस दिन के व्यतीत होजानेपर दूसरे दिन प्रातःकाल नरवाहनदत्त अपने नित्यकर्मों को करके मंत्रियों समेत अलंकारवती के मंदिर में बैठा उससमय अकस्मात् एकस्त्री मन्दिरमें आकर अलंकारवती से बोली कि हे रानी मुझस्त्री की रक्षाकरो रक्षाकरो एक ब्राह्मण मुझे मारे डालताहै उसके भयसे मैं तुम्हारे भीतर भागआईहूं और वह बाहर खड़ाहै यह सुनकर अलंकारवतीनेकहा कि डरोमत कहो वह ब्राह्मण कौन है और क्यों तुमको मारना चाहता है तब वह बोली कि इसी पुरी के रहनेवाले वर्त्तमान नाम धर्म्मार्का

अशोकमाला नाम मैं पुत्री हूं जब मैं कन्याथी तवरूपके लोभी हठशर्मानाम इस धनवान् ब्राह्मण ने मेरे पितासे मुझे मांगा हठशर्माकी प्रार्थना को सुनकर मैंने अपने पितासेकहा कि मैं इस घोर मुख वाले कुरूप ब्राह्मणकेसाथ अपना विवाहनहीं करूंगी और जो आप करदीजियेगा तो मैं इसके यहां नहीं रहूंगी मेरे इसप्रकार कहनेपर भी मेरे पिताने हठशर्माको धर्ने बैठे देखकर ब्रह्महत्याके भयसे मेरा विवाह इसकेसाथ करदिया और यह जब मेरी अनिच्छासे विवाहकरके अपनेघर मुझे लेगया तब मैं इसे छोड़कर एकक्षत्री के घर चलीगई इसने अपने धनके बलसे उसे बड़ा क्लेशदिया उसने महाक्लेशित होकर मुझे अपने घरसे निकालदिया और मैं एकदूसरे धनवान् क्षत्रीके यहां चलीगई इसने रात्रिके समय ईर्ष्यासे उसकेघरमें आगलगादी तब उसने भी मुझेनिकालदिया और मैं एकअन्य क्षत्रीके चली गई इसने उसकेयहां भी रात्रिकेसमय अग्निलगादी तब उसने भी मेरा त्यागकरदिया और मैं शृगाल से डरीहुई भेड़ी के समान इस हठशर्मा से डरकर आपके सेवक वीरशर्मा नाम बली राजपुत्रकी दासी होगई वीरशर्मा के यहां मुझे देखकर हठशर्मा निराशहोकर विरहसे व्याकुलहोके अत्यन्त दुर्बलहोगया और किसी प्रकार से मेरे मारनेकेलिये मुझे ढूंढ़नेलगा इसकी यह इच्छाजानकर वीरशर्मा ने मेरी रक्षा करने के अर्थ इसको बंधन में डलवाना चाहा परन्तु मैंने उसे ब्राह्मणजानकर वीरशर्माको इसके कैद करवाने से निषेध करदिया आज भाग्यवशसे मुझे बाहर निकलीहुई देखकर हठशर्मा छुरी निकालकर मेरे मारने को दौड़ा इसीसे मैं भागकर आपके यहां आनेलगी और प्रतीहारीने दयाकरके मुझे भीतर आनेदिया मैं जानती हूं कि हठशर्मा अभी द्वारपर खड़ाहोगा यह सुनकर नरवाहनदत्तने हठशर्मा को अपने आगे बुलवाया और क्रोधसे अशोकमालाको देखतेहुए छुरीको हाथमें लियेहुए तथा कोप स कांपतेहुए हठशर्मा से कहा कि हे ब्राह्मण तुम स्त्री को मारतेहो और पराये घरोंको जलातेहो ऐसे घोर पाप तुम क्योंकरते हो ५० यह सुनकर हठशर्मा बोला कि यह मेरी धर्मकीस्त्री है जो यह मेरा त्याग करके अन्यकेपास चलीजाय तो बताइये मैं इसबातको कैसे सहसकूं उसके यहकहनेपर अशोकमाला व्याकुलहोकर बोली कि हे लोकपालो कहो क्या आप लोगोंकी साक्षी में मेरी इच्छाके बिनाही इसने मेरे साथ विवाहनहीं कियाहै और क्या मैंने उससमय नहीं कहदियाथा कि मैं तुम्हारे यहां नहीं रहूंगी उसके इसप्रकार कहनेपर यह आकाश वाणीहुई कि अशोकमाला का कहना बहुत ठीकहै यह मानुषी नहीं है इसका तत्त्व सुनो अशोककर नाम एकवीर विद्याधरों का राजा है उसके कोई पुत्र न था एक अशोकमाला नाम कन्याही बहुत कालमें उत्पन्न हुई थी वह अशोकमाला तरुण अवस्था को पाकर रूपके अभिमानसे अपने पिताके बतायेहुए किसी पतिको न स्वीकारकरके विवाहसे विमुखरही उसके इस अभिमानको देखकर उसके पिता अशोककर ने क्रोधितहोके उसे यह शापदिया कि तू मनुष्य योनिमें इसीनामसे उत्पन्नहोगी वहां एक अत्यन्तकुरूप ब्राह्मण हठसे तेरेसाथ विवाहकरेगा और तू उसे त्यागकर उसीके भयसे तीनपतिकरेगी इतने पर भी जब वह नहीं निवृत्तहोगा तो किसी बलवान् राजपुत्र की दासीहोगी वहां भी वह ब्राह्मण तुझे मारनेकेलिये दौड़ेगा और तू भयभीतहोकर राजाके गृह

में चली जायगी वहां जातेही तेरा शापछूटजायगा इसप्रकार शाप पाकर अपनेही नामसे यह मानुषी हुई है इससमय इसके शापका अन्तहोगया अब यह विद्याधरों के स्थानमें जाके अपने शरीर में प्रवेश करके शापके भयसे अपने पिताके बतायेहुए विद्याधरों के स्वामी अभिरुचितकेसाथ विवाहकरेगी यह कहकर आकाशवाणी निवृत्तहोगई और वह अशोकमाला उसीसमय निर्जीवहोकर पृथ्वी में गिरपड़ी यहदेखकर अलंकारवती तथा नरवाहनदत्त अत्यन्तचकित तथा खिन्नहुए और वह हठशर्मा दुःखसे क्रोध रहितहोके अत्यन्त विलाप करते २ अकस्मात् प्रसन्नसाहोगया यह देखकर सबने उससे पूछा कि तुम्हारी प्रसन्नता का क्या कारण है तब वह बोला कि मुझे अपने पूर्व्वजन्मका स्मरण आगया है सो में आप को सुनाताहूं हिमालय पर्व्वतपर मदनपुर नाम नगर में प्रलम्बभुजनाम विद्याधरों का राजा है उसके स्थूलभुजनाम पुत्रहुआ वह क्रमसे युवावस्था में प्राप्तहोकर अत्यन्त रूपवान् तथा गुणवान् हुआ तब विद्याधरों के स्वामी सुरभिवत्सनाम विद्याधरने अपनी सुरभिदत्ता नाम कन्यासमेत प्रलम्बभुजके पास आकर कहा कि में अपनी यह सुरभिदत्ता नाम कन्या आपकेपुत्र स्थूलभुजको देना चाहताहूं क्योंकि वह बड़ा गुणवानहै सुरभिवत्सके यहवचन प्रलम्बभुजने स्वीकारकरलिये और अपने पुत्र स्थूलभुजको बुलाकर यहसब वृत्तान्तकहा यहसुनकर रूपके अभिमानसे स्थूलभुजबोला कि यहसुरभिदत्ता अत्यन्त रूपवती नहीं है इसहेतुसे में उसकेसाथ विवाह न करूंगा तब प्रलम्बभुजने कहा कि हे पुत्र अत्यन्त रूप सेक्याहै देखो यह महाश्रेष्ठवंशमें उत्पन्नहुई है और इसके पिताके कहनेसे में इसको स्वीकार भी करचुका हूं इससे तुम मेरा कहना मानकर इसे अंगीकार करो उसके इसप्रकार कहनेपर भी जब स्थूलभुज ने नहीं माना तब उसके पिताने क्रोधकरके उसको यहशापदिया कि तू अपनेरूपके अभिमानसे मनुष्य लोकमें उत्पन्न होगा वहां तू अत्यन्त कुरूप भयंकर चेष्टावालाहोगा और शापसे च्युतहुई अशोकमाला नाम स्त्रीको हठसे पाकर अत्यन्त विरहके क्लेशको प्राप्तहोगा क्योंकि वह तुझे छोड़कर अन्य पुरुषों के साथ विषय करेगी और उसीके लिये तू अत्यन्त दुखी तथा दुर्बलहोकर अग्निदाहादिक अनेकपापों को करेगा इसप्रकार शापदेके चुपहुए प्रलम्बभुजसे साध्वी सुरभिदत्ताने विनतीकरके कहा कि मुझे भी आप शाप दीजिये जिससे मेरे अपराधसे केवल इसीको क्लेश न होय में भी इसके सायमें क्लेश भोगूं उसके यह वचन सुनके प्रलम्बभुजने प्रसन्नहोके अपने पुत्रके शापका यहअन्त बनाया कि जब अशोकमाला अपने शापसे छूटेगी उसीसमय यहभी अपने पूर्व्वजन्मका स्मरणकरके शापसे छूटजायगा और अपने विद्याधर शरीरको पाके अहंकार रहितहोकर तुम्हारे साथ विवाहकरके सुखको प्राप्तहोगा प्रलम्बभुजके यहवचन सुनकर साध्वीसुरभिदत्ता किसीप्रकारसे धैर्य्यको प्राप्तहुई और शापसे भ्रष्टहुआ वहस्थूलदत्त मैंहीहूं मैंने अहंकारके दोषसे बड़ादुःख पाया है राजा अहंकारी पुरुषोंका कभी कल्याण नहींहोता अब आपकी कृपासे मेरा शापछूटगया यहकहकर हठशर्मा मनुष्य शरीरको छोड़कर विद्याधरहोगया और अपने तथा अशोकमालाके शरीरको गंगाजीमें फेंककर विद्याके प्रभावसे प्राप्तहुए जलसे अलंकारवती के गृहको धोकर और अपने भावीचक्रवर्ती नरवाहनदत्तको प्रणामकरके आकाशमार्ग से अपने पुरको

चलागया ६०,इसके उपरान्त आश्चर्य्यको प्राप्तहुए उनसबलोगोंके आगे गोमुख प्रसंगपाकर यहकथा कहनेलगा कि सम्पूर्ण संसारमें विख्यात शूरपुरनाम नगरमें महावराहनाम राजाथा उसके पार्वतीजी के आराधनसे पद्मरतिनाम रानीमें अनंगरतिनाम एककन्या उत्पन्नहुई भौर २ युवावस्थाको प्राप्तहुई अनंगरतिने रूपके अभिमान से बहुतसे राजालोगों के प्रार्थनाकरनेपर भी अपना विवाहनहीं किया और कहा कि जो अत्यन्त रूपवान् शूरपुरुष किसी एक विज्ञानको भलीभांति जानताहोगा उसके साथ में विवाहकरूंगी कुछकाल में उसकी इस प्रसिद्धिको सुनकर दक्षिणदिशा से बड़े गुणवान् चार वीर पुरुष वहां आये द्वारपालों से उनका आगमनसुनकर राजा महावराह ने उनको भीतरबुलवाकर अनंगरति के आगे उनसे पूछा कि तुमलोगों में किसका क्या नाम है क्या जाति है और क्या अपूर्व्वगुण है यह सुनकर उनमें से एक बोला कि मैं पंचपट्टिकनाम शूद्रहूं प्रतिदिन पांचजोड़े वस्त्रों के मैं बुनताहूं उनमें से एक ब्राह्मण को देताहूं दूसरा परमेश्वरके अर्पणकरताहूं तीसरा आप पहनताहूं चौथा जिस किसी स्त्री के साथ मेरा विवाहहोगा उसकेलिये रखताहूं और पांचवेंको बेचकर अपने शरीरका पोषणादिकरताहूं फिर दूसरा पुरुषबोला कि मैं भाषाज्ञनाम वैश्यहूं मुझे सम्पूर्ण पशु तथा पक्षियों के शब्द समझपड़ते हैं तीसरे ने कहा मैं खड्गधरनाम क्षत्रीहूं मैं केवल खड्गहीसे युद्धकरके अपने शत्रुओंको जीतताहूं फिर चौथे ने कहा कि मैं जीवदत्तनाम ब्राह्मणहूं मैं श्रीपार्वतीजीकी कृपासे प्राप्तहुई विद्याके द्वारा मरीहुई स्त्री को जिलाताहूं इसप्रकार कहकर उनचारों में से शूद्र वैश्य तथा क्षत्री ने अपने २ रूप बल तथा वीर्य्यकी प्रशंसाकी और ब्राह्मण ने केवल रूपके सिवाय बल तथा वीर्य्यहीकी प्रशंसाकी उनके वचनोंको सुनकर राजा ने अपने सारथी से कहा कि इन सबको तुम अपने घर में लेजाकररक्खो राजा की आज्ञापाकर सारथी उन चारोंको अपने घरलेगया तदनन्तर राजा ने अनंगरति से कहा कि हे पुत्री इनचारों वीरों में से तुम्हारी रुचि किसपर है उसने कहा हे तात इनचारों में से किसीपर भी मेरी रुचि नहीं है एक जो शूद्रहै वह जुलाहा है उसके गुणों से मुझे क्या दूसरावैश्यहै वह पशु पक्षियोंकी बोली जानताहै उसके भी गुणों से मुझे क्या प्रयोजन है इन दोनों के साथ मैं क्षत्रियाहोकर कैसे विवाहकरूं तीसरा मेरे तुल्य वर्णवाला गुणवान् क्षत्री है परन्तु दरिद्रके कारण प्राणों का विक्रयकरके सेवाकी वृत्तिकरताहै मैं राजकन्याहोकर उसके साथ अपना विवाह कैसेकरूं और चौथा जीवदत्त ब्राह्मण भी मेरे योग्यनहीं है क्योंकि वह कुरूपहै और वेदोंको छोड़कर अपने कर्मों से पतितहोगयाहै उसे तो आपको दण्ड देना चाहिये क्योंकि आप वर्ण तथा आश्रमों के रक्षकहैं हे तात खड्गशूर राजासे धर्मशूर राजा अधिक प्रशंसनीयहोताहै क्योंकि हजारों खड्गशूरों का एक धर्मशूर स्वामीहोताहै अपनी पुत्री के यह वचन सुनकर राजा महावराह उसे अन्तःपुरमें भेजवाकर अपने नित्यकर्म्म करनेको चलागया दूसरे दिन वह चारों वीर सारथी के घरसे निकलकर नगरके भ्रमण करनेको निकले उससमय पद्मकमल नाम मतवाला हाथी गजशालासे जंजीरको तुड़ाकर लोगोंको मारताहुआ इन चारों वीरों के पास आया और इनको देखकर इनपरदौड़ा यह चारों भी अपने२शस्त्रलेकर उसके साम्हनेहुए तब खड्गधर नाम

उन तीनों अपने साथियोंको रोककर अकेलेही ने हाथी के पास जाकर खड्गके एकही प्रहारसे उस गरजतेहुए हाथीकी सूंड़ कमलकी डण्डी के समान काटडाली और शीघ्रतासे हाथी के पैरों के भीतर जाके उछलके एकप्रहार उसकी पीठमें देकर दूसरे प्रहारसे उसके पिछले पैर काटडाले तब वह हाथी चिंघाड़मारकर गिरकर मरगया खड्गधर के इस पराक्रमको देखकर सबलोग अत्यन्त आश्चर्यित हुए और इसवृत्तान्तको सुनकर राजा महावराह भी बहुत विस्मित हुआ १३४ दूसरे दिन राजा महावराह हाथीपर चढ़कर शिकार खेलनेको गया और खड्गधरादिक चारों वीर उसके साथगये वहां व्याघ्रोंको मृगों को तथा अन्य पशुओं को राजाके मारनेपर हाथियों के शब्द सुनके क्रोधित सिंह गुफाओं में से निकलके दौड़े उन आतेहुए सिंहों में से खड्गधर ने एक सिंहको एकही खड्गके प्रहारसे मारडाला दूसरेको बायें हाथसे पैर पकड़कर पृथ्वीमें पटककर मारडाला और भाषाज्ञ जीवदत्त तथा पंचपट्टिकने भी एक२ सिंहको पृथ्वी में पटक२ करमारा इसप्रकारसे उनचारों वीरों ने राजाके आगे बहुतसे सिंह व्याघ्रादिकजीव मारे तब राजा अत्यन्त आश्चर्ययुक्त होकर शिकार खेलके अपने पुरमें आया और वहचारों वीरभी उसके साथ लौट आकर सारथीके घरचलेगये फिर राजाने उसीसमय अन्तःपुरमें जाकर अनंगरतिको बुलवाके उनवीरोंका जो२ पराक्रम देखाथा वह सब उसके आगे वर्णनकिया और कहा कि पंचपट्टिक तथा भाषाज्ञ यहदोनों तो वर्णहीनहैं और जीवदत्त ब्राह्मण रूपहीन तथा पतितहै परन्तु अत्यन्त रूपवान् और महापराक्रमी उसखड्गधरमें तो कोई दोषनहीं है जिसने ऐसे पराक्रमी हाथीको मारडाला और सिंहोंको खड्गसे तथा पृथ्वी में बायें हाथसेही पटक २ करमारा ऐसे पराक्रमीको क्यों नहीं स्वीकार करतीहो और जोकहो कि वह दरिद्री तथा सेवकहै तो मैं उसेबहुतसे ग्राम तथा धनदेकर अपनेही समान करलूंगा इससे जोतुम्हारी रुचिहोय तो उसके साथ अवश्य विवाहकरो अपने पिताके यहवचन सुनकर अनंगरतिनें कहा कि आप उनचारों वीरोंको बुलाकर ज्योतिषीसे पूछिये कि किस के साथ मेरा योगहै उसके यहवचन सुनकर राजाने उनचारोंवीरोंको तथा ज्योतिषीको वहीं बुलाकर ज्योतिषीसे पूछा कि आप विचारिये कि इनचारों में से किसके साथ इसअनंगरतिकी विधि मिलतीहै और इसके विवाहकी लग्न कब शुद्धहोती है ज्योतिषी ने उनचारों के जन्म नक्षत्र पूछकर बहुतकाल तक विचारके कहा कि हे राजा मेरे ऊपर क्रोध न करियेगा मैं विचारकर यथार्थ कहताहूं इनचारों में से किसी के साथभी अनंगरतिकी विधि नहीं मिलती है और इसका यहां विवाहभी नहीं होगा क्योंकि यहशापसे भ्रष्टहुई विद्याधरी है तीन महीने के बाद इसका शाप निवृत्त होजायगा इससे तीन महीने तक इनचारों वीरोंको यहीं रखिये तीनमहीने के पीछे जो यह अपने लोकको न चलीजाय तो इसका विवाह कर दीजियेगा ज्योतिषी के इनवचनोंपर सबनें विश्वास किया और वह चारोंवीर उसी सारथी के घरमें तीनमहीनेतक रहे तीनमहीने के व्यतीतहोजानेपर राजा उस ज्योतिषी को तथा चारों वीरों को अनंगरति के स्थान में बुलाकर और अकस्मात् उसको अधिक रूपवती देखकर बहुत प्रसन्न हुआ और ज्योतिषी जानगया कि इसके परलोक जाने का समय आगया फिर राजा ने ज्योतिषी से

चलागया ८०, इसके उपरान्त आश्चर्यको प्राप्तहुए उनसबलोगोंके आगे गोमुख प्रसंगपाकर यहकथा कहनेलगा कि सम्पूर्ण संसारमें विख्यात शूरपुरनाम नगरमें महावराहनाम राजाथा उसके पार्वतीजी के आराधनसे पद्मरतिनाम रानीमें अनंगरतिनाम एककन्या उत्पन्नहुई थी २ युवावस्थाको प्राप्तहुई अनंगरतिने रूपके अभिमान से बहुतसे राजालोगों के प्रार्थनाकरनेपर भी अपना विवाहनहीं किया और कहा कि जो अत्यन्त रूपवान् शूरपुरुष किसी एक विज्ञानको भलीभांति जानताहोगा उसके साथ में विवाहकरूंगी कुछकाल में उसकी इस प्रसिद्धिको सुनकर दक्षिणदिशा से बड़े गुणवान् चार वीर पुरुष वहांआये, द्वारपालों से उनका आगमनसुनकर राजा महावराह ने उनको भीतरबुलवाकर अनंगरति के आगे उनसे पूछा कि तुमलोगों में किसका क्या नाम है क्या जाति है और क्या अपूर्वगुण है यह सुनकर उनमें से एक बोला कि मैं पंचपट्टिकनाम शूद्रहूं प्रतिदिन पांचजोड़े वस्त्रों के मैं बुनताहूं उनमें से एक ब्राह्मण को देताहूं दूसरा परमेश्वरके अर्पणकरताहूं तीसरा आप पहनताहूं चौथा जिस किसी स्त्री के साथ मेरा विवाहहोगा उसकेलिये रखताहूं और पांचवेंको बेचकर अपने शरीरका पोषणादिकरताहूं फिर दूसरा पुरुषबोला कि मैं भाषाज्ञनाम वैश्यहूं मुझे सम्पूर्ण पशु तथा पक्षियों के शब्द समझपड़ते हैं तीसरे ने कहा मैं खड्गधरनाम क्षत्रीहूं मैं केवल खड्गहीसे युद्धकरके अपने शत्रुओंको जीतताहूं फिर चौथे ने कहा कि मैं जीवदत्तनाम ब्राह्मणहूं मैं श्रीपार्वतीजीकी कृपासे प्राप्तहुई विद्याके द्वारा मरीहुई स्त्री को जिलाताहूं इसप्रकार कहकर उनचारों में से शूद्र वैश्य तथा क्षत्री ने अपने २ रूप बल तथा वीर्य्यकी प्रशंसाकी और ब्राह्मण ने केवल रूपके सिवाय बल तथा वीर्य्यहीकी प्रशंसाकी उनके वचनोंको सुनकर राजा ने अपने सारथी से कहा कि इन सबको तुम अपने घर में लेजाकररक्खो राजा की आज्ञापाकर सारथी उन चारोंको अपने घरलेगया तदनन्तर राजा ने अनंगरति से कहा कि हे पुत्री इनचारों वीरों में से तुम्हारी रुचि किसपर है उसने कहा हे तात इनचारों में से किसीपर भी मेरी रुचि नहीं है एक जो शूद्रहै वह जुलाहा है उसके गुणों से मुझे क्या दूसरावैश्यहै वह पशु पक्षियोंकी बोली जानताहै उसके भी गुणों से मुझे क्या प्रयोजन है इन दोनों के साथ मैं क्षत्रियाहोकर कैसे विवाहकरूं तीसरा मेरे तुल्य वर्णवाला गुणवान् क्षत्री है परन्तु दरिद्रके कारण प्राणों का विक्रयकरके सेवाकी वृत्तिकरताहै मैं राजकन्याहोकर उसके साथ अपना विवाह कैसेकरूं और चौथा जीवदत्त ब्राह्मण भी मेरे योग्यनहीं है क्योंकि वह कुरूपहै और वेदोंको छोड़कर अपने कर्मों से पतितहोगयाहै उसे तो आपको दण्ड देना चाहिये क्योंकि आप वर्ण तथा आश्रमों के रक्षकहैं हे तात खड्गशूर राजासे धर्मशूर राजा अधिक प्रशंसनीयहोताहै क्योंकि हजारों खड्गशूरों का एक धर्मशूर स्वामीहोताहै अपनी पुत्री के यह वचन सुनकर राजा महावराह उसे अन्तःपुरमें भेजवाकर अपने नित्यकर्म्म करनेको चलागया दूसरे दिन वह चारों वीर सारथी के घरसे निकलकर नगरके भ्रमण करनेको निकले उससमय पद्मकमल नाम मतवाला हाथी गजशालासे जंजीरको तुड़ाकर लोगोंको मारताहुआ इन चारों वीरों के पास आया और इनको देखकर इनपरदौड़ा यह चारों भी अपने२शस्त्रलेकर उसके साम्हनेहुए तब खड्गधर नाम क्षत्रीने

भागदःसमपापःपुनःस्त्रीणां भर्त्रापापेनसंगमः )( पापियोंके संसर्गसे सबको कुछ २ पापका भाग मिलताहै और स्त्रियोंको तो पापीपतिके संगमसे समानही पाप होताहै ) और अपने विद्याधरपनेको भूल कर बहुतसे मनुष्यों को अपने पति करेगी क्योंकि तैंने यहां हठकरके उचित वरसे द्वेष कियाहै अन्तमें जिस मदनप्रभनाम विद्याधरने तेरे लिये प्रार्थनाकी थी वही राजाहोकर तेरापति होगा तब तू शाप से छूटकर अपने लोकमें आके उसी मदनप्रभ विद्याधरको अपनापति करेगी इसप्रकार अपने पितासे शापित हुई अनंगप्रभा पृथ्वी में अनंगरति नामसे उत्पन्न होकर अपने माता पिताके निकटगई इससे तुम वीरपुरमें जाकर उसके पिताको जीतके उसे लो और यह खड्गलो इसके प्रभावसे तुम्हारीआकाशमें गति होजायगी और तुमको कोई जीत न सकेगा यह कहके और खड्गको देके भगवती अन्तर्द्धान होगई और वह जगकर अपने हाथमें खड्ग देखकर अत्यन्त प्रसन्नहुआ और भगवतीकी कृपा से तपके क्लेशोंसे रहितहोकर हाथमें खड्गलेकर आकाशमार्गमें जाके हिमालयपर्वतपर वीरपुरनामनगर में समरनाम विद्याधरके पास पहुँचा और उसको युद्धमें जीत अनंगप्रभा के साथ अपना विवाह करके दिव्यसुखका भोग करनेलगा कुछ कालके पीछे जीवदत्तने अपने श्वशुर समरसे तथा अपनी प्रिया अनंगप्रभासे कहा कि अब मनुष्यलोकमें मेरी जानेकी इच्छा होतीहै क्योंकि ( प्राणिनांहिनिकृष्टापिजन्मभूमिःपराप्रिया ) प्राणियों को अपनी निकृष्टभी जन्मभूमि अत्यन्तप्यारी होती है उसके यह वचन उसके श्वशुर समरने तो स्वीकार करलिये परन्तु अनंगप्रभा बहुत हठकरनेपर मनुष्यलोक में आनेको उद्यतहुई क्योंकि वह अपने शापको जानतीथी तबजीवदत्त अनंगप्रभाको गोदमें लेकरआकाशमार्ग से मृत्युलोकमें आया वहां एक मनोहर पर्वत देखके अनंगप्रभाने जीवदत्तसे कहा कि क्षण भर यहां विश्रामकरो अनंगप्रभाके कहनेसे वह वहीं उतरपड़ा और अनंगप्रभाकी विद्याओं के प्रभाव से प्राप्तहुए दिव्य पदार्थोंको भोजन करके बोला कि हे प्रिये कोई मधुरगीतगाओ उसके कहनेसे अनंगप्रभा भक्तिसे श्रीशिवजीके भजन गानेलगी गीतोंको सुनते २ उसे निद्राआगई इसबीचमें शिकार से थकाहुआ झिरनेके जलको पीनेकी इच्छासे राजाहरिवर उसी मार्ग होकर निकला वह अनंगप्रभा के मनोहर गीतको सुनकर हरिणके समान मोहितहोकर रथको छोड़कर उसके पास आया और कामदेवकी प्रभाके समान अनंगप्रभाको देखकर कामके बाणोंसे उसका हृदय अत्यन्त जर्जरहोगया और उसे देखकर अनंगप्रभाभी कामके वशहोके शोचनेलगी कि क्या यह अपने पुष्पों के धनुषको छोड़कर साक्षात् कामदेवही आयाहै अथवा गीतसे प्रसन्नहुए श्रीशिवजीका मूर्त्तिमान् अनुग्रह है इसप्रकार शोचकर उसने राजासे पूछा कि तुम कौनहो और इस वनमें क्यों आयेहो यह सुनकर राजाने अपने आगमनका कारण तथा अपना सब वृत्तान्त कहकर पूछा कि हेसुन्दरि तुम कौनहो और यह जो सो रहाहै सो तुम्हारा कौनहै उसके यह वचन सुनकर अनंगप्रभा बोली कि मैं विद्याधरीहूं और यहखड्ग के प्रभावसे सिद्धहुआ मेरा पतिहै अब तुम्हारे देखनेसे मुझे तुमपर अत्यन्त अनुराग होगया है इससे तुम शीघ्रही मुझे अपने नगरको लेचलो जब तक कि यह जगने न पावे उसके यह वचन सुनकर

पूछा कि तीन महीने तो व्यतीत होगये अब क्या करना चाहिये, इसबात के कहतेही अनंगरति ने अपने पूर्व्व जन्म का स्मरण करके दुपट्टे से अपना मुख ढककर मानुषी शरीर त्याग दिया १५० तब राजाने यह इसप्रकारसे क्यों बैठी है ऐसाशोचकर जो उसकामुखखोला तो जाना कि यहमरगई है पाले से मारीहुई कमलनी के समान उसके कान्तिरहित मुखारविन्दको देखकर राजा अत्यन्तशोकसे व्याकुलतापूर्व्वक मूर्च्छितहोके पृथ्वीपर गिरपड़ा और दुःखसे व्याकुल रानी पद्मरति भी मूर्च्छितहोके हाथीकी तोड़ीहुई लताके समान पृथ्वीपर गिरपड़ी और सम्पूर्ण परिजन रोदनकरनेलगे क्षणभरमेंही मूर्च्छा जगनेपर राजाने जीवदत्तसे कहा कि इससमय किसी दूसरेकी सामर्थ्य नहीं है तुम्हाराही अवसर है क्योंकि तुमने प्रतिज्ञाकीथी कि हममरीहुई स्त्रीको जिलातेहैं इससे जो तुममें कुछ विद्याका बलहोय तो तुम मेरी कन्याको जिलाओ इसके जीनेपर मैं तुम्हारे साथ इसका विवाहकरदूंगा राजाके यहवचन सुनकर जीवदत्तने जलका अभिमन्त्रण करके राजपुत्रीपर फेंका और कहा हे अट्टाटहाससे हँसनेवाली हे मनुष्योंके शिरोंकी मालापहरनेवाली हे चामुण्डे हे विकराले शीघ्रही आकर मेरी सहायताकरो इस प्रकार यत्नकरनेपरभी जब वहकन्या नहींउठी तब जीवदत्तने व्याकुलहोकर कहा कि विन्ध्यवासिनीकी दीहुईभी विद्या आज व्यर्थहोगई अब इसहास्यके योग्य मेरे जीवनसे क्या प्रयोजनहै यहकहकर जैसेही उसने अपना शिरकाटनाचाहा वैसेही यहआकाशवाणीहुई कि हेजीवदत्त साहस न करो यह अनंगप्रभा विद्याधरों की कन्या है माता पिताके शापसे भ्रष्टहोकर इतने दिन मनुष्यरही अब वह अपनेही लोकको चलीगईहै इससे तुम जाकर विन्ध्यवासिनीकाही आराधनकरो उन्हींकी कृपासे यह विद्याधरी भी तुमको मिलजायगी और इसके लिये राजाकोभी शोकनहीं करनाचाहिये क्योंकि वहदिव्य ऐश्वर्य्योंको भोगकररहीहै इसआकाशवाणीको सुनकर राजाने अपनी कन्याके शरीरका संस्कारकरके शोक का त्यागकरदिया और चारोंवीरोंमें से तीन तो अपने२ स्थानको चलेगये परन्तु जीवदत्त विन्ध्याचल पर जाकर तपस्यासे भगवतीका आराधन करनेलगा कुछदिनमें तपसे प्रसन्नहुई भगवती ने जीवदत्त से स्वप्नमें कहा कि हे जीवदत्त उठो तुम्हारे ऊपर मैं प्रसन्नहूं सुनो हिमालय पर्व्वतपर वीरपुरनाम एक नगरहै वहां विद्याधरों का समरनाम राजाहै उसके अनंगवती नाम रानी में अनंगप्रभानाम कन्या उत्पन्न हुई उसकन्या ने युवावस्था में प्राप्तहोकर अपने रूप तथा यौवन के अभिमानसे किसीपति का ग्रहण नहीं किया इसीसे उसके मातापिताने क्रोधसे उसको यहशापदिया कि तू मनुष्य जन्ममें उत्पन्नहोगी और वहांभी पतिके सुखको न पाकर सोलहवर्षकी अवस्थामें मानुषीशरीरको त्यागकरके यहां आजायगी और यहां आकर एक खड्गसे सिद्ध हुआ कुरूपपुरुष जोकि मुनिकन्याओं के अभिलाष से शापपाकर मनुष्यहुआहै वह तेरापतिहोगा और तुझे हठपूर्वक मनुष्यलोकमें लेजायगा वहां तुझे कोई हरलेजायगा इससे उसके साथ से तेरा वियोगहोगा उस पुरुषने पूर्वजन्म में आठ पराई स्त्रियां हरी हैं इससे आठजन्मके योग्य दुःखों को भोगकरेगा और तूभी अपनी विद्याओंको भूलकर मानुषी होकर एकही जन्ममें आठ जन्मों के समान दुःखों को भोगेगी टीकहै ( सर्वस्यैवहिपापिष्ठसम्पर्कः पाप

भागदःसमपापःपुनस्त्रीणां भर्त्रापापेनसंगमः)(पापियोंके सम्पर्कसे सबको कुछ२ पापका भाग मिलताहै और स्त्रियोंको तो पापीपतिके संगमसे समानही पाप होताहै) और अपने विद्याधरपनेको भूल कर बहुतसे मनुष्यों को अपने पति करेगी क्योंकि तैंने यहां हठकरके उचित वरसे द्वेष कियाहै अन्तमें जिस मदनप्रभनाम विद्याधरने तेरे लिये प्रार्थनाकी थी वही राजाहोकर तेरापति होगा तब तू शाप से छूटकर अपने लोकमें आके उसी मदनप्रभ विद्याधरको अपनापति करेगी इसप्रकार अपने पितासे शापित हुई अनंगप्रभा पृथ्वी में अनंगरति नामसे उत्पन्न होकर अपने माता पिताके निकटगई इससे तुम वीरपुरमें जाकर उसके पिताको जीतके उसे लो और यह खड्गलो इसके प्रभावसे तुम्हारीआकाशमें गति होजायगी और तुमको कोई जीत न सकेगा यह कहके और खड्गको देके भगवती अन्तर्द्धान होगई और वह जगकर अपने हाथमें खड्ग देखकर अत्यन्त प्रसन्नहुआ और भगवतीकी कृपा से तपके क्लेशोंसे रहितहोकर हाथमें खड्गलेकर आकाशमार्गमें जाके हिमालयपर्वतपर वीरपुरनामनगर में समरनाम विद्याधरके पास पहुँचा और उसको युद्धमें जीत अनंगप्रभा के साथ अपना विवाह करके दिव्यसुखका भोग करनेलगा कुछ कालके पीछे जीवदत्तने अपने श्वशुर समरसे तथा अपनी प्रिया अनंगप्रभासे कहा कि अब मनुष्यलोकमें मेरी जानेकी इच्छा होतीहै क्योंकि (प्राणिनांहिनिकृष्टापिजन्मभूमिःपराप्रिया) प्राणियों को अपनी निकृष्टभी जन्मभूमि अत्यन्तप्यारी होती है उसके यह वचन उसके श्वशुर समरने तो स्वीकार करलिये परन्तु अनंगप्रभा बहुत हठकरनेपर मनुष्यलोक में आनेको उद्यतहुई क्योंकि वह अपने शापको जानतीथी तबजीवदत्त अनंगप्रभाको गोदमें लेकरआकाशमार्ग से मृत्युलोकमें आया वहां एक मनोहर पर्वत देखके अनंगप्रभाने जीवदत्तसे कहा कि क्षण भर यहां विश्रामकरो अनंगप्रभाके कहनेसे वह वहीं उतरपड़ा और अनंगप्रभाकी विद्याओं के प्रभाव से प्राप्तहुए दिव्य पदार्थोंको भोजन करके बोला कि हे प्रिये कोई मधुरगीतगाओ उसके कहनेसे अनंगप्रभा भक्तिसे श्रीशिवजीके भजन गानेलगी गीतोंको सुनते २ उसे निद्राआगई इसबीचमें शिकार से थकाहुआ फिरनेके जलको पीनेकी इच्छासे राजाहरिवर उसी मार्ग होकर निकला वह अनंगप्रभा के मनोहर गीतको सुनकर हरिणके समान मोहितहोकर रथको छोड़कर उसके पास आया और कामदेवकी प्रभाके समान अनंगप्रभाको देखकर कामके बाणोंसे उसका हृदय अत्यन्त जर्जरहोगया और उसे देखकर अनंगप्रभाभी कामके वशहोके शोचनेलगी कि क्या यह अपने पुष्पों के धनुषको छोड़कर साक्षात् कामदेवही आयाहै अथवा गीतसे प्रसन्नहुए श्रीशिवजीका मूर्त्तिमान् अनुग्रह है इसप्रकार शोचकर उसने राजासे पूछा कि तुम कौनहो और इस वनमें क्यों आयेहो यह सुनकर राजाने अपने आगमनका कारण तथा अपना सब वृत्तान्त कहकर पूछा कि हेसुन्दरि तुम कौनहो और यह जो सो रहाहै सो तुम्हारा कौनहै उसके यह वचन सुनकर अनंगप्रभा बोली कि मैं विद्याधरीहूं और यहखड्ग के प्रभावसे सिद्धहुआ मेरा पतिहै अब तुम्हारे देखनेसे मुझे तुमपर अत्यन्त अनुराग होगया है इससे तुम शीघ्रही मुझे अपने नगरको लेचलो जब तक कि यह जागने न पावे उसके यह वचन सुनकर

पूंछा कि तीन महीने तो व्यतीत होगये अब क्या करना चाहिये इसबात के कहतेही अनंगरति ने अपने पूर्व जन्म का स्मरण करके डुपट्टे से अपना मुख ढक्कर मानुषी शरीर त्याग दिया १५० तब राजाने यह इसप्रकारसे क्यों बैठी है ऐसाशोचकर जो उसकामुखखोला तो जाना कि यहमरगई है पाले से मारीहुई कमलनी के समान उसके कान्तिरहित मुखारविन्दको देखकर राजा अत्यन्तशोकसे व्याकुलतापूर्व्वक मूर्च्छितहोके पृथ्वीपर गिरपड़ा और दुःखसे व्याकुल रानी पद्मरति भी मूर्च्छितहोके हाथीकी तोड़ीहुई लताके समान पृथ्वीपर गिरपड़ी और सम्पूर्ण परिजन रोदनकरनेलगे क्षणभरमेंही मूर्च्छा जगनेपर राजाने जीवदत्तसे कहा कि इससमय किसी दूसरेकी सामर्थ्य नहीं है तुम्हाराही अवसर है क्योंकि तुमने प्रतिज्ञाकीथी कि हममरीहुई स्त्रीको जिलातेहैं इससे जो तुममें कुछ विद्याका बलहोय तो तुम मेरी कन्याको जिलाओ इसके जीतेपर मैं तुम्हारे साथ इसका विवाहकरदूंगा राजाके यहवचन सुनकर जीवदत्तने जलका अभिमन्त्रण करके राजपुत्रीपर फेंका और कहा हे अट्टाटहाससे हँसनेवाली हे मनुष्योंके शिरोंकी मालापहरनेवाली हे चामुण्डे हे विकराले शीघ्रही आकर मेरी सहायताकरो इस प्रकार यत्नकरनेपरभी जब वहकन्या नहींउठी तब जीवदत्तने व्याकुलहोकर कहा कि विन्ध्यवासिनीकी दीहुईभी विद्या आज व्यर्थहोगई अब इसहास्यके योग्य मेरे जीवनसे क्या प्रयोजनहै यहकहकर जैसेही उसने अपना शिरकाटनाचाहा वैसेही यहआकाशवाणीहुई कि हेजीवदत्त साहस न करो यह अनंगप्रभा विद्याधरों की कन्या है माता पिताके शापसे भ्रष्टहोकर इतने दिन मनुष्यरही अब वह अपनेही लोकको चलीगईहै इससे तुम जाकर विन्ध्यवासिनीकाही आराधनकरो उन्हींकी कृपासे यह विद्याधरी भी तुमको मिलजायगी और इसके लिये राजाकोभी शोकनहीं करनाचाहिये क्योंकि वहदिव्य ऐश्वर्य्योंको भोगकररहीहै इसआकाशवाणीको सुनकर राजाने अपनी कन्याके शरीरका संस्कारकरके शोक का त्यागकरदिया और चारोंवीरोंमें से तीन तो अपने२ स्थानको चलेगये परन्तु जीवदत्त विन्ध्याचल पर जाकर तपस्यासे भगवतीका आराधन करनेलगा कुछदिनमें तपसे प्रसन्नहुई भगवती ने जीवदत्त से स्वप्नमें कहा कि हे जीवदत्त उठो तुम्हारे ऊपर मैं प्रसन्नहूं सुनो हिमालय पर्व्वतपर वीरपुरनाम एक नगरहै वहां विद्याधरों का समरनाम राजाहै उसके अनंगवती नाम रानी में अनंगप्रभानाम कन्या उत्पन्न हुई उसकन्या ने युवावस्था में प्राप्तहोकर अपने रूप तथा यौवन के अभिमानसे किसीपति का ग्रहण नहीं किया इसीसे उसके मातापिताने क्रोधसे उसको यहशापदिया कि तू मनुष्य जन्ममें उत्पन्नहोगी और वहांभी पतिके सुखको न पाकर सोलहवर्षकी अवस्थामें मानुषीशरीरको त्यागकरके यहां आजायगी और यहां आकर एक खड्गसे सिद्ध हुआ कुरूपपुरुष जो कि मुनिकन्याओं के अभिलाष से शापपाकर मनुष्यहुआहै वह तेरापतिहोगा और तुझे हठपूर्वक मनुष्यलोकमें लेजायगा वहां तुझे कोई हरलेजायगा इससे उसके साथ से तेरा वियोगहोगा उस पुरुषने पूर्वजन्म में आठ पराई स्त्रियां हरी हैं इससे आठजन्मके योग्य दुःखों को भोगकरेगा और तूभी अपनी विद्याओंको भूलकर मानुषी होकर एकही जन्ममें आठ जन्मों के समान दुःखों को भोगेगी ठीकहै (सर्वस्यैवहिपापिष्ठसम्पर्कःपाप

इस अवश्य भवितव्य कार्य्य में तुम क्यों मोहकरतेहो हे भाई इसअत्यन्त दुःखदायी पापी कामदेव को त्यागो अब तुम्हें उसपापिन व्यभिचारिणी स्त्रीसे क्या प्रयोजनहै तुम्हारे द्रोहसे वह अपनी सम्पूर्ण विद्या भूलकर मानुषीहोगईहै उसके यहवचन सुनकर जीवदत्त अनंगप्रभाकी आशाको छोड़कर और उसकी चपलता जानके अत्यन्त विरक्तहोकर बोला कि हे अम्ब तुम्हारे इनसत्यवचनों से मेरा मोह शान्तहोगया ठीकहै (कामंनश्रेयसेकस्यसंगमःपुण्यकर्मभिः) पुण्यात्माओंकी संगति से किसका कल्याण नहींहोताहै पूर्व्वजन्मके पापों के वशसे मुझे यहदुःख भोगनापड़ा है इससे उनपापों के दूर करनेके लिये मैं तीर्थोंपर भ्रमणकरूंगा अब मुझे अनंगप्रभाके निमित्त दूसरों से वैरकरनेका क्या प्रयोजन है क्योंकि (जितक्रोधेनसर्वंहिजगदेतद्विजीयते) जिसमनुष्यने क्रोधको जीताहै उसने सब संसारको जीताहै उसके इसप्रकार कहतेही प्रियदत्ताका धर्मात्मा अतिथिवत्सल प्रियपतिभी आगया उसने भी जीवदत्तका अतिथि सत्कारकरके उसे बहुत समझाया तब जीवदत्त एकदिन वहां विश्राम करके उनदोनों से आज्ञालेकर तीर्थयात्राकरनेकोचला और क्रमसे मार्ग के अनेक कष्टोंको सहताहुआ कन्दमूलफलोंका भोजनकरताहुआ पृथ्वी के सम्पूर्ण तीर्थोंपर भ्रमणकरके विन्ध्यवासिनीजी के मंदिरमें गया और वहां कुशासनपर बैठकर निराहारहोके महाघोर तप करनेलगा तप से प्रसन्नहुईं भगवती ने साक्षात् आकर उससे कहा कि हे पुत्र उठो पंचमूल, चतुर्वक्त्र, महोदर, तथा विकटवदन यह चारों एकसे एक उत्तम मेरे गणहैं इनमेंसे चौथे विकटवदन नाम तुमहो एकसमय तुम चारों विहारकरनेको गङ्गाजी के तटपरगये और वहां कपिलजट नाम मुनिकी चापलेखा नाम कन्या को स्नानकरते देखके कामसे पीड़ितहोके उससे संभोगकी प्रार्थनाकरनेलगे तब उसने कहा कि मैं कन्याहूं मुझ से ऐसा मतकहो उसके ऐसा कहनेपर तुम्हारे तीनों साथी तो मौनहोगये परन्तु तुमने हठकरके उसकी भुजापकड़लीनी तब वह हे तात मुझे बचाओ मुझे बचाओ ऐसा कहकर चिल्लानेलगी उसके शब्दको सुनकर कहीं निकटही तपकरतेहुए कपिलजटमुनि आगये उन्हें देखकर तुमने उस कन्याको छोड़दिया और मुनिने कुपितहोके तुमलोगोंको यह शापदिया कि हे पापियो तुम चारों मनुष्ययोनि में उत्पन्नहोगे फिर तुम लोगोंके प्रार्थनाकरनेपर मुनि ने यह शापका अन्तबताया कि जब राजपुत्री अनंगप्रभा के लिये तुम लोग उद्योगकरोगे और वह अपने विद्याधरलोक को चलीजायगी तब इन तीनों का उद्धारहोजायगा परन्तु हे विकटवदन तुम उस अनंगप्रभा को विद्याधरीहोनेपर भी पाकर किसी राजा के द्वारा उसके हर लियेजानेपर विरहसे व्याकुलहोके अत्यन्त खेदको प्राप्तहोगे और बहुतकालतक श्रीभगवतीका आराधनकरके इस शापसे छूटोगे क्योंकि तुमने इस चापलेखाका हाथपकड़लियाहै और अन्यपरस्त्रियों के हरनेका भी तुम्हारा बहुतसा पापहै इसप्रकार उस मुनि से शापदियेगये तुम चारों पंचपट्टिक, भाषाज्ञ, खड्गधर और जीवदत्तनामसे उत्पन्नहुए वहतीनों तो जब अनंगरति अपने स्थानको गईथी तब यहां आकर मेरी कृपा से उस शाप से उद्धारहोगये और तुमने अब मेरी आराधनाकी है इससे तुम्हारे भी शापका अन्तहोगया अब अग्निसम्बन्धिनीधारणाको ग्रहणकरके अपने शरीरको त्यागकरो और प्राट

राजा हरिवरको त्रैलोक्यके राज्य मिलनेकीसी प्रसन्नता हुई उससमय अनंगप्रभाने चाहा कि मैं राजा को गोदीमें लेकर आकाशमें उड़जाऊं परन्तु वह पतिके द्रोहसे अपनी संपूर्ण विद्या भूलगई और अपने पिताके शापका स्मरणकरके बड़ी खेदितहुई उसे खिन्नदेखकर और खिन्नताका कारण पूछकरराजा ने कहा कि यह विषादका समय नहींहै देर न करो नहीं तो तुम्हारापति जगउठेगा और यह भाग्याधीन बातहै इसके लिये शोककरना व्यर्थ है (कोहिस्वशिरसश्छायां विधेश्चोल्लंघयेद्गतिम्) कौन मनुष्य अपने शिरकी छाया तथा ब्रह्माके लिखेको उल्लंघन करसक्ता है इससे शीघ्रही चलो यह कह कर राजा हरिवर अनंगप्रभाको गोदमें लेकर निधिपाकर प्रसन्नहुये के समान शीघ्रता से अपनी सेना के निकटआके रथपरचढ़ा और बहुतशीघ्र अनंगप्रभाको लेकर अपने नगरमें आके अनंगप्रभाकेसाथ दिव्य सुखोंका अनुभव करनेलगा और वह अनंगप्रभा भी अपने संपूर्ण प्रभावको भूलकर राजाहरिवरसे स्नेह करतीहुई वहीं रही २१६ इसबीच में जीवदत्तभी उसपर्वतपर जगकर अनंगप्रभाको तथा खड्गको न देखकर शोचने लगा कि अनंगप्रभा कहांगई और खड्ग कहां गया क्या अनंगप्रभा तो खड्गको लेकर नहीं चलीगई अथवा उनदोनों कोही कोई हरलेगाया इस प्रकार बहुतसे तर्क वितर्क करताहुआ और कामाग्निसे व्याकुल जीवदत्त तीनदिनतक उसपर्वतपर और पर्वतपरसे उतरकर दश दिनतक वनोंमें अनंगप्रभाको ढूंढ़तारहा परन्तु उसका कहींभी पता नहीं लगा तब हायदुर्जन दुष्टभाग्य तूने बड़े क्लेशसे मिलीहुई उस प्रियाको खड्ग समेत हरलिया इस प्रकार विलाप करताहुआ निराहार जीवदत्त भ्रमण करते २ एक ग्राम में किसी धनवान् ब्राह्मणके घरपर पहुँचा वहां उस घरकी स्वामिनी प्रियदत्तानामे ब्राह्मणीने उसे आसनपर बैठालकर अपनी चेरियोंसे कहा कि शीघ्रही जीवदत्तके पैरधोओ आज इसे विरहसे तेरहदिन निराहार करते २ व्यतीत हुए हैं यह सुनकर जीवदत्त ने आश्चर्य्यपूर्वक शोचा क्या यहां अनंगप्रभा आई है अथवा क्या यह योगिनी है इसप्रकार शोचकर अपने पैर धुलवाकर और उसके दियेहुए दिव्यपदार्थों को भोजन करके नम्रतापूर्वक उस प्रियदत्ता से बोला कि बताओ तुम हमारा वृत्तान्त कैसे जानतीहो और हमारीप्रिया तथा खड्ग कहांगया यह सुनकर पतिव्रता प्रियदत्ता बोली कि पतिके सिवाय स्वप्नमें भी किसी अन्यपुरुषपर मेरा चित्त चलायमान नहीं होता है अन्य पुरुषों को मैं अपने पुत्र तथा भाइयों के समान देखतीहूं और मेरे घरसे कभी अतिथि विमुख नहीं जाताहै इसीपुण्यके प्रतापसे मैं भूत भविष्य और वर्त्तमान इनतीनों कालों की बात जानतीहूं जब तुम सोगयेथे तब उसीमार्ग्ग से आया हुआ हरिवरपुर का रहनेवाला राजा हरिवर अनंगप्रभाके गीतको सुनकर उसके पास आया और उसे अपने रथपर चढ़ाकर अपने पुरको लेगया अब तुम उसे नहीं पासक्तेहो क्योंकि राजा हरिवर महाबलवान् है और वहकुलटा उसे भी छोड़कर किसी अन्य पुरुषके पास चलीजायगी और वहखड्ग तुमको भगवती ने केवल अनंगप्रभा की प्राप्तिके लियेही दियाथा वह अपना कार्य्य करके भगवती के पासही चलागया भगवती ने अनंगप्रभाके शापके वर्णनके समय स्वप्नमें जो तुमसे भावीबातें कहीथीं वह तुम क्यों भूल गये

इस अवश्य भवितव्य कार्य्य में तुम क्यों मोहकरतेहो हे भाई इसअत्यन्त दुःखदायी पापी कामदेव को त्यागो अब तुम्हें उसपापिन व्यभिचारिणी स्त्रीसे क्या प्रयोजनहै तुम्हारे द्रोहसे वह अपनी सम्पूर्ण विद्या भूलकर मानुषीहोगईहै उसके यहवचन सुनकर जीवदत्त अनंगप्रभाकी आशाको छोड़कर और उसकी चपलता जानके अत्यन्त विरक्तहोकर बोला कि हे अम्ब तुम्हारे इनसत्यवचनों से मेरा मोह शान्तहोगया ठीकहै ( कामंनश्रेयसेकस्यसंगमःपुण्यकर्मभिः ) पुण्यात्माओंकी संगति से किसका कल्याण नहींहोताहै पूर्व्वजन्मके पापों के वशमें मुझे यहदुःख भोगनापड़ा है इससे उनपापों के दूर करनेके लिये में तीर्थोंपर भ्रमणकरूंगा अब मुझे अनंगप्रभाके निमित्त दूसरों से वैरकरनेका क्या प्रयोजन है क्योंकि ( जितक्रोधेनसर्वंहिजगदेतद्विजीयते ) जिसमनुष्यने क्रोधको जीताहै उसने सब संसारको जीताहै उसके इसप्रकार कहतेही प्रियदत्ताका धर्मात्मा अतिथिवत्सल प्रियपतिभी आगया उसने भी जीवदत्तका अतिथि सत्कारकरके उसे बहुत समझाया तब जीवदत्त एकदिन वहां विश्राम करके उनदोनों से आज्ञालेकर तीर्थयात्राकरनेकोचला और क्रमसे मार्ग के अनेक कष्टोंको सहताहुआ कन्दमूलफलोंका भोजनकरताहुआ पृथ्वी के सम्पूर्ण तीर्थोंपर भ्रमणकरके विन्ध्यवासिनीजी के मंदिरमें गया और वहां कुशासनपर बैठकर निराहारहोके महाघोर तप करनेलगा तप से प्रसन्नहुई भगवती ने साक्षात् आकर उससे कहा कि हे पुत्र उठो पंचमूल, चतुर्वक्र, महोदर, तथा विकटवदन यह चारों एकसे एक उत्तम मेरे गणहैं इनमें से चौथे विकटवदन नाम तुमहो एकसमय तुम चारों विहारकरनेको गङ्गाजी के तटपरगये और वहां कपिलजटनाम मुनिकी चापलेखा नाम कन्या को स्नानकरते देखके कामसे पीड़ितहोके उससे संभोगकी प्रार्थनाकरनेलगे तब उसने कहा कि मैं कन्याहूं मुझ से ऐसा मतकहो उसके ऐसा कहनेपर तुम्हारे तीनों साथी तो मौनहोगये परन्तु तुमने हठकरके उसकी भुजापकड़लीनी तब वह हे तात मुझे बचाओ मुझे बचाओ ऐसा कहकर चिल्लानेलगी उसके शब्दको सुनकर कहीं निकटही तपकरतेहुए कपिलजटमुनि आगये उन्हें देखकर तुमने उस कन्याको छोड़दिया और मुनिने कुपितहोके तुमलोगोंको यह शापदिया कि हे पापियो तुम चारों मनुष्ययोनि में उत्पन्नहोगे फिर तुम लोगोंके प्रार्थनाकरनेपर मुनि ने यह शापका अन्तबताया कि जब राजपुत्री अनंगप्रभा के लिये तुम लोग उद्योगकरोगे और वह अपने विद्याधरलोक को चलीजायगी तब इन तीनों का उद्धारहोजायगा परन्तु हे विकटवदन तुम उस अनंगप्रभा को विद्याधरीहोनेपर भी पाकर किसी राजा के द्वारा उसके हर लियेजानेपर विरहसे व्याकुलहोके अत्यन्त खेदको प्राप्तहोगे और बहुतकालतक श्रीभगवतीका आराधनकरके इस शापसे छूटोगे क्योंकि तुमने इस चापलेखाका हाथपकड़लियाहै और अन्यपरस्त्रियों के हरनेका भी तुम्हारा बहुतसा पापहै इसप्रकार उस मुनि से शापदियेगये तुम चारों पंचपट्टिक, भाषाज्ञ, खड्गधर और जीवदत्तनामसे उत्पन्नहुए वहतीनों तो जब अनंगरति अपने स्थानको गईथी तब यहां आकर मेरी कृपा से उस शाप से उद्धारहोगये और तुमने अब मेरी आराधनाकी है इससे तुम्हारे भी शापका अन्तहोगया अब अग्निसम्बन्धिनीधारणाको ग्रहणकरके अपने शरीरको त्यागकरो और आठ

जन्म के भोगने के योग्य दुःखोंको शीघ्रही भस्मकरो यह कहकर और धारणा बताकर भगवती अन्तर्द्धानहोगई २६० भगवती से उस धारणाकोपाकर अपने पापोंसमेत शरीर को भस्मकरके जीवदत्त शाप से छूटकर फिर भगवतीका गणहोगया परस्त्री संगमसे उत्पन्नहुए पातक से जब देवताओंकी भी यह दशाहै तो अन्य प्राणियोंकी क्या गतिहोगी इस बीच में वह अनंगप्रभा हरिवरपुर में राजा हरिवरकी सम्पूर्ण रानियों में मुख्य रानीहोगई और राजा हरिवर अपने सुमन्तनाम मंत्री को सब राज्यभार सौंप कर रात्रि दिन अनंगप्रभा के साथरहनेलगे एकसमय मध्यदेश से लब्धवरनाम नाट्याचार्य्य राजा हरिवरके पासआया राजा ने उसकी चतुरतादेखकर उसको अपनी रानियों का नाट्याचार्य्यबनादिया उसने अनंगप्रभाको ऐसा उत्तम नृत्यसिखाया जिसे देखकर उसकी सब सपत्नी ईर्ष्याकरतीथीं कुछ दिनों में अनंगप्रभा साथ रहते २ उस नाट्याचार्य्यपर स्नेहकरनेलगी और वह नाट्याचार्य्य भी उसके रूप तथा नृत्यसे ऐसा वशीभूतहुआ कि कामदेव उसके चित्तको नंचानेलगा एकसमय नृत्यशाला के एकान्त स्थान में अनंगप्रभा ने नाट्याचार्य्य को अपने नृत्य से वशीभूतकरके उसके साथ रमणकिया और रति के अन्त में उससे कहा कि तुम्हारे विना मैं क्षणभर भी न रहसकूंगी परन्तु राजा हरिवर जो यह जानजायगा तो मुझे और तुम्हें दोनोंको दण्डदेगा इससे जहां राजा न जानसके ऐसे स्थान में चलो तुम्हारेपास राजाका दियाहुआ बहुतसा धन है और मेरे पास भी बहुतसे आभूषणहैं इन सबको राजा के दियेहुए घोड़े तथा ऊंटोंपरलादके यहां से निकलचलो जिससे निर्भयहोकररहें उसके यह वचन नाट्याचार्य्य ने प्रसन्नहोकर स्वीकारकरलिये तब अनंगप्रभा पुरुषका भेषबनाकर अपनी एकचेरी के साथ नाट्याचार्य्य के घरकोगई वहां नाट्याचार्य्य अपने सम्पूर्ण धनको तथा अनंगप्रभा के सब आभूषणोंको ऊंटोंपरलादकर और अनंगप्रभा को घोड़ेपर सवारकराके वहांसे चला ( देखो विद्याधरोंकी लक्ष्मी को छोड़के अनंगप्रभा राज्यलक्ष्मीको प्राप्तहुई और उसकाभी त्यागकरके नाट्याचार्य्यके साथगई स्त्रियोंके चपलमनको धिक्कार है ) और वहां से बहुत दूर जाकर वियोगपुर नाम नगरमें पहुँचकर अनंगप्रभा के साथ सुखपूर्व्वकरहा और अपने लब्धवर नाम को यथार्थहुवा मानके अत्यन्त प्रसन्नहुआ इस बीच में राजा हरिवर अनंगप्रभा को कहींचलीगई जानकर देहत्यागकरने को उद्यतहुआ तब सुमन्तनाम मंत्रीने उससे कहा कि हे राजा आप विचार तो कीजिये कि जिस स्त्री ने खड्गसिद्धपति को छोड़कर आप से अनुरागकिया उसका आपपर भी स्नेह कैसे दृढ़होसक्ता है मैं जानताहूं कि वह किसी तुच्छ पुरुषके साथ चलीगईहोगी क्योंकि उसको उत्तम अधम का कोई विवेकनहीं है आज वह नाट्याचार्य्य भी नहीं दिखाई देता है कदाचित् वही उसको हरलेगयाहोगा और मैंने सुनाभी है कि प्रातःकाल वहदोनों संगीतगृहमें गयेथे इससे हे राजा उसके लिये आप जानबूझकर भी इतनाशोक क्यों करतेहो संध्याके समान दुष्ट स्त्रियां क्षणभर अनुराग युक्त रहतीहैं मन्त्रीके यहवचन सुनकर और सत्य जानकर राजाने शोचा कि(पर्य्यन्तविरसाकष्टमतिक्षणविवर्त्तिनी। भवस्थितिरिवानित्यसम्बन्धाहिविलासिनी ) ( पतितं मज्जयन्तीपुदर्शितोत्कलिकासुच। प्राज्ञःपतत्यगाधासु नस्त्रीषुचनदीषुच॥ व्यसनेपुनिरुद्वेगा विभवेस्व-

प्यगर्विताः। कार्य्येष्वकातरायेचतेधीरास्तैर्जितंजगत्) अन्तमें विरसकष्ट देनेवाली क्षण२में बदलनेवाली और नित्यसम्बन्ध नहीं रखनेवाली संसारकी स्थितिके समान स्त्रियां भी होती हैं पतितको डुबानेवाली और उत्कण्ठाकी प्रकट करनेवाली स्त्रियोंसे तथा नदियों से बुद्धिमान् पुरुष सदैव बचता है व्यसनों में नहीं घबरानेवाले ऐश्वर्य्यमें अभिमान नहीं करनेवाले और समयमें नहीं भयभीत होनेवाले धीर पुरुष सम्पूर्ण संसारको जीततेहैं यहशोचकर राजा हरिवरने अपनीही रानियोंमें सन्तोषकिया और वहअनंगप्रभा उस वियोगपुरनाम नगरमें कुछकालतक उसनाट्याचार्य्य के पास रही भाग्यवशसे सुदर्शननाम किसी ज्वारीके साथ उसनाट्याचार्य्यकी संगति होगई उसने थोड़ेही कालमें अनंगप्रभाके सन्मुखही उसनाट्याचार्य्यका सब धन जीतलिया तब अनंगप्रभा उसनिर्धन नाट्याचार्य्यको छोड़कर उससुदर्शन ज्वारीके साथ भागगई उसके चले जानेपर नाट्याचार्य्य धन तथा स्त्रीसे रहितहोकर अपनेको निराश्रय जानके वैराग्यसे जटा बढ़ाकर गंगाजीके तटपर तपकरनेलगा और अनंगप्रभा उसीद्यूतकार सुदर्शन के यहां रहनेलगी एकसमय सुदर्शनके घरमें सेंधलगाकर चोर उसका सब धन लेगये धनके अभावसे अनंगप्रभाको अत्यन्त दुखित देखकर सुदर्शनने कहा कि चलो हिरण्यगुप्तनाम एकबड़ा धनवान् मेरा मित्रहै उससे कुछ धन उधारमांगें यहकहकर अनंगप्रभाको साथ लेकर भाग्यका माराहुआ सुदर्शन ऋणलेने को हिरण्यगुप्तके यहांगया वहां अनंगप्रभाको देखकर वह वैश्य तथा उस वैश्यको देखकर अनंगप्रभा दोनों परस्पर अनुरक्त होगये और उसवैश्यने सुदर्शनसे आदर पूर्व्वककहा कि मैं प्रातः-काल तुमको धनदूंगा आज तुम हमारे यहांही रहकर भोजनकरो यहसुनकर सुदर्शनने उनदोनों का विपरीतभाव देखकर कहा कि आज मैं तुम्हारे यहां भोजन नहीं करसक्ताहूं उसके यहवचन सुनकर हिरण्यगुप्तने कहा कि तुम चाहो भोजन न करो परन्तु यहतुम्हारी स्त्री अवश्य भोजनकरे क्योंकि यह पहलेही पहल मेरे यहां आई है यहसुनकर सुदर्शन चुपहोरहा और हिरण्यगुप्त अनंगप्रभाको साथ लेके भीतर जाकर भोजन तथा मद्यपान करके उसके साथ आनन्द करनेलगा फिर हिरण्यगुप्तके सेवकोंने बाहर खड़ेहुए सुदर्शनसे कहा कि तुम्हारी स्त्री भोजन करकेगई अब तुम यहां क्यों खड़े हो तुम भी जाओ क्या तुमने उसे निकलतेहुए नहीं देखाथा यहसुनकर उसने कहा कि वह भीतरहीहै मैं उसे लिये बिना कभी न जाऊंगा तब सेवकोंने उसेमारकर वहांसे निकाल दिया वहांसे जाकरसुदर्शन महादुखीहोकर शोचनेलगा कि देखो इसबणियेने मित्रहोकर भी मेरी स्त्री हरलीनी अथवा मुझे इसीलोक में अपने पापका फल मिलगया जो मैंने एकके साथ कियाथा वही दूसरेने मेरे भी साथ किया इससे किसीपर क्रोध न करनाचाहिये मेरे कर्मही क्रोधके योग्यहैं उन्हींका नाश करनाचाहिये जिससे फिर ऐसा दुःख मुझे नहीं सहनापड़े यहशोचकर सुदर्शनने क्रोध रहितहोके बदरिकाश्रममें जाकर दुखदाई संसारके नष्टकरनेके लिये महाघोर तप किया और वह अनंगप्रभा अनेक पुष्पोंपर भ्रमण करती हुई भौंरीके समान हिरण्यगुप्तके साथ रमणकरनेलगी और उसको अत्यन्त प्रियहोगई वहां के राजा वीरबाहुने उसको अत्यन्त सुन्दर जानकर भी धर्मकी मर्य्यादा के रक्षाकरने के लिये उसका ग्रहण नहीं

किया कुछ दिनों में हिरण्यगुप्तका धन घटगया क्योंकि (म्लायतिश्रीःकुलस्त्रीवगृहेवन्धक्यधिष्ठिते) पुंश्चली युक्त गृहमें कुल स्त्रीके समान लक्ष्मीभी म्लानहोजाती है धनकी न्यूनता देखकर वह वैश्य अनंगप्रभा को साथ लेकर रोज़गार करनेको चला और चलते २ समुद्र के तटपर सागरपुरनाम नगरमें पहुंचा वहां निपादों का स्वामी सागरवीरनाम एक निपाद वहीं का रहनेवालाथा उससे मिलकर हिरण्यगुप्त उसी के लायेहुए जहाज़पर चढ़कर अपनी प्रिया समेत द्वीपान्तर को चला ३२१ कई दिन तक समुद्रमें चलते २ एकदिन अकस्मात् जाज्वल्यमान बिजलीरूपी नेत्रों से युक्त भयंकर कालेमेघ आकर गर्जनेलगे और पानी वरसनेलगा और वायुके वेग से जहाज डूबनेलगा जहाजको डूबते देखकर सम्पूर्ण लोग हाहाकार शब्दकरनेलगे और वह हिरण्यगुप्त वैश्य अनंगप्रभाको न देखकर हे प्रिये तुम कहांगई ऐसा कहकर समुद्रमें कूदपड़ा और कुछदूर बहकर भाग्यवशसे एकडोंगी पाकर उसीपै चढ़गया उस अनंगप्रभाको भी निपादोंके स्वामी सागरवीरने एक काष्ठके टुकड़ेपर बैठालकर आप भी उसीपर बैठके समुद्र में बहचला क्षणभरमें जहाजके नष्टहोजानेपर मेघ अदृष्ट होगये और शान्तहुए कोपवाले साधूकेसमान समुद्रभी शान्तहोगया उसडोंगीपर चढ़ाहुआ हिरण्यगुप्त पांचदिनमें समुद्र के तटपरपहुंचा और तटपर उतरकर प्रियाकेविरहसे दुःखितहोके ब्रह्माकेकाममें अपना कुछ वस न जानकर धैर्य्यधरके अपने नगरकोगया और वहां फिर धन उपार्जनकरके सुखपूर्वकरहनेलगा और वह अनंगप्रभा एकही दिनमें सागरवीरके साथ समुद्रकेतटपर पहुंचगई वहां वहसागरवीर उसको समझाकर सागरपुर नगरमें अपने स्थानपर लेआया अनंगप्रभा ने उसको धनवान् रूपवान् और युवावस्थावाला जानकर उसीको अपना पति बनालिया (नस्त्रीचलितचारित्र निम्नोन्नतमवेक्षते) (सदाचारसे भ्रष्ट हुई स्त्री ऊंचनीचका विचारनहीं करती है) और वह उसी निपाद पतिकेसाथ उसके ऐश्वर्य्यको भोग करतीहुई कुछ दिन वहांरही एकसमय उसने महलपरसे विजयवर्मानाम रूपवान् किसी क्षत्रीको जाते देखा और उसके रूपसे लोभितहोकर महलपरसे उतरकर उससेकहा कि तुम्हारे दर्शनसेही तुमपर मेरा अनुराग होगयाहै तुम मुझको स्वीकारकरो उसने भी उसको अत्यन्तरूपवती देखकर अपने घरमें ले जाके उसकेसाथ दिव्य सुखोंका अनुभवकिया फिर सागरवीरने उसको कहींगई जानकर अपना सर्वस्व त्यागकरके शरीर त्यागनेकी इच्छासे गंगाजीपर जाके तपकिया उसको इतना दुःखहोना उचितही था क्योंकि कहां तो निपाद और कहां परमसुन्दर विद्याधरी स्त्री इसकेउपरान्त अनंगप्रभा विजयवर्म्मा के साथ सुखपूर्व्वक कुछ दिन तक उसके पासरही एकदिन वहांका राजा सागरवर्मा हथिनीपर चढ़के नगरके घूमनेको निकला और घूमते२ विजयवर्माके मकानके पासआया राजाको आताजानके उसके देखने के कौतुक से अनंगप्रभा महलपरचढ़ी और राजाको देखतेही उसपर ऐसी अनुरक्तहुई कि राजा की हथिनीके महावतसेबोली कि हे हाथीवान् मैं कभी हथिनीपर नहींचढ़ीहूं इससे मुझेभी इसपरचढ़ालो मैं देखूं कि इसपर चढ़ने से क्या सुखहोताहै उसके यहवचन सुनकर महावत राजाकी ओर देखनेलगा और राजा आकाशसे गिरीहुई चंद्रमाकी कांतिकेसमान उसेदेखकर और चकोरके समान टकटकी दृष्टि

से उसे पानकरके उसके पानेकी आशाकरके महावतसेबोला कि हथिनीको महलके निकटलेजाकर इसे चढ़ाकर इसका मनोरथ पूर्णकरो राजाकी यह आज्ञा पाकर महावत ने उसके महलकेही नीचे हथिनी लगादी हथिनीको निकट देखकर अनंगप्रभा राजाकी गोदमें कूदपड़ी और गिरनेकेभयसे राजाके कंठ में लिपटगई देखो कहां तो पहले पतियों से ऐसाद्वेष और कहां इसप्रकार पुरुषों से न तृप्तहोना पिताके शापसे उसकास्वभाव अत्यन्त विपरीतहोगया राजाभी उसकेस्पर्शरूपी अमृतसे अपने शरीरके सिंचने से अत्यन्त आनन्दको प्राप्तहुआ और युक्तिसे अपने शरीरको अर्पण करके चुम्बन करनेकीइच्छाकरती हुई उसअनंगप्रभाको लेकर शीघ्रही अपने मंदिरको चलागया और वहां उससे संपूर्ण वृत्तांत पूछकर उसे अपनी पटरानी बनाकर अत्यन्त आनन्दको प्राप्तहुआ इतने में वह विजयवर्मा क्षत्री अपनी स्त्रीको राजासे हरीहुई जानकर राजद्वारमें आकर राजा के सेवकों से युद्धकरनेलगा और युद्धमेंही शरीर का त्यागकरके इसदुष्ट स्त्री से तुम्हें क्या प्रयोजनहै नंदनवन में हमारेसाथ चलकर हमसे रमणकरो इसप्रकार मानों कहतीहुई सुरांगनाओं के साथ स्वर्गकोगया उसको इसप्रकारसे शरीरका त्यागना उचितही था क्योंकि (नशूराविपहन्तेहिस्त्रीनिमित्तंपराभवम्) शूरलोग स्त्री के निमित्तहुए तिरस्कारको नहीं सहते हैं ३६१ अनंगप्रभाभी राजा सागरवर्म्मा के यहांजाकर समुद्रमें प्राप्तहुई नदी के समान स्थिरहोगई और भावी के बलसे उसीको पाकर अपनेको कृतार्थ माननेलगी और राजा सागरवर्म्मा ने भी उसे पाकर अपना जन्म सफलमाना कुछ दिनों में अनंगप्रभा गर्भवतीहुई और गर्भमासों के पूर्णहोनेपर सुन्दर पुत्र उत्पन्नहुआ राजाने पुत्रजन्मका बड़ा महोत्सवकरके पुत्रकानाम समुद्रवर्म्मारक्खा और क्रमसे संपूर्ण विद्याओंको पढ़कर युवावस्थाको प्राप्तहुए समुद्रवर्म्माको युवराजपदवी देदी और राजासमुद्रवर्म्मा की कमलवती नाम कन्या हरलाकर उसे ब्याहदी फिर विवाहके उपरान्त उसके गुणों से अत्यन्त प्रसन्नहोकर अपना सम्पूर्ण राज्य उसे देदिया राज्यकोपाकर क्षत्रियों के धर्म के जाननेवाले पराक्रमी समुद्रवर्म्मा ने नम्रतापूर्वक अपने पितासेकहा कि हे तात मुझे दिग्विजयकरनेकी आज्ञादीजिये क्योंकि जैसे स्त्रीका नपुंसकपति उसीप्रकार विजयकी इच्छासे रहित पृथ्वीका पति राजा भी निंद्यहोताहै (धर्म्याकीर्त्तिकरीसाच लक्ष्मीरिहमहीभुजाम्। याजित्वापरराष्ट्राणिनिजबाहुबलार्ज्जिता॥किंतेषांताततराज्य येक्षुद्राणामभिभूतये। स्वप्रजामेवखादन्ति मार्जाराइवलोलुपाः) राजालोगोंकी वही लक्ष्मी यशकरनेवाली तथा धर्मानुसारिणी होतीहै जो अपनी भुजाओं के बलसे जीतकर अन्य राजालोगों के यहां से लाईजाती है हे तात उन क्षुद्रपुरुषोंका तिरस्कारका कारणरूप राज्य क्याहै जो मार्जारों के समान लोभी होकर अपनी प्रजाओंकोही खाते हैं अपने पुत्रके यह वचन सुनकर सागरवर्म्मा ने कहा कि हे पुत्र तुम्हारा राज्य नवीनहै अभी इसीको पुष्टकरो धर्मके अनुसार प्रजाओंका पालन करनेवाले राजाको न पापहोताहै न अपयशहोता है और अपनी शक्तिको विनादेखे राजालोगोंको युद्ध करना उचित नहीं है हे नंदन यद्यपि तुम बड़ेवीरहो और तुम्हारे पास सेनाभी बहुतहै तथापि युद्धमें चंचल जयलक्ष्मी का क्या विश्वासहै पिताके इसप्रकार समझानेपर भी समुद्रवर्म्मा यत्नपूर्वक पितासे आज्ञालेकर दिग्वि-

जयको गया और क्रमसे पूर्वादिक चारों दिशाओंको जीतकर राजालोगोंको अपने वशमेंकरके बहुत से घोड़े हाथी तथा रत्नोंको लेकर अपने नगरमें आया २७७ वहां उसने प्रसन्नहुए अपने माता पिता के चरणोंपर अनेक देशों से लायेहुए अमूल्य रत्नरक्खे और माता पिताकी आज्ञालेकर हाथी घोड़े सुवर्ण तथा रत्नों के दानब्राह्मणोंकोदेकर याचकोंको तथा सेवकोंको इतनाधनदिया कि जिससे वहांकेवल दरिद्र शब्दही अनर्थरहा अपनेपुत्रकी ऐसी उदारतादेखकर राजासागरवर्म्मा तथा अनंगप्रभा इनदोनों ने अपनेको कृतकृत्यमाना और कई दिनतक उत्सवकरके मंत्रियों के सन्मुख समुद्रवर्म्मा से कहा कि हे पुत्र मुझे इसजन्म में जो कुछ करनाथा सो सब मैं करचुका राज्यका सुखभोगा, शत्रुओं से तिरस्कार नहींपाया और तुमको चक्रवर्त्ती पदपर बैठे देखा इससे बढ़कर अबमुझे कौनसी बात प्राप्तहोनेको बाकी रही है इससे अब मैं तीर्थपर जाकर निवासकरूंगा देखो यहवृद्धावस्थाकानके पास आकर मुझसे, मानों कहरही है कि यहशरीर नस्वरहै तुमअब घरमेंबैठेहुए क्याकररहेहो यहकहकर राजासागरवर्म्मा अनंगप्रभा को साथलेकर प्रयागको गया तब समुद्रवर्म्मा अपने पिताको प्रयागतक पहुंचाकर लौटके धर्म के अनुसार राज्यका पालन करनेलगा और राजा सागरवर्माभी प्रयाग में अनंगप्रभा के साथ श्री शिवजी को प्रसन्न करनेके लिये तपकरनेलगा कुछदिन तपकरनेसे प्रसन्नहुए श्री शिवजीने सागरवर्मा को यह स्वप्न दिया कि हे पुत्र तुम्हारे ऊपर मैं प्रसन्न हूं इससे सुनो यह अनंगप्रभा और तुम दोनों विद्याधरहो कल प्रातःकाल शापसे मोक्ष पाके अपने लोकको जाओगे शिवजी के यह वचनसुनकर सागरवर्मा जग पड़ा और अनंगप्रभा भी इसीप्रकार स्वप्न देखकर जगपड़ी फिर इस स्वप्नको परस्पर कहने के उपरान्त अनंगप्रभा प्रसन्नहोकर बोली कि हे आर्यपुत्र आजमुझे अपने पूर्वजन्म का स्मरण आयाहै मैं वीरपुरके स्वामी समरनाम विद्याधरकी पुत्री हूं पिताके शापसे मृत्युलोक में आकर सम्पूर्ण विद्याओं को भूलके मुझे अपना विद्याधरत्वभी भूलगया था इससमय एकाएकी स्मरण आया है उसके इसप्रकार कहतेही कहते समरनाम विद्याधर आकाश से उतरकर वहां आया और नमस्कार करतीहुई अनंगप्रभासे बोला कि हे पुत्री आओ अपनी विद्याओं को लो क्योंकि तुम्हारा शाप अब शान्तहोगया है तुमने एकही जन्ममें आठजन्मके समान दुखभोगा यह कहकर उसने उसे गोदमें लेकर सब विद्या बता दीं और राजा सागरवर्मा से कहा कि आप विद्याधरों के स्वामी मदनप्रभहो मैं समरनाम विद्याधरहूं और यह मेरीकन्या अनंगप्रभाहै इसने रूपके अभिमानसे किसीवरका स्वीकार नहीं किया था और तुम ने भी इसकेलिये प्रार्थना की थी परन्तु भाग्यवशसे इसने तुम्हारा भी ग्रहण नहीं किया था इसीसे मैंने क्रोधितहोके इसको मृत्युलोकमें उत्पन्न होनेका शापदिया था तब तुमने अपने चित्तमें श्रीशिवजी का ध्यानकरके यह संकल्पकरके कि मृत्युलोक में भी यही मेरी स्त्री हो अपने शरीरका त्याग कियाथा इसी से तुम मनुष्यहुए और यह तुम्हारी स्त्रीहुई अब तुमदोनों अपने लोकको चलो समरके यह वचनसुनकर राजा सागरवर्मा अपने पूर्वजन्मका स्मरण करके त्रिवेणीजी में अपने मनुष्य शरीरको त्याग करके शीघ्रही मदनप्रभ नाम विद्याधर होगया और वह अनंगप्रभा भी विद्याओंको पाके अत्यन्त दी-

भिमती होके उसी शरीरसे अन्यसी मालूम होनेलगी तव मदनप्रभ तथा अनंगप्रभा दोनों परस्पर देखके अत्यन्त अनुरक्त होकर समरके साथ आकाशमार्ग से वीरपुरको गये वहां समरने विधिपूर्व्वक अपनी कन्या अनंगप्रभाका विवाह मदनप्रभके साथकरदिया और मदनप्रभ उसको साथलेके अपने पुरमें जाकर सुखपूर्वक रहा इसप्रकार अपने दुराचारके वशसे दिव्यस्त्रियां भी मनुष्य लोक में उत्पन्न होकर और अपने कर्म्मोंके अनुसार फलभोगके अपने लोकोंको चलीजाती हैं गोमुख से इस कथाको सुनकर राजा नरवाहनदत्त तथा अलंकारवती दोनों अत्यन्त प्रसन्नहुए और उठकर अपने नित्य नैमित्तिक कार्य्य करनेको गये ४१० ॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांअलंकारवतीलम्बकेद्वितीयस्तरंगः २ ॥

इसके उपरान्त दूसरे दिन अलंकारवती के पास वैठे हुए नरवाहनदत्त से मरुभूति ने कहा कि हे स्वामी देखिये यह विचारा कार्पटिक एक चमड़े के टुकड़े को पहने हुए रात्रि दिन शीत में अथवा धूप में भी आप के फाटक पर से नहीं हटता है परन्तु आप अवतक इसपर नहीं प्रसन्न होते हो समय पर थोड़ा देना अच्छाहै परन्तु समय व्यतीत होजानेपर वहुतसा देना भी व्यर्थ है इससे जवतक यह मरता नहीं है तभीतक आप कृपा करके जो कुछ देना है सो इसे दीजिये यह सुनकर गोमुख ने कहा कि मरुभूतिका कहना वहुत उचितहै परन्तु इसमें आप का कोई अपराध नहीं है जवतक विघ्नकारी पापका नाश नहीं होता है तवतक स्वामी चाहे दान देने की इच्छा भी करे परन्तु दे नहीं सक्ताहै और पापों के क्षीण होजाने पर स्वामी नाहीं करनेपर भी देता है इससे यह वात कर्म्माधीन है इस विषय पर मैं आपको राजा लक्षदत्त तथा लब्धदत्तनाम कार्पटिक ( चिथड़े ओढ़नेवाला ) की कथा सुनाताहूं पूर्व्वही लक्षपुरनाम नगरमें लक्षदत्तनाम एक वड़ा दानी राजाथा वह लाखसे कम किसीको नहीं देताथा जिससे संभाषणकरता था उसे पांचलाख देताथा और जिसपर प्रसन्न होताथा उसको दरिद्रसे रहित करदेताथा इसीसे उसका लक्षदत्तनाम प्रसिद्धथा उस राजाके यहां फाटक पर लब्धदत्तनाम एक कार्पटिक चमड़ेके टुकड़ेको कमरमें वांधेहुए जटारखाये रात्रि दिन शीत वर्षा तथा धूपमें भी क्षणभरको नहीं हटताथा औरराजा नित्य उसे देखताथा वहुत कालतक राजा उसको क्लेशमें देखतारहा परन्तु कुछ देनेको नहीं उद्यतहुआ एक समय राजा अपनी सेनासमेत शिकारखेलने को वनमें गया और वह कार्पटिकभी उसके पीछे २ लाठीलेकर गया वहां राजाने तथा उसकी सेनावालोंने वाणोंसे वहुतसे व्याघ्र शूकर तथा हरिणादिक पशु पक्षी मारे और कार्पटिकने लाठीसेही वहुत से शूकर तथा हरिणमारे उसके पराक्रमको देखकर राजाने अपने मनमें जाना कि यह वड़ाशूरहै परन्तु कुछ दिया नहीं शिकार खेलकर राजा अपने नगरमें आकर मन्दिरमें चलागया और वह कार्पटिक फाटक पर वैठगया इसके उपरान्त एकसमय राजा लक्षदत्त अपने किसी गोत्री भाई के जीतने को गया और कार्पटिक भी उसके साथ २ पीछे २ चलागया वहां शस्त्रोंकेद्वारा योद्धाओंके युद्ध करनेपर कार्पटिकने लाठीकेही प्रहारसे वहुतसे शत्रुमारे तव शत्रुओंको जीतकर राजाने अपने नगरमें आके वड़ा उत्स-

जयको गया और क्रमसे पूर्वादिक चारों दिशाओंको जीतकर राजालोगोंको अपने वशमेंकरके बहुत सें घोड़े हाथी तथा रत्नोंको लेकर अपने नगरमें आया ३७७ वहां उसने प्रसन्नहुए अपने माता पिता के चरणोंपर अनेक देशों से लायेहुए अमूल्य रत्नरक्खे और माता पिताकी आज्ञालेकर हाथी घोड़े सुवर्ण तथा रत्नों के दानब्राह्मणोंकोदेकर यांचकोंको तथा सेवकोंको इतनाधनदिया कि जिससे वहांकेवल दरिद्र शब्दही अनर्थरहा अपनेपुत्रकी ऐसी उदारतादेखकर राजासागरवर्म्मा तथा अनंगप्रभा इनदोनों ने अपनेको कृतकृत्यमाना और कई दिनतक उत्सवकरके मंत्रियों के सन्मुख समुद्रवर्म्मा से कहा कि हे पुत्र मुझे इसजन्म में जो कुछ करनाथा सो सब मैं करचुका राज्यका सुखभोगा, शत्रुओं से तिरस्कार नहींपाया और तुमको चक्रवर्त्ती पदपर बैठे देखा इससे बढ़कर अबमुझे कौनसी बात प्राप्तहोनेको बाकी रही है इससे अब मैं तीर्थपर जाकर निवासकरूंगा देखो यहवृद्धावस्थाकानके पास आकर मुझसे, मानों कहरही है कि यहशरीर नश्वरहै तुमअब घरमेंबैठेहुए क्याकररहेहो यहकहकर राजासागरवर्म्मा अनंगप्रभा को साथलेकर प्रयागको गया तब समुद्रवर्म्मा अपने पिताको प्रयागतक पहुंचाकर लौटके धर्म के अनुसार राज्यका पालन करनेलगा और राजा सागरवर्माभी प्रयाग में अनंगप्रभा के साथ श्री शिवजी को प्रसन्न करनेके लिये तपकरनेलगा कुछदिन तपकरनेसे प्रसन्नहुए श्री शिवजीने सागरवर्मा को यह स्वप्न दिया कि हे पुत्र तुम्हारे ऊपर मैं प्रसन्न हूं इससे सुनो यह अनंगप्रभा और तुम दोनों विद्याधरहो कल प्रातःकाल शापसे मोक्ष पाके अपने लोकको जाओगे शिवजी के यह वचनसुनकर सागरवर्मा जग पड़ा और अनंगप्रभा भी इसीप्रकार स्वप्न देखकर जगपड़ी फिर इस स्वप्नको परस्पर कहने के उपरान्त अनंगप्रभा प्रसन्नहोकर बोली कि हे आर्यपुत्र आजमुझे अपने पूर्वजन्म का स्मरण आयाहै मैं वीरपुरके स्वामी समरनाम विद्याधरकी पुत्री हूं पिताके शापसे मृत्युलोक में आकर सम्पूर्ण विद्याओं को भूलके मुझे अपना विद्याधरत्वभी भूलगया था इससमय एकाएकी स्मरण आया है उसके इसप्रकार कहतेही कहते समरनाम विद्याधर आकाश से उतरकर वहां आया और नमस्कार करतीहुई अनंगप्रभासे बोला कि हे पुत्री आओ अपनी विद्याओं को लो क्योंकि तुम्हारा शाप अब शान्तहोगया है तुमने एकही जन्ममें आठजन्मके समान दुखभोगा यह कहकर उसने उसे गोदमें लेकर सब विद्या बता दीं और राजा सागरवर्मा से कहा कि आप विद्याधरों के स्वामी मदनप्रभहो मैं समरनाम विद्याधरहूं और यह मेरीकन्या अनंगप्रभाहै इसने रूपके अभिमानसे किसीवरका स्वीकार नहीं किया था और तुम ने भी इसकेलिये प्रार्थना की थी परन्तु भाग्यवशसे इसने तुम्हारा भी ग्रहण नहीं किया था इसीसे मैंने क्रोधितहोके इसको मृत्युलोकमें उत्पन्न होनेका शापदिया था तब तुमने अपने चित्तमें श्रीशिवजी का ध्यानकरके यह संकल्पकरके कि मृत्युलोक में भी यही मेरी स्त्री हो अपने शरीरका त्याग कियाथा इसी से तुम मनुष्यहुए और यह तुम्हारी स्त्रीहुई अब तुमदोनों अपने लोकको चलो समरके यह वचनसुनकर राजा सागरवर्मा अपने पूर्वजन्मका स्मरण करके त्रिवेणीजी में अपने मनुष्य शरीरको त्याग करके शीघ्रही मदनप्रभ नाम विद्याधर होगया और वह अनंगप्रभा भी विद्याओंको पाके अत्यन्त दी-

फलके सूचक पुष्पकेसमान कुछ सुवर्ण लेकर वेश्याकोदेदिया और सुवर्ण वेचकर उसदिन सुखसे भोजन किया और उस वेश्याने सभामें जाकर वह नींबूराजाकी भेटकिया राजा ने उसे पहचानकर उससे पूछा कि यहतुमने कहाँ से पाया उसने भी कहा कि मैंने कार्पटिकसे पाया यहसुनकर राजाने शोचा कि लक्ष्मीजीने अभी इसके ऊपर कृपादृष्टि नहींकी यह बड़ा मन्दभागी है जो कि मेरी प्रसन्नताको इसप्रकारसे निष्फल जानताहै देखो यह महारत्न वारंवार मेरेहीपास लौटरकर आरहे हैं इसप्रकार शोचकर राजाने उसनिंबूको रखवाकर सभा समाप्तकरके अपना नित्यका आह्निककिया चौथेदिन फिर राजाने सभाकी और संपूर्ण सभासदोंके आगे कार्पटिकको अपनेपास बुलाके वही आर्यापढ़वाके वही नींबू देदिया उसदिन राजाके हाथसे कार्पटिकके हाथमें न पहुंचके गिरकर वहनींबू फटगया और उसमें से दिव्य महारत्न निकले जिनकी ज्योतिसे सम्पूर्ण सभा जगमगाउठी उनरत्नोंको देखकर सम्पूर्ण सभासदोंने कहा कि तत्वको विनाजाने हमलोगों को तीन दिनतक व्यर्थही भ्रान्ति हुई हमारे स्वामीकी कृपा तो ऐसी है यहसुनकर राजाने कहा कि मैंने युक्तिपूर्व्वक यह परीक्षाकी थी कि लक्ष्मीजी इसको दर्शन देना चाहती हैं कि नहीं तीन दिनतक इसके पापका नाशनहीं हुआ था इसीसे इसको लक्ष्मीजीके दर्शन नहींहुए और आज इसके पापका क्षयहोगया था इसीसे इसे लक्ष्मीजीने दर्शनदिये यह कहकर राजाने वह सम्पूर्ण रत्न गांव हाथी घोड़े तथा वहुतसा सुवर्णदेकर उसे छोटासा राजा वना दिया फिर सम्पूर्ण सभासदों से प्रशंसा होनेपर सभासे उठकर नित्यकृत्य किया और कार्पटिक कृतकृत्य होकर वड़ा आनन्दितहोके अपने स्थानको गया इसप्रकारसे जवतक पापका अन्त नहीं होताहै तवतक करोड़ोंयत्न करनेपरभी सेवकोंपर स्वामीकी कृपानहींहोती है इसकथाकोकहके गोमुखने नरवाहनदत्तसे फिरकहा कि मैं जानताहूं कि अभी इसकार्पटिकके पापोंका क्षयनहींहुआहै इसीसे आप इसपर प्रसन्न नहीं होते हो गोमुखके यहवचनसुनकर नरवाहनदत्तने कार्पटिकको वुलाके वहुतसेगांव हाथी घोड़े रत्न तथा सुवर्णसमेत वस्त्रादिकदिये उस धनको पाकर वह कार्पटिक राजा के समानहोके कृतार्थहोगया ठीक है ( कृतज्ञे सत्परीवारे प्रभौसेवाफलाकुतः ) सज्जनपरिवारसे युक्त कृतज्ञराजाकी सेवाकभी व्यर्थनहींहोती है इसप्रकारसे अनेक उत्तमकार्य्य करतेहुए नरवाहनदत्तके निकट प्रलम्बवाहुनाम एक दाक्षिणात्यवीर युवाद्विजआया और वोलाकि हेस्वामी आपकी कीर्त्तिको सुनकर मैं आपके चरणोंकी सेवाको आया हूं हाथी घोड़े तथा रथआदिक वाहनोंपर पृथ्वीमें अथवा आकाश में चलतेहुए आपकेसाथमें पैदलही चलकर एक क्षणभरभी नहींछोड़ूंगा क्योंकि आपविद्याधरों के चक्रवर्त्तीहोनेवालेहो और सौ अमरफी रोज मेरावेतन होगा उसके यह वचन सुनकर नरवाहनदत्तने उसे वड़ातेजस्वी जानकर उसकावही वेतन नियतकरदिया ८४ इसीप्रसंगसे गोमुखने उससेकहाकि हे युवराज इसप्रकार के भी सेवक वहुधा होते हैं इसवातपर मैं आपको एक कथा सुनाताहूं विक्रमपुर नामनगर में विक्रमतुंगनाम एकराजाथा वह राजा वड़ा वीर न्यायी, विचारपूर्व्वक दंडदेनेवाला, धर्मात्मा,स्त्री तथा शिकारआदिकों में नहीं आसक्तहोनेवाला और महादानीथा उस राजाके निकट मालवदेशका निवासी वीरवरनाम एक शूरवीर

व किया परन्तु उस कार्पटिकके पराक्रमको भी देखकर उसे कुछ न दिया इसप्रकार केवल लाठीसेही बड़े २ कार्य्य करनेवाले उस कार्पटिकको राजद्वार पर रहते २ पांचवर्ष व्यतीतहोगये जब छठावर्षलगा तो राजाने उसे देखकर दयापूर्वक विचार किया कि इसको बहुत काल क्लेशभोगते होचुके हैं परन्तु मैंने इसे कुछ नहीं दिया है इससे युक्तिपूर्व्वक इसको कुछ देकर देखूं कि इसका पाप अभी क्षीण हुआ है या नहीं लक्ष्मीजी अभी इसको दर्शन देती हैं या नहीं यह शोचकर राजाने खजाने में जाकर एक बिजौरे नीबूमें बहुतसे रत्नभरलिये और उसको बन्दकरके बाहर सभामें आकर संपूर्णपुरवासी मन्त्री तथा छोटे २ राजाओंके सन्मुख उस कार्पटिकको अपने पास बुलवाकर बैठाया और वह कार्पटिक बहुत प्रसन्नहोके राजाके समीप बैठा तब राजाने उससे कहा कि कोई अच्छासा श्लोकपढ़ो राजाकी आज्ञापाके कार्पटिक ने यह आर्य्यापढ़ी कि ( पूरयतिपूर्णमेपांतरंगिणीसंहतिस्समुद्रमिवलक्ष्मीरधनस्य पुनर्लोचनमार्गेपिनायाति ) जैसे अगाध समुद्रमें सैकड़ों नदियां जाकरगिरती हैं उसीप्रकार लक्ष्मीभी धनवान् मनुष्यके पास जाती हैं और निर्धनको दर्शन भी नहीं देती इस आर्या को सुनकर और फिर पढ़वाकर राजाने प्रसन्नहोके उसे रत्नोंसेभराहुआ बिजौरा नीबूदेदिया यह देखकर सम्पूर्ण सभासदों ने परस्पर धीरे २ कहा कि जिसपर यह राजाप्रसन्नहोता है उसका दरिद्रदूर करदेताहै परन्तु यह कार्पटिक शोचकरनेके योग्यहै जिसे राजाने बुलाकर प्रसन्नहोकर भी एकनीबूदियाठीकहै (कल्पवृक्षोप्यभव्यानां प्रायोयातिपलाशताम् ) प्रायःअभागियोंकेलिये कल्पवृक्षभी ढाक होजाताहै २६ तब कार्पटिक उस बिजौरेको लेकर अत्यन्त दुखीहोके बाहरगया उससमय राजवन्दिनाम एकभिक्षुकने वहांआकर एकधोती देके वह नीबू उससे बदले में मोललेलिया और सभामें जाकर राजाकी भेटकरदिया राजाने उसे पहचानकर उस्से पूछा कि यहफल तुम कहाँसे लाये उसने कहा कि मैंने द्वारपर खड़ेहुए कार्पटिकसे यह फलपायाहै तब राजाने खेदसे अपने चित्तमें शोचा कि अभी उसका पाप क्षीणनहीं हुआहै इसप्रकार शोचकर सभाका विसर्जनकरके राजाने अपना नित्यनैमित्त कर्मकिया और उस कार्पटिकने भी धोती बेचकर भोजनादिका निर्वाहकरके अपने उसी स्थानपर निवासकिया दूसरेदिन राजाने फिर सम्पूर्ण सभा इकट्ठीकरके कार्पटिकको अपने पास बुलाके वही आर्या फिर पढ़वाके वही नीबू देदिया तब सब लोगों ने आश्चर्य्य पूर्व्वक कहा कि देखो आजभी राजाने वही नीबूइसको दिया और कार्पटिक उदासीनहोकर नीबूलेकर बाहर चलागया उससमय वहाँ आयेहुए किसी राज्याधिकारीने दो वस्त्रदेकर उससे वहनीबूले के सभा में जाकर राजाकी भेटकिया राजाने उसको पहचानकर उससे पूछा कि यहफल कहाँ से लायेहो उसनेकहा कि मैं कार्पटिकसे लायाहूं यहसुनकर खिन्नहोके उसको लक्ष्मी अबतक दर्शन नहींदेती हैं इस प्रकार शोचताहुआ राजा सभासे उठकर अपना नित्यकर्म करनेको चलागया और उसकार्पटिक ने उन दोनों वस्त्रोंमें से एकको बेचकर भोजनादिककी सामग्रीली और दूसरेको फाड़कर दो वस्त्र बनाये तीसरे दिन फिर राजाने सभाकरके कार्पटिकको अपने पास बुलाके और वही आर्यापढ़वा के वही नीबू फिर देदिया उसनीबूको देखकर सबसभासदोंके आश्चर्य्य युक्त होनेपर कार्पटिकने बाहरजाकर वह नीबूभार्या

कहा कि मैं तुमको एक उपायबताताहूं कि ॐ नमश्शिवाय इसमन्त्रका जपकरके श्री शिवजीकी श-रणमें प्राप्तहोजाओ इससे तुम्हारे सम्पूर्ण पापनष्ट होजायंगे और पुण्योंकी वृद्धिसे शूकरी के गर्भ में नहीं जाओगे और स्वर्गही में रहोगे इन्द्रके यह वचनसुनकर सुप्रभ, ॐ नमश्शिवाय इस मन्त्रका छः दिनतक दत्तचित्तहोकर जपकरता रहा और जपके प्रभावसे वह स्वर्ग के ऊपरवाले लोकमें चलागया सातवेंदिन इन्द्रने उसेस्वर्ग में न देखकर ध्यानधरके देखा कि वह स्वर्ग से भी ऊपरके लोक में है इस प्रकारसे जैसे सुप्रभनें अपने भावी दुःखका शोचकिया था उसीप्रकार में भी राजाकी मृत्युका शोचकर रही हूं पृथ्वीके यह वचनसुनकर वीरवरने कहा कि हे अम्ब जैसे इन्द्रके वाक्य से सुप्रभको उपाय मिला था उसीप्रकार राजा के लिये भी कोई उपायहै जो होय तो बताओ तब पृथ्वी बोली कि इसका एकही उपाय है और वह तुम्हारे आधीनहै यह सुनकर वीरवरने प्रसन्न होकर कहा कि हेमाता शीघ्रही बता-ओ जो मेरे प्राणोंसे स्त्री से अथवा पुत्रसे भी राजाको उपकार होयतो में धन्यहूं यह सुनकर पृथ्वी बोली कि राजमंदिरके पास जो चंडिका देवी हैं उनके आगे अपने सत्त्ववरनाम पुत्रको भेट चढ़ाओ इस उपायसे राजा जियेगा इसके सिवाय दूसरा उपाय नहीं है पृथ्वीके यह वचनसुनकर धीर वीरवरने कहा कि हे भगवती में अभीजाकर अपने पुत्रको भेटकरताहूं उसके यह वचनसुनकर पृथ्वी तुम्हारे स-मान स्वामीका हितकारी कौनहोगा यह कहकर अन्तर्द्धान होगई और वीरवर अपने घरकोचला तब राजा विक्रमतुंगभी इससम्पूर्ण वार्त्ताकोसुनकर उसके पीछे२चला वीरवरने अपने घरमें जाकर अपनी स्त्री से जगाकरकहा कि पृथ्वी के कहने से मुझे राजाकेनिमित्त अपनेपुत्रकी भेट भगवती को करनी है वीरवरके यहवचनसुनकर धर्मवती ने कहा कि स्वामीका हितकरना अवश्य उचितहै इससे तुम सत्त्व-वरको जगाकर उससे कहो तब वीरवर ने सत्त्ववरको जगाकर उससे पृथ्वी के कहेहुए सम्पूर्ण वचन कह-दिये पिताके यह वचन सुनकर उसबालकनेकहा कि हेतात में बड़ा पुण्यवान्हूं जिसके प्राण स्वामी के कार्य्य में आवेंगे मैंने उसका अन्नखायाहै इससे मुझको उसके ऋणसे अवश्य शुद्धहोना चाहिये अब आप मुझे शीघ्रही लेचलकर भगवती के आगे मेरा बलिदानकरो सत्त्ववरके यह वचन सुनकर वीरवरने कहा कि तुम निस्सन्देह हमारेही पुत्रहो उनसबों के इसप्रकारके वचनोंको सुनकर बाहरखड़ेहुए राजाने अपने मनमें कहा कि यहसब बड़े सत्त्ववान्हैं तब वीरवर सत्त्ववरको गोदीमेंलेकर और धर्मवती सत्त्ववती कन्याको गोदी में लेकर दोनों वहांसे भगवती के मंदिरको चले और राजाविक्रमतुंगभी छिपकर उनके पीछे२चला भगवती के मंदिरमें पहुंचकर वीरवरकी गोदी से उतरकर उस बालक सत्त्ववरने कहा कि हे भगवती मेरे मस्तकके बलिदानसे राजाविक्रमतुंग चिरंजीवीहोय और अकंटकराज्यका भोगकरे पुत्रके यह वचन सुनकर वीरवरने खड्गसे उसका शिर काटकर भगवती के अर्पणकरकेकहा कि इसबलिदानसे राजाकाकल्याणहोय (नास्त्यहोस्वामिभक्तानांपुत्रेवात्मनिवास्पृहा) स्वामिभक्तोंको पुत्रमें अथवा अपने शरीरमें स्पृहा नहीं होतीहै उससमय यह आकाशवाणी हुई कि हे वीरवर तू धन्यहै जिसने अपने पुत्र के प्राणों के व्ययसे अपने स्वामीकी रक्षाकी इसआकाशवाणीको सुनकर और वीरवरके सम्पूर्ण का-

ब्राह्मण सेवाकेनिमित्तआया उसकेसाथ में उसकी धर्मवतीनामस्त्री वीरवतीनामकन्या, और सत्त्ववर नामपुत्र यहतीनकुटुम्बीथे इतनेही कुटुम्बकेलिये उसने राजासेपांचसौ असर्फीरोजवेतनमांगी राजा ने उसके विशेषगुण देखनेकी इच्छासे उतना वेतनदेनां स्वीकारकरलिया और गुप्तदूतों को बुलाकर यह आज्ञादीकि देखोयह इतनेधनसे क्या काम करताहै वीरवरप्रतिदिन उनअसर्फियों में से सौअसर्फी तो अपनीस्त्रीको भोजनादिके निमित्त नित्यदेताथा, सौअसर्फियोंसे वस्त्रतथा आभूषणादिकलेताथा, सौ असर्फी विष्णुभगवान् तथा शिवजीके पूजनमें लगाताथा और दोसौ असर्फी ब्राह्मणों को तथा दीनों को बांटदेताथा इसप्रकारसे वह पांचसौ असर्फियोंका व्ययकिया करताथा और कमरमें खड्ग एकबगलमें ढालतथा एक दर्पण लेकर मध्याह्नतक राजद्वारपर रहताथा और फिर अपनेघरपर आकर आह्निकादिक करके रात्रिभरभी राजद्वारहीपर जाकर रहताथा उसकी यह दिनचर्या राजासें उन गुप्तदूतों ने आकर बतादी तब राजाने प्रसन्नहोकर दूतों को निवृत्तकरदिया और वह वीरवर शस्त्रको लेकर रात्रि दिन स्नानादिक समयको छोड़कर राजद्वारहीपर रहनेलगा, १०० इसबीचमें वीरवरको मानोंजीतने के लिये सूर्य्य के प्रतापको न सहनेवाली वर्षाऋतुआई, उनदिनों मेघोंके घोरधारारूप बाणोंकी वृष्टिकरनेपर भी वीरवर स्तंभके समान फाटकपरसे हटानहीं एकदिन राजा विक्रमतुंग उसकी परीक्षा करनेकेलिये रात्रिके समय महलपरसे बोला कि फाटकपरकौनहै यह सुनकर वीरवरने कहाकि मैं हूं वृष्टि के समय में भी फाटकपर खड़ेहुए वीरवर को जानकर राजाने शोचा कि यह बड़ासत्त्ववान्है इसको कोई बड़ा अधिकार मिलना चाहिये क्योंकि यहऐसीवृष्टिमें भी अपने स्थानपरसे नहींहटताहै राजाके इसप्रकार विचारकरतेही दूरसे किसी स्त्रीके रोनेकासा शब्दसुनाईदिया उसेसुनकर मेरेराज्यमें तो कोईदुखी नहीं है तो यहकौनरोरही है यहशोचकरराजाने वीरवरसेकहा कि कोई स्त्री दूरपररोरही है उसकेपासजाकरदेखोकि वहकौनहै औरक्यों रोरहीहै यह आज्ञापातेही वीरवर खड्ग लेकर वहांसेचला उसको पानीबरसते में जाते देखकर राजाभी खड्गलेके दयायुक्त होके उसीके पीछे २ चला वीरवर नगरके बाहरजाके कुछ दूरपर एकतालाबके पास पहुंचा वहां एक स्त्री हेनाथ हेकृपालो हेशूर तुम्हारे विना मैं कैसे रहूंगी यह कहकहकर रोरहीथी उससे जाके वीरवरने पूछा कि तू कौन है और कौनतेरानाथहै और क्यों रोरही है उसनेकहा कि हे वीरवर मैं पृथ्वीहूं और बड़ा धर्मात्मा राजा विक्रमतुंग मेरा स्वामी है उसकी आजसे तीसरेदिन मृत्युहोगी और ऐसा पतिमुझे मिलेगा नहीं इससे मैं उसका और अपना दोनोंका शोक करतीहूं मैं दिव्यदृष्टि से सम्पूर्ण होनेवाली शुभाशुभ बातोंको जानतीहूं जैसे स्वर्ग में स्थित सुप्रभनाम देवपुत्रने जानलिया था उसे यह मालूम होगयाथा कि पुण्यों के क्षीणहोने से सातही दिनमें मेरा स्वर्गसे पतनहोगा और शूकरीके गर्भमें जन्म होगा यह जानकर वह शूकरीके गर्भवासके दुःखको शोचकर स्वर्गके दिव्य भोगों का शोच करनेलगा कि हास्वर्ग हाअप्सरा हानन्दन वन हाय मैं कैसे शूकरीके गर्भमें रहूंगा और गर्भसे निकलकर कैसे कीचमें पड़ूंगा उसके इस विलापको सुनकर इन्द्रने उसके पास आकर कहा कि तुम क्यों रोतेहो इन्द्रके यह वचनसुनकर उसने अपने दुःखका सब कारण कहदिया तब इन्द्रने उससे

कहा कि मैं तुमको एक उपायबताताहूं कि ॐ नमश्शिवाय इसमन्त्रका जपकरके श्री शिवजीकी श-रणमें प्राप्तहोजाओ इससे तुम्हारे सम्पूर्ण पापनष्ट होजांयगे और पुण्योंकी वृद्धिसे शूकरी के गर्भ में नहीं जाओगे और स्वर्गही में रहोगे इन्द्रके यह वचनसुनकर सुप्रभ ॐ नमश्शिवाय इस मन्त्रको छः दिनतक दत्तचित्तहोकर जपकरता रहा और जपके प्रभावसे वह स्वर्ग के ऊपरवाले लोकमें चलागया सातवेंदिन इन्द्रने उसेस्वर्ग में न देखकर ध्यानधरके देखा कि वह स्वर्ग से भी ऊपरके लोक में है इस प्रकारसे जैसे सुप्रभनें अपने भावी दुःखका शोचकिया था उसीप्रकार में भी राजाकी मृत्युका शोचकर रही हूं पृथ्वीके यह वचनसुनकर वीरवरने कहा कि हे अम्ब जैसे इन्द्रके वाक्य से सुप्रभको उपाय मिला था उसीप्रकार राजा के लिये भी कोई उपायहै जो होय तो बताओ तब पृथ्वी बोली कि इसका एकही उपाय है और वह तुम्हारे आधीनहै यह सुनकर वीरवरने प्रसन्न होकर कहा कि हेमाता शीघ्रही बता-ओ जो मेरे प्राणोंसे स्त्री से अथवा पुत्रसे भी राजाको उपकार होयतो मैं धन्यहूं यह सुनकर पृथ्वी बोली कि राजमंदिरके पास जो चंदिका देवी हैं उनके आगे अपने सत्त्ववरनाम पुत्रको भेट चढ़ाओ इस उपायसे राजा जियेगा इसके सिवाय दूसरा उपाय नहीं है पृथ्वीके यह वचनसुनकर धीर वीरवरने कहा कि हे भगवती मैं अभीजाकर अपने पुत्रको भेटकरताहूं उसके यह वचनसुनकर पृथ्वी तुम्हारे स-मान स्वामीका हितकारी कौनहोगा यह कहकर अन्तर्द्धान होगई और वीरवर अपने घरकोचला तब राजा विक्रमतुंगभी इससम्पूर्ण वार्त्ताकोसुनकर उसके पीछेश्चला वीरवरने अपने घरमें जाकर अपनी स्त्री से जगाकरकहा कि पृथ्वी के कहने से मुझे राजाकेनिमित्त अपनेपुत्रकी भेट भगवती को करनी है वीरवरके यहवचनसुनकर धर्मवती ने कहा कि स्वामीका हितकरना अवश्य उचितहै इससे तुम सत्त्व-वरको जगाकर उससे कहो तब वीरवर ने सत्त्ववरको जगाकर उससे पृथ्वी के कहेहुए सम्पूर्ण वचन कह-दिये पिताके यह वचन सुनकर उसबालकनेकहा कि हेतात मैं बड़ा पुण्यवानहूं जिसके प्राण स्वामी के कार्य्य में आवेंगे मैंने उसका अन्नखायाहै इससे मुझको उसके ऋणसे अवश्य शुद्धहोना चाहिये अब आप मुझे शीघ्रही लेचलकर भगवती के आगे मेरा बलिदानकरो सत्त्ववरके यह वचन सुनकर वीरवरने कहा कि तुम निस्सन्देह हमारेही पुत्रहो उनसबों के इसप्रकारके वचनोंको सुनकर बाहरखड़ेहुए राजाने अपने मनमें कहा कि यहसब बड़े सत्त्ववान्हैं तब वीरवर सत्त्ववरको गोदीमेंलेकर और धर्मवती सत्त्ववती कन्याको गोदी में लेकर दोनों वहांसे भगवती के मंदिरको चले और राजाविक्रमतुंगभी छिपकर उनके पीछेश्चला भगवती के मंदिरमें पहुंचकर वीरवरकी गोदी से उतरकर उस बालक सत्त्ववरने कहा कि हे भगवती मेरे मस्तकके बलिदानसे राजाविक्रमतुंग चिरंजीवीहोय और अकंटकराज्यका भोगकरे पुत्रके यह वचन सुनकर वीरवरने खड्गसे उसका शिर काटकर भगवती के अर्पणकरकेकहा कि इसबलिदानसे राजाकाकल्याणहोय (नास्त्यहोस्वामिभक्तानांपुत्रेवात्मनिवास्पृहा) स्वामिभक्तोंको पुत्रमें अथवा अपने शरीरमें स्पृहा नहीं होतीहै उससमय यह आकाशवाणी हुई कि हे वीरवर तू धन्यहै जिसने अपने पुत्र के प्राणों के व्ययसे अपने स्वामीकी रक्षाकी इसआकाशवाणीको सुनकर और वीरवरके सम्पूर्ण का-

य्योंको देखकर राजाको बड़ा आश्चर्य्यहुआ तब वीरवरकी पुत्री वीरवती अपने भाई के शिरको आलिंगनकरके और चूमकर हा भाई यहशब्द कहके हृदयके फटनेसे मरगई कन्याको भी मरीहुई देखकर धर्मवतीने दीनहोके हाथ जोड़कर वीरवर से कहा कि राजाका कल्याण तो आपकरचुके अबमुझे यह आज्ञादीजिये कि मैं इनदोनों मरेहुए बालकोंको लेकर अग्निमें भस्महोजाऊं जहाँ यह अज्ञान बालिका भी अपने भाईके शोकसे मरगई वहाँ दो सन्तानोंके नष्टहोजानेपर मेरेजीनेकी क्याशोभाहै उसके यहवचन सुनकर वीरवरने कहा कि ऐसाहीकरो पुत्रके शोकसे इसइसमय संसारमें तुमको कोई सुखनहीं है मैं तुम्हारे लिये चिताबनाये देताहूं यहकहकर उसने वहीं पड़ेहुए कुछकाष्ठसे चिताबनाकर और उसपर दोनों बालकोंके शरीर रखकर अग्नि बालदी तब धर्मवतीने वीरवरके चरणों में प्रणामकरके हे आर्यपुत्र दूसरे जन्ममें भी आपही मेरेपति हूजिये यहकहकर और राजाका कल्याण होय यह भी कहकर अग्निसे धकधकाती हुई उस चितामें शीतल तड़ाग के समान प्रवेश किया इस कृत्यको देख के राजा विक्रमतुंग ने विचारा कि मैं अब इनसे कैसे अनृण होसक्ताहूं तब वीरवर ने शोचा कि स्वामी का कार्य्य तो सिद्ध होगया क्योंकि साक्षात् आकाशवाणीही इसको प्रकट करगई और स्वामी के अन्नसे मेरा उद्धार भी होगया इससें मैं भी अपने बलिदान से भगवतीका पूजन करूं क्योंकि कुटुम्बके पोषणकेलिये सब प्रकारका उद्योगकरना अच्छा मालूमहोता है और अपनेही उदरभरने के लिये अकेलेकाजीना अशोभित मालूमहोता है इसप्रकार शोचकर उसने भगवतीकी यह स्तुति की कि हे भक्तों के अभयदेनेवाली भगवती तुमको नमस्कारहै संसाररूपी कीचमें फँसेहुए मुझ शरणागत का उद्धारकरो तुम सम्पूर्ण जीवोंकी प्राणशक्तिहो तुम्हारेही द्वारा यह सब संसार चेष्टा करताहै सृष्टिके आदिमें आपही उत्पन्नहुईं आपको श्री शिवजीने इसस्वरूपमें देखाथाकि करोड़ों सूर्य्य के समान देदीप्यमान तुम्हारातेजथा और खड्ग खेटक दंड बाण तथा त्रिशूलादिक शस्त्रधारी तुम्हारी भुजाओंसे सम्पूर्ण संसार व्याप्तहोरहाथा इसप्रकारसे तुम्हारे स्वरूपको देखकर श्री शिवजीने तुम्हारी यह स्तुति की थी कि हे चंडि हे चामुंडे हे मंगले हे त्रिपुरे हे जये हे अनंशे हे शिवे हे दुर्गे हे नारायणि हे सरस्वति हे भद्रकालि हे महालक्ष्मि हे सिद्धे हे रुरुविदारिणि तुमको नमस्कारहै तुम्हींगायत्री महाराज्ञी रेवती, विन्ध्यवासिनी, उमाकात्यायनी तथा शैवपर्व्वतवासिनी हो इत्यादिकनामोंसे श्रीशिवजीको स्तुतिकरते देखकर स्कन्द वशिष्ठ तथा ब्रह्मादिकदेवताओंने भी तुम्हारीस्तुतिकी थी और देवता मनुष्य तथा ऋषियोंको तुम्हारी स्तुतिकरनेसे मनोरथसे अधिक फलप्राप्तहुएथे और प्राप्तहोतेहैं इससे हे भगवती मेरे ऊपर प्रसन्न होकर मेरेशरीर का बलिदानलेकर मेरेस्वामी राजा का कल्याणकरो यह कहकर जैसेही उसने अपना शिरकाटनाचाहा वैसेही यह आकाशवाणीहुई कि हे पुत्र साहस न करो मैं तुम्हारे सत्त्वसे प्रसन्नहूं जोचाहो सो वरमांगो यह सुनकर वीरवर बोला कि हेभगवती जो आपमेरे ऊपर प्रसन्नहो तो राजा विक्रम तुंग सौवर्ष अधिकजिये और मेरी स्त्री कन्या तथा पुत्रजी उठें उसके इसप्रकार कहनेपर एवमस्तु यह शब्द मन्दिरसे सुनाई दिया और धर्मवती वीरवती तथा सत्त्ववर यह तीनों जीउठे तबवीरवर अत्यन्त प्रसन्न

होके उनसबको भगवतीकी कृपा सुनाकर और उनसबकोघरपर पहुंचाकर राजद्वारपरगया और राजा विक्रमतुंग भी इस सम्पूर्ण वृत्तान्तको प्रत्यक्ष देखकर अत्यन्त आश्चर्ययुक्तहोके छिपकर महलपर चढ़ कर बोला कि फाटकपर कौनहै यह सुनकर वीरवरने कहा कि मैं हूं और आपकी आज्ञासे मैं उसस्त्रीके देखने को गयाथा परन्तु मुझे देखतेही वह किसी देवता के समान अन्तर्द्धानहोगयी उसके यहवचन सुनकर राजा विक्रमतुंगने अपने चित्तमें कहा कि यह कोई अपूर्व पुरुषहै जो ऐसे श्रेष्ठ अपूर्व कार्य्य को करके भी अपने मुखसे नहीं कहताहै इसने अपनी गंभीरतासे विशालतासे सत्त्वसे तथा स्थिरतासे समुद्रकोभी जीतलियाहै इसने परोक्षमें अपने पुत्रकेप्राणोंका व्ययकरके मेरे प्राणबचाये हैं अब मैं इस के साथ क्या प्रत्युपकारकरूं इसप्रकार से विचार करते २ राजाने वहरात्रि व्यतीतकी और प्रातःकाल सभामें सबके आगे वीरवरकासम्पूर्ण वृत्तान्तकहा और सम्पूर्ण सभासदों से प्रशंसाकियेगये वीरवरको बहुत से देश रत्न हाथी घोड़े तथा दशकरोड़ अशर्फीदेकर उसका रोजका वेतनदशगुणा करदिया और छत्र तथा चमर देकर उसे अपनेही समान राजा बनालिया तब वीरवर उस सम्पूर्ण ऐश्वर्य्यको पाकर और छत्र तथा चमरसेयुक्तहोके अपने कुटुम्बसमेत कृतकृत्यहोगया यह कथा कहकर गोमुखने नरवाहनदत्तसे फिर कहा कि हे स्वामी राजालोगोंको पुण्यके योगसे ऐसे कोई २ सेवक मिलते हैं जो स्वामी के निमित्त शरीरादिककी अपेक्षा न करके अपने सत्त्वसे दोनों लोकों को जीतते हैं यह प्रलंबबाहु ब्राह्मणभी उसी प्रकारका मालूमहोता है क्योंकि इसकी चेष्टाही से सत्त्व तथा गुण लक्षितहोते हैं बुद्धिमान् गोमुखके यह उदारवचन सुनकर नरवाहनदत्त अपने चित्तमें अत्यन्त प्रसन्नहुआ १६७॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांअलंकारवतीलम्बकेतृतीयस्तरंगः ३॥

इसप्रकारसे अपने पिताके यहां रहताहुआ गोमुखादिकप्रेमी अपने मन्त्रियों से सेवनकिया गया और मानरूपी विघ्नको न सहनेवाली अत्यन्तप्रेम से ईर्ष्यारहित अलंकारवतीके साथ विहारकरता हुआ नरवाहनदत्त एक समय रथपरचढ़के गोमुखादि मंत्रियोंसमेत शिकारखेलनेको गया और वेगसे दौड़तेहुए रथके आगेही आगे पैदल दौड़ताहुआ प्रलंबबाहु भी उसके साथगया वनमें नरवाहनदत्त ने तो रथपरसे बाणोंके द्वारा सिंह व्याघ्रादिकोंको मारा परन्तु प्रलंबबाहुने पैदलही केवल खड्गहीसे अनेक सिंह व्याघ्रादिकमारे प्रलंबबाहुके इस कृत्यको देखकर नरवाहनदत्त उसके पराक्रमकी और जंघाओंकेवेगकी अत्यन्त प्रशंसा करतारहा इसप्रकार शिकारखेलनेके उपरान्त नरवाहनदत्त शिकार के परिश्रमसे प्यासाहोके रथपरचढ़कर जलके निमित्त गोमुखको साथलेकर वहां से बहुतदूर एक दूसरे वनमें गया और प्रलंबबाहुभी उसके साथही साथ दौड़ताहुआ चलागया वहां प्रफुल्लितसुवर्णके कमलोंसे युक्त एकदिव्य तड़ागमिला वह तड़ागक्याथा मानो सूर्य्यके अनेक बिंबोंसे युक्त द्वितीय आकाशही था उस तड़ाग में स्नानकरके और जलपीके स्वस्थहुए नरवाहनदत्त को दिव्यवस्त्र तथा आभूषणपहरेहुए चारदिव्यपुरुष उसतड़ागमें कमलतोड़तेहुए दिखाईदिये और उनकेपास वहगया उन्होंने उसे देखकर प्रसन्नहोकर पूछा कि तुमकौनहो और क्या तुम्हारा नामहै उनके यह वचन सुनकर उसने

य्योंको देखकर राजाको बड़ा आश्चर्य्यहुआ तब वीरवरकी पुत्री वीरवती अपने भाई के शिरको आलिंगनकरके और चूमकर हा भाई यहशब्द कहके हृदयके फटनेसे मरगई कन्याकोभी मरीहुई देखकर धर्मवतीने दीनहोके हाथ जोड़कर वीरवर से कहा कि राजाका कल्याण तो आपकरचुके अबमुझे यह आज्ञादीजिये कि मैं इनदोनों मरेहुए बालकोंको लेकर अग्निमें भस्महोजाऊं जहाँ यह अज्ञान बालिका भी अपने भाईके शोकसे मरगई वहाँ दो सन्तानोंके नष्टहोजानेपर मेरेजीनेकी क्याशोभाहै उसके यहवचन सुनकर वीरवरने कहा कि ऐसाहीकरो पुत्रके शोकसे इसदुःखमय संसारमें तुमको कोई सुखनहीं है मैं तुम्हारे लिये चिताबनाये देताहूं यहकहकर उसने वहीं पड़ेहुए कुछकाष्ठसे चिताबनाकर और उसपर दोनों बालकोंके शरीर रखकर अग्नि बालदी तब धर्मवतीने वीरवरके चरणों में प्रणामकरके हे आर्यपुत्र दूसरे जन्ममें भी आपही मेरेपति हूजिये यहकहकर और राजाका कल्याण होय यह भी कहकर अग्निसे धकधकाती हुई उस चितामें शीतल तड़ाग के समान प्रवेश किया इस कृत्यको देख के राजा विक्रमतुंग ने विचारा कि मैं अब इनसे कैसे अनृण होसक्ताहूं तब वीरवर ने शोचा कि स्वामी का कार्य्य तो सिद्ध होगया क्योंकि साक्षात् आकाशवाणीही इसको प्रकट करगई और स्वामी के अन्नसे मेरा उद्धार भी होगया इससे मैं भी अपने बलिदान से भगवतीका पूजन करूं क्योंकि कुटुम्बके पोषणकेलिये सब प्रकारका उद्योगकरना अच्छा मालूमहोता है और अपनेही उदरभरने के लिये अकेलेकाजीना अशोभित मालूमहोता है इसप्रकार शोचकर उसने भगवतीकी यह स्तुति की कि हे भक्तों के अभयदेनेवाली भगवती तुमको नमस्कारहै संसाररूपी कीचमें फँसेहुए मुझ शरणागत का उद्धारकरो तुम सम्पूर्ण जीवोंकी प्राणशक्तिहो तुम्हारेही द्वारा यह सब संसार चेष्टा करताहै सृष्टिके आदिमें आपही उत्पन्नहुई आपको श्री शिवजीने इसस्वरूपमें देखाथाकि करोड़ों सूर्य्य के समान देदीप्यमान तुम्हारातेजथा और खड्ग खेटक दंड बाण तथा त्रिशूलादिक शस्त्रधारी तुम्हारी भुजाओंसे सम्पूर्ण संसार व्याप्तहोरहाथा इसप्रकारसे तुम्हारे स्वरूपको देखकर श्री शिवजीने तुम्हारी यह स्तुति की थी कि हे चंडि हे चामुंडे हे मंगले हे त्रिपुरे हे जये हे अनंशे हे शिवे हे दुर्गे हे नारायणि हे सरस्वति हे भद्रकालि हे महालक्ष्मि हे सिद्धे हे रुरुविदारिणि तुमको नमस्कारहै तुम्हींगायत्री महाराज्ञी रेवती, विन्ध्यवासिनी, उमाकात्यायनी तथा शर्वपर्व्वतवासिनी हो इत्यादिकनामोंसे श्रीशिवजीको स्तुतिकरते देखकर स्कन्द वशिष्ठ तथा ब्रह्मादिकदेवताओंने भी तुम्हारीस्तुतिकी थी और देवता मनुष्य तथा ऋषियोंको तुम्हारी स्तुतिकरनेसे मनोरथसे अधिक फलप्राप्तहुएथे और प्राप्तहोतेहैं इससे हे भगवती मेरे ऊपर प्रसन्न होकर मेरेशरीर का बलिदानलेकर मेरेस्वामी राजा का कल्याणकरो यह कहकर जैसेही उसने अपना शिरकाटनाचाहा वैसेही यह आकाशवाणीहुई कि हे पुत्र साहस न करो मैं तुम्हारे सत्त्वसे प्रसन्नहूं जोचाहो सो वरमांगो यह सुनकर वीरवर बोला कि हेभगवती जो आपमेरे ऊपर प्रसन्नहो तो राजा विक्रम तुंग सौवर्ष अधिकजिये और मेरी स्त्री कन्या तथा पुत्रजी उठें उसके इसप्रकार कहनेपर एवमस्तु यह शब्द मन्दिरसे सुनाई दिया और धर्मवती वीरवती तथा सत्त्ववर यह तीनों जीउठे तबवीरवर अत्यन्त प्रसन्न

हेकि उनसबको भगवतीकी कृपा सुनाकर और उनसबकोघरपर पहुंचाकर राजद्वारपरगया और राजा विक्रमतुंग भी इस सम्पूर्ण वृत्तान्तको प्रत्यक्ष देखकर अत्यन्त आश्चर्ययुक्तहोके छिपकर महलपर चढ़ कर बोला कि फाटकपर कौनहै यह सुनकर वीरवरने कहा कि मैं हूं और आपकी आज्ञासे मैं उसस्त्रीके देखने को गयाथा परन्तु मुझे देखतेही वह किसी देवता के समान अन्तर्द्धानहोगयी उसके यहवचन सुनकर राजा विक्रमतुंगने अपने चित्तमें कहा कि यह कोई अपूर्व पुरुषहै जो ऐसे श्रेष्ठ अपूर्व्व कार्य्य को करके भी अपने मुखसे नहीं कहताहै इसने अपनी गंभीरतासे विशालतासे सत्त्वसे तथा स्थिरतासे समुद्रकोभी जीतलियाहै इसने परोक्षमें अपने पुत्रकेप्राणोंका व्ययकरके मेरे प्राणवचाये हैं अब मैं इस के साथ क्या प्रत्युपकारकरूं इसप्रकार से विचार करते २ राजाने वहरात्रि व्यतीतकी और प्रातःकाल सभामें सबके आगे वीरवरकासम्पूर्ण वृत्तान्तकहा और सम्पूर्ण सभासदों से प्रशंसाकियेगये वीरवरको बहुत से देश रत्न हाथी घोड़े तथा दशकरोड़ अशर्फीदेकर उसका रोजका वेतनछःगुणा करदिया और छत्र तथा चमर देकर उसे अपनेही समान राजा बनालिया तब वीरवर उस सम्पूर्ण ऐश्वर्य्यको पाकर और छत्र तथा चमरसेयुक्तहोके अपने कुटुम्बसमेत कृतकृत्यहोगया यह कथा कहकर गोमुखने नरवा-हनदत्तसे फिर कहा कि हे स्वामी राजालोगोंको पुण्यके योगसे ऐसे कोई २ सेवक मिलते हैं जो स्वामी के निमित्त शरीरादिककी अपेक्षा न करके अपने सत्त्वसे दोनों लोकों को जीतते हैं यह प्रलंबबाहु ब्राह्मणभी उसी प्रकारका मालूमहोता है क्योंकि इसकी चेष्टाही से सत्त्व तथा गुण लक्षितहोते हैं बुद्धि-मान् गोमुखके यह उदारवचन सुनकर नरवाहनदत्त अपने चित्तमें अत्यन्त प्रसन्नहुआ १६७॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांअलंकारवतीलम्बकेतृतीयस्तरंगः ३॥

इसप्रकारसे अपने पिताके यहां रहताहुआ गोमुखादिकप्रेमी अपने मन्त्रियों से सेवनकिया गया और मानरूपी विघ्नको न सहनेवाली अत्यन्तप्रेम से ईर्ष्यारहित अलंकारवतीके साथ विहारकरता हुआ नरवाहनदत्त एक समय रथपरचढ़के गोमुखादि मंत्रियोंसमेत शिकारखेलनेको गया और वेगसे दौड़तेहुए रथके आगेही आगे पैदल दौड़ताहुआ प्रलंबबाहु भी उसके साथगया वनमें नरवाहनदत्त ने तो रथपरसे बाणोंके द्वारा सिंह व्याघ्रादिकोंको मारा परन्तु प्रलंबबाहुने पैदलही केवल खड्गहीसे अनेक सिंह व्याघ्रादिकमारे प्रलंबबाहुके इस कृत्यको देखकर नरवाहनदत्त उसके पराक्रमकी और जंघाओंकेवेगकी अत्यन्त प्रशंसा करतारहा इसप्रकार शिकारखेलनेके उपरान्त नरवाहनदत्त शिकार के परिश्रमसे प्यासाहोके रथपरचढ़कर जलके निमित्त गोमुखको साथलेकर वहां से बहुतदूर एक दूसरे वनमें गया और प्रलंबबाहुभी उसके साथही साथ दौड़ताहुआ चलागया वहां प्रफुल्लितसुवर्णके कम-लोंसे युक्त एकदिव्य तड़ागमिला वह तड़ागक्याथा मानो सूर्य्यके अनेक बिंबोंसे युक्त द्वितीय आका-शही था उस तड़ाग में स्नानकरके और जलपीके स्वस्थहुए नरवाहनदत्त को दिव्यवस्त्र तथा आभू-षणपहरेहुए चारदिव्यपुरुष उसतड़ागमें कमलतोड़तेहुए दिखाईदिये और उनकेपास वहगया उन्होंने उसे देखकर प्रसन्नहोकर पूछा कि तुमकौनहो और क्या तुम्हारा नामहै उनके यह वचन सुनकर उसने

सब अपना वृत्तान्त कहदिया और उनके भी नाम तथा उनका सब वृत्तान्त पूछा तब वह बोले कि समुद्रके बीचमें नारिकेलिनाम एक महासुन्दरद्वीपहै उसमें मैनाक वृषभ बलाहक तथा चक्रनाम दिव्यपर्व्वत हैं उन्हींचारोंपर हमचारोंरहतेहैं हममें से एकका नाम रूपसिद्धि है जो अनेकप्रकारके रूपधारण करसक्ताहै एकका नाम प्रमाण सिद्धिहै जो बड़े तथा सूक्ष्मप्रमाणोंको देखसक्ताहै एकका नाम ज्ञानसिद्धि है जो भूत भविष्य वर्त्तमान तीनों कालोंकी बात जानसक्ताहै और एकका नाम देवसिद्धि है जिसे सम्पूर्ण देवता सिद्धहैं इससमय हमचारों सुवर्ण के कमलोंको लेकर श्वेतद्वीपमें श्रीविष्णुभगवान्का पूजन करनेको जातेहैं हम उन्हीं के भक्तहैं उन्हींकी कृपासे अपने २ पर्व्वतोंपर हमारा राज्यहै और सम्पूर्ण सिद्धि तथा सम्पत्ति हमें प्राप्तहुईहैं हे मित्र तुम्हारी इच्छाहोय तो तुमभी चलकर श्वेतद्वीपमें विष्णुभगवान् के दर्शन करो हम तुमको आकाशमार्ग से वहां लेचलेंगे उनके यहवचन सुनकर नरवाहनदत्त उसीक्षण में गोमुखादिकोंको छोड़कर देवसिद्धिकी गोदीमें चढ़कर श्वेतद्वीपकोगया वहां आकाशसे उतरकर दूरहीसे नरवाहनदत्तने विष्णुभगवान्के दर्शन किये उनके निकट वामभागमें लक्ष्मीजी बैठीथीं चरणों के निकट मूर्त्तिमती पृथ्वी विराजमानथी मूर्त्तिधारी शंख चक्र गदा तथा पद्म यहचारों उनका सेवन करर्हे थे नारदादिक महर्षि तथा गन्धर्व भक्ति पूर्व्वक उनकी स्तुति गारहेथे देवता सिद्ध तथा विद्याधर लोग उन्हें प्रणाम कररहेथे और गरुड़ उनके आगे बैठे थे इसप्रकारसे शेष शय्यापर विराजमान विष्णुभगवान्के निकट नरवाहनदत्त उनचारों के साथगया ठीक है (कस्यनाभ्युदयेहेतुर्भवेत्साधुसमागमः) साधुओंके समागमसे किसका कल्याण नहींहोताहै २७ तब देवपुत्रों के पूजनकरनेके उपरान्त नरवाहनदत्त ने विष्णुभगवान्की यहस्तुतिकी कि हे भगवन् लक्ष्मीरूपी कल्पलतासे आलिंगन कियेगये भक्तोंके कल्पवृक्ष अभीष्ट वरदायी आपको नमस्कारहै सज्जनों के मनरूपी मानसमें निवासकरनेवाले पराकाशमें विहार करनेवाले आपको नमस्कारहै सबसे अलग और सबके अभ्यन्तरमें रहनेवाले सर्व गुणातीत और सर्वगुणाधार आपको नमस्कारहै आपके नाभिकमलमें मृदुध्वनि से स्वाध्याय करतेहुए ब्रह्माजी भ्रमरके समान शोभितहोते हैं विद्वान् लोग पृथ्वीको आपके चरण आकाशको शिर दिशाओं को कर्ण सूर्य्य चन्द्रमाको नेत्र और ब्रह्माण्डको उदर वर्णनकरते हैं तेजोमय आपहीं से जाज्वल्यमान अग्निसे पतंगोंके समान सम्पूर्ण भूत उत्पन्नहोते हैं और प्रलयके समय सायंकालमें जैसे सम्पूर्ण पक्षी बसेरेके वृक्षमें जातेहैं उसीप्रकार सम्पूर्ण भूत आपहीमें प्रवेश करते हैं जैसे समुद्रसे लहरें उठती हैं उसी प्रकार आपहीके अंशोंसे सम्पूर्ण भुवनों के स्वामी उत्पन्नहोते हैं आप विश्वरूपहोकरभी रूपसे रहितहो आप सम्पूर्ण संसारको उत्पन्नभी करतेहो परन्तु क्रियासे रहितहो आप सम्पूर्ण संसारके आधारहो परंतु आपका कोई आधार नहींहै आपके तत्त्वको कोई नहीं जानसक्ताहै आपहीकी कृपासे सम्पूर्ण देवताओंको अनेकप्रकारके ऐश्वर्य्य प्राप्तहोते हैं इससे प्रसन्नहोकर मुझ शरणागतको भी कृपादृष्टिसे देखिये इसप्रकार उसकी स्तुतिको सुनकर विष्णुभगवान् ने उसे कृपादृष्टिसे देखकर नारद से कहा कि जाओ जो क्षीरसमुद्रसे उत्पन्नहुई श्रेष्ठ अप्सरायें मैंने इन्द्रको सौंपीथीं उनसबको मेरे कहने से उसीके रथपर च-

ढ़ाकर मेरे पास लेआओ भगवान्‌की यहआज्ञा पाके नारदजी इन्द्रके पास जाकर सम्पूर्ण अप्सराओंको रथपर चढ़ाकर मातली समेत आये रथसे उतरकर प्रणाम करती हुई उनअप्सराओं को देखकर विष्णु भगवान्‌ने नरवाहनदत्तसे कहा कि हे पुत्र इनअप्सराओंको तुमलो विद्याधरों के भावी चक्रवर्ती तुमको मैंने यहदीहैं तुम इनके योग्य पतिहो और यहतुम्हारे योग्य स्त्री हैं क्योंकि श्री शिवजीकी कृपा से उत्पन्न हुए तुम कामदेवके अवतारहो यहसुनकर प्रसन्नहो कर नरवाहनदत्तके प्रणामकरनेपर विष्णुभगवान् ने मातलिसे कहा कि तुम नरवाहनदत्तको इनसब अप्सराओं समेत जिसमार्गसे यहकहे उसी मार्गहोकर इसके स्थानपर भेजआओ भगवान्‌के इसप्रकार आज्ञा देनेपर नरवाहनदत्त उनको नमस्कारकरके और अप्सराओंको लेकर देवपुत्रोंके साथ इन्द्र के रथपरचढ़ा और उसकी आज्ञासे मातलि नारिकेलि द्वीपमें रथको लाया वहाँ रूप सिद्धादिक चारों देवपुत्रोंने नरवाहनदत्तका तथा मातलिका बड़ा सत्कार किया तदनन्तर मैनाक वृषभादि चारों पर्व्वतोंपर नरवाहनदत्तने उनअप्सराओं के साथ रमण किया और वसन्तके आगमनसे प्रफुल्लित पुष्पोंके उद्यानोंमें विहारकिया उनसम्पूर्ण देवपुत्रोंने उसे अपने २ उपवन दिखाकर कहा कि देखिये यहवृक्षोंकी मंजरी प्रफुल्लित पुष्परूपी नेत्रोंसे मानो आतेहुए अपने कान्त वसन्तको देखरही हैं देखिये हमारे जन्म क्षेत्रमें सूर्य्यकी किरणोंका सन्ताप न पहुंचे इसीलिये मानो प्रफुल्लित कमलों ने तड़ागको आच्छादित किया है देखो जैसे नीचधनवान्‌को साधूलोग त्यागकर देतेहैं उसीप्रकार सुगन्ध रहित कनेरके पास जाकरभी भ्रमर लौट आतेहैं देखिये किन्नरियोंके गीतों से कोकिलाओंके कूजनेसे और भ्रमरोंके गुंजार शब्दोंसे ऋतुराज वसन्तका संगीतिगान होरहाहै इत्यादि वचन कहकर देवपुत्रों ने नरवाहनदत्तको अपने २ उपवन दिखाके पुरों में लेजाके वसन्तका उत्सव दिखाया और पुरस्त्रियों के चरचरी गीत सुनाये इसप्रकारसे नरवाहनदत्त ने अप्सराओं समेत वहां के दिव्य ऐश्वर्य्यों का भोगकिया ठीक है ( सुकृतोयत्रगच्छन्तितत्रैपामृद्धयोगतः ) पुण्यात्मा लोग जहां२ जाते हैं वहां २ उनके आगे २ समृद्धियांभी जाती हैं इसप्रकार वहाँ तीन चार दिन रहकर नरवाहनदत्त ने अपने मित्र उनचारों देवपुत्रों से कहा कि अब में अपनी पुरीको जाऊंगा क्योंकि मुझे अपने पिता के देखनेकी बड़ी उत्कण्ठाहै आप लोगभी चलकर उसपुरी को कृतार्थ कीजिये यहसुन कर उन्होंने कहा कि उसपुरी के सारांशरूप आपकोही जब हमने देखलिया तब और वहाँ देखने को क्यारहा जब आपको विद्या प्राप्तहोय तब हमारा स्मरण कीजियेगा इसप्रकार उनके वचन सुनकर और आज्ञालेकर नरवाहनदत्तने मातलिसे कहा कि जिस दिव्यतड़ाग के निकट गोमुखादिकहैं उसी मार्ग से मुझेलेचलो उसकी यह आज्ञापाकर मातलि अप्सराओं समेत नरवाहनदत्त को रथपरचढ़ाकर उसी दिव्यतड़ागके निकट ले आया वहां नरवाहनदत्त ने गोमुख से कहा कि शीघ्रही रथपरचढ़के कौशाम्बी को आओ वहीं में तुम से सब वृत्तान्त कहूंगा उनसे यह कहकर नरवाहनदत्त वहां से शीघ्रही इन्द्रके रथके द्वारा कौशाम्बी में आया और वहां आकाश से उतरकर मातलिको बिदाकरके अप्सराओं को साथलेकर अपने मंदिर में गया और अप्सराओं को वहीं बैठालकर उसने राजमंदिर में जाके अपने

सब अपना वृत्तान्त कहदिया और उनके भी नाम तथा उनकासब वृत्तान्त पूछा तब वह बोले कि समुद्रके बीचमें नारिकेलिनाम एक महासुन्दरद्वीपहै उसमें मैनाक वृषभ बलाहक तथा चक्रनाम दिव्यपर्व्वत हैं उन्हींचारोंपर हमचारोंरहतेहैं हममें से एकका नाम रूपसिद्धि है जो अनेकप्रकारके रूपधारण करसक्ताहै एकका नाम प्रमाण सिद्धिहै जो बड़े तथा सूक्ष्मप्रमाणोंको देखसक्ताहै एकका नाम ज्ञानसिद्धि है जो भूत भविष्य वर्त्तमान तीनों कालोंकी बात जानसक्ताहै और एकका नाम देवसिद्धि है जिसे सम्पूर्ण देवता सिद्धहैं इससमय हमचारों सुवर्ण के कमलोंको लेकर श्वेतद्वीपमें श्रीविष्णुभगवान्का पूजन करनेको जातेहैं हम उन्हीं के भक्तहैं उन्हींकी कृपासे अपने २ पर्व्वतोंपर हमारा राज्यहै और सम्पूर्ण सिद्धि तथा सम्पत्ति हमे प्राप्तहुईहैं हे मित्र तुम्हारी इच्छाहोय तो तुमभी चलकर श्वेतद्वीपमें विष्णुभगवान् के दर्शन करो हम तुमको आकाशमार्ग से वहां लेचलेंगे उनके यहवचन सुनकर नरवाहनदत्त उसीक्षण में गोमुखादिकोंको छोड़कर देवसिद्धिकी गोदीमें चढ़कर श्वेतद्वीपकोगया वहां आकाशसे उतरकर दूरहीसे नरवाहनदत्तने विष्णुभगवान्के दर्शन किये उनके निकट वामभागमें लक्ष्मीजी बैठीथीं चरणों के निकट मूर्त्तिमती पृथ्वी विराजमानथी मूर्त्तिधारी शंख चक्र गदा तथा पद्म यहचारों उनका सेवन कररहे थे नारदादिक महर्षि तथा गन्धर्व भक्ति पूर्व्वक उनकी स्तुति गारहेथे देवता सिद्ध तथा विद्याधर लोग उन्हें प्रणाम कररहेथे और गरुड़ उनके आगे बैठे थे इसप्रकारसे शेष शय्यापर विराजमान विष्णुभगवान्के निकट नरवाहनदत्त उनचारों के साथगया ठीक है ( कस्यनाभ्युदयेहेतुर्भवेत्साधुसमागमः ) साधुओंके समागमसे किसका कल्याण नहींहोताहै २७ तब देवपुत्रों के पूजनकरनेके उपरान्त नरवाहनदत्त ने विष्णुभगवान्की यहस्तुतिकी कि हे भगवन् लक्ष्मीरूपी कल्पलतासे आलिंगन कियेगये भक्तोंके कल्पवृक्ष अभीष्ट वरदायी आपको नमस्कारहै सज्जनों के मनरूपी मानसमें निवासकरनेवाले पराकाशमें विहार करनेवाले आपको नमस्कारहै सबसे अलग और सबके अभ्यन्तरमें रहनेवाले सर्वगुणातीत और सर्वगुणाधार आपको नमस्कारहै आपके नाभिकमलमें मृदुध्वनि से स्वाध्याय करतेहुए ब्रह्माजी भ्रमरके समान शोभितहोते हैं विद्वान् लोग पृथ्वीको आपके चरण आकाशको शिर दिशाओं को कर्ण सूर्य चन्द्रमाको नेत्र और ब्रह्माण्डको उदर वर्णनकरते हैं तेजोमय आपहीं से जाज्वल्यमान अग्निसे पतंगोंके समान सम्पूर्ण भूत उत्पन्नहोते हैं और प्रलयके समय सायंकालमें जैसे सम्पूर्ण पक्षी बसेरेके वृक्षमें जातेहैं उसीप्रकार सम्पूर्ण भूत आपहीमें प्रवेश करते हैं जैसे समुद्रसे लहरें उठती हैं उसी प्रकार आपहीके अंशोंसे सम्पूर्ण भुवनों के स्वामी उत्पन्नहोते हैं आप विश्वरूपहोकरभी रूपसे रहितहो आप सम्पूर्ण संसारको उत्पन्नभी करतेहो परन्तु क्रियासे रहितहो आप सम्पूर्ण संसारके आधारहो परंतु आपका कोई आधार नहींहै आपके तत्त्वको कोई नहीं जानसक्ताहै आपहीकी कृपासे सम्पूर्ण देवताओंको अनेकप्रकारके ऐश्वर्य्य प्राप्तहोते हैं इससे प्रसन्नहोकर मुझ शरणागतको भी कृपादृष्टिसे देखिये इसप्रकार उसकी स्तुतिको सुनकर विष्णुभगवान् ने उसे कृपादृष्टिसे देखकर नारद से कहा कि जाओ जो क्षीरसमुद्रसे उत्पन्नहुई श्रेष्ठ अप्सरायें मैंने इन्द्रको सौंपीथीं उनसबको मेरे कहने से इसीके रथपर च-

धीर तथा सत्त्ववान् एक वैश्य रहताथा वह रोज़गार के लिये एकसमय जहाजपर चढ़कर सुवर्णद्वीप को चला समुद्र में चलते २ जब सुवर्णद्वीप कुछ दूर बाक़ीरहा तब घोर मेघों से सम्पूर्ण आकाश आच्छादित होगया और प्रचण्डवायु चलनेलगी इससे समुद्रकी लहरों के द्वारा जहाज उछलनेलगा और समुद्रकी मछलियों की टक्करों से टूटगया जहाज के टूटजानेपर समुद्रशूर कमरबांध के समुद्र में कूदा और जैसेही भुजाओं के बलसे कुछ दूरतक पैरा वैसेही एक मृतक समुद्र में बहताहुआ उसे मिलगया उसपर चढ़कर वह अनुकूल वायु के द्वारा सुवर्णद्वीप में पहुँचगया वहां उतरकर उसने उस मरेहुए मनुष्य की कमर में बँधीहुई साड़ी में एक गांठ देखी उस गांठ के खोलने से उसे एक रत्नजटित कण्ठा मिला उसे देखकर उसने अपने खोयेहुए धनको तुच्छ जाना और प्रसन्नतापूर्वक स्नान करके कलशपुर नाम नगर में पहुँचकर हाथ में उस कण्ठेको लियेहुए वह एक देवमन्दिर में गया वहां छाया में बैठने से थकेहुए उसको भाग्यवश से निद्रा आगई उस समय अकस्मात् पुर रक्षकों ने वहां आकर उसके हाथमें कण्ठा देखकरकहा कि राजपुत्रीका जो कण्ठाखोगयाथा वह यही है और इस का चुरानेवाला भी यही है बहुत दिनमें ढूंढ़नेपर मिलाहै यहकहकर वहलोग उसे जगाके राजाकेपास लेगये वहां राजाके पूछनेपर उस समुद्रशूर वैश्यने सम्पूर्ण सत्य २ वृत्तान्त कहदिया उस वृत्तान्त को सुनकर राजानेकहा कि यह मिथ्याबोलताहै निस्सन्देह यहचोरहै देखो यह वही कण्ठाहै यहकहकर जैसेही राजा सभासदोंको वह कण्ठा दिखानेलगा वैसेही उसको चमकताहुआ देखकर एकगिद्ध आकाश से उतरकर उसे लेगया तब अत्यन्त दुखीहोके शिवजीको शरणके लिये पुकारतेहुए उस वैश्यको मारने के लिये क्रोधकरके राजाने आज्ञादेदी उससमय यह आकाशवाणीहुई कि हे राजा इसेमतमारो यह हर्षपुरसे साधु समुद्रशूर नाम वैश्य तुम्हारे देशमें आयाहै जिसचोरने कण्ठा चुरायाथा वह पुररक्षकों के भयसे समुद्रमें गिरकर रात्रिके समय मरगया जहाज़के टूटजाने से यह वैश्य उसीपर चढ़कर यहांआया और उसीकी कमरमें बँधीहुई साड़ी में से यहकण्ठा इसको मिलाथा इससे आप इस धर्मात्मा वैश्य को कुछ धनदेकर छोड़दीजिये इस आकाशवाणीको सुनकर राजाने उसे धनदेकर छोड़दिया उसधनको पाकर समुद्रशूर कुछ अन्य वैश्यों के साथ जहाजमें चढ़के समुद्रके पारआया वहांसे कई दिन चलकर एक दिन सायंकालके समय वह सम्पूर्ण वणियों के साथ किसी वनमें टिका वहां रात्रिके समय सब के सोजानेपर केवल समुद्रशूरही जागतारहा उससमय बहुतसे डांकूचोर वहांआकर सबको लूटनेलगे तब समुद्रशूर भागकर छिपकर एक बरगदके वृक्षपर चढ़गया और सब धन लेकर चोरों के चलेजानेपर वह भयसे रात्रिभर उसी वृक्षपर बैठारहा प्रातःकाल उसवृक्षके ऊपर उसे पत्तों के बीचमें दीपककीसी ज्योति दिखाईदी तब आश्चर्य से वहां चढ़कर एकगिद्धके घोंसले में बहुतसे रत्नजटित आभूषण उसको मिले उसमें वह कण्ठाभी था जो उसने सुवर्णद्वीपमें पायाथा और जिसे एक गिद्ध हरलेगयाथा उन सम्पूर्ण आभूषणोंको लेकर समुद्रशूर वृक्षसे उतरकर क्रमसे आनन्दपूर्वक अपने हर्षपुरमें पहुंचा और वहां उन आभूषणों के अमितधनसे अन्य धनकी अभिलाषा छोड़कर अपने मित्रों के साथ सुखपूर्वकरहा

पिता राजा उदयन् तथा अपनी माता वासवदत्ता और पद्मावती के चरणों में प्रणामकिया इतनेही में रथपरचढ़ाहुआ गोमुख भी प्रलंबबाहु समेत वहां आगया तब नरवाहनदत्त ने अपने पिताकी आज्ञा से सब मन्त्रियों के आगे श्वेतद्वीपका सब वृत्तान्त कहा उस वृत्तान्तको सुनकर सब ने कहा (ददातितस्य कल्याण मित्रसंयोगमीश्वरः इच्छत्यनुग्रहंयस्य कर्त्तुसुकृतकर्मणः) परमेश्वर जिस पुण्यात्मापर अनुग्रह कियाचाहताहै उसका सन्मित्रों से संयोगकरादेताहै इतने में गोमुख उन अप्सराओं को वत्सराजके आगे प्रणामकराने को लाया देवरूपा, देवरति, देवमाला तथा देवप्रियानाम उन चारों अप्सराओं को देख कर उदयन् ने बहुतप्रसन्नहोके नरवाहनदत्तपर विष्णुभगवान् की कृपाजानकर बड़ा उत्सवकिया उस समय कहाँ अप्सरा और कहाँ मैं नरवाहनदत्त ने मुझे पृथ्वी में ही स्वर्गवनादिया यह विचारकर मानो आनन्द से कौशाम्बीपुरी चंचल पताकारूपी अपने हाथों को फैला २ कर नाचनेलगी इसके उपरान्त नरवाहनदत्त अपने पिता के यहां से अपनी सम्पूर्ण रानियों के पास गया वह चारही दिन में अत्यन्त दुर्बलहोगई थीं उनकी विरहवेदना को सुनकर नरवाहनदत्त उनके प्रेमपर अत्यन्त प्रसन्नहुआ उससमय गोमुख ने वनवास में घोड़े तथा रथकी रक्षाकरनेवाले प्रलंबबाहुकी सिंहादि जीवों के मारनेकी बड़ी प्रशंसाकी इत्यादि अन्य अनेक वार्ताओं को सुनताहुआ अपनी रानियों के मनोहररूप को देखता हुआ मधुर वचनों से हास्यकरताहुआ और मद्यपान करताहुआ नरवाहनदत्त कुछ दिन सुखपूर्वक वहींरहा ८२ एकसमय अलंकारवती के मन्दिर में बैठे हुए नरवाहनदत्त ने बाहर नगाड़ेका शब्दसुन कर अपने सेनापति हरिशिख से पूछा कि यह अकस्मात् नगाड़ोंका शब्द क्यों होरहाहै यह सुनकर उसने बाहरजाके सम्पूर्ण वृत्तान्त जानके भीतरआकर कहा कि रुद्रनाम एक वैश्य इस नगरी में रहताहै वह यहां से रोजगारकरने के लिये सुवर्णद्वीप में गयाथा लौटतेसमय जहाज के टूटने से उसका सम्पूर्ण धन नष्टहोगया केवल वही अकेला बचकर समुद्र के किनारे वहकर आगया आज उसे छः दिन इस नगरी में आयेहुए व्यतीतहुए इन दिनों में भाग्यवश से अत्यन्त दुःखी रुद्र को अपनेही बाग में बहुतसी निधि मिलगयी यह बात उसके गोत्री भाइयों ने वत्सराज उदयन् से कहदीनी और आज उसने आपही राजद्वार में आकर महाराज से कहा कि मुझे बहुत से रत्नोंसमेत चार करोड़ अशर्फियां अपने बाग में मिली हैं यदि आपकी आज्ञाहोय तो लाकर आप के अर्पणकरूं उसके यह वचन सुनकर वत्सराज ने कहा कि परमेश्वर ने तेरा समुद्र में सब धन नष्टहुआ देखके तुझे दीनजानकर यह धन दियाहै इसे कौन मूर्ख लेनाचाहैगा जाओ यथेच्छभोगकरो महाराजकी यह आज्ञापाकर वह वैश्य उनको प्रणामकरके हर्ष से नगाड़े वजवाताहुआ अपने घरको जा रहाहै हरिशिख के यह वचन सुनके नरवाहनदत्त ने अपने पिता के धर्मकी प्रशंसाकरके आश्चर्यपूर्वक अपने मन्त्रियों से कहा कि ब्रह्मा जब धनको हरता है तो पीछे से उसे देता क्यों है वह मानो मनुष्यों के उदय तथा हानि से क्रीड़ा किया करताहै यह सुनकर गोमुख ने कहा कि ब्रह्माकी ऐसीही गति है इसबातपर मैं आपको समुद्रशूरकी कथा सुनाताहूं राजा हर्षवर्म्मा के बड़े सुन्दर हर्षपुर नाम नगर में समुद्रशूर नाम बड़ा धनवान् कुलीन धर्मात्मा

उसने यह विचारकरके कि इसनिरर्थक जीतेहुए भी मरेहुएके समान मेरे शरीरसे क्या प्रयोजनहै यातो में इस शरीरको भगवतीके आगे त्यागदूंगा वा यथेच्छवरलूंगा यह निश्चय करके वह विन्ध्यवासिनी के आश्रम में कुशाके आसनपर निराहारहोके घोरतप किया तपसे प्रसन्नहुई भगवती ने प्रसन्न होकर स्वप्नमें उससे कहा कि हे पुत्र में तुम्हारे ऊपर प्रसन्नहूं बताओ में तुमको अर्थश्रीदूं या भोगश्रीदूं यह सुनकर यशोवर्मा ने कहा कि में इन दोनोंका भेद अच्छीतरहसे नहीं जानताहूं तब भगवतीने कहा कि तुम्हारे देशमें जो अर्थवर्मा और भोगवर्मानाम दो वैश्यहैं उनकीलक्ष्मी जाकर देखो उनमें से जिसकी लक्ष्मी तुम्हें अच्छीलगे वही आकर मुझसे मांगना यह सुनकर यशोवर्मा जगकर प्रातःकाल पारण करके कौतुकपुर नाम अपने देशमें आया १६७ वहां आकर वहपहले सुवर्ण तथा रत्नादिके व्यवहारसे असंख्यधनके उपार्जन करनेवाले अर्थवर्मा के घरमें जाकर उसकी सम्पूर्ण संपत्तिको देखताहुआ उसके पास गया अर्थवर्माने उसका बड़ा आदरसत्कार करके उसे घृत सहित मांसके बहुत उत्तम २ भोजन करवाये और आप दो तोले घी सत्तू थोड़ासा भात तथा थोड़ासा मांसका रसखाया उसके बहुत थोड़े भोजनको देखकर यशोवर्मा ने पूछा कि साहजी क्या तुम इतनाही खातेहो यह सुनकर उसने कहा कि आज तुम्हारे साथके कारण थोड़ासा मांस तथा भात और दो तोले घी खालियाहै रोज तो में एक तोले घी तथा केवल सत्तू खाताहूं क्योंकि इससे अधिक मुझ मन्दाग्नि वालेको पचताही नहीं है यह सुनकर यशोवर्मा ने अपने चित्तमें अर्थवर्माकी व्यर्थ लक्ष्मीकी बड़ी निन्दाकी तदनन्तर रात्रिके समय अर्थवर्मा ने यशोवर्माको दूधभात खिलवाया और आप केवल चारपैसेभर दूधपिया इसके उपरान्त अर्थवर्मा और यशोवर्मा दोनों एकही स्थानमें जुदे २ पलँगोंपर सोये अर्धरात्रिके समय यशोवर्मा ने स्वप्नमें देखा कि थोड़ेसे भयंकर पुरुष दंडों को हाथमें लियेहुए वहां आये और तूने एकतोले घी मांस भात तथा चार पैसेभर दूध रोजसे अधिक क्यों खाया यह कहके अर्थवर्माके पैरपकड़कर खाँनेके लाठियोंसे मारनेलगे और जितना उसने अधिक भोजन कियाथा वह सब उसके उदरसे निकालकर लेगये यह स्वप्न देखकर जैसेही यशोवर्मा उठा वैसेही अर्थवर्माके पेटमें शूलउठा और सेवकोंके द्वारा उदर मलवानेसे उसको वमन होगया वमन से जब उसका शूल शान्त होगया तब यशोवर्माने शोचा कि इस अर्थश्रीको धिक्कारहै जिसका भोग ऐसा कठिनहै इसका तो न होनाही अच्छाहै यह शोचकर यशोवर्मा वह रात्रि वहीं व्यतीत करके प्रातःकाल अर्थवर्मा से पूछकर भोगवर्माके यहां गया भोगवर्मा ने उसका बड़ा अतिथि सत्कारकरके कहा कि आज आप हमारेही यहां भोजन करियेगा उसके यहां आभूषण वस्त्र तथा गृहके सिवाय और कुछ भी सम्पत्ति नथी उसने उसी समय किसी अन्यसे धन उधार लेकर किसी दूसरेको उधार देदिया उसी व्यवहारमें उसको थोड़ासी अशर्फी मिलीं वह अशर्फियां उसनेअपने नौकरके हाथ अपनी स्त्रीके पास भोजनकी सामग्री इकट्ठी करनेको भेजी इतनेही में इच्छाभरणनाम उसके एक मित्रने आकर उससे कहा कि चलो भोजन तैयार है आज हमारेही यहां भोजन करना होगा सब मित्र बैठेहुए तुम्हारी प्रतीक्षा कररहे हैं यह सुनकर भोगवर्मा ने कहा कि आज हमारे यहां

पहले समुद्रमें गिरना, सबधनका नष्टहोजाना, फिर मुर्देपर चढ़कर समुद्रके पार आकर कण्ठेका मिलना, फिर उसी के द्वारा निष्कारणवधकी आज्ञा फिर आकाशवाणी से प्रसन्नहुए राजासे धनका मिलना वहां से समुद्रपार आकर मार्ग में चोरों के द्वारा सबधनका नाश और अन्तमें वृक्षपरसे अमित धनका मिलना यह ब्रह्माकी विचित्रचेष्टाहै (सुकृतीचानुभूयैवदुःखमप्यश्नुतेसुखम्) पुण्यात्मालोग दुःख का अनुभवकरके भी सुखको प्राप्तहोते हैं गोमुखसे इसकथाको सुनकर नरवाहनदत्त ने उठकर स्नानादिक आह्निक किया १३६ दूसरे दिन सभामें बैठेहुए नरवाहनदत्तके पास आकर बाल्यावस्थाके मित्र समरतुंगनाम राजपुत्रने कहा कि हे स्वामी संग्रामवर्षनाम मेरे गोत्रीभाई ने वीरजितआदिक चार राजपुत्रोंको साथलेकर मेरादेश नष्टकरदिया अब मैं जाकर उनपांचों को पकड़ेलाताहूं आपको पहलेही से विदित करानेको मैं आयाथा यह कहकर वह चलागया तब नरवाहनदत्त ने उसके पास थोड़ी सेना जानके और उसके शत्रुओं के पास बहुतसी सेनाजानकर अपनी सेना उसकी सहायताके लिये दी उस सहायताको न लेकर वह अपनीही भुजाओं के बलसे उनपांचोंको जीतकर बांधके नरवाहनदत्तके पास लाया उस विजयीको देखके नरवाहनदत्तने उसका बड़ा सत्कारकरकेकहा कि विषयों (देश और लौकिक भोग) के आक्रमण करनेवाली सबल इन्द्रियों के समान पांच शत्रुओंको जीतकर इसने अपना पुरुषार्थ सिद्ध किया यह सुनकर गोमुख ने कहा कि जो आपने इसी प्रकारकी राजा चमरवालकी कथा न सुनीहोय तो सुनिये मैं कहताहूं हस्तिनापुर नाम नगरमें चमरवालनाम एक राजाथा उसके पास बहुतसा खजाना और अत्यन्त सेनाथी उसके समरबलादिक पांचगोत्री राजा शत्रुथे उन सबों ने मिलकर एकसमय यह विचार किया कि यह चमरवाल सदैव हमलोगों में से एक २ को क्लेश दिया करताहै इससे हमपांचोंको मिलकर इसे जीतनाचाहिये यह सलाहकरके उन पांचों ने उस अकेले के जीतने के लिये ज्योतिषीको बुलाकर लग्नपूछी ज्योतिषी ने शुभ लग्न न पाकर और बहुतसे अशकुन देखकर उनसेकहा कि इस वर्षमें आपलोगोंके लिये कोई उत्तम लग्न नहीं है और जो साधारण लग्न में जाइयेगा तो आपकी विजयनहींहोगी और चमरवालकी समृद्धि देखकर आपलोगोंको ईर्ष्या क्यों होती है लक्ष्मीका फल भोगहै वह उससे भी अधिक आपलोगोंको प्राप्तहै इससे ईर्ष्या न कीजिये इस विषयपर मैं आपलोगोंको दो वैश्योंकी कथासुनाताहूं कौतुकपुरनाम नगरमें बहुसुवर्णनाम यथार्थ नाम वाला राजाथा उसके एकयशोवर्मानामक्षत्री सेवकथा राजानेदानीहोकरभी उसेकभीकुछ नहीं दिया और जब२वह राजासेमांगताथा तबतब राजासूर्य्यकीओर हाथकरके कहताथा कि मैं तो देनाचाहताहूं परन्तु यह भगवान् नहीं चाहते कि मैं तुमको कुछदेऊं राजाके यह वचन सुनकर यशोवर्मा अवसर ढूंढ़तारहा एक दिन सूर्य्यग्रहणके समय दान करतेहुए राजासे उसने कहा कि जो सूर्य्य आपसे मुझे कुछ नहीं लेनेदेते हैं उनको आज वैरीने पकड़ रक्खाहै इससे आप मुझे जोकुछ चाहिये सो दीजिये यह सुनकर राजाने हँसकर उसे बहुतसा सुवर्ण तथा अनेक वस्त्रदिये थोड़े दिनोंमें उस धनको खापीकर और फिर राजासे कुछ न पाकर खिन्नहुआ यशोवर्मा अपनी स्त्रीके मरजानेपर विन्ध्यवासिनीकोगया वहां जाके

उसने यह विचारकरके कि इसनिरर्थक जीतेहुए भी मरेहुएके समान मेरे शरीरसे क्या प्रयोजनहै यातो मैं इस शरीरको भगवतीके आगे त्यागदूंगा वा यथेच्छवरलूंगा यह निश्चय करके वह विन्ध्यवासिनी के आश्रम में कुशाके आसनपर निराहारहोके घोरतप किया तपसे प्रसन्नहुई भगवती ने प्रसन्न होकर स्वप्नमें उससे कहा कि हे पुत्र मैं तुम्हारे ऊपर प्रसन्नहूं बताओ मैं तुमको अर्थश्रीदूं या भोगश्रीदूं यह सुनकर यशोवर्मा ने कहा कि मैं इन दोनोंका भेद अच्छीतरहसे नहीं जानताहूं तब भगवतीने कहा कि तुम्हारे देशमें जो अर्थवर्मा और भोगवर्मानाम दो वैश्यहैं उनकीलक्ष्मी जाकर देखो उनमें से जिसकी लक्ष्मी तुम्हें अच्छीलगे वही आकर मुझसे मांगना यह सुनकर यशोवर्मा जगकर प्रातःकाल पारण करके कौतुकपुर नाम अपने देशमें आया १६७ वहां आकर वहपहले सुवर्ण तथा रत्नादिके व्यवहारसे असंख्यधनके उपार्जन करनेवाले अर्थवर्मा के घरमें जाकर उसकी सम्पूर्ण संपत्तिको देखताहुआ उसके पास गया अर्थवर्माने उसका बड़ा आदरसत्कार करके उसे घृत सहित मांसके बहुत उत्तम २ भोजन करवाये और आप दो तोले घी सत्तू थोड़ासा भात तथा थोड़ासा मांसका रसखाया उसके बहुत थोड़े भोजनको देखकर यशोवर्मा ने पूछा कि साहजी क्या तुम इतनाही खातेहो यह सुनकर उसने कहा कि आज तुम्हारे साथके कारण थोड़ासा मांस तथा भात और दो तोले घी खालियाहै रोज तो मैं एक तोले घी तथा केवल सत्तू खाताहूं क्योंकि इससे अधिक मुझ मन्दाग्नि वालेको पचताही नहीं है यह सुनकर यशोवर्मा ने अपने चित्तमें अर्थवर्माकी व्यर्थ लक्ष्मीकी बड़ी निन्दाकी तदनन्तर रात्रिके समय अर्थवर्मा ने यशोवर्माको दूधभात खिलवाया और आप केवल चारपैसेभर दूधपिया इसके उपरान्त अर्थवर्मा और यशोवर्मा दोनों एकही स्थानमें जुदे २ पलँगोंपर सोये अर्धरात्रिके समय यशोवर्मा ने स्वप्नमें देखा कि थोड़ेसे भयंकर पुरुष दंडों को हाथमें लियेहुए वहां आये और तूने एकतोले घी मांस भात तथा चार पैसेभर दूध रोजसे अधिक क्यों खाया यह कहके अर्थवर्माके पैरपकड़कर खींचके लाठियोंसे मारनेलगे और जितना उसने अधिक भोजन कियाथा वह सब उसके उदरसे निकालकर लेगये यह स्वप्न देखकर जैसेही यशोवर्मा उठा वैसेही अर्थवर्माके पेटमें शूलउठा और सेवकोंके द्वारा उदर मलवानेसे उसको वमन होगया वमन से जब उसका शूल शान्त होगया तब यशोवर्माने शोचा कि इस अर्थश्रीको धिक्कारहै जिसका भोग ऐसा कठिनहै इसका तो न होनाही अच्छाहै यह शोचकर यशोवर्मा वह रात्रि वहीं व्यतीत करके प्रातःकाल अर्थवर्मा से पूछकर भोगवर्माके यहां गया भोगवर्मा ने उसका बड़ा अतिथि सत्कारकरके कहा कि आज आप हमारेही यहां भोजन करियेगा उसके यहां आभूषण वस्त्र तथा गृहके सिवाय और कुछ भी सम्पत्ति नथी उसने उसी समय किसी अन्यसे धन उधार लेकर किसी दूसरेको उधार देदिया उसी व्यवहारमें उसको थोड़ीसी अशर्फी मिलीं वह अशर्फियां उसनेंअपने नौकरके हाथ अपनी स्त्रीके पास भोजनकी सामग्री इकट्ठी करनेको भेजी इतनेही में इच्छाभरणनाम उसके एक मित्रने आकर उससे कहा कि चलो भोजन तैयार है आज हमारेही यहां भोजन करना होगा सब मित्र बैठेहुए तुम्हारी प्रतीक्षा कररहे हैं यह सुनकर भोगवर्मा ने कहा कि आज हमारे यहां

एक महमानआएहैं इससे मैं नहीं आसक्ता यह सुनकर उसने कहा कि आप अपने साथ इनको भी लेचलिये क्या यह हमारे मित्र नहीं हैं उसके इसप्रकार आग्रह करनेपर भोगवर्मा ने यशोवर्माको साथ लेजाकर वहीं भोजन किया और वहां से आकर सायंकालके समय अपने यहां दिव्य भोजन यशोवर्माको करवाये और आपभी किये फिर रात्रिके समय उसने अपने सेवकोंसे पूछा कि आज रात्रिभर को हमारे यहां कोई वस्तु जलपानके लिये है कि नहीं सेवकोंने कहा कि नहीं है सेवकोंके वचन सुनकर भोगवर्मा आज पिछली रात्रिमें मैं जलकैसे पियूंगा यहकहकर सोरहा और यशोवर्माभी उसीके पाससोया अर्द्धरात्रि के समय यशोवर्माको यह स्वप्न दिखाईदिया कि कुछ पुरुष हाथोंमें डंडालियेहुए अन्य पुरुषों को मार२ कर यह कहरहे हैं कि तुम कहां रहे तुमने आजभोगवर्मा के लिये जलपानको कोई वस्तु क्यों नहीं लाए तब उनपुरुषोंने हाथ जोड़केकहा आजक्षमा कीजिये फिर ऐसाअपराध कभी न होगा यहसुन कर वह दंडधारी पुरुष उन्हें साथलेकर चलेगये यह स्वप्न देखकर यशोवर्माजगकर शोचनेलगा कि भोगवर्माकी यह भोगश्री बहुतश्रेष्ठहै परन्तु अर्थवर्मा की अत्यन्त बढ़ीहुई भी अर्थश्री भोगके विनाव्यर्थ है इसप्रकार विचारते २ उसने वह रात्रिव्यतीत करके प्रातःकाल भोगवर्मा से आज्ञा लेकर कुछदिन चल के विन्ध्यवासिनी जी के आश्रममें पहुंचकर कुशासनपर बैठकर फिर तपकिया तब भगवती ने उससे स्वप्न में कहा कि तुम भोगश्री लोगे अथवा अर्थश्री भगवती के वचनसुनकर यशोवर्मा ने भोगश्री मांगी और भगवती उसे अभीष्टवर देकर अन्तर्द्धान होगई प्रातःकाल यशोवर्मा उठके पारण करके अपने घरको आया और भगवती की कृपासे प्राप्तहुई भोगश्री का सुखपूर्वक भोग करनेलगा इससे भोगके योग्य थोड़ी लक्ष्मी भी श्रेष्ठहै परन्तु भोगरहित बहुतभी सम्पत्ति व्यर्थ है तो आपलोग राजा चमरवालकी कृपण सम्पत्तिके लिये क्यों अभिलाषा करतेहो आपलोगों को दान भोग युक्त अपनीही सम्पत्तिमें सन्तोष करना चाहिये यात्राकी कोई शुभलग्न नहीं है इससे आप लोगोंको उसपर चढ़ाई करने से जय नहीं प्राप्त होगी उस ज्योतिषी के यह वचनसुनकर भी वह पांचों राजा ईर्षासे सेना समेत चमरवालसे युद्ध करनेको गये उन लोगोंको सीमापर आया हुआ सुनकर राजा चमरवालने स्नान करके पापनाशक वरदायक श्रीशिवजी की अड़सठ नामोंसे स्तुति करके और हे राजा तुम युद्धकरो तुम्हारी जयहोगी इस आकाशवाणी को सुनकर अपनी सेनालेके शत्रुओंको आगे जाके रोका शत्रुओंकी सेनामें तीसहजार हाथी तीनलाख घोड़े तथा एक करोड़ पैदलथे और इसकी सेना में दशहजारहाथी एकलाख घोड़े तथा बीसलाख पैदल थे दोनों सेनाओं के परस्पर महायुद्ध प्रवृत्तहोनेपर राजा चमरवाल ने आपही युद्धमें जाकर शत्रुओंकी इतनी सेनामारी कि जिससे हाथी घोड़े तथा सब पैदलोंके ढेरहोगये और इसप्रकारसेनाको मारकर राजा समरखरको शक्तिसेमारके अपने पाशसे बांध लिया फिर युद्ध करने को आयेहुए राजा समरशूरको भी बाणसे मारकर पाशमें बांधलिया और राजा समरजितको वीरनाम प्रतीहार जीतकर पाशमें बांधलाया और देवबलनाम सेनापति प्रतापचन्द्रनाम राजा को बांधकर उसके पास लेआया इनचारों के बन्धनमें पड़जानेपर प्रतापसेन नाम पांचवां राजा

क्रोधकरके चमरवालके साथ युद्ध करनेलगा चमरवालने उसके बाणों को काटकर मस्तकमें तीनबाण मारके उसेभी बांधलिया इसप्रकार पांचों राजाओं को बांधकर उनसब की अन्यसेना के भागजानेपर राजा चमरवालने बहुतसे रत्न सुवर्ण तथा बहुतसी रानियां पाई उन रानियों में राजा प्रतापसेनकी पट-रानी यशोलेखा बड़ी स्वरूपवती थी उसको उसने अपने नगरमें आके अपनीरानी बनालीनी क्योंकि उसने उसको युद्धधर्म में जीता था और उस यशोलेखा ने भी इसने मुझे युद्धमें जीतकर पायाहै इस विचारसे उसे स्वीकार करलिया ठीकहै (काममोहप्रवृत्तानां शवलाधर्मवासना) कामसे मोहको प्राप्त हुए प्राणियों की धर्मवासनाभी विचित्र होती है इसके उपरान्त राजाने वीरनाम प्रतीहारको तथा देव-वलनाम सेनापति को रत्नोंसे पूर्ण करदिया और यशोलेखा के कहने से उनपांचों राजाओंको छोड़कर उन्हें उनका राज्य देदिया और वह सब नम्र होकर अपने २ देशको गये तब राजा चमरवाल बहुत कालतक अकंटक पृथ्वीका राज्य करतारहा और अप्सराओं से भी अधिक रूपवती शत्रुओं के जय की पताकारूप यशोलेखाके साथ राज्य सुखका भोग करतारहा इसप्रकारसे अपने तथा परायेस्वरूपके नहीं जाननेवाले द्वेपसे व्याकुल क्रोधसे युद्ध करतेहुए बहुतसे शत्रुओं को भी एकेहीधीरवीर पुरुष युद्ध में विजय करलेताहै गोमुखसे इस यथार्थ कथाको सुनकर नरवाहनदत्तने बहुत प्रसन्नहोके सभासे जा-कर अपना नित्यका आह्निक कर्मकिया और वह रात्रि अपनी प्रियाओं के साथ ऐसा मनोहर गान करके व्यतीत की कि जिसे सुनकर आकाशसे स्थित श्री सरस्वती जीने अत्यन्त प्रसन्न होके उसे यह वरदान दिया कि तुम्हारा इनप्रियाओं के साथ बहुत काल तक सम्बन्ध रहेगा २४१ ॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांअलंकारवतीलम्बकेचतुर्थस्तरंगः ४ ॥

इसके उपरान्त दूसरेदिन अलंकारवती के मन्दिर में बैठे हुए नरवाहनदत्त के पास सम्पूर्ण मन्त्रियों के आगे अन्तःपुरके कञ्चुकी (ख्वाजेसराह) का भाई मरुभूतिका सेवक आकर बोला कि हे महा-राज मैंने दो वर्ष मरुभूतिकी सेवाकी है उसमें इन्हों ने मुझे तथा मेरी स्त्री को भोजनाच्छादन दिया परन्तु जो इन्होंने मुझे पचास अशर्फी वर्षौड़ी देना कहा था वह अभी तक नहीं दिया और मैंने जो बहुत मांगा तो मेरे लातेंमारीं इससे मैं आपके फाटकपर धन्ने बैठता हूं जो आप इस में कुछ विचार न कीजियेगा तो मैं अग्नि में जलजाऊंगा उसके यह वचन सुनकर मरुभूति ने कहा कि मुझे इ-सकी अशर्फीदेनी है परन्तु अभी मेरे पास नहीं हैं यहसुनकर सबके हँसनेपर नरवाहनदत्त ने मरु-भूति से कहा कि यह क्या तुम्हारी मूर्खताहै यह बुद्धि तुम्हारी अच्छी नहीं है जाओ अभी इसे सौ अ-शर्फी देदो स्वामी के यहवचन सुनकर मरुभूति ने उसीसमय लज्जितहोके सौ अशर्फी लाकर उसे देदीनी तब गोमुख ने नरवाहनदत्तसे कहा कि इसमें मरुभूतिका कोई दोप नहीं है ब्रह्माकी सृष्टि में मनुष्यों की विचित्र चित्तकी वृत्तियां होती हैं क्या आपने निरदाना नामराजा तथा उसके प्रसंगनाम सेवककी कथा नहीं सुनी है कि चित्रपुरनाम नगरमें निरदाता नाम एकराजाथा उस राजाके सम्पूर्ण परिकरवाले महादुष्टथे एकसमय किसीदेशसे आयाहुआ प्रसंगनाम शूद्र अपने दो मित्रोंकेसाथ राजाके

एक महमानआएहैं इससे मैं नहीं आसक्ता यह सुनकर उसने कहा कि आप अपने साथ इनको भी लेचलिये क्या यह हमारे मित्र नहीं हैं उसके इसप्रकार आग्रह करनेपर भोगवर्मा ने यशोवर्माको साथ लेजाकर वहीं भोजन किया और वहां से आकर सायंकालके समय अपने यहां दिव्य भोजन यशोवर्माको कराये और आपभी किये फिर रात्रिके समय उसने अपने सेवकोंसे पूछा कि आज रात्रिभर को हमारे यहां कोई वस्तु जलपानके लिये है कि नहीं सेवकोंने कहा कि नहीं है सेवकोंके वचन सुनकर भोगवर्मा आज पिछली रात्रिमें मैं जलकैसे पियूंगा यहकहकर सोरहा और यशोवर्माभी उसीके पाससोया अर्द्धरात्रि के समय यशोवर्माको यह स्वप्न दिखाईदिया कि कुछ पुरुष हाथोंमें डंडालियेहुए अन्य पुरुषों को मार २ कर यह कहरहे हैं कि तुम कहां रहे तुमने आज भोगवर्मा के लिये जलपानको कोई वस्तु क्यों नहीं लाए तब उनपुरुषोंने हाथ जोड़केकहा आजक्षमा कीजिये फिर ऐसाअपराध कभी न होगा यहसुन कर वह दंडधारी पुरुष उन्हें साथलेकर चलेगये यह स्वप्न देखकर यशोवर्माजगकर शोचनेलगा कि भोगवर्माकी यह भोगश्री बहुतश्रेष्ठहै परन्तु अर्थवर्मा की अत्यन्त बढ़ीहुई भी अर्थश्री भोगके विना व्यर्थ है इसप्रकार विचारते २ उसने वह रात्रिव्यतीत करके प्रातःकाल भोगवर्मा से आज्ञा लेकर कुछदिन चल के विन्ध्यवासिनी जी के आश्रममें पहुंचकर कुशासनपर बैठकर फिर तपकिया तब भगवती ने उससे स्वप्न में कहा कि तुम भोगश्री लोगे अथवा अर्थश्री, भगवती के वचनसुनकर यशोवर्मा ने भोगश्री मांगी और भगवती उसे अभीष्टवर देकर अन्तर्द्धान होगई प्रातःकाल यशोवर्मा उठके पारण करके अपने घरको आया और भगवती की कृपासे प्राप्तहुई भोगश्री का सुखपूर्वक भोग करनेलगा इससे भोगके योग्य थोड़ी लक्ष्मी भी श्रेष्ठहै परन्तु भोगरहित बहुतभी सम्पत्ति व्यर्थ है तो आपलोग राजा चमरवालकी कृपण सम्पत्तिके लिये क्यों अभिलाषा करतेहो आपलोगों को दान भोग युक्त अपनीही सम्पत्तिमें सन्तोष करना चाहिये यात्राकी कोई शुभलग्न नहीं है इससे आप लोगोंको उसपर चढ़ाई करने से जय नहीं प्राप्त होगी उस ज्योतिषी के यह वचनसुनकर भी वह पांचों राजा ईर्षासे सेना समेत चमरवालसे युद्ध करनेको गये उन लोगोंको सीमापर आया हुआ सुनकर राजा चमरवालने स्नान करके पापनाशक वरदायक श्रीशिवजी की अड़सठ नामोंसे स्तुति करके और हे राजा तुम युद्धकरो तुम्हारी जयहोगी इस आकाशवाणी को सुनकर अपनी सेनालेके शत्रुओंको आगे जाके रोका शत्रुओंकी सेनामें तीसहजार हाथी तीनलाख घोड़े तथा एक करोड़ पैदलथे और इसकी सेना में दशहजारहाथी एकलाख घोड़े तथा बीसलाख पैदल थे दोनों सेनाओं के परस्पर महायुद्ध प्रवृत्तहोनेपर राजा चमरवाल ने आपही युद्धमें जाकर शत्रुओंकी इतनी सेनामारी कि जिससे हाथी घोड़े तथा सब पैदलोंके ढेरहोगये और इसप्रकारसेनाको मारकर राजा समरवरको शक्तिसेमारके अपने पाशसे बांध लिया फिर युद्ध करने को आयेहुए राजा समरशूरको भी बाणसे मारकर पाशमें बांधलिया और राजा समरजितको वीरनाम प्रतीहार जीतकर पाशमें बांधलाया और देवबलनाम सेनापति प्रतापचन्द्रनाम राजा को बांधकर उसके पास लेआया इनचारों के बन्धनमें पड़जानेपर प्रतापसेन नाम पांचवां राजा

से जीतेगये सिंहों से मानों भेटकीगई मुट्ठी में समानेवाली सूक्ष्म कमर यौवनरूपी हाथी के बांधने के खंभ के समान सुंदर जंघा और अशोक के पल्लवों के समान सुंदरचरण इत्यादिक सम्पूर्ण अंगोंको यथायोग्य देखकर सब लोगों ने उस चित्रकरकी बड़ी प्रशंसाकी और कहा कि अकेले राजाकी शोभानहीं होती है इसमें आप इनचित्रों में लिखीहुई स्त्रियों में से जिसे योग्य समझिये उसेभी इन्हीं के साथ लिखिये तो हमलोगों के नेत्र तृप्तहोंय यहसुनकर उसने उसचित्रको देखकरकहा कि इन बहुतसी स्त्रियों में से कोई भी स्त्री राजाके तुल्यनहीं है मैं जानताहूं कि सम्पूर्ण पृथ्वी में इनके समान कोई स्त्री न होगी किन्तु एक राजपुत्री इनके समान है उसका वर्णन में आप लोगों से करताहूं विदर्भदेश में कुंडिन नाम नगरका देवशक्तिनाम बड़ा प्रतापी राजाहै उसके अनन्तवतीनाम रानी में मदनसुन्दरी नाम एक कन्याहुई जिसके रूपको वर्णन करने के लिये मुझसरीका एक जिह्वा से कैसे वर्णन करसक्ता है किन्तु इतना मैं कहसक्ताहूं कि ब्रह्मा उसे बनाकर उसके समान स्त्री अनेक युगों में भी न बनासकेंगे वही कन्यारूप लावण्य विनय अवस्था तथा कुलसे तुम्हारे राजाके सदृश है एक समय उसने चेरीकेद्वारा मुझे अपने मन्दिरपर बुलाभेजाथा वहां जाकर मैंने उसे कमलपत्रों की शय्या पर सम्पूर्ण शरीरमें चन्दनकालेपकियेहुए देखा उसके पांडु तथा दुर्बल शरीरसे कामज्वर लक्षितहोता था केलेके पत्तोंको डुलानेवाली अपनी सखियोंसे वह कहरहीथी कि हे सखियो चन्दनकेलेप तथा केले केपत्तोंके डुलानेसे कुछ प्रयोजन नहीं है व्यर्थ श्रम न करो यह शीतलहोकर भी मुझ अभागिनीको जलातेहैं इसप्रकारसे सखियोंको निवारण करतीहुई मदनसुन्दरीकी वह दशादेखकर मैं सन्देह युक्तहोकर प्रणाम करके उसके आगे बैठगया ६६ तब उसने कंपतेहुए हाथसे पृथ्वीमें एक मनुष्यकी आकृति बनाकर मुझसे कहा कि इसका चित्रबनादो उसकी आज्ञासे मैंने उसका चित्र लिखकर शोचा कि क्या यह साक्षात् कामकाचित्र इसने मुझसे लिखवायाहै अथवा इसके हाथमें पुष्पका धनुष नहीं है इससे कोई युवाराजाहै इसे इसने कहीं देखाहोगा या सुनाहोगा इसीकेलिये यह कामसे पीड़ितहोरही है अब मुझे यहां से भाग चलना चाहिये क्योंकि इसका पिता देवशक्ति बड़ा क्रोधी है ऐसा न होय कि मेरे ऊपर कोई अपराधलगादे यह विचारकर उस राजकन्याको प्रणाम करके मैंने बाहरआकर उसके परिजनोंसे सुना कि आपका यश सुनकर उसे अनुराग उत्पन्नहुआहै इससे मैं उस राजकन्याका चित्रलिखकर आपके पास शीघ्रही आयाहूं और आपका स्वरूपदेखकर मुझे निश्चयहोगयाहै कि उसने आपही का चित्र मुझसे बनवायाथा उसकाचित्र मैं बारम्बार नहीं लिखसक्ताहूं इससे मैं आपके चित्रके पास उसकाचित्र नहीं लिखताहूं रोलदेवके यह वचन सुनकर राजाने कहा कि अच्छाजानेदो जो चित्र तुम वहांसे लिखलायेहो वही मुझे दिखाओ तब रोलदेवने थैलीमें से वह चित्र निकालकर राजाको दिया चित्रमें उस मदनसुन्दरी के रूपको देखतेही राजाकनकवर्ष कामके वशीभूतहोगया और उस चित्रकर को बहुतसाधनदेकर चित्रलेकर अपने मन्दिरमें गया वहां कामदेव अपने रूपकेलेने की ईर्ष्यासे मानों उसको पीड़ादेनेलगा राजाने पहले अपने रूपसेलुब्धहुई स्त्रियोंको काम पीड़ादीथी उसीका उनको

यहां नौकरहुआ उसे पांचवर्ष सेवा करते २ व्यतीतहुए परन्तु राजाने उत्सवादिक निमित्तों में भी उसे कुछ नहींदिया और उस सेवकने मित्रों के प्रेरणा करनेपरभी परिकरकी दुष्टतासे राजासे विज्ञापन करने का अवसर न पाया एकसमय उस राजाका बालक पुत्र मरगया तबसम्पूर्ण सेवक राजाको दुखीजानके उसके निकटगये उनमें से प्रसंगनाम सेवक अपने मित्रोंके निवारण करनेपर भी शोकसे व्याकुलहोकर राजासे बोला कि हे स्वामी हमने बहुत कालतक आपकी सेवाकरी और आपने हमें कुछ न दिया इतने पर भी,आपने नहीं दियाहै तो आपकापुत्रदेगा इस आशासे हमने आपकी सेवकाई नहीं छोड़ी अब भाग्यवशसे उसको भी परमेश्वरने हरलिया तो अब हमारा यहां कौन है हमजाते हैं यह कहकर और प्रणामकरके प्रसङ्ग अपने मित्रोंको साथ लेकर वहांसे चला तब राजाने यह बड़ेदृढ़ सेवकहैं क्योंकि पुत्रकी आशासे यह इतने दिनतक रहे इससे इनका त्यागनहीं करना चाहिये यह शोचकर उन्हें बुलवाकर इतना धनदिया कि वह दरिद्रसे निर्भयहोगये इसप्रकार से मनुष्यों के विचित्र स्वभावहोते हैं देखिये राजाने समय पर तो नहीं दिया परन्तु असमयपर बहुतसा धनदिया २४ इस कथाको कहके गोमुख नरवाहनदत्तकी आज्ञासे फिर यह कथा कहनेलगा कि पूर्वकालमें श्रीगङ्गाजी के तटपर बड़ा सुन्दर पवित्र एककनकपुर नाम नगरथा उसनगरमें वासुकि नाम नागेन्द्र के प्रियदर्शन नाम पुत्रसे यशोधरानाम राजपुत्रीमें उत्पन्नहुआ महायशस्वी कनकवर्ष नाम राजाथा वह यशकालोभीथा धनका नहीं पापसे डरताथा परन्तु शत्रुओं से नहीं परापवादमें मूर्खथा पर शास्त्रोंमें नहीं थोड़ा कोपकरनेवाले अधिक दयालु महादानी शूर तथा धीर उसराजाका ऐसा स्वरूपथा जिसे देखतेही स्त्रियां कामसे व्याकुलहोजाती थीं एकसमय शरदृतु में बड़ा उत्सव करके राजा कनकवर्ष विहार करनेकेलिये कमलों की सुगन्धिसे सुगन्धित वायुसे शीतल चित्रमहलमेंगया और वहां के चित्रोंको देखकर प्रशंसा करने लगा उसीसमय प्रतीहारने आकरकहा कि हे स्वामी विदर्भ देशसे आयाहुआ रोलदेवनाम चित्रकर अपने को चित्रकर्म में सबसे श्रेष्ठ बताताहै और यही लिखकर उसने फाटकपर पत्र चिपकादियाहै यह सुनकर राजाने कहा कि उसे मेरेपास बुलालाओ राजाकी यह आज्ञापाकर प्रतीहार उसे लिवालाया रोलदेवने वहां आकर किसी सुन्दर स्त्रीके स्तनोंपर शरीर का भारदेकर लेटेहुए और एकहाथमें तांबूल लेतेहुए राजा कनकवर्षको देखा औरप्रणामकरके कहा कि हे स्वामी मैंने आपके चरणारविन्दों के दर्शनों की इच्छासे पत्र लिखकरलगाया था चतुरताके अभिमान से नहींलगाया था इससे मेरे अपराध को क्षमाकीजियेगा अब यह आज्ञाकीजिये कि चित्रमें कौनसा रूपलिखकर आपको दिखाऊं जिससे मेरी चित्रशिक्षा सफलहोय यहसुनकर राजानेकहा कि चाहो सो लिखकर मेरे नेत्रोंको आनन्द दो तुम्हारी चतुरतामें मुझे संदेहनहीं है राजाके इसप्रकार कहनेपर उसकेपास बैठीहुई एकस्त्रीनेकहा कि राजाकाही चित्रबनाओ अन्यकुरूपों से क्या प्रयोजनहै यहसुनकर चित्रकरने प्रसन्नहोकर राजाकाही चित्र लिखा और सबकोदिखाया उसचित्रमें उन्नतनासिका दीर्घ तथा रक्तनेत्र बड़ाललाट काले तथा घुंघरवाले बाल बाणोंके व्रणोंसे शोभित विस्तीर्ण वक्षस्थलदिग्गजोंकी सूंड़केसमान मनोहर भुजा पराक्रम

से जीतेगये सिंहों से मानों भेटकीगई मुट्ठी में समानेवाली सूक्ष्म कमर यौवनरूपी हाथी के बांधने के खंभ के समान सुंदर जंघा और अशोक के पल्लवों के समान सुंदरचरण इत्यादिक सम्पूर्ण अंगोंको यथायोग्य देखकर सब लोगों ने उस चित्रकरकी बड़ी प्रशंसाकी और कहा कि अकेले राजाकी शोभानहीं होती है इससे आप इनचित्रों में लिखीहुई स्त्रियों में से जिसे योग्य समझिये उसेभी इन्हीं के साथ लिखिये तो हमलोगों के नेत्र तृप्तहोंय यहसुनकर उसने उसचित्रको देखकरकहा कि इन बहुतसी स्त्रियों में से कोई भी स्त्री राजाके तुल्यनहीं है में जानताहूं कि सम्पूर्ण पृथ्वी में इनके समान कोई स्त्री न होगी किन्तु एक राजपुत्री इनके समान है उसका वर्णन में आप लोगों से करताहूं विदर्भदेश में कुंडिन नाम नगरका देवशक्तिनाम बड़ा प्रतापी राजाहै उसके अनन्तवतीनाम रानी में मदनसुन्दरी नाम एक कन्याहुई जिसके रूपको वर्णन करने के लिये मुझसरीका एक जिह्वा से कैसे वर्णन करसक्ता है किन्तु इतना में कहसक्ताहूं कि ब्रह्मा उसे बनाकर उसके समान स्त्री अनेक युगों में भी न बनासकेंगे वही कन्यारूप लावण्य विनय अवस्था तथा कुलसे तुम्हारे राजाके सदृश है एक समय उसने चेरीकेद्वारा मुझे अपने मन्दिरपर बुलाभेजाया वहां जाकर मैंने उसे कमलपत्रों की शय्या पर सम्पूर्ण शरीरमें चन्दनकालेपकियेहुए देखा उसके पांडु तथा दुर्बल शरीरसे कामज्वर लक्षितहोता था केलेके पत्तोंको डुलानेवाली अपनी सखियोंसे वह कहरहीथी कि हे सखियो चन्दनकेलेप तथा केलेकेपत्तोंके डुलानेसे कुछ प्रयोजन नहीं है व्यर्थ श्रम न करो यह शीतलहोकर भी मुझ अभागिनीको जलातेहैं इसप्रकारसे सखियोंको निवारण करतीहुई मदनसुन्दरीकी वह दशादेखकर में सन्देहयुक्तहोकर प्रणाम करके उसके आगे बैठगया ६६ तब उसने कंपतेहुए हाथसे पृथ्वीमें एक मनुष्यकी आकृति बनाकर मुझसे कहा कि इसका चित्रबनादो उसकी आज्ञासे मैंने उसका चित्र लिखकर शोचा कि क्या यह साक्षात् कामकाचित्र इसने मुझसे लिखवायाहै अथवा इसके हाथमें पुष्पका धनुष नहीं है इससे कोई युवाराजाहै इसे इसने कहीं देखाहोगा या सुनाहोगा इसीकेलिये यह कामसे पीड़ितहोरही है अब मुझे यहां से भाग चलना चाहिये क्योंकि इसका पिता देवशक्ति बड़ा क्रोधी है ऐसा न होय कि मेरे ऊपर कोई अपराधलगादे यह विचारकर उस राजकन्याको प्रणाम करके मैंने बाहरआकर उसके परिजनोंसे सुना कि आपका यश सुनकर उसे अनुराग उत्पन्नहुआहै इससे में उस राजकन्याका चित्रलिखकर आपके पास शीघ्रही आयाहूं और आपका स्वरूपदेखकर मुझे निश्चयहोगयाहै कि उसने आपही का चित्र मुझसे बनवायाथा उसकाचित्र में बारम्बार नहीं लिखसक्ताहूं इससे में आपके चित्रके पास उसकाचित्र नहीं लिखताहूं रोलदेवके यह वचन सुनकर राजाने कहा कि अच्छाजानेदो जो चित्र तुम वहांसे लिखलायेहो वही मुझे दिखाओ तब रोलदेवने थैलीमें से वह चित्र निकालकर राजाको दिया चित्रमें उस मदनसुन्दरी के रूपको देखतेही राजाकनकवर्ष कामके वशीभूतहोगया और उस चित्रकर को बहुतसाधनदेकर चित्रलेकर अपने मन्दिरमें गया वहां कामदेव अपने रूपकेलेने की ईर्ष्यासे मानों उसको पीड़ादेनेलगा राजाने पहले अपने रूपसेलुब्धहुई स्त्रियोंको काम पीड़ादीथी उसीका उनको

मानों सौगुनाफलमिला तब राजाने विरहसे अत्यन्त पीड़ितहोके अपने मन्त्रियोंसे सलाहकरके राजा देवशक्तिके पास कन्या मांगनेकेलिये संगमस्वामीनाम समय तथा कार्य्यके जाननेवाले कुलीन ब्राह्मणको दूतताके निमित्तभेजा संगमस्वामी ने बहुतसा परिकरलेकर विदर्भदेशके कुंडिननाम नगरमें जाकर राजा देवशक्तिसे अपने स्वामीकेलिये उसकी कन्यामांगी संगमस्वामी के वचन सुनकर राजा देवशक्ति ने राजाकनकवर्ष बड़ा कुलीन तथा धनवान् है इससे वह हमारी कन्याके योग्यवरहै ऐसा विचारकर उसे अपनी कन्यादेना स्वीकार करलिया और मदनसुन्दरीको सभामें बुलाकर उसका नृत्य संगमस्वामीको दिखाकर आदर पूर्व्वक उसके साथ अपनादूत करके उसे विदाकिया उसदूतको साथ लेकर संगमस्वामीने राजाकनकवर्ष के पास आकर कहा कि हे स्वामी आपका कार्य्य सिद्धहोगया और उसदूतने कहा कि हेस्वामी लग्नका निश्चयकरके विवाहके निमित्त कुंडिननगरको चलिये दूतके यह वचन सुनकर राजा कनकवर्ष लग्नका निश्चयकरके विवाहकरनेकेलिये सम्पूर्ण परिकरसमेत कुंडिनपुरको चला और मार्गमें वनोंमें मिलेहुए बहुतसे हिंसकजीव सिंहादिकोंको मारताहुआ विदर्भदेश के कुण्डिनपुर में पहुंचा वहां राजा देवशक्ति नगर के बाहर आकर बड़े आदर पूर्व्वक सम्पूर्ण नगर में भ्रमण करताहुआ उसको विवाहकी सम्पूर्ण सामग्रियोंसे भरेहुए राजमन्दिर में लेगया वहां उसदिन राजा कनकवर्ष अपने सम्पूर्ण परिकर समेत राजा देवशक्तिके ऐश्वर्य्यको भोगताहुआ विश्रामकरता भया दूसरे दिन देवशक्तिने अपनी मदनसुन्दरीनाम कन्याका विवाह कनकवर्षके साथ करदिया और बहुतसा दहेजमें धनदिया विवाहके उपरान्त राजा कनकवर्ष सातदिन वहां रहकर अपनी नवीनस्त्री को लेकर अपने नगरमें आया जगदानन्ददायी कौमुदी सहित चन्द्रमाके समान नवीनवधू सहित राजाके पुरमें आनेपर उस नगरमें बड़ा उत्सवहुआ तब राजमन्दिरमें आकर राजा कनकवर्ष ने अपने सब सेवकोंको बहुतसाधनदिया और रात्रिके समय शयनस्थानमें जाकर मदनसुन्दरी के साथ अपूर्व आनन्दका अनुभवकिया और उसको अपनी सम्पूर्ण रानियों में मुख्यकरदिया वह दोनों राजा रानी परस्पर नेत्रों से मुखारविन्दों को देखकर कामदेव के बाणों से कीलितसे होगये इसप्रकारसे मदनसुंदरी राजा को प्राणों से भी अधिक प्यारीहोगई १०६ एकसमय मानिनी स्त्रियों के मानरूपी मातंगका मारने वाला केशरकी पंक्तियोंसे युक्त वसन्तरूपी सिंह प्रकटहुआ उपवनों के समान पथिकोंकी स्त्रियों के काम की पीड़ा से युक्त चित्तोंको कँपातीहुई मलयाचलकी पवनचलनेलगी वसन्त ने प्रफुल्लित आम्रलता रूपी धनुष में भ्रमरोंकी पंक्तिरूपी प्रत्यञ्चालगाकर कामका धनुष तैयारकिया कोकिला अपने मधुर शब्दों से मानों यह कहनेलगीं कि नदियों के प्रवाह वृक्षों के पुष्प तथा चन्द्रमाकीकला क्षीणहोकर फिर आजाती हैं परन्तु मनुष्योंकी युवावस्था क्षीणहोकर फिर नहीं लौटती इससे मान तथा कलहको छोड़कर अपनी २ स्त्रियों के साथ विहारकरो उससमय राजा कनकवर्ष अपनी सम्पूर्ण रानियोंको लेकर उपवन में विहारकरने को [illegible] और वहां रानी मदनसुन्दरी के साथ बहुतकालतक विहार करके परिजनों के रँगेहुए वस्त्रों से [illegible] शोभाको और सुन्दर स्त्रियों के गानों से कोकिला तथा भ्रमरोंकी ध्वनिको

छीन पटसम्पूर्ण रानियोंकेसाथ गोदावरीमें जलक्रीड़ाकरनेकोगया उसकी रानियोंने अपनेसुखोंसे उस नदीकेकमलोंको नेत्रोंसे उत्पलोंको स्तनोंसे चक्रवाकोंको और नितंबोंसे तटोंको विजयकरके तरङ्गरूपी भृकुटियोंसे क्रोध को प्रकटकरनेवाली उसनदीको अत्यन्त पीड़ितकिया उससमय जलविहारसे वस्त्रोंमें भी झलकते अंगवाली उनसबरानियोंको देखकर राजाकनकवर्षका चित्त उनमें अत्यन्त आशक्तहुआ वस्त्रोंके गिरपड़ने के कारण किसी रानीके खुलेहुए सुवर्णकुंभोंकेसमान स्तनोंपर राजा जलकेछींटेमारने लगा यह देखकर मदनसुन्दरी ईर्ष्या से क्रोधयुक्तहोके बोली कि अभी नदीको कितना क्लेशदोगे और यह कहकर जलसे निकलकर द्वितीयवस्त्र पहनके सखियों से प्रियके अपराधको कहतीहुई अपने मंदिरको गई तब राजा कनकवर्षभी उसके आशयको जानकर जलक्रीड़ाको छोड़कर उसी के मंदिरको गया वहां पिंजरों में बैठेहुए तोते मैनाओं से भी क्रोधकरके निवारण कियागया राजा भीतर जाकर क्रोधसे पीड़ित बायें हाथमें मुख कमलको रखकर उदासीनतासे बैठीहुई और निर्मल मोतियों के समान अश्रुओंको बहातीहुई अपभ्रंश भाषा के यह दो श्लोक ( जइविरहोणसहिज्जइमाणो परिवज्जणीओ तेविरहोहिअसहिज्जइमाणोपरिवड्ढणी ओतेइअजाणिऊणणिउणं चिट्ठसुओलंविऊणइक्कदरं उहअत ड़दिण्णपाओमज्झणिवड़िओधुवंविणिस्सिहसि ) हे हृदय जो तुम विरह नहीं सहसक्तेहो तो मान का त्यागकरना चाहिये और जो विरहको सहसक्तेहो तो मानको बढ़ाना चाहिये यह अच्छे प्रकार जानकर दोमेंसे एकका अवलंबन करो नहीं तो दोनों किनारों पर पैररखनेसे बीचमें गिरकर अवश्य नष्टहोजाओगे इसप्रकार से कहती हुई और क्रोधमें भी मनोहर प्रियाको देखकर लज्जा तथा भय सहित उसके पासगया और उसे मुख मोड़ेहुए जानके आलिंगन करके मधुर २ विनय युक्त वचनों से समझाकर प्रसन्न करनेलगा और उसके परिजनों के मुखसे व्यंग वचनोंको सुनकर अपनी निन्दा करके उसके पैरोंपर गिरपड़ा राजाको पैरोंपड़ते देखकर वह मानों गलकर बहेहुए क्रोधके समान अश्रुओंसे उसको सींचती हुई उसके गले में लिपटगई तब राजा उसे प्रसन्न जानकर अत्यन्त प्रसन्नहोके वह दिन वहीं व्यतीत करके रात्रिके समय उसकेसाथ रमण करके सोगया उससमय राजाको यहस्वप्न दिखाई दिया कि कोई भयंकर स्त्री मेरे गलेसे माला तथा शिरसे चूड़ारत्न लेगई फिर एकअपूर्व बेताल आकर मुझ से बाहुयुद्ध करनेलगा और मैंने उसे पृथ्वी में पटकदिया फिर उसबेतालने मुझको पकड़कर समुद्र में ले जाकर छोड़दिया बड़े कष्टसे समुद्रके पार जाकर मैं ने फिर अपने गले में माला तथा शिर में अपना चूड़ामणि पाया इसस्वप्नको देखकर राजाने प्रातःकाल किसी क्षपणक ( जैनीसाधू ) से इसस्वप्नका फल पूछा तब उसने कहा कि यद्यपि आपसे कहना तो नहीं योग्यहै तथापि मैं कहताहूं कि यह जो आपने माला तथा चूड़ारत्नका हरणदेखा है सो रानी तथा पुत्रके साथ आपका वियोग है और जो फिर माला तथा चूड़ारत्न का मिलनाहै वही रानी तथा पुत्रसे आपका समागम होनेवाला है क्षपणकसे यह सुनकर राजाने कहा कि अभी तो मेरे पुत्र नहीं है प्रथम पुत्र तो मेरे होय फिर जो होगा सो होगा उसीसमय राजाने पुत्रके निमित्त बड़े यत्नकरनेवाले राजा दशरथकी कथा किसी ब्राह्मणसे सुनी

मानों सौगुनाफलमिला तब राजाने विरहसे अत्यन्त पीड़ितहोके अपने मन्त्रियोंसे सलाहकरके राजा देवशक्तिके पास कन्या मांगनेकेलिये संगमस्वामीनाम समय तथा कार्य्यके जाननेवाले कुलीन ब्राह्मणको दूतताके निमित्तभेजा संगमस्वामी ने वहुतसा परिकरलेकर विदर्भदेशके कुंडिननाम नगरमें जाकर राजा देवशक्तिसे अपने स्वामीकेलिये उसकी कन्यामांगी संगमस्वामी के वचन सुनकर राजा देवशक्ति ने राजाकनकवर्ष वड़ा कुलीन तथा धनवान् है इससे वह हमारी कन्याके योग्यवरहै ऐसा विचारकर उसे अपनी कन्यादेना स्वीकार करलिया और मदनसुन्दरीको सभामें वुलाकर उसका नृत्य संगमस्वामीको दिखाकर आदर पूर्व्वक उसके साथ अपनादूत करके उसे विदाकिया उसदूतको साथ लेकर संगमस्वामीने राजाकनकवर्ष के पास आकर कहा कि हे स्वामी आपका कार्य्य सिद्धहोगया और उसदूतने कहा कि हेस्वामी लग्नका निश्चयकरके विवाहके निमित्त कुंडिननगरको चलिये दूतके यह वचन सुनकर राजा कनकवर्ष लग्नका निश्चयकरके विवाहकरनेकेलिये सम्पूर्ण परिकरसमेत कुंडिनपुरको चला और मार्गमें वनोंमें मिलेहुए बहुतसे हिंसकजीव सिंहादिकोंको मारताहुआ विदर्भदेश के कुण्डिनपुर में पहुंचा वहां राजा देवशक्ति नगर के बाहर आकर बड़े आदर पूर्व्वक सम्पूर्ण नगर में भ्रमण कराताहुआ उसको विवाहकी सम्पूर्ण सामग्रियोंसे भरेहुए राजमन्दिर में लेगया वहां उसदिन राजा कनकवर्ष अपने सम्पूर्ण परिकर समेत राजा देवशक्तिके ऐश्वर्य्यको भोगताहुआ विश्रामकरता भया दूसरे दिन देवशक्तिने अपनी मदनसुन्दरीनाम कन्याका विवाह कनकवर्षके साथ करदिया और बहुतसा दहेजमें धनदिया विवाहके उपरान्त राजा कनकवर्ष सातदिन वहां रहकर अपनी नवीनस्त्री को लेकर अपने नगरमें आया जगदानन्ददायी कौमुदी सहित चन्द्रमाके समान नवीनवधू सहित राजाके पुरमें आनेपर उस नगरमें बड़ा उत्सवहुआ तब राजमन्दिरमें आकर राजा कनकवर्ष ने अपने सब सेवकोंको बहुतसाधनदिया और रात्रिके समय शयनस्थानमें जाकर मदनसुन्दरी के साथ अपूर्व आनन्दका अनुभवकिया और उसको अपनी सम्पूर्ण रानियों में मुख्यकरदिया वह दोनों राजा रानी परस्पर नेत्रों से मुखारविन्दों को देखकर कामदेव के बाणों से कीलितसे होगये इसप्रकारसे मदनसुंदरी राजा को प्राणों से भी अधिक प्यारीहोगई १०६ एकसमय मानिनी स्त्रियों के मानरूपी मातंगका मारने वाला केशरकी पंक्तियोंसे युक्त वसन्तरूपी सिंह प्रकटहुआ उपवनों के समान पथिकोंकी स्त्रियों के काम की पीड़ा से युक्त चित्तोंको कँपातीहुई मलयाचलकी पवनचलनेलगी वसन्त ने प्रफुल्लित आम्रलता रूपी धनुष में भ्रमरोंकी पंक्तिरूपी प्रत्यञ्चालगाकर कामका धनुष तैयारकिया कोकिला अपने मधुर शब्दों से मानों यह कहनेलगीं कि नदियों के प्रवाह वृक्षों के पुष्प तथा चन्द्रमाकीकला क्षीणहोकर फिर आजाती हैं परन्तु मनुष्योंकी युवावस्था क्षीणहोकर फिर नहीं लौटती इससे मान तथा कलहको छोड़कर अपनी २ स्त्रियों के साथ विहारकरो उससमय राजा कनकवर्ष अपनी सम्पूर्ण रानियों को लेकर उपवन में विहारकरने को गया और वहां रानी मदनसुन्दरी के साथ बहुतकालतक विहार करके परिजनों के रँगेहुए वस्त्रों से अशोककी शोभाको और सुन्दर स्त्रियों के गानों से कोकिला तथा भ्रमरोंकी ध्वनिको

छीन पटसम्पूर्ण रानियोंकेसाथ गोदावरीमें जलक्रीड़ाकरनेकोगया उसकी रानियोंने अपनेमुखोंसे उस नदीकेकमलोंको नेत्रोंसे उत्पलोंको स्तनोंसे चक्रवाकोंको और नितंबोंसे तटोंको विजयकरके तरङ्गरूपी भृकुटियोंसे क्रोध को प्रकटकरनेवाली उसनदीको अत्यन्त पीड़ितकिया उससमय जलविहारसे वस्त्रों में भी झलकते अंगवाली उनसबरानियोंको देखकर राजाकनकवर्षका चित्त उनमें अत्यन्त आशक्तहुआ वस्त्रोंके गिरपड़ने के कारण किसी रानीके खुलेहुए सुवर्णकुंभोंकेसमान स्तनोंपर राजा जलकेछींटेमारने लगा यह देखकर मदनसुन्दरी ईर्ष्या से क्रोधयुक्तहोके बोली कि अभी नदीको कितना क्लेशदोगे और यह कहकर जलसे निकलकर द्वितीयवस्त्र पहनके सखियों से प्रियके अपराधको कहतीहुई अपने मंदिरको गई तब राजा कनकवर्षभी उसके आशयको जानकर जलक्रीड़ाको छोड़कर उसी के मंदिरको गया वहां पिंजरों में बैठेहुए तोते मैनाओं से भी क्रोधकरके निवारण कियागया राजा भीतर जाकर क्रोधसे पीड़ित बायें हाथमें मुख कमलको रखकर उदासीनतासे बैठीहुई और निर्मल मोतियों के समान अश्रुओंको बहातीहुई अपभ्रंश भाषा के यह दो श्लोक ( जइविरहोणसहिज्जइमाणो परिवज्जणीओ तेविरहोहिअसहिज्जइमाणोपरिवड्ढणीओतेइअजाणिऊणणिउणं चिट्ठसुओलंविऊणइक्कदरं उहअत ड़दिण्णपाय्योमज्झणिवड़ियोधुवंविणिस्सिहसि ) हे हृदय जो तुम विरह नहीं सहसक्तेहो तो मान का त्यागकरना चाहिये और जो विरहको सहसक्तेहो तो मानको बढ़ाना चाहिये यह अच्छे प्रकार जानकर दोमेंसे एकका अवलंबन करो नहीं तो दोनों किनारों पर पैररखनेसे बीचमें गिरकर अवश्य नष्टहोजाओगे इसप्रकार से कहती हुई और क्रोधमें भी मनोहर प्रियाको देखकर लज्जा तथा भय सहित उसके पासगया और उसे मुख मोड़ेहुए जानके आलिंगन करके मधुर २ विनय युक्त वचनों से समझाकर प्रसन्न करनेलगा और उसके परिजनों के मुखसे व्यंग वचनोंको सुनकर अपनी निन्दा करके उसके पैरोंपर गिरपड़ा राजाको पैरोंपड़ते देखकर वह मानों गलकर बहेहुए क्रोधके समान अश्रुओंसे उसको सींचती हुई उसके गले में लिपटगई तब राजा उसे प्रसन्न जानकर अत्यन्त प्रसन्नहोके वह दिन वहीं व्यतीत करके रात्रिके समय उसकेसाथ रमण करके सोगया उससमय राजाको यहस्वप्न दिखाई दिया कि कोई भयंकर स्त्री मेरे गलेसे माला तथा शिरसे चूड़ारत्न लेगई फिर एकअपूर्व वेताल आकर मुझ से बाहुयुद्ध करनेलगा और मैंने उसे पृथ्वी में पटकदिया फिर उसवेतालने मुझको पकड़कर समुद्र में ले जाकर छोड़दिया बड़े कष्टसे समुद्रके पार जाकर मैं ने फिर अपने गले में माला तथा शिर में अपना चूड़ामणि पाया इसस्वप्नको देखकर राजाने प्रातःकाल किसी क्षपणक ( जैनीसाधू ) से इसस्वप्नका फल पूछा तब उसने कहा कि यद्यपि आपसे कहना तो नहीं योग्यहै तथापि मैं कहताहूं कि वह जो आपने माला तथा चूड़ारत्नका हरणदेखा है सो रानी तथा पुत्रके साथ आपका वियोग है और जो फिर माला तथा चूड़ारत्न का मिलनाहै वही रानी तथा पुत्रसे आपका समागम होनेवाला है क्षपणकसे यह सुनकर राजाने कहा कि अभी तो मेरे पुत्र नहीं है प्रथम पुत्र तो मेरे होय फिर जो होगा सो होगा उसीसमय राजाने पुत्रके निमित्त बड़े यत्नकरनेवाले राजा दशरथकी कथा किसी ब्राह्मणसे सुनी

मानों सौगुनाफलमिला तव राजाने विरहसे अत्यन्त पीड़ितहोके अपने मन्त्रियोंसे सलाहकरके राजा देवशक्तिके पास कन्या मांगनेकेलिये संगमस्वामीनाम समय तथा कार्य्यके जाननेवाले कुलीन ब्राह्मणको दूतताके निमित्तभेजा संगमस्वामी नें बहुतसा परिकरलेकर विदर्भदेशके कुंडिननाम नगरमें जाकर राजा देवशक्तिसे अपने स्वामीकेलिये उसकी कन्यामांगी संगमस्वामी के वचन सुनकर राजा देवशक्ति ने राजाकनकवर्ष बड़ा कुलीन तथा धनवान् है इससे वह हमारी कन्याके योग्यवरहै ऐसा विचारकर उसे अपनी कन्यादेना स्वीकार करलिया और मदनसुन्दरीको सभामें वुलाकर उसका नृत्य संगमस्वामीको दिखाकर आदर पूर्व्वक उसके साथ अपनादूत करके उसे विदाकिया उसदूतको साथ लेकर संगमस्वामीने राजाकनकवर्ष के पास आकर कहा कि हे स्वामी आपका कार्य्य सिद्धहोगया और उसदूतने कहा कि हेस्वामी लग्नका निश्चयकरके विवाहके निमित्त कुंडिननगरको चलिये दूतके यह वचन सुनकर राजा कनकवर्ष लग्नका निश्चयकरके विवाहकरनेकेलिये सम्पूर्ण परिकरसमेत कुंडिनपुरको चला और मार्गमें वनोंमें मिलेहुए बहुतसे हिंसकजीव सिंहादिकोंको मारताहुआ विदर्भदेश के कुण्डिनपुर में पहुंचा वहां राजा देवशक्ति नगर के बाहर आकर बड़े आदर पूर्व्वक सम्पूर्ण नगर में भ्रमण कराताहुआ उसको विवाहकी सम्पूर्ण सामग्रियोंसे भरेहुए राजमन्दिर में लेगया वहां उसदिन राजा कनकवर्ष अपने सम्पूर्ण परिकर समेत राजा देवशक्तिके ऐश्वर्य्यको भोगताहुआ बिश्रामकरता भया दूसरे दिन देवशक्तिने अपनी मदनसुन्दरीनाम कन्याका विवाह कनकवर्षके साथ करदिया और बहुतसा दहेजमें धनदिया विवाहके उपरान्त राजा कनकवर्ष सातदिन वहां रहकर अपनी नवीनस्त्री को लेकर अपने नगरमें आया जगदानन्ददायी कौमुदी सहित चन्द्रमाके समान नवीनवधू सहित राजाके पुरमें आनेपर उस नगरमें बड़ा उत्सवहुआ तब राजमन्दिरमें आकर राजा कनकवर्ष ने अपने सब सेवकोंको बहुतसाधनदिया और रात्रिके समय शयनस्थानमें जाकर मदनसुन्दरी के साथ अपूर्व आनन्दका अनुभवकिया और उसको अपनी सम्पूर्ण रानियों में मुख्यकरदिया वह दोनों राजा रानी परस्पर नेत्रों से मुखारविन्दों को देखकर कामदेव के बाणों से कीलितसे होगये इसप्रकारसे मदनसुंदरी राजा को प्राणों से भी अधिक प्यारीहोगई १०६ एकसमय मानिनी स्त्रियों के मानरूपी मातंगका मारने वाला केशरकी पंक्तियोंसे युक्त वसन्तरूपी सिंह प्रकटहुआ उपवनों के समान पथिकोंकी स्त्रियों के काम की पीड़ा से युक्त चित्तोंको कँपातीहुई मलयाचलकी पवनचलनेलगी वसन्त ने प्रफुल्लित आम्रलता रूपी धनुष में भ्रमरोंकी पंक्तिरूपी प्रत्यञ्चालगाकर कामका धनुष तैयारकिया कोकिला अपने मधुर शब्दों से मानों यह कहनेलगीं कि नदियों के प्रवाह वृक्षों के पुष्प तथा चन्द्रमाकीकला क्षीणहोकर फिर आजाती हैं परन्तु मनुष्योंकी युवावस्था क्षीणहोकर फिर नहीं लौटती इससे मान तथा कलहको छोड़कर अपनी २ स्त्रियों के साथ विहारकरो उससमय राजा कनकवर्ष अपनी सम्पूर्ण रानियों को लेकर उपवन में विहारकरने को गया और वहां रानी मदनसुन्दरी के साथ बहुतकालतक विहार करके परिजनों के रँगेहुए नखों से अशोककी शोभाको और सुन्दर स्त्रियों के गानों से कोकिला तथा भ्रमरोंकी ध्वनिको

के भयसे स्वामिकार्त्तिकके मंदिरमें नहींजाती हैं, तब राजा सर्पिणी के प्रभावसे रहितहोकर स्वामिकार्त्तिकके मंदिरमें गया स्वामिकार्त्तिकजी ने उसको सर्पिणी के निकलजाने से हीन तेज जानकर विचार कर देखा कि यह क्या वातहै और यह जानकर कि इसने सर्पिणी के वलसे उग्रतपकिया है क्रोधकरके उसे यह शापदिया कि हे दुष्ट तैंने मुझसे छल कियाहै इससे जब तेरे पुत्रहोगा तब पुत्रसमेत रानी से तेरा वियोग होजायगा इस दारुणशापको सुनकर महाकवि राजा कनकवर्ष ने सुन्दरश्लोकों से स्वामिकार्त्तिकजी की स्तुतिको सुनकर प्रसन्नहुए स्वामिकार्त्तिकजी ने कहा कि स्त्री तथा पुत्रके साथ एक वर्षतक तुम्हारा वियोगरहैगा और फिरतीन अपमृत्युओं से वचकर उनको पाजाओगे यहकहकर स्वामिकार्त्तिकजी के मौनहोजानेपर राजा कनकवर्ष उनको प्रणाम करके और उनकी कृपारूपी अमृत से तृप्तहोकर अपने नगरकोआया वहां कुछ कालके उपरान्त चन्द्रिकामें चन्द्रमाको अमृत वृष्टि के समान राजा कनकवर्षके मदनसुन्दरी रानी में पुत्र उत्पन्नहुआ पुत्रके मुखको देखकर राजा कनकवर्षने अत्यन्त प्रसन्नहोकर पुत्रके जन्मोत्सव में इतना सुवर्ण दान किया कि जिससे उसका कनकवर्षनाम यथार्थ हुआ उत्सवसे पांच रात्रिके व्यतीतहोनेपर छठी रात्रिमें सम्पूर्ण रक्षा विधिके होनेपर जैसे प्रमादी राजाके राज्यको शत्रु घेरलेते हैं उसीप्रकारसे अकस्मात् मेघों ने आकर आकाश छालिया और वायुरूपी मतवालाहाथी मदके समान वृष्टिकी धाराओंको छोड़ताहुआ वृक्षोंको उखाड़ताहुआ दौड़नेलगा उससमय कुंडी लगेहुए द्वारको भी खोलकर छुरी हाथमें लियेहुए कोई भयंकर स्त्री सूतिकागृहमें जाके मदनसुन्दरी के स्तनों को पान करते हुए वालकको छीनकर सम्पूर्ण परिजनों को मोहित करके भागी और मदनसुन्दरी विह्वल होके हाय २ मेरे वालकको यह राक्षसी हरेलियेजाती है यह कहतीहुई अन्धकारमें उसी के पीछेदौड़ी वह स्त्री जाकर वालकको लियेहुए एक तालावमें कूदपड़ी और मदनसुन्दरी भी अपने पुत्रकी चाहसे उसी तालावमें कूदपड़ी १६२ तदनन्तर क्षणभरमें मेघ निवृत्तहोगये रात्रि व्यतीतहोगई और सूतिकागृहमें परिजनलोग हाहाकारकरनेलगे उस हाहाकारको सुनकर राजा कनकवर्ष वहांआकर सूतिकागृहमें स्त्री तथा पुत्रको न देखकर मोहितहोगया और मोहसे जगकर हा पुत्र हा देवी इसप्रकार विलाप करते २ उसे स्वामिकार्त्तिकजी के शापकी याद आगई तब शापको यादकरके राजा इसप्रकारसे विलापकरनेलगा कि हे भगवन् स्वामिकार्त्तिकजी आपने मुझ अभागेको विषमें मिलेहुए अमृतके समान शापयुक्त वरदिया प्राणों से भी अधिकप्यारी मदनसुन्दरी के विना हजार युगके समान एकवर्षमें कैसे व्यतीतकरूंगा इसप्रकार विलापकरताहुआ राजा मंत्रियों के समझानेपर भी रानीही के साथ गयेहुए धैर्य्यको नहीं प्राप्तहुआ और कामके वेगसे पीड़ितहोके अपने नगर से निकलकर विन्ध्याचलके वनमें भ्रमण करनेलगा वहां मृगी के नेत्रोंको देखकर प्रियाके नेत्रोंको मृगगायोंकी पूंछ देखकर प्रियाके केशोंको तथा हाथियों के मन्दगवनको देखकर प्रियाकी मन्द २ गतिको स्मरणकरके राजाकामाग्नि से और भी अधिक व्याकुलहुआ और भूख तथा तृषासे व्याकुलहोकर भ्रमण करते २ एकस्थानमें झरनेका जल पीकर किसी वृक्षके नीचे बैठगया वहां गुफासे निकलकर वि-

उसकथाको सुनके पुत्रकी चिन्तासे दिनको व्यतीत करके रात्रि के समय एकान्त में शय्यापरलेटेहुए राजाने द्वारको विनाखोलेही भीतर आईहुई एक सौम्य विनीतस्त्री देखी और आश्चर्य्य पूर्व्वक उठकर उसे प्रणामकिया उसने राजाको आशीर्वाददेकर कहा कि हे पुत्र मैं नागराजवासुकि की पुत्री तुम्हारे पिताकी बड़ी बहिन रत्नप्रभाहूं तुम्हारी रक्षाके निमित्त सदैव तुम्हारे निकट अलक्षित होकर रहतीहूं आज तुम्हें खिन्नदेखकर मैंने दर्शनदिये हैं क्योंकि मैं तुम्हें दुःखित नहीं देखसक्ती हूं अब तुम अपने दुःखका कारणवताओ उसनागिनके यहवचन सुनकर राजाने कहा कि हे अम्ब मैं धन्यहूं जिसपर तुम इतनीदया करतीहो मुझे पुत्र न होनेकादुःखहै जिसकेलिये बड़े २ राजर्षि दशरथादिकोंने स्वर्गकेअभिलाषसे अत्यन्त यत्नकियाहै उसकेलिये मुझसरीका क्यों न इच्छाकरे कनकवर्षके यह वचन सुनकर रत्नप्रभा नागिनीने कहा कि इसका यह उपायहै कि तुमजाकर पुत्रके निमित्त स्वामिकार्त्तिकजीका आराधनकरो विघ्नकेलिये तुम्हारेशिरपर कुमार जलधारागिरेगी उसको तुम मेरे प्रभावसे सहलोगी क्योंकि मैं तुम्हारे शरीरमें प्रवेश करूंगी इससे तुम अन्य विघ्नोंकोभी जीतकर तुम अपने मनोरथोंको पाओगे यह कहकर वह सर्पिणी अन्तर्द्धान होगई और राजा प्रसन्नता पूर्व्वक रात्रिको व्यतीत करके प्रातःकाल मंत्रियों पर राज्यका भार सौंपकर स्वामिकार्त्तिकजी के स्थानमें जाकर उनको प्रसन्न करने के लिये घोर तप करनेलगा तव विघ्नके लिये असह्यकुमार जलधाराउसके शिरपर गिरनेलगी उसको उसने शरीरमें प्रविष्टहुई नागिनी के प्रभाव से सहलिया तव स्वामिकार्त्तिकजी ने विघ्नके लिये गणेशजी को भेजा गणेशजी ने उस जलधारामें महाभयंकर अजगर सर्पउसके ऊपर छोड़ा उस सर्प से भी राजाको निर्भय देखकर गणेशजी आपही आकर उसके हृदयमें दांत मारनेलगे तव राजा कनकवर्ष उनको देवताओं से भी अजेय जानकर उनकी यह स्तुति करनेलगा कि हे विघ्नेश सम्पूर्ण सिद्धियों की निधि के कुंभरूप आपको नमस्कारहै हे लम्बोदर सर्पोंके आभूषण पहरनेवाले आपको नमस्कारहै हे गजानन लीला पूर्व्वक सूंड़मार के कमलको हिलाकर ब्रह्माको भी कंपायमान करनेवाले आपकी जयहोय हे शंकर प्रिय हे शरणागत वत्सल आपको विना प्रसन्नकिये देवता दैत्य तथा मुनीश्वरोंकोभी सिद्धियां नहीं प्राप्त होतीहैं घटोदर सूर्पकर्ण गणाध्यक्ष मदोत्कट पाशहस्त अम्बरीष जम्बक तथा त्रिशिखायुध इत्यादिक पापनाशक छयासठनामों से देवता लोगोंने आपकी स्तुतिकी है हे दयानिधे आपका स्मरण करने तथा स्तुति करने से युद्ध राजा द्यूत चोर अग्नि तथा सिंहआदिकोंकाभी भय नष्टहोजाताहै इत्यादिक वहुतसी स्तुतियोंसे राजापर प्रसन्नहुए गणेशजी ने कहा कि हे पुत्र तुम्हारे ऊपर मैं प्रसन्न हूं अव विघ्न नहीं करूंगा तुम्हारे पुत्रहोगा यहकहकर श्रीगणेशजी अन्तर्द्धान होगये तव स्वामिकार्त्तिक जीने प्रकटहोकर राजासे कहा कि मैं तुमपर प्रसन्नहूं वरमांगो यह सुनकर राजाने प्रसन्नहोके कहा कि हे महाराज आपकी कृपासे मेरे पुत्र उत्पन्नहो यह सुनकर स्वामिकार्त्तिकजी ने कहा कि मेरेगणके अंश से तुम्हारे पुत्रहोगा और उसका हिरण्यवर्ष नाम होगा यह कहकर स्वामिकार्त्तिकजी ने उसे मंदिर के भीतर अधिक वरदेनेको वुलाया उससमय वह सर्पिणी उसके शरीरसे निकलगई क्योंकि स्त्रियां शाप

के भयसे स्वामिकार्त्तिकके मंदिरमें नहींजाती हैं तब राजा सर्पिणीके प्रभावसे रहितहोकर स्वामिकार्त्तिकके मंदिरमें गया स्वामिकार्त्तिकजी ने उसको सर्पिणी के निकलजाने से हीन तेज जानकर विचार कर देखा कि यह क्या बातहै और यह जानकर कि इसने सर्पिणी के बलसे उग्रतपकिया है क्रोधकरके उसे यह शापदिया कि हे दुष्ट तैंने मुझसे छल कियाहै इससे जब तेरे पुत्रहोगा तब पुत्रसमेत रानी से तेरा वियोग होजायगा इस दारुणशापको सुनकर महाकवि राजा कनकवर्ष ने सुन्दरश्लोकों से स्वामिकार्त्तिकजी की स्तुतिको सुनकर प्रसन्नहुए स्वामिकार्त्तिकजी ने कहा कि स्त्री तथा पुत्रके साथ एक वर्षतक तुम्हारा वियोगरहैगा और फिर तीन अपमृत्युओं से बचकर उनको पाजाओगे यहकहकर स्वामिकार्त्तिकजी के मौनहोजानेपर राजा कनकवर्ष उनको प्रणाम करके और उनकी कृपारूपी अमृत से तृप्तहोकर अपने नगरकोआया वहां कुछ कालके उपरान्त चन्द्रिकामें चन्द्रमाको अमृत वृष्टि के समान राजा कनकवर्षके मदनसुन्दरी रानी में पुत्र उत्पन्नहुआ पुत्रके मुखको देखकर राजा कनकवर्षने अत्यन्त प्रसन्नहोकर पुत्रके जन्मोत्सव में इतना सुवर्ण दान किया कि जिससे उसका कनकवर्षनाम यथार्थ हुआ उत्सवसे पांच रात्रिके व्यतीतहोनेपर छठी रात्रिमें सम्पूर्ण रक्षा विधिके होनेपर जैसे प्रमादी राजाके राज्यको शत्रु घेरलेते हैं उसीप्रकारसे अकस्मात् मेघों ने आकर आकाश छा लिया और वायुरूपी मतवालाहाथी मदके समान वृष्टिकी धाराओंको छोड़ताहुआ वृक्षोंको उखाड़ताहुआ दौड़नेलगा उससमय कुंडी लगेहुए द्वारको भी खोलकर छुरी हाथमें लियेहुए कोई भयंकर स्त्री सूतिकागृहमें जाके मदनसुन्दरी के स्तनों को पान करते हुए बालकको छीनकर सम्पूर्ण परिजनों को मोहित करके भागी और मदनसुन्दरी विह्वल होके हाय २ मेरे बालकको यह राक्षसी हरेलियेजाती है यह कहतीहुई अन्धकारमें उसी के पीछेदौड़ी वह स्त्री जाकर बालकको लियेहुए एक तालावमें कूदपड़ी और मदनसुन्दरी भी अपने पुत्रकी चाहसे उसी तालावमें कूदपड़ी १६२ तदनन्तर क्षणभरमें मेघ निवृत्तहोगये रात्रि व्यतीतहोगई और सूतिकागृहमें परिजनलोग हाहाकारकरनेलगे उस हाहाकारको सुनकर राजा कनकवर्ष वहांआकर सूतिकागृहमें स्त्री तथा पुत्रको न देखकर मोहितहोगया और मोहसे जगकर हा पुत्र हा देवी इसप्रकार विलाप करते २ उसे स्वामिकार्त्तिकजी के शापकी याद आगई तब शापको यादकरके राजा इसप्रकारसे विलापकरनेलगा कि हे भगवन् स्वामिकार्त्तिकजी आपने मुझ अभागेको विषमें मिलेहुए अमृतके समान शापयुक्त वरदिया प्राणों से भी अधिकप्यारी मदनसुन्दरी के विना हजार युगके समान एकवर्षमें कैसे व्यतीतकरूंगा इसप्रकार विलापकरताहुआ राजा मंत्रियों के समझानेपर भी रानीही के साथ गयेहुए धैर्य्यको नहीं प्राप्तहुआ और कामके वेगसे पीड़ितहोके अपने नगर से निकलकर विन्ध्याचलके वनमें भ्रमण करनेलगा वहां मृगी के नेत्रोंको देखकर प्रियाके नेत्रोंको मृगायोंकी पूंछ देखकर प्रियाके केशोंको तथा हाथियों के मन्दगमनको देखकर प्रियाकी मन्द २ गतिको स्मरणकरके राजाकामाग्नि से और भी अधिक व्याकुलहुआ और भूख तथा तृषासे व्याकुलहोकर भ्रमण करते २ एकस्थानमें झरनेका जल पीकर किसी वृक्षके नीचे बैठगया वहां गुफासे निकलकर सि-

उसकथाको सुनके पुत्रकी चिन्तासे दिनको व्यतीत करके रात्रि के समय एकान्त में शय्यापरलेटेहुए राजाने द्वारको विनाखोलेही भीतर आईहुई एक सौम्य विनीतस्त्री देखी और आश्चर्य्य पूर्व्वक उठकर उसे प्रणामकिया उसने राजाको आशीर्वाददेकर कहा कि हे पुत्र मैं नागराजवासुकि की पुत्री तुम्हारे पिताकी बड़ी बहिन रत्नप्रभाहूं तुम्हारी रक्षाके निमित्त सदैव तुम्हारे निकट अलक्षित होकर रहतीहूं आज तुम्हें खिन्नदेखकर मैंने दर्शनदिये हैं क्योंकि मैं तुम्हें दुःखित नहीं देखसक्ती हूं अब तुम अपने दुःखका कारणबताओ उसनागिनके यहवचन सुनकर राजाने कहा कि हे अम्ब मैं धन्यहूं जिसपर तुम इतनीदया करतीहो मुझे पुत्र न होनेकादुःखहै जिसकेलिये बड़े २ राजर्षि दशरथादिकोंने स्वर्गकेअभिलाषसे अत्यन्त यत्नकियाहै उसकेलिये मुझसरीका क्यों न इच्छाकरे कनकवर्षके यह वचन सुनकर रत्नप्रभा नागिनीने कहा कि इसका यह उपायहै कि तुमजाकर पुत्रके निमित्त स्वामिकार्त्तिकजीका आराधनकरो विघ्नकेलिये तुम्हारेशिरपर कुमार जलधारागिरेगी उसको तुम मेरे प्रभावसे सहलोगी क्योंकि मैं तुम्हारे शरीरमें प्रवेश करूंगी इससे तुम अन्य विघ्नोंकोभी जीतकर तुम अपने मनोरथोंको पाओगे यह कहकर वह सर्पिणी अन्तर्द्धान होगई और राजा प्रसन्नता पूर्व्वक रात्रिको व्यतीत करके प्रातःकाल मंत्रियों पर राज्यका भार सौंपकर स्वामिकार्त्तिकजी के स्थानमें जाकर उनको प्रसन्न करने के लिये घोर तप करनेलगा तब विघ्नके लिये असह्यकुमार जलधारा उसके शिरपर गिरनेलगी उसको उसने शरीरमें प्रविष्टहुई नागिनी के प्रभाव से सहलिया तब स्वामिकार्त्तिकजी ने विघ्नके लिये गणेशजी को भेजा गणेशजी ने उस जलधारामें महाभयंकर अजगर सर्प उसके ऊपर छोड़ा उस सर्प से भी राजाको निर्भय देखकर गणेशजी आपही आकर उसके हृदयमें दांत मारनेलगे तब राजा कनकवर्ष उनको देवताओं से भी अजेय जानकर उनकी यह स्तुति करनेलगा कि हे विघ्नेश सम्पूर्ण सिद्धियों की निधि के कुंभरूप आपको नमस्कारहै हे लम्बोदर सर्पोंके आभूषण पहरनेवाले आपको नमस्कारहै हे गजानन लीला पूर्व्वक सूंड़मार के कमलको हिलाकर ब्रह्माको भी कंपायमान करनेवाले आपकी जयहोय हे शंकर प्रिय हे शरणागत वत्सल आपको विना प्रसन्नकिये देवता दैत्य तथा मुनीश्वरोंकोभी सिद्धियां नहीं प्राप्त होतीहैं घटोदर सूर्पकर्ण गणाध्यक्ष मदोत्कट पाशहस्त अम्बरीष जम्बक तथा त्रिशिखायुध इत्यादिक पापनाशक छयासठनामों से देवता लोगोंने आपकी स्तुतिकी है हे दयानिधे आपका स्मरण करने तथा स्तुति करने से युद्ध राजा द्यूत चोर अग्नि तथा सिंहआदिकोंकाभी भय नष्टहोजाताहै इत्यादिक बहुतसी स्तुतियोंसे राजापर प्रसन्नहुए गणेशजी ने कहा कि हे पुत्र तुम्हारे ऊपर मैं प्रसन्न हूं अब विघ्न नहीं करूंगा तुम्हारे पुत्रहोगा यहकहकर श्रीगणेशजी अन्तर्द्धान होगये तब स्वामिकार्त्तिकजीने प्रकटहोकर राजासे कहा कि मैं तुमपर प्रसन्नहूं वरमांगो यह सुनकर राजाने प्रसन्नहोके कहा कि हे महाराज आपकी कृपासे मेरे पुत्र उत्पन्नहो यह सुनकर स्वामिकार्त्तिकजी ने कहा कि मेरेगणके अंश से तुम्हारे पुत्रहोगा और उसका हिरण्यवर्ष नाम होगा यह कहकर स्वामिकार्त्तिकजी ने उसे मंदिर के भीतर अधिक वरदेनेको बुलाया उससमय वह सर्पिणी उसके शरीरसे निकलगई क्योंकि स्त्रियां शाप

हिरण्यगर्भ को साथलेकर हथिनीपरचढ़के विदर्भदेश में अपने श्वशुर के कुण्डिनपुरनाम नगर में प्रथम गया वहां अपने श्वशुर के सत्कार से कईदिनरहकर वहां से चलकर कनकपुरनाम अपने नगरमें आया उससमय आनन्द तथा शोभासहित मूर्त्तिमान उत्सव के समान मदनसुन्दरी तथा हिरण्यवर्ष समेत राजा कनकवर्ष को पुरी में प्रवेशकरताजानकर पुरवासियों ने बड़ीप्रसन्नता प्रकटकी और राजाने सम्पूर्ण नगर में भ्रमणकरके अपने मन्दिर में आकर सम्पूर्ण परिजनों को बहुतसा धन बांटा और बड़ा उत्सव करके अपनी सब प्रजाओं को बड़ा आनन्द दिया इसप्रकार शाप से छूटकर राजा कनकवर्ष ने रानी मदनसुन्दरी तथा हिरण्यवर्ष के साथ कभी वियुक्त न होकर निष्कण्टक राज्यका पालनकिया गोमुखसे इस रुचिरकथा को सुनकर अलंकारवती समेत नरवाहनदत्त अत्यन्त प्रसन्नहुआ २३९॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांअलङ्कारवतीलम्बकेपञ्चमस्तरङ्गः ५॥

इसके उपरान्त गोमुखकी कथा से प्रसन्नहुआ नरवाहनदत्त मरुभूति को ईर्ष्या से कुपितदेखकर उसे प्रसन्नकरनेको बोला कि हे मरुभूति तुमभी कोई कथा कहो तब मरुभूति प्रसन्नहोकर बहुत अच्छा कहताहूं यह कहकर कहनेलगा कि राजा कमलवर्म्मा के कमलपुरनाम नगर में चन्द्रस्वामी नाम एक धनवान् सज्जनब्राह्मण रहताथा उस ब्राह्मण के बड़ीविनीत देवमतिनाम स्त्री में एक ऐसा सुलक्षण पुत्र उत्पन्न हुआ जिसके उत्पन्न होतेही यह आकाशवाणीहुई कि हे चन्द्रस्वामी इस पुत्रकानाम तुम महीपालरखना क्योंकि यह राजाहोकर बहुतकालतक पृथ्वीका पालनकरेगा इस आकाशवाणी को सुनकर चन्द्रस्वामी ने बड़ा उत्सवकरके अपने पुत्रकानाम महीपालरक्खा वह महीपाल थोड़ीही अवस्था में सम्पूर्ण शास्त्र शस्त्र अस्त्र तथा कलाओं में प्रवीणहोगया इस बीच में चन्द्रस्वामी के उसी देवमति स्त्री में अत्यन्त सुन्दरी चन्द्रवती नाम एक कन्या उत्पन्नहुई वह महीपाल और चन्द्रवती दोनों अपने पिता के यहां वृद्धि को प्राप्तभए एकसमय उस देशमें सूर्य्यकी किरणों के द्वारा सम्पूर्ण अनाजों के सूखजाने से बड़ा भारी दुर्भिक्षपड़ा उस दोष से वहांका राजा सन्मार्गछोड़कर अधर्म्म से प्रजाओं का धन लेनेलगा तब देशकी दुर्दशादेखकर देवमति ने चन्द्रस्वामी से कहा कि इस देशको छोड़कर तुम हमारे पिता के यहां चलो यहां रहने से कदाचित् मेरे सन्तान नष्ट न होजायँ यह सुनकर चन्द्रस्वामी ने कहा कि दुर्भिक्ष में घरको छोड़ना महापाप है इससे में इन दोनों बालकों को लेजाकर तुम्हारे पिता के यहां छोड़आताहूं तुम यहींरहो में इनको पहुँचाकर लौटआऊंगा यह कहकर उसे वहीं छोड़कर दोनों बालकों को लेकर चन्द्रस्वामी वहांसे चला और मार्ग में चलते २ तीन चार दिन के उपरान्त सूर्य्यकी किरणों से तप्तबालुका वाले सूखेहुए एक महावन में पहुँचा वहां प्यासेहुए महीपाल तथा चन्द्रवतीको किसीवृक्षकेनीचे बैठाल कर उनके लिये जलढूंढताहुआ बहुतदूर चलागया वहां उसे जलतो नहीं मिला परन्तु अकस्मात् निषादोंका स्वामी सिंहदंष्ट्रनाम निषाद मिला उसने उससे सबवृत्तान्त पूछकर और उसको जलार्थी जानकर अपने सेवकों से इशारा करके कहा कि इसे लाकर जल पिलाओ यह वचनसुनकर सेवकों ने उसका आशय जानके चन्द्रस्वामीको अपने गांव में लेजाकर बंधन में डाला तब चन्द्रस्वामी अपने को

न्ध्याचलके अट्टहासके समान गर्जताहुआ सिंह राजाके मारनेकोदौड़ा उसीसमय आकाशमार्ग से जातेहुए किसी विद्याधरने देखकर शीघ्रही खड्गसे सिंहके दो टुकड़ेकरडाले और राजा के निकटजाकर पूछा कि हे राजा कनकवर्ष तुम यहां क्यों आयेहो विद्याधरके यह वचन सुनकर राजाने अपना स्मरण करके उससे कहा कि मुझ विरहाग्निसे व्याकुलको तुम क्याजानो तब उसने कहा कि मैं आपही के पुरका रहनेवाला बन्धुमित्रनाम परिव्राजक ( संन्यासी ) था मैंने सेवाकरके अत्यन्त प्रार्थनापूर्वक आपही से सहायताकराके वेतालको सिद्धकरके विद्याधर सिद्धिपाई है इसी से मैंने आपको पहचानकर आपके मारनेको उद्यत सिंहको प्रत्युपकार करनेके निमित्त खड्गसेमारडाला हे राजा अब मेरानाम बन्धुप्रभ होगयाहै उसके यहवचनसुनकर राजानेकहा कि हाँ मुझे तुम्हारी यादहै तुमने उसी मित्रताका आज यहां निर्वाहकियाहै अब हे मित्र बताओ मुझसे स्त्री और पुत्रकासमागम कबहोगा यहसुनकर उसने अपनी विद्याकेप्रभावसे जानकरकहा कि जबतुम भगवती विन्ध्यवासिनी के दर्शन करोगे तबतुम्हारा अपनीस्त्री और पुत्र से समागमहोगा इससे तुम वहीं जाओ मैं अपने लोककोजाताहूं यह कहकर उसके आकाशमें चलेजानेपर राजा कनकवर्ष धैर्यको धारणकरके विन्ध्यवासिनी के दर्शनकोचला मार्ग में एक मतवाला हाथी मस्तककँपाके और सूंड़ फैलाकर उसके पीछेदौड़ा उसे देखकर राजा गड्ढों के मार्ग से इसरीतिपर भागा कि जिससे वह हाथी गढ़े में गिरकरमरगया तब मार्ग के श्रम से थकाहुआ राजा चलते २ उद्दंड पुंडरीक नाम एक बड़े तालाबपर पहुँचा और वहां स्नानकरके और कमलकी डंडीखाजलपीकर किसी वृक्ष के नीचे विश्रामकरनेलगा और क्षणभर में ही उसे निद्राआगई २१८ उससमय उसीमार्ग से शिकार खेलकर लौटेहुए निषादों ने राजा को सोतेहुएदेखा और उसके सुन्दर लक्षणदेखकर उसे बांधकर अपने मुक्ताफलनाम स्वामी के पास लेगये मुक्ताफल उसे सुलक्षण पुरुषजानकर बलिदानदेने के लिये विन्ध्यवासिनी के मन्दिर में लेगया वहां भगवती के दर्शनकरके प्रणामकरतेहुए राजा के बन्धन स्वामिकार्त्तिकजीकी कृपा से शिथिलहोगये यह देखकर निषादों के स्वामी मुक्ताफलने राजापर भगवतीकीकृपा जानकर उसे बन्धनों से छुटादिया इसप्रकार तीसरी अपमृत्यु से बचेहुए राजा के शापकावर्ष पूराहोगया तब वह सर्पिणी राजाके पुत्र तथा स्त्रीको लेकर वहांप्रकटहुई और बोली कि हे राजा मैंने श्रीस्वामिकार्त्तिकजी के शापको जानकर युक्तिपूर्वक इन दोनों को लेजाकर अपने स्थानमें रक्षाकीथी अब तुम इन दोनों को लो और पृथ्वीका अकण्टकराज्य भोगकरो यहकहकर वह सर्पिणी अन्तर्द्धानहोगई और राजा भी स्त्री पुत्र के वियोग को स्वप्न के समानमानकर अत्यन्त आनन्दपूर्वक रानी से मिला और रानी भी बहुतकाल के वियोग से सन्तप्त अपने अङ्गोंको शीतलकरनेको राजा के गले में लिपटगई बहुतकालके उपरान्त उन दोनों के मिलने से विरह क्लेश आँसुओं के साथ बहगया तब मुक्ताफल उसे राजा जानकर पैरों में गिरकर अपने अपराध क्षमाकराके उसे अपने ग्राम में लेगया और अपने ऐश्वर्य के अनुसार सेवनकरके उसे अपने यहां टिकाया तब राजा ने वहीं से दूतभेजकर अपने श्वशुर देवशक्ति को तथा अपनी सम्पूर्ण सेना को वहीं बुलवाया और उन सब के वहां आजानेपर मदनसुन्दरी तथा अपने पुत्र

हिरण्यगर्भ को साथलेकर हथिनीपरचढ़के विदर्भदेश में अपने श्वशुर के कुण्डिनपुरनाम नगर में प्रथम गया वहां अपने श्वशुर के सत्कार से कईदिनरहकर वहां से चलकर कनकपुरनाम अपने नगरमें आया उससमय आनन्द तथा शोभासहित मूर्तिमान उत्सव के समान मदनसुन्दरी तथा हिरण्यवर्ष समेत राजा कनकवर्ष को पुरी में प्रवेशकरताजानकर पुरवासियों ने बड़ीप्रसन्नता प्रकटकी और राजाने सम्पूर्ण नगर में भ्रमणकरके अपने मन्दिर में आकर सम्पूर्ण परिजनों को बहुतसा धन बांटा और बड़ा उत्सव करके अपनी सब प्रजाओं को बड़ा आनन्द दिया इसप्रकार शाप से छूटकर राजा कनकवर्ष ने रानी मदनसुन्दरी तथा हिरण्यवर्ष के साथ कभी वियुक्त न होकर निष्कण्टक राज्यका पालनकिया गोमुखसे इस रुचिरकथा को सुनकर अलंकारवती समेत नरवाहनदत्त अत्यन्त प्रसन्नहुआ २३९॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांअलङ्कारवतीलम्बकेपञ्चमस्तरङ्गः ५॥

इसके उपरान्त गोमुखकी कथा से प्रसन्नहुआ नरवाहनदत्त मरुभूति को ईर्ष्या से कुपितदेखकर उसे प्रसन्नकरनेको बोला कि हे मरुभूति तुमभी कोई कथा कहो तब मरुभूति प्रसन्नहोकर बहुत अच्छा कहताहूं यह कहकर कहनेलगा कि राजा कमलवर्म्मा के कमलपुरनाम नगर में चन्द्रस्वामी नाम एक धनवान् सज्जनब्राह्मण रहताथा उस ब्राह्मण के बड़ीविनीत देवमतिनाम स्त्री में एक ऐसा सुलक्षण पुत्र उत्पन्न हुआ जिसके उत्पन्न होतेही यह आकाशवाणीहुई कि हे चन्द्रस्वामी इस पुत्रकानाम तुम महीपालरखना क्योंकि यह राजाहोकर बहुतकालतक पृथ्वीका पालनकरेगा इस आकाशवाणी को सुनकर चन्द्रस्वामी ने बड़ा उत्सवकरके अपने पुत्रकानाम महीपालरक्खा वह महीपाल थोड़ीही अवस्था में सम्पूर्ण शास्त्र शस्त्र अस्त्र तथा कलाओं में प्रवीणहोगया इस बीच में चन्द्रस्वामी के उसी देवमति स्त्री में अत्यन्त सुन्दरी चन्द्रवती नाम एक कन्या उत्पन्नहुई वह महीपाल और चन्द्रवती दोनों अपने पिता के यहां वृद्धि को प्राप्तभए एकसमय उस देशमें सूर्यकी किरणों के द्वारा सम्पूर्ण अनाजों के सूखजाने से बड़ा भारी दुर्भिक्षपड़ा उस दोष से वहांका राजा सन्मार्गछोड़कर अधर्म्म से प्रजाओं का धन लेनेलगा तब देशकी दुर्दशादेखकर देवमति ने चन्द्रस्वामी से कहा कि इस देशको छोड़कर तुम हमारे पिता के यहां चलो यहां रहने से कदाचित् मेरे सन्तान नष्ट न होजायँ यह सुनकर चन्द्रस्वामी ने कहा कि दुर्भिक्ष में घरको छोड़ना महापाप है इससे मैं इन दोनों बालकों को लेजाकर तुम्हारे पिता के यहां छोड़आताहूं तुम यहींरहो मैं इनको पहुँचाकर लौटआऊंगा यह कहकर उसे वहीं छोड़कर दोनों बालकों को लेकर चन्द्रस्वामी वहांसे चला और मार्ग में चलते २ तीन चार दिन के उपरान्त सूर्य्यकी किरणों से तप्तबालुका वाले सूखेहुए एक महावन में पहुँचा वहां प्यासेहुए महीपाल तथा चन्द्रवतीको किसीवृक्षकेनीचे बैठाल कर उनके लिये जलढूंढ़ताहुआ बहुतदूर चलागया वहां उसे जलतो नहीं मिला परन्तु अकस्मात् निषादोंका स्वामी सिंहदंष्ट्रनाम निषाद मिला उसने उससे सबवृत्तान्त पूछकर और उसको जलार्थी जानकर अपने सेवकों से इशारा करके कहा कि इसे लाकर जल पिलाओ यह वचनसुनकर सेवकों ने उस का आशय जानके चन्द्रस्वामीको अपने गांव में लेजाकर बंधन में डाला तब चन्द्रस्वामी अपने को

न्ध्याचलके अट्टहासके समान गर्जताहुआ सिंह राजाके मारनेकोदौड़ा उसीसमय आकाशमार्ग से जातेहुए किसी विद्याधरने देखकर शीघ्रही खड्गसे सिंहके दो टुकड़ेकरडाले और राजा के निकटजाकर पूछा कि हे राजा कनकवर्ष तुम यहां क्यों आयेहो विद्याधरके यह वचन सुनकर राजाने अपना स्मरण करके उससे कहा कि मुझ विरहाग्निसे व्याकुलको तुम क्याजानो तब उसने कहा कि मैं आपही के पुरका रहनेवाला बन्धुमित्रनाम परिव्राजक ( संन्यासी ) था मैंने सेवाकरके अत्यन्त प्रार्थनापूर्व्वक आपही से सहायताकराके वेतालको सिद्धकरके विद्याधर सिद्धिपाई है इसी से मैंने आपको पहचानकर आपके मारनेको उद्यत सिंहको प्रत्युपकार करनेके निमित्त खड्गसेमारडाला हे राजा अब मेरानाम बन्धुप्रभ होगयाहै उसके यहवचनसुनकर राजानेकहा कि हाँ मुझे तुम्हारी यादहै तुमने उसी मित्रताका आज यहां निर्वाहकियाहै अब हे मित्र बताओ मुझसे स्त्री और पुत्रकासमागम कबहोगा यहसुनकर उसने अपनी विद्याकेप्रभावसे जानकरकहा कि जबतुम भगवती विन्ध्यवासिनी के दर्शनकरोगे तबतुम्हारा अपनीस्त्री और पुत्र से समागमहोगा इससे तुम वहीं जाओ मैं अपने लोककोजाताहूं यह कहकर उसके आकाशमें चलेजानेपर राजा कनकवर्ष धैर्य्यको धारणकरके विन्ध्यवासिनी के दर्शनकोचला मार्ग में एक मतवाला हाथी मस्तककँपाके और सूंड़फैलाकर उसके पीछेदौड़ा उसे देखकर राजा गड्ढों के मार्ग से इसरीतिपर भागा कि जिससे वह हाथी गढ़े में गिरकरमरगया तब मार्ग के श्रम से थकाहुआ राजा चलते २ उद्दंड पुंडरीक नाम एक बड़े तालावपर पहुँचा और वहां स्नानकरके और कमलकी दंडीखाजलपीकर किसी वृक्ष के नीचे विश्रामकरनेलगा और क्षणभर में ही उसे निद्राआगई २१८ उससमय उसीमार्ग से शिकार खेलकर लौटेहुए निषादों ने राजा को सोतेहुएदेखा और उसके सुन्दर लक्षणदेखकर उसे बांधकर अपने मुक्ताफलनाम स्वामी के पास लेगये मुक्ताफल उसे सुलक्षण पुरुषजानकर बलिदानदेने के लिये विन्ध्यवासिनी के मन्दिर में लेगया वहां भगवती के दर्शनकरके प्रणामकरतेहुए राजा के बन्धन स्वामिकार्त्तिकजीकी कृपा से शिथिलहोगये यह देखकर निषादों के स्वामी मुक्ताफलने राजापर भगवतीकीकृपा जानकर उसे बन्धनों से छुटादिया इसप्रकार तीसरी अपमृत्यु से बचेहुए राजा के शापकावर्ष पूराहोगया तब वह सर्पिणी राजाके पुत्र तथा स्त्रीको लेकर वहांप्रकटहुई और बोली कि हे राजा मैंने श्रीस्वामिकार्त्तिकजी के शापको जानकर युक्तिपूर्व्वक इन दोनों को लेजाकर अपने स्थानमें रक्षाकीथी अब तुम इन दोनों को लो और पृथ्वीका अकण्टकराज्य भोगकरो यहकहकर वह सर्पिणी अन्तर्द्धानहोगई और राजा भी स्त्री पुत्र के वियोग को स्वप्न के समानमानकर अत्यन्त आनन्दपूर्व्वक रानी से मिला और रानी भी बहुतकाल के वियोग से सन्तप्त अपने अङ्गोंको शीतलकरनेको राजा के गले में लिपटगई बहुतकालके उपरान्त उन दोनों के मिलने से विरह क्लेश आँसुओं के साथ बहगया तब मुक्ताफल उसे राजा जानकर पैरों में गिरकर अपने अपराध क्षमाकराके उसे अपने ग्राम में लेगया और अपने ऐश्वर्य्य के अनुसार सेवनकरके उसे अपने यहां टिकाया तब राजा ने वहीं से दूतभेजकर अपने श्वशुर देवशक्ति को तथा अपनी सम्पूर्ण सेना को वहीं बुलवाया और उन सब के वहां आजानेपर मदनसुन्दरी तथा अपने पुत्र

का विचार किया और रात्रिभर वहां रहकर दूसरेदिन नारिकेलद्वीपके जानेवाले विष्णुवर्मा नाम किसी वैश्यसे मिलकर उसीके साथ जहाजपर चढ़के पुत्रके स्नेह से नारिकेलद्वीपको गया वहां उसे वहां के वैश्योंके द्वारा मालूमहुआ कि कनकवर्मा वनमें मिलेहुए ब्राह्मणके पुत्र तथा कन्याकोलेकर यहांआयातोथा परन्तु अव वह यहांसे उनको लेकर कटाहद्वीपको गया यह सुनकर चन्द्रस्वामी कटाहद्वीपको जातेहुए दानवर्मानाम वैश्यकेसाथ जहाजपर चढ़कर कटाहद्वीपको गया वहां भी उसने सुना कि वह वैश्य यहांसे कर्पूरद्वीपको गया इसप्रकारसे वह कर्पूर सुवर्ण तथा सिंहलद्वीप में वणियों के साथ गया परन्तु वह वैश्य न मिला सिंहलद्वीप में उसे यह मालूमहुआ कि वह वणिया अपने देशमें चित्रकूट नाम नगर को गया यह समाचार जानकर चन्द्रस्वामी ने कोटीश्वरनाम वैश्यकेसाथ जहाजपर चढ़के समुद्र के पार आकर चित्रकूटनाम नगरमें कनकवर्मानाम वैश्यको ढूंढ़कर उससे अपना सव वृत्तान्तकहा तव कनकवर्मा ने उसको दुखित देखकर वह दोनों कन्या तथा बालकलाकर दिखाये शोकका विषयहै कि वह बालक तथा कन्या दोनों उस के न थे उन दोनोंको अपने कन्या और पुत्र न जानके चन्द्रस्वामी निराश होकर शोकसे व्याकुल होकर कहनेलगा कि हाय मैंने इतनी दूर भ्रमण करके भी न अपना पुत्र पाया और न कन्यापाई दुष्टस्वामीके समान ब्रह्माने मुझे आशादिखाई परन्तु पूर्ण न की और व्यर्थ वहुत दूर भ्रमण कराया इत्यादि अनेक विलाप करतेहुए चन्द्रस्वामीको कनकवर्मा ने वहुत समझाकर सावधान किया तव चन्द्रस्वामीने शोकयुक्त होकर कहा कि जो पृथ्वी में पर्य्यटन करने से एकवर्षके भीतर मेरे कन्या और पुत्र न मिलेंगे तो गंगाजीके तटपर तपकरके मैं अपने शरीरको त्याग दूंगा उसके वह वचन सुनकर वहां वैठेहुए किसी ज्ञानीने उससे कहा कि नारायणीकी कृपासे तुमको कन्या पुत्र दोनों मिलजायँगे तुम जाओ यह सुनकर चन्द्रस्वामी प्रसन्नहोके श्रीसूर्य्य भगवान्की कृपाको स्मरण करके वैश्योंके पूजन सत्कारको ग्रहण करके वहां से चला और अनेक ग्राम तथा नगरोंको ढूंढ़ताहुआ भ्रमण करते २ एकदिन सायंकालके समय वहुतसे लम्बे २ वृक्षोंसे युक्त किसी वड़े घोर वनमें पहुंचा वहां फल खाकर जलपीके रात्रिको व्यतीत करनेकेलिये वह किसी वृक्षपर चढ़के वैठा ७५ अर्द्ध रात्रिके समय उसने उसी वृक्षके नीचे महानारायणी आदिक मातृका आईहुई देखीं वह सव अपनी २ भेटको लियेहुए भैरवनाथकी प्रतीक्षा करनेलगीं और थोड़ेही कालके पीछे भैरवजीको न आये देखकर सम्पूर्ण मातृका नारायणीजी से पूछनेलगीं कि आज भैरवने क्यों देरकरी है क्यों नहीं आये परन्तु नारायणी कुछ उत्तर न देकर हँसने लगीं फिर उनसवके वहुत हठकरनेपर नारायणीने कहा कि सखियो यद्यपि लज्जाकी वातहै तथापि मैं तुमसे कहतीहूं यहां सुरपुरनाम नगरमें सूरसेन नाम राजाहै उसके विद्याधरीनाम वड़ी रूपवती कन्या है राजाने उस कन्याको विमलनाम राजाके वड़े रूपवान् प्रभाकर नाम पुत्रको देनाचाहा और विमलने उस विद्याधरीकी प्रशंसा सुनके अपने पुत्रके लिये दूतभेजकर राजा सूरसेनसे विद्याधरीमांगी तव सूरसेनने वहुत प्रसन्नहोके प्रभाकरकेसाथ उस विद्याधरीका विवाह करदिया और उसीके साथउसको वहुतसा धन देकर विदा करदिया तदनन्तर विद्याधरी अपने श्वशुर

बलिदानके लिये बांधागया जानकर अपनीकन्या तथा पुत्रका शोककरके विलाप करनेलगा कि हा महीपाल हा वत्से चन्द्रवती मैंने तुमको अकेलाही वनमें छोड़कर सिंह व्याघ्रादिकोंकी भेटकिया और इन चोरोंके हाथ अपने प्राणदिये यहांकोई मेरी रक्षा करनेवाला नहीं है इसप्रकार विलाप करते २ वह आकाशमें सूर्य्य भगवान्को देखकर यह शोचके कि मोहको छोड़कर प्रभुकी शरण में जाना चाहिये उनकी यह स्तुति करनेलगा हे विभो पर तथा अपर आकाशमें शयन करनेवाले बाह्य तथा अभ्यन्तर अन्धकारके दूर करनेवाले तेजोमय आपको नमस्कारहै तीनोंलोकों में व्याप्त विष्णु आपहीहो कल्याणों के निधि श्रीशिवजी आपहीहो सोयेहुए संसारको चेष्टा करानेवाले ब्रह्माजी भी आपहीहो यहप्रकाश रहित चन्द्रमा तथा अग्नि प्रकाशितहोवें इसलिये मानों आप रात्रि के समय अन्तर्द्धान होजाते हो आपके उदयहोनेपर राक्षस भागजातेहैं चोर अपने कुकर्ममें असमर्थ होजातेहैं और गुणीलोग प्रसन्नहोते हैं इससे हे त्रैलोक्यके दीपकरूप सूर्य्य भगवान् मुझ शरणागतकी रक्षाकरो दयाकरके इसदुःख रूपी अन्धकारको दूरकरो उसके इसप्रकार स्तुति करनेपर यहआकाशवाणीहुई कि हे चन्द्रस्वामी मैं तुम्हारेऊपर प्रसन्नहूं तुम्हारा वध नहींहोगा मेरीकृपासे तुम्हारापुत्र तथा कन्या मिलजायगी इसआकाशवाणीकोसुनकर धैर्य्ययुक्तहुए चन्द्रस्वामीको निषादराजके सेवकोंने स्नानकराके सुन्दरभोजनकरवाया ३६ इस बीचमें वनमेंअकेले बैठे हुए पिताके न आनेसे रोतेहुए चन्द्रवतीसहित महीपालको उसीमार्ग से आयाहुआ सार्थधर नाम वैश्य उनदोनोंसे संपूर्ण वृत्तान्त पूछकर दयायुक्तहोकर उनदोनोंको अपने नगरमें लेगया और पुत्रके समान स्नेहकरके उनकापालन करनेलगा और वहमहीपाल वहां बाल्यावस्थाही में हवन तथा जपादिक धर्म्मकार्य करनेलगा एकसमय तारापुर के राजा ताराधरका मंत्री अनन्तस्वामीनाम ब्राह्मण किसीकार्य्यवशसे उसी मार्गमें आकर अपने परिकरसमेत उसी वैश्यके यहां ठहरा वह उस महीपालको जपतथा हवनमें निरतदेखकर संपूर्ण वृत्तान्त पूछके उसे ब्राह्मणका बालक जानकर आप अनपत्य होनेके कारण उसवैश्यसे चन्द्रवती समेत महीपालको मांगकर अपने तारापुर नगरको लेगया और वहां महीपालको अपनापुत्र और चन्द्रवतीको बनाकर बड़ेसुखसे दोनोंको रखने लगा इस बीचमें भिल्लोंके स्वामी सिंहदंष्ट्रने चन्द्रस्वामीके पास आकरकहा कि हेब्राह्मण सूर्य्यभगवान् ने मुझसे स्वप्नमें कहाहै कि इसब्राह्मणको मारनानहीं केवल पूजनकरके इसे छोड़देना इससे आपकी जहां इच्छाहोय वहां जाइये यह कहकर उसने चन्द्रस्वामीको बहुतसेमोती तथा कस्तूरी देकर और वन में उसकी रक्षाको अपने सेवकदेकरउसे विदाकिया इसप्रकार वहांसे छुटाहुआ चन्द्रस्वामी वनमें अपने पुत्र तथा कन्याको न पाकर ढूंढ़ताहुआ समुद्रके तटपर जलपुरनाम नगरमें किसी ब्राह्मणके यहां अतिथिहोकर गया वहां भोजन करनेके उपरान्त प्रसंगसे इसका संपूर्ण वृत्तान्त जानकर उसगृहपति ब्राह्मणने कहा कि कुछ दिनहुए कनकवर्मनाम एक वैश्य यहां आयाथा उसने वनमें एक ब्राह्मणकापुत्र तथा कन्या पाईथी वह उन दोनोंको लेकर यहांसे नारिकेलनाम महाद्वीपको गया परन्तु उनका नाम उसने नहीं बतायाथा यह सुनकर चन्द्रस्वामीने उनको अपनेही सन्तान जानके नारकेलद्वीप में जाने

का विचार किया और रात्रिभर वहां रहकर दूसरेदिन नारिकेलद्वीपके जानेवाले विष्णुवर्मा नाम किसी वैश्यसे मिलकर उसीके साथ जहाजपर चढ़के पुत्रके स्नेह से नारिकेलद्वीपको गया वहां उसे वहां के वैश्योंके द्वारा मालूमहुआ कि कनकवर्मा वनमें मिलेहुए ब्राह्मणके पुत्र तथा कन्याकोलेकर यहांआयातोथा परन्तु अब वह यहांसे उनको लेकर कटाहद्वीपको गया यह सुनकर चन्द्रस्वामी कटाहद्वीपको जातेहुए दानवर्मानाम वैश्यकेसाथ जहाजपर चढ़कर कटाहद्वीपको गया वहां भी उसने सुना कि वह वैश्य यहांसे कर्पूरद्वीपको गया इसप्रकारसे वह कर्पूर सुवर्ण तथा सिंहलद्वीप में वणियों के साथ गया परन्तु वह वैश्य न मिला सिंहलद्वीप में उसे यह मालूमहुआ कि वह वणिया अपने देशमें चित्रकूट नाम नगर को गया यह समाचार जानकर चन्द्रस्वामी ने कोटीश्वरनाम वैश्यकेसाथ जहाजपर चढ़के समुद्र के पार आकर चित्रकूटनाम नगरमें कनकवर्मानाम वैश्यको ढूंढ़करउससे अपना सब वृत्तान्तकहा तब कनकवर्मा ने उसको दुखित देखकर वह दोनों कन्या तथा बालकलाकर दिखाये शोकका विषयहै कि वह बालक तथा कन्या दोनों उस के न थे उन दोनोंको अपने कन्या और पुत्र न जानके चन्द्रस्वामी निराश होकर शोकसे व्याकुल होकर कहनेलगा कि हाय मैंने इतनी दूर भ्रमण करके भी न अपना पुत्र पाया और न कन्यापाई दुष्टस्वामीके समान ब्रह्माने मुझे आशादिखाई परन्तु पूर्ण न की और व्यर्थ बहुत दूर भ्रमण कराया इत्यादि अनेक विलाप करतेहुए चन्द्रस्वामीको कनकवर्मा ने बहुत समझाकर सावधान किया तब चन्द्रस्वामीने शोकयुक्त होकर कहा कि जो पृथ्वी में पर्य्यटन करने से एकवर्षके भीतर मेरे कन्या और पुत्र न मिलेंगे तो गंगाजीके तटपर तपकरके मैं अपने शरीरको त्याग दूंगा उसके वह वचन सुनकर वहां बैठेहुए किसी ज्ञानीने उससे कहा कि नारायणीकी कृपासे तुमको कन्या पुत्र दोनों मिलजायँगे तुम जाओ यह सुनकर चन्द्रस्वामी प्रसन्नहोके श्रीसूर्य्य भगवान्की कृपाको स्मरण करके वैश्यों के पूजन सत्कारको ग्रहण करके वहां से चला और अनेक ग्राम तथा नगरोंको ढूंढ़ताहुआ भ्रमण करते २ एकदिन सायंकालके समय बहुतसे लम्बे २ वृक्षोंसे युक्त किसी बड़े घोर वनमें पहुंचा वहां फल खाकर जलपीके रात्रिको व्यतीत करनेकेलिये वह किसी वृक्षपर चढ़के बैठा ७५ अर्द्ध रात्रिके समय उसने उसी वृक्षके नीचे महानारायणी आदिक मातृका आईहुई देखीं वह सब अपनी २ भेटको लियेहुए भैरवनाथकी प्रतीक्षा करनेलगीं और थोड़ेही कालके पीछे भैरवजीको न आये देखकर सम्पूर्ण मातृका नारायणीजी से पूछनेलगीं कि आज भैरवने क्यों देरकरी है क्यों नहीं आये परन्तु नारायणी कुछ उत्तर न देकर हँसने लगीं फिर उनसबके बहुत हठकरनेपर नारायणीने कहा कि सखियो यद्यपि लज्जाकी बातहै तथापि मैं तुमसे कहतीहूं यहां सुरपुरनाम नगरमें सूरसेन नाम राजाहै उसके विद्याधरीनाम बड़ी रूपवती कन्या है राजाने उस कन्याको विमलनाम राजाके बड़े रूपवान् प्रभाकर नाम पुत्रको देनाचाहा और विमलने उस विद्याधरीकी प्रशंसा सुनके अपने पुत्रके लिये दूतभेजकर राजा सूरसेनसे विद्याधरीमांगी तब सूरसेनने बहुत प्रसन्नहोके प्रभाकरकेसाथ उस विद्याधरीका विवाह करदिया और उसीके साथ उसको बहुतसा धन देकर विदा करदिया तदनन्तर विद्याधरी अपने श्वशुर

के गृहमें पहुंचकर रात्रिके समय पतिके साथ शयन स्थानमें गई वहां संभोग विना कियेही सोयेहुए अपने पति प्रभाकरको नपुंसक जानकर हाय २ मुझ अभागिनिको नपुंसक पति मिलाहै यह शोच करतीहुई विद्याधरीने रात्रि व्यतीत करके दूसरे दिन अपने पिताको यह लेख लिखा कि आपने कैसे विना देखेभाले नपुंसकके साथ मेरा विवाह करदिया उस लेखको पढ़कर उसका पिता राजासूरसेन बहुत क्रोधित हुआ कि विमलने मुझको ठगाहै तब उसने विमलको यह चिट्ठी लिखी कि तुमने छल करके अपने नपुंसकपुत्रके साथ मेरी कन्या का विवाह करवालिया अब तुम इसका फल भोगो मैं आकर तुमको मारूंगा इसलेखको पाकर विमलने व्याकुलहोके अपने मंत्रियों से पूछा कि इस दुर्जेय राजासे बचने का अब कौनसा उपायहै यह सुनकर पिंगदत्तनाम मंत्री ने कहा कि हे स्वामी इसमें एकही उपायहै वह मैं आपको बताताहूं स्थूलशिरायक्ष के आराधनका मंत्र मुझे मालूमहै उस मंत्रको जपकर स्थूलशिराको सिद्धकरके उससे अपने पुत्रके निमित्त लिंगमांगिये तो विग्रहशान्त होजाय मंत्री के यह वचन सुनकर राजाने मंत्र सीखकर जपके द्वारा उसयक्षको सिद्धकरके उससे अपने पुत्रके लिये लिंगमांगा उसने प्रभाकरको थोड़े दिनोंकेलिये लिंगदेदिया इससे प्रभाकर तो पुरुष होगया परन्तु यक्ष नपुंसक होगया और वह विद्याधरी प्रभाकरको पुरुष देखकर उसके साथ रमणकरके अपने चित्तमें शोचनेलगी कि मदके दोषसे मुझे भ्रान्ति होगईथी मेरा पति नपुंसक नहीं है यह शोचकर उसने पिताको इसी आशयका पत्र भेजदिया उस पत्रको पाकर राजासूरसेन क्रोधरहित होकर शान्त होगया १०० इसी वृत्तान्तको जानकर भैरवजी ने आज कोप करके स्थूलशिरायक्षको बुलाकर यह शापदिया कि तैंने अपना लिंगदेकर नपुंसकत्व अंगीकार किया इससे तू जन्मभर नपुंसक रहैगा और वह प्रभाकर जन्म भर पुरुष रहैगा इसप्रकार से वह यक्ष तो नपुंसकहोके महादुखी होरहाहै और प्रभाकर पुरुष होकर सुख भोगरहाहै इसी कार्य्य से आज भैरवजी के आने में देरहुई है अब वह आनेही चाहते हैं नारायणी देवी के इसप्रकार कहतेही कहते चक्रके स्वामी भैरवजी वहां आगये और संपूर्ण मातृकाओं के पूजन और बलिको ग्रहण करके योगिनियों के साथ ताण्डवनृत्य करने लगे यह सब वृत्तान्त चन्द्रस्वामी वृक्षके ऊपर से देखतारहा और नारायणीकी एक दासीको देखकर उसपर अनुरक्तहुआ और दासी भी उसे देखकर उसपर अनुरक्त होगई उन दोनों का यह परस्पर अनुराग नारायणी ने जान लिया तब नारायणी के सिवाय सम्पूर्ण मातृकाओं समेत भैरवजी के चलेजानेपर नारायणी ने वृक्षपरसे चन्द्रस्वामी को नीचे बुलाकर उससे और दासी से पूछा कि क्या तुम दोनों को परस्पर अभिलाष है उन्हों ने कहा कि हाँ हैं उनके यह यथार्थ वचनसुनकर भगवती ने क्रोध रहितहोके चन्द्रस्वामी से कहा कि तुम्हारे सत्यवचनोंसे मैं प्रसन्नहूं इससे मैं तुमको शापनहींदूंगी और यहदासी तुम लेलो जिससे तुमदोनोंको सुखहोय यहसुनकर चन्द्रस्वामी ने कहा कि हे देवी यद्यपि यह चंचलमन रोकनेसेभी नहीं रुकताहै तथापि मैं परस्त्रीका स्पर्श नहींकरसक्ता मनकी तो यहप्रकृतिहै इससे कायिकपापसे बचना अवश्यहै उस धीरके यह वचनसुनकर देवीने प्रसन्नहोकर कहा कि मैं तुम्हारे ऊपर प्रसन्नहोके यह वरदेती

हूं कि शीघ्रही तुमको पुत्र तथा कन्या मिलजायगी और यह नहीं म्लान होनेवाला विष आदि दोषों का दूरकरनेवाला कमल मुझसे लो यह कहकर और कमल देकर नारायणी अपनी दासियों समेत अन्तर्द्धान होगई और चन्द्रस्वामी उस कमलको लेकर रात्रिके व्यतीत होजानेपर भ्रमण करताहुआ तारापुर नगरमें अनन्तस्वामी नाम मन्त्रीके घरपर जहां उसका महीपाल नाम पुत्र और चन्द्रवतीनाम कन्याथी पहुंचा वहां वह उस मन्त्रीको अतिथिवत्सल सुनकर भोजनके लोभसे उसके द्वारपर वेदका पाठकरनेलगा मन्त्रीने वेदाध्ययन सुनकर उसे प्रतीहारके द्वारा भीतर बुलवाके उसे अपने यहां भोजन का निमन्त्रण दिया निमन्त्रण पाकर चन्द्रस्वामी पापनाशक अनन्तहृद नाम तड़ागको सुनकर वहीं स्नानकरने को गया स्नानकरके जब वह लौटा तो नगरमें बड़ा हाहाकार शब्द सुनाई दिया पूछने से लोगोंने उससे कहा कि सार्थधरनाम वैश्य किसी ब्राह्मणके महीपाल नाम पुत्रको उसकी बहिन समेत वनसे लेआयाथा उस वैश्यसे यहाँ के राजाके मन्त्री अपुत्र अनन्तस्वामी ने भगिनी समेत उसबालक को मांगलाकर पुत्रके समान उसका पालनकिया और वह महीपाल अपने सद्गुणों के कारण राजा तारावर्माका तथा सम्पूर्ण राज्यका अत्यन्त प्यारा होगया आज उसी महीपालको कालेसर्प ने काटाहै इसीसे सम्पूर्ण नगर में हाहाकार होरहाहै यह सुनकर चन्द्रस्वामी ने यह जानकर कि यह मेराही पुत्रहै और भगवती के दियेहुए कमलको अपने हाथमें देखके अत्यन्त प्रसन्नहोके शीघ्रही अनन्तस्वामी के घरमें जाकर उस महीपालको वह कमलसुँघाया उसके सूंघतेही महीपाल निर्विषहोकर सोके जगेहुएके समान उठबैठा तब सम्पूर्णपुरमें बड़ाउत्सवहुआ और अनन्तस्वामी राजा तथा पुरवासियोंने चंद्रस्वामी को महात्मा जानकर उसे बहुतसा धनदिया उसधनकोपाकर चंद्रस्वामी अपनेपुत्र तथा कन्याको देख-ताहुआ उसी मंत्रीके यहां रहा और उन तीनोंने परस्पर पहचान करके भी अपना वृत्तान्त नहीं प्रकट किया ठीकहै (कुर्वन्त्यकालेभिव्यक्तिं नकार्य्यापेक्षिणोबुधाः) कार्य्यकी अपेक्षा करनेवाले विद्वान्लोग असमयमें अपने वृत्तान्तको प्रकट नहीं करते हैं इसके उपरान्त राजा तारावर्मा ने महीपालके गुणों से प्रसन्न होकर उसके साथ अपनी बन्धुमती नाम कन्याका विवाह करदिया और अपना आधा राज्य उसे देकर संपूर्ण राज्यका भार उसीके सुपुर्द करदिया इसप्रकारसे राज्यपाकर वह महीपाल चन्द्रस्वामी को अपना पिता प्रसिद्ध करके और अपनी बहिनका किसी योग्य पतिके साथ विवाह करके सुखपूर्वक रहनेलगा एकसमय चन्द्रस्वामीने एकान्तमें उससे कहा कि हे पुत्र अपने देशमें चलकर अपनी माताको लेआओ नहीं तो ऐसा न होय कि वह तुम्हें राज्यमें स्थित जानकर वियोग से कुपितहोके शापदेदे और जिसको क्रोधकरके माता पिता शापदेतेहैं उसे कभी सुख नहीं होता इस विषयमें तुम को मैं एक वैश्यके पुत्रकी कथा सुनाताहूं धवलनाम पुरमें चक्रनाम एक वैश्यका पुत्र अपने माता पिताकी बिना आज्ञालिये स्वर्णद्वीपको व्यवहार करनेको गया वहां पांचवर्ष में बहुतसाधन उपार्जन करके वह अपने देशमें आनेके लिये रत्नोंसे भरेहुए जहाजपर चढ़करचला जब किनारा कुछही दूर बाकीरहा तब आकाशसे जलकी वृष्टि और महाप्रचण्ड वायुचलनेलगी उसीसे वह जहाज टूटगया तब

के गृहमें पहुंचकर रात्रिके समय पतिके साथ शयन स्थानमें गई वहां संभोग विना कियेही सोयेहुए अपने पति प्रभाकरको नपुंसक जानिकर हाय २ मुझ अभागिनिको नपुंसक पति मिलाहै यह शोच करतीहुई विद्याधरीने रात्रि व्यतीत करके दूसरे दिन अपने पिताको यह लेख लिखा कि आपने कैसे विना देखेभाले नपुंसकके साथ मेरा विवाह करदिया उस लेखको पढ़कर उसका पिता राजासूरसेन बहुत क्रोधित हुआ कि विमलने मुझको ठगाहै तब उसने विमलको यह चिट्ठी लिखी कि तुमने छल करके अपने नपुंसकपुत्रके साथ मेरी कन्या का विवाह करवालिया अब तुम इसका फल भोगो मैं आकर तुमको मारूंगा इसलेखको पाकर विमलने व्याकुलहोके अपने मंत्रियों से पूछा कि इस दुर्जय राजासे बचने का अब कौनसा उपायहै यह सुनकर पिंगदत्तनाम मंत्री ने कहा कि हे स्वामी इसमें एकही उपायहै वह मैं आपको बताताहूं स्थूलशिरायक्ष के आराधनका मंत्र मुझे मालूमहै उस मंत्रको जपकर स्थूलशिराको सिद्धकरके उससे अपने पुत्रके निमित्त लिंगमांगिये तो विग्रह शान्त होजाय मंत्री के यह वचन सुनकर राजाने मंत्र सीखकर जपके द्वारा उसयक्षको सिद्धकरके उससे अपने पुत्रके लिये लिंगमांगा उसने प्रभाकरको थोड़े दिनोंकेलिये लिंगदेदिया इससे प्रभाकर तो पुरुष होगया परन्तु यक्ष नपुंसक होगया और वह विद्याधरी प्रभाकरको पुरुष देखकर उसके साथ रमणकरके अपने चित्तमें शोचनेलगी कि मदके दोषसे मुझे भ्रान्ति होगईथी मेरा पति नपुंसक नहीं है यह शोचकर उसने पिताको इसी आशयका पत्र भेजदिया उस पत्रको पाकर राजासूरसेन क्रोधरहित होकर शान्त होगया १०० इसी वृत्तान्तको जानकर भैरवजी ने आज कोप करके स्थूलशिरायक्षको बुलाकर यह शापदिया कि तैंने अपना लिंगदेकर नपुंसकत्व अंगीकार किया इससे तू जन्मभर नपुंसक रहैगा और वह प्रभाकर जन्मभर पुरुष रहैगा इसप्रकार से वह यक्ष तो नपुंसकहोके महादुखी होरहाहै और प्रभाकर पुरुष होकर सुख भोगरहाहै इसी कार्य्य से आज भैरवजी के आने में देरहुई है अब वह आनेही चाहते हैं नारायणी देवी के इसप्रकार कहतेही कहते चक्रके स्वामी भैरवजी वहां आगये और सम्पूर्ण मातृकाओं के पूजन और बलिको ग्रहण करके योगिनियों के साथ ताण्डवनृत्य करने लगे यह सब वृत्तान्त चन्द्रस्वामी वृक्षके ऊपर से देखतारहा और नारायणीकी एक दासीको देखकर उसपर अनुरक्तहुआ और दासी भी उसे देखकर उसपर अनुरक्त होगई उन दोनों का यह परस्पर अनुराग नारायणी ने जान लिया तब नारायणी के सिवाय सम्पूर्ण मातृकाओं समेत भैरवजी के चलेजानेपर नारायणी ने वृक्षपर से चन्द्रस्वामी को नीचे बुलाकर उससे और दासी से पूछा कि क्या तुम दोनों को परस्पर अभिलाष है उन्हों ने कहा कि हाँ है उनके यह यथार्थ वचनसुनकर भगवती ने क्रोध रहितहोके चन्द्रस्वामी से कहा कि तुम्हारे सत्यवचनोंसे मैं प्रसन्नहूं इससे मैं तुमको शापनहींदूंगी और यहदासी तुम लेलो जिससे तुमदोनोंको सुखहोय यहसुनकर चन्द्रस्वामी ने कहा कि हे देवी यद्यपि यह चंचलमन रोकनेसेभी नहीं रुकताहै तथापि मैं परस्त्रीका स्पर्श नहींकरसक्ता मनकी तो यहप्रकृतिहै इससे कायिकपापसे बचना अवश्यहै उस धीरके यह वचनसुनकर देवीने प्रसन्नहोकर कहा कि मैं तुम्हारे ऊपर प्रसन्नहोके यह वरदेती

और माता पिताकी भक्ति कामधेनुके समान फलदायकहोती है इसपरभी में तुमको एककथा सुनाताहूं पूर्व्वसमय किसी वनमें कोई महातपस्वी मुनिथा एकसमय वृक्षकी छायामें बैठेहुए उसमुनिके ऊपर किसी पक्षीने वीठकरदीनी तब मुनिने क्रोधकरके उसे देखा देखतेही वहपक्षी भस्महोगया और मुनि को अपने तपके प्रभावका अहंकारहोगया एकदिन किसी नगरमें उसमुनि ने किसी ब्राह्मणके यहां जाकर उसकी स्त्री से भिक्षामांगी उसने कहा कि कुछ समय ठहरजाइये में पतिकी सेवाकरके आपको भिक्षादूंगी उसके यहवचन सुनकर मुनि उसको क्रोधित दृष्टिसे देखनेलगे तब उसने हँसकर कहा कि हे मुने में वनकी चिड़िया नहींहूं जो आपकी क्रोधदृष्टि से भस्महोगई यहसुनकर मुनिने आश्चर्य्य से शोचा कि इसने यहवृत्तान्त कैसे जाना तदनन्तर अपने पति के सम्पूर्ण कार्य्योंको करके भिक्षालेकर आई हुई उसपतिव्रतासे मुनिने हाथ जोड़कर पूंछा कि तुमने वनके पक्षीका वृत्तान्त कैसे जानलिया पहले यहवतादो तब में भिक्षालूंगा मुनि के वचन सुनकर उसने कहा कि में पतिकी भक्तिके सिवाय और कुछ नहीं जानतीहूं उसीके प्रभावसे मुझे इतनाज्ञान है तुम इसीनगरके रहनेवाले धर्म्मव्याधके पास जाओ उसके पास जाकर तुम्हारा अहंकार दूरहोजायगा उसके यहवचन सुनकर और भिक्षा लेकर वहमुनि उसे प्रणामकरके वहांसे चलेआये और दूसरे दिन बजारमें मांस वेचनेवाले उसधर्मव्याध के पासगये धर्मव्याधने मुनिको देखकर कहा कि क्या तुमको उसपतिव्रताने भेजाहै यहसुनकर मुनि ने आश्चर्य्य युक्तहोकर कहा कि मांसके वेचनेवाले तुमको ऐसाज्ञान कैसेहुआ तब धर्मव्याधने कहा कि में अपने माता पिताका भक्तहूं वही मेरे मुख्य देवता हैं उनको स्नानकराके में स्नान करताहूं भोजन कराके भोजन करताहूं और शयनकराके शयनकरताहूं इसीसे मुझको ऐसा ज्ञानप्राप्तहै में किसी अन्य व्याधके मारेहुए मृगादिजीवोंका मांसलाकर अपना धर्म जानकर वेचताहूं धनके लोभसे नहीं वेचता हे मुने मुझको और उसपतिव्रताको ज्ञानमें विघ्नकरनेवाला अहंकार नहीं है इसीसे यहज्ञान हमदोनों को प्राप्तहुआ है इससे तुमभी इसअहंकार को छोड़के स्वधर्म का आचरण करो तो तुमको भी परम तेजोमयज्ञान प्राप्तहोगा उसके यहवचन सुनकर और उसके घर में जाकर उसके सम्पूर्ण कार्य्यों को देखकर वह मुनि प्रसन्नहोके वनकोगये और उसपतिव्रता तथा धर्म्मव्याधके समान सिद्धिको प्राप्तहुए यह पति तथा पिता माता के भक्तों का प्रभाव है इससे तुम अपनी मातासे चलकर मिलो चन्द्रस्वामी के यहवचन सुनकर महीपाल स्वदेश जानेका विचार करके अपने धर्म्म के पिता अनन्त स्वामी से सम्पूर्ण वृत्तान्तकहके और उसीपर सम्पूर्ण राज्यका भाररखकर रात्रिकेसमय अपने पिताके साथ वहां से चला और कुछदिनों में अपने नगरमें अपनी माताके निकटपहुंचा जैसे कोकिला वसन्तको देख कर प्रसन्नहोती है उसीप्रकार महीपालको देखकर उसकी माता देवमति प्रसन्नहुई वहां महीपाल अपने बन्धुओं को आनन्द देताहुआ कुछ कालतक अपने पिताकेसाथ रहा १६७ इस बीच में तारापुर में महीपालकी रानी राजपुत्री बन्धुमती प्रातःकाल उठकर उसको कहींगया जानकर विरहसे अत्यन्त व्याकुलहुई और महल तथा उपवनादिकों में कहीं भी चैनन पाकर अश्रुओं से अपने हारको द्विगुण

जहाज के कुछ लोग तो पानी में बहगये और कितनोंही को मगर मच्छों ने खाडाला और चक्रको आयुर्बल शेष होने के कारण समुद्र ने लहरों से किनारेपर फेंकदिया वहां उसे एककाले वर्णवाला भयंकर पुरुष हाथ में पाश लियेहुए दिखाईदिया वह पुरुष उस चक्रको अपने पाशमें बाँधकर सभा में सिंहासन पर बैठे हुए किसी पुरुष के पास लेगया और उसी सिंहासनपर बैठे हुए पुरुष की आज्ञा से उसीने उस वैश्यको लोहमय गृह में लेकर बन्द करदिया वहां चक्रने एक दूसरे पुरुषको देखा जिसके शिरपर तपाहुआ लोहेका चक्र निरन्तर भ्रमण कररहा था उससे चक्रने पूछा कि तुम कौनहो किस कारण से तुमको यह कष्ट दियागयाहै और तुम कैसे जीतेहो यह सुनकर उसने कहा कि मैं खड्ग नाम वैश्यपुत्रहूं मैंने अपने माता पिताके वचन नहीं माने इसीसे उन्होंने कुपित होके मुझे यह शाप दिया कि हे दुष्ट तू हमको शिरमें लगेहुए संतप्त लोहेके चक्रके समान दुःखदेताहै इससे तुझे भी ऐसी ही पीड़ाहोगी यहकहकर उन्होंने मुझे रोते देखकर कहा कि रोओ मत एकही महीने तुमको ऐसी पीड़ाहोगी यहसुनकर मैंने शोकसे वहदिन व्यतीतकरके रात्रिके समय स्वप्नसादेखा कि एकघोर भयंकर पुरुष मेरे पास आया उसीने मुझको यहांलाकर बन्दकिया और मेरे शिरपर यहचक्ररक्खा पिताके शापके प्रभावसे मेरे प्राण नहीं निकलतेहैं आज मुझे यहांआये महीनाभर व्यतीतहोगया परन्तु अब भी मैं शापसे नहीं छूटाहूं खड्गवैश्यके यहवचन सुनकर चक्रने कहा कि परदेश जाने के समय मैंने भी अपने पिताके वचन नहींमानेथे और उन्होंने क्रोधकरके मुझे शापदियाथा कि जो तुझे धनमिलेगा वहसब नष्टहोजायगा इसीसे जोकुछ मैंने धन उपार्जन कियाथा वहसब समुद्रमें नष्टहोगया और यहां किसी पुरुषने मुझे लाकर बन्दकरदिया इससे अब मेरे जीवनसे क्या प्रयोजन है तुम इसचक्रको मेरे शिरपर रखकर अपने शापसे छूटो चक्रके इसप्रकार कहतेही यह आकाशवाणी हुई कि हे खड्ग तू शापसे छूटगया अपने शिरसे इसचक्रको लेकर इसचक्रवैश्य के शिरपर रखदे इसआकाशवाणी को सुनकर खड्गने वहतप्तचक्र उसचक्रनाम वणिक्पुत्रके शिरपर रखदिया और खड्गवैश्यको कोई अदृश्य पुरुष उसके घरको लेगया वहां वह भक्तिसे अपने माता पिताकी आज्ञानुसार सब कार्य्य करता हुआ सुखपूर्वक रहनेलगा और वहचक्रवैश्य अपने शिरपर उसतप्तचक्रको धारण करके बोला कि पृथ्वीमें जितने पापीहोयं वहसब इसपापसे छूटजायँ और जबतक सबके सम्पूर्ण पाप क्षीण न होजायँ तबतक यहचक्र मेरे शिरपर घूमतारहे उसके यहवचन सुनकर आकाशवासी देवतालोगोंने प्रसन्नहोके पुष्पोंकी वृष्टिकरके कहा कि हे महासत्त्व तू धन्यहै तेरी इसकरुणासे तेरा सब पाप नष्टहोगया तुझे अक्षय धनमिलेगा देवता लोगों के इसप्रकार कहतेही चक्रवैश्यके शिरसे वहतप्तचक्र नष्टहोगया और प्रसन्न हुए इन्द्रका भेजाहुआ एकविद्याधर उसे बहुमूल्य रत्नदेके गोदी में लेकर धवलनाम नगरमें पहुंचाकर अन्तर्द्धानहोगया और वहचक्रवैश्य अपने माता पिताके पास जाकर उन्हें सम्पूर्ण वृत्तान्त सुना के उनको आनन्दित करके सुखसे उनका सेवन करताहुआ आनन्दसे रहनेलगा १६८ इसकथाको कह चन्द्रस्वामी ने महीपालसे फिर कहा कि हे पुत्र माता पितासे विरोधकरने से ऐसाही अरिष्ट प्राप्तहोताहै

और माता पिताकी भक्ति कामधेनुके समान फलदायकहोती है इसपरभी में तुमको एककथा सुनाताहूं पूर्व्वसमय किसी वनमें कोई महातपस्वी मुनिथा एकसमय वृक्षकी छायामें बैठेहुए उसमुनिके ऊपर किसी पक्षीने बीठकरदीनी तब मुनिने क्रोधकरके उसे देखा देखतेही वहपक्षी भस्महोगया और मुनि को अपने तपके प्रभावका अहंकारहोगया एकदिन किसी नगरमें उसमुनि ने किसी ब्राह्मणके यहां जाकर उसकी स्त्री से भिक्षामांगी उसने कहा कि कुछ समय ठहरजाइये में पतिकी सेवाकरके आपको भिक्षादूंगी उसके यहवचन सुनकर मुनि उसको क्रोधित दृष्टिसे देखनेलगे तब उसने हँसकर कहा कि हे मुने में वनकी चिड़िया नहींहूं जो आपकी क्रोधदृष्टि से भस्महोगई यहसुनकर मुनिने आश्चर्य्य से शोचा कि इसने यहवृत्तान्त कैसे जाना तदनन्तर अपने पति के सम्पूर्ण कार्य्योंको करके भिक्षालेकर आई हुई उसपतिव्रतासे मुनिने हाथ जोड़कर पूंछा कि तुमने वनके पक्षीका वृत्तान्त कैसे जानलिया पहले यहबतादो तब में भिक्षालूंगा मुनि के वचन सुनकर उसने कहा कि में पतिकी भक्तिके सिवाय और कुछ नहीं जानतीहूं उसीके प्रभावसे मुझे इतनाज्ञान है तुम इसीनगरके रहनेवाले धर्म्मव्याधके पास जाओ उसके पास जाकर तुम्हारा अहंकार दूरहोजायगा उसके यहवचन सुनकर और भिक्षा लेकर वहमुनि उसे प्रणामकरके वहांसे चलआये और दूसरे दिन बजारमें मांस बेचनेवाले उसधर्मव्याध के पासगये धर्मव्याधने मुनिको देखकर कहा कि क्या तुमको उसपतिव्रताने भेजाहै यहसुनकर मुनि ने आश्चर्य्य युक्तहोकर कहा कि मांसके बेचनेवाले तुमको ऐसाज्ञान कैसेहुआ तब धर्मव्याधने कहा कि में अपने माता पिताका भक्तहूं वही मेरे मुख्य देवता हैं उनको स्नानकराके में स्नान करताहूं भोजन कराके भोजन करताहूं और शयनकराके शयनकरताहूं इसीसे मुझको ऐसा ज्ञानप्राप्तहै में किसी अन्य व्याधके मारेहुए मृगादिजीवोंका मांसलाकर अपना धर्म जानकर बेचताहूं धनके लोभसे नहीं बेचता हे मुने मुझको और उसपतिव्रताको ज्ञानमें विघ्नकरनेवाला अहंकार नहीं है इसीसे यहज्ञान हमदोनों को प्राप्तहुआ है इससे तुमभी इसअहंकार को छोड़के स्वधर्म का आचरण करो तो तुमको भी परम तेजोमयज्ञान प्राप्तहोगा उसके यहवचन सुनकर और उसके घर में जाकर उसके सम्पूर्ण कार्य्यों को देखकर वह मुनि प्रसन्नहोके वनकोगये और उसपतिव्रता तथा धर्म्मव्याधके समान सिद्धिको प्राप्तहुए यह पति तथा पिता माता के भक्तों का प्रभाव है इससे तुम अपनी मातासे चलकर मिलो चन्द्रस्वामी के यहवचन सुनकर महीपाल स्वदेश जानेका विचार करके अपने धर्म्म के पिता अनन्त स्वामी से सम्पूर्ण वृत्तान्तकहके और उसीपर सम्पूर्ण राज्यका भाररखकर रात्रिकेसमय अपने पिताके साथ वहां से चला और कुछदिनों में अपने नगरमें अपनी माताके निकटपहुंचा जैसे कोकिला वसन्तको देख कर प्रसन्नहोती है उसीप्रकार महीपालको देखकर उसकी माता देवमति प्रसन्नहुई वहां महीपाल अपने बन्धुओं को आनन्द देताहुआ कुछ कालतक अपने पिताकेसाथ रहा १६७ इस बीच में तारापुर में महीपालकी रानी राजपुत्री बन्धुमती प्रातःकाल उठकर उसको कहींगया जानकर विरहसे अत्यन्त व्याकुलहुई और महल तथा उपवनादिकों में कहीं भी चैनन पाकर अश्रुओं से अपने हारको द्विगुण

जहाज के कुछ लोग तो पानी में बहगये और कितनोंही को मगर मच्छों ने खाडाला और चक्रको आयुर्बल शेष होने के कारण समुद्र ने लहरों से किनारेपर फेंकदिया वहां उसे एककाले वर्णवाला भयंकर पुरुष हाथ में पाश लियेहुए दिखाईदिया वह पुरुष उस चक्रको अपने पाशमें बाँधकर सभा में सिंहासन पर बैठे हुए किसी पुरुष के पास लेगया और उसी सिंहासनपर बैठे हुए पुरुष की आज्ञा से उसीने उस वैश्यको लोहमय गृह में लेकर बन्द करदिया वहां चक्रने एक दूसरे पुरुषको देखा जिसके शिरपर तपाहुआ लोहेका चक्र निरन्तर भ्रमण कररहा था उससे चक्रने पूछा कि तुम कौनहो किस कारण से तुमको यह कष्ट दियागयाहै और तुम कैसे जीतेहो यह सुनकर उसने कहा कि मैं खड्ग नाम वैश्यपुत्रहूं मैंने अपने माता पिताके वचन नहीं माने इसीसे उन्होंने कुपित होके मुझे यह शाप दिया कि हे दुष्ट तू हमको शिरमें लगेहुए संतप्त लोहेके चक्रके समान दुःखदेताहै इससे तुझे भी ऐसी ही पीड़ाहोगी यहकहकर उन्होंने मुझे रोते देखकर कहा कि रोओ मत एकही महीने तुमको ऐसी पीड़ाहोगी यहसुनकर मैंने शोकसे वहदिन व्यतीतकरके रात्रिके समय स्वप्नसादेखा कि एकघोर भयंकर पुरुष मेरे पास आया उसीने मुझको यहांलाकर बन्दकिया और मेरे शिरपर यहचक्ररक्खा पिताके शापके प्रभावसे मेरे प्राण नहीं निकलतेहैं आज मुझे यहांआये महीनाभर व्यतीतहोगया परन्तु अब भी मैं शापसे नहीं छूटाहूं खड्गवैश्यके यहवचन सुनकर चक्रने कहा कि परदेश जाने के समय मैंने भी अपने पिताके वचन नहींमानेथे और उन्होंने क्रोधकरके मुझे शापदियाथा कि जो तुझे धनमिलेगा वहसब नष्टहोजायगा इसीसे जोकुछ मैंने धन उपार्जन कियाथा वहसब समुद्रमें नष्टहोगया और यहां किसी पुरुषने मुझे लाकर बन्दकरदिया इससे अब मेरे जीवनसे क्या प्रयोजन है तुम इसचक्रको मेरे शिरपर रखकर अपने शापसे छूटो चक्रके इसप्रकार कहतेही यह आकाशवाणी हुई कि हे खड्ग तू शापसे छूटगया अपने शिरसे इसचक्रको लेकर इसचक्रवैश्य के शिरपर रखदे इसआकाशवाणी को सुनकर खड्गने वहतप्तचक्र उसचक्रनाम वणिक्पुत्रके शिरपर रखदिया और खड्गवैश्यको कोई अदृश्य पुरुष उसके घरको लेगया वहां वह भक्तिसे अपने माता पिताकी आज्ञानुसार सब कार्य्य करता हुआ सुखपूर्वक रहनेलगा और वहचक्रवैश्य अपने शिरपर उसतप्तचक्रको धारण करके बोला कि पृथ्वीमें जितने पापीहोयं वहसब इसपापसे छूटजायँ और जबतक सबके सम्पूर्ण पाप क्षीण न होजायँ तबतक यहचक्र मेरे शिरपर घूमताहै उसके यहवचन सुनकर आकाशवासी देवतालोगोंने प्रसन्नहोके पुष्पोंकी वृष्टिकरके कहा कि हे महासत्त्व तू धन्यहै तेरी इसकरुणासे तेरा सब पाप नष्टहोगया तुझे अक्षय धनमिलेगा देवता लोगों के इसप्रकार कहतेही चक्रवैश्यके शिरसे वहतप्तचक्र नष्टहोगया और प्रसन्न हुए इन्द्रका भेजाहुआ एकविद्याधर उसे बहुमूल्य रत्नदेके गोदी में लेकर धवलनाम नगरमें पहुंचाकर अन्तर्द्धानहोगया और वहचक्रवैश्य अपने माता पिताके पास जाकर उन्हें सम्पूर्ण वृत्तान्त सुनाके उनको आनन्दित करके सुखसे उनका सेवन करताहुआ आनन्दसे रहनेलगा. १६८ इसकथाको कह चन्द्रस्वामी ने महीपालसे फिर कहा कि हे पुत्र माता पितासे विरोधकरने से ऐसाही अरिष्ट प्राप्तहोताहै

धमकाया परन्तु दीनजानके मारा नहीं इसप्रकार उस खड्गको पाकर वहराजा मूर्त्तिमती सिद्धिकेसमान उस असुरकन्याको लेकर उसी मणिमय मन्दिरमें चलागया और वह पाशुपत सिद्धिसे रहितहोकर अत्यन्त कष्टको प्राप्तहुआ ठीकहै (कृतघ्नाश्चिरसिद्धार्था अपिभ्रश्यन्तिहिध्रुवम्) कृतघ्नलोग वहुत कालतक सिद्धहोकर भी भ्रष्टहोजाते हैं यह साक्षात् देखकर में भ्रमणकरताहुआ यहां आयाहूं इससे हेरानी जैसे वहुत कालके पीछे उस राजाको वह असुरकी कन्या मिलगई ऐसेही तुमकोभी तुम्हारापति मिलजायगा उस ब्राह्मणसे यह उत्तमकथा सुनकर वन्धुमतीने प्रसन्नहोकर उसे वहुतसा धनदेकर विदाकिया २३२ दूसरे दिन किसी दूरदेशसे एक अपूर्व्व ब्राह्मण वन्धुमतीके यहां आया उससे भी उसने अपने पतिकानाम तथा पहचान वताकर पूछा कि तुमने कहीं ऐसा पुरुषदेखाहै यहसुनकर उस ब्राह्मणने कहा कि हेराजपुत्री मैंने तुम्हारेपतिको कहीं नहीं देखाहै किन्तु आज मैं तुम्हारे यहां आयाहूं और सुमनमेरानामहै इससे मुझे मालूमहोताहै कि शीघ्रही तुमको सौमनस्य (प्रसन्नता) होगा और इसमें तुमको सन्देह न करना चाहिये वहुतकालकेभी वियोगियोंका संयोग अवश्य होताही है इस विषयपर मैं तुमको एक कथा सुनाताहूं पूर्व्वसमयमें निषधदेशमें एक नलनाम राजाथा जिस के रूपसे मानों जीतेगये कामदेवने अपमानको न सहकर शिवजीकी नेत्राग्निमें अपना शरीर भस्म करदिया उस राजानलने विदर्भदेशके स्वामी राजाभीमकीकन्या दमयन्तीको अपनेसमान रूपवती सुना और राजा भीमनेभी सम्पूर्ण पृथ्वी में ढूंढ़कर राजानलके सिवाय अपनी कन्याके सदृश कोई वर न पाया इसवीच में दमयन्ती ने जलक्रीड़ाके निमित्त तड़ागमें जाकर एक राजहंस डुपट्टाफेंककर पकड़ा तव वन्धनमें पड़ाहुआ वह दिव्यहंस मनुष्यवाणीसे वोला कि हेराजपुत्री तुम मुझे छोड़दो मैं तुम्हारा उपकार करूंगा निषधदेशका नलनाम राजा जिसे गुणों से मोहितहोके दिव्याङ्गनाभी पतिपानेकी अभिलाषा करती हैं उसके योग्य स्त्री तुमहो और तुम्हारे योग्यपति वहहै तुम दोनों के इसतुल्य संयोगमें मैं कामदूत वनूंगा उसके यह वचन सुनकर दमयन्ती ने उसे सत्यभाषी दिव्यहंस जानकर छोड़दिया और कहा कि नलकी प्रशंसा सुनतेही उसपर मेराचित्त अनुरक्त होगया इससे मैं उसके सिवाय किसी अन्यके साथ विवाह नहीं करूंगी दमयन्ती के यह वचन सुनकरवह राजहंस निषधदेशमें जलक्रीड़ा करतेहुए राजा नलके निकटगया उस मनोहर हंसको देखकर राजानलने अपना डुपट्टाफेंककर उसे कौतुकसे पकड़लिया तव उस हंसने उससे कहा कि हेराजा मुझे छोड़दो मैं तुम्हारे उपकारके लिये आयाहूं सुनिये विदर्भदेशके राजाभीमकी दमयन्तीनाम कन्या जिसकी देवतालोग भी अभिलाषाकरतेहैं उसने मुझसे तुम्हारे गुणों को सुनकर तुमपर अनुरक्तहोकर तुम्हारे साथही अपना विवाहकरना स्वीकार किया है यही मैं आपसे कहनेको आयाहूं उस हंसके यह वचन सुनकर राजानल कामके वशीभूत होकर वोला कि हे पक्षिवर मैं धन्यहूं जिसे मूर्त्तिमती मनोरथ सम्पत्ति के समान दमयन्ती ने स्वीकार किया है यह कहकर उसने उसे छोड़दिया तव वह हंस वहां से दमयन्ती के पास जाके और सम्पूर्ण वृत्तान्त उस से कहके अपने मानसरोवरको चलागया २५५ इसके उपरान्त दमयन्ती ने उत्कण्ठितहोके अ-

करती हुई रोरोकर प्राण देनेको उद्यतहुई उसकी यह दशा देखकर अनन्त स्वामी ने कहा हे पुत्री शोक न करो वह मुझसेकहगयाहै कि मैं किसीविशेष कार्य्यके निमित्तजाताहूं और शीघ्रही आजाऊंगा अनन्तस्वामीके यहवचन सुनकर बन्धुमतीने किसीप्रकारसे धैर्य्यधारण किया और तभी से वह अपने पतिका पतालगानेकेलिये देशान्तरसे आयेहुए ब्राह्मणों का सदैव पूजनकर दान देनेलगी एकदिन इसी प्रसङ्गसे आयेहुए संगमदत्त नामदीन ब्राह्मण से अपने पतिकानाम तथा पहचान बताकर बन्धुमती ने पूंछा कि आपने ऐसापुरुष कहीं देखा तो नहीं है तब उसने कहा कि मैंने ऐसा पुरुष देखा तो नहीं है परन्तु तुमको ऐसे कार्य्य में अधैर्य्य न करना चाहिये पुण्यात्मालोगोंको बहुतकाल में भी अभीष्ट वस्तुका संयोगहोताहै इस बातपर जो मैंने आश्चर्य्य अपनी दृष्टिसे देखाहै वह तुमको सुनाताहूं एकसमय तीर्थोंकापर्य्यटन करताहुआ मैं हिमालय में मानसरोवर नाम तड़ागपर पहुंचा उसतड़ागमें मैंने दर्पण के समान एकमणिमय गृहदेखा उसगृहसे अकस्मात् एकखड्गधारी पुरुष निकलकर दिव्य स्त्रियों को साथमें लियेहुए तड़ागके तटपरआया और उपवनमें उनस्त्रियोंकेसाथ विहार करनेलगा इस वृत्तान्तको मैं अलक्षितहोकर दूरसे देखतारहा इतनेही में एकसुन्दर पुरुष कहीं से आकर मुझको वहां मिला मैंने उससे वह आश्चर्य्यकारी सबवृत्तान्त कहकर उसे वह पुरुष स्त्रियोंसहित दिखाया उसे देखकर उसने अपना वृत्तान्त यह मुझसेकहा कि त्रिभुवननाम पुरका त्रिभुवननाम मैं राजाहूं वहां एकपाशुपत ( शैवविशेष ) ने बहुत कालतक मेरा सेवनकिया और कारण पूछनेपर उसने मुझसेकहा कि मैं विवरमें खड्ग सिद्ध करना चाहता हूं उसमें आप मेरी सहायता कीजिये मैंने उसके यह वचन स्वीकार करलिये तब उसने मुझे वनमें लेजाकर रात्रिके समय हवनादिकसे विवर प्रकटकरके मुझसे कहा कि हे वीर इस विवरमें पहले तुमजाओ वहां तुमको एकखड्ग मिलेगा और इसबात की तुम मुझसे प्रतिज्ञा कर जाओ कि खड्ग पाकर तुम मुझेभी विवर के भीतर लेजाना उसके यह वचन सुनकर मैं उससे प्रतिज्ञाकरके उस विवर में गया वहां एकरत्नमय गृह मुझे मिला उसघरसे एक असुरकन्या निकलकर मुझे घरके भीतर लेगई और प्रेम से एक खड्ग मुझे देकर यह वचनबोली कि सर्व्वसिद्धिदायी तथा आकाश में गमनकी शक्ति देनेवाले इस खड्ग की तुम रक्षा करते रहना उसके यह वचन सुन के मैं उस खड्गको लेके उसी के साथ वहां रहा और कुछ कालके उपरान्त अपनी प्रतिज्ञाको स्मरण करके बाहर आकर उस पाशुपतको भी भीतरलेगया वहां मैं तो उस पहली असुरकन्याके साथ सुखपूर्व्वक रहनेलगा और वह पाशुपत द्वितीय असुर कन्याके साथ आनन्दसे रहनेलगा एक समय मद्यपानसे उन्मत्तहुए मुझसे उस पाशुपत ने छलसे मेरा वह खड्गलेलिया और उस खड्गके प्रभावसे मुझे उस विवरके बाहर निकालके वह मेरी असुरकन्याभी लेली तबसे बारहवर्ष मुझे उस पाशुपतको विवरोंमें ढूंढ़ते २ व्यतीतहुए हैं आज भाग्यवशसे यह मेरीदृष्टिमें पड़ाहै और मेरीही असुर कन्याके साथ क्रीड़ा कररहाहै उसके इसप्रकार कहतेही कहते वह पाशुपत मद्यपान करके वहीं सोगया उसेसोया जानकर राजाने वह खड्गलेकर दिव्य प्रभावको प्राप्तहोकर लातमारकर उस पाशुपतको जगाया और उसेबहुत

धमकाया परन्तु दीनजानके मारा नहीं इसप्रकार उस खड्गको पाकर वहराजा मूर्त्तिमती सिद्धिकेस-
मान उस असुरकन्याको लेकर उसी मणिमय मन्दिरमें चलागया और वह पाशुपत सिद्धिसे रहितहो-
कर अत्यन्त कष्टको प्राप्तहुआ ठीकहै (कृतघ्नाश्चिरसिद्धार्था अपिभ्रश्यन्तिहिध्रुवम्) कृतघ्नलोग
बहुत कालतक सिद्धहोकर भी भ्रष्टहोजाते हैं यह साक्षात् देखकर मैं भ्रमणकरताहुआ यहां आयाहूं
इससे हेरानी जैसे बहुत कालके पीछे उस राजाको वह असुरकी कन्या मिलगई ऐसेही तुमकोभी तुम्हा-
रापति मिलजायगा उस ब्राह्मणसे यह उत्तमकथा सुनकर बन्धुमतीने प्रसन्नहोकर उसे बहुतसा धनदेकर
बिदाकिया २३२ दूसरे दिन किसी दूरदेशसे एक अपूर्व्व ब्राह्मण बन्धुमतीके यहां आया उससे भी उसने
अपने पतिकानाम तथा पहचान बताकर पूछा कि तुमने कहीं ऐसा पुरुषदेखाहै यहसुनकर उस ब्राह्म-
णने कहा कि हेराजपुत्री मैंने तुम्हारेपतिको कहीं नहीं देखाहै किन्तु आज मैं तुम्हारे यहां आयाहूं और
सुमनमेरानामहै इससे मुझे मालूमहोताहै कि शीघ्रही तुमको सौमनस्य (प्रसन्नता) होगा और इसमें
तुमको सन्देह न करना चाहिये बहुतकालकेभी वियोगियोंका संयोग अवश्य होताही है इस विषयपर
मैं तुमको एक कथा सुनाताहूं पूर्व्वसमयमें निषधदेशमें एक नलनाम राजाथा जिस के रूपसे मानों
जीतेगये कामदेवने अपमानको न सहकर शिवजीकी नेत्राग्निमें अपना शरीर भस्म करदिया उस
राजानलने विदर्भदेशके स्वामी राजाभीमकीकन्या दमयन्तीको अपनेसमान रूपवती सुना और राजा
भीमनेभी सम्पूर्ण पृथ्वीमें ढूंढ़कर राजानलके सिवाय अपनी कन्याके सदृश कोई वर न पाया इसबीच
में दमयन्ती ने जलक्रीड़ाके निमित्त तड़ागमें जाकर एक राजहंस डुपट्टाफेंककर पकड़ा तब बन्धनमें
पड़ाहुआ वह दिव्यहंस मनुष्यवाणीसे बोला कि हेराजपुत्री तुम मुझे छोड़दो मैं तुम्हारा उपकार क-
रूंगा निषधदेशका नलनाम राजा जिसे गुणोंसे मोहितहोके दिव्याङ्गनाभी पतिपानेकी अभिलाषा क-
रती हैं उसके योग्य स्त्री तुमहो और तुम्हारे योग्यपति वहहै तुम दोनोंके इसतुल्य संयोगमें मैं कामदूत
बनूंगा उसके यह वचन सुनकर दमयन्तीने उसे सत्यभाषी दिव्यहंस जानकर छोड़दिया और कहा कि
नलकी प्रशंसा सुनतेही उसपर मेराचित्त अनुरक्त होगया इससे मैं उसके सिवाय किसी अन्यके साथ
विवाह नहीं करूंगी दमयन्ती के यह वचन सुनकर वह राजहंस निषधदेशमें जलक्रीड़ा करतेहुए राजा
नलके निकटगया उस मनोहर हंसको देखकर राजानलने अपना डुपट्टाफेंककर उसे कौतुकसे पकड़-
लिया तब उस हंसने उससे कहा कि हेराजा मुझे छोड़दो मैं तुम्हारे उपकारके लिये आयाहूं सुनिये
विदर्भदेशके राजाभीमकी दमयन्तीनाम कन्या जिसकी देवतालोग भी अभिलाषाकरतेहैं उसने मुझ
से तुम्हारे गुणों को सुनकर तुमपर अनुरक्तहोकर तुम्हारे साथही अपना विवाहकरना स्वीकार किया
है यही मैं आपसे कहनेको आयाहूं उस हंसके यह वचन सुनकर राजानल कामके वशीभूत होकर
बोला कि हे पक्षिवर मैं धन्यहूं जिसे मूर्त्तिमती मनोरथ सम्पत्ति के समान दमयन्ती ने स्वीकार किया
है यह कहकर उसने उसे छोड़दिया तब वह हंस वहां से दमयन्ती के पास जाके और सम्पूर्ण वृत्तान्त
उस से कहके अपने मानसरोवरको चलागया २५५ इसके उपरान्त दमयन्ती ने उत्कण्ठितहोके अ-

करती हुई रोरोकर प्राण देनेको उद्यतहुई उसकी यह दशा देखकर अनन्त स्वामी ने कहा हे पुत्री शोक न करो वह मुझसेकहगयाहै कि मैं किसीविशेष कार्य्यके निमित्तजाताहूं और शीघ्रही आजाऊंगा अनन्तस्वामीके यहवचन सुनकर वन्धुमतीने किसीप्रकारसे धैर्य्यधारण किया और तभी से वह अपने पतिका पतालगानेकेलिये देशान्तरसे आयेहुए ब्राह्मणों का सदैव पूजनकर दान देनेलगी एकदिन इसी प्रसङ्गसे आयेहुए संगमदत्त नामदीन ब्राह्मण से अपने पतिकानाम तथा पहचान बताकर बन्धुमती ने पूंछा कि आपने ऐसापुरुष कहीं देखा तो नहीं है तब उसने कहा कि मैंने ऐसा पुरुष देखा तो नहीं है परन्तु तुमको ऐसे कार्य्य में अधैर्य्य न करना चाहिये पुण्यात्मालोगोंको बहुतकाल में भी अभीष्ट वस्तुका संयोगहोताहै इस बातपर जो मैंने आश्चर्य्य अपनी दृष्टिसे देखाहै वह तुमको सुनाताहूं एकसमय तीर्थोंकापर्य्यटन करताहुआ मैं हिमालय में मानसरोवर नाम तड़ागपर पहुंचा उसतड़ागमें मैंने दर्पण के समान एकमणिमय गृहदेखा उसगृहसे अकस्मात् एकखड्गधारी पुरुष निकलकर दिव्य स्त्रियों को साथमें लियेहुए तड़ागके तटपरआया और उपवनमें उनस्त्रियोंकेसाथ विहार करनेलगा इस वृत्तान्तको मैं अलक्षितहोकर दूरसे देखतारहा इतनेही में एकसुन्दर पुरुष कहीं से आकर मुझको वहां मिला मैंने उससे वह आश्चर्य्यकारी सबवृत्तान्त कहकर उसे वह पुरुष स्त्रियोंसहित दिखाया उसे देखकर उसने अपना वृत्तान्त यह मुझसेकहा कि त्रिभुवननाम पुरका त्रिभुवननाम मैं राजाहूं वहां एकपाशुपत ( शैवविशेष ) ने बहुत कालतक मेरा सेवनकिया और कारण पूछनेपर उसने मुझसेकहा कि मैं विवरमें खड्ग सिद्ध करना चाहता हूं उसमें आप मेरी सहायता कीजिये मैंने उसके यह वचन स्वीकार करलिये तब उसने मुझे वनमें लेजाकर रात्रिके समय हवनादिकसे विवर प्रकटकरके मुझसे कहा कि हे वीर इस विवरमें पहले तुमजाओ वहां तुमको एकखड्ग मिलैगा और इसबात की तुम मुझसे प्रतिज्ञा कर जाओ कि खड्ग पाकर तुम मुझेभी विवर के भीतर लेजाना उसके यह वचन सुनकर मैं उससे प्रतिज्ञाकरके उस विवर में गया वहां एकरत्नमय गृह मुझे मिला उसघरसे एक असुरकन्या निकलकर मुझे घरके भीतर लेगई और प्रेम से एक खड्ग मुझे देकर यह वचनबोली कि सर्व्वसिद्धिदायी तथा आकाश में गमनकी शक्ति देनेवाले इस खड्ग की तुम रक्षा करते रहना उसके यह वचन सुन के मैं उस खड्गको लेके उसी के साथ वहां रहा और कुछ कालके उपरान्त अपनी प्रतिज्ञाको स्मरण करके बाहर आकर उस पाशुपतको भी भीतरलेगया वहां मैं तो उस पहली असुरकन्याके साथ सुखपूर्व्वक रहनेलगा और वह पाशुपत द्वितीय असुर कन्याके साथ आनन्दसे रहनेलगा एक समय मद्यपानसे उन्मत्तहुए मुझसे उस पाशुपत ने छलसे मेरा वह खड्गलेलिया और उस खड्गके प्रभावसे मुझे उस विवरके बाहर निकालके वह मेरी असुरकन्याभी लेली तबसे बारहवर्ष मुझे उस पाशुपतको विवरोंमें ढूंढ़ते २ व्यतीतहुए हैं आज भाग्यवशसे यह मेरीदृष्टिमें पड़ाहै और मेरीही असुर कन्याके साथ क्रीड़ा करराहै उसके इसप्रकार कहतेही कहते वह पाशुपत मद्यपान करके वहीं सोगया उसेसोया जानकर राजाने वह खड्गलेकर दिव्य प्रभावको प्राप्तहोकर लातमारकर उस पाशुपतको जगाया और उसेबहुत

कहा कि आप सरीखे देवताओं को छोड़कर दमयन्ती ने मनुष्य का ग्रहणकिया है इससे हम उन दोनों का वियोग अवश्य करवावेंगे इसप्रकार प्रतिज्ञा करके वह दोनों उन्हीं के साथ लौटगये और राजा नल सात दिन अपने श्वशुर के घर रहकर दमयन्ती को साथलेकर अपने निषध देशको आया वहाँ उनदोनों का परस्पर प्रेम श्रीशिव तथा पार्वतीजी से भी अधिक होगया क्योंकि शिवजी के तो पार्वतीजी अर्द्धाङ्गीही हैं परन्तु दमयन्ती राजानलकी आत्माही होगई कुछकाल के उपरान्त राजानलका दमयन्ती रानी में चन्द्रसेन नाम एक पुत्र तथा इन्द्रसेना नाम एक कन्या उत्पन्नहुई २८६ इस बीच में कलियुग शास्त्रके अनुसार चलनेवाले राजानलका छिद्र बहुत कालतक ढूंढ़तारहा एक समय राजानल मद्यसे उन्मत्त होकर संध्योपासन बिना कियेही पैर न धोकर सोगया इस छिद्रको पाकर कलियुगने उसके शरीरमें प्रवेश किया उसके शरीरमें प्रविष्ट होजाने से राजानल धर्मको छोड़कर यथारुचि कार्य्य करने लगा द्यूत खेलनेलगा मिथ्या बोलनेलगा दासियों से सम्भोग करनेलगा दिनको सोनेलगा रात्रिको जागनेलगा अकारण कोपकरनेलगा अन्यायसे धन उपार्जन करनेलगा और सज्जनों का अनादर तथा असज्जनों का आदर करनेलगा इसीप्रकार से द्वापरने भी छिद्रपाकर नलकेभाई पुष्कर के शरीर में प्रवेश करके उसे भी अधर्मी करदिया एक समय नलने अपने छोटेभाई पुष्करके यहां दान्त नाम एक सुन्दर श्वेत बैल देखकर लोभ युक्त होकर उससे वह बैल मांगा पुष्करने द्वापरसे मोहितहोकर उसे वह बैल नहीं दिया और कहा कि जो तुम यह बैल लेना चाहते हो तो जुएमें जीतकर लेलो यह सुन कर नलने मोहसे उसकेसाथ द्यूतखेलना प्रारंभकिया तब उनदोनों भाइयों के परस्पर द्यूतमें नलने उस बैलकेलिये हाथी आदिक बड़े उत्तम २ वाहन पणमें लगाये पुष्करने वह सब जीतलिये दो तीन दिन में जब राजानल सेना तथा कोशादिक सबहारगया और निषेध करनेपर भी कलियुगके प्रभावसे द्यूत से नहीं निवृत्तहुआ तब दमयन्ती ने अपने राज्यको नष्टजानकर अपने पुत्र तथा कन्याको रथपर बैठालकर अपने पिताके यहां भेज दिया इतने में राजानल अपनासम्पूर्ण राज्यहारगया और पुष्करने उससे कहा कि तुम और तो सब वस्तुहारगये अब इस बैलके लिये दमयन्ती को पणमें रक्खो उसके यहद्वेषयुक्त अप्रिय वचन सुनकर राजानलने कुसमय जानकर कुछ नहींकहा और दामभी नहीं बदा तब पुष्कर ने उससे कहा कि जो तुम दमयन्ती को पणमें नहीं रखतेहो तो तुम इसे लेकर मेरे राज्यसे निकल जाओ यह सुनकर नल दमयन्ती को साथ लेकर देशसे बाहर चलागया और राज्यके पुरुष उसे अपनी सीमा से बाहरकरआये हाय जब कलियुगने नलकी भी यह दुर्दशाकी तो क्रिमियों के समान अन्यपुरुषों की क्या गणना है धर्म तथा स्नेह रहित इस द्यूतको धिक्कारहै जिसके द्वारा कलियुग तथा द्वापरने ऐसे २ राजर्षियोंको भी ऐसी महा आपत्तियों में डाला इसके उपरान्त राजानल दमयन्ती के साथ वनमें भ्रमण करताहुआ क्षुधा से व्याकुल होकर एक तड़ाग के तटपर पहुंचा और कुशों से फटे हुए पैरवाली दमयंती को विश्राम कराने के लिये वहीं ठहरगया उससमय उसे दो हंस चरते हुए दिखाई दिये उसने भोजनके निमित्त उनको पकड़ने के लिये उनपर अपना दुपट्टाफेंका वह उस दु-

पनी माताके द्वारा अपने पिता से स्वयम्वर करने को कहा राजा भीम ने उसका अभिप्राय जानकर पृथ्वी के सम्पूर्ण राजाओं के पास स्वयम्वरके निमित्त दूत भेजे दूतों से स्वयम्वर का समाचार पाके राजालोग रथोंपर चढ़के विदर्भदेश को गये और राजानल भी स्वयंवर के लिये चला इस बीच में नारदमुनि से सम्पूर्ण लोकपालों ने दमयन्ती का स्वयंवर तथा उसका नलपर प्रेम सुना उनमें से इन्द्र वायु यम अग्नि तथा वरुण यह पांच लोकपाल स्वयंवरके लिये जातेहुए राजानलसे मार्ग में आकर मिले और बोले कि हे राजा आप दमयन्ती से जाकर हमारा यह सँदेशा कहो कि हम पांचोंलोकपालोंमें से किसी एकके साथ वह अपना स्वयंवरकरे मनुष्य नलकेसाथ विवाहकरके वह क्या करेगी क्योंकि देवतालोग अमरहोते हैं और मनुष्य मरणशील होते हैं हेराजा हमारे इस संदेसेको लेकर तुम जाओ हमारे वरदानसे तुमको वहां जानेमें कोई देखेगा नहीं देवता लोगों की यह आज्ञा मानकर नल ने विदर्भदेश में दमयन्ती के यहां जाकर उससे देवतालोगों का सँदेसा कहा उस सँदेसे को सुनकर दमयन्ती बोली कि यद्यपि देवतालोगों में अनेक गुण हैं तथापि मेरापति नलहीहोगा मुझे देवताओं से कुछ प्रयोजन नहीं है उसके इसप्रकार कहनेपर नलने अपनास्वरूप उसकेआगे प्रकट करके वहां से आकर इन्द्रादिकोंसे उसका सब वृत्तान्त कहदिया इस प्रतिसन्देसको सुनकर देवतालोगोंने उससे कहा कि हे सत्यवादी तुम्हारे सत्यवचनोंसे तुम पर हम सब प्रसन्न हैं अब तुम जब हमारा स्मरण करोगे तभी हम तुम्हारे पास आवेंगे देवतालोगों से यह वरपाकर नल प्रसन्नहोके विदर्भदेश में स्वयंबरकी सभा में गया और इन्द्रादिक देवताभी दमयन्ती को छलने के लिये राजा नलकास्वरूप धारणकरके स्वयंवर में नलही के पासजाकर बैठे उससमय दमयन्ती अपने भाई के साथ स्वयंबर की सभा में आई और अपने भाई से बतायेगये सम्पूर्ण राजाओं को छोड़तीहुई नलके निकट पहुँची वहां एक साथही बैठे हुए एकसेही स्वरूपवाले छः नलों को देखकर उसका भाई तो भ्रम में पड़गया और वह व्याकुलहोके शोचनेलगी कि लोकपालों ने मुझे ठगनेके लिये यह मायाकीहै इन छः में पांचतो लोकपालहैं और एक नलहै यह शोचकर उसने सूर्य्य के सन्मुख खड़ेहोकर कहा कि हे लोकपालो जो स्वप्नमें भी मेरा चित्त नल से न हटाहोय तो इस सत्य से प्रसन्नहोकर आपलोग अपना २ स्वरूप मुझे दिखाइये और मैं तो नलका प्रथमही स्वीकारकरचुकीहूं इससे मैं अब परस्त्री होगई आपलोग मेरे लेने का क्यों उद्योगकरते हैं उसके यह वचन सुनकर पांचों लोकपाल अपने २ स्वरूप में होगये और नल अपनेही स्वरूप में बनारहा यह देखकर दमयन्ती ने प्रसन्नहोके प्रफुल्लित नेत्रों से नलको देखकर उसके गले में जयमाल पहरादी और आकाश से पुष्पोंकीवृष्टिहुई तब राजा भीम ने नलकेसाथ दमयन्तीका विवाह करदिया और इन्द्रादिक देवता तथा सम्पूर्ण राजालोगों को सत्कारकरके बिदाकिया तदनन्तर इन्द्रादिक देवताओं ने वहां से मार्ग में जातेसमय में कलियुग तथा द्वापरको आतेदेखा और उनको दमयन्ती के स्वयम्वर के निमित्त आया जानकर कहा कि तुम अब वहां मतजाओ हम सब वहीं से आरहे हैं राजा नल के साथ दमयन्ती का स्वयम्बर होगया यह सुनकर उन दोनों ने क्रोध करके

पढ़ना (बालाम्बनेप्रसुप्तांनृशंससन्तज्यकुमुदिनीकान्ताम् प्राप्यैवाम्बरखण्डंचन्द्रादृश्यःकयातोसि) हे निर्दय चन्द्रवन में सोतीहुई कुमुदिनी रूपी कान्ताको छोड़कर एक अम्बर ( वस्त्र तथा आकाश ) का खण्डपाकर कहाँ अदृश्य होरहेहो ३३९ इसबीच में रात्रिके समय वनमें उस आधे वस्त्रको पहने हुए राजानल को कुछ दूर जाकर दावाग्नि दिखाईदी और यह शब्द सुनाई दिया कि हे महासत्त्व मुझ निर्बल को यह दावाग्नि भस्मकिये देती है मुझे शीघ्रही इससे निकालो यह सुनकर राजानल ने दावाग्निमें दृष्टि करके देखा कि मणिकी प्रभाके समूहसे व्याप्त एक सर्प दावाग्नि के शस्त्रके समान मण्डलबांधे बैठाहुआ है उसे देखकर राजा नलने अपने कन्धेपर उसे चढ़ा के उस दावाग्नि से कुछ दूर लेजाकर छोड़नाचाहा तब सर्प ने कहा कि यहांसे गिनकर दशपैर मुझे औरलेचलो उसके यहवचन सुनकर राजानल एक दो तीन आदि गिनता हुआ दशपैरतक उसे और लेगया वहां उस सर्प ने उसके माथेपर काटा इससे उसकी भुजा छोटी होगई वर्ण काला होगया और चेष्टा बिगड़गई अपनी यह दशा देखकर राजानलने उसे कन्धेपरसे उतारकर पूछा कि तुम कौनहो और यह क्या तुमने प्रत्युपकार मेरेसाथ किया यह सुनकर उस सर्पने कहा कि हेराजा मैं कर्कोटकनाम नागराज हूं मैंने तुम्हारे उपकारके लिये तुमको काटाहै इसका गुण तुम्हें पीछे से मालूम होगा गुप्त निवासमें विरूप होनेसे ही महात्माओंके कार्य्य सिद्धहोते हैं यहअग्निशौचनाम दो वस्त्र मैं तुमको देताहूं इनके पहरतेही तुम्हारा रूप पूर्व्वकासाही होजायगा यहकहकर और वस्त्र देकर कर्कोटकके चलेजानेपर राजा नल उसवनसे चलकर कोशलदेशमें पहुंचा वहां राजा ऋतुपर्णके यहां ह्रस्ववाहुनाम रसोइया होकररहा वह बड़ेदिव्य भोजन राजाके निमित्त बनाताथा इससे और रथ विद्यासे उसका बड़ाभारी यश उसदेशभरमें फैलगया इसबीचमें राजाभीमका एकदूत वहांभीगया और उसने सुना कि यहां एकह्रस्ववाहुनाम रसोइया नलके समान रथविद्या तथाभोजनविद्याका जाननेवालाहै यहसुनके उसने उसेनलजानके युक्तिपूर्व्वक उसके पासजाके अपनेस्वामीका बतायाहुआ श्लोकपढ़ा उसश्लोकको सुनकर अन्यलोगतो कुछ नहींसमझे परन्तु रसोइयेकेरूपमें स्थित नलने कहा (क्षीणोम्बरैकदेशंचन्द्रःप्राप्यान्नमण्डलं प्रविशन्कुमुदिन्यायदृश्योज़ातस्तत्कानृशंसतातस्य) अम्बरके एकखण्डको लेकर अन्य मण्डल में प्रवेशकरताहुआ क्षीण चन्द्रमा कुमुदिनीसे अदृश्यहोगया इसमें उसकी क्या निर्दयताहै इसउत्तरको सुनकर उसदूतने उसे निस्सन्देह नलही जानकर और विपत्तिसे उसका बिगड़ाहुआ रूप समझकर विदर्भदेश में जाकर राजाभीम तथा दमयन्ती से सब वृत्तान्त कहा तब दमयन्ती ने यहवृत्तान्त जानकर एकान्त में अपने पितासे कहा कि निस्सन्देह वहरसोइयेके रूपमें आर्य पुत्रही हैं इससे उनके बुलानेके लिये मेरी बनाई हुई यहयुक्ति कीजिये कि राजा ऋतुपर्णके यहांदूत भेजिये वहदूत पहुंचतेही राजासे कहे कि राजा नल कहीं चलागयाहै उसकापता नहीं लगता इससे दमयन्ती प्रातःकाल फिर स्वयंवरकरेगी इसलिये आप शीघ्रही विदर्भदेशको चलिये इसबातको सुनकर राजा ऋतुपर्ण आर्यपुत्रके साथ एकही दिनमें अवश्य आवेगा दमयन्तीका यह विचार सुनकर भीमने यही संदेशा कहकर एकदूत ऋतुपर्णके यहां

पट्टेको भी लेकर उड़गये और यह आकाशवाणीहुई कि हे राजा हंसरूपसे आकर वह दोनों पासे तुम्हारा वस्त्र हरलेगये इस आकाशवाणी को सुनकर नलने उदासीनहोके युक्तिपूर्व्वक दमयन्ती को राजा भीमके नगरको मार्गवताने के निमित्त कहा कि हे प्रिये यहमार्ग अंगदेशकाहै वह दूसरा मार्ग कोशलदेशका है और यह तीसरा मार्ग विदर्भदेश में तुम्हारे पिताके यहां का है यहसुनकर दमयन्ती अपने चित्तमें कुछ शंकितसीहुई कि आर्यपुत्र मुझे त्यागकरने के लिये तो मार्ग नहीं बतारहे हैं तदनन्तर रात्रिहोजानेपर कन्दमूल तथा फलखाकर थकेहुए वह दोनों स्त्री पुरुष कुशकी शैयापरलेटे उस समय थकीहुई दमयन्ती तो क्षणहीभरमें सोगई परन्तु कलियुगसे ठगाहुआ राजानल जागताहीरहा और दमयन्तीको सोईहुई जानकर उसका आधा वस्त्रफाड़कर धारणकरके वहां से चलदिया तब कुछ रात्रिरहे जगीहुई दमयन्ती अपने पति नलको न देखकर यह विलापकरनेलगी कि हा आर्यपुत्र हा महासत्त्व हे शत्रुओंपरभी कृपाकरनेवाले हे प्राणों से भी अधिक मुझे चाहनेवाले किसने मेरे ऊपर तुमको कृपारहित करदिया वनमें अकेले तुम कैसे पैदल २ चलोगे श्रमको दूरकरनेको वहां कौन तुम्हारी सेवाकरेगा जो तुम्हारे चरण राजालोगों के शिरोंकी मालाओं के परागसे रंजितहोते थे उनको मार्गकी धूल मलिन करेगी जो तुम्हारे कोमल अंग चन्दनके लेपको भी नहीं सहसक्के थे वह अंग मध्याह्न के समय सूर्य्य के सन्तापको कैसे सहेंगे मुझे उस बालक पुत्रसे कन्यासे तथा अपने शरीर से भी कुछ प्रयोजन नहीं है यदि मैं सतीहूं तो देवतालोग सदैव तुम्हाराही कल्याण करें इस प्रकारसे विलाप करतीहुई दमयन्ती नलकेही बतायेहुए मार्ग्ग से चली मार्ग्ग में बहुतसी नदी अनेक पर्व्वत तथा वनोंका उसने उल्लंघनकिया परन्तु पतिकी भक्तिका उल्लंघन उसने मनसे भी नहीं किया इसी से सतीत्वका तेजहीमार्गमें उसकी रक्षाकरतारहा क्योंकि कोई लुब्धक उसके धर्मको नष्ट करना चाहताथा परन्तु उसको किसी सर्पने नष्ट करदिया उस लुब्धकसे बचकर दमयन्ती भाग्यवशसे मार्गमें मिलेहुए वैश्योंके साथ राजा सुबाहुके नगरको गई वहां राजसुताने महलपर से उसेदेखकर उसके रूपसे प्रसन्न होकर उसको अपने पास बुलाके अपनी मातासे जाकर मिलाया और दमयन्ती यह कहकर कि मेरा पतिमुझे छोड़गया है उसी राजपुत्रीके पासरही इस बीचमें राजा भीमने नलका वृत्तान्त सुनकर नल तथा दमयन्तीके ढूंढ़नेके निमित्त अपने दूत चारोंओरको भेजे उनमेंसे राजाका सुषेणनाम मंत्री ब्राह्मण का रूपधरके सुबाहुकी राजधानी में आया उसने आगन्तुक लोगोंको ढूंढ़तीहुई दमयन्ती को देखा और दमयन्तीने उसे देखा परस्पर पहचानकर वह दोनों ऐसा रोदन करनेलगे कि जिसरोदनको सुनकर सुबाहुकी रानीने उन्हें बुलाकर रोदनका कारण पूछा और पूछनेसे मालूमहुआ कि यह मेरी बहिन की पुत्री दमयन्ती है तब उसने अपने पतिसे कहकर दमयन्तीको सुषेण समेत रथपर चढ़ाकर विदर्भ देशको भेजदिया वहां दमयन्ती अपने पिता माता पुत्र तथा कन्याको पाकर अपने पतिके ढुंढ़वानेका उद्योग करनेलगी तब राजाभीमने दूतोंको नलके ढूंढ़नेकेलिये भेजा और उनसे यहकहदिया कि जहाँ रसोई तथा स्यन्दनोंकी विद्याके जाननेवाले नलके होनेका सन्देह तुमलोगोंको होय वहां यह श्लोक

देखकर मैं तुम्हारेपास आईहूं चेरीके यहवचनसुनकर दमयन्ती ने यहशोचाकि अग्नितथा वरुणको वशीभूत करनेवाले यहआर्यपुत्रही हैं मेरे वियोगके क्लेशसे इनकारूप बिगड़गयाहै तथापि परीक्षा करनी चाहिये यहनिश्चयकरके उसने युक्तिपूर्वक चेरी के साथ अपनेपुत्र तथा कन्याको उसकेपासभेजा वह अपने उन दोनों बालकोंको देखकर गोदी में बैठालके अश्रुओंकेप्रवाहों को बहाताहुआ चुपचाप बहुत कालतक रोतारहा चेरीने उसेरोते देखकर पूछा कि आप क्योंरोतेहो उसनेकहा कि ऐसेही मेरे बालक अपने नानाके यहां हैं उन्हीं का स्मरणकरके मुझे इससमय दुःखहुआहै उसके यह वचन सुनके चेरीने दोनों बालकोंको लेकर दमयन्ती से आकर सब वृत्तांतकहा और दमयन्तीको इन सबबातों से निश्चय होगया कि यहनलही है ४०२ इसीसे दूसरे दिन दमयन्ती ने प्रातःकाल अपनी चेरीसे कहा कि तुम राजा ऋतुपर्णके रसोइये से. मेरीओरसे यहकहो कि मैंने सुनाहै कि आपके समान कोई पृथ्वीभरमें रसोई करनेवाला नहीं है इससे आप [illegible] यह आज्ञा पाकर चेरी ने जाकर इसीप्रकार [illegible] के पास गया वहां दमयन्ती ने उससेकहा कि सत्य २ कहिये कि जो आप रसोइये के रूपधारी राजा नलहैं तो चिन्तारूपी समुद्रमें डूबतीहुई मुझदीनको पारलगाइये यहसुनकर स्नेह हर्ष दुःख तथा लज्जासे व्याकुल राजा नल नीचेको मुखकरके गद्गद वचनबोला कि वज्रसे भी अधिक कठोर हृदयवाला वह पापी नल मैंहीहूं जिसने मोहसे तुमको सन्तापदेकर अपने को अनलकिया उसके यह वचन सुनकर दमयन्तीने फिरपूछा कि जो आप नलहैं तो आपका यह रूप कैसे बिगड़गया तब नलने अपना सम्पूर्ण वृत्तान्त कर्कोटककी मित्रतासे लेकर कलियुगके शरीरसे निकलनेतकका कहा और उसी समय कर्कोटक के दियेहुए अग्निशौचनाम वस्त्रपहरे उनके धारण करतेही नलका रूप पूर्वकासाहोगया तब नलको अपने पूर्व रूपमें देखकर प्रफुल्लित मुख कमलवाली दमयन्ती अश्रुओं से दुःखरूपी दावानलको शान्त करके अपूर्व अनुपम सुखको प्राप्तहुई उससमय राजा भीमने भी अपने परिजनों से यह सब वृत्तान्त सुनकर वहांआके नलको देखकर आनन्दसे बड़ा उत्सवकिया और राजा ऋतुपर्ण हृदयमें हँसतेहुए राजा भीमसे कियेगये सत्कारको ग्रहणकरके और नलका पूजनकर तथा अपने सब अपराध क्षमाकराके अपने कोसलदेशकोगया उसके चलेजाने पर राजानल अपने स्वसुर से कलियुगकी सम्पूर्ण दुरात्मता कहकर दमयन्ती के साथ कुछ दिन सुखपूर्वक वहां रहकर अपने स्वसुरकी सेनालेकर निषधदेशको गया वहां अपने भाई पुष्करको अक्षविद्याके प्रभावसे जुएमें जीतकर शरीरसे द्वापरके निकलजाने से फिर धर्मको प्राप्तहुए पुष्करको आधा राज्य देकर दमयन्ती के साथ सुखको भोगताहुआ अपने राज्यका पालनकरनेलगा इस सुन्दर नलकी पवित्रकथाको कहकर सुमना ब्राह्मणने राजपुत्री कन्धुमती से फिर कहा कि हे राजपुत्री इसप्रकारसे महात्मालोग दुःखका अनुभवकरके सुखको भोगते हैं और सूर्य्यादिक देवता भी अस्तको प्राप्तहोकर फिर उदयको प्राप्तहोते हैं इससे तुम्हारा पति भी तुमको मिलजायगा धैर्य्यकरो दुःखको त्यागो उस ब्राह्मणके यह उचित वचन सुनकर कन्धुमती उसे बहु-

भेजा, उसदूतने राजा ऋतुपर्णके पास जाकर राजा भीमका संदेशा कहदिया दूतके यहवचन सुनकर ऋतुपर्णने पास खड़ेहुए ह्रस्वबाहुरूपी नलसे कहा कि हे ह्रस्वबाहु तुमने हमसे कहाथा कि मैं रथकी विद्या जानताहूं इससे जोहोसके तो मुझे आजही विदर्भदेशमें पहुंचाओ यहसुनकर नल बहुतअच्छा पहुंचादूंगा यहकहकर और दमयन्तीने मेरीही प्राप्तिके लिये यह स्वयंवर रचाहै नहीं तो उसकी चित्त वृत्ति स्वप्नमेंभी ऐसी नहींहोसक्ती है अच्छा वहांजाकर देखूं क्याहोताहै यहशोचकर श्रेष्ठ घोड़े जोतकर रथ तय्यार करलाया और राजा ऋतुपर्णको [illegible]
के वेगसे [illegible]
यह सुनक [illegible] इतनेही क्षण में न जानिये कै योजन पृथ्वी लांघआया यहसुनकर ऋतुपर्ण ने कहा कि हे ह्रस्वबाहु तुम मुझे यह अपनी रथ विद्या देदो तो मैं तुमको अक्ष विद्या देदूं जिसके जानने से पासे वशीभूत होजाते हैं और संख्याका शीघ्र ज्ञान होजाता है अभी मैं तुमको इसका निश्चय कराये देताहूं यह जो आगे वृक्ष दिखाई देरहाहै उस के फल तथा पत्तों की संख्या मैं तुमसे कहताहूं तुम गिनकर इसेदेखलो यहकहकर उसने जितने फल तथा पत्ते बतलाये उतनेही नलके गिने से भी उसमें निकले तब नल ने राजा ऋतुपर्ण को रथ विद्या बतादी और ऋतुपर्णने उसको अक्षविद्या बतादी फिर नलने दूसरे वृक्षमें जाकर [illegible]
परीक्षामें उसे वह [illegible]
से एक कृष्णवर्ण [illegible] तुम कौनहो उसनेकहा कि मैं कलियुगहूं दमयन्ती के साथ तुम्हारा स्वयंवर देखकर मैंने ईर्ष्या से तुम्हारे शरीर में प्रवेशकरके तुमको द्यूत खिलाकर तुम्हारी सम्पूर्ण लक्ष्मी नष्टकरदी इसी से तुमको काटतेहुए उस कर्कोटक सर्प ने तुम्हारा अपकार नहीं किया देखो मेराही शरीर सब भस्मकरदियाहै ठीकहै (मिथ्यापरापकारोहि कृतःस्यात्कस्यशर्मणे) व्यर्थ पराया अपकार करने से किसका कल्याण होताहै इससे अब मैं जाताहूं अब मुझे तुम्हारे शरीर में रहने का अवकाश नहीं है यहकहकर कलियुगके अन्तर्द्धान होजानेपर राजा नल पहिलेही के समान धर्मात्मा तथा तेजस्वी होगया और राजा ऋतुपर्णके पासआके उसे रथपर चढ़ाकर उसी दिन विदर्भ देशमें पहुंचगया वहां आगमनका कारण पूछनेवाले लोगों से हँसेगये राजा ऋतुपर्णको राजाभीमने आदरपूर्वक राजमंदिरकेही निकट टिकाया और दमयन्ती ने रथके आश्चर्यकारीशब्दको सुनकर नल के आगमनका सम्भव जानकर प्रसन्नतासे अपनी चेरी को उसे देखने के लिये भेजा चेरी ने उसे देख कर लौटकर दमयन्तीसे कहा कि हे राजपुत्री तुम्हारे स्वयंवरके मिथ्याप्रवादको सुनकर यह जो राजा ऋतुपर्ण आयाहै इसे ह्रस्वबाहुनाम एक रसोइया एकही दिनमें अपनी रथविद्याके प्रभावसे यहांलायाहै मैंने उसरसोइयेको रसोईमेंजाकर देखाहै उसका वर्ण कालाहै और नेष्टाकुरूपहै परन्तु उसकाप्रभाव महा आश्चर्यकारी है क्योंकि उसरसोई में भोजनकेपात्रों में विनाडालेही जलउत्पन्नहोगया अग्निके विनाही ईंधनफीलकड़ी आपसेआप जलनेलगी औरक्षणहीभरमें दिव्यभोजन तैयारहोगया यहमहाआश्चर्यको

देखकर मैं तुम्हारेपास आईहूं चेरीके यहवचनसुनकर दमयन्ती ने यहशोचाकि अग्नितथा वरुणको वशीभूत करनेवाले यहआर्यपुत्रहीहैं मेरे वियोगके क्लेशसे इनकारूप बिगड़गयाहै तथापि परीक्षा करनी चाहियेयहनिश्चयकरके उसने युक्तिपूर्वक चेरी के साथ अपनेपुत्र तथा कन्याको उसकेपासभेजा वह अपने उन दोनोंबालकोंको देखकर गोदीमें बैठालके अश्रुओंकेप्रवाहों को बहाताहुआ चुपचाप बहुत कालतक रोतारहा चेरीने उसेरोते देखकर पूछा कि आप क्यों रोतेहो उसनेकहा कि ऐसेही मेरेबालक अपने नानाके यहां हैं उन्हीं का स्मरणकरके मुझे इससमय दुःखहुआहै उसके यह वचन सुनके चेरीने दोनों बालकोंको लेकर दमयन्ती से आकर सब वृत्तांतकहा और दमयन्तीको इन सबबातों से निश्चय होगया कि यहनलही है ४०२ इसीसे दूसरे दिन दमयन्तीने प्रातःकाल अपनी चेरीसे कहा कि तुम राजा ऋतुपर्णके रसोइये से मेरीओरसे यहकहो कि मैंने सुनाहै कि आपके समान कोई पृथ्वीभरमें रसोई करनेवाला नहीं है इससे आप यहांआकर मुझे भोजनबनाके खिलाइये दमयन्तीकी यह आज्ञा पाकर चेरी ने जाकर इसीप्रकार नलसेकहा तब राजा नल ऋतुपर्णसे आज्ञालेकर दमयन्ती के पास गया वहां दमयन्ती ने उससेकहा कि सत्य २ कहिये कि जो आप रसोइये के रूपधारी राजा नलहैं तो चिन्तारूपी समुद्रमें डूबतीहुई मुझदीनको पारलगाइये यहसुनकर स्नेह हर्ष दुःख तथा लज्जासे व्याकुल राजा नल नीचेको मुखकरके गद्गद वचनबोला कि वज्रसे भी अधिक कठोर हृदयवाला वह पापी नल मैंहीहूं जिसने मोहसे तुमको सन्तापदेकर अपनेको अनलकिया उसके यह वचन सुनकर दमयन्तीने फिरपूछा कि जो आप नलहैं तो आपका यह रूप कैसे बिगड़गया तब नलने अपना सम्पूर्ण वृत्तान्त कर्कोटककी मित्रतासे लेकर कलियुगके शरीरसे निकलनेतकका कहा और उसी समय कर्कोटक के दियेहुए अग्निशोचनाम वस्त्रपहरे उनके धारण करतेही नलका रूप पूर्वकासाहोगया तब नलको अपने पूर्वरूपमें देखकर प्रफुल्लित मुख कमलवाली दमयन्ती अश्रुओं से दुःखरूपी दावानलको शान्त करके अपूर्व अनुपम सुखको प्राप्तहुई उससमय राजा भीमने भी अपने परिजनों से यह सब वृत्तान्त सुनकर वहांआके नलको देखकर आनन्दसे बड़ा उत्सवकिया और राजा ऋतुपर्ण हृदयमें हँसतेहुए राजा भीमसे कियेगये सत्कारको ग्रहणकरके और नलका पूजनकर तथा अपने सब अपराध क्षमाकराके अपने कोशलदेशकोगया उसके चलेजाने पर राजानल अपने श्वसुर से कलियुगकी सम्पूर्ण दुरात्मता कहकर दमयन्ती के साथ कुछ दिन सुखपूर्वक वहां रहकर अपने श्वसुरकी सेनालेकर निषधदेशको गया वहां अपने भाई पुष्करको अक्षविद्याके प्रभावसे द्यूतमें जीतकर शरीरसे द्वापरके निकलजाने से फिर धर्मको प्राप्तहुए पुष्करको आधा राज्य देकर दमयन्ती के साथ सुखको भोगताहुआ अपने राज्यका पालनकरनेलगा इस सुन्दर नलकी पवित्रकथाको कहकर सुमना ब्राह्मणने राजपुत्री बन्धुमती से फिर कहा कि हे राजपुत्री इसप्रकारसे महात्मालोग दुःखका अनुभवकरके सुखको भोगते हैं और सूर्य्यादिक देवता भी अस्तको प्राप्तहोकर फिर उदयको प्राप्तहोते हैं इससे तुम्हारा पति भी तुमको मिलजायगा धैर्य्यकरो दुःखको त्यागो उस ब्राह्मणके यह उचित वचन सुनकर बन्धुमती उसे बहु-

तसा धनदेके और विदाकरके अपने पतिकी प्रतीक्षा करनेलगी इसके उपरान्त थोड़ेही दिनोंमें महीपाल अपनी माताको लेकर अपने पिताके साथ आगया उसे देखकर जैसे पूर्णमासी के चन्द्रमा को देखकर समुद्र प्रसन्नहोताहै उसीप्रकार वह बन्धुमती भी प्रसन्नहोतीभई तब महीपाल उससे मिलकर अपने बिनाकहेहुए चलेजाने के अपराधको क्षमाकराके अपने स्वसुर के दियेहुए राज्यको सुखपूर्वक बन्धुमती के साथ भोगनेलगा मरुभूतिके मुखसे इस विचित्र मनोहर तथा अनुपम कथाको सुनकर अलंकारवती समेत नरवाहनदत्त अत्यन्त प्रसन्नहुआ ४३४॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांअलंकारवतीलम्बकेषष्ठस्तरंगः ६॥

अलंकारवती नाम नवां लम्बक समाप्तहुआ॥

## शक्तियशोनामदशमोलम्बकः॥

अवारणीयंऋषुभिर्वारणीयंनरंनुमः॥
हेरम्बस्यससिन्दूरमसिंदूरमघाच्छिदम् १
पायाद्दःपुरदाहाय शम्भोस्संदधतःशरम्॥
समंव्यग्रेषुनेत्रेषु तृतीयमधिकंस्फुरत् २
रक्तारुणान्नृसिंहस्य कुटिलाविद्विषोवधे॥
नखश्रेणीचदृष्टिश्च नि[illegible] ३

इसप्रकार कौशाम्बीमें नरवाहनदत्त अपने मन्त्री तथा स्त्रियोंके साथ सुखपूर्वक रहताथा एक समय उसके आगेही सभामें बैठेहुए वत्सराज उदयनको विज्ञापनकरनेकेलिये उसी पुरीकारहनेवाला रत्नदत्त नाम वैश्यआया और प्रतीहारसे आज्ञापाकर सभाके मध्यमें आके हाथजोड़केबोला कि हे राजा वसुधरनाम एक दरिद्रीभार उठानेवाला इसीपुरी में रहताहै उसको अकस्मात् ऐश्वर्यवान् देखकर मैंने उसे अपने घरलेजाके यथेच्छ मद्यपिलाकर उससे ऐश्वर्य्यका कारण पूछा उसने उन्मत्तहोकर मुझसे कहा कि मैंने राजद्वारपर एक जड़ाऊ कंकण पाके उसमेंसे एक रत्न उखाड़कर हिरण्यगुप्त वैश्यके हाथ एक लक्षअशर्फी को बेचा इसी में मैं अब ऐश्वर्य्यवान् होगया हूं यह कहकर उसने आपके नामसे चिह्नित वह कंकण मुझे दिखाया यही विज्ञापन करनेके निमित्त मैं आपके निकट आयाहूं यह सुनकर वत्सराजने वसुधरको तथा हिरण्यगुप्तको बुलवाया राजाकी आज्ञासे कंकणको लेकर वसुधर तथा उसरत्नको लेकर हिरण्यगुप्त यह दोनों सभामें आये राजाने वसुधरके हाथमें वह कंकण देखकर कहा कि पुर भ्रमणके समय यह कंकण मेरेहाथसे गिरपड़ाथा आज इसकी मुझेयादआई है राजाके यह

वचन सुनकर सभासदोंने वसुधरसे पूछा कि तुमने राजाके नामसे अंकित कंकणको पाकर क्यों छिपा रक्खा यह सुनकर उसने कहा कि भारका उठानेवाला मैं राजाके नामके अक्षरोंको क्याजानूं मैंने राज द्वारपर यह कंकण पड़ाहुआदेखा और दरिद्रसे दुखीहोनेके कारण उठालिया यह सुनकर सभासदोंने हिरण्यगुप्तसे भी यहीबात पूछी उसने कहा कि मैंने बाजारमें मूल्यदेकर यह रत्नलियाहै जबरदस्ती से नहीं लिया और इसरत्नमें राजाकी कोई पहचान नहीं है जो मूल्य मैंने इसरत्नका दियाहै उसमेंसे पांच हजार अशर्फी तो यह लेगयाहै और बाकी सब मेरे यहां जमाहैं हिरण्यगुप्तके यह वचन सुनकर वहां बैठेहुए यौगन्धरायण ने कहा कि इसमें किसीकाभी अपराध नहीं है लिखनेपढ़ने के ज्ञानसेरहित दरिद्री इस वसुधरका इसमें क्या दोषहै दरिद्रसे तो लोग चोरीभी करतेहैं और फिर पाईहुई वस्तुको कौनछोड़ताहै और मूल्यदेकर रत्नमोललेनेवाले इसवैश्य हिरण्यगुप्तकोभी कोई दोषमालूम नहींहोताहै महामन्त्रीयौगन्धरायणके यहवचनसुनकर वत्सराजने हिरण्यगुप्तको पांचहजार अशर्फीदेकर अपना रत्नलेलिया और अपना कंकणलेकर उसवसुधरकोभी छोड़दिया तब पहलेमिलीहुई पांचहजार अशर्फियोंको पाकर वसुधर निर्भयहोकर अपनेघरकोगया और हिरण्यगुप्तभी राजाको प्रणामकरके अपनेघरकोगया उनदोनोंके चलेजानेपर महाराज उदयन ने अपने चित्तमें उस रत्नदत्त वैश्यको विश्वासघाती तथा पापी जानकर भी ऊपरसे कार्य्यकेनिमित्त सत्कारकरके उसको विदाकिया तब वसुधरका यहवृत्तान्तदेखकर वसन्तकने कहा कि जिसपर ईश्वरकाकोपहोताहै उसकेपास मिलाहुआभी धन नहींरहताहै इस विचारे वसुधरकी भद्रघट कीसी दशाहोगई पाटलिपुत्रनामनगरमें एकशुभदत्तनाम दरिद्री रहताथा वह प्रतिदिन वनसे काष्ठलाके और बेचकर अपने कुटुंबका पालनकिया करताथा एक दिन वनमें काष्ठकेलिये बहुतदूरजाकर शुभदत्त ने दिव्यआभूषण तथा वस्त्रधारी चारयक्षदेखे उनयक्षोंने उसे भयभीत देखकर और उसे दरिद्री जानकर कृपापूर्वक कहा कि हे शुभदत्त तुम यहां हमारे पासरहो और हमारी सेवाकरो हम बिना क्लेशही के तुम्हारे घरका निर्वाह करदेंगे उनके वचनको स्वीकारकरके शुभदत्तने वहीं रहकर उनको स्नानादिक कराये भोजनके समय उनयक्षोंने शुभदत्तसे कहा कि हेशुभदत्त इसभद्रघटसे तुम भोजन निकाल २ कर हमको देतेजाओ शुभदत्त उसघटको शून्य देखकर भोजन देनेमें विलम्ब करनेलगा तब उनयक्षोंने मुस्कुराकर उससे कहा कि हे शुभदत्त तुम इसके माहात्म्यको नहीं जानतेहो इसके भीतर हाथडालकर जो तुम चाहोगे सो सब मिलेगा क्योंकि यह घटकामप्रदहै उनके यह वचन सुनकर जैसेही उसने घड़ेमें हाथडाला वैसेही उसको यथेच्छ सम्पूर्ण पदार्थमिले उससे उसने उनयक्षोंको भोजन कराया और उनके तृप्तहोनेके पीछे आपभी भोजन किया इसप्रकार भक्तिसे तथा भयसे यक्षोंका नित्य सेवन करताहुआ कुटुम्बकी चिन्तासे व्याकुल शुभदत्त वहां रहा और दुःखमें पीड़ित उसके कुटुम्बको यक्षोंने स्वप्नमें कुछ धन देकर और शुभदत्तका वृत्तान्त कहकर सावधान करदिया तदनन्तर एक महीनेके व्यतीत होजाने पर यक्षों ने शुभदत्तसे प्रसन्न होकर कहा कि हे शुभदत्त हम तुम्हारी भक्तिसे तुमपर प्रसन्नहैं जोचाहो सो मांगो यह सुनकर उसने कहा कि जो आप सत्य २ मुझपर प्रसन्न हैं तो यह भद्रघट मुझको देदीजिये

तसा धनदेके और विदाकरके अपने पतिकी प्रतीक्षा करनेलगी इसके उपरान्त थोड़ेही दिनोंमें मही-
पाल अपनी माताको लेकर अपने पिताके साथ आगया उसे देखकर जैसे पूर्णमासी के चन्द्रमा को
देखकर समुद्र प्रसन्नहोताहै उसीप्रकार वह बन्धुमती भी प्रसन्नहोतीभई तब महीपाल उससे मिलकर
अपने बिनाकहेहुए चलेजाने के अपराधको क्षमाकराके अपने श्वसुर के दियेहुए राज्यको सुखपूर्वक
बन्धुमती के साथ भोगनेलगा मरुभूतिके मुखसे इस विचित्र मनोहर तथा अनुपम कथाको सुनकर अ-
लंकारवती समेत नरवाहनदत्त अत्यन्त प्रसन्नहुआ ४३४॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांअलंकारवतीलम्बकेषष्ठस्तरंगः ६॥

अलंकारवती नाम नवां लम्बक समाप्तहुआ॥

## शक्तियशोनामदशमोलम्बकः॥

अवारणीयऋषुभिर्वारणीयनरंनुमः॥
हेरम्बस्यससिन्दूरमसिंदूरमघच्छिदम् १
पायाद्वःपुरदाहाय शम्भोस्संदधतःशरम्॥
समंव्यग्रेषुनेत्रेषु तृतीयमधिकंस्फुरत् २
रक्तारुणान्नृसिंहस्य कुटिलाविद्विषोवधे॥
नखश्रेणीचदंष्ट्रिश्च निहन्तुदुरितानिवः ३

इसप्रकार कौशाम्बीमें नरवाहनदत्त अपने मन्त्री तथा स्त्रियोंके साथ सुखपूर्वक रहताथा एक समय
उसके आगेही सभामें बैठेहुए वत्सराज उदयनको विज्ञापनकरनेकेलिये उसी पुरीकारहनेवाला रत्नदत्त
नाम वैश्यआया और प्रतीहारसे आज्ञापाकर सभाके मध्यमें आके हाथजोड़केबोला कि हे राजा वसु-
धरनाम एक दरिद्रीभार उठानेवाला इसीपुरी में रहताहै उसको अकस्मात् ऐश्वर्यवान् देखकर मैंने
उसे अपने घरलेजाके यथेच्छ मद्यपिलाकर उससे ऐश्वर्यका कारण पूछा उसने उन्मत्तहोकर मुझसे
कहा कि मैंने राजद्वारपर एक जड़ाऊ कंकण पाके उसमेंसे एक रत्न उखाड़कर हिरण्यगुप्त वैश्यके हाथ
एक लक्षअशर्फी को बेचा इसी में मैं अब ऐश्वर्यवान् होगया हूं यह कह कर उसने आपके नामसे
चिह्नित वह कंकण मुझे दिखाया यही विज्ञापन करनेके निमित्त मैं आपके निकट आयाहूं यह सुन-
कर वत्सराजने वसुधरको तथा हिरण्यगुप्तको बुलवाया राजाकी आज्ञासे कंकणको लेकर वसुधर तथा
उसरत्नको लेकर हिरण्यगुप्त यह दोनों सभामें आये राजाने वसुधरके हाथमें वह कंकण देखकर कहा
कि पुर भ्रमणके समय यह कंकण मेरेहाथसे गिरपड़ाथा आज इसकी मुझेयादआई है राजाके यह

वचन सुनकर सभासदोंने वसुधरसे पूछा कि तुमने राजाके नामसे अंकित कंकणको पाकर क्यों छिपा रक्खा यह सुनकर उसने कहा कि भारका उठानेवाला मैं राजाके नामके अक्षरोंको क्याजानूं मैंने राज द्वारपर यह कंकण पड़ाहुआदेखा और दरिद्रसे दुःखीहोनेके कारण उठालिया यह सुनकर सभासदोंने हिरण्यगुप्तसे भी यहीबात पूछी उसने कहा कि मैंने बाज़ारमें मूल्यदेकर यह रत्नलियाहै जबरदस्ती से नहीं लिया और इसरत्नमें राजाकी कोई पहचान नहीं है जो मूल्य मैंने इसरत्नका दियाहै उसमेंसे पांच हजार अशर्फी तो यह लेगयाहै और बाकी सब मेरे यहां जमाहैं हिरण्यगुप्तके यह वचन सुनकर वहां बैठेहुए यौगन्धरायण ने कहा कि इसमें किसीकाभी अपराध नहीं है लिखनेपढ़ने के ज्ञानसेरहित दरिद्री इस वसुधरका इसमें क्या दोषहै दरिद्रसे तो लोग चोरीभी करतेहैं और फिर पाईहुई वस्तुको कौनछोड़ताहै और मूल्यदेकर रत्नमोललेनेवाले इसवैश्य हिरण्यगुप्तकोभी कोई दोषमालूम नहींहोताहै महामन्त्री यौगन्धरायणके यहवचनसुनकर वत्सराजने हिरण्यगुप्तको पांचहजार अशर्फीदेकर अपना रत्नलेलिया और अपना कंकणलेकर उसवसुधरकोभी छोड़दिया तब पहलेमिलीहुई पांचहजार अशर्फियोंको पाकर वसुधर निर्भयहोकर अपनेघरकोगया और हिरण्यगुप्तभी राजाको प्रणामकरके अपनेघरकोगया उनदोनोंके चलेजानेपर महाराज उदयन ने अपने चित्तमें उस रत्नदत्त वैश्यको विश्वासघाती तथा पापी जानकर भी ऊपरसे कार्य्यकेनिमित्त सत्कारकरके उसको विदाकिया तब वसुधरका यहवृत्तान्तदेखकर वसन्तकने कहा कि जिसपर ईश्वरकाकोपहोताहै उसकेपास मिलाहुआभी धन नहींरहताहै इस विचारे वसुधरकी भद्रघट कीसी दशाहोगई पाटलिपुत्रनामनगरमें एकशुभदत्तनाम दरिद्री रहताथा वह प्रतिदिन वनसे काष्ठलाके और बेचकर अपने कुटुंबका पालनकिया करताथा एक दिन वनमें काष्ठकेलिये बहुतदूरजाकर शुभदत्त ने दिव्यआभूषण तथा वस्त्रधारी चारयक्ष देखे उनयक्षोंने उसे भयभीत देखकर और उसे दरिद्री जानकर कृपापूर्वक कहा कि हे शुभदत्त तुम यहां हमारे पासरहो और हमारी सेवाकरो हम विना क्लेशही के तुम्हारे घरका निर्वाह करेंगे उनके वचनको स्वीकारकरके शुभदत्तने वहीं रहकर उनको स्नानादिक करवाये भोजनके समय उनयक्षोंने शुभदत्तसे कहा कि हेशुभदत्त इसभद्रघटसे तुम भोजन निकाल२ कर हमको देतेजाओ शुभदत्त उसघटको शून्य देखकर भोजन देनेमें विलम्ब करनेलगा तब उनयक्षोंने मुस्कुराकर उससे कहा कि हे शुभदत्त तुम इसके माहात्म्यको नहीं जानतेहो इसके भीतर हाथडालकर जो तुम चाहोगे सो सब मिलेगा क्योंकि यह घटकामप्रदहै उनके यह वचन सुनकर जैसेही उसने घड़ेमें हाथडाला वैसेही उसको यथेच्छ सम्पूर्ण पदार्थमिले उससे उसने उनयक्षोंको भोजन कराया और उनके तृप्तहोनेके पीछे आपभी भोजन किया इसप्रकार भक्तिसे तथा भयसे यक्षोंका नित्य सेवन करताहुआ कुटुम्बकी चिन्तासे व्याकुल शुभदत्त वहां रहा और दुःखसे पीड़ित उसके कुटुम्बको यक्षोंने स्वप्नमें कुछ धन देकर और शुभदत्तका वृत्तान्त कहकर सावधान करदिया तदनन्तर एक महीनेके व्यतीत होजाने पर यक्षों ने शुभदत्तसे प्रसन्न होकर कहा कि हे शुभदत्त हम तुम्हारी भक्तिसे तुमपर प्रसन्नहैं जोचाहो सो मांगो यह सुनकर उसने कहा कि जो आप सत्य २ मुझपर प्रसन्न हैं तो यह भद्रघट मुझको देदीजिये

तसा धनदेके और विदाकरके अपने पतिकी प्रतीक्षा करनेलगी इसके उपरान्त थोड़ेही दिनों में महीपाल अपनी माताको लेकर अपने पिताके साथ आगया उसे देखकर जैसे पूर्णमासी के चन्द्रमा को देखकर समुद्र प्रसन्नहोताहै उसीप्रकार वह बन्धुमती भी प्रसन्नहोतीभई तब महीपाल उससे मिलकर अपने विनाकहेहुए चलेजाने के अपराधको क्षमाकराके अपने श्वसुर के दियेहुए राज्यको सुखपूर्व्वक बन्धुमती के साथ भोगनेलगा मरुभूतिके मुखसे इस विचित्र मनोहर तथा अनुपम कथाको सुनकर अलंकारवती समेत नरवाहनदत्त अत्यन्त प्रसन्नहुआ ४२४॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांअलंकारवतीलम्बकेषष्ठस्तरंगः ६॥

अलंकारवती नाम नवां लम्बक समाप्तहुआ॥

## शक्तियशोनामदशमोलम्बकः॥

अवारणीयंऋषुभिर्वारणीयंनरंनुमः॥
हेरम्बस्यससिन्दूरमसिंदूरमघच्छिदम् १
पायाद्वःपुरदाहाय शम्भोस्संदधतःशरम्॥
समंव्यग्रेषुनेत्रेषु तृतीयमधिकंस्फुरत् २
रक्तारुणान्नृसिंहस्य कुटिलाविद्विषोवधे॥
नखश्रेणीचदंष्ट्रेश्च निहन्तुदुरितानिवः ३

इसप्रकार कौशाम्बीमें नरवाहनदत्त अपने मन्त्री तथा स्त्रियोंके साथ सुखपूर्व्वक रहताथा एक समय उसके आगेही सभामें बैठेहुए वत्सराज उदयनको विज्ञापनकरनेकेलिये उसी पुरीकारहनेवाला रत्नदत्त नाम वैश्यआया और प्रतीहारसे आज्ञापाकर सभाके मध्यमें आके हाथजोड़केबोला कि हे राजा वसुधरनाम एक दरिद्रीभार उठानेवाला इसीपुरी में रहताहै उसको अकस्मात् ऐश्वर्य्यवान् देखकर मैंने उसे अपने घरलेजाके यथेच्छ मद्यपिलाकर उससे ऐश्वर्य्यका कारण पूछा उसने उन्मत्तहोकर मुझसे कहा कि मैंने राजद्वारपर एक जड़ाऊ कंकण पाके उसमेंसे एक रत्न उखाड़कर हिरण्यगुप्त वैश्यके हाथ एक लक्षअशर्फी को बेचा इसी में मैं अब ऐश्वर्य्यवान् होगया हूं यह कह कर उसने आपके नामसे चिह्नित वह कंकण मुझे दिखाया यही विज्ञापन करनेके निमित्त मैं आपके निकट आयाहूं यह सुनकर वत्सराजने वसुधरको तथा हिरण्यगुप्तको बुलवाया राजाकी आज्ञासे कंकणको लेकर वसुधर तथा उसरत्नको लेकर हिरण्यगुप्त यह दोनों सभामें आये राजाने वसुधरके हाथमें वह कंकण देखकर कहा कि पुर भ्रमणके समय यह कंकण मेरे हाथसे गिरपड़ाथा आज इसकी मुझेयादआई है राजाके यह

उससे बोला हे आर्य्ये तुम मेरे पुत्रको वेश्याओं की सम्पूर्णकला सिखा दो जिससे यह चतुर होकर वेश्याओंके जालमें नफ़से इस कार्य्यके लिये मैं तुमको एकहज़ार अशर्फ़ीदूंगा यह सुनकर उस कुटिनी ने वह कार्य्य अंगीकार करलिया तब रत्नवर्मा उसे अशर्फ़ी देकर तथा अपने पुत्रको सौंपकर अपने घर चला आया और ईश्वरवर्मा यमजिह्वा के यहां रहा और एकही वर्ष में सम्पूर्ण वेश्याओं की कला सीखकर अपने पिताके यहां चला आया और सोलहवर्षका होकर अपने पितासे बोला कि हे तात धनसेही धर्म तथा कामकी प्राप्तिहोती है और धनही से प्रतिष्ठा तथा यशकी प्राप्ति होती है इससे आप मुझे परदेश जानेकी आज्ञा दीजिये उसके यह वचनसुनकर रत्नवर्माने उसे पांच करोड़ अशर्फ़ी रोज़गार करनेको दीं उन्हेंलेकर ईश्वरवर्मा अपने कुछ सजाती मित्रोंको साथ लेकर स्वर्णद्वीपको चला मार्ग में चलते २ क्रमसे मिलेएहु कांचनपुरनाम नगरके बाहर किसी उपवनमें टिका और उसी उद्यानमें स्नान तथा भोजन करके नगर देखनेको गया उस नगरके किसी देवमन्दिर में जाकर उसने देखा कि युवावस्थारूपी वायुसे उछलीहुई रूपके समुद्रकी लहरके समान सुन्दरीनाम एक वेश्या नृत्य कररही है उसे देखतेही वह उसके वशीभूत ऐसाहुआ कि जिससे कुट्टिनीकी सम्पूर्णशिक्षा मानो कुपित होकर उसकेपाससे भागगई नृत्यकेअन्तमें उसने अपनेएकमित्रको भेजकर सुन्दरी से अपना प्रयोजन कहलवाया सुन्दरी ने मैं धन्यहूं ऐसाकहकर स्वीकारकरलिया तब ईश्वरवर्मा अपनेडेरे पर चतुररक्षकोंको छोड़कर सुन्दरीके मकान परगया वहाँसुन्दरीकी माता मकरकटीने उसका बड़ासत्कारकिया औररात्रिके समय रत्नोंसे देदीप्यमान जड़ाऊ पलँगसे युक्त शयनस्थानमें सुन्दरीकेसाथ उसको भेजा वहां नृत्यमें में तथा सुरतिमें अत्यन्त निपुण उस सुन्दरीके साथ रमणकरके वह दूसरे दिनभी पाससे नहीं हटतीहुई बड़े प्रेमको प्रकट करतीहुई सुन्दरीको अत्यन्त अनुरागयुक्त देखकर वहां से नहीं आसका और दोदिन के लिये पच्चीसलाख अशर्फ़ी उसे देनेलगा सुन्दरी ने उससे कहा कि धन तो मुझे बहुत मिलचुका है परन्तु आपसरीखा पुरुष नहीं मिलाथा जो आपही मुझे मिलगये तो मैं धनलेकर क्या करूंगी सुन्दरी के इसप्रकार कहनेपर उसकी माताने कहा कि अब जो कुछ हमारे पासका धनहै सो भी इन्हींका है इससे यह भी लेकर उसी में रखदो तो क्या हानिहै माता के बड़े कहने सुनने से सुन्दरी ने बड़े आग्रहसे वह अशर्फ़ी लीं उसके इस आग्रहको देखमूर्ख ईश्वरवर्मा ने उसके अनुरागको सत्यही जाना और उसके रूपसे नृत्यसे तथा गीतसे वशीभूत होकर दोमहीने वहां व्यतीत किये और इतने दिनोंमें दो करोड़ अशर्फ़ी उसे दीं ईश्वरवर्मा को इसप्रकारसे मोहित देखकर उसकेमित्र अर्थदत्तने उससे आकर एकान्त में कहा कि हे मित्रकातरकी अस्त्रविद्याके समान तुम्हारी वह सम्पूर्ण कुट्टिनी शिक्षा क्या समयपर व्यर्थ होगई यह जो तुम वेश्याके प्रेम में सत्यता समझ रहेहो सो क्याकभी मरुमरीचिकाओं में भी जल मिलताहै इससे जब तक यह तुम्हारा सम्पूर्ण धन नहीं क्षीणहोता है तभीतक यहां से निकल चलो तुम्हारे पिता जो सुनेंगे तो बहुत कुपितहोंगे उसके यह वचनसुनकर ईश्वरवर्मा ने कहा कि वेश्याओंमें विश्वास न करना चाहिये यह तुम्हारा कहना बहुतठीकहै परन्तु यह सुन्दरी ऐसी नहीं है यह

यह सुनकर यक्षोंने कहा कि इसकी तुमरक्षा नहीं करसकोगे क्योंकि यह टूटजानेपर भागजाताहै इससे अन्य कोई वरमांगो यक्षों के इसप्रकार समझानेपर भी शुभदत्तने अन्यवर नहीं लेनाचाहा तब उन्होंने वह घट उसे देदिया उस भद्रघटकोलेके और यक्षों को प्रणाम करके शुभदत्त अपने घरमें आया और वहीं उसघटसे प्राप्तहुए भोजनादि पदार्थोंको अन्यपात्रों में रखकर अपने कुटुम्ब सहित सुखपूर्वक रहनेलगा एक समय उसके बन्धुओंने उसे भारढोने से रहित तथा अत्यन्त ऐश्वर्यवान् देखकर मद्य पिलाकर उससे पूछा कि तुम्हारे पास यह ऐश्वर्य्य कहां से आया उनके यह वचन सुनकर वह मूर्ख कुछ उत्तर न देकर अभिमान से उस घड़ेको कन्धेपर रखकर नाचनेलगा नाचने में वह घड़ा पृथ्वीमें गिरके फूटके उसीसमय अपने स्थानको चलागया और शुभदत्त अपनी पूर्वदशाको प्राप्त होगया इस प्रकारसे मद्यपानादिक दोषोंके प्रमादसे नष्टहुई बुद्धिवाले अभागीलोग प्राप्तहुए धनकी भी रक्षानहीं करसक्तेहैं वसंतकसे भद्रघटके इसहास्यकारी वृत्तान्तको सुनकर राजाउदयननने सभासे उठकर स्नानादिक नित्यकर्मकिया और नरवाहनदत्तभी अपने पिताकेही मंदिरमें स्नान तथा भोजनादिककरके सायंकाल के समय अपने मित्रोंसमेत अपने निजमंदिरमें गया ५० वहां रात्रिके समय पलँगपर लेटेहुए नरवाहनदत्तको निद्रा न आते देखकर मरुभूतिने सम्पूर्ण मंत्रियोंके आगे उससे कहा कि हे स्वामी मैं जानताहूं आपने दासीकेसाथ रमणकरनेकी इच्छासे आज रानियोंको नहीं बुलवाया और दासीको भी नहीं बुलवाया इसीसे आपको निद्रानहींआती है आप जानबूझकर भी अबतक वेश्याओंसे अनुराग क्यों करते हैं उनके चित्तमें कभी भी सद्भाव नहीं होताहै इसविषयपर मैं आपको एककथा सुनाताहूं चित्रकूटनाम बड़े समृद्धिमान् नगरमें रत्नवर्मा नाम बड़ा धनवान् वैश्य रहताथा उसके श्रीशिवजी के आराधन से ईश्वरवर्मा नाम एक पुत्र उत्पन्नहुआ उस ईश्वरवर्मा को उसने सम्पूर्ण विद्यापढ़ाकर युवाहोने वाला जानकर अपने चित्तमें शोचा कि ( रूपिणीकुसृतिःसृष्टाधनप्राणपहारिणी आढ्यानांयौवनान्धानांवेश्यानामेहवेधसा) ब्रह्माने यौवनसे अन्धेहुए धनवानों के लिये धन तथा प्राणोंका हरनेवाला वेश्यानाम मूर्तिमानकपटबनायाहै इससे मैं अपने इस पुत्रको वेश्याओं का कपट सिखाने के लिये किसी कुटनी के सुपुर्दकरूं जिससे वेश्यालोग फिर इसे ठग न सकें यह शोचकर रत्नवर्मा ईश्वरवर्मा को साथलेकर यमजिह्वानाम कुटनी के घरगया वहां मोटी ठोड़ीवाली लम्बे दाँतवाली तथा टेढ़ी नाकवाली यमजिह्वा अपनी कन्याको यह शिक्षा देरहीथी कि हे पुत्री धनसे सबकी प्रतिष्ठा होती है परन्तु वेश्याओं की विशेष करके और स्नेह करनेसे धनमिल नहींसक्ता इससेवेश्याको किसीसे स्नेह न करना चाहिये सन्ध्या के समान वेश्याओं का रागदोषरूपी अन्धकारका बढ़ानेवाला होताहै इससे वेश्याओंशिक्षित नटी के समान मिथ्या रागदिखावे वेश्याको चाहिये कि पुरुषके साथ अनुराग प्रकट करके उससे सब धनलेले और धनलेकर निकालदे और जो उसे फिर धन मिले तो उसको स्वीकार करले मुनि के समान जो वेश्या,बालक में युवामें वृद्धमें रूपवान् में तथा कुरूपमें समभाव रखती हैं उनको परमार्थ प्राप्तहोताहै इस प्रकार अपनी पुत्रीको शिक्षादेतीहुई यमजिह्वाके पास रत्नवर्मा अपने पुत्रको लेकरगया और बैठकर

उससे बोला हे आर्य्ये तुम मेरे पुत्रको वेश्याओं की सम्पूर्णकला सिखा दो जिससे यह चतुर होकर वेश्याओंके जालमें नफसे इस कार्य्यके लिये में तुमको एकहजार अशर्फीदूंगा यह सुनकर उस कुटिनी ने वह कार्य्य अंगीकार करलिया तब रत्नवर्मा उसे अशर्फी देकर तथा अपने पुत्रको सौंपकर अपने घर चला आया और ईश्वरवर्मा यमजिह्वा के यहां रहा और एकही वर्ष में सम्पूर्ण वेश्याओं की कला सीखकर अपने पिताके यहां चला आया और सोलहवर्षका होकर अपने पितासे बोला कि हे तात धनसेही धर्म तथा कामकी प्राप्तिहोती है और धनही से प्रतिष्ठा तथा यशकी प्राप्ति होती है इससे आप मुझे परदेश जानेकी आज्ञा दीजिये उसके यह वचनसुनकर रत्नवर्माने उसे पांच करोड़ अशर्फी रोजगार करनेको दीं उन्हेंलेकर ईश्वरवर्मा अपने कुछ सजाती मित्रोंको साथ लेकर स्वर्णदीपको चला मार्ग में चलते २ क्रमसे मिलेएहु कांचनपुरनाम नगरके बाहर किसी उपवनमें टिका और उसी उद्यानमें स्नान तथा भोजन करके नगर देखनेको गया उस नगरके किसी देवमन्दिर में जाकर उसने देखा कि युवावस्थारूपी वायुसे उछलीहुई रूपके समुद्रकी लहरके समान सुन्दरीनाम एक वेश्या नृत्य कररही है उसे देखतेही वह उसके वशीभूत ऐसाहुआ कि जिससे कुट्टिनीकी सम्पूर्णशिक्षा मानो कुपित होकर उसकेपाससे भागगई नृत्यकेअन्तमें उसने अपनेएकमित्रको भेजकर सुन्दरी से अपना प्रयोजन कहलवाया सुन्दरी ने मैं धन्यहूं ऐसाकहकर स्वीकारकरलिया तब ईश्वरवर्मा अपनेडेरे पर चतुररक्षकोंको छोड़कर सुन्दरीके मकान परगया वहाँसुन्दरीकी माता मकरकटीने उसका बड़ासत्कारकिया औररात्रिके समय रत्नोंसे देदीप्यमान जड़ाऊ पलँगसे युक्त शयनस्थानमें सुन्दरीकेसाथ उसको भेजा वहां नृत्यमें में तथा सुरतिमें अत्यन्त निपुण उस सुन्दरीके साथ रमणकरके वह दूसरे दिनभी पाससे नहीं हटतीहुई बड़े प्रेमको प्रकट करतीहुई सुन्दरीको अत्यन्त अनुरागयुक्त देखकर वहां से नहीं आसका और दोदिन के लिये पच्चीसलाख अशर्फी उसे देनेलगा सुन्दरी ने उससे कहा कि धन तो मुझे बहुत मिलचुका है परन्तु आपसरीखा पुरुष नहीं मिलाथा जो आपही मुझे मिलगये तो मैं धनलेकर क्या करूंगी सुन्दरी के इसप्रकार कहनेपर उसकी माताने कहा कि अब जो कुछ हमारे पासका धनहै सो भी इन्हींका है इससे यह भी लेकर उसी में रखदो तो क्या हानिहै माता के बड़े कहने सुनने से सुन्दरी ने बड़े आग्रहसे वह अशर्फी लीं उसके इस आग्रहको देखमूर्ख ईश्वरवर्मा ने उसके अनुरागको सत्यही जाना और उसके रूपसे नृत्यसे तथा गीतसे वशीभूत होकर दोमहीने वहां व्यतीत किये और इतने दिनोंमें दो करोड़ अशर्फी उसे दीं ईश्वरवर्मा को इसप्रकारसे मोहित देखकर उसकेमित्र अर्थदत्तने उससे आकर एकान्त में कहा कि हे मित्रकातरकी अस्त्रविद्याके समान तुम्हारी वह सम्पूर्ण कुट्टिनी शिक्षा क्या समयपर व्यर्थ होगई यह जो तुम वेश्याके प्रेम में सत्यता समझ रहेहो सो क्याकभी मरुमरीचिकाओं में भी जल मिलताहै इससे जब तक यह तुम्हारा सम्पूर्ण धन नहीं क्षीणहोता है तभीतक यहां से निकल चलो तुम्हारे पिता जो सुनेंगे तो बहुत कुपितहोंगे उसके यह वचनसुनकर ईश्वरवर्मा ने कहा कि वेश्याओंमें विश्वास न करना चाहिये यह तुम्हारा कहना बहुतठीकहै परन्तु यह सुन्दरी ऐसी नहींहै यह

यह सुनकर यक्षोंने कहा कि इसकी तुमरक्षा नहीं करसकोगे क्योंकि यह टूटजानेपर भागजाताहै इससे अन्य कोई वरमांगो यक्षों के इसप्रकार समझानेपर भी शुभदत्तने अन्यवर नहीं लेनाचाहा तब उन्होंने वह घट उसे देदिया उस भद्रघटकोलेके और यक्षोंको प्रणाम करके शुभदत्त अपने घरमें आया और वहां उसघटसे प्राप्तहुए भोजनादि पदार्थोंको अन्यपात्रों में रखकर अपने कुटुम्ब सहित सुखपूर्वक रहनेलगा एक समय उसके बन्धुओंने उसे भारढोने से रहित तथा अत्यन्त ऐश्वर्य्यवान् देखकर मद्य पिलाकर उससे पूछा कि तुम्हारे पास यह ऐश्वर्य्य कहां से आया उनके यह वचन सुनकर वह मूर्ख कुछ उत्तर न देकर अभिमान से उस घड़ेको कन्धेपर रखकर नाचनेलगा नाचने में वह घड़ा पृथ्वीमें गिरके फूटके उसीसमय अपने स्थानको चलागया और शुभदत्त अपनी पूर्वदशाको प्राप्त होगया इस प्रकारसे मद्यपानादिक दोषोंके प्रमादसे नष्टहुई बुद्धिवाले अभागीलोग प्राप्तहुए धनकी भी रक्षानहीं करसक्तेहैं वसंतकसे भद्रघटके इसहास्यकारी वृत्तान्तको सुनकर राजाउदयनने सभासे उठकर स्नानादिक नित्यकर्मकिया और नरवाहनदत्तभी अपने पिताकेही मंदिरमें स्नान तथा भोजनादिककरके सायंकाल के समय अपने मित्रोंसमेत अपने निजमंदिरमें गया ५० वहां रात्रिके समय पलँगपर लेटेहुए नरवाहनदत्तको निद्रा न आते देखकर मरुभूतिने सम्पूर्ण मंत्रियोंके आगे उससे कहा कि हे स्वामी मैं जानताहूं आपने दासीकेसाथ रमणकरनेकी इच्छासे आज रानियोंको नहीं बुलवाया और दासीको भी नहीं बुलवाया इसीसे आपको निद्रानहींआती है आप जानबूझकर भी अबतक वेश्याओंसे अनुराग क्यों करते हैं उनके चित्तमें कभी भी सद्भाव नहीं होताहै इसविषयपर मैं आपको एककथा सुनाताहूं चित्रकूटनाम बड़े समृद्धिमान् नगरमें रत्नवर्मा नाम बड़ा धनवान् वैश्य रहताथा उसके श्रीशिवजी के आराधन से ईश्वरवर्मा नाम एक पुत्र उत्पन्नहुआ उस ईश्वरवर्मा को उसने सम्पूर्ण विद्यापढ़ाकर युवाहोने वाला जानकर अपने चित्तमें शोचा कि ( रूपिणीकुसृतिःसृष्टाधनप्राणापहारिणी आढ्यानांयौवनान्धानांवेश्यानामेहवेधसा) ब्रह्माने यौवनसे अन्धेहुए धनवानों के लिये धन तथा प्राणोंका हरनेवाला वेश्यानाम मूर्त्तिमानकपटबनायाहै इससे मैं अपने इस पुत्रको वेश्याओं का कपट सिखाने के लिये किसी कुटनी के सुपुर्दकरूं जिससे वेश्यालोग फिर इसे ठग न सकें यह शोचकर रत्नवर्मा ईश्वरवर्मा को साथलेकर यमजिह्वानाम कुटनी के घरगया वहां मोटी ठोड़ीवाली लम्बे दाँतवाली तथा टेढ़ी नाकवाली यमजिह्वा अपनी कन्याको यह शिक्षा देरही थी कि हे पुत्री धनसे सबकी प्रतिष्ठा होती है परन्तु वेश्याओं की विशेष करके और स्नेह करनेसे धनमिल नहींसक्ता इससेवेश्याको किसीसे स्नेह न करना चाहिये सन्ध्या के समान वेश्याओं का रागदोषरूपी अन्धकारका बढ़ानेवाला होताहै इससे वेश्यासुशिक्षित नटी के समान मिथ्या रागदिखावे वेश्याको चाहिये कि पुरुषके साथ अनुराग प्रकट करके उससे सब धनलेले और धनलेकर निकालदे और जो उसे फिर धन मिले तो उसको स्वीकार करले मुनि के समान जो वेश्या बालक में युवामें वृद्धमें रूपवान् में तथा कुरूपमें समभाव रखती है उनको परमार्थ प्राप्तहोताहै इस प्रकार अपनी पुत्रीको शिक्षादेतीहुई यमजिह्वाके पास रत्नवर्मा अपने पुत्रको लेकरगया और बैठकर

उपाय बताऊंगी जिससे वह उसमकरकटीका सर्वस्व हरलावेगा उसकी यहप्रतिज्ञा सुनकर रत्नवर्म्मा ने शीघ्रही ईश्वरवर्म्मा के बुलानेको अर्थदत्तको भेजा अर्थदत्त ने कांचनपुरमें जाके ईश्वरवर्म्मा से उसके पिताका संदेशाकहकर कहा कि हे मित्र तुमने मेरा कहना नहीं माना इसीसे वेश्याओंकी सत्यता तुम को प्रत्यक्ष देखनीपड़ी तुमने पांचकरोड़ अशर्फी देकर अर्द्धचन्द्रपाया (कःप्राज्ञोवांछतिस्नेहं वेश्यासु सिकतासुच) कौन बुद्धिमान् वेश्याओंमें तथा बालूमेंसे स्नेहपानेकी इच्छाकरताहै अथवा इसमें तुम्हारा क्या अपराधहै संसारका धर्मही ऐसाहै तभीतक मनुष्यवीर चतुर तथा कल्याणका भागी रहताहै जबतक कि स्त्रियोंकी चेष्टाओंमें नहीं फंसताहै इससे अबतुम अपने पिताकेपासचलकर इसवेश्यासे बदलालेने का यत्नकरो इसप्रकार समझाकर अर्थदत्त ईश्वरवर्म्माको उसके पिताके पास ले आया वहां रत्नवर्म्मा उसे बहुत समझाकर यमजिह्वा कुट्टिनीके पास लेगया और अर्थदत्त से सुन्दरीके कुएमें गिरने आदि का सब वृत्तान्त उसकुट्टिनीके सन्मुख कहलवाया सुन्दरीका कुएमें गिरना सुनकर यमजिह्वा ने कहा इसमें मेराही अपराधहै कि मैंने इसको यहमाया पहलेही नहीं सिखादीथी मकरकटी ने कुएं में जाल बँधवादियाहोगा इसीसे वह सुन्दरी उसमें गिरकर नहीं मरी अच्छा कोई हानि नहीं है इसकाभी प्रतीकार मेरे पासहै यह कहकर उसने अपनी दासियों से कहा कि मेरे आलनाम बन्दरको लेआओ उसकी आज्ञापाकर एक दासी उस आलको लेआई यमजिह्वाने उस आलको हजार अशर्फी देकर कहा कि हे पुत्र इन अशर्फियोंको निगलजाओ जब वह उसके कहनेसे उनअशर्फियों को निगलगया तब यमजिह्वाने उससे कहा दश इसको दो पचास इसको दो पांच इसको दो इसप्रकार अनेक खर्चों में उसने उस बन्दर से वह अशर्फी दिलवाईं और वह बन्दर उगल २ करदेतागया बन्दरकी इस युक्ति को दिखाकर यमजिह्वाने ईश्वरवर्मा से कहा कि तुम इस बन्दरको लेकर फिर उस सुन्दरी के पासजाओ और इस बन्दरको कहीं एकान्त में अशर्फी निगलवाकर उसके साम्हने इससे अशर्फी खर्च करवाओ तब सुन्दरी इस बन्दरको चिन्तामणिके समान देखकर तुम्हें अपना सर्व्वस्वदेकर यह बन्दर मांगेगी उसके मांगनेपर तुम बड़ा आग्रह करके उसका सर्व्वस्व लेके इसबन्दरको दो दिन के खर्च के माफिक अशर्फी निगलवाके उसे देकर शीघ्रही वहां से बहुत दूरपर चलेजाना यह कहकर यमजिह्वा ने वह बन्दर ईश्वरवर्म्माको देदिया और रत्नवर्म्मा ने उसे दो करोड़ अशर्फी देकर सुन्दरी के यहां भेजा वह उन अशर्फियों को तथा बन्दर को लेकर अपने परिकर समेत सुन्दरी के यहां गया सुन्दरी ने उसे फिर बहुतसा धन लायाहुआ जानकर बड़े आदरपूर्व्वक अपने यहां रक्खा वहां उसने आदर सत्कार के उपरान्त अर्थदत्त से उस आल नाम बन्दर को मँगवाकर उससे कहा कि हे पुत्र तीनसौ अशर्फी भोजनादि के खर्च के निमित्त दोसौ ताम्बूलादि के खर्चको दो और सौ मकरकटी को दो सौ ब्राह्मणों को देने के लिये मुझे दो और हजारसे जो कुछ बाकी हों वह सब सुन्दरी को देदो इसप्रकार ईश्वर-वर्म्मा के कहने से आल ने प्रथम निगलीहुई अशर्फियां उगल २ कर सबको दीं इसी युक्तिसे एक पक्ष तक ईश्वरवर्म्मा को उस बन्दरके द्वारा अशर्फियों का व्यय करवाते देखकर सुन्दरी तथा मकरकटी ने

क्षणभरभी मेरे देखेविना अपने प्राण त्यागदेगी इससे जो सर्वथा चलनाही है तो उसे जाकर समझाओ उसके यह वचन सुनकर अर्थदत्त उसीके साथ उस सुन्दरी वेश्याके पासगया और उससे बोला कि तुम्हारी प्रीति ईश्वरवर्मापर बहुत अधिकहै परन्तु इसे रोजगारकेलिये स्वर्णद्वीपको अवश्यजानाहै वहां से बहुतसाधन उपार्जन करके लौटकर तुम्हारेही पास सदैव यह सुख पूर्णकरैगा इससे हेसखी इसे जानेकी आज्ञादेदो यह सुनकर आंसूभरके ईश्वरवर्माके मुखको देखती हुई सुन्दरी मिथ्याविषाद करके बोली कि आप जानिये मैं इसमें क्याकहूं परिणामको बिनादेखे कोई किसी पर विश्वास नहीं करताहै मुझे कुछ कहना सुनना नहीं है मेरे भाग्यमें जो बदाहोगा सोहोगा यह सुनकर उसकी माताने कहा कि हे सुन्दरी दुःख न करो धैर्य्यधारणकरो तुम्हारा प्यारा लौटकर तुम्हारे पास अवश्य आवेगा इसप्रकार उसे समझाकर उस कुटिनीने उससे सलाहकरके ईश्वरवर्माके जानेकेमार्गमें एक कुएमें जालल-गवादिया तब सुन्दरीशोक प्रकटकरके भोजन बहुतकम करनेलगी और गीत तथा नृत्यादिकोंसे विरक्तरही तदनन्तर ईश्वरवर्मा अपने मित्रके बतायेहुए दिनमें सुन्दरीके घरसे परदेशकोचला और वह कुट्टिनी तथा सुन्दरीभी मंगलाचार करके उसे भेजनेकोचली नगरके वाहर जहां कुएमें उसने जालबँधवारक्खाथा वहीं से ईश्वरवर्माको विदाकिया और जैसेही ईश्वरवर्मा वहांसे कुछ दूरचला वैसेही सुन्दरी उस कुएमें कूदपड़ी तब हापुत्री हासखी यह उसकी माताका तथा सखियोंका घोरशब्द ईश्वरवर्मा सुनकर अपने मित्रोंसमेत लौटकर अपनी प्यारीको कुएमें गिरीदेखकर शोकसे विह्वलहोगया और उस मकरकटीने बहुत रोकर जालके जाननेवाले अपनेही नौकरोंको सुन्दरीके निकालनेको उसकुएमें उतारा उन्होंने कुएमें जाकर सुन्दरीजीती है जीती है यह कहकर उसे कुएमेंसे निकाला कुएमेंसे निकलकर सुन्दरी अपनेको मूर्च्छितसा बनाकर [illegible]
रवर्मा बहुत प्रसन्नहोके उसे स्वस्थकरके [illegible]
यथार्थ जानकर इतनेहीमें अपने जन्मको सफलमानकर यात्राका उद्योग छोड़कर वहींरहा ३१३ तब अर्थदत्तने उसे यात्रासे निवृत्तहुआ जानकर उससे कहा कि हेमित्र मोहसे तुम अपनेको क्योंनष्टकिये देतेहो कुएमें गिरनेसे इस सुन्दरीके स्नेहमें विश्वासनकरो क्योंकि ब्रह्माभी कुटिनियोंकी कूटरचनाको नहीं जानसक्तेहैं तुम अपना सबधन नष्टकरके पितासे जाकर क्याकहोगे और कहां जाओगे इससे जो तुम अपना भलाचाहो तो अब भी इससे बचो अर्थदत्तके इन वचनोंपर ध्यान न देकर महीनेभरमें वह तीनकरोड़ अशर्फीभी उसने खर्चकरडाली तब सुन्दरीने तथा उसकी माता मकरकटीने उसेनिर्धन जानकर अर्द्धचन्द्र (गर्दनी) देकर घरसे वाहर निकालदिया उसकी यह दशादेखकर अर्थदत्तादिकों ने अपने नगरमें आकर उसके पितासे सब वृत्तान्त कहा अपने पुत्रके वृत्तान्तको सुनकर रत्नवर्मा दुःखित होके उसी यमजिह्वा कुट्टिनी के पास जाकर बोला कि तुमने एक हजार अशर्फी लेकर मेरे पुत्रको अच्छी शिक्षादी कि मकरकटीने थोड़ेही कालमें उसका सर्वस्व हरलिया यह कहकर उसने अपने पुत्र का सबवृत्तान्त उससेकहा तब यमजिह्वाने कहा कि तुम अपने पुत्रको यहां बुलाओ अब मैं उसे ऐसा

उपाय बताऊंगी जिससे वह उसमकरकटीका सर्वस्व हरलावेगा उसकी यहप्रतिज्ञा सुनकर रत्नवर्म्मा ने शीघ्रही ईश्वरवर्म्मा के बुलानेको अर्थदत्तको भेजा अर्थदत्त ने कांचनपुरमें जाके ईश्वरवर्म्मा से उसके पिताका संदेशाकहकर कहा कि हे मित्र तुमने मेरा कहना नहीं माना इसीसे वेश्याओंकी सत्यता तुम को प्रत्यक्ष देखनीपड़ी तुमने पांचकरोड़ अशर्फी देकर अर्द्धचन्द्रपाया (कःप्राज्ञोवांछतिस्नेहं वेश्यासु सिकतासुच) कौन बुद्धिमान् वेश्याओंमें तथा बालूमेंसे स्नेहपानेकी इच्छाकरताहै अथवा इसमें तुम्हारा क्या अपराधहै संसारका धर्महीऐसाहै तभीतक मनुष्यवीर चतुर तथा कल्याणका भागी रहताहै जबतक कि स्त्रियोंकी चेष्टाओंमें नहीं फंसताहै इससे अब तुम अपने पिताकेपासचलकर इसवेश्यासे बदलालेने का यत्नकरो इसप्रकार समझाकर अर्थदत्त ईश्वरवर्म्माको उसके पिताके पास ले आया वहां रत्नवर्म्मा उसे बहुत समझाकर यमजिह्वा कुट्टिनीके पास लेगया और अर्थदत्त से सुन्दरीके कुएमें गिरने आदि का सब वृत्तान्त उसकुट्टिनीके सन्मुख कहलवाया सुन्दरीका कुएमें गिरना सुनकर यमजिह्वा ने कहा इसमें मेराही अपराधहै कि मैंने इसको यहमाया पहलेही नहीं सिखादीथी मकरकटी ने कुए में जाल बँधवादियाहोगा इसीसे वह सुन्दरी उसमें गिरकर नहीं मरी अच्छा कोई हानि नहीं है इसकाभी प्रतीकार मेरे पासहै यह कहकर उसने अपनी दासियों से कहा कि मेरे आलनाम बन्दरको लेआओ उसकी आज्ञापाकर एक दासी उस आलको लेआई यमजिह्वाने उस आलको हजार अशर्फी देकर कहा कि हे पुत्र इन अशर्फियोंको निगलजाओ जब वह उसके कहनेसे उनअशर्फियों को निगलगया तब यमजिह्वाने उससे कहा दश इसको दो पचास इसको दो पांच इसको दो इसप्रकार अनेक खर्चों में उसने उस बन्दर से वह अशर्फी दिलवाईं और वह बन्दर उगल २ करदेतागया बन्दरकी इस युक्ति को दिखाकर यमजिह्वाने ईश्वरवर्म्मा से कहा कि तुम इस बन्दरको लेकर फिर उस सुन्दरी के पासजाओ और इस बन्दरको कहीं एकान्त में अशर्फी निगलवाकर उसके साम्हने इससे अशर्फी खर्च करवाओ तब सुन्दरी इस बन्दरको चिन्तामणिके समान देखकर तुम्हें अपना सर्व्वस्वदेकर यह बन्दर मांगेगी उसके मांगनेपर तुम बड़ा आग्रह करके उसका सर्व्वस्व लेके इसबन्दरको दो दिन के खर्च के माफिक अशर्फी निगलवाके उसे देकर शीघ्रही वहां से बहुत दूरपर चलेजाना, यह कहकर यमजिह्वा ने वह बन्दर ईश्वरवर्म्माको देदिया और रत्नवर्म्मा ने उसे दो करोड़ अशर्फी देकर सुन्दरी के यहां भेजा वह उन अशर्फियों को तथा बन्दर को लेकर अपने परिकर समेत सुन्दरी के यहां गया सुन्दरी ने उसे फिर बहुतसा धन लायाहुआ जानकर बड़े आदरपूर्व्वक अपने यहां रक्खा वहां उसने आदर सत्कार के उपरान्त अर्थदत्त से उस आल नाम बन्दर को मँगवाकर उससे कहा कि हे पुत्र तीनसौ अशर्फी भोजनादि के खर्च के निमित्त दोसौ ताम्बूलादि के खर्चको दो और सौ मकरकटी को दो सौ ब्राह्मणों को देने के लिये मुझे दो और हजारसे जो कुछ बाकी हों वह सब सुन्दरी को देदो इसप्रकार ईश्वर-वर्म्मा के कहने से आल ने प्रथम निगलीहुई अशर्फियां उगल २ कर सबको दीं इसी युक्तिसे एक पक्ष तक ईश्वरवर्म्मा को उस बन्दरके द्वारा अशर्फियों का व्यय करवाते देखकर सुन्दरी तथा मकरकटी ने

शोचा कि यह वन्दररूपधारी चिन्तामणि इसे सिद्धहुई है जो कि प्रतिदिन एक हजार अशर्फी देताहै जो यह वन्दर इससे मुझे मिलजाय तो बहुत अच्छाहोय यह शोचकर सुन्दरीने भोजनकरके एकान्त में बैठेहुए ईश्वरवर्मासे कहा कि जो सत्य २ आप मुझपर स्नेह करतेहो तो यह आल मुझको देदो यह सुनकर ईश्वरवर्मा हँसकर बोला कि यह तो मेरे पिताका सर्वस्वहै मैं इसे कैसे देसक्ताहूं यह सुनकर सुन्दरीने कहा कि मैं तुम्हारी पांचों करोड़ अशर्फियां फेरदूंगी तुम इसको मुझेदेदो तब ईश्वरवर्माने कहा कि चाहे तुम अपना सर्वस्व अथवा यह नगर भी मुझे देदो तौभी मैं तुमको यह वन्दरनहीं देसक्ता यह सुनकर सुन्दरी ने कहा कि मैं अपना सर्वस्व तुमको देतीहूं तुम मुझे यह वन्दरदेदो अपने पिताको नाराज होनेदो यह कहकर वह उसके पैरोंपर गिरपड़ी तब अर्थदत्तादिकों ने ईश्वरवर्मा से कहा कि अच्छा यह वन्दर इसे देदो जो कुछ होगा सो देखाजायगा मित्रोंके कहनेसे ईश्वरवर्मा ने उसका सर्वस्व लेनेपर वह बन्दरदेना स्वीकारकिया और वंदरपानेकी आशासे प्रसन्नहुई सुन्दरीके साथ वह दिन आनन्दसे व्यतीतकिया दूसरे दिन प्रातःकाल फिर प्रार्थना करती हुई सुन्दरीको ईश्वरवर्मा दोहजार अशर्फी निगलवाकर वहवन्दर देकर और उसका सर्वस्व लेकर शीघ्रही वहांसे अपने परिकरसमेत स्वर्णद्वीपको रोजगार करनेकेलियेगया उसके चलेजानेपर दो दिनतक उसवंदरने हजार२ अशर्फी सुंदरीकोदीं और तीसरे दिन बहुत मांगनेपरभी सुन्दरीको कुछ नहींदिया तब सुन्दरीने क्रोधकरके उसके एकघूंसामारा इससे उसवन्दरने भी क्रोधितहोकर सुन्दरीका मुख अपने दांतों से और नखों से फाड़डाला तब मकरकटी ने लाठियों से उसवन्दरको ऐसापीटा कि वहमरगया उसे मराजानके सुन्दरी अपने सर्वस्वको नष्ट हुआ जानकर प्राणदेनेको उद्यतहुई और लोगों के बहुत समझानेपर मृत्युसे निवृत्तहुई इस वृत्तान्त को सुनकर वहां के सब नगरनिवासियों ने हँसकरकहा कि मकरकटी ने जालकरके जिसका धन हर लिया था उसी ने आलकरके इसका सर्वस्व हरलिया इसने दूसरे के लिये तो जालकिया परन्तु अपने लिये कियेगये आलको नहीं पहचाना इसबीचमें वह ईश्वरवर्म्मा बहुतसा धन उपार्जनकरके चित्रकूट नगरमें अपने पिताके पास आया रत्नवर्म्मा ने उसे बहुतसा धन उपार्जनकरके आया देखकर बहुतप्रसन्नहोके उस यमजिह्वाको यथेच्छ धनदिया तबसे वह ईश्वरवर्म्मा कुटिनियों की अपार माया जानकर वेश्या प्रसंगको त्यागकर विवाहकरके सुखपूर्व्वक रहनेलगा इसप्रकारसे हे राजा वेश्याओं के हृदय में छलके सिवाय स्नेहका लेशभी नहीं होता है इससे सदैव धनकी अभिलाषा करनेवाली वेश्याओं से अपने शुभाकांक्षी लोगोंको सदैव बचना चाहिये मरुभूति के मुखसे इस आलजालकी कथाको सुनकर गोमुखादि मंत्रियों समेत नरवाहनदत्त बहुत प्रसन्नहोकर हँसा १७७ ॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांशक्तियशोलम्बकेप्रथमस्तरंगः १ ॥

मरुभूतिके इसप्रकार वेश्याओंकी निन्दाकरनेपर बुद्धिमान् गोमुखने भी इसी विषयमें कुमुदिका की कथाकही वह यहहै कि प्रतिष्ठानदेशमें सिंहके समान पराक्रमी एक विक्रमसिंह नाम राजाथा उस राजाके अत्यन्तसुन्दर शशिलेखानाम रानीथी एकसमय राजाके पांचमहाभट—वीरबाहु

तथा प्रतापादित्य नाम गोत्री भाइयों ने मिलकर उसके राज्यको घेरलिया उनकेसाथ सन्धिका विचार करतेहुए अपने मंत्रीका कहना न मानकर राजा विक्रमसिंह उनके साथ युद्धकरनेको गया और अपनी सेनाके साथ शत्रुओं की सेनाका युद्ध देखकर वीरताके अभिमानसे हाथीपर चढ़कर आपही युद्धमें जाकर शत्रुओंकी सेनापर बाणोंकी वृष्टिकरनेलगा युद्धमें उसेआयादेखकर महाभटादिक पांचों राजा अपनी सब सेनालेकर एकसाथही युद्धकरनेकोआये उनलोगोंकी बहुत बड़ी सेनासे राजा विक्रमसिंहकी सेना हारकर भागी तब पासही बैठेहुए अनन्तगुणनाम मंत्री ने राजा से कहा कि हमारी सेना सबहारगई है इससे अब जयकी सम्भावना नहीं है आपने हमारा कहना न मानकर बलवानों के साथ विरोधकियाहै उसीका यह फलहुआ है अच्छा जो हुआ सो हुआ अबभी जो हमारा कहना मानियेगा तो कल्याणहै इसहाथीपरसे उतरकर घोड़ेपर चढ़कर किसीअन्यदेशको भागचलिये जो प्राण बचेंगे तो फिर शत्रुओंको जीतलेंगे मंत्री के इनवचनों से राजाविक्रमसिंह हाथीपरसे उतरकर घोड़ेपर चढ़के उसी मंत्री के साथ उज्जयिनी नगरी में पहुंचकर प्रसिद्धधनवती कुमुदिकानाम वेश्याकेयहांगया कुमुदिकाने अकस्मात् उसको अपनेघरमें आयाहुआ देखकरशोचा कि यहकोई बड़ाप्रतापीपुरुष मेरे घर पर आयाहै यह तेज तथा लक्षणोंसे कोई महाराज मालूमहोताहै जो यह मेरे वशीभूत होजाय तो मेरा प्रयोजन सिद्धहोजायगा यह शोचकर उसने उठकर उसका स्वागतकरके बड़ा अतिथिसत्कार किया और क्षणभर विश्रामकरके स्वस्थहुए राजासे कहा किमैं धन्यहूं आज मेरा कोई प्राक्तनपुण्य उदयहुआ है क्योंकि आपने अपने आप आकर मेरे घरको पवित्र किया आप की इसकृपासे मैं बिना मोलकी आपकी दासीहूं मेरे जो दोसैहाथी बीसहजार घोड़े और रत्नोंसे पूर्ण जो मन्दिरहै वह सब आपहीका है यह कहकर उस कुमुदिकाने मंत्री सहित राजाको स्नानकरवाके बहुमूल्य रत्नजटित आभूषण तथा वस्त्र पहराये तब राजा अपने मंत्रीसमेत उसके मंदिरमें उसीके ऐश्वर्य्यको भोग करताहुआ रहनेलगा और उसीके साथ भोग करनेलगा कुमुदिकाका जो कुछ धन राजाविक्रमसिंह अपने सुखकेलिये तथा याचकादिकोंके देनेमें व्ययकरताथा उसे देखकर कुमुदिका अप्रसन्ननहीं किन्तु अत्यन्त प्रसन्न होतीथी कुमुदिकाकी यह भक्ति देखकर उसे अपने ऊपर अनुरक्तहुई जानतेहुए राजासे एकान्तमें अनन्तगुण मंत्रीने कहा कि हे स्वामी वेश्याओंके चित्तमें सद्भाव नहींहोता और यह जो कुमुदिका आप से प्रीति करतीहै इसमें कोई कारण अवश्य है उसके यह वचनसुनकर राजाने कहा कि ऐसा नहीं है कुमुदिका मेरे लिये अपने प्राणभी देदेगी जो तुमको विश्वास नहीं है तो मैं तुमको विश्वासकराढूंगा यह कहकर राजाने बहानेसे भोजन घटाकर कुछ दिनोंमें अपना शरीर दुर्बल तथा कृशकिया और एक दिन निश्चेष्टहोकर अपने को मृतकसा बनालिया तब संपूर्णलोग अर्थीबनाकर राजाको श्मशानभूमिमें लेगये और वह कुमुदिका शोकसे व्याकुलहोकर अपने भाई बन्धुओंके निषेधको भी न मानकर उसके साथ सतीहोनेके लिये चितापर बैठगई उसे सतीहोने के लिये उद्यतदेखकर जैसेही अग्निलगाने का समय हुआ वैसेही राजाजँभाईलेकर उठबैठा राजाको फिर जियाहुआ देखकर संपूर्णलोग उसे कुमुदिका म-

शोचा कि यह बन्दररूपधारी चिन्तामणि इसे सिद्धहुईहै जो कि प्रतिदिन एक हजार अशर्फी देताहै जो यह बन्दर इससे मुझे मिलजाय तो बहुत अच्छाहोय यह शोचकर सुन्दरीने भोजनकरके एकान्त में बैठेहुए ईश्वरवर्मासे कहा कि जो सत्य २ आप मुझपर स्नेह करतेहो तो यह आल मुझको देदो यह सुनकर ईश्वरवर्मा हँसकर बोला कि यह तो मेरे पिताका सर्वस्वहै मैं इसे कैसे देसक्ताहूं यह सुनकर सुन्दरीने कहा कि मैं तुम्हारी पांचों करोड़ अशर्फियां फेरदूंगी तुम इसको मुझेदेदो तब ईश्वरवर्माने कहा कि चाहै तुम अपना सर्वस्व अथवा यह नगर भी मुझे देदो तौभी मैं तुमको यह बन्दर नहीं देसक्ता यह सुनकर सुन्दरी ने कहा कि मैं अपना सर्वस्व तुमको देतीहूं तुम मुझे यह बन्दर देदो अपने पिताको नाराज होनेदो यह कहकर वह उसके पैरोंपर गिरपड़ी तब अर्थदत्तादिकों ने ईश्वरवर्मा से कहा कि अच्छा यह बन्दर इसे देदो जो कुछ होगा सो देखाजायगा मित्रोंके कहनेसे ईश्वरवर्मा ने उसका सर्वस्व लेनेपर वह बन्दरदेना स्वीकारकिया और बंदरपानेकी आशासे प्रसन्नहुई सुन्दरीके साथ वह दिन आनन्दसे व्यतीतकिया दूसरे दिन प्रातःकाल फिर प्रार्थना करती हुई सुन्दरीको ईश्वरवर्मा दोहजार अशर्फी निगलवाकर वहबन्दर देकर और उसका सर्वस्व लेकर शीघ्रही वहांसे अपने परिकरसमेत स्वर्णद्वीपको रोजगार करनेकेलियेगया उसके चलेजानेपर दो दिनतक उसबंदरने हजार२ अशर्फी सुंदरीकोदीं और तीसरे दिन बहुत मांगनेपरभी सुन्दरीको कुछ नहींदिया तब सुन्दरीने क्रोधकरके उसके एकघूंसामारा इससे उसबन्दरने भी क्रोधितहोकर सुन्दरीका मुख अपने दांतों से और नखों से फाड़डाला तब मकरकटी ने लाठियों से उसबन्दरको ऐसापीटा कि वहमरगया उसे मराजानके सुन्दरी अपने सर्वस्वको नष्ट हुआ जानकर प्राणदेनेको उद्यतहुई और लोगों के बहुत समझानेपर मृत्युसे निवृत्तहुई इस वृत्तान्त को सुनकर वहां के सब नगरनिवासियों ने हँसकरकहा कि मकरकटी ने जालकरके जिसका धन हर लिया था उसी ने आलकरके इसका सर्वस्व हरलिया इसने दूसरे के लिये तो जालकिया परन्तु अपने लिये कियेगये आलको नहीं पहचाना इसबीचमें वह ईश्वरवर्म्मा बहुतसा धन उपार्जनकरके चित्रकूट नगरमें अपने पिताके पास आया रत्नवर्म्मा ने उसे बहुतसा धन उपार्जनकरके आया देखकर बहुतप्रसन्नहोके उस यमजिह्वाको यथेच्छ धनदिया तबसे वह ईश्वरवर्म्मा कुटिनियोंकी अपार माया जानकर वेश्या प्रसंगको त्यागकर विवाहकरके सुखपूर्व्वक रहनेलगा इसप्रकारसे हे राजा वेश्याओं के हृदय में छलके सिवाय स्नेहका लेशभी नहीं होता है इससे सदैव धनकी अभिलाषा करनेवाली वेश्याओं से अपने शुभकांची लोगोंको सदैव बचना चाहिये मरुभूति के मुखसे इस आलजालकी कथाको सुनकर गोमुखादि मंत्रियों समेत नरवाहनदत्त बहुत प्रसन्नहोकर हँसा १७७॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांशक्तियशोलम्बकेप्रथमस्तरंगः १॥

मरुभूतिके इसप्रकार वेश्याओंकी निन्दाकरनेपर बुद्धिमान् गोमुखने भी इसी विषयमें कुमुदिका की कथाकही वह यहहै कि प्रतिष्ठानदेशमें सिंहके समान पराक्रमी एक विक्रमसिंह नाम राजाथा उस राजाके अत्यन्त सुन्दर शशिलेखानाम रानीथी एकसमय राजाके पांचमहाभट—वीरबाहु, सुभट

स्त्री के दुराचारको नहीं जानते हैं इसके उपरान्त वलवर्माको ज्वर आया और उसीज्वर से वह अन्तिम अवस्था को प्राप्तहुआ उसकी इस दशामें भी चन्द्रश्री नित्य अपनी सखी के यहां जाकर शीलहर के साथ भोगकरतीरही एकदिन वह अपनी सखीकेही यहां थी कि वलवर्माका ज्वरसे देहान्त होगया इस समाचारको पाकर वहअपनी सखीके मकानसे आकर दुराचारके जाननेवाले वन्धुओं के निषेध करने पर भी शोकसे अपने पति के साथ सतीहोगई इसप्रकारसे स्त्रियोंकी चित्तवृत्ति अत्यन्त दुर्ज्ञेय होती हैं अन्य पुरुषके साथ भोगकरती हैं और अपने पति के साथ सतीहोती हैं इस कथाको कहकर तपन्तक के निवृत्त होजानेपर हरशिखने कहा कि आपने इस विषयपर क्या देवदासका वृत्तान्त नहीं सुनाहै किसी ग्राम में देवदास नाम एक कुटुम्बी वैश्य रहताथा उसकी दुश्शीलानाम बड़ी दुराचारिणी स्त्री थी उसके दुराचार को बहुधा लोग जानगये थे एकसमय देवदास किसी कार्य्यसे राजाके यहां गयाथा उससमय दुश्शीला ने उसके मरवाने की इच्छा से अपने किसी जारको बुलाकर छतपर छुपा रक्खा और रात्रि के समय आकर भोजन करके सोगये देवदासको उसके हाथ से मरवाडाला और उस के चले जानेपर कुछ रात्रिरहे यहहाहाकार किया कि चोरों ने मेरे पतिको मारडाला उस के रोवनेको सुनकर भाई वन्धुओंने आकर घरकी सब वस्तु यथास्थित देखकर और जो इसेचोरों ने मारा है तो वहचोर तेरी कोई वस्तु क्यों नहीं लेगये यहकहकर उसके पुत्रसे पूंछा कि तुम्हारे तातको किसने माराहै उसने कहा कि कल दिनमें कोई युवापुरुष मेरे यहां आकर छतपर वैठरहाथा उसीने ऊपरसे उतर कर रात्रिके समय मेरे पिताको मारा उसवालकके यहवचन सुनकर उनलोगोंने यहजानकर कि इसके जारने देवदासको माराहै उसजारको ढूंढ़कर उसीसमय मारडाला और उसवालकको लेकर दुश्शीला को निकाल दिया इसप्रकारसे स्त्रियां परपुरुषपर अनुरक्तहोकर अपने पुरुषको मारडालती हैं इसकथा को कहकर हरिशिखके चुपहोजानेपर गोमुखने फिर कहा कि औरोंसे क्याप्रयोजनहै वत्सराज के सेवक वज्रसारकाही हास्यकारी वृत्तान्त सुनिये वत्सराजके सेवक बड़े शूरवीर सुन्दर वज्रसारके मालवदेश में उत्पन्नहुई एकबड़ी स्वरूपवती प्यारी स्त्री थी एकसमय उसस्त्री का पिता तथा भाई उसको लिवाने के लिये मालवदेशसे आये वज्रसारने उनका बड़ासत्कार करके राजासे आज्ञा लेकर अपनी स्त्री समेत उनके साथ जाकर मालवदेशमें निवासकिया और एकमहीनेके बाद अपनी स्त्रीको वहींछोड़कर राजा के सेवनकेलिये वह यहां चलाआया कुछ दिनोंके उपरान्त अकस्मात् उसके क्रोधननाम मित्रने आकर उससे कहा कि तुमने अपनी स्त्रीको पिताके यहां छोड़कर अपना घर सत्यानाश करदिया वहां उस पापिनने अन्यपुरुषके साथ स्नेहकरलियाहै आज वहांसे आयेहुये किसी प्रामाणिक पुरुषसे मैंने यह बात सुनी है इससे तुम उसे छोड़कर दूसरा विवाहकरलो यहकहकर क्रोधन के चलेजाने पर वज्रसारने शोचा कि यहबात सत्य मालूमहोतीहै नहीं तो मैंने जो पुरुषबुलाने को भेजाथा उसके साथ वह क्यों नहीं आई इससे मैं आपही उसेबुलाने जाऊंगा देखिये वहां क्याहोताहै यहनिश्चयकरके वज्रसार मालवदेशमें जाकर अपने सास श्वशुरकी आज्ञासे अपनी स्त्रीको विदाकराके वहांसे चला और वहां मे

मेत कुमुदिका के यहां लेआये वहां आकर कुमुदिकाने बड़ा उत्सव किया और राजाने एकान्तमेंमंत्री से कहा कि तुमने इसका अनुराग देखलिया यह सुनकर मन्त्रीने कहा कि मुझे इतनेपर भी विश्वास नहीं आता इसमें कोई कारण अवश्यहै अच्छा अब इससे अपनेको प्रकटकरके इसकी सेना तथा अपने मित्र राजाओंकी सेनालेकर अपने शत्रुओंको मारना चाहिये मंत्रीके इसप्रकार कहतेही गुप्तदूतने आकर राजासे कहा कि शत्रुओंने सब देश अपनेआधीन करलिया और रानी शशिलेखा आपकी मिथ्या मृत्युसुनकर अग्निमें जलकर मरगई दूतके यह वचनसुनकर शोकरूपी वज्र से हृदयमें पीड़ित हुआ राजा हादेवी हासती यह कहकर विलापकरनेलगा राजाके विलापको सुनकर कुमुदिका ने वहां आकर सब वृत्तान्त पूछकर राजाको समझाकर कहा कि आपने पहलेही मुझसे क्यों नहीं कहा मेरे धन तथा सेनाको लेकर आप अपने शत्रुओंको जीतिये उसके यहवचन सुनकर राजाविक्रमसिंह उसके धनसे बहुतसी सेना इकट्ठी करके अपने मित्र राजाबलवान्‌के यहां गया और उसकीभी सेनालेकर अपने पांचों शत्रुओंको जीतके उनके देशोंका तथा अपने देशोंका स्वामी होगया तब उसने कुमुदिका से कहा कि बताओ तुम्हारा क्या अभीष्टहै वह मैं पूराकरूं उसने कहा कि जो सत्य २ आप मेरेऊपर प्रसन्नहैं तो एक दुःखरूपी बाण मेरे हृदयसे आप निकालदीजिये कि उज्जयिनी में मेरे प्रिय श्रीधरनाम ब्राह्मणको राजाने थोड़ेहीसे अपराधमें बांधरक्खाहै उसेआप छुड़ादीजिये उत्तम लक्षणोंसे मैंने आपको बड़ा तेजस्वी जान के इतने दिनतक इसीलिये आपका सेवन किया है और मैं जो आपकी चिताके ऊपर भस्महोनेको चढ़ीथी उसका यह कारणथा कि आपकी मृत्युसे मैंने अपने अभिलाषको सिद्धहोना न जानकर उस श्रीधरके विना जीवनको व्यर्थ जानकर चितामें भस्महोना चाहाथा उसके यह वचन सुनकर राजा ने कहा कि धैर्य्य धरो मैं तुम्हारा कार्य्य सिद्ध करदूंगा और अपने चित्त में मन्त्री के वचन स्मरण करके शोचा कि अनन्तगुणने मुझसे ठीक २ यथार्थ वचन कहे थे अच्छा अब इसका मनोरथ तो अवश्य पूर्णकरना चाहिये यह निश्चय करके उसने अपनी सेना समेत उज्जयिनी में जाकर श्रीधरको छुड़ाके तथा कुमुदिका को बहुतसा धन देके प्रसन्न करदिया और अपने नगर में आकर मन्त्री अनन्तगुण के वचनों के अनुसार राज्यका पालन किया इसप्रकार से वेश्याओं का हृदय अगाध तथा अज्ञेय होताहै ५४ इस कथाको कहकर गोमुख के निवृत्त होजाने पर तपन्तकने नरवाहनदत्त के आगे कहा कि हे युवराज वेश्याओं के समान घरकी स्त्रियों में भी विश्वास न करना चाहिये क्योंकि सम्पूर्ण स्त्रियां चपल होती हैं मैंने इसी नगरी में जो आश्चर्य्य देखाहै वह मैं आपसे कहताहूं इसीनगरी में बलवर्म्मा नाम वैश्यकी चन्द्रश्री नाम स्त्री थी उसने एकसमय झरोखे के द्वारा शीलहरनाम युवा वैश्यको देखा और मोहितहोके उसे अपनी सखी के द्वारा सखी के यहां बुलवाकर उससे रमण किया और उसी दिन से उसपर अत्यन्त स्नेहयुक्त होके उसे नित्य वहीं बुलाकर भोग करवानेलगी उसका यह दुराचार सम्पूर्ण भृत्य और बांधव लोग जानगये परन्तु उसके पति बलवर्म्मा ने नहीं जाना ठीकहै ( प्रायेणभार्य्यादौशील्यं स्नेहान्धोनेक्षतेजनः ) प्रायः स्नेहान्ध लोग अपनी

स्त्री के दुराचारको नहीं जानते हैं इसके उपरान्त बलवर्माको ज्वर आया और उसीज्वर से वह अन्तिम अवस्था को प्राप्तहुआ उसकी इस दशामें भी चन्द्रश्री नित्य अपनी सखी के यहां जाकर शीलहर के साथ भोगकरतीरही एकदिन वह अपनी सखीकेही यहां थी कि बलवर्माका ज्वरसे देहान्त होगया इस समाचारको पाकर वहअपनी सखीके मकानसे आकर दुराचारके जाननेवाले बन्धुओं के निषेध करने पर भी शोकसे अपने पति के साथ सतीहोगई इसप्रकारसे स्त्रियोंकी चित्तवृत्ति अत्यन्त दुर्ज्ञेय होती है अन्य पुरुषके साथ भोगकरती हैं और अपने पति के साथ सतीहोती हैं इस कथाको कहकर तपन्तक के निवृत्त होजानेपर हरशिखने कहा कि आपने इस विषयपर क्या देवदासका वृत्तान्त नहीं सुनाहै किसी ग्राम में देवदास नाम एक कुटुम्बी वैश्य रहताथा उसकी दुश्शीलानाम बड़ी दुराचारिणी स्त्री थी उसके दुराचार को बहुधा लोग जानगये थे एकसमय देवदास किसी कार्य्यसे राजाके यहां गयाथा उससमय दुश्शीला ने उसके मरवाने की इच्छा से अपने किसी जारको बुलाकर छतपर छुपा रक्खा और रात्रि के समय आकर भोजन करके सोगये देवदासको उसके हाथ से मरवाडाला और उस के चले जानेपर कुछ रात्रिरहे यहहाहाकार किया कि चोरों ने मेरे पतिको मारडाला उस के रोवनेको सुनकर भाई बन्धुओंने आकर घरकी सब वस्तु यथास्थित देखकर और जो इसेचोरों ने मारा है तो वहचोर तेरी कोई वस्तु क्यों नहीं लेगये यहकहकर उसके पुत्रसे पूंछा कि तुम्हारे तातको किसने माराहै उसने कहा कि कल दिनमें कोई युवापुरुष मेरे यहां आकर छतपर बैठरहाथा उसीने ऊपरसे उतर कर रात्रिके समय मेरे पिताको मारा उसबालकके यहवचन सुनकर उनलोगोंने यहजानकर कि इसके जारने देवदासको माराहै उसजारको ढूंढ़कर उसीसमय मारडाला और उसबालकको लेकर दुश्शीला को निकाल दिया इसप्रकारसे स्त्रियां परपुरुषपर अनुरक्तहोकर अपने पुरुषको मारडालती हैं इसकथा को कहकर हरिशिखके चुपहोजानेपर गोमुखने फिर कहा कि औरोंसे क्याप्रयोजनहै वत्सराज के सेवक वज्रसारकाही हास्यकारी वृत्तान्त सुनिये वत्सराजके सेवक बड़े शूरवीर सुन्दर वज्रसारके मालवदेश में उत्पन्नहुई एकबड़ी स्वरूपवती प्यारी स्त्री थी एकसमय उसस्त्री का पिता तथा भाई उसको लिवाने के लिये मालवदेशसे आये वज्रसारने उनका बड़ासत्कार करके राजासे आज्ञा लेकर अपनी स्त्री समेत उनके साथ जाकर मालवदेशमें निवासकिया और एकमहीनेके बाद अपनी स्त्रीको वहींछोड़कर राजा के सेवनकेलिये वह यहां चलाआया कुछ दिनोंके उपरान्त अकस्मात् उसके क्रोधननाम मित्रने आकर उससे कहा कि तुमने अपनी स्त्रीको पिताके यहां छोड़कर अपना घर सत्यानाश करदिया वहां उस पापिनने अन्यपुरुषके साथ स्नेहकरलियाहै आज वहांसे आयेहुये किसी प्रामाणिक पुरुषसे मैंने यह बात सुनी है इससे तुम उसे छोड़कर दूसरा विवाहकरलो यहकहकर क्रोधन के चलेजाने पर वज्रसारने शोचा कि यहबात सत्य मालूमहोतीहै नहीं तो मैंने जोपुरुषबुलाने को भेजाथा उसके साथ वह क्यों नहीं आई इससे मैं आपही उसेबुलाने जाऊंगा देखिये वहां क्याहोताहै यहनिश्चयकरके वज्रसार मालवदेशमें जाकर अपने सास श्वशुरकी आज्ञासे अपनी स्त्रीको बिदाकराके वहांसे चला और वहां मे

कुछदूर आकर मार्गमें मिलेहुए किसीवनमें एकान्त स्थानमें जाकर उसने अपनी स्त्रीसे पूंछा कि मैंने सुनाहै कि तू परपुरुषसे स्नेहकरतीहै और मुझे निश्चयभी होता है कि जब मैंने तुझे बुलवायाथा तब तू नहींआई इससे सत्य २ कह नहीं तो मैं तुझे मारडालूंगा यहसुनकर उसने कहा कि जो तुम्हारा ऐसाही निश्चयहै तो मुझसे क्यों पूंछतेहो जोचाहो सोकरो उसके यहवचन सुनकर वज्रसारने उसे वृक्ष में बांधकर बहुत पीटा और उसके सब वस्त्र खोललिये वस्त्र खोलनेसे उसेनग्न देखकर वहमूर्ख कामके वशीभूतहोकर रमणकरनेके लिये उसे आलिंगन करनेलगा और रतिके लिये उससे प्रार्थना करनेलगा तब उसकुलटाने कहा कि जैसे तुमने मुझे वृक्षमें बांधकर पीटाहै वैसेही मैंभी तुमको वृक्षमें बांधकर पीटूं तो तुम्हें रतिकरनेदूंगी नहीं तो नहीं करनेदूंगी उसने कामसे मोहितहोकर उसका कहना मानलिया तब उसकुलटाने उसके हाथ पैर बड़ी दृढ़तासे बांधकर उसीके शस्त्रसे उसके नाक कान काटलिये और पुरुषकासा भेषबनाके वहीशस्त्र आपलेके वह कहींचलीगई उसके चलेजानेके उपरान्त औषधलेनेके लिये आयाहुआ कोई वैद्य वज्रसारको बँधाहुआ देखकर कृपापूर्वक खोलकर उसे अपने घरलेगया वहां उस वैद्यकी औषध से कान नाकके अच्छेहोजानेपर वह अपने घरको आया यहां क्रोधनने उससे सब वृत्तान्त पूंछकर सभामें महाराज उदयन् के आगे उसका सब वृत्तान्त कहा उसके इसवृत्तान्तको सुनकर सब सभाके लोग बहुत हँसे वह वज्रसार अभीतक यहीं महाराजके मंदिरमें सेवकाई करता है इससे हे स्वामी स्त्रियोंपर किसीको विश्वास न करना चाहिये गोमुखके इसप्रकार कहकर निवृत्तहोजाने पर मरुभूतिने कहा कि हे युवराज स्त्रियोंका चित्तस्थिर नहीं रहताहै इसविषयपर भी मैं आपको एककथा सुनाता हूं दक्षिण देशमें सिंहबलनाम राजाकी मालव देशके राजाकी कल्याणवती नामपुत्री पटरानीथी एक समय उस राजाके गोत्री भाइयों ने मिलकर उसको उसके देशसे निकालदिया तब वह अपनी रानी कल्याणवतीको सायलेकर अपने श्वशुर के यहां मालव देशकोचला उसने मार्ग में मिलेहुए वनमें अकस्मात् आयेहुए सिंहको एकही खड्गके प्रहारसे मारडाला चिंहाड़ करते वनके हाथीकी सूंड़ खड्गसे काटडाली और बीचमें मिलीहुई चोरोंकी सेनाको अकेलेही मारकर भगादियाइसप्रकार मार्गका उल्लंघनकरके मालव देशमें पहुंचकर उसने रानीसे कहदिया कि मार्गका वृत्तान्त अपने पिताके घरमें किसी से मत कहना क्योंकि शत्रुओंसे हारकर मुझको यह सब बातें लज्जाकारीहोंगी यह कहकर वह अपने श्वशुरके मन्दिरमें गया और उससे सम्पूर्ण वृत्तान्त कहकर उसकी सेनालेके और रानीको वहीं छोड़कर गजानीक नाम अपने मित्रसे भी प्रथम कुछ सेनालेनेकोगया उसके चलेजानेपर एकदिन कल्याणवतीने महलके ऊपर से किसी सुन्दर पुरुषको देखके कामके वशीभूत होकर शोचा कि यद्यपि मैं जानतीहूं कि आर्य्यपुत्रसे अधिक स्वरूपवान् और बलवान् दूसरा कोई पुरुष नहीं है तथापि इसपुरुषपर मेरी चित्तकी वृत्तिचलायमान होती है अच्छा जो चाहे सो होय इसकेसाथ अवश्य रमणकरूंगी यह शोचकर उसने अपनी प्रिय सखीकेद्वारा अपना अभिप्राय उससे कहकर रात्रिके समय उसको रस्सी के द्वारा अपने महलपर चढ़ालिया वह पुरुष वहां आकर भयसे उसके पलँगपर नहीं बैठसका यह देखकर रानी

को यह जानकर कि यह नीचहै बड़ा खेदहुआ उससमय एक भयंकर सर्प महलके ऊपर आकर उड़ने लगा उसे देखकर उस पुरुषने भयभीत होकर धनुषमें बाण चढ़ाकर उसे मारा बाणके लगनेसे वह सर्प मरकर महलपर गिरपड़ा तब वह पुरुष उस सर्पको झरोखेमें से बाहर फेंककर प्रसन्नहोके नाचनेलगा। उसकी इसतुच्छताको देखकर कल्याणवतीने अपने चित्तमें कहा कि इस अधम निस्सत्त्वको लेकर मैं क्याकरूंगी उसके इसअभिप्रायको जानकर उसकी सखीने बाहरजाके और फिर भीतरआके कहा कि हे राजपुत्री तुम्हारा पिताआताहै इससे इसपुरुषको शीघ्रही रस्सी पकड़ाकर उतरवादो उसके इसप्रकार कहतेही वह भयसे व्याकुलहोके शीघ्रही रस्सी पकड़कर उतरगया और भयसे व्याकुलहोके गिरकर मरानहीं यही कुशल होगई उसके चलेजानेपर कल्याणवतीने अपनी सखीसे कहा हेसखी तुमने बहुत अच्छा किया जो इस नीचको युक्तिपूर्व्वक निकाल दिया तुमने मेरे चित्तका अभिप्राय जानलिया देखो मेरापति व्याघ्र सिंहादिकोंको भी मारकर लज्जित होताहै और यह सर्पकोही मारकर नाचताहै इससे ऐसे पराक्रमीको छोड़कर इसनिस्सत्त्वपर मेरा प्रेम कैसे होय मेरी स्थिरतारहित इसबुद्धिको धिकारहै अथवा कपूरको छोड़कर अशुचि वस्तुओंपर जानेवाली मक्षिकाओंके समान सबस्त्रियोंको धिक्कारहै इसप्रकार पश्चात्ताप करके कल्याणवती अपने पतिकी प्रतीक्षा करनेलगी इसबीचमें सिंहबल राजागजानीक से बहुतसी सेनालेकर अपने गोत्री भाइयोंको जीतके अपना राज्यपाके कल्याणवती को अपने श्वशुरके यहांसे लेगया और प्रसन्नतापूर्व्वक बहुतसा दानकरके निष्कंटक राज्य करनेलगा हे स्वामी इसप्रकार से चतुरस्त्रियोंका भी चित्त वीर सुन्दर पतिके होनेपर भी परपुरुष पर चलायमान होताहै इससे शुद्धस्त्रियां बहुतही कम होती हैं मरुभूतिसे इसकथाको सुनकर नरवाहनदत्तने सुखपूर्व्वक शयन करके वह रात्रि व्यतीतकी १२१ ॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांशक्तियशोलम्बकेद्वितीयस्तरङ्गः २ ॥

इसके उपरान्त प्रातःकाल अपना आवश्यक कार्य्य करके नरवाहनदत्त मंत्रियों समेत उसवनमें विहारकरनेकोगया वहां उसने पहले आकाशसे उतरताहुआ तेजका पुंजसादेखा और पीछेसे बहुतसी विद्याधरी उतरीं देखीं नक्षत्रों के बीचमें चन्द्रमाकी कलाके समान मनोहर उन विद्याधरियों में एक अत्यन्त सुन्दर कन्याथी प्रफुल्लित मुखरूपी कमलवाली चंचलनेत्ररूपी भ्रमरवाली हंसोंके समान मन्द गमन करनेवाली कमलके समान शरीरकी गन्धवाली लहरों के समान मनोहर त्रिवली से युक्त उदर वाली वह कन्या क्याथी मानों कामके उपवनकी बावड़ीकी शोभाकी साक्षात् देवीथी कामकी संजीविनी उस कन्याको देखकर नरवाहनदत्तका चित्त चन्द्रमाकी कलाको देखकर समुद्रके समान चलायमानहुआ वाह ब्रह्माकी क्याही विलक्षण कारीगरी है यह अपने मंत्रियोंसे कहताहुआ वह उसके पास गया और प्रेमयुक्त दृष्टिसे देखतीहुई उस कन्यासे बोला कि हे सुन्दरी तुमकौनहो और किस निमित्त यहां आईहो यह सुनकर उसने कहा कि सुनिये मैं कहतीहूं कि हिमालय पर्व्वतपर कांचनशृंग नाम एक सुवर्णमयपुर है उस पुरमें विद्याधरों का स्वामी शरणागतवत्सल धर्मात्मा दीनदयाल स्फटिक-

कुछदूर आकर मार्गमें मिलेहुए किसीवनमें एकान्त स्थानमें जाकर उसने अपनी स्त्रीसे पूंछा कि मैंने सुनाहै कि तू परपुरुषसे स्नेहकरतीहै और मुझे निश्चयभी होता है कि जब मैंने तुझे बुलवायाथा तब तू नहींआई इससे सत्य २ कह नहीं तो मैं तुझे मारडालूंगा यहसुनकर उसने कहा कि जो तुम्हारा ऐसाही निश्चयहै तो मुझसे क्यों पूंछतेहो जोचाहो सोकरो उसके यहवचन सुनकर वज्रसारने उसे वृक्ष में बांधकर बहुत पीटा और उसके सब वस्त्र खोललिये वस्त्र खोलनेसे उसेनग्न देखकर वहमूर्ख कामके वशीभूतहोकर रमणकरनेके लिये उसे आलिंगन करनेलगा और रतिके लिये उससे प्रार्थना करनेलगा तब उसकुलटाने कहा कि जैसे तुमने मुझे वृक्षमें बांधकर पीटाहै वैसेही मैंभी तुमको वृक्षमें बांधकर पीटूं तो तुम्हें रतिकरनेदूंगी नहीं तो नहीं करनेदूंगी उसने कामसे मोहितहोकर उसका कहना मानलिया तब उसकुलटाने उसके हाथ पैर बड़ी दृढ़तासे बांधकर उसीके शस्त्रसे उसके नाक कान काटलिये और पुरुषकासा भेषबनाके वहीशस्त्र आपलेके वह कहींचलीगई उसके चलेजानेके उपरान्त औषधलेनेके लिये आयाहुआ कोई वैद्य वज्रसारको बँधाहुआ देखकर कृपापूर्व्वक खोलकर उसे अपने घरलेगया वहां उस वैद्यकी औषध से कान नाकके अच्छेहोजानेपर वह अपने घरको आया यहां क्रोधनने उससे सब वृत्तान्त पूंछकर सभामें महाराज उदयन् के आगे उसका सब वृत्तान्त कहा उसके इसवृत्तान्तको सुनकर सब सभाके लोग बहुत हँसे वह वज्रसार अभीतक यहीं महाराजके मंदिरमें सेवकाई करता है इससे हे स्वामी स्त्रियोंपर किसीको विश्वास न करना चाहिये गोमुखके इसप्रकार कहकर निवृत्तहोजाने पर मरुभूतिने कहा कि हे युवराज स्त्रियोंका चित्तस्थिर नहीं रहताहै इसविषयपर भी मैं आपको एककथा सुनाता हूं दक्षिण देशमें सिंहबलनाम राजाकी मालव देशके राजाकी कल्याणवती नामपुत्री पटरानीथी एक समय उस राजाके गोत्री भाइयों ने मिलकर उसको उसके देशसे निकालदिया तब वह अपनी रानी कल्याणवतीको साथलेकर अपने श्वशुर के यहां मालव देशकोचला उसने मार्ग में मिलेहुए वनमें अकस्मात् आयेहुए सिंहको एकही खड्गके प्रहारसे मारडाला चिंहाड़ करते वनके हाथीकी सूंड़ खड्गसे काटडाली और बीचमें मिलीहुई चोरोंकी सेनाको अकेलेही मारकर भगादियाइसप्रकार मार्गका उल्लंघनकरके मालव देशमें पहुंचकर उसने रानीसे कहदिया कि मार्गका वृत्तान्त अपने पिताके घरमें किसी से मत कहना क्योंकि शत्रुओंसे हारकर मुझको यह सब बातें लज्जाकारीहोंगी यह कहकर वह अपने श्वशुरके मन्दिरमें गया और उससे सम्पूर्ण वृत्तान्त कहकर उसकी सेनालेके और रानीको वहीं छोड़कर गजानीक नाम अपने मित्रसे भी प्रथम कुछ सेनालेनेकोगया उसके चलेजानेपर एकदिन कल्याणवतीने महलके ऊपर से किसी सुन्दर पुरुषको देखके कामके वशीभूत होकर शोचा कि यद्यपि मैं जानतीहूं कि आर्य्यपुत्रसे अधिक स्वरूपवान् और बलवान् दूसरा कोई पुरुष नहीं है तथापि इसपुरुषपर मेरी चित्तकी वृत्तिचलायमान होती है अच्छा जो चाहे सो होय इसकेसाथ अवश्य रमणकरूंगी यह शोचकर उसने अपनी प्रिय सखीकेद्वारा अपना अभिप्राय उससे कहकर रात्रिके समय उसको रस्सी के द्वारा अपने महलपर चढ़ालिया वह पुरुष वहां आकर भयसे उसके पलँगपर नहीं बैठसका यह देखकर रानी

को यह जानकर कि यह नीचहै बड़ा खेदहुआ उससमय एक भयंकर सर्प महलके ऊपर आकर उड़ने लगा उसे देखकर उस पुरुषने भयभीत होकर धनुषमें वाण चढ़ाकर उसे मारा वाणके लगनेसे वह सर्प मरकर महलपर गिरपड़ा तब वह पुरुष उस सर्पको झरोखेमें से बाहर फेंककर प्रसन्नहोके नाचनेलगा उसकी इसतुच्छताको देखकर कल्याणवतीने अपने चित्तमें कहा कि इस अधम निस्सत्त्वको लेकर में क्याकरूंगी उसके इसअभिप्रायको जानकर उसकी सखीने बाहरजाके और फिर भीतरआके कहा कि हे राजपुत्री तुम्हारा पिताआताहै इससे इसपुरुषको शीघ्रही रस्सी पकड़ाकर उतरवादो उसके इसप्रकार कहतेही वह भयसे व्याकुलहोके शीघ्रही रस्सी पकड़कर उतरगया और भयसे व्याकुलहोके गिरकर मरानहीं यही कुशल होगई उसके चलेजानेपर कल्याणवतीने अपनी सखीसे कहा हेसखी तुमने बहुत अच्छा किया जो इस नीचको युक्तिपूर्व्वक निकाल दिया तुमने मेरे चित्तका अभिप्राय जानलिया देखो मेरापति व्याघ्र सिंहादिकोंको भी मारकर लज्जित होताहै और यह सर्पकोही मारकर नाचताहै इससे ऐसे पराक्रमीको छोड़कर इसनिस्सत्त्वपर मेरा प्रेम कैसे होय मेरी स्थिरतारहित इसबुद्धिको धिक्कारहै अथवा कपूरको छोड़कर अशुचि वस्तुओंपर जानेवाली मक्षिकाओंके समान सबस्त्रियोंको धिक्कारहै इसप्रकार पश्चात्ताप करके कल्याणवती अपने पतिकी प्रतीक्षा करनेलगी इसबीचमें सिंहल राजागजानीक से बहुतसी सेनालेकर अपने गोत्री भाइयोंको जीतके अपना राज्यपाके कल्याणवती को अपने श्वशुरके यहांसे लेगया और प्रसन्नतापूर्व्वक बहुतसा दानकरके निष्कंटक राज्य करनेलगा हे स्वामी इसप्रकार से चतुरस्त्रियोंका भी चित्त वीर सुन्दर पतिके होनेपर भी परपुरुष पर चलायमान होताहै इससे शुद्धस्त्रियां बहुतही कम होती हैं मरुभूतिसे इसकथाको सुनकर नरवाहनदत्तने सुखपूर्व्वक शयन करके वह रात्रि व्यतीतकी १४१ ॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांशक्तियशोलम्बकेद्वितीयस्तरङ्गः २ ॥

इसके उपरान्त प्रातःकाल अपना आवश्यक कार्य्य करके नरवाहनदत्त मंत्रियों समेत उसवनमें विहारकरनेकोगया वहां उसने पहले आकाशसे उतरताहुआ तेजका पुंजसादेखा और पीछेसे बहुतसी विद्याधरी उतरीं देखीं नक्षत्रों के बीचमें चन्द्रमाकी कलाके समान मनोहर उन विद्याधरियों में एक अत्यन्त सुन्दर कन्याथी प्रफुल्लित मुखरूपी कमलवाली चंचलनेत्ररूपी भ्रमरवाली हंसोंके समान मन्द गमन करनेवाली कमलके समान शरीरकी गन्धवाली लहरों के समान मनोहर त्रिवली से युक्त उदर वाली वह कन्या क्याथी मानों कामके उपवनकी बावड़ीकी शोभाकी साक्षात् देवीथी कामकी संजीविनी उस कन्याको देखकर नरवाहनदत्तका चित्त चन्द्रमाकी कलाको देखकर समुद्रके समान चलायमानहुआ वाह ब्रह्माकी क्याही विलक्षण कारीगरी है यह अपने मंत्रियोंसे कहताहुआ वह उसके पास गया और प्रेमयुक्त दृष्टिसे देखतीहुई उस कन्यासे बोला कि हे सुन्दरी तुमकौनहो और किस निमित्त यहां आईहो यह सुनकर उसने कहा कि सुनिये में कहतीहूं कि हिमालय पर्व्वतपर कांचनशृंग नाम एक सुवर्णमयपुर है उस पुरमें विद्याधरों का स्वामी शरणागतवत्सल धर्मात्मा दीनदयाल स्फटिकय-

शानाम राजा है उससे हेमप्रभानाम रानी में पार्वतीजी की कृपा से उत्पन्न हुई शक्तियशा नाम मैं कन्याहूं मेरे पांचमुझसे बड़ेभाई हैं परन्तु मेरे पिता मुझको अपने प्राणोंसे भी अधिक चाहते हैं उन्हीं की आज्ञा से मैंने व्रतों से और स्तोत्रों से श्री पार्व्वतीजी को प्रसन्न किया इससे प्रसन्न हुई भगवती श्रीपार्व्वतीजी ने सम्पूर्ण विद्या देकर मुझसे कहा कि हे पुत्री तुझे अपने पिता से भी दशगुना वि- द्याओं का बलहोगा और सम्पूर्ण विद्याधरों का भावी चक्रवर्त्ती नरवाहनदत्त तेरा पति होगा यह कह कर श्री पार्वतीजी अन्तर्द्धान होगई और उनकी कृपासे सम्पूर्ण विद्याओं को पाकर मैं क्रम से युवती हुई आज रात्रिके समय भगवतीने स्वप्नमें दर्शन देकर मुझसे कहा कि हे पुत्री प्रातःकाल तुम जाकर अपने पतिको देखना और उसे देखकर यहीं लौटआना एक महीने के उपरान्त तुम्हारे पिता तुम्हारा विवाह उसी के साथ करदेंगे यह कहकर भगवती अन्तर्द्धान होगई और रात्रिके व्यतीत होजाने से मेरी निद्राभी खुलगई हे आर्यपुत्र भगवतीकी उसी आज्ञासे तुम्हारे दर्शनको मैं यहां आज आईहूं और अभीजातीहूं यह कहकर वह अपनी सखियों समेत आकाशमार्गसे अपने पुरको चलीगई और नरवाहनदत्त उसके विवाहके लिये उत्कण्ठित होकर एकमहीने को युगके समान देखताहुआ खिन्न होकर मंत्रियों समेत अपने मन्दिरमें गया २० वहां उसेखिन्न देखकर गोमुखने कहा कि हेयुवराज आ- पके चित्तके बहलाने के लिये मैं एक कथा कहताहूं पूर्वसमयमें कांचनपुरी नाम नगरीमें सम्पूर्ण श- त्रुओंका जीतनेवाला बड़ा प्रतापी सुमनानाम राजा था एक समय सभा में बैठेहुए राजा सुमना से प्रतीहारने यह विज्ञापन किया कि हे स्वामी निषादाधिपकी मुक्तालतानाम कन्यापिंजरे में एक तोतेको लेकर अपने भाई वीरप्रभ के साथ आकर द्वारपर खड़ी है और आपके पादारविन्दों का दर्शन किया चाहती है यह सुनकर राजाने कहा कि आने दो तब प्रतीहारसे आज्ञा पाकर वह मुक्तालता सभा में आई उसके अद्भुत रूपको देखकर सम्पूर्ण सभासदोंने अपने चित्तमें कहा कि यह मानुषी नहीं है कोई दिव्य स्त्री है उसने राजाको प्रणाम करके कहा कि हे राजा यह शास्त्रगंज नाम तोता चारोंवेदों का जा- नने वाला और सम्पूर्ण कला तथा विद्याओं में परम प्रवीणहै मैं इसे आपके योग्य जानकर यहां लाई हूं आप इसे ग्रहण कीजिये यहकहकर उसने वह तोता प्रतीहारको देदिया प्रतीहार उसे राजाके पास लेगया वहां उस तोतेने यह श्लोक पढ़ा कि ( राजन्युक्तमिदंसदैवयदयंदेवस्यसंधुक्ष्यते धूमश्यामसुखो द्विषद्विरहिणीनिश्वासवातोद्गमैः। एतत्त्वद्भुतमेवयत्परिभवाद्वाष्पाम्बुपूरप्लवैरासांप्रज्वलतीहदिक्षुदशसु प्राज्यःप्रतापानलः ) हे राजा यह तो योग्यहीहै जो दशोंदिशाओं में आपका प्रतापानल शत्रुओंकी विरहणी स्त्रियों के श्वासरूपी वायुसे धौंका जाकर प्रचण्ड होताहै परन्तु यह अद्भुत बातहै कि जो श- त्रुओंकी स्त्रियों के अश्रुओं के प्रवाहों से व्याप्त भी आपका प्रतापानल जाज्वल्यमान होताहै यह श्लो- क पढ़कर और इसकी व्याख्याकरके फिर तोते ने कहा कि किसशास्त्र से कौनसा प्रमेयकहूं सो आप आज्ञा कीजिये यह सुनकर राजाके अत्यन्त विस्मित होनेपर उसके मन्त्री ने कहा कि यह पूर्व्वजन्म का कोई ऋषि शाप से तोता होगयाहै पुण्य के प्रतापसे इसे अपने पूर्व्वजन्म के सब शास्त्र स्मरणहैं

मंत्री के यह वचनसुनकर राजानें उससे पूछा कि हे शास्त्रगंज तुम्हारा कहां जन्महुआहै पक्षी योनि में भी यह शास्त्रका ज्ञान तुमको कैसे प्राप्तहुआहै और तुम कौनहो यह सब अपना वृत्तान्त मुझसे कहो मुझे बड़ा आश्चर्य्य होरहाहै यह सुनकर उस तोतेने आंसूबहाकर कहा कि यद्यपि यह वृत्तान्त कहने के योग्य नहीं है तथापि में आपकी आज्ञाको अनुल्लंघनीय मानकर कहताहूं आप सुनिये हे राजा हिमालय के निकट एक वड़ाभारी कुटकी का वृक्षहै उसकी बड़ी २ शाखाओंपर अनेक पक्षी रहते हैं उसी वृक्षपर एकतोता अपनी तोती समेत घोंसलाबनाकर रहताथा उसी तोतीमें उसतोते से भाग्यवश से मेरा जन्महुआ है मेराजन्महोतेही मेरीमातामरगई इससे अत्यन्त दुःखीहोकर मेरा वृद्धपिता निकट रहनेवाले अन्यतोतों के जूंठे वचेहुए फलों को आपखाकर तथा मुझे भी खिलाकर अपने पंखों में मुझे रखकर मेरा पालन करनेलगा एकसमय वहाँ बहुतसे भील शिकारखेलने को आये और दिनभर अनेक प्रकारके पशुतथा पक्षियों को मारतेरहे सायंकालके समय एक वृद्धभील कोई पशुपक्षी न पाकर मेरे निवास के वृक्षके समीप आया और उसमें पक्षियों का शब्द सुनके उसपर चढ़के तोतोंको तथा अन्य पक्षियों को घोंसलों में से निकालकर मार २ कर पृथ्वीपर डालनेलगा इसी क्रम से उसे अपने निकट आया देखकर में भयभीतहोकर अपने पिताके पंखोंमें छिपरहा इतने में उसने मेरे घोंसलेमें भी अपना हाथ डालकर मेरे पिताको निकालके मारकर पृथ्वीपर डालदिया और में अपने पिताके पंखों में ही लिपटाहुआ पृथ्वीपर गिरकर उनके पंखोंमें से निकलकर सूखे पत्तों में घुसगया और वह भील सब पक्षियों को मार पृथ्वीपर उतरकर कुछ पक्षियोंको अग्निमें भून २ कर खाकर शेष पक्षियोंकोलेके अपने साथियों के साथ अपने गांवको चलागया तब मैं निर्भय होकर बड़े दुःखसे उस रात्रिको व्यतीत करके प्रातःकाल जगन्नेत्र भगवान् सूर्य्यके उदयहोनेपर तृषासे व्याकुल होकर अपने पंखोंको फैलायेहुए धीरे २ निकटवर्त्ती पद्मसर नाम तड़ाग के पासगया वहां मेरे मूर्त्तिमान पूर्व्वजन्मके पुण्योंके समान मरीचिनाम मुनि स्नान करनेको आयेथे वह मुझे देखकर कृपासे मेरे मुखमें जलविन्दु डालकर मुझे दोने में रखकर अपने आश्रममें लेगये वहां मुझे देखकर हँसतेहुए महर्षि कुलपति पुलस्त्यजी से अन्य महर्षियों ने पूछा कि हे महाराज इस तोते को देखकर आपके हास्य करने का क्या कारणहै यह सुनकर महर्षिजी ने कहा कि शापसे उत्पन्नहुए इस तोते को देखकर मुझे हँसी आगई आह्निक के उपरान्त मैं इसकी कथा तुमलोगों से कहूंगा उस कथाको सुनतेही इस तोते को अपने पूर्व्वजन्मका स्मरण आजायगा यहकहकर वह आह्निक करनेकोगये फिर २ आह्निक करने के उपरान्त उनसब मुनियों के प्रार्थना करनेपर त्रिकालदर्शी पुलस्त्यजीने मेरी यहकथा सब मुनियोंसे वर्णनकी कि ज्योतिष्नाम नगरमें ज्योतिष्प्रभनाम एक बड़ा प्रतापी चक्रवर्त्ती राजाथा उसके बड़ेतपसे प्रसन्नहुए श्री शिवजीकी कृपासे हर्षवती रानीमें एकपुत्र उत्पन्नहुआ रानीनें गर्भके दिनों स्वप्नमें चन्द्रमाको अपने मुख में प्रविष्टहोते हुए देखाथा इसी से राजाने अपने पुत्रकानाम सोमप्रभ रक्खा वहसोमप्रभ अपनी प्रजाके नेत्रोंको अत्यन्त आनन्द देताहुआ क्रमसे सम्पूर्ण विद्या तथा कलाओंको सीखताहुआ युवा-

शानाम राजा है उससे हेमप्रभानाम रानी में पार्वतीजी की कृपा से उत्पन्न हुई शक्तियशा नाम मैं कन्याहूं मेरे पांचमुझसे बड़ेभाई हैं परन्तु मेरे पिता मुझको अपने प्राणोंसे भी अधिक चाहते हैं उन्हीं की आज्ञा से मैंने व्रतों से और स्तोत्रों से श्री पार्व्वतीजी को प्रसन्न किया इससे प्रसन्न हुई भगवती श्रीपार्व्वतीजी ने सम्पूर्ण विद्या देकर मुझसे कहा कि हे पुत्री तुझे अपने पिता से भी दशगुना विद्याओं का वलहोगा और सम्पूर्ण विद्याधरों का भावी चक्रवर्त्ती नरवाहनदत्त तेरा पति होगा यह कह कर श्री पार्वतीजी अन्तर्द्धान होगई और उनकी कृपासे सम्पूर्ण विद्याओं को पाकर मैं क्रम से युवती हुई आज रात्रिके समय भगवतीने स्वप्नमें दर्शन देकर मुझसे कहा कि हे पुत्री प्रातःकाल तुम जाकर अपने पतिको देखना और उसे देखकर यहीं लौटआना एक महीने के उपरान्त तुम्हारे पिता तुम्हारा विवाह उसी के साथ करदेंगे यह कहकर भगवती अन्तर्द्धान होगई और रात्रिके व्यतीत होजाने से मेरी निद्राभी खुलगई हे आर्यपुत्र भगवतीकी उसी आज्ञासे तुम्हारे दर्शनको मैं यहां आज आईहूं और अभीजातीहूं यह कहकर वह अपनी सखियों समेत आकाशमार्गसे अपने पुरको चलीगई और नरवाहनदत्त उसके विवाहके लिये उत्कण्ठित होकर एकमहीने को युगके समान देखताहुआ खिन्न होकर मंत्रियों समेत अपने मन्दिरमें गया २० वहां उसेखिन्न देखकर गोमुखने कहा कि हेयुवराज आपके चित्तके वहलाने के लिये मैं एक कथा कहताहूं पूर्वसमयमें कांचनपुरी नाम नगरीमें सम्पूर्ण शत्रुओंका जीतनेवाला वड़ा प्रतापी सुमनानाम राजा था एक समय सभा में बैठेहुए राजा सुमना से प्रतीहारने यह विज्ञापन किया कि हे स्वामी निषादाधिपकी मुक्तालतानाम कन्यापिंजरे में एक तोतेको लेकर अपने भाई वीरप्रभ के साथ आकर द्वारपर खड़ी है और आपके पादारविन्दों का दर्शन किया चाहती है यह सुनकर राजाने कहा कि आने दो तव प्रतीहारसे आज्ञा पाकर वह मुक्तालता सभा में आई उसके अद्भुत रूपको देखकर सम्पूर्ण सभासदोंने अपने चित्तमें कहा कि यह मानुषी नहीं है कोई दिव्य स्त्री है उसने राजाको प्रणाम करके कहा कि हे राजा यह शास्त्रगंज नाम तोता चारोंवेदों का जाननेवाला और सम्पूर्ण कला तथा विद्याओं में परम प्रवीणहै मैं इसे आपके योग्य जानकर यहां लाई हूं आप इसे ग्रहण कीजिये यहकहकर उसने वह तोता प्रतीहारको देदिया प्रतीहार उसे राजाके पास लेगया वहां उस तोतेने यह श्लोक पढ़ा कि ( राजन्युक्तमिदंसदैवयदयंदेवस्यसंधुक्ष्यते धूमश्यामसुखो द्विपद्विरहिणीनिश्वासवातोद्गमैः। एतत्त्वद्भुतमेवयत्परिभवाद्वाष्पाम्बुपूर्णैर्वैरासांप्रज्वलतीहदिक्षुदशसु प्राज्यःप्रतापानलः ) हे राजा यह तो योग्यहीहै जो दशोंदिशाओं में आपका प्रतापानल शत्रुओंकी विरहणी स्त्रियों के श्वासरूपी वायुसे धौंका जाकर प्रचण्ड होताहै परन्तु यह अद्भुत बातहै कि जो शत्रुओंकी स्त्रियों के अश्रुओं के प्रवाहों से व्याप्त भी आपका प्रतापानल जाज्वल्यमान होताहै यह श्लोक पढ़कर और इसकी व्याख्याकरके फिर तोते ने कहा कि किसशास्त्र से कौनसा प्रमेयकहूं सो आप आज्ञा कीजिये यह सुनकर राजाके अत्यन्त विस्मित होनेपर उसके मन्त्री ने कहा कि यह पूर्व्वजन्म का कोई ऋषि शाप से तोता होगयाहै पुण्य के प्रतापसे इसे अपने पूर्व्वजन्म के सब शास्त्र स्मरणहैं

महाभागे तुम कौनहो उसने कहा हे सखी यहांसे थोड़ीदूरपर तपोवनमें दीधितनाम मुनि रहते हैं एक समय इसीतड़ागमें स्नानकरनेको आयेहुए ब्रह्मचारी दीधितमुनिको उसीसमय आईहुई लक्ष्मीजीने देखकर अपने मनमें संभोग करनेकी इच्छाकरी इसीसे उनको मानसपुत्र प्राप्तहुआ वहबालक लक्ष्मी जी उनदीधितमुनिको देकर और यहकहकर कि आपहीके दर्शनसे यहउत्पन्नहुआहै अन्तर्द्धानहोगई मुनिने भी अनायास मिलेहुए उसपुत्रको लेकर उसका नाम रस्मिमान रखकर क्रमसे पालनपूर्व्वक यज्ञोपवीतादि कर्मकरके उसे सम्पूर्ण विद्या सिखलाई वहीरस्मिमान यह मुनिका पुत्रहै मेरे साथ यहां विहारकरनेको आया है यहकहकर उसने मेरी सखी से मेरानाम तथा वंश पूंछा और मेरी सखी ने सब बतादिया १००, तब परस्पर वृत्तान्त जानकर अत्यन्त अनुरागयुक्तहुए उस मुनिपुत्रके पास बैठीहुई मेरे घरसे एकदूसरी सखी ने आकर मुझसे कहा कि हे सखी जल्दी चलो तुम्हारे पिता भोजन के निमित्त तुम्हारी प्रतीक्षाकर रहे हैं यहसुनकर उसमुनिके पुत्रसे शीघ्र आऊंगी यहकहकर और उसे वहीं छोड़कर मैं भयभीतहोकर अपने पिताके पास चलीगई वहां कुछ भोजन करके जैसेंही मैं बाहर निकली वैसेही मेरी पहली सखी ने मुझसे कहा कि हे सखी उस मुनिपुत्रका मित्र आया हुआ द्वारपर खड़ा है उसने मुझसे कहाहै कि मुझे रस्मिमानने अपने पिताकी बताई हुई आकाशगामिनी विद्या देकर मनोरथ-प्रभाके पास यहकहनेको भेजाहै कि प्राणेश्वरीके विना कामदेवने मेरी ऐसी दारुणदशाकीहै कि उसके विना अब मैं क्षणभरभी नहीं जीसक्ताहूं यहसुनकर मैं अपनी सखीको लेकर उसके साथ यहां आई परन्तु यहां मेरे आनेसे पहलेही मुनिपुत्र मेरे वियोगसे चन्द्रोदय होतेही इस संसार को त्यागकर पर-लोकको चलागयाथा उसे मृतकदेखकर मैंने उसका शरीरलेकर अपनेको भस्म करनाचाहा उस समय कोई अत्यन्त तेजस्वीपुरुष आकाशसे उतरके वहशरीर लेकर चलागया उसके शरीरसे भी रहितहोकर मैं अकेलीही अग्निमें भस्महोनेको उद्यतहुई तब यह आकाशवाणीहुई कि हे मनोरथप्रभे ऐसा साहस मतकरो कुछ कालके पीछे इस मुनिपुत्रके साथ तुम्हारा फिर संगमहोगा इस आकाशवाणीको सुनकर मैं मृत्युसे निवृत्तहोकर उसीकी प्रतीक्षा करतीहुई श्री शिवजी के पूजनमें तत्परहोकर यहीं रहतीहूं और मुनिपुत्रका वह मित्र भी न मालूम कहांचलागया उसके वृत्तान्तको सुनकर सोमप्रभने उससेपूछा कि तुम्हें अकेली छोड़कर तुम्हारी वह सखी कहां चलीगई यह सुनकर उसने कहा कि विद्याधरों के स्वामी राजा सिंहविक्रमके मकरन्दिका नाम बड़ीसुन्दर रूपवतीकन्याहै वह प्राणों से भी अधिक मेरीप्रियसखी है और मेरे ही दुःखसेदुखित होकर उसने अबतक अपना विवाह किसी से नहीं कियाहै उसने अपनी सखी मेरे पास कुशल पूछनेको भेजीथी इससे मैंने भी उसीकी सखी के साथ उसे देखनेको अपनी सखी भेजी है इसीसे मैं आज यहां अकेलीहूं इसप्रकार कहतीहुई उस मनोरथप्रभाने उसीसमय आकाश से उतरीहुई अपनी सखी सोमप्रभको दिखाई और उससे मकरन्दिकाका सम्पूर्ण वृत्तान्त पूछकर सोमप्रभ के लिये कोमल २ पत्तों से शय्या बिछवाई और उसके घोड़ेको घास दिलवाई तब उन सबलोगों ने वहीं देवमन्दिरमें शयनकर रात्रिव्यतीतकरके प्रातःकाल आयेहुए एक विद्याधरको देखा उस देवजयनाम

वस्थाको प्राप्तहुआ ज्योतिष्प्रभने उसे युवाशूर तथा प्रजाओंका प्यारा देखकर उसे युवराजपदवी देदीनी और अपने प्रभाकरनाम मन्त्री के पुत्र प्रियङ्करको उसका मन्त्रीबना दिया उसीसमय एकघोड़ा लेकर आकाशसे उतरेहुए मातलिने निकटआकर सोमप्रभसे कहा कि तुम पूर्व्वजन्ममें इन्द्रके मित्र विद्याधर थे उसी स्नेहसे इन्द्रने उच्चैश्रवाका पुत्र यह अश्वश्रवानाम घोड़ा तुम्हारे निमित्त भेजाहै इसपर चढ़े हुए तुमको कोई शत्रु जीत न सकेंगे यहकहकर और घोड़ादेकर मातलि के चलेजानेपर बड़े उत्सवसे वह दिन व्यतीतकरके दूसरे दिन सोमप्रभने अपने पितासे कहा कि हे तात क्षत्रियोंका यहधर्म नहीं है कि विजयकी इच्छासे रहितहोकर स्वस्थहोकर घरहीमें बैठे रहें इससे मुझे आज्ञादीजिये कि मैं दिग्विजयकरनेको जाऊं यहसुनकर ज्योतिष्प्रभने प्रसन्नहोकर दिग्विजयकी सम्पूर्ण तैयारी करके अच्छादिन देखके उसे दिग्विजयके निमित्त भेजा पिताकी आज्ञासे गयेहुए सोमप्रभने उसदिव्य घोड़े के प्रभाव से चारोंदिशाओंके सम्पूर्ण राजा लोगोंको जीतलिया और उनसे बहुतसे रत्नपाये फिर दिग्विजय करके लौटते समय वह हिमालयके निकट सेना समेत टिककर उसीदिव्य घोड़ेपर चढ़कर किसीवनमें शिकार खेलने को गया वहां भाग्यवशसे एक रत्नजटित किन्नरको देखकर उसे पकड़ने के लिये उसने अपना घोड़ा दौड़ाया वह किन्नर तो पर्व्वतकी कन्दरामें छिपगया परन्तु सोमप्रभको वहघोड़ा बहुतदूर वनमें लेगया इतनेमें सूर्य्य भगवान्भी अस्ताचलको प्राप्तहुए तब थककर लौटनेकी इच्छा करतेहुए सोमप्रभने एकबड़ाभारी तड़ाग देखकर उसीकेतटपर रात्रिको व्यतीत करनेका विचार करके घोड़ेपरसे उतरकर घोड़ेको दाना चारा और जलसे सन्तुष्ट करके आपभी मधुरफल समेत उसतड़ागका जल पीकर तड़ाग के तटपरही कोमलपत्ते बिछाकर विश्रामकिया उससमय अकस्मात् मधुरगीतोंकी ध्वनि उसे सुनाईदी उसशब्दको सुनकर उठके उसी शब्दके अनुसार उसने कुछ दूरजाकर एकमंदिरमें शिवजी के लिंगके आगे गानकरतीहुई एकदिव्य कन्यादेखी और आश्चर्य्यपूर्व्वक अपने चित्तमें कहा कि यहअद्भुत स्वरूपवाली कौन यहां बैठी है उसकन्यानेभी इसकी उदार चेष्टाको देखकर अतिथि सत्कारकरके इससे पूछा कि तुमकौनहो और किसप्रकारसे तथा किस प्रयोजनसे इसदुर्गम पृथ्वीमें आयेहो यहसुनकर सोमप्रभने अपना सम्पूर्ण वृत्तान्त कहकर उससे पूछा कि अब तुमभी बताओ कि तुम कौनहो और इसवनमें अकेली क्यों रहतीहो यहसुनकर उसकन्याने अश्रुओंकी धारा बहाकर कहा कि हे महाभाग जो आपकी इच्छाहै तो मेरा सब वृत्तान्त सुनिये कि हिमालय पर्व्वतपर कांचनाभनाम नगरमें विद्याधरोंका पद्मकूट नाम राजाहै उसपद्मकूटसे हेमप्रभानाम रानीमें उत्पन्नहुई पुत्रों से भी अधिक उसेप्यारी मनोरथप्रभानाम मैं कन्याहूं विद्याओंके प्रभावसे मैं अपनी सखियों के साथ आश्रमों में द्वीपों में पर्व्वतों में वनों में तथा उपवनों में क्रीड़ाकरके भोजनके समय अपने पिताके पास आजातीथी एकसमय में इसतड़ागके तटपर विहार करनेको आई उससमय एकमुनिका पुत्र अपने मित्र सहित मुझे यहां दिखाई दिया उसके रूप की शोभाको देखकर उसी के वशीभूतहोकर मैं उसके पासगई और उसने भी मुझे प्रेम सहित दृष्टि से देखा तब मेरी सखी ने मेरे तथा उसके दोनों के अभिप्रायको जानकर मुनिपुत्र के मित्रसे पूछा कि हे

महाभागे तुम कौनहो उसने कहा हे सखी यहांसे थोड़ीदूरपर तपोवनमें दीधितनाम मुनि रहते हैं एक समय इसीतड़ागमें स्नानकरनेको आयेहुए ब्रह्मचारी दीधितमुनिको उसीसमय आईहुई लक्ष्मीजीने देखकर अपने मनमें संभोग करनेकी इच्छाकरी इसीसे उनको मानसपुत्र प्राप्तहुआ वहबालक लक्ष्मी जी उनदीधितमुनिको देकर और यहकहकर कि आपहीके दर्शनसे यहउत्पन्नहुआहै अन्तर्द्धानहोगई मुनिने भी अनायास मिलेहुए उसपुत्रको लेकर उसका नाम रश्मिमान रखकर क्रमसे पालनपूर्वक यज्ञोपवीतादि कर्मकरके उसे सम्पूर्ण विद्या सिखलाई वहीरश्मिमान यह मुनिका पुत्रहै मेरे साथ यहां विहारकरनेको आया है यहकहकर उसने मेरी सखी से मेरानाम तथा वंश पूंछा और मेरी सखी ने सब बतादिया १०० तब परस्पर वृत्तान्त जानकर अत्यन्त अनुरागयुक्तहुए उस मुनिपुत्रके पास बैठीहुई मेरे घरसे एकदूसरी सखी ने आकर मुझसे कहा कि हे सखी जल्दी चलो तुम्हारे पिता भोजन के निमित्त तुम्हारी प्रतीक्षाकर रहे हैं यहसुनकर उससुनिके पुत्रसे शीघ्र आऊंगी यहकहकर और उसे वहीं छोड़कर मैं भयभीतहोकर अपने पिताके पास चलीगई वहां कुछ भोजन करके जैसेही मैं बाहर निकली वैसेही मेरी पहली सखी ने मुझसे कहा कि हे सखी उस मुनिपुत्रका मित्र आया हुआ द्वारपर खड़ा है उसने मुझसे कहाहै कि मुझे रश्मिमानने अपने पिताकी बताई हुई आकाशगामिनी विद्या देकर मनोरथ-प्रभाके पास यहकहनेको भेजाहै कि प्राणेश्वरीके विना कामदेवने मेरी ऐसी दारुणदशाकीहै कि उसके विना अब मैं क्षणभरभी नहीं जीसक्काहूं यहसुनकर मैं अपनी सखीको लेकर उसके साथ यहां आई परन्तु यहां मेरे आनेसे पहलेही मुनिपुत्र मेरे वियोगसे चन्द्रोदय होतेहीं इस संसार को त्यागकर पर-लोकको चलागयाथा उसे मृतकदेखकर मैंने उसका शरीरलेकर अपनेको भस्म करनाचाहा उस समय कोई अत्यन्त तेजस्वीपुरुष आकाशसे उतरके वहशरीर लेकर चलागया उसके शरीरसे भी रहितहोकर मैं अकेलीही अग्निमें भस्महोनेको उद्यतहुई तब यह आकाशवाणीहुई कि हे मनोरथप्रभे ऐसा साहस मतकरो कुछ कालके पीछे इस मुनिपुत्रके साथ तुम्हारा फिर संगमहोगा इस आकाशवाणीको सुनकर मैं मृत्युसे निवृत्तहोकर उसीकी प्रतीक्षा करतीहुई श्री शिवजी के पूजनमें तत्परहोकर यहीं रहतीहूं और मुनिपुत्रका वह मित्र भी न मालूम कहांचलागया उसके वृत्तान्तको सुनकर सोमप्रभने उससेपूछा कि तुम्हें अकेली छोड़कर तुम्हारी वह सखी कहां चलीगई यह सुनकर उसने कहा कि विद्याधरों के स्वामी राजा सिंहविक्रमके मकरन्दिका नाम बड़ीसुन्दर रूपवतीकन्याहै वह प्राणों से भी अधिक मेरीप्रियसखी है और मेरे ही दुःखसेदुखित होकर उसने अबतक अपना विवाह किसी से नहीं कियाहै उसने अपनी सखी मेरे पास कुशल पूछनेको भेजीथी इससे मैंने भी उसीकी सखी के साथ उसे देखनेको अपनी सखी भेजी है इसीसे मैं आज यहां अकेलीहूं इसप्रकार कहतीहुई उस मनोरथप्रभाने उसीसमय आकाश से उतरीहुई अपनी सखी सोमप्रभको दिखाई और उससे मकरन्दिकाका सम्पूर्ण वृत्तान्त पूछकर सोमप्रभ के लिये कोमल २ पत्तों से शय्या बिछवाई और उसके घोड़ेको घास दिलवाई तब उन सबलोगों ने वहीं देवमन्दिरमें शयनकर रात्रिव्यतीतकरके प्रातःकाल आयेहुए एक विद्याधरको देखा उस देवजयनाम

विद्याधरने प्रणामकरके मनोरथप्रभासे कहा कि हे राजपुत्री राजासिंहविक्रमने तुमसे कहा है कि जब तक तुम्हारा विवाह न होगा तबतक तुम्हारी प्रियसखी मकरन्दिका भी अपना विवाह नहीं करना चाहती है इससे तुम यहां आकर इसे समझाओ कि यह अपना विवाहकरलेवे यह सुनकर जानेको उद्यत हुई मनोरथप्रभासे सोमप्रभने कहा कि हे सखी मैं भी विद्याधरोंका लोक देखना चाहताहूं इससे मुझे भी वहां लेचलो घोड़े के आगे मैं घास डालेदेताहूं यह यहांही बँधारहैगा यह सुनकर मनोरथप्रभा देवजयकी गोदी में उसे बैठालकर अपने साथ लेकर विद्याधरलोकमें गई और वहां मकरन्दिकाने मनोरथप्रभाका अतिथि सत्कारकरके सोमप्रभको देखकर मनोरथप्रभा से पूछा कि हे सखी यह कौनहै यह सुनकर उसने सोमप्रभका सब वृत्तान्त कहदिया उसके वृत्तान्तको सुनकर मकरन्दिकाका चित्त उसपर आसक्तहोगया और सोमप्रभने भी रूपवती लक्ष्मी के समान उसे देखकर अपने चित्तमेंकहा कि किस पुण्यात्माके साथ इसका पाणिग्रहणहोगा इसके उपरान्त एकान्तमें मनोरथप्रभा ने मकरन्दिकासे कहा कि हे सखी तुम विवाह क्यों नहीं करतीहो यह सुनकर उसनेकहा कि जो अभी तुमने वरका स्वीकार नहीं किया तो मैं कैसेकरूं तुम मुझे प्राणों से भी अधिकप्यारीहो मकरन्दिकाके यह प्रेमयुक्त वचनसुनके मनोरथप्रभाबोली कि हे मुग्धे मैंने तो वरका स्वीकार करलियाहै अब उसकी प्रतीक्षा कररही हूं इससे तुमको विवाह करलेना चाहिये यह सुनकर मकरन्दिका ने कहा कि जैसा तुमकहोगी वैसाही करूंगी तब मनोरथप्रभाने उसके अभिप्रायको जानकर कहा कि हे सखी पृथ्वी में भ्रमणकरके यहराजपुत्र सोमप्रभ तुम्हारे यहां अतिथि प्राप्तहुआहै इसका तुम सत्कारकरो यह सुनतेही उसनेकहा कि मैंने शरीर पर्यन्त अपनी सम्पूर्ण वस्तु इसके अर्पण करदीनी है यह जो चाहै सो लेले उसके यहवचनसुनकर मनोरथप्रभाने राजा सिंहविक्रमसे कहकर सोमप्रभके साथ उसके विवाहका निश्चय किया तब सोमप्रभभी इस वृत्तान्तको जानके अतिप्रसन्नहोकर मनोरथप्रभासे बोला कि अब मैं तुम्हारे आश्रमको जाताहूं क्योंकि ऐसा न होय कि मेरा मंत्री सेनासमेत वहां आकर केवल घोड़ेहीको देखकर मेरे लिये कुछ अहितशोचके पराङ्मुखहोकर लौटजाय इससे मैं वहां जाकर अपनी सेनाके वृत्तान्तको जानकर लौटके शुभलग्नमें मकरन्दिका के साथ अपना विवाहकरूंगा उसके यह वचन सुनकर मनोरथप्रभा देवजय विद्याधरकी गोदी में चढ़ाके अपने आश्रममें उसे लेआई इतनेही में उसका मंत्री प्रियंकर भी उसकी सम्पूर्ण सेनालियेहुए वहींआया उससे मिलकर सोमप्रभ जैसेही अपना वृत्तान्त उससे कहने लगा वैसेही उसके पिताका एक दूतआकर कहनेलगा कि चलिये आपको बहुत शीघ्र महाराज ज्योतिष्प्रभने बुलायाहै पिताके संदेशेको सुनकर सोमप्रभ मनोरथप्रभासे तथा देवजयसे यह कहकर कि मैं पिताके दर्शनकरके शीघ्रही लौटआऊंगा अपनी सेना लेकर अपने नगरको गया तदनन्तर लौटकर गये हुए देवजयके द्वारा इसवृत्तान्तको सुनकर मकरन्दिका विरह से व्याकुलहोकर उपवन में सखियों के साथ क्रीड़ा में गानमें तथा तोते आदि पक्षियों के मनोहर शब्दों में भी अपने चित्त को न बहला सकी उस दिन से उसने भोजन भी नहीं किया फिर शृंगार आदिकों की क्या गिनती है वह

कमल के पत्तोंकी शय्याको छोड़कर उन्मत्त के समान इधर उधर घूमनेलगी उसकी यहदशा देखकर माता पिताने उसे बहुत समझाया पर समझाने से भी जब उसने धैर्य नहीं धारण किया तो उन्होंने क्रोध करके उसे यह शापदिया कि तू कुछ कालतक इसी शरीर से अपनी जातिको भूलकर निपादों के यहां रहेगी माता पिता के इस शाप से मकरन्दिका निपादके यहां जाकर निपादकी कन्या होगई और उसके मातापिता भी शोकसे मरगये उसका पिता मरकर पहले तो सकलशास्त्रोंका ज्ञाता ऋषि हुआ और फिर किसी पूर्वजपापसे तोताहोगया और उसकी स्त्री वनकी शूकरी होगई यह वही तोता है पूर्व जन्मके तपोवलसे इसे अपनी संपूर्ण पढ़ीहुई विद्या यादहै इसकी विचित्र कर्मगति को देखकर मुझे हँसी आगईथी यह इसकथाको राजसभामें कहकर अपने पापोंसे छूटजायगा और सोमप्रभ इस की कन्याको अवश्य पावेगा और मनोरथप्रभा इस समय राजाहुए रस्मिमान नाम मुनिपुत्रको मुनि रूपमें पावेगी इससमय सोमप्रभभी अपने पिताके दर्शन करके लौटकर उसी आश्रममें अपनी मकर-न्दिका प्रियाकी प्राप्तिके लिये श्रीशिवजी की आराधना कररहाहै इस कथाको कहकर पुलस्त्य मुनिके निवृत्तहोजानेपर मैं अपने पूर्वजन्मका स्मरण करके हर्ष तथा शोकसे व्याप्तहोगया तदनन्तर जो मरी-चिमुनि मुझको आश्रममें लेगयेथे वही मेरापालन करतेरहे कुछकालमें जब मेरे पंख निकलआये तो मैं चपलताके कारण वहांसे उड़कर इधर उधर भ्रमण करके अपनी विद्याओंका आश्चर्य दिखाताहुआ निपादोंके हाथ पड़गया और क्रमसे आपके यहां प्राप्तहुआ इससमय मेरा संपूर्णपाप क्षीणहोगया इस कथाको कहकर उस विद्वान् तोतेके चुपहोजानेपर राजा सुमना अत्यन्त आनन्दित हुआ इस बीचमें श्रीशिवजीने प्रसन्नहोकर सोमप्रभको यह आज्ञादी कि हे पुत्र उठो राजा सुमनाके निकटजाओ वहांम-करन्दिका तुमको मिलजायगी वह मकरन्दिका अपने पिताके शापसे मुक्तालतानाम निपादकन्याहो-कर तोतेके रूपमें उत्पन्नहुए अपने पिताको लेके राजा सुमनाके निकटगई है तुम्हें देखकर वह अपनी जातिका स्मरण करके अपने शापसे छूटजायगी तब परस्पर पहचानकर तुम दोनों का अत्यन्त आ-नन्ददायी समागमहोगा इसप्रकार सोमप्रभसे कहकर भगवान् भक्तवत्सल श्रीशिवजी ने मनोरथप्रभा से कहा कि तुम्हारा प्रियरस्मिमाननामे मुनिपुत्र सुमनानाम राजाहुआ है इससे तुम उसकेपासजाओ वह तुमको देखकर अपने पूर्वजन्मका स्मरणकरके अपने शरीरको पावेगा इस प्रकार स्वप्न में श्रीशिव जीसे आज्ञापाकर सोमप्रभ तथा मनोरथप्रभा दोनों राजासुमनाकी सभामें आये वहां सोमप्रभको देख कर मकरन्दिका अपनी जाति का स्मरण करके शीघ्रही विद्याधरी होकर उसकेगले में लिपटगई और सोमप्रभभी श्रीशिवजी की कृपा से प्राप्त हुई मूर्तिमती दिव्यभोगों की लक्ष्मी के समान मकरन्दिका का आलिंगन करके कृतकृत्य हुआ और राजा सुमना भी मनोरथप्रभा को देखकर अपने पूर्वजन्म का स्मरण करके आकाश से गिरेहुए अपने पूर्व शरीर में प्रवेश करके मुनि पुत्र रस्मिमान होकर अपनी प्रिया मनोरथप्रभाको सायलेकर अपने आश्रमकोगया और सोमप्रभ भी अपनी प्रिया मक रन्दिका को लेकर अपने पुरकोगया और वह तोता भी तोतेके शरीरकोत्यागकर तप के प्रभाव से प्राप्त

विद्याधरने मणिमकरके मनोरथप्रभासे कहा कि हे राजपुत्री राजासिंहविक्रमने तुमसे कहा है कि जब तक तुम्हारा विवाह न होगा तबतक तुम्हारी प्रियसखी मकरन्दिका भी अपना विवाह नहीं करना चाहती है इससे तुम यहां आकर इसे समझाओ कि यह अपना विवाहकरलेवे यह सुनकर जानेको उद्यत हुई मनोरथप्रभासे सोमप्रभने कहा कि हे सखी मैं भी विद्याधरोंका लोक देखना चाहताहूं इससे मुझे भी वहां लेचलो घोड़े के आगे मैं घास डालेदेताहूं यह यहांही बँधारहैगा यह सुनकर मनोरथप्रभा देवजयकी गोदी में उसे बैठालकर अपने साथ लेकर विद्याधरलोकमें गई और वहां मकरन्दिकाने मनोरथप्रभाका अतिथि सत्कारकरके सोमप्रभको देखकर मनोरथप्रभा से पूछा कि हे सखी यह कौनहै यह सुनकर उसने सोमप्रभका सब वृत्तान्त कहदिया उसके वृत्तान्तको सुनकर मकरन्दिकाका चित्त उसपर आसक्तहोगया और सोमप्रभने भी रूपवती लक्ष्मी के समान उसे देखकर अपने चित्तमेंकहा कि किस पुण्यात्माके साथ इसका पाणिग्रहणहोगा इसके उपरान्त एकान्तमें मनोरथप्रभा ने मकरन्दिकासे कहा कि हे सखी तुम विवाह क्यों नहीं करतीहो यह सुनकर उसनेकहा कि जो अभी तुमने वरका स्वीकार नहीं किया तो मैं कैसेकरूं तुम मुझे प्राणों से भी अधिकप्यारीहो मकरन्दिकाके यह प्रेमयुक्त वचनसुनके मनोरथप्रभाबोली कि हे मुग्धे मैंने तो वरका स्वीकार करलियाहै अब उसकी प्रतीक्षा कररही हूं इससे तुमको विवाह करलेना चाहिये यह सुनकर मकरन्दिका ने कहा कि जैसा तुमकहोगी वैसाही करूंगी तब मनोरथप्रभाने उसके अभिप्रायको जानकर कहा कि हे सखी पृथ्वी में भ्रमणकरके यहराजपुत्र सोमप्रभ तुम्हारे यहां अतिथि प्राप्तहुआहै इसका तुम सत्कारकरो यह सुनतेही उसनेकहा कि मैंने शरीर पर्यन्त अपनी सम्पूर्ण वस्तु इसके अर्पण करदीनी है यह जो चाहे सो लेले उसके यहवचनसुनकर मनोरथप्रभाने राजा सिंहविक्रमसे कहकर सोमप्रभके साथ उसके विवाहका निश्चय किया तब सोमप्रभभी इस वृत्तान्तको जानके अतिप्रसन्नहोकर मनोरथप्रभासे बोला कि अब मैं तुम्हारे आश्रमको जाताहूं क्योंकि ऐसा न होय कि मेरा मंत्री सेनासमेत वहां आकर केवल घोड़ेहीको देखकर मेरे लिये कुछ अहितशोचके पराङ्मुखहोकर लौटजाय इससे मैं वहां जाकर अपनी सेनाके वृत्तान्तको जानकर लौटके शुभलग्नमें मकरन्दिका के साथ अपना विवाहकरूंगा उसके यह वचन सुनकर मनोरथप्रभा देवजय विद्याधरकी गोदी में चढ़ाके अपने आश्रममें उसे लेआई इतनेही में उसका मंत्री प्रियंकर भी उसकी सम्पूर्ण सेनालियेहुए वहींआया उससे मिलकर सोमप्रभ जैसेही अपना वृत्तान्त उससे कहने लगा वैसेही उसके पिताका एक दूतआकर कहनेलगा कि चलिये आपको बहुत शीघ्र महाराज ज्योतिष्प्रभने बुलायाहै पिताके संदेशेको सुनकर सोमप्रभ मनोरथप्रभासे तथा देवजयसे यह कहकर कि मैं पिताके दर्शनकरके शीघ्रही लौटआऊंगा अपनी सेना लेकर अपने नगरको गया तदनन्तर लौटकर गये हुए देवजयके द्वारा इसवृत्तान्तको सुनकर मकरन्दिका विरह से व्याकुलहोकर उपवन में सखियों के साथ क्रीड़ा में गानमें तथा तोते आदि पक्षियों के मनोहर शब्दों में भी अपने चित्त को न बहला सकी उस दिन से उसने भोजन भी नहीं किया फिर शृंगार आदिकों की क्या गिनती है वह

अपने २ घरको चलेगये इतने में कोईबन्दर वहां आकर कीलीकेद्वारा फटेहुए काष्ठपर बैठके चपलतासे निष्प्रयोजन उसकीलको उखाड़नेलगा एकाएकी कीलके उखड़ने से उसबन्दरके अंडकोश उसकाष्ठ में दबगये और उसी पीड़ासे उसकेप्राण निकलगये इसप्रकार जिसका जो काम नहीं है वह करने से उसका नाशहोताहै इससे सिंहके अभिप्रायके जानने से हमको क्या प्रयोजनहै करटकके यहवचन सुनकर धीरदमनकने कहा कि स्वामीके अभिप्रायको जानकर बुद्धिमान् लोगोंको विशेष लाभहोता है और केवल उदर तो सबही पूर्णकरलेते हैं यह सुनकर करटकने कहा कि स्वेच्छासे बहुत घुसपैठ करना सेवक का धर्म नहीं है यह सुनकर दमनकने कहा कि ऐसा मतकहो अपने २ अनुरूप फल सब लोग चाहते हैं देखो कुत्ता केवल हड्डीही पाकर प्रसन्न होजाताहै परन्तु सिंह हाथीही को मारना चाहता है यह सुनकर करटकने कहा कि जो ऐसा करने से स्वामी कुपितहोय तो विशेष फल कैसे मिले क्योंकि अत्यन्त कठोर राजा लोग पर्व्वतों के समान दुर्गम होते हैं यह सुनकर दमनकनेकहा कि यह ठीकहै परन्तु बुद्धिमान् मनुष्य स्वामी के स्वभाव को जानकर उसीके अनुसार कार्य्यकरके उसे अपने वशीभूत करलेते हैं तब करटकनेकहा कि अच्छा जैसा उचित समझो सो करो यह सुनकर दमनक सिंहके पास जाकर प्रणामकरके क्षणभर बैठके बोला कि हे स्वामी मैं आपका बहुत प्राचीन तथा हितकारी सेवकहूं (हित २ परोपिस्वीकार्य्योहियस्त्वोप्यहित २ पुनः क्रीत्वान्यतोपिमूल्येन मार्जारःप्रोष्यतेहितः अहितो हन्यतेयत्नाद्गृहजातोपिमूषकः श्रोतव्यंचहितेभ्यो भृत्येभ्योभूतिमिच्छता अपृष्टैरपिकर्त्तव्यं तैश्चकाले हितंप्रभोः ) हितकारी अन्यको भी स्वीकार करलेना चाहिये और अहितकारी अपनेको भी त्यागदेना चाहिये देखो बिल्ली हितकारी होती है इससे मोललेकर पाली जाती है और गृहमें उत्पन्नहुआ भी अहितकारी मूषा यत्नसे माराजाताहै कल्याण चाहनेवाले स्वामीको हिताभिलाषी सेवकों के वचन सदैव सुनने चाहिये और सेवकों को चाहिये कि समयपर स्वामीके विनापूछेभी उसकाहितकरें इससे हे स्वामी जो मेरेऊपर आप विश्वास करते हो और कुछ छिपाना नहीं चाहतेहो और क्रोध न करो तो मैं आपसे कुछपूछूं दमनकके यहवचन सुनकर उस पिंगलक सिंहने कहा कि तुम मेरे विश्वासपात्र और परमभक्तहो इससे निस्सन्देह होकर जो चाहो सो कहो पिंगलककी यहआज्ञापाकर दमनकनेकहा कि हे स्वामी आप प्यासेहोकर जल पीनेकोगये थे सो क्या कारणहुआ कि आप विना जलपियेही उदासीनहोकर लौटआये उसके यहवचन सुनकर सिंहने यह शोचा कि यह मेरे अभिप्रायको जानगया इससे अब कुछ छुपाना न चाहिये यह शोचकर उसने दमनकसेकहा सुनो मैं तुमसे कुछ छुपाना नहीं चाहताहूं मैं जब जलपीनेको गयाथा तो मार्गमें मुझे एक अपूर्व शब्द सुनाईदिया उस शब्दसे मुझे मालूम होताहै कि जिस प्राणी का यह शब्दहै वह मुझसे भी अधिक बलवान्है ब्रह्माकी सृष्टिमें एक से एक अधिक बलवान् जीवहैं जो वह प्राणी यहां आजायगा तो मुझे यहां से निकालदेगा अथवा मारडालेगा इससे मैं इस बनको छोड़कर दूसरे बनको चलाजाऊंगा सिंहके यह वचन सुनकर दमनक ने कहा कि आप इतने बड़े शूरवीरहोकर बनको क्यों त्यागकरना चाहतेहो जलसे सेतु पिशुनसे स्नेह गुप्त न रखनेसे मन्त्र और शब्द

हुए उच्चस्थानकोगया इसप्रकार से इस संसार में वहुत काल के उपरान्त भी प्राणियोंकाभावी समागम अवश्यहोताहै गोमुख से इस अद्भुत विचित्र रुचिरकथा को सुनकर शक्तियशा के लिये उत्कण्ठित श्री नरवाहनदत्त वहुतप्रसन्नहुआ १७६ ॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायां शक्तियशोलम्बके तृतीयस्तरङ्गः ३॥

इसके उपरान्त गोमुखने फिर कहा कि हे स्वामी बुद्धिमान् सामान्यलोग भी दोनों लोकोंके हितके लिये कामादि के वेगको सहते हैं इसवातपर में आप को एक कथा सुनाताहूं राजा कुलधरका सेवक शूरवर्मा नाम एक कुलीनपुरुष वहुत प्रसिद्ध पराक्रमीथा एकसमय शूरवर्मा ने कुछदिन किसी कार्य्य के लिये एक ग्राम में रहकर लौटकर अपने घर में आकर अपनी स्त्री को अपने किसी मित्रकेसाथ एकान्त में रमणकरतेदेखा यह देखकर उसने अपना क्रोधरोककर शोचा कि इस मित्रद्रोही पशुके मारनेसे अथवा इस दुश्चारिणी पापिनी स्त्री को मारने से अथवा अपनेही मरजाने से क्या प्रयोजन सिद्धहोगा यह शोच कर उसने उन दोनों से कहा कि तुम दोनों में से अव जिस किसी को देखूंगा उसे मारडालूंगा इससे मेरे साम्हने अव कभी न आना यह कहकर और उन दोनों को निकालकर वह अन्य विवाह करके सुख पूर्व्वकरहा इसप्रकार से हे स्वामी जो कोई अपने क्रोध को जीततेहैं और बुद्धि से कार्य्यकरते हैं उनको कभी भी विपत्तियों से दुखभोगनानहीं पड़ताहै पशुओंका भी कल्याण बुद्धिसेही होताहै पराक्रमसे नहीं होता इस विषयपर मैं आपको सिंह तथा वैलआदिक पशुओंकी कथा सुनाताहूं किसी नगर में एक वड़ा धनवान् वैश्यरहता था एकसमय व्यवहार के लिये मथुरा को जातेहुए उस वैश्य के भारका लेचलने वाला संजीवक वैल कीच में फिसलकर गिरपड़ा और उसके पैर टूटसेगये गिरने से उस वैलको निश्चेष्ट तथा उठने के लिये असमर्थ देखकर वह वैश्य निराशहोकर चलागया उसके चलेजानेपर भाग्यवश से वह संजीवक वैल धीरे २ कुछ सावधानहोकर उठके कोमल २ दूवचरके अच्छाहोगया और यमुनाजीके तटपरजाकर स्वच्छन्दता से हरेहरे तृणों को चरताहुआ वहुत वलवान्होके श्रीशिवजीके नन्दी के समान गर्जना कर २ के इधर उधर फिरनेलगा उन दिनों वहां से कुछदूरपर पिंगलकनामसिंह वनका राजारहता था उसके दमनक और करटकनाम दो मन्त्रीथे एकदिन उस सिंहने यमुनाजी के तटपर जलपीनेको आतेसमय कुछदूरसे संजीवकका गंभीरशब्दसुना उस अपूर्व्वशब्द को सुनकर सिंह ने शोचा कि यह किसकाशब्दहै मैं जानताहूं कि कोई वड़ा भयंकर प्राणी इस वनमें आयाहै ऐसा न होय कि वह मुझे देख कर मारडाले या वनसे निकालदेवे यह शोचकर वह पानी विनापियेही लौटआया और सेवकों से अपने अभिप्रायको छिपाकर उदासीनहोके वैठा सिंह को उदासीन देखकर दमनकने करटकसे कहा कि आज यह हमारा स्वामी सिंहपानी पीनेको गया था परन्तु किसीकारण से यहपानी विनापियेही शीघ्रता से लौटआयाहै इससे पूछना चाहिये कि यह क्या वातहै यह सुनकर करटकनेकहा कि इससे हमें क्या कामहै क्या तुमने कीलोत्पाटी वानरका वृत्तान्त नहींसुनाहै कि किसीनगरमें किसी वैश्यने देवमंदिर वनवानेकेलिये वहुतसे काष्ठ इकट्ठेकिये वढ़ई लोग उनकाष्ठों को आधा २ चीरकर उनमेंकील ठोककर

अपने २ घरको चलेगये इतने में कोईबन्दर वहां आकर कीलीकेद्वारा फटेहुए काष्ठपर बैठके चपलतासे निष्प्रयोजन उसकीलको उखाड़नेलगा एकाएकी कीलके उखड़ने से उसबन्दरके अंडकोश उसकाठ में दबगये और उसी पीड़ासे उसकेप्राण निकलगये इसप्रकार जिसका जो काम नहीं है वह करने से उसका नाशहोताहै इससे सिंहके अभिप्रायके जानने से हमको क्या प्रयोजनहै करटकके यहवचन सुनकर धीरदमनकने कहा कि स्वामीके अभिप्रायको जानकर बुद्धिमान् लोगोंको विशेष लाभहोता है और केवल उदर तो सबही पूर्णकरलेते हैं यह सुनकर करटकने कहा कि स्वेच्छासे बहुत घुसपैठ करना सेवक का धर्म नहीं है यह सुनकर दमनकने कहा कि ऐसा मतकहो अपने २ अनुरूप फल सब लोग चाहते हैं देखो कुत्ता केवल हड्डीही पाकर प्रसन्न होजाताहै परन्तु सिंह हाथीही को मारना चाहता है यह सुनकर करटकने कहा कि जो ऐसा करने से स्वामी कुपितहोय तो विशेष फल कैसे मिले क्योंकि अत्यन्त कठोर राजा लोग पर्व्वतों के समान दुर्गम होते हैं यह सुनकर दमनकनेकहा कि यह ठीकहै परन्तु बुद्धिमान् मनुष्य स्वामी के स्वभाव को जानकर उसीके अनुसार कार्य्यकरके उसे अपने वशीभूत करलेते हैं तब करटकनेकहा कि अच्छा जैसा उचित समझो सो करो यह सुनकर दमनक सिंहके पास जाकर प्रणामकरके क्षणभर बैठके बोला कि हे स्वामी मैं आपका बहुत प्राचीन तथा हितकारी सेवकहूं (हित५परोपिस्वीकार्य्योहियस्स्वोप्यहित५पुनः क्रीत्वान्यतोपिमूल्येन मार्जारःपोष्यतेहितः अहितो हन्यतेयत्नाद्गृहजातोपिमूषकः श्रोतव्यंचाहितेपिभ्यो भृत्येभ्योभूतिमिच्छता अपृष्टैरपिकर्त्तव्यं तैश्चकाले हितंप्रभोः ) हितकारी अन्यको भी स्वीकार करलेना चाहिये और अहितकारी अपनेको भी त्यागदेना चाहिये देखो बिल्ली हितकारी होती है इससे मोललेकर पाली जाती है और गृहमें उत्पन्नहुआ भी अहितकारी मूषा यत्नसे माराजाताहै कल्याण चाहनेवाले स्वामीको हिताभिलाषी सेवकों के वचन सदैव सुनने चाहिये और सेवकों को चाहिये कि समयपर स्वामीके विनापूछेभी उसकाहितकरें इससे हे स्वामी जो मेरेऊपरआप विश्वास करते हो और कुछ छिपाना नहीं चाहतेहो और क्रोध न करो तो मैं आपसे कुछपूछूंदमनकके यहवचन सुनकर उस पिंगलक सिंहने कहा कि तुम मेरे विश्वासपात्र और परमभक्तहो इससे निस्सन्देह होकर जो चाहो सो कहो पिंगलककी यहआज्ञापाकर दमनकनेकहा कि हे स्वामी आप प्यासेहोकर जल पीनेकोगये थे सो क्या कारणहुआ कि आप विना जलपियेही उदासीनहोकर लौटआये उसके यहवचन सुनकर सिंहने यह शोचा कि यह मेरे अभिप्रायको जानगया इससे अब कुछ छुपाना न चाहिये यह शोचकर उसने दमनकसेकहा सुनो मैं तुमसे कुछ छुपाना नहीं चाहताहूं मैं जब जलपीनेको गयाथा तो मार्गमें मुझे एक अपूर्व शब्द सुनाईदिया उस शब्दसे मुझे मालूम होताहै कि जिस प्राणी का यह शब्दहै वह मुझसे भी अधिक बलवान्‌है ब्रह्माकी सृष्टिमें एक से एक अधिक बलवान् जीवहैं जो वह प्राणी यहां आजायगा तो मुझे यहां से निकालदेगा अथवा मारडालेगा इससे मैं इस वनको छोड़कर दूसरे वनको चलाजाऊंगा सिंहके यह वचन सुनकर दमनक ने कहा कि आप इतने बड़े शूरवीरहोकर वनको क्यों त्यागकरना चाहतेहो जलसे सेतु पिशुनसे स्नेह गुप्त न रखनेमें मन्त्र और शब्द

मंत्रसे कातर नष्ट होजाताहै यन्त्रादिकोंके शब्द बड़े भयंकर होतेहैं इससे तत्त्वको विनाजाने भय न करना चाहिये इसबातपर मैं आपको नगाड़े और शृगालकी कथा सुनाताहूं किसी वनमें एक शृगाल रहताथा वह भोजन ढूंढ़नेकेलिये भ्रमण करताहुआ एक ऐसी पृथ्वी में पहुंचा जहां युद्धहोकर समाप्तहोचुकाथा वहां उसे नगाड़ेका बड़ा गंभीर शब्द सुनाई दिया उस शब्दको सुनके भयभीतहोकर उसनें इधर उधर देखा तो एक अपूर्व नगाड़ा उसे दिखाईदिया तब उसने शोचा कि क्या यह कोई इस प्रकारका जीव है यह शोचकर और उसके पास जाके उसे निश्चल देखकर वह जानगया कि यह प्राणी नहीं है वायुसे कंपितहुए नरकुलके लगनेसे इसमें शब्द होरहाहै ऐसा जानकर उसने निर्भय होकर भोजनके लोभसे उसे फाड़ा और उसके भीतर घुसके जो उसे देखा तो उसमें चमड़े तथा काठ के सिवाय कुछ न पाया इससे केवल शब्दही सुनकर आपसरीखे वीरोंकोडरना न चाहिये जो आप आज्ञादें तो मैं इस शब्द का पता लगानेकोजाऊं यह सुनकर पिंगलकने कहा कि अच्छी बातहै तुम जासक्तेहो तो जाओ उसकी यह आज्ञा पाकर दमनकने शब्द के अनुसार जाकर यमुनाके तट पर चरतेहुए संजीवक बैलकोदेखा और उसके निकटजाकर उससे सब वृत्तान्त पूछकर सिंहसे सब उसका वृत्तान्त कहा उसके वृत्तान्त को सुनके पिंगलकने कहा कि जो तुमने उस बैलको देखाहै और उससे वार्त्तालापभी करी है तो उसको युक्ति पूर्व्वक यहां लेआओ मैं भी तो देखूं कि वह कैसा बैलहै यह कह कर उसनें दमनकको संजीवकके पास भेजा दमनकने उसके पास जाकर उससे कहा कि चलो हमारा स्वामीसिंह प्रसन्नहोकर तुमको बुलारहाहै दमनकके यह वचन सुनकर संजीवकनें भयभीत होकर उस के पास जाना स्वीकार नहीं किया तब दमनकने फिर सिंहके पास जाकर और उससे संजीवकके लिये अभयमांगकर लौटकर उसे अभयदान देकर सिंहके पास बुलालाया पिंगलकने आयेहुए उस संजीवकको प्रणाम करते देखकर आदर पूर्व्वक उससे कहा कि तुम निर्भयहोकर मेरे पासरहो सिंहके इन वचनोंको स्वीकार करके संजीवक वहीं रहनेलगा और उसने सिंहको ऐसा प्रसन्नकिया कि वह अपने अन्यसेवकों को छोड़कर केवल उसीके वशीभूतहोगया ७२ तब दमनकने खिन्नहोकर एकान्तमें करटकसे कहा कि देखो यह सिंह संजीवकके वशीभूतहोकर हमसे विमुखहोरहाहै अब अकेलेही मांस भोजनकरताहै हम लोगोंका नहीं देता और इसी बैलहीकी शिक्षामानताहै यह मेराही दोषहै जो मैं इस बैलको यहां ले आया अब मैं ऐसा करूंगा जिससे यह बैल नष्ट होजाय और यह सिंह अनुचित व्यवहारसे निवृत्तहोजाय यह सुनकर करटकने कहा कि हे मित्र अब तुम भी इस कामको नहीं करसक्तेहो यह सुनकर दमनकने कहा कि मैं बुद्धिके बलसे सब कुछ करसक्ताहूं आपत्ति में जिसकी बुद्धि सावधान रहती है वह क्या नहीं करसक्ताहै इस विषयमें मैं तुमको बगलेके मारनेवाले गेंगटेकी कथा सुनाताहूं पूर्व समयमें अनेक मछलियों से भरेहुए किसी तालावपर एक बगलारहताथा उसे देखकर सम्पूर्ण मछलियां भयभीत होकर भागजातीथीं उन मछलियोंको न पाकर उस बगलेने उनसे झूठ मूठ बनाकर कहा कि इस तड़ागपर कोई मछुआ जाल लेकरआयाहै वह जालडालकर तुम लोगोंको पकड़ लेजायगा

इससे जो तुम्हारा मेरे ऊपर विश्वास होय तो तुम मेरा कहनाकरो यहां से कुछही दूरपर एक निर्मल तालावहै उसे मछुए लोग नहीं जानते हैं चलो मैं वहां तुम सबको एक २ लेजाकर पहुंचाआऊं यह सुनकर सम्पूर्ण मूर्ख मछलियोंने कहा कि ऐसाहीकरो हमारा तुमपर विश्वासहै तब उस बगलेने एक २ मछली लेजाके और शिलापर रखके खाना प्रारंभकिया और इसीक्रमसे बहुतसी मछलीखाडालीं उसे मछलियोंको लेजाते देखकर उसी तड़ागके निवासी गेंगटेने उससे पूछा कि तुम इन मछलियोंको कहां लेजातेहो उसने जो मछलियोंसे कहाथा वही उससे भी कहदिया यह सुनकर उसने भी भयभीत होकर उससे कहा कि मुझेभी वहां लेचलो तो वह बगला उसके मांसके लोभसे उसे भी उसी शिलापर लेगया वहां उस गेंगटेने मछलियोंकी बहुतसी हड्डियोंको देखकर जानलिया कि यह बगला मछलियों पर विश्वास घात करताहै यहजानकर शीघ्रही बगलेके गलेमें लिपटकर उसका शिर उसचतुर गेंगटेने काटडाला और तड़ागमें आकर सम्पूर्ण मछलियोंसे उसका सब वृत्तान्त कहा इस वृत्तान्तको सुनकर सम्पूर्ण मछलियां अत्यन्त प्रसन्नहुईं इससे बुद्धिही जीवोंका मुख्यबलहै और निर्बुद्धि केवल होना भी व्यर्थहै इसी विषयपर मैं तुमको सिंह तथा खरगोशकी एक और कथा सुनाताहूं किसी वनमें एकबड़ा बलवान् सिंह रहताथा वह जिस प्राणीको देखताथा उसीको मारडालताथा इससे व्याकुल होके बनके सम्पूर्ण पशुओंने उससे कहा कि हे मृगराज आपके भोजनके निमित्त हम एक पशु नित्य भेजेंगे हम सबको एक साथही मारकर आप अपने स्वार्थकी हानि क्यों करतेहो उनके यह वचन उस सिंहने स्वीकार करलिये और उसीदिन से वह सम्पूर्ण पशु उसके निमित्त बारी २ से नित्य एक पशु भेजने लगे एकदिन एक बुड्ढे खरगोशकी बारी आई उसने मार्गमें जाते २ यह शोचा कि ( सधीरोयोनसंमोहमापत्कालेपिगच्छति ) वही धीरहै जो आपत्तिकालमें भी मोहको नहीं प्राप्त होताहै इससे मृत्युके भी आजानेपर युक्तिका विचार करना चाहिये यह शोचकर वह विलम्ब लगाकर उस सिंहके पासगया उसे देरसे आया देखकर सिंहने कहा कि अरे तैंने मेरे भोजनको बड़ी देरकरदी वधसे भी अधिक मैं तुझको क्या दंडदूं सिंहके यहवचन सुनकर खरगोशने नम्रतापूर्वककहा कि हे स्वामी इसमें मेरा कोई अपराध नहीं है एक दूसरे सिंहने मुझे मार्गमें पकड़रक्खाथा उसने लौट आनेकी प्रतिज्ञा कराके बहुत देरमें मुझको छोड़ा यहसुनकर उस मूर्ख सिंहने क्रोधसे पूंछ फटकारकर कहा कि वह दूसरा सिंह कहांहै मुझे तो चलकर दिखाओ तब वह खरगोश उसेसाथ लियेहुए दूरपर किसी कुएके तटपर जाकर बोला कि हे स्वामी इसीके भीतर वहहै आप देखलीजिये उसके यह वचन सुनके सिंहने क्रोधकरके गरजकर जो कुएमें देखा तो उसे निर्मलजलमें अपनाही प्रतिबिम्ब दीखा और अपनीही गर्जनाका प्रतिशब्द भी सुनाईदिया इससे वहकुएमें दूसरे सिंहकोजानकर क्रोधकरके उसके मारनेको उसीमेंकूदा और उसमें जाकर मरगया और वह खरगोश बुद्धिके बलसे अपनेको तथा सम्पूर्ण पशुओंको मृत्युसे बचाकर संपूर्ण पशुओंमें यहसबवृत्तांत कहकर सबकोप्याराहोगया इससे बुद्धिही सबका परमबलहै जिसके प्रभाव से खरगोशने भी ऐसे पराक्रमी सिंहको मारडाला इसीसे मैं अपनीबुद्धिके बलसे अपना मनोरथ सिद्ध

मांत्रसे कातर नष्ट होजाताहै यन्त्रादिकोंके शब्द बड़े भयंकर होतेहैं इससे तत्त्वको विनाजाने भय न करना चाहिये इसबातपर मैं आपको नगाड़े और शृगालकी कथा सुनाताहूं किसी वनमें एक शृगाल रहताथा वह भोजन ढूंढ़नेकेलिये भ्रमण करताहुआ एक ऐसी पृथ्वी में पहुंचा जहां युद्धहोकर समाप्तहोचुकाथा वहां उसे नगाड़ेका बड़ा गंभीर शब्द सुनाई दिया उस शब्दको सुनके भयभीतहोकर उस नें इधर उधर देखा तो एक अपूर्व नगाड़ा उसे दिखाईदिया तब उसने शोचा कि क्या यह कोईइस प्रकारका जीव है यह शोचकर और उसके पास जाके उसे निश्चल देखकर वह जानगया कि यह प्राणी नहीं है वायुसे कंपितहुए नरकुलके लगनेसे इसमें शब्द होरहाहै ऐसा जानिकर उसने निर्भय होकर भोजनके लोभसे उसे फाड़ा और उसके भीतर घुसके जो उसे देखा तो उसमें चमड़े तथा काष्ठ के सिवाय कुछ न पाया इससे केवल शब्दही सुनकर आपसरीखे वीरोंकोडरना न चाहिये जो आप आज्ञादें तो मैं इस शब्द का पता लगानेकोजाऊं यह सुनकर पिंगलकने कहा कि अच्छी बातहै तुम जासक्तेहो तो जाओ उसकी यह आज्ञा पाकर दमनकने शब्द के अनुसार जाकर यमुनाके तट पर चरतेहुए संजीवक बैलकोदेखा और उसके निकटजाकर उससे सब वृत्तान्त पूछकर सिंहसे सब उसका वृत्तान्त कहा उसके वृत्तान्त को सुनके पिंगलकने कहा कि जो तुमने उस बैलको देखाहै और उससे वार्त्तालापभी करीहै तो उसको युक्ति पूर्व्वक यहां लेआओ मैं भी तो देखूं कि वह कैसा बैलहै यह कह कर उसने दमनकको संजीवकके पास भेजा दमनकने उसके पास जाकर उससे कहा कि चलो हमारा स्वामीसिंह प्रसन्नहोकर तुमको बुलारहाहै दमनकके यह वचन सुनकर संजीवकने भयभीत होकर उस के पास जाना स्वीकार नहीं किया तब दमनकने फिर सिंहके पास जाकर और उससे संजीवकके लिये अभयमांगकर लौटकर उसे अभयदान देकर सिंहके पास बुलालाया पिंगलकने आयेहुए उस संजीवकको प्रणाम करते देखकर आदर पूर्व्वक उससे कहा कि तुम निर्भयहोकर मेरे पासरहो सिंहके इन वचनोंको स्वीकार करके संजीवक वहीं रहनेलगा और उसने सिंहको ऐसा प्रसन्नकिया कि वह अपने अन्यसेवकों को छोड़कर केवल उसीके वशीभूतहोगया ७२ तब दमनकने खिन्नहोकर एकान्तमें करटकसे कहा कि देखो यह सिंह संजीवकके वशीभूतहोकर हमसे विमुखहोरहाहै अब अकेलेही मांस भोजनकरताहै हम लोगोंका नहीं देता और इसी बैलहीकी शिक्षामानताहै यह मेराही दोषहै जो मैं इस बैलको यहां ले आया अब मैं ऐसा करूंगा जिससे यह बैल नष्ट होजाय और यह सिंह अनुचित व्यवहारसे निवृत्तहोजाय यह सुनकर करटकने कहा कि हे मित्र अब तुम भी इस कामको नहीं करसक्तेहो यह सुनकर दमनकने कहा कि मैं बुद्धिके बलसे सब कुछ करसक्ताहूं आपत्ति में जिसकी बुद्धि सावधान रहतीहै वह क्या नहीं करसक्ताहै इस विषयमें मैं तुमको बगलेके मारनेवाले गेंगटेकी कथा सुनाताहूं पूर्व समयमें अनेक मछलियों से भरेहुए किसी तालाबपर एक बगलारहताथा उसे देखकर सम्पूर्ण मछलियां भयभीत होकर भागजातीथीं उन मछलियोंको न पाकर उस बगलेने उनसे झूठ मूठ बनाकर कहा कि इस तड़ागपर कोई मछुआ जाल लेकरआयाहै वह जालडालकर तुम लोगोंको पकड़ लेजायगा

इससे जो तुम्हारा मेरे ऊपर विश्वास होय तो तुम मेरा कहनाकरो यहां से कुछही दूरपर एक निर्मल तालावहै उसे मछुए लोग नहीं जानते हैं चलो मैं वहां तुम सबको एक २ लेजाकर पहुंचाआऊं यह सुनकर सम्पूर्ण मूर्ख मछलियोंने कहा कि ऐसाहीकरो हमारा तुमपर विश्वासहै तब उस वगलेने एक २ मछली लेजाके और शिलापर रखके खाना प्रारंभकिया और इसीक्रमसे बहुतसी मछलीखाडालीं उसे मछलियोंको लेजाते देखकर उसी तड़ागके निवासी गेंगटेने उससे पूछा कि तुम इन मछलियोंको कहां लेजातेहो उसने जो मछलियोंसे कहाथा वही उससे भी कहदिया यह सुनकर उसने भी भयभीत होकर उससे कहा कि मुझेभी वहां लेचलो तो वह वगला उसके मांसके लोभसे उसे भी उसी शिलापर लेगया वहां उस गेंगटेने मछलियोंकी बहुतसी हड्डियोंको देखकर जानलिया कि यह वगला मछलियों पर विश्वास घात करताहै यह जानकर शीघ्रही वगलेके गलेमें लिपटकर उसका शिर उसचतुर गेंगटेने काटडाला और तड़ागमें आकर सम्पूर्ण मछलियोंसे उसका सब वृत्तान्त कहा इस वृत्तान्तको सुनकर सम्पूर्ण मछलियां अत्यन्त प्रसन्नहुईं इससे बुद्धिही जीवोंका मुख्यवलहै और निर्बुद्धि केवल होना भी व्यर्थहै इसी विषयपर मैं तुमको सिंह तथा खरगोशकी एक और कथा सुनाताहूं किसी वनमें एकवड़ा बलवान् सिंह रहताथा वह जिस प्राणीको देखताथा उसीको मारडालताथा इससे व्याकुल होके वनके सम्पूर्ण पशुओंने उससे कहा कि हे मृगराज आपके भोजनके निमित्त हम एक पशु नित्य भेजेंगे हम सबको एक साथही मारकर आप अपने स्वार्थकी हानि क्यों करतेहो उनके यह वचन उस सिंहने स्वीकार करलिये और उसीदिन से वह सम्पूर्ण पशु उसके निमित्त वारी २ से नित्य एक पशु भेजने लगे एकदिन एक बुड्ढे खरगोशकी वारी आई उसने मार्गमें जाते २ यह शोचा कि ( सधीरोयोनसंमोहमापत्कालेपिगच्छति ) वही धीरहै जो आपत्तिकालमें भी मोहको नहीं प्राप्त होताहै इससे मृत्युके भी आजानेपर युक्तिका विचार करना चाहिये यह शोचकर वह विलम्ब लगाकर उस सिंहके पासगया उसे देरमें आया देखकर सिंहने कहा कि अरे तैंने मेरे भोजनको बड़ी देरकरदी बधसे भी अधिक मैं तुझको क्या दंडदूं सिंहके यहवचन सुनकर खरगोशने नम्रतापूर्वककहा कि हे स्वामी इसमें मेरा कोई अपराध नहीं है एक दूसरे सिंहने मुझे मार्गमें पकड़रक्खाथा उसने लौट आनेकी प्रतिज्ञा कराके बहुत देरमें मुझको छोड़ा यहसुनकर उस मूर्ख सिंहने क्रोधसे पूंछ फटकारकर कहा कि वह दूसरा सिंह कहांहै मुझे तो चलकर दिखाओ तब वह खरगोश उसेसाथ लियेहुए दूरपर किसी कुएके तटपर जाकर बोला कि हे स्वामी इसीके भीतर वहहै आप देखलीजिये उसके यह वचन सुनके सिंहने क्रोधकरके गरजकर जो कुएमें देखा तो उसे निर्मलजलमें अपनाही प्रतिविम्ब दीखा और अपनीही गर्जनाका प्रतिशब्द भी सुनाईदिया इससे वहकुएमें दूसरे सिंहकोजानकर क्रोधकरके उसके मारनेको उसीमेंकूदा और उस में जाकर मरगया और वह खरगोश बुद्धिके वलसे अपनेको तथा सम्पूर्ण पशुओंको मृत्युसे बचाकर संपूर्ण पशुओंसे यहसबवृत्तांत कहकर सबकोप्याराहोगया इससे बुद्धिही सबका परमवलहै जिसकेप्रभाव से खरगोशने भी ऐसे पराक्रमी सिंहको मारडाला इसीसे मैं अपनीबुद्धिके वलसे अपना मनोरथ सिद्ध

मंत्रसे कातर नष्ट होजाताहै यन्त्रादिकोंके शब्द बड़े भयंकर होतेहैं इससे तत्त्वको विनाजाने भय न करना चाहिये इसवार्तपर मैं आपको नगाड़े और शृगालकी कथा सुनाताहूं किसी वनमें एक शृगाल रहताथा वह भोजन ढूंढनेकेलिये भ्रमण करताहुआ एक ऐसी पृथ्वी में पहुंचा जहां युद्धहोकर समाप्तहोचुकाथा वहां उसे नगाड़ेका बड़ा गंभीर शब्द सुनाई दिया उस शब्दको सुनके भयभीतहोकर उस ने इधर उधर देखा तो एक अपूर्व नगाड़ा उसे दिखाईदिया तब उसने शोचा कि क्या यह कोईइस प्रकारका जीव है यह शोचकर और उसके पास जाके उसे निश्चल देखकर वह जानगया कि यह प्राणी नहीं है वायुसे कंपितहुए नरकुलके लगनेसे इसमें शब्द होरहाहै ऐसा जानकर उसने निर्भय होकर भोजनके लोभसे उसे फाड़ा और उसके भीतर घुसके जो उसे देखा तो उसमें चमड़े तथा काष्ठ के सिवाय कुछ न पाया इससे केवल शब्दही सुनकर आपसरीखे वीरोंकोडरना न चाहिये जो आप आज्ञादें तो मैं इस शब्द का पता लगानेकोजाऊं यह सुनकर पिंगलकने कहा कि अच्छी बातहै तुम जासक्तेहो तो जाओ उसकी यह आज्ञा पाकर दमनकने शब्द के अनुसार जाकर यमुनाके तट पर चरतेहुए संजीवक बैलकोदेखा और उसके निकटजाकर उससे सब वृत्तान्त पूछकर सिंहसे सब उसका वृत्तान्त कहा उसके वृत्तान्त को सुनके पिंगलकने कहा कि जो तुमने उस बैलको देखाहै और उससे वार्त्तालापभी करीहै तो उसको युक्ति पूर्व्वक यहां लेआओ मैं भी तो देखूं कि वह कैसा बैलहै यह कह कर उसने दमनकको संजीवकके पास भेजा दमनकने उसके पास जाकर उससे कहा कि चलो हमारा स्वामीसिंह प्रसन्नहोकर तुमको बुलारहाहै दमनकके यह वचन सुनकर संजीवकने भयभीत होकर उस के पास जाना स्वीकार नहीं किया तब दमनकने फिर सिंहके पास जाकर और उससे संजीवकके लिये अभयमांगकर लौटकर उसे अभयदान देकर सिंहके पास बुलालाया पिंगलकने आयेहुए उस संजीवकको प्रणाम करते देखकर आदर पूर्व्वक उससे कहा कि तुम निर्भयहोकर मेरे पासरहो सिंहके इन वचनोंको स्वीकार करके संजीवक वहीं रहनेलगा और उसने सिंहको ऐसा प्रसन्नकिया कि वह अपने अन्यसेवकों को छोड़कर केवल उसीके वशीभूतहोगया ७२ तब दमनकने खिन्नहोकर एकान्तमें करटकसे कहा कि देखो यह सिंह संजीवकके वशीभूतहोकर हमसे विमुखहोरहाहै अब अकेलेही मांस भोजनकरताहै हम लोगोंका नहीं देता और इसी बैलहीकी शिक्षामानताहै यह मेराही दोषहै जो मैं इस बैलको यहां ले आया अब मैं ऐसा करूंगा जिससे यह बैल नष्ट होजाय और यह सिंह अनुचित व्यवहारसे निवृत्तहोजाय यह सुनकर करटकने कहा कि हे मित्र अब तुम भी इस कामको नहीं करसक्तेहो यह सुनकर दमनकने कहा कि मैं बुद्धिके बलसे सब कुछ करसक्ताहूं आपत्ति में जिसकी बुद्धि सावधान रहती है वह क्या नहीं करसक्ताहै इस विषयमें मैं तुमको बगलेके मारनेवाले गेंगटेकी कथा सुनाताहूं पूर्व समयमें अनेक मछलियों से भरेहुए किसी तालाबपर एक बगलारहताथा उसे देखकर सम्पूर्ण मछलियां भयभीत होकर भागजातीथीं उन मछलियोंको न पाकर उस बगलेने उनसे झूठ मूठ बनाकर कहा कि इस तड़ागपर कोई मल्लुआ जाल लेकरआयाहै वह जालडालकर तुम लोगोंको पकड़ लेजायगा

वह मंदविसर्पी नष्टहुआ इससे संजीवक के साथ में आपका कल्याण नहीं है जो मेरे ऊपर आपको विश्वासनहीं है तो आप स्वयं देखलीजियेगा कि जब वह शूलकेसमान तीच्णसींगवाले अपनेशिरको अभिमान से आपके आगे हिलावेगा इसप्रकार कहके दमनकने पिंगलक के चित्तमें ऐसा विकार उत्पन्न कराया कि उसने संजीवकके मारनेका निश्चय करलिया १३६ तब दमनक क्षणभरमें उसका यह आशय जानकर उदासीनसा होकर संजीवक के पासगया संजीवकने उसे उदासीन देखकर पूछा कि हे मित्र तुम्हारे शरीर में कुशलतो है आज तुम उदासीनसे क्यों हो रहेहो यह सुनकर उसने कहा कि (किंसेवकस्यकुशलंकश्चराज्ञांसदाप्रियः। कोर्थीनलाघवंयातःकःकालस्यनगोचरः) सेवककों कुशल क्याहै राजाओंको कौन सदैव प्रियरहाहै याचक होकर कौनलघुता को प्राप्त नहीं हुआ काल किसकाभक्षक नहीं है उसके यह वचनसुनके संजीवकने फिर कहा कि हे मित्र तुम बताओ तो कि तुम्हारी उदासीनता का क्या कारण है दमनकने कहा सुनो मैं स्नेहके कारण तुमसे कहताहूं कि यह मृगराज पिंगलक तुमसे विरुद्ध होगयाहै यह स्नेहको छोड़कर अब तुमको मारकर खाना चाहताहै और इसके साथी हिंसकजीव सदैव इसको इसी बातकी प्रेरणा करतेहैं दमनक के यह वचनसुनकर संजीवक पहलेके विश्वास से उसके वचनों को सत्यजानकर बोला कि क्षुद्रस्वामी क्षुद्रपरिकर से युक्त होकर भलीभांतिसेवा करनेपरभी सेवकोंसे शत्रुता करने लगताहै इसविषयपर में तुमको एक कथा सुनाताहूं कि किसीवनमें मदोत्कट नाम एक सिंहथा और एक कौआ व्याघ्र तथा शृगाल यह तीन उसके मन्त्रीथे एक समय उसवनमें कहीं से आयेहुए एकऊंटको देखकर उस सिंहने कौएसे पूछा कि यह कौनजीवहै उसने कहा यह ऊंटहै तब सिंहने ऊंटको अभय देकर सेवक बनाके अपने पास रक्खा एक समय हाथियोंके साथ युद्ध करनेसे घायल होकर सिंहने अपने स्वस्थसेवकों समेत कई उपवास किये और फिर एकदिन क्षुधासे व्याकुल होकर सम्पूर्ण वनमें कुछ भोजनके योग्य पदार्त्थ न पाकर कौआ शृगाल तथा व्याघ्रसे एकान्तमें कहा कि क्या करें कुछ भोजन नहीं मिलता और क्षुधासे बड़ी व्याकुलता होरही है यहसुनकर वहबोले कि हे स्वामी इसआपत्तिमें जो योग्य और उचितहै वह हम आपसे कहते हैं ऊंटकेसाथ हमलोगोंकी क्या मित्रताहै इससे आप इसीको मारकर खाइये क्योंकि तृणों के चरनेवाले जीव मांसाशी जीवों के सदैव भक्ष्यहोते हैं और इसके प्राणजाने से बहुतों के प्राण बचेंगे इससे इसके मारने में कोई हानि नहीं है और जो आप यह कहें कि हम इसे अभय देचुके हैं कैसे मारें तो हमलोग ऐसा उपायकरेंगे जिससे यह अपने आपही अपना शरीर आपकी भेटकरे यह सुनकर उसने कहा कि अच्छा जैसा उचित समझो सो करो उसकी यह आज्ञा पाकर आपसमें सलाहकरके कौए ने ऊंटसे कहा कि यह स्वामी क्षुधासे अत्यन्त व्याकुलहै और हमलोगों मे कुछ नहीं कहता है इससे इसके पास चलकर इसे प्रसन्न करने के लिये हम सबलोग यहकहें कि आप हमेंही खालीजिये उसके यह वचन उस ऊंट ने स्वीकार करलिये तब वह चारों मिलकर सिंहके पास गये उनमें से पहले कौए ने कहा कि हे स्वामी आप मुझे खाकर अपनी क्षुधाको मिटाइये यहसुनके सिंहने कहा कि तु-

करलूंगा दमनकके यह वचन सुनकर करटक चुपहोरहा तब दमनक पिंगलकके पासजाके उदासीनसा होकर बैठा और जब सिंहने उसकी उदासीनताका कारण पूछा तब बोला कि हे स्वामी जानबूझकर न कहना उचित नहीं है इससे मैं कहताहूं विनापूछे भी स्वामीका हितकहनाचाहिये यहजानकर मैं जो विज्ञापनकरताहूं सो आप विश्वासयुक्त होकर सुनिये यहसंजीवक आपको मारकर आपही राज्यकरनाचाहताहै क्योंकि इसने आपको बड़ाभीरु जानलियाहै यहवनमें जाकर संपूर्ण पशुओंसे कहताहै कि जब इस मांसाशी सिंहको मारकर मैं राजा होजाऊंगा तब तुमलोग निर्भयहोके सुखपूर्वक रहना और यहकहकर आपके मारनेकी इच्छासे अपने पैने सींगोंको हिलाताहै इससे आप इसबैलका ध्यानरखिये इसके यहां रहनेमें आपका कल्याण नहीं है दमनकके यह वचनसुनकर पिंगलकने कहा कि यह तृणका खानेवाला बैल मेरा क्याकरसकेगा और मैं इसे अभय देचुकाहूं इससे इसका मारना उचित नहीं है यह सुनकर दमनकने कहा कि आपको ऐसा न कहनाचाहिये राजा जब किसीको अपने तुल्य बनालेता है तब चंचल राजलक्ष्मी बहुतकालतक दो में स्थित न रहकर दोनोंमें से एकको छोड़देती है (प्रभुश्रयोहितंद्वेष्टिसेवतेचाहितंसदा। सवर्जनीयोविद्वद्भिर्वैद्यैर्दुष्टातुरोयथा॥ अप्रियस्यप्रथमतः परिणामेहितस्यच। वक्ताश्रोताचयत्रस्यात्तत्रश्रीःकुरुतेपदम्॥ नशृणोतिसतांमन्त्रमसतांचशृणोतियः। अचिरेणससंप्राप्यविपदंपरितप्यते) जैसे दुष्टरोगीको वैद्य छोड़देते हैं उसीप्रकार हितसे द्वेष करनेवाले और अहितका सेवन करनेवाले स्वामीका त्यागकरना विद्वान्‌लोगोंको उचित है जहां प्रथम अप्रिय तथा परिणाम में हित वचनोंके कहनेवाले और सुननेवाले होते हैं वहीं लक्ष्मी निवास करती है जो सज्जनों के मंत्रको नहीं सुनताहै और दुष्टोंके मन्त्रको सुनताहै वह थोड़ेहीकालमें विपत्तिमें पड़कर दुःखभोगताहै तो इसबैलसे आपको क्या स्नेहहै और इस द्रोहीको अभयदानका पात्र तथा शरणागत माननेसे क्याप्रयोजनहै देखिये यह सदैव आपकेपास रहताहै और इसके मूत्रपुरीषमें कीट उत्पन्नहोते हैं वहकीट जो मतवालेहाथियों के दांतोंके लगनेसे उत्पन्नहुए आपके शरीरके व्रणों में घुसजायँ तो युक्तिपूर्वक आपका बध सिद्धहोजाय कि नहीं देखिये जो दुष्टमनुष्य चाहें आप कोई दोष न भी करे तो उसकेसंगसे दोषउत्पन्न होजाता है इसविषयमें आपको मैं एककथा सुनाताहूं किसी राजाकी शय्यामें मंदविसर्पीनाम एकजुआं बहुत कालसे रहताथा एकदिन अकस्मात् एकटिट्टिभनाम खटमलवहांआया उससे मन्दविसर्पीनेकहा कि तू मेरे स्थानपर क्योंआयाहै यहांसेचलाजा मन्दविसर्पी के यहवचन सुनकर खटमलनेकहा कि मैंने राजा का रुधिर कभी नहीं पियाहै इससे तुम कृपाकरके मुझे भी यहां रहने दो तो मैं भी इसका स्वादु देखूं यह सुनकर मन्दविसर्पी ने फिरकहा कि अच्छा जो यही विचारहै तो तुमरहो परन्तु असमयमें राजाको न काटना जब राजा सोताहोय अथवा रति करताहोय तब धीरे से उसे काटना यह सुनकर और बहुत अच्छा कहकर वहखटमल वहींरहा रात्रिकेसमय जैसेही राजा शय्यापर आकरलेटा वैसेही उसदुष्ट खटमलने उसे वेगसेकाटा तब राजा यह कहकर उठबैठा कि मुझे किसीने काटाहै और उसके सेवकोंने उस खटमल के काटकर भागजानेपर उस मन्दविसर्पी को ढूंढ़कर मारडाला इसप्रकार खटमल के संसर्ग से

वह मंदविसर्पी नष्टहुआ इससे संजीवक के साथ में आपका कल्याण नहीं है जो मेरे ऊपर आपको विश्वासनहीं है तो आप स्वयं देखलीजियेगा कि जब वह शूलकेसमान तीक्ष्णसींगवाले अपनेशिरको अभिमान से आपके आगे हिलावेगा इसप्रकार कहके दमनकने पिंगलक के चित्तमें ऐसा विकार उत्पन्न कराया कि उसने संजीवकके मारनेका निश्चय करलिया १२६ तब दमनक क्षणभरमें उसका यह आशय जान कर उदासीनसा होकर संजीवक के पासगया संजीवकने उसे उदासीन देखकर पूछा कि हे मित्र तुम्हारे शरीर में कुशलतो है आज तुम उदासीनसे क्यों हो रहेहो यह सुनकर उसने कहा कि (किंसेव कस्यकुशलंकस्त्रराज्ञांसदाप्रियः। कोर्थीनलाघवंयातःकःकालस्यनगोचरः) सेवकको कुशल क्याहै राजाओंको कौन सदैव प्रियरहाहै याचक होकर कौनलघुता को प्राप्त नहीं हुआ काल किसकाभक्षक नहीं है उसके यह वचनसुनके संजीवकने फिर कहा कि हे मित्र तुम बताओ तो कि तुम्हारी उदासीनता का क्या कारण है दमनकने कहा सुनो मैं स्नेहके कारण तुमसे कहताहूं कि यह मृगराज पिंगलक तुमसे विरुद्ध होगयाहै यह स्नेहको छोड़कर अब तुमको मारकर खाना चाहताहै और इसके साथी हिंसकजीव सदैव इसको इसी बातकी प्रेरणा करतेहैं दमनक के यह वचनसुनकर संजीवक पहलेके विश्वास से उसके वचनों को सत्यजानकर बोला कि क्षुद्रस्वामी क्षुद्रपरिकर से युक्त होकर भलीभांतिसेवा करनेपरभी सेवकोंसे शत्रुता करने लगताहै इसविषयपर मैं तुमको एक कथा सुनाताहूं कि किसीवनमें मदोत्कट नाम एक सिंहथा और एक कौआ व्याघ्र तथा शृगाल यह तीन उसके मन्त्रीथे एक समय उसवनमें कहीं से आयेहुए एकऊंटको देखकर उस सिंहने कौएसे पूछा कि यह कौनजीवहै उसने कहा यह ऊंटहै तब सिंहने ऊंटको अभय देकर सेवक बनाके अपने पास रक्खा एक समय हाथियोंके साथ युद्ध करनेसे घायल होकर सिंहने अपने स्वस्थसेवकों समेत कई उपवास किये और फिर एकदिन क्षुधासे व्याकुल होकर सम्पूर्ण वनमें कुछ भोजनके योग्य पदार्थ न पाकर कौआ शृगाल तथा व्याघ्रसे एकान्तमें कहा कि क्या करें कुछ भोजन नहीं मिलता और क्षुधासे बड़ी व्याकुलता होरही है यहसुनकर वहबोले कि हे स्वामी इसआपत्तिमें जो योग्य और उचितहै वह हम आपसे कहते हैं ऊंटकेसाथ हमलोगोंकी क्या मित्रताहै इससे आप इसीको मारकर खाइये क्योंकि तृणों के चरनेवाले जीव मांसाशी जीवों के सदैव भक्ष्यहोते हैं और इसके प्राणजाने से बहुतों के प्राण बचेंगे इससे इसके मारने में कोई हानि नहीं है और जो आप यह कहें कि हम इसे अभय देचुके हैं कैसे मारें तो हमलोग ऐसा उपायकरेंगे जिससे यह अपने आपही अपना शरीर आपकी भेटकरे यह सुनकर उसने कहा कि अच्छा जैसा उचित समझो सो करो उसकी यह आज्ञा पाकर आपसमें सलाहकरके कौए ने ऊंटसे कहा कि यह स्वामी क्षुधासे अत्यन्त व्याकुलहै और हमलोगों मे कुछ नहीं कहता है इससे इसके पास चलकर इसे प्रसन्न करने के लिये हम सबलोग यहकहें कि आप हमेंही खालीजिये उसके यह वचन उस ऊंट ने स्वीकार करलिये तब वह चारों मिलकर सिंहके पास गये उनमें से पहले कौए ने कहा कि हे स्वामी आप मुझे खाकर अपनी क्षुधाको मिटाइये यहसुनके सिंहने कहा कि तु-

म्हारे शरीर में कितना मांसहै जिसको खाकर मेरी तृप्तिहोगी फिर शृगाल तथा व्याघ्रने भी इसीप्रकार कहा और सिंह ने उनसे भी निषेध करादिया इन सबके पीछे ऊंट ने कहा कि हे स्वामी मुझे खाइये उसके यह वचन सुनतेही सिंह ने उसे मारा और अपने मन्त्रियों समेत उसे खाडाला इसी प्रकार से किसी पिशुन ने व्यर्थही इस सिंह को मेरे ऊपर क्रोधित करदिया है अच्छा जो भाग्य में बदा होगा सो होगा ( गृध्रोपिहिवरंराजा-सेव्योहंसपरिच्छदः। नगृध्रपरिवारस्तु हंसोपिकिमुतापरः ) चाहे राजा गृध्र भी होय परन्तु उसके परिकरमें हंस होंय तो उसका सेवन करना चाहिये परन्तु जब परिकर में गृध्र होंय तो चाहे राजा हंस भी होय तो उसका सेवनकरना न चाहिये अन्यका तो कहनाही क्या है, संजीवकके यह वचन सुनकर दमनक ने कहा कि घबराओमत धैर्यधरो धैर्य्य से सब कार्य्य सिद्धहोते हैं इस विषयपर मैं तुमको एक कथा सुनाताहूं कि समुद्र के तटपर कोई टिट्टिभपक्षी अपनी स्त्री समेत रहताथा एकसमय टिट्टिभी ने गर्भवतीहोकर टिट्टिभ से कहा कि अब यहां से और कहींकोचलो नहीं तो यहां रहने से जो मेरे बच्चेहोंगे उनको समुद्र अपनी लहरों से बहालेजायगा टिट्टिभी के यह वचन सुनकर उस टिट्टिभ ने कहा कि समुद्र मेरे साथ विरोध नहींकरसक्ता है यह सुनकर टिट्टिभी फिर बोली कि ऐसा तुम क्या कहतेहो समुद्रकी और तुम्हारी क्या बरोबरी है जो कोई हितकीबातकहै वह मानलेना योग्यहै नहीं तो विनाशहोजाता है इसीबातपर मैं तुम्हें एक कथा सुनातीहूं कि किसी तड़ाग में एक कंबुग्रीव नाम कछुआरहताथा उसके विकट तथा संकटनाम दो हंस परममित्र थे एकसमय वृष्टिके न होने से तड़ागमें जल के न्यूनहोजाने के कारण उन दोनों हंसों को किसी दूसरेतड़ागपर जातेदेखकर वह कछुआ उनसे बोला कि तुम दोनों जहांजानाचाहतेहो वहां मुझे भी लेचलो यह सुनकर हंसों ने कहा कि जिसतड़ाग पर हम दोनों जानाचाहते हैं वह यहां से बहुतदूरहै जो वहां तुम चलनाचाहतेहो तो हमारा कहनाकरना कि एक लकड़ी हम दोनों अपनी चोंचों में पकड़लेंगे उसे बीच में से तुमभी अपने दांतों से पकड़कर लटके रहना परन्तु किसीसे कुछ बोलना नहीं नहीं तो आकाशसे गिरकर मरजाओगे उसकछुएने उनके यह वचन स्वीकार करलिये तब वह दोनों हंस एक लकड़ीके दोनों छोरोंको दोनों तरफ पकड़कर बीचमें दांतोंसे पकड़कर लटकेहुए उस कछुए समेत लेचले वह जब तड़ाग थोड़ी दूरबाकीरहा तो मार्गमें चलते हुए किसी नगरके निवासी लोगोंने उसप्रकारसे जातेहुए कछुएको देखकर कहा कि बड़े आश्चर्य्यकी बातहै कि हंस इस कछुएको क्यों लियेजारहे हैं इसकोलाहलको सुनके यह कोलाहल क्यों होताहै यह पूछनेकी इच्छा करताहुआ वह कछुआ उस लकड़ीको छोड़कर जैसेही बोलनेकोहुआ वैसेही लकड़ी से छूटकर पृथ्वीपरगिरा और लोगोंने उसे भूनकर खालिया इसप्रकार से जैसे वह कछुआ नष्टहुआथा ऐसेही निर्बुद्धी मनुष्य नष्टहुआ करते हैं टिट्टिभीके यह वचन सुनकर टिट्टिभने कहा कि हे प्रिये यह तुम्हारा कहना बहुत ठीकहै परन्तु तुमभी एक कथा मुझसे सुनो किसी नदीके भीतर एकगड्ढेमें अनागत विधाता, प्रत्युत्पन्नमति तथा यद्भविष्य नाम तीन मछलियां रहतीथीं इनतीनों में परस्पर बड़ा स्नेह था एकसमय उसीमार्गसे जातेहुए मछलीमारों ने उसगढ़ेको देखकरकहा कि इसमें बहुतसी मछलियां

हैं उनके यहवचन सुनकर, अनागत विधाता सन्देहयुक्तहोके नदी के श्रोतके द्वारा अन्य स्थानको चली गई और प्रत्युत्पन्नमति यहशोचकर कि जब आपत्ति आवेगी तब यत्न कियाजायगा वहींरही और यद्भविष्य भी यह शोचकर कि जो वदाहोगा सो होगा वहींरही इसके उपरान्त मल्लुओं ने आकर वहांजाल लगाया तब बुद्धिमान् प्रत्युत्पन्नमति जालमें फँसकर अपने को मृतकके समान दिखाकर जालमें ठहरी मछुओं ने उसे मरीहुई जानकर जालसे निकालकर बाहर रखदिया तब वह शीघ्रतासे वहां से उछल नदी के सोते में जाकर बहगई और मूर्ख यद्भविष्यजालमें फड़फड़ाकर मारीगई इससे मैं यहां से जाऊंगा नहीं और समय पड़नेपर प्रत्युत्पन्नमति के समान यत्नकरूंगा यह कहकर वह टिट्टिभ वहींरहा समुद्र ने उसके यह अहंकारयुक्त वचन सुनके जब टिट्टिभी ने अण्डेरक्खे तब अपनी लहरों से बहालिये और अपने चित्तमें कहा कि देखूं यह टिट्टिभ मेरा क्या करताहै तब टिट्टिभीने रोकर टिट्टिभसे कहा कि तुमने मेरा कहना नहींमाना उसीका यह फलहुआ उसके यहवचनसुनकर वह धीर टिट्टिभबोला देखो मैं इसपापी समुद्रकी क्या दशा करताहूं यहकहकर उसने सम्पूर्ण पक्षियों को इकट्ठाकरके उनसे अपनादुःख कहकर उनसबको साथलेकर गरुड़जी के पासजाके रुदनकरके कहा कि आप ऐसे नाथहोनेपरभी समुद्र ने अनाथके समान हमलोगों के अण्डे हरलिये यहसुनकर कुपितहुए गरुड़ने विष्णुभगवान्से कहकर अग्न्यास्त्र से समुद्रको सुखवाकर टिट्टिभकेअंडे दिलवादिये इससे बुद्धिमान्को विपत्तिमें धैर्य न छोड़ना चाहिये अब पिंगलककेसाथ तुम्हारा युद्ध उपस्थितहै इससे जब पूंछउठाकर वह चारोंपैरोंसे खड़ाहोवे तब तुम जानना कि यहप्रहार करनाचाहताहै उसके अभिप्रायको जानकर तुमभी शिरझुकाकर उसके पेटमें सींगोंका ऐसा प्रहार करना जिससे उसके पेटकी सब आंतें निकलपड़ें संजीवकसे यह कहकर दमनकने जाकर करटकसे कहदिया कि मैंने उन दोनों में भेदकरा दिया तदनन्तर संजीवक पिंगलकके अभिप्रायके जाननेकेलिये धीरे २ उसके पास गया और उसे पूंछ उठाकर चारोंपैरोंसे बराबर खड़ाहुआ देखकर भयसे अपना शिर हिलानेलगा उसे शिरहलाते देखकर पिंगलकने उस पर नखोंका प्रहार किया और उसने भी सींगोंसे प्रहार किया इसप्रकार उन दोनोंका युद्ध देखकर साधुकरटकने दमनकसे कहा कि तुमने स्वार्थ सिद्धकरनेके लिये स्वामीके साथ यह क्या छलकिया ( सम्पत्प्रजानुतापेनमैत्रीशाठ्येनकामिनी। पारुष्येणाहृतामित्रनचिरस्थायिनीभवेत् ) हे मित्र प्रजाको क्लेश देकर प्राप्तहुई संपत्ति शठतासे हुई मित्रता और कठोरतासे लाईगई कामिनी चिरस्थायिनी नहीं होती जो हितकारी वाक्यके न माननेवाले को बहुत उपदेशकिया करताहै वह उसीसे दोषको प्राप्तहोताहै जैसे कि बन्दर से सूचीमुखको दोषप्राप्तहुआ पूर्वसमय किसीवनमें बहुतसे बन्दर शीतकालमें जुगनूको देखके और उसे अग्निमानके उसपर बहुतसी घास तथा पत्तेरखकर तापनेलगे और उनमेंसे एकबन्दर अपने मुखसे उस जुगनूको फूंकनेलगा यह देखकर एक सूचीमुख नाम पक्षीने उससे कहा कि यह अग्नि नहीं है जुगनू है इसमें व्यर्थ श्रमभतकरो यहसुनकरभी वह बन्दर अग्निको फूंकताहीरहा तो उसपक्षीने निकटआकरबड़ी दृढ़से उसे निषेधकिया उसके हठसे कुपितहोकर उसबन्दरने शिला फेंककर उसपक्षीको मारडाला इससे

अजगरने कहा कि जिससे तुम भिक्षा मांगोगी जो वह तुम्हें भिक्षा न देगा तो उसके शिरके सौटुकड़े होजायँगे यह सुनकर उस ब्राह्मणीने कहा जो ऐसाहै तो मैं आपही से अपने पतिकी भिक्षामांगतीहूं उसके इसप्रकार कहनेपर उस अजगरने यज्ञसोमको जीताहुआही उगलदिया और दिव्यस्वरूप धारण करके उससे कहा कि मैं विद्याधरोंका स्वामी कांचनवेगनाम विद्याधरहूं गौतमऋषि के शापसे मैं अजगर होगया था और पतिव्रतास्त्री के साथ वार्त्तालाप करनेतकही इस शापकी अवधिथी इससे मैं आज तुम्हारे साथ वार्त्तालाप करके शापसे छूटगयाहूं यह कहकर और रत्नोंसे उसदियेहुए सुवर्णपात्र को भरकर वह विद्याधर अन्तर्द्धान होगया तब वह दोनों अक्षय धनपाकर अपने घरमें आकर सुख पूर्व्वक रहनेलगे ठीकहै ( सत्त्वानुरूपंसर्वस्य धातासर्वंप्रयच्छति ) ब्रह्मासबको सत्त्वके अनुसार सब कुछ देते हैं अब एक और अन्य मूर्खपुरुषकी आप कथा सुनिये कि किसी कर्नाटदेशीने अपने पराक्रम से राजाको प्रसन्नकिया राजाने प्रसन्नहोके उससे कहा कि तुम अभीष्ट वरमांगो तब उसने कहा कि आप अपने नपुंसक भाई को मुझे देदो ठीकहै ( सर्वश्चित्तप्रमाणेन सदसद्वाभिवाञ्छति ) अपने २ चित्तके अनुसार सबलोग अच्छी तथा बुरीवस्तु चाहते हैं अब कुछ नहीं मांगनेवाले मूर्खकी कथा सुनिये कि मार्ग में जातेहुए किसी मूर्खसे गाड़ीपर चढ़ेहुए किसी पुरुष ने कहा कि जरातुम मेरी गाड़ीको बराबर कर दो यह सुनकर उसने कहा कि मुझे क्या मजूरी दोगे तब गाड़ीवाले ने कहा कि कुछ नहीं दूंगा तब उसमूर्खने गाड़ी बराबरकरके कहा कि मुझे कुछनहींदो यहसुनकर वह गाड़ीवाला हँसनेलगा इस प्रकारसे हे स्वामी मूर्खलोग सदैव उपहास निन्दा तथा विपत्तियोंको प्राप्तहोते हैं गोमुखसे इन सबकथाओं सुनकर मंत्रियों समेत प्रसन्नहुए नरवाहनदत्तको तीनोंलोकों के विश्रामकी हेतु भूत निद्राआई ३३०॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांशक्तियशोलम्बकेपंचमस्तरंगः ५॥

इसके उपरान्त प्रातःकाल नरवाहनदत्त उठकर अपनेपिता वत्सराज उदयनके दर्शनकरनेको गया वहां मगधराजका पुत्र पद्मावतीका भाई सिंहवर्मा आयाहुआथा उसका स्वागत करके और उसीके साथ वार्त्तालाप तथा उसीके सत्कारमें वह दिन व्यतीतकरके और वहीं भोजनादिसे निवृत्तहोकर नरवाहनदत्त अपने मन्दिरमें आया वहां रात्रिके समय उसे शक्तियशा केलिये उत्कंठित देखकर उसके चित्तके प्रसन्नकरनेकेलिये गोमुख यह कथा कहनेलगा कि किसी वनमें बड़ी सघन छायावाला एक बर्गदका बड़ा वृक्षथा जो पक्षियोंके शब्दों से पथिकोंको मानो विश्रामकेलिये बुलाया करताथा उस वृक्षपर मेघवर्णनाम कौओंकाराजा रहताथा उस मेघवर्णका अवमर्दनाम उलूकों का राजा महाशत्रुथा एक दिन रात्रिके समय वह अवमर्द बर्गदके वृक्षपर आकर बहुतसे कौओंकोमारगया तब प्रातःकाल मेघवर्णने उड्डीवी आडीवी संडीवी प्रडीवी तथा चिरजीवीनाम मंत्रियोंसे बुलाकर कहा कि हमारा शत्रु रात्रिके समय आकर रात्रिही में अनेककाकोंको मारजाताहै इससे इसका उपायसोचो ऐसा न होय कि वह आकर हमारा राज्यछीनले क्योंकि वह बड़ा बलवान् शत्रुहै यह सुनकर पहले उड्डीवीने कहा कि हे स्वामी शत्रुके बलवान् होनेपर केतो देशको त्यागना चाहिये अथवा शत्रुसे नम्रहोकर रहनाचा-

हिये तदनन्तर आडीवीने कहा कि अभी कोई बड़ा भयनहीं है इससे शत्रुके आशयको तथा अपनी शक्तिको जानकर जैसा उचितहोगा सो किया जायगा तदनन्तर संडीवीने कहा कि हे स्वामी मृत्युअच्छीहै परन्तु शत्रुके आगे नम्रहोकर रहना अथवा देशका त्याग करना श्रेष्ठ नहीं है इससे उसके साथ हमलोगोंको युद्ध करनाचाहिये क्योंकि सहायवान् उत्साही वीरराजा सदैव शत्रुओंको जीतताहै तदनन्तर प्रडीवीने कहा कि वह बलवान् शत्रु युद्धमें जीतनेके योग्य नहीं है संधिकरके अवसरपाके उसे मारना चाहिये इन सबकी बातोंको सुनकर चिरजीवी ने कहा कि कैसादूत और कैसी सन्धि कौओं के साथ उलूकोंका सदैवसे वैरचलाआताहै उसे कौन मिटासक्ता है यह बातमंत्रसे सिद्धहोसक्ती है क्योंकि मंत्रही राज्यका मूलहै यह सुनकर मेघवर्ण ने चिरजीवी से कहा कि तुम वृद्धहो जो तुम्हें काकों के साथ उलूकों के वैर होने का कारण मालूम होय तो कहो फिर पीछे से मन्त्र भी बताना यह सुनकर चिरजीवी ने काकराज से कहा कि यह वचन का दोष है क्या आपने एक गधेकी कथा नहीं सुनीहै किसी धोबी ने अपने दुर्बल गधेको शेरका चमड़ा उढ़ाकर नाज के खेतमें छोड़दिया वह गधा बहुत दिनों तक अन्न खाया किया और उसे शेर जानकर किसी ने निवारण नहीं किया एक दिन कोई धनुषधारी खेती करनेवाला उसे देखके और सिंह जानके भयभीत होके कम्बल ओढ़कर नौहरे नौहरे चला उसे इसप्रकार से जाते देखकर वह गधा उसे भी गधा जानकर उच्चस्वरसे बुलानेलगा उस शब्द को सुनकर खेतीवाले ने उसे गधा जानकर वहां आके उसको मारडाला इसी प्रकार वचनकेही दोषसे उलूकों के साथ हमलोगों का वैर हुआ है पूर्वसमयमें पक्षियों का कोई राजा न था इससे सम्पूर्ण पक्षियोंने मिलकर उलूकको राज्य देनाचाहा इतने में एककौएने यहजानकर पक्षियों से कहा कि हे मूर्खो इसक्रूर पापी कुरूप अमंगलकारी उलूकको क्यों राज्यदेतेहो क्या हंस तथा कोकिलादिक पक्षी नहीं रहे किसी बड़े प्रभाववालेको राजा बनानाचाहिये जिसके नामसेही सिद्धिहोय इसबातपर मैं तुमलोगों को एककथा सुनाताहूं कि चन्द्रसरनाम किसी निर्मलजलवाले तड़ागपर शिलीमुखनाम खरगोशोंका राजा रहताथा एकसमय अनावृष्टिके कारण अन्य जलाशयों के सूख जानेसे चतुर्दन्तनाम हाथियोंका राजा सम्पूर्ण अपने हाथियों समेत वहां जलपीनेको आया इससे हाथियों के पैरों से बहुतसे खरगोश कुचलगये तब उसहाथी के चलेजानेपर उस शिलीमुखने सभाकरके विजयनाम खरगोश से कहा कि यहगजराज जलका स्वाद जानगयाहै अब यह बारम्बार यहां आवेगा इससे सबखरगोशोंका नाशहो जायगा इस हेतुसे इसका कोई उपाय शोचो और उसके पास जाकर कोई युक्तिकरो क्योंकि तुम कार्य्य उपाय तथा कहनेकी युक्ति जानतेहो जहाँ जहाँ तुम गयेहो वहाँ वहाँ सब कार्य्य सिद्धिहुये हैं उसके यह वचन सुनकर वह विजयनाम खरगोश उसहाथीके पास एकऊंचेसे शिखरपर चढ़कर हाथी से बोला कि मैं चन्द्रमाका भेजाहुआ दूतहूं उन्होंने तुमसे कहाहै कि शीतल चन्द्रसर तड़ाग मेरे निजरहनेका स्थान है वहां जो खरगोश रहतेहैं उनका मैं राजाहूं और वह मेरे बड़ेप्रियहैं इसीसे मेरानाम भी शशी होगयाहै देखो तुमने मेरे तड़ागका नाशकियाहै और मेरे खरगोशोंको माराहै अब जो तुम फिर ऐसाकरोगे तो

मुझसे इसका दण्डपाओगे उसके यहवचन सुनकर हाथियोंके स्वामीने भयभीतहोकर कहा कि अब ऐसा अपराध मैं नहींकरूंगा यहसुनकर उसने कहा कि अच्छा तुम मेरे साथ चलकर उनके दर्शनकरके अपने अपराधोंको क्षमाकराओ यहकहके उसखरगोशने हाथियोंके राजाको अपने साथ लाकर तड़ाग में चन्द्रमाका प्रतिबिम्ब दिखाया उसप्रतिबिम्बको देखकर वहगजराज प्रणामकरके भयभीतहोकर अन्य वनको भागगया और फिर वहां कभी न गया विजय खरगोशकी यहयुक्ति देखकर शिलीमुखने उसका बड़ा सत्कारकिया और उसीके बलसे निर्भयहोकर वहांरहा यहकहकर उसकौएने पक्षियों से फिर कहा कि ऐसाही स्वामी होनाचाहिये जिसके कि नामही से सब भय मिटजायँ इससे दिवान्धक्षुद्र यह उलूक राज्यके योग्य नहींहै देखो क्षुद्रका विश्वास न करनाचाहिये इसबातपर भी मैं तुमको एक इतिहास सुनाता हूं एकसमय किसी वृक्षपर मैं रहताथा उसीवृक्षके नीचे एक कपिञ्जल पक्षीभी घोंसला बनाकर रहता था किसी समय वह कपिञ्जल कहीं चलागया और बहुत दिनतक नहीं आया इतने में एक खरगोश आकर उसके घोंसले में रहनेलगा कुछ दिनों में कपिञ्जलभी आया उससमय कपिञ्जल और खरगोश का परस्पर यह विवाद होने लगा कि यहघोंसला किसका है बहुत विवाद करके वह दोनों निर्णय करनेवाले किसी सभ्यको ढूंढ़ने के लियेचले और मैं भी उनका कौतुक देखने को उनके पीछे २ चला कुछदूर चलकर किसी तड़ाग के निकट जीवहिंसा के लिये मिथ्याव्रतधारण किये हुए ध्यानसे आधानेत्र बन्दकरके बैठे हुए बिलावको देखकर उसे धर्मात्माजानकर वह दोनों निर्णय करानेकेलिये उसके कुछ समीपगये और उससे बोले कि हे भगवन् आप बड़े धर्मात्मा तपस्वीहो इससे आपही हमारा न्यायकरो यह सुनकर वह बिलाव धीरे से बोला कि तप करते २ मैं बहुत क्षीणहोगयाहूं इससे मुझे अच्छेप्रकार सुनाई नहींदेता अत्यन्त निकटआकरकहो तो मैं निर्णयकरूं क्योंकि अच्छे प्रकार निर्णयकरने से दोनों लोक नष्टहोते हैं इसप्रकार से कहकर उन दोनोंको बिलाव ने अपने पास बुलाकर मारकेखाडाला इसप्रकार क्षुद्रकार्य्यकरनेवाले दुर्जनका कभी विश्वास न करनाचाहिये इससे इस दुष्ट उल्लूको कभी राजा मतबनाओ ५६ उस कौएके यह वचन सुनकर सम्पूर्णपक्षी उलूकको राज्य देना बन्दकरके इधर उधर चलेगये तब उलूक कौएसे बोला कि आजसे हमारी तुम्हारी शत्रुता है इसे यादरखना मैं जाताहूं यह कहकर वह चलागया और वह कौआ उसके वचन सुनकर अत्यन्त भयभीत होकर दुःखीहुआ ठीकहै (वाङ्मात्रोत्पादितासह्य वैरात्कोनानुतप्यते) वचन मात्र से उत्पन्नकिया गये असह्यवैर से किसको पश्चात्तापनहींहोता इसप्रकार वचनों के दोषसे काकों के साथ उलूकोंका वैरहुआहै यह कहकर चिरजीवी ने फिर कहा कि उलूक बहुतहैं और बलवान् हैं इससे हमलोग उन्हें नहीं जीत सक्के बहुतोंका जयहोताहै इसबातपर मैं आपको एक दृष्टान्तदेताहूं कि कोईब्राह्मण किसीगांवसे बकरा मोललेकर कन्धेपररखकरचला मार्ग में बहुतसे धूर्तोंने उसे देखकर वह बकरालेनाचाहा उनमेंसे एक ने जाकर उस ब्राह्मणसे कहा कि हे ब्राह्मण यह कुत्ता तुमने अपने कन्धेपर क्यों रक्खाहै इसे छोड़दो उसके इसकहनेको न मानकर वहब्राह्मण उसे कन्धेपर रक्खेहीरहा तब अन्य दोधूर्तों ने ब्राह्मणसेकहा हे ब्राह्मण

हिये तदनन्तर आडीवीने कहा कि अभी कोई वड़ा भयनहीं है इससे शत्रुके आशयको तथा अपनी शक्तिको जानकर जैसा उचितहोगा सो किया जायगा तदनन्तर संडीवीने कहा कि हे स्वामी मृत्युअच्छीहै परन्तु शत्रुके आगे नम्रहोकर रहना अथवा देशका त्याग करना श्रेष्ठ नहीं है इससे उसके साथ हमलोगोंको युद्ध करनाचाहिये क्योंकि सहायवान् उत्साही वीरराजा सदैव शत्रुओंको जीतताहै तदनन्तर भट्टीवीने कहा कि वह वलवान् शत्रु युद्धमें जीतनेके योग्य नहीं है संधिकरके अवसरपाके उसे मारना चाहिये इन सबकी वातोंको सुनकर चिरजीवी ने कहा कि कैसादूत और कैसी सन्धि कौओं के साथ उलूकोंका सदैवसे वैरचलाआताहै उसे कौन मिटासक्ता है यह वातमंत्रसे सिद्धहोसक्ती है क्योंकि मंत्रही राज्यका मूलहै यह सुनकर मेघवर्ण ने चिरजीवी से कहा कि तुम वृद्धहो जो तुम्हें काकों के साथ उलूकों के वैर होने का कारण मालूम होय तो कहौ फिर पीछे से मन्त्र भी वताना यह सुनकर चिरजीवी ने काकराज से कहा कि यह वचन का दोप है क्या आपने एक गधेकी कथा नहीं सुनीहै किसी धोवी ने अपने दुर्व्वल गधेको शेरका चमड़ा उढ़ाकर नाज के खेतमें छोड़दिया वह गधा बहुत दिनों तक अन्न खाया किया और उसे शेर जानकर किसी ने निवारण नहीं किया एक दिन कोई धनुषधारी खेती करनेवाला उसे देखके और सिंह जानके भयभीत होके कम्वल ओढ़कर नौहरे नौहरे चला उसे इसप्रकार से जाते देखकर वह गधा उसे भी गधा जानकर उंचस्वरसे बुलानेलगा उस शब्द को सुनकर खेतीवाले ने उसे गधा जानकर वहां आके उसको मारडाला इसी प्रकार वचनकेही दोषसे उलूकों के साथ हमलोगों का वैर हुआ है पूर्व्वसमयमें पक्षियों का कोई राजा न था इससे सम्पूर्ण पक्षियोंने मिलकर उलूकको राज्य देनाचाहा इतने में एककौएने यहजानकर पक्षियों से कहा कि हे मूर्खो इसक्रूर पापी कुरूप अमंगलकारी उलूकको क्यों राज्यदेतेहो क्या हंस तथा कोकिलादिक पक्षी नहीं रहे किसी वड़े प्रभाववालेको राजा वनानाचाहिये जिसके नामसेही सिद्धिहोय इसवातपर मैं तुमलोगों को एककथा सुनाताहूं कि चन्द्रसरनाम किसी निर्मलजलवाले तड़ागपर शिलीमुखनाम खरगोशोंका राजा रहताथा एकसमय अनावृष्टिके कारण अन्य जलाशयों के सूख जानेसे चतुर्दन्तनाम हाथियोंका राजा सम्पूर्ण अपने हाथियों समेत वहां जलपीनेको आया इससे हाथियों के पैरों से वहुतसे खरगोश कुचलगये तव उसहाथी के चलेजानेपर उस शिलीमुखने सभाकरके विजयनाम खरगोश से कहा कि यहगजराज जलका स्वाद जानगयाहै अव यह वारम्वार यहां आवेगा इससे सबखरगोशोंका नाशहोजायगा इस हेतुसे इसका कोई उपाय शोचो और उसके पास जाकर कोई युक्तिकरो क्योंकि तुम कार्य्य उपाय तथा कहनेकी युक्ति जानतेहो जहाँ जहाँ तुम गयेहो वहाँ वहाँ सव कार्य्य सिद्धिहुये हैं उसके यह वचन सुनकर वह विजयनाम खरगोश उसहाथीके पास एकऊंचेसे शिखरपर चढ़कर हाथी से वोला कि मैं चन्द्रमाका भेजाहुआ दूतहूं उन्होंने तुमसे कहाहै कि शीतल चन्द्रसर तड़ाग मेरे निजरहनेका स्थान है वहां जो खरगोश रहतेहैं उनका मैं राजाहूं और वह मेरे वड़े प्रियहैं इसीसे मेरानाम भी शशी होगयाहै देखो तुमने मेरे तड़ागका नाशकियाहै और मेरे खरगोशोंको माराहै अवजो तुम फिर ऐसाकरोगे तो

मुझसे इसका दण्डपाओगे उसके यहवचन सुनकर हाथियोंके स्वामीने भयभीतहोकर कहा कि अब ऐसा अपराध में नहींकरूंगा यहसुनकर उसने कहा कि अच्छा तुम मेरे साथ चलकर उनके दर्शनकरके अपने अपराधोंको क्षमाकराओ यहकहके उसखरगोशने हाथियोंके राजाको अपने साथ लाकर तड़ाग में चन्द्रमाका प्रतिबिम्ब दिखाया उसप्रतिबिम्बको देखकर वहगजराज प्रणामकरके भयभीतहोकर अन्य वनको भागगया और फिर वहां कभी न गया विजय खरगोशकी यहयुक्ति देखकर शिलीमुखने उसका बड़ा सत्कारकिया और उसीके बलसे निर्भयहोकर वहांरहा यहकहकर उसकौएने पक्षियों से फिर कहा कि ऐसाही स्वामी होनाचाहिये जिसके कि नामही से सब भय मिटजायँ इससे दिवान्धक्षुद्र यह उल्लूक राज्यके योग्य नहींहै देखो क्षुद्रका विश्वास न करनाचाहिये इसबातपर भी मैं तुमको एक इतिहास सुनाता हूं एकसमय किसी वृक्षपर मैं रहताथा उसीवृक्षके नीचे एक कपिञ्जल पक्षीभी घोंसला बनाकर रहता था किसी समय वह कपिञ्जल कहीं चलागया और बहुत दिनतक नहीं आया इतने में एक खरगोश आकर उसके घोंसले में रहनेलगा कुछ दिनों में कपिञ्जलभी आया उससमय कपिञ्जल और खरगोश का परस्पर यह विवाद होने लगा कि यहघोंसला किसका है बहुत विवाद करके वह दोनों निर्णय करनेवाले किसी सभ्यको ढूंढ़ने के लियेचले और मैं भी उनका कौतुक देखने को उनके पीछे २ चला कुछदूर चलकर किसी तड़ाग के निकट जीवहिंसा के लिये मिथ्याव्रतधारण किये हुए ध्यानसे आधानेत्र बन्दकरके बैठे हुए बिलावको देखकर उसे धर्मात्माजानकर वह दोनों निर्णय करानेकेलिये उसके कुछ समीपगये और उससे बोले कि हे भगवन् आप बड़े धर्मात्मा तपस्वीहो इससे आपही हमारा न्यायकरो यह सुनकर वह बिलाव धीरे से बोला कि तप करते २ मैं बहुत क्षीणहोगयाहूं इससे मुझे अच्छेप्रकार सुनाई नहींदेता अत्यन्त निकटआकरकहो तो मैं निर्णयकरूं क्योंकि अच्छे प्रकार निर्णयकरने से दोनों लोक नष्टहोते हैं इसप्रकार से कहकर उन दोनोंको बिलाव ने अपने पास बुलाकर मारकेखाडाला इसप्रकार क्षुद्रकार्य्यकरनेवाले दुर्जनका कभी विश्वास न करनाचाहिये इससे इस दुष्ट उल्लूको कभी राजा मतबनाओ ५६ उस कौएके यह वचन सुनकर सम्पूर्णपक्षी उल्लूकको राज्य देना बन्दकरके इधर उधर चलेगये तब उल्लूक कौएसे बोला कि आजसे हमारी तुम्हारी शत्रुता है इसे यादरखना मैं जाताहूं यह कहकर वह चलागया और वह कौआ उसके वचन सुनकर अत्यन्त भयभीत होकर दुःखीहुआ ठीकहै ( वाङ्मात्रोत्पादितासह्य वैरात्कोनानुतप्यते ) वचन मात्र से उत्पन्नकिया गये असह्यवैर से किसको पश्चात्तापनहींहोता इसप्रकार वचनोंके दोषसे काकों के साथ उलूकोंका वैरहुआहै यह कहकर चिरजीवी ने फिर कहा कि उलूक बहुतहैं और बलवान् हैं इससे हमलोग उन्हें नहीं जीत सक्ते बहुतोंका जयहोताहै इसबातपर मैं आपको एक दृष्टान्तदेताहूं कि कोईब्राह्मण किसीगांवसे बकरा मोललेकर कन्धेपररखकरचला मार्ग में बहुतसे धूर्त्तोंने उसे देखकर वह बकरालेनाचाहा उनमेंसे एक ने जाकर उस ब्राह्मणसे कहा कि हे ब्राह्मण यह कुत्ता तुमने अपने कन्धेपर क्यों रक्खाहै इसे छोड़दो उसके इसकहनेको न मानकर वहब्राह्मण उसे कन्धेपर रक्खेहीरहा तब अन्य दोधूर्त्तोंने ब्राह्मणसेकहा हे ब्राह्मण

यहकुत्ता तुमने कन्धेपर क्यों चढ़ायाहै यहसुनकर वहब्राह्मण कुछ सन्देहयुक्तहोकर बकरेको कन्धेपर रक्खे हुएहीचला तब अन्य तीनधूर्त्तों ने उससे आगेजाकर कहा कि तुम ब्राह्मणहोके कुत्तेकोक्यों कन्धेपर चढ़ातेहो हमजानते हैं कि तुम ब्राह्मणनहींहो व्याधहो इसीकुत्ते से जीवोंकी हिंसाकरवातेहो यह सुनकर उसब्राह्मणने शोचा कि किसीभूतने मेरीदृष्टिहरकर मुझे सन्देहकरानेको यहकुत्ता देदियाहै क्योंकि इन सबकीदृष्टि में अन्तर नहींहोसक्ताहै यहशोचकर वह उसबकरेको छोड़ स्नानकरके अपनेघरको चलागया और उनधूर्त्तों ने बकरेकोलेजाके और मारकेखाया यहकहकर उसचिरजीवीने मेघवर्ण से कहा कि हेस्वामी इसी हेतुसे बहुतसे बलवानोंका जीतना कठिनहै इससे अब जो मैं कहूं सो करो मेरेपंख कुछ नोचकर मुझे इसवृक्षके नीचे डालकर तुम सब इसपर्व्वतपर चलेजाओ मैं कार्य्यसिद्धकरके वहीं आऊंगा यह सुनके काकोंका राजा मेघवर्ण पंखनोचकर उसे वृक्षके नीचे डालकर अपने परिकरसमेत पर्वतपर चलागया इसके उपरान्त रात्रिके समय उलूकोंके राजा अवमर्द्द ने बहुतसे उलूकों सहित वहांआके वृक्षपर एक कौआ भी न देखा और नीचे चिरजीवी का मन्द २ रोदनसुनके उसकेपास जाकर उससे पूछा कि तुम कौनहो और किसने तुम्हारे पंखनोचे हैं यह सुनकर चिरजीवी धीरे २ बोला कि काकराज मेघवर्णका चिरजीवीनाममंत्रीहूं मेघवर्णने अपने मंत्रियों से सलाहकरके आपकेसाथ युद्धकरना चाहाथा यहदेखकर मैंने उससे कहा कि जो आप मेरीसलाह मानिये तो बलवान् उलूकराज के साथ विग्रह न करिये नम्र होकर उसकेसाथ संधि करलीजिये यह सुनकर काकराज मेघवर्ण मुझे शत्रुओं का पक्षपाती जानकर क्रोधसे मेरी यह दशाकरके अपने संपूर्ण परिकर समेत यहांसे कहीं चलागया यह कहके वह चिरजीवी नीचेको मुखकरके श्वास लेनेलगा और उसके यह वचन सुनकर अवमर्द्दने अपने मंत्रियोंसे पूछा कि इस चिरजीवीके लिये हमको क्या करना चाहिये यह सुनके दीप्तनयन नाम मंत्रीने कहा कि सज्जनलोग उपकारी चोरकी भी रक्षाकरते हैं पूर्व समय में किसी धनवान् वृद्ध वैश्यने धनके प्रभावसे किसी वैश्यकी युवती कन्यासे अपना विवाह करलिया वहस्त्री सदैव शैयापर उसकी ओर से मुखफेर कर सोया करतीथी क्योंकि वह वृद्धहोनेके कारण उसे अच्छा नहीं मालूमहोताथा एक समय रात्रिमें उसवैश्यके घरमें चोर आया उसे देखकर उसस्त्रीने भयभीत होके अपने पतिका आलिंगन किया उस आश्चर्य्यको जानके वैश्यने इधर उधर देखा तो उसे एक कोने में एक चोर खड़ाहुआ दिखाई दिया उस चोरसे वैश्यने कहा कि तुम हमारे बड़े उपकारीहो इससे मैं तुमको पिटवाऊंगा नहीं तुम इसीसमय यहांसे भागजाओ यह कहकर उसने उस चोरको निकाल दिया इसप्रकारसे इस उपकारी चिरजीवीकी भी रक्षा करनीचाहिये यह कहकर दीप्तनयन के चुप होजानेपर अवमर्द्द ने वक्रनासनाम मन्त्री से पूछा कि अब तुम बतलाओ कि इस विषय में क्या करना अवश्य है यह सुनकर वक्रनास ने कहा कि इस चिरजीवीकी रक्षा करनी चाहिये क्योंकि यह शत्रुके मर्मको जानताहै इन राजा और मंत्रियोंके वैर से हमारा बड़ा उपकार होगा इसके दृष्टांतमें मैं आपको एक कथा सुनाता हूं किसी ब्राह्मण ने कहीं से दो गौएं पाई थीं उन गौओंको देखकर किसी चोरने उन्हें चुरालेने का विचार किया और उसीसमय

किसी राक्षस ने उस ब्राह्मण को खाने का विचार किया इसीलिये वह दोनों चोर और राक्षस रात्रि के समय उस ब्राह्मण के यहां चले और मार्ग में मिलकर परस्पर अपना अपना अभिप्राय कहके उस ब्राह्मण के यहां पहुँचे वहां चोरने राक्षससे कहा कि मैं पहले गौओं को लेजाऊं तब तुम इसब्राह्मणको खाना नहीं तो तुम्हारे छूनेसे यह ब्राह्मण जगपड़ैगा तो मैं गौएं कैसेलूंगा यह सुनकर राक्षसने कहा कि पहले मैं इस ब्राह्मणको खाऊंगा ऐसा न होय कि जब तुम गौओंको खोलो और ब्राह्मण जग पड़े तो मेरा परिश्रम व्यर्थ होजाय उनके इस कलहको सुनकर ब्राह्मण जगपड़ा और राक्षसों के नाश करने वाले मंत्रोंका जप करनेलगा इससे वह चोर और राक्षस दोनों भागगये इसप्रकार जैसे उन दोनोंके कलहसे ब्राह्मणका हितहुआ वैसेही मेघवर्ण और चिरंजीवी के वैरसे हमारा हितहोगा वक्रनास के यह वचन सुनके अवमर्दने प्राकारकरण नाम मंत्रीसे पूछा कि इसमें तुम्हारा क्या मतहै उसने कहा कि यह चिरजीवी आपत्तिमें पड़ाहुआ शरणमें आयाहै इससे इसकी रक्षाकरनी चाहिये देखिये राजा शिबिने शरणागतके लिये अपना मांस दियाहै १०० प्राकारकरणके यह वचन सुनकर उलूकराजने क्रूरलोचन नाम मंत्रीसे भी उसका मतपूछा उसने भी यहीकहा तदनन्तर रक्ताक्षनाम मंत्रीसे उलूकराजने पूछा कि तुम्हारा क्या मतहै यह सुनकर उस बुद्धिमान्ने कहा कि हेराजा अन्यायकी बातोंसे यह मंत्री आपका नाश करवादेंगे नीतिके जाननेवाले लोग शत्रुओंका कभी विश्वास नहीं करते हैं और मूर्खलोग प्रत्यक्षदोषको देखकर भी थोड़ेसेही मिथ्या दिखावे से प्रसन्न होजाते हैं इस विषयपर मैं आपको एककथा सुनाताहूं कि किसी बढ़ई को अपनीस्त्री बहुत प्यारीथी उसने लोगोंसेसुना कि यह किसी अन्य पुरुषपर आसक्तहै यह सुनकर तत्त्व जाननेकी इच्छासे उसने अपनीस्त्रीसे कहा कि हे प्रिये राजाकी आज्ञासे मैं किसी दूरदेशको जाऊंगा तुम मार्ग में खानेके लिये मुझेसत्तू आदिक देदो यह कहकेसत्तूआदिकलेके वह अपने शागिर्द समेत कहींको चलागया और रात्रि के समय छिपकर घर में आके अपने शागिर्द समेत खाटके नीचे लेटरहा तब उसकीस्त्री उसको चलागया जानके अपने जारको बुलाकर उसी खाट पर भोगकराने लगी भोग करते २ कहीं उसके पैरमें उसका पति छूगया तब वह उसको वहीं स्थित जान के अत्यन्त व्याकुलहुई और उस जारने भी यह बात जानकर व्याकुल होके युक्तिपूर्व्वक उससे पूछा कि हे प्रिये तुमको मैं अधिक प्रियहूं या पति यह सुनके उसने कहा कि पति मुझे अधिक प्याराहै उसके लिये मैं प्राणभी त्यागकर सक्तीहूं और जो मैं तुम्हारे साथ भोगकरतीहूं यह सबस्त्रियोंकी स्वाभाविक चपलता है इसको क्याकिया जाय स्त्रियोंके जो नाक न होय तो वह विष्टाभी खालें उस कुलटाकी इन बनावटकी बातोंको सुनकर बढ़ईने अपने शागिर्दसे कहा कि तुमने देखा यह मेरी कैसी भक्तहै इससे मैं अपने शिर पर इसे उठाताहूं यह कहकर उस जड़ने अपने शिरपर उन दोनोंको उठाया इसप्रकार प्रत्यक्ष दोषको देख कर भी मूर्खलोग कपटकी बातों से प्रसन्न होजाते हैं और पीछे से अपनी हँसीकराते हैं इससे आप इस शत्रु चिरजीवीकी रक्षा न कीजिये यह उपेक्षा कियेगये रोगकी समान शीघ्रही आपको नष्ट कर देगा रक्ताक्षके यह वचन सुनकर अवमर्दने कहा कि यह साधु हमारेही हितके लिये इस दशाको प्राप्त हुआहै

यहकुत्ता तुमने कन्धेपर क्यों चढ़ायाहै यहसुनकर वहब्राह्मण कुछ सन्देहयुक्तहोकर बकरेको कन्धेपर रक्खे हुएहीचला तव अन्य तीनधूर्तों ने उससे आगेजाकर कहा कि तुम ब्राह्मणहोके कुत्तेकोक्यों कन्धेपर चढ़ातेहो हमजानते हैं कि तुम ब्राह्मणनहींहो व्याधहो इसीकुत्ते से जीवोंकी हिंसाकरवातेहो यह सुनकर उसब्राह्मणने शोचा कि किसीभूतने मेरीदृष्टिहरकर मुझे सन्देहकरानेको यहकुत्ता देदियाहै क्योंकि इन सवकीदृष्टि में अन्तर नहींहोसक्ताहै यहशोचकर वह उसवकरेको छोड़ स्नानकरके अपनेघरको चलागया औरउनधूर्तों ने बकरेकोलेजाके और मारकेखाया यहकहकर उसचिरजीवीने मेघवर्ण से कहा कि हेस्वामी इसी हेतुसे बहुतसे वलवानोंका जीतना कठिनहै इससे अब जो मैं कहूं सो करो मेरेपंख कुछ नोचकर मुझे इसवृक्षके नीचे डालकर तुम सव इसपर्व्वतपर चलेजाओ मैं कार्यसिद्धकरके वहीं आऊंगा यह सुनके काकोंका राजा मेघवर्ण पंखनोचकर उसे वृक्षके नीचे डालकर अपने परिकरसमेत पर्वतपर चलागया इसके उपरान्त रात्रिके समय उलूकोंके राजा अवमर्द्द ने बहुतसे उलूकों सहित वहांआके वृक्षपर एक कौआ भी न देखा और नीचे चिरजीवी का मन्द २ रोदनसुनके उसकेपास जाकर उससे पूछा कि तुम कौनहो और किसने तुम्हारे पंखनोचे हैं यह सुनकर चिरजीवी धीरे २ बोला कि काकराज मेघवर्णका चिरजीवीनाममंत्रीहूं मेघवर्णने अपने मंत्रियों से सलाहकरके आपकेसाथ युद्धकरना चाहाथा यहदेखकर मैंने उससे कहा कि जो आप मेरीसलाह मानिये तो वलवान् उलूकराज के साथ विग्रह न करिये नम्र होकर उसकेसाथ संधि करलीजिये यह सुनकर काकराज मेघवर्ण मुझे शत्रुओं का पक्षपाती जानकर क्रोधसे मेरी यह दशाकरके अपने संपूर्ण परिकर समेत यहांसे कहीं चलागया यह कहके वह चिरजीवी नीचेको मुखकरके श्वास लेनेलगा और उसके यह वचन सुनकर अवमर्द्दने अपने मंत्रियोंसे पूछा कि इस चिरजीवीके लिये हमको क्या करना चाहिये यह सुनके दीप्तनयन नाम मंत्रीने कहा कि सज्जनलोग उपकारी चोरकी भी रक्षाकरते हैं पूर्व समय में किसी धनवान् वृद्ध वैश्यने धनके प्रभावसे किसी वैश्यकी युवती कन्यासे अपना विवाह करलिया वहस्त्री सदैव शैयापर उसकी ओर से मुखफेर कर सोया करतीथी क्योंकि वह वृद्धहोनेके कारण उसे अच्छा नहीं मालूमहोताथा एक समय रात्रिमें उसवैश्यके घरमें चोर आया उसे देखकर उसस्त्रीने भयभीत होके अपने पतिका आलिंगन किया उस आश्चर्य्यको जानके वैश्यने इधर उधर देखा तो उसे एक कोने में एक चोर खड़ाहुआ दिखाई दिया उस चोरसे वैश्यने कहा कि तुम हमारे वड़े उपकारीहो इससे मैं तुमको पिटवाऊंगा नहीं तुम इसीसमय यहांसे भागजाओ यह कहकर उसने उस चोरको निकाल दिया इसप्रकारसे इस उपकारी चिरजीवीकी भी रक्षा करनीचाहिये यह कहकर दीप्तनयन के चुप होजानेपर अवमर्द्द ने वक्रनासनाम मन्त्री से पूछा कि अव तुम वतलाओ कि इस विषय में क्या करना अवश्य है यह सुनकर वक्रनास ने कहा कि इस चिरजीवीकी रक्षा करनी चाहिये क्योंकि यह शत्रुके मर्मको जानताहै इन राजा और मंत्रियोंके बैर से हमारा वड़ा उपकार होगा इसके दृष्टांतमें मैं आपको एक कथा सुनाता हूं किसी ब्राह्मण ने कहीं से दो गौएं पाई थीं उन गौओंको देखकर किसी चोरने उन्हें चुरालेने का विचार किया और उसीसमय

राज मेघवर्ण अत्यन्त प्रसन्नहोके अपने परिकर समेत उसी वर्गदके वृक्षपर आया वहां चिरजीवी ने शत्रुओं के बीचमें अपने रहनेका सब वृत्तान्त कहकर मेघवर्णसे कहा कि हे स्वामी तुम्हारे शत्रुके यहां एकरक्ताक्षही बुद्धिमान् मन्त्रीथा उसीके वचनोंको उसने न माना इसीसे मैंने छलकरके उसका नाश करायाहै जैसे किसी सर्पने मेंढकोंका नाश कियाथा वह यहकथाहै कि कोई वृद्धसर्प सुखपूर्व्वक जीवों के पकड़नेमें असमर्थहोकर किसी तड़ागके तटपर निश्चलहोकर बैठा उसे इसप्रकार निश्चल बैठा देखकर दूरहीसे मेंढकोंने उससे पूछा कि तुम जैसे पहले मेंढकोंको पकड़कर खातेथे अब क्यों नहींखातेहो यह सुनकर वह बोला कि मैंने किसी ब्राह्मणके पुत्र मेंढकको काटखायाथा इससे उसके मरजानेसे उसके पिताने क्रोधकरके मुझे यहशापदिया है कि तू मेंढकोंका वाहनहोगा तो अब मैं तुम्हारा वाहनहोगया हूं इससे तुमको कैसे खासक्ताहूं यहसुनकर मेंढकोंका राजा जलसे निकलकर अपने मंत्रियों समेत उसकी पीठपर चढ़गया तब उससर्पने उनको कुछदूर भ्रमणकराके कहा कि अब मैं थकगयाहूं मुझे कुछ भोजन दीजिये विनाभोजनके मैं नहींचलसक्ताहूं यह सुनकर मेंढकोंके राजाने कहा कि अच्छा तुम मेरे थोड़ेसे सेवकोंको रोज खा लियाकरो तब उस सर्पने धीरे २ क्रमपूर्व्वक सब मेंढक खालिये और वाहनके अभिमानसे मेंढकोंका राजा देखताहीरहा इसप्रकारसे बुद्धिमान् लोग मूर्ख शत्रुओं को मारलेतेहैं ऐसेही मैंने भी आपके शत्रुओं को छलसेही मारा है इससे राजा को सदैव नीतिके अनुसार कार्य्य करनाचाहिये क्योंकि जो राजा नीतिको नहीं जानताहै उसके सेवक उसका सब धन खाजाते हैं और शत्रु उसे जीत लेतेहैं हे स्वामी यह लक्ष्मी नृतलीलाके समान छलयुक्त जलकी लहरके समान चंचल और मदिराके समान मोहिनीहोती है और यही लक्ष्मी धीर अच्छे सलाहलेनेवाले व्यसनरहित विशेषज्ञ राजाके पास बँधीहुईसीरहती है इससे अब आप विद्वानों के वचनों के अनुसार कार्य्यकरके शत्रुओं के नष्टहोजानेसे अकण्टक राज्यभोगिये चिरजीवी के यह वचन सुनकर काकराज मेघवर्ण उसका बड़ा सत्कारकरके उसीके वचनों के अनुसार राज्यको अकण्टककरके प्रजाका पालन करनेलगा १६७ यह कथा कहकर गोमुख ने नरवाहनदत्त से फिर कहा कि इसप्रकार बुद्धिके बल से पक्षी भी राज्यका भोगकरते हैं और निर्बुद्धिपुरुष लोक में अपनी हँसीकराके महादुखपाते हैं किसी धनवान् के एक मूर्ख सेवक था उसने विनाजाने भी मैं जाननेवालाहूं इस अभिमानसे स्फारदेकर स्वामीकी त्वचाफाड़डाली इससे स्वामी ने उसे निकालदिया और वह अत्यन्त दुखी हुआ ठीक है ( अजानानोहठात्कुर्वन् प्राज्ञमानीविनश्यति ) विनाजाने बुद्धिमानी के अभिमानसे हठ पूर्व्वक कार्य्य करनेवाला नष्टहोजाता है, एकअन्य मूर्खकी कथा आपसुनिये कि मालवदेशमें दो सगे भाई ब्राह्मणोंने अपने पिताका धन बाँटनेका विचारकिया और कमती बढ़तीका झगड़ा न होय इसलिये उपाध्यायसे पूछा कि क्याकरें उस वैदिक उपाध्यायने कहा कि हरएक वस्तुके दो २ भागकरके एक २ लेलो जिससे आपस में बिगाड़ न होय यहसुनकर उन्होंने घर, शैया, पात्र तथा पशुओंको भी दो २ भागकरके बांट कालिया एकदासी भी उनके यहां थी उसके भी उन्होंने दो भागकिये यह सुनकर राजाने क्रोधकरके उनदोनों का सर्वस्व छीनलिया इन

तो इसकी रक्षा क्यों न करनी चाहिये और यह अकेला हमारा करही क्या सक्ताहै इसप्रकारसे उसने मंत्री के वचन काटकर उस चिरजीवीका बड़ा सत्कारकिया तब चिरजीवीने उससे कहा कि मैं ऐसी अवस्था में जीकर क्या करूंगा इससे आप मुझे काष्ठ दिलवादीजिये कि मैं चिता लगाकर अग्नि भगवान्से यह प्रार्थना करके कि दूसरे जन्ममें मैं उलूक होकर इस काकराजसे बदलालूं भस्म होजाऊं उसके यहवचन सुनकर रक्ताक्षने हँसकरकहा कि हमारे स्वामीकी कृपासे तुम स्वस्थहीहो अग्निमें जलकर क्यों भस्म होतेहो जबतक तुमको काकहोनावदाहै तबतक उलूक नहींहोसक्ते क्योंकि (यादृशो यः कृतो धात्रा भवेत्तादृश एव सः) ब्रह्माने जिसको जैसा बनायाहै वह वैसाही रहताहै इस विषयपर मैं तुमको एक कथा सुनाताहूं कि पूर्वसमयमें किसीमुनिने बाजके पंजेसे छूटीहुई एकछोटीसी मूषिकाकोपाकर उसेअपनेतपो बलसे कन्याबनाली और अपने आश्रममें उसका पालनकरके जब वह युवतीहुई तो किसीबलवान् के साथ उसकाविवाहकरनेकी इच्छाकरके सूर्य्यसेकहा कि मैं इसकन्याका किसीबलवान्केसाथ विवाहकरना चाहताहूं इससे आपही इसको ग्रहणकरलीजिये यहसुनकर सूर्य्य देवताने कहा कि मेघ मुझसे अधिक बलवान्हैं वह क्षणभरही में मुझे आच्छादित करलेते हैं यहसुनकर मुनिने मेघोंकोबुलाके उसकेसाथ विवाहकरनेकोकहा यहसुनके मेघोंनेकहा कि वायु हमसे अधिक बलवान्है क्योंकि वहहमसबको क्षण भरमेंही चारोंदिशाओं में फेंकदेताहै तब मुनिनेकहा कि तुम इससे अपना विवाह करलो उसनेभी यहकहा कि पर्व्वत हमसेभी अधिकबलवान् हैं क्योंकि हमभी उन्हें नहीं हिलासक्ते यह सुनके मुनि ने एकपर्वत कोबुलाकर उससे कहा कि तुम इसकेसाथ विवाहकरलो यहसुनकर उसनेकहा कि मूसे हमसेभी अधिक बलवान्होतेहैं क्योंकि वह हममेंभी छिद्रकरदेते हैं यह सुनके मुनिने एक मूसेको बुलाकरकहा कि तुम इसके साथ विवाह करो यह सुनकर उसने कहा कि महाराज यह मेरे बिलमें कैसे जायगी तब मुनि ने उसे मूषिकाही बनाकर उस मूषक के साथ उसका विवाह करदिया इसप्रकारसे जो जैसाहै वह वैसाही रहताहै इससे हे चिरजीवी तुम कभी उलूक नहींहोगे उसके यह वचन सुनकर चिरजीवी ने अपने चित्तमें शोचा कि इस राजाने नीतिके जाननेवाले रक्ताक्षके तो वचन मानेनहीं हैं और अन्य सब मंत्री मूर्ख हैं इससे अब मेरा कार्य्य सिद्धही है इसप्रकार शोचतेहुए चिरजीवीकोलेकर अवमर्द अपने परिकरसमेत अपने स्थानकोगया और चिरजीवी वहां उनलोगों से मिलेहुए मांसको खाकर थोड़ेहीकाल में बहुत पुष्टहोगया एकदिन उसने अवमर्द से कहा कि हे स्वामी मैं जाकर उस काकराज मेघवर्ण को विश्वास देकर उसी बरगद के वृक्षपर बुलायेलाताहूं आपलोग रात्रिके समय आकर उन सबको मारडालियेगा जिससे मेरा आपकी कृपासे उद्धारहोय इससमय आपलोग अपने घोंसलोंको तृणादिसे बन्दकरलीजिये जिससे कि वह दिनमें आकर आपको मार न सकें यह कहकर उनके घोंसलों को तृणों से बन्दकरवाके वह अपने स्वामीके पासगया और जाकर उनसब कौओं के मुखों में एक २ बलती हुई लकड़ी पकड़वाके उलूकोंके घोंसलोंपर ले आया वहां आकर उनसबोंने दिवान्ध उल्लुओं के घोंसलोंपर अपनी २ जलनीहुई लकड़ी लगादी जिससे वहसब उल्लू जलकर मरगये इसप्रकार शत्रुओंको जीतकर काक

तब वह चिल्लाकर रोनेलगा कि हाय मैंने यह पुआ पहलेही क्यों न खाया जिससे मेरे यह छः पुए बचजाते उसके रोदनका वृत्तान्त जानकर लोग हँसनेलगे अब आप द्वारके रक्षक मूर्खकी कथासुनिये किसी बणिये ने अपने मूर्ख सेवकसे कहा कि मैं घरमें जाताहूं तुम दुकानका द्वार देखतेरहना यह कह कर उसके चलेजानेपर वह मूर्खसेवक दरवाजा उतारके अपने कंधेपर लादके नटका तमाशा देखनेच-लागया और लौटकर उसवैश्यके क्रोधसे डांट पर बोला कि आपहीने तो द्वारकी रक्षाकरनेको कहाथा इस प्रकारसे तात्पर्य्यको न जानकर केवल शब्दोंकेही जाननेवाले मूर्खलोग विपरीत कार्य्य कियाकरते हैं अब आप भैंसोंके मूर्खोंकी कथासुनिये कुछ ग्रामीण पुरुषोंने किसीका भैंसा लेकर उसीके आगे गांव के बाहर लेजाके किसी वर्गदके वृक्षकेनीचे मारकर खाडाला तब भैंसे के स्वामी ने राजाके यहां जाके उनकी नालिशकी राजाने उनग्रामीणोंको बुलाया उनके आगे भैंसे के मालिकने राजासे कहा कि हे स्वामी इन ग्रामीणोंने तड़ागके तटपर वर्गदके नीचे मेरा भैंसा मारकर खायाहै यह सुनकर उनमेंसे एक वृद्धमूर्खने कहा कि इसगांवमें न तड़ागहै न वर्गदका वृक्षहै तो हमने इसका भैंसा कहां खाया यहबड़ा झूठहै यह सुनके उसने कहा कि तुम्हारे गांवके पूर्वकी ओर क्या तालावके निकट वर्गदका वृक्ष नहीं है वहीं बैठकर अष्टमीके दिन मेरा भैंसा तुमलोगोंने मारकर खायाहै यहसुनकर उस वृद्धने कहा कि ह-मारे गांवमें न पूर्वदिशाहै न अष्टमी तिथिहै यह सुनकर राजाने हँसके उसके उत्साह बढ़ानेकेलिये उस से कहा कि तुम बड़े सत्यवादीहो तुम्हारे कहनेमें कुछ झूठ नहींहै अब तुम सत्य २ कहो कि तुमने भैं-सा खायाहै या नहीं यह सुनके उस वृद्धने कहा कि जब मेरा पिता मरगयाथा उसके तीनवर्ष पीछे मैं पैदा हुआ था उन्होंनेही मुझे यह सबचतुरता सिखाई है इससे मैं कभी झूठ नहीं कहताहूं इसका भैंसा तो मैंने खायाहै परन्तु और सब इसकी बातें झूठहैं यह सुनकर राजाने बहुतहँसके उन ग्रामीणोंको दंड दिया इस प्रकारसे मूर्ख लोग प्रकट करनेकी बातको छिपातेहैं और नहीं प्रकट करनेकी बातको प्रकटकर देतेहैं अब एक अन्यमूर्खकी कथा सुनिये कि किसी दरिद्रीमूर्ख से उसकी स्त्री ने कहा कि प्रातःकाल मेरे पिताके यहां उत्सवहै वहां मैं जाऊंगी इससे जो आप कमलोंकी माला मुझे न लादोगे तो आज से न मैं आपकी स्त्री न आप मेरे पति उसके यह वचन सुनके वहमूर्ख रात्रिके समय राजाके तालावमें कमल तोड़नेको गया वहां रक्षकोंने उससे पूछा कि तुम कौनहो उसने कहा कि मैं चक्रवाकहूं यह सुन कर रक्षकलोग प्रातःकाल उसे बांधके राजा के पास लेगये राजाके पासभी जाके वह चक्रवाककासा शब्द करनेलगा तब राजाने उससे युक्ति पूर्व्वक सब वृत्तान्त पूछकर उसको मूर्खजानके छोड़दिया अब आप एक मूर्ख वैद्यकी कथा सुनिये किसी ब्राह्मणने किसी मूर्खवैद्य से कहा कि तुम मेरे पुत्रका कूबर बैठालदो यह सुनकर उस वैद्यने कहा कि तुम मुझे दशपैसे दो तो मैं इसका कूबर बैठालदूं और जो न बैठालदूं तो इसके दशगुने तुमको फेरदूंगा यह कहके उस वैद्यने दशपैसेलेकर कूबरके बैठानेमें बहुतसा उद्योग किया परन्तु वह न बैठा इससे उसने दशगुने पैसे फेरदिये इसप्रकार अशक्य कार्य्यकी प्रतिज्ञा करनेसे केवल हास्य तथा हानिही होतीहै इससे बुद्धिमान्को चाहिये कि ऐसी २ मूर्खतासे सदैवबचा

प्रकार मूर्खलोग मूर्खोंके उपदेशसे दोनों लोकोंका नाशकरतेहैं इससे बुद्धिमान्को चाहिये कि मूर्खोंको छोड़के सदैव बुद्धिमानों ही का सेवनकरे हे स्वामी असन्तोपसे भी वड़ी हानिहोती है इसपरभी मैं आपको एककथा सुनाताहूं कहीं कुछेकसंन्यासी सन्तोपसे भिक्षा मांग२ कर खातेथे और इसीसे मोटेताजे बने रहतेथे उन्हें देखकर कुछ मित्रोंने परस्परमें कहा कि भिक्षामांगकर भी यह संन्यासी कैसे स्थूलहो रहेहैं उनमें से एकने कहा कि इनको मैं इसप्रकारके भोजन करनेपर भी दुर्बलकरदूंगा यह कहकर उस ने उन संन्यासियों को निमन्त्रणदेके अपने यहाँ एकदिन वड़े २ स्वादिष्ट उत्तम भोजन करवाये इससे उनमूर्खोंको उसस्वादका स्मरणकरके भिक्षाका अन्न नहीं रुचनेलगा इसीसे वहदुर्वलहोगये तब जिसने उन्हें भोजन करवायेथे वह अपने मित्रोंको उनसंन्यासियोंके पास लेजाकर बोला कि देखो इनसंन्यासियोंको भिक्षामें सन्तोपथा इसीसे यहरुष्टपुष्ट बनेरहतेथे अब इनका संतोप नष्टहोगयाहै इसीसे यह दुर्वलहोगयेहैं इससे सुखचाहनेवाला बुद्धिमान् पुरुप अपनेचित्तमें सदैव सन्तोप रक्खे क्योंकि सन्तोष न करनेसे दोनोंलोकोंमें दुस्सह दुःखप्राप्तहोताहै उसके यहवचन सुनके उनसब ने उसदुखदाई असन्तोष का त्यागकरदिया ठीकहै सत्संगसे किसका भला नहीं होताहै १८६ अब एकसुवर्ण के लोभीकी कथा आप सुनिये कोई युवापुरुप अपने पिताके साथ तड़ागपर जल पीनेकोगया वहां उसने सुवर्ण चूड़नाम पक्षीका सुवर्ण के वर्णका जलमें प्रतिविम्व देखकर सुवर्ण जानके तड़ागमें उतरकर उसको लेनेलगा परन्तु चंचल जलके सिवाय उसके हाथमें कुछ न आया और उसे वारम्वार जल पकड़ते देखकर उसके पिताने ऊपरसे उस सुवर्णचूड़को भगादिया और उसे जलके वाहर बुलाकर समझादिया कि यह सुवर्ण न था पक्षीका प्रतिविम्वथा इसप्रकारसे निर्विचार लोग भ्रांतिसे मोहितहोकर लोगोंमें उपहासको प्राप्तहोते हैं अब आप अन्य महामूर्खोंका वृत्तान्त सुनिये कि किसी वणियेका ऊंट भारकेमारे मार्ग में थकगयाथा तब वह अपने सेवकों से बोला कि मैं एकऊंट मोललेने जाताहूं इसपरका कुछ बोझ उसपर लादलूंगा और तुम लोग जो यहां पानीवरसे तो इसवातका ध्यानरखना कि इनगठरियोंके चमड़ेमें जल न लगने पावे यहकहकर उसवैश्यके चलेजानेपर मेघोंसे आकाश घिरगया और जल वरसनेलगा तब उनसेवकों ने यहशोचकर कि हमारे स्वामीने कहाहै कि इनगठरियोंके चमड़ेमें जल न जानेपावे उन गठरियोंमेंसे कपड़े निकालकर उनके चमड़ोंपर लपेट दिये इससे सब वस्त्र नष्टहोगये इतने में उसवणियेने आकर कपड़ों को भीजते देखके कहा कि हे मूर्खो तुमने सबकपड़े नष्टकर दिये यहसुनकर वह बोले कि हे स्वामी आपहीने तो कहाथा कि गठरियोंके चमड़े पानी में न भीजनेपावें तब वह वैश्य बोला कि चमड़ों के गीलेहोने से वस्त्रभी गीले न होजायँ इसलिये मैंने तुमसे कहा था कि केवल चमड़ेही की रक्षाके लिये कहाथा यहकहकर उसने ऊंटोंपर सब असवाव लादकर अपने घरजाके उनमूर्ख सेवकों का सर्वस्व छीनलिया इसप्रकारसे मूर्ख लोग तात्पर्य्य को न समझकर उलटा कामकरके अपने तथा स्वामी के प्रयोजनको नष्टकरते हैं अब आप पुओं के मूर्खकी कथा सुनिये किसी मूर्ख पथिक ने पैसे के आठपुए लिये उनमें से छः पुए खाने से उसकी तृप्ति न हुई और सातवें के खाने से ... होगई

तब वह चिल्लाकर रोनेलगा कि हाय मैंने यह पुआ पहलेही क्यों न खाया जिससे मेरे यह छः पुए बचजाते उसके रोदनका वृत्तान्त जानकर लोग हँसनेलगे अब आप द्वारके रक्षक मूर्खकी कथासुनिये किसी वणिये ने अपने मूर्ख सेवकसे कहा कि मैं घरमें जाताहूं तुम दुकानका द्वार देखतेरहना यह कहकर उसके चलेजानेपर वह मूर्खसेवक दरवाजा उतारके अपने कंधेपर लादके नटका तमाशा देखनेचलागया और लौटकर उसवैश्यके क्रोधसे डांट पर बोला कि आपहीने तो द्वारकी रक्षाकरनेको कहाथा इस प्रकारसे तात्पर्य्यको न जानकर केवल शब्दोंकेही जाननेवाले मूर्खलोग विपरीत कार्य्य कियाकरते हैं अब आप भैंसोंके मूर्खोंकी कथासुनिये कुछ ग्रामीण पुरुषोंने किसीका भैंसा लेकर उसीके आगे गांव के बाहर लेजाके किसी वर्गदके वृक्षकेनीचे मारकर खाडाला तब भैंसे के स्वामी ने राजाके यहां जाके उनकी नालिशकी राजाने उनग्रामीणोंको बुलाया उनके आगे भैंसे के मालिकने राजासे कहा कि हे स्वामी इन ग्रामीणोंने तड़ागके तटपर वर्गदके नीचे मेरा भैंसा मारकर खायाहै यह सुनकर उनमेंसे एक वृद्धमूर्खने कहा कि इसगांवमें न तड़ागहै न वर्गदका वृक्षहै तो हमने इसका भैंसा कहां खाया यहबड़ा झूंठहै यह सुनके उसने कहा कि तुम्हारे गांवके पूर्वकी ओर क्या तालावके निकट वर्गदका वृक्ष नहीं है वहीं बैठकर अष्टमीके दिन मेरा भैंसा तुमलोगोंने मारकर खायाहै यहसुनकर उस वृद्धने कहा कि हमारे गांवमें न पूर्वदिशाहै न अष्टमी तिथिहै यह सुनकर राजाने हँसके उसके उत्साह बढ़ानेकेलिये उससे कहा कि तुम बड़े सत्यवादीहो तुम्हारे कहनेमें कुछ झूंठ नहींहै अब तुम सत्य २ कहो कि तुमने भैंसा खायाहै या नहीं यह सुनके उस वृद्धने कहा कि जब मेरा पिता मरगयाथा उसके तीनवर्ष पीछे मैं पैदा हुआ था उन्होंनेही मुझे यह सबचतुरता सिखाई है इससे मैं कभी झूंठ नहीं कहताहूं इसका भैंसा तो मैंने खायाहै परन्तु और सब इसकी बातें झूंठहैं यह सुनकर राजाने बहुतहँसके उन ग्रामीणोंको दंड दिया इस प्रकारसे मूर्ख लोग प्रकट करनेकी बातको छिपातेहैं और नहीं प्रकट करनेकी बातको प्रकटकर देतेहैं अब एक अन्यमूर्खकी कथा सुनिये कि किसी दरिद्रीमूर्ख से उसकी स्त्री ने कहा कि प्रातःकाल मेरे पिताके यहां उत्सवहै वहां मैं जाऊंगी इससे जो आप कमलोंकी माला मुझे न लादोगे तो आज से न मैं आपकी स्त्री न आप मेरे पति उसके यह वचन सुनके वहमूर्ख रात्रिके समय राजाके तालावमें कमल तोड़नेको गया वहां रक्षकोंने उससे पूछा कि तुम कौनहो उसने कहा कि मैं चक्रवाकहूं यह सुनकर रक्षकलोग प्रातःकाल उसे बांधके राजा के पास लेगये राजाके पासभी जाके वह चक्रवाककासा शब्द करनेलगा तब राजाने उससे युक्ति पूर्वक सब वृत्तान्त पूछकर उसको मूर्खजानके छोड़दिया अब आप एक मूर्ख वैद्यकी कथा सुनिये किसी ब्राह्मणने किसी मूर्खवैद्य से कहा कि तुम मेरे पुत्रका कूबर बैठालदो यह सुनकर उस वैद्यने कहा कि तुम मुझे दशपैसे दो तो मैं इसका कूबर बैठालदूं और जो न बैठालदूं तो इसके दशगुने तुमको फेरदूंगा यह कहके उस वैद्यने दशपैसेलेकर कूबरके बैठानेमें बहुतसा उद्योग किया परन्तु वह न बैठा इससे उसने दशगुने पैसे फेरदिये इसप्रकार अशक्य कार्य्यकी प्रतिज्ञा करनेसे केवल हास्य तथा हानिही होतीहै इससे बुद्धिमान्को चाहिये कि ऐसी २ मूर्खतासे सदैवबचा

रहे गोमुखसे इन सब कथाओंको सुनकर शक्तियशाके लिये उत्कण्ठितभी नरवाहनदत्त अत्यन्त प्रसन्न होके अपने मंत्रियोंसमेत सोगया २३७ ॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांशक्तियशोलंबकेषष्ठस्तरंगः ६ ॥

इसके उपरान्त प्रातःकाल उठकर नरवाहनदत्त शक्तियशाकी यादकरके बहुत व्याकुलहुआ विवाह के होने में दो चारही दिन बाकीथे कि वही दिन उसे युगके समान मालूमहुए गोमुखके द्वारा उसकी इस विकलताको सुनकर वत्सराजने अपने सम्पूर्ण मंत्री उसकेपास भेजदिये उन्हें देखकर इनके गौरव से नरवाहनदत्तके कुछ स्वस्थहोनेपर गोमुखने वसन्तकसेकहा कि हे आर्य्यवसंतक युवराजके मन बह-लानेकेलिये कोई अपूर्वकथा कहिये उसके कहने से वसन्तक यहकथा कहनेलगा कि मालव देशमें बड़ा प्रसिद्ध एक श्रीधरनाम ब्राह्मणथा उसके दो पुत्रथे बड़े का नाम यशोधर और छोटेकानाम लक्ष्मी-धर यह दोनों एकसाथही उत्पन्नहुए थे इसीसे इनकेरूपभी समानथे यहदोनों तरुणहोके विद्या उपार्जन करने के लिये परदेशको चले मार्गमें चलते २ जल तथा वृक्षों से रहित उष्णपृथ्वीवाले बड़े घोर वनमें पहुँचे उसवनमें धूप तथा तृषासे महा व्याकुलहोके वहदोनों कुछ दूर चलके सायंकालके समय एकबा-वड़ीपर पहुँचे उस बावड़ीके तटपर एक फलवान् सघनवृक्ष लगाथा उसवृक्षकेनीचे कुछ देरबैठके श्रमको दूरकरके उन दोनोंने उस बावड़ी में स्नानकिया और संध्यावन्दनकर उसीवृक्षके फलखाके बावड़ीका जलपिया फिर रात्रिहोजानेपर जीवोंकेभयसे वह दोनों उसी वृक्षपर चढ़के बैठे उससमय उसबावड़ी के जलमेंसे बहुतसे पुरुषनिकले उनमेंसे किसीने उस पृथ्वीपर बुहारीदी किसीने चौकादिया किसीने फूल बखेरे किसीने सुवर्णका पलँगलाकरबिछाया किसीने उसपलँगपर बिछौने बिछाये किसीने दिव्य भोजन किसीने दिव्य आभूषणलाके उसी वृक्षकेनीचे रक्खे और किसीने चन्दन तथा तैलादिक पदार्थ लाके रक्खे इसप्रकार सब सामग्रीके इकट्ठे होजानेपर एक दिव्य पुरुष हाथमें खड्गलियेहुए उस बावड़ीमेंसे निकला और आकरदिव्य आसनपर बैठा उसके शरीरमें चन्दनादि लगाके और सब आभूषण पहर के वह सब लोग बावड़ी में चलेगये उनके चलेजाने पर उस दिव्य पुरुषने अपने मुखसे सौभाग्यके आभूषण धारणकियेहुए एक साध्वी स्त्री और दिव्यवस्त्र तथा दिव्य आभूषण पहनेहुई दूसरी अत्यन्त सुन्दर स्त्री निकाली वह दोनों उसकी स्त्रीथीं परन्तु दूसरी उसे बहुत प्यारीथी मुख से निकलकर वह पहलीस्त्री अपने पतिके लिये तथा सपत्नीकेलिये सुवर्णके पात्रों में रखकर भोजनलाई वह दिव्य पुरुष उस दूसरी स्त्रीके साथ उन पदार्थोंको भोजन करके सुवर्णके पलँगपर उसे साथ लेकर लेटा और रति करके सोगया और वह पहलीस्त्री भोजन करके उसके पैरदाबनेलगी और वह दूसरी स्त्रीभी जागतीही रही यह देखकर उस वृक्षपर बैठेहुए वह दोनों ब्राह्मण यह सलाहकरके कि यह कौनहै यह बात इसपैर-दाबनेवाली से पूछना चाहिये इसलिये वृक्षसे उतरकर उसके पासगये उसके पास उन्हें जाते देखकर उस दूसरी स्त्रीने अपने पतिके पाससे उठकर यशोधरसे कहा कि तुम मुझसे प्रसंगकरो यह सुनकर यशोधरने कहा कि तुमपरस्त्री हो मैं तुम्हारे साथ रमण नहीं करसक्ता तुमको ऐसा नहींकहना चाहिये

यह सुनकर वह फिर बोली कि डरोमत तुम सरीके सौपुरुषोंके साथ में रमणकरचुकीहूं जो तुमको वि-श्वास न होय तो देखलो मेरे अंचलमें सौअंगूठी बँधीहुई हैं जिस २ के साथमैंने रमणकियाहै उस २ से एक २ अंगूठीलेली है यह कहकर उसने अपने अंचलसे खोलके सौअंगूठी उसे दिखलादीं तब यशो-धरने उससे कहा कि तुम सौकेसाथ अथवा लाखोंकेसाथ रमणकरो परन्तु मैं तुमको माताके समान जानताहूं मैं उन पुरुषोंकासा कामान्ध नहींहूं इसप्रकार उसके निषेधको सुनकर उस पुंश्चलीने अपने पतिसे जगाकर कहा कि आपके सोजानेपर इस पुरुषने मेराधर्म नष्ट करदिया यह सुनके वह खड्गलेके उसे मारनेकेलिये चला तब पहली स्त्रीने उसके चरण पकड़कर उससे कहा कि आपव्यर्थ ब्रह्महत्या न कीजिये इसी पापिनने इससे रमणकरनेको कहाथा परन्तु इसने यह कहके कि तूमेरी माताहै इसका तिरस्कार किया तब इसने तुम्हें जगाकर इसे मरवानाचाहा इसने मेरे आगेही सौ अन्यपुरुषोंसे भोग कियाहै और सबसे एक २ अंगूठीलेली है और मैंने आपसे इसलिये कभी नहीं कहा कि शायद आप जानियेगा कि यह द्वेषसे कहरही है परन्तु आज आपको पापसे बचानेकेलिये मुझे कहनाही पड़ा जो आपको विश्वास न होय तो इसके आंचलमें अंगूठीबँधी हैं खोलकर देखलीजिये और मेरा यह सतीधर्म भी नहीं है जो मैं अपने पतिसे मिथ्या वचनकहूं अपने पतिव्रतापनके निश्चय करनेको मैं अपनाप्रभाव आपको दिखातीहूं यह कहकर उसने क्रोधकी दृष्टिसे देखकर वह वृक्षभस्मकरदिया और कृपाकी दृष्टिसे देखकर फिर हराकरदिया उसके इसप्रभावको देखकर उस दिव्य पुरुषने बहुत स्नेहसे उसेअपने हृदयमें लगालिया और उसदूसरीस्त्रीके आंचलमें अंगूठियां देखकर उसकीनाककाटकर निकाल बाहरकिया और यशोधरसे अपने अपराधोंको क्षमाकराके कहा कि मैं ईर्ष्यासे इनदोनों स्त्रियों को हृदयमें रखकर इनकी रक्षाकरताथा इतने परभी इसपापिनकी मैं रक्षा न करसका ( विद्युतं कः स्थिरीकुर्य्यात्कोरक्षेच्चपलांस्त्रि-यम्। साध्वीयदिपरंस्वेनशीलेनैकेनरक्ष्यते) बिजलीको कौन स्थिरकरसक्ताहै और चपलास्त्री की कौन रक्षाकर सक्ताहै केवल शीलही पतिव्रता साध्वीस्त्रीकी रक्षाकरताहै शीलवती स्त्री दोनोंलोकों में अपनेपति की रक्षाकरती है जैसे कि आज इसनेमेरी रक्षाकीहै इसीकी कृपासे आज पुंश्चलीकी संगति मुझसे छूटी और ब्रह्महत्याके महापातकसेभी मैं बचा यहकहकर उसनेयशोधर तथा लक्ष्मीधर दोनोंको बैठाकरपूछाकि तुम दोनों कहांसे आतेहो और कहांको जाओगे तब यशोधरने उससे अपना सबवृत्तान्त कहकर विश्वास पाके उससे पूछा कि हे महाभाग जो यह गुप्त बात न होय तो कहिये कि आप कौनहो और इसप्रकारके ऐश्वर्य्य होनेपर भी आपका जलमें निवास क्यों है यह सुनकर वह पुरुष बोला कि हिमालयके दक्षिण ओर कश्मीरनाम देशहै जिसे ब्रह्माने मानों मनुष्योंको स्वर्गका आनन्द दिखानेकेलिये बनाया है जिसमें कैलाश तथा श्वेतद्वीपके सुखको भूलकर श्रीशिवजी तथा विष्णुभगवान् सैकड़ों स्थानों में निवास करते हैं शूर तथा विद्वज्जनोंसे व्याप्त वितस्ताके जलसे महापवित्र जिसदेशको छल आदिक शत्रुरूप महादोषभी नहीं जीतसक्ते हैं ऐसे सुन्दर उसदेशमें मैं भवशर्मानाम एक ग्रामीण ब्राह्मणथा और मेरे दोस्त्रियांथीं एक समय अपनी भिक्षुकोंसे मेरी पहचान होगई इससे मैंने उनके शास्त्रमें कहाहुआ

उपोषण नाम नियम किया जब वह व्रतसमाप्त होनेवालाहुआ तो एक मेरी पापिन स्त्री हठपूर्व्वक मेरे साथ आकर सोरही और रात्रिके पिछलेपहर उठकर मैंने निद्रामें अज्ञान होकर उसके साथ रमणकिया इसीसे वह मेरा व्रत खण्डित होगया और मैं उसके प्रभावसे जलपुरुष हुआ यहां भी वही दोनों मेरी स्त्रियांहुई हैं जो मेरे शयनपर सोरहीथी वही पापिन पुंश्चलीहुई और दूसरी यह पतिव्रताहै उसखंडित व्रतका भी इतना प्रभावहै कि मुझे अपने पूर्व्व जन्मका स्मरणबनाहै और रात्रिके समय ऐसा ऐश्वर्य्य प्राप्त होताहै जो मैं उस व्रतको खंडित न करदेता तो मुझे यह जन्म नहीं प्राप्तहोता इसप्रकार अपना वृत्तान्त कहकर उसने उन दोनों भाइयोंका बड़ा सत्कारकिया और स्वादिष्ट भोजन कराके दिव्यवस्त्र उनको दिये तदनन्तर उस पतिव्रतास्त्री ने चन्द्रमाकी ओर देख प्रणाम करके कहा कि हे लोकपालो जो मैं सत्य २ पतिव्रताहूं तो मेरापति जलवास से छूटकर स्वर्गकोजाय उसके इस प्रकार कहतेही आकाशसे विमान आया उसपर चढ़के वह दोनों स्त्री पुरुष स्वर्गको चलेगये ठीकहै (असाध्यंसत्यसाध्वीनांकिमस्तिहिजगत्त्रये) सची पतिव्रताओं को त्रैलोक्य में क्या असाध्यहै इसआश्चर्य्य को देखकर वह दोनों भाई शेष रात्रिको वहां व्यतीत करके प्रातःकाल वहांसे चले और चलते २ निर्जन वनमें सायंकालके समय एक वृक्षके निकट पहुंचे और वहां इधर उधर जलकी तलाश करनेलगे उस समय उस वृक्षसे उन्हें यह शब्द सुनाईदिया कि हे ब्राह्मण लोगो ठहरो आज मैं तुम्हारा अतिथि सत्कार करूंगा क्योंकि तुम हमारे अतिथि हो यह कहकर वह शब्द तो बन्द होगया और वहांपर एक दिव्य बावड़ी उत्पन्न होगई और दिव्य भोजन भी उसी के तटपर आगये उस आश्चर्य्य को देखकर उन दोनों भाइयों ने उस बावड़ी में स्नानकर सन्ध्योपासन करके उस भोजनको खाया और उसी वृक्ष के नीचे आकर विश्राम करनेका विचार किया इतनेमें एक सुन्दर पुरुष उस वृक्षपरसे उतरकर उन दोनों के पास आया और स्वागत पूछ के उनके निकट बैठा उसे प्रणाम करके उन दोनों भाइयों ने पूछा कि आप कौनहैं उसने कहा कि पूर्व जन्ममें मैं दीन ब्राह्मणथा भाग्यवशसे श्रवणों (जैनी साधु) के साथ मेरी संगति होगई उनके उपदेश से मैंने एक व्रत किया उस व्रत में किसी मूर्ख ने सायंकाल के समय मुझे भोजन करवादिया इससे उस व्रतके खण्डित होजाने के कारण मैं यक्ष होगया और जो वह व्रतपूराहोजाता तो मैं स्वर्ग में देवताहोता यहकहकर उसने उनदोनों से पूछा कि तुम कौनहो और किस निमित्त यहां आयेहो यहसुनकर यशोधरने उससे अपना सब वृत्तान्त कहदिया ७८ तब उसयक्षने उनसे फिर कहा कि जो तुम विद्या सीखनेको जातेहो तो मैं अपने प्रभावसे तुमको सम्पूर्ण दिये देताहूं परदेश जाकर क्याकरोगे विद्वानहोकर अपने घरजाओ यहकहकर उसने उनदोनोंको सब विद्या देदी और उसके प्रभावसे वह दोनों अत्यन्त विद्वानहोगये तब उसने उनसे फिर कहा कि तुम दोनों से हम एकगुरुदक्षिणा मांगते हैं हमारे लिये एकदिन तुम दोनों मिलकर सत्य भाषण ब्रह्मचर्य्य देवताओंकी प्रदक्षिणा भिक्षुकों के समयमें भोजन मनका संयम और क्षमा इननियमों समेत उपवास करना और इसका फल हमको देदेना इसीसे मैं स्वर्गको चलाजाऊंगा यहसुनकर उनदोनों ने कहा कि

बहुत अच्छा हम ऐसाही करेंगे यह सुनकर वह यक्ष अन्तर्द्धान होगया और उनदोनों भाइयों ने वह रात्रि वहीं व्यतीतकरके प्रातःकाल वहां से चलके कईदिनों में अपने घरपर आकर अपने माता पिता को सब वृत्तान्त सुनाके यक्षका बताया हुआ व्रतकिया और उसकाफल उसको दिया उसफलको पाते-ही वह यक्ष विमानपर चढ़के वहां आके उनसे बोला कि तुम दोनोंकी कृपासे मैं यक्षयोनि से छूटकर स्वर्गको जाताहूं तुमभी अपने लिये इसव्रतको करना इसके प्रभावसे तुमको इसलोकमें अक्षय धन प्राप्त होगा और अन्त में स्वर्गको चलेजाओगे यहकहके वहयक्ष चलागया और वह दोनों भाई यशोधर तथा लक्ष्मीधर उसव्रतको करके उसके प्रभावसे अक्षयधनपाके सुखपूर्व्वक रहनेलगे इसप्रकारसे औसर पाकर भी धर्म के नहीं त्यागकरनेवाले सत्पुरुषोंपर देवता लोग प्रसन्नहोकर उनके मनोरथों को सिद्ध करतेहैं वसन्तकसे इसअपूर्व्व कथाको सुनकर नरवाहनदत्त भोजनके समय मंत्रियों समेत अपने पिता के यहांगया और भोजनकरके वहीं मंत्रियों समेत दिनको व्यतीतकरके सायङ्कालको अपने मन्दिरमें आया वहां उसे प्रसन्नकरनेके लिये गोमुख उससे यहकथा कहनेलगा कि अपने यूथसे भ्रष्टहुआ वली-मुखनाम कोई बन्दर समुद्रके तटपर गूलरोंके वनमें रहताथा एकसमय गूलरखातेहुए उसबन्दरके हाथसे एकगूलर समुद्रमें गिरपड़ा उस गिरेहुए गूलरको वहीं तैरते हुए एक शिशुमारनाम जलके जीवनें खा-लिया और उसके स्वादसे प्रसन्नहोके बड़ा मनोहर शब्द किया उसशब्दको सुनकर बन्दरने बहुत से फल उसको दिये इससे उनदोनों की परममित्रताहोगई तबसे वह शिशुमार नित्य दिवसभर समुद्रके तटपर बन्दरही के पास वृक्षके नीचे रहनेलगा और बन्दर उसे नित्य यथेच्छ गूलर के फल देनेलगा शिशुमारकी इसमित्रताको जानकर उसकी स्त्री ने दिनमें विरह को न सहकर उसकी मित्रता छुटाने के लिये यहकहदिया कि मैं एकअवाच्य रोगसे अत्यन्त पीड़ितहूं शिशुमारने पूंछा कि हे प्रिये तुम्हें जो रोगहुआहै उसकी क्या औषधहै यह सुनकर उसकी सखीने कहा कि इसे ऐसा रोगहुआहै जिसकी औषध तुमकर नहीं सक्ते तथापि मैं तुमसे कहतीहूं कि बन्दरके कलेजेके मांसके रसकेविना वह रोग नहीं जासक्ता उसके यह वचन सुनकर शिशुमारने शोचा कि मुझे बन्दरका कलेजा कहांसेमिले उस मित्र बन्दरके साथ तो मुझको द्रोहकरना उचित नहींहै अथवा उस मित्रकोलेकर मैं क्या करूंगा यह स्त्री तो मुझे प्राणोंसे भी अधिक प्यारी है यह शोचकर और अपनी स्त्री से यह कहके कि हे प्रिये मैं तेरे लियें पूरा बन्दरही लियेआताहूं शिशुमार अपने मित्र बन्दरकेपासगया और प्रसंगपाकर उससे बोला कि हे मित्र अभीतक तुमने हमारा घर नहीं देखा है इससे आज तुम हमारे घरचलो तुम्हारी भावज तुमको बहुत दिनसे बुलाती है जो मित्र परस्पर एक दूसरेके घरमें साथ बैठकर भोजन नहींकरतेहैं और अपनी२ स्त्रियों को छुपातेहैं उनकी मित्रता नहीं है कपटहै इसप्रकार कहकर वह उस बन्दरको जल में बुलाकर अपनी पीठपरचढ़ाकर लेचला चलतेसमय उसे उदासीनसा देखकर बन्दरने पूछा कि हे मित्र आज तुम दुःखी क्यों होरहेहो यह सुनकर उस मूर्ख शिशुमारने उसे अपने आधीनजानकर कहा कि आज तुम्हारी भाभी कुछ रोगग्रस्त है उसे पथ्यके लिये बन्दरका कलेजा चाहिये इसीलिये मुझे उदासीनताहै कि मैं

उपोषण नाम नियम किया जब वह व्रतसमाप्त होनेवालाहुआ तो एक मेरी पापिन स्त्री हठपूर्व्वक मेरे साथ आकर सोरही और रात्रिके पिछलेपहर उठकर मैंने निद्रामें अज्ञान होकर उसके साथ रमण किया इसीसे वह मेरा व्रत खण्डित होगया और मैं उसके प्रभावसे जलपुरुष हुआ यहां भी वही दोनों मेरी स्त्रियांहुई हैं जो मेरे शयनपर सोरहीथी वही पापिन पुंश्चलीहुई और दूसरी यह पतिव्रताहै उसखंडित व्रतका भी इतना प्रभावहै कि मुझे अपने पूर्व्व जन्मका स्मरणबनाहै और रात्रिके समय ऐसा ऐश्वर्य प्राप्त होताहै जो मैं उस व्रतको खंडित न करदेता तो मुझे यह जन्म नहीं प्राप्तहोता इसप्रकार अपना वृत्तान्त कहकर उसने उन दोनों भाइयोंका बड़ा सत्कारकिया और स्वादिष्ट भोजन कराके दिव्यवस्त्र उनको दिये तदनन्तर उस पतिव्रतास्त्री ने चन्द्रमाकी ओर देख प्रणाम करके कहा कि हे लोकपालो जो मैं सत्य २ पतिव्रताहूं तो मेरापति जलवास से छूटकर स्वर्गकोजाय उसके इस प्रकार कहतेही आकाशसे विमान आया उसपर चढ़के वहदोनों स्त्री पुरुष स्वर्गको चलेगये ठीकहै (असाध्यंसत्यसाध्वीनांकिमस्तिहिजगत्त्रये) सच्ची पतिव्रताओं को त्रैलोक्य में क्या असाध्यहै इसआश्चर्य्य को देखकर वह दोनों भाई शेष रात्रिको वहां व्यतीत करके प्रातःकाल वहांसे चले और चलते २ निर्ज्जन वनमें सायंकालके समय एक वृक्षके निकट पहुंचे और वहां इधर उधर जलकी तलाश करनेलगे उस समय उस वृक्षसे उन्हें यह शब्द सुनाईदिया कि हे ब्राह्मण लोगो ठहरो आज मैं तुम्हारा अतिथि सत्कार करूंगा क्योंकि तुम हमारे अतिथि हो यह कहकर वह शब्द तो बन्द होगया और वहांपर एक दिव्य बावड़ी उत्पन्न होगई और दिव्य भोजन भी उसी के तटपर आगये उस आश्चर्य्य को देखकर उन दोनों भाइयों ने उस बावड़ी में स्नानकर सन्ध्योपासन करके उस भोजनको खाया और उसी वृक्ष के नीचे आकर विश्राम करनेका विचार किया इतनेमें एक सुन्दर पुरुष उस वृक्षपरसे उतरकर उन दोनों के पास आया और स्वागत पूछ के उनके निकट बैठा उसे प्रणाम करके उन दोनों भाइयों ने पूछा कि आप कौनहैं उसने कहा कि पूर्व्व जन्ममें मैं दीन ब्राह्मणथा भाग्यवशसे श्रवणों (जैनी साधू) के साथ मेरी संगति होगई उनके उपदेश से मैंने एक व्रत किया उस व्रत में किसी मूर्ख ने सायंकाल के समय मुझे भोजन करवादिया इससे उस व्रतके खण्डित होजाने के कारण मैं यक्ष होगया और जो वह व्रतपूराहोजाता तो मैं स्वर्ग में देवताहोता यहकहकर उसने उनदोनों से पूंछा कि तुम कौनहो और किस निमित्त यहां आयेहो यहसुनकर यशोधरने उससे अपना सब वृत्तान्त कहदिया ७८ तब उसयक्षने उनसे फिर कहा कि जो तुम विद्या सीखनेको जातेहो तो मैं अपने प्रभावसे तुमको सम्पूर्ण दिये देताहूं परदेश जाकर क्याकरोगे विद्वानहोकर अपने घरजाओ यहकहकर उसने उनदोनोंको सब विद्या देदी और उसके प्रभावसे वह दोनों अत्यन्त विद्वानहोगये तब उसने उनसे फिर कहा कि तुम दोनों से हम एकगुरुदक्षिणा मांगते हैं हमारे लिये एकदिन तुम दोनों मिलकर सत्य भाषण ब्रह्मचर्य्य देवताओंकी प्रदक्षिणा भिक्षुकों के समयमें भोजन मनका संयम और क्षमा इननियमों समेत उपवास करना और इसका फल हमको देदेना इसीसे मैं स्वर्गको चलाजाऊंगा यहसुनकर उनदोनों ने कहा कि

बहुत अच्छा हम ऐसाही करेंगे यह सुनकर वह यक्ष अन्तर्द्धान होगया और उनदोनों भाइयों ने वह रात्रि वहीं व्यतीतकरके प्रातःकाल वहां से चलके कईदिनों में अपने घरपर आकर अपने माता पिता को सब वृत्तान्त सुनाके यक्षका बताया हुआ व्रतकिया और उसकाफल उसको दिया उसफलको पाते ही वह यक्ष विमानपर चढ़के वहां आके उनसे बोला कि तुम दोनोंकी कृपासे मैं यक्षयोनि से छूटकर स्वर्गको जाताहूं तुमभी अपने लिये इसव्रतको करना इसके प्रभावसे तुमको इसलोकमें अक्षय धन प्राप्त होगा और अन्त में स्वर्गको चलेजाओगे यहकहके वहयक्ष चलागया और वह दोनों भाई यशोधर तथा लक्ष्मीधर उसव्रतको करके उसके प्रभावसे अक्षयधनपाके सुखपूर्व्वक रहनेलगे इसप्रकारसे औसर पाकर भी धर्म के नहीं त्यागकरनेवाले सत्पुरुषोंपर देवता लोग प्रसन्नहोकर उनके मनोरथों को सिद्ध करतेहैं वसन्तकसे इसअपूर्व्व कथाको सुनकर नरवाहनदत्त भोजनके समय मंत्रियों समेत अपने पिता के यहांगया और भोजनकरके वहीं मंत्रियों समेत दिनको व्यतीतकरके सायङ्कालको अपने मन्दिरमें आया वहां उसे प्रसन्नकरनेके लिये गोमुख उससे यहकथा कहनेलगा कि अपने यूथसे भ्रष्टहुआ वली-मुखनाम कोई बन्दर समुद्रके तटपर गूलरोंके वनमें रहताथा एकसमय गूलरखातेहुए उसबन्दरके हाथसे एकगूलर समुद्रमें गिरपड़ा उस गिरेहुए गूलरको वहीं तैरते हुए एक शिशुमारनाम जलके जीवनें खा-लिया और उसके स्वादसे प्रसन्नहोके बड़ा मनोहर शब्द किया उसशब्दको सुनकर बन्दरने बहुत से फल उसको दिये इससे उनदोनों की परममित्रताहोगई तबसे वह शिशुमार नित्य दिवसभर समुद्रके तटपर बन्दरही के पास वृक्षके नीचे रहनेलगा और बन्दर उसे नित्य यथेच्छ गूलर के फल देनेलगा शिशुमारकी इसमित्रताको जानकर उसकी स्त्री ने दिनमें विरह को न सहकर उसकी मित्रता छुटाने के लिये यहकहदिया कि मैं एकअवाच्य रोगसे अत्यन्त पीड़ितहूं शिशुमारने पूंछा कि हे प्रिये तुम्हें जो रोगहुआहै उसकी क्या औषधहै यह सुनकर उसकी सखीने कहा कि इसे ऐसा रोगहुआहै जिसकी औषध तुमकर नहीं सक्ते तथापि मैं तुमसे कहतीहूं कि बन्दरके कलेजेके मांसके रसकेविना यह रोग नहीं जासक्ता उसके यह वचन सुनकर शिशुमारने शोचा कि मुझे बन्दरका कलेजा कहांसेमिले उस मित्र बन्दरके साथ तो मुझको द्रोहकरना उचित नहींहै अथवा उस मित्रकोलेकर मैं क्या करूंगा यह स्त्री तो मुझे प्राणोंसे भी अधिक प्यारी है यह शोचकर और अपनी स्त्री से यह कहके कि हे प्रिये मैं तेरे लिये पूरा बन्दरही लियेआताहूं शिशुमार अपने मित्र बन्दरकेपासगया और प्रसंगपाकर उससे बोला कि हे मित्र अभीतक तुमने हमारा घर नहीं देखा है इससे आज तुम हमारे घरचलो तुम्हारी भावज तुमको बहुत दिनसे बुलाती है जो मित्र परस्पर एक दूसरेके घरमें साथ बैठकर भोजन नहींकरतेहैं और अपनीर स्त्रियों को छुपातेहैं उनकी मित्रता नहीं है कपटहै इसप्रकार कहकर वह उस बन्दरको जल में बुलाकर अपनी पीठपरचढ़ाकर लेचला चलतेसमय उसे उदासीनसा देखकर बन्दरने पूछा कि हे मित्र आज तुम दुःखी क्यों होरहेहो यह सुनकर उस मूर्ख शिशुमारने उसे अपने आधीनजानकर कहा कि आज तुम्हारी भाभी कुछ रोगग्रस्त है उसे पथ्यके लिये बन्दरका कलेजा चाहिये इसीलिये मुझे उदासीनताहै कि मैं

बन्दरका कलेजा कहांपाऊं यह सुनकर उस बुद्धिमान् बन्दरने शोचा कि यह पापी इसीलिये मुझे लिये जाताहै देखो यह स्त्री के कहने में आकर मित्रको भी मारने के लिये उद्यतहोगया अथवा भूतग्रस्त लोग अपनेही दांतों से क्या अपने मांसको नहीं काटते हैं यह शोचकर उसने शिशुमार से कहा कि हे मित्र जो ऐसाहीथा तो तुमने हमसे पहलेही क्यों न कहा कि जो मैं अपना कलेजा साथलियेआता वह तो गूलरकेवृक्षपरही रक्खा है यह सुनकर वह मूर्ख शिशुमार उससे यह कहकर कि तुम गूलरपरसे कलेजा लेआओ उसे समुद्रके तटपर लेआया वहां यमराजके समान उस शिशुमारसे छूटकर वह अपने वृक्षपर चढ़के शिशुमारसे बोला कि हे मूर्ख चलाजा क्या कलेजा शरीरसे अलगहोताहै मैंने यह बहानाकरके तुझसे अपने प्राणबचाये हैं अब मैं तेरे पास नहीं आऊंगा क्या इस विषयपर तूने गधेकी कथा नहीं सुनी है कि किसी वन में शृगालसमेत एक सिंहरहता था एकसमय शिकारखेलने को आयेहुए किसी राजा ने उस सिंहको शस्त्रों से बहुत घायलकिया और सिंह ने घायलहोके किसी गुफामें घुसकर अपने प्राणबचाये तदनन्तर उस राजाके चलेजानेपर शृगाल ने सिंहसे कहा कि अब गुफासे निकलकर आप अपना भोजनढूंढ़िये क्योंकि आपको भी क्षुधालगीहोगी और मैंभी भूखसे व्याकुलहोरहाहूं यह सुनकर उस सिंहने कहा हे मित्र मैं घावोंसे ऐसा पीड़ितहूं कि मुझे घूमनेकी सामर्थ्य नहीं है जो गधेके कान तथा उसका हृदय मुझेमिले तो शीघ्र मेरे घाव अच्छेहोजायँ और मेरे शरीर में भी बलआजाय इससे जो कहीं गधामिले तो लाओ यह सुनकर शृगाल गधा ढूंढ़नेको चला और किसी नदीके तटपर किसी धोबी के गधेको चरतेदेखकर बोला कि हे मित्र तुम दुर्बल क्यों हो उसने कहा कि रोज २ इस धोबीका भार ढोते २ मैं दुर्बलहोगयाहूं यह सुनकर उसने कहा कि यहां तुम दुःख क्यों भोगतेहो हमारेसाथ वनमें चलो वहां गधियोंके साथ कोमल २ दूबचरके स्वर्ग के सुखोंको भोगकरना यह सुनकर वह गधा उसके साथ वन में सिंहकी गुफाके निकटगया उस गधे को देखकर सिंह ने गुफासे निकलकर पीछेसेआकर उसकी पीठपर पंजामारा वह पंजा उसकी पीठपर अच्छेप्रकार से न लगा इससे वह गधा भयभीतहोकर नदी के किनारेपर फिर भागआया और सिंह व्याकुलताकेकारण उसके पीछे न दौड़कर अपनी गुफामें चलागया तब शृगालने सिंहसे कहा कि जो तुम इस गधेको भी न मारसके तो अन्य जीवों के मारने में तुम्हारी क्या गतिहोगी यह सुनकर सिंह ने कहा कि अब तुम जैसेबने तैसे उस गधेको फिर लेआओ मैं अभी से तैयारहोरहूंगा आतेही उसे मारडालूंगा उसके यह वचन सुनकर शृगालने फिर उस गधेके पासजाकर कहा कि तुम क्यों भागआये उसने कहा कि वहां किसी भयङ्कर जीव ने मुझेमाराथा उसीसे मैं भागआया यह सुनकर शृगाल हँसकर बोला कि तुमको भ्रमहोरहा है वहां कोई भयङ्कर जीव नहीं रहताहै नहीं तो मैं महानिर्बल जीव वहां कैसे रहसक्तांथा इससे अब तुम वहां मेरे साथचलो उसके यह वचन सुनकर वह गधा उसके साथ वन में सिंहकी गुफाके समीप फिर गया वहां पहुँचतेही सिंह गुफासे निकलकर उसे मारके औरउसके मांसको नोचकर उसी शृगालको उसका रक्षक नियतकरके स्नान करनेको चलागया उसके चलेजानेपर शृगाल ने गधेका हृदय तथा कान खाडाले जब स्नानकरके

लौटे हुए सिंहने पूछा कि इसके कान और हृदय कहां हैं उसने कहा कि इसके कान और हृदय प-हलेही से न थे नहीं तो यह आपका पंजाखाकर भी फिर लौटकर क्यों आता यह सुनकर सिंहने उसके वचन सत्यमानकर गधेका मांसखाया और जो उससे बचा वह शृगालने खाया इस कथा को कहकर वन्दर ने फिर शिशुमार से कहा कि मैं उस गधे के समान अब फिर तुम्हारे पास कभी न आऊंगा उस वन्दरके यह वचनसुनकर वह शिशुमार अपनी मूर्खताका शोच करताहुआ अपने स्थान को च-लागया और वन्दरके साथ उसकी मित्रता के छूटजानेसे वह स्त्री स्वस्थहोगई इसप्रकार से बुद्धिमान् पुरुषको दुष्टोंपर विश्वास न करना चाहिये ठीकहै ( दुर्जनेकृष्णसर्पेच कुतोविश्वासतस्सुखम् ) दुष्टोंपर और कालेसर्पपर विश्वास करनेवाले को सुख कैसे होसक्ताहै १५४ इस कथाको कहके नरवाहनदत्तसे फिर गोमुखने कहा कि अब मैं फिर आपको मूर्खोंकी हास्यकारी कथा सुनाताहूं किसी निपुणगाने वालेनें मधुरगीत गाकर किसी धनवान् को प्रसन्नकिया तब उसने अपने खजानचीको बुलवाकर कहा कि इस गानेवाले को दोहजार रुपये दो यह सुनकर बहुत अच्छा कहके खजानची चलागया तदन-न्तर उस गानेवालेने खजानची से रुपये मांगे परन्तु उसने कुछ न दिया तब गानेवालेने उस धनवान् से आकर कहा कि वह रुपये नहीं देताहै यह सुनकर वह बोला क्या तुमने मुझे रुपये दियेथे जो तुम को मैं रुपये दिलवाऊं क्षणभर गानकरके तुमने मेरे कानोंको सुखदियाथा इसीसे मैंने रुपया देनाकह के तुम्हारे कानोंको भी सुख देदिया यह सुनकर वह गानेवाला निराशहोकर भी हँसकर चलागया अब अन्य दो मूर्खशिष्योंकी कथा सुनिये किसीगुरुके दो शिष्यथे उन दोनों में परस्पर शत्रुता रहती थी उनमें से एकतो गुरुके दक्षिण चरणको धोके नित्यमलताथा और दूसरावायेंको एकदिन दक्षिण चरणका मलनेवाला शिष्य कहीं चलागया था इससे गुरुजीने वायेंचरणके मलनेवाले शिष्यसे कहा कि आज तुम दक्षिण चरणको भी मलदो यहसुनकर उसनेगुरुसे कहा कि यह मेरे शत्रुका पैरहै इसे मैं नहीं मलूंगा यह सुनकर गुरुने उससे बड़ा आग्रहकिया तब उसने पत्थरलेकर गुरुका वह पैर तोड़-डाला इससे गुरुने हाहाकार शब्दमचाया उस शब्दको सुनकर बाहरसे लोगोंने आकर पीटना चाहा परन्तु गुरुने कृपाकरके उसे बचादिया दूसरेदिन दूसरे शिष्यने आकर गुरुसे पैरकी पीड़ाका वृत्तान्त पूछके महा क्रोधितहोके यह कहा कि क्या मैं उसके पैरको नहीं तोडूंगा यह कहकर उसने गुरुका वा-यां पैर भी तोड़डाला यह जानकर लोग उसे पीटनेलगे परन्तु गुरुने कृपाकरके उसे भी छुड़ादिया उन दोनों का यह वृत्तान्त जिस किसीने सुना वह बहुत हँसा और उनके गुरुकी कृपालुताकी बड़ी प्रशंसाकी इस प्रकारसे आपसमें विरोधकरके मूर्खसेवक स्वामीके कार्य्यको नष्टकरते हैं और उनका कोई प्रयोजन सिद्ध नहीं होता अब आप दो शिरवाले सर्पकी कथा सुनिये कि किसी सर्प के दो शिरथे उनमें से एकशिरमें तो नेत्रथे और पूंछ की ओर जो शिरथा वह अन्धाथा उनदोनों में सदैव यहविवाद रहता था कि एक कहता था मैं मुख्य हूं और दूसरा कहता था कि मैं मुख्यहूं परन्तु सर्प अपने मुख्य शिरकी ओर को ही चलताथा एकदिन मार्गमें उस पूंछवाले शिरने एक काष्ठ पकड़लिया इससे सर्प

बन्दरको कलेजा कहांपाऊं यह सुनकर उस बुद्धिमान् बन्दर ने शोचा कि यह पापी इसीलिये मुझे लिये जाताहै देखो यह स्त्री के कहने में आकर मित्रको भी मारने के लिये उद्यतहोगया अथवा भूतग्रस्त लोग अपनेही दांतोंसे क्या अपने मांसको नहीं काटते हैं यह शोचकर उसने शिशुमार से कहा कि हे मित्र जो ऐसाहीथा तो तुमने हमसे पहलेही क्यों न कहा कि जो मैं अपना कलेजा साथलियेआता वह तो गूलरकेवृक्षपरही रक्खा है यह सुनकर वह मूर्ख शिशुमार उससे यह कहकर कि तुम गूलरपरसे कलेजा लेआओ उसे समुद्रके तटपर लेआया वहां यमराजके समान उस शिशुमारसे छूटकर वह अपने वृक्षपर चढ़के शिशुमारसे बोला कि हे मूर्ख चलाजा क्या कलेजा शरीरसे अलगहोताहै मैंने यह बहानाकरके तुझसे अपने प्राणबचाये हैं अब मैं तेरे पास नहीं आऊंगा क्या इस विषयपर तूने गधेकी कथा नहीं सुनी है कि किसी वन में शृगालसमेत एक सिंहरहता था एकसमय शिकारखेलने को आयेहुए किसी राजा ने उस सिंहको शस्त्रों से बहुत घायलकिया और सिंह ने घायलहोके किसी गुफामें घुसकर अपने प्राणबचाये तदनन्तर उस राजाके चलेजानेपर शृगाल ने सिंहसे कहा कि अब गुफासे निकलकर आप अपना भोजनढूंढ़िये क्योंकि आपको भी क्षुधालगीहोगी और मैंभी भूखसे व्याकुलहोरहाहूं यह सुनकर उस सिंहने कहा हे मित्र मैं घावोंसे ऐसा पीड़ितहूं कि मुझे घूमनेकी सामर्थ्य नहीं है जो गधेके कान तथा उसका हृदय मुझेमिले तो शीघ्र मेरे घाव अच्छेहोजायँ और मेरे शरीर में भी बलआजाय इससे जो कहीं गधामिले तो लाओ यह सुनकर शृगाल गधा ढूंढ़नेको चला और किसी नदीके तटपर किसी धोबी के गधेको चरतेदेखकर बोला कि हे मित्र तुम दुर्बल क्यों हो उसने कहा कि रोज २ इस धोबीका भार ढोते २ मैं दुर्बलहोगयाहूं यह सुनकर उसने कहा कि यहां तुम दुःख क्यों भोगतेहो हमारेसाथ वनमें चलो वहां गधियोंके साथ कोमल २ दूबचरके स्वर्ग के सुखोंको भोगकरना यह सुनकर वह गधा उसके साथ वन में सिंहकी गुफाके निकटगया उस गधे को देखकर सिंह नें गुफासे निकलकर पीछेसेआकर उसकी पीठपर पंजामारा वह पंजा उसकी पीठपर अच्छेप्रकार सेन लगा इससे वह गधा भयभीतहोकर नदी के किनारेपर फिर भागआया और सिंह व्याकुलताकेकारण उसके पीछे न दौड़कर अपनी गुफामें चलागया तब शृगालने सिंहसे कहा कि जो तुम इस गधेको भी न मारसके तो अन्य जीवों के मारने में तुम्हारी क्या गतिहोगी यह सुनकर सिंहने कहा कि अब तुम जैसेबनें तैसे उस गधेको फिर लेआओ मैं अभी से तैयारहोरहूंगा आतेही उसे मारडालूंगा उसके यह वचन सुनकर शृगालने फिर उस गधेके पासजाकर कहा कि तुम क्यों भागआये उसने कहा कि वहां किसी भयङ्कर जीव नें मुझेमाराथा उसीसे मैं भागआया यह सुनकर शृगाल हँसकर बोला कि तुमको भ्रमहोरहा है वहां कोई भयङ्कर जीव नहीं रहताहै नहीं तो मैं महानिर्बल जीव वहां कैसे रहसक्ताथा इससे अब तुम वहां मेरे साथचलो उसके यह वचन सुनकर वह गधा उसके साथ वन में सिंहकी गुफाके समीप फिर गया वहां पहुँचतेही सिंह गुफासे निकलकर उसे मारके औरउसके मांसको नोचकर उसी शृगालको उसका रक्षक नियतकरके स्नान करनेको चलागया उसके चलेजानेपर शृगाल ने गधेका हृदय तथा कान खाडाले जब स्नानकरके

भीतर जाकर बालकको सोताहुआ देखा और उसके पास
सके चित्तमें बड़ा दुःखहुआ और देवदत्ताने भी आके वह
मने बिना विचारे उस उपकारी नौलेको क्यों मारडाला इस
न करडालना चाहिये सहसा कार्य्य करने से दोनों लोकों
करनेसे उलटा फल होताहै जैसे कि किसीके शरीरमें बादीका
घरमेंजाकर इनऔषधियोंकोपीसो मैंभी पीछेसे अभी आता
देर देखकर सब औषध पीसकर पीडालीं इस से वह व्याकुल
वमनकराके स्वस्थकिया और कहा कि हे मूर्ख बस्तिकी औषधी
मेरी प्रतीक्षा क्यों नहीं की इसप्रकारसे इष्टवस्तुभी अविधिसेकाम
से बुद्धिमान्को चाहिये कि विधिपूर्व्वक सब कामकरे १६ बिना
ती है इसपरभी मैं आपको एक कथा सुनाताहूं कोई मूर्ख पुरुष अपने
ार्गके किसी वनमें उसका पुत्र कुछ दूर उससे अलग चलागया
ने अपने किसी प्रकारसे प्राण बचाकर अपने पिताके पास आकर
बालवाले जीवोंने काट खायाहै यह सुनकर उसका पिता खड्ग लेके
एक बड़े२ बालवाले तपस्वियोंके मारनेको उद्यतहुआ यह देखकर किसी
गही रीछने तुम्हारे पुत्रको काटखायाहै इन निरपराध विचारे मुनियोंको
हने से वह उस महापातक से निवृत्तहुआ इससे बिना विचारे कोई भी
को सदैव बुद्धिपूर्व्वक कार्य्य करनाचाहिये नहीं तो लोकमें उपहासहोता
ार्गमें अशर्फियों से भरीहुई एक थैलीपाई इससे प्रसन्नहोके वह मूर्ख वहीं
जिसकी वह थैलीगिरीथी वह याद करके वहांआया और अपनी थैली उससे
र्ख उदासीन होके अपने घर चलाआया इसप्रकारसे मूर्खलोग प्राप्तहुएभी धन
द्वितीयाके चन्द्रमाके देखनेकी इच्छाकरतेहुए किसी मूर्खसे किसी पुरुषने कहा
सन्मुख चन्द्रमाहै यह सुनकर वह मूर्ख आकाशमें न देखकर उसीकी उंगली में
स मूर्खतापर लोग बहुत हँसे बुद्धिके द्वारा असाध्य कार्य्यभी सिद्धहोते हैं इस बात
था सुनाताहूं कोई स्त्री अकेली किसी गांवको चली मार्ग में उसे किसी बन्दरने आ
न्दरसे बचनेके लिये एकवृक्षके इधर उधर घूमनेलगी यह देखकर उस मूर्ख बन्दर ने
नों भुजाओंसे पकड़लिया उसकी इस मूर्खताको देखकर उसस्त्रीने उसके दोनों हाथपकड़
बन्दर पराधीन होकर अत्यन्त कोपितहुआ इतनेमें उसी मार्गसे आतेहुए किसी अहीर
हा कि हे महाभाग अगर तुम इस बन्दरके आकर हाथ पकड़लो तो मैं अपने बस्त्रसुधारलूं
उस अहीरने कहा कि तुम मेरे साथ रमणकरनेकोकहो तो मैं इसबन्दरके हाथ पकड़लूं उस

का चलना बन्दहोगया तब वहसर्प उसी शिरको बलवान् जानके उसी अंधेशिरकी ओर से चलने लगा इसीसे मार्गमें किसी जलतेहुए अग्निकुण्ड में गिरकर मरगया इस प्रकारसे जो कोई पुरुष गुणों का अन्तर नहीं जानते हैं वह हीनगुणके संगसे नष्टहोजातेहैं अब आप चांवल खानेवाले मूर्खकी कथा सुनिये कोई मूर्खपुरुष अपनी सुसरालगया था वहां उसने भात करनेके लिये रक्खेहुए चांवलोंमेंसे मुट्ठी भर चांवल मुखमेंभरलिये और उसीसमय सासके आजानेसे वह मूर्ख लज्जितहोके उनमुखके चांवलोंको न खासका और न डालसका इससे उसकी सासने उसके गालफूलेहुए देखकर और उसे अवाच्यहुआ जानकर रोगके सन्देहसे अपने पतिको बुलाके उसे दिखाया उसने भी देखकर किसी वैद्यको बुलाया वैद्यने आनकर उसके मुखको सूजाहुआ जानके उसके जावड़े चीरे तब इतने दुःखसे उसके मुखसे वह चांवल निकले यह देखकर सब लोग हँसने लगे इसप्रकारसे मूर्खलोग कुकार्य्य करते तो हैं परन्तु उसे छिपा नहीं सक्ते हैं अब मूर्ख बालकों की कथा सुनिये कुछेक अज्ञान बालक गौओं को दुहते देखकर एक गधी पकड़कर दुहनेलगे और सबके चित्तमें यह बात उत्पन्नहुई कि पहले मैं दूधपियूं पहले मैं दूध पीयूं परन्तु परिश्रम करनेपरभी उन्हें दूध नहीं मिला ठीकहै (अवस्तुनिकृतक्लेशो मूर्खाणामुपहास्यताम्) अवस्तुमें परिश्रम करनेसे मूर्खोंकी हँसी होती है अब एक अन्य मूर्खकी कथा सुनिये किसी ब्राह्मण ने सायंकालके समय अपने मूर्ख पुत्रसे कहा कि कल प्रातःकाल तुमको गांव जानाहोगा यह सुनकर वह अपने पितासे कार्य्यके विना पूछेही प्रातःकाल गांवकोगया और व्यर्थ श्रमकरके सायंकालको लौटकर अपने पितासे बोला कि मैं गांव होआया यह सुनके उसके पितानेकहा कि तुम्हारे जानेसे क्याकार्य्य सिद्धहुआ इसप्रकारसे मूर्खलोग व्यर्थ कार्य्य करके केवल दुःखही पाते हैं और कुछ कार्य्य सिद्ध नहीं होताहै इसी से संसारमें उनकी हँसी होती है गोमुखसे इन शिक्षायुत कथाओंको सुनकर नरवाहनदत्त प्रसन्नहोके रात्रि अधिक व्यतीतहुई जानकर अपने मित्रों समेत शयन स्थानमें गया ॥ १६४ ॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांशक्तियशोलम्बकेसप्तमस्तरंगः ७ ॥

इसके उपरान्त दूसरे दिन फिर रात्रिके समय शक्तियशा के लिये उत्कण्ठित नरवाहनदत्त से गोमुख यह कथा कहनेलगा कि किसी नगरमें देवशर्म्मा नाम एक ब्राह्मण रहताथा उसके देवदत्ता नाम बड़ी सुशील स्त्रीथी कुछ कालमें देवदत्ताके एकपुत्र उत्पन्नहुआ उसपुत्रके उत्पन्नहोनेसे दरिद्रीभी देवशर्म्माको एकबड़ी निधि मिलनेके समान प्रसन्नताहुई एकदिन सूतकके निवृत्तहोजाने पर वह स्त्री नदी स्नानकरनेकोगई और देवशर्म्मा उस बालककी रक्षाकरनेको घरमेंरहा इतनेही में राजाके यहांसे स्वस्तिवाचन करवानेके लिये एकचेरी उसके बुलाने कोआई तब वह एक नौलेको जिसे उसने बाल्यावस्थाहीसे पाला था बालककी रक्षाके लिये छोड़कर दक्षिणाके लोभसे चेरीके साथ राजाके यहां चलागया उसके चले जानेपर एक काला सर्प अकस्मात उस बालकके पासआया सर्पको देखकर नौलेने उसे मारडाला और क्षणभरके पीछेही देवशर्म्माको आते देखकर रुधिरसे भरेहुए मुखवाला वह नौला प्रसन्नतासे उसके पैरों पर लोटनेलगा देवशर्म्मा ने उस के मुखमें रुधिरभरा देखके यह जानकर कि यह मेरे बालकको मार

आयाहै उसे पत्थरसे कुचलकर मारडाला और भीतर जाकर बालकको सोताहुआ देखा और उसके पास ही नौलेका माराहुआ सर्प देखा यह देखकर उसके चित्तमें बड़ा दुःखहुआ और देवदत्ताने भी आके वह वृत्तान्त सुनके बहुत दुखित होके कहा कि तुमने विना विचारे उस उपकारी नौलेको क्यों मारडाला इस से हे स्वामी बुद्धिमान्को सहसा कोई कार्य्य न करडालना चाहिये सहसा कार्य्य करने से दोनों लोकों में दुःख होताहै और विधिपूर्व्वक कार्य्य न करनेसे उलटा फल होताहै जैसे कि किसीके शरीरमें वादीका रोगथा उसे वैद्यने औषध देकरकहा कि तुम घरमेंजाकर इनऔषधियोंकोपीसो मैंभी पीछेसे अभी आता हूं उसने घरमें जाकर वैद्यके आने में कुछ देर देखकर सब औषध पीसकर पीडालीं इस से वह व्याकुल होके मरनेसा लगा तब वैद्यने आके उसे वमनकराके स्वस्थकिया और कहा कि हे मूर्ख वस्तिकी औषधी गुदामें दीजाती है या पी जातीहै तुमने मेरी प्रतीक्षा क्यों नहीं की इसप्रकारसे इष्टवस्तुभी अविधिसेकाम में लानेके हेतुसे अनिष्टफल देती है इससे बुद्धिमान्को चाहिये कि विधिपूर्व्वक सब कामकरे १६ विना विचारे कार्य्य करनेवालोंकी निन्दाहोती है इसपरभी मैं आपको एक कथा सुनाताहूं कोई मूर्ख पुरुष अपने पुत्रको साथ लेकर परदेशको चला मार्गके किसी वनमें उसका पुत्र कुछ दूर उससे अलग चलागया वहां रीछोंने उसे फाड़खाया तब उसने अपने किसी प्रकारसे प्राण बचाकर अपने पिताके पास आकर कहा कि मुझे फल खानेवाले बड़े २ बालवाले जीवोंने काट खायाहै यह सुनकर उसका पिता खड्ग लेके वनमेंगया और वहां फल तोड़तेहुए बड़े २ बालवाले तपस्वियोंके मारनेको उद्यतहुआ यह देखकर किसी पथिकने उससे कहा कि मेरे आगेही रीछने तुम्हारे पुत्रको काटखायाहै इन निरपराध विचारे मुनियोंको तुम मतमारो उसके इसप्रकार कहनेसे वह उस महापातक से निवृत्तहुआ इससे विना विचारे कोई भी कार्य्य न करना चाहिये मनुष्यको सदैव बुद्धिपूर्व्वक कार्य्य करनाचाहिये नहीं तो लोकमें उपहासहोता है कि किसी निर्धन पुरुषने मार्गमें अशर्फियोंसे भरीहुई एक थैलीपाई इससे प्रसन्नहोके वह मूर्ख वहीं बैठकर गिननेलगा इतनेमें जिसकीवह थैलीगिरीथी वह याद करके वहांआया और अपनी थैली उससे लेगया इससे वह दरिद्री मूर्ख उदासीन होके अपने घर चलाआया इसप्रकारसे मूर्खलोग प्राप्तहुएभी धन को क्षणभरमें गमा देते हैं द्वितीयाके चन्द्रमाके देखनेकी इच्छाकरतेहुए किसी मूर्खसे किसी पुरुषने कहा कि देखो मेरी उंगलीके सन्मुख चन्द्रमाहै यह सुनकर वह मूर्ख आकाशमें न देखकर उसीकी उंगली में देखनेलगा उसकी इस मूर्खतापर लोग बहुत हँसे बुद्धिके द्वारा असाध्य कार्य्यभी सिद्धहोते हैं इस बात पर मैं आपको एककथा सुनाताहूं कोई स्त्री अकेली किसी गांवको चली मार्ग में उसे किसी बन्दरने आ-घेरा तब वह उस बन्दरसे बचनेके लिये एकवृक्षके इधर उधर घूमनेलगी यह देखकर उस मूर्ख बन्दर ने उस वृक्षको अपनी भुजाओंसे पकड़लिया उसकी इस मूर्खताको देखकर उसस्त्रीने उसके दोनों हाथपकड़ लिये इससे वह बन्दर पराधीन होकर अत्यन्त क्रोधितहुआ इतनेमें उसी मार्गसे आतेहुए किसी अहीर से उसस्त्रीने कहा कि हे महाभाग अगर तुम इस बन्दरके आकर हाथ पकड़लो तो मैं अपने वस्त्रसुधारलूं यह सुनकर उस अहीरने कहा कि तुम मेरे साथ रमणकरनेकोकहो तो मैं इसबन्दरके हाथ पकड़लूं उस

का चलना बन्दहोगया तब वहसर्प उसी शिरको बलवान् जानके उसी अंधेशिरकी ओर से चलने लगा इसीसे मार्गमें किसी जलतेहुए अग्निकुण्डमें गिरकर मरगया इस प्रकारसे जो कोई पुरुष गुणों का अन्तर नहीं जानते हैं वह हीनगुणके संगसे नष्टहोजातेहैं अब आप चांवल खानेवाले मूर्खकी कथा सुनिये कोई मूर्खपुरुष अपनी सुसरालगया था वहां उसने भात करनेके लिये रक्खेहुए चांवलोंमेंसे मुट्ठी भर चांवल मुखमेंभरलिये और उसीसमय सासके आजानेसे वह मूर्ख लज्जितहोके उनमुखके चांवलोंको न खासका और न डालसका इससे उसकी सासने उसके गालफूलेहुए देखकर और उसे अवाच्यहुआ जानकर रोगके सन्देहसे अपने पतिको बुलाके उसे दिखाया उसने भी देखकर किसी वैद्यको बुलाया वैद्यने आनकर उसके मुखको सूजाहुआ जानके उसके जावड़े चीरे तब इतने दुःखसे उसके मुखसे वह चांवल निकले यह देखकर सब लोग हँसने लगे इसप्रकारसे मूर्खलोग कुकार्य्य करते तो हैं परन्तु उसे छिपा नहीं सक्ते हैं अब मूर्ख बालकों की कथा सुनिये कुछेक अज्ञान बालक गौओं को दुहते देखकर एक गधी पकड़कर दुहनेलगे और सबके चित्तमें यह बात उत्पन्नहुई कि पहले मैं दूधपियूं पहले मैं दूध पीयूं परन्तु परिश्रम करनेपरभी उन्हें दूध नहीं मिला ठीकहै (अवस्तुनिकृतक्लेशो मूर्खो यात्यवहास्यताम्) अवस्तुमें परिश्रम करनेसे मूर्खोंकी हँसी होती है अब एक अन्य मूर्खकी कथा सुनिये किसी ब्राह्मण ने सायंकालके समय अपने मूर्ख पुत्रसे कहा कि कल प्रातःकाल तुमको गांव जानाहोगा यह सुनकर वह अपने पितासे कार्य्यके बिना पूछेही प्रातःकाल गांवकोगया और व्यर्थ श्रमकरके सायंकालको लौट-कर अपने पितासे बोला कि मैं गांव होआया यह सुनके उसके पिताने कहा कि तुम्हारे जानेसे क्याकार्य्य सिद्धहुआ इसप्रकारसे मूर्खलोग व्यर्थ कार्य्य करके केवल दुःखही पाते हैं और कुछ कार्य्य सिद्ध नहीं होताहै इसी से संसारमें उनकी हँसी होती है गोमुखसे इन शिक्षायुत कथाओंको सुनकर नरवाहनदत्त प्रसन्नहोके रात्रि अधिक व्यतीतहुई जानकर अपने मित्रों समेत शयन स्थानमें गया ॥ १६४ ॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांशक्तियशोलम्बकेसप्तमस्तरंगः ७ ॥

इसके उपरान्त दूसरे दिन फिर रात्रिके समय शक्तियशा के लिये उत्कण्ठित नरवाहनदत्त से गोमुख यह कथा कहनेलगा कि किसी नगरमें देवशर्म्मा नाम एक ब्राह्मण रहताथा उसके देवदत्ता नाम बड़ी सुशील स्त्रीथी कुछ कालमें देवदत्ताके एकपुत्र उत्पन्नहुआ उसपुत्रके उत्पन्नहोनेसे दरिद्रीभी देवशर्म्माको एकबड़ी निधि मिलनेके समान प्रसन्नताहुई एकदिन सूतकके निवृत्तहोजाने पर वह स्त्री नदी स्नानक-रनेकोगई और देवशर्म्मा उस बालककी रक्षाकरनेको घरमेंरहा इतनेही में राजाके यहांसे स्वस्तिवाचन करवानेके लिये एकचेरी उसके बुलानेकोआई तबवह एक नौलेको जिसे उसने बाल्यावस्थाहीसे पाला था बालककी रक्षाके लिये छोड़कर दक्षिणाके लोभसे चेरीके साथ राजाके यहां चलागया उसके चले जानेपर एक काला सर्प अकस्मात उस बालकके पासआया सर्पको देखकर नौलेने उसे मारडाला और क्षणभरके पीछेही देवशर्म्माको आते देखकर रुधिरसे भरेहुए मुखवाला वह नौला प्रसन्नतासे उसके पैरों पर लोटनेलगा देवशर्म्मा ने उस के मुखमें रुधिरभरा देखके यह जानकर कि यह मेरे बालकको मार

किसीप्रकारका भय मतकरना क्योंकि मैं कर्परके समान मूर्ख नहींहूं यह कहकर घट तपस्वीकासा भेष बनाके कर्पर (खपरा) में दही भातलेके पथिकके समान कर्परके शरीरकेपास गया और अकस्मात् गिरकर हाथसे उस खर्परको गिराकर हे अमृतसे भरेहुए खर्पर तुमकहांगये इत्यादि वचन कहकर रोने लगा रक्षकों ने उसकारुदन सुनकर यह जाना कि यह अपने खपरेकेलिये रोरहा है इससे कुछ उसके पकड़ने का विचार नहींकिया तदनन्तर घट क्षणभर शोककरके अपने घर चलाआया और राजपुत्रीके साथ आनन्द पूर्वकरहा दूसरेदिन अपने एक सेवकको स्त्रीकासाभेष वनाके और एक सेवकके शिरपर धतूरेमिलेहुए मिष्टान्नसे भराहुआ पात्ररखाके उनदोनों सेवकों को साथलेके सायंकालकेसमय मतवाले ग्रामीणकासा भेष वनाके जहां कर्पर का शरीर था वहीं जानिकला उसे देखकर रक्षकों ने पूछा कि हे भाई तुम कौनहो और यह स्त्री तुम्हारी कौनहै और कहां जातेहो यह सुनकर उसने कहा कि मैं ग्रामीण पुरुषहूं यह मेरी स्त्री है इसे लेकर मैं अपने श्वशुरके यहां जारहाहूं यह भोजन मेरेसाथहै जो आपचाहें तो आधा आप लोगखाय आधा मैं वहां लेजाऊँगा यह कहकर उसने वह मिष्टान्न निकालकर उन सब रक्षकोंको दिया उसके खातेही वह सब वेहोश होगये इससे रात्रिके समय कर्परके शरीरको जलाकर घट अपने घरको चलाआया प्रातःकाल राजाने यह खबरपाके उन मूर्ख सेवकों को निकालके अन्य सेवकोंको उसकी हड्डियों की रक्षाके निमित्त नियत करके कहा कि जो कोई इन हड्डियों को लेनेआवे उसे तुम पकड़कर हमारे पास लेआना और जो कोई तुम्हें कुछ खानेकोदे उसे कभी खानानहीं राजा की यह आज्ञापाके सेवक लोग रात्रि दिन वड़ी सावधानी से हड्डियोंकी रक्षा करनेलगे इस वृत्तान्तको सुनकर घट भगवती के मोहन मंत्रके जाननेवाले अपने मित्र संन्यासीको साथ लेकर कर्परके शरीरके पासगया और वहां उसके मंत्रके प्रभावसे रक्षकोंको मोहित कराके सब हड्डी वहांसे ले गंगाजीमें वहाके अपने घर आकर राजपुत्री के साथ सुख पूर्वक रहनेलगा राजाने इसवृत्तान्तको सुनकर जाना कि किसी योगीने यह सब कार्यकियाहै इससे उसने अपने सब नगरमें यह ढंढोरा पिटवाया कि जिस योगीने मेरी पुत्रीका हरण आदि सब विचित्र कर्म कियाहै वह मेरे पास आवे उसको मैं अपना आधा राज्यदूंगा इसढंढोरेको सुनके घटने राजाके पास जानाचाहा परन्तु राजपुत्री ने उसे न जानेदिया और उससे कहा कि छलकरके मारनेवाले इस राजापर तुम कभी विश्वास न करो उसके यह वचन सुनकर घटभेद खुलजाने के भयसे उस राजपुत्री तथा संन्यासीको साथ लेकर परदेशको चला मार्ग में राजपुत्री ने उस संन्यासी से एकान्तमें कहा कि पहले कर्परनाम चोरने मेरा धर्म नष्टकिया फिर उसके मरजानेपर यह मुझे लेआया इसपर मेरा कुछ स्नेह नहीं है इससे तुम मुझे स्वीकार करो यह कहके वह उस संन्यासी के साथ रमण करके घटको विषदेके मारकर उसी संन्यासी के साथचली मार्ग में रात्रिके समय एक धनदेव नाम वैश्य उसे मिला संन्यासी के सोजाने पर उससे वह राजपुत्री बोली कि इस अशुभ संन्यासीको लेकर मैं क्या करूंगी तुम मुझे स्वीकार करो यह कहकर वह उस सोतेहुए संन्यासी को त्यागकर उस वैश्यके साथ चलीगई प्रातःकाल उस संन्यासी ने राजपुत्रीको न देखकर भार्गा

ने कहा कि बहुत अच्छा तुम इसबन्दरके हाथोंको पकड़ो मैं तुम्हारेसाथ रमण करूंगी यह कहकर उसने उस बन्दरके हाथ पकड़ाकर चक्कू निकालकर उसबन्दरको मारडाला और उस अहीर से कहा कि चलो एकान्त में चलें यह कहकर वह बहुत दूर अपने साथ उसे लेगई और जिस गांवको वह जाना चाहतीथी उसी गांव के रहनेवाले कुछ पुरुषों से मिलकर अपने गांवको चलीगई इसप्रकारसे उस स्त्री ने बुद्धिके द्वारा अपने धर्म्म की रक्षा करी इससे इस संसार में बुद्धिही मुख्य वस्तुहै चाहै धनका दरिद्री जीजाय परन्तु बुद्धिका दरिद्री नहीं जीसक्ता अब हे स्वामी एकविचित्र कथा मैं आपको सुनाताहूं किसी नगर में घट और कर्परनाम दो चोर रहतेथे एकसमय रात्रि में कर्परघटको बाहर बैठाल के राजकन्याके महल में सेंधलगाकर गया वहां उसी समय जगीहुई राजकन्या ने उस कोने में खड़ाहुआ देखकर काम से व्याकुलहोके उसी के साथ रमण किया और धन देके उससे कहा कि जो तुम फिर मेरे यहां आओगे तो मैं बहुतसा धन तुमकोदूंगी तब कर्पर बाहर निकलकर घटको सबधन देके और उससे सब वृत्तान्त कहके फिरराजकन्याके पासगया ठीकहै (आकृष्टःकामलोभाभ्यांमपायंकोहिपश्यति) काम तथालोभ के वशीभूत हुआ कौन मनुष्य परिणामको देखताहै वहां राजपुत्रीके पासजाकर कर्परराजपुत्री के साथ फिर रमणकरके थककर उसीके पास सोगया और सोतेहीं सोते सबरात्रि व्यतीतहोगई प्रातःकाल पुर के रक्षक राजपुत्रीके मंदिरमें सेंध देखके भीतरजाकर कर्परको बांधके राजाकेपास लेगये राजाने क्रोध करके उसे फांसीकी आज्ञादीनी जब उसे राजाकेलोग मारनेके लिये लेचले तो मार्गमें मिलेहुए घटसे कर्परने एकइशारा करके कहा कि राजपुत्रीको राजमन्दिरसे लाकर अपने यहां रखलेना उसका आशय जानकर घटने भी इशारेसे कहदिया कि अच्छा मैं लेआऊंगा तदनन्तर बधिकोंने उसे लेजाके वृक्ष पर फांसीमें लटकाकर मारडाला और रात्रिके समय घटने अपनेघरसे राजपुत्रीके महलतक सुरंगखोद कर राजपुत्रीके महलमेंजाके बन्धनमें पड़ीहुई राजपुत्रीसे कहा कि तुम्हारेलिये जो आज कर्पर मारा गयाहै उसका मित्र मैं घटहूं उसीके वचनोंके अनुसार मैं तुमको लेनेके निमित्त यहां आयाहूं इससे तुम मेरे साथचलो यह सुनकर राजपुत्री प्रसन्नहोके उसके साथ चलनेको उद्यतहोगई तब घट उसकेबन्धन खोलके सुरंग के द्वारा उसे अपनेघर लेआया प्रातःकाल राजाने अपनी कन्याके कहीं चलेजाने का वृत्तान्त सुनकर शोचा कि उसपापी चोरका कोई साहसी मित्र अवश्यहै वही मेरी पुत्रीको हरलेगयाहै यह शोचकर राजाने कर्परके शरीरकी रक्षा करनेके लिये अपने सेवकोंको नियतकरदिया और उनसे कहदिया कि जो कोई पुरुष यहां शोककरके इसका दाहादिक करनेको आवे उसे बांधकर हमारेपासले आना उसीसे कुलमें दाग लगानेवाली उस कुलटापुत्रीका पतालगेगा राजाकी यह आज्ञापाकर सेवक लोग रात्रि दिन कर्परके शरीरकी रक्षा करनेलगे घटने इसबातको जानकर राजपुत्रीसे कहा कि हे प्रिये कर्पर मेरा बड़ा प्रियमित्रथा उसीके उद्योगसे अनेक प्रकारके रत्नोंसमेत तुम मुझको प्राप्तहुई हो उसके स्नेह से विना अनृणहुए मेरे चित्तको शान्तिनहोगी इससे मैं युक्तिपूर्वक उसकेपास जाकर उसका शोककरूंगा और उसके शरीर को जलाके उसकी हड्डियां किसी तीर्थमें डालूंगा और इसबातकर तुम

किसीप्रकारका भय मतकरना क्योंकि मैं कर्परके समान मूर्ख नहीं हूं यह कहकर घट तपस्वीकासा भेष वनाके कर्पर (खपरा) में दही भातलेके पथिकके समान कर्परके शरीरकेपास गया और अकस्मात् गिरकर हाथसे उस खर्परको गिराकर हे अमृतसे भरेहुए खर्पर तुमकहांगये इत्यादि वचन कहकर रोने लगा रक्षकों ने उसकारुदन सुनकर यह जाना कि यहअपने खपरेकेलिये रोरहा है इससे कुछ उसके पकड़ने का विचार नहींकिया तदनन्तर घट क्षणभर शोककरके अपने घर चलाआया और राजपुत्रीके साथ आनन्द पूर्वकरहा दूसरे दिन अपने एक सेवकको स्त्रीकासाभेष बनाके और एक सेवकके शिरपर धतूरेमिलेहुए मिष्टान्नसे भराहुआ पात्ररखाके उनदोनों सेवकों को साथलेके सायंकालकेसमय मतवाले ग्रामीणकासा भेष बनाके जहां कर्पर का शरीर था वहीं जानिकला उसे देखकर रक्षकों ने पूछा कि हे भाई तुम कौनहो और यह स्त्री तुम्हारी कौनहै और कहां जातेहो यह सुनकर उसने कहा कि मैं ग्रामीण पुरुषहूं यह मेरी स्त्री है इसे लेकर मैं अपने श्वशुरके यहां जारहाहूं यह भोजन मेरेसाथहै जो आपचाहैं तो आधा आप लोगखांय आधा मैं वहां लेजाऊँगा यह कहकर उसने वह मिष्टान्न निकालकर उन सब रक्षकोंको दिया उसके खातेही वह सब वेहोश होगये इससे रात्रिके समय कर्परके शरीरको जलाकर घट अपने घरको चलाआया प्रातःकाल राजाने यह खबरपाके उन मूर्ख सेवकों को निकालके अन्य सेवकोंको उसकी हड्डियों की रक्षाके निमित्त नियत करके कहा कि जो कोई इन हड्डियों को लेनेआवे उसे तुम पकड़कर हमारे पास लेआना और जो कोई तुम्हें कुछ खानेकोदे उसे कभी खानानहीं राजा की यह आज्ञापाके सेवक लोग रात्रि दिन बड़ी सावधानी से हड्डियोंकी रक्षा करनेलगे इस वृत्तान्तको सुनकर घट भगवती के मोहन मंत्रके जाननेवाले अपने मित्र संन्यासीको साथ लेकर कर्परके शरीरके पासगया और वहां उसके मंत्रके प्रभावसे रक्षकोंको मोहित कराके सब हड्डी वहांसे ले गंगाजीमें वहाके अपने घर आकर राजपुत्री के साथ सुख पूर्वक रहनेलगा राजाने इसवृत्तान्तको सुनकर जाना कि किसी योगीने यह सब कार्यकियाहै इससे उसने अपने सब नगरमें यह ढंढोरा पिटवाया कि जिस योगीने मेरी पुत्रीका हरण आदि सब विचित्र कर्म कियाहै वह मेरे पास आवे उसको मैं अपना आधा राज्यदूंगा इसढंढोरेको सुनके घटने राजाके पास जानाचाहा परन्तु राजपुत्री ने उसे न जानेदिया और उससे कहा कि छलकरके मारनेवाले इस राजापर तुम कभी विश्वास न करो उसके यह वचन सुनकर घटभेद खुलजाने के भयसे उस राजपुत्री तथा संन्यासीको साथ लेकर परदेशको चला मार्ग में राजपुत्री ने उस संन्यासी से एकान्तमें कहा कि पहले कर्परनाम चोरने मेरा धर्म नष्टकिया फिर उसके मरजानेपर यह मुझे लेआया इसपर मेरा कुछ स्नेह नहीं है इससे तुम मुझे स्वीकार करो यह कहके वह उस संन्यासी के साथ रमण करके घटको विषदेके मारकर उसी संन्यासी के साथचली मार्ग में रात्रिके समय एक धनदेव नाम वैश्य उसे मिला संन्यासी के सोजाने पर उससे वह राजपुत्री बोली कि इस अशुभ संन्यासीको लेकर मैं क्या करूंगी तुम मुझे स्वीकार करो यह कहकर वह उस सोतेहुए संन्यासी को त्यागकर उस वैश्यके साथ चलीगई प्रातःकाल उस संन्यासी ने राजपुत्रीको न देखकर भार्गा

ने कहा कि बहुत अच्छा तुम इसबन्दरके हाथोंको पकड़ो मैं तुम्हारेसाथ रमण करूंगी यह कहकर उसने उस बन्दरके हाथ पकड़ करि, चक्कू निकालकर उसबन्दरको मारडाला और उस अहीर से कहा कि चलो एकान्त में चलें यह कहकर वह बहुत दूर अपने साथ उसे लेगई और जिस गांवको वह जाना चाहतीथी उसी गांव के रहनेवाले कुछ पुरुषों से मिलकर अपने गांवको चलीगई इसप्रकारसे उस स्त्री ने बुद्धिके द्वारा अपने धर्म्म की रक्षा करी इससे इस संसार में बुद्धिही मुख्यवस्तुहै चाहै धनका दरिद्री जीजाय परन्तु बुद्धिका दरिद्री नहीं जीसक्ता अब हे स्वामी एकविचित्रकथा मैं आपको सुनाताहूं किसी नगर में घट और कर्परनाम दो चोर रहतेथे एकसमय रात्रि में कर्परघटको बाहर बैठाल के राजकन्याके महल में सेंधलगाकर गया वहां उसी समय जगीहुई राजकन्या ने उस कोने में खड़ाहुआ देखकर काम से व्याकुलहोके उसी के साथ रमण किया और धन्न देके उससे कहा कि जो तुम फिर मेरे यहां आओगे तो मैं बहुतसा धन तुमकोदूंगी तब कर्पर बाहर निकलकर घटको सबधन देके और उससे सब वृत्तान्त कहके फिरराजकन्याके पासगया ठीकहै (आकृष्टःकामलोभाभ्यामपायंकोहिपश्यति) काम तथालोभ के वशीभूत हुआ कौन मनुष्य परिणामको देखताहै वहां राजपुत्रीके पासजाकर कर्परराजपुत्री के साथ फिर रमणकरके थककर उसीके पास सोगया और सोतेहीं सोते सबरात्रिव्यतीतहोगई प्रातःकाल पुर के रक्षक राजपुत्रीके मंदिरमें सेंध देखके भीतरजाकर कर्परको बांधके राजाकेपास लेगये राजाने क्रोध करके उसे फांसीकी आज्ञादीनी जब उसे राजाकेलोग मारनेके लिये लेचले तो मार्गमें मिलेहुए घटसे कर्परने एकइशारा करके कहा कि राजपुत्रीको राजमन्दिरसे लाकर अपने यहां रखलेना उसका आशयजानकर घटने भी इशारेसे कहदिया कि अच्छा मैं लेआऊंगा तदनन्तर वधिकोंने उसे लेजाके वृक्ष पर फांसीमें लटकाकर मारडाला और रात्रिके समय घटने अपनेघरसे राजपुत्रीके महलतक सुरंगखोद कर राजपुत्रीके महलमेंजाके बन्धनमें पड़ीहुई राजपुत्रीसे कहा कि तुम्हारेलिये जो आज कर्पर मारा गयाहै उसका मित्र मैं घटहूं उसीके वचनोंके अनुसार मैं तुमको लेनेके निमित्त यहां आयाहूं इससे तुम मेरे साथचलो यह सुनकर राजपुत्री प्रसन्नहोके उसके साथ चलनेको उद्यतहोगई तब घट उसकेबन्धन खोलके सुरंग के द्वारा उसे अपनेघर लेआया प्रातःकाल राजाने अपनी कन्याके कहीं चलेजाने का वृत्तान्त सुनकर शोचा कि उसपापी चोरका कोई साहसी मित्र अवश्यहै वही मेरी पुत्रीको हरलेगयाहै यह शोचकर राजाने कर्परके शरीरकी रक्षा करनेके लिये अपने सेवकोंको नियतकरदिया और उनसे कह दिया कि जो कोई पुरुष यहां शोककरके इसका दाहादिक करनेको आवे उसे बांधकर हमारेपासले आना उसीसे कुलमें दाग लगानेवाली उस कुलटापुत्रीका पतालगेगा राजाकी यह आज्ञापाकर सेवक लोग रात्रि दिन कर्परके शरीरकी रक्षा करनेलगे घटने इसबातको जानकर राजपुत्रीसे कहा कि हे प्रिये कर्पर मेरा बड़ा प्रियमित्रथा उसीके उद्योगसे अनेक प्रकारके रत्नोंसमेत तुम मुझको प्राप्तहुई हो उसके स्नेह से बिना अनृणहुए मेरे चित्तको शान्तिनहोगी इससे मैं युक्तिपूर्व्वक उसकेपास जाकर उसका शोककरूंगा और उसके शरीर को जलाके उसकी हड्डियां किसी तीर्थमें डालूंगा और इसबातका तुम

यहवचनसुनकर रुद्रसोम उससे कम्वल तथा लाठीलेके उसीकासाभेप बनाकर वहां बैठगया और वहअहीर धनदेवको साथ लेके कुछदूरपर अलग जाबैठा तदनन्तर दासी ने वहांआकर अन्धकार में रुद्रसोमको न पहचानके गोपालही जानके स्त्रियोंके वस्त्र पहनाकर उसे उसीके मकानमें लेगई वहां उसकी स्त्री ने उसे गोपजानकर उठके उसका आलिंगनकिया यह देखकर रुद्रसोमने शोचा कि दुष्टस्त्रियां निकटवर्ती नीचपरभी अनुरक्त होजाती हैं देखो यहपापिन पड़ोसी गोपके ऊपरभी अनुरक्तहोगई यह शोचकर वह कुछ वहानाकरके धनदेवके पासचलाआया और उससे अपने यहांका सम्पूर्ण वृत्तांत कहकरउसीकेसाथ वनको चला मार्गमें धनदेवका मित्र शशिमिला वह शशिप्रसंगसे उनदोनोंका वृत्तांत सुनकर तहखाने में भी वंदकीहुई अपनीस्त्रीपर संदेह युक्तहुआ क्योंकि वह भी वहुतदिनोंकेउपरांत परदेशसे आयाथा उन दोनों मित्रोंके साथ वह शशि सायंकालके समय अपने ग्राममें पहुंचा वहां कुष्ठसे गलेहुए हाथ पैर तथा नखवाले एक पुरुषको शृंगारकरके गाते देखके शशिने उससे पूछा कि तुम कौनहो उसने कहा कि मैं कामदेवहूं यह सुनकर शशिने कहा कि इसमें क्या सन्देहहै तुम्हारारूपही कहेदेताहै कि तुम कामदेवहो यह सुनकर वह कुष्ठी फिर बोला कि इसग्रामका रहनेवाला एक शशिनामधूर्त्त ईर्ष्यासे अपनी स्त्रीको तहखानेमें वन्दकरके एकदासी उसके पास रखकर परदेशको चलागयाहै उसकी स्त्रीने मुझपर अनुरक्तहोकर अपना शरीर मुझे अर्पण करदियाहै उसकी दासीनित्य यहां आके मुझे अपनी पीठपर चढ़ाके उसके पास लेजाती है इससे वताओ मैं कामदेवसचाहूं कि नहीं क्योंकि कामदेवके विना शशिकी महारूपवती स्त्री किससे भोगकरसक्ती है यहसुनकर शशिने अपने दुःखको रोककर कहा कि सत्य २ तुम कामहीहो मैं एक वात तुमसे मांगताहूं कि तुमसे उस स्त्रीकी प्रशंसा सुनकर मेरा भी चित्त उस स्त्रीपर चलायमान हुआहै इससे तुम अपनासाभेप वनाकर मुझे आज उसके पास जानेदो इसमें तुम्हारी कोई हानिभी नहीं है शशिके यहवचन सुनके उस कुष्ठी ने कहा कि अच्छा तुम मेरासा भेपवनाके लत्तोंसे हाथपैर वांधकर यहां वैठो जव खूव अन्धकार होजायगा तव उसकी दासी तुमको अपनी पीठपर चढ़ाके वहां लेजायगी मैं पैरोंसेचल नहीं सक्ताहूं इसीसे रोज उसीकी पीठपरचढ़के वहां जाताहूं उस कुष्ठीके यह वचन सुनकर वह शशि उसीकासारूप वनाकर वहां वैठगया और वह कुष्ठी उसके दोनों मित्रोंको साथ लेकर वहांसे कुछ दूर एकस्थान में जावैठा इसके उपरान्त कुछ रात्रि व्यतीतहोजानेपर दासी वहां आकर शशिको कुष्ठीही जानके उसको अपनी पीठपर चढ़ाके उसकी स्त्रीके पास लेगई वहां अन्धकार में शशिने शरीरके स्पर्शसे अपनी स्त्रीको पहचानकर अपने चित्तमें वड़ा खेदकिया और जव वह सोगई तव उठके अपने मित्रोंके पास चलाआया वहां आके उसने अपने मित्रों से कहा कि स्त्रियां दूरहीसे मनोहरहोती हैं नीचके साथ संसर्गकरनेमें इनको जराभी ग्लानि नहीं होती है यह वहुत थोड़ीसीही वातोंमें परायेआधीन होजाती हैं इससे इनकी रक्षाकरना अशक्यहै देखो तहखानेमें भी वन्द मेरीस्त्री इस कुष्ठीसे अनुरक्तहोगई इससे मैं भी तुम्हारे साथ वनहीको चलूंगा घरमें अव क्याहै यह कहकर वह रात्रिभर उनदोनोंके साथ वहींरहा और प्रातःकाल उन्हींके साथ वनकोचला मार्ग

हुई जानके यह शोचा कि ( नस्नेहोस्तिनदाक्षिण्यं स्त्रीष्विहोचापलादृते ) स्त्रियोंमें चपलताके सिवाय न स्नेह होताहै न सुशीलता होतीहै देखो यह पापिन मुझे विश्वास देकर भी सबधन लेकर भागगई अथवा यही बड़ा लाभहै कि जो उसने घटके समान मुझे भी नहीं मारडाला यह शोचकर वह संन्यासी अपने देशको चलागया और राजपुत्रीभी धनदेवके साथ उसके देशमें पहुँची वहां धनदेव यह शोच कर कि मैं इसपुंश्चलीको घर क्योंलेजाऊं सायंकाल के समय एक वृद्धास्त्री के घरगया और उस वृद्धा के यहां ठहरकर रात्रिके समय उससे बोला कि हे अम्ब तुम धनदेव वैश्यके घरकी कोई बात जानती हो यह सुनकर उसने कहा कि उसके यहां की बात क्या पूछतेहो उसकी स्त्री नित्य नवीन पुरुष के साथ रमण करती है एक चमड़ेकी पिटारी रस्सी में बंधीहुई उसकी खिड़की में लटका करती है उस पिटारीमें रात्रिके समय जो कोई पुरुष बैठजाय उसीको वह खैंचकर भीतर बुलालेती है और उसकेसाथ रमण करके पिछली रातमें उसको निकाल देती है वह मद्यसे ऐसी उन्मत्त रहती है कि ऊंच नीचका उसको जराभी विचार नहीं रहताहै उसका यह दुराचार सम्पूर्ण नगरमें प्रसिद्ध होगयाहै उसके पतिको गयेहुए बहुतदिन व्यतीत होगए हैं परन्तु अभीतक वह नहीं लौटा उस वृद्धाके यह वचनसुनकर वह वैश्य सन्देह युक्तहोकर अपने घरके निकटगया और वहां पिटारी लटकती हुई देखकर उसमें बैठगया उसे बैठादेखकर दासियोंने रस्सीखैंचकर उसे ऊपर चढ़ालिया वहां उसकी मदान्ध स्त्री ने आलिंगनकरके उसको शय्यापर लिटालिया उसके इस दुराचार को देखकर आलिंगन तथा चुम्बनादि करनेपर भी धन देवको रमण करनेकी इच्छा नहींहुई और वह स्त्री उन्मत्त होकर सोगई पिछली रातको दासियोंने उसे उसी पिटारी में बैठाकर उतारदिया तब उसने शोचा कि मुझे अब घरसे क्या प्रयोजनहै क्योंकि घरका मुख्य बन्धन स्त्री होतीहै और उसकी यहदशा है इससे मुझे अब बनजाना चाहिये यह शोचकर धनदेव उस राजकन्याको भी छोड़कर वनको चला १०६ मार्ग में बहुत दिनके पीछे परदेश से लौटेहुए रुद्रसोमनाम ब्राह्मण के साथ धनदेवकी मित्रताहोगई रुद्रसोम धनदेवका सम्पूर्ण वृत्तान्त सुनकर अपनी स्त्री पर सन्देह युक्त होकर उसीके साथ सायंकालके समय अपने ग्राम में पहुंचा वहां उसने नदीके तट पर अपने घरके निकट एक उन्मत्त अहीरको गाते देखकर उससे पूंछा कि हे गोपाल क्या कोई तरुणी स्त्री तुम्हारे ऊपर अनुराग युक्त होगई है जिससे तुम संसारको तृणके समान जानके उसके उत्साह में ऐसे मदोन्मत्तहोगये हो यह सुनकर वह हँसकर बोला कि सुनो इसमें छिपानेही की क्या बातहै इस गांवके स्वामी बहुत दिनोंसे परदेशगयेहुए रुद्रसोमनाम ब्राह्मणकी स्त्रीसे मैं नित्यभोग किया करताहूं उसकीदासी मुझे स्त्रीकासाभेष बनाकर उसकेपास लेजाती है उसगोपालके यहवचन सुनकर रुद्रसोमने तत्त्वजाननेकी इच्छासे अपने क्रोधको रोककर उससेकहा कि मैं तुम्हारा अतिथिहूं इससे अपनाभेष मुझे देदो तो आज तुम्हारेबदले मैंही उससे भोगकरके आनन्दभोगूं यहसुनकर उसनेकहा अच्छा तुम मेरा यह कालाकम्बल ओढ़के लाठीलेके यहां बैठो थोड़ीदेरमें उसकीदासी आकर तुमको मुझेही जानकर स्त्रीकासाभेष बनाकर उसकेपास लेजायगी आजकी रात्रि तुमहीं आनन्दकरो मैं विश्रामकरूंगा उस गोपालके

यहवचनसुनकर रुद्रसोम उससे कम्बल तथा लाठीलेके उसीकासाभेष बनाकर वहां बैठगया और वहअहीर धनदेवको साथ लेके कुछदूरपर अलग जाबैठा तदनन्तर दासी ने वहांआकर अन्धकार में रुद्रसोमको न पहचानके गोपालही जानके स्त्रियोंके वस्त्र पहनाकर उसे उसीके मकानमें लेगई वहां उसकी स्त्रीने उसे गोपजानकर उठके उसका आलिंगनकिया यह देखकर रुद्रसोमने शोचा कि दुष्टस्त्रियां निकटवर्त्ती नीचपरभी अनुरक्त होजाती हैं देखो यहपापिन पड़ोसी गोपके ऊपरभी अनुरक्तहोगई यह शोचकर वह कुछ वहानाकरके धनदेवके पासचलाआया और उससे अपने यहांका सम्पूर्ण वृत्तांत कहकर उसीकेसाथ वनको चला मार्गमें धनदेवका मित्र शशिमिला वह शशिप्रसंगसे उनदोनोंका वृत्तांत सुनकर तहखाने में भी बंदकीहुई अपनी स्त्री पर संदेह युक्तहुआ क्योंकि वह भी बहुतदिनोंके उपरांत परदेशसे आयाथा उन दोनों मित्रोंके साथ वह शशि सायंकालके समय अपने ग्राममें पहुंचा वहां कुष्ठसे गलेहुए हाथ पैर तथा नखवाले एक पुरुषको शृंगारकरके गाते देखके शशिने उससे पूछा कि तुम कौनहो उसने कहा कि मैं कामदेवहूं यह सुनकर शशिने कहा कि इसमें क्या सन्देहहै तुम्हारारूपही कहेदेताहै कि तुम कामदेवहो यह सुनकर वह कुष्ठी फिर बोला कि इसग्रामका रहनेवाला एक शशिनामधूर्त्त ईर्ष्यासे अपनी स्त्रीको तहखानेमें बन्दकरके एकदासी उसके पास रखकर परदेशको चलागयाहै उसकी स्त्रीने मुझपर अनुरक्तहोकर अपना शरीर मुझे अर्पण करदियाहै उसकी दासीनित्य यहां आके मुझे अपनी पीठपर चढ़ाके उसके पास लेजाती है इससे बताओ मैं कामदेवसचाहूं कि नहीं क्योंकि कामदेवके विना शशिकी महारूपवती स्त्री किससे भोगकरसक्ती है यहसुनकर शशिने अपने दुःखको रोककर कहा कि सत्य २ तुम कामहीहो मैं एक बात तुमसे मांगताहूं कि तुमसे उस स्त्रीकी प्रशंसा सुनकर मेरा भी चित्त उस स्त्रीपर चलायमान हुआहै इससे तुम अपनासाभेष बनाकर मुझे आज उसके पास जानेदो इसमें तुम्हारी कोई हानिभी नहीं है शशिके यहवचन सुनके उस कुष्ठी ने कहा कि अच्छा तुम मेरासा भेषबनाके लत्तोंसे हाथपैर बांधकर यहां बैठो जब खूब अन्धकार होजायगा तब उसकी दासी तुमको अपनी पीठपर चढ़ाके वहां लेजायगी मैं पैरोंसेचल नहीं सक्ताहूं इसीसे रोज उसीकी पीठपरचढ़के वहां जाताहूं उस कुष्ठीके यह वचन सुनकर वह शशि उसीकासारूप बनाकर वहां बैठगया और वह कुष्ठी उसके दोनों मित्रोंको साथ लेकर वहांसे कुछ दूर एकस्थान में जाबैठा इसके उपरान्त कुछ रात्रि व्यतीतहोजानेपर दासी वहां आकर शशिको कुष्ठीही जानके उसको अपनी पीठपर चढ़ाके उसकी स्त्रीके पास लेगई वहां अन्धकार में शशिने शरीरके स्पर्शसे अपनी स्त्रीको पहचानकर अपने चित्तमें बड़ा खेदकिया और जब वह सोगई तब उठके अपने मित्रोंके पास चलाआया वहां आके उसने अपने मित्रों से कहा कि स्त्रियां दूरहीसे मनोहरहोती हैं नीचके साथ संसर्गकरनेमें इनको जराभी ग्लानि नहीं होती है यह बहुत थोड़ीसीही बातोंमें परायेआधीन होजाती हैं इससे इनकी रक्षाकरना असाध्यहै देखो तहखानेमें भी बन्द मेरीस्त्री इस कुष्ठीसे अनुरक्तहोगई इससे मैं भी तुम्हारे साथ वनहीको चलूंगा घरमें अब क्याहै यह कहकर वह रात्रिभर उनदोनोंके साथ वहांरहा और प्रातःकाल उन्हींके साथ वनकोचला मार्ग

में चलते २ सायंकालके समय वहतीनों एक बावड़ीके किनारे किसी वृक्षकेनीचे पहुंचे और उसीबावड़ीमें स्नानकर कुछफल खाके उसी वृक्षपर चढ़के बैठे इतनेमें उनतीनोंने देखा कि कोईपथिक आकर उसवृक्ष के नीचे लेटा और क्षणभरमेंही एकपुरुष उस बावड़ीमेंसे निकलकर अपने मुखसे स्त्रीसमेत एक पलँग निकालके स्त्रीके साथ भोगविलास करके उसी पलँगपर सोगया उसके सोजानेपर उसस्त्रीने वहांसे उठ के उस सोतेहुए पथिकको जगाकर उसीके साथ रमणकिया रति करनेकेपीछे उस पथिकने उसस्त्री से पूछा कि तुम दोनों कौनहो यह सुनकर उसने कहा कि यह नागहै और मैं उसकी स्त्रीहूं तुमहरो मंत में निन्नानवे पुरुषोंके साथ इसीप्रकारसे भोग करचुकीहूं आज तुम्हारे साथ भोग करनेसे सकड़ापूर्णहुआ उन दोनोंके इस वार्तालापको सुनके उस सर्पने जगकर उनदोनोंको अपने मुखके फूत्कारसे भस्मकरदिया इस प्रकार उन दोनोंको जलाकर उस सर्पके चलेजानेपर वह तीनों मित्र आपसमें कहने लगे कि जब शरीरके भीतरभी रक्खीहुई स्त्रियां कुकर्मिणी होजातीहैं तो घरमें जो स्त्रियां रहती हैं उनकी क्या गणनाहै इन चपल स्त्रियोंको सर्वथा धिक्कारहै इसप्रकार अनेक वार्त्तालाप करके वह तीनों रात्रिको वहां व्यतीत करके प्रातःकाल तपोवनमें जाके योगाभ्यासके द्वारा चित्तको स्थिरकरके संपूर्ण प्राणियोंपर समदृष्टिहोके समाधिमें निरुपम आनन्दका अनुभव करके तमोगुणसे रहितहोके मोक्षपदवी को प्राप्तहुए और उनकी स्त्रियां अपने पापोंके प्रभावसे अत्यन्त क्लेशयुक्त होकर नष्टहोगईं इस प्रकार से मोहके द्वारा स्त्रियों में उत्पन्न हुआ अनुराग किसको दुखदायी नहीं होता है और इन्हीं स्त्रियों का त्याग करनेसे मोक्ष प्राप्तहोती है गोमुखसे इस कथा को सुनकर शक्तियशाके लिये उत्कंठित नरवाहनदत्त निद्राको प्राप्तहुआ १६४॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांशक्तियशोलम्बकेअष्टमस्तरंगः ८॥

इसके उपरांत फिर दूसरेदिन रात्रिके समय नरवाहनदत्तका चित्त प्रसन्न करने के लिये गोमुख यह कथा कहने लगा कि किसी नगरमें एक धनवान् वैश्यका परमदयालु पुत्रथा उसकी माता मरगई थी इससे उसके पिताने अन्य स्त्रीमें आशक्तहोके उसी स्त्रीके कहने से उसपुत्रको उसकी स्त्रीसमेत अपने घरसे निकाल दिया और उसके छोटेभाई को भी उसीके साथ करदिया मार्ग में उसने अपने भाई को शान्तचित्त न देखकर अपने साथसे छोड़ दिया और क्रमसे चलते २ जल तथा वृक्षोंसे रहित मरुदेश के जंगलमें वह पहुँचा वहां उसने सात दिनतक अपनी स्त्रीको अपना मांस तथा रुधिरपिलाकर रक्षा की और उस पापिनने उसका रुधिर पीना तथा मांसखाना अंगीकार किया आठवेंदिन वह एक शीतलजल युक्त पहाड़ी नदीवाले और फल पुष्प तथा सघनवृक्षवाले वनमें पहुँचा वहां वह अपनी स्त्री को फल खिलाके तथा शीतलजल पिलाके उसी पहाड़ीनदीमें स्नान करनेको उतरा उसी नदी में एक पुरुष जिसके चारों हाथपैर कटेहुएथे बहताहुआ चलाजाताथा उसे देखकर बहुत दिनसे उपवासकरने वाले उस दयालु वैश्यने नदी में तैरकर उसे निकाल लिया और किनारेपर उसे बैठालकर उससे पूछा कि हे भाई तुम्हारी ऐसी दशा किसनेकीहै यह सुनकर उसने कहा कि मेरे शत्रुओंने मेरे हाथपैर काट

कर मुझे नदी में डालदियाथा कि जिससे मैं क्लेशपाकर मरूं परन्तु आपने डूबतेहुए मेरे प्राण रखलिये उसके यह वचन सुनके वह कृपालु वणिकपुत्र उसके शरीर में पट्टी बांधके और उसको भोजन कराके आपभी उसी नदीमें स्नानकरके फल मूलखाके वहीं रहा और वहीं रहकर तप करनेलगा कुछ काल के उपरान्त उस घायल पुरुषके जब घाव भरआये तब एक दिन जब वह वैश्यका दयालु पुत्र फलमूल लेनेको गया तब उसकीस्त्रीने कामातुरहोके उस हाथपैर रहित रुण्डपुरुषके साथ रमण किया और उस- सेही सलाह करके अपने पतिके मारनेकी इच्छाकरी दूसरे दिन उसने रोगका वहाना करके अपनेपति से कहा कि यह जो नदी में गढ़ाहै इसमें जो यह औषध दूरसे दिखाई देती है इस से मेरारोग दूरहोगा जो आप इसेलादें तो मेरे प्राणबचें यह बात स्वप्नमें मुझसे एक देवताने कही है यह सुनकर वह कृपा- लु किसी वृक्षमें रस्सी बांधके उस रस्सीके सहारे उसगढ़े में उतरा और उतरतेही उसकी स्त्रीने वहरस्सी तोड़दी इससे वह उसनदीके गढ़े में गिरकर वहते २ अपने पुण्योंके प्रभावसे किसी नगरके निकट नदीके किनारे लगगया और जलके वहनेके श्रमसे व्याकुलहोकर किसी वृक्षके नीचे अपनी स्त्रीके आचरणका ध्यान करताहुआ विश्राम करनेलगा उससमय उस देशका राजा मरगयाथा राजाके मरनेपर उसदेशकी यह सनातन रीतिथी कि मंगलनाम हाथी फिरते २ जिसको अपनी सूंड़से उठाके अपनी पीठपर चढ़ाले वही राजा कियाजाताथा दैवयोगसे उसमंगलनाम हाथी ने भ्रमणकरते २ उसदयालु वैश्यपुत्रके पास आके उस को अपनी सूंड़से उठाके अपनी पीठपरचढ़ालिया इससे सब नगरनिवासियोंने उसे लेजाकर राज्यदेदिया तब राज्यकोपाकर वह दयालु वैश्य चपल स्त्रियोंका संसर्गछोड़के दया तथा क्षमारूपी पवित्रस्त्रियोंकेसाथ धर्म से राज्यका पालनकरनेलगा इसवीचमें उसकी स्त्री उसे नदी में डूबकर मराजानके निश्शंक होके उस हाथ पैररहित रुण्डपुरुषको अपनी पीठपरचढ़ाके इधर उधर घूमनेलगी और यह कहकर भिक्षामांगने लगी कि शत्रुओं ने मेरे इस पतिके हाथ पैरकाटडाले और मैं पतिव्रताहूं इससे इसको पीठपरचढ़ाये डो- लतीहूं और भिक्षा मांगकर इसका पोषणकरतीहूं इसप्रकार से वह नगरों में तथा ग्रामों में भिक्षामांगती हुई अपने पतिके नगरमेंगई वहां पुरवासियों से उसकी बड़ी प्रशंसा सुनकर राजा ने उसे अपने पासबुलाके और पहचानके उससे कहा कि तूही वह पतिव्रताहै यह सुनकर उसने उसे न पहचानकर कहा कि हे महाराज मैंही वह पतिव्रताहूं तब राजा ने हँसकर उससे कहा कि मैंने तेरा पतिव्रतापन देखा है तूने अपने पतिका रुधिर तथा मांसखाकर भी उससे स्नेह नहीं किया तू स्त्री नहीं है राक्षसी है मैं जानताहूं कि तू उसी पापसे इस रुण्डको अपनी पीठपर चढ़ाये २ फिरती है क्या वह तेरा पति न था जिसे तूने नदी में डालदिया था यह सुनकर वह अपने पति को पहचानकर भयभीतहोकर मूर्च्छितसी तसवीरमें लिखीसी तथा मरीसी होगई उसकी यह दशादेखकर मन्त्रियों ने राजा से पूछा कि हे स्वामी यह क्या बातहै मन्त्रियों के यह वचन सुनकर राजा ने अपना सब वृत्तान्त कहदिया उस वृत्तान्तको जानकर मन्त्रियों ने उसके नाक कान काटकर उसे देश से निकालदिया उससमय ब्रह्मा ने उस नकटी के साथ रुण्डका और राज्यलक्ष्मी के साथ उस कृपालु वैश्यका संयोगकराके संसारमें सदृश समागम बतादिया

में चलते २ सायंकालके समय वहतीनों एक बावड़ीके किनारे किसी वृक्षकेनीचे पहुंचे और उसीबावड़ीमें स्नानकर कुछफल खाके उसी वृक्षपर चढ़के बैठे इतनेमें उनतीनोंने देखा कि कोईपथिक आकर उसवृक्ष के नीचे लेटा और क्षणभरमेंही एकपुरुष उस बावड़ीमेंसे निकलकर अपने मुखसे स्त्रीसमेत एक पलँग निकालके स्त्रीके साथ भोगविलास करके उसी पलँगपर सोगया उसके सोजानेपर उसस्त्रीने वहांसे उठ के उस सोतेहुए पथिकको जगाकर उसीके साथ रमणकिया रति करनेकेपीछे उस पथिकने उसस्त्री से पूछा कि तुम दोनों कौनहो यह सुनकर उसने कहा कि यह नागहै और मैं उसकी स्त्रीहूं तुमडरो मत में निन्नानबे पुरुषोंके साथ इसीप्रकारसे भोग करचुकीहूं आज तुम्हारे साथ भोग करनेसे सकड़ापूर्णहुआ उन दोनोंके इस वार्त्तालापको सुनके उस सर्पने जगकर उनदोनोंको अपने मुखके फूत्कारसे भस्मकरदिया इस प्रकार उन दोनोंको जलाकर उस सर्पके चलेजानेपर वह तीनों मित्र आपसमें कहने लगे कि जब शरीरके भीतरभी रक्खीहुई स्त्रियां कुकर्मिणी होजातीहैं तो घरमें जो स्त्रियां रहती हैं उन की क्या गणनाहै इन चपल स्त्रियोंको सर्वथा धिक्कार है इसप्रकार अनेक वार्त्तालाप करके वह तीनों रात्रिको वहां व्यतीत करके प्रातःकाल तपोवनमें जाके योगाभ्यासके द्वारा चित्तको स्थिरकरके सम्पूर्ण प्राणियोंपर समदृष्टिहोके समाधिमें निरुपम आनन्दका अनुभव करके तमोगुणसे रहितहोके मोक्षपदवी को प्राप्तहुए और उनकी स्त्रियां अपने पापोंके प्रभावसे अत्यन्त क्लेशयुक्त होकर नष्टहोगईं इस प्रकार से मोहके द्वारा स्त्रियों में उत्पन्न हुआ अनुराग किसको दुखदायी नहीं होता है और इन्हीं स्त्रियों का त्याग करनेसे मोक्ष प्राप्तहोती है गोमुखसे इस कथा को सुनकर शक्तियशाके लिये उत्कंठित नरवाहनदत्त निद्राको प्राप्तहुआ ॥१६४॥

इतिश्रीकथासारित्सागरभाषायांशक्तियशोलम्बकेअष्टमस्तरंगः ८॥

इसके उपरांत फिर दूसरेदिन रात्रिके समय नरवाहनदत्तका चित्त प्रसन्न करने के लिये गोमुख यह कथा कहने लगा कि किसी नगरमें एक धनवान् वैश्यका परमदयालु पुत्रथा उसकी माता मरगई थी इससे उसके पिताने अन्य स्त्रीमें आशक्तहोके उसी स्त्रीके कहने से उसपुत्रको उसकी स्त्रीसमेत अपने घरसे निकाल दिया और उसके छोटेभाई को भी उसीके साथ करदिया मार्ग में उसने अपने भाई को शान्तचित्त न देखकर अपने साथसे छोड़ दिया और क्रमसे चलते २ जल तथा वृक्षोंसे रहित मरुदेश के जंगलमें वह पहुँचा वहां उसने सात दिनतक अपनी स्त्रीको अपना मांस तथा रुधिरपिलाकर रक्षा की और उस पापिनने उसका रुधिर पीना तथा मांसखाना अंगीकार किया आठवेंदिन वह एक शीतलजल युक्त पहाड़ी नदीवाले और फल पुष्प तथा सघनवृक्षवाले वनमें पहुँचा वहां वह अपनी स्त्री को फल खिलाके तथा शीतलजल पिलाके उसी पहाड़ीनदीमें स्नान करनेको उतरा उस नदी में एक पुरुष जिसके चारों हाथपैर कटेहुएथे बहताहुआ चलाजाताथा उसे देखकर बहुत दिनसे उपवासकरने वाले उस दयालु वैश्यने नदी में तैरकर उसे निकाल लिया और किनारेपर उसे बैठालकर उससे पूछा कि हे भाई तुम्हारी ऐसी दशा किसनेकीहै यह सुनकर उसने कहा कि मेरे शत्रुओंने मेरे हाथपैर काट

निकाला अब मैं जाताहूं जब आपपर कोई आपत्ति पड़े तो आप मेरास्मरण कीजियेगा तब आपका उपकार करके मैं इस शापसे छूटूंगा यह कहकर उस सिंहके चलेजानेपर उस तपस्वी के पूंछने से यह सुवर्णचूड़ पक्षी अपना सब वृत्तान्त इसप्रकार कहनेलगा कि ७१. हिमाचल पर्व्वत पर विद्याधरों का वज्रदंष्ट्र नाम राजाहै उसके लगातार पांच कन्याहुईं इससे उसने तपकेद्वारा श्री शिवजीका आराधन करके रजतदंष्ट्र नाम अत्यन्त प्रिय पुत्रपाया और अत्यन्त स्नेहसे उसे बाल्यावस्थाही में सब विद्यासिखलादीं एक समय रजतदंष्ट्र अपनी बड़ी बहिन सोमप्रभाको भगवती के आगे झांझ बजाते देखकर उससे हठकरके झांझ मांगनेलगा और जब उसने नहीं दी तबहठसे झांझ छीनकर पक्षीके समान आकाशमें वह उड़गया यह देखकर सोमप्रभाने क्रोधकरके उसे यह शापदिया कि तू पक्षीके समान मेरी झांझ लेकर उड़गया है इससे तू स्वर्णचूड़पक्षी होगा इस शापको सुनकर रजतदंष्ट्रने अपनी बहिन के चरणों में पड़कर उसको बहुत मनाया तब उसने कहा कि हे मूढ़ तू पक्षीहोकर अन्धे कुए में गिरेगा और कोई कृपालु महा पुरुष तुझको निकालेगा उसका कुछ उपकार करके तू इस शापसे छूटेगा उसके इसप्रकार कहतेही वह रजतदंष्ट्र स्वर्णचूड़ पक्षी होगया वह स्वर्णचूड़ मैंहीहूं रात्रिके समय में इसकूप में गिरपड़ाथा सोआपने इससमय निकालाहैअब मैं जाताहूं जब आपपर कोई आपत्ति आवे तब मेरास्मरण करियेगा उससमय में आपका उपकार करके इसशापसे छूटूंगा यहकहकर उसपक्षी के भी चलेजानेपर उसदयालु तपस्वीसे सर्प अपना वृत्तान्त कहनेलगा कि कश्यपजी के आश्रम में मैं मुनिकुमारथा वहां एक मुनिकुमारके साथ मेरी परम मित्रताथी एकदिन उसमित्रके स्नानकरने के लिये तड़ागमेंजानेपर मैंने किनारेपर एकतीन फणका सर्प देखा और अपने मित्रको डरानेकेलिये सर्पको किनारे परही मंत्रके बलसे रोकरक्खा क्षणभर मेंही वह मुनि पुत्र स्नान करके किनारेपर आया और एकाएकी उससर्प को देखकर मूर्च्छित होगया थोड़े कालमें जब उसकी मूर्च्छाजगी तब उसनेअपने ध्यानके द्वारा यह जानकर कि इसनेही सर्पको रोकरक्खाथा क्रोधकरके मुझे यह शापदिया कि तुम भी इसीप्रकारके तीनफणवाले सर्पहोगे और विनयकरनेसे यहशापका अन्तबताया कि जब तुमकुएमें गिरोगे और कोई कृपालु महात्मा तुमको निकालेगा तबउसका प्रत्युपकार करके इसशापसे तुम छूटोगे इसप्रकारसे हे दयालो मैं सर्पहुआ हूं आज भाग्य वशसे मुझकुएमें गिरेहुए को आपने निकालाहै अब मैं जाताहूं जब आप मेरास्मरण करोगे तब मैं आपका उपकार करके इसशापसे छूटूंगा यह कहकर सर्प के भी चलेजानेपर उस स्त्री ने अपना वृत्तान्तकहा कि मैं राजाके सेवक अत्यन्त शूर बड़ेसुन्दर एक तरुण क्षत्रीकी स्त्री हूं पतिके इस प्रकार गुणवान् होनेपर भी मैंने परपुरुषसे संगकिया मेरेइसकुकर्मको जानकर मेरे पति ने मुझे मारडालनेकी इच्छाकी सखी के द्वारा इसबातको जानकर मैं रात्रिके समय बनमें भागआई और इस कुए में गिरपड़ी इससमय आपने मुझे कुए से निकाला है अब मैं जाकर आपकी कृपा से कहीं इस शरीरका पालन करूंगी ऐसा भी कोई दिनहोगा जब मैं आपका प्रत्युपकार करूंगी यह कहकर वह कुलटा राजा गोत्रवर्द्धनके नगरमें जाकर राजाके सेवकों से परिचयकरके रानीकी दासी होगई और उस कुलटा के

इसप्रकारसे विचार रहितहोकर नीचोंपर दयाकरनेवाले दैवके समान स्त्रियोंके चित्तकी गतिको कोई नहीं जानता और इसीप्रकारसे अपने धर्म को नहीं त्यागनेवाले क्रोध को जीतनेवाले सत्त्ववान् पुरुषोंपर मानों कृपाकरके संपत्तियां प्रसन्नहोकर अपने आपही उनके पास आती हैं ८३ इस कथा को कहकर गोमुख ने फिर नरवाहनदत्त से यह कथा कही कि किसी वन में बुद्ध के समान परमदयालु महा सत्त्ववान् एक तपस्वी कुटीबनाकर रहताथा वह वहां विपत्ति में पड़ेहुए प्राणियोंका तथा पिशाचोंका उद्धारकिया करताथा और अन्य पथिकलोगोंको भी अपने प्रभाव से प्राप्तहुए जल तथा अन्नों से तृप्त कियाकरताथा एकदिन परोपकार के निमित्त भ्रमणकरतेहुए उस तपस्वी ने एक बड़ा कूपदेखा और उसमें झांका उसे झांकते देखकर उसमें से एक स्त्री ने कहा कि हे महात्मन् मैं दीन स्त्री, एकसिंह, एक स्वर्णचूड़पक्षी और एक सर्प हम चारों जीव रात्रिके समय इस कूप में गिरपड़े हैं इस महाक्लेश से आप हमारा उद्धार कीजिये यह सुनकर तपस्वी ने कहा कि रात्रि के समय अन्धकार में स्त्रीका सिंहका तथा सर्पका गिरना तो कूप में संभव है परन्तु यह पक्षी कैसे गिरा यह सुनकर उस स्त्री ने कहा कि यह बहेलिये के जाल में फँसकर गिरा है यह सुनकर उस तपस्वी ने अपने तप के बल से उन सबको कूप से निकालनाचाहा परन्तु वह नहीं निकले और तपस्वी के तपकी शक्तिहीनहोगई तपकी हीनताको देखकर तपस्वी ने अपने चित्त में जानलिया कि यह स्त्री पापिनहै क्योंकि इसके साथ सम्भाषणकरतेही मेरी सिद्धि नष्ट होगई यह शोचकर उसने रस्सीडालकर उन सबको कूप से निकाला और उस सिंह को सर्प को तथा पक्षी को मनुष्यभाषा में स्तुतिकरतेदेखके उनसे पूछा कि तुम सबलोगोंका क्या वृत्तान्त है सत्य२ हमसे कहो यहसुनकर सिंह बोला कि हमसबको अपने पूर्वजन्मका स्मरणहै और परस्पर हम बाधाकरनेवाले हैं अब क्रमसे हमसबका वृत्तान्त सुनिये यहकहकर वह सिंह अपना वृत्तान्त कहनेलगा कि हिमाचलपर वैडूर्य्यशृङ्ग नाम बड़ासुन्दर पुरहै उस पुरमें विद्याधरोंका पद्मवेगनाम राजाहै उस पद्मवेगके वज्रवेगनाम पुत्रथा वह वज्रवेग अत्यन्त अभिमानीहोकर शूरता के मदसे सबके साथ विरोधकिया करताथा उसके पिताने उसे बहुतसा समझाया परन्तु उस मूर्ख ने उसका कहना न माना इसी से उसने क्रोधसे उसे यह शापदिया कि तू मृत्युलोकमें उत्पन्नहो शापसे वज्रवेगका सब अभिमान और विद्या नष्टहोगई तब उसने विनयपूर्वक अपने पितासे शापका अन्त पूछा उसे नम्रदेखकर पद्मवेगने ध्यानकरके उससे कहा कि तुम पृथ्वी में किसी ब्राह्मण के यहां उत्पन्नहोके इसीप्रकार से अभिमानकरके पिताकेही शापसे सिंह होकर कूपमेंगिरोगे तब कोई परमकृपालु महासत्त्ववान् तुमको कुएमें से निकालेगा उसका आपत्तिमें प्रत्युपकार करके तुम इस शापसे छूटोगे इस शापान्तको सुनकर वज्रवेग मालव देशमें हरघोषनाम ब्राह्मणका देवघोषनाम पुत्रहुआ और वहां भी शूरता के अभिमान से सबके साथ वैरकरनेलगा पिता ने उसके अभिमान को देखकर उसे बहुत समझाया जब उसने न माना तब उसने क्रोध करके उसे यह शाप दिया कि हे दुर्बुद्धे तू वन का सिंहहोजा हरघोष के इस शाप से देवघोष इस वन में सिंह हुआ वह सिंह मैंहीहूं गतरात्रिको भ्रमण करते २ मैं इस कूपमें गिरपड़ा और आपने कृपाकरके मुझे

निकाला अब मैं जाताहूं जब आपपर कोई आपत्ति पड़े तो आप मेरास्मरण कीजियेगा तब आपका उपकार करके मैं इस शापसे छूटूंगा यह कहकर उस सिंहके चलेजानेपर उस तपस्वी के पूंछने से वह सुवर्णचूड़ पक्षी अपना सब वृत्तान्त इसप्रकार कहनेलगा कि ७१ हिमाचल पर्वत पर विद्याधरों का वज्रदंष्ट्र नाम राजाहै उसके लगातार पांच कन्याहुईं इससे उसने तपकेद्वारा श्री शिवजीका आराधन करके रजतदंष्ट्र नाम अत्यन्त प्रिय पुत्रपाया और अत्यन्त स्नेहसे उसे बाल्यावस्थाही में सब विद्यासिखलादीं एक समय रजतदंष्ट्र अपनी बड़ी बहिन सोमप्रभाको भगवती के आगे झांझ बजाते देखकर उससे हठकरके झांझ मांगनेलगा और जब उसनेनहीं दी तबहठसे झांझ छीनकर पक्षीके समान आकाशमें वह उड़गया यह देखकर सोमप्रभाने क्रोधकरके उसे यह शापदिया कि तू पक्षीके समान मेरी झांझ लेकर उड़गया है इससे तू स्वर्णचूड़पक्षी होगा इस शापको सुनकर रजतदंष्ट्रने अपनी बहिन के चरणों में पड़कर उसको बहुत मनाया तब उसने कहा कि हे मूढ़ तू पक्षीहोकर अन्धे कुएं में गिरेगा और कोई कृपालु महापुरुष तुझको निकालेगा उसका कुछ उपकार करके तू इस शापसे छूटेगा उसके इसप्रकार कहतेही वह रजतदंष्ट्र स्वर्णचूड़ पक्षी होगया वह स्वर्णचूड़ मैंहीहूं रात्रिके समय में इसकूप में गिरपड़ाथा सो आपने इससमय निकालाहैअब मैं जाताहूं जब आपपर कोई आपत्ति आवे तब मेरास्मरण करियेगा उससमय में आपका उपकार करके इसशापसे छूटूंगा यहकहकर उसपक्षी के भी चलेजानेपर उसदयालु तपस्वीसे सर्प अपना वृत्तान्त कहनेलगा कि कश्यपजी के आश्रम में मैं मुनिकुमारथा वहां एक मुनिकुमारके साथ मेरी परम मित्रताथी एकदिन उसमित्रके स्नानकरने के लिये तड़ागमेंजानेपर मैंने किनारेपर एकतीन फणका सर्प देखा और अपने मित्रको डरानेकेलिये सर्पको किनारे परही मंत्रके बलसे रोकरक्खा क्षणभर मेंही वह मुनि पुत्र स्नान करके किनारेपर आया और एकाएकी उससर्प को देखकर मूर्च्छित होगया थोड़े कालमें जब उसकी मूर्च्छाजगी तब उसनेअपने ध्यानके द्वारा यहजानकर कि इसनेही सर्पको रोकरक्खाथा क्रोधकरके मुझे यह शापदिया कि तुम भी इसीप्रकारके तीनफणवाले सर्पहोगे और विनयकरनेसे यहशापका अन्तबताया कि जब तुमकुएमें गिरोगे और कोई कृपालु महात्मा तुमको निकालेगा तबउसका प्रत्युपकार करके इसशापसे तुम छूटोगे इसप्रकारसे हे दयालो मैं सर्पहुआ हूं आज भाग्य वशसे मुझकुएमें गिरेहुए को आपने निकालाहै अब मैं जाताहूं जब आप मेरास्मरण करोगे तब मैं आपका उपकार करके इसशापसे छूटूंगा यह कहकर सर्प के भी चलेजानेपर उस स्त्री ने अपना वृत्तान्तकहा कि मैं राजाके सेवक अत्यन्त शूर बड़ेसुन्दर एक तरुण क्षत्रीकी स्त्री हूं पतिके इस प्रकार गुणवान् होनेपर भी मैंने परपुरुषसे संगकिया मेरे इसकुकर्मको जानकर मेरे पति ने मुझे मारडालनेकी इच्छाकी सखी के द्वारा इसबातको जानकर मैं रात्रिके समय बनमें भागआई और इस कुएं में गिरपड़ी इससमय आपने मुझे कुएं से निकाला है अब मैं जाकर आपकी कृपा से कहीं इस शरीरका पालन करूंगी ऐसा भी कोई दिनहोगा जब मैं आपका प्रत्युपकार करूंगी यह कहकर वह कुलटा राजा गोत्रवर्द्धनके नगरमें जाकर राजाके सेवकों से परिचयकरके रानीकी दासी होगई और उस कुलटा के

इसप्रकारसे विचार रहितहोकर नीचोंपर दयाकरनेवाले दैवके समान स्त्रियोंके चित्तकी गतिको कोई नहीं जानता और इसीप्रकारसे अपने धर्म को नहीं त्यागनेवाले क्रोध को जीतनेवाले सत्त्ववान् पुरुषोंपर मानों कृपाकरके संपत्तियां प्रसन्नहोकर अपने आपही उनके पास आती हैं ८२ इस कथा को कहकर गोमुख ने फिर नरवाहनदत्त से यह कथा कही कि किसी वन में बुद्ध के समान परमदयालु महा सत्त्ववान् एक तपस्वी कुटीबनाकर रहताथा वह वहां विपत्ति में पड़ेहुए प्राणियोंका तथा पिशाचोंका उद्धारकिया करताथा और अन्य पथिकलोगोंको भी अपने प्रभाव से प्राप्तहुए जल तथा अन्नों से तृप्त कियाकरताथा एकदिन परोपकार के निमित्त भ्रमणकरतेहुए उस तपस्वी ने एक बड़ा कूपदेखा और उसमें झांका उसे झांकते देखकर उसमें से एक स्त्री ने कहा कि हे महात्मन् मैं दीन स्त्री, एकसिंह, एक स्वर्णचूड़पक्षी और एक सर्प हम चारों जीव रात्रिके समय इस कूप में गिरपड़े हैं इस महाक्लेश से आप हमारा उद्धार कीजिये यह सुनकर तपस्वी ने कहा कि रात्रि के समय अन्धकार में स्त्रीका सिंहका तथा सर्पका गिरना तो कूप में संभव है परन्तु यह पक्षी कैसे गिरा यह सुनकर उस स्त्री ने कहा कि यह बहेलिये के जाल में फँसकर गिरा है यह सुनकर उस तपस्वी ने अपने तप के बल से उन सबको कूप से निकालनाचाहा परन्तु वह नहीं निकले और तपस्वी के तपकी शक्तिहीनहोगई तपकी हीनताको देखकर तपस्वी ने अपने चित्त में जानलिया कि यह स्त्री पापिनहै क्योंकि इसके साथ सम्भाषणकरतेही मेरी सिद्धि नष्ट होगई यह शोचकर उसने रस्सीडालकर उन सबको कूप से निकाला और उस सिंह को सर्प को तथा पक्षी को मनुष्यभाषा में स्तुतिकरतेदेखके उनसे पूछा कि तुम सबलोगोंका क्या वृत्तान्त है सत्य२ हमसे कहो यहसुनकर सिंह बोला कि हमसबको अपने पूर्वजन्मका स्मरणहै और परस्पर हमबाधाकरनेवाले हैं अब क्रमसे हमसबका वृत्तान्त सुनिये यहकहकर वह सिंह अपना वृत्तान्त कहनेलगा कि हिमाचलपर वैडूर्य्यशृङ्ग नाम बड़ासुन्दर पुरहै उस पुरमें विद्याधरोंका पद्मवेगनाम राजाहै उस पद्मवेगके वज्रवेगनाम पुत्रथा वह वज्रवेग अत्यन्त अभिमानीहोकर शूरता के मदसे सबके साथ विरोधकिया करताथा उसके पिताने उसे बहुतसा समझाया परन्तु उस मूर्ख ने उसका कहना न माना इसी से उसने क्रोधसे उसे यह शापदिया कि तू मृत्युलोकमें उत्पन्नहो शापसे वज्रवेगका सब अभिमान और विद्या नष्टहोगई तब उसने विनयपूर्वक अपने पितासे शापका अन्त पूछा उसे नम्रदेखकर पद्मवेगने ध्यानकरके उससे कहा कि तुम पृथ्वी में किसी ब्राह्मण के यहां उत्पन्नहोके इसीप्रकार से अभिमानकरके पिताकेही शापसे सिंह होकर कूपमेंगिरोगे तब कोई परमकृपालु महासत्त्ववान् तुमको कुएमें से निकालेगा उसका आपत्तिमें प्रत्युपकार करके तुम इस शापसे छूटोगे इस शापान्तको सुनकर वज्रवेग मालव देशमें हरघोषनाम ब्राह्मणका देवघोषनाम पुत्रहुआ और वहां भी शूरता के अभिमान से सबके साथ वैरकरनेलगा पिता ने उसके अभिमान को देखकर उसे बहुत समझाया जब उसने न माना तब उसने क्रोध करके उसे यह शाप दिया कि हे दुर्बुद्धे तू वन का सिंहहोजा हरघोष के इस शाप से देवघोष इस वन में सिंह हुआ वह सिंह मैंहीहूं गतरात्रिको भ्रमण करते २ मैं इस कूपमें गिरपड़ा और आपने कृपाकरके मुझे

कथा आपसे कहताहूं कि किसी मूर्ख जैनीभिक्षुकको मार्गमें कुत्तेने काटखाया इससे उसने शोचा कि मैं अपने स्थानमें जाकर सबलोगोंसे कहांतक बताऊंगा कि कुत्तेने मुझेकाटाहै और सबलोग मुझसे पूछेंगे कि तुम्हारी जंघामें क्याहुआ मुझे इसबातके बतानेमें बहुतसा समय व्यतीतकरना पड़ेगा इससे सबको यहबात एकही वारमें जतानेका उपायकरना चाहिये यह शोचकर उसने अपने स्थान में जाके मठीके ऊपर चढ़के एकतुरई बजाई उसशब्दको सुनकर सबभिक्षुक लोगोंने इकट्ठाहोकर उससे पूंछा कि असमयमें आप क्यों तुरई बजारहेहो यह सुनकर उसने सबसेकहा कि कुत्तेने मेरे पैरमें काटखायाहै मैं सबसे जुदा२ कहांतक कहता इसहेतुसे तुरई से मैंने सबको इकट्ठाकियाहै जिससे एकहीवार सबसे कहनापड़ा अब तुमसबलोग जानलो कि इसे कुत्तेनेकाटाहै यहकहकर उसने वहअपनापैर सबकोदिखादिया उसकी इस मूर्खताको देखकर सबभिक्षुक हँसनेलगे—अब एक अन्यमूर्खकी कथा सुनिये वाहीक देश का रहनेवाला एक महाधनवान् अत्यन्त लोभी मूर्खथा वह सदैव अपनी स्त्री समेत लवण रहित सत्तू खाताथा दूसरे अन्नका उसको स्वादभी नहीं मालूमथा एक दिन उसने भाग्यवशहोके अपनी स्त्री से कहा कि आज तुम मेरेलिये तस्मईबनाओ उसकी आज्ञापाके उसकी स्त्री खीर बनानेलगी और वह कृपणकोठरी के भीतरजाकर लेटरहा इसलिये कि कहीं कोई मित्र न आजाय कि उसको भी खीरखिलानी पड़े इतने में उसके एक धूर्त्त मित्र ने आकर उसकी स्त्री सें कहा कि तुम्हारा पति कहां है यह सुनकर वह स्त्री कुछ उत्तर दिये विनाही भीतर जाकर अपने पति से बोली कि तुम्हारा मित्र आया है यह सुनकर उसने कहा कि अच्छा उसे बैठारहनेदे तू मेरे पैर पकड़कर रोदन कर और जो मेरा मित्र पूछे तो कहदेना कि मेरा पति मरगया है इस युक्तिसे जब यह चलाजायगा तो हम तुम दोनों मिलकर खीर खायँगे उसके यह वचन सुनकर वह स्त्री उसके पैरपकड़कर रोनेलगी रोदन सुनके वह धूर्त्त भीतर जाकर उससे पूछने लगा कि तू क्यों रोती है उसने कहा कि मेरा पति मरगया है यह सुनकर उसने शोचा कि अभी तो यह आनन्दमें बैठी खीर बनारही थी और अभी यह यहां आनकर रोनेलगी है मालूमहोता है कि इनदोनों ने मुझे पाहुन जानके अपनी खीर बचाने के लिये यह प्रपंचरचा है इस से मुझे यहां से नहीं जाना चाहिये यह शोचकर वहधूर्त्त वहां बैठकर हाय मित्र हाय मित्र कहने लगा रोदनको सुनकर उसके सम्पूर्ण बांधव आकर उसे मराहुआसा जानके श्मशान लेजाने के लिये उद्यत हुए तब उनकी स्त्री ने कानमें उससे धीरेसे कहा कि अब उठबैठो नहीं तो यह तुम्हें लेजाकर श्मशान में जला देंगे यहसुनकर वह धीरे से बोला कि यह धूर्त्त मेरी खीरखाना चाहता है इस से जबतक यह न जायगा तबतक में नहीं उठूंगा क्योंकि मुझे प्राणों सेभी अन्न अधिक प्यारा है तदनन्तर सब मित्र बांधवों ने उसे लेजाकर श्मशान में जलादिया परन्तु उसमूर्ख ने कुछ न कहा इसप्रकार से उसमूर्ख ने अपने प्राण तक देदिये परन्तु खीर न खानेदी अब आप अन्य मूर्खोंकी कथा सुनिये कि उज्जयिनी नगरी मे कोईमूर्ख उपाध्याय रहताथा उसको रात्रिके समय मूसोंके उपद्रवसे निद्रा नहीं आतीथी उसने अपनी [illegible]व्यथा किसी मित्र से कही यहसुनकर उसके मित्रने कहा कि तुम बिल्ली कहींसे लाकर पालो

साथ भाषण करनेसे उसतपस्वीकी सब सिद्धिनष्टहोगई इससे उसवनमें फल पुष्पआदि कोई वस्तु भी नहीं उत्पन्नहुई तब क्षुधा तथा तृषासे व्याकुलहोकर तपस्वी ने उस सिंहका स्मरणकिया स्मरण करतेही सिंहने आकर मृगमार२कर उनकामांस उसतपस्वीको खिलाया और कुछदिन इसप्रकार सेवनकरके उस से कहा कि अब मेराशाप क्षीणहोगयाहै इससे मैं अपने लोककोजाताहूं यहकहकर सिंहरूपको त्यागके विद्याधर होकर मुनिसे आज्ञालेके वहअपने लोकको चलागया उसके चलेजानेपर तपस्वीने जीविकाके लिये उस स्वर्णचूड़ पक्षीका स्मरणकिया स्मरण करतेही वह रत्नजटित आभूषणों से भरीहुई एक पिटारी लेकर उनके पास आया और बोला कि इस धनसे आपकी सदैवको जीविका होजायगी और मेरे शाप का अन्त भी अब होगया इससे मैं अपने लोकको जाताहूं यहकहके वह विद्याधर कुमार होकर अपने लोकको चलागया उसके चलेजानेपर वह तपस्वी उन रत्नोंको लेकर बेचनेके लिये उसी नगरमें आया जहां वहस्त्री राजाकी रानीकी दासीहोगई थी वहां किसी वृद्धा ब्राह्मणीके यहां सम्पूर्ण आभूषणोंको रख कर जैसेही वह बाजारकोगया वैसेही वह स्त्री उसको मिली परस्पर वार्त्तालाप होनेपर स्त्री ने कहा कि मैं राजाकी रानीकी नौकरहूं और तपस्वी ने भी अपना सब वृत्तान्त कहकर उसे वृद्धाके स्थानपर लेजाकर वह सब आभूषण दिखादिये उन आभूषणोंको देखकर उस कुलटाने रानीसे जाकरकहा कि तुम्हारे जो आभूषण खोगयेथे उन्हें एकभिक्षुक लायाहै रानीने राजासेकहा राजाने सुनकर सेवकोंको भेजकर आ-भूषणों समेत तपस्वीको बँधवामँगवाया और उससे सब वृत्तान्त पूछकर सत्य २ जानकर भी सब आभू-षणलेके उसे कैदखाने में डलवादिया बन्धनमें पड़कर तपस्वीने उस सर्पका स्मरण किया स्मरण करतेही सर्पने आकर उससे सब वृत्तान्त पूछके कहा कि मैं जाकर अपने शरीरसे इस राजाको शिरसे पैरतक लपेटताहूं जबतक तुम वहां आकर छोड़नेको न कहोगे तबतक मैं उसे नहीं छोडूंगा और तुमभी लोगों से कहना कि हम राजाको सर्पसे छुटवादेंगे इससे जबतुम राजाके पासआकर कहोगे कि राजाको छोड़ दे तब मैं राजाको छोड़दूंगा और इसके बदले राजा तुमको अपना आधाराज्यदेगा यह कहकर उससर्प ने जाके अपने शरीरसे राजाका सब शरीर लपेट लिया और अपने तीनों फण राजाके शिरपर रखदिये राजाकी यह दशा देखकर बड़ा हाहाकार मचगया कि सर्प राजाको काटना चाहताहै इसहाहाकार को सुनके तपस्वी ने कैदखाने के अधिकारी से कहा कि मैं राजाको सर्प से बचासक्ताहूं सेवकों के द्वारा राजाने इसबातको सुनकर तपस्वीको अपनेपास बुलाकरकहा कि जो तुम मुझे इससर्पसे छुटादोगे तो मैं तुमको अपना आधाराज्य देदूंगा इसमें मेरेमंत्री जामिनहैं राजाके यहवचन सुनकर तपस्वी ने सर्प से कहा कि तू राजाको शीघ्रही छोड़दे उसके कहतेही सर्पने राजाको छोड़दिया और राजाने अपना आधाराज्य तपस्वी के नामलिखदिया और वहसर्प मुनिकुमारहोकर सभामें अपना सबवृत्तान्त कहकर

[illegible] क्लेशभी होय

[illegible] नहीं रहता है

[illegible] कुछ मूर्खोंकी

कथा आपसे कहताहूं कि किसी मूर्ख जैनीभिक्षुकको मार्गमें कुत्तेने काटखाया इससे उसने शोचा कि मैं अपने स्थानमें जाकर सबलोगोंसे कहांतक बताऊंगा कि कुत्तेने मुझेकाटाहै और सबलोग मुझसे पूछेंगे कि तुम्हारी जंघामें क्याहुआ मुझे इसबातके बतानेमें बहुतसा समय व्यतीतकरना पड़ेगा इससे सबको यहबात एकही बारमें जतानेका उपायकरना चाहिये यह शोचकर उसने अपने स्थान में जाके मठीके ऊपर चढ़के एकतुरई बजाई उसशब्दको सुनकर सबभिक्षुक लोगोंने इकट्ठाहोकर उससे पूंछा कि असमयमें आप क्यों तुरई बजारहेहो यह सुनकर उसने सबसेकहा कि कुत्तेने मेरे पैरमें काटखायाहै मैं सबसे जुदा२ कहांतक कहता इसहेतुसे तुरई से मैंने सबको इकट्ठाकियाहै जिससे एकहीबार सबसे कहनापड़ा अब तुमसबलोग जानलो कि इसे कुत्तेनेकाटाहै यहकहकर उसने वहअपनापैर सबकोदिखादिया उसकी इस मूर्खताको देखकर सबभिक्षुक हँसनेलगे—अब एक अन्यमूर्खकी कथा सुनिये बाहीक देश का रहनेवाला एक महाधनवान् अत्यन्त लोभी मूर्खथा वह सदैव अपनी स्त्री समेत लवण रहित सत्तू खाताथा दूसरे अन्नका उसको स्वादभी नहीं मालूमथा एक दिन उसने भाग्यवशहोके अपनी स्त्री से कहा कि आज तुम मेरेलिये तस्मईबनाओ उसकी आज्ञापाके उसकी स्त्री खीर बनानेलगी और वह कृपणकोठरी के भीतरजाकर लेटरहा इसलिये कि कहीं कोई मित्र न आजाय कि उसको भी खीरखिलानी पड़े इतने में उसके एक धूर्त्त मित्र ने आकर उसकी स्त्री से कहा कि तुम्हारा पति कहां है यह सुनकर वह स्त्री कुछ उत्तर दिये विनाही भीतर जाकर अपने पति से बोली कि तुम्हारा मित्र आया है यह सुनकर उसने कहा कि अच्छा उसे बैठारहनेदे तू मेरे पैर पकड़कर रोदन कर और जो मेरा मित्र पूछे तो कहदेना कि मेरा पति मरगया है इस युक्तिसे जब यह चलाजायगा तो हम तुम दोनों मिलकर खीर खायँगे उसके यह वचन सुनकर वह स्त्री उसके पैरपकड़कर रोनेलगी रोदन सुनके वह धूर्त्त भीतर जाकर उससे पूछने लगा कि तू क्यों रोती है उसने कहा कि मेरा पति मरगया है यह सुनकर उसने शोचा कि अभी तो यह आनन्दमें बैठी खीर बनारही थी और अभी यह यहां आनकर रोनेलगी है मालूमहोता है कि इनदोनों ने मुझे पाहुन जानके अपनी खीर बचाने के लिये यह प्रपंचरचा है इस से मुझे यहां से नहीं जाना चाहिये यह शोचकर वहधूर्त्त वहां बैठकर हाय मित्र हाय मित्र कहने लगा रोदनको सुनकर उसके सम्पूर्ण बांधव आकर उसे मराहुआसा जानके श्मशान लेजाने के लिये उद्यत हुए तब उसकी स्त्री ने कानमें उससे धीरेसे कहा कि अब उठबैठो नहीं तो यह तुम्हें लेजाकर श्मशान में जला देंगे यहसुनकर वह धीरे से बोला कि यह धूर्त्त मेरी खीरखाना चाहता है इस से जबतक यह न जायगा तबतक मैं नहीं उठूंगा क्योंकि मुझे प्राणों सेभी अन्न अधिक प्यारा है तदनन्तर सब मित्र बांधवों ने उसे लेजाकर श्मशान में जलादिया परन्तु उसमूर्ख ने कुछ न कहा इसप्रकार से उसमूर्ख ने अपने प्राण तक देदिये परन्तु खीर न खानेदी अब आप अन्य मूर्खोंकी कथा सुनिये कि उज्जयिनी नगरी में कोईमूर्ख उपाध्याय रहताथा उसको रात्रिके समय मूसोंके उपद्रवसे निद्रा नहीं आतीथी उसने अपनी [illegible] किसी मित्र से कही यहसुनकर उसके मित्रने कहा कि तुम बिल्ली कहींसे लाकर पालो

वहमूसोंको जब खाजायगी तब तुम्हारी व्यथादूर होजायगी उपाध्यायने कहा कि बिल्ली कैसीहोती है और कहां रहतीहै मैंने आजतक कभी नहीं देखीहै यहसुनकर वह मित्र बोला कि उसके कंजे नेत्र होतेहैं वर्णधुमैला होताहै और पीठपर रोयेंदार चमड़ाहोता है इसपहचानसे तुम बिल्ली मंगवालो यहकहकर उसके चलेजानेपर उपाध्यायने अपने शिष्योंसे कहा कि तुमने बिल्लीकी पहचान तो सुनहीलीहै कहीं से बिल्ली ले आओ उपाध्यायकी आज्ञापाकर सब शिष्य इधर उधर बिल्ली ढूंढ़नेलगे परन्तु बिल्ली कहीं न मिली तब एककंजेनेत्रवाला तथा धुमैले वर्णवाला विद्यार्थी मृगचर्म ओढ़े हुए उनको मिला उसे सम्पूर्ण लक्षणोंसे युक्तहोनेके कारण बिल्ली जानकर उपाध्यायके पास शिष्यलोग ले आये और उपाध्यायनेभी उसे अपने मित्रके बताये हुए लक्षण समेत देख बिल्ली जानके अपने मठ में रखलिया वह विद्यार्थी उसी ब्राह्मणका शिष्यथा जिसने उपाध्यायको लक्षण बताये थे प्रातःकाल उसब्राह्मणने वहां आकर उसमठमें अपने विद्यार्थीको देखकर उनसबसे पूंछा कि इसे यहां कौनलायाहै यहसुनकर वहमूर्ख उपाध्याय तथा शिष्य बोले कि आपके बतायेहुए लक्षणोंके अनुसार यहबिल्ली हम लायेहैं यहसुनकर वहब्राह्मण हँसकर बोला कि हे मूर्खो कहां तो मनुष्य और कहां पशुबिल्ली उसके तो चारपैर होते हैं और पूंछभी होती है यहसुनकर उनमूर्खों ने उसविद्यार्थीको छोड़कर कहा कि अब आप जैसी बिल्ली बताइयेगा वैसीही हम लावेंगे उनमूर्खोंके यहवचन सुनकर सब लोग बहुत हँसे ठीक है ( अज्ञतानाम कस्येहनोपहासायजायते ) मूर्खतासे किसकी हँसी नहींहोतीहै १७६ अब अन्य मूर्खोंकी कथा सुनिये कि किसी मठमें बहुतसे मूर्खोंका प्रधान एकमूर्ख रहताथा एकदिन उसने किसी धर्म्मशास्त्री से तड़ाग बनवानेका बड़ा माहात्म्य सुना इससे उसने अपने मठकेही निकट बड़ा सुन्दर तालाब बनवाया एक दिन वह अपना तालाब देखनेको गया वहां उसतालाबकी सिड्ढी उसे खुदीहुई मालूमहुई इससे उसने दूसरे दिन फिर जाकरदेखा तो और भी अधिक खुदीहुई सिड्ढी देखी यहदेखकर उसने अपने चित्तमें कहा कि मैं प्रातःकालसे यहां आनकर देखूंगा कि कौन तालाब की सीढ़ियां तोड़जाताहै यहशोच कर वह दूसरे दिन जैसेही प्रातःकाल तालाबके किनारे आनकर बैठा वैसेही एकबैल आकाशसे उतर कर अपने सींगोंसे सीढ़ियोंको खोदनेलगा उसे देखके उसने यहशोचकर कि यह दिव्य बैलहै इसके साथ में स्वर्ग को क्यों न चलाजाऊं उसकी पूंछ अपने हाथों से जाकर पकड़लीनी तब वह बैल उस मूर्ख समेत आकाश मार्गसे उड़कर कैलाशपर चलागया वहां मोदकादि दिव्य भोजनपाके वह मूर्ख कुछ दिन सुख पूर्वकरहा उस बैलको नित्य आतेजाते देखकर उस मूर्ख ने एकदिन भाग्य से मोहित होके अपने चित्त में शोचा कि इस बैलकी पूंछ पकड़कर में अपने भाई बन्धुओं से मिलआऊं और फिर इसकी पूंछ पकड़कर चलाआऊंगा यह शोचके वह बैलकी पूंछ पकड़कर पृथ्वीपर आया और अपने अन्य मूर्ख मित्रों से मिला उन सबने उससे पूछा कि तुम कहां गयेथे उसने अपना सब वृत्तान्त उनसे कहदिया उस आश्चर्यको सुनकर वह सब बोले कि हमें भी वहां लेजाकर मोदक खिलवाओ यह सुनकर वह उन सबको युक्ति बताकर तालाबपर लेगया वहां जब वह बैल आया तब उसने उसकी

पूंछपकड़ली उसके पैर दूसरे मूर्खने पकड़लिये उसके दूसरेने इसी क्रमसे सबने एक २ के पैर पकड़ लिये इसप्रकारसे एक २ का पैर पकड़कर उन मूर्खों ने जंजीरसी बनाली इतने में वह बैल उन सब समेत बड़े वेगसे उड़कर आकाशमें चला मार्ग में बहुत दूर ऊपरजाके एक मूर्ख ने अपने प्रधान मूर्खसे कहा कि तुमने वहां कितने २ बड़े मोदक खायेथे यह सुनकर उस प्रधान मूर्ख ने बैलकी पूंछ छोड़कर हाथों से लड्डुओं का प्रमाण बताना चाहा इससे वह सब मूर्खों समेत पृथ्वी में गिरकर नष्टहोगया और बैल आकाशको चलागया उन मूर्खोंकी यह दशा देखकर सब लोगहँसे इसप्रकारसे मूर्ख लोगों के प्रश्नोत्तरों में भी दोषही उत्पन्न होताहै १९६ आकाशगामी मूर्खों की कथा आपने सुनी अब अन्य मूर्खकी कथा सुनिये कोई मूर्ख किसी स्थानकोजाते समय मार्ग भूलगया पूछनेपर लोगोंने उसे यह पता बताया कि नदी के किनारेपर जो वृक्ष दिखाई पड़ताहै इसके ऊपरके मार्गसे चलेजाओ यह सुनकर वह मूर्ख उस वृक्षपर चढ़गया और उसके ऊपरकी ऐसी पतली शाखापर पहुँचा कि वह शाखा भारसे एकाएकी झुक गई और वह उसी शाखाको पकड़कर नदीकी ओर लटकगया इतने में कोई महावत हाथी को जल पिलानेकेलिये उसी मार्गसे नदीपर आया महावतसे उस मूर्खने कहा कि हे महाशय तुम कृपा करके मुझे यहां से उतारलो यह सुनकर उस महावतने उसे उतारनेके लिये उसके पैर पकड़लिये इससे वह हाथी निकलगया और महावत उसके पैर पकड़े लटका रहगया तब उस मूर्ख ने महावतसे कहा कि जो तुमको गाना आताहो तो शीघ्रता से गाओ गान सुनकर जो कोई यहां आवेगा वही हम दोनों को उतारेगा उसके कहने से महावत ने ऐसा मधुर गान किया कि जिससे उस मूर्खने आनन्दसे मोहित होकर डालीको छोड़कर हाथसे तालदेनाचाहा इससे वह महावत समेत नदी में डूबकर मरगया मूर्खकी संगतिसे उस बिचारे महावतके भी प्राणगये ऐसेही मूर्ख की संगतसे किसीका कल्याण नहीं होता इस कथाको कहकर गोमुख नरवाहनदत्त से हिरण्याक्ष राजपुत्रकी कथा कहनेलगा कि सम्पूर्ण देशों के शिरोमणि कश्मीर देशमें विद्वान् तथा धर्म्मात्मा लोगों से युक्त एक हिरण्यपुर नाम नगरथा उसमें कनकाक्षनाम राजाथा उस राजाके श्रीशिवजी की आराधना से रत्नप्रभा रानीमें उत्पन्नहुआ हिरण्याक्ष नाम एकपुत्रथा एकसमय गेंद खेलते २ हिरण्याक्षका गेंद मार्ग में आई हुई एकतपस्विनी के लगगया गेंदके लगनेपर क्रोधरहित उस तपस्विनी ने उससे कहा कि अभी से तुमको यौवनके मदसे जो इतना अभिमान है तो जब मृगांकलेखा नाम स्त्री को पाओगे तो तुम्हारी क्या दशाहोगी यह सुनकर हिरण्याक्ष ने अपना अपराध क्षमाकरवाके उससे कहा कि हे भगवति वह मृगांकलेखा कौन है उसे मुझे बताओ यह सुनकर वह तपस्विनी बोली कि हिमालयपर्व्वतपर विद्याधरों का शशितेज नाम राजाहै उसके मृगांकलेखा नाम अत्यन्त रूपवती कन्याहै जिसके रूपसे मोहितहुए विद्याधरोंको रात्रिभर निद्रा नहीं आती है वही तुम्हारे योग्य स्त्री है और तुम उसके योग्य पतिहो तपस्विनी के यह वचन सुनकर हिरण्याक्षने उससे कहा कि आप मुझे मृगांकलेखाके मिलनेका उपाय कृपाकरके बताओ यह सुनकर वह तपस्विनी फिर बोली कि मैं उसके पास जाकर तुम्हारी प्रशंसाकरूंगी और जब उसका चित्त तुमपर

वहमूसोंको जब खाजायगी तव तुम्हारी व्यथादूर होजायगी उपाध्यायने कहा कि बिल्ली कैसीहोती है और कहां रहतीहै मैंने आजतक कभी नहीं देखीहै यहसुनकर वह मित्र बोला कि उसके कंजे नेत्र होतेहैं वर्णधुमैला होताहै और पीठपर रोयेंदार चमड़ाहोता है इसपहचानसे तुम बिल्ली मंगवालो यहकहकर उसके चलेजानेपर उपाध्यायने अपने शिष्योंसे कहा कि तुमने बिल्लीकी पहचान तो सुनहीलीहै कहीं से बिल्ली ले आओ उपाध्यायकी आज्ञापाकर सव शिष्य इधर उधर बिल्ली ढूंढ़नेलगे परन्तु बिल्ली कहीं न मिली तब एककंजेनेत्रवाला तथा धुमैले वर्णवाला विद्यार्थी मृगचर्म ओढ़े हुए उनको मिला उसे सम्पूर्ण लक्षणोंसे युक्तहोनेके कारण बिल्ली जानकर उपाध्यायके पास शिष्यलोग ले आये और उपाध्यायनेभी उसे अपने मित्रके वताये हुए लक्षण समेत देख बिल्ली जानके अपने मठ में रखलिया वह विद्यार्थी उसी ब्राह्मणका शिष्यथा जिसने उपाध्यायको लक्षण बताये थे प्रातःकाल उसब्राह्मणने वहां आकर उसमठमें अपने विद्यार्थीको देखकर उनसवसे पूंछा कि इसे यहां कौनलायाहै यहसुनकर वहमूर्ख उपाध्याय तथा शिष्य बोले कि आपके बतायेहुए लक्षणोंके अनुसार यहबिल्ली हम लायेहैं यहसुनकर वहब्राह्मण हँसकर बोला कि हे मूर्खो कहां तो मनुष्य और कहां पशुबिल्ली उसके तो चारपैर होते हैं और पूंछभी होती है यहसुनकर उनमूर्खों ने उसविद्यार्थीको छोड़कर कहा कि अब आप जैसी बिल्ली बताइयेगा वैसीही हम लावेंगे उनमूर्खोंके यहवचन सुनकर सब लोग बहुत हँसे ठीक है ( अज्ञतानाम कस्येहनोपहासायजायते ) मूर्खतासे किसकी हँसी नहींहोतीहै १७६ अब अन्य मूर्खोंकी कथा सुनिये कि किसी मठमें बहुतसे मूर्खोंका प्रधान एकमूर्ख रहताथा एकदिन उसने किसी धर्मशास्त्री से तड़ाग बनवानेका बड़ा माहात्म्य सुना इससे उसने अपने मठकेही निकट बड़ा सुन्दर तालाब बनवाया एक दिन वह अपना तालाब देखनेको गया वहां उसतालाबकी सिड्ढी उसे खुदीहुई मालूमहुई इससे उसने दूसरे दिन फिर जाकरदेखा तो और भी अधिक खुदीहुई सिड्ढी देखी यहदेखकर उसने अपने चित्तमें कहा कि मैं प्रातःकालसे यहां आनकर देखूंगा कि कौन तालाब की सीढ़ियां तोड़जाताहै यहशोच कर वह दूसरे दिन जैसेही प्रातःकाल तालाबके किनारे आनकर बैठा वैसेही एकबैल आकाशसे उतर कर अपने सींगोंसे सीढ़ियोंको खोदनेलगा उसे देखके उसने यहशोचकर कि यह दिव्य बैलहै इसके साथ में स्वर्ग को क्यों न चलाजाऊं उसकी पूंछ अपने हाथों से जाकर पकड़लीनी तब वह बैल उस मूर्ख समेत आकाश मार्गसे उड़कर कैलाशपर चलागया वहां मोदकादि दिव्य भोजनपाके वह मूर्ख कुछ दिन सुख पूर्व्वकरहा उस बैलको नित्य आतेजाते देखकर उस मूर्ख ने एकदिन भाग्य से मोहित होके अपने चित्त में शोचा कि इस बैलकी पूंछ पकड़कर मैं अपने भाई बन्धुओं से मिलआऊं और फिर इसकी पूंछ पकड़कर चलाआऊंगा यह शोचके वह बैलकी पूंछ पकड़कर पृथ्वीपर आया और अपने अन्य मूर्ख मित्रोंसे मिला उन सबने उससे पूछा कि तुम कहां गयेथे उसने अपना सब वृत्तान्त उनसे कहदिया उस आश्चर्य्यको सुनकर वह सब बोले कि हमें भी वहां लेजाकर मोदक खिलवाओ यह सुनकर वह उन सबको युक्ति बताकर तालाबपर लेगया वहां जब वह बैल आया तब उसने उसकी

पूंछपकड़ली उसके पैर दूसरे मूर्खने पकड़लिये उसके दूसरेने इसी क्रमसे सबने एक २ के पैर पकड़ लिये इसप्रकारसे एक २ का पैर पकड़कर उन मूर्खोंने जंजीरसी बनाली इतने में वह बैल उन सब समेत बड़े वेगसे उड़कर आकाशमें चला मार्गमें बहुत दूर ऊपरजाके एक मूर्खने अपने प्रधान मूर्खसे कहा कि तुमने वहां कितने २ बड़े मोदक खायेथे यह सुनकर उस प्रधान मूर्खने बैलकी पूंछ छोड़कर हाथों से लड्डुओं का प्रमाण बताना चाहा इससे वह सब मूर्खों समेत पृथ्वी में गिरकर नष्टहोगया और बैल आकाशको चलागया उन मूर्खोंकी यह दशा देखकर सब लोगहँसे इसप्रकारसे मूर्ख लोगों के प्रश्नोत्तरों में भी दोपही उत्पन्न होताहै १९६ आकाशगामी मूर्खों की कथा आपने सुनी अब अन्य मूर्खकी कथा सुनिये कोई मूर्ख किसी स्थानकोजाते समय मार्ग भूलगया पूछनेपर लोगोंने उसे यह पता बताया कि नदी के किनारेपर जो वृक्ष दिखाई पड़ताहै इसके ऊपरके मार्गसे चलेजाओ यह सुनकर वह मूर्ख उस वृक्षपर चढ़गया और उसके ऊपरकी ऐसी पतली शाखापर पहुँचा कि वह शाखा भारसे एकाएकी झुक गई और वह उसी शाखाको पकड़कर नदीकी ओर लटकगया इतने में कोई महावत हाथी को जल पिलानेकेलिये उसी मार्गसे नदीपर आया महावतसे उस मूर्खने कहा कि हे महाशय तुम कृपा करके मुझे यहां से उतारलो यह सुनकर उस महावतने उसे उतारनेके लिये उसके पैर पकड़लिये इससे वह हाथी निकलगया और महावत उसके पैर पकड़े लटका रहगया तब उस मूर्ख ने महावतसे कहा कि जो तुमको गाना आताहो तो शीघ्रता से गाओ गान सुनकर जो कोई यहां आवेगा वही हम दोनों को उतारेगा उसके कहने से महावत ने ऐसा मधुर गान किया कि जिससे उस मूर्खने आनन्दसे मोहित होकर डालीको छोड़कर हाथसे तालदेनाचाहा इससे वह महावत समेत नदी में डूबकर मरगया मूर्खकी संगतिसे उस बिचारे महावतके भी प्राणगये ऐसेही मूर्ख की संगतसे किसीका कल्याण नहीं होता इस कथाको कहकर गोमुख नरवाहनदत्त से हिरण्याक्ष राजपुत्रकी कथा कहनेलगा कि सम्पूर्ण देशों के शिरोमणि कश्मीर देशमें विद्वान् तथा धर्म्मात्मा लोगों से युक्त एक हिरण्यपुर नाम नगरथा उसमें कनकाक्षनाम राजाथा उस राजाके श्रीशिवजी की आराधना से रत्नप्रभा रानीमें उत्पन्नहुआ हिरण्याक्ष नाम एकपुत्रथा एकसमय गेंद खेलते २ हिरण्याक्षका गेंद मार्गमें आई हुई एकतपस्विनी के लगगया गेंदके लगनेपर क्रोधरहित उस तपस्विनी ने उससे कहा कि अभी से तुमको यौवनके मदसे जो इतना अभिमान है तो जब मृगांकलेखा नाम स्त्री को पाओगे तो तुम्हारी क्या दशाहोगी यह सुनकर हिरण्याक्ष ने अपना अपराध क्षमाकरवाके उससे कहा कि हे भगवति वह मृगांकलेखा कौन है उसे मुझे बताओ यह सुनकर वह तपस्विनी बोली कि हिमालयपर्व्वतपर विद्याधरों का शशितेज नाम राजाहै उसके मृगांकलेखा नाम अत्यन्त रूपवती कन्याहै जिसके रूपसे मोहितहुए विद्याधरोंको रात्रिभर निद्रा नहीं आती है वही तुम्हारे योग्य स्त्री है और तुम उसके योग्य पतिहो तपस्विनी के यह वचन सुनकर हिरण्याक्षने उससे कहा कि आप मुझे मृगांकलेखाके मिलनेका उपाय कृपाकरके बताओ यह सुनकर वह तपस्विनी फिर बोली कि मैं उसके पास जाकर तुम्हारी प्रशंसाकरूंगी और जब उसका चित्त तुमपर

अनुरक्त जानूंगी तब तुमको उसके पास लेजाऊंगी यह कहके वह तपस्विनी आकाश मार्ग से हिमालय पर मृगांकलेखा के पासगई और वहां जाकर उसने उससे हिरण्याक्षकी ऐसी प्रशंसाकी जिसे सुनकर मृगांकलेखा ने अत्यन्त अनुरक्त होकर उससे कहा कि जो वह मुझे पति न मिला तो मेरा जन्म व्यर्थ है इसप्रकार से मृगांकलेखा को हिरण्याक्ष पर अनुरक्त कराके वह तपस्विनी उस दिनको वहीं व्यतीत करके रात्रि के समय भी मृगांकलेखाकेही पास रही यहां हिरण्याक्ष ने भी मृगांकलेखाकेही चिन्ता में दिन व्यतीत करके रात्रि के समय किसी प्रकारसे निद्रा युक्त होकर यह स्वप्न देखा कि साक्षात् भगवती श्रीपार्व्वतीजी उससे कहरही हैं कि हेपुत्र तुम विद्याधर हो मुनि के शापसे तुम्हारा मनुष्य जन्म हुआहै इस तपस्विनी के हाथ के स्पर्श से तुम शाप से छूटकर मृगांकलेखा को पाओगे इसमें कुछ चिन्ता मतकरना यह तुम्हारी पूर्व्वजन्मकी स्त्री है यह कहकर भगवती के अन्तर्द्धान होजानेपर हिरण्याक्ष उठके स्नान करके श्रीअमरेश्वर नाम शिवजी के मन्दिर में गया और वहां हाथ जोड़कर श्रीशिवजीके आगे बैठा इसबीचमें किसी प्रकारसे निद्राको प्राप्तहुई मृगांकलेखासे भी श्रीपार्वतीजीने स्वप्नमें कहा कि तपस्विनीके हाथके स्पर्शसे शापरहित हुए हिरण्याक्षको तुम शीघ्रही पाओगी कुछ चिन्ता न करो यह कहकर भगवतीके अन्तर्द्धान होजानेपर मृगांकलेखाने जगकर तपस्विनी से अपने स्वप्नका सब वृत्तान्त कहा इस स्वप्नको सुनकर वह तपस्विनी श्रीअमरेशनाम शिवजीके मन्दिर में आकर हिरण्याक्षसे बोली किहे पुत्र तुम विद्याधरोंके लोकको हमारेसाथ चलो और यह कहके उसकी भुजाओंको पकड़के उसे आकाशमार्गसे लेचली उसके हाथका स्पर्श होतेही हिरण्याक्ष विद्याधरों का राजाहोके शापके क्षीणहोजानेसे अपने पूर्वजन्मका स्मरण करके उस तपस्विनीसे बोला कि हिमालय पर्वतपर वज्रकूटनाम नगर में विद्याधरों का अमृततेजनाम मैं राजा हूं उल्लंघन से कुपितहुए एक मुनिने मुझको मनुष्यहोनेका शाप दियाथा और उसकी अवधि तुम्हारेहाथका स्पर्श बताया था जब मुनिके शापसे मैं मृत्युलोकमें मनुष्यहोगया तब मेरी स्त्री दुःखसे मरगई वही यह मृगांकलेखा है आज मैं तुम्हारी कृपासे उस शापसे छूटकर उसअपनीस्त्री को पाऊंगा इसप्रकार कहताहुआ वहअमृततेज तपस्विनीके साथ हिमालय पर्व्वतपर उपवनमें बैठीहुई मृगांकलेखाके पासगया वहां उस तपस्विनी से निवेदन कियेगये अमृततेजको देखकर मृगांकलेखा अत्यन्त प्रसन्नहुई और उसे देखकर अमृततेजभी अपनी खोईहुई निधिके प्राप्तहुएके समान अत्यन्त प्रसन्नहुआ तब उस तपस्विनीने मृगांकलेखासे कहा कि अब तुम अपने पितासे अपना सबमनोरथ जाकरकहो यहसुनकर मृगांकलेखाने अपनी सखी के द्वारा अपना सब वृत्तान्त अपने पितासे कहा सखीके वचन सुनकर शशितेज ने अमृततेजको बड़े आदरपूर्व्वक अपने मन्दिरमें लेजाके विधिपूर्व्वक मृगांकलेखाका विवाह उसके साथकरदिया क्योंकि पार्वतीजीने स्वप्नमें उसे भी यह आज्ञादेदी थी फिर विवाहके उपरान्त अमृततेज मृगांकलेखाको लेकर अपने वज्रकूटनाम नगरको चलागया और वहां उस तपस्विनी के द्वारा अपने पिता कनकाक्षको [illegible]कमे बुलवाकर बहुतसे रत्नादिदेके फिर मृत्युलोक में भेजकर मृगांकलेखाके साथ

अपने राज्यका सुख भोगनेलगा इस प्रकारसे पूर्वकर्मके अनुसार मनुष्योंको जो कुछ भावी है वह अवश्य होताहै विना यत्नकेही बड़े २ असाध्यकार्य्य भी सिद्धहोजातेहैं गोमुख से इस कथाको सुनकर शक्तियशाके लिये उत्कण्ठित नरवाहनदत्त शयनस्थानमें जाकर सोरहा २५६ ॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांशक्तियशोलम्बकेनवमस्तरंगः ९ ॥

इसके उपरान्त दूसरे दिन रात्रिके समय नरवाहनदत्तके प्रसन्न करनेकेलिये गोमुख यहकथा कहने लगा कि धारेश्वरनाम शिवजीके सिद्धिक्षेत्रमें एक महामुनि अपने बहुतसे शिष्योंसमेत रहतेथे एक समय उसमुनिने अपने शिष्योंसे कहा कि तुम लोगोंमेंसे जिस किसीने कोई अपूर्व्वबात देखीहो अथवा सुनीहो सो कहे यह सुनकर एक शिष्यने कहा कि मैंने एक अपूर्व बातसुनी है उसको आपके आगे कहताहूं कि कश्मीर देशमें श्रीशिवजीके विजयनाम महाक्षेत्रमें एक बड़ा विद्याभिमानी संन्यासी रहताथा वह यह संकल्प करके कि मेरी कहीं पराजय नहो श्रीशिवजीको प्रणामकरके विवाद करने के लिये पाटलिपुत्र नगरको चला मार्गमें बहुतसी नदी पर्वत तथा वनोंको उल्लंघन करके वह एकवनमें थककर किसी वृक्षके नीचे विश्राम करनेलगा उसी समय एक धार्मिक पथिक एकदंड तथा कूंड़ी हाथ में लियेहुए उसी वृक्षके नीचे आकरबैठा उससे उस संन्यासीने पूछा कि तुम कहांसे आतेहो औरकहां को जाओगे यह सुनकर उस धार्मिकने कहा कि हेमित्र मैं पाटलिपुत्र नगरसे आयाहूं और कश्मीरदेशके संपूर्ण पंडितोंको वादमें जीतनेके लिये वहां जाताहूं उसके यह वचनसुनकर उस संन्यासीने यह शोचकर कि जो मैंने इसको यहां न जीता तो वहां जाकर वहां के बहुत से विद्वानों को कैसे जीतूंगा उससे कहा कि हे धार्म्मिक तुम्हारा कार्य्य बड़ा विपरीतहै कहां तो मोक्ष की इच्छा करनेवाले तुम धार्म्मिक और कहां वाद विवाद करना जो तुम वादके अभिमानरूपी बन्धनके द्वारा संसारसे मुक्त होना चाहते हो तो अग्निसे ऊष्माको और हिमसे शीतको दूरकरना चाहतेहो पत्थरकी नौका पर चढ़कर समुद्रके पार जाना चाहतेहो और प्रज्वलित अग्निको वायुसे निवारण करना चाहतेहो ब्राह्मणोंका क्षमा क्षत्रियों का आपत्ति से रक्षाकरना मुक्तिचाहनेवालों का शम और राक्षसोंका कलह करना शीलहै इससे मुक्ति चाहनेवाले को सदैव शान्त तथा जितेन्द्री रहना चाहिये और सुख दुःखको त्यागकर संसार के क्लेशों से डरना चाहिये इससे तुम शान्तिरूपी कुठारके द्वारा संसाररूपी वृक्षको काटो वादके अभिमान रूपी जलसे उसकी जड़को न सींचो उसके यह वचनसुनकर वह धार्मिक उसे प्रणामकर आप मेरे गुरु हैं ऐसा कहके प्रसन्नता पूर्व्वक अपने पाटलिपुत्र नगरको लौटगया और वह संन्यासी उसीवृक्षके नीचे हँसताहुआ बैठारहा इतने में अपनी स्त्री के साथ वार्त्तालाप करतेहुए किसी यक्षका शब्द उसे सुनाई दिया उस यक्षने हास्य करके एक पुष्पोंकी माला अपनीस्त्री के मारी उसके लगतेही उसने अपनेको मृतकके समान बनालिया यह देखकर यक्षके सब सेवक रोनेलगे क्षणभरमें वह फिर जीनेसीलगी और नेत्र खोलकर यक्षकी ओर देखनेलगी तो उस यक्षने उससे पूछा कि इतने समयमें तुझे क्या दिखाई

अनुरक्त जानूंगी तब तुमको उसके पास लेजाऊंगी यह कहके वह तपस्विनी आकाश मार्ग से हिमालय पर मृगांकलेखा के पासगई और वहां जाकर उसने उससे हिरण्याक्षकी ऐसी प्रशंसाकी जिसे सुनकर मृगांकलेखा ने अत्यन्त अनुरक्त होकर उससे कहा कि जो वह मुझे पति न मिला तो मेरा जन्म व्यर्थ है इसप्रकार से मृगांकलेखा को हिरण्याक्ष पर अनुरक्त कराके वह तपस्विनी उस दिनको वहीं व्यतीत करके रात्रि के समय भी मृगांकलेखाकेही पास रही यहां हिरण्याक्ष ने भी मृगांकलेखाके ही चिन्ता में दिन व्यतीत करके रात्रि के समय किसी प्रकारसे निद्रा युक्त होकर यह स्वप्न देखा कि साक्षात् भगवती श्रीपार्व्वतीजी उससे कहरही हैं कि हेपुत्र तुम विद्याधर हो मुनि के शापसे तुम्हारा मनुष्य जन्म हुआहै इस तपस्विनी के हाथ के स्पर्श से तुम शाप से छूटकर मृगांकलेखा को पाओगे इसमें कुछ चिन्ता मतकरना यह तुम्हारी पूर्व्वजन्मकी स्त्री है यह कहकर भगवती के अन्तर्द्धान होजानेपर हिरण्याक्ष उठके स्नान करके श्रीअमरेश्वर नाम शिवजी के मन्दिर में गया और वहां हाथ जोड़कर श्रीशिवजीके आगे बैठा इसबीचमें किसी प्रकारसे निद्राको प्राप्तहुई मृगांकलेखासे भी श्रीपार्वतीजीने स्वप्नमें कहा कि तपस्विनीके हाथके स्पर्शसे शापरहित हुए हिरण्याक्षको तुम शीघ्रही पाओगी कुछ चिन्ता न करो यह कहकर भगवतीके अन्तर्द्धान होजानेपर मृगांकलेखाने जगकर तपस्विनी से अपने स्वप्नका सब वृत्तान्त कहा इस स्वप्नको सुनकर वह तपस्विनी श्रीअमरेशनाम शिवजीके मन्दिर में आकर हिरण्याक्षसे बोली किहे पुत्र तुम विद्याधरोंके लोकको हमारेसाथ चलो और यह कहके उसकी भुजाओंको पकड़के उसे आकाशमार्गसे लेचली उसके हाथका स्पर्श होतेही हिरण्याक्ष विद्याधरों का राजाहेके शापके क्षीणहोजानेसे अपने पूर्वजन्मका स्मरण करके उस तपस्विनीसे बोला कि हिमालय पर्वतपर वज्रकूटनाम नगर में विद्याधरों का अमृततेजनाम मैं राजा हूं उल्लंघन से कुपितहुए एक मुनिने मुझको मनुष्यहोनेका शाप दियाथा और उसकी अवधि तुम्हारेहाथका स्पर्श बताया था जब मुनिके शापसे मैं मृत्युलोकमें मनुष्यहोगया तब मेरी स्त्री दुःखसे मरगई वही यह मृगांकलेखा है आज मैं तुम्हारी कृपासे उस शापसे छूटकर उसअपनीस्त्री को पाऊंगा इसप्रकार कहताहुआ वहअमृततेज तपस्विनीके साथ हिमालय पर्व्वतपर उपवनमें बैठीहुई मृगांकलेखाके पासगया वहां उस तपस्विनी से निवेदन कियेगये अमृततेजको देखकर मृगांकलेखा अत्यन्त प्रसन्नहुई और उसे देखकर अमृततेजभी अपनी खोईहुई निधिके प्राप्तहुएके समान अत्यन्त प्रसन्नहुआ तब उस तपस्विनीने मृगांकलेखासे कहा कि अब तुम अपने पितासे अपना सबमनोरथ जाकरकहो यहसुनकर मृगांकलेखाने अपनी सखी के द्वारा अपना सब वृत्तान्त अपने पितासे कहा सखीके वचन सुनकर शशितेज ने अमृततेजको बड़े आदर पूर्व्वक अपने मन्दिरमें लेजाके विधिपूर्व्वक मृगांकलेखाका विवाह उसके साथकरदिया क्योंकि पार्वतीजीने स्वप्नमें उसे भी यह आज्ञादेदी थी फिर विवाहके उपरान्त अमृततेज मृगांकलेखाको लेकर अपने वज्रकूटनाम नगरको चलागया और वहां उस तपस्विनी के द्वारा अपने पिता कनकाक्षको मृत्युलोकमें बुलवाकर बहुतसे रत्नादिदेके फिर मृत्युलोक में भेजकर मृगांकलेखाके साथ

विश्वास करलिया और अपने मंत्री आदिकों से भी यह वृत्तान्त कह दिया राजाके यह वचन सुनकर वह मूर्खभी अपनी २ स्त्रियों का विष्णुभगवान् से भोगकरवाना जानकर चुपहो रहे इसप्रकार से पुंश्चली स्त्रियां असत्य बोलने में चतुरहोती हैं और मूर्खों को ठगती हैं मैं वैसा मूर्ख नहीं हूं ५२ यह कहकर यक्षने अपनी स्त्रीको लज्जित किया यक्षकी इस सब वार्त्तालापको सुनकर वृक्षके नीचेबैठे हुए संन्यासीने हाथ जोड़कर यक्षसे कहा कि हेभगवन् आपके आश्रममें आयाहुआ मैं शरणागतहूं इससे मैंने जो आपकी वार्त्तालापको सुनाहै उसे क्षमाकीजियेगा उसके यह सत्य वचन सुनकर यक्षने उसके सत्य वचनों से प्रसन्न होकर कहा कि मैं सर्व स्थानगत नाम यक्षहूं मुझसे जो चाहो सो तुम वर मांगो मैं तुम्हारे ऊपर अत्यन्त प्रसन्नहूं यह सुनके संन्यासीने कहा कि आप अपनी इस स्त्रीपर क्रोध न कीजियेगा यही वरदान में मांगताहूं उसके यह गंभीर वचन सुनके यक्षने कहा कि अब मैं तुम्हारे ऊपर और भी अधिक प्रसन्नहूं इससे यह वर तो मैंने तुमको दिया अब अन्य वर मांगो यह सुनकर संन्यासी ने कहा कि जोआप प्रसन्नहैं तो मैं अन्यवर यह मांगताहूं कि आजसे तुम दोनों मुझे अपना पुत्र करके मानों यह सुनकर वह यक्ष अपनी स्त्री समेत प्रकट होकर बोला कि हे पुत्र तुम हमारे पुत्र हीहो हमारी कृपासे तुम्हारे ऊपर कभी विपत्ति नहीं आवेगी और विवाद कलह तथा द्यूतमें सदैव तुम्हारी विजय होगी यह कहकर उस यक्षके अन्तर्द्धान होजानेपर यक्षको प्रणामकर उस रात्रिको वहीं व्यतीत करके उस संन्यासीने पाटलिपुत्र नगर में आकर राजद्वारमें प्रतीहारके द्वारा राजा सिंहाक्ष से अपना आगमन कहलाभेजा और प्रतीहारकेद्वारा राजाकी आज्ञापाके सभामें जाकर यक्षके माहात्म्य से वहांके सम्पूर्ण पण्डितोंको वाद विवादमें जीतलिया और फिर उनपर आक्षेप करके उनसे यह कहा कि दिवाल से निकलकर शंख चक्र गदा और पद्म धारी पुरुष दांतोंसे ओठकाटकर और नखोंसे स्तनों में क्षत देकर मेरे साथ भोग करके फिर उसी दीवारमें चला जाताहै यह क्या बातहै इसका उत्तर मैं आपसे पूछताहूं यह सुनकर सब पण्डित कुछ तत्त्व न समझकर एक दूसरेका मुखदेखतेहुए निरुत्तर होगये तब राजा सिंहाक्षने उससे कहा कि यह जो आपने प्रश्न कियाहै इसका उत्तरभी आपही दो यह सुनकर उसने यक्षसे सुनाहुआ उसकी स्त्री का सब वृत्तान्त कहकर कहा कि मनुष्यको पापकी मूल स्त्रियोंका संग कदापि न करना चाहिये उसके यह वचनसुनके राजाने प्रसन्न होकर उसे अपना राज्य देना चाहा परन्तु संन्यासीने अपने देशके स्नेहसे राज्यलेना न चाहा तब राजाने उसे बहुतसे अमूल्य रत्नदिये उन रत्नोंको लेकर वह संन्यासी कश्मीर देशमें जाके यक्षकी कृपासे दीनता रहित होकर सुख पूर्वक रहनेलगा इस वृत्तान्त को कहके शिष्यने मुनिसे कहा कि मैंने उस संन्यासी हीके मुखसे यह सब बातेंसुनीहैं इस कथाको सुनकर वह मुनि अपने सब शिष्यों समेत बड़े प्रसन्नहुए यह कथा कहकर गोमुखने नरवाहनदत्त से कहा कि इसप्रकारसे कुकर्मिणी स्त्रियोंके चरित्र ब्रह्माके कार्य्योंके समान विचित्र होते हैं अब ग्यारहपुरुषोंके मारनेवाली स्त्रीकी कथा आपसुनिये मालवदेशमें एक कुटुंबी ग्रामीण ब्राह्मणरहताथा उसके तीनपुत्रोंके उपरान्त एककन्या उत्पन्नहुई उसकन्याके उत्पन्नहोतेही उसकी माता

दिया उसने मिथ्या बना करके मिथ्या उससे कहा कि आपकी मालाके लगतेही पाशको हाथमें लिये हुए जाज्वल्य नेत्रवाला बड़े २ लम्बे बालवाला एक महा भयंकर श्यामवर्ण पुरुष मुझे दिखाई दिया वह मुझे यमराजके मन्दिरमें लेगया तब वहां के अधिकारियों ने उसे धमकाकर मुझे छुड़वादिया उसके यह वचनसुनके वह यक्ष हँसकर बोला कि इन्द्रजालसे रहित स्त्रियोंकी कोई भी बात नहीं होती एक तो पुष्पों के लगने से मरनाही असम्भवहै दूसरे यमराजके लोकसे लौटना और भी असम्भवहै हे मूर्खे तूने तो इससमय पाटलिपुत्र नगरकी स्त्रियों का अनुकरण कियाहै उस नगरमें जो सिंहाक्षनाम राजाहै उसकी रानी एक समय मन्त्री सेनाधिपति पुरोहित तथा वैद्य इनसबकी स्त्रियोंको साथमें लेकर शुक्लपक्षकी त्रयोदशी के दिन उसी नगरके निकट विशाल मन्दिर में वर्त्तमान सरस्वतीके दर्शनकोगई वहांमार्ग में बहुतसे कुबड़े अन्धे तथा पंगुओं ने उन सब स्त्रियों से यह प्रार्थनाकी कि हम दीन रोगियोंको औषध दिलवाओ जिससे हम इस रोगसे छूटें ( समुद्रलहरीलोलो विद्युत्स्फुरितभंगुरः। जीवलोकोह्ययंयात्रा ग्र- त्सवक्षणसुन्दरः॥ तदसारेत्रसंसारे सारंदीनेषुयादया। कृपणेषुचयद्दानं गुणवान्कनजीवति॥ आढ्यस्य किंचदानेन सुहितस्याशनेनकिम्। किंचन्दनेनशीतालोः किंघनेनहिमागमे ) समुद्रकी लहरों के समान चंचल बिजलीकी चमककेसमान भंगहोनेवाला और यात्रादिक उत्सवों के समान क्षणभर सुन्दर यह संसारहै इससे इस असारसंसारमें दीनोंपर दयाकरना और दरिद्रियोंको दान देनाही सार है गुणवान्की जीविका तो सबकहींहोती है धनवान्को दानदेने से क्या तृप्तको भोजनसे क्या शीतयुक्तको चन्दनसे क्या और हेमन्तऋतुमें मेघोंसे क्या इससे हम दीनलोगोंपर दयाकरो उनके यह वचनसुनकर उनस्त्रियों ने परस्परमें कहा कि यहबहुत उचित कहते हैं इससे इनकी औषध अवश्य करवानी चाहिये यहकहकर वह सब स्त्रियां सरस्वतीजीका पूजनकरके उन रोगियों में से एक २ को अपने२ घर लेगई और अपने २ पतियों से कहकर उनकी औषध करवानेलगीं और रात्रिदिन उन्हींकी चिन्तामें रहनेलगीं बहुत काल तक एकसाथ रहनेसे उनरोगियोंपर अनुरक्तहुई उनस्त्रियोंको ऐसा कामका वेगहुआ कि वहतन्मयहो- गई और उन्हें यहभी विचार न रहा कि कहां तो यहदीन रोगी और कहां यह ऐश्वर्य्यवान् हमारे पति तब उनरोगियों के साथ रमणकरनेसे जो उनस्त्रियोंके नखक्षत तथा दन्तक्षतहोगये वह उनके राजा मंत्री सेनापति पुरोहित तथा वैद्य पतियोंने देखे और सन्देह युक्तहोकर उनसबने परस्परमें यह बातकही तब राजाने उनसबसेकहा तुमलोग अभी ठहरजाओ पहले मैं अपनी रानीसे युक्तिपूर्व्वक पूछलूं यह कहके राजाने अपने मंदिरमें जाकर रानीसे स्नेह तथा भयदिखाकर पूछा कि तुम्हारा ओष्ठ किसनेकाटा और तुम्हारे स्तनों में किसने नखक्षतलगाये हैं सत्य २ कहो नहीं तो तुम्हारा कल्याण न होगा यह सुनकर रानीने बात बनाकरकहा कि यद्यपि कहनेके योग्य बातनहीं है तथापि मैं आपसे कहती हूं रात्रिकेसमय एक शंख चक्रधारी पुरुष दीवारमें से निकलकर मेरेसाथ भोगकिया करताहै और भोगकरके इसी दीवार में गुप्तहोजाताहै मेरे जिन अंगोंको चन्द्रमा और सूर्य्यने भी नहींदेखाहै उनकी वह नित्यदुर्दशा करता है आपके जीतेहीमें मेरी यह दुर्दशाहोतीहै रानीके वचन सुनकर राजा ने वैष्णवीमाया जानकर उसपर

विश्वास करलिया और अपने मंत्री आदिकों से भी यह वृत्तान्त कह दिया राजाके यह वचन सुनकर वह मूर्खभी अपनी २ स्त्रियों का विष्णुभगवान् से भोगकरवाना जानकर चुपहो रहे इसप्रकार से पुंश्चली स्त्रियां असत्य बोलने में चतुरहोती हैं और मूर्खों को ठगती हैं मैं वैसा मूर्ख नहीं हूं ५२ यह कहकर यक्षने अपनी स्त्रीको लज्जित किया यक्षकी इस सब वार्त्तालापको सुनकर वृक्षके नीचेबैठे हुए संन्यासीने हाथ जोड़कर यक्षसे कहा कि हेभगवन् आपके आश्रममें आयाहुआ में शरणागतहूं इससे मैंने जो आपकी वार्त्तालापको सुनाहै उसे क्षमाकीजियेगा उसके यह सत्य वचन सुनकर यक्षने उसके सत्य वचनों से प्रसन्न होकर कहा कि मैं सर्व स्थानगत नाम यक्षहूं मुझसे जो चाहो सो तुम वर मांगो मैं तुम्हारे ऊपर अत्यन्त प्रसन्नहूं यह सुनके संन्यासीने कहा कि आप अपनी इस स्त्रीपर क्रोध न कीजियेगा यही वरदान मैं मांगताहूं उसके यह गंभीर वचन सुनके यक्षने कहा कि अब मैं तुम्हारे ऊपर और भी अधिक प्रसन्नहूं इससे यह वर तो मैंने तुमको दिया अब अन्य वर मांगो यह सुनकर संन्यासी ने कहा कि जोआप प्रसन्नहैं तो मैं अन्यवर यह मांगताहूं कि आजसे तुम दोनों मुझे अपना पुत्र करके मानों यह सुनकर वह यक्ष अपनी स्त्री समेत प्रकट होकर बोला कि हे पुत्र तुम हमारे पुत्र हीहो हमारी कृपासे तुम्हारे ऊपर कभी विपत्ति नहीं आवेगी और विवाद कलह तथा द्यूतमें सदैव तुम्हारी विजय होगी यह कहकर उस यक्षके अन्तर्द्धान होजानेपर यक्षको प्रणामकर उस रात्रिको वहीं व्यतीत करके उस संन्यासीने पाटलिपुत्र नगर में आकर राजद्वारमें प्रतीहारके द्वारा राजा सिंहाक्ष से अपना आगमन कहलभेजा और प्रतीहारकेद्वारा राजाकी आज्ञापाके सभामें जाकर यक्षके माहात्म्य से वहांके सम्पूर्ण पण्डितोंको वाद विवादमें जीतलिया और फिर उनपर आक्षेप करके उनसे यह कहा कि दिवाल से निकलकर शंख चक्र गदा और पद्म धारी पुरुष दांतोंसे ओठकाटकर और नखोंसे स्तनों में क्षत देकर मेरे साथ भोग करके फिर उसी दीवारमें चला जाताहै यह क्या बातहै इसका उत्तर मैं आपसे पूछताहूं यह सुनकर सब पण्डित कुछ तत्त्व न समझकर एक दूसरेका मुखदेखतेहुए निरुत्तर होगये तब राजा सिंहाक्षने उससे कहा कि यह जो आपने प्रश्न कियाहै इसका उत्तरभी आपही दो यह सुनकर उसने यक्षसे सुनाहुआ उसकी स्त्री का सब वृत्तान्त कहकर कहा कि मनुष्यको पापकी मूल स्त्रियोंका संग कदापि न करना चाहिये उसके यह वचनसुनके राजाने प्रसन्न होकर उसे अपना राज्य देना चाहा परन्तु संन्यासीने अपने देशके स्नेहसे राज्यलेना न चाहा तब राजाने उसे बहुतसे अमूल्य रत्नदिये उन रत्नोंको लेकर वह संन्यासी कश्मीर देशमें जाके यक्षकी कृपासे दीनता रहित होकर सुख पूर्वक रहनेलगा इस वृत्तान्त को कहके शिष्यने मुनिसे कहा कि मैंने उस संन्यासी हीके मुखसे यह सब बातेंसुनीहैं इस कथाको सुनकर वह मुनि अपने सब शिष्यों समेत बड़े प्रसन्नहुए यह कथा कहकर गोमुखने नरवाहनदत्त से कहा कि इसप्रकारसे कुकर्मिणी स्त्रियोंके चरित्र ब्रह्माके कार्य्योंके समान विचित्र होते हैं अब ग्यारहपुरुषोंके मारनेवाली स्त्रीकी कथा आपसुनिये मालवदेशमें एक कुटुंबी ग्रामीण ब्राह्मणरहताथा उसके तीनपुत्रोंके उपरान्त एककन्या उत्पन्नहुई उसकन्याके उत्पन्नहोतेही उसकी माता

दिया उसने मिथ्या बना करके मिथ्या उससे कहा कि आपकी मालाके लगतेही पाशको हाथमें लिये हुए जाज्वल्य नेत्रवाला बड़े २ लम्बे बालवाला एक महा भयंकर श्यामवर्ण पुरुष मुझे दिखाई दिया वह मुझे यमराजके मन्दिरमें लेगया तब वहां के अधिकारियों ने उसे धमकाकर मुझे छुड़वादिया उसके यह वचनसुनके वह यक्ष हँसकर बोला कि इन्द्रजालसे रहित स्त्रियोंकी कोई भी बात नहीं होती एक तो पुष्पों के लगने से मरनाही असम्भवहै दूसरे यमराजके लोकसे लौटना और भी असम्भवहै हे मूर्खे तूने तो इससमय पाटलिपुत्र नगरकी स्त्रियों का अनुकरण कियाहै उस नगरमें जो सिंहाक्षनाम राजाहै उसकी रानी एक समय मन्त्री सेनाधिपति पुरोहित तथा वैद्य इनसबकी स्त्रियोंको साथमें लेकर शुक्लपक्षकी त्रयोदशी के दिन उसी नगरके निकट विशाल मन्दिर में वर्त्तमान सरस्वतीके दर्शनकोगई वहांमार्ग में बहुतसे कुबड़े अन्धे तथा पंगुओं ने उन सब स्त्रियों से यह प्रार्थनाकी कि हम दीन रोगियोंको औषध दिलवाओ जिससे हम इस रोगसे छूटें (समुद्रलहरीलोलो विद्युत्स्फुरितभंगुरः। जीवलोकोह्ययंयात्रा द्युत्सवक्षणसुन्दरः॥ तदसारेत्रसंसारे सारंदीनेषुयादया। कृपणेषुचयद्दानं गुणवान्कनजीवति॥ आढ्यस्य किंत्रदानेन सुहितस्याशनेनकिम्। किंचन्दनेनशीतालोः किंघनेनहिमागमे) समुद्रकी लहरों के समान चंचल बिजलीकी चमकके समान भंगहोनेवाला और यात्रादिक उत्सवों के समान क्षणभर सुन्दर यह संसारहै इससे इस असार संसारमें दीनोंपर दयाकरना और दरिद्रियोंको दान देनाही सार है गुणवान्की जीविका तो सबकहींहोती है धनवान्को दानदेने से क्या तृप्तको भोजनसे क्या शीतयुक्तको चन्दनसे क्या और हेमन्तऋतुमें मेघोंसे क्या इससे हम दीनलोगोंपर दयाकरो उनके यह वचनसुनकर उनस्त्रियों ने परस्परमें कहा कि यहबहुत उचित कहते हैं इससे इनकी औषध अवश्य करवानी चाहिये यहकहकर वह सब स्त्रियां सरस्वतीजीका पूजनकरके उन रोगियों में से एक २ को अपने२ घर लेगई और अपने २ पतियों से कहकर उनकी औषध करवानेलगीं और रात्रिदिन उन्हींकी चिन्तामें रहनेलगीं बहुत काल तक एकसाथ रहनेसे उनरोगियोंपर अनुरक्तहुई उनस्त्रियोंको ऐसा कामका वेगहुआ कि वहतन्मयहोगई और उन्हें यहभी विचार न रहा कि कहां तो यहदीन रोगी और कहां यह ऐश्वर्य्यवान् हमारे पति तब उनरोगियों के साथ रमणकरनेसे जो उनस्त्रियोंके नखक्षत तथा दन्तक्षतहोगये वह उनके राजा मंत्री सेनापति पुरोहित तथा वैद्य पतियोंने देखे और सन्देह युक्तहोकर उनसबने परस्परमें यह बातकही तब राजाने उनसबसेकहा तुमलोग अभी ठहरजाओ पहले में अपनी रानीसे युक्तिपूर्व्वक पूछलूं यह कहके राजाने अपने मंदिरमें जाकर रानीसे स्नेह तथा भयदिखाकर पूछा कि तुम्हारा ओष्ठ किसनेकाटा और तुम्हारे स्तनों में किसने नखक्षतलगाये हैं सत्य २ कहो नहीं तो तुम्हारा कल्याण न होगा यह सुनकर रानीने बात बनाकरकहा कि यद्यपि कहनेके योग्य बातनहीं है तथापि में आपसे कहती हूं रात्रिकेसमय एक शंख चक्रधारी पुरुष दीवारमें से निकलकर मेरेसाथ भोगकिया करताहै और भोगकरके इसी दीवार में गुप्तहोजाताहै मेरे जिन अंगोंको चन्द्रमा और सूर्य्यने भी नहींदेखाहै उनकी वह नित्यदुर्दशा करता है आपके जीतेही मेरी यह दुर्दशाहोतीहै रानीके वचन सुनकर राजा ने वैष्णवीमाया जानकर उसपर

विश्वास करलिया और अपने मंत्री आदिकों से भी यह वृत्तान्त कह दिया राजाके यह वचन सुनकर वह मूर्खभी अपनी २ स्त्रियों का विष्णुभगवान् से भोगकरवाना जानकर चुपहो रहे इसप्रकार से पुंश्चली स्त्रियां असत्य बोलने में चतुरहोती हैं और मूर्खों को ठगती हैं में वैसा मूर्ख नहीं हूं ५२ यह कहकर यक्षने अपनी स्त्रीको लज्जित किया यक्षकी इस सब वार्त्तालापको सुनकर वृक्षके नीचेबैठे हुए संन्यासीने हाथ जोड़कर यक्षसे कहा कि हेभगवन् आपके आश्रममें आयाहुआ में शरणागतहूं इससे मैंने जो आपकी वार्त्तालापको सुनाहै उसे क्षमाकीजियेगा उसके यह सत्य वचन सुनकर यक्षने उसके सत्य वचनों से प्रसन्न होकर कहा कि में सर्व स्थानगत नाम यक्षहूं मुझसे जो चाहो सो तुम वर मांगो मैं तुम्हारे ऊपर अत्यन्त प्रसन्नहूं यह सुनके संन्यासीने कहा कि आप अपनी इस स्त्रीपर क्रोध न कीजियेगा यही वरदान में मांगताहूं उसके यह गंभीर वचन सुनके यक्षने कहा कि अब में तुम्हारे ऊपर और भी अधिक प्रसन्नहूं इससे यह वर तो मैंने तुमको दिया अब अन्य वर मांगो यह सुनकर संन्यासी ने कहा कि जोआप प्रसन्नहैं तो में अन्यवर यह मांगताहूं कि आजसे तुम दोनों मुझे अपना पुत्र करके मानो यह सुनकर वह यक्ष अपनी स्त्री समेत प्रकट होकर बोला कि हे पुत्र तुम हमारे पुत्र हीहो हमारी कृपासे तुम्हारे ऊपर कभी विपत्ति नहीं आवेगी और विवाद कलह तथा द्यूतमें सदैव तुम्हारी विजय होगी यह कहकर उस यक्षके अन्तर्द्धान होजानेपर यक्षको प्रणामकर उस रात्रिको वहीं व्यतीत करके उस संन्यासीने पाटलिपुत्र नगर में आकर राजद्वारमें प्रतीहारके द्वारा राजा सिंहाक्ष से अपना आगमन कहलाभेजा और प्रतीहारकेद्वारा राजाकी आज्ञापाके सभामें जाकर यक्षके माहात्म्य से वहांके सम्पूर्ण पण्डितोंको वाद विवादमें जीतलिया और फिर उनपर आक्षेप करके उनसे यह कहा कि दिवाल से निकलकर शंख चक्र गदा और पद्म धारी पुरुष दांतोंसे ओठकाटकर और नखोंसे स्तनों में क्षत देकर मेरे साथ भोग करके फिर उसी दीवारमें चला जाताहै यह क्या बातहै इसका उत्तर में आपसे पूछताहूं यह सुनकर सब पण्डित कुछ तत्त्व न समझकर एक दूसरेका मुखदेखतेहुए निरुत्तर होगये तब राजा सिंहाक्षने उससे कहा कि यह जो आपने प्रश्न कियाहै इसका उत्तरभी आपही दो यह सुनकर उसने यक्षसे सुनाहुआ उसकी स्त्री का सब वृत्तान्त कहकर कहा कि मनुष्यको पापकी मूल स्त्रियोंका संग कदापि न करना चाहिये उसके यह वचनसुनके राजाने प्रसन्न होकर उसे अपना राज्य देना चाहा परन्तु संन्यासीने अपने देशके स्नेहसे राज्यलेना न चाहा तब राजाने उसे बहुतसे अमूल्य रत्नदिये उन रत्नोंको लेकर वह संन्यासी कश्मीर देशमें जाके यक्षकी कृपासे दीनता रहित होकर सुख पूर्वक रहनेलगा इस वृत्तान्त को कहके शिष्यने मुनिसे कहा कि मैंने उस संन्यासी हीके मुखसे यह सब बातेंसुनीहैं इस कथाको सुनकर वह मुनि अपने सब शिष्यों समेत बड़े प्रसन्नहुए यह कथा कहकर गोमुखने नरवाहनदत्त से कहा कि इसप्रकारसे कुकर्मिणी स्त्रियोंके चरित्र ब्रह्माके कार्य्योंके समान विचित्र होते हैं अब ग्यारहपुरुषोंके मारनेवाली स्त्रीकी कथा आपसुनिये मालवदेशमें एक कुटुंबी ग्रामीण ब्राह्मणरहताथा उसके तीनपुत्रोंके उपरान्त एककन्या उत्पन्नहुई उसकन्याके उत्पन्नहोनेही उसकी माता

ब्राह्मणकी स्त्री मरगई और दोचारदिनोंकेपीछे उसका पुत्रभी मरगया और बैलके मारनेसे उसका एक भाई भी मरगया इसीसे उसब्राह्मणने अपनी कन्याकानाम त्रिमारिका रक्खा जब समयपाकर वहकन्या युवतीहुई तब उसीगांवके रहनेवाले एक धनवान् ब्राह्मणने उस ब्राह्मणसे कहा कि इसकन्याका विवाह मेरे साथ करदे उसकी यह प्रार्थना सुनकर उसने अपनी कन्याका विवाह उस के साथ करदिया उस पतिके साथ वह त्रिमारिका कुछ दिन तकरही और थोड़ेही कालमें वह मरगया तब उसने किसी अन्य को अपनापति बनालिया वह भी थोड़ेही कालमें मरगया उसके पीछे यौवनसे उन्मत्त उस त्रिमारिका ने तीसरा पतिकिया वह भी थोड़ेही कालमें मरगया इस क्रमसे उसके दशपतिमरे तब लोगोंने हास्यसे उसकानाम दशमारिका रख दिया दश पतियों के मरनेके उपरान्त अन्यपति करनेकी उसकी इच्छा देखकर उसके पिताने लज्जितहोके उसे अपने घरमें रखलिया और अन्यपति न करनेदिया एकसमय उस ब्राह्मणके यहां एक सुन्दर युवापथिक पुरुष रात्रिभर रहनेकेलिये टिका उसे देखकर दशमारिकाका चित्त उसपर चलायमान हुआ और उस पथिककाभी चित्त दशमारिकापर चलायमान होगया तब काम-देवकी पीड़ासे लज्जारहितहोके दशमारिकाने अपने पितासे कहा कि हे तात अब एक इसपथिकको और मुझे अपना पतिबनालेने दीजिये जो यह भी न रहैगा तो फिर मैं संन्यासिनी होजाऊंगी यह सुनकर उस ब्राह्मणने कहा कि हे पुत्री ऐसामतकरो तुम्हारे दशपति मरचुकेहैं जो यह भी न रहैगा तो लोक में तुम्हारी बड़ी हँसी होगी यह सुनकर उस पथिक ने कहा कि मैं नहीं मरूंगा श्रीशिवजी की शपथ खाकर मैं कहताहूं कि मेरी भी दश स्त्रियां मरचुकी हैं इससे हम यह दोनों समान हैं उस प-थिकके यह वचन सुनकर सब गांवके रहनेवालों की सलाहसे दश मारिकाने उसे भी अपना पति ब-नाया थोड़े काल में वह भी शीतज्वर से मरगया तब वह व्याकुल होके गंगाजी के तटपर संन्यासिनी होगई इसकथाको सुनके हँसतेहुए नरवाहनदत्तसे गोमुखने यहकथाकही कि किसीग्राममें एक निर्धन कुटुम्बी रहताथा एक बधिया बैलही उसके पास धनथा निर्धनताके कारण वह कुटुम्ब समेत उपवास तक करजाताथा परन्तु बैलको नहीं बेचताथा एकसमय वह व्याकुलहोकर विन्ध्यवासिनी के मन्दिर में जाके निराहारहोकर तपकरने लगा तपसे प्रसन्नहोकर भगवती ने रात्रिके समय उसे यहस्वप्न दिया कि एक बैलही तुम्हारे पास सदैव धनरहैगा इससे उसी को बेचकर तुम सुखपूर्व्वकरहो स्वप्नमें यह भग-वतीकी आज्ञा पाके प्रातःकाल पारणकरके वह अपने घरको चलाआया फिर घरमें आकर वह तबभी बैलको न बेचसका कि ऐसा न होय कि मैं इसेभी बेचकर निपटही निर्धन होजाऊं तब उसके किसी मित्रने उससे स्वप्नमें हुई भगवतीकी आज्ञा सुनकर उसे समझानेके लिये कहा कि तुम्हारे पास एकही बैल धनरूप रहैगा इसको बेचकर तुम सदैव सुखसे रहो भगवती की इसआज्ञाका अर्थ तुम क्या नहीं समझेहो इसका तात्पर्य्य यहहै कि तुम इसबैलको बेचकर अपने कुटुम्बका पालनकरो तो तुमको अन्य बैल मिलजायगा उसेभी बेचकर फिर अपने कुटुम्बका पालनकरो इसीप्रकार सदैव तुमको बैल मिला करैगे और तुम सुखसे रहोगे मित्रके यहवचन सुनकर उसग्रामीण ने वैसाही किया और सुखपूर्व्वक

उसका जन्म व्यतीतहुआ इसप्रकारसे सबको अपने २ सत्त्वके अनुसार फल मिलताहै इससे मनुष्यको सत्त्ववान् होनाचाहिये क्योंकि निस्सत्त्वके पास लक्ष्मी नहीं रहतीहै १०६ अब आप एकधूर्त्तकी कथा सुनिये दक्षिणदेशके किसी नगरमें पृथ्वीपति नाम एकराजाथा उसके राज्यमें एकमहाधूर्त्त रहताथा वह सदैव नगरवासियोंको ठगा करताथा एकदिन उसने शोचा कि ऐसी धूर्त्ततासे क्या प्रयोजनहै जिसमें केवल भोजन मात्रही प्राप्तहोय ऐसा उपाय करनाचाहिये जिसमें बहुतसा धन मिले यह शोचकर वह धनवान् वणिये का सा भेषबनाकर राजद्वार में गया और प्रतीहारके द्वारा आज्ञा पाके राजा के समीप पहुँचकर भेटदेकर बोला कि हे स्वामी में एकान्त में एकबात आपसे कहना चाहताहूं राजा ने उसका सुन्दर भेष देख के उसे एकान्त में लेजाकर कहा कि कहो तब उसने कहा कि हे महाराज आप प्रति दिन सभा में सब के आगे एकान्त में मुझ से क्षणभर वार्त्तालाप किया करिये इससे मैं प्रति दिन आपको पांच सौ अशर्फी भेट दिया करूंगा और मेरी प्रार्थना कुछ नहीं है यह सुनकर राजाने शोचा कि इस में मेरी क्या हानि है यह मुझसे कुछ ले तो जायगाही नहीं और उलटी पांच सौ अशर्फी दे जायाकरेगा और धनवान् वैश्य के साथ वार्त्तालाप करने में किसी प्रकारकी लज्जा भी नहीं है इससे इसकी प्रार्त्थना स्वीकार करलेनी चाहिये यह विचारकर राजाने उससे कहा कि अच्छा ऐसाही करेंगे राजाकी यह आज्ञा पाकर वह धूर्त्त राजा को एकान्त में ले जाकर पांच सौ अशर्फी रोज देनेलगा इस से सम्पूर्ण नगर निवासी तथा अधिकारी लोग उसे राजा का परम स्नेही जानने लगे एक दिन उस धूर्त्त ने राजा के साथ वार्त्तालाप करते समय एक अधिकारी की ओर कईबार दृष्टिकरी इस से जब वह बाहर निकला तब उस अधिकारी ने उससे पूछा कि तुम मेरे ऊपर दृष्टि क्यों करते थे यह सुनकर उस ने कहा कि राजा तुम्हारे ऊपर बहुत कुपित है आज वह मुझसे कहते थे कि इस ने सब मेरा देश लूट खाया है इसी से मैं बारंबार तुम्हारी ओर देख रहाथा तुम डरो मत मैं राजा को समझा दूंगा यह सुनकर उस अधिकारीने हजार अशर्फी अपने घरसे लाकर उसेदीं दूसरे दिन उसधूर्त्त ने राजाके पाससे लौट कर उससे कहा कि मैंने राजाको समझा दिया है अब वह तुम्हारे ऊपर कुपित नहीं है अब तुम कभी मत डरना जब राजाको कुछ तुम्हारे ऊपर सन्देह होगा तब मैं उनको समझादूंगा इसप्रकार से उस धूर्त्त ने उस से तथा अन्य अधिकारियों से युक्तिपूर्वक इतना धन लिया कि पांचकरोड़ अशर्फी उस के पास होगई तब उस ने एकान्त में राजा से कहा कि हे महाराज आप को पांचसौ अशर्फी नित्य देकर भी मैं ने आप की कृपासे पांच करोड़ अशर्फियां इकट्ठी कर लीनी आप यह सब अशर्फियां मुझसे ले-लीजिये क्योंकि इनमें मेरा क्याहै यह कहकर उसने सब अशर्फी राजाकी भेटकीं राजाने उसके बहुत आग्रह करनेपर उसकी आधी अशर्फी लेलीं और प्रसन्नहोकर उसे अपना महामंत्री बनालिया इससे वह धूर्त्त महाधनवान् होगया इस प्रकारसे बुद्धिमान्लोग अन्याय से भी धन पैदा करते हैं और फल प्राप्तहोनेपर कुएं खुदवानेवाले के समान दोष रहितहोजातेहैं १३४ यह कथा कहकर गोमुखने नरवाहन-दत्त से कहा कि अब एक सुन्दरकथा मैं आपको और सुनाताहूं रत्नाकरनाम नगरमें शत्रुओंका जीत-

नेवाला परमप्रतापी बुद्धिप्रभनाम राजाथा उसके रत्नरेखानाम रानीमें उत्पन्नहुई हेमप्रभानाम सुन्दरक-न्याथी वह पूर्वजन्मकी विद्याधरीथी और शाप के कारण मनुष्यहुई थी इससे पूर्वजन्म में आकाश में चलनेके संसकारसे वह सदैव झूला झूलाकरतीथी बुद्धिप्रभने उसेबहुधा निषेध किया कि हेपुत्री बहुधा झूला मत झूलाकरो इसमें गिरनेका बड़ाडर रहताहै परन्तु उसने नहीं माना इससे राजाने कुपितहोके उसके एक तमाचामारा इस अनादरसे कुपितहुई वह राजपुत्री विहारके बहानेसे उपवनमें जाके सेवकों की दृष्टिबचाके किसी दूर बनमें चलीगई और वहां कुटी बनाके बनके फल मूल खाकर श्रीशिवजी का आराधन करनेलगी राजाबुद्धिप्रभने उसके चलेजाने का समाचार पाके बहुत दुःखीहोके उसे ढुँढवाया परन्तु वह कहीं नहीं मिली कुछ कालमें राजा दुःखके न्यूनहोजानेपर चित्तके बहलानेके लिये शिकार खेलनेको गया और भ्रमण करते २ उसी बनमें पहुँचा जहां हेमप्रभा तपकर रही थी राजाने वहां एक कुटी देखकर किसी मुनिका आश्रम जानके उसके भीतर जाकर अपनी कन्याको तप करतेहुए देखा और वहभी राजाको देखकर उठके उसके पैरों पर गिरपड़ी राजाने उसे पैरोंपरसे उठाके अपने गले से लगाकर गोदमें बैठाल लिया बहुतकालके पीछे मिलनेके कारण वह दोनों ऐसे रोये कि जिस से बन के मृगभी रोनेसे लगे क्षणभर में राजा ने सावधान होकर हेमप्रभा से कहा कि हे पुत्री राज्य के सुख को त्यागकर तुम इस बनमें क्या करतीहो बनबासको छोड़कर अपनी माताके पास चलो यह सुनकर हेमप्रभाने उससे कहा कि हे तात भाग्याधीन मेरी बुद्धि ऐसी हुई है नहीं तो मेरी क्या शक्तिहै जो बन में रहकर तपकरूं इससे मैं इस तपके सुखको छोड़कर घर नहीं जाऊंगी उसके यह निश्चित वचन सुन-कर राजा ने उसके लिये वहीं एक बड़ासुन्दर मन्दिर बनवादिया और अपने मन्त्रियों को यह आज्ञा देदी कि बन में हेमप्रभाके पास बहुतसा पकान्न तथा अन्न नित्य भेजाकरो जिस से वह नित्य अतिथि सत्कार कियाकरे राजाकी आज्ञा से मंत्री ऐसाही करनेलगे और हेमप्रभा आप फल मूल खाके उस अन्न तथा पकान्न से अतिथियों का पूजन करनेलगी एकसमय एक बाल ब्रह्मचारिणी संन्यासिनी उस के पास वहां आई उसका पूजनकरके हेमप्रभा ने उसके संन्यासलेनेका कारण उससे पूछा उसने कहा कि बाल्यावस्था में मैं अपने पिता के पैर दाबते २ ऊंघ गई इससे पिता ने कुपित होकर यह कहकर कि तू क्यों ऊंघती है मेरे एक लात मारी इसी कारण से मैं क्रोधित होकर संन्यासिनी होगई संन्या-सिनी के यह वचन सुनके हेमप्रभा ने उसे अपनेही समान जानकर अपने पास रख लिया एकसमय प्रातःकाल हेमप्रभाने उस संन्यासिनी से कहा कि आज स्वप्नमें मैं एक बड़ीनदी के पारजाकर श्वेत हाथीपर चढ़के एक ऊंचे से पर्व्वतपरगई और वहां श्रीशिवजी के दर्शनकरके वीणा बजाके उन के आगे गानकरनेलगी तदनन्तर एक दिव्य पुरुष मेरे पास आया उसे देखकर मैं तुम्हारे साथ आकाश को उड़गई इतना देखकर मैं जग पड़ी और रात्रि भी व्यतीत होगई इस स्वप्नको सुनकर उस संन्या-सिनी ने कहा कि हे सखी तुम शापके कारण उत्पन्नहुई कोई दिव्य स्त्रीहो अब तुम्हारे शापकी अवधि निकट आगई है यही बात इस स्वप्न से विदितहोती है सखी के यहवचन सुनकर हेमप्रभा बहुत प्रसन्नहुई

इसके उपरान्त श्रीसूर्य्य भगवान् के अच्छेप्रकार उदयहोनेपर घोड़े पर सवारहोके एक राजपुत्र वहां आया और तापसीरूप धारिणी हेमप्रभाको देखकर प्रसन्नहोके उसको वन्दनाकरके उसके पास बैठगया हेमप्रभा ने भी उसका बड़ा सत्कारकरके आसन देकर [illegible] कि हे [illegible] आप कौनहैं यहसुन-कर राजपुत्रने कहा कि हे महाभागे [illegible] ने पुत्रके निमित्त श्रीशिवजी की बड़ी आराधनाकी इससे श्रीशिवजी ने प्रकटहोकर उससे कहा कि तुम्हारे विद्याधरका अवतार एक पुत्रहोगा और वह शाप के क्षीणहोनेपर अपने लोकको चलाजायगा दूसरे पुत्रसे तुम्हारा वंशचलेगा यह कहकर श्रीशिवजी के अन्तर्द्धान होजानेपर राजा ने उठके पारणकिया उसी राजाका बड़ा पुत्र लक्ष्मीसेन नाम मैंहूं मेरा सूरसेन नाम एक छोटा भाई है आज शिकार खेलनेको मैं आयाथा परन्तु घोड़ेके वेगसे यहां आगयाहूं [illegible] हेमप्रभासे [illegible] पूछनेपर हेमप्रभा अपना सबवृत्तान्त [illegible] बोली कि आपके दर्शनसे मुझे अपने पूर्व्वजन्मका स्मरण आगयाहै मैं अपनी इससखी समेत शापसे भ्रष्टहुई विद्याधरीहूं और तुमभी अपने मंत्रीसमेत शापसे च्युतहुए विद्याधरहो तुम मेरे पतिहो और तुम्हारामंत्री मेरी सखीका पतिहै अब मेरा और मेरी सखी का शाप क्षीणहोगया इससे मैं अपने लोक को जाती हूं वहीं आपका और मेरा समागमहोगा यह कहके दिव्य रूप धारण करके हेमप्रभा अपनी सखी समेत अपने लोकको आकाशमार्ग से चली गई इतने में लक्ष्मीसेनका मन्त्री भी लक्ष्मीसेनको ढूंढ़ताहुआ वहीं आया जैसेही लक्ष्मीसेन अपने मन्त्री से हेमप्रभाका वृत्तान्त कहनेलगा वैसेही हेमप्रभाका पिता राजा बुद्धिप्रभ हेमप्रभा के देखने के लिये वहांआया और हेमप्रभाको वहां न देखकर लक्ष्मीसेन से पूछनेलगा कि वह कहांगई तब लक्ष्मीसेनने जो कुछ देखाथा वह सब उससे कहदिया यहसुनके बुद्धि-प्रभके बहुत उदासीन होनेपर मन्त्री समेत लक्ष्मीसेन अपने पूर्व्वजन्मका स्मरण करके आकाशमार्ग से अपने लोकको चलागया और वहां से हेमप्रभा को साथलेकर उसी वनमें खड़ेहुए बुद्धिप्रभके पास आके उसे समझाकर उसके नगरमें भेज [illegible] अपने छोटे भाई सूरसेनको राज्य दिलवाकर पितासे [illegible] को चलागया और वहां हेमप्रभा तथा अपने मित्रोंसमेत विद्याधरों के ऐश्वर्य्योंका सुखभोगनेलगा इसप्रकार गोमुख से कथाओं को सुनकर शक्तियशाके लिये उत्कण्ठितभी नरवाहनदत्त ने क्षण के समान रात्रि व्यतीत करदी इसरीतिसे एक मास व्यतीतकरके विवाहके दिन वत्सराज उदयन के पास बैठेहुए नरवाहनदत्त ने आकाशसे उतरतेहुए विद्याधरों को देखा उनमें अपनी कन्या शक्तियशाको लियेहुए विद्याधरों के स्वामी स्फटिकयशाको देखकर नरवाहनदत्तने तथा वत्सराजने उसका बड़ा सत्कारकिया स्फटिकयशाने भी अतिथि सत्कारको ग्रहणकरके अपनी सिद्धि के प्रभावसे वहीं वेदी उत्पन्नकरके बहुत से दिव्यरत्नों समेत अपनी शक्तियशा कन्या विधिपूर्व्वक संकल्पकरके नरवाहनदत्तको देदी उन शक्तियशाको पा-कर नरवाहनदत्त ऐसा शोभितहुआ कि जैसे सूर्य्यकी दीप्तिको पाकर कमल शोभितहोता है अपनी

नेवाला परमप्रतापी बुद्धिप्रभनाम राजाथा उसके रत्नरेखानाम रानीमें उत्पन्नहुई हेमप्रभानाम सुन्दरक-न्याथी वह पूर्वजन्मकी विद्याधरीथी और शाप के कारण मनुष्यहुई थी इससे पूर्वजन्म में आकाश में चलनेके संसकारसे वह सदैव झूला झूलाकरतीथी बुद्धिप्रभने उसेवहुधा निषेध किया कि हेपुत्री बहुधा झूला मत झूलाकरो इसमें गिरनेका बड़ाडर रहताहै परन्तु उसने नहीं माना इससे राजाने कुपितहोके उसके एक तमाचामारा इस अनादरसे कुपितहुई वह राजपुत्री विहारके वहानेसे उपवनमें जाके सेवकों की दृष्टिवचाके किसी दूर वनमें चलीगई और वहां कुटी बनाके वनके फल मूल खाकर श्रीशिवजी का आराधन करनेलगी राजाबुद्धिप्रभने उसके चलेजाने का समाचार पाके बहुत दुःखीहोके उसे ढुँढ़वाया परन्तु वह कहीं नहीं मिली कुछ कालमें राजा दुःखके न्यूनहोजानेपर चित्तके बहलानेके लिये शिकार खेलनेको गया और भ्रमण करते २ उसी वनमें पहुँचा जहां हेमप्रभा तपकर रही थी राजाने वहां एक कुटी देखकर किसी मुनिका आश्रम जानके उसके भीतर जाकर अपनी कन्याको तप करतेहुए देखा और वहभी राजाको देखकर उठके उसके पैरों पर गिरपड़ी राजाने उसे पैरोंपरसे उठाके अपने गले से लगाकर गोदमें बैठाल लिया बहुतकालके पीछे मिलनेके कारण वह दोनों ऐसे रोये कि जिस से वन के मृगभी रोनेसे लगे क्षणभर में राजा ने सावधान होकर हेमप्रभा से कहा कि हे पुत्री राज्य के सुख को त्यागकर तुम इस वनमें क्या करतीहो वनवासको छोड़कर अपनी माताके पास चलो यह सुनकर हेमप्रभाने उससे कहा कि हे तात भाग्याधीन मेरी बुद्धि ऐसी हुई है नहीं तो मेरी क्या शक्तिहै जो वन में रहकर तपकरूं इससे मैं इस तपके सुखको छोड़कर घर नहीं जाऊंगी उसके यह निश्चित वचन सुन-कर राजा ने उसके लिये वहीं एक बड़ा सुन्दर मन्दिर बनवादिया और अपने मन्त्रियों को यह आज्ञा देदी कि वन में हेमप्रभाके पास बहुतसा पकान्न तथा धन नित्य भेजाकरो जिस से वह नित्य अतिथि सत्कार कियाकरे राजाकी आज्ञा से मंत्री ऐसाही करनेलगे और हेमप्रभा आप फल मूल खाके वस धन तथा पकान्न से अतिथियों का पूजन करनेलगी एकसमय एक बाल ब्रह्मचारिणी संन्यासिनी उस के पास वहां आई उसका पूजनकरके [illegible] का कारण उससे पूछा उसने कहा [illegible] पिता ने कुपित होकर यह कहकर कि तू क्या आधती है मेरे एक लात मारी इसी कारण से मैं क्रोधित होकर संन्यासिनी होगई संन्या-सिनी के यह वचन [illegible] अपने पास रख लिया एकसमय प्रातःकाल हेमप्रभाने उस सन्यासिनी से कहा कि आज स्वप्नमें मैं एक बड़ीनदी के पारजाकर श्वेत हाथीपर चढ़के एक ऊंचे से पर्वतपर गई और वहां श्रीशिवजी के दर्शनकरके वीणा बजाके उन के आगे गानकरनेलगी तदनन्तर एक दिव्य पुरुष मेरे पास आया उसे देखकर मैं तुम्हारे साथ आकाश को उड़गई इतना देखकर मैं जग पड़ी और रात्रि भी व्यतीत होगई इस स्वप्नको सुनकर उस संन्या-सिनी ने कहा कि हे सखी तुम शापके कारण उत्पन्नहुई कोई दिव्य स्त्रीहो अब तुम्हारे शापकी अवधि निकट आगई है यही बात इस स्वप्न से विदितहोती है सखी के यहवचन सुनकर हेमप्रभा बहुत प्रसन्नहुई

इसके उपरान्त श्रीसूर्य्य भगवान् के अच्छेप्रकार उदयहोनेपर घोड़े पर सवारहोके एक राजपुत्र वहां आया और तापसीरूप धारिणी हेमप्रभाको देखकर प्रसन्नहोके उसको वन्दनाकरके उसके पास बैठगया हेमप्रभा ने भी उसका बड़ा सत्कारकरके आसन देकर उससेपूछा कि हे महाभाग आप कौनहैं यहसुनकर राजपुत्रने कहा कि हे महाभागे प्रतापसेन नाम एक बड़ा पुण्यात्मा राजा है उस ने पुत्रके निमित्त श्रीशिवजी की बड़ी आराधनाकी इससे श्रीशिवजी ने प्रकटहोकर उससे कहा कि तुम्हारे विद्याधरका अवतार एक पुत्रहोगा और वह शाप के क्षीणहोनेपर अपने लोकको चलाजायगा दूसरे पुत्रसे तुम्हारा वंशचलेगा यह कहकर श्रीशिवजी के अन्तर्द्धान होजानेपर राजा ने उठके पारणकिया उसी राजाका बड़ा पुत्र लक्ष्मीसेन नाम मैंहूं मेरा सूरसेन नाम एक छोटा भाई है आज शिकार खेलनेको मैं आयाथा परन्तु घोड़ेके वेगसे यहां आगयाहूं यहकहकर उसने हेमप्रभासे उसका सबवृत्तान्त पूछा उसके पूछनेपर हेमप्रभा अपना सबवृत्तान्त कहकर एकाएकी अपने पूर्व्वजन्मका स्मरणकरके अत्यन्त प्रसन्नहोके बोली कि आपके दर्शनसे मुझे अपने पूर्व्वजन्मका स्मरण आगयाहै मैं अपनी इससखी समेत शापसे भ्रष्टहुई विद्याधरीहूं और तुमभी अपने मंत्रीसमेत शापसे च्युतहुए विद्याधरहो तुम मेरे पतिहो और तुम्हारामंत्री मेरी सखीका पतिहै अब मेरा और मेरी सखी का शाप क्षीणहोगया इससे मैं अपने लोक को जाती हूं वहीं आपका औरमेरा समागमहोगा यह कहके दिव्य रूप धारण करके हेमप्रभा अपनी सखी समेत अपने लोकको आकाशमार्ग से चली गई इतने में लक्ष्मीसेनका मन्त्री भी लक्ष्मीसेनको ढूंढ़ताहुआ वहीं आया जैसेही लक्ष्मीसेन अपने मन्त्री से हेमप्रभाका वृत्तान्त कहनेलगा वैसेही हेमप्रभाका पिता राजा बुद्धिप्रभ हेमप्रभा के देखने के लिये वहांआया और हेमप्रभाको वहां न देखकर लक्ष्मीसेन से पूछनेलगा कि वह कहांगई तब लक्ष्मीसेनने जो कुछ देखाथा वह सब उससे कहदिया यहसुनके बुद्धिप्रभके बहुत उदासीन होनेपर मन्त्री समेत लक्ष्मीसेन अपने पूर्व्वजन्मका स्मरण करके आकाशमार्ग से अपने लोकको चलागया और वहां से हेमप्रभा को साथलेकर उसी वनमें खड़ेहुए बुद्धिप्रभके पास आके उसे समझाकर उसके नगरमें भेज के अपने पिता प्रतापसेनके पासगया और वहां अपने छोटे भाई सूरसेनको राज्य दिलवाकर पितासे आज्ञालेकर फिर हेमप्रभा समेत अपनेही लोक को चलागया और वहां हेमप्रभा तथा अपने मित्रोंसमेत विद्याधरों के ऐश्वर्य्योंका सुखभोगनेलगा इसप्रकार गोमुख से कथाओं को सुनकर शक्तियशाके लिये उत्कण्ठितभी नरवाहनदत्त ने क्षण के समान रात्रि व्यतीत करदी इसरीतिसे एक मास व्यतीतकरके विवाहके दिन वत्सराज उदयन के पास बैठेहुए नरवाहनदत्त ने आकाशसे उतरतेहुए विद्याधरों को देखा उनमें अपनी कन्या शक्तियशाको लियेहुए विद्याधरों के स्वामी स्फटिकयशको देखकर नरवाहनदत्तने तथा वत्सराजने उसका बड़ा सत्कारकिया स्फटिकयशने भी अतिथि सत्कारको ग्रहणकरके अपनी सिद्धि के प्रभावसे वहीं वेदी उत्पन्नकरके बहुत से दिव्यरत्नों समेत अपनी शक्तियशा कन्या विधिपूर्व्वक संकल्पकरके नरवाहनदत्तको देदी उस शक्तियशाको पाकर नरवाहनदत्त ऐसा शोभितहुआ कि जैसे सूर्य्यकी द्युतिको पाकर कमल शोभितहोता है अपनी

नेवाला परमप्रतापी बुद्धिप्रभनाम राजाथा उसके रत्नरेखानाम रानीमें उत्पन्नहुई हेमप्रभानाम सुन्दरकन्याथी वह पूर्वजन्मकी विद्याधरीथी और शाप के कारण मनुष्यहुई थी इससे पूर्वजन्म में आकाश में चलनेके संस्कारसे वह सदैव झूला झूलाकरतीथी बुद्धिप्रभने उसेबहुधा निषेध किया कि हेपुत्री बहुधा झूला मत झूलाकरो इसमें गिरनेका बड़ाडर रहताहै परन्तु उसने नहीं माना इससे राजाने कुपितहोके उसके एक तमाचामारा इस अनादरसे कुपितहुई वह राजपुत्री विहारके बहानेसे उपवनमें जाके सेवकों की दृष्टिबचाके किसी दूर बनमें चलीगई और वहां कुटी बनाके वनके फल मूल खाकर श्रीशिवजी का आराधन करनेलगी राजाबुद्धिप्रभने उसके चलेजाने का समाचार पाके बहुत दुखीहोके उसे ढुंढ़वाया परन्तु वह कहीं नहीं मिली कुछ कालमें राजा दुःखके न्यूनहोजानेपर चित्तके बहलानेके लिये शिकार खेलनेको गया और भ्रमण करते २ उसी बनमें पहुँचा जहां हेमप्रभा तपकरू रही थी राजाने वहां एक कुटी देखकर किसी मुनिका आश्रम जानके उसके भीतर जाकर अपनी कन्याको तप करतेहुए देखा और वहभी राजाको देखकर उठके उसके पैरों पर गिरपड़ी राजाने उसे पैरोंपरसे उठाके अपने गले से लगाकर गोदमें बैठाल लिया बहुतकालके पीछे मिलनेके कारण वह दोनों ऐसे रोये कि जिस से बन के मृगभी रोनेसे लगे क्षणभर में राजा ने सावधान होकर हेमप्रभा से कहा कि हे पुत्री राज्य के सुख को त्यागकर तुम इस बनमें क्या करतीहो बनबासको छोड़कर अपनी माताके पास चलो यह सुनकर हेमप्रभाने उससे कहा कि हे तात भाग्याधीन मेरी बुद्धि ऐसी हुई है नहीं तो मेरी क्या शक्तिहै जो बन में रहकर तपकरूं इससे मैं इस तपके सुखको छोड़कर घर नहीं जाऊंगी उसके यह निश्चित वचन सुनकर राजा ने उसके लिये वहीं एक बड़ा सुन्दर मन्दिर बनवादिया और अपने मन्त्रियों को यह आज्ञा देदी कि बन में हेमप्रभाके पास बहुतसा पकान्न तथा धन नित्य भेजाकरो जिस से वह नित्य अतिथि सत्कार कियाकरे राजाकी आज्ञा से मंत्री ऐसाही करनेलगे और हेमप्रभा आप फल मूल खाके धन तथा पकान्न से अतिथियों का पूजन करनेलगी एकसमय एक बाल ब्रह्मचारिणी संन्यासिनी उस के पास वहां आई उसका पूजनकरके हेमप्रभा ने उसके संन्यासलेनेका कारण उससे पूछा उसने कहा कि बाल्यावस्था में मैं अपने पिता के पैर दाबते २ ऊंघ गई इससे पिता ने कुपित होकर यह कहकर कि तू क्यों ऊंघती है मेरे एक लात मारी इसी कारण से मैं क्रोधित होकर संन्यासिनी होगई संन्यासिनी के यह वचन सुनके हेमप्रभा ने उसे अपनेही समान जानकर अपने पास रख लिया एकसमय प्रातःकाल हेमप्रभाने उस संन्यासिनी से कहा कि आज स्वप्नमें मैं एक बड़ीनदी के पारजाकर श्वेत हाथीपर चढ़के एक ऊंचे से पर्वतपर गई और वहां श्रीशिवजी के दर्शनकरके वीणा बजाके उन के आगे गानकरनेलगी तदनन्तर एक दिव्य पुरुष मेरे पास आया उसे देखकर मैं तुम्हारे साथ आकाश को उड़गई इतना देखकर मैं जग पड़ी और रात्रि भी व्यतीत होगई इस स्वप्नको सुनकर उस संन्यासिनी ने कहा कि हे सखी तुम शापके कारण उत्पन्नहुई कोई दिव्य स्त्रीहो अब तुम्हारे शापकी अवधि निकट आगई है यही बात इस स्वप्न से विदितहोती है सखी के यह वचन सुनकर हेमप्रभा बहुत प्रसन्नहुई

कि उसे रात्रिभर निद्रा नहीं आई दूसरे दिन रुचिरदेवकी हथिनीपर चढ़के नरवाहनदत्तने उसके वेग से पोतक के दोनों घोड़े जीतलिये इससे वह दोनों घोड़े रुचिरदेव को मिलगये, जैसेही उन घोड़ों को जीतकर नरवाहनदत्त रुचिरदेव के मन्दिर में जानेलगा वैसेही वत्सराज के भेजेहुए दूत ने पहुँच कर प्रणाम करके उससे कहा कि हे युवराज परिजनों के द्वारा महाराज उदयन्ने आपका यहां आना सुनकर मुझे आपके पास भेजाहै और यह कहाहै कि मुझसे विना पूंछेही तुम उपवन से इतनी दूर क्यों चलेआये हो मुझे बड़ा सन्देह होरहाहै इससे तुम शीघ्रही लौट आओ उस दूतके यह वचन सुनकर नरवाहनदत्त जयेन्द्रसेनाका ध्यान करके अत्यन्त सन्देह में पड़गया इतने में एक अत्यन्त प्रसन्न वैश्य दूरहीसे उसे प्रणाम करके निकट आकर बोला कि हे वीर तुम्हारी जयहोय हे पुष्पोंके धनुष से रहित कामदेव तुम्हारी जयहोय हे विद्याधरोंके भावी चक्रवर्त्ती आपकी जयहोय आप इस थोड़ीसी अवस्था मेंही अपने शत्रुओंको भयकारी होरहेहो आप थोड़ेही कालमें सम्पूर्ण विद्याधरोंको जीतकर उनके चक्रवर्त्ती होगे-इसप्रकार स्तुति करतेहुए उस वैश्यका बड़ा सत्कार करके नरवाहनदत्तने उससे पूंछा कि तुम कौनहो यह सुनकर उसने कहा कि पृथ्वीकी आभूषणरूप लंपानाम नगरी में कुसुमसार नाम एक बड़ा धर्मात्मा धनवान् वैश्यथा श्रीशिवजी की आराधनासे उत्पन्नहुआ उसी कुसुमसार वैश्यका चन्द्रसार नाम मैं पुत्रहूं एक समय अपने बहुत से मित्रों के साथ मैं किसी देवमन्दिरमें उत्सव देखने के लिये गया वहां बहुतसे धनवानोंको दानकरते देखके मुझेदान करनेके निमित्त धनके उपार्जन करनेकी इच्छाहुई और अपने पिताके बहुतसे धनसे भी असन्तुष्ट होकर मैं जहाजपर चढ़के द्वीपान्तरको चला भाग्यके समान अनुकूल वायुसे प्रेरणा कियागया वहजहाज थोड़ेही दिनोंमें एकद्वीप में पहुंचगया वहाँ मुझे रत्नोंका बहुत बड़ा व्यवहार करतेदेखकर राजाने लोभसे मेरा सबधनलेकर मुझे क़ैदखानेमें डलवादिया वहाँ प्रेतोंके समान बहुत पापी क़ैदियोंके साथ मैंने कुछ कालतक नरककासा दुःख भोगा इतनेमें मेरे कुलके जाननेवाले वहींके बसनेवाले एक बड़ेधनवान् वैश्यने मेरे लिये राजा से जाकर कहा कि हे स्वामी यह लम्पानगरी के निवासी महाधनवान् वैश्यका पुत्रहै इससे आप इस निरपराधी को छोड़दीजिये नहीं तो आपका बड़ा अपयश होगा उस वैश्यके इसप्रकार समझाने से राजा ने बन्धनसे छुटवा के मुझे अपने पास बुलवाकर बड़ा आदर करके मेरा सबधन देदिया तब उस राजा की कृपासे और उस मित्रवैश्यके आश्रयसे सुखपूर्वक रहकर मैं वहाँ बड़े २ व्यवहार करनेलगा एक समय वसन्तोत्सवकी यात्रा में मैंने शिखरनाम वैश्यकी अत्यन्त रूपवती कन्या देखी कामदेव के अभिमान के समुद्रकी लहरके समान उसे देखकर मेरा चित्त ऐसा चलायमान हुआ कि मैंने आप जाकर शिखर से कहा कि यह कन्या आप मुझे देदीजिये मेरे इस वचनको सुनके शिखर ने क्षणभर शोचकर यह कहा कि मैं इस कन्याको किसी विशेष कारण से अपने आप तो नहीं देसक्ताहूं इससे सिंहलद्वीप में इसके मातामह के यहाँ मैं इसे भेजदेताहूं वहाँ जाकर तुम उनसे अपनी प्रार्थना करके इसके साथ विवाह करना मैं उनके पास ऐसा सन्देशा भेजदूंगा जिससे तुम्हारा मनोरथ सिद्ध होजा-

कन्याका विवाहकरके, स्फटिकयशके चलेजानेपर नरवाहनदत्त कौशाम्बीपुरी में शक्तियशासमेत सुख पूर्वक रहा॥१६३॥ इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांशक्तियशोलम्बकेदशमस्तरंगः १० ॥

शक्तियशानाम दशवां लम्बक समाप्त हुआ॥

## वेलानामएकादशोलम्बकः॥

नमता शेषविघ्नौघ वारण वारणाननं॥
कारण सर्वसिद्धीनां दुरितार्णवतारणं १॥

इसप्रकार शक्तियशा को पाकर मदनमंचुका आदिक सम्पूर्ण रानियों के साथ विहार करताहुआ नरवाहनदत्त कौशाम्बीपुरीमें सुखपूर्वक रहनेलगा एकसमय उद्यानमें गयेहुए नरवाहनदत्त के पास दो परदेशी राजपुत्रआये अतिथि सत्कार ग्रहणकरके उनमें से एक नरवाहनदत्तसे बोला कि हे महाभाग वैशाखनामपुर के राजाकेपुत्र हमदोनों वैमात्रभाई हैं मेरानाम रुचिरदेव और इसकानाम पोतकहै मेरे पास एक जीविनीनाम हथिनी है और इसकेपास दो घोड़े हैं इसी निमित्त मेरा और इसका विवाद पड़ा है अर्थात् में कहता हूं कि हथिनी अधिक वेगवती है और यह कहता है कि घोड़े अधिक वेगवाले हैं जो यह जीतेगा तो मैं अपनी हथिनी इसे देदूंगा और जो में जीतूंगा तो यह अपने दोनों घोड़े मुझे देदेगा यही हमदोनों का नियम है उनके वेगका भेद जाननेकेलिये आपके सिवाय और कोई समर्थ नहीं है इससे आप हमारे यहां चलकर उनकी परीक्षा कीजिये हम बहुत दूरसे आपकेपास इसी निमित्त आये हैं रुचिरदेवके इन वचनोंको स्वीकारकरके नरवाहनदत्त उन्हींके बड़े वेगवान् रथपर चढ़के वैशाख-पुरको गया वहां उसे देखकर पुरकी स्त्रियोंने कहा कि क्या यह रतिकेबिना नवीन कामहै अथवा जल में चलनेवाला दूसरा कलंकरहित चन्द्रमाहै अथवा ब्रह्माने सम्पूर्ण सतीस्त्रियोंके चित्त चलायमान करने के निमित्त कामदेव का यह पुरुषरूप वाण बनाया है इसप्रकार पुरकी स्त्रियोंसे वर्णन कियागया नर-वाहनदत्त उसपुरके कामदेवके मन्दिरमें प्रथमगया और वहां कामदेवको प्रणामकरके क्षणभर मार्गके श्रमको दूर करके निकटवर्त्ती रुचिरदेव के मन्दिर में गया श्रेष्ठ घोड़े तथा हाथियों से युक्त अत्यन्त शो-भायमान उस मन्दिरको देखकर अत्यन्त प्रसन्नहुए नरवाहनदत्त ने रुचिरदेव से कियेहुए सम्पूर्ण स-त्कारों को ग्रहण करके रुचिरदेवकी बिना ब्याहीहुई अत्यन्त रूपवती बहिन देखी उसे देखकर नरवा-हनदत्त का चित्त उसपर ऐसा अनुरक्त हुआ कि वह अपने बान्धवों के विरह का क्लेश भूलगया और उस कन्या ने भी प्रेमपूर्वक फेंकीहुई प्रफुल्लित नीलकमलों की माला के समान अपनी दृष्टि से उ-सका स्वयम्बर किया जयेन्द्रसेना नाम उस कन्याको देखकर नरवाहनदत्त ऐसा कामसे पीड़ित हुआ

कि उसे रात्रिभर निद्रा नहीं आई दूसरे दिन रुचिरदेवकी हथिनीपर चढ़के नरवाहनदत्तने उसके वेग से पोतक के दोनों घोड़े जीतलिये इससे वह दोनों घोड़े रुचिरदेव को मिलगये, जैसेही उन घोड़ों को जीतकर नरवाहनदत्त रुचिरदेव के मन्दिर में जानेलगा वैसेही वत्सराज के भेजेहुए दूत ने पहुँच कर प्रणाम करके उससे कहा कि हे युवराज परिजनों के द्वारा महाराज उदयन्ने आपका यहां आना सुनकर मुझे आपके पास भेजाहै और यह कहाहै कि मुझसे विना पूंछेही तुम उपवन से इतनी दूर क्यों चलेआये हो मुझे वड़ा सन्देह होरहाहै इससे तुम शीघ्रही लौट आओ उस दूतके यह वचन सु- नकर नरवाहनदत्त जयेन्द्रसेनाका ध्यान करके अत्यन्त सन्देह में पड़गया इतने में एक अत्यन्त प्र- सन्न वैश्य दूरहीसे उसे प्रणाम करके निकट आकर वोला कि हे वीर तुम्हारी जयहोय हे पुष्पोंके धनुष से रहित कामदेव तुम्हारी जयहोय हे विद्याधरोंके भावी चक्रवर्त्ती आपकी जयहोय आप इस थोड़ीसी अवस्था मेंही अपने शत्रुओंको भयकारी होरहेहो आप थोड़ेही कालमें सम्पूर्ण विद्याधरोंको जीतकर उनके चक्रवर्त्ती होंगे-इसप्रकार स्तुति करतेहुए उस वैश्यका वड़ा सत्कार करके नरवाहनदत्तने उससे पूंछा कि तुम कौनहो यहसुनकर उसने कहा कि पृथ्वीकी आभूषणरूप लंपानाम नगरी में कुसुमसार नाम एक वड़ा धर्मात्मा धनवान् वैश्यथा श्रीशिवजी की आराधनासे उत्पन्नहुआ उसी कुसुमसार वै- श्यका चन्द्रसार नाम में पुत्रहूं एक समय अपने वहुत से मित्रों के साथ में किसी देवमन्दिरमें उत्सव देखने के लिये गया वहां वहुतसे धनवानोंको दानकरते देखके मुझेदान करनेके निमित्त धनके उपा- र्जन करनेकी इच्छाहुई और अपने पिताके वहुतसे धनसे भी असन्तुष्ट होकर में जहाजपर चढ़के द्वी- पान्तरको चला भाग्यके समान अनुकूल वायुसे प्रेरणा कियागया वहजहाज थोड़ेही दिनोंमें एकद्वीप में पहुंचगया वहाँ मुझे रत्नोंका वहुत वड़ा व्यवहार करतेदेखकर राजाने लोभसे मेरा सवधनलेकर मुझे क़ैदखानेमें डलवादिया वहाँ प्रेतोंके समान वहुत पापी क़ैदियोंके साथ मैंने कुछ कालतक नरककासा दुःख भोगा इतनेमें मेरे कुलके जाननेवाले वहीं के वसनेवाले एक वड़ेधनवान् वैश्यने मेरे लिये राजा से जाकर कहा कि हे स्वामी यह लम्पानगरी के निवासी महाधनवान् वैश्यका पुत्रहै इससे आप इस निरपराधी को छोड़दीजिये नहीं तो आपका वड़ा अपयश होगा उस वैश्यके इसप्रकार समझाने से राजा ने वन्धनसे छुटवा के मुझे अपने पास वुलवाकर वड़ा आदर करके मेरा सवधन देदिया तव उस राजा की कृपासे और उस मित्रवैश्यके आश्रयसे सुखपूर्व्वक रहकर मैं वहाँ वड़े २ व्यवहार करनेलगा एक समय वसन्तोत्सवकी यात्रा में मैंने शिखरनाम वैश्यकी अत्यन्त रूपवती कन्या देखी कामदेव के अभिमान के समुद्रकी लहरके समान उसे देखकर मेरा चित्त ऐसा चलायमान हुआ कि मैंने आप जाकर शिखर से कहा कि यह कन्या आप मुझे देदीजिये मेरे इस वचनको सुनके शिखर ने क्षणभर शोचकर यह कहा कि मैं इस कन्याको किसी विशेष कारण से अपने आप तो नहीं देसक्ताहूं इससे सिंहलद्वीप में इसके मातामह के यहाँ मैं इसे भेजदेताहूं वहाँ जाकर तुम उनसे अपनी प्रार्थना करके इसके साथ विवाह करना मैं उनके पास ऐसा सन्देशा भेजदूंगा जिससे तुम्हारा मनोरथ सिद्ध होजा-

यगा शिखरके यह वचन सुनकर मैं अपने घरको चलाआया और दूसरे दिन शिखरने अपनी कन्या को जहाजपर चढ़ाके सिंहलद्वीपको भेजा ५३ तदनन्तर जब मैं सिंहलद्वीप के जाने को उद्यत हुआ तो यह घोर समाचार सुनाईदिया कि शिखर वैश्यकी कन्या जिस जहाजपर बैठकर गईथी वह जहाज डूबगया और उस जहाज का कोई भी मनुष्य नहीं बचा इस समाचाररूपी वायु से मैं कम्पित होकर शोकरूपी समुद्र में डूबनेलगा फिर वृद्धलोगों के बहुत समझाने से चित्तमें ढाढस बांधकर मैं सिंहल द्वीपके जाने में उद्यतहुआ और अपना सबधन लेकर जहाजपर चढ़के समुद्रमें चला कुछदूर चलकर अकस्मात् महाघोर मेघोंसे आकाश आच्छादित होगया घोर मेह बरसनेलगा और प्रचंडवायु चलने लगी इससे मेरा जहाज़ डूबगया जहाजके सम्पूर्ण परिकर समेत डूब जानेपर एक बड़ाभारी काष्ठ मुझे मिला वह काष्ठ क्याथा मानों ब्रह्मा ने मुझे निरवलम्ब देखकर सहारे के लिये अपनी भुजा फैलाई थी उसीपर चढ़के मैं धीरे २ समुद्रके तटपर पहुंचा किनारेपर पहुंचकर मुझ दीनको एक सुवर्णका टुकड़ा पड़ाहुआ मिला उसे मैंने किसी निकटवर्ती ग्राममें बेचकर भोजन के पदार्थ तथा दो वस्त्र मोललिये उन वस्त्रों को पहनके और भोजन करके मार्ग को बिना जानेही मैं इधर उधर घूमनेलगा घूमते २ एक स्थानमें मैंने बहुतसेबालूके शिवलिंगदेखे और वहीं एक अत्यन्त स्वरूपवतीकन्या श्रीशिवजीकापूजन करतीहुई देखी उसे देखकर मैंने शोचा कि मेरी प्रियाके सदृश यहकौनहै या मेरी प्रियाहीहोय अथवा वह नहीं है क्योंकि मेरे हीनभाग्य ऐसे नहीं हैं इसप्रकार शोचतेहुए मुझको दक्षिण नेत्रके फड़कने से निश्चयहुआ कि यह मेरी प्रियाहीहै यह निश्चय करके मैंने उससे पूछा कि हे सुन्दरी महलोंमें रहनेके योग्य तुम इसवनमें क्यों रहतीहो मेरे यहवचन सुनकर उसने कुछ उत्तर नहींदिया और मैं भी मुनियों के शापके भयसे लताओंकी कुंजमें जाकर उसे देखतारहा और वह भी शिवजीका पूजन करके मुझे देखतीहुई कहीं चलीगई उसके चलेजाने पर विरह से अत्यन्त व्याकुल मैं रात्रि में चकवी चकवा के समान दीन होगया इसके उपरान्त क्षणभर में बालब्रह्मचारिणी सूर्य्यके समान तेजोवती तप से कृश शरीरवाली मतंगमुनि की दिव्यदृष्टिवाली यमुना नाम कन्या मेरे पास आई और कृपापूर्व्वक मुझसे बोलीं कि हे चन्द्रसार धैर्य्य धारणकरो और मेरे वचन सुनो कि शिखरनाम जो द्वीपान्तर में महाधनवान् वैश्यहै उसके जब अत्यन्त रूपवती कन्याहुई तो जिनरक्षित नाम एक ज्ञानी भिक्षुक ने उससे कहा कि तुम इस कन्याका स्वयं दान न करना उसी भिक्षुकके वचनको मानकर शिखर ने अपनी कन्याको उसके मातामहकेद्वारा तुम्हें देनेकेलिये सिंहलद्वीपको भेजा भाग्यवशसे मार्ग में जहाजके डूब जानेसे वहकन्या समुद्रकी लहरोंकेद्वारा समुद्रके तटपर बहकर आगई इतनेमेंमेरे पिता मतंगमुनि स्नान करनेको समुद्र के तटपरगये वहां मरीहुईसी उसकन्याको देखकर दया करके अपने आश्रम में लेआये और उसे सावधान करके मुझसे बोले कि हे यमुने इस कन्याकी तुम पालना करो और यह कन्या मुझे समुद्रकी वेला अर्थात् तटपर मिली है इससे इसका वेला नाम है अपने पिताकी यह आज्ञा पाके मैं उसकी पालना करतीरही और उसपर मेरा स्नेह अपनी पुत्री के समान होगया स्नेह के कारण

ब्रह्मचर्य्यसे हटकर मेरा चित्त संसारी बनाजारहाहै उसके नवीन यौवनको देखकर उसके विवाहके निमित्त मेरे चित्तमें सदैव सन्देह लगारहताहै इससे हे चन्द्रसार तुम चलकर उसके साथ विवाहकरो वह तुम्हारी पूर्व्वजन्मकी स्त्री है में ध्यानसे तुम्हारा यहां आगमन जानकर तुमको लिवानेकेलिये आईहूं तुम दोनों ने जो महाक्लेश उठायाहै वह अब सफलहोय यह अमृतके समान वचन मुझे सुनाकर भगवती यमुना मुझको अपने पिता मतंगके आश्रममें लेगई और वहां मतंग मुनिसे प्रार्थना करके उसने मेरा विवाह उस वेलाके साथ करवादिया इसप्रकार महाकष्टसे वेलाको पाकर में सुखपूर्व्वक उसके साथ उसी आश्रममें रहनेलगा एकसमय वेलाके साथ तड़ागमें जलक्रीड़ा करते २ मेरी छींटें स्नान करनेको आयेहुए मतंगमुनिपर पड़गई इससे मतंग मुनिने क्रोधितहोकर मुझे यह शापदिया कि तुम दोनोंका वियोग होगा उस शापको सुनके वेलाने मुनिके चरणोंपर गिरकर बड़ी प्रार्थनाकी इससे मतंगजीने ध्यानकरके यह शापका अन्तवताया कि हे चन्द्रसार जब विद्याधरोंके भावी चक्रवर्त्ती,हथिनीके वेगसे घोड़ों के जीतनेवाले; महावली नरवाहनदत्तको तुम देखोगे तब तुम्हारा यह शाप दूरहोगा यह कहके मतंग ऋषि स्नानकरके श्रीविष्णु भगवान्के दर्शनके निमित्त श्वेत द्वीपको चलेगये और यमुनाभी मुझे एकरत्न जटित आम्रका वृक्षदेकर और यह कहकर कि यह वृक्ष एक विद्याधरने श्रीशिवजी से पायाथा उससे वाल्यावस्था में अपने खेलने को मैंने लियाथा अब मैं यह तुम्हें देतीहूं, श्वेतद्वीपको चलीगई तदनन्तर मैं वनवासमें रहके महाविकल होकर स्वदेश जानेकेलिये अपनी स्त्रीको लेकर समुद्रके तटपर आया वहां किसी वैश्यके एक जहाजपर मैंने पहले अपनी स्त्रीको चढ़ाया और उसे चढ़ाके जैसेही मैं चढ़नेकोहुआ वैसेही वह जहाज वायुकेद्वारा बहुत दूर समुद्र में चलागया प्रियाके बहजाने से मुझे एकाएकी मूर्च्छाआगई इतने में वहां आयेहुए एक तपस्वी मुझे मूर्च्छित देखके कृपापूर्व्वक मेरे ऊपर जल छिड़ककर मुझे सावधानकर अपने आश्रममें लेगये और वहां मुझसे सब वृत्तान्त पूछकर उन्होंने मुझे बहुत धैर्य्यदिया वहां कुछ दिन रहकर जहाज के टूटनेसे किसी प्रकार समुद्र के तटपर आयेहुए एक मित्र वैश्य से मिलकर उसीके साथ अपनी प्रियाको ढूंढ़ताहुआ मैं अनेक देशोंको उल्लंघन करके इस वैशाखपुरमें आया यहां दूरसेही आपके दर्शन करके मेरा शाप छूटगया और जहाज में वैश्योंके साथ आईहुई मेरीप्रिया वेला मुझे मिलगई आपकी कृपासे यमुना के दियेहुए रत्नमय वृक्षसमेत वेला को पाकर मैं आपको प्रणाम करनेको आयाहूं और आपको प्रणाम करके अपने देशको जाताहूं इस प्रकार अपना वृत्तान्त कहके उस चन्द्रसार वैश्यके चलेजानेपर नरवाहनदत्तका प्रभाव देखके अत्यन्त प्रसन्नहुए रुचिरदेव ने अपनी वहिन के साथ उसका विवाहकर दिया और घोड़ेसमेत हथिनी उसे दे दिया उस नवीन स्त्री घोड़े तथा हथिनीको लेकर नरवाहनदत्त अपनी कौशाम्बी नगरी में आया और वत्सराजसे सबवृत्तान्तकहकर उनको प्रसन्नकरके अपनी मदनमंचुका आदि रानियों समेत सुखपूर्व्वक रहने लगा ११५॥ इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांवेलालम्बकेप्रथमस्तरंगः १॥

वेलानामग्यारहवांलम्बकसमाप्तहुआ ११॥

युगा शिखरके यह वचन सुनकर मैं अपने घरको चलाआया और दूसरे दिन शिखरने अपनी कन्या को जहाजपर चढ़ाके सिंहलद्वीपको भेजा ५३ तदनन्तर जब मैं सिंहलद्वीप के जाने को उद्यत हुआ तो यह घोर समाचार सुनाईदिया कि शिखर वैश्यकी कन्या जिस जहाजपर बैठकर गईथी वह जहाज डूबगया और उस जहाज का कोई भी मनुष्य नहीं बचा इस समाचाररूपी वायु से मैं कम्पित होकर शोकरूपी समुद्र में डूबनेलगा फिर वृद्धलोगों के बहुत समझाने से चित्तमें ढाढस बांधकर मैं सिंहल द्वीपके जाने में उद्यतहुआ और अपना सबधन लेकर जहाजपर चढ़के समुद्रमें चला कुछदूर चलकर अकस्मात् महाघोर मेघोंसे आकाश आच्छादित होगया घोर मेह बरसनेलगा और प्रचंडवायु चलने लगी इससे मेरा जहाज डूबगया जहाजके सम्पूर्ण परिकर समेत डूब जानेपर एक बड़ाभारी काष्ठ मुझे मिला वह काष्ठ क्याथा मानों ब्रह्मा ने मुझे निरवलम्ब देखकर सहारे के लिये अपनी भुजा फैलाई थी उसीपर चढ़के मैं धीरे२ समुद्रके तटपर पहुंचा किनारेपर पहुंचकर मुझ दीनको एक सुवर्णका टुकड़ा पड़ाहुआ मिला उसे मैंने किसी निकटवर्त्ती ग्राममें बेचकर भोजन के पदार्थ तथा दो वस्त्र मोललिये उन वस्त्रों को पहनके और भोजन करके मार्ग्ग को बिना जानेही मैं इधर उधर घूमनेलगा घूमते२ एक स्थानमें मैंने बहुतसेबालूके शिवलिंगदेखे और वहीं एक अत्यन्त स्वरूपवतीकन्या श्रीशिवजीकापूजन करतीहुई देखी उसे देखकर मैंने शोचा कि मेरी प्रियाके सदृश यहकौनहै या मेरी प्रियाहीहोय अथवा वह नहीं है क्योंकि मेरे हीनभाग्य ऐसे नहीं हैं इसप्रकार शोचतेहुए मुझको दक्षिण नेत्रके फड़कने से निश्चयहुआ कि यह मेरी प्रियाहीहै यह निश्चय करके मैंने उससे पूछा कि हे सुन्दरी महलोंमें रहनेके योग्य तुम इसवनमें क्यों रहतीहो मेरे यहवचन सुनकर उसने कुछ उत्तर नहींदिया और मैं भी मुनियों के शापके भयसे लताओंकी कुंजमें जाकर उसे देखतारहा और वह भी शिवजीका पूजन करके मुझे देखतीहुई कहीं चलीगई उसके चलेजाने पर विरह से अत्यन्त व्याकुल मैं रात्रि में चकवी चकवा के समान दीन होगया इसके उपरान्त क्षणभर में बालब्रह्मचारिणी सूर्य्यके समान तेजोवती तप से कृश शरीरवाली मतंगमुनि की दिव्यदृष्टिवाली यमुना नाम कन्या मेरे पास आई और कृपापूर्व्वक मुझसे बोली कि हे चन्द्रसार धैर्य्य धारणकरो और मेरे वचन सुनो कि शिखरनाम जो द्वीपान्तर में महाध-नवान् वैश्यहै उसके जब अत्यन्त रूपवती कन्याहुई तो जिनरक्षित नाम एक ज्ञानी भिक्षुक ने उससे कहा कि तुम इस कन्याका स्वयं दान न करना उसी भिक्षुकके वचनको मानकर शिखर ने अपनी कन्याको उसके मातामहकेद्वारा तुम्हें देनेकेलिये सिंहलद्वीपको भेजा भाग्यवशसे मार्ग में जहाजके डूब जानेसे वहकन्या समुद्रकी लहरोंकेद्वारा समुद्रके तटपर बहकर आगई इतनेमेंमेरे पिता मतंगमुनि स्नान करनेको समुद्र के तटपरगये वहां मरीहुईसी उसकन्याको देखकर दया करके अपने आश्रम में लेआये और उसे सावधान करके मुझसे बोले कि हे यमुने इस कन्याकी तुम पालना करो और यह कन्या मुझे समुद्रकी वेला अर्थात् तटपर मिली है इससे इसका वेला नाम है अपने पिताकी यह आज्ञा पा-के मैं उसकी पालना करतीरही और उसपर मेरा स्नेह अपनी पुत्री के समान होगया स्नेह के कारण

ब्रह्मचर्य्यसे हटकर मेरा चित्त संसारी बनाजारहाहै उसके नवीन यौवनको देखकर उसके विवाहके निमित्त मेरे चित्तमें सदैव सन्देह लगारहताहै इससे हे चन्द्रसार तुम चलकर उसके साथ विवाहकरो वह तुम्हारी पूर्व्वजन्मकी स्त्री है मैं ध्यानसे तुम्हारा यहां आगमन जानकर तुमको लिवानेकेलिये आईहूं तुम दोनों ने जो महाक्लेश उठायाहै वह अब सफलहोय यह अमृतके समान वचन मुझे सुनाकर भगवती यमुना मुझको अपने पिता मतंगके आश्रममें लेगई और वहां मतंग मुनिसे प्रार्थना करके उसने मेरा विवाह उस वेलाके साथ करवादिया इसप्रकार महाकष्टसे वेलाको पाकर मैं सुखपूर्व्वक उसके साथ उसी आश्रममें रहनेलगा एकसमय वेलाके साथ तड़ागमें जलक्रीड़ा करते २ मेरी छींटें स्नान करनेको आयेहुए मतंगमुनिपर पड़गईं इससे मतंग मुनिने क्रोधितहोकर मुझे यह शापदिया कि तुम दोनोंका वियोग होगा उस शापको सुनके वेलाने मुनिके चरणोंपर गिरकर बड़ी प्रार्थनाकी इससे मतंगजीने ध्यानकरके यह शापका अन्तबताया कि हे चन्द्रसार जब विद्याधरोंके भावी चक्रवर्त्ती हथिनीके वेगसे घोड़ों के जीतनेवाले महाबली नरवाहनदत्तको तुम देखोगे तब तुम्हारा यह शाप दूरहोगा यह कहके मतंग ऋषि स्नानकरके श्रीविष्णु भगवान्के दर्शनके निमित्त श्वेत द्वीपको चलेगये और यमुनाभी मुझे एकरत्न जटित आम्रका वृक्षदेकर और यह कहकर कि यह वृक्ष एक विद्याधरने श्रीशिवजी से पायाथा उससे बाल्यावस्था में अपने खेलने को मैंने लियाथा अब मैं यह तुम्हें देतीहूं, श्वेतद्वीपको चलीगई तदनन्तर मैं वनवासमें रहके महाविकल होकर स्वदेश जानेकेलिये अपनी स्त्रीको लेकर समुद्रके तटपर आया वहां किसी वैश्यके एक जहाजपर मैंने पहले अपनी स्त्रीको चढ़ाया और उसे चढ़ाके जैसेही मैं चढ़नेकोहुआ वैसेही वह जहाज वायुकेद्वारा बहुत दूर समुद्र में चलागया प्रियाके बहजाने से मुझे एकाएकी मूर्च्छाआगई इतने में वहां आयेहुए एक तपस्वी मुझे मूर्च्छित देखके कृपापूर्व्वक मेरे ऊपर जल छिड़ककर मुझे सावधानकर अपने आश्रममें लेगये और वहां मुझसे सब वृत्तान्त पूछकर उन्होंने मुझे बहुत धैर्य्यदिया वहां कुछ दिन रहकर जहाज के टूटनेसे किसी प्रकार समुद्र के तटपर आयेहुए एक मित्र वैश्य से मिलकर उसीके साथ अपनी प्रियाको ढूंढ़ताहुआ मैं अनेक देशोंको उल्लंघन करके इस वैशाखपुरमें आया यहां दूरसेही आपके दर्शन करके मेरा शाप छूटगया और जहाज में वैश्योंके साथ आईहुई मेरीप्रिया वेला मुझे मिलगई आपकी कृपासे यमुना के दियेहुए रत्नमय वृक्षसमेत वेला को पाकर मैं आपको प्रणाम करनेको आयाहूं और आपको प्रणाम करके अपने देशको जाताहूं इस प्रकार अपना वृत्तान्त कहके उस चन्द्रसार वैश्यके चलेजानेपर नरवाहनदत्तका प्रभाव देखके अत्यन्त प्रसन्नहुए रुचिरदेव ने अपनी बहिन के साथ उसका विवाहकर दिया और घोड़ेसमेत हथिनी उसे दे दिया उस नवीन स्त्री घोड़े तथा हथिनीको लेकर नरवाहनदत्त अपनी कौशाम्बी नगरी में आया और वत्सराजसे सबवृत्तान्तकहकर उनको प्रसन्नकरके अपनी मदनमंचुका आदि रानियों समेत सुखपूर्व्वक रहने लगा ११५॥ इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांवेलालम्बकेप्रथमस्तरंगः १॥

वेलानामग्यारहवांलम्बकसमाप्तहुआ ११॥

## शशांकवतीनाम अष्टादशोलम्बकः॥

अव्याद्वो विघ्नविध्वंस कीर्त्तिस्तंभमिवोत्क्षिपन् ॥
करंगणपतिक्रीडा लीनभृंगाक्षरावलिम् १ ॥
अरागमपि रागाढ्य रचनाचतुरंपरम् ॥
हरंनवनवाश्चर्य्य सर्गचित्रकरन्नुमः २॥
जितंस्मरशरैर्येषु पौष्येष्वपिपतत्स्विह ॥
वज्रादीन्यपिजायन्ते कुण्ठितान्येवतद्भृताम् ३॥

इस प्रकारसे अनेक स्त्रियोंको पाकर कौशाम्बीपुरी में सुखपूर्व्वक रहतेहुए नरवाहनदत्तको सम्पूर्ण स्त्रियों में से रानी मदनमंचुका ऐसी अधिक प्रियथी जैसी श्रीकृष्णजी को श्रीरुक्मिणी प्यारीथी एक समय रात्रिमें नरवाहनदत्तने स्वप्नमें देखा कि कोई रूपवती कन्या मुझे आकाशमार्ग से आकर उठाले गई उस स्वप्नको देखकर जब उसकी निद्राखुली तो उसने अपने को एक बड़े पर्वत के शिखरपर एक रत्नोंकी शिलापर लेटा देखा और उसी उठालेजाने वाली अत्यन्त रूपवती कन्याको अपने पास खड़ी हुई देखा उसे देखकर यह जानकर कि यही मुझेलाई है झूठमूठ सोतेहुएके समान कवाकर उसने कहा कि हे प्रिये मदनमंचुके तुम कहाँ हो मेरा आलिंगनकरो यह सुनकर उस कन्याने मदनमंचुका का रूप धारण करके उसका आलिंगन किया तब नरवाहनदत्तने नेत्रखोल के अपनी प्रियाकीसी आकृति देखके वाहरे तेरे विज्ञान यह कहकर उसे गलेमें लगालिया यह सुनकर उस कन्याने लज्जा छोड़ के अपना स्वरूप धारण करके नरवाहनदत्तसे कहा कि आप मुझे ग्रहण कीजिये उसकी यह प्रार्थनासुन के नरवाहनदत्तने उससे गान्धर्व विवाह करलिया और उसीके साथ वह रात्रि व्यतीत करके प्रातःकाल युक्तिपूर्व्वक उसका वंश जानने के लिये उससे कहा कि हे प्रिये मैं तुम को एक अपूर्व्व कथा सुनाताहूं किसी तपोवनमें ब्रह्मसिद्धिनाम एक मुनि रहते थे उनके आश्रमके निकट किसी खोह में एक वृद्धा शृगाली रहती थी एकदिन उस शृगालीको भोजन के निमित्त निकलीहुई देखकर एक उन्मत्त हाथी उसके मारनेको उद्यतहुआ वह देखकर उस ज्ञानी मुनिने कृपाकरके उस शृगालीको हथिनी बना दिया उस हथिनी को देखकर हाथी वैर रहितहोकर उसपर अनुरक्तहोगया और वहभी मृत्युसे बचगई तदनन्तर उस हथिनी के साथ भ्रमण करताहुआ वह हाथी उसके निमित्त कमल लेनेके लिये एक तड़ागमें गया और उस तड़ागकी कीच में फँसकर वज्रसे कटेहुए पक्षवाले पर्व्वतके समान निश्चल होगया उसकी यह दशा देखकर वह हथिनी किसी दूसरे हाथी के साथ चलीगई इतने में उस हाथी की पहली हथिनी उसे ढूंढ़ती २ वहांआई और उसे फँसा देखकर आपभी उसके स्नेहसे उसी कीचमें जाकर फँसगई उस समय उसी मार्ग से अपने शिष्यों समेत आयेहुए ब्रह्मसिद्धिमुनिने कीचमें फँसेहुए

उन दोनोंको देखकर कृपाकरके अपने शिष्योंको महाबलदेकर उन दोनोंको उस कीचसे निकलवाया उन्हें निकलवाके मुनिके चलेजानेपर वह दोनों सुखपूर्व्वक वनमें विचरनेलगे इसप्रकारसे हे प्रिये श्रेष्ठ जातिवाले पशु भी अपने स्वामी को तथा मित्रको आपत्तिमें पड़ाहुआ देखकर छोड़ते नहीं हैं किन्तु आपत्तिसे निर्द्धारकरतेहैं और हीनजातिमें उत्पन्नहुए चंचलजीवों के चित्तमें सत्व तथा स्नेहकालेशभी नहीं होता ३० नरवाहनदत्तसे इसकथाको सुनके उसदिव्यस्त्रीने कहा कि आपका कहना ठीकहै इसमें कोई संदेहनहीं है और आपके इसकथाके कहनेका अभिप्रायभी मैंने जानलिया इससे आपभी मुझसे एककथा सुनिये कान्यकुब्जदेशमें बाहुशक्तिनामराजाका महामान्य सौग्रामोंका स्वामी एकशूरदत्तनाम ब्राह्मणरहताथा उसके वसुमतीनाम पतिव्रतास्त्रीथी उसवसुमतीमें शूरदत्तके वामदत्तनाम अत्यन्तसुशील पुत्र उत्पन्नहुआ वह वामदत्त थोड़ेहीकालमें संपूर्ण विद्याओंको सीखकर किसी ब्राह्मणकी शशिप्रभा नाम कन्यासे अपना विवाह करके अपने पिताकी आज्ञा पालनकरताहुआ सुखपूर्वक रहनेलगा काल केप्रभावसे शूरदत्तके परलोकवासी होजानेपर वसुमती उसीकेसाथ सतीहोगई इससे वामदत्त बहुतखिन्न होकर अपनी स्त्री समेत गृहस्थीके संपूर्ण काम करनेलगा भाग्यवशसे उसकीस्त्री उसके विनाजानेही कहींसे शाकिनियोंकी सिद्धिपाके पुंश्चलीहोगई एकसमय वामदत्त किसी कार्य से राजाके यहां गया वहां उसकेचचाने जाके एकान्तमें उससेकहा कि हेपुत्र हमाराकुल नष्टहोगया क्योंकि मैंने तुम्हारीस्त्री को तुम्हारेही भैंस पालनेवालेके साथ रमणकरतेदेखा यहसुनकर वामदत्त अपने घरमेंआकर खड्गलेकर छुपके बैठरहा रात्रिके समय महिषपाल उसकेयहां आया उसे बहुत उत्तम २ भोजन कराके शशिप्रभा उसीके साथ पलँगपरलेटी यह देखके वामदत्त खड्गलेकर यह कहकर कि अरे पापियो यह क्या करते हो उनके मारनेको दौड़ा उसे देखकर उसकी स्त्रीने उसके मुखपर धूलडालकर उसेभैंसा बना दिया और लाठियोंसे बहुत पीटकर किसी वैश्यके हाथ बेचडाला वहवैश्य उसपर बहुतसाबोझा लादकर गंगाजी के तटपर किसी ग्राममें लेगया भैंसे होनेपर भी वामदत्तकी स्मृति नष्ट नहीं हुईथी इससे वहयह शोचकर कि बगलके भीतर घुसीहुई सर्पिणीके समान पुंश्चली स्त्रीसे किसविश्वासित मनुष्यको क्लेश नहीं होता रोया करताथा दैवयोगसे किसी योगिनीने उसे रोते देखकर और बोझेके क्लेशसे उसे बहुत दुर्बल जानके अपने ज्ञानसे उसका सब वृत्तान्त जानकर मन्त्रका जल छिड़कके उसको फिर ज्योंका त्यों पुरुष बनादिया और उसे अपने घर लेजाकर कान्तिमतीनाम अपनी कन्याके साथ उसका विवाहकरके थोड़ीसी मन्त्र पढ़ीहुई सरसों उसेदेदी और कहा कि इनसरसोंको मारकर तुम उस अपनी दुष्ट स्त्रीको घोड़ी बनादेना उसके वचन सुनकर और उनसरसोंको तथा अपनी नवीन कान्तिमती स्त्रीको साथ लेके वामदत्तने अपने घरमें आकर उस महिषपालको मारके सरसों के प्रभावसे अपनी स्त्री को घोड़ी बनाके और घुड़साल में बाँधके यह प्रतिज्ञाकी कि प्रतिदिन इसके सातलाठी मारकर भोजन किया करूंगा इसप्रकार प्रतिज्ञाकरके कान्तिमतीके साथ सुखपूर्व्वक रहतेहुए वामदत्तके घरपर एकसमय एक अतिथि आया जब वहअतिथि भोजन करनेलगा तो वामदत्त भोजन विनाकियेही एकाएकी रमणी

करके घोड़ीरूप अपनीस्त्रीके सातलाठी मारनेको चलागया और लाठी मारके आकर भोजन करनेलगा तब उसअतिथिने विस्मितहोके उससे पूंछा कि तुम भोजन छोड़कर एकाएकी कहां चलेगये थे यह सुनकर वामदत्तने अपना सब वृत्तान्त उससे कहदिया उसवृत्तान्तको सुनकर अतिथिने उससे कहा कि जिस तुम्हारी सासने तुमको पशुपनेसे छुटायाहै उसीकी आराधना करके कोई सिद्धि क्यों नहीं प्राप्त करतेहो उस अतिथिका यह उपदेश सुनकर वामदत्तने उस अतिथिको विदाकरके अकस्मात् आईहुई अपनी सासका बड़ा सत्कार करके उससे प्रार्थनाकी कि मुझे कोई सिद्धिदो उसकी इस प्रार्थनाको सुनकर योगीश्वरीने उसको और अपनी कान्तिमती कन्याको कालसंकर्षिणी नाम विद्यादीनी उस विद्याको पाकर कान्तिमती सहित वामदत्तने श्रीपर्व्वतपर जाकरउस विद्याको सिद्धकिया उसविद्याने सिद्धहोकर उसको एक बड़ा दिव्यखड्ग दिया खड्गको पातेही वामदत्तने अपनी स्त्री समेत विद्याधर होकर मलयपर्व्वतके रजतकूटनाम शिखरपर अपनी सिद्धिके प्रभावसे एक दिव्यपुर बनाया उसपुरमें रहते हुए उसके एक ललितलोचना नाम कन्या उत्पन्नहुई उस कन्याके उत्पन्न होतेही यह आकाशबाणी हुई कि यह कन्या विद्याधरोंके चक्रवर्त्तीकी स्त्री होगी हे आर्यपुत्र वह ललितलोचना मैंही हूं और मैंही अपनी विद्याके प्रभावसे आपको यहां अपने स्थानमें लाई हूं इसप्रकार उसका वृत्तान्त सुनके नरबाहन-दत्त उसे विद्याधरी जानके प्रसन्न होकर उसके साथ वहांरहा और उसका यह सब वृत्तान्त वत्सराज आदिकोंने रत्नप्रभा आदिक उस की विद्याधरी रानियोंकी विद्याओंके प्रभावसे जानलिया ७३ ॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांशशांकवतीलम्बकेप्रथमस्तरंगः १ ॥

तदनन्तर उस नवीन ललित लोचना स्त्रीकोपाकर नरबाहदत्त मलयाचल पर्व्वतपर पुष्पित वृक्षोंसे शोभितवनोंमें उसकेसाथ विहार करनेलगा एकवनमें क्रीड़ाके निमित्त पुष्प तोड़नेकेलिये ललित लोचना के दृष्टि से पृथक् होजानेपर नरबाहनदत्त घूमताहुआ एक निर्मलजलवाले तड़ागके तटपर पहुँचा वहां उसने यह शोचकर कि जब तक ललितलोचना आवे तब तक मैं स्नानकरलूं तड़ागमें स्नान करलिया और देवताओं का पूजनकरके किसी चन्दनके वृक्षकी छायामें रत्नमय शिलापर बैठकर मन्द २ गमन करतीहुई राजहंसिनी देखी आमके वृक्षोंपर बैठीहुई मधुर २ शब्द करनेवाली कोकिलाओं के मनोहर शब्दसुने और मृगियों के चंचल नेत्र देखे इससे उसे प्रिया मदनमंचुका का स्मरण करके ऐसी कामकी पीड़ाहुई कि मूर्च्छा आगई इतने में वहां स्नान करनेको आयेहुए पिशंगजटनाम मुनिने उसे मूर्च्छित देखकर चन्दन का जल उसपर छिड़का और जलके छिड़कनेसे मूर्च्छासे जगकर प्रणामकरतेहुए नर-बाहनदत्त से कहा कि हे पुत्र तुम्हारा अभीष्ट सिद्धहोगा धैर्य्यधारणकरो धैर्य्यसेही सब कार्य्य सिद्धहोते हैं इस विषयपर जो तुमने मृगांकदत्तकी कथा न सुनीहोय तो मेरे आश्रममें चलकर मुझसे सुनो यह कहके वह मुनिस्नानादि करके सम्पूर्ण आह्निकसे निवृत्तहोके नरबाहनदत्तको अपने आश्रममें लेगया और वहां उसेभी तथा आपभी फलखिला खाकर यहकथा कहनेलगा कि तीनों लोकोंमें विख्यात अयोध्या नाम पुरी में अमरदत्तनाम एक बड़ा प्रतापी राजा था उस राजा के पतिव्रता सुरतप्रभानाम रानी में

उत्पन्नहुआ मृगांकदत्तनाम महागुणवान् पुत्रथा उस मृगांकदत्त के युवा, कुलीन, शूर, स्वामिहितैषी तथा बड़े बुद्धिमान् प्रचण्डशक्ति, स्थूलबाहु, विक्रमकेसरी, दृढमुष्टि, मेघबल, भीमपराक्रम, विमलबुद्धि व्याघ्रसेन, गुणाकर और विचित्रकथ नाम दश मन्त्री थे इन दशों मन्त्रियोंसमेत सुखपूर्वक रहतेहुए राजपुत्र मृगांकदत्त को अपने सदृश स्त्री नहीं प्राप्तहुई थी एकदिन एकान्तमें भीमपराक्रम नाम मंत्रीने उससे कहा कि आज में रात्रिकेसमयका अपना वृत्तान्त आपको सुनाताहूं आज रात्रिकेसमय महल में सोते २ एकाएकी उठकर मैंने एक सिंहको झपटकर अपने ऊपर आतेहुएदेखा उसे देखकर में छुरी हाथ में लेकर उठा इससे वह सिंहभागा और में भी उसके पीछे २ दौड़ा भागते २ उस सिंहने नदीके पार जाकर अपनी जीभ मेरी ओरको फैलादी मैंने उसकी उस बहुतबड़ी जिह्वाको अपनी छुरी से काटके उसीके द्वारा नदीके पारजाकर देखा कि वह सिंह भयंकर पुरुषहोगया यह देखकर मैंने उससे पूछा कि तुम कौनहो उसने कहा कि हे वीर में वैतालहूं तुम्हारे सत्त्व से में बहुत प्रसन्नहूं यह सुनकर मैंने उससे कहा कि अच्छा तुम बतलाओ कि मृगांकदत्तकी कौन स्त्री होगी तबउस वैतालनेकहा कि उज्जयिनी नगरी में कर्मसेन नामराजाहै उसके अप्सराओंसे भी अधिक महारूपवती ब्रह्माकी सुन्दरताकी खानरी शशाङ्कवतीनाम कन्याहै वही तुम्हारे स्वामीकी स्त्री होगी और उसेपाकर तुम्हारा स्वामी सम्पूर्ण पृथ्वीका राजाहोगा यह कहकर वह वैताल अन्तर्द्धानहोगया और मैंभी अपने घर चलाआया यही मेरा वृत्तांत है ३२ भीमपराक्रमका यह वृत्तान्त सुनकर मृगांकदत्त ने अपने सम्पूर्ण मन्त्रियों को बुलवाकर उन्हें भी यह वृत्तान्त सुनवाकर उनसे कहा कि आज रात्रिको जो मैंने स्वप्न देखाहै उसे सब सुनो आज रात्रिमें स्वप्नदशामें हम तुम सब लोग एकबड़े घोर वनमेंगये वहां मार्गके खेदसे सब प्यासेहोकर बड़े क्लेश से जलको पाके जैसेही पीनेको तैयार हुए वैसेही शस्त्रधारी पांच पुरुषों ने आकर हम सबको रोंका उन्हें मारकर जैसेही हमने फिर जल पीनाचाहा वैसेही वहां न कहींजलथा न पुरुषथे तब बड़ेहीक्लेशको प्राप्त हुए हमलोगोंने वृषभपर चढ़े आतेहुए श्रीशिवजीको देखा शिवजीने हम सबको प्रणाम करते देखकर अपने दक्षिण नेत्रसे एक आंसूकी बूंद पृथ्वीपर गिरादीनी उस बूंदसे महासमुद्र बनगया उस समुद्रमें से एक मोतियोंकी मालापाकर मैंने अपने गलेमें बांधली और अपने संपूर्ण साथियों समेत मनुष्यकी खोपड़ीसे उस समुद्रका जल पिया इतनादेखकर मेरी निद्रा खुलगई और रात्रिभी व्यतीतहोगई इसस्वप्न को सुनकर विमलबुद्धिनाममंत्रीने कहा कि हे स्वामी आपधन्यहैं जिनपर श्रीशिवजी ऐसी कृपाकरतेहैं आपने जो मोतियोंकी मालापहनकर समुद्रका जलपियाहै उसकायहफलहोगा कि आप शशांकवतीको पाकर संपूर्णपृथ्वीके राजाहूजियेगा और पहलेकी बातोंसे कुछक्लेशभी आपको होगा यहसुनकरमृगांक-दत्तने कहा कि इसस्वप्नका जो कुछफलहै और भीमपराक्रमने जो कुछवैतालसे सुनाहै यद्यपि वहयथार्थ होगा तथापिमैंनानाप्रकार दुर्गके अभिमानी राजा कर्मसेनसे बुद्धिकेबलसे शशांकवतीकी प्राप्तिका उद्योग में करूंगा क्योंकि सम्पूर्णबलोंमें बुद्धिहीकाबल सबसे श्रेष्ठहै इसविषयपर में तुम लोगोंको एक कथा सुना-ताहूं मगधदेशमें भद्रबाहु नामएकराजाथा उसके अत्यन्त बुद्धिमान् मंत्रगुप्तनाम एक मंत्रीथा एकसमय

करके घोड़ीरूप अपनीस्त्रीके सातलाठी मारनेको चलागया और लाठी मारके आकर भोजन करनेलगा तब उसअतिथिने विस्मितहोके उससे पूंछा कि तुम भोजन छोड़कर एकाएकी कहां चलेगये थे यह सुनकर वामदत्तने अपना सब वृत्तान्त उससे कहदिया उसवृत्तान्तको सुनकर अतिथिने उससे कहा कि जिस तुम्हारी सासने तुमको पशुपनेसे छुटायाहै उसीकी आराधना करके कोई सिद्धि क्यों नहीं प्राप्त करतेहो उस अतिथिका यह उपदेश सुनकर वामदत्तने उस अतिथिको विदाकरके अकस्मात् आईहुई अपनी सासका बड़ा सत्कार करके उससे प्रार्थनाकी कि मुझे कोई सिद्धिदो उसकी इस प्रार्थनाको सुनकर योगीश्वरीने उसको और अपनी कान्तिमती कन्याको कालसंकर्षिणी नाम विद्यादीनी उस विद्याको पाकर कान्तिमती सहित वामदत्तने श्रीपर्व्वतपर जाकरउस विद्याको सिद्धकिया उसविद्याने सिद्धहोकर उसको एक बड़ा दिव्यखड्ग दिया खड्गको पातेही वामदत्तने अपनी स्त्री समेत विद्याधर होकर मलयपर्व्वतके रजतकूटनाम शिखरपर अपनी सिद्धिके प्रभावसे एक दिव्यपुर बनाया उसपुरमें रहते हुए उसके एक ललितलोचना नाम कन्या उत्पन्नहुई उस कन्याके उत्पन्न होतेही यह आकाशबाणी हुई कि यह कन्या विद्याधरोंके चक्रवर्त्तीकी स्त्री होगी हे आर्यपुत्र वह ललितलोचना मैंही हूं और मैंही अपनी विद्याके प्रभावसे आपको यहां अपने स्थानमें लाई हूं इसप्रकार उसका वृत्तान्त सुन के नरवाहन-दत्त उसे विद्याधरी जानके प्रसन्न होकर उसके साथ वहांरहा और उसका यह सब वृत्तान्त वत्सराज आदिकोंने रत्नप्रभा आदिक उस की विद्याधरी रानियोंकी विद्याओंके प्रभावसे जानलिया ७३ ॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांशशांकवतीलम्बकेप्रथमस्तरंगः १ ॥

तदनन्तर उस नवीन ललित लोचना स्त्रीकोपाकर नरवाहदत्त मलयाचल पर्व्वतपर पुष्पित वृक्षोंसे शो-भितवनोंमें उसकेसाथ विहार करनेलगा एकवनमें क्रीड़ाके निमित्त पुष्प तोड़नेकेलिये ललित लोचना के दृष्टि से पृथक् होजानेपर नरवाहनदत्त घूमताहुआ एक निर्मलजलवाले तड़ागके तटपर पहुँचा वहां उसने यह शोचकर कि जब तक ललितलोचना आवे तब तक मैं स्नानकरलूं तड़ागमें स्नान करलिया और देवताओं का पूजनकरके किसी चन्दनके वृक्षकी छायामें रत्नमय शिलापर बैठकर मन्द २ गमन करतीहुई राजहंसिनी देखी आमके वृक्षोंपर बैठीहुई मधुर २ शब्द करनेवाली कोकिलाओं के मनोहर शब्दसुने और मृगियों के चंचल नेत्र देखे इससे उसे प्रिया मदनमंचुका का स्मरण करके ऐसी कामकी पीड़ाहुई कि मूर्च्छा आगई इतने में वहां स्नान करनेको आयेहुए पिशंगजटनाम मुनिने उसे मूर्च्छित देखकर चन्दन का जल उसपर छिड़का और जलके छिड़कनेसे मूर्च्छासे जगकर प्रणामकरतेहुए नर-वाहनदत्त से कहा कि हे पुत्र तुम्हारा अभीष्ट सिद्धहोगा धैर्य्यधारणकरो धैर्य्यसेही सब कार्य्य सिद्धहोते हैं इस विषयपर जो तुमने मृगांकदत्तकी कथा न सुनीहोय तो मेरे आश्रममें चलकर मुझसे सुनो यह कहके वह मुनिस्नानादि करके सम्पूर्ण आह्निकसे निवृत्तहोके नरवाहनदत्तको अपने आश्रममें लेगया और वहां उसेभी तथा आपभी फलखिला खाकर यहकथा कहनेलगा कि तीनों लोकोंमें विख्यात अयोध्या नाम पुरी में अमरदत्तनाम एक बड़ा प्रतापी राजा था उस राजा के पतिव्रता सुरतप्रभानाम रानी में

उत्पन्नहुआ मृगांकदत्तनाम महागुणवान् पुत्रथा उस मृगांकदत्त के युवा, कुलीन, शूर, स्वामिहितैषी तथा बड़े बुद्धिमान् प्रचण्डशक्ति, स्थूलवाहु, विक्रमकेसरी, दृढ़मुष्टि, मेघवल, भीमपराक्रम, विमलबुद्धि व्याघ्रसेन, गुणाकर और विचित्रकथ नाम दश मन्त्री थे इन दशों मन्त्रियोंसमेत सुखपूर्व्वक रहतेहुए राजपुत्र मृगांकदत्त को अपने सदृश स्त्री नहीं प्राप्तहुई थी एकदिन एकान्तमें भीमपराक्रम नाम मंत्रीने उससे कहा कि आज में रात्रिकेसमयका अपना वृत्तान्त आपको सुनाताहूं आज रात्रिकेसमय महल में सोते २ एकाएकी उठकर मैंने एक सिंहको झपटकर अपने ऊपर आतेहुएदेखा उसे देखकर में छुरी हाथ में लेकर उठा इससे वह सिंहभागा और में भी उसके पीछे २ दौड़ा भागते २ उस सिंहने नदीके पार जाकर अपनी जीभ मेरी ओरको फैलादी मैंने उसकी उस बहुतबड़ी जिह्वाको अपनी छुरी से काटके उसी के द्वारा नदीके पारजाकर देखा कि वह सिंह भयंकर पुरुषहोगया यह देखकर मैंने उससे पूछा कि तुम कौनहो उसने कहा कि हे धीर में वैतालहूं तुम्हारे सत्त्व से में बहुत प्रसन्नहूं यह सुनकर मैंने उससे कहा कि अच्छा तुम बतलाओ कि मृगांकदत्तकी कौन स्त्री होगी तबउस वैतालनेकहा कि उज्जयिनी नगरी में कर्मसेन नामराजाहै उसके अप्सराओंसे भी अधिक महारूपवती ब्रह्माकी सुन्दरताकी खानसी शशाङ्कवतीनाम कन्याहै वही तुम्हारे स्वामीकी स्त्री होगी और उसेपाकर तुम्हारा स्वामी सम्पूर्ण पृथ्वीका राजाहोगा यह कहकर वह वैताल अन्तर्द्धानहोगया और मैंभी अपने घर चलाआया यही मेरा वृत्तांत है ३२ भीमपराक्रमका यह वृत्तान्त सुनकर मृगांकदत्त ने अपने सम्पूर्ण मन्त्रियों को बुलवाकर उन्हें भी यह वृत्तान्त सुनवाकर उनसे कहा कि आज रात्रिको जो मैंने स्वप्न देखाहै उसे सब सुनो आज रात्रिमें स्वप्नदशामें हम तुम सब लोग एकबड़े घोर वनमेंगये वहां मार्गके खेदसे सब प्यासेहोकर बड़े क्लेश से जलको पाके जैसेही पीनेको तैयार हुए वैसेही शस्त्रधारी पांच पुरुषों ने आकर हम सबको रोंका उन्हें मारकर जैसेही हमने फिर जल पीनाचाहा वैसेही वहां न कहींजलथा न पुरुषथे तब बड़ेहीक्लेशको प्राप्त हुए हमलोगोंने वृषभपर चढ़े आतेहुए श्रीशिवजीको देखा शिवजीने हम सबको प्रणाम करते देखकर अपने दक्षिण नेत्रसे एक आंसूकी बूंद पृथ्वीपर गिरादीनी उस बूंदसे महासमुद्र बनगया उस समुद्रमें से एक मोतियोंकी मालापाकर मैंने अपने गलेमें बांधली और अपने संपूर्ण साथियों समेत मनुष्यकी खोपड़ीसे उस समुद्रका जल पिया इतनादेखकर मेरी निद्रा खुलगई और रात्रिभी व्यतीतहोगई इसस्वप्न को सुनकर विमल बुद्धिनाममंत्रीने कहा कि हे स्वामी आपधन्यहैं जिनपर श्रीशिवजी ऐसी कृपाकरतेहैं आपने जो मोतियोंकी मालापहनकर समुद्रका जलपियाहै उसकायहफलहोगा कि आप शशांकवतीको पाकर संपूर्णपृथ्वीके राजाहूजियेगा और पहलेकी बातोंसे कुछक्लेशभी आपको होगा यहसुनकरमृगांकदत्तने कहा कि इसस्वप्नका जो कुछफलहै और भीमपराक्रमने जो कुछवैतालसे सुनाहै यद्यपि वहयथार्थ होगा तथापिमैनातथा दुर्गके अभिमानी राजा कर्मसेनसे बुद्धिकेबलसे शशांकवतीकी प्राप्तिका उद्योग में करूंगा क्योंकि सम्पूर्णवलोंमें बुद्धिहीकाबल सबसे श्रेष्ठहै इसविषयपर में तुम लोगोंको एक कथा सुनाताहूं मगधदेशमें भद्रबाहु नामएकराजाथा उसके अत्यन्त बुद्धिमान् मंत्रगुप्तनाम एक मंत्रीथा एकसमय

भद्रबाहुने एकान्तमें अपने मंत्रीसे कहा कि काशीके राजा धर्मगोपके जो अनंगलीलानाम अत्यन्तसु-न्दरीकन्याहै उसे प्रार्थनाकरनेपर भी द्वेषके कारण वह मुझेनहींदेता और भद्रदन्तनाम हाथीके प्रभावसे उसे कोई जीतभी नहीं सक्ता और मैं उस अनंगलीलाके विना जी नहींसक्ता इससे तुम अपनी बुद्धि से इस विषयमें कोई उपाय शोचो यह सुनकर मंत्रगुप्तने कहा कि हे स्वामी क्या पराक्रमसेंही सब कार्य्य सिद्धहोते हैं बुद्धिसे नहीं होते आप किसी प्रकारकी चिन्तामतकरो मैं अपनी बुद्धिके बलसे आपका कार्य्य सिद्धकरूंगा यह कहके वहमंत्री दूसरे दिन पांच सात विश्वासित मनुष्यों को साथलेके महाव्रती का वेष बनाकर काशीपुरीकोगया वहां उसके सबसाथी शिष्योंकावेष बनाकेसम्पूर्ण नगरमें कहनेलगे कि यह महासिद्धहै और इस चरचाको सुनकर कुछ लोग उसकेपास आनेभीलगे एकसमय रात्रिमें अ-पने कार्य्यकी युक्तिके ढूंढ़नेकेलिये भ्रमणकरतेहुए मंत्रीने देखा कि राजाके हाथीवान् की स्त्री तीनचार शस्त्रधारी पुरुषों के साथ जल्दी २ कहीं चलीजारही है यह देखके उसने यह शोचा कि निस्सन्देह यह अपने घरसे निकलकर किसी अन्य पुरुषके यहां जारही है इससे देखना चाहिये कि यह कहां जाती है यह शोचकर वह उसके पीछे २ चुपचाप चलागया और जिसस्थानमें वह गई उस स्थानको दूरसे देखकर लौटआया प्रातःकाल उसने अपने साथियोंको युक्ति पूर्व्वक उस राजाके हाथीवान्के मकानपर भेजा उन्होंने वहां जाकर हाथीवान्को अपनी स्त्रीके दुःखसे विषखायेहुए देखकर अपनी विद्यासे उसका विष दूरकरदिया और उससे कहा कि तुम हमारे गुरूके पास चलो वह बड़े ज्ञानी हैं तुमको सब बात बतादेंगे यह कहके वह उसे मंत्रीके पास लेआये वहां आकर उस हाथीवान्ने उसेप्र-णाम करके पूछा कि बताइये मेरी स्त्री संपूर्ण आभूषण लेकर कहां गई है यह सुनकर मंत्रीने झूठ मूठ कुछ ध्यानकरके रात्रिके समय जहां वह पुरुष उसकी स्त्री को लेगयेथे वह स्थान उसे बतादिया तबहा-थीवान्ने उसको नमस्कारकरके अपने बहुतसे साथियोंको लेजाके उस स्थानको घेर लिया और उन पुरुषोंको मारकर आभूषणों समेत अपनी स्त्री पाई दूसरे दिन हाथीवान्ने मंत्रीकेपास आके हाथजोड़-कर कहा कि आजके दिन आपका मेरे घरमें निमन्त्रणहै यह सुनके मंत्रीने कहा कि मैं किसीके घर भोजन नहीं करता और दिनको आहारभी नहीं करता यह सुनकर वहहाथीवान् प्रदोषके समय हाथि-योंकी शालामें उसे सब साथियों समेत भोजन करानेके लिये लेगया मंत्रीभी एक बांसकी पोंगी में मंत्रके बलसे एक सर्पको बन्द करके और छुपाके वहां लेगया जब हाथीवान् उसे भोजन कराके चला-गया और वहांके सब लोग सोगये तब उस भद्रदन्तनाम हाथी के कानमें उस सर्पको छोड़कर मंत्री उसरात्रिको वहीं व्यतीत करके प्रातःकाल अपने मगधदेशको सब साथियों समेत चलाआया इससे वह भद्रदन्त मरगया राजा धर्मगोपके अभिमानके समान उस भद्रदन्तको मराहुआ सुनकर राजा भद्र-बाहुने अपने मंत्रीपर बहुत प्रसन्नहोके अनंग लीलाके मांगनेके लिये धर्मगोपके पास अपनादूत भेजा और धर्मगोपने भी [illegible]नीकन्या उसेदेदी ठीकहै ( भजन्तिवेतसींवृत्तिम् राजानःकालवेदिनः ) काल के जाननेवाले [illegible]नम्रवृत्ति रखतेहैं इसप्रकारसे मंत्रगुप्त मंत्रीकी बुद्धिके बलसे राजा

भद्रबाहुको अनंगलीला प्राप्तहोगई ७४ इससे मैंभी अपनी बुद्धिके बलसे शशांकवतीकी प्राप्तिकेलिये उद्योगकरूंगा मृगांकदत्तके यह वचनसुनकर विचित्रकथनाम मंत्रीने कहा कि श्रीशिवजीकी स्वप्नमें हुई कृपासे आपके सब कार्य्य सिद्धिहोंगे देवताओंके अमोघप्रसादसे कौन कार्य्य सिद्ध नहींहोसक्ताहै इस विषयपर मैं आपको एककथा सुनाताहूं कि तक्षशिलानाम पुरी में भद्राक्षनाम एक राजाथा वह पुत्रकी कामनासे नित्य खड्गमें लक्ष्मीजीका आवाहन करके एक सौ आठ कमलों से पूजनकरताथा एकवार पूजन करते समय एककमल घटगया इससे राजाने मौन व्रत न त्यागके अपना हृदय कमल निकालकर भगवती पर चढ़ाया इससाहसको देखकर प्रसन्नहुई भगवती प्रकटहोकर बोलीं कि हे पुत्र तुम्हारे चक्रवर्ती पुत्रहोगा यहकहके और राजाको क्षत रहितकरके भगवती अन्तर्द्धानहोगई तदनन्तर राजाके पटरानीमें सुलक्षण पुत्रहुआ उसका नाम राजाने पुष्कराक्ष रक्खा क्रमसे सम्पूर्ण विद्याओं को सीखकर युवावस्थामें प्राप्तहुए पुष्कराक्ष को राज्य देकर राजा भद्राक्ष वनको चलागया और पुष्कराक्ष भी राज्यपाके प्रतिदिन श्री शिवजीका पूजन करनेलगा एक दिनपूजनके उपरान्त उसने शिवजी से यहप्रार्थनाकी कि मुझे योग्य स्त्री दीजिये तब यह आकाशवाणी हुई कि हे पुत्र तुम्हारे सम्पूर्ण कार्य्य सिद्धहोंगे इसआकाशवाणीको सुनकर प्रसन्नहोकर पुष्कराक्ष वनमें शिकार खेलने को चलागया वहां संभोगकरतेहुए सर्पके जोड़को खानेकेलिये उद्युक्त एकऊंटके बच्चेको देखकर उसने कृपायुक्तहोकर उस ऊंटके एकबाण मारा बाणके लगतेही वह विद्याधर होकर प्रसन्नहोके उससे बोला कि तुमने मेरे साथ बड़ा उपकार कियाहै इससे जो मैं कहताहूं सो सुनो किसी विद्याधरकी तारावलीनाम कन्याने रक्तमाली नाम विद्याधरपर अनुरक्तहोकर उसके साथ अपना गान्धर्व विवाह करलिया यहजानकर उसके पिता ने उसे यहशापदिया कि तुमदोनोंका कुछ काल वियोग रहैगा यहशापपाकर वहदोनों सुन्दर उपवनों में आनन्दसे विहारकरनेलगे एकसमय शापके प्रभावसे वह दोनों वनमें विहारकरते २ परस्पर वियुक्त होकर इधर उधर एकदूसरेको ढूंढ़नेलगे उनमेंसे तारावली अपने पतिको ढूंढ़ते २ पश्चिम समुद्र के पार सिद्ध ऋषियों से सेवित एकवनमें पहुंची वहां एकप्रफुल्लित जामनका वृक्षदेखके भ्रमरीका रूप धारण करके विश्रामके लिये उसके एकपुष्पपर बैठकर मधुपान करनेलगी क्षणभर मेंही भाग्यवश से उसका पतिभी उसे ढूंढ़ताहुआ वहींआया बहुतकालके उपरान्त अपने पतिको देखनेसे बहुत प्रसन्नहुई तारावलीका वीर्य्य उसपुष्पपर गिरा और वीर्य्यको त्यागकर वहभ्रमरी के रूपको छोड़कर अपना रूपधरके पतिसे जाकर मिली और उसे लेकर अपने लोकको चलीगई उसके चले जानेपर जिसपुष्पपर उसका वीर्य्य गिराया उसमें एकफललगा और उसफलके भीतर काल योग से एककन्या उत्पन्न हुई क्योंकि दिव्य प्राणियोंका वीर्य्य निष्फल नहीं होताहै १०० तदनन्तर एकसमय विजिताश्वनाम मुनि फल मूल के निमित्त वहां आये और उसीसमय वहजामनका फल टूटकर गिरा पृथ्वीमें गिरकर टूटजाने से उस फलमें से एकदिव्य कन्या निकलके मुनिको वन्दना करके उनके आगे हाथ जोड़कर खड़ीहोगई उस कन्या को देखकर मुनि ने ध्यान से उसका सब तत्त्व जानकर उसे अपने आश्रम में ले जाकर उसका

भद्रवाहुने एकान्तमें अपने मंत्रीसे कहा कि काशीके राजा धर्मगोपके जो अनंगलीलानाम अत्यन्तसु-न्दरीकन्याहै उसे प्रार्थनाकरनेपर भी द्वेषके कारण वह मुझेनहींदेता और भद्रदन्तनाम हाथीके प्रभावसे उसे कोई जीतभी नहीं सक्ता और मैं उस अनंगलीलाके बिना जी नहींसक्ता इससे तुम अपनी बुद्धि से इस विषयमें कोई उपाय शोचो यह सुनकर मंत्रगुप्तने कहा कि हे स्वामी क्या पराक्रमसेही सब कार्य्य सिद्धहोते हैं बुद्धिसे नहीं होते आप किसी प्रकारकी चिन्तामतकरो मैं अपनी बुद्धिके बलसे आपका कार्य्य सिद्धकरूंगा यह कहके वहमंत्री दूसरे दिन पांच सात विश्वासित मनुष्यों को सायलेके महाव्रती का वेष बनाकर काशीपुरीकोगया वहां उसके सबसाथी शिष्योंकावेष बनाकेसम्पूर्ण नगरमें कहनेलगे कि यह महासिद्धहै और इस चरचाको सुनकर कुछ लोग उसकेपास आनेभीलगे एकसमय रात्रिमें अ-पने कार्य्यकी युक्तिके ढूंढ़नेकेलिये भ्रमणकरतेहुए मंत्रीने देखा कि राजाके हाथीवान् की स्त्री तीनचार शस्त्रधारी पुरुषों के साथ जल्दी २ कहीं चलीजारही है यह देखके उसने यह शोचा कि निस्सन्देह यह अपने घरसे निकलकर किसी अन्य पुरुषके यहां जारही है इससे देखना चाहिये कि यह कहां जाती है यह शोचकर वह उसके पीछे २ चुपचाप चलागया और जिसस्थानमें वह गई उस स्थानको दूरसे देखकर लौटआया प्रातःकाल उसने अपने साथियों को युक्ति पूर्व्वक उस राजाके हाथीवान्के मकानपर भेजा उन्होंने वहां जाकर हाथीवान्को अपनी स्त्रीके दुःखसे विषखायेहुए देखकर अपनी विद्यासे उसका विष दूरकरदिया और उससे कहा कि तुम हमारे गुरूके पास चलो वह बड़े ज्ञानी हैं तुमको सब बात बतादेंगे यह कहके वह उसे मंत्रीके पास लेआये वहां आकर उस हाथीवान्ने उसेप्र-णाम करके पूछा कि बताइये मेरी स्त्री संपूर्ण आभूषण लेकर कहां गई है यह सुनकर मंत्रीने झूठ मूठ कुछ ध्यानकरके रात्रिके समय जहां वह पुरुष उसकी स्त्री को लेगयेथे वह स्थान उसे बतादिया तबहा-थीवान्ने उसको नमस्कारकरके अपने बहुतसे साथियोंको लेजाके उस स्थानको घेर लिया और उन पुरुषोंको मारकर आभूषणों समेत अपनी स्त्री पाई दूसरे दिन हाथीवान्ने मंत्रीकेपास आके हाथजोड़-कर कहा कि आजके दिन आपका मेरे घरमें निमन्त्रणहै यह सुनके मंत्रीने कहा कि मैं किसीके घर भोजन नहीं करता और दिनको आहारभी नहीं करता यह सुनकर वहहाथीवान् प्रदोषके समय हाथि-योंकी शालामें उसे सब साथियों समेत भोजन करानेके लिये लेगया मंत्रीभी एक बांसकी पोंगी में मंत्रके बलसे एक सर्पको बन्द करके और छुपाके वहां लेगया जब हाथीवान् उसे भोजन कराके चला-गया और वहांके सब लोग सोगये तब उस भद्रदन्तनाम हाथी के कानमें उस सर्पको छोड़कर मंत्री उसरात्रिको वहीं व्यतीत करके प्रातःकाल अपने मगधदेशको सब साथियों समेत चलाआया इससे वह भद्रदन्त मरगया राजा धर्मगोपके अभिमानके समान उस भद्रदन्तको मराहुआ सुनकर राजा भद्र-बाहुने अपने मंत्रीपर बहुत प्रसन्नहोके अनंग लीलाके मांगनेके लिये धर्मगोपके पास अपनादूत भेजा और धर्मगोपने भी अपनीकन्या उसेदेदी ठीकहै ( भजन्तिवैतसींवृत्तिम् राजानःकालवेदिनः ) काल के जाननेवाले राजालोग वेतकीसी नम्रवृत्ति रखतेहैं इसप्रकारसे मंत्रगुप्त मंत्रीकी बुद्धिके बलसे राजा

भद्रबाहुको अनंगलीला प्राप्तहोगई ७४ इससे मैंभी अपनी बुद्धिके बलसे शशांकवतीकी प्राप्तिकेलिये उद्योगकरूंगा मृगांकदत्तके यह वचनसुनकर विचित्रकथनाम मंत्रीने कहा कि श्रीशिवजीकी स्वप्नमें हुई कृपासे आपके सब कार्य्य सिद्धिहोंगे देवताओंके अमोघप्रसादसे कौन कार्य्य सिद्ध नहींहोसक्ताहै इस विषयपर मैं आपको एककथा सुनाताहूं कि तक्षशिलानाम पुरी में भद्राक्षनाम एक राजाथा वह पुत्रकी कामनासे नित्य खड्गमें लक्ष्मीजीका आवाहन करके एक सौ आठ कमलों से पूजनकरताथा एकबार पूजन करते समय एककमल घटगया इससे राजाने मौन व्रत न त्यागके अपना हृदय कमल निकालकर भगवती पर चढ़ाया इससाहसको देखकर प्रसन्नहुई भगवती प्रकटहोकर बोलीं कि हे पुत्र तुम्हारे चक्रवर्त्ती पुत्रहोगा यहकहके और राजाको क्षत रहितकरके भगवती अन्तर्द्धानहोगई तदनन्तर राजाके पटरानीमें सुलक्षण पुत्रहुआ उसका नाम राजाने पुष्कराक्ष रक्खा क्रमसे सम्पूर्ण विद्याओं को सीखकर युवावस्थामें प्राप्तहुए पुष्कराक्ष को राज्य देकर राजा भद्राक्ष वनको चलागया और पुष्कराक्ष भी राज्यपाके प्रतिदिन श्री शिवजीका पूजन करनेलगा एक दिनपूजनके उपरान्त उसने शिवजी से यहप्रार्थनाकी कि मुझे योग्य स्त्री दीजिये तब यह आकाशवाणी हुई कि हे पुत्र तुम्हारे सम्पूर्ण कार्य्य सिद्धहोंगे इसआकाशवाणीको सुनकर प्रसन्नहोकर पुष्कराक्ष वनमें शिकार खेलने को चलागया वहां संभोगकरतेहुए सर्पके जोड़को खानेकेलिये उद्युक्त एकऊंटके बच्चेको देखकर उसने कृपायुक्तहोकर उस ऊंटके एकबाण मारा बाणके लगतेही वह विद्याधर होकर प्रसन्नहोके उससे बोला कि तुमने मेरे साथ बड़ाउपकार कियाहै इससे जो मैं कहताहूं सो सुनो किसी विद्याधरकी तारावलीनाम कन्याने रंकमाली नाम विद्याधरपर अनुरक्तहोकर उसके साथ अपना गान्धर्व विवाह करलिया यहजानकर उसके पिता ने उसे यहशापदिया कि तुमदोनोंका कुछ काल वियोग रहैगा यहशापपाकर वहदोनों सुन्दर उपवनों में आनन्दसे विहारकरनेलगे एकसमय शापके प्रभावसे वह दोनों वनमें विहारकरते २ परस्पर वियुक्त होकर इधर उधर एकदूसरेको ढूंढ़नेलगे उनमेंसे तारावली अपने पतिको ढूंढ़ते २ पश्चिम समुद्र के पार सिद्ध ऋषियों से सेवित एकवनमें पहुंची वहां एकप्रफुल्लित जामनका वृक्षदेखके भ्रमरीका रूप धारण करके विश्रामके लिये उसके एकपुष्पपर बैठकर मधुपान करनेलगी क्षणभर मेंही भाग्यवश से उसका पतिभी उसे ढूंढ़ताहुआ वहींआया बहुतकालके उपरान्त अपने पतिको देखनेसे बहुत प्रसन्नहुई तारावलीका वीर्य्य उसपुष्पपर गिरा और वीर्य्यको त्यागकर वहभ्रमरी के रूपको छोड़कर अपना रूपधरके पतिसे जाकर मिली और उसे लेकर अपने लोकको चलीगई उसके चले जानेपर जिसपुष्पपर उसका वीर्य्य गिराथा उसमें एकफललगा और उसफलके भीतर काल योग से एककन्या उत्पन्न हुई क्योंकि दिव्य प्राणियोंका वीर्य्य निष्फल नहीं होताहै १०० तदनन्तर एकसमय विजिताश्वनाम मुनि फल मूल के निमित्त वहां आये और उसीसमय वहजामनका फल टूटकर गिरा पृथ्वीमें गिरकर टूटजाने से उस फलमें से एकदिव्य कन्या निकलके मुनिको वन्दना करके उनके आगे हाथ जोड़कर खड़ीहोगई उस कन्या को देखकर मुनि ने ध्यान से उसका सब तत्त्व जानकर उसे अपने आश्रम में ले जाकर उसका

भद्रवाहुने एकान्तमें अपने मंत्रीसे कहा कि काशीके राजा धर्मगोपके जो अनंगलीलानाम अत्यन्तसु-न्दरीकन्याहै उसे प्रार्थनाकरनेपर भी द्वेषके कारण वह मुझेनहींदेता और भद्रदन्तनाम हाथीके प्रभावसे उसे कोई जीतभी नहीं सक्ता और मैं उस अनंगलीलाके बिना जी नहींसक्ता इससे तुम अपनी बुद्धि से इस विषयमें कोई उपाय शोचो यह सुनकर मंत्रगुप्तने कहा कि हे स्वामी क्या पराक्रमसेंही सब कार्य्य सिद्धहोते हैं बुद्धिसे नहीं होते आप किसी प्रकारकी चिन्तामतकरो मैं अपनी बुद्धिके बलसे आपका कार्य्य सिद्धकरूंगा यह कहके वहमंत्री दूसरे दिन पांच सात विश्वासित मनुष्यों को साथलेके महाव्रती का वेष बनाकर काशीपुरीकोगया वहां उसके सबसाथी शिष्योंकावेष बनाकेसम्पूर्ण नगरमें कहनेलगे कि यह महासिद्धहै और इस चरचाको सुनकर कुछ लोग उसकेपास आनेभीलगे एकसमय रात्रिमें अ-पने कार्य्यकी युक्तिके ढूंढ़नेकेलिये भ्रमणकरतेहुए मंत्रीने देखा कि राजाके हाथीवान् की स्त्री तीनचार शस्त्रधारी पुरुषों के साथ जल्दी २ कहीं चलीजारही है यह देखके उसने यह शोचा कि निस्सन्देह यह अपने घरसे निकलकर किसी अन्य पुरुषके यहां जारही है इससे देखना चाहिये कि यह कहां जाती है यह शोचकर वह उसके पीछे २ चुपचाप चलागया और जिसस्थानमें वह गई उस स्थानको दूरसे देखकर लौटआया प्रातःकाल उसने अपने साथियों को युक्ति पूर्व्वक उस राजाके हाथीवान्के मकानपर भेजा उन्होंने वहां जाकर हाथीवान्को अपनी स्त्रीके दुःखसे विषखायेहुए देखकर अपनी विद्यासे उसका विष दूरकरदिया और उससे कहा कि तुम हमारे गुरूके पास चलो वह बड़े ज्ञानी हैं तुमको सब बात बतादेंगे यह कहके वह उसे मंत्रीके पास लेआये वहां आकर उस हाथीवान्ने उसेप्र-णाम करके पूछा कि बताइये मेरी स्त्री संपूर्ण आभूषण लेकर कहां गई है यह सुनकर मंत्रीने झूठ मूठ कुछ ध्यानकरके रात्रिके समय जहां वह पुरुष उसकी स्त्री को लेगयेथे वह स्थान उसे बतादिया तबहा-थीवान्ने उसको नमस्कारकरके अपने बहुतसे साथियोंको लेजाके उस स्थानको घेर लिया और उन पुरुषोंको मारकर आभूषणों समेत अपनी स्त्री पाई दूसरे दिन हाथीवान्ने मंत्रीकेपास आके हाथजोड़-कर कहा कि आजके दिन आपका मेरे घरमें निमन्त्रणहै यह सुनके मंत्रीने कहा कि मैं किसीके घर भोजन नहीं करता और दिनको आहारभी नहीं करता यह सुनकर वहहाथीवान् प्रदोषके समय हाथि-योंकी शालामें उसे सब साथियों समेत भोजन करानेके लिये लेगया मंत्रीभी एक बांसकी पोंगी में मंत्रके बलसे एक सर्पको बन्द करके और छुपाके वहां लेगया जब हाथीवान् उसे भोजन कराके चला-गया और वहांके सब लोग सोगये तब उस भद्रदन्तनाम हाथी के कानमें उस सर्पको छोड़कर मंत्री उसरात्रिको वहीं व्यतीत करके प्रातःकाल अपने मगधदेशको सब साथियों समेत चलाआया इससे वह भद्रदन्त मरगया राजा धर्मगोपके अभिमानके समान उस भद्रदन्तको मराहुआ सुनकर राजा भद्र-वाहुने अपने मंत्रीपर बहुत प्रसन्नहोके अनंग लीलाके मांगनेके लिये धर्मगोपके पास अपनादूत भेजा और धर्मगोपने भी अपनीकन्या उसेदेदी ठीकहै ( भजन्तिवैतसींवृत्तिम् राजानःकालवेदिनः ) काल के जाननेवाले राजालोग बेतकीसी नम्रवृत्ति रखतेहैं इसप्रकारसे मंत्रगुप्त मंत्रीकी बुद्धिके बलसे राजा

लिये ने उस हंसी को बाणसे मारडाला यह देखकर वह हंस भय और शोकसे महा व्याकुलहोकर वहांसे भागगया और वह बहेलिया उस मरीहुई हंसिनी को लेकर वहांसे चला मार्ग में कुछ शस्त्रधारी पुरुषोंको आते देखकर उस बहेलिये ने यह जानकर कि ऐसा न होय यह मेरी हंसिनीछीनलें छूरी से तृणों को काटके उन तृणों के भीतर उस हंसिनी को छिपादिया और उन पुरुषों के चलेजानेपर उसने जैसेही तृणों को हटाकर उस हंसिनीको लेनाचाहा वैसेही वह हंसी उन तृणों के साथ कटीहुई संजीविनी ओ-षध के रसके संयोगको पाके जीकर आकाशको उड़गई इतने में शोक से मोहित उसका हंस किसी तड़ाग के निकट उसीको ढूंढ़ताहुआ बहुतसे अन्य हंसों में जामिला उन सब हंसों को एक बहेलिये ने अपने जालको फेंककर बाँधलिया इतनेमें वह हंसिनी उसे ढूंढ़तीहुई वहीं आई और अपने पति को बँधा देखकर बहुत व्याकुलहुई तदनन्तर वहां स्नानकरने के निमित्त आयेहुए किसी पुरुषकी रक्खीहुई तड़ागके तटपर रत्नोंकीमाला देखकर वह हंसी उस मालाको अपनी चोंच में दबाके उस बहेलिये को मालादिखातीहुई धीरे २ उड़नेलगी उसे देखकर वह बहेलिया लाठीलेके उसके पीछे २ दौड़ा उसे दौड़ा हुआ देखकर हंसी उसे दिखाके एक शिखरके ऊंचे स्थान में उस मालाको रखके चलीआई और वह बहेलिया लोभ से उसके लेनेका उद्योगकरनेलगा इसप्रकार उस बहेलिये को जालके पाससे हटाकर उसने जालके समीप किसी वृक्षपर सोतेहुए वन्दरकी आंख में अपनी चोंचमारी इससे उस वन्दर ने एकाएकी उठके कुपितहोके वहांसे कूदकर उस जालको तोड़डाला इससे वह सब हंस उसमेंसे निकल भागे इसप्रकार से वह दोनों मिलकर सुखपूर्वक विहारकरनेलगे और मालाको लेकर आयेहुए उस बहेलिये को मालासमेत देखकर जिस पुरुषकी वह मालाथी उसने उसका दाहिना हाथ काटलिया इसके उपरान्त वह दोनों हंस हंसिनी मध्याह्न के समय एक कमलकी छत्रीलगाकर किसी तड़ागके तट से उड़कर किसी नदी के तटपर पहुँचे उस नदीके तटपर बैठे हुए एक मुनि श्रीशिवजीका पूजनकररहे थे वहीं एक बहेलिये ने उन दोनों को उड़ते देखकर एक ऐसा बाणमारा कि वह दोनों मरकर एकसाथही गिरपड़े और उनका वह कमल श्रीशिवजी के लिंगपर आकरगिरा उस बहेलिये ने हंस तो आप लेलिया और हंसिनी मुनि को देकर यह कहदिया कि इसका नैवेद्य आप श्री शिवजी को चढ़ाइये हे पुष्करात वह हंस तुम्हींहो श्रीशिवजीके ऊपर कमल चढ़जाने के प्रभाव से तुम्हारा जन्म राजा के घर में हुआ और वह हंसिनी यह विनयवतीहुई इसके मांस से श्रीशिवजी का पूजनहुआथा इससे इसका जन्म विद्याधरोंके कुल में हुआ इसप्रकार से यह तुम्हारी पूर्वजन्मकी स्त्री है विजिताश्वमुनि के यह वचन सुनकर पुष्करावने फिर मुनि से पूछा कि हे महर्षि जी पापनाशक अग्निमें प्रवेशकरनेवाले हम दोनों का पक्षी की योनि में क्यों जन्महुआ यह राजा के वचन सुनकर मुनि ने कहा कि ( यद्भावितात्मा म्रियतेजन्तुस्तद्रूपमश्नुते ) मरते समय जीव जिसकी भवना करता है उसी रूपको प्राप्तहोता है १५६ इस विषय पर मैं तुमको कथा भी सुनाता हूं उज्जयिनी नाम नगरी में लावण्यमञ्जरी नाम एक बालब्रह्मचारिणी ब्राह्मणी रहती थी एकसमय एक कमलोदय नाम युवा ब्राह्मण को देखकर उसके

नाम विनयवती रक्खा समय पाकर युवावस्था में प्राप्तहुई उस विनयवती को मैं आकाश से देखकर अपने रूप के अभिमान तथा कामसे मोहित होकर उसकी इच्छा के विना भी उससे बलात्कार करके रमण करनेको उद्यत हुआ मेरे इस दुराचार से चिल्लाती हुई विनयवती के शब्द को सुनकर विजिताश्वमुनिने वहां आके क्रोधसे मुझे यह शाप दिया कि तुझे अपने रूपका बड़ा अभिमानहै इससे तू ऊंटका महाकुरूप बचाहोगा जब राजा पुष्कराक्ष तुझे मारेगा तब तेरा यहशाप दूरहोगा और वही पुष्कराक्ष इस विनयवतीका पतिहोगा इसप्रकार शाप पाकर मैं यहां ऊंटका बचाहोगया आज आपकी कृपासे मेराशाप दूरहोगया अब मैं अपने स्थानको जाताहूं और आप पश्चिम समुद्रकेपार सुरभिमारुत नाम वनमें जाकर उसदिव्यस्त्रीको लीजिये यहकहके वहविद्याधर अन्तर्द्धानहोगया और राजा पुष्कराक्ष भी अपनी नगरी में आकर मंत्रियोंके सुपुर्द राज्यका भारकरके घोड़ेपर चढ़के अकेलाही पश्चिम समुद्रके तटपर पहुंचा वहां उसे यह चिन्ताहुई कि मैं समुद्रके पार कैसे जाऊँ इस चिन्ताके उत्पन्नहोतेही एकशून्य भगवतीका मन्दिर दिखाईदिया उसमन्दिर में जाके वह भगवतीको प्रणामकरके वहां किसी की रक्खीहुई वीणाको लेकर बजा २ कर भगवती की मधुर २ गानसे स्तुति करनेलगा उस गानको सुनकर प्रसन्नहुई भगवती ने जब वह सोगया तब अपने गणों के द्वारा उसे समुद्रके पार पहुंचादिया प्रातःकाल जब राजाकी निद्राखुली तो उसने अपनेको एकवनमें लेटा देखा और उठकर भ्रमण करते २ एक फलवान् वृक्षों से युक्त अति मनोहर आश्रम देखा उसआश्रममें जाके राजाने शिष्यों समेत एक मुनिको देखके उनकी वन्दनाकी तब मुनिनेभी अतिथिसत्कारकरके उससे कहा कि हे पुष्कराक्ष जिस विनयवतीके लिये तुम यहां आयेहो वह समिधलेनेकेलिये वनमेंगई है इससे क्षणभर ठहरो वह आजाय तो मैं आजही उसका विवाह तुम्हारे साथ करदूं वह तुम्हारी पूर्वजन्मकी भी स्त्री है मुनिके यह वचन सुनकर राजा ने यह शोचा कि यह वही विजिताश्वमुनिहैं और यह वही सुरभिमारुत वन है मैं जानताहूं कि भगवती ने कृपाकरके मुझे समुद्र के पारकरदिया है, यह बड़ा आश्चर्य है कि मुनिने कहा है यह तुम्हारी पूर्वजन्मकी भी स्त्री है यह शोचकर उसने मुनि से पूछा कि हे भगवन् यह मेरी पूर्वजन्मकी स्त्री कैसे है यह सुनकर मुनि ने कहा कि सुनो ताम्रलिप्ती नाम नगरी में धर्मसेन नाम एक वैश्यथा उसके विद्युल्लेखा नाम परमसुशील स्त्री थी भाग्यवश से उसके घर में चोरों ने आकर उसका सब धनलेके उसे खूबमारा इससे वह दुखीहोकर अग्निजलाके अपनी स्त्री समेत उसमें जलगया मरतेसमय उन दोनों स्त्री पुरुषोंका चित्त आकाश में उड़तेहुए राजहंसों को देखकर बहुत प्रसन्नहुआ इससे वह दूसरे जन्ममें राजहंसहुए एकसमय वर्षाऋतु में किसी खजूरके वृक्षपर वह दोनों घोंसलाबनाकर रहतेथे भाग्यवशसे एकदिन रात्रिकेसमय बहुत प्रचण्ड वायुकेकारण उस वृक्ष के टूटजाने से वह दोनों घबराकर परस्पर अलग२होगये प्रातःकाल वायुके शान्तहोजानेपर वहहंस अपनी प्रियाको ढूंढ़ताहुआ बहुतसे तड़ागों में तथा नदियों में उसेनपाकर मानसरोवरमें गया वहां अपनी उसहंसीकोपाकर वहीं वर्षाऋतुको व्यतीत करके शरद्ऋतु में उसके साथ विहारकरनेकेलिये एक पर्वत के शिखरपरगया उस पर्वतपर एक बड़े-

लिये ने उस हंसी को वाणसे मारडाला यह देखकर वह हंस भय और शोकसे महा व्याकुलहोकर वहांसे भागगया और वह वहेलिया उस मरीहुई हंसिनी को लेकर वहांसे चला मार्ग में कुछ शस्त्रधारी पुरुषोंको आते देखकर उस वहेलिये ने यह जानकर कि ऐसा न होय यह मेरी हंसिनीछीनलें छुरी से तृणों को काटके उन तृणों के भीतर उस हंसिनी को छिपादिया और उन पुरुषों के चलेजानेपर उसने जैसेही तृणों को हटाकर उस हंसिनीको लेनाचाहा वैसेही वह हंसी उन तृणों के साथ कटीहुई संजीविनी औ-षध के रसके संयोगको पाके जीकर आकाशको उड़गई इतने में शोक से मोहित उसका हंस किसी तड़ाग के निकट उसीको ढूंढ़ताहुआ बहुतसे अन्य हंसों में जामिला उन सब हंसों को एक वहेलिये ने अपने जालको फेंककर बाँधलिया इतनेमें वह हंसिनी उसे ढूंढ़तीहुई वहीं आई और अपने पति को बँधा देखकर बहुत व्याकुलहुई तदनन्तर वहां स्नानकरने के निमित्त आयेहुए किसी पुरुषकी रक्खीहुई तड़ागके तटपर रत्नोंकीमाला देखकर वह हंसी उस मालाको अपनी चोंच में दबाके उस वहेलिये को मालादिखातीहुई धीरे २ उड़नेलगी उसे देखकर वह वहेलिया लाठीलेके उसके पीछे २ दौड़ा उसे दौड़ा हुआ देखकर हंसी उसे दिखाके एक शिखरके ऊंचे स्थान में उस मालाको रखके चलीआई और वह वहेलिया लोभ से उसके लेनेका उद्योगकरनेलगा इसप्रकार उस वहेलिये को जालके पाससे हटाकर उसने जालके समीप किसी वृक्षपर सोतेहुए वन्दरकी आंख में अपनी चोंचमारी इससे उस वन्दर ने एकाएकी उठके कुपितहोके वहांसे कूदकर उस जालको तोड़डाला इससे वह सब हंस उसमें से निकल भागे इसप्रकार से वह दोनों मिलकर सुखपूर्वक विहारकरनेलगे और मालाको लेकर आयेहुए उस वहेलिये को मालासमेत देखकर जिस पुरुषकी वह मालाथी उसने उसका दाहिना हाथ काटलिया इसके उपरान्त वह दोनों हंस हंसिनी मध्याह्न के समय एक कमलकी छत्रीलगाकर किसी तड़ागके तट से उड़कर किसी नदी के तटपर पहुँचे उस नदीके तटपर बैठे हुए एक मुनि श्रीशिवजीका पूजनकररहे थे वहीं एक वहेलिये ने उन दोनों को उड़ते देखकर एक ऐसा वाणमारा कि वह दोनों मरकर एकसाथही गिरपड़े और उनका वह कमल श्रीशिवजी के लिंगपर आकरगिरा उस वहेलिये ने हंस तो आप लेलिया और हंसिनी मुनि को देकर यह कहदिया कि इसका नैवेद्य आप श्री शिवजी को चढ़ाइये हे पुष्कराक्ष वह हंस तुम्हींहो श्रीशिवजीके ऊपर कमल चढ़जाने के प्रभाव से तुम्हारा जन्म राजा के घर में हुआ और वह हंसिनी यह विनयवतीहुई इसके मांस से श्रीशिवजी का पूजनहुआथा इससे इसका जन्म विद्याधरोंके कुल में हुआ इसप्रकार से यह तुम्हारी पूर्वजन्मकी स्त्री है विजितासवमुनि के यह वचन सुनकर पुष्कराक्षने फिर मुनि से पूछा कि हे महर्षि जी पापनाशक अग्निमें प्रवेशकरनेवाले हम दोनों का पक्षी की योनि में क्यों जन्महुआ यह राजा के वचन सुनकर मुनि ने कहा कि ( यद्भावितात्मा म्रियतेजन्तुस्तद्रूपमश्नुते ) मरते समय जीव जिसकी भवना करता है उसी रूपको प्राप्तहोता है १५६ इस विषय पर मैं तुमको कथा भी सुनाता हूं उज्जयिनी नाम नगरी में लावण्यमञ्जरी नाम एक बालब्रह्मचारिणी ब्राह्मणी रहती थी एकसमय एक कमलोदय नाम युवा ब्राह्मण को देखकर उसके

चित्त कामदेव से अत्यन्त पीड़ित हुआ इससे उसने वहुत व्याकुलभी होकर अपना नियम छोड़कर गंधवती नदीके तटपर जाके भोगकी भावना मेंही अपना शरीर त्यागदिया इसी भावनासे वह एक लव्यानाम नगरी में रूपवती नाम वेश्याहुई तीर्थ तथा व्रतके प्रभावसे उसे अपने पूर्वजन्मका स्मरण बनारहा इससे उसने प्रसंगपाकर उड़कर्ण नाम एक जापक ब्राह्मणसे अपने पूर्व जन्मका सब वृत्तान्त कहा उस वृत्तान्तको सुनकर उड़कर्णने उसे ऐसा उपदेश दिया कि उसका चित्त शुद्धहोगया कि वह वेश्या होकरभी सद्गतिको प्राप्तहोगई इससे हे राजा अन्त समयमें जिसका जिसपर चित्तलगताहै उस का उसीसे संयोग होताहै यह कहके मुनिने स्नान करनेके लिये राजाको भेजा और आप मध्याह्नके समय का आह्निक करनेलगे मुनिकी आज्ञा पाकर राजा पुष्कराक्षने नदीके तटपर जाके विनयवतीको पुष्प तोड़ते देखा और सूर्य्य की प्रभाके समान उसे देदीप्यमान देखकर अपने चित्तमें शोचा कि यह कौन है उसके इसप्रकार शोचतेही शोचते विनयवती राजा को न देखकर अपनी विश्वास पात्र एक सखी से कहनेलगी कि हे सखी जो विद्याधर मुझे पहलेहरना चाहताथा उसी ने आज मुझसे आकर कहा है कि तुझे शीघ्रही योग्यपति मिलैगा यह सुनकर उस सखीने कहा कि यह वहुत सत्यहै आज मेरे आगेही प्रातःकाल विजिताश्वने अपने मुंजकेश नामशिष्यसे कहा था कि शीघ्रही जाके तारा वली और रंकमाली को बुलालाओ आज उनकी पुत्री विनयवती का विवाह पुष्कराक्ष नाम राजा से होगा गुरूकी यह आज्ञापातेही मुंजकेश उनके बुलानेको गयाहै इससे हे सखी अब तुम शीघ्र आश्रमको चलो उसके यह वचनसुनकर विनयवती उसके साथ आश्रम को चलीगई और पुष्कराक्षभी उनकी इस वार्तालापको सुनकर जाज्वल्यमान कामाग्नि के संतापके दूरकरनेके लिये मानों नदी में स्नानकरके आश्रममें आया वहां मुनिकी आज्ञानुसार तारावली और रंकमालीने आनकर अपने प्रभाव से वेदी वनाके अग्निप्रज्वलितकर मुनिके आगे पुष्कराक्षको विनयवती संकल्प करके देदी और एक दिव्य आकाश गामी रथ उसे दिया उस समय विजिताश्वमुनि ने भी प्रसन्न होकर पुष्कराक्षको यह बरदान दिया कि तुम इस विनयवती समेत समुद्र पर्य्यन्त पृथ्वीका पालनकरो इसप्रकार विवाहके हो जानेपर पुष्कराक्ष विनयवतीको लेके और मुनिसे आज्ञापाके आकाशगामी रथपर चढ़के अपनी पुरी को आया वहाँ उसरथके प्रभावसे सम्पूर्णपृथ्वीको जीतकर विनयवतीके साथराज्यके सुखकाभोगकरने लगा इसप्रकार देवताओंके अनुग्रहसे दुष्करकार्य्यभी सिद्धहोते हैं इससे हे स्वामी स्वप्नमेंहुई श्रीशिवजी की कृपासे तुम्हारा भी सव मनोरथ शीघ्र सिद्धहोगा विचित्रकथ से इस कथाको सुनकर शशाङ्कवती के लिये उत्कण्ठित मृगाङ्कदत्तने अपनेमन्त्रियों समेत उज्जयिनी के जानेका निश्चय किया १८५॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांशशाङ्कवतीलम्बकेद्वितीयस्तरंगः २॥

इस प्रकारसे राजा कर्मसेनकी पुत्री शशाङ्कवतीके निमित्त मृगाङ्कदत्तने महाव्रतीका वेषधारणकरके छिपकर उज्जयिनी जानेके लिये अपने मन्त्रियोंसे सलाहकी और मनुष्यों के कपाल आदिक सामग्री लानेके लिये भीमपराक्रम नामअपने मन्त्रीको आज्ञादी उसकी आज्ञासे भीमपराक्रमने सबसामग्रीलाके

अपनेघरमें रखछोड़ीं यहसब वृत्तान्त मृगांकदत्तके पिता राजाअमरदत्तके प्रधानमंत्रीने चारों(गोयन्दों) के द्वारा जानलिया उन्हीं दिनोंमें अकस्मात् मृगांकदत्तके मन्दिरके नीचेसे जातेहुए उसप्रधान मंत्रीके शिरपर मृगांकदत्तकी पीकविनाजाने गिरपड़ी पीकके पड़ने से उसमन्त्री ने यहजानकर कि इसने मेरा तिरस्कार कियाहै अपनेचित्तमें अत्यन्त क्रोधकिया भाग्यवशसे दूसरेदिन मृगांकदत्तके पिताको विशूचिकाहुई इससे मन्त्रीने अबमरणाके राजासे एकान्तमें कहा कि हे स्वामी मृगांकदत्त भीमपराक्रमके घरमें आपकेलिये मारण करवारहा है यहबात मैंने गोयन्दोंके मुख सुनी है और उसकाफल भी प्रत्यक्षदिखाई देरहाहै इससे आप उसे अपने देशसे निकलवादीजिये यह सुनकर राजा ने घबराके अपने सेनापति को भीमपराक्रमके घरमें उस बातके देखनेको भेजा सेनापतिने जाकर उसके घरमें कपालादि चिह्नपाके राजाको लाकर दिखाये उन चिह्नोंको पाके राजाने सेनापतिको यह आज्ञादी कि शीघ्रही मृगांकदत्तको उसके मन्त्रियों समेत देशसे निकालदो क्योंकि वह मुझे मारकर राज्यलेना चाहताहै राजाकी यह आज्ञापाकर सेनापतिने मन्त्रियों समेत मृगांकदत्तको नगरीसे निकाल दिया मृगांकदत्तभी गणेशजीका स्मरण करके राज्यकी उपेक्षाकरके अपनें मनमें माता पिताको नमस्कार करके अयोध्यासे चला और कुछ दूर चलकर प्रचंड शक्ति आदिक अपने मंत्रियोंसे बोला कि किरातों का शक्तिरक्षित नाम स्वामी मेराबाल्यावस्थाका परममित्र है हमारे पिताने एकसमय उसके पिताको जीतकर बन्धनमें डालदिया था इससे वह अपने बदले शक्तिरक्षितको कैदकेलिये देकर अपने स्थानको चलागया और जब वह मरगया तब उसके भाइयोंने उसका सब राज्यले लिया उससमय मैंने अपने पितासे कहकर शक्तिरक्षितको कैदसे छुड़वाके उसके पिताका राज्य उसे दिलवा दिया इससे उसी मित्रके पास पहले चलो वहां से फिर उज्जयिनी को चलेंगे यह कहके वह अपने मन्त्रियों समेत चलते २ सायंकाल के समय किसी जल तथा वृक्षोंसे रहितवनमें पहुंचा वहां बहुत ढूंढ़नेसे एक छोटासा तालाबमिला उसतालाबके किनारेपर एक सूखावृक्ष लगाथा वहीं संध्यावन्दना करके मृगांकदत्त अपने मंत्रियोंसमेत उस सूखेवृक्षके नीचेसोया कुछ रात्रि व्यतीत होजाने पर एकाएकी मृगांकदत्तने जगकर देखा कि उसे सूखे वृक्षमें फल फूल तथा पत्रलगेहैं और पके २ फल नीचे गिररहेहैं यह आश्चर्य्य देखके उसने अपने मंत्रियोंको भी जगाकर वह चमत्कार दिखाया और उनके साथ बैठकर वह सुन्दर २ मधुरफलखाये उन सबके भोजन करचुकनेपर सबके देखतेही देखते वह वृक्ष कुमार अवस्था का एक ब्राह्मणहोगया यह आश्चर्य्य देखकर मृगांकदत्तने उस ब्राह्मणसे पूछा कि आप कौन हैं उसने कहा कि अयोध्यानाम नगरीमें एक दमधिनाम ब्राह्मणरहते थे उनका श्रुतधिनाम पुत्रमेंहूं एकसमय दुर्भिक्ष में मेरी मातामर गई उनका सब कर्म करके मेरे पिता बहुत दुःखितहोके मुझे लेकर भ्रमण करते २ इस स्थान में आये यहां उनको क्षुधितदेखकर किसीने पांचफल उन्हेंदिये उनमेंसे वह तीनफल मुझे देके और दो अपने लिये रखकर इस तड़ागमें स्नान करनेकोगये उनके चलेजाने पर मैं वह फलभी खाके सोनेका बहाना करके लेटरहा उन्हों ने स्नानकरके लौटकर मुझे छलसे काष्ठके समान पड़ा देखकर यह शापदिया कि

चित्त कामदेव से अत्यन्त पीड़ित हुआ इससे उसने बहुत व्याकुलभी होकर अपना नियम छोड़कर गंधवती नदीके तटपर जाके भोगकी भावना मेंही अपना शरीर त्यागदिया इसी भावनासे वह एक लव्यानाम नगरी में रूपवती नाम वेश्याहुई तीर्थ तथा व्रतके प्रभावसे उसे अपने पूर्वजन्मका स्मरण बनारहा इससे उसने प्रसंगपाकर उड़कर्ण नाम एक जापक ब्राह्मणसे अपने पूर्व जन्मका सब वृत्तान्त कहा उस वृत्तान्तको सुनकर उड़कर्णने उसे ऐसा उपदेश दिया कि उसका चित्त शुद्धहोगया कि वह वेश्या होकरभी सद्गतिको प्राप्तहोगई इससे हे राजा अन्त समयमें जिसका जिसपर चित्तलगताहै उस का उसीसे संयोग होताहै यह कहके मुनिने स्नान करनेके लिये राजाको भेजा और आप मध्याह्नके समय का आह्निक करनेलगे मुनिकी आज्ञा पाकर राजा पुष्कराक्षने नदीके तटपर जाके विनयवतीको पुष्प तोड़ते देखा और सूर्य्य की प्रभाके समान उसे देदीप्यमान देखकर अपने चित्तमें शोचा कि यह कौन है उसके इसप्रकार शोचतेही शोचते विनयवती राजा को न देखकर अपनी विश्वास पात्र एक सखी से कहनेलगी कि हे सखी जो विद्याधर मुझे पहलेहरना चाहताथा उसी ने आज मुझसे आकर कहा है कि तुझे शीघ्रही योग्यपति मिलैगा यह सुनकर उस सखीने कहा कि यह बहुत सत्यहै आज मेरे आगेही प्रातःकाल विजिताश्वने अपने मुंजकेश नामशिष्यसे कहा था कि शीघ्रही जाके तारा वली और रंकमाली को बुलालाओ आज उनकी पुत्री विनयवती का विवाह पुष्कराक्ष नाम राजा से होगा गुरूकी यह आज्ञापातेही मुंजकेश उनके बुलानेको गयाहै इससे हे सखी अब तुम शीघ्र आश्रमको चलो उसके यह वचनसुनकर विनयवती उसके साथ आश्रम को चलीगई और पुष्कराक्षभी उनकी इस वार्त्तालापको सुनकर जाज्वल्यमान कामाग्नि के संतापके दूरकरनेके लिये मानों नदी में स्नानकरके आश्रममें आया वहां मुनिकी आज्ञानुसार तारावली और रंकमालीने आनकर अपने प्रभाव से वेदी बनाके अग्निप्रज्वलितकर मुनिके आगे पुष्कराक्षको विनयवती संकल्प करके देदी और एक दिव्य आकाश गामी रथ उसे दिया उस समय विजिताश्वमुनि ने भी प्रसन्न होकर पुष्कराक्षको यह बरदान दिया कि तुम इस विनयवती समेत समुद्र पर्य्यन्त पृथ्वीका पालनकरो इसप्रकार विवाहके हो जानेपर पुष्कराक्ष विनयवतीको लेके और मुनिसे आज्ञापाके आकाशगामी रथपर चढ़के अपनी पुरी को आया वहाँ उसरथके प्रभावसे सम्पूर्णपृथ्वीको जीतकर विनयवतीके साथराज्यके सुखकाभोगकरने लगा इसप्रकार देवताओंके अनुग्रहसे दुष्करकार्य्यभी सिद्धहोते हैं इससे हे स्वामी स्वप्नमेंहुई श्रीशिवजी की कृपासे तुम्हारा भी सब मनोरथ शीघ्र सिद्धहोगा विचित्रकथ से इस कथाको सुनकर शशाङ्कवती के लिये उत्कण्ठित मृगाङ्कदत्तने अपनेमन्त्रियों समेत उज्जयिनी के जानेका निश्चय किया १८५॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांशशाङ्कवतीलम्बकेद्वितीयस्तरंगः २॥

इस प्रकारसे राजा कर्मसेनकी पुत्री शशाङ्कवतीके निमित्त मृगाङ्कदत्तने महाव्रतीका वेषधारणकरके छिपकर उज्जयिनी जानेके लिये अपने मन्त्रियोंसे सलाहकी और मनुष्यों के कपाल आदिक सामग्री लानेके लिये भीमपराक्रम नामअपने मन्त्रीको आज्ञादी उसकी आज्ञासे भीमपराक्रमने सबसामग्रीलाके

अपनेघरमें रखछोड़ीं यहसब वृत्तान्त मृगांकदत्तके पिता राजाअमरदत्तके प्रधानमंत्रीने चारों(गोयन्दों) के द्वारा जानलिया उन्हीं दिनों में अकस्मात् मृगांकदत्तके मन्दिरके नीचेसे जातेहुए उसप्रधान मंत्रीके शिरपर मृगांकदत्तकी पीकबिनाजाने गिरपड़ी पीकके पड़ने से उसमन्त्री ने यहजानकर कि इसने मेरा तिरस्कार कियाहै अपनेचित्तमें अत्यन्त क्रोधकिया भाग्यवशसे दूसरेदिन मृगांकदत्तके पिताको विशूचिकाहुई इससे मन्त्रीने अवसरपाके राजासे एकान्तमें कहा कि हे स्वामी मृगांकदत्त भीमपराक्रमके घरमें आपकेलिये मारण करवारहा है यहबात मैंने गोयन्दोंके मुखसे सुनी है और उसका फलभी प्रत्यक्षदिखाई देरहाहै इससे आप उसे अपने देशसे निकलवादीजिये यह सुनकर राजा ने घबराके अपने सेनापति को भीमपराक्रमके घरमें उस बातके देखनेको भेजा सेनापतिने जाकर उसके घरमें कपालादि चिह्नपाके राजाको लाकर दिखाये उन चिह्नोंको पाके राजाने सेनापतिको यह आज्ञादी कि शीघ्रही मृगांकदत्तको उसके मन्त्रियों समेत देशसे निकालदो क्योंकि वह मुझे मारकर राज्यलेना चाहताहै राजाकी यह आज्ञापाकर सेनापतिने मन्त्रियों समेत मृगांकदत्तको नगरीसे निकाल दिया मृगांकदत्तभी गणेशजीका स्मरण करके राज्यकी उपेक्षाकरके अपने मनमें माता पिताको नमस्कार करके अयोध्यासे चला और कुछ दूर चलकर प्रचंड शक्ति आदिक अपने मंत्रियोंसे बोला कि किरातों का शक्तिरक्षित नाम स्वामी मेराबाल्यावस्थाका परममित्र है हमारे पिताने एकसमय उसके पिताको जीतकर बन्धनमें डालदिया था इससे वह अपने बदले शक्तिरक्षितको कैदकेलिये देकर अपने स्थानको चलागया और जब वह मरगया तब उसके भाइयोंने उसका सब राज्यले लिया उससमय मैंने अपने पितासे कहकर शक्तिरक्षितको कैदसे छुड़वाके उसके पिताका राज्य उसे दिलवा दिया इससे उसी मित्रके पास पहले चलो वहां से फिर उज्जयिनी को चलेंगे यह कहके वह अपने मन्त्रियों समेत चलते २ सायंकाल के समय किसी जल तथा वृक्षोंसे रहितवनमें पहुंचा वहां बहुत ढूंढनेसे एक छोटासा तालाबमिला उसतालाबके किनारेपर एक सूखावृक्ष लगाथा वहीं संध्यावन्दन करके मृगांकदत्त अपने मंत्रियोंसमेत उस सूखेवृक्षके नीचेसोया कुछ रात्रि व्यतीत होजाने पर एकाएकी मृगांकदत्तने जगकर देखा कि उस सूखे वृक्षमें फल फूल तथा पत्रलगेहैं और पके २ फल नीचे गिररहेहैं यह आश्चर्य्य देखके उसने अपने मंत्रियोंको भी जगाकर वह चमत्कार दिखाया और उनके साथ बैठकर वह सुन्दर २ मधुरफलखाये उन सबके भोजन करचुकनेपर सबके देखतेही देखते वह वृक्ष कुमार अवस्था का एक ब्राह्मणहोगया यह आश्चर्य्य देखकर मृगांकदत्तने उस ब्राह्मणसे पूछा कि आप कौन हैं उसने कहा कि अयोध्यानाम नगरीमें एक दमविनाम ब्राह्मणरहते थे उनका श्रुतधिनाम पुत्र मैंहूं एकसमय दुर्भिक्ष में मेरी मातामर गई उनका सब कर्म करके मेरे पिता बहुत दुःखितहोके मुझे लेकर भ्रमण करते २ इस स्थान में आये यहां उनको क्षुधितदेखकर किसीने पांचफल उन्हेंदिये उनमेंसे वह तीनफल मुझे देके और दो अपने लिये रखकर इस तड़ागमें स्नान करनेकोगये उनके चलेजाने पर मैं वह फलभी खाके सोनेका बहाना करके लेटरहा उन्हों ने स्नानकरके लौटकर मुझे छलसे काष्ठके समान पड़ा देखकर यह शापदिया कि

में अपने मन्त्रियों समेत तुम्हारी सहायताकरूंगा यह सुनकर वह तपस्वी प्रसन्नहोके मृगांकदत्तादिकों को अपने साथलेके मन्त्रके प्रभावसे शीघ्रही उस सर्प के स्थानपर पहुंचा और वहां रात्रिके समय मन्त्रोंके द्वारा मृगांकदत्तादिकों की रक्षाकरके नागदमन मन्त्रों से अग्निमें हवनकरनेलगा उस समय जो २ विघ्नहुए वहभी उसने अपने मन्त्रोंकी शक्तिसे दूर करदिये विघ्नों के दूरहोजानेपर उसवृक्षसे एक दिव्य स्त्री निकली उसे देखते ही तपस्वीका चित्त उसपर चलायमानहोगया तपस्वी को अपने ऊपर आशक्त देखके उस स्त्री ने उसका आलिंगनकरके उसके हाथसे होमका पात्र गिरादिया इसी दोपको देखकर वह पारावत सर्प गर्जताहुआ पृथ्वी से निकला उसके निकलतेही वह दिव्य स्त्री तो अन्तर्द्धान होगई और उसके घोर शब्दको सुनकर तपस्वीका हृदय भयकेमारे फटगया उसे मरादेखके उस सर्प ने अपना क्रोध शान्त करके मृगांकदत्तादिकों को यह शाप दिया कि तुमलोगों ने निष्कारण इसकी सहायता की है इससे कुछ कालतक तुमलोगोंका परस्पर वियोगहोगा यह शापदेके सर्प के अन्तर्द्धान होजानेपर अन्धकार से वह लोग एकदूसरे को देखन सके और ऐसे वधिरहोगये कि परस्परमें एकदूसरे की बातको भी न सुनसके इससे वहसब वियुक्तहोकर इधर उधरको चलेगये रात्रिके व्यतीतहोजानेपर उनमें से मृगांकदत्त उसीवनमें इधर उधर अपने मंत्रियोंको ढूंढ़तारहा और उसके नजाने कहां२चलेगए तदनन्तर दो तीन महीनों के व्यतीतहो जानेपर अकस्मात् श्रुतधिब्राह्मण मृगांकदत्तको मिला श्रुतधि को देखकर उसने आंसूभरके बड़े स्नेहसे उससेपूछा कि हे मित्र तुमने मेरे मंत्रियोंको भी कहींदेखाहै यह सुनकर उसने कहा कि हे स्वामी मैंने उनकोदेखा तो नहीं है परन्तु मैं जानताहूं कि वह सब उज्जयिनी कोही जायँगे क्योंकि वहांजानेका हमसबका विचारथा यहकहके वह मृगांकदत्तको लेके उज्जयिनीको चला कईदिन चलके मार्गमें विमलबुद्धिनाममंत्री मृगांकदत्तको मिलाउसे प्रणामकरते देखके मृगांकदत्त ने उससेस्नेहपूर्व्वक मिलकरपूंछा कितुमने अन्यमंत्रियोंकोभी देखाहै यहसुनकर उसनेकहा कि हे स्वामी मुझे उनमें से कोई भी नहीं मिला न जाने वह कहांगये परन्तु यह मैं जानताहूं कि वह आपको अवश्य मिलजायँगे यह बात जैसे मैंने जानीहै वहभी आपको सुनाताहूं कि जब सर्पके शापसे आपका मेरासंग छूटा तो मैं वनके पूर्व्वकी ओर आप लोगोंके ढूंढ़नेको पहुंचा वहां एकसाधू मुझे व्याकुल देखकर ब्रह्म दंडीनाम महर्षि के आश्रममें लेगया उस आश्रममें महर्षि के दियेहुए फल मूलोंको खाकर आश्रमसे कुछदूरजाके मैंने एकगुहा देखी उसगुफामें जाके एकबड़ा सुन्दर मणिमय मंदिर मुझेदिखाई दिया उस मन्दिरमें जानेका मार्ग न जानकर झरोखे के द्वारा में उसमें झांकनेलगा उसमें यह विचित्र चमत्कार मैंने देखा कि एकस्त्री एकचक्र घुमारही है उस चक्रपर एक बैल और गधा बैठाहुआ है उनदोनों पर अलग २ भौंरे गुंजार कररहे हैं उस बैल तथा गधेके उगलेहुए दूध तथा रुधिरके फेनको पीकर वह भौंरे श्वेत तथा कृष्णमकड़ी होगये उन मकड़ियों ने अपनी २ विष्ठाओं से अनेक प्रकार के जाल बनाये श्वेत मकड़ियों के जालमें सुन्दर पुष्प और कालीमकड़ियों के जालमें विषके पुष्प लटकेहुए थे उन्हीं जालोंपर घूमतीहुई उन मकड़ियों को श्वेत तथा कृष्ण दो मुखवाले सर्पने आकर काटखाया यह देख-

तू इसी तालाबके किनारे पर सूखा वृक्षहोजा चांदनी रात्रिको तुझमें फलफूल लगाकरेंगे किसीसमय तू अपनेफलोंसे अतिथियोंको तृप्तकरके इस शापसे छूटजायगा उनके इस शापसे मैं उसीसमय सूखावृक्ष होगया और आज आपकीकृपासे शापसे मेरा उद्धारहोगया उसका यहवृत्तान्त सुनकर मृगांकदत्त ने अपनाभी सबवृत्तान्त उससेकहा तब नीतिके जाननेवाले श्रुतधिब्राह्मणने उससे कहा कि मैंभी आपही के साथ में रहूंगा उसके यहवचन स्वीकारकरके मृगांकदत्त रात्रिको वहींव्यतीतकरके प्रातःकाल श्रुतधि तथा अपने सबमंत्रियोंसमेत वहांसे चला २६ चलते२कटिमंडित नाम वनमें पहुंचके उन्हे बड़े२बालवाले पांच पुरुषमिले वह पुरुष उनको देखकर नम्रतापूर्व्वक उनसे बोले कि हे महाशय हम काशीपुरी में गौ चरानेवाले ब्राह्मणथे एकसमय अनावृष्टिके कारण वहां तृण आदिक न पाकर हम अपनी गौओंको लेकर इसवनमें चलेआये यहां एकबावड़ीका रसायन जल हमको प्राप्तहुआ उस बावड़ीके तटपर त्रिफला के वृक्षलगेहैं उनके फल बावड़ीमें गिरते हैं इससे वह जल रसायन होगयाहै उसजलको पीकर दूधआदि भोजनकरतेहुए हमलोगोंको पांचसौवर्ष यहांआये व्यतीतहोगये इसीसे हम लोगोंके बाल बहुतबढ़गये और चेष्टाभी बदलगई है यहां आपलोग हमारे अतिथिहैं इससे आश्रममें चलकर कृपाकीजिये उनकी यहप्रार्थनासुनके मृगांकदत्त अपने साथियोंसमेत उन के आश्रममेंगया और वहांदूध आदिपीके वहदिन वहीं व्यतीतकरके दूसरे दिन प्रातःकाल वहां से चलके अनेकप्रकारके आश्चर्य्योंको देखताहुआ किरातों के देशमें पहुंचा वहां उसने अपने मित्र शक्तिरक्षकके पास अपना आगमन कहने के लिये श्रुतधिको भेजा श्रुतधिसे मृगांकदत्तका आगमन सुनकर शक्तिरक्षक पुरके बाहर आकर मृगांकदत्तको सब साथियों समेत अपने स्थानमें लेआया उसके घरमें मृगांकदत्त उसके सत्कारको ग्रहणकरके कुछ दिन रहा और उससे अपनी सहायताके लिये तैयाररहनेको कहकर अच्छा मुहूर्त्त देखकर अपने साथियों समेत उज्जयिनीको चला चलते २ एक शून्य वनमें किसी वृक्षके नीचे एक जटाधारी तपस्वीको देखके मृगांकदत्तने पूछा कि हे भगवन् इस आश्रम रहित वनमें आप अकेले क्यों बैठेहो यह सुनकर तपस्वी ने कहा कि शुद्धकीर्त्तिनाम महागुरुका मैं शिष्यहूं मुझे अनेकप्रकारके मन्त्र सिद्धहैं एकसमय मैंने शुभ लक्षणयुक्त एक क्षत्री के बालकमें अपने एक मन्त्रका आवेशकिया आवेशके प्रभावसे उस बालकने पूछनेपर अनेक सिद्ध औषधियों के स्थान बताकर कहा कि उत्तरदिशामें विन्ध्याचलके बन में एक सिरसका वृक्षहै उस वृक्षके नीचे बड़ाभारी सर्पों का स्थान है उस स्थानके ऊपर गीली धूलसी पड़ी रहती है इससे मध्याह्नके समय बहुतसे हंस वहां आनकर बैठते हैं उसी स्थानमें पारावतनाम एक बड़ा सर्प रहताहै उस सर्पके पास देवासुरसंग्राममें मिलाहुआ वैदूर्य्य कान्तिनाम बड़ा दिव्य खड्गहै वह खड्ग जिसको मिलजाय वह सिद्धाधिपतिहोकर कहीं भी पराजित नहींहोगा परन्तु वह खड्ग उसी को प्राप्तहोसक्ता है जिसके बड़े वीरलोग सहायकहोंय उस बालकके यह वचनसुनके मैं उसके आवेशको दूरकरके वीर सहायकों को ढूंढ़नेलगा परन्तु सम्पूर्ण पृथ्वीपर भ्रमण करनेपर भी मुझे सहायक नहीं मिले इससे खिन्नहोके मरनेके निमित्त मैं यहां आयाहूं उसके यह वचन सुनके मृगांकदत्तने कहा कि

में अपने मन्त्रियों समेत तुम्हारी सहायताकरूंगा यह सुनकर वह तपस्वी प्रसन्नहोके मृगांकदत्तादिकों को अपने साथलेके मन्त्रके प्रभावसे शीघ्रही उस सर्प के स्थानपर पहुंचा और वहां रात्रिके समय मन्त्रोंके द्वारा मृगांकदत्तादिकों की रक्षाकरके नागदमन मन्त्रों से अग्निमें हवनकरनेलगा उस समय जो २ विघ्नहुए वहभी उसने अपने मन्त्रोंकी शक्तिसे दूर करदिये विघ्नों के दूरहोजानेपर उसवृक्षसे एक दिव्य स्त्री निकली उसे देखते ही तपस्वीका चित्त उसपर चलायमानहोगया तपस्वी को अपने ऊपर आशक्त देखके उस स्त्री ने उसका आलिंगनकरके उसके हाथसे होमका पात्र गिरादिया इसी दोषको देखकर वह पारावत सर्प गर्जताहुआ पृथ्वी से निकला उसके निकलतेही वह दिव्य स्त्री तो अन्तर्द्धान होगई और उसके घोरशब्दको सुनकर तपस्वीका हृदय भयकेमारे फटगया उसे मरादेखके उस सर्प ने अपना क्रोध शान्त करके मृगांकदत्तादिकों को यह शाप दिया कि तुमलोगों ने निष्कारण इसकी सहायता की है इससे कुछ कालतक तुमलोगोंका परस्पर वियोगहोगा यह शापदेके सर्प के अन्तर्द्धान होजानेपर अन्धकार से वह लोग एकदूसरे को देख न सके और ऐसे बधिरहोगये कि परस्परमें एकदूसरे की बातको भी न सुनसके इससे वहसब वियुक्तहोकर इधर उधरको चलेगये रात्रिके व्यतीतहोजानेपर उनमें से मृगांकदत्त उसीवनमें इधर उधर अपने मंत्रियोंको ढूंढ़तारहा और उसके नजाने कहां २ चलेगए तदनन्तर दो तीन महीनों के व्यतीतहो जानेपर अकस्मात् श्रुतधिब्राह्मण मृगांकदत्तको मिला श्रुतधि को देखकर उसने आंशूभरके बड़े स्नेहसे उससेपूंछा कि हे मित्र तुमने मेरे मंत्रियोंको भी कहींदेखाहै यह सुनकर उसने कहा कि हे स्वामी मैंने उनकोदेखा तो नहीं है परन्तु मैं जानताहूं कि वह सब उज्जयिनी कोही जायँगे क्योंकि वहींजानेका हमसबका विचारथा यहकहके वह मृगांकदत्तको लेके उज्जयिनीको चला कईदिन चलके मार्गमें विमलबुद्धिनाममंत्री मृगांकदत्तको मिलाउसे प्रणामकरते देखके मृगांकदत्त ने उससेस्नेहपूर्वक मिलकरपूंछा कितुमने अन्यमंत्रियोंकोभी देखाहै यहसुनकर उसनेकहा कि हे स्वामी मुझे उनमें से कोई भी नहीं मिला न जाने वह कहांगये परन्तु यह मैं जानताहूं कि वह आपको अवश्य मिलजायँगे यह बात जैसे मैंने जानीहै वहभी आपको सुनाताहूं कि जब सर्पके शापसे आपका मेरासंग छूटा तो मैं वनके पूर्वकी ओर आप लोगोंके ढूंढ़नेको पहुंचा वहां एकसाधू मुझे व्याकुल देखकर ब्रह्म दंडीनाम महर्षि के आश्रममें लेगया उस आश्रममें महर्षि के दियेहुए फल मूलोंको खाकर आश्रमसे कुछदूरजाके मैंने एकगुहा देखी उसगुफामें जाके एकबड़ा सुन्दर मणिमय मंदिर मुझेदिखाई दिया उस मन्दिरमें जानेका मार्ग न जानकर झरोखे के द्वारा मैं उसमें झांकनेलगा उसमें यह विचित्र चमत्कार मैंने देखा कि एकस्त्री एकचक्र घुमारही है उस चक्रपर एक बैल और गधा बैठाहुआ है उनदोनों पर अलग २ भौंरे गुंजार कररहे हैं उस बैल तथा गधेके उगलेहुए दूध तथा रुधिरके फेनको पीकर वह भौंरे श्वेत तथा कृष्णमकड़ी होगये उन मकड़ियों ने अपनी २ विष्ठाओं से अनेक प्रकार के जाल बनाये श्वेत मकड़ियों के जालमें सुन्दर पुष्प और कालीमकड़ियों के जालमें विषके पुष्प लटकेहुए थे उन्हीं जालोंपर घूमतीहुई उन मकड़ियों को श्वेत तथा कृष्ण दो मुखवाले सर्पने आकर काटखाया यह देख-

तू इसी तालाबके किनारे पर सूखा वृक्षहोजा चांदनी रात्रिको तुझमें फलफूल लगाकरेंगे किसीसमय तू अपनेफलोंसे अतिथियोंको तृप्तकरके इस शापसे छूटजायगा उनके इस शापसे में उसीसमय सूखावृक्ष होगया और आज आपकीकृपासे शापसे मेरा उद्धारहोगया उसका यहवृत्तान्त सुनकर मृगांकदत्त ने अपनाभी सबवृत्तान्त उससेकहा तब नीतिके जाननेवाले श्रुतधिब्राह्मणने उससे कहा कि मैंभी आपही के साथ में रहूंगा उसके यहवचन स्वीकारकरके मृगांकदत्त रात्रिको वहींव्यतीतकरके प्रातःकाल श्रुतधि तथा अपने सबमंत्रियोंसमेत वहांसे चला २६ चलते२कटिमंडित नाम वनमें पहुंचके उन्हे बड़े२बालवाले पांच पुरुषमिले वह पुरुष उनको देखकर नम्रतापूर्व्वक उनसे बोले कि हे महाशय हम काशीपुरी में गौ चरानेवाले ब्राह्मणथे एकसमय अनावृष्टिके कारण वहां तृण आदिक न पाकर हम अपनी गौओंको लेकर इसवनमें चलेआये यहां एकबावड़ीका रसायन जल हमको प्राप्तहुआ उस बावड़ीके तटपर त्रिफला के वृक्षलगेहैं उनके फल बावड़ीमें गिरते हैं इससे वह जल रसायन होगयाहै उसजलको पीकर दूधआदि भोजनकरतेहुए हमलोगोंको पांचसौवर्ष यहांआये व्यतीतहोगये इसीसे हम लोगोंके बाल बहुतबढ़गये और चेष्टाभी बदलगई है यहां आपलोग हमारे अतिथिहैं इससे आश्रममें चलकर कृपाकीजिये उनकी यहप्रार्थनासुनके मृगांकदत्त अपने साथियोंसमेत उन के आश्रममेंगया और वहांदूध आदिपीके वहदिन वहीं व्यतीतकरके दूसरे दिन प्रातःकाल वहां से चलके अनेकप्रकारके आश्चर्य्योंको देखताहुआ किरातों के देशमें पहुंचा वहां उसने अपने मित्र शक्तिरक्षकके पास अपना आगमन कहने के लिये श्रुतधिको भेजा श्रुतधिसे मृगांकदत्तका आगमन सुनकर शक्तिरक्षक पुरके बाहर आकर मृगांकदत्तको सब साथियों समेत अपने स्थानमें लेआया उसके घरमें मृगांकदत्त उसके सत्कारको ग्रहणकरके कुछ दिन रहा और उससे अपनी सहायताके लिये तैयाररहनेको कहकर अच्छा मुहूर्त्त देखकर अपने साथियों समेत उज्जयिनीको चला चलते२ एक शून्य वनमें किसी वृक्षके नीचे एक जटाधारी तपस्वीको देखके मृगांकदत्तने पूछा कि हे भगवन् इस आश्रम रहित वनमें आप अकेले क्यों बैठेहो यह सुनकर तपस्वी ने कहा कि शुद्धकीर्त्तिनाम महागुरूका में शिष्यहूं मुझे अनेकप्रकारके मन्त्र सिद्धहैं एकसमय मैंने शुभ लक्षणयुक्त एक क्षत्री के बालकमें अपने एक मन्त्रका आवेशकिया आवेशके प्रभावसे उस बालकने पूछनेपर अनेक सिद्ध औषधियों के स्थान बताकर कहा कि उत्तरदिशामें विन्ध्याचलके वन में एक सिरसका वृक्षहै उस वृक्षके नीचे बड़ाभारी सर्पों का स्थान है उस स्थानके ऊपर गीली धूलसी पड़ी रहती है इससे मध्याह्नके समय बहुतसे हंस वहां आनकर बैठते हैं उसी स्थानमें पारावतनाम एक बड़ा सर्प रहताहै उस सर्पके पास देवासुरसंग्राममें मिलाहुआ वैदूर्य्य कान्तिनाम बड़ा दिव्य खड्गहै वह खड्ग जिसको मिलजाय वह सिद्धाधिपतिहोकर कहीं भी पराजित नहींहोगा परन्तु वह खड्ग उसी को प्राप्तहोसक्ता है जिसके बड़े वीरलोग सहायकहोंय उस बालकके यह वचनसुनके में उसके आवेशको दूरकरके वीर सहायकों को ढूंढ़नेलगा परन्तु संपूर्ण पृथ्वीपर भ्रमण करनेपर भी मुझे सहायक नहीं मिले इससे खिन्नहोके मरनेके निमित्त में यहां आयाहूं उसके यह वचन सुनके मृगांकदत्तने कहा कि

समेत मृगांकदत्तको पालनकरकेभी वनरूप अपने देशसे लुब्धकरूप उसके पिता राजाने उसे निकाल दिया वह अन्य वनरूपी उज्जयिनीमें सिंहिनी रूपी शशांकवतीकी प्रशंसा सुनकर उसके लेनेको चला मार्गमें वायुरूपी सर्पके शापने उसके भुजारूपी मंत्री नष्टकरदिये तब लम्बोदर पुरुषरूपी श्रीगणेशजीने आकर उसके भुजारूपी मंत्री फिर जोड़दिये अर्थात् मंत्री मिलादिये तदनन्तर सिंहरूपी मृगांकदत्त वहाँ से चलकर अत्यन्त क्लेश भोगके सिंहिनीरूपी शशांकवतीको लेकर अपनेदेशमें आया वहाँ लुब्धकरूपी उसका पितराजा उसे स्त्रीसहित आया देखकर उसे वनरूपी अपनादेश देके तपोवनको चलागया इस प्रकारसे परमेश्वरने तुमको सम्पूर्णभावीवस्तु दिखलादी इससे तुम्हारे स्वामीको संपूर्णमंत्री और वह स्त्री अवश्य प्राप्तहोंगी महर्षिब्रह्मदंडी के यहवचन सुनकर मैं धैर्य्यधरके उसआश्रमसे चलकर कईदिनोंके पीछे यहाँ आपसे आनमिला इससे आपका मनोरथ सिद्धहोगा और प्रचंडशक्तिआदिक सम्पूर्ण मंत्री आपको मिलजायँगे क्योंकि आपने प्रस्थानके समय विघ्नोंका हर्ता परमकृपालु भक्तवत्सल श्रीगणाधिपति का पूजन कियाथा इससे वह आपपर प्रसन्नहैं विमलबुद्धिसे यह सब वृत्तान्त सुनकर मृगांकदत्त प्रसन्नहोके अपने अन्य मंत्रियोंको ढूंढ़ताहुआ उज्जयिनी नगरीको चला १३३॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांशशांकवतीलम्बकेतृतीयस्तरंगः ३॥

इसके उपरान्त शशांकवतीके निमित्त श्रुतधि तथा विमलबुद्धिके साथ उज्जयिनी नगरीको जाता हुआ मृगांकदत्त मार्ग में नर्मदा नदीके तटपर पहुंचा वह नर्मदा इसे देखकर मानों प्रसन्नहोके अपनी चंचल लहररूपी भुजाओंको फैलाकर नृत्यसा कररहीथी वहां मायावटुनाम एक भीलोंका राजा स्नान करनेको आया जैसेही वह स्नान करने लगा वैसेही तीन जल मानुषोंने आकर उसे पकड़लिया और उसके सेवक भयभीत होकर भागगये यह देखके मृगांकदत्तने खड्गलेके जलमें जा उनतीनोंको मारकर उसभीलोंके राजाको बचाया उस आपत्तिसे छूट जलके बाहर आके भिल्लराज मायावटुने मृगांकदत्तके चरणोंमें गिरकर पूछा कि आप कौनहैं जिनको परमेश्वर मेरे प्राणोंकी रक्षाकेलिये यहां लाया, किस पुण्यात्माके वंशको आपने अपने जन्मसे सुशोभित किया है और किस देशके पुण्य उदयहुए हैं जहां आप जाइयेगा उसके यह वचन सुनकर श्रुतधिने मृगांकदत्तका सबवृत्तान्त उसे सुनादिया उस वृत्तान्तको सुनकर मायावटुने नम्रतापूर्वक कहा कि आपके अभीष्टकार्य्य में यह दासभी दुर्गपिशाच नाम मातंगपति मित्र समेत यथाशक्ति सहायता करनेकेलिये उद्यत रहूंगा हे स्वामी इस दीनके घरको भी चलकर सफलकीजिये इस प्रकार नम्र वचनों से प्रार्थना करके मायावटुने श्रुतधि तथा विमलबुद्धि समेत मृगांकदत्तको अपने ग्राममें लेजाकर अपने ऐश्वर्य्यके अनुसार उसकी बड़ी सेवा की और उस मातंगपतिनेभी वहां आकर अपने मित्रके प्राणोंकी रक्षाकरनेवाले मृगांकदत्तकी बड़ी प्रशंसाकी और कहा कि आप मुझे अपना दास समझिये तदनन्तर मायावटुकी प्रार्थनासे मृगांकदत्त कुछदिन वहां रहा एकदिन उसके आगे मायावटु अपने प्रतीहार चंडकेतुकेसाथ द्यूतखेलनेलगा इतनेमें मेघोंकेगर्जने से मोर नाचनेलगे उनके देखनेकेलिये मायावटु उठा उसे उठादेखकर द्यूतके परमरसिक उस प्रतीहारने

कर उस स्त्रीने मकड़ियों को अनेक प्रकार के घटोंमें छोड़ दिया इससे वहमकड़ियां फिर जीकर उन्हीं जालोंपर घूमनेलगीं तब विषके वेगसे कालीमकड़ियां चिल्लानेलगीं यह देखकर श्वेत मकड़ियां भी चिल्लानेलगीं उनके इस शब्दसे वहांपर बैठेहुए किसी कृपालुमुनिका ध्यान छूटगया तब उन मुनिने अपने मस्तकसे ऐसी ज्वाला छोड़ी कि जिससे उनमकड़ियों के सबजाल जलगये इससे वहसब मकड़ी जालसे रहितहोकर एक मूगेके छेददार डंडेमें घुसकर उसडंडेके ऊपर विराजमान तेजमें लीनहोगईं और वहस्त्री चक्र बैल तथा गधेसमेत कहीं गुप्तहोगई यह चमत्कार देखकर मैं वहीं घूमनेलगा इतने में एक पानीकी तलैया मुझे दिखाई दी उसके किनारेपर बैठ के मैंने जलमें एकवड़ा वनदेखा उसवनमें एकव्हे- लिये ने सिंहके दशभुजावाले एकवच्चेको पाकर पाला और जब वह वड़ाहुआ तब क्रोधकरके उसे अ- पन वनसे निकालदिया वहसिंह किसी वनमें सिंहिनीका शब्द सुनकर उसके ढूंढ़नेको चला मार्ग में प्रचंडवायुसे उसकी दशों भुजाकटगईं तब एकवड़े लम्बे पेटवाले पुरुषने आकर उसकी सब भुजा ज्यों की त्यों फिर लगादीं इससे वह सिंह फिर बलवान् होके सिंहिनी की प्राप्ति के लिये दूसरे वनमें गया वहाँ उसके ढूंढ़नेमें बहुतसा क्लेश भोगकर उसे पाकर अपने वनमें चलाआया सिंहिनी समेत उसे आयाहुआ देखके वह बहेलिया उसे वह वन सौंपकर कहीं चलागया इसआश्चर्य्य को देखकर मैंने आश्रममें जाके महर्षि ब्रह्मदंडी को यहदोनों आश्चर्य सुनाये मेरे वृत्तान्तको सुनकर उन त्रिकालज्ञ मुनिने कहा कि तुम धन्यहो तुमको परमेश्वरने सहस्र चमत्कार दिखायाहै जो स्त्री तुमने देखी थी वह मायाहै जो चक्र वह स्त्री घुमारही थी वह संसारहै उस चक्रपर जो भौंरे घूमरहेथे वह जीवहैं वह बैल तथा गधा धर्म अधर्म हैं बैल तथा गधेके उगलेहुए दूध तथा रुधिरके फेनके पीनेवाले पाप पुण्यके क- रनेवाले हैं अपने २ कर्मोंके अनुसार वह श्वेत तथा काले होकर अपने २ कर्म के अनुसार पुत्रादिक जालोंको फैलाकर अच्छे पुष्प तथा विषरूपी सुखदुःखका भोग करते हैं वह जो सर्प तुमने देखाथा वह कालहै वही उनको अपने शुभ तथा अशुभ मुखसे काटकर मारता है तब वह स्त्री रूपी माया उनको घटरूपी अनेक योनियोंमें डालकर फिर उनको उत्पन्न करती है इससे वह फिर अपने २ पुत्रादिक जाल बन्धनोंमें सुख तथा दुःख भोगते हैं तदनन्तर वह जो काली मकड़ियां तुमने विषसे चिल्लाती देखीथीं वह पापी पुरुष दुःखसे पीड़ित होकर परमेश्वरको पुकारते थे उन्हें देखकर श्वेत मकड़ी रूप पुण्यात्मा पुरुष भी वैराग्य युक्तहोके परमेश्वरको ही पुकारनेलगे उनकी पुकारको सुनकर तपस्वी रूप परमेश्वरने ज्वालारूपी ज्ञानसे उनके अज्ञानरूपी सबजाल जलादिये इससे वह सब मुक्तहोकर मूंगेके डंडरूपी सू- र्य्य मंडलमें प्रवेशक[illegible] संसार तथा बैल गधे रूपी धर्माधर्म समेत वह [illegible] करतेहुए अपने २ कर्म के अनुसार सुखी तथा दुखी मनुष्य परमेश्वर के आराधनसे ही मुक्तहोते हैं यहबात तुम्हारे मोह दूरकरने के लिये परमेश्वरने तुमको दिखलाई है अब तलैयाके तटपर जो तुमने देखाहै सो भी सुनो वह सब मृ- गांकदत्तके वृत्तान्तकी होनेवाली बातकी सूचना है सिंह के दशभुजवाले बच्चे के तुल्य दशमंत्रियों

समेत मृगांकदत्तको पालनकरकेभी वनरूप अपने देशसे लुब्धकरूप उसके पिता राजाने उसे निकाल दिया वह अन्य वनरूपी उज्जयिनीमें सिंहिनी रूपी शशाङ्कवतीकी प्रशंसा सुनकर उसके लेनेको चला मार्गमें वायुरूपी सर्पके शापने उसके भुजारूपी मंत्री नष्टकरदिये तब लम्बोदर पुरुषरूपी श्रीगणेशजीने आकर उसके भुजारूपी मंत्री फिर जोड़दिये अर्थात् मंत्री मिलादिये तदनन्तर सिंहरूपी मृगांकदत्त वहाँ से चलकर अत्यन्त क्लेशभोगके सिंहिनीरूपी शशाङ्कवतीको लेकर अपनेदेशमें आया वहाँ लुब्धकरूपी उसका पितराजा उसे स्त्रीसहित आया देखकर उसे वनरूपी अपनादेश देके तपोवनको चलागया इस प्रकारसे परमेश्वरने तुमको सम्पूर्णभावीवस्तु दिखलादी इससे तुम्हारे स्वामीको संपूर्णमंत्री और वह स्त्री अवश्य प्राप्तहोगी महर्षिब्रह्मदंडी के यहवचन सुनकर मैं धैर्य्यधरके उसआश्रमसे चलकर कईदिनोंके पीछे यहाँ आपसे आनमिला इससे आपका मनोरथ सिद्धहोगा और प्रचंडशक्तिआदिक सम्पूर्णमंत्री आपको मिलजायँगे क्योंकि आपने प्रस्थानकेसमय विघ्नोंका हर्ता परमकृपालु भक्तवत्सल श्रीगणाधिपति का पूजन कियाथा इससे वह आपपर प्रसन्नहैं विमलबुद्धिसे यह सब वृत्तान्त सुनकर मृगांकदत्त प्रसन्नहोके अपने अन्य मंत्रियोंको ढूंढ़ताहुआ उज्जयिनी नगरीको चला १३२॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांशशांकवतीलम्बकेतृतीयस्तरंगः ३॥

इसके उपरान्त शशांकवतीके निमित्त श्रुतधि तथा विमलबुद्धिके साथ उज्जयिनी नगरीको जाता हुआ मृगांकदत्त मार्ग में नर्मदा नदीके तटपर पहुंचा वह नर्मदा इसे देखकर मानों प्रसन्नहोके अपनी चंचल लहररूपी भुजाओंको फैलाकर नृत्यसा कररहीथी वहां मायावटुनाम एक भीलोंका राजा स्नान करनेको आया जैसेही वह स्नान करने लगा वैसेही तीन जल मानुषोंने आकर उसे पकड़लिया और उसके सेवक भयभीत होकर भागगये यह देखके मृगांकदत्तने खड्गलेके जलमें जा उनतीनोंको मारकर उसभीलोंके राजाको बचाया उस आपत्तिसे छूट जलके बाहर आके भिल्लराज मायावटुने मृगांकदत्तके चरणों में गिरकर पूछा कि आप कौनहैं जिनको परमेश्वर मेरे प्राणोंकी रक्षाकेलिये यहां लाया किस पुण्यात्माके वंशको आपने अपने जन्मसे सुशोभित किया है और किस देशके पुण्य उदयहुए हैं जहां आप जाइयेगा उसके यह वचन सुनकर श्रुतधिने मृगांकदत्तका सबवृत्तान्त उसे सुनादिया उस वृत्तान्तको सुनकर मायावटुने नम्रतापूर्वक कहा कि आपके अभीष्टकार्य्य में यह दासभी दुर्गपिशाच नाम मातंगपति मित्र समेत यथाशक्ति सहायता करनेकेलिये उद्यत रहेगा हे स्वामी इस दीनके घरको भी चलकर सफलकीजिये इस प्रकार नम्र वचनों से प्रार्थना करके मायावटुने श्रुतधि तथा विमलबुद्धि समेत मृगांकदत्तको अपने ग्राममें लेजाकर अपने ऐश्वर्य्यके अनुसार उसकी बड़ी सेवा की और उस मातंगपतिनेभी वहां आकर अपने मित्रके प्राणोंकी रक्षाकरनेवाले मृगांकदत्तकी बड़ी प्रशंसाकी और कहा कि आप मुझे अपना दास समझिये तदनन्तर मायावटुकी प्रार्थनासे मृगांकदत्त कुछदिन वहां रहा एकदिन उसके आगे मायावटु अपने प्रतीहार चंडकेतुकेसाथ द्यूतखेलनेलगा इतनेमें मेघोंकेगर्जनेसे मोर नाचनेलगे उनके देखनेकेलिये मायावटु उठा उसे उठादेखकर द्यूतके परमरसिक उस प्रतीहारने

कर उस स्त्रीने मकड़ियों को अनेक प्रकार के घटोंमें छोड़दिया इससे वहमकड़ियां फिर जीकर उन्हीं जालोंपर घूमनेलगीं तब विषके वेगसे कालीमकड़ियां चिल्लानेलगीं यह देखकर श्वेत मकड़ियां भी चिल्लानेलगीं उनके इस शब्दसे वहांपर बैठेहुए किसी कृपालुमुनिका ध्यान छूटगया तब उन मुनिने अपने मस्तकसे ऐसी ज्वाला छोड़ी कि जिससे उनमकड़ियों के सबजाल जलगये इससे वहसब मकड़ी जालसे रहितहोकर एक मूंगेके छेददार डंडेमें घुसकर उसडंडेके ऊपर विराजमान तेजमें लीनहोगई और वहस्त्री चक्र बैल तथा गधेसमेत कहीं गुप्तहोगई यह चमत्कार देखकर मैं वहीं घूमनेलगा इतने में एक पानीकी तलैया मुझे दिखाई दी उसके किनारेपर बैठके मैंने जलमें एकवड़ा वनदेखा उसवनमें एकबहे- लिये ने सिंहके दशभुजावाले एकबच्चेको पाकर पाला और जब वह बड़ाहुआ तब क्रोधकरके उसे अ- पने वनसे निकालदिया वहसिंह किसी वनमें सिंहिनीका शब्दसुनकर उसके ढूंढ़नेको चला मार्ग में प्रचंडवायुसे उसकी दशों भुजाकटगई तब एकबड़े लम्बे पेटवाले पुरुषने आकर उसकी सब भुजा ज्यों की त्यों फिर लगादीं इससे वह सिंह फिर बलवान् होके सिंहिनी की प्राप्ति के लिये दूसरे वनमें गया वहाँ उसके ढूंढ़नेमें वहुतसा क्लेश भोगकर उसे पाकर अपने वनमें चलाआया सिंहिनी समेत उसे आयाहुआ देखके वह बहेलिया उसे वह वन सोंपकर कहीं चलागया इसआश्चर्य्य को देखकर मैंने आश्रममें जाके महर्षि ब्रह्मदंडी को यहदोनों आश्चर्य सुनाये मेरे वृत्तान्तको सुनकर उन त्रिकालज्ञ मुनिने कहा कि तुम धन्यहो तुमको परमेश्वरने यहसब चमत्कार दिखायाहै जो स्त्री तुमने देखी थी वह मायाहै जो चक्र वह स्त्री घुमारही थी वह संसारहै उस चक्रपर जो भौंरे घूमरहेथे वह जीवहैं वह बैल तथा गधा धर्म अधर्म हैं बैल तथा गधेके उगलेहुए दूध तथा रुधिरके फेनके पीनेवाले पाप पुण्यके क- रनेवाले हैं अपने २ कर्मोंके अनुसार वह श्वेत तथा काले होकर अपने २ कर्म के अनुसार पुत्रादिक जालोंको फैलाकर अच्छे पुष्प तथा विषरूपी सुखदुःखका भोगकरते हैं वह जो सर्प तुमने देखाथा वह कालहै वही उनको अपने शुभ तथा अशुभ मुखसे काटकर मारता है तब वह स्त्री रूपी माया उनको घटरूपी अनेक योनियोंमें डालकर फिर उनको उत्पन्न करती है इससे वह फिर अपने २ पुत्रादिक जाल बन्धनोंमें सुख तथा दुःख भोगते हैं तदनन्तर वह जो काली मकड़ियां तुमने विषसे चिल्लाती देखीथीं वह पापी पुरुष दुःखसे पीड़ित होकर परमेश्वरको पुकारते थे उन्हें देखकर श्वेत मकड़ी रूप पुण्यात्मा पुरुष भी वैराग्य युक्तहोके परमेश्वरको ही पुकारनेलगे उनकी पुकारको सुनकर तपस्वी रूप परमेश्वरने ज्वालारूपी ज्ञानसे उनके अज्ञानरूपी सबजाल जलादिये इससे वह सब मुक्तहोकर मूंगेके दंडरूपी सू- र्य्य मंडलमें प्रवेशकरके उसके ऊपर स्थित परमधाममें प्राप्तहुए और चक्ररूपी संसार तथा बैल गधे रूपी धर्माधर्म समेत वह मायारूपी स्त्री नष्टहोगई इसप्रकारसे इससंसारमें भ्रमण करतेहुए अपने २ कर्म के अनुसार सुखी तथा दुखी मनुष्य परमेश्वर के आराधनसे ही मुक्तहोते हैं यहबात तुम्हारे मोह दूरकरने के लिये परमेश्वरने तुमको दिखलाई है अबतलैयाके तटपर जो तुमने देखाहै सो भी सुनो वह सब मृ- गांकदत्तके वृत्तान्तकी होनेवाली बातकी सूचना है सिंह के दशभुजवाले बच्चे के तुल्य दशमंत्रियां

जहां वह मोर बन्दहै और वहीं शयनके लिये इसको पलँग बिछादो उसकी यह आज्ञापाकर वह सेवक मृगांकदत्तको वहीं लेगया और पलँग बिछाके तथा दीपक वालके द्वारके बाहरकी कुण्डी बन्दकरके अपनें स्थानपर चलागया उसके चलेजाने पर मृगांकदत्त ने पिंजरे में बन्दहुए एकमोरको देखा ५२ और उसे देखकर यहशोचके कि जिसमोरकी प्रशंसा प्रतीहारने कीथी वह यही है उसको पिंजरे से खोल दिया वह मोर पिंजरे से निकलकर मृगांकदत्तको देखकर उसके पैरोंपर वारम्वार लोटनेलगा उस लोटते हुए मोरके गले में एक सूत बँधाहुआ देखकर मृगांकदत्त ने सूतसे उसे पीड़ित जानकर उसका वह सूत तोड़डाला सूतके टूटतेही वह मोर उसका भीमपराक्रम मंत्री होकर उसके पैरोंपर गिरा उसे उठाकर गलेसे लगाकर उससे मृगांकदत्त ने पूछा कि हे मित्र कहो तो यह क्या चमत्कारहै यह सुनकर उसने प्रसन्नहोकर कहा कि हे स्वामी आप सुनिये मैं अपना सब वृत्तान्त आपसे कहताहूं सर्पके शापसे जब आपका साथ मुझसे छूटा तो वनमें घूमते २ मुझे एक सेमरकावृक्ष मिला उस वृक्षमें गणेशजीकी एक प्रतिमागड़ीहुई देखकर मैं प्रणामकरके उस वृक्षकी जड़पर बैठगया और यह शोचनेलगा कि मैंने जो स्वामी से वेतालका वृत्तान्त कहदिया यह बड़ा पापकिया क्योंकि इसी निमित्त स्वामी को इतने दुःख भोगने पड़ेहैं इससे मैं इस अपने पापी शरीरको त्यागदूंगा यह शोचके मैं गणेशजी के आगे निराहार होकर बैठगया मुझे वहां बैठे २ कई दिन व्यतीतहोजानें पर एक वृद्धपथिक उसीमार्ग में आकर वृक्षके नीचे छाया में बैठगया और मुझे म्लान देखकर बोला कि हे पुत्र इस निर्जन वनमें तुम अकेले क्यों बैठेहो उसके यह वचन सुनके मैंने अपना सब वृत्तान्त उससे कहदिया मेरे वृत्तान्तको सुनकर उसवृद्ध ने कहा कि तुम वीरहोकरभी स्त्रियोंकेसमान क्यों प्राणदेनेको उद्यतहुएहो देखो स्त्रियांभी आपत्तिमें धैर्य्य को नहीं छोड़ती हैं इस विषयपर मैं तुमको एककथा सुनाताहूं कोशला नाम नगरी में विमलाकरनाम राजाके कमलाकरनाम पुत्रथा जिसेब्रह्माने मानोंस्वामिकार्त्तिक, कामदेव तथा कल्पवृक्षको जीतनेकेलिये तेजरूप तथा दातृत्वगुण से युक्त कियाथा एकसमय उस कमलाकर के आगे किसी वन्दीजन ने यह श्लोक पढ़ा कि ( पद्मासादनसोत्सवनानामुखरद्विजालिपरिगीतम् । कमलाकरमप्राप्ताक्वरतिंहंसावली लभताम् ) कमलों की प्राप्तिसे प्रसन्न अनेक शब्दायमान पक्षियोंके मनोहर शब्दों से युक्त कमलाकर को न पाकर हंसावली को कहां चैनपड़े इसश्लोकको सुनकर कमलाकरने मनोरथ सिद्धि नाम उस वन्दी से पूछा कि तुम इसश्लोकको वारम्वार क्यों पढ़तेहो उसने कहा कि हे स्वामी सुनिये एक समय परदेशमें पर्य्यटन करताहुआ मैं मेघमाली नाम राजाकी विदीशानाम नगरी में गया वहां दर्दुरक नाम गीताचार्य्य के घरमें टिका एकदिन उसने मुझसेकहा कि यहां राजाकी हंसावलीनाम पुत्री कल प्रातःकाल राजाको अपना नवीन सीखाहुआ नृत्य दिखावेगी यहसुनकर दूसरे दिन मैं भी उसके साथ युक्तिपूर्व्वक नृत्यशालामें चलागया वहां चञ्चल आभूषणरूपी पुष्पवाली चंचल हाथ रूपी पल्लववाली और यौवनरूपी वायुसे कांपतीहुई कामदेवकी लतारूपी उस हंसावलीको देखकर मैंने शोचा कि इस सुन्दरी के लिये कमलाकरके सिवाय और कोई पति योग्य नहीं है जो उसके साथ इसका

कहा कि हेस्वामी इननृत्यके न जाननेवाले मोरोंको देखकर क्याकरियेगा मेरे घरमें एकऐसामोरहै जैसा संसारभरमें नहींहै यदि आपकी इच्छाहोगी तो प्रातःकाल में आपको दिखाऊंगा यहसुनकर मायाबटु यहकहके किअच्छा मुझेदिखाना दिनकीकृत्यकरनेको चलागया और मृगांकदत्तने भी उसके यहवचन सुनके अपने साथियों समेत स्नान भोजनादि कृत्यकिया इसप्रकार दिनके व्यतीत होजानेपर रात्रिके समय मृगांकदत्त सबलोगों के सोजानेपर नीलेकपड़े पहनके खड्ग लेकर भ्रमण करनेको निकला मार्ग में आतेहुए विना देखे किसी पुरुषके कन्धे से उसका कन्धा लड़गया इससे उसने कुपितहोके उसपुरुष से कहा कि तुम मेरे साथ युद्धकरो यह सुनकर उस बुद्धिमान् पुरुषने कहा कि क्यों विना विचारे क्रोध करतेहो यदि विचारकरो तो चन्द्रमाको दोष देना चाहिये जिसने इस रात्रिको प्रकाशित नहीं किया अथवा ब्रह्माको दोषदेनाचाहिये जिसने सब रात्रियों में प्रकाशकरनेका चन्द्रमाको अधिकार नहीं दियाहै जिसके कारण इस वने अन्धकार में अकारण वैरहोते हैं यह सुनकर मृगांकदत्त ने तुम बहुत ठीककहते हो यह कहकर उससे पूछा कि तुम कौनहो उसने मिथ्या कहा कि मैं चोरहूं यह सुनकर मृगांकदत्त ने हाथचढ़ाकर उससे कहा कि हाथ मिलाओ मैंभी तुम्हारा साथीहूं इसप्रकार उसके साथ मित्रताकरके मृगांकदत्त उसीकेसाथ यह कहाँजायगा यह जाननेके लिये चला और एक तृणों से ढकेहुए जीर्णकूपपर पहुँचके उसीके द्वारा सुरंगमें होकर मायाबटुके अंतःपुरमें पहुँचा वहां मृगांकदत्तने तो दीपकके प्रकाश से उसे पहचानलिया कि यह चण्डकेतुनाम प्रतीहारहै चोर नहीं है परन्तु प्रतीहारने उसे नहीं पहचाना क्योंकि एक तो उसका वेष अन्यथा दूसरे वह कोने में बैठरहा उस प्रतीहार को देखकर मायाबटुकी रानी मंजुमती ने उसे अपने गले में लगालिया और अपने पलँगपर बैठाके पूछा कि आज तुम्हारे साथ दूसरा पुरुष कौनहै यह सुनकर प्रतीहार ने कहा कि मेरा एकमित्रहै सावधानरहो यह सुनकर मञ्जुमती बोली कि मुझ अभागिनीको सावधानता कहाँहै देखो इस राजा को मृत्युके मुखसेभी मृगांकदत्तने बचालिया यह सुनकर प्रतीहारने कहा कि शोक मतकरो मैं थोड़ेहीकालमें मृगांकदत्त और राजा को मारडालूंगा यह सुनकर वह बोली कि क्या बलबलातेहो जब नर्मदा के जल में राजा को जलमानुषों ने पकड़ाथा तब अकेले मृगांकदत्तनेही उसकी रक्षाकीथी उस समय तुमने उसे क्यों न मारडाला क्यों डरकर भाग आये इससे तुम चुपरहो ऐसा न होय कि किसी से यह तुम्हारे वचन सुनकर मृगांकदत्त तुम्हें भी मार डाले यह सुनकर प्रतीहारने क्रोधकरके कहा कि हे पापिन तू अब मृगांकदत्तपर आशक्तहुई है इसी से उसकी प्रशंसा कररही है अच्छा ले मैं उसका फल तुझे देताहूं यह कहके छुरी लेकर वह उसके मारने को चला उसे मारनेको उद्यत देखकर एकचेरीने अपने हाथमें छुरी रोकली और मंजुमती वहां से उठ कर भागगई उसके भागजानेपर वह प्रतीहार चेरी के हाथसे छुरी छीनके मृगांकदत्त के साथ सुरंगसे निकलकर अपने घरपरआया वहां मृगांकदत्तने उससे कहा कि तुम अपने घरपर पहुंचगये अब मैं जाताहूं यहसुनकर उसने उसकी चेष्टा देखने के लिये कहा कि तुमभी थकगयेहोगे यहीं सोरहो प्रातः-काल चलेजाना उसनेकहा कि अच्छा तब प्रतीहारने अपने एक सेवकसेकहा कि इसको वहांलेजाओ

जहां वह मोर बन्दहै और वहीं शयनके लिये इसको पलँग बिछादो उसकी यह आज्ञापाकर वह सेवक मृगांकदत्तको वहीं लेगया और पलँग बिछाके तथा दीपक बालके द्वारके बाहरकी कुण्डी बन्दकरके अपने स्थानपर चलागया उसके चलेजाने पर मृगांकदत्त ने पिंजरे में बन्दहुए एकमोरको देखा ५२ और उसे देखकर यहशोचके कि जिसमोरकी प्रशंसा प्रतीहारने कीथी वह यही है उसको पिंजरे से खोल दिया वह मोर पिंजरे से निकलकर मृगांकदत्तको देखकर उसके पैरोंपर बारम्बार लोटनेलगा उस लोटते हुए मोरके गले में एक सूत बँधाहुआ देखकर मृगांकदत्त ने सूतसे उसे पीड़ित जानकर उसका वह सूत तोड़डाला सूतके टूटतेही वह मोर उसका भीमपराक्रम मंत्री होकर उसके पैरोंपर गिरा उसे उठाकर गलेसे लगाकर उससे मृगांकदत्त ने पूछा कि हे मित्र कहो तो यह क्या चमत्कारहै यह सुनकर उसने प्रसन्नहोकर कहा कि हे स्वामी आप सुनिये मैं अपना सब वृत्तान्त आपसे कहताहूं सर्पके शापसे जब आपका साथ मुझसे छूटा तो वनमें घूमते २ मुझे एक सेमरकावृक्ष मिला उस वृक्षमें गणेशजीकी एक प्रतिमागड़ीहुई देखकर मैं प्रणामकरके उस वृक्षकी जड़पर बैठगया और यह शोचनेलगा कि मैंने जो स्वामी से वेतालका वृत्तान्त कहदिया यह बड़ा पापकिया क्योंकि इसी निमित्त स्वामी को इतने दुःख भोगने पड़ेहैं इससे मैं इस अपने पापी शरीरको त्यागदूंगा यह शोचके मैं गणेशजी के आगे निराहार होकर बैठगया मुझे वहां बैठे २ कई दिन व्यतीतहोजानें पर एक वृद्धपथिक उसीमार्ग में आकर वृक्षके नीचे छाया में बैठगया और मुझे म्लान देखकर बोला कि हे पुत्र इस निर्जन वनमें तुम अकेले क्यों बैठेहो उसके यह वचन सुनके मैंने अपना सब वृत्तान्त उससे कहदिया मेरे वृत्तान्तको सुनकर उसवृद्ध ने कहा कि तुम वीरहोकरभी स्त्रियोंके समान क्यों प्राणदेनेको उद्यतहुए हो देखो स्त्रियांभी आपत्तिमें धैर्य्य को नहीं छोड़ती हैं इस विषयपर मैं तुमको एककथा सुनाताहूं कोशला नाम नगरी में विमलाकरनाम राजाके कमलाकरनाम पुत्रथा जिसेब्रह्माने मानोंस्वामिकार्त्तिक, कामदेव तथा कल्पवृक्षको जीतनेकेलिये तेजरूप तथा दातृत्वगुण से युक्त कियाथा एकसमय उस कमलाकर के आगे किसी बन्दीजन ने यह श्लोक पढ़ा कि ( पद्मासादनसोत्सवनानामुखरद्विजालिपरिगीतम् । कमलाकरमप्राप्यकरतिंहंसावली लभताम् ) कमलों की प्राप्तिसे प्रसन्न अनेक शब्दायमान पक्षियोंके मनोहर शब्दों से युक्त कमलाकर को न पाकर हंसावली को कहां चैनपड़े इसश्लोकको सुनकर कमलाकरने मनोरथ सिद्धि नाम उस बन्दी से पूछा कि तुम इसश्लोकको बारम्बार क्यों पढ़तेहो उसने कहा कि हे स्वामी सुनिये एक समय परदेशमें पर्य्यटन करताहुआ मैं मेघमाली नाम राजाकी विदीशानाम नगरी में गया वहां दर्द्दुरक नाम गीताचार्य्य के घरमें टिका एकदिन उसने मुझसेकहा कि यहां राजाकी हंसावलीनाम पुत्री कल प्रातःकाल राजाको अपना नवीन सीखाहुआ नृत्य दिखावेगी यहसुनकर दूसरे दिन मैं भी उसके साथ युक्तिपूर्वक नृत्यशालामें चलागया वहां चञ्चल आभूषणरूपी पुष्पवाली चंचल हाथ रूपी पल्लववाली और यौवनरूपी वायुसे कांपतीहुई कामदेवकी लतारूपी उस हंसावलीको देखकर मैंने शोचा कि इस सुन्दरी के लिये कमलाकरके सिवाय और कोई पति योग्य नहीं है जो उसके साथ इसका

विवाह न हुआ तो कामदेवका धनुषधारण करनाही व्यर्थ है इससे मुझे इस विषय में कुछ उपाय करना चाहिये यहशोचकर नृत्यके अन्तमें मैंने वहां से उठके राजद्वारमें जाकर यहपत्र लिखकर चिपका दिया कि यहां जो कोई चित्रकार मेरे समान होय वह मेरे सामने आकर चित्र लिखे मेरे इस पत्रका उत्तर किसी ने न दिया इससे राजाने मुझे बड़ा गुणवान् जानकर अपनी पुत्री हंसावलीके यहां चित्र बनाने को नियतकरदिया उसराजपुत्री के मन्दिर में मैंने दीवारपर आपका चित्र लिखदिया और एक अपने विश्वासपात्र मित्रको उन्मत्तरूप बनाके उससे अपना अभिप्राय कहकर कहदिया कि तुम राजमंदिरकेनिकट घूमो उसेघूमते देखकर राजपुत्रोंने खिलौने के समान उसे अपनेपास पकड़मँगवाया और वहां से हंसावली ने अपने खेलनेकेनिमित्त अपने मंदिरमें बुलवाया वहां आकर उसने आपका चित्र देखकरकहा कि आज भाग्यवशसे शंख चक्र तथा कमलादि लक्षणों से युक्त विष्णुके समान अनन्त गुणवान् यह कमलाकर दिखाई दिया है उसके यहवचन सुनकर हंसावलीने मुझसे पूछा कि यह क्या बकरहा है और तुमने किसका यह चित्र लिखाहै उसके यह पूछनेपर मैंनेकहा कि हे राजपुत्री मैं जानता हूं कि इस उन्मत्तने इसराजपुत्रको पहले कहीं देखाहै यह कमलाकर नाम राजपुत्रका चित्रहै यह कहकर मैंने आपके रूप तथा गुणोंकी बड़ी प्रशंसाकी उस प्रशंसाको सुनकर आपके प्रेमरूपी रससे सिंचेहुए उसके हृदयमें नवीन कामदेवरूपी वृक्ष उत्पन्नहोगया इतनेही में राजाने वहां आकर उस उन्मत्तको नाचते देखके क्रोधकरके मुझे और उस उन्मत्तको वहां से निकलवादिया तब से कृष्णपक्षमें चन्द्रमाकी कलाके समान प्रतिदिन क्षीणहोती हुई आपकेलिये उत्कण्ठित हंसावली रोगका बहाना करके अपने पितासे आज्ञा लेकर पापनाशक श्रीकृष्णजी के मन्दिर में अकेली रहनेलगी और आपकी चिन्ता से व्याकुलहोकर अत्यन्त खेद से दिनोंको व्यतीत करनेलगी एकदिन श्रीकृष्णभगवान् के दर्शन करने के बहाने मैं उस मन्दिर में गया वहां उसने मुझे देखकर बहुत वस्त्र तथा आभूषण मुझे दिये उनको लेकर बाहर आके एकवस्त्र के कोने में पद्मासादनसोत्सव इत्यादि श्लोक लिखा देखकर यहां आके आपके आगे पढ़ा लीजिये यह वही वस्त्र है जिसमें श्लोक लिखा है उस बन्दी के यह वचन सुनके और वस्त्रके कोने में लिखेहुए उस श्लोकको पढ़के कमलाकर हंसावली पर आशक्तहोकर उसके मिलने का उपाय शोचनेलगा इतने में उसके पिता विमलाकरने उसे बुलाकर कहा कि हे पुत्र मंत्रसे बँधेहुए सर्पोंके समान आलसी राजा नष्टहोजातेहैं और उनका उदय कभी नहींहोता तुमने सुखमें पड़कर अभी तक जीतनेकी इच्छानहींकी इससे आलस्य छोड़करउद्योगकरो पहले अंगदेशकेराजाको जाकर जीतो क्योंकि वह हमारे ऊपर चढ़नेकी इच्छाकररहा है पिताके यह वचन सुनकर अपनी प्रियाकेपास आने की इच्छा करके कमलाकर बहुत प्रसन्नहोके बहुतसी सेनालेकर अंगदेशके राजाके जीतने को चला कई दिनों में अंगदेश में पहुंचकर उसने अंगदेशके राजा की सम्पूर्ण सेना मारकर उसे जीताहुआ ही पकड़लिया और बाँधकर प्रतीहार के द्वारा अपने पिताके पास भेजदिया और उस प्रतीहारसे कह दिया कि मेरे पितासे कहदेना कि मैं अब अन्य राजाओं के जीतने को जाताहूं इसप्रकार अंगदेशके

राजाको जीतकर मार्ग में अन्य राजाओंको जीतताहुआ कमलाकर विदिशानाम नगरीके निकट पहुँचा वहाँ ठहरकर उसने राजामेघमाली केपास हंसावलीके मांगनेकेलिये दूतभेजा राजा मेघमाली दूतकेद्वारा कमलाकर का आगमन सुनकर उसकेपास आया और उसका बड़ा सत्कार करके बोला कि केवलदूत के द्वारा सिद्ध होनेवाले इस कार्य्य में आपने इतनाश्रम क्यों किया मैं तो आपके साथ हंसावली का विवाह करना ही चाहताथा इसका कारण यहहै कि बाल्यावस्थामें विष्णु भगवान्का पूजन करतीहुई इसहंसावलीके कोमल अंगोंको देखके मुझे यह चिन्ताहुई कि इसके सदृश वर कहां मिलैगा यही चिन्ता करते २ मुझको महाज्वर उत्पन्नहुआ उसज्वरकी शान्तिके निमित्त मैंने विष्णु भगवान्का पूजन किया उसपूजनके प्रभावसे रात्रिके समय कुछ निद्रा आनेपर स्वप्नमें विष्णु भगवान्ने आकर मुझसे कहा कि हे पुत्र जिसहंसावली के लिये तुमको यह ज्वर हुआहै वही तुमको अपने हाथसे स्पर्शकरे तो ज्वर उतर जायगा क्योंकि मेरे पूजनसे वह ऐसी पवित्र होगई है कि वह जिसको अपने हाथसे स्पर्श करेगी उसका असाध्य ज्वरभी जातारहैगा इसके विवाहकी भी चिन्ता तुम न करो राजपुत्र कमलाकर इसका पतिहोगा और कुछकाल इसे थोड़ा कष्टहोगा कृष्ण भगवान्के यह वचन सुनके रात्रिके अन्त में मेरी निद्रा खुलगई और हंसावलीके हाथके स्पर्शसे मेराज्वर उतरगया इससे श्रीविष्णु भगवान्की आज्ञासे ही मैं हंसावलीका विवाह तुम्हारे साथ अवश्य करूंगा यहकहके लग्नका निश्चयकरके राजा मेघमाली अपनी राजधानीको चलागया वहां हंसावलीने अपने पितासे सब वृत्तान्त सुनके अपनी कनकमंजरी सखीसे कहा कि तुमजाकर देखआओ यह वही राजपुत्रहै जिसका चित्र उस चित्रकारने लिखाहै ऐसा न होय कि मेरेपिता इसीनामके किसी अन्य राजपुत्रके साथ मेरा विवाह करदें यहसुनकर कनकमंजरी तपस्विनीका वेष बनाके कमलाकर के डेरे में प्रतीहारके द्वारा उसकी आज्ञापाकर उसके पासगई वहां कामके मोहनास्त्रके समान उसे देखकर कामसे पीड़ितहोकर उसने शोचा कि जो इसके साथ मेरा समागम न हुआ तो मेरे जन्मको धिक्कार है इससे इसकी प्राप्तिका कुछ उपाय करना चाहिये यह शोचकर उसने एकमणि कमलाकरको भेट करके कहा कि इसमणि के धारण करने से शत्रुओं के शस्त्रस्तंभित होजाते हैं इसबातका मैंने कईबार अनुभव किया है तुम्हारे गुणोंको देखकर मैंने तुमको यह देदीहै क्योंकि तुम्हें तो इसकी आवश्यकता है मुझ तपस्विनी को इसकी क्या आवश्यकता है यह कहके और उसकी दी हुई भिक्षाको न ग्रहणकरके कनकमञ्जरी वहां से निकलकर तपस्विनी का वेष त्यागकर कुछ उदासीनसी होकर हंसावली के पासगई और यह मिथ्या वचन बोली कि हे राजपुत्री तुम्हारे स्नेह से मैं यहगुप्त बात कहतीहूं कि यहां से तपस्विनीका वेष धारणकरके मैं कमलाकरके डेरे में गई वहां एकपुरुषने मुझसे कहा कि हे भगवती तुम भूत उतारना जानतीहो मैंने कहा कि हां यह कौन बड़ी बात है यह सुनकर वह मुझे राजपुत्र कमलाकरके पास लेगया उस समय उसपर भूत का आवेशथा इस से बहुत से पुरुष उसको पकड़ेहुए बैठेथे और उसके पास अनेक प्रकार की मणि तथा ओषधि रक्खी थीं यह देखकर मैं भी झूठमूठ मंत्र पढ़ के प्रातःकाल इसका दोष दूरकरूंगी यह

विवाह न हुआ तो कामदेवका धनुषधारण करनाही व्यर्थ है इससे मुझे इस विषय में कुछ उपाय करना चाहिये यहशोचकर नृत्यके अन्तमें मैंने वहां से उठके राजद्वारमें जाकर यहपत्र लिखकर चिपका दिया कि यहां जो कोई चित्रकार मेरे समान होय वह मेरे सामने आकर चित्र लिखे मेरे इस पत्रका उत्तर किसी ने न दिया इससे राजाने मुझे बड़ा गुणवान् जानकर अपनी पुत्री हंसावलीके यहां चित्र बनाने को नियतकरदिया उसराजपुत्री के मन्दिर में मैंने दीवारपर आपका चित्र लिखदिया और एक अपने विश्वासपात्र मित्रको उन्मत्तरूप बनाके उससे अपना अभिप्राय कहकर कहदिया कि तुम राजमंदिरकेनिकट घूमो उसेघूमते देखकर राजपुत्रीने खिलौने के समान उसे अपनेपास पकड़मँगवाया और वहां से हंसावली ने अपने खेलनेकेनिमित्त अपने मंदिरमें बुलवाया वहां आकर उसने आपका चित्र देखकरकहा कि आज भाग्यवशसे शंख चक्र तथा कमलादि लक्षणों से युक्त विष्णुके समान अनन्त गुणवान् यह कमलाकर दिखाई दिया है उसके यहवचन सुनकर हंसावलीने मुझसे पूछा कि यह क्या बकरहा है और तुमने किसका यह चित्र लिखाहै उसके यह पूछनेपर मैंनेकहा कि हे राजपुत्री मैं जानता हूं कि इस उन्मत्तने इसराजपुत्रको पहले कहीं देखाहै यह कमलाकर नाम राजपुत्रका चित्रहै यह कहकर मैंने आपके रूप तथा गुणोंकी बड़ी प्रशंसाकी उस प्रशंसाको सुनकर आपके प्रेमरूपी रससे सिंचेहुए उसके हृदयमें नवीन कामदेवरूपी वृक्ष उत्पन्नहोगया इतनेही में राजाने वहां आकर उस उन्मत्तको नाचते देखके क्रोधकरके मुझे और उस उन्मत्तको वहां से निकलवादिया तब से कृष्णपक्षमें चन्द्रमाकी कलाके समान प्रतिदिन क्षीणहोती हुई आपकेलिये उत्कण्ठित हंसावली रोगका बहाना करके अपने पितासे आज्ञा लेकर पापनाशक श्रीकृष्णजी के मन्दिर में अकेली रहनेलगी और आपकी चिन्ता से व्याकुलहोकर अत्यन्त खेद से दिनोंको व्यतीत करनेलगी एकदिन श्रीकृष्णभगवान् के दर्शन करने के बहाने मैं उस मन्दिर में गया वहां उसने मुझे देखकर बहुत वस्त्र तथा आभूषण मुझे दिये उनको लेकर बाहर आके एकवस्त्र के कोने में पञ्चासादनसोत्सव इत्यादि श्लोक लिखा देखकर यहां आके आप के आगे पढ़ा लीजिये यह वही वस्त्र है जिसमें श्लोक लिखा है उस बन्दी के यह वचन सुनके और वस्त्रके कोने में लिखेहुए उस श्लोकको पढ़के कमलाकर हंसावली पर आशक्तहोकर उसके मिलने का उपाय शोचनेलगा इतने में उसके पिता विमलाकरने उसे बुलाकर कहा कि हे पुत्र मंत्रसे बँधेहुए सर्पोंके समान आलसी राजा नष्टहोजातेहैं और उनका उदय कभी नहींहोता तुमने सुखमें पड़कर अभी तक जीतनेकी इच्छानहींकी इससे आलस्य छोड़कर उद्योगकरो पहले अंगदेशकेराजाको जाकर जीतो क्योंकि वह हमारे ऊपर चढ़नेकी इच्छाकररहा है पिताके यह वचन सुनकर अपनी प्रियाकेपास जाने की इच्छा करके कमलाकर बहुत प्रसन्नहोके बहुतसी सेनालेकर अंगदेशके राजाके जीतने को चला कई दिनों में अंगदेश में पहुंचकर उसने अंगदेशके राजा की सम्पूर्ण सेना मारकर उसे जीताहुआ ही पकड़लिया और बाँधकर प्रतीहार के द्वारा अपने पिताके पास भेजदिया और उस प्रतीहारसे कह दिया कि मेरे पितासे कहदेना कि मैं अब अन्य राजाओं के जीतने को जाताहूं इसप्रकार अंगदेशके

राजाको जीतकर मार्ग में अन्य राजाओंको जीतताहुआ कमलाकर विदिशानाम नगरीके निकट पहुँचा वहाँ ठहरकर उसने राजामेघमाली केपास हंसावलीके मांगनेकेलिये दूतभेजा राजा मेघमाली दूतकेद्वारा कमलाकर का आगमन सुनकर उसकेपास आया और उसका बड़ा सत्कार करके बोला कि केवलदूत के द्वारा सिद्ध होनेवाले इस कार्य्य में आपने इतनाश्रम क्यों किया मैं तो आपके साथ हंसावली का विवाह करना ही चाहताथा इसका कारण यहहै कि बाल्यावस्थामें विष्णु भगवान्का पूजन करतीहुई इसहंसावलीके कोमल अंगोंको देखके मुझे यह चिन्ताहुई कि इसके सदृश वर कहां मिलैगा यही चिन्ता करते २ मुझको महाज्वर उत्पन्नहुआ उसज्वरकी शान्तिके निमित्त मैंने विष्णु भगवान्का पूजन किया उसपूजनके प्रभावसे रात्रिके समय कुछ निद्रा आनेपर स्वप्नमें विष्णु भगवान्ने आकर मुझसे कहा कि हे पुत्र जिसहंसावली के लिये तुमको यह ज्वर हुआहै वही तुमको अपने हाथसे स्पर्शकरे तो ज्वर उतर जायगा क्योंकि मेरे पूजनसे वह ऐसी पवित्र होगई है कि वह जिसको अपने हाथसे स्पर्श करेगी उसका असाध्य ज्वरभी जातारहैगा इसके विवाहकी भी चिन्ता तुम न करो राजपुत्र कमलाकर इसका पतिहोगा और कुछकाल इसे थोड़ा कष्टहोगा कृष्ण भगवान्के यह वचन सुनके रात्रिके अन्त में मेरी निद्रा खुलगई और हंसावलीके हाथके स्पर्शसे मेराज्वर उतरगया इससे श्रीविष्णु भगवान्की आज्ञासे ही मैं हंसावलीका विवाह तुम्हारे साथ अवश्य करूंगा यहकहके लग्नका निश्चयकरके राजा मेघमाली अपनी राजधानीको चलागया वहां हंसावलीने अपने पितासे सब वृत्तान्त सुनके अपनी कनकमंजरी सखीसे कहा कि तुमजाकर देखआओ यह वही राजपुत्रहै जिसका चित्र उस चित्रकारने लिखाहै ऐसा न होय कि मेरेपिता इसीनामके किसी अन्य राजपुत्रके साथ मेरा विवाह करदें यहसुनकर कनकमंजरी तपस्विनीका वेष बनाके कमलाकर के डेरे में प्रतीहारके द्वारा उसकी आज्ञापाकर उसके पासगई वहां कामके मोहनास्त्रके समान उसे देखकर कामसे पीड़ितहोकर उसने शोचा कि जो इसके साथ मेरा समागम न हुआ तो मेरे जन्मको धिक्कार है इससे इसकी प्राप्तिका कुछ उपाय करना चाहिये यह शोचकर उसने एकमणि कमलाकरको भेट करके कहा कि इसमणि के धारण करने से शत्रुओं के शस्त्रस्तंभित होजाते हैं इसबातका मैंने कईबार अनुभव किया है तुम्हारे गुणोंको देखकर मैंने तुमको यह देदीहै क्योंकि तुम्हें तो इसकी आवश्यकता है मुझ तपस्विनी को इसकी क्या आवश्यकता है यह कहके और उसकी दी हुई भिक्षाको न ग्रहणकरके कनकमञ्जरी वहां से निकलकर तपस्विनी का वेष त्यागकर कुछ उदासीनसी होकर हंसावली के पासगई और यह मिथ्या वचन बोली कि हे राजपुत्री तुम्हारे स्नेह से मैं यहगुप्त बात कहतीहूं कि यहां से तपस्विनीका वेष धारणकरके मैं कमलाकरके डेरे में गई वहां एकपुरुषने मुझसे कहा कि हे भगवती तुम भूत उतारना जानतीहो मैंने कहा कि हां यह कौन बड़ी बात है यह सुनकर वह मुझे राजपुत्र कमलाकरके पास लेगया उस समय उसपर भूत का आवेशथा इस से बहुत से पुरुष उसको पकड़ेहुए बैठेथे और उसके पास अनेक प्रकार की मणि तथा औषधि रक्खी थीं यह देखकर मैं भी झूंठ मूंठ मंत्र पढ़ के प्रातःकाल इसका दोष दूरकरूंगी यह

कहके तुम्हारे पास चली आई हूं इसमें कोई सन्देह नहीं है कि यह वही कमलाकर है अब तुम जैसा उचित समझो सो करो उसके यह वचन सुनकर सरल प्रकृतिवाली हंसावलीने बहुत दुखित होकरकहा कि ब्रह्मा अपनी गुणवती सृष्टिमें कोई न कोई दोष अवश्य लगादेते हैं जैसे चन्द्रमामें कलंक, मैं उसे अपना पति तो बनाही चुकीहूं इससे दूसरा पति करना तो मुझे योग्य नहीं है परन्तु प्राणदेना अथवा किसी वनमें चलाजाना उचितहै अब तुम बताओ मुझे क्या करना चाहिये यह सुनके उस दुष्ट कनकमंजरीने कहा कि विवाहके समय तुम अपनासा वेष बनाके किसी सखीको बैठालके जब सब लोग कामोंमें लगजांय तब तुम मेरे साथ कहीं चलीचलना यह सुनकर हंसावली ने कहा कि तुम्हीं मेरा स्वरूप धारण करके उसके साथ विवाह करना क्योंकि तुम्हारे समान और कोई विश्वासपात्र मेरी सखी नहीं है यह सुनकर कनकमंजरीने कहा कि धैर्य्यधरो ऐसाही करूंगी परन्तु उस समय जैसा मैं तुमसे कहूं वैसाही करना उसे इसप्रकार सावधान करके अपनी अशोककरी नाम सखीसे कनकमंजरी ने जाकर सब वृत्तान्तकहा और उसे भी हंसावलीके पास लेजाकर परिचित करवादिया तदनन्तर विवाह के दिन जब सायंकालके समय कमलाकर अपनी सम्पूर्ण सेना लेकर राजमंदिरमें आया तो उत्सवमें सब लोगोंके लगजानेपर कनकमंजरीने युक्ति पूर्व्वक सब सखियोंको हटाके अपना वेष हंसावलीकासा बनालिया और अपनासा अशोककरीका वेषबनाकर हंसावली से कहा कि इस पुरके पश्चिमद्वार से जाके कोसभरपर एक पुराना सेमरका वृक्षहै वहीं जाकर तुम उसके खोलमें बैठरहो सम्पूर्ण कार्य्य करके मैं वहीं तुम्हारे पास आऊंगी उसके यहवचन सुनकर हंसावली सखीकासा वेषबनाके पुरी के पश्चिम द्वारसे जाके उस सेमरके वृक्षके निकट पहुँची और उसवृक्षके खोलको बहुत अन्धकार युक्त देखके भयभीतहोकर पासके एकवरगदके वृक्षपर चढ़के अपनी सखी का मार्ग देखनेलगी उस सरल चित्तवाली हंसावलीको अबतक उसदुष्ट कनकमञ्जरीका कुछभी अभिप्राय नहीं मालूमहुआ इसबीचमें लग्नकासमय आजानेपर हंसावलीका वेषबनायेहुए कनकमञ्जरीका विवाह राजाने कमलाकरके साथ करदिया उस समय रात्रिके और घूंघटके कारण उसकारूप किसीने पहचाना नहीं विवाहकरके उसबनीहुई हंसावली को कनकमंजरी रूपधारिणी अशोककरी समेत लेकर उसी दिन शुभ लग्न और नक्षत्रहोनेके कारण कमलाकरपुरीके पश्चिम द्वारसे अपने डेरेको चला मार्गमें उस सेमरके वृक्षके निकट आकर जहां हंसावली वरगदके वृक्षपर बैठीथी कनकमञ्जरी एकाएकी भयभीतसी होकर कमलाकरसे लिपटकर बोली कि हे आर्यपुत्र आज रात्रिको मैंने यहस्वप्नदेखा कि इस सेमरके वृक्षसे निकलकर एकराक्षसी मुझे खानेको दौड़ी तब किसी ब्राह्मणने दौड़कर मुझे बचाया और कहा कि हे पुत्री इसवृक्षको तुम जलवादेना और जो कोई स्त्री इसमेंसे निकलकर भागे उसे इसीमें डलवादेना इसप्रकारसे तेरा कल्याणहोगा यहकहके उस ब्राह्मणके अन्तर्द्धानहोजानेपर मेरी निद्राखुलगई इसीसे इसवृक्षको देखकर मुझे उसराक्षसीका बड़ा भय मालूमहोताहै उसके यहवचन सुनकर कमलाकरने अपने सेवकोंको आज्ञादेके वहवृक्ष जलवादिया उसवृक्षके जलजानेसे कनकमञ्जरीने जाना कि हंसावली जलगई क्योंकि वह उसमें से निकली नहीं

तदनन्तर अत्यन्त प्रसन्नहुई कनकमञ्जरीको सत्य हंसावली जानकर कमलाकर उसेलेकर अपने डेरेपर आया और वहांसे शीघ्रही अपना डेरा उठाकर कोशलापुरीको आया वहां राजा विमलाकर वधूसमेत अपने पुत्रको देखकर उसे राज्य देकर तपोवनको चलागया और कमलाकर कनकमञ्जरीके साथ राज्य के सुखका भोगकरनेलगा उनदिनों वह मनोरथसिद्धिनाम वन्दी किसी कार्य्यसे कहीं दूरचला गयाथा इससे उस कनकमञ्जरीको कोईभी नहीं पहचानसका इसबीचमें बरगदके वृक्षपर बैठीहुई हंसावलीने वह सब वृत्तान्त देखके और सुनकर अपनेको छलीगई जानकर कमलाकरके वहांसे चले आनेपर शोचा कि इसदुष्ट सखीने छलकरके मेरा पति छीनलिया यह मुझे जलाकर सुखभोगना चाहती है ठीकहै ( अश्रेयसेनवाकस्यविश्वासोदुर्जनेजने ) दुर्जन जनपर विश्वास करनेसे किसको दुःखनहीं होताहै अच्छा अब मैं इसजलते हुए वृक्ष में अपने शरीरको जलाकर इसदुःखसे छूटूं यह शोचके वह उसबरगदपर से उतर के प्राणदेनेको उद्यतहुई भाग्यवशसे उससमय उसके चित्तमें यहविचार उत्पन्नहुआ कि मैं व्यर्थ अपने प्राण क्योंदूं कदाचित् जीतीरहूंगी तो उसदुष्ट सखी से अपना बदला लूंगी क्योंकि मेरे पिता से स्वप्नमें विष्णु भगवान्ने कहाथा कि हंसावली को कमलाकर पति प्राप्तहोगा परन्तु बीच में इसको कुछ क्लेश प्राप्तहोगा इससे मैं वन में जाकर कुछकाल व्यतीतकरूं यह निश्चयकरके हंसावली निर्जन वन में गई कुछ दूर जाने पर मानों दयाकरके मार्ग दिखाने के लिये वह रात्रि व्यतीत होगई और उसको देखकर मानों दुखितहोके आकाश ओशरूपी अश्रु छोड़नेलगा और मानों उसके आंसूपोंछने के लिये सूर्य्यभगवान्ने अपनी किरणरूपी हाथ फैलाये तब दिन होजाने के कारण कुछ सावधानहुई राजपुत्री हंसावली धीरे २ बहुत दूर चलकर कुश तथा कांटों से घायलहोकर एक वनमें पहुँची वह वन पक्षियों के मनोहर शब्दों से मानों उसे बुलारहाथा कि यहां आओ और वृक्षों के वायुके द्वारा चंचल बड़े २ पत्तों से मानों उसके श्रमको दूर करने के लिये पंखे हांकरहाथा प्रफुल्लित घामके वृक्षोंपर बैठी हुई कोकिलाओं के मनोहर शब्दों से युक्त वसन्तकी बहारवाले उस वनको देखकर हंसावली ने दुखित होकर शोचा कि यद्यपि यहां पुष्पोंकी रजसेयुक्त मलयाचलकी वायुसे मेरे शरीर में दाहहोताहै और भ्रमरयुक्त वृक्षों से गिरतेहुए यह पुष्प कामके बाणोंकी समान मेरे शरीरमें लगते हैं तथापि मैं यहीं रह-कर अपने पापोंको दूर करने के लिये इन्हीं पुष्पोंसे विष्णुभगवान्का पूजनकरूं यह शोचकर वह कम-लाकरकी प्राप्तिके निमित्त बावड़ियों में स्नानकरके श्रीकृष्णभगवान्का पूजन करतीहुई फल मूल खाकर वहीं रहनेलगी २०१ इसबीचमें भाग्यवशसे कमलाकरको चातुर्थिक ज्वर आनेलगा यह देखकर उस पा-पिन बनीहुई हंसावलीरूप कनकमंजरीने शोचा कि एकभय तो मुझको अशोककरीके कारण बनाही रहताथा कि ऐसा न होय कि यह मन्त्र भेदकरदे उसपर अब यह दूसरा भय उत्पन्नहुआहै कि जो हंसा-वलीके पिताने इस मेरे पति कमलाकर से कहाथा कि इसके हाथके स्पर्श से ज्वर नाश होताहै यहबात जो इसे स्मरण आजायगी तो मेरा सब भेद खुलजायगा इसमें किसी योगिनने जो मुझे ज्वर नाशक विधिबताई थी वह करनी चाहिये और उसी विधि से उस अशोककरी को भी मारडालना चाहिये क्योंकि

मनुष्योंकी शरीरकी बलि उसमें देनी आवश्यक होती है ऐसा करने से राजाका ज्वर भी जातारहैगा और अशोककरी भी मरजायगी इस उपायसे मेरे दोनों भय निवृत्त होजांयगे यह शोचकर वह रात्रिके समय अशोककरी के द्वारा सब सामग्री को मँगाकर उसको साथलेके श्रीशिवजी के मन्दिरमेंगई वहां जाकर उसने खड्गसे एक बकरा मारकर उसके रुधिरसे श्रीशिवजी को अर्घ देकर स्नानकरवाया उसकी आंतोंकी मालापहराई उसका हृदयकमल उनके शिरपर चढ़ाया उसके नेत्रोंकी धूपदी और उसके शिर की बलिदीनी फिर इस प्रकार पूजनकरके शिवलिंगके आगे लालचंदनसे चौकादेके उस चौकेपर अष्ट दल कमलबनाके उस कमलपर त्रिपाद तथा त्रिमुख ज्वरकी प्रतिमाबनांकेरक्खी और उसमें परिवार सहित ज्वरका आवाहनकरके अशोकवती से कहा कि हे सखी श्रीशिवजी के आगे तुम अधोमुखहोके साष्टाङ्ग प्रणामकरो इससे तुम्हारा बड़ाकल्याणहोगा यह सुनकर अशोककरी के उसीप्रकारसे लेटजाने पर कनकमंजरी ने उसपर खड्गका प्रहारकिया परन्तु भाग्यवशसे खड्ग उसके अच्छेप्रकारसे नहीं लगा इससे वह घायलहोकर उठकेभागी और कनकमंजरीको पीछेआते देखकर मुझे कोई बचाओ २ यहकहके चिल्लानेलगी उसके चिल्लाने के शब्दको सुनकर पुरके रक्षकों ने दौड़कर कनकमंजरीको राक्षसी जानकर मारते २ अधमरी करडाला और अशोककरी से सब वृत्तान्त पूछकर कोतवालको साथलेके उन दोनों स्त्रियों को राजाके सन्मुखलेजाकर सबवृत्तान्तकहा वहां कनकमंजरी भयके कारण और प्रहारोंकी व्यथासे शीघ्रहीमरगई यह देखकर राजाने अशोककरीसे कहा कि तुम निर्भयहोकर ठीक २ सब वृत्तान्त कहो राजाकी यह आज्ञापाकर उसने कनकमंजरीके आदिसे अन्ततक छलकरने का जो २ वृत्तान्तहुआ था वह सब कह दिया उससे सब तत्त्वको सुनकर राजा कमलाकरने शोचा कि इस दुष्टकनकमंजरी ने मुझे ऐसा ठगा कि मैंने अपनेही हाथ से हंसावली को जलादिया उस दुष्टाको तो अपने कर्मों का फल मिलगया जो रानीहोकर भी इस प्रकारसे मारीगई परन्तु ब्रह्माने बालकके समान मुझको केवलरूप मात्रसे मोहित करके रत्नछीनकर काच क्यों देदिया देखो मैंने अपने ज्वरके दूर करने के लिये विष्णु भगवान् के दियेहुए हंसावली के वरकाभी स्मरण नहींकिया इसप्रकार शोचते २ उसे यह विचार आया कि मेघमाली ने मुझसे कहा था कि विष्णु भगवान् ने कहाहै कि हंसावली को कमलाकरही पति प्राप्त होगा परन्तु बीचमें कुछ क्लेशहोगा इससे यह विष्णु भगवान्का वचन मिथ्या नहीं होसक्ता इसीसे वह कहीं न कहीं अवश्यजीती होगी क्योंकि ( स्त्रीचित्तस्येवदैवस्यकोवेत्तिगहनाङ्गतिम् ) स्त्रियों के चित्त के समान भाग्यकी गहनगतिको कौन जानसक्ता है इससे उस मनोरथसिद्धिबंदी को फिर बुलवाना चाहिये यह शोचके उसने उस मनोरथसिद्धिको बुलवाकर कहा कि तुम इनदिनों यहां क्यों नहीं दिखाई दिये अथवा जिनको धूर्त्तठगते हैं वहां मनोरथ सिद्धि कैसे होसक्ती है यह सुनकर मनोरथसिद्धिने कहा कि हे स्वामी राजद्वारमें मंत्र भेदकरने से अनेक आपत्ति आनपड़ती हैं इस भयसे मैं नहीं आया आप हंसावली के निमित्त विषाद न कीजिये क्योंकि विष्णु भगवान् ने ही उसको कुछकाल क्लेशभोगनेको कहाहै इनदिनों वही उसकी रक्षाकररहेहोंगे क्या आपने धर्म्म अधर्मका उदाहरण यहीं नहीं देखलिया

हे स्वामी अब मैं उसका पतालगाने के लिये जाऊंगा वन्दीके यह वचनसुनकर कमलाकर ने कहा कि मैं भी तुम्हारे साथ चलूंगा क्योंकि यहां मेराचित्त क्षणभरभी नहीं लगताहै यह कहकर और अपने प्रज्ञाढ्यनाम मन्त्रीको राज्य सौंपकर कमलाकर मनोर्थसिद्धिके साथ चला और क्रमसे अनेक ग्राम वन तथा आश्रमों को ढूंढ़ताहुआ उस वन में पहुँचा जहाँ हंसावली तप कररहीथी वहां लाल अशोकके नीचे बैठीहुई चन्द्रमाकी अन्तिमकलाके समान हंसावलीको देखकर उसने वन्दी से कहा कि यह कौन स्त्री निश्चल बैठे हुए ध्यान कररही है यह तो कोई देवी मालूम होती है क्योंकि इसकारूप मृत्युलोक के योग्य नहीं है यह सुनके वन्दी ने उसे पहचानकर कहा कि हे स्वामी आप बड़े भाग्यी हो यह वही हंसावली है उन दोनों की यह वार्त्तालाप सुनकर और वन्दी को पहचानकर हंसावली का दुःख एकाएकी नवीनसा होगया और वह धैर्य्य छोड़कर चिल्लानेलगी कि हे तात हे आर्य्यपुत्र कमलाकर हे मनोर्थ सिद्धि तुम कहाँ हो हाय मेरे विपरीत भाग्य ने यह क्या किया इसप्रकार विलाप करते २ उसे मूर्च्छा आगई और कमलाकरभी उसे रोते देख के बहुत दुखितहोके पृथ्वी में गिरपड़ा उन दोनों को मूर्च्छित देखकर मनोर्थसिद्धि ने जल छिड़ककर दोनों को जगा के परस्पर मिलाया इसप्रकार वियोगरूपी समुद्रको पारकरके वह दोनों अत्यन्त आनन्दको प्राप्तहुए और परस्पर अपना २ वृत्तान्त कहकर वह दोनों मनोर्थसिद्धि समेत कोशलापुरी में आये वहाँ आकर कमलाकर ने हंसावली के पिता राजा मेघमालीको बुलवाकर उससे सब वृत्तान्त कहके हंसावलीके साथ विधिपूर्व्वक विवाह किया इस प्रकार हंसावलीको पाकर राजा कमलाकर मनोर्थसिद्धिको बहुतसे ग्राम तथा धन देकर आनन्दपूर्व्वक हंसावलीकेसाथ राज्यका सुख भोगनेलगा इसीप्रकारसे जो कोई आपत्तिमें अपने धैर्य्यको नहीं त्यागतेहैं उनके सब कार्य्य सिद्ध होतेहैं इससे हे पुत्र शरीर न त्यागकरो तुम्हारा स्वामी तुमको मिलजायगा इसप्रकार यह कथा कहके वह वृद्ध पथिक मुझे मरनेसे निवारण करके वहां से चलागया २६१ यह वृत्तान्त कहके चंडकेतुके घरमें मृगांकदत्तसे भीमपराक्रमने फिर कहा कि उसवृद्धका उपदेशपाकर मैं आपसे मिलनेको उज्जयिनी नगरीमें गया वहां आपको न पाकर थकके एकस्त्रीके यहां रहने के निमित्तगया वहां उसे भोजनका मूल्य देकर उसकी दीहुई शय्यापर हारा थका होकर सोरहा क्षणभरके बाद मेरी निद्रा खुलगई तब मैंने चुपचाप लेटे २ देखा कि उसस्त्रीने मुट्ठीभर जौ लेकर मंत्रपढ़ २ कर बोये बोतेही वह जौ उसी समय पैदाहोके फलकर पकगये उन जवोंको काटकर भूनके तथा पीस के वह स्त्री सत्तूबनाके एक कांसेके पात्रमें रखके स्नान करनेको चलीगई यह देखके मैं उसे शाकिनी जानकर जल्दी से उठके वह सत्तू किसी अन्य पात्रमें रखकर और उस पात्रमें अन्य सत्तू रखकर फिर वैसेही लेटरहा तदनन्तर उसस्त्री ने आके मुझे जगाके उसपात्रमें से सत्तू निकालके मुझे खानेको दिये और मेरे कृत्यको विना जाने उसपात्रके सत्तू जो मैंने अलग रक्खे थे आप निकालकर खाये उनके खातेही वह बकरी होगई तब मैंने उसे लेजाके एक वधिकके हाथ बेचडाला उस वधिककी स्त्रीने उस बकरी को देख बड़े क्रोध पूर्व्वक मुझसे कहा कि तुमने मेरी सखी के साथ छल कियाहै इसका फल

मनुष्योंकी शरीरकी बलि उसमें
और अशोककरी भी मरजायगी।
समय अशोककरी के द्वारा सब सा
जाकर उसने खड्गसे एक बकरा मार
आंतोंकी मालापहराई उसका हृदयक
की बलिदीनी फिर इस प्रकार पूजनक
दल कमलबनाके उस कमलपर त्रिपाद
हित ज्वरका आवाहनकरके अशोकवर्त
साष्टाङ्ग प्रणामकरो इससे तुम्हारा बड़ाक
पर कनकमंजरी ने उसपर खड्गका प्रहारवि
इससे वह घायलहोकर उठकेभागी औरकन
के चिल्लानेलगी उसके चिल्लाने के शब्दव
जानकर मारते २ अधमरी करडाला और अश
दोनों स्त्रियों को राजाके सन्मुखलेजाकर सबवृ
व्यथासे शीघ्रहीमरगई यह देखकर राजाने अश
कहो राजाकी यह आज्ञापाकर उसने कनकमंजरी
था वह सब कह दिया उससे सब तत्त्वको सुनकर
मुझे ऐसा ठगा कि मैंने अपनेही हाथ से हंसावली
मिलगया जो रानीहोकर भी इस प्रकारसे मारीगई
मात्रसे मोहित करके रत्नछीनकर काच क्यों देदिया।
भगवान् के दियेहुए हंसावली के वरकाभी स्मरण नहीं
कि मेघमाली ने मुझसे कहा था कि विष्णु भगवान् ने
होगा परन्तु बीचमें कुछ क्लेशहोगा इससे यह विष्णु भग
कहीं न कहीं अवश्यजीती होगी क्योंकि ( स्त्रीचित्तस्येव
के समान भाग्यकी गहनगतिको कौन जानसक्ता है इससे
चाहिये यह शोचके उसने उस मनोरथ सिद्धिको बुलवाकर कह
दिये अथवा जिनको धूर्त्तठगते हैं वहां मनोरथ सिद्धि कैसे होस
कि हे स्वामी राजद्वारमें मंत्र भेदकरने से अनेक आपत्ति आन
हंसावली के निमित्त विषाद न कीजिये क्योंकि विष्णु भगवान
कहाहै इनदिनों वही उसकी रक्षाकररहेहोंगे क्या आपने धर्म

रुप मिलाहै जिसने अकेलेही हमारीसेनाके पांचसौ वीर मारडाले उसको वड़े उद्योगसे हमलोग लाये हैं यहसुनकर मायावटुने कहा कि अच्छा उसे यहां लाओ मैंभी देखूं कि वह कैसा वीरहै उसकी यह आज्ञा पाके सेनापति पाशमें बँधेहुए उसपुरुषको उसके सम्मुख लेगया वहां शस्त्रों से घायल पाशमें बँधे हुए उस वीरको देखकर मृगांकदत्तने एकाएकी उसे अपनागुणाकर मंत्री जान के उठके दौड़कर अपने गलेसे लगालिया और वहभी उसके चरणोंपर गिरपड़ा यहदेखकर मायावटुने विमलवुद्धिसे पूछकर कि यह कौनहै उसे अपनेपास बुलाकर उसका वड़ा सत्कार किया और वैद्यों को वुलवा घावों में पट्टीबँधवाके उसेपथ्य भोजनकरवाया तदनन्तर मृगांकदत्तने गुणाकरसे पूछा कि हे मित्र तुम इतने दिनोंका अपना सव वृत्तान्त कहो यह सुनकर गुणाकर कहनेलगा कि हे स्वामी सुनिये उस सर्पके शाप से जव में आपलोगोंसे वियुक्तहोकर चला तो मोहसे मुझे वहुत दूरतक कुछभी नहीं मालूमहुआ वहुत कालमें उसमोहके दूरहोजानेपर दुःखितहोके मैंने शोचा किब्रह्माकी विलक्षणगतिहै जिस मृगांकदत्तको एक महलसे दूसरे महलके जानेमें क्लेश होताथा उसकी इसवनमें क्या दशा होतीहोगी और मेरे सव मित्रोंकी क्या गति हुईहोगी इसप्रकार शोचताहुआ मैं विन्ध्यवासिनीके मन्दिरपर पहुँचा वहां एकमृतकपुरुषके गले में खड्गलगा देख के यहजानके कि इसने अपना वलिदान कियाहै मुझेभी यह इच्छा हुई कि मैंभी अपनाशिर भगवतीको भेंटकरके भगवतीको प्रसन्नकरूं यह शोचकर जैसेही भगवतीको प्रणामकरके मैंने उस पुरुषके गलेमेंसे खड्ग निकाला वैसेही एक वृद्धतापसी ने दूरही से मुझे निवारण कर निकट आके मेरा सव वृत्तान्त पूछकेकहा कि हेपुत्र ऐसा मतकरो मरे मनुष्योंकाभी फिर समागमहोजाताहै फिर जीतोंकी क्या कहैं इस विषय पर मैं तुमको एककथा सुनाती हूं अहिच्छत्रानाम एक अतिसुन्दर नगरी में उदयतुंगनाम राजा था उस राजाके कमलामति नाम प्रतीहारथा उसके विनीतमति नाम महाउदार वीरपुत्रथा उसने एकसमय अपने महलपर वैठे २ कामरूपी कल्पवृक्षके पत्तेसे वनेहुए पूर्वदिशारूपी स्त्री के कर्णफूलके समान चन्द्रमाको उदितहुआ देखकर और उसकी किरणों से सम्पूर्ण संसारके अन्धकारको दूरहुआ जानकर प्रसन्नहोकर शोचा कि चन्द्रिकासे सम्पूर्ण मार्ग ऐसे उज्वलहोरहेहैं मानों सर्वत्र चूना पुताहुआहै इस समय में अकेला जाकर जो विहारकरूं तो वड़ा आनन्द होगा यह शोचके वह धनुषलेके घूमनेको निकला एक कोशजाकर अकस्मात् रोनेकासा शब्द उसे सुनाई दिया उस शब्दके अनुसार उसने कुछदूरजाकर एक वृक्षकेनीचे एक दिव्यस्त्रीको रोतेदेखकर पूछा कि हे सुन्दरी तुमकौनहो और अश्रुओंसे इस मुखको कलंकित चन्द्रमाके समान क्योंकरतीहो यह सुनकर वहवोली कि मैं गन्धमालीनाम सर्पकी विजयवतीनाम पुत्रीहूं एकसमय रणसे भागजानेके कारण मेरे पिताको वासुकिने यह शापदिया कि हे पापी तू अपनेशत्रुसे पराजितहोके उसका दासहोगा इसशाप से कालजिह्वनाम यक्ष मेरे पिताको जीतकर अपना दासवनाके रोज उसपर फूल लदवानेलगा इस दुःखसे मैंने तप करके श्रीभगवतीको प्रसन्नकिया प्रसन्नहुई भगवतीने प्रत्यक्षहोकर मुझसे कहा कि हे पुत्री मानसरोवर तड़ागके भीतर एक हजार दलों से युक्त स्फटिक पत्थरका कमल है उसपर सूर्य्य की

पाओगे उसके यह वचन सुनके मैं उज्जयिनी से बाहरजाके एक बर्गदके वृक्ष के नीचे जाके सोरहा सोतेही सोते उसदुष्ट बधिककी स्त्री ने मेरे गले में सूत्र बांधदिया इससे जब मैं जगा तो मैंने अपनेको मोर देखा तदनन्तर बहुत दुखीहोके इधर उधर घूमते हुए मुझको एक बहेलिये ने पकड़कर इसचंडकेतु को लाकर दिया इसकी स्त्री प्रतिदिन मुझे नचाया करतीरही आज भाग्यवश से आपने यहां आके इस सूत्रको खोलके मुझे मनुष्य बनाया अब यहां से निकल चलिये क्योंकि यह प्रतीहार इसीप्रकार रात्रि के समय मिलेहुए बहुत से पुरुषों को मंत्रके खुलजाने के भय से मारचुका है बाहरकी कुंडीबन्द है इसकारण द्वारसे तो जानहीं सके हैं इससे आप इस सूत्रको गले में बांधकर मोरबन के झरोखे के द्वारा बाहर चले जाइये मैं हाथ फैलाकर आपके गलेसे यह सूत्र खोललूंगा और इसी को बांधके मोर-बनके मैं भी बाहर चलाऊंगा तब आप मेरे गले से डोरा खोल दीजियेगा उसके यह वचन सुनकर मृगांकदत्त इसी युक्तिसे बाहर चलागया और भीमपराक्रम भी निकल गया इसप्रकार संकट से छूटकर वह दोनों श्रुतधि तथा बिमलबुद्धि के पासगये और वहां रात्रिभर अपना २ वृत्तान्त कहते सुनते रहे प्रातःकाल भिल्लराज मायाबटु मृगांकदत्त के पास आया और यह पूछकर कि आप रात्रि भर सुख से रहे बोला कि चलिये द्यूत खेलें उसके यह वचन सुनके श्रुतधि ने उसके साथ उस प्रतीहारको देख कर कहा कि द्यूत खेलकर क्या कीजियेगा क्या आपने जो आज प्रतीहार के मोर का नृत्य देखने को कहा था वह आपको स्मरण नहीं है यह सुनके मायाबटु ने प्रतीहार से कहा कि जाकर मोर ले-आओ उसकी यह आज्ञापाकर वह प्रतीहार यह शोचकर कि मैं उस चोरको मारना भूलगया अबज-ल्दीसे जाके उसे मारकर मोर लेआऊं, जल्दीसे अपने घरकोगया वहां उस मोरको तथा चोरको न देख के वह महाभयभीतहोके लौटकर मायाबटुसे बोला कि हे स्वामी रात्रिके समय कोई चोर वह मेरा मोर चुराकर लेगया उसके यह बचनसुनकर श्रुतधिको मुस्कुराते देखके मृगांकदत्तादिक परस्पर देखकर हँ-सनेलगे यह देखकर मायाबटुने बहुत आग्रह करके मृगांकदत्त से पूछा कि आपके हास्यका क्या का-रणहै उसके बहुत आग्रह करनेपर मृगांकदत्तने रात्रिकेसमय जैसे वह प्रतीहार मिलाथा सो सबवृत्तान्त विस्तारपूर्वक कहदिया उस वृत्तान्तको सुनकर, अन्तःपुरमें चेरीकी उँगली कटीहुई देखकर और भीम-पराक्रमकेगलेमें सूत्रबांधके उसको मोरबनाके फिरमनुष्यरूपहुए भीमपराक्रमसे प्रतीहारका प्रतिदिनका सबवृत्तान्त पूछकर मायाबटुने उस दुष्ट प्रतीहारको मरवाडाला और मृगांकदत्तके समझाने से मंजुमती रानीको न मारकर त्याग दिया इसप्रकार उसदुष्ट प्रतीहारको मरवाकर मृगांकदत्त अपने अन्य मंत्रियों के मिलजानेकी आशा करताहुआ शशांकवतीके लियेउत्कण्ठितहोकर भी कुछ दिन वहांरहा २०५ ॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांशशांकवतीलम्बकेचतुर्थस्तरंगः ४ ॥

इसप्रकारसे भिल्लराज मायाबटुके यहां विमलबुद्धि आदिक मंत्रियोंसमेत मृगांकदत्त जिनदिनों रह-ताथा उन्हीं दिनों एकसमय मृगांकदत्तके आगे मायाबटुके सेनापतिने उससे आकरकहा कि हेस्वामी आपने जो भगवती के बलिदान के निमित्त वीरपुरुष लानेको कहाथा सो आज हमें एक ऐसा वीरपु-

रुथ मिलाहै जिसने अकेलेही हमारीसेनाके पांचसौ वीर मारडाले उसको बड़े उद्योगसे हमलोग लाये हैं यहसुनकर मायावटुने कहा कि अच्छा उसे यहां लाओ मैंभी देखूं कि वह कैसा वीरहै उसकी यह आज्ञा पाके सेनापति पाशमें बँधेहुए उसपुरुषको उसके सम्मुख लेगया वहां शस्त्रों से घायल पाशमें बँधे हुए उस वीरको देखकर मृगांकदत्तने एकाएकी उसे अपनागुणाकर मंत्री जान के उठके दौड़कर अपने गलेसे लगालिया और वहभी उसके चरणोंपर गिरपड़ा यहदेखकर मायावटुने विमलबुद्धिसे पूछकर कि यह कौनहै उसे अपनेपास बुलाकर उसका बड़ा सत्कार किया और वैद्यों को बुलवा घावों में पट्टीबँधवाके उसेपथ्य भोजनकरवाया तदनन्तर मृगांकदत्तने गुणाकरसे पूछा कि हे मित्र तुम इतने दिनोंका अपना सब वृत्तान्त कहो यह सुनकर गुणाकर कहनेलगा कि हे स्वामी सुनिये उस सर्पके शाप से जब मैं आपलोगोंसे वियुक्तहोकर चला तो मोहसे मुझे बहुत दूरतक कुछभी नहीं मालूमहुआ बहुत कालमें उसमोहके दूरहोजानेपर दुखितहोके मैंने शोचा कि ब्रह्माकी विलक्षणगतिहै जिस मृगांकदत्तको एक महलसे दूसरे महलके जानेमें क्लेश होताथा उसकी इसवनमें क्या दशा होतीहोगी और मेरे सब मित्रोंकी क्या गति हुईहोगी इसप्रकार शोचताहुआ मैं विन्ध्यवासिनीके मन्दिरपर पहुँचा वहां एकमृतकपुरुषके गले में खड्गलगा देख के यहजानके कि इसने अपना बलिदान कियाहै मुझेभी यह इच्छा हुई कि मैंभी अपनाशिर भगवतीको भेंटकरके भगवतीको प्रसन्नकरूं यह शोचकर जैसेही भगवतीको प्रणामकरके मैंने उस पुरुषके गलेमेंसे खड्ग निकाला वैसेही एक वृद्धतापसी ने दूरही से मुझे निवारण कर निकट आके मेरा सब वृत्तान्त पूछकेकहा कि हेपुत्र ऐसा मतकरो मरे मनुष्योंकाभी फिर समागमहोजाताहै फिर जीतोंकी क्या कहैं इस विषय पर मैं तुमको एककथा सुनाती हूं अहिच्छत्रानाम एक अतिसुन्दर नगरी में उदयतुंगनाम राजा था उस राजाके कमलामति नाम प्रतीहारथा उसके विनीतमति नाम महाउदार वीरपुत्रथा उसने एकसमय अपने महलपर बैठे २ कामरूपी कल्पवृक्षके पत्तेसे बनेहुए पूर्वदिशारूपी स्त्री के कर्णफूलके समान चन्द्रमाको उदितहुआ देखकर और उसकी किरणों से सम्पूर्ण संसारके अन्धकारको दूरहुआ जानकर प्रसन्नहोकर शोचा कि चन्द्रिकासे सम्पूर्ण मार्ग ऐसे उज्वलहोरहेहैं मानों सर्वत्र चूना पुताहुआहै इस समय में अकेला जाकर जो विहारकरूं तो बड़ा आनन्द होगा यह शोचके वह धनुषलेके घूमनेको निकला एक कोशजाकर अकस्मात् रोनेकासा शब्द उसे सुनाई दिया उस शब्दके अनुसार उसने कुछदूरजाकर एक वृक्षकेनीचे एक दिव्यस्त्रीको रोतेदेखकर पूछा कि हे सुन्दरी तुमकौनहो और अश्रुओंसे इस मुखको कलंकित चन्द्रमाके समान क्योंकरतीहो यह सुनकर वहबोली कि मैं गन्धमालीनाम सर्पकी विजयवतीनाम पुत्रीहूं एकसमय रणसे भागजानेके कारण मेरे पिताको वासुकिने यह शापदिया कि हे पापी तू अपनेशत्रुसे पराजितहोके उसका दासहोगा इसशाप मे कालजिह्वनाम यक्ष मेरे पिताको जीतकर अपना दासबनाके रोज उसपर फूल लदवानेलगा इस दुःखमें मैंने तप करके श्रीभगवतीको प्रसन्नकिया प्रसन्नहुई भगवतीने प्रत्यक्षहोकर मुझसे कहा कि हे पुत्री मानसरोवर तड़ागके भीतर एक हजार दलों से युक्त स्फटिक पत्थरका कमल है उसपर सूर्य्य की

किरणों के पड़नेसे ऐसी शोभाहोती है कि मानों मणियोंकी किरणोंसेयुक्त शेषजीका हजारफणवाला शिरहै एक समय उस कमलको देखकर कुबेरजीने उसमें श्रीशिवजीके पूजनका प्रारम्भकिया और उन के सेवक सम्पूर्ण यक्ष चक्रवाक तथा हंसादि पक्षियोंका रूप धारण करके वहीं विचरनेलगे उनमें तुम्हारे शत्रु कालजिह्वका ज्येष्ठ भाई विद्युज्जिह्वभी चक्रवाकका स्वरूप धारणकरके अपनी प्रियाके साथ विहार कररहाथा भाग्यवशसे उसके पक्षके लगने से कुबेरके हाथसे अर्घपात्र गिरपड़ा इससे कुबेरने कुपित होके उसे यह शापदिया कि हे दुष्ट तू अपनी स्त्री समेत यहाँ चक्रवाकही रहैगा इस शापसे वह चक्रवाकही होगया उसके स्नेहसे तुम्हारा शत्रु कालजिह्व तुम्हारे पिता समेत वहीं रहताहै इससे तुम अहिच्छत्रा नाम नगरी के प्रतीहारके पुत्रको उससे लड़ने को भेजो यह घोड़ा तथा खड्ग उसे देदो इसी के प्रभावसे वह उसे जीतलेगा यह खड्ग जिसके पास होताहै वह शत्रुओं को जीतकर सम्पूर्ण पृथ्वी का राजा होताहै यह कहकर घोड़ा तथा खड्ग मुझे देकर भगवती अन्तर्द्धान होगई इससे मैं तुमको प्रेरणा करनेके लिये यहाँ आईहूं इस समय तुम्हें जाते देखकर मैंने रोदनके शब्दसे यहाँ बुलाया है अब तुम मेरे प्रयोजनको सिद्धकरो यह सुनकर विनीतमति ने उसके वचन स्वीकार करलिये तब उस नागकन्या ने वह श्वेत घोड़ा तथा दिव्य खड्ग उसे लाकर देदिया ५४ उस खड्ग को लेकर विनीतमति उस कन्यासमेत उसी घोड़ेपर चढ़के शीघ्रही मानसरोवरपर प्राप्तहुआ वह मानसरोवर वायुसे कंपित कमलरूपीहाथों से और चक्रवाकोंके कूजित शब्दों से मानों कालजिह्वपर दयाकरके उससे निषेध कररहाथा कि इसे मतमारो वहाँ विनीतमतिने यक्षोंके वशमें गन्धमाली सर्पको देखके उसके छुटाने के लिये बहुतसे यक्षों को खड्गसे मारा यक्षों को मरते देखकर कालजिह्व मेघके समान गर्जकर युद्ध करने के लिये आया उसे देखतेही विनीतमति ने दौड़कर उसके बालपकड़ के जैसेही शिरकाटना चाहा वैसेही उसने कहा कि मैं शरणागतहूं मेरी रक्षाकीजिये यह दीन वचन सुनकर विनीतमतिने उसे छोड़दिया छूटकर कालजिह्व ने उसे एक ईतिनाशक अंगूठी दी और उस गन्धमाली सर्पको दासभावसे छोड़दिया दासभावसे छूट कर गन्धमालीने अपनी वह विजयवती कन्या उसे देदी और प्रसन्नहोकर अपने घरको चलागया उस के चलेजाने पर विनीतमति खड्ग अंगूठी घोड़ा तथा विजयवती को लेकर अपनी अहिच्छत्रापुरी को लौट आया और अपने पितासे सब वृत्तान्त कहकर उस नागकन्याके साथ सुख पूर्वक रहनेलगा एक समय विनीतमतिसे उसके पिता कमलमतिने एकान्त में कहा कि हे पुत्र इस उदयतुंगनाम राजा की उदयवती नाम परम सुन्दरी जो कन्याहै उसने सम्पूर्ण विद्याओं में बड़ा अभ्यास कियाहै इससे राजा ने यह प्रणकिया है कि जो ब्राह्मण अथवा क्षत्री इसको वादमें जीतेगा उसीके साथ मैं इसका विवाह करूंगा इससे उस कन्याने बहुतसे पुरुषोंको वादमें जीत भी लियाहै अब मैं चाहताहूं कि तुम उसके साथ वादकरके उसे जीतकर उसके साथ विवाहकरो क्योंकि तुम भी सम्पूर्ण विद्याओं में बड़े निपुण हो यह सुनकर विनीतमतिने कहा कि हे तात यद्यपि मैं ऐसी चतुरस्त्रियों से वाद नहीं करसक्ताहूं तथापि आपकी आज्ञा मुझे अवश्य पालनीयहै उसके यह उचित वचनसुनकर कमलमतिने राजाके पास जा-

कर कहा कि प्रातःकाल इस दासकापुत्र विनीतमति राजपुत्री के साथ वादकरेगा यह सुनकर राजा ने कहा कि बहुत अच्छा कल प्रातःकाल उसे लाइये राजाके यह बचनसुनके विमलमतिने अपने घरमें जाकर अपने पुत्रसेकहा कि कल प्रातःकाल तुमको राजपुत्रीके साथ वाद करनाहोगा इसके उपरान्त दूसरेदिन प्रातःकाल कमलमतिके साथ विनीतमति अनेक विद्वानोंसे युक्त राजसभामें राजपुत्रीके साथ वाद करनेको गया उसे देखकर राजाने उदयवती को बुलवाभेजा राजाकी आज्ञापाके क्षणभरमें कामदेव की मूर्तिमती शक्तिके समान राजपुत्री उदयवती सभामें आकर नीलमणिके आसनपर बैठी जो निर्मल आकाशमें कलंकरहित चन्द्रमा उदयहोय तो नीलमणि के आसनपर बैठीहुई उदयवतीकी उपमा बने उसके रत्नजटित आभूषण ऐसे शब्दायमान होरहे थे कि मानों पहलेही से उसके पूर्व्व पक्षोंका उत्तर देरहे थे उसके अंगोंकी शोभा देखकर और विनीतमतिको देखकर राजाने योग्य समागम जानके उससे कहा कि हे पुत्री तुम विनीतमतिसे पूर्व्वपक्षकरो राजाकी यह आज्ञापाकर दांतोंकी किरणरूपी सूत्रों में सुन्दर पदरूपी रत्नोंकी माला बनातीहुई विनयवती ने विनीतमतिसे प्रश्नकिया और विनीतमतिने उसके पद २ को काटकर उसे निरुत्तर करदिया विनीतमतिके उत्तरको सुनकर सम्पूर्ण सभासद विनीतमतिकी बड़ी प्रशंसा करनेलगे इस प्रशंसाको सुनकर राजपुत्री ने पराजयहोनेपर भी सत्पतिके मिलनेसे अपनी विजयहीमानी तब राजा उदयतुंगने बहुत प्रसन्नहोकर शुभ लग्न देखके विनीतमति के साथ उदयवतीका विवाह करदिया इसप्रकार राजपुत्री तथा नागपुत्रीको पाकर विनीतमति सुखपूर्व्वक उनके साथ रहनेलगा ८३ एक समय द्यूत खेलतेहुए विनीतमतिसे किसी ब्राह्मणने आके हठ करके भोजनमांगा उस समय द्यूतकी व्यग्रतासे उसने क्रोधकरके अपने किसी सेवकसे कानमें कह दिया कि इसे किसी पात्रमें बालूभरके वस्त्रसे ढककरदेदो उसकी यह आज्ञापाकर सेवकने ऐसाही किया उस ब्राह्मणने उस पात्रको भारी समझ सुवर्ण से भराजानकर एकान्तमें जाकर खोला और उसमें केवल बालू भरीदेखके महादुखीहोके किसी अन्य गृहस्थके यहां जाकर भोजन किया विनीतमतिभी इस बात का कुछ विचार न करके सुखपूर्व्वक अपनी प्रियाओं के साथ रहनेलगा इसके उपरान्त कुछकाल व्यतीत होजानेपर राजा उदयतुंग वृद्धावस्थासे शिथिल होकर अपुत्रहोनेके कारण अपना सम्पूर्ण राज्य विनीतमतिको देकर गंगाजीके तटपर तपकरनेको चलागया राज्यको पाकर विनीतमति घोड़े तथा खड्ग के प्रभावसे सम्पूर्ण दिशाओंको जीतकर चक्रवर्त्ती राजाहोगया ईतिनाशक अंगूठीके प्रभावसे उसका सम्पूर्ण राज्य दुर्भिक्ष आदिदोषों से रहितथा एक समय किसी देशसे रत्नचन्द्रमति नाम भिक्षुकने आकर राजासे मिलके अतिथि सत्कार स्वीकार करनेके पीछे कहा कि हे राजा आप हमारेसाथ वाद कीजिये जो मैं आपको जीतलूं तो आप जैनमतको स्वीकार कीजियेगा और जो आप मुझे जीतलीजियेगा तो मैं इस वेषको त्यागकर ब्राह्मणोंकी शुश्रूषा करूंगा उसके यहवचन सुनकर राजा ने उसके साथ वाद करना प्रारम्भकिया वाद करते २ आठवेंदिन भिक्षुकने राजाको जीत लिया इससे राजाविनीतमति भिक्षुककी आज्ञा से जैनी होकर ब्राह्मणोंके लिये तथा भिक्षुकों के लिये सदावर्त्त तथा धर्मशाला

बनवाकर जिनदेवका पूजन करनेलगा कुछकाल पूजनकरके शान्तचित्तहोके राजाने उसभिक्षुकसे कहा कि आप कृपाकरके सम्पूर्ण जीवोंका उपकारक बौद्धमत मुझे बतलाइये उसीका अवलम्बन में करूंगा राजाके यह वचनसुनकर भिक्षुकने कहा कि पापरहित पुरुषोंको बौद्धमतका अवलम्बन करना चाहिये यद्यपि कोई आपका प्रकटपाप हमलोगोंकी दृष्टिमें नहीं है तथापि मेरी बताईहुई स्वप्नकी युक्तिसे आप अपने सूक्ष्म पापको देखकर उसकी शान्ति कीजिये. यह कहकर उसने वह युक्ति बतादी और राजाने भी उसरात्रिमें उसकी युक्तिसे स्वप्नदेखकर प्रातःकाल उससेकहा कि हे आचार्य्य आज रात्रि के समय स्वप्नमें मैं परलोकको गयाथा वहां क्षुधासे बहुतपीड़ित होकर मैंने अन्नमांगा तब दंडधारी कुछ पुरुषों ने मुझसे कहा कि बहुतसी तसबालू धरीहै उसे तुमखाओ जो तुमने भूखेब्राह्मणको दीथी दशकरोड़ अशर्फियोंका दान करके तुम इसपातकसे छूटोगे उनपुरुषोंके वचनसुनकर मेरी निद्रा खुलगई यहकहकर राजाने दशकरोड़ अशर्फियों का दान करके फिर वही स्वप्न देखनेकी युक्तिकी और स्वप्न देखकर दूसरे दिन प्रातःकाल उस भिक्षुक से कहा कि आजभी मैं स्वप्न में परलोकको गया और वही बालू मुझे भोजन करनेके लिये उन्हीं पुरुषोंने दी उस बालूको देखकर मैंने उनसे पूछा कि आपका बतायाहुआ दान करनेपर भी मुझे वह बालू क्यों खाने को मिली. यह सुनकर उन पुरुषों ने कहा कि वह तुम्हारा दान व्यर्थ होगया क्योंकि उसमें एक अशर्फी किसी ब्राह्मणकी थी यह स्वप्न देखकर मेरी निद्रा खुल गई यह कहके राजाने फिर दशकरोड़ अशर्फियोंका दान करके रात्रिके समय उसी युक्तिसे स्वप्न देखके प्रातःकाल भिक्षुकसे कहा कि आजभी उन पुरुषोंने मुझे बालूही खानेको दी और पूछनेपर कहा कि हे राजा तुम्हारा यह दानभी व्यर्थ होगया क्योंकि आज तुम्हारे देशके किसी वनमें चोरों ने एक ब्राह्मण को लूट कर मारडाला है उसकी रक्षा तुम्हारेद्वारा नहीं होसकी. इसी से तुम्हारा यह दानव्यर्थ होगया इससे अब तुम द्विगुण दानकरना उनके यहवचन सुनकर मेरी निद्रा खुलगई यहकहके राजाने द्विगुण दानकरके उस भिक्षुक से पूछा कि हे आचार्य्य मुझसरीके मनुष्य इसधर्म का पालन कैसे करसक्ते हैं जिसमें अनेक प्रकारकी बाधालगीही रहती हैं यहसुनकर उसभिक्षुकने कहा कि हे राजा इतने में उकताकर धर्म में अनुत्साह न करना चाहिये क्योंकि स्वधर्म्मावलम्बी उत्साहवान् धीर पुरुषोंकी रक्षा देवता लोग आपही करते हैं और उनके मनोरथोंको पूर्ण करते हैं इस विषयपर में आपको एक बुद्धके अवतार बाराहकी कथा सुनाताहूं कि पूर्व्वसमय विन्ध्याचलकी गुहामें एक बाराह अपने मित्र बानरसहित रहताथा और अपनी शक्ति के अनुसार सदैव अतिथियों का सत्कार किया करताथा. एक समय वहां लगातार पांच दिनतक जलकी वृष्टिहुई जिससे कोई भी प्राणी अपने २ स्थानको छोड़कर बाहर नहीं निकला पांचवें दिन रात्रि के समय बाराह तथा बानर के सोजाने पर एक सिंह अपनी सिंहिनी तथा बच्चे समेत उसी गुफा के द्वारपर आकर सिंहिनी से बोला कि इस दुर्दिन में कोई जीव न पाकर हम तीनों अवश्यही भूखों से मरजांयगे यह सुनकर सिंहिनीने कहा कि क्षुधासे सबका मरना संभवहै इस से मुझे खाकर आप दो जने अपने २ प्राणों की रक्षा कीजिये क्योंकि आप और यह पुत्र यही मेरे

सर्वस्व हैं और मुझसरीकी स्त्री आपको पीछे भी मिलजायगी उन दोनोंका यह वार्त्तालाप उस वाराह ने अकस्मात् जगके सुनकर प्रसन्नता पूर्व्वक शोचा कि कहां यह रात्रि कहां यह दुर्दिन और कहां ऐसे अतिथिकी प्राप्ति आज मेरे किसी पूर्व पुण्यका उदय हुआहैइससे शीघ्रहीजाके इस अपने क्षणभंगुरशरीर से इन अतिथियों को जाकर तृप्तकरूं यह शोचकर वह वाराह बाहर आके सिंहसे बोला कि तुम खेदमतकरो मुझे खाकर अपने प्राणों की रक्षाकरो उसके यह वचन सुनकर सिंह ने प्रसन्नहोके सिंहिनीसे कहा कि पहले यह बच्चा इसको खाय फिर मैं खाऊंगा तदनन्तर तुम खालेना यह कहकर वह सिंह प्रथम थोड़ासा उसका मांस अपने बच्चेको खिलवाकर आपखानेलगा उस खातेहुए सिंहसे महा सत्त्ववान् वाराहने कहा कि प्रथम तुम मेरा रुधिर पीलो क्योंकि यह मट्टी में मिलाजाताहै फिर मांस खाना और जो तुमसे बचेगा वह तुम्हारी प्रियाखायगी उसके यह वचन सुनकर सिंहने रुधिरपीकर उस का मांसखाते २ केवल हड्डियां छोड़ी और इतनेपरभी उसशूकरके प्राण नहीं निकले मानों वह उसके धैर्य्यके देखनेकोही ठहरेहुएथे इतनेमें वह सिंहिनी क्षुधासे अत्यन्त व्याकुलहोकर मरगई तब सिंह अपने बच्चेको लेकरकहीं चलागया और रात्रि व्यतीतहोगई प्रातःकाल उस वन्दरने जगके बाहरआके उसवाराहकी यह दशादेखके पूछा कि हे मित्र तुम्हारी यहदशा कैसेहुई यह सुनकर उस धीरवाराहने अपनासब वृत्तान्त कहदिया उसवृत्तान्तकोसुनकर वानरने रोकर उसके पैरोंपर गिर के कहा कि तुम किसी देवता का अंशहो नहीं तो तुम्हारी बुद्धि ऐसी नहीं होती अब इसअन्त समय में तुमको कोई अभिलाषहोय सो बताओ उसे मैं पूर्णकरूं उसवानरके वचन सुनकर वाराहने कहा कि जो मेरा अभिलाषहै उसेब्रह्मा भी नहीं पूर्ण करसक्ता मैं चाहताहूं कि यह जो सिंहिनी मेरे देखतेही देखते क्षुधासे मरगई है वह फिर जी उठे और मेरे शरीर में फिर मांसहोआवे उसे खाकर यहतृप्तहोय उसके इसप्रकार कहने पर साक्षात् धर्म ने प्रकटहोकर अपने हाथके स्पर्शसे उसे मुनीश्वर बनाके कहा कि मैंनेही सिंहका स्वरूप धरके तुम्हारी परीक्षाकीथी तुमने उसपरीक्षामें मुझे प्रसन्नकरके मुनीश्वरत्व पाया धर्मके यहवचन सुनकर उसमुनिने कहा कि इस अपने मित्रको वानररूपमें देखकर मुझे यह मुनीश्वरत्व अच्छानहीं मालूमहोताहै यह सुन कर धर्मने वानरकोभी मुनिबनादिया ठीकहै ( ध्रुवंफलायमहते महद्भिस्सहसंगमः ) महात्माओंकी संगतिसे अवश्य महाफल प्राप्तहोता है तदनन्तर धर्म अन्तर्द्धान होगया और वह मरीहुई सिंहिनीभी न जाने कहांगई इसप्रकारसे सत्त्वकेबलसे धर्म के उत्साहको न छोड़कर कार्य्यकरने वाले धर्मात्मा पुरुषों के मनोरथ देवताओंकी सहायतासे सिद्धहोतेहैं १५१ भिक्षुकके यह वचन सुनके विनीतमतिने फिर वही स्वप्नकी युक्तिकरके रात्रिमें स्वप्नदेखकर प्रातःकाल भिक्षुकसे कहा कि हे आचार्य्य आज स्वप्नमें मुझसे किसी दिव्य मुनिने कहा कि हे पुत्र तुम निष्पापहोगये अब बौद्धमतका अवलम्बन करो उसके यह वचन सुनकर मेरी निद्राखुलगई यह कहकर उसने भिक्षुकसे शुभ मुहूर्त्त में बौद्धधर्मकी शिक्षाली और याचकोंको बहुतसा धनबांटा दानके प्रभाव से उसकाधन अक्षयहोगया क्योंकि ( धर्ममूलाहिसम्पदः ) धर्महीं संपत्तियोंकामूल कारणहै इसके उपरान्त एक दिन एक अर्थी ब्राह्मणने उसके पास आकर कहा

कि हे राजा मैं पाटलिपुत्र नगरका रहनेवाला ब्राह्मणहूं मेरी अग्निशालामें एक ब्रह्मराक्षस रहताहै उस ने बहुत दिनोंसे मेरे पुत्रपर अपना आवेश कर रक्खाहै उसपर मेरा कोई भी उपाय नहीं चलता इससे मैं आपके पास याचना करनेको आयाहूं कि आप अपनी सर्वदोष नाशक अंगूठी मुझे देदीजिये उस की यह याञ्चा सुनकर राजा विनीतमतिनें कालजिह्वसे मिलीहुई अपनी अंगूठी उसे हर्षपूर्व्वक देदी अंगूठीलेके उस ब्राह्मणके चलेजाने पर राजाकायश सम्पूर्ण दिशाओंमें फैलगया उसके उपरान्त एक समय उत्तर दिशासे एक इन्दुकलशनाम राजपुत्र विनीतमतिके पास आकरबोला कि हे राजा आप इस संसारमें याचकोंके चिन्तामणिहो आपके पाससे कोई भी अर्थी विमुख नहीं जाता मुझे कनककल- शनाम मेरे भाईने मेरा सम्पूर्ण राज्यछीनकर निकालदिया है इससे मैं आपके पास याञ्चाकरने को आयाहूं आपके पास जो घोड़ा और दिव्य खड्ग है वह मुझे देदीजिये तो मैं उसके प्रभाव से अपने शत्रुओंको जीतलूं उसकी यह प्रार्थना सुनके विनीतमतिने मंत्रियोंके निवारण करनेपरभी वह खड्ग तथा अश्व उस राजपुत्रको देदिये खड्ग तथा घोड़ेको लेकर उस राजपुत्रने अपने भाईको जीतकर राज्य पाया और राज्यसे भ्रष्टहुआ उसका भाई कनककलश विनीतमति की नगरी में आकर अग्निमें जलनेको उद्यतहुआ दूतों से यह बात सुनकर विनीतमति ने अपने मंत्रियों से कहा कि मेरेही अपराध से इस विचारेकी यह दशाहुई है इससे मैं अपना राज्य इसेदेकर इससे अनृणहोजाऊं इस निष्प्रयोजन राज्यसे मेरा क्या प्रयोजनहै मुझ अनपत्यका यही पुत्रके समानहोकर राज्यलेले यह कहके विनीतमतिं कन- ककलशको बुलाके राज्यदेकर अपनी दोनों स्त्रियोंको साथलेके पुरके बाहरचला उसेजाते देखकर हाय २ जगतके तृप्त करनेवाले सम्पूर्ण चन्द्रमाको अकस्मात् मेघने आकर आच्छादित करलिया सबकी आ- शाके पूर्णकरनेवाले इस राजारूपी कल्पवृक्षको ब्रह्माने क्यों छीनलिया इत्यादि विलापकरते २ सम्पूर्ण पुरवासी उसके पीछे २ चले उन सबको पीछे आता देखकर विनीतमति उन्हें समझाके और लौटाके वनकोचला चलते २ जल तथा वृक्षोंसे रहित सूर्य्यकी किरणोंसे संतप्त बालुकावाली मरुभूमिमें पहुँचा वहां तृपासे व्याकुलहोके एक स्थानमें बैठकर श्रमको दूरकरनेलगा बैठे २ उसे तथा उसकी स्त्रियों को निद्रा आगई क्षणभर पीछे उसने जगकरदेखा कि एक बड़ा सुन्दर उपवन लगाहुआहै उसमें हरी २ दूब सर्वत्र कोमल रेशमीवस्त्रोंके समान बिछीहुई है फलोंके भारसे नानाप्रकारके वृक्षझुकरहे हैं छाया में सुन्दरम- णिमय शिलाबिछीहुई हैं और प्रफुल्लित कमलोंसे आच्छादित निर्मलजलवाली बावड़ी भरीहुई हैं वह उपवन क्याथा मानों राजाके दानके प्रभावसे नन्दनवनही स्वर्गसे उतर आयाथा उस उपवनको देखकर विनीतमति ने शोचा कि यह स्वप्नहै अथवा मेरा भ्रमहै या मेरे ऊपर किसी देवताका अनुग्रहहै उसके इसप्रकार विचार करनेपर दो सिद्धोंने हंसोंका स्वरूप धारण करके आकाशमें आकर उससे कहा कि हे राजा अपने सत्त्व के माहात्म्यमें तुमको क्या आश्चर्य्य होरहाहै इससे सदैव फलने फूलनेवाले इस वनमें तुम स्वेच्छा पूर्वक निवासकरो सिद्धोंके यह वचन सुनकर वह सुखपूर्वक अपनी स्त्रियोंसमेत उस वनमें तप करनेलगा एक समय उसने किसी पुरुषको फांसीलगाकर मरनेकेलिये उद्यत देखकर शीघ्रही

उसके पास जाकर प्रियवचन कहके मृत्यु से निवारण करके उससे पूछा कि हे भाई तुम मरने के लिये क्यों उद्यतहुएहो उसने कहा कि सुनिये मैं आपसे अपना सब वृत्तान्त वर्णन करताहूं सोमदेशके नागशूरनाम एक निवासीका सोमसूरनाम मैं पुत्रहूं जिस समय मेराजन्म हुआथा तो ज्योतिषियोंने कहा था कि यह चोरहोगा इस भयसे मेरे पिताने यत्नपूर्वक मुझे धर्मशास्त्र पढ़ाया परन्तु मेरे पिताका यह श्रम व्यर्थहुआ क्योंकि धर्मशास्त्र पढ़करभी मैं चोरी करनेलगा ठीकहै (कस्यप्राक्कर्मकेनेह शक्यते कर्तुमन्यथा) किसके प्राक्तनकर्मको कौन झूंठ करसक्ताहै एक समय पुररक्षकोंने चोरीकरतेहुए मुझे पकड़कर वध करनेके लिये शूली देनेके स्थानमें लेजाकर शूली देनाचाहा उसी समय राजाका उन्मत्त हाथी गजशालासे छूटकर अनेक पुरुषोंको मारताहुआ उसीस्थानमें आया इससे वह वधिक मुझे छोड़कर भागगये और मैंभी अपने प्राणबचे जानकर वहांसे भागा वहांसे भागकर मैंने सुना कि जबमुझे मारनेके लिये वधिकलोग वधके स्थानमें लेगये तब शोक से मेरे पिताके प्राण निकलगये और मेरी माताभी शोकके कारण उन्हींके साथ सतीहोगई यह समाचार सुनके मैं शोक से व्याकुलहोके अपने शरीरको त्यागनेके लिये घूमताहुआ इस निर्जनवनमें आया यहां आतेही अकस्मात् एक स्त्री ने आकर मुझसे कहा कि हे पुत्र तुम राजर्षि विनीतमतिके आश्रममें प्राप्तहुएहो इससे तुम्हारा सब पापदूरहो गया और उसी राजर्षिसे तुमको यहां ज्ञान प्राप्तहोगा यह कहकर वह अन्तर्द्धान होगई और मैं उस राजर्षिको बहुत ढूंढ़कर उसे न पाके शोकसे प्राणदेनेको जैसेही उद्यतहुआ वैसेही आपने देखलिया २०१ सोमसूरके यह वचन सुनकर विनीतमतिने उसे अपने आश्रममें लेजाकर उसका अतिथिसत्कारकरके अपना नाम बताके उससे कहा कि हे वत्स अज्ञानका त्याग करनाचाहिये क्योंकि उससे मनुष्यकीबुद्धि विपरीत होजाती है और दोनों लोकोंकी हानिहोती है इस बातपर मैं तुमको एककथा सुनाताहूं कि पांचालदेशमें देवभूतिनाम एक वैदिकब्राह्मण रहताथा उसके भोगवतीनाम सतीस्त्रीथी एकसमय देवभूति के स्नानकरनेके निमित्त जानेपर भोगवती शाकलेनेके निमित्त शाकवाटिकामें गई वहां धोबीके गधे को शाकखाते देखकर लाठीलेकर उसके मारनेको दौड़ी इससे वह गधा भागकर एक गढ़ेमें गिरपड़ा और उसके एक पैरमें चोट आगई यह जानकर गधेकेस्वामी बलासुरनाम धोबीने आकर लातोंसे तथा लाठियोंसे ब्राह्मणीको बहुतपीटा इससे उस गर्भिणी ब्राह्मणी का गर्भ गिरपड़ा और वह धोबी अपने गधेको लेकर चलागया तदनन्तर देवभूतिने आकर अपनीस्त्रीकी दुर्दशा देखके और सबवृत्तान्त पूछकर पुराध्यक्षसे यह सबवृत्तान्त जाकर कहा पुराध्यक्षने उसका सब वृत्तान्त सुनके धोबी को बुलवाके उनदोनोंकी वार्त्तालाप सुनकर यह न्यायकिया कि इसधोबीके गधेका पैरटूटगया है इसमे जबतक इस गधेको आराम न होय तबतक ब्राह्मण इसका भारढोवे और इसब्राह्मणकी स्त्री का गर्भ गिरपड़ाहै इसमे धोबीही उसके फिर गर्भ उत्पन्नकरे इसन्यायको सुनकर स्त्री सहित वहब्राह्मण विष खाके मरगया इस वृत्तान्तको सुनकर राजाने उस ब्रह्मघाती पुररक्षकको मरवाडाला और मरकर वह हत्यारा बहुत दिन तक नीचयोनिमें भ्रमण करतारहा अर्थात् जन्मलेतारहा इस प्रकारसे अज्ञानरूपी अन्धकार से मोहित

पुरुष अपने दोषोंसे कुमार्ग में चलतेहुए, शास्त्ररूपी दीपक के विना अवश्य भ्रष्टहोते हैं यह कहके विनीतमतिने फिर उससे कहा कि हे पुत्र मैं तुमको बहुतसी उपदेशकी बातें सुनाताहूं पूर्व्व समयके बीच कुरुक्षेत्र देशमें एक मलयप्रभ नाम राजाथा एकसमय दुर्भिक्षमें प्रजाओंको बहुतधन देतेहुए राजामलयप्रभसे मंत्रियोंने कहा कि आपको ऐसा अधिक दानकरना उचित नहीं है मंत्रियोंके यह वचनसुनके इन्दुप्रभनाम राजपुत्रने कहा कि हे तात आप इनमंत्रियोंके कहनेसे दानदेना न छोड़िये क्योंकि आप प्रजाओंके निमित्त कल्पवृक्षहैं और प्रजा आपकी कामधेनुहैं उसके यह वचनसुनके मंत्रियोंके वशीभूत होनेवाले राजाने कहा क्या मेरेपास अक्षयधनहै, जो धनके विनाही मैं प्रजाओंके लिये कल्पवृक्ष वनसक्ताहूं तो तुम्हीं कल्पवृक्ष क्यों नहीं वनतेहो पिताके यह वचन सुनकर इन्दुप्रभ यह निश्चय करके कि यातो मैं तपसे कल्पवृक्षही हूंगा या मरजाऊंगा तपोवनको चलागया तपोवन में उसके घोरतप से प्रसन्नहुए इन्द्रने उससे कहा कि हे पुत्र तुम्हारे ऊपर मैं प्रसन्नहूं तुम अभीष्टवर मांगो इन्द्रके यह वचन सुनके उसने कहा कि हे महाराज मैं अपनेही नगरमें कल्पवृक्ष होजाऊं इन्द्रने कहा कि ऐसाही होगा इन्द्रके इसवरदानसे वह अपनेनगरमें वड़ी २ शाखाओंपरबैठेहुए मनोहर पक्षियोंसे शब्दायमान कल्पवृक्ष होके याचकोंके दुर्लभ मनोरथोंकोभी पूर्णकरनेलगा इससे उसकी सबप्रजा देवताओंके समान सुखभोगनेलगी तदनन्तर कुछ काल व्यतीतहोनेपर इन्द्रने उस कल्पवृक्षके पास आकरकहा कि तुम परोपकार करचुके अव अपना स्वरूप धारणकरके स्वर्गको चलो इन्द्रके यहवचन सुनके कल्पवृक्षरूप राजपुत्रने कहा कि देखिये सामान्य वृक्षभी अपने पुष्पफल तथा पत्तोंसे सदैव उपकारकिया करतेहैं तो कल्पवृक्ष होके मैं इतने लोगोंकी आशाको छुड़ाकर केवल अपनेही सुखके लिये स्वर्गको कैसे जाऊं उसके यह उदार वचनसुनके इन्द्रने कहा कि अच्छा तुम अपनी सम्पूर्ण प्रजाभी अपने साथ स्वर्ग को ले चलो यहसुनकर उस ने कहा कि जो आप मुझपर प्रसन्नहैं तो सम्पूर्ण प्रजाको स्वर्ग लेजाइये मुझे स्वर्ग से कुछ प्रयोजन नहीं है मैं मनुष्यहोकर परोपकारके निमित्त महातप करूंगा उसके यहवचन सुनके इन्द्र अत्यन्त प्रसन्नहोके उसकी सव प्रजाको लेकर स्वर्गको चलेगये और वह राजपुत्र वृक्षपनको त्यागकर वनमें जाके महातपकरके बुद्धरूपहोगया इसीप्रकारसे दानी लोगोंको महा सिद्धि प्राप्तहोती है यह महा दानी की कथा तो मैंने तुमसे कही अव एक महाशीलवान् की कथा सुनिये विन्ध्याचल पर्व्वतपर तोतोंका वड़ा शीलवान् हेमप्रभनाम राजाथा उसे अपने पूर्व्वजन्मका स्मरण वनाथा इसी से वह सदैव धर्मका उपदेश किया करताथा उसके वड़ा अनुरागी चारुमतिनाम एक तोता प्रतीहारथा एकसमय किसी वहेलियेने चारुमति की स्त्री को पकड़कर मारडाला इससे वह चारुमति वहुत शोकाकुल होकर अत्यन्त दुर्व्वलहोगया उसकी यहदशा देखके हेमप्रभने युक्ति पूर्व्वक उसके शोक दूरकरने के लिये कहा कि तुम्हारी स्त्री मरी नहीं है वहेलियेके जालसे निकलकर वह कहीं भागगई है आज मैंने उसे देखा है चलो तुम्हेंभी चलकर दिखाऊं यहकहके वह उसे अपने साथ में लेजाके एकतड़ागके ऊपर जाके उसे उसीका प्रतिविम्ब दिखाकर बोला कि यही तुम्हारी स्त्री है यहसुनकर वह अपने प्रतिविम्बको देख के

प्रसन्नहोके पानी में जाके प्रतिविम्बकाही आलिङ्गन तथा चुम्बन करनेलगा और स्पर्श न पाके तथा शब्द न सुनकर यह शोचनेलगा कि यह मेरा आलिङ्गन क्यों नहींकरती और वोलती क्यों नहीं है यह शोचके उसने ऐसा निश्चय करके कि यह मेरे ऊपर कुपितहोगई है एकआंवला लाके उसप्रतिविम्ब के मुखमें रक्खा वह आंवला पानीमें वहगया इससे उसने यहजानकर कि इसने आंवला फेंकदियाहै खेद युक्तहोकर राजा हेमप्रभसे जाकर कहा कि हे स्वामी अव वह न मेरा स्पर्श करतीहै और न वार्त्तालाप करती है और मैंने उसे आंवला लाकर दियाथा वह भी उसने फेंकदिया यहसुनकर राजाने उससे कहा कि यद्यपि कहनेके योग्य तो नहीं है तथापि मैं तुम्हारे स्नेहसे कहताहूं तुम्हारी स्त्री अव अन्यसे अनुरक्तहोगई है इसीसे वह तुमपर स्नेह नहीं करती है चलो आज चलकर मैं तुमको यह भी दिखाढूं यह कहके उसने उसे अपने साथलेजाके उसके शरीरसे अपना शरीर जोड़के तड़ागमें अपना मिलाहुआ प्रतिविम्ब दिखाया उसप्रतिविम्बको देखके उसने अपनी स्त्रीको अन्यसे अनुरक्त जानके राजासे कहा कि हे स्वामी मैंने आपका उपदेश नहींमाना इसीका यहफल मुझे प्राप्तहुआ अव जो कुछ मुझे करना उचितहोय सोही आप उपदेश कीजिये उसके यह वचन सुनके राजाने उपदेशका अवसर जानके उससे कहा कि(वरंहालाहलंभुक्तमहिर्वद्धोवरंगले।नपुनःस्त्रीपुविश्वासोमणिमन्त्राद्यगोचरः॥कलंकयन्ति सन्मार्गे क्षुपऽपरिभवन्त्यलम्॥ वात्याइवातिचपलाःस्त्रियोभूरिरजोभृतः॥ तत्तासुनप्रसक्तव्यं धीरसत्त्वैः सुवुद्धिभिः।शीलमभ्यसनीयन्तु वीतरागंपदाप्तये) विषखाना अच्छाहै और गलेमें सर्पका वाँधलेना भी अच्छाहै परन्तु मणि मन्त्रादिकों से भी अगोचर स्त्रियोंपर विश्वासकरना उचित नहीं है वहुतरज (रजोगुण और धूल) युक्त आँधी के समान अत्यन्त चपलस्त्रियां सन्मार्गों में चलनेवाले मनुष्योंको कलंकित करके अत्यन्त क्लेश देती हैं इससे धीरसत्त्ववान् पुरुषोंको स्त्रियों से प्रसंग न करके वैराग्यकी प्राप्ति के लिये शीलका अभ्यासकरना चाहिये राजाका यह उपदेश सुनकर चारुमति स्त्रियों को त्यागकर बुद्ध के समान ऊर्ध्वरेताहोगया इसप्रकार शीलवान् पुरुष अपने उपदेशों से अन्य को भी तारते हैं यह शीलवान्की कथाहुई अव मैं तुमको बड़े क्षमावान्की कथा सुनाताहूं २५६ केदारनाम पर्व्वतपर सदैव गंगाजी के स्नानकरनेवाले जितेन्द्री वड़े तपस्वी शुभनयनाम एक वड़े मुनिरहतेथे एकसमय चोरों ने उन्हीं के आश्रम के निकट पहलेका गाड़ाहुआ सुवर्ण खोदकर न पाकर यह जानकर कि मुनि ने ही सुवर्ण लेलियाहै कुटीमें जाकर उनसे कहा कि अरेपाखंडी मुनि हमारा सुवर्णदेदे तू चोरोंका भी चोरहै उनके यहवचन सुनकर मुनिने कहा कि हमने न कुछ लियाहै और न देखाहै यहसुनकर चोरों ने मुनि को लाठियों से खूवपीटा इतनेपर भी मुनि ने वही वचनकहे तव चोरों ने उनको वड़ा दुष्टजानके उनके हाथ पैरकाटके दोनों नेत्र फोड़डाले फिरभी मुनि ने वही वचनकहे तव चोर उन्हें छोड़कर कहीं चलेगये दूसरे दिन प्रातःकाल मुनि के शिष्य शेखरज्योति नाम राजा ने वहां आकर अपने गुरुकी यह दशा देखके और सव वृत्तान्तजानके उन चोरों को ढुँढ़वाकर फांसी देनाचाहा यह जानकर मुनि ने राजा से कहा कि हे राजा जो तुम इनको मारोगे तो मैंभी अपने प्राण देदेऊंगा क्योंकि शस्त्रों ने मेरे अंग कटे

हैं इसमें इनका कौन अपराध है और जो यह कहो कि चोर उन शस्त्रों के प्रेरकथे तो इनका भी प्रेरक क्रोधथा क्रोधका भी प्रेरक सुवर्णका नाश था सुवर्ण नाशका प्रेरक मेरे पूर्वजन्मका पाप था और उस पापका भी प्रेरक मेरा अज्ञान था इससे वही मुख्य अपकारी है उसीका नाशकरना चाहिये और जो इनको अपकारी जानकर मारतेहो तो उपकारीजानके इनकी रक्षा भी करनी चाहिये क्योंकि जो यह मेरे साथ ऐसा उपद्रव न करते तो मैं क्षमा किसपरकरता इससे यह मेरे पूर्णउपकारी हैं इत्यादि अनेक वाक्यों से मुनि ने राजा को समझा के चोरों को वध से बचवाया और इसी क्षमाके माहात्म्यसे उनके अंग ज्यों के त्यों होगये और महासिद्धि उनको प्राप्तहुई इसप्रकारसे क्षमावान् पुरुष संसार से छूटजाते हैं यह क्षमावान् की कथा हुई अब महा धैर्य्यवान् की कथा सुनिये २७७ पूर्व्व समयमें मालाधर नाम एक ब्राह्मण का पुत्र आकाशमें जातेहुए किसी सिद्धकुमारको देखकर उसकी ईर्ष्या से तृणों के पक्ष बाँधके उछल २ के आकाश में उड़ना सीखने लगा इस प्रकार से प्रति दिन व्यर्थ परिश्रम करते हुए उसको एक दिन आकाशसे स्वामिकार्त्तिकजी ने देखकर शोचा कि यह धैर्य्ययुक्तहोकर दुर्लभ कार्य्य में भी कैसा श्रमकररहाहै इससे इस बालकपर मुझे दया करनी चाहिये यह शोचकर उन्हों ने उसबालक को अपना गण बनालिया इसप्रकार धैर्य्यसे देवताभी प्रसन्नहोते हैं यह धैर्य्यवान्की कथाहुई अब ध्यानवान्की कथासुनिये पूर्व्वकालके बीच कर्नाट देशमें विजयमाली नाम महाधनवान् वैश्यके मलयमाली नाम पुत्रथा एक समय मलयमालीने अपने पिताके साथ राजद्वारमें जाके राजा इन्दुकेशरीकी इन्दुयशानाम कन्याको देखा उसे देखतेही वह ऐसा उसपर आशक्तहोगया कि उसे न रात्रिको निद्रा आई न दिनको कुछ क्षुधालगी और लोगों के पूछनेपर भी वह कुछ न कहके उसी के ध्यानमें मूकसा बनारहा उसे इसप्रकारसे व्याकुल देखके राजाके चित्रकर मन्थरकनाम उसके मित्रने उससेकहा कि हे मित्र क्या कारणहै कि तुम किसी की न सुनतेहो और न अपनी कहतेहो मैं तुम्हारा परममित्रहूं मुझ से अपना सब वृत्तान्तकहो उसके यह वचन सुनकर मलयमाली ने अपना सबवृत्तान्त उससे कह दिया यह सुनकर मन्थरकने कहा कि तुम वैश्यके पुत्रहो तुमको राजपुत्रीकी इच्छा न करनी चाहिये अपने २ योग्यही अभिलाषा करने से सबका कल्याणहोताहै सामान्य तड़ागों की कमलनियोंकी इच्छा हंसकरे तो उचित है परन्तु विष्णुभगवान्के नाभि कमलकी उसको इच्छा न करना चाहिये उसके इस प्रकार समझानेपर भी जब मलयमालीको कुछ बोध न हुआ तो उसने राजपुत्रीका एक चित्र उतारके उसे देदिया उस चित्रकोपाके वह उसीको इन्दुयशा राजपुत्री जानके ऐसा उसके ध्यानमें मग्नहोगया कि उसी चित्रका चुम्बन तथा आलिंगनादिक करनेलगा और इसी से उसका क्लेशभी निवृत्तहोगया एक समय वह उस चित्रकोलेके चन्द्रोदयमें वनके विहारकरनेको गया और उस चित्रको किसी वृक्षकी जड़पर रखके अपनी प्रियाके लिये वनमें जाकर पुष्पतोड़नेलगा उस समय विनयज्योतिनाम मुनि उसे देखके आकाशसे उतरकर उसका उद्धारकरने के लिये अपने प्रभावसे उस चित्रके कोने में एक जीवताहुआ कालासर्प बनाकर अलक्षितहोके वहीं खड़ेरहे इतने में पुष्पतोड़कर लौटेहुए मलयमाली

ने चित्रमें उस सर्पको देखकरशोचा कि यह सर्प यहां कहां से आया क्या ब्रह्माने मेरी प्रियाकी रक्षाके लिये तो इसे नहीं भेजाहै यह शोचकर जैसेही उसने उस चित्रपर फूलआदि रखके चाहा कि मैं इसका आलिंगनकरके इसी से पूछूं कि यह सर्प कहां से आयाहै वैसेही मुनि के प्रभावसे उसे मालूमहुआ कि सर्प के काटने से वह मरगई इससे वह हाय २ करके मूर्च्छितहोके गिरपड़ा और क्षणभरमें मूर्च्छा जगनेपर उठके एकऊंचे वृक्षपर चढ़के अपने प्राणदेनेको कूदा उसे गिरते देखके कृपालु मुनि ने बीचही में उसे अपने हाथोंपर रोककर समझाकर उससे कहा कि हेमूर्ख तुम्हें नहीं मालूम है कि वह राजपुत्री अपने घरमें है यह केवल चित्रकी पुतली है तुम किसका आलिंगन करतेहो किसे सर्पने काटा है यह तुम्हारे विचारों की भावनाओं का भ्रमहै जो तुम इतनेही दृढ़ध्यान से तत्त्वका विचार करो तो तुम्हारे सब दुःखदूर हो जांय यह सुनकर मलयमाली मोहसे रहित होके बोला कि हे भगवन् आपकी कृपासे मेरा यह अज्ञान तो दूरहोगया अब ऐसी कृपाकीजिये जिससे इस संसार से मैं छूटूं उसकी यह प्रार्थना सुनकर वह मुनि उसे बुद्धजीके बताथेहुए ज्ञानका उपदेश करके वहीं अन्तर्द्धान होगये उसज्ञान को पाकर वह मलयमाली तपोवनमें जाके तपस्या करके तत्त्वको जानकर बुद्धके समान होगया फिर उसने राजा इन्द्रके शरीकेपास आकर ऐसा ज्ञान उपदेशकिया कि जिससे सम्पूर्ण नगरनिवासी मुक्त होगये इसप्रकारसे ध्यान करनेवाले मोक्षको प्राप्तहोते हैं यह ध्यानवान्की कथाहुई अब एक बुद्धिमान् की कथा सुनिये कि सिंहलद्वीपमें सिंह विक्रमनाम एक चोरने परायेधनसे जन्मभर अपना पोषण करके वृद्धावस्था में चोरीका त्याग करके अपने मनमें शोचा कि परलोकमें मेरीकौन रक्षाकरेगा जो मैं विष्णु भगवान् अथवा शिवजीकी शरणमें जाऊं तो वहाँ मुझे कौन पूछेगा क्योंकि उनके तो बड़े २ देवता तथा मुनिलोग सेवकहैं इससे सम्पूर्ण जीवोंके कर्मोंके लिखनेवाले चित्र गुप्तकी सेवाकरनी चाहिये वही मेरी रक्षाकरेंगे यह शोचके वह चित्रगुप्तकी भक्ति करनेलगा और उनकी प्रीतिके लिये नित्य ब्राह्मणों को भोजन करवानेलगा उसकी यह भक्ति देखकर चित्रगुप्तजी उसकी परीक्षा करनेके लिये अतिथिका वेषधारण करके उसकेपास आये उसचोरने उनका पूजनकरके भोजन कराके तथा दक्षिणादेकर कहा कि कहो चित्रगुप्त तुमपर प्रसन्नहोंय यह सुनके चित्रगुप्तने उससे कहा कि शिव विष्णु आदि देवताओं को छोड़कर चित्रगुप्तजीसे ही तुम्हारा क्या प्रयोजन है यह सुनकर उसने कहा कि तुमको इससे क्या प्रयोजनहै मैं अन्य देवताओं को नहीं प्रसन्न करना चाहता यह सुनकर ब्राह्मण रूपधारी चित्रगुप्त ने कहा कि जो तुम अपनी स्त्री मुझे देनेकहो तो मैं ऐसाकहूं यह सुनके उस चोरने प्रसन्नहोके कहा कि अच्छा मैं अपनी स्त्री आपको दूंगा आप कहिये यह सुनकर चित्रगुप्तजी अपना स्वरूप धारण करके बोले कि हे सिंहविक्रम मैं तुमपर प्रसन्नहूं अब बताओ तुम क्या चाहतेहो उसने कहा कि हेस्वामी जिस प्रकार से मेरी मृत्यु न होय वही उपाय बताइये यह सुनकर चित्रगुप्तने कहा कि यद्यपि मृत्युसे कोईभी बचा नहींसकाहै तथापि मैं तुम्हें एक युक्ति बताताहूं उसे सुनो जबसे श्रीशिवजी ने श्वेत मुनिके लिये कुपित होके कालको भस्मकरके फिर बनाया है तबसे जहां श्वेत मुनिरहतेहैं वहां किसीको भी काल

हैं इसमें इनका कौन अपराध है और जो यह कहो कि चोर उन शस्त्रों के प्रेरकथे तो इनका भी प्रेरक क्रोधथा क्रोधका भी प्रेरक सुवर्णका नाश था सुवर्ण नाशका प्रेरक मेरे पूर्वजन्मका पाप था और उस पापका भी प्रेरक मेरा अज्ञान था इससे वही मुख्य अपकारी है उसीका नाशकरना चाहिये और जो इनको अपकारी जानकर मारतेहो तो उपकारीजानके इनकी रक्षा भी करनी चाहिये क्योंकि जो यह मेरे साथ ऐसा उपद्रव न करते तो मैं क्षमा किसप्रकारकरता इससे यह मेरे पूर्णउपकारी हैं इत्यादि अनेक वाक्यों से मुनि ने राजा को समझा के चोरों को वध से बचवाया और इसी क्षमाके माहात्म्यसे उनके अंग ज्यों के त्यों होगये और महासिद्धि उनको प्राप्तहुई इसप्रकारसे क्षमावान् पुरुष संसार से छूटजाते हैं यह क्षमावान् की कथा हुई अब महा धैर्य्यवान् की कथा सुनिये २७७ पूर्व्व समयमें मालाधर नाम एक ब्राह्मण का पुत्र आकाशमें जातेहुए किसी सिद्धकुमारको देखकर उसकी ईर्ष्या से तृणों के पक्ष बाँधके उछल २ के आकाश में उड़ना सीखने लगा इस प्रकार से प्रति दिन व्यर्थ परिश्रम करते हुए उसको एक दिन आकाशसे स्वामिकार्त्तिकजी ने देखकर शोचा कि यह धैर्य्ययुक्तहोकर दुर्लभ कार्य्य में भी कैसा श्रमकररहाहै इससे इस बालकपर मुझे दया करनी चाहिये यह शोचकर उन्हों ने उसबालक को अपना गण बनालिया इसप्रकार धैर्य्यसे देवताभी प्रसन्नहोते हैं यह धैर्य्यवान्की कथाहुई अब ध्यानवान्की कथासुनिये पूर्व्वकालके बीच कर्नाट देशमें विजयमाली नाम महाधनवान् वैश्यके मलयमाली नाम पुत्रथा एक समय मलयमाली ने अपने पिताके साथ राजद्वारमें जाके राजा इन्दुकेशरीकी इन्दुयशानाम कन्याको देखा उसे देखतेही वह ऐसा उसपर आशक्तहोगया कि उसे न रात्रिको निद्रा आई न दिनको कुछ क्षुधालगी और लोगोंके पूछनेपर भी वह कुछ न कहके उसीके ध्यानमें मूकसा बनारहा उसे इसप्रकारसे व्याकुल देखके राजाके चित्रकर मन्थरकनाम उसके मित्रने उससेकहा कि हे मित्र क्या कारणहै कि तुम किसी की न सुनतेहो और न अपनी कहतेहो मैं तुम्हारा परममित्रहूं मुझ से अपना सब वृत्तान्तकहो उसके यह वचन सुनकर मलयमाली ने अपना सबवृत्तान्त उससे कह दिया यह सुनकर मन्थरकने कहा कि तुम वैश्यके पुत्रहो तुमको राजपुत्रीकी इच्छा न करनी चाहिये अपने २ योग्यही अभिलाषा करनेसे सबका कल्याणहोताहै सामान्य तड़ागों की कमलनियोंकी इच्छा हंसकरे तो उचित है परन्तु विष्णुभगवान्के नाभि कमलकी उसको इच्छा न करना चाहिये उसके इस प्रकार समझानेपर भी जब मलयमालीको कुछ बोध न हुआ तो उसने राजपुत्रीका एक चित्र उतारके उसे देदिया उस चित्रकोपाके वह उसीको इन्दुयशा राजपुत्री जानके ऐसा उसके ध्यानमें मग्नहोगया कि उसी चित्रका चुम्बन तथा आलिंगनादिक करनेलगा और इसी से उसका क्लेशभी निवृत्तहोगया एक समय वह उस चित्रकोलेके चन्द्रोदयमें वनके विहारकरनेको गया और उस चित्रको किसी वृक्षकी जड़पर रखके अपनी प्रियाके लिये वनमें जाकर पुष्पतोड़नेलगा उस समय विनयज्योतिनाम मुनि उसे देखके आकाशसे उतरकर उसका उद्धारकरने के लिये अपने प्रभावसे उस चित्रके कोने में एक जीवताहुआ कालासर्प बनाकर अलक्षितहोके वहीं खड़ेरहे इतने में पुष्पतोड़कर लौटेहुए मलयमाली

लगा क्रमसे वह दोनों गुरु और शिष्य योग करते २ परमज्ञान को प्राप्तहुए इसवीचमें इन्द्रकलशने खड्ग तथा घोड़ेके प्रभाव से कनककलशको विनीतमति की दीहुई आहिच्छत्रानगरी से भी निकाल दिया राज्यसे भ्रष्टहोके कनककलश अपने दो तीन मंत्रियोंको साथलेके भ्रमण करताहुआ विनीतमतिके आश्रममें आया और जैसेही उसने उसवनके फलोंको खानाचाहा वैसेही विनीतमतिकी परीक्षाकरनेके लिये इन्द्रने उसवनको जलाके मरुभूमिकरदीनी अकस्मात् उनआश्रमको नष्टहुआ देखकर विनीतमति चकितहोके इधर उधर घूमनेलगा और कनककलशको क्षुधासे व्याकुल आया देखकर उसके पासजाके सबवृत्तान्त पूछके बोला कि इसवनमें क्षुधितोंके लिये जीनेका आज एकही उपायहै वह मैं आपको बताताहूं यहांसे आधक्रोशपर एकगढ़ेमें मृगगिरकर मरगयाहै वहां जाके तुम उसका मांसखाओ यहसुनकर वह वहां जानेको उद्यतहुआ और विनीतमतिने यहकहके योगवलसे वहां जाकर मृगकारूप धारणकरके गढ़ेमें गिरकर अपना प्राण त्यागदिया तदनन्तर कनककलशने अपने साथियों समेत धीरे २ वहां जाके गढ़ेसे मृगको निकालके भूनकर खाया इतनेमें विनीतमतिकी दोनों स्त्रियोंने आश्रमको नष्टहुआ देखके और अपने पतिको ढूंढ़नेपर भी कहीं न पाकर सोमसूरको समाधि से जगाकर उससे सबवृत्तान्त कहा यहसुनके सोमसूरने ध्यानके द्वारा अपने गुरुका सबवृत्तान्त जानके अपनी गुरुपत्नियों से कहदिया और उनदोनों को अपने साथलेजाके उसगढ़े के निकटही मृगरूप अपने गुरुकी हड्डी देखी उनहड्डियों को लेकर वह दोनों पतिव्रतारानी भस्महोगईं और उसवृत्तान्त को जानके कनककलश भी अपने को महापापी मानके अपने साथियों समेत अग्नि में जलगया यह देखकर सोमसूर अपनी कुटी में आके कुशासनपर बैठकर योगवलसे अपने प्राणदेने को उद्यत हुआ उस समय साक्षात् इन्द्रने आकर उससे कहा कि तुम प्राण न दो मैंने तुम्हारे गुरुकी परीक्षाकी थी अवमैंने अमृत छिड़ककर उसे दोनोंरानी तथा कनककलशादि समेत जिलादिया इन्द्रके यहवचन सुनकर सोमसूरने वहांजाकर देखा कि परमदयालु विनीतमति अपनी दोनों रानी तथा कनककलशादि समेत फिर जी उठेहैं यह देखके उसने प्रसन्न होके अपने गुरुके चरणोंमें नमस्कार किया और कनककलश ने भी विनीतमति को प्रणाम करके उसकी बड़ी प्रशंसाकी उस समय ब्रह्मा विष्णु आदिक सम्पूर्ण देवताओं ने आकर विनीतमतिको परोपकारी दिव्यवरदान दिये फिर उनके अन्तर्द्धान होजाने पर विनीतमति सोमसूरादिकोंको अपने साथलेकर अन्य दिव्य तपोवनको चलागया इसप्रकार भस्म होजानेवाले मनुष्योंका भी फिर समागम होताहै और जीतेहुओंका तो कहनाही क्याहै इससे हे पुत्र तुम शरीरको मत त्यागो तुम वीरहोकर यह क्या अनुचित् कार्य्य करतेहो जाओ मृगांकदत्तसे तुम्हारा अवश्य समागम होगा उस वृद्ध तपस्विनीके यह वचन सुनके मैं अपने चित्तमें आपके मिलने की आशासे लगके विन्ध्यवासिनीको प्रणाम करके वहांसे चला और क्रमसे चलते २ इसवनमें आया यहां भगवतीके लिये बलिदान ढूंढ़तेहुये भिल्ल युद्धमें मुझे पकड़के बांधकर मायावटुके पास लेआये भाग्यवशसे यहां दोमंत्रियों समेत आपके दर्शनसे मेरा सब दुःखदूरहोगया इसप्रकार गुणाकरके संपूर्ण

की बाधा नहीं होती वह श्वेतमुनि इससमय पूर्व्व समुद्रके उसपार तरंगिणी नाम नदीकेपार तपोवन में रहतेहैं वहीं तुमको मैं लेजाके छोड़ आताहूं तरंगिणी नदीके इसपार तुम न आना कदाचित् तुम आमी जाओगे और तुम्हारी मृत्युहोजायगी तो परलोकमें तुम्हारीरक्षामैंकरूंगा यहकहकर चित्रगुप्तजी उससिंह-विक्रमको साथलेके श्वेतमुनिके आश्रममें पहुँचाकर अन्तर्द्धान होगये इसके उपरान्त कुछकाल व्यतीतहोजानेपर कालने तरंगिणी नदीके इसपारजाकर सिंहविक्रमको लेजानेके निमित्त यहयुक्तिकरी कि एकदिव्य स्त्री बनाके तरंगिणी नदीके उसपार सिंहविक्रमके पास भेजी उसस्त्रीने अपनी सुन्दरतासे उसे अपने वशीभूत करके उसके साथ रमणकिया कुछदिनोंके व्यतीतहोनेपर वहस्त्री अपने भाइयोंके देखने के बहानेसे इसपार आनेके निमित्त नदीमेंघुसी और बीचमें आके बहनेसीलगीहोके चिल्लाकरबोली कि हे आर्य्यपुत्र मुझको मरतेहुए देखरहेहो और मेरी रक्षानहीं करते तुम सिंहविक्रम नहीं हो शृगालविक्रमहो उसके यह वचन सुनकर सिंहविक्रम नदीमें उतरा और वह स्त्री उसेनदीके इसपार बहाके लेआई यहां आतेही कालने उसके गलेमें फांसीडालके कहा ( अपायोमस्तकस्थोहि विषयग्रस्तचेतसां ) विषयी जीवोंके शिरपरही आपत्तिखड़ी रहती है यह कहकर काल उसको यमराजकी सभामें लेगया वहां चित्रगुप्तने उसे देखकर चुपकेसे उससे कहदिया कि जो तुमसे कोई पूछे कि तुम पहले स्वर्गभोगकरोगे या नरक तो कहदेना कि स्वर्ग फिर स्वर्गमें जाकर स्वर्गकी दृढ़ताकेलिये पुण्य करना और स्वर्गके दृढ़हो जानेपर सम्पूर्ण पापोंके नाश करनेकेलिये तपकरना चित्रगुप्तके यह वचन स्वीकार करके सिंहविक्रम चुपचाप खड़ारहा क्षणभरमें यमराजने चित्रगुप्तसे पूछा क्या इस चोरका कुछ पुण्यभी है चित्रगुप्तने कहा कि हां है इसने अतिथियोंका बहुत सत्कारकियाहै और अपने इष्टदेवताके प्रसन्न करनेको अपनी स्त्री भी ब्राह्मणकोदीहै इससे यह एक दिव्य दिन स्वर्गमें रहसक्ताहै चित्रगुप्तके यह वचन सुनकर यमराज ने सिंहविक्रमकी ओर देखकर कहा कि बताओ तुम पहले पुण्यका भोगकरोगे या पापका सिंहविक्रम ने कहा कि पहले पुण्यका भोगकरूंगा तब यमराजकी आज्ञासे आयेहुए विमानपर चढ़के स्वर्गमें जाके उसने आकाश गंगामें स्नान करके सम्पूर्ण भोगोंको त्यागकर केवल जप किया उस जपके प्रभावसे उसे कई दिव्य दिन तक स्वर्गमें रहनेकी आज्ञामिली तब वह घोर तपसे श्रीशिवजीकी आराधना करके ज्ञानको प्राप्तहोगया और उसके सम्पूर्ण पातक भस्महोगये इससे नरकके दूत उसका फिर करमुख भी न देखसके और चित्रगुप्तने अपने सब कागजोंपर से उसके सम्पूर्ण पापकाटदिये इसप्रकारसे चोर होकरभी सिंहविक्रमने अपनी बुद्धिके बलसे सिद्धिपाई यह महा बुद्धिमान्की कथाहुई ऐसेही मनुष्य दान शील आदि छः पदार्थों के द्वारा संसाररूपी समुद्रके पारहोताहै इस प्रकारसे सोमसूर को उपदेश देतेहुए विनीतमति के धर्म्मोपदेशोंको सुनके मानों सूर्य्य भगवान् शान्तहोकर संध्यारूपी गेरुए वस्त्रोंको पहरकर अस्ताचलकी कन्दरामें चलेगये सूर्य्य भगवान्को अस्तहुआ देखकर संध्योपासन करके सोमसूर तथा विनीतमतिने वहीं कुटीमें शयनकरके वह रात्रि व्यतीतकी ३६५ दूसरेदिन विनीतमतिने सोमसूरको बौद्धमतका उपदेश करदिया उसउपदेशको पाके सोमसूर कहीं ॰ रहने

लगा क्रमसे वह दोनों गुरू और शिष्य योग करते २ परमज्ञान को प्राप्तहुए इसबीचमें इन्दुकलशने खड्ग तथा घोड़ेके प्रभाव से कनककलशको विनीतमति की दीहुई आहिच्छत्रानगरी से भी निकाल दिया राज्यसे भ्रष्टहोके कनककलश अपने दो तीन मंत्रियोंको साथलेके भ्रमण करताहुआ विनीतमतिके आश्रममें आया और जैसेही उसने उसवनके फलोंको खानाचाहा वैसेही विनीतमतिकी परीक्षाकरनेके लिये इन्द्रने उसवनको जलाके मरुभूमिकरदीनी अकस्मात् उसआश्रमको नष्टहुआ देखकर विनीतमति चकितहोके इधर उधर घूमनेलगा और कनककलशको क्षुधासे व्याकुल आया देखकर उसके पासजाके सबवृत्तान्त पूछके बोला कि इसवनमें क्षुधितोंके लिये जीनेका आज एकही उपायहै वह मैं आपको बताताहूं यहांसे आधकोशपर एकगढ़ेमें मृगगिरकर मरगयाहै वहां जाके तुम उसका मांसखाओ यहसुनकर वह वहां जानेको उद्यतहुआ और विनीतमतिने यहकहके योगबलसे वहां जाकर मृगकारूप धारणकरके गढ़ेमें गिरकर अपना प्राण त्यागदिया तदनन्तर कनककलशने अपने साथियों समेत धीरे २ वहां जाके गढ़ेसे मृगको निकालके भूनकर खाया इतनेमें विनीतमतिकी दोनों स्त्रियोंने आश्रमको नष्टहुआ देखके और अपने पतिको ढूंढ़नेपर भी कहीं न पाकर सोमसूरको समाधि से जगाकर उससे सबवृत्तान्त कहा यहसुनके सोमसूरने ध्यानके द्वारा अपने गुरूका सबकृत्य जानके अपनी गुरुपत्नियों से कहदिया और उनदोनों को अपने साथलेजाके उसगढ़े के निकटही मृगरूप अपने गुरूकी हड्डी देखी उनहड्डियों को लेकर वह दोनों पतिव्रतारानी भस्महोगईं और उसवृत्तान्त को जानके कनककलश भी अपने को महापापी मानके अपने साथियों समेत अग्नि में जलगया यह देखकर सोमसूर अपनी कुटी में आके कुशासनपर बैठकर योगबलसे अपने प्राणदेने को उद्यत हुआ उस समय साक्षात् इन्द्रने आकर उससे कहा कि तुम प्राण न दो मैंने तुम्हारे गुरूकी परीक्षाकी थी अबमैंने अमृत छिड़ककर उसे दोनोंरानी तथा कनककलशादि समेत जिलादिया इन्द्रके यहवचन सुनकर सोमसूरने वहांजाकर देखा कि परमदयालु विनीतमति अपनी दोनों रानी तथा कनककलशादि समेत फिर जी उठेहैं यह देखके उसने प्रसन्न होके अपने गुरूके चरणोंमें नमस्कार किया और कनककलश ने भी विनीतमति को प्रणाम करके उसकी बड़ी प्रशंसाकी उस समय ब्रह्मा विष्णु आदिक सम्पूर्ण देवताओं ने आकर विनीतमतिको परोपकारी दिव्यवरदान दिये फिर उनके अन्तर्द्धान होजाने पर विनीतमति सोमसूरादिकोंको अपने साथलेकर अन्य दिव्य तपोवनको चलागया इसप्रकार भस्म होजानेवाले मनुष्योंका भी फिर समागम होताहै और जीतेहुओंका तो कहनाही क्याहै इससे हे पुत्र तुम शरीरको मत त्यागो तुम वीरहोकर यह क्या अनुचित् कार्य्य करतेहो जाओ मृगांकदत्तने तुम्हारा अवश्य समागम होगा उस वृद्ध तपस्विनीके यह वचन सुनके मैं अपने चित्तमें आपके मिलने की आशासे खड्गलेके विंध्यवासिनीको प्रणाम करके वहांसे चला और क्रमसे चलते २ इसवनमें आया यहां भगवतीके लिये बलिदान ढूंढ़नेहुये भिल्ल युद्धमें मुझे पकड़के बांधकर मायाबटुके पास लेआये भाग्यवशसे यहां दोमंत्रियों समेत आपके दर्शनसे मेरा सब दुःखदूरहोगया इसप्रकार गुणाकरके सम्पूर्ण

की बाधा नहीं होती वह श्वेतमुनि इससमय पूर्व्व समुद्रके उसपार तरंगिणी नाम नदीकेपार तपोवन में रहतेहैं वहीं तुमको मैं लेजाके छोड़ आताहूं तरंगिणी नदीके इसपार तुम न आना कदाचित् तुम आभी जाओगे और तुम्हारी मृत्युहोजायगी तो परलोकमें तुम्हारीरक्षामैंकरूंगा यहकहकर चित्रगुप्तजी उससिंह-विक्रमको साथलेके श्वेतमुनिके आश्रममें पहुँचाकर अन्तर्द्धान होगये इसके उपरान्त कुछकाल व्यतीतहोजानेपर कालने तरंगिणी नदीके इसपारजाकर सिंहविक्रमको लेजानेके निमित्त यहयुक्तिकरी कि एकदिव्य स्त्री बनाके तरंगिणी नदीके उसपार सिंहविक्रमके पास भेजी उसस्त्रीने अपनी सुन्दरतासे उसे अपने वशीभूत करके उसके साथ रमणकिया कुछदिनोंके व्यतीतहोनेपर वहस्त्री अपने भाइयोंके देखने के बहानेसे इसपार आनेके निमित्त नदीमेंघुसी और बीचमें आके बहनेसीलगीहोके चिल्लाकरबोली कि हे आर्य्यपुत्र मुझको मरतेहुए देखरहेहो और मेरी रक्षानहीं करते तुम सिंहविक्रम नहीं हो शृगालविक्रमहो उसके यह वचन सुनकर सिंहविक्रम नदीमें उतरा और वह स्त्री उसेनदीके इसपार वहाके लेआई यहां आतेही कालने उसके गलेमें फांसीडालके कहा ( अपायोमस्तकस्थोहि विषयग्रस्तचेतसां ) विषयी जीवोंके शिरपरही आपत्तिखड़ी रहती है यह कहकर काल उसको यमराजकी सभामें लेगया वहां चित्रगुप्तने उसे देखकर चुपकेसे उससे कहदिया कि जो तुमसे कोई पूछे कि तुम पहले स्वर्गभोगकरोगे या नरक तो कहदेना कि स्वर्ग फिर स्वर्गमें जाकर स्वर्गकी दृढ़ताकेलिये पुण्य करना और स्वर्गके दृढ़हो जानेपर सम्पूर्ण पापोंके नाश करनेकेलिये तपकरना चित्रगुप्तके यह वचन स्वीकार करके सिंहविक्रम चुपचाप खड़ारहा क्षणभरमें यमराजने चित्रगुप्तसे पूछा क्या इस चोरका कुछ पुण्यभी है चित्रगुप्तने कहा कि हां है इसने अतिथियोंका बहुत सत्कारकियाहै और अपने इष्टदेवताके प्रसन्न करनेको अपनी स्त्री भी ब्राह्मणकोदीहै इससे यह एक दिव्य दिन स्वर्गमें रहसक्ताहै चित्रगुप्तके यह वचन सुनकर यमराज ने सिंहविक्रमकी ओर देखकर कहा कि बताओ तुम पहले पुण्यका भोगकरोगे या पापका सिंहविक्रम ने कहा कि पहले पुण्यका भोगकरूंगा तब यमराजकी आज्ञासे आयेहुए विमानपर चढ़के स्वर्गमें जाके उसने आकाश गंगामें स्नान करके सम्पूर्ण भोगोंको त्यागकर केवल जप किया उस जपके प्रभावसे उसे कई दिव्य दिन तक स्वर्गमें रहनेकी आज्ञामिली तब वह घोरतपसे श्रीशिवजीकी आराधना करके ज्ञानको प्राप्तहोगया और उसके सम्पूर्ण पातक भस्महोगये इससे नरकके दूत उसका फिरकरमुख भी न देखसके और चित्रगुप्तने अपने सब कागजोंपर से उसके सम्पूर्ण पापकाटदिये इसप्रकारसे चोर होकरभी सिंहविक्रमने अपनी बुद्धिके बलसे सिद्धिपाई यह महा बुद्धिमान्की कथाहुई ऐसेही मनुष्य दान शील आदि छः पदार्थों के द्वारा संसाररूपी समुद्रके पारहोताहै इस प्रकारसे सोमसूर को उपदेश देतेहुए विनीतमति के धर्म्मोपदेशोंको सुनके मानों सूर्य्य भगवान् शान्तहोकर संध्यारूपी गेरूवस्त्रोंको पहरकर अस्ताचलकी कन्दरामें चलेगये सूर्य्य भगवान्को अस्तहुआ देखकर संध्योपासन करके सोमसूर तथा विनीतमतिने वहीं कुटीमें शयनकरके वह रात्रि व्यतीतकी ३६५ दूसरेदिन विनीतमतिने सोमसूरको बौद्धमतका उपदेश करदिया उसउपदेशको पाके सोमसूर कहीं ... रहने

वर्णन करतीहूं दक्षिणदेशमें एकबड़ाघना तमालका वनहै उसमें पृथूदरनाम यक्षरहताहै उसकी सौदा-
मिनी नाम मैंहीं एककन्याहूं मेरा पिता मुझपर स्नेहकरके मुझे लियेर पर्व्वतोंपर फिरताथा एकसमय
मैंने कैलाश पर्व्वतपर अट्टहासनाम यक्षको देखा और उस अट्टहास ने भी मुझे देखा परस्पर देखकर
हमदोनों का चित्त एक दूसरेपर चलायमान होगया यह जानके मेरे पिता तुल्यसंयोग जानके अट्ट-
हासको बुलाके विवाहका निश्चयकरके और शुभ लग्न ठीककर मुझे लेकर अपने घरचलेआये और
अट्टहास भी प्रसन्नहोके अपने मित्रों के साथ अपने घरचलागया दूसरे दिन कपिशभ्रूनाम मेरी स-
खी कुछ उदासीनसीहोके मेरेपास आई और हठपूर्वक उदासीनता का कारण पूछनेपर कहनेलगी कि
हे सखी यद्यपि कहनेकेयोग्य बात नहीं है तथापि यह दुखदाई बात मैं तुमसे कहतीहूं आज मैंने भ्रमण
करते२ हिमालयके चित्रस्थलनाम शिखरपर तुम्हारे प्रिय अट्टहासको देखा कि उसकेमित्रोंने उसे वि-
योगसे व्याकुल देखके वहलाने के लिये उसे यक्षराज बनाया और उसके भाई को यक्षराज का पुत्र
नलकूवर बनाया और आप सब उसकेमंत्रीबने इसप्रकार क्रीड़ा करतेहुए उसको अकस्मात् आकाश
मार्गसे जातेहुए नलकूवरने देखकर क्रोधकरके यह शापदिया कि हे मूर्ख तू सेवकहोकर स्वामीकीलीला
करताहै इससे मनुष्यहोगा यहघोरशाप सुनके अट्टहासने हाथ जोड़केकहा कि हे स्वामी मैंने उत्सुकता
के दूर करनेकेलिये यह मूर्खताकी थी अधिकार के अभिमान से नहीं की इससे मेरे इस अपराध को
क्षमाकीजिये उसके ऐसे आर्द्रवचन सुनकर नलकूवरनेकहा कि जिस यक्षिणी को तुम चाहतेहो उसी
यक्षिणी के साथ तुम्हारा मनुष्यहोकर विवाहहोगा और उसी यक्षिणी में यह तुम्हारा छोटाभाई पुत्र
रूपसे उत्पन्न होगा इसके उत्पन्न होतेही तुम शापसे छूटजाओगे और तुम्हारा यहभाई बहुत कालतक
पृथ्वी पर राज्यकरके शापसे छूटेगा नलकूवर के यह वचन सुनके शापके प्रभाव से वह अट्टहास कहीं
चलागयायह देखकर मैं बहुत दुखितहोके तुम्हारे पास आईहूं अपनी सखी से यह सुनके मैं अति दुखित
होके अपने माता पितासे सब वृत्तान्तकहके फिर समागमकी इच्छासे अपना समय व्यतीतकरनेलगी
हे स्वामी वह अट्टहास आपहीहो बहुतकालके पीछे हमारा और आपका समागमहुआहै इससे आप
चिन्ता न करिये पुत्र अवश्यहोगा सौदामिनी यक्षिणी के यह वचन सुनके पवित्रधर विश्वासयुक्तहोके
बहुत प्रसन्नहुआ कुछकालके उपरान्त उसके यक्षिणी स्त्रीमें पुत्रहुआ जिसके तेजसे सम्पूर्ण घर प्रका-
शितहोगया उस पुत्र के मुखको देखतेही पवित्रधर अट्टहासनाम यक्षहोके सौदामिनी नाम अपनी य-
क्षिणी स्त्री से बोला कि हे प्रिये अब मेरा शाप निवृत्त होगया चलो अपने स्थानको चलें यह सुनकर
यक्षिणी ने कहा कि यहतुम्हारा भाईही तुम्हारा पुत्ररूप हुआहै यह अभी अज्ञानहै इसकी क्या दशाहोगी
यह तो शोचलो उसके यह वचन सुनके अट्टहासने ध्यानकरके कहा कि हे प्रिये इसीपुरी में देवदर्शन
नाम एक अनपत्य दरिद्री ब्राह्मणरहता है एकसमय धन तथा पुत्रके निमित्त तपकरतेहुए देवदर्शन से
भगवान् अग्नि ने स्वप्नमें कहा कि हे ब्राह्मण तुम्हारे औरस पुत्र नहींहोगा परन्तु कृत्रिमपुत्र तुमको प्राप्त
होगा उसीके प्रभाव से तुम्हारा दारिद्र दूरहोगा अग्निकी यह आज्ञापाके देवदर्शन अबतक उसी पुत्रकी

वृत्तान्तको सुनकर मृगांकदत्त बड़े आनन्दको प्राप्तहुआ और उसके शरीरमें अच्छे प्रकारसे पट्टी बँधवाके अपने मंत्रियों समेत आह्निक करनेकोगया इसप्रकार गुणाकरकोपाकर उसकी ओषधी करवाता हुआ मृगांकदत्त अपने अन्य मंत्री तथा शशांकवतीकेलिये उत्कंठितभी होकर मायाबटुके आग्रह से कुछ दिन वहां और रहा २०७॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांशशाङ्कवतीलम्बकेपंचमस्तरङ्गः ५॥

इसके उपरान्त गुणाकर के स्वस्थ होजानेपर मृगांकदत्त शुभ मूहूर्त्त देखकर मायावटु तथा दुर्गपिशाचसे अपने कार्यके निमित्त सहायता लेनेका निश्चय करके और उनसे आज्ञालेकर श्रुतधि विमलबुद्धि भीम पराक्रम तथा गुणाकर सहित उज्जयिनीको चला मार्ग में अन्य मंत्रियोंको ढूंढ़ते २ एक दिन विन्ध्याचलके वनमें सायंकालके समय किसी वृक्षके नीचे पहुँचकर वहीं अपने मंत्रियों समेत सोया कुछरात्रि व्यतीत होनेपर अकस्मात् उठके उसने एक अन्य पुरुषको वहीं सोता देखकर यह कौनहै इसके जाननेकेलिये उसका मुख खोलकर देखातो वह उसीका मंत्री विचित्रकथ था मुख खोलने से विचित्रकथभी जगकर उसे पहचानके उसके पैरोंपर गिरा मृगांकदत्तने उसे पैरोंपर से उठा के गले से लगाकर अन्यमंत्रियोंको भी जगाके उसे दिखाया उनसबने उठके उससे मिलके अपना २ सबवृत्तान्त कहके उससे पूछा कि तुम इतने दिनतक कहां कैसेरहे और क्या २ वृत्तान्त देखा सोसबको कहो यह सुनकर विचित्रकथने कहा कि उस सर्पके शापसे आप लोगोंसे पृथक्होकर मैं मोहितहोके भ्रमणकरते २ दूसरे दिन अकस्मात् उसीवनके किनारेपर एकदिव्यपुरमें पहुँचा वहांदो दिव्यस्त्रियोंसे युक्त एकदिव्य पुरुष ने मुझे बहुतसमझाके शीतल जलसे स्नानकरवाके मन्दिरमें लेजाके दिव्य भोजनकरवाया और आप भी भोजनकिया भोजन के उपरान्त मैंने उससेकहा कि आप कौनहैं और क्यों इतनी दया आपने मेरे ऊपरकी मैं अपने स्वामी के विना अवश्य अपना शरीर त्यागना चाहताहूं यहकहके मैंने उससे अपना सब वृत्तान्त कहदीना सो सुनके उसनेकहा कि मैं यक्षहूं और यहदोनों मेरीस्त्रीहैं तुम मेरे यहां आज अतिथि प्राप्तहुए हो इसीसे मैंने तुम्हारा सत्कारकियाहै क्योंकि यथा शक्ति अतिथियोंका सत्कार करना गृहस्थियों का धर्म्महै तुम अपने प्राण क्योंदेना चाहतेहो शापके नष्टहोजानेपर तुम्हारा समागम अवश्य अपने स्वामीसेहोगा भला बताओ तो सही इससंसारमें कौन दुःखसे रहितहै देखो यक्षहोकर भी जो २ दुःख मैंने उठाये हैं वहसब तुमको सुनाताहूं इसपृथ्वी की आभूषण रूप त्रिगर्त्तानाम नगरी में एक कुलीन कुटुम्बी पवित्रधरनाम दरिद्री ब्राह्मण रहताथा एकदिन उस ने शोचा कि यहां धनवानों के बीचमें रहने से मेरी कुछ शोभा नहीं है मैं यहां मानकेकारण धनवानोंकी न सेवाकरसक्ता हूं न इनसे दानही लेसक्ताहूं इससे कहीं एकान्तमें जाकर यक्षिणीको सिद्धकरूं क्योंकि मेरे गुरुने मुझे यक्षिणी के मंत्रका उपदेश कियाहै यह शोचके उसने वनमें जाके स्त्रीरूप यक्षिणी सिद्धकी और सिद्धहुई सौदामिनीनाम यक्षिणीकेसाथ सुखपूर्व्वक रहनेलगा एकदिन पुत्रोत्पत्तिके विना पवित्रधरको दुःखित देखके यक्षिणी ने कहा कि हे आर्यपुत्र चिन्ता न करो पुत्र अवश्य होगा इसी विषयका वृत्तान्त मैं तुमसे

वर्णन करतीहूं दक्षिणदेशमें एकबड़ाघना तमालका वनहै उसमें पृथूदरनाम यक्षरहताहै उसकी सौदामिनी नाम मैंहीं एककन्याहूं मेरा पिता मुझपर स्नेहकरके मुझे लिये२ पर्वतोंपर फिरताथा एकसमय मैंने कैलाश पर्वतपर अट्टहासनाम यक्षको देखा और उस अट्टहास नें भी मुझे देखा परस्पर देखकर हमदोनों का चित्त एक दूसरेपर चलायमान होगया यह जानके मेरे पिता तुल्यसंयोग जानके अट्टहासको बुलाके विवाहका निश्चयकरके और शुभ लग्न ठीककर मुझे लेकर अपने घरचलेआये और अट्टहास भी प्रसन्नहोके अपने मित्रों के साथ अपने घरचलागया दूसरे दिन कपिशभ्रूनाम मेरी सखी कुछ उदासीनसीहोके मेरेपास आई और हठपूर्वक उदासीनता का कारण पूछनेपर कहनेलगी कि हे सखी यद्यपि कहनेके योग्य बात नहीं है तथापि यह दुखदाई बात मैं तुमसे कहतीहूं आज मैंने भ्रमण करते२ हिमालयके चित्रस्थलनाम शिखरपर तुम्हारे प्रिय अट्टहासको देखा कि उसकेमित्रोंने उसे वियोगसे व्याकुल देखके बहलाने के लिये उसे यक्षराज बनाया और उसके भाई को यक्षराज का पुत्र नलकूबर बनाया और आप सब उसकेमंत्रीबने इसप्रकार क्रीड़ा करतेहुए उसको अकस्मात् आकाश मार्गसे जातेहुए नलकूबरने देखकर क्रोधकरके यह शापदिया कि हे मूर्ख तू सेवकहोकर स्वामीकीलीला करताहै इससे मनुष्यहोगा यहघोरशाप सुनके अट्टहासने हाथ जोड़केकहा कि हे स्वामी मैंने उत्सुकता के दूर करनेकेलिये यह मूर्खताकी थी अधिकार के अभिमान से नहीं की इससे मेरे इस अपराध को क्षमाकीजिये उसके ऐसे मार्दवचन सुनकर नलकूबरनेकहा कि जिस यक्षिणी को तुम चाहतेहो उसी यक्षिणी के साथ तुम्हारा मनुष्यहोकर विवाहहोगा और उसी यक्षिणी में यह तुम्हारा छोटाभाई पुत्र रूपसे उत्पन्न होगा इसके उत्पन्न होतेही तुम शापसे छूटजाओगे और तुम्हारा यहभाई बहुत कालतक पृथ्वी पर राज्यकरके शापसे छूटेगा नलकूबर के यह वचन सुनके शापके प्रभाव से वह अट्टहास कहीं चलागयायह देखकर मैं बहुत दुखितहोके तुम्हारे पास आईहूं अपनी सखी से यह सुनके मैं अति दुखित होके अपने माता पितासे सब वृत्तान्तकहके फिर समागमकी इच्छासे अपना समय व्यतीतकरनेलगी हे स्वामी वह अट्टहास आपहीहो बहुतकालके पीछे हमारा और आपका समागमहुआहै इससे आप चिन्ता न करिये पुत्र अवश्यहोगा सौदामिनी यक्षिणी के यह वचन सुनके पवित्रधर विश्वासयुक्तहोके बहुत प्रसन्नहुआ कुछकालके उपरान्त उसके यक्षिणी स्त्रीमें पुत्रहुआ जिसके तेजसे सम्पूर्ण घर प्रकाशितहोगया उस पुत्र के मुखको देखतेही पवित्रधर अट्टहासनाम यक्षहोके सौदामिनी नाम अपनी यक्षिणी स्त्री से बोला कि हे प्रिये अब मेरा शाप निवृत्त होगया चलो अपने स्थानको चलें यह सुनकर यक्षिणी ने कहा कि यहतुम्हारा भाईही तुम्हारा पुत्ररूप हुआहै यह अभी अज्ञानहै इसकी क्या दशाहोगी यह तो शोचलो उसके यह वचन सुनके अट्टहासने ध्यानकरके कहा कि हे प्रिये इसीपुरी में देवदर्शन नाम एक अनपत्य दरिद्री ब्राह्मणरहता है एकसमय धन तथा पुत्रके निमित्त तपकरतेहुए देवदर्शन से भगवान् अग्नि ने स्वप्नमें कहा कि हे ब्राह्मण तुम्हारे औरस पुत्र नहींहोगा परन्तु कृत्रिमपुत्र तुमको प्राप्त होगा उसीके प्रभाव से तुम्हारा दरिद्र दूरहोगा अग्निकी यह आज्ञापाके देवदर्शन अबतक उसी पुत्रकी

आशाकररहाहै इससे उसीको यह बालक देदेनाचाहिये क्योंकि ऐसाही होनहारहै यह कहके अट्टहास रात्रिकेसमय एक सुवर्णके घटमें रत्नभरकर उसपर उस बालकको सुलाके बालकके गलेमें एकदिव्य रत्नों की माला पहनाके उस ब्राह्मणके यहां रखकर सौदामिनी समेत अपने स्थानको चलागया उसके चले जानेपर उस ब्राह्मणने जगके रत्नोंको चमकतेहुए देखकर उठके उस बालकको जाके देखा और बहुत धनसमेत बालकको पाकर अग्निदेवके वचनको स्मरणकरके अपनी स्त्रीकोभी सोतेसे जगाकर प्रस-न्नता सुनाके दूसरे दिन प्रातःकाल बड़ा उत्सव किया और ग्यारहवें दिन अपने नामके अनुसार उस बालककानाम श्रीदर्शन रक्खा इसप्रकारसे देवदर्शन महाधनवान् होकर यज्ञ आदिक धर्म कार्य्योंको करताहुआ सुख पूर्व्वक रहनेलगा और श्रीदर्शनभी वृद्धिको प्राप्तहोकर सम्पूर्ण वेदोंमें विद्याओं में तथा अस्त्र विद्यामें निपुणहोगया कुछ कालके उपरान्त श्रीदर्शनके तरुणहोनेपर देवदर्शन तीर्थयात्राके प्रसंगसे प्रयाग में जाके मृत्युको प्राप्तहोगया यह समाचार सुनकर देवदर्शनकी स्त्रीभी उसका कोई चिह्न लेकर अग्नि में भस्महोगई तब उन दोनों का ऊर्ध्व दैहिककर्म करके श्रीदर्शन विद्वान् होकर भी विवाह न करके कुसंगके प्रभावसे द्यूत खेलनेलगा थोड़ेही कालमें उस दुर्व्यसनसे उसका सम्पूर्ण धन क्षीणहोगया और भोजनभी कष्टसे मिलनेलगा एकसमय द्यूतशाला में तीन दिनतक निराहार बैठेहुए लज्जासे बाहर निकलनेकी इच्छा न करतेहुए और किसी दूसरेके दियेहुए भोजन न करनेसे दुखित हुए श्री दर्शनसे उसके मुखरकनाम किसी मित्रने कहा कि हे भाई क्यों इतना मोह कररहेहो यह द्यूत का व्यसन ऐसाही होताहै क्या निर्धनताके कटाक्षरूपी पाशोंको तुम पहलेसे नहीं जानतेथे ज्वारी की शय्या धूलहै तकिये भुजाहैं चौराहा गृहहै और निर्धनता स्त्री है इससे भोजन क्यों नहीं करतेहो विद्वान् होकर भी क्यों प्राण दिये देतेहो देखो जीतेहुए मनुष्योंके सम्पूर्ण मनोरथ पूर्णहोते हैं इसविषयपर मैं तुम को एकराजा भूनन्दनकी विचित्र कथा सुनाताहूं इसपृथ्वीका आभूषण रूप कश्मीरनाम देशहै जिसे ब्रह्माने मानों पुण्यात्मा मनुष्योंके सुखके लिये द्वितीय स्वर्ग बनायाहै जिसमें लक्ष्मी और सरस्वती, मैं बड़ीहूं मैं बड़ीहूं इसईर्ष्यासे सदैव निवास करतीहैं धर्म्मद्रोही कलियुगका इसमें प्रवेश न होय इसीलिये मानों हिमालय जिसकी चारोंओर से रक्षाकरता है जिसमें वितस्ता नदी अपनी तरंगरूपी हातों से मानों पापोंको यहकहकर हटाती है कि इसतीर्थमय देशसे तुम दूरभागजाओ जिसके श्वेत महलोंको देखकर हिमालय के शिखरोंकी भ्रान्ति होती है ऐसे सुन्दर उस देश में वर्णाश्रमकी रक्षा करनेवाला प्रजाओंको आनन्द देनेवाला सम्पूर्ण विद्याओंका जाननेवाला भूनन्दननाम राजाथा जिसकी भु-जाओं के बलसे सदैव शत्रु मण्डल भागे २ फिरते थे उसकी प्रजाओं में कभी किसी प्रकारका दुर्भिक्ष नहीं होताथा उसकी प्रजाओंके चित्त सदैव शुद्ध बनेरहते थे वह नित्य विष्णुभगवान्का पूजनकरके नीतिपूर्व्वक प्रजाओंका पालन करताथा एक समय वह राजा द्वादशी के दिन विधिपूर्व्वक विष्णुभ-गवान्का पूजनकरके रात्रिके समय पलँगपरसोया तब उसने स्वप्नमें देखा कि एक दैत्यकन्याने आ-कर उससे सम्भोगकिया यह स्वप्न देखकर जगकर उसने अपने शरीरमें सम्भोगके चिह्नदेखके और

दैत्य कन्याको न पाकर शोचा कि यह स्वप्न तो नहीं है क्योंकि मेरे शरीरमें सम्भोगके चिह्न प्रकटहैं में जानताहूं किसी दिव्य स्त्री ने आकर मुझे छलाहै यह शोचकर वह ऐसा विरहातुर हुआ कि सम्पूर्ण राज्य कार्य्य करना भूलगया और उसकी प्राप्तिका कोई उपाय न देखकर विचारनेलगा कि विष्णुभगवान्कीही कृपासे वह मुझे रात्रिके समय प्राप्तहुईथी इससे एकान्तमें जाकर उन्हींका आराधन करना चाहिये उसके विना यह सब मेरा राज्य व्यर्थ है यह शोचकर सुनन्दननाम अपने छोटेभाईको राज्यदेकर और मन्त्रियोंको सब राज्यके कार्य्य समझाकर वह वामनजी के चरणों से उत्पन्नहुए क्रमसरनाम तीर्थपर चलागया जिस तीर्थ के निकट तीन शिखर ब्रह्मा विष्णु तथा श्री शिवजी के समान शोभित होते हैं जिस तीर्थ ने कश्मीर देशमें विष्णुभगवान् के चरणोंसे द्वितीय गंगाके समान वितस्तानाम नदी उत्पन्नकीहै ऐसे श्रेष्ठ उस तीर्थपर पहुंचकर वह राजा अन्यरसोंसे निष्पृहहोकर ग्रीष्म ऋतुमें वर्षा की चाहना करनेवाले चातककी समान तप करनेलगा तप करते २ बारहवर्ष व्यतीत होजानेपर उसी मार्गसे पीली २ जटाओं को धारण कियेहुए बहुतसे शिष्योंको साथमें लियेहुए एक बड़ेज्ञानी तपस्वी वहाँ आये वह उस राजाको देखके और सब वृत्तान्त पूंछ के क्षणभर ध्यान करके बोले कि हेराजा वह आपकी प्रिया दैत्यकन्या पातालकी रहनेवालीहै इससे आप सावधान रहिये में आपको वहीं पहुंचाय देताहूं में दक्षिण देशके रहनेवाले यज्ञनाम एक याज्ञिक ब्राह्मणका भूतवसु नाम पुत्रहूं मेरे पिता ने पातालशास्त्रसे अनेकप्रकारके मंत्र यन्त्रों की विधि मुझे सिखाई उसे सीखकर श्रीपर्व्वतपर जाके मैंने श्रीशिवजीकी आराधनाका तपकिया उससे प्रसन्न होकर श्री शिवजीने आकर मुझसे कहा कि तुम रसातल में जाकर दैत्यांगनाओंके साथ कुछकाल रहकर मेरे पास चलेआओगे और पातालमें जाने का यह उपायहै कि इस पृथ्वीपर बहुतसेछिद्र पातालमें जानेकेहैं परन्तु कश्मीर देशमें एकछिद्रहै जो कि सबकोथोड़ेश्रमसे मिलसक्ताहै जिसकेद्वारा ऊषाने अनिरुद्धको दैत्योंके उपवनमेंलेजाके रमणकिया था उससमय प्रद्युम्नने अपने पुत्रकीरक्षाके लिये पर्व्वतके शिखरमेंसे वहां का एकद्वारबनाके शारिका नाम दुर्गादेवीकी आराधनाकरके द्वारकी रक्षाकेलिये स्थापित कियाथा इससे उसस्थानकानाम शारिका कूट तथा प्रद्युम्नशिखर उसदेशमें आजकलप्रकटहै वहींजाकर अपने साथियोंसमेत तुमपातालकोजाओ मेरी कृपासे वहां तुमको सिद्धि प्राप्तहोगी यहकहकर श्री शिवजी के अन्तर्द्धान होजानेपर में सम्पूर्ण विज्ञानों से युक्तहोकर इसकश्मीरदेशमें आयाहूं इससे हे राजा तुम मेरे साथ शारिका कूटको चलो वहांसे में तुमको तुम्हारी प्रियाके स्थान पातालमें लेजाऊंगा ११२ उसतपस्वीके यहवचन स्वीकारकरके राजा भूनन्दन उसके साथ शारिकाकूटको गया वहां वितस्तानदी में स्नानकरके और विघ्नहरता श्री गणेशजी तथा शारिकादेवीका पूजन करके और सर्षपोंसे दिग्बन्धनकरके वह तपस्वी छिद्रको प्रकट करके अपने शिष्यों तथा राजाभूनन्दन समेत उसी छिद्रमें प्रवेशकरके पातालके मार्गमें पांचदिन रात्रि बराबर चलागया छठेदिन पाताल गंगाका उल्लंघन करके रजतमय पृथ्वीमें उसने एक दिव्यवनदेखा उसवनमें अत्यन्त सुगंधित सुवर्ण के कमल पृथ्वीमेंही लगेहुए थे और मूंगे कपूर चन्दन तथा अगर

के वृक्ष अपनी सुगन्धियों से जीवोंके चित्तोंको तृप्तकरतेथे उनवृक्षोंके बीचमें एकबहुत बड़ा शिवजीका मन्दिरथा उसमें रत्नोंकी सीढ़ियां सुवर्णकी दीवार माणिक्यके खंभे और चन्द्रकान्ति मणिकी चट्टान थी ऐसे अति मनोहर उस मन्दिरको देखके आश्चर्यितहुए अपने शिष्यों से तथा राजा भूनन्दनसे उसने कहा कि यहपातालमें हाटकेश्वर नाम श्री शिवजीका मन्दिरहै तुमसबलोग इनका पूजनकरो तपस्वी के यहवचन सुनके सबने पुष्प तोड़ के आकाशगंगा में स्नान करके श्री शिवजी का पूजन किया और क्षणभर विश्रामकरके वहां से चलकर पके फलों से युक्त एक जामन का वृक्ष देखा उसे देखकर तपस्वी ने कहा कि इसवृक्षके फलोंको कोई न खाना जो खाओगे तो बड़ा विघ्नहोगा यह सुनकर भी उनके एक शिष्य ने फलखालिये और खातेही काठके समान जड़ होगया उसकी यह दशा देखके सब लोग भयभीत होके उन फलों को छोड़कर वहां से चले एककोशभर पृथ्वी चलकर एक बड़ा सुवर्ण का परकोटा मिला जिसमें रत्नमय द्वार लगाथा उसद्वारपर दो लोहेके मेंढ़े लोगों के रोकनेको खड़ेथे मन्त्र पढ़ेहुये डंडेसे उन मेंढ़ों को भगाकर तपस्वी ने अपने साथियोंसमेत भीतर जाके रत्नजटित सुवर्ण के दिव्य गृह देखे उन गृहों के द्वारपर लोहे के डंडे लियेहुए बड़े २ रक्षक खड़े थे उन रक्षकों को देखके तपस्वी ने एक वृक्षके नीचे बैठके दुष्टघ्नी योगधारणा की उसके प्रभावसे वह भयंकर रक्षक भागगये और उन गृहोंमें से दैत्य कन्याओंकी बहुतसी दासी निकलीं उन दासियोंने इन सबसे अलग २ आकर कहा कि कृपा करके भीतर चलिये आपको हमारी स्वामिनी बुलाती हैं उनके यह वचन सुनके तपस्वीने अपने साथियों से कहा कि मंदिरों में जाकर तुम लोग अपनी २ प्रियाओं के वचनोंका उल्लंघन न करना यह कहके वह तपस्वी उन दासियोंके साथ एक दिव्य मंदिरमें जाकर एक उत्तम दिव्य दैत्य कन्याको पाकर अभीष्ट सुखको प्राप्तहुआ और उसके शिष्यभी जुदे २ मंदिरोंमें जाकर दैत्य कन्याओंको पाकर महा सुखीहुये और राजा भूनन्दनभी एक दासीके साथ परम उत्तम दिव्य मन्दिरमें गया उसमन्दिरकी रत्न मयी दीवारों में स्त्रियों के प्रतिविम्ब पड़नेसे ऐसी शोभा होती थी कि मानों सजीव चित्र बनेहुये हैं उस मन्दिरकी सब चट्टान नीलमणिकी बनीहुई थीं इससे ऐसी शोभाहोतीथी कि मानों यह मन्दिर विमानों के जीतनेकी इच्छासे आकाश में चढ़गयाहै वहांकी स्त्रियां ऐसी सुकुमारथीं कि प्रातःकालकी धूप के सहनेवाले पुष्प भी उनकी तुल्यता नहीं करसके थे ऐसे सुन्दर उस मन्दिरमें राजा भूनन्दनने अपनी प्रिया दैत्यकन्याको बैठीहुई देखा उसकी कान्तिसेही वह मन्दिर ऐसा देदीप्यमान होरहाथा कि रत्नके दीपकोंकीभी कुछ आवश्यकता न थी उसके परमसुन्दररूपको देखके राजा के आनन्दाश्रु निकलआये वह आंसू क्या निकले मानों राजा ने अन्य स्त्रियों के देखनेसे लगेहुए अपने नेत्रोंके मैलको धोडाला कुमुदिनीनाम उस कन्याने भी राजा को देखके बड़े आनन्दसे उठके राजाका हाथ पकड़कर आपको मैंने बड़ा परिश्रम दिया यहकहके आदरपूर्वक दिव्यआसनपर बैठाया क्षणभर विश्रामकरने के उपरान्त वह राजा को स्नानकराके तथा दिव्यभोजन कराके और नवीन वस्त्राभरण पहराके उपवनमें बावड़ी के तटपर लेगई और एक मणिकी शिलापर बैठगई उस बावड़ी में

रुधिर तथा चर्वीका मद्यभराहुआ था उसीमें से एक पात्रभरके उसने राजाके पीनेको दिया परन्तु राजा नें उसका ग्रहण नहीं किया तब उसने कहा कि जो आप इसका ग्रहण न करोगे तो कल्याण न होगा उसके यह वचन सुनकर राजाने कहा कि जो चाहे सो होय मैं इस निन्दित वस्तुको नहीं पीऊंगा यह सुनके वह उसके शिरपर वह पात्र पटककर वहां से चलीगई और उसकी दासियों ने राजाको लेजाके दूसरी बावड़ी में डालदिया उसमें पड़तेही राजा उसीक्रमसर नाम तीर्थके तपोवनमें आनिकला और बहुत आश्चर्य्य युक्तहोके शोचने लगा कि कहां तो वह दैत्यकन्याका उपवन और कहां यह क्रमसर तीर्थ यह क्या आश्चर्य्य है क्या यह कोई मायाहै या मेरा कोई बुद्धिभ्रमहै अथवा जो मैंने उस तपस्वी के कहनेका उल्लंघन किया उसीका यह फलहै जो उसने मुझे पीनेको मद्यदियी थी वह निन्दित न थी यह मेरी परीक्षाथी देखो वह जो मद्य मेरे शिरपर पड़ीहै उसमें दिव्य सुगन्धि आरही है मन्दभागी लोग जो महाक्लेश करके कोई कार्य्य करतेभी हैं तो उसका फल उन्हें नहीं प्राप्तहोता क्योंकि उनका भाग्य तो विपरीत ही रहताहै इसप्रकार शोचतेहुए राजाको दैत्यकन्याकी फेंकी हुई मद्यकी गन्धसे सुगन्धिकेलोभी भ्रमरोंने आकर घेरलिया उन भ्रमरोंको देखके राजाने बहुत घबराके अपने चित्तमें कहा कि अच्छाफलहोना तो दूररहा मुझे उसके बदले अनिष्टफलप्राप्तहुआ कि इन भ्रमरोंकेमारे कहीं सुखसे बैठभी नहींसक्ताहूं इसप्रकारसे विकलहोकर राजा भूनन्दन अपने प्राणदेनेको उद्यतहुआ इतने में उसी मार्ग से आयेहुए एक ऋषि ने राजा को भ्रमरों से घिराहुआ देखके भ्रमरों को हटाके सब वृत्तान्त पूछ कर राजा से कहा कि हे राजा जबतक यह शरीर है तबतक दुःखका नाश नहींहोसक्ता इससे क्लेश को न मानकर पुरुषार्थ करनाचाहिये जबतक ब्रह्मा विष्णु महेश में अभेदमानकर उपासना नहींकीजातीहै तबतक कोईयथार्थ सिद्ध नहीं होसक्ता इससे अभेद बुद्धिकरके तुम ब्रह्मा विष्णु महेशकी उपासनाकरके बारहवर्ष तक और तप करो तब तुम्हारी प्रिया तुमको प्राप्तहोगी और अन्त में परमसिद्धि प्राप्तहोगी तुम्हारा शरीर सिद्धहोगया है क्योंकि तुम्हारे शरीर से दिव्यगंधि आरही है अब मैं तुमको एकमंत्रका उपदेशकरे देताहूं तुम उसीका जप करना और अपना मृगचर्म्म तुम्हें देताहूं जिसके लपेटनेसे भ्रमरों की बाधा न होगी यह कहके वह मुनिमंत्रका उपदेशकरके तथा मृगचर्म्म देकर वहीं अन्तर्द्धान होगये और राजा भूनन्दन उसी तीर्थ पर तपकरनेलगा बारहवर्ष के उपरान्त परमेश्वरकी कृपासे वह कुमुदिनीनाम दैत्य कन्या राजाकेपास आई और उसे अपनेसाथमें पातालको लेगई वहांजाके राजाभूनन्दन उसकेसाथ बहुत कालतक दिव्यसुखभोगके अन्तमें परमसिद्धिको प्राप्तहुआ इसप्रकारसे धैर्य्यवान् पुरुष अपने मनोरथों को बहुत कालमें भी प्राप्त करते हैं इससे हे श्रीदर्शन तुमभी भोजनकरो मुझसे अपने प्राणमतत्यागो १७८ मुखरकके यहवचन सुनकर श्रीदर्शन ने कहा कि तुम बहुतठीक कहते हो परन्तु इसप्रकारकी दुर्दशामें ग्रसितहोके मैं द्यूतशालाके बाहर इस नगरमें नहीं निकलाचाहताहूं इससे जो तुम आजही रात्रिको परदेशजानेकी मुझेआज्ञादो तो मैं भोजनकरूं उसके यहवचन स्वीकारकरके मुखरकने उसीसमय उसे भोजनकराया और कहा कि हे मित्र मैंभी तुम्हारेही साथचलूंगा उसके यह वचनसुनके

के वृक्ष अपनी सुगन्धियों से जीवोंके चित्तोंको तृप्तकरतेथे उनवृक्षोंके बीचमें एकवहुत बड़ा शिवजीका मन्दिरथा उसमें रत्नोंकी सीढ़ियां सुवर्णकी दीवार माणिक्यके खंभे और चन्द्रकान्ति मणिकी चट्टान थी ऐसे अति मनोहर उस मन्दिरको देखके आश्चर्यितहुए अपने शिष्यों से तथा राजा भूनन्दनसे उसने कहा कि यहपातालमें हाटकेश्वर नाम श्री शिवजीका मन्दिरहै तुमसबलोग इनका पूजनकरो तपस्वी के यहवचन सुनके सबने पुष्प तोड़ के आकाशगंगा में स्नान करके श्री शिवजी का पूजन किया और क्षणभर विश्रामकरके वहां से चलकर पके फलों से युक्त एक जामन का वृक्ष देखा उसे देखकर तपस्वी ने कहा कि इसवृक्षके फलोंको कोई न खाना जो खाओगे तो बड़ा विघ्नहोगा यह सुनकर भी उनके एक शिष्य ने फलखालिये और खातेही काष्ठके समान जड़ होगया उसकी यह दशा देखके सब लोग भयभीत होके उन फलों को छोड़कर वहां से चले एककोशभर पृथ्वी चलकर एक बड़ा सुवर्ण का परकोटा मिला जिसमें रत्नमय द्वार लगाथा उसद्वारपर दो लोहेके मैढ़े लोगों के रोकनेको खड़ेथे मन्त्र पढ़ेहुये डंडेसे उन मैढ़ों को भगाकर तपस्वी ने अपने साथियोंसमेत भीतर जाके रत्नजटित सुवर्ण के दिव्य गृह देखे उन गृहों के द्वारपर लोहे के डंडे लियेहुए बड़े २ रक्षक खड़े थे उन रक्षकों को देखके तपस्वी ने एक वृक्षके नीचे बैठके दुष्टघ्नी योगधारणा की उसके प्रभावसे वह भयंकर रक्षक भागगये और उन गृहोंमें से दैत्य कन्याओंकी वहुतसी दासी निकलीं उन दासियोंने इन सबसे अलग २ आकर कहा कि कृपा करके भीतर चलिये आपको हमारी स्वामिनी बुलाती हैं उनके यह वचन सुनके तपस्वीने अपने साथियों से कहा कि मंदिरों में जाकर तुम लोग अपनी २ प्रियाओं के वचनोंका उल्लंघन न करना यह कहके वह तपस्वी उन दासियोंके साथ एक दिव्य मंदिरमें जाकर एक उत्तम दिव्य दैत्य कन्याको पाकर अभीष्ट सुखको प्राप्तहुआ और उसके शिष्यभी जुदे २ मंदिरोंमें जाकर दैत्य कन्याओंको पाकर महा सुखीहुये और राजा भूनन्दनभी एक दासीके साथ परम उत्तम दिव्य मन्दिरमें गया उसमन्दिरकी रत्न मयी दीवारों में स्त्रियों के प्रतिविम्ब पड़नेसे ऐसी शोभा होती थी कि मानों सजीव चित्र वनेहुये हैं उस मन्दिरकी सब चट्टान नीलमणिकी बनीहुई थीं इससे ऐसी शोभाहोतीथी कि मानों यह मन्दिर विमानों के जीतनेकी इच्छासे आकाश में चढ़गयाहै वहांकी स्त्रियां ऐसी सुकुमारथीं कि प्रातःकालकी धूप के सहनेवाले पुष्प भी उनकी तुल्यता नहीं करसक्ते थे ऐसे सुन्दर उस मन्दिरमें राजा भूनन्दनने अपनी प्रिया दैत्यकन्याको बैठीहुई देखा उसकी कान्तिसेही वह मन्दिर ऐसा देदीप्यमान होरहाथा कि रत्नके दीपकोंकीभी कुछ आवश्यकता न थी उसके परमसुन्दररूपको देखके राजा के आनन्दाश्रु निकलआये वह आंसू क्या निकले मानों राजा ने अन्य स्त्रियों के देखनेसे लगेहुए अपने नेत्रोंके मैलको धोडाला कुमुदिनीनाम उस कन्याने भी राजा को देखके बड़े आनन्दसे उठके राजाका हाथ पकड़कर आपको मैंने बड़ा परिश्रम दिया यहकहके आदरपूर्वक दिव्यआसनपर बैठाया क्षणभर विश्रामकरने के उपरान्त वह राजा को स्नानकराके तथा दिव्यभोजन कराके और नवीन वस्त्राभरण पहराके उपवनमें बावड़ी के तटपर लेगई और एक मणिकी शिलापर बैठाई उस बावड़ी में

था उसका निश्चयकिया तब श्रीदर्शन तो रोगका बहाना करके लेटरहा क्योंकि उसका शरीर लंघनों के कारण कृशहोगया था और मुखरक उसके पैरपकड़कर रोनेलगा और पद्मिष्ठाने शीघ्रहीजाके चोरोंके स्वामी वसुभूतिसे कहा कि तड़ागके निकट कोई रोगी पथिकआयाहै उसके साथ एक अन्य पुरुषभी है यह सुनकर उसने कुछ चोरोंको उनके पासभेजा उन्होंने तड़ागके निकटजाके मुखरकसे पूछा कि तुम क्यों रोरहेहो यह सुनकर मुखरकने कहा कि मैं ब्राह्मणहूं और यह मेरा बड़ा भाईहै, तीर्थयात्रामें बहुत दिनोंतक भ्रमण करनेके कारण यह रोगी होगयाहै और धीरे २ यहां आकरइसकी सब चेष्टा जातीरही है इससे इसने मुझसे कहाहै कि हे पुत्र तुम मुझे कुशकी शय्यापर लिटाओ और ग्रामसे कोई गुणी ब्राह्मण बुलालाओ जिसे मैं अपना सर्वस्वदान करके देदूं क्योंकि आज रात्रिको मेरे प्राण नहीं बचेंगे इसके यह वचन सुनके मैं यहां परदेशमें रात्रिके समय कोई अपना सहायक न देखके दीनहोकर रोने-लगा तुम लोग कृपाकरके कोई गुणी ब्राह्मण बुलालाओ जिसे यह और मैं जो कुछ हमारेपासधनहै संकल्प करकेदेदें आज रात्रिको निस्सन्देह इसकी मृत्युहोजायगी और मैं भी इस दुःखको न सहकर प्रातःकाल अग्निमें जलकर अपने प्राणदेदूंगा इससे तुम इस हमारी प्रार्थनाको स्वीकारकरो क्योंकि तुम लोग हमको यहां अकारण मित्रमिलेहो यह सुनके उनचोरोंने वसुभूतिसे सब वृत्तान्त कहके कहा कि चलो उससे दान लेआओ उनके यह वचन सुनकर वसुभूतिने कहा कि विना मारे धनलेना हम लोगोंको अनुचितहै क्योंकि जिसका धनलेलो और उसे मार न डालो तो इसमें बड़ा दोष उत्पन्नहोता है यह सुनके चोरों ने कहा कि तुम्हारा सन्देहकरना व्यर्थ है क्योंकि जिसका धनछीनलो उसकेही न मारनेमें दोषहोताहै और जो दानदेताहै उसके मारनेमें क्या फलहै और जो प्रातःकाल तक यह दोनों जीतेरहेंगे तो मारभीडालेंगे नहीं तो व्यर्थ ब्रह्महत्या करनेसे क्या लाभहै उनके यह वचन सुनके वसु-भूति दानलेनेकेलिये श्रीदर्शनके निकटआया और श्रीदर्शनने बहुत विकलता दिखाके अपनी माता के आभूषण उसे देदिये वह लेके वसुभूति अपनेसाथियोंसमेत ग्रामको चलागया इसके उपरान्त सब चोरोंके सोजानेपर पद्मिष्ठा वहांसे उठकर मुखरकके पास चलीआई तब मुखरक तथा श्रीदर्शन उसे अपने साथलेके रात्रिहीके समय मालवदेशकोचले रात्रिभर चलते २ प्रातःकाल एक महावनमें पहुंचे जिसमें कि अनेक प्रकारके कांटोंके वृक्षलगेथे व्याघ्र सिंहादिक भयंकरजीव उच्चस्वरसे चिल्लारहेथे और सैकड़ों मृग इधर उधर घूमरहेथे ऐसे भयंकर उस वनमें वहतीनों दिनभर चलतेरहे सायंकालके समय मानों उनके क्लेशको देखकर सूर्य्यभगवान् अपनी धूपको खैंचके अस्ताचलकोगये सूर्य्यभगवान् के अस्तहोजाने पर वह तीनोंथककर तथा क्षुधासे व्याकुलहोके एक वृक्षकेनीचे बैठगये वहां थोड़ीदूरपर एक ज्वालासी उन्हें दिखाईदी उसे देखकर श्रीदर्शनने मुखरकसे कहा कि शायद यहां कोई ग्रामहै मैं जाके उसे देख-ताहूं यह कहके वह ज्वालाके सन्मुखगया कुछ दूर चलकर एक रत्नमयगृह उसेमिला उनरत्नोंकी प्रभा-हीज्वालाके समान दूरसे दीखतीथी उस मन्दिरके भीतरजाके उसने एक अत्यन्त रूपवती यक्षिणी देखी और बहुतसे उलटे पैरवाले यक्ष उसके सेवकदेखे और उनका लायाहुआ बहुतसा अन्न भी इकट्ठा

श्रीदर्शन उसे साथलेकर परदेशकोचला भाग्यवशसे मार्ग में जातेहुए श्रीदर्शनको उसके माता पिता सौदामिनी और अट्टहासनामयक्ष यक्षिणी ने देखकर और आपत्ति में ग्रसितजानकर आकाशही से कहा कि हे श्रीदर्शन तुम्हारी माता देवदर्शनकी स्त्री ने अपने रहने के स्थानमें बहुतसे आभूषणगाड़ेथे वह अबतक वहीं गड़ेहुएहैं उन्हें जाकर तुम खोदलो और निश्चिन्तहो के मालवदेश को जाओ वहां श्रीसेननाम बड़ा धनवान् राजा है उस राजा को कुमार अवस्था में जुएकेकारण से महा क्लेशहुआथा इससे उसने अपने राज्य में एक बड़ाभारी स्थान ज्वारियों के लिये बनवाया है उसमें जो कोई ज्वारी जाकररहते हैं उनको अभीष्ट भोजन मिलता है इससे हे पुत्र तुमभी वहीं जाओ तुम्हारा वहां कल्याण होगा यह आकाशवाणी सुनकर श्रीदर्शन अपने घर में मित्रसमेतजाके आभूषणों को खोदके प्रसन्नता पूर्वक मालवदेश को चला बहुत दूरचलकर सायंकाल के समय बहुशष्यनाम ग्राम के निकट एक निर्मलजलवाले तड़ाग के तटपरजाके बैठा और हाथ पैर धोकर जलपीके विश्रामकरनेलगा उससमय एक अत्यन्त रूपवती कन्या जलभरनेको वहां आई नीलकमलके समान रूपवाली वह कन्या क्या थी मानों दूसरी रतिहीथी जिसका कि शरीर श्रीशिवजीके क्रोध से भस्महोनेवाले कामदेवके धुएंसे श्याम होगयाथा उसकन्याने श्रीदर्शनको प्रेमपूर्वक देखके उसके निकटआकर कहा कि तुमदोनों जने यहां प्राणदेनेको क्यों आयेहो पतंगके समान अज्ञानसे बलतीहुई अग्निमें क्यों कूदतेहो यह सुनके मुखरक ने घबराकर कहा कि हे सुन्दरी तुम कौनहो और यहतुमने क्या कहा इसका अभिप्राय मैं नहींसमझा यह सुनके उसने कहा कि सुनो मैं अपना वृत्तान्त संक्षेपसे कहतीहूं बड़े प्रसिद्ध सुघोषनामग्राम में पद्मगर्भनाम एक वैदिक ब्राह्मण रहताथा उसके शशिकला नाम पतिव्रता स्त्रीथी उस शशिकलामें उस ब्राह्मणसे दो सन्तान उत्पन्नहुईं एक मुखरकनाम पुत्र और दूसरी पद्मिष्ठानाम मैं कन्या मेरा भाई मुखरक बाल्यावस्थाहीमें द्यूतके व्यसनसे कहीं परदेशको चलागया उस शोकसे मेरी माता मरगई और उसीके शोक से मेरे पिता घरको त्यागके मुझे अपने साथ लेकर मुखरकके ढूंढ़नेको परदेशको चले अनेक नगर तथा ग्रामोंमें घूमतेहुए भाग्यवशसे इस ग्राममें आये इस ग्राममें अनेक चोरोंका स्वामी वसुभूतिनाम चोर नाममात्रका ब्राह्मणरहता है उस पापीने अपने साथियों समेत मेरे पिताको मारकर सब धनलेलिया और मुझे अपने साथ लेजाकर इसलिये रक्खा कि सुभूतिनाम अपने लड़केके साथ मेरा विवाहकरे उसका वह पुत्र चोरी करनेकेलिये कहीं गयाहै और मेरे पुण्योंके प्रभावसे अभी तक नहीं आयाहै अब जो मेरी भाग्यमें बदाहोगा सो होगा इससे वह चोर जो तुम्हें देखलेगा तो अवश्य मारडालेगा ऐसा उपाय करो जिससे वह तुम्हें न पावे उसके यहवचन सुनके मुखरक उसे गलेसे लगाके रोकरबोला कि हे पद्मिष्ठे तेरा मुखरकनाम महा अभागी भाई मैंहीहूं हाय मेरेही कारण मेरे माता पिताका देहान्त हुआ उसके यह वचन सुनकर पद्मिष्ठाभी उसे पहचानकर रोनेलगी उनदोनोंको रोते देखकर श्रीदर्शन ने उन्हें समझाके कहा कि यह शोकका अवसर नहीं है इस समय अपने शरीरकी रक्षाकरनी उचित है धन देकरभी जो अपने प्राण बचजायं तो अच्छाहै श्रीदर्शनके यह वचन सुनके सबने जो कुछ कर्त्तव्य

था उसका निश्चयकिया तब श्रीदर्शन तो रोगका बहाना करके लेटरहा क्योंकि उसका शरीर लंघनों के कारण कृशहोगया था और मुखरक उसके पैरपकड़कर रोनेलगा और पद्मिष्ठाने शीघ्रहीजाके चोरोंके स्वामी वसुभूतिसे कहा कि तड़ागके निकट कोई रोगी पथिकआयाहै उसके साथ एक अन्य पुरुषभी है यह सुनकर उसने कुछ चोरोंको उनके पासभेजा उन्होंने तड़ागके निकटजाके मुखरकसे पूछा कि तुम क्यों रोरहेहो यह सुनकर मुखरकने कहा कि मैं ब्राह्मणहूं और यह मेरा बड़ा भाईहै तीर्थयात्रामें बहुत दिनोंतक भ्रमण करनेके कारण यह रोगी होगयाहै और धीरे २ यहां आकर इसकी सब चेष्टा जातीरही है इससे इसने मुझसे कहाहै कि हे पुत्र तुम मुझे कुशकी शय्यापर लिटाओ और ग्रामसे कोई गुणी ब्राह्मण बुलालाओ जिसे मैं अपना सर्वस्वदान करके देदूं क्योंकि आज रात्रिको मेरे प्राण नहीं बचेंगे इसके यह वचन सुनके मैं यहां परदेशमें रात्रिके समय कोई अपना सहायक न देखके दीनहोकर रोने-लगा तुम लोग कृपाकरके कोई गुणी ब्राह्मण बुलालाओ जिसे यह और मैं जो कुछ हमारेपासधनहै संकल्प करकेदेदें आज रात्रिको निस्सन्देह इसकी मृत्युहोजायगी और मैं भी इस दुःखको न सहकर प्रातःकाल अग्निमें जलकर अपने प्राणदेदूंगा इससे तुम इस हमारी प्रार्थनाको स्वीकारकरो क्योंकि तुम लोग हमको यहां अकारण मित्रमिलेहो यह सुनके उनचोरोंने वसुभूतिसे सब वृत्तान्त कहके कहा कि चलो उससे दान लेआओ उनके यह वचन सुनकर वसुभूतिने कहा कि बिना मारे धनलेना हम लोगोंको अनुचितहै क्योंकि जिसका धनलेलो और उसे मार न डालो तो इसमें बड़ा दोष उत्पन्नहोता है यह सुनके चोरों ने कहा कि तुम्हारा सन्देहकरना व्यर्थ है क्योंकि जिसका धनछीनलो उसकेही न मारनेमें दोषहोताहै और जो दानदेताहै उसके मारनेमें क्या फलहै और जो प्रातःकाल तक यह दोनों जीतेरहेंगे तो मारभीडालेंगे नहीं तो व्यर्थ ब्रह्महत्या करनेसे क्या लाभहै उनके यह वचन सुनके वसु-भूति दानलेनेकेलिये श्रीदर्शनके निकटआया और श्रीदर्शनने बहुत विकलता दिखाके अपनी माता के आभूषण उसे देदिये वह लेके वसुभूति अपनेसाथियोंसमेत ग्रामको चलागया इसके उपरान्त सब चोरोंके सोजानेपर पद्मिष्ठा वहांसे उठकर मुखरकके पास चलीआई तब मुखरक तथा श्रीदर्शन उसे अपने साथलेके रात्रिहीके समय मालवदेशकोचले रात्रिभर चलते २ प्रातःकाल एक महावनमें पहुंचे जिसमें कि अनेक प्रकारके कांटोंके वृक्षलगेथे व्याघ्र सिंहादिक भयंकरजीव उच्चस्वरसे चिल्लारहेथे और सैकड़ों मृग इधर उधर घूमरहेथे ऐसे भयंकर उस वनमें वहतीनों दिनभर चलतेरहे सायंकालके समय मानों उनके क्लेशको देखकर सूर्य्यभगवान् अपनी धूपको खैंचके अस्ताचलकोगये सूर्य्यभगवान् के अस्तहोजाने पर वह तीनोंथककर तथा क्षुधासे व्याकुलहोके एक वृक्षकेनीचे बैठगये वहां थोड़ीदूरपर एक ज्वालासी उन्हें दिखाईदी उसे देखकर श्रीदर्शनने मुखरकसे कहा कि शायद यहां कोई ग्रामहै मैं जाके उसे देख-ताहूं यह कहके वह ज्वालाके सन्मुखगया कुछ दूर चलकर एक रत्नमयगृह उसेमिला उनरत्नोंकी प्रभा-हीज्वालाके समान दूरसे दीखतीथी उस मन्दिरके भीतरजाके उसने एक अत्यन्त रूपवती यक्षिणी देखी और बहुतसे उलटे पैरवाले यक्ष उसके सेवकदेखे और उनका लायाहुआ बहुतसा अन्न भी इकट्ठा

श्रीदर्शन उसे साथलेकर परदेशकोचला भाग्यवशसे मार्ग में जातेहुए श्रीदर्शनको उसके माता पिता सौदामिनी और अट्टहासनामयक्ष यक्षिणी ने देखकर और आपत्ति में ग्रसितजानकर आकाशही से कहा कि हे श्रीदर्शन तुम्हारी माता देवदर्शनकी स्त्री ने अपने रहने के स्थानमें बहुतसे आभूषणगाड़ेथे वह अबतक वहीं गड़ेहुएहैं उन्हें जाकर तुम खोदलो और निश्चिन्तहो के मालवदेश को जाओ वहां श्रीसेननाम बड़ा धनवान् राजा है उस राजा को कुमार अवस्था में जुएकेकारण से महा क्लेशहुआथा इससे उसने अपने राज्य में एक बड़ाभारी स्थान ज्वारियों के लिये बनवाया है उसमें जो कोई ज्वारी जाकररहते हैं उनको अभीष्ट भोजन मिलता है इससे हे पुत्र तुमभी वहीं जाओ तुम्हारा वहां कल्याण होगा यह आकाशवाणी सुनकर श्रीदर्शन अपने घर में मित्रसमेतजाके आभूषणों को खोदके प्रसन्नता पूर्वक मालवदेश को चला बहुत दूरचलकर सायंकाल के समय बहुशष्पनाम ग्राम के निकट एक निर्मलजलवाले तड़ाग के तटपरजाके बैठा और हाथ पैर धोकर जलपीके विश्रामकरनेलगा उससमय एक अत्यन्त रूपवती कन्या जलभरनेको वहां आई नीलकमलके समान रूपवाली वह कन्या क्या थी मानों दूसरी रतिहीथी जिसका कि शरीर श्रीशिवजीके क्रोध से भस्महोनेवाले कामदेवके धुएंसे श्याम होगयाथा उसकन्याने श्रीदर्शनको प्रेमपूर्वक देखके उसके निकटआकर कहा कि तुमदोनों जने यहां प्राणदेनेको क्यों आयेहो पतंगके समान अज्ञानसे बलतीहुई अग्निमें क्यों कूदतेहो यह सुनके मुखरक ने घबराकर कहा कि हे सुन्दरी तुम कौनहो और यहतुमने क्या कहा इसका अभिप्राय मैं नहींसमझा यह सुनके उसने कहा कि सुनो मैं अपना वृत्तान्त संक्षेपसे कहतीहूं बड़े प्रसिद्ध सुघोपनामग्राम में पद्मगर्भनाम एक वैदिक ब्राह्मण रहताथा उसके शशिकला नाम पतिव्रता स्त्रीथी उस शशिकलामें उस ब्राह्मणसे दो सन्तान उत्पन्नहुई एक मुखरकनाम पुत्र और दूसरी पद्मिष्ठानाम मैं कन्या मेरा भाई मुखरक बाल्या-वस्थाहीमें द्यूतके व्यसनसे कहीं परदेशको चलागया उस शोकसे मेरी माता मरगई और उसीके शोक से मेरे पिता घरको त्यागके मुझे अपने साथ लेकर मुखरकके ढूंढ़नेको परदेशको चले अनेक नगर तथा ग्रामोंमें घूमतेहुए भाग्यवशसे इस ग्राममें आये इस ग्राममें अनेक चोरोंका स्वामी वसुभूतिनाम चोर नाममात्रका ब्राह्मणरहता है उस पापीने अपने साथियों समेत मेरे पिताको मारकर सब धनले-लिया और मुझे अपने साथ लेजाकर इसलिये रक्खा कि सुभूतिनाम अपने लड़केके साथ मेरा विवा-हकरे उसका वह पुत्र चोरी करनेकेलिये कहीं गयाहै और मेरे पुण्योंके प्रभावसे अभी तक नहीं आयाहै अब जो मेरी भाग्यमें बदाहोगा सो होगा इससे वह चोर जो तुम्हें देखलेगा तो अवश्य मारडालेगा ऐसा उपाय करो जिससे वह तुम्हें न पावे उसके यहवचन सुनके मुखरक उसे गलेसे लगाके रोकरबोला कि हे पद्मिष्ठे तेरा मुखरकनाम महा अभागी भाई मैंहीहूं हाय मेरेही कारण मेरे माता पिताका देहान्त हुआ उसके यह वचन सुनकर पद्मिष्ठाभी उसे पहचानकर रोनेलगी उनदोनोंको रोते देखकर श्रीदर्शन ने उन्हें समझाके कहा कि यह शोकका अवसर नहीं है इस समय अपने शरीरकी रक्षाकरनी उचित है धन देकर भी जो अपने प्राण बचजायं तो अच्छाहै श्रीदर्शनके यह वचन सुनके सबने जो कुछ कर्तव्य

था उसका निश्चयकिया तब श्रीदर्शन तो रोगका बहाना करके लेटरहा क्योंकि उसका शरीर लंघनों के कारण कृशहोगया था और मुखरक उसके पैरपकड़कर रोनेलगा और पद्मिष्ठाने शीघ्रहीजाके चोरोंके स्वामी वसुभूतिसे कहा कि तड़ागके निकट कोई रोगी पथिकआयाहै उसके साथ एक अन्य पुरुषभी है यह सुनकर उसने कुछ चोरोंको उनके पासभेजा उन्होंने तड़ागके निकटजाके मुखरकसे पूछा कि तुम क्यों रोरहेहो यह सुनकर मुखरकने कहा कि मैं ब्राह्मणहूं और यह मेरा वड़ा भाईहै,तीर्थयात्रामें बहुत दिनोंतक भ्रमण करनेके कारण यह रोगी होगयाहै और धीरे २ यहां आकर इसकी सब चेष्टा जातीरही है इससे इसने मुझसे कहाहै कि हे पुत्र तुम मुझे कुशकी शय्यापर लिटाओ और ग्रामसे कोई गुणी ब्राह्मण बुलालाओ जिसे मैं अपना सर्वस्वदान करके देदूं क्योंकि आज रात्रिको मेरे प्राण नहीं बचेंगे इसके यह वचन सुनके मैं यहां परदेशमें रात्रिके समय कोई अपना सहायक न देखके दीनहोकर रोनेलगा तुम लोग कृपाकरके कोई गुणी ब्राह्मण बुलालाओ जिसे यह और मैं जो कुछ हमारेपासधनहै संकल्प करकेदेदें आज रात्रिको निस्सन्देह इसकी मृत्युहोजायगी और मैं भी इस दुःखको न सहकर प्रातःकाल अग्निमें जलकर अपने प्राणदेदूंगा इससे तुम इस हमारी प्रार्थनाको स्वीकारकरो क्योंकि तुम लोग हमको यहां अकारण मित्रमिलेहो यह सुनके उनचोरोंने वसुभूतिसे सब वृत्तान्त कहके कहा कि चलो उससे दान लेआओ उनके यह वचन सुनकर वसुभूतिने कहा कि विना मारे धनलेना हम लोगोंको अनुचितहै क्योंकि जिसका धनलेलो और उसे मार न डालो तो इसमें बड़ा दोष उत्पन्नहोता है यह सुनके चोरों ने कहा कि तुम्हारा सन्देहकरना व्यर्थ है क्योंकि जिसका धनछीनलो उसकेही न मारनेमें दोषहोताहै और जो दानदेताहै उसके मारनेमें क्या फलहै और जो प्रातःकाल तक यह दोनों जीतेरहेंगे तो मारभीडालेंगे नहीं तो व्यर्थ ब्रह्महत्या करनेसे क्या लाभहै उनके यह वचन सुनके वसुभूति दानलेनेकेलिये श्रीदर्शनके निकटआया और श्रीदर्शनने बहुत विकलता दिखाके अपनी माता के आभूषण उसे देदिये वह लेके वसुभूति अपनेसाथियोंसमेत ग्रामको चलागया इसके उपरान्त सब चोरोंके सोजानेपर पद्मिष्ठा वहांसे उठकर मुखरकके पास चलीआई तब मुखरक तथा श्रीदर्शन उसे अपने साथलेके रात्रिहीके समय मालवदेशकोचले रात्रिभर चलते २ प्रातःकाल एक महावनमें पहुंचे जिसमें कि अनेक प्रकारके कांटोंके वृक्षलगेथे व्याघ्र सिंहादिक भयंकरजीव उच्चस्वरसे चिल्लारहेथे और सैकड़ों मृग इधर उधर घूमरहेथे ऐसे भयंकर उस वनमें वहतीनों दिनभर चलतेरहे सायंकालके समय मानों उनके क्लेशको देखकर सूर्य्यभगवान् अपनी धूपको खेंचके अस्ताचलकोगये सूर्य्यभगवान् के अस्तहोजाने पर वह तीनोंथककर तथा क्षुधासे व्याकुलहोके एक वृक्षकेनीचे बैठगये वहां थोड़ीदूरपर एक ज्वालासी उन्हें दिखाईदी उसे देखकर श्रीदर्शनने मुखरकसे कहा कि शायद यहां कोई ग्रामहै मैं जाके उसे देखनाहूं यह कहके वह ज्वालाके सन्मुखगया कुछ दूर चलकर एक रत्नमयगृह उसेमिला उनरत्नोंकी प्रभाहीज्वालाके समान दूरसे दीखतीथी उस मन्दिरके भीतरजाके उसने एक अत्यन्त रूपवती यक्षिणी देखी और बहुतसे उलटे पैरवाले यक्ष उसके सेवकदेखे और उनका लायाहुआ बहुतसा अन्न भी इकट्ठा

देखा यह देखके उसने यक्षिणीके पास जाके उससे कहा कि हम तीन अतिथि तुम्हारे यहां आयेहैं हम को भोजनदो उसके यह वचन सुनके यक्षिणीने उसके सत्त्वसे प्रसन्नहोकर तीन मनुष्योंके भोजनके योग्य अन्न तथा जल एक यक्षपर लदवाके उसके साथ करदिया उसे लेकर वह पद्मिष्ठा तथा मुखरक के पास आया और यक्षसे अन्न तथा जललेके उसे विदाकरके संध्योपासनादि नित्यकृत्यसे निवृत्तहुआ तदनन्तर मुखरक तथा पद्मिष्ठाके साथ बैठकर उसने दिव्य अन्नखाके निर्मल जल पिया वह दिव्य भोजन करके मुखरकने श्रीदर्शन के सत्त्व तथा प्रभाव को देखकर कहा कि हे मित्र तुम कोई देवांशहो और यह मेरी बहिन पद्मिष्ठाभी पृथ्वीपर एकही सुन्दरीहै इससे मैंने यह तुम्हेंदेदी उसके यह वचन सुनके श्रीदर्शन ने प्रसन्नहोकर कहा कि मुझे तुम्हारे वचन स्वीकार हैं क्योंकि पहलेही से मेरी यह इच्छाथी परन्तु किसी योग्य स्थानमें जाकर मैं इसके साथ अपना विधिपूर्वक विवाहकरूंगा इसप्रकार वार्त्तालापकरके वह दोनों रात्रिको वहीं व्यतीतकरके प्रातःकाल पद्मिष्ठासमेत वहांसेचलकर क्रमसे मालवदेशके स्वामी राजा श्रीसेनके नगरमें पहुंचकर एक वृद्धास्त्रीके घरमें जाकर टिके २५५ वहां प्रसंगसे उन दोनोंने अपना वृत्तान्त कहकर उस वृद्धस्त्रीको उदासीनसा देखकर उससे पूछा कि तुम उदासीनसी क्यों होरहीहो यह सुनके उसने कहा कि मैं राजाके एक सेवक सत्यव्रतनाम ब्राह्मणकी स्त्रीहूं मेरे पतिके मरजानेपर उसके मासिकका चतुर्थांश यह दयालुराजा मुझे देताहै आज कल मेरे अभाग्यसे राजाको राजयक्ष्मा रोग ऐसा होगयाहै जो वैद्योंसे असाध्यहै बड़े २ मंत्र और औषधियां व्यर्थहोगई हैं एक मंत्रवादीने यह प्रतिज्ञाकीहै कि जो कोई वीरसहायक मुझे मिले तो मैं वेताल सिद्धकरके इसरोग को दूरकरूंगा उसके इसप्रकार कहनेपर राजाने जब कोई वीर न पाया तो अपने मंत्रियोंसे कहा कि जो मैंने ज्वारियोंकेलिये स्थान बनवायाहै उसमें देखतेरहो कि शायद कोई वीर ज्वारी आजाय क्योंकि ज्वारीलोग निर्भय और निरपेक्षहोतेहैं राजाकी यह आज्ञापाकर मंत्रियोंने उस स्थानके स्वामीसे यह बात कहदीनी इससे वहांका स्वामी प्रतिदिन नवीन आयेहुए ज्वारियोंमेंसे वीरपुरुषको ढूंढ़ता रहताहै तुम दोनों वीरज्वारीहो जो तुममेंसे कोई इसकार्य्यको करसके तो मुझसे कहो मैं तुमको उसी ज्वारियों के स्थान में लेचलूंगी इसमें मेरा बड़ा उपकारहोगा और तुम्हाराभी राजाके यहां बड़ा सत्कारहोगा यह सुनकर श्रीदर्शनने कहा कि मैं इसकार्य्यको करसक्ताहूं मुझे तुम वहां लेचलो श्रीदर्शन के यहवचन सुनके वहवृद्धामुखरक तथा पद्मिष्ठा समेत श्रीदर्शनको वहां ज्वारियों के स्थानके अधिकारीके पास ले जाकर बोली कि यहज्वारी ब्राह्मण राजाके निमित्त प्रयोगकरनेवाले तांत्रिककी सहायताकरनेको उद्यत है उसके यहवचन सुनके वह अधिकारीने श्रीदर्शनको राजाके पास लेजाकर राजा से कहा कि हेमहाराज यहवीर ब्राह्मण उसमांत्रिककी सहायता करनेको उद्यत है उसके यहवचन सुनके और श्रीदर्शन को देखकर राजाने श्रीदर्शन से कहा कि हे वीर तुम्हारे यत्नसे मेरा रोग अवश्य नष्टहोजायगा क्योंकि तुम्हारे दर्शनसेही मेरे शरीरकी पीड़ा कमहोगई और मेरे चित्तमें अत्यन्त प्रसन्नताहोगई है इससे तुम अवश्य सहायताकरो यहसुनकर श्रीदर्शनने कहा कि यह कौन बड़ीबातहै आप जो कहिये सो मैं करूं

यह उसके वचन सुनके राजाने उसमांत्रिकको बुलाके कहा कि यहवीर तुम्हारा सहायक है अब जो तुम करनाचाहतेथे सो करो राजाके यहवचन सुनके उसमांत्रिकने श्रीदर्शनसे कहा कि जो तुम वेताल के बुलानेमें सहायता करसक्तेहो तो आज कृष्णचतुर्दशीकोही रात्रिके समय श्मशानमें मेरे पासआओ यहकहके वह मांत्रिक चलागया और श्रीदर्शनभी राजासे आज्ञा लेकर ज्वारियों के स्थान में मुखरक तथा पद्मिष्ठाके पासआया और उनके साथ भोजन करके रात्रिके समय खड्ग लेकर अकेलाही अनेक भूत प्रेतोंसे व्याप्त भयंकर अंधियारे श्मशानमें गया वहां श्मशानके बीचमें सम्पूर्ण शरीरमें भस्मलगाये हुए बालोंका यज्ञोपवीत पहरेहुए प्रेतोंके वस्त्रकी पगड़ी बांधेहुए और नीलेवस्त्र धारणकिये उसमांत्रिक को बैठादेखकर उसके पास जाके श्रीदर्शनने उससे कहा कि कहो अब मैं क्या तुम्हारी सहायताकरूं उसके यहवचन सुनके मांत्रिकने प्रसन्नहोकर कहा कि जाओ यहांसे पश्चिम दिशामें आधकोसपर एक सीसों का वृक्षहै उसकी जड़पर एकमुर्दा रक्खाहुआहै उसे तुम ज्योंका त्यों लेआओ उसके यहवचन सुनके श्रीदर्शनने वहां जाकर यहदेखके कि उसमुर्देको कोई अन्यपुरुष उठाये लिये जाता है दौड़कर उससे छीननाचाहा इतनेमें उसमुर्देमें वेतालने प्रवेशकरके महाभयानक शब्दकिया उसशब्दको सुन-कर वहमुर्दा लेजानेवाला दूसरा पुरुष भयभीतहोके मरगया और श्रीदर्शन उसे लेके चला इतनेमें वह जो पुरुष मरगयाथा वह वेतालके आवेशसे उठकर श्रीदर्शनसे बोला कि ठहरो मेरे मित्रको कहां लिये जातेहो यह सुनके उसमें भूतका आवेश जानकर श्री दर्शनने कहा कि यहतुम्हारा मित्रहै इसमें क्या प्रमाणहै यह तो मेराही मित्र है यहसुनके उसने कहा कि जिसे तुम लियेजातेहो इसीका कहना यहां प्रमाण होसक्ता है जिसे यह अपना मित्र कहे वही मित्रहै यहसुनकर श्रीदर्शनके कन्धेपर जो मृतकथा उसमें प्रवेशकरके वेतालने कहा कि मुझे क्षुधालगीहै जो कोई मुझे भोजन लाकरदे वही मेरा मित्र है और वही मुझे जहां चाहे वहां लेजाय यहसुनकर उसदूसरे वेतालने कहा कि मेरे पास भोजन नहीं है श्रीदर्शनके पासहोय तो देवे यहसुनकर श्रीदर्शन ने कहा कि मैं भोजनदूंगा यहकहके जैसेही उसने उसवेताल युक्त मुर्देको मारनाचाहा वैसेही वह अन्तर्द्धान होगया उसे अन्तर्द्धान हुआ देखके श्री द-र्शनके पास जो मुर्दाथा उसमें बैठेहुए वेतालने कहा कि तुमने मुझे भोजन देने कहाथा सो दो उसके यहवचन सुनके श्री दर्शनने और कहीं मांस न देखकर अपनाही मांस काटकर उसे दिया इसकारण प्रसन्नहोके वह वेताल बोला कि हे महासत्त्व तुम्हारे ऊपर मैं प्रसन्नहूं तुमने जो मांस काटकर मुझे दिया है यहतुम्हारे शरीरका घाव अभी भरजायगा अब तुम मुझे लेचलो यहमांत्रिक जो कार्य्य सिद्ध करना चाहताहै सो तुमहीको सिद्धहोगा क्योंकि उसमें कुछ वीरता नहींहै इससे वह नष्टहोजायगा उसके इस वचनको सुनके श्रीदर्शनने उसे लेजाकर उसमान्त्रिक के पास धरदिया उसे देखके वह मांत्रिक बहुत प्रसन्नहोके मनुष्योंकी हड्डियोंके चूरेसे लिपेहुए चौकेमें उसे रखकर चर्बीका दीपक बालके रक्तपुष्पोंसे उसका पूजनकरके उसकी छातीपर बैठके उसके मुखमें हवनकरनेलगा क्षणभरमेंही उसके मुखसे ऐसी ज्वाला निकलनेलगी कि जिसे देखतेही वह मांत्रिक भयभीतहोके भागा यह देखके उसवेतालने उसके

देखा यह देखके उसने यक्षिणीके पास जाके उससे कहा कि हम तीन अतिथि तुम्हारे यहां आयेहैं हम को भोजनदो उसके यह वचन सुनके यक्षिणीने उसके सत्त्वसे प्रसन्नहोकर तीन मनुष्योंके भोजनके योग्य अन्न तथा जल एक यक्षपर लदवाके उसके साथ करदिया उसे लेकर वह पद्मिष्ठा तथा मुखरक के पास आया और यक्षसे अन्न तथा जललेके उसे विदाकरके संध्योपासनादि नित्यकृत्यसे निवृत्तहुआ तदनन्तर मुखरक तथा पद्मिष्ठाके साथ बैठकर उसने दिव्य अन्नखाके निर्मल जल पिया वह दिव्य भोजन करके मुखरकने श्रीदर्शन के सत्त्व तथा प्रभाव को देखकर कहा कि हे मित्र तुम कोई देवांशहो और यह मेरी वहिन पद्मिष्ठाभी पृथ्वीपर एकही सुन्दरीहै इससे मैंने यह तुम्हेंदेदी उसके यह वचन सुनके श्रीदर्शन ने प्रसन्नहोकर कहा कि मुझे तुम्हारे वचन स्वीकार हैं क्योंकि पहलेही से मेरी यह इच्छाथी परन्तु किसी योग्य स्थानमें जाकर मैं इसके साथ अपना विधिपूर्व्वक विवाहकरूंगा इसप्रकार वार्त्तालापकरके वह दोनों रात्रिको वहीं व्यतीतकरके प्रातःकाल पद्मिष्ठासमेत वहांसेचलकर क्रमसे मालवदेशके स्वामी राजा श्रीसेनके नगरमें पहुंचकर एक वृद्धास्त्रीके घरमें जाकर टिके २५५ वहां प्रसंगसे उन दोनोंने अपना वृत्तान्त कहकर उस वृद्धस्त्रीको उदासीनसा देखकर उससे पूछा कि तुम उदासीनसी क्यों होरहीहो यह सुनके उसने कहा कि मैं राजाके एक सेवक सत्यव्रतनाम ब्राह्मणकी स्त्रीहूं मेरे पतिके मरजानेपर उसके मासिकका चतुर्थांश यह दयालुराजा मुझे देताहै आज कल मेरे अभाग्यसे राजाको राजयक्ष्मा रोग ऐसा होगयाहै जो वैद्योंसे असाध्यहै बड़े २ मंत्र और औषधियां व्यर्थहोगई हैं एक मंत्रवादीने यह प्रतिज्ञाकीहै कि जो कोई वीरसहायक मुझे मिले तो मैं वेताल सिद्धकरके इसरोग को दूरकरूंगा उसके इसप्रकार कहनेपर राजाने जब कोई वीर न पाया तो अपने मंत्रियोंसे कहा कि जो मैंने ज्वारियोंकेलिये स्थान बनवायाहै उसमें देखतेरहो कि शायद कोई वीर ज्वारी आजाय क्योंकि ज्वारीलोग निर्भय और निरपेक्षहोतेहैं राजाकी यह आज्ञापाकर मंत्रियोंने उस स्थानके स्वामीसे यह बात कहदीनी इससे वहांका स्वामी प्रतिदिन नवीन आयेहुए ज्वारियोंमेंसे वीरपुरुषको ढूंढ़ता रहताहै तुम दोनों वीरज्वारीहो जो तुममेंसे कोई इसकार्य्यको करसके तो मुझसे कहो मैं तुमको उसी ज्वारियों के स्थान में लेचलूंगी इसमें मेरा बड़ा उपकारहोगा और तुम्हाराभी राजाके यहां बड़ा सत्कारहोगा यह सुनकर श्रीदर्शनने कहा कि मैं इसकार्य्यको करसक्ताहूं मुझे तुम वहां लेचलो श्रीदर्शन के यहवचन सुनके वहवृद्धामुखरक तथा पद्मिष्ठा समेत श्रीदर्शनको वहां ज्वारियों के स्थानके अधिकारीके पास ले जाकर बोली कि यहज्वारी ब्राह्मण राजाके निमित्त प्रयोगकरनेवाले तांत्रिककी सहायताकरनेको उद्यत है उसके यहवचन सुनके वह अधिकारीने श्रीदर्शनको राजाके पास लेजाकर राजा से कहा कि हेमहाराज यहवीर ब्राह्मण उसमांत्रिककी सहायता करनेको उद्यत है उसके यहवचन सुनके और श्रीदर्शन को देखकर राजाने श्रीदर्शन से कहा कि हे वीर तुम्हारे यत्नसे मेरा रोग अवश्य नष्टहोजायगा क्योंकि तुम्हारे दर्शनसेही मेरे शरीरकी पीड़ा कमहोगई और मेरे चित्तमें अत्यन्त प्रसन्नताहोगई है इससे तुम अवश्य सहायताकरो यहसुनकर श्रीदर्शनने कहा कि यह कौन बड़ीबातहै आप जो कहिये सो मैं करूं

त्काल के मेघों में नेत्रों के आनन्ददेनेवाली चन्द्रमाकी मूर्त्तिके समान देखा और हर्ष विस्मय तथा भ्रम से युक्तहोकर शोचा कि कहाँ मैं सोयाथा और कहाँ आकरजगाहूं यह क्या बातहै और यह स्त्री कौनहै निस्सन्देह यह स्वप्नहै परन्तु ऐसा स्वप्न भी अच्छा है लाओ इसे जगाकरदेखूं कि यह कौनहै यह शोच कर उसने उसका कन्धापकड़कर धीरे से जगाया उसके हाथ के स्पर्श से जगकर और उसे देखकर अनंगमंजरी ने शोचा कि यह दिव्यरूपधारी कौन पुरुषहै मैं जानतीहूं कि यह कोई देवता है नहीं तो ऐसे बन्द स्थान में कैसे आता यह शोचके उसने श्रीदर्शन से पूछा कि तुम कौनहो और यहां कैसे आयेहो यह सुनकर श्रीदर्शन ने अपना सब वृत्तान्त कहके उससे पूछा कि तुम कौनहो और इस देशका क्या नाम है यह सुनके अनंगमंजरी ने अपना देश नाम तथा वंश सब बतलाया इसप्रकार परस्पर अपना २ वृत्तान्त कहके उन दोनों ने निश्चयके लिये अपने २ आभूषण बदल लिये और गान्धर्व्व विवाह करनाचाहा यह जानकर गणों ने उन दोनों को निद्राके वशीभूतकरके श्रीदर्शन को उसीके शयनस्थानमें लाकर सुलादिया वहां श्रीदर्शनने क्षणमात्रमेंही जगके अपनास्थान देखके और अपने शरीरमें स्त्रीके आभूषण पाकर शोचा कि अरे यह क्याबातहै कहां तो हंसद्वीपके स्वामी की कन्या अनंगमंजरी कहां वह दिव्य स्थान कहां मेरा वहां जाना और कहां फिर यहीं लौटआना यह स्वप्न तोथा नहीं क्योंकि उसके आभूषण मेरे शरीर में वर्त्तमानहैं यह कोई ईश्वरीय बातहै इत्यादि चिन्तवन करतेहुये उसको पद्मिष्ठाने जगकर उसे स्त्रियोंके आभूषण पहरेहुये देखकर पूछा कि यह क्या बातहै उसने सब वृत्तान्त कहदिया इस वृत्तान्तको सुनके पद्मिष्ठाने उसे बहुत समझाया इससे उसने किसी प्रकार वह रात्रि व्यतीत करके प्रातःकाल राजा श्रीसेनसे जाकर सब वृत्तान्त कहा राजाने भी उसके स्नेहसे यह ढंढोरा पिटवाया कि जो कोई हंसद्वीपका मार्ग जानताहो वह बतावे उसे मैं बहुतसा धनदूंगा परन्तु हंसद्वीपका जाननेवाला कोई भी न निकला तब श्रीदर्शन अनंगमंजरीकी उत्कंठासे ऐसा कामसे पीड़ित हुआ कि उससे न दिनको भोजन कियागया न रात्रिको निद्रा आई न अन्य विषयोंमें उसका चित्तलगा, इस बीचमें राजपुत्री अनंगमंजरी प्रातःकाल जगकर रात्रिके वृत्तान्तका स्मरण करके अपने शरीरमें पुरुषके आभूषण देखके शोचने लगी कि स्वप्नकी भ्रान्तिके दूरकरनेवाले और दुर्लभ जनमें प्रेमके बढ़ानेवाले यह आभूषण मुझे अत्यन्त क्लेश देरहे हैं यह क्या बातथी कुछ मेरे विचारमें नहीं आती इतनेहीमें राजा अनंगदेव अकस्मात् उसके मंदिरमें गया और उसे पुरुषों के आभूषण पहरे देखकर बड़ा आश्चर्य्यितहुआ और अनंगमंजरीने भी अपने पिताको देखकर लज्जासे नम्रहोके वस्त्रसे अपने सब अंगढकलिये तब राजाने उसे अपनी गोदमें बैठालकर प्रेमसे पूछा कि हे पुत्री तुमने पुरुषकासा वेष क्यों बनायाहै और आज तुम्हें यह लज्जा बहुत अधिक क्योंहै मुझसे सब ठीक २ कहदो क्योंकि मेरे प्राण तुम्हारेही स्नेहमें बंधेहुये हैं अपने पिताके यह वचन सुनके अनंगमंजरीने धीरे २ अपना सब वृत्तान्त कहदिया उस वृत्तान्तको जानकर राजा अनंगदेव उस स्थान में मनुष्यके आनेकी गति न देखकर इन्द्रजाल सा मानके अपनेही देशके रहनेवाले एक ब्रह्मसोमनाम

पीछे दौड़कर उसे समूचाही निगललिया यहदशा देखके श्रीदर्शन खड्गले के उसके पीछे दौड़ा इससे वह वेताल अत्यन्त प्रसन्नहोकर बोला, कि हे श्रीदर्शन तुम्हारे इसधैर्य्यको देखके मैं तुम्हारे ऊपर प्रसन्न हूं इससे तुम मेरे मुखसे उत्पन्नहुए इनसरसों के दानोंकोलो इनको शिरमें बांधने से, और हाथ में लेने से राजा शीघ्रही नीरोग होजायगा और तुम थोड़ेही काल में इससम्पूर्ण पृथ्वी के राजा होजाओगे उस वेतालके यहवचन सुनकर श्रीदर्शन ने कहा कि इसमांत्रिकके विना मैं राजा के पास कैसे जाऊं क्योंकि राजा कदाचित् यहीशोचेगा कि इसीने लोभ से उसको मारडाला है श्रीदर्शन के यहवचन सुनके वेताल ने कहा कि जो राजा तुमपर सन्देह करे तो उसे यहां लाकर इसमुर्दे का, जिस में कि मैं हूं पेटचीरकर दिखाना इसमें मांत्रिकका पूराशरीर मिलेगा यह कहके और सरसोंदेके वह वेताल उस मुर्दे मेंसे निकलगया इससे वह मुर्दा पृथ्वीपर गिरपड़ा और श्रीदर्शन उन सरसों के दानों को लेकर ज्वारियोंके स्थान में आकर पद्मिष्ठा तथा मुखरकके पास रात्रिभररहा प्रातःकाल राजा के पासजाके उसने सब वृत्तान्तकहके और मंत्रियोंको श्मशान में लेजाके उस मुर्देका पेटचीरकर उस मांत्रिकका शरीर दिखाके फिर राजा के पासआकर वह सरसों उसके शिरमें बँधवाये और कुछ उसके हाथमेंभी देदिये वह सरसों बाँधतेही राजाका सब दुःख दूरहोगया इससे प्रसन्नहोकर राजा श्रीसेन ने अनपत्यहोने के कारण श्रीदर्शनकोही अपना पुत्र मानके युवराज पदवीदेदी ठीकहै ( उप्तंसुकृतबीजंहि सुक्षेत्रेषुमहाफलम् ) अच्छे क्षेत्र में बोयाहुआ पुण्यरूपीबीज महा फलदायकहोताहै इसप्रकार श्रीदर्शन युवराजपदवी को पाकर पद्मिष्ठा के साथ अपना विवाहकरके मुखरक तथा पद्मिष्ठासमेत राज्य के सुखोंका अनुभवकरने लगा ३२४ एकसमय उपेन्द्रशक्ति नाम किसी वैश्य ने समुद्रके तटपर एक श्रीगणाधिपतिकी रत्नमयी प्रतिमापाकर युवराज श्रीदर्शन को लाकरदी युवराज ने उसे अमूल्य देखकर बहुतसा धन खर्चकरके उसकी प्रतिष्ठाकरवाई और हजारगांव नित्य नैवेद्यादि भोजनादिके खर्चके निमित्त अर्पण किये और प्रतिष्ठाकेदिन रात्रिमें बड़ाभारी उत्सवकिया इससे प्रसन्नहुए श्रीगणेशजी ने अपने गणों से कहा कि मेरी कृपासे यह श्रीदर्शन चक्रवर्त्ती राजाहोगा इससे समुद्रकेपार हंसद्वीप में अनंगोदय नाम जो राजाहै उसकी अनंगमंजरी नाम कन्या अद्वितीय रूपवाली है वह मेरी परमभक्त है सदैव मेरा पूजनकरके मुझ से यह प्रार्थना कियाकरती है कि हे भगवन् मुझे सम्पूर्ण पृथ्वीकास्वामी पतिदीजिये इससे श्रीदर्शनके साथ उसका संयोग मैं कराऊंगा जिससे इन दोनों को मेरी भक्तिका फल मिलजाय इससे तुम लोग युक्तिपूर्वक श्रीदर्शन को उस कन्या के पासलेजाके परस्पर दर्शनकराके शीघ्रही लौटालाओ फिर धीरे धीरे क्रमसे उन दोनोंका संयोगहोगा आजही नहीं होसक्ताहै क्योंकि भवितव्यताही ऐसी है और इस प्रकार से मेरी मूर्त्तिके लानेवाले उपेन्द्रशक्ति वैश्यका भी कुछ उपकारहोजायगा श्रीगणेशजी की यह आज्ञापाकर गणों ने रात्रिकेसमय अपनी सिद्धि से श्रीदर्शन को हंसद्वीप में लेजाकर अनंगमंजरी के शयन स्थान में सुलादिया वहां क्षणभरमेंही श्रीदर्शन ने जगकर रत्नों के दीपकोंसे प्रकाशित अमूल्य मणिमय चँदोवोंसे युक्त निर्मल श्वेत रेशमीवस्त्रोंसे बिछेहुए पलँगपर सोतीहुई अनंगमंजरी को शर-

त्काल के मेघों में नेत्रों के आनन्ददेनेवाली चन्द्रमाकी मूर्त्तिके समान देखा और हर्ष विस्मय तथा भ्रम से युक्तहोकर शोचा कि कहाँ मैं सोयाथा और कहाँ आकरजगाहूं यह क्या वातहै और यह स्त्री कौनहै निस्सन्देह यह स्वप्नहै परन्तु ऐसा स्वप्न भी अच्छा है लाओ इसे जगाकरदेखूं कि यह कौनहै यह शोच कर उसने उसका कन्धापकड़कर धीरे से जगाया उसके हाथ के स्पर्श से जगकर और उसे देखकर अनंगमंजरी नें शोचा कि यह दिव्यरूपधारी कौन पुरुषहै मैं जानतीहूं कि यह कोई देवता है नहीं तो ऐसे बन्द स्थान में कैसे आता यह शोचके उसने श्रीदर्शन से पूछा कि तुम कौनहो और यहां कैसे आयेहो यह सुनकर श्रीदर्शन ने अपना सब वृत्तान्त कहके उससे पूछा कि तुम कौनहो और इस देशका क्या नाम है यह सुनके अनंगमंजरी ने अपना देश नाम तथा वंश सब वतलाया इसप्रकार परस्पर अपना २ वृत्तान्त कहके उन दोनों नें निश्चयके लिये अपने २ आभूषण वदल लिये और गान्धर्व्व विवाह करनाचाहा यह जानकर गणों ने उन दोनों को निद्राके वशीभूतकरके श्रीदर्शन को उसीके शयनस्थानमें लाकर सुलादिया वहां श्रीदर्शनने क्षणमात्रमेंही जगके अपनास्थान देखके और अपने शरीरमें स्त्रीके आभूषण पाकर शोचा कि अरे यह क्यावातहै कहां तो हंसद्वीपके स्वामी की कन्या अनंगमंजरी कहां वह दिव्य स्थान कहां मेरा वहां जाना और कहां फिर यहीं लौटआना यह स्वप्न तोथा नहीं क्योंकि उसके आभूषण मेरे शरीर में वर्त्तमानहैं यह कोई ईश्वरीय वातहै इत्यादि चिन्तवन करतेहुये उसको पद्मिष्ठाने जगकर उसे स्त्रियोंके आभूषण पहरेहुये देखकर पूछा कि यह क्या वातहै उसने सब वृत्तान्त कहदिया इस वृत्तान्तको सुनके पद्मिष्ठाने उसे वहुत समझाया इससे उसने किसी प्रकार वह रात्रि व्यतीत करके प्रातःकाल राजा श्रीसेनसे जाकर सब वृत्तान्त कहा राजाने भी उसके स्नेहसे यह ढंढोरा पिटवाया कि जो कोई हंसद्वीपका मार्ग जानताहो वह वतावे उसे मैं वहुतसा धनदूंगा परन्तु हंसद्वीपका जाननेवाला कोई भी न निकला तब श्रीदर्शन अनंगमंजरीकी उत्कंठासे ऐसा कामसे पीड़ित हुआ कि उससे न दिनको भोजन कियागया न रात्रिको निद्रा आई न अन्य विषयोंमें उसका चित्तलगा, इस वीचमें राजपुत्री अनंगमंजरी प्रातःकाल जगकर रात्रिके वृत्तान्तका स्मरण करके अपने शरीरमें पुरुषके आभूषण देखके शोचने लगी कि स्वप्नकी भ्रान्तिके दूरकरनेवाले और दुर्लभ जनमें प्रेमके वढ़ानेवाले यह आभूषण मुझे अत्यन्त क्लेश देरहे हैं यह क्या वातथी कुछ मेरे विचारमें नहीं आती इतनेहीमें राजा अनंगदेव अकस्मात् उसके मंदिरमें गया और उसे पुरुषों के आभूषण पहरे देखकर वड़ा आश्चर्य्यितहुआ और अनंगमंजरीने भी अपने पिताको देखकर लज्जासे नम्रहोके यत्नसे अपने सब अंगढकलिये तब राजाने उसे अपनी गोदमें वैठालकर प्रेमसे पूछा कि हे पुत्री तुमने पुरुषकासा वेष क्यों वनायाहै और आज तुम्हें यह लज्जा वहुत अधिक क्योंहै मुझसे सब ठीक २ कहदो क्योंकि मेरे प्राण तुम्हारेही स्नेहमें वंधेहुये हैं अपने पिताके यह वचन सुनके अनंगमंजरीने धीरे २ अपना सब वृत्तान्त कहदिया उस वृत्तान्तको जानकर राजा अनंगदेव उस स्थान में मनुष्यके आनेकी गति न देखकर इन्द्रजाल सा मानके अपनेही देशके रहनेवाले एक मत्यगोमनाम

सिद्धयोगीके पासजाके सब वृत्तान्त कहके पूछा कि हे महाराज यह क्यावातहै राजाके वचन सुनकर ब्रह्मसोमने ध्यान से सब जानके कहा कि श्रीगणेशजी महाराज तुम्हारी पुत्रीपर और मालवदेशके राजा श्रीदर्शनपर प्रसन्नहैं उन्हींकी कृपासे श्रीदर्शन चक्रवर्त्ती होगा और उन्हींकी आज्ञासे उनकेगण श्रीदर्शनको तुम्हारी कन्याके पास लायेथे वह तुम्हारी कन्याके योग्य वरहै, योगीके यह वचन सुनके राजाने कहा कि हे भगवन् कहां मालवदेश और कहां हंसद्वीप वहांका मार्गभी किसी को नहीं मालूमहोगा और यह कार्य्य वहुत काल व्यतीत करके करनेके योग्य नहीं है इस विषयमें आपही हमारे गतिहो राजाके यह नम्र वचन सुनके वह कृपालु योगी यह कहके कि मैं तुम्हारे कार्य्यको सिद्धकरूंगा वहांसे अन्तर्द्धानहोके मालवदेशमें आया और श्रीदर्शनके वनवायेहुये गणेशमन्दिरमें जाकर गणेशजीको प्रणामकरके उनकी यह स्तुति करनेलगा कि हे सुमेरुपर्व्वतके समान कान्तिवाले गणेशजी आपको नमस्कारहै नक्षत्रोंकी मालाओंसे आभूषित शिरवाले आपके वड़े शरीरको प्रणामहै मंगलमय आपकी मूर्त्तिको नमस्कारहै नृत्यके उत्सवमें उठीहुई आकाशतक पहुंचनेवाली जो आपकी सूंड़ त्रैलोक्यरूपी मन्दिरके धारण करने वाले स्तंभके समान शोभित होती है उसे प्रणामहै हे विघ्नान्तक सम्पूर्ण सिद्धियों के निधिरूप वड़े उदरवाले सर्पोंके आभूषणवाले आपके शरीरको नमस्कार है इस प्रकार से स्तुति करतेहुये उस योगीके पास गणेशजीकी प्रतिमा लानेवाले उपेन्द्रशक्ति वैश्यका महेन्द्र शक्ति नाम वहुत कालका उन्मत्तपुत्र आया और उस योगीके पकड़नेको दौड़ा उसे आया देखकर योगीने मंत्रपढ़कर एक ऐसा थप्पड़ उसके मारा कि जिससे उसका सब उन्माद नष्टहोगया और वह स्वस्थ होके नग्नहोनेके कारण लज्जितहोके हाथोंसे निज गुह्यअंगोंको ढ़कके अपने घरकोचला ३८३ उस समय उसका पिता उपेन्द्र शक्ति यह समाचार सुनके उसे अपने घर लिवालेगया वहां उसे स्नान कराके तथा वस्त्र पहराके उसे साथलेकर ब्रह्मसोममहर्षि के पासगया और प्रणाम करके वहुतसा धन उन्हें देनेलगा परन्तु उन्होंने नहींस्वीकारकिया इतनेमें इसी वृत्तान्तकोसुनकर राजा श्रीसेनभी श्रीदर्शन को साथलेके तपस्वीके समीप गया और प्रणाम करके तथा उनकी स्तुति करके वोला कि हे भगवन् आपके आगमन से इस वैश्यके पुत्रका वहुत कालका प्राचीन रोग नष्ट होगया इससे अव मेरे ऊपर भी ऐसी कृपा कीजिये जिससे इस युवराज श्रीदर्शनका भी दुःख दूर होजाय यह सुनके वह योगी हँस कर वोला कि हेराजा इस चोरपर मैं क्या दयाकरूं जो हंसद्वीपसे राजपुत्री अनंगमंजरीके आभूषण तथा वस्त्र चुरालाया तथापि आपका कहना मैं अवश्य करूंगा यह कहके वह योगी श्रीदर्शन का हाथ पकड़के उसे लेकर अन्तर्द्धान होगया और हंसद्वीप में राजा अनंगोदयके निकट उसे लेआया. उसे देखकर राजा अनंगोदयने योगीको प्रणाम करके शुभलग्न दिखाकर उसके साथ अनंगमंजरी का विवाह करदिया और उसी योगी के द्वारा उसे अनंगमंजरी समेत मालवदेश में भिजवा दिया अनंगमंजरी समेत श्रीदर्शनको आया देखके राजा श्रीसेनने प्रसन्नतापूर्व्वक वड़ा उत्सव किया और श्रीदर्शन अपनी दोनों स्त्रियों समेत सुखपूर्व्वक रहनेलगा कुछ कालके उपरान्त राजा श्रीसेनके पर-

लोक पधारनेपर उसके राज्यकोपाके श्रीदर्शन पृथ्वी के सब राजाओंको जीतके सम्पूर्ण पृथ्वीका चक्रवर्ती राजाहोगया तदनन्तर उसकी दोनों रानियों के दो पुत्रहुए इनमें से एकका नाम पद्मसेन और दूसरेका नाम अनंगसेन उसनेरक्खा उन दोनों बालकों के क्रमसे कुछ बढ़नेपर एक समय राजा श्रीदर्शन ने किसी ब्राह्मणका बाहर रोदनसुनके उसे अपने पास बुलवाके उससे रोदनका कारणपूछा उस ब्राह्मणने कहा कि जो दीप्तशिख अग्नि मेरेपासथी उसे भी ज्योति तथा धूमलेखा सहित, कालमेघने नष्टकरदिया यहकहके वह अन्तर्द्धानहोगया उसे अन्तर्द्धानहुआ देखकर राजा श्रीदर्शन उसके अभिप्रायको न समझकर बहुत चकितहुआ और अपनी रानियों से बोला कि इसने क्याकहाथा और यह कहांचलागया उसके यह वचनसुनके वह दोनों रानियां बहुत रोते २ मरगईं यह देखके राजा श्रीदर्शन विलापकरके पृथ्वीपर मूर्च्छितहोकर गिरपड़ा तब सेवकलोग उसे तो दूसरे स्थानमें उठाके लेगये और मुखरक्ने उन दोनों रानियोंका दाहकरदिया तदनन्तर मूर्च्छा से जगकर राजा श्रीदर्शन स्नेहसे उन दोनों रानियोंका वर्ष दिनतक और्द्धदैहिक कर्मकरके अपने पुत्रोंको आधा २ राज्यदेके तपकरने की इच्छासे वनको चलागया वहीं फल मूल खाके कुछ काल रहते २ एकदिन घूमते २ किसी बरगदके वृक्ष के निकटगया उस वृक्षमें से अकस्मात् दो स्त्रियां हाथमें फलमूल लियेहुए निकलकर उसके पास आकर बोलीं कि हे राजा हमारे साथ चलकर यह फलमूल स्वीकारकरो यह सुनके श्रीदर्शनने पूछा कि तुम दोनों कौनहो तब उन्होंने कहा कि आप कृपाकरके हमारे स्थानपर चलिये वहीं हम अपना सब वृत्तान्त आपसे कहेंगी उनके यह वचन सुनके श्रीदर्शनने उनके साथ उस वृक्षके खोखले में होकर जाकर एक दिव्य सुवर्णमय पुरदेखा वहां उन दोनों स्त्रियों ने उसे दिव्य फलमूल खिलाकर कहा कि हे राजा अब हमारा सम्पूर्ण वृत्तान्त सुनिये कि प्रतिष्ठानदेशमें कमलगर्भनाम एक धर्मात्मा ब्राह्मण रहताथा उसके पथ्या और वरानाम दो स्त्रियांथीं उन तीनों में परस्पर ऐसा स्नेहथा कि वृद्धावस्था में उन्होंने अग्निभगवान्से यह वरमांगकर कि भविष्यजन्ममें भी हमारा सबका इसीप्रकारका समागम होय अग्निमें जलके अपना २ शरीर त्यागदिया इससे वह कमलगर्भ यक्षयोनिमें प्रदीप्ताक्षनाम यक्ष का पुत्र और अट्टहास नाम यक्षका छोटाभाई दीप्तशिखहुआ और उसकी दोनों स्त्रियां धूमकेतु नाम यक्षराजकी ज्योतिर्लेखा और धूमलेखानाम कन्याहुईं समयपाके वह दोनों कन्या युवतीहोके योग्य पति पाने के लिये वनमें जाकर तपकरनेलगीं उस तपसे प्रसन्नहोके श्रीशिवजी ने प्रत्यक्षहोकर उनसे कहा कि पूर्व्वजन्ममें तुमने जिसको सम्पूर्ण जन्मों में पतिपाने के लिये अग्निमें अपना शरीर भस्म कियाथा वह अट्टहासका छोटाभाई दीप्तशिख नलकूबरके शापसे फिर मृत्युलोकमें आके श्रीदर्शननाम से उत्पन्नहुआहै इससे तुम दोनों भी मृत्युलोकमें जाके उसीकी स्त्री हो जब उसका शाप क्षीणहोगा तब फिर तुम तीनों यक्षत्वभावको प्राप्तहोजाओगे श्री शिवजी के इस वचनसे वह दोनों यक्ष कन्या पृथ्वी में पद्मिष्ठा और अनंगमंजरी नामसे श्रीदर्शनकी स्त्रीहुईं बहुतकालमें ब्राह्मणरूपी अट्टहासने आकर युक्तिपूर्व्वक व्यर्थ वचनकहके उन दोनों स्त्रियोंको पूर्व्वजन्मका स्मरणकरवादिया इससे वह दोनों अ-

सिद्धयोगीके पासजाके सब वृत्तान्त कहके पूछा कि हे महाराज यह क्याबातहै राजाके वचन सुनकर ब्रह्मसोमने ध्यान से सब जानके कहा कि श्रीगणेशजी महाराज तुम्हारी पुत्रीपर और मालवदेशके राजा श्रीदर्शनपर प्रसन्नहैं उन्हींकी कृपासे श्रीदर्शन चक्रवर्त्ती होगा और उन्हींकी आज्ञासे उनकेगण श्रीदर्शनको तुम्हारी कन्याके पास लायेथे वह तुम्हारी कन्याके योग्य वरहै, योगीके यह वचन सुनके राजाने कहा कि हे भगवन् कहां मालवदेश और कहां हंसद्वीप वहांका मार्गभी किसी को नहीं मालूमहोगा और यह कार्य्य वहुत काल व्यतीत करके करनेके योग्य नहीं है इस विषयमें आपही हमारे गतिहो राजाके यह नम्र वचन सुनके वह कृपालु योगी यह कहके कि मैं तुम्हारे कार्य्यको सिद्धकरूंगा वहांसे अन्तर्द्धानहोके मालवदेशमें आया और श्रीदर्शनके वनवायेहुये गणेशमन्दिरमें जाकर गणेशजीको प्रणामकरके उनकी यह स्तुति करनेलगा कि हे सुमेरुपर्व्वतके समान कान्तिवाले गणेशजी आपको नमस्कारहै नक्षत्रोंकी मालाओंसे आभूषित शिरवाले आपके वड़े शरीरको प्रणामहै मंगलमय आपकी मूर्त्तिको नमस्कारहै नृत्यके उत्सवमें उठीहुई आकाशतक पहुंचनेवाली जो आपकी सूंड़ त्रैलोक्यरूपी मन्दिरके धारण करने वाले स्तंभके समान शोभित होती है उसे प्रणामहै हे विघ्नान्तक सम्पूर्ण सिद्धियों के निधिरूप वड़े उदरवाले सर्पोंके आभूषणवाले आपके शरीरको नमस्कार है इस प्रकार से स्तुति करतेहुये उस योगीके पास गणेशजीकी प्रतिमा लानेवाले उपेन्द्रशक्ति वैश्यका महेन्द्र शक्ति नाम वहुत कालका उन्मत्तपुत्र आया और उस योगीके पकड़नेको दौड़ा उसे आया देखकर योगीने मंत्रपढ़कर एक ऐसा थप्पड़ उसके मारा कि जिससे उसका सब उन्माद नष्टहोगया और वह स्वस्थ होके नग्नहोनेके कारण लज्जितहोके हाथोंसे निज गुह्यअंगोंको ढ़कके अपने घरकोचला ३८३ उस समय उसका पिता उपेन्द्र शक्ति यह समाचार सुनके उसे अपने घर लिवालेगया वहां उसे स्नान कराके तथा वस्त्र पहराके उसे साथलेकर ब्रह्मसोममहर्षि के पासगया और प्रणाम करके वहुतसा धन उन्हें देनेलगा परन्तु उन्होंने नहींस्वीकारकिया इतनेमें इसी वृत्तान्तकोसुनकर राजा श्रीसेनभी श्रीदर्शन को साथलेके तपस्वीके समीप गया और प्रणाम करके तथा उनकी स्तुति करके वोला कि हे भगवन् आपके आगमन से इस वैश्यके पुत्रका वहुत कालका प्राचीन रोग नष्ट होगया इससे अव मेरे ऊपर भी ऐसी कृपा कीजिये जिससे इस युवराज श्रीदर्शनका भी दुःख दूर होजाय यह सुनके वह योगी हँस कर वोला कि हेराजा इस चोरपर मैं क्या दयाकरूं जो हंसद्वीपसे राजपुत्री अनंगमंजरीके आभूषण तथा वस्त्र चुरालाया तथापि आपका कहना मैं अवश्य करूंगा यह कहके वह योगी श्रीदर्शन का हाथ पकड़के उसे लेकर अन्तर्द्धान होगया और हंसद्वीप में राजा अनंगोदयके निकट उसे लेआया. उसे देखकर राजा अनंगोदयने योगीको प्रणाम करके शुभलग्न दिखाकर उसके साथ अनंगमंजरी का विवाह करदिया और उसी योगी के द्वारा उसे अनंगमंजरी समेत मालवदेश में भिजवा दिया अनंगमंजरी समेत श्रीदर्शनको आया देखके राजा श्रीसेनने प्रसन्नतापूर्व्वक वड़ा उत्सव किया और श्रीदर्शन अपनी दोनों स्त्रियों समेत सुखपूर्व्वक रहनेलगा कुछ कालके उपरान्त राजा श्रीसेनके पर-

कोई देवता मालूम होतेहैं उसके इसप्रकार कहनेपर मृगांकदत्तने अपने मंत्रियोंसे कहा कि यह प्रचण्ड शक्तिनाम मेरा मंत्रीही है इस समय इससे बोलना नहीं चाहिये क्योंकि कदाचित् यह हाथी इसकी अन्धताभी दूरकरदे और हमलोगोंकोदेखकर ऐसा न होय कि यहहाथी कहीं चलाजाय इससे यहीं खड़े २ देखना चाहिये कि क्या होताहै यह कहके मृगांकदत्त चुपचाप वहीं खड़ारहा इतने में प्रचण्ड शक्ति ने हाथीसे पूछा कि आपकौन हैं और यह हाथीका स्वरूप आपका कैसेहुआ और यह मनुष्योंकीसी वाणी आपकी कैसे है यह सुनके उस हाथीने बड़ी श्वासलेके कहा कि सुनों मैं अपना सबवृत्तान्त कहताहूं कि एक लब्यानाम नगरी में श्रुतधरनाम राजा के दो रानियों में शीलधर और सत्यधरनाम दो पुत्रथे कालके प्रभावसे राजा श्रुतधरके मरजानेपर सत्यधरने अपने बड़े भाई शीलधरको निकालकर आपही सब राज्य लेलिया इससे शीलधरने वनमें जाके घोर तपकरके श्री शिवजी को प्रसन्न किया और प्रसन्नहुए साक्षात् आयेहुए श्री शिवजीसे यह वरमांगा कि हे स्वामी मैं गन्धर्व होजाऊं जिससे उस अपने दुष्टभाईको मैं शीघ्रही मारडालूं यह सुनकर श्री शिवजीने कहा कि ऐसाही होगा परन्तु वह तुम्हारा शत्रु इससमय आपही मरगयाहै अब वह राढ़ानगरीमें उग्रभटनाम राजाका समरभटनाम पुत्र होगा और तुम उसके भीमभटनाम सौतेले बड़ेभाई होकर उसेमारके राज्यकरोगे तुमने क्रोध युक्त होकर यह तपकियाहै इससे तुम किसी मुनिके शापसे अपने राज्यसे च्युतहोकर वनके हाथी होगे परन्तु तुम्हें अपने पूर्वजन्मका स्मरण बनारहेगा और तुम्हारी वाणी मनुष्यों कीसी रहेगी जब तुम किसी थके हुये अतिथिको सावधान करके उससे अपना वृत्तान्त कहोगे तब हाथीपनेसे छूटकर गन्धर्व होजाओगे और उस अतिथि का भी उपकार होगा यहकहके श्री शिवजी के अन्तर्द्धान होजाने पर शीलधरने गंगाजी में डूबकर अपना शरीर त्यागकरदिया इस बीच में राढ़ापुरी के उग्रभटनाम राजा के अपने तुल्य मनोरमानाम रानीके साथ सुख पूर्वक रहताथा एकसमय देशान्तर से लासकनाम एक नर्त्तक उसके पास आया उसने राजाको अपना नृत्य दिखाकर अपनी लास्यवती नाम कन्या का भी नृत्य दिखाया उस कन्याको देखतेही राजाने कामके वशीभूतहोकर उसके पिताको बहुतसा धनदेके उसके साथ अपना विवाह करलिया इसके उपरान्त एकसमय राजा उग्रभटने अपने यजुस्स्वामीनाम पुरोहित से कहा कि मेरेपुत्र नहीं है इससे तुम मेरे निमित्त पुत्रेष्ठीनाम यज्ञकरो राजाकी यह आज्ञापाके पुरोहित ने विद्वान् ब्राह्मणों समेत पुत्रेष्ठी करके मंत्रसे पवित्रचरुका प्रथम भाग मनोरमा रानीकोदिया और शेष भाग उस दूसरी लास्यवती रानीकोदिया इससे उनदोनों रानियों के उदरमें वह शीलधर और सत्यधर दोनोंभाई आकर प्राप्तहुए समयपाकर मनोरमा रानीमें शीलधर पुत्रहुआ उसके उत्पन्नहोतेही यह आकाश वाणीहुई कि यह भीमभटनाम बड़ा यशस्वी राजाहोगा तदनन्तर दूसरे दिन लास्यवती रानी में सत्यधर पुत्र उत्पन्नहुआ उसकानाम राजाने समरभट रक्खा समय पाकर जब वहदोनों बालक सयानेहुए तो समरभटकी अपेक्षा भीमभट अधिक गुणवान् तथा बलवान् हुआ इसीसे उनदोनोंका परस्पर बड़ा द्वेषहोगया एकसमय बाहुयुद्धके खेलमें समरभटने हठपूर्व्वक भीमभटके गले में बड़े पराक्रम

पने मनुष्य शरीरको त्यागकर यक्षिणीहोगई हे राजा वह दोनों हमहीं हैं और आपही दीप्तशिख नाम यक्षहो उनके यह वचन सुनकर श्रीदर्शन अपने पूर्वजन्मका स्मरणकरके दीप्तशिखनाम यक्षहोगया और अपनी दोनों यक्षिणी स्त्रियोंको पाकर बहुत प्रसन्नहुआ हे विचित्रकथ वहयक्ष मैंही हूं और यही दोनों मेरी प्रियाहैं इसप्रकारसे देवयोनिमें उत्पन्नहुए हमलोगोंको भी ऐसे २ दुःख प्राप्तहोते हैं फिर मनुष्योंकी क्या गणनाहै हे पुत्र थोड़ेही कालमें मृगांकदत्तसे तुम्हारा संयोगहोगा विषादमतकरो मैं तुम्हारा यहां अतिथि सत्कारकरूंगा क्योंकि मेरा पृथ्वीपरका यहीं स्थानहै और तुम्हारा मनोरथ सिद्ध करके फिर अपने मुख्य स्थानं कैलाशको चलाजाऊंगा यह अपनी कथाकहके उस यक्षने कुछ दिन तक अपने पास मुझे रक्खा और आज रात्रिमें आपलोगोंको यहां आया जानके वह मुझ सोतेहुए हीको यहां छोड़गया उसीकी कृपासे आपलोगों के दर्शन मुझे हुएहैं यही आपके वियोगमें मेरा वृत्तान्तहै विचित्रकथसे इस सब कथाको सुनकर मृगांकदत्त अपने सब मन्त्रियों समेत बहुत प्रसन्नहुआ और उस रात्रिको वहीं व्यतीतकरके प्रातःकाल अपने अन्य मन्त्रियोंको ढूंढ़ताहुआ शशांकवतीकी प्राप्तिके निमित्त मन्त्रियों समेत उज्जयिनीपुरीको चला ४४१॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांशशाङ्कवतीलम्बकेषष्ठस्तरंगः६॥

इसके उपरान्त श्रुतधि तथा गुणाकर आदि चारमंत्रियों समेत विन्ध्याचलके बनों में भ्रमण करता हुआ मृगांकदत्त अनेक प्रकारके सफलवृक्षोंसे युक्त एक तड़ागके निकट पहुँचा उस तड़ागमें मंत्रियों समेत स्नान करके और सुन्दर २ फलखाके उसने एक लताओंकी कुंजमें कुछ वार्त्तालापसी सुनी और जैसे ही वहां जाकर देखा तो एक बड़ाभारी हाथी किसी अन्धे पथिकको अपनी सूंड़से जल छिड़क के और कानों से उसपर पंखाकरके सावधान कररहा था और बारम्बार मनुष्यों कीसी स्पष्टवाणी से पूछता था कि क्या तुम कुछ सावधानहुए यह देखकर मृगांकदत्त ने अपने अन्य मंत्रियों को भी बुलाकर कहा कि देखो कहां तो बनकाहाथी और कहां मनुष्योंके समान आचार निस्सन्देह किसी कारणसे यह कोई अन्यजीव इस शरीरमें है और यह पुरुष मेरे मंत्री प्रचण्डशक्ति के समानहै किन्तु वह अन्धा न था और यह अन्धाहै अच्छा थोड़ीदेर यहां ठहरकर देखना चाहिये कि यह दोनों क्याकरतेहैं यह कहकर मृगांकदत्त वहीं छिपाहुआ खड़ारहा इतने में सावधानहुए उस अन्धपुरुषसे हाथी ने पूछा कि तुमकौनहो और अन्धेहोकर किसप्रकार यहां आये हो यह सुनके उस अन्धपुरुषने कहा कि अयोध्या नाम पुरीमें अमरदत्त नाम राजाहै उसके मृगांकदत्त नाम बड़ा गुणवान् पुत्रहै उसीका प्रचण्डशक्तिनाम मैं मन्त्री हूं मृगांकदत्तको किसी कारण से दशमंत्रियों समेत उसके पिताने अपने देशसे निकाल दिया फिर वनमें सर्पके शापसे हम सबका परस्पर वियोग होगया और मैं अन्धाहोकर भ्रमण करते २ यथा कथंचित् मिलेहुए फलमूलखाके यहां आया यद्यपि मैं चाहताथा कि कहीं गढ़ेमें गिरकर या क्षुधासे मेरे प्राणनिकलजांय परन्तु मुझ अभागीका यह मनोरथभी ब्रह्माने पूर्ण नहीं किया आज मैं जानताहूं कि आपकी कृपासे जैसे मेराश्रम दूरहुआ है वैसेही यह अन्धता भी दूर होजायगी मुझेआप

कोई देवता मालूम होतेहैं उसके इसप्रकार कहनेपर मृगांकदत्तने अपने मंत्रियोंसे कहा कि यह प्रचण्ड शक्तिनाम मेरा मंत्रीही है इस समय इससे बोलना नहीं चाहिये क्योंकि कदाचित् यह हाथी इसकी अन्यताभी दूरकरदे और हमलोगोंकोदेखकर ऐसा न होय कि यहहाथी कहीं चलाजाय इससे यहीं खड़े २ देखना चाहिये कि क्या होताहै यह कहके मृगांकदत्त चुपचाप वहीं खड़ारहा इतने में प्रचण्ड शक्ति ने हाथीसे पूछा कि आपकौन हैं और यह हाथीका स्वरूप आपका कैसेहुआ और यह मनुष्योंकीसी वाणी आपकी कैसे है यह सुनके उस हाथीने बड़ी श्वासलेके कहा कि सुनो मैं अपना सबवृत्तान्त कहताहूं कि एक लव्यानाम नगरी में श्रुतधरनाम राजा के दो रानियों में शीलधर और सत्यधरनाम दो पुत्रथे कालके प्रभावसे राजा श्रुतधरके मरजानेपर सत्यधरने अपने वड़े भाई शीलधरको निकालकर आपही सब राज्य लेलिया इससे शीलधरने वनमें जाके घोर तपकरके श्री शिवजी को प्रसन्न किया और प्रसन्नहुए साक्षात् आयेहुए श्री शिवजीसे यह वरमांगा कि हे स्वामी मैं गन्धर्व होजाऊं जिससे उस अपने दुष्टभाईको मैं शीघ्रही मारडालूं यह सुनकर श्री शिवजीने कहा कि ऐसाही होगा परन्तु वह तुम्हारा शत्रु इससमय आपही मरगयाहै अब वह राढ़ानगरीमें उग्रभटनाम राजाका समरभटनाम पुत्र होगा और तुम उसके भीमभटनाम सौतेले वड़ेभाई होकर उसेमारके राज्यकरोगे तुमने क्रोध युक्त होकर यह तपकियाहै इससे तुम किसी मुनिके शापसे अपने राज्यसे च्युतहोकर वनके हाथी होगे परन्तु तुम्हें अपने पूर्वजन्मका स्मरण वनारहेगा और तुम्हारी वाणी मनुष्यों कीसी रहेगी जब तुम किसी थके हुये अतिथिको सावधान करके उससे अपना वृत्तान्त कहोगे तव हाथीपनेसे छूटकर गन्धर्व होजाओगे और उस अतिथि का भी उपकार होगा यहकहके श्री शिवजी के अन्तर्द्धान होजाने पर शीलधरने गंगाजी में डूबकर अपना शरीर त्यागकरदिया इस बीच में राढ़ापुरी के उग्रभटनाम राजा के अपने तुल्य मनोरमानाम रानीके साथ सुख पूर्वक रहताथा एकसमय देशान्तर से लासकनाम एक नर्त्तक उसके पास आया उसने राजाको अपना नृत्य दिखाकर अपनी लास्यवती नाम कन्या का भी नृत्य दिखाया उस कन्याको देखतेही राजाने कामके वशीभूतहोकर उसके पिताको वहुतसा धनदेके उसके साथ अपना विवाह करलिया इसके उपरान्त एकसमय राजा उग्रभटने अपने यज्ञुस्स्वामीनाम पुरोहित से कहा कि मेरेपुत्र नहीं है इससे तुम मेरे निमित्त पुत्रेष्ठीनाम यज्ञकरो राजाकी यह आज्ञापाके पुरोहित ने विद्वान् ब्राह्मणों समेत पुत्रेष्ठी करके मंत्रसे पवित्रचरुका प्रथम भाग मनोरमा रानीकोदिया और शेष भाग उस दूसरी लास्यवती रानीकोदिया इससे उनदोनों रानियों के उदरमें वह शीलधर और सत्यधर दोनोंभाई आकर प्राप्तहुए समयपाकर मनोरमा रानीमें शीलधर पुत्रहुआ उसके उत्पन्नहोनेही यह आकाश वाणीहुई कि यह भीमभटनाम बड़ा यशस्वी राजाहोगा तदनन्तर दूसरे दिन लास्यवती रानी में सत्यधर पुत्र उत्पन्नहुआ उसकानाम राजाने समरभट रक्खा समय पाकर जब वहदोनों बालक सयानेहुए तो समरभटकी अपेक्षा भीमभट अधिक गुणवान् तथा बलवान् हुआ इसीसे उनदोनोंका परस्पर बड़ा द्वेषहोगया एकसमय बाहुयुद्धके खेलमें समरभटने हठपूर्व्वक भीमभटके गले में बड़े पराक्रम

...गसे उस
...माता
...शिर
लगाके बहुत रोनेलगी इतने में राजाने वहां आकर उसे रोता देखके पूछा कि तुम्हारे रोनेका क्या कारण है उसने कहा कि देखिये आज भीमभटने खेलमें समरभटकी यह दशाकरदी है यह सदैव इसकी दुर्दशाकिया करताहै परन्तु मैं आपसे नहीं कहतीहूं और मुझे इसके उपद्रवों से मालूमहोताहै कि ऐसे दुष्ट पुत्रसे आपका भी क्या कल्याणहोगा अथवा आप अपनेही चित्तसे विचारसक्ते हो मेरे कहने की क्या आवश्यकताहै उसके यह वचन सुनकर राजा उग्रभटने क्रोधकरके भीमभटको अपने राजमंदिर से निकलवादिया और उसे जो कुछ खर्च करने को धनमिला करताथा सो भी बन्दकरवाके समरभटकी रक्षाकेलिये सौ राजपुत्र रक्खे और समरभटको भांडागार का अधिकारी बनादिया तब रानी मनोरमा ने भीमभटको अपने पास बुलाकेकहा कि हे पुत्र तुम्हारे पिताने लास्यकी के कहने से तुमको घरसे निकलवादिया है इससे तुम पाटलिपुत्रमें अपने नानाके यहांजाओ मेरे कोई भाई नहीं है इससे वह अपना राज्य तुमकोदेदेंगे और जो तुम यहां रहोगे तो यहसमरभट तुम्हारा वैरी है तुमको मरवाडालेगा माताके यहवचन सुनकर भीमभटने कहा कि हे माता धैर्य्यधरो मुझको कौन मारसक्ताहै मैं क्षत्रीहोके नपुंसकों के समान अपना देशनहीं छोड़ूंगा यह सुनकर मनोरमाने कहा कि अच्छा तुम अपनी रक्षा के लिये मुझसे धनलेके बहुत से सहायक करलो यह सुनके भीमभटने फिर कहा कि हे अम्ब यहभी मुझे शोभा नहींदेता क्योंकि ऐसा करनेसे मैं अपने पिताकेसाथ बराबरी करने का अपराधीहूंगा, तुम कुछ सन्देह मतकरो तुम्हारे केवल आशीर्वादही से ...
झाके वह राजमंदिर के बाहर चलागया इतने में पु...
यह बड़ा अनुचित कार्य्य किया भीमभटके आगे समरभटको राज्य देना योग्य नहींहै इससमय भीमभट के गुणोंके कारण हमसब लोगोंको उसकी सहायता करनीचाहिये यह निश्चयकरके सम्पूर्ण पुरवासी उसे गुप्तधन देनेलगे जिससे वह अपने सेवकों समेत सुखपूर्व्वक रहनेलगा और समरभट युक्ति पूर्व्वक उसके मारनेकी इच्छाकरनेलगा और इसीनिमित्त उसने बहुतसा धनभी खर्च किया इतनेमें भीमभट और समरभट दोनोंका मित्र शंखदत्तनाम युवाशूर तथा धनवान् एकब्राह्मण समरभटके पास आकर बोला कि तुमको अपने बड़ेभाई के साथ वैर नहीं करनाचाहिये यह बड़ा अधर्म्म है और तुम उसे मारभी न सकोगे क्योंकि वह तुमसे अधिक बलवान् और गुणवान् है इससे तुम केवल अयशमात्रही के भागी होगे उसके यहवचन सुनकर समरभटने उसके श्रेष्ठ वचनोंको स्वीकार न करके उसका बड़ा तिरस्कार किया ठीकहै ( हितोपदेशोमूर्खस्यकोपायैवनशान्तये ) मूर्खको हितका उपदेश करनेसे कोपही होताहै शान्ति नहीं होतीहै इससे शंखदत्तने कुपितहोकर इसदुष्टके जीतनेकी इच्छासे भीमभटके साथ जाकर परम मित्रता करली ७५ इसके उपरान्त देशान्तरसे आयाहुआ मणिदत्तनाम वैश्य ... समान

श्वेत और शंख आदिके समान सुन्दर शब्दवाला एक अत्युत्तम घोड़ालाया उसघोड़ेको शंखदत्तके कहनेसे भीमभटने मोल ले लिया यहसमाचार पाकर समरभट उसवैश्यसे जाकर बोला कि दूना मोल लेकर वह घोड़ा मुझे देदे परन्तु वह वैश्य घोड़ा बेचचुकाथा इससे वहघोड़ा न देसका तब समरभट बलात्कारसे घोड़ा लेनेकेलिये अपने सहायकों समेत भीमभटके यहांगया और वहां उनदोनों भाइयों का परस्पर युद्धहोनेलगा युद्धमें भीमभटसे हारकर समरभट भागनेलगा उसको भागते देखके शंखदत्त ने उसके पीछेसे बाल पकड़कर जैसेही उसे मारनाचाहा वैसेही भीमभट ने उससे निषेधकरके कहा कि इसको जानेदो इसके मरनेसे पिता को बड़ा क्लेशहोगा उसके यह वचन सुनकर शंखदत्त ने उसे छोड़ दिया और वह अपने पिता के पास भागगया इसके क्षणभर पीछेही एक ब्राह्मण ने आकर एकान्त में भीमभट से कहा कि तुम्हारी माता मनोरमा यज्ञस्वामी पुरोहित और सुमतिमन्त्री ने कहा है कि हे पुत्र यह तो तुम जानतेहीहो कि राजा तुमपर कैसा रुष्टहै और इस समाचार को पाकर और भी रुष्ट क्या पूरा शत्रुही होजायगा इससे जो तुम अपने शरीर धर्म तथा यशकी रक्षा करना चाहतेहो और कुछ भविष्यका विचारकरसक्तेहो और हमलोगोंको अपना हितकारी जानतेहो तो सूर्य्यास्तहोने के पहलेही यहां से निकलकर अपनी ननसाल चलेजाओ यह उन लोगों ने कहा है और यह रत्नोंसे भरा हुआ डिब्बा रानी ने आप को दिया है उस सँदेसे को मानकर और उस डिब्बेको लेकर भीमभट संगमें शंखदत्तको लेकर घोड़ेपर चढ़के वहां से चला चलते २ एक बड़े घोर पतावरके वन में पहुँचा वहां घोड़ों के पैरके शब्दको सुनकर दो सिंहोंने अपने बच्चोंसमेत आकर अपने नखोंसे घोड़ोंके पेटोंको फाड़डाला और उन दोनों वीरों ने खड्गकेप्रहारसे दोनों सिंहोंको मारडाला और जैसेही घोड़ोंपर से दोनों उतरे वैसेही उन दोनों घोड़ोंकी आंतेंगिरपड़ीं और पृथ्वीमेंगिरकर मरगये यह देखके भीमभट ने बहुत दुखित होकर शंखदत्त से कहा कि हे मित्र भाइयोंके विरोधसे तो भागकर हम यहां आये अब बताओ इसविपरीत भाग्यसे भागकर कहांजांय जिसने यहां भी घोड़ोंको मारकर हमें अत्यन्त दुखदिया जिस घोड़े के निमित्त हमने अपना देश त्यागा था वह घोड़ा भी मरगया अब पैदल इसवनमें कैसेचलेंगे उसके यह वचन सुनके शंखदत्त ने कहा ( नैतन्नवंजयतियत्पौरुषंविधुरोविधिः निसर्गएवतस्यायं धैर्येणतुसजीयते वातेरिवकिंकुर्य्योद्धीरस्याकंपितस्यसः ) यह बात कुछ नवीन नहीं है कि कुटिल भाग्य पुरुषार्थ को जीतलेताहै यह तो उसका स्वभावही है परन्तु धैर्य्य उसे जीतताहै जैसे पर्व्वतको वायु नहीं कंपा सक्ती है वैसेही नहीं कम्पायमान होनेवाले धीर पुरुषका भाग्य क्या करसक्ताहै इससे धैर्य्यरूपी घोड़ेपर चढ़कर चलोचलें शंखदत्तके यहवचन सुनके भीमभट उसकेसाथ चला और रात्रिभरमें उसवनको उल्लंघन करके प्रातःकाल चलते २ तपस्वियों की कुटियों से व्याप्त श्रीगंगाजीके तटपरपहुँचा वहां श्रीशिवजीके शिरमें रहनेके कारणमानों चन्द्रमा के अमृतसे युक्त गंगाजीके मधुर शीतलजलमें स्नानकरके उनदोनों ने विश्रामकिया और मार्गमें आयेहुए व्याधोंसे हिरणोंका मांस लेकर सनकेखाया तदनन्तर गंगाजीके पारजानेको असमर्थ होकर वह शंखदत्त समेत गंगाजीके किनारे २ चला मार्गमें एकयुवा

सम्पूर्ण पुरवासी बड़े आनन्दकी ध्वनि करनेलगे उस दूतका बड़ा सत्कार करके राजा महासेन सम्पूर्ण परिकर समेत अपनी पुरीमें जाकर चतुरंगिणी सेना सजाकर अपने पुत्रको लेनेचला और सुन्दरसेन भी मन्दारवती विक्रमशक्ति, भीमभुज, दृढ़बुद्धि; तथा विन्ध्यकेतुसहित निपादोंके ग्रामसे घोड़ोंपर चढ़ के चला कई दिनोंके उपरान्त मार्गमें उसने अपने पिताको सेना समेत आते देखकर अपने मित्रोंसमेत घोड़ोंसे उतरकर पिताके चरणोंपर गिरा पैरों परसे उसे उठाके छातीमें लगाकर राजा महासेनको परम आनन्द प्राप्तहुआ और मन्दारवतीको प्रणाम करते देखकर उसने अपनेको तथा अपने सब कुलको कृतार्थ माना और अपने तीनों मंत्रियोंको भी प्रणाम करते देखके पुत्रसे भी अधिक उनका सत्कारकिया तदनन्तर सुन्दरसेनने अपने पिताके कहनेसे मन्दारदेवको पहचानके बड़े आनन्दपूर्व्वक उसके पैरों पर गिरकर प्रणाम किया और पहले आयेहुए अपने चंडप्रभ तथा व्याघ्रपराक्रम नाम दोनों मंत्रियोंसे भी मिलकर अपने मनोरथों को पूर्णमाना उससमय शशांकपुरसे राजा महेन्द्रादित्यभी प्रसन्न होकर वहीं आया इसके उपरान्त उन सबको साथ लेकर सुन्दरसेन बड़ी प्रसन्नतापूर्व्वक राजधानीमें जाकर सम्पूर्ण पुरवासियोंको अपना नयनानन्ददायी दर्शनदेकर अपनी माताकेमन्दिरमें गया वहां मंदारवती समेत उसने अपनीमाताके चरणोंमें प्रणामकरके वह दिन बड़ेउत्सवसे वहीं व्यतीतकिया दूसरेदिन ज्योतिपियोंसे शुभलग्नपूछकर मन्दारदेवने मन्दारवतीका विवाह सुन्दरसेनकेसाथ करदिया और सम्पूर्ण अपनाराज्य रत्नोंसमेत अपने जीवनके उपरान्त कहके उसको देदिया और राजा महासेनने भी अपने ऐश्वर्य्यके समानबड़ा उत्सव किया परिजन लोगोंको सुवर्ण वस्त्र तथा आभूपणदिये कारागृहसे क़ैदी छुड़वाये और ब्राह्मणोंको अनेकप्रकारके दानदिये इसके उपरान्त उत्सवके समाप्तहोनेपर राजा मन्दारदेव महेन्द्रादित्य तथा विन्ध्यकेतु अपने २ स्थानोंकोगये तदनन्तर सुखसे कुछकाल व्यतीत होनेपर राजा महासेन अपने पुत्र सुन्दरसेन को सब प्रजाओं का प्यारा तथा महागुणवान् देखकर उसे राज्य देकर रानीसमेत वनको चलागया राज्यको पाकर सुन्दरसेन भुजबलसे सम्पूर्ण पृथ्वी को जीतकर चक्रवर्त्ती होगया और अपने पांचोंमंत्री तथा मन्दारवती समेत राज्यके सुखोंको भोगने लगा यह कथा कहके कण्वमुनिने हम सबलोगों से कहा कि हे पुत्रो जो धीरपुरुप बड़े२ कठिन दुःखोंको सहते हैं उनके बड़े२ कठिन मनोरथ भी पूर्ण होजातेहैं और जो सत्त्वहीन आलस्यी होतेहैं उनके करनेसे कुछ भी नहींहोता इससे तुमलोग विकलताको त्यागकरो तुम्हारा स्वामी मृगांकदत्तभी सम्पूर्ण मंत्रियों से मिलकर शशांकवतीको पाके बहुतकालतक राज्य करेगा कण्वमुनिके यह वचन सुनकर हमलोग उस रात्रिको वहीं व्यतीतकरके दूसरेदिन वहां से चलके इस वनमें आये यहां क्षुधासे अत्यन्त व्याकुलहोके इस वृक्षपर चढ़नेसे गणेशजी के कोपसे फलरूप होगये आज आपके तपके प्रभावसे हम फिर मनुष्यहुएहैं यही हम चारों का वृत्तान्तहै अब शाप क्षीण होगया चलकर अपने कार्य्य को सिद्ध कीजिये व्याघ्रसेन से इस वृत्तान्त को सुनकर मृगांकदत्तने बहुत प्रसन्नहोकर शशांकवती के मिलने की दृढ़ आशा करके वहरात्रि वहीं व्यतीतकी२६२॥इतिश्रीकथासरित्सागरभापायांशशांकवतीलम्बकेचतुर्त्रिंशस्तरंगः १४ ॥

इसके उपरान्त प्रातःकाल उस तड़ागके तटसे उठके श्रीगणेशजीके वृक्षको प्रणामकरके मृगांकदत्त अपने दशोंमंत्री तथा श्रुतधि ब्राह्मण सहित उज्जयिनीको चला तो अनेकप्रकारके वन नानाप्रकारके जीव अनेक पर्व्वत तथा अनेक नदियोंको देखताहुआ क्रमसे उज्जयिनीनगरीके निकट पहुंच कर गन्धवतीनाम नदीमें स्नानकरके उसकेपार जाकर श्रीमहाकाल शिवजीके श्मशानमें अपने सब साथियोंसमेत पहुंचा वहां सैकड़ों मनुष्योंके शिर पड़ेहुएथे अनेक भूत तथा डाकिनी घूमरहीथीं और चिताओंके धुओंसे वृक्ष श्यामहोगयेथे ऐसे घोर उस श्मशानको उल्लंघनकरके उसने वह उज्जयिनी पुरीदेखी बड़े २ वीरलोग सब ओरसे उसकी रक्षाकररहेथे पर्व्वतोंके समान ऊंचापरकोटा चारों ओरसे घिराहुआथा सब फाटकोंपर असंख्य हाथी घोड़े रथ तथा पैदलोंकी सेना खड़ीथी ऐसी दुर्गम उसपुरी को देखकर मृगांकदत्त ने उदासीनहोकर अपने सब मंत्रियों से कहा कि अनेक प्रकारके क्लेशसहकर यहां आनेपर भी इसपुरीमें हमलोगोंका प्रवेशही नहीं होसक्ता फिर प्रियाकी प्राप्ति तो बहुतही कठिन है उसके यह वचन सुनके मंत्रियों ने कहा कि हे स्वामी हमलोगोंके बलसे तो यह पुरीजीती नहीं जा सक्ती इससे कोई उपाय शोचना चाहिये कोई उपाय तो अवश्यहोईगा क्योंकि देवतालोगों ने जो आपको वरदिये हैं वह मिथ्या नहीं होसक्ते मंत्रियों के वचन सुनकर मृगांकदत्त उन सबके साथ कई दिन तक वहीं घूमतारहा एक दिन विक्रमकेशरी ने पहले सिद्धकियेहुए वेतालको इसलिये स्मरण किया कि वह शशांकवतीको राजमंदिरसे उठालावे ऊंटकेसमान ग्रीवा हाथी के समान मुख भैंसेकेसमान पैर उल्लूके समान नेत्र तथा गधेके समान कानवाला अत्यन्त भयंकर वेताल स्मरणकरतेही आया तो सही परन्तु उस नगरी में वह प्रवेश नहींकरसक्ताथा इससे आकरलौटगया क्योंकि श्रीशिवजीके वरदानसे दुष्टजीव उस पुरीका उल्लंघन नहीं करसक्तेथे तब मृगांकदत्तको खिन्न देखकर नीतिके जानने वाले श्रुतधि ब्राह्मणने कहा कि हे स्वामी आपनीतिके तत्वको जानकर भी क्यों मोहित होतेहो अपने और शत्रुके बलाबलको विना देखे पराक्रम नहीं करना चाहिये इसनगरीके चारों द्वारोंपर दो २ हजार हाथी तीस२ हजार घोड़े दश२हजाररथ और एक२लाख पैदल सेना हरसमय सन्नद्ध रहती है इससे हम लोगोंका एकाएकी जो इसमें प्रवेश करनाहै वह अग्निमें पतंगके जलनेके समानहै इससे कुछ प्रयोजन नहीं सिद्धहोगा और थोड़ी सेनासे भी आप इसपुरीमें प्रवेश नहीं करसकियेगा क्योंकि बलवान्के साथ निर्बलका लड़ना ऐसाहै जैसे हाथीके साथ पैदल मनुष्यका लड़ना इससे भिल्लोंकाराजा मायावटु जिसको तुमने नर्म्मदा नदी में ग्राहसे बचायाथा और उसका मित्र मातंगराज दुर्ग पिशाच और आपका बाल्यावस्थाका मित्र किरातोंका राजा शक्तिरक्षित यह तीनों महाबलवान्हैं इनतीनों से मिल कर इन्हीं तीनोंकी सेनालाकर अपना मनोरथ सिद्धकीजिये किरातोंका राजा शक्तिरक्षित आपके दूत की प्रतीक्षाही कररहाहोगा और मायावटु तथा दुर्गपिशाच यहदोनों भी युद्धके लिये उद्यतहोंगे क्योंकि उनसे यहसलाह पहलेही होचुकीथी इससे विन्ध्याचलके दक्षिण तटपर मातंगराज दुर्गपिशाच के करभग्रीवनाम कोटको चलिये वहीं उनदोनोंकोभी बुलाकर सेना एकत्रित कीजियेगा श्रुतधिके यह

सम्पूर्ण पुरवासी बड़े आनन्दकी ध्वनि करनेलगे उस दूतका बड़ा सत्कार करके राजा महासेन सम्पूर्ण परिकर समेत अपनी पुरीमें जाकर चतुरंगिणी सेना सजाकर अपने पुत्रको लेनेचला और सुन्दरसेन भी मन्दारवती विक्रमशक्ति, भीमभुज, दृढ़बुद्धि; तथा विन्ध्यकेतुसहित निषादोंके ग्रामसे घोड़ोंपर चढ़ के चला कई दिनोंके उपरान्त मार्गमें उसने अपने पिताको सेना समेत आते देखकर अपने मित्रोंसमेत घोड़ोंसे उतरकर पिताके चरणोंपर गिरा पैरों परसे उसे उठाके छातीमें लगाकर राजा महासेनको परम आनन्द प्राप्तहुआ और मन्दारवतीको प्रणाम करते देखकर उसने अपनेको तथा अपने सब कुलको कृतार्थ माना और अपने तीनों मंत्रियोंको भी प्रणाम करते देखके पुत्रसे भी अधिक उनका सत्कारकिया तदनन्तर सुन्दरसेनने अपने पिताके कहनेसे मन्दारदेवको पहचानके बड़े आनन्दपूर्व्वक उसके पैरों पर गिरकर प्रणाम किया और पहले आयेहुए अपने चंडप्रभ तथा व्याघ्रपराक्रम नाम दोनों मंत्रियोंसे भी मिलकर अपने मनोरथों को पूर्णमाना उससमय शशांकपुरसे राजा महेन्द्रादित्यभी प्रसन्न होकर वहीं आया इसके उपरान्त उन सबको साथ लेकर सुन्दरसेन बड़ी प्रसन्नतापूर्व्वक राजधानीमें जाकर सम्पूर्ण पुरवासियोंको अपना नयनानन्ददायी दर्शनदेकर अपनी माताकेमन्दिरमें गया वहां मंदारवती समेत उसने अपनीमाताके चरणोंमें प्रणामकरके वह दिन बड़ेउत्सवसे वहीं व्यतीतकिया दूसरेदिन ज्योतिषियोंसे शुभलग्नपूछकर मन्दारदेवने मन्दारवतीका विवाह सुन्दरसेनकेसाथ करदिया और सम्पूर्ण अपनाराज्य रत्नोंसमेत अपने जीवनके उपरान्त कहके उसको देदिया और राजा महासेनने भी अपने ऐश्वर्य्यके समान बड़ा उत्सव किया परिजन लोगोंको सुवर्ण वस्त्र तथा आभूषणदिये कारागृहसे क़ैदी छुड़वाये और ब्राह्मणोंको अनेकप्रकारके दानदिये इसके उपरान्त उत्सवके समाप्तहोनेपर राजा मन्दारदेव महेन्द्रादित्य तथा विन्ध्यकेतु अपने २ स्थानोंकोगये तदनन्तर सुखसे कुछकाल व्यतीत होनेपर राजा महासेन अपने पुत्र सुन्दरसेन को सब प्रजाओं का प्यारा तथा महागुणवान् देखकर उसे राज्य देकर रानीसमेत वनको चलागया राज्यको पाकर सुन्दरसेन भुजबलसे सम्पूर्ण पृथ्वी को जीतकर चक्रवर्ती होगया और अपने पांचोंमंत्री तथा मन्दारवती समेत राज्यके सुखोंको भोगने लगा यह कथा कहके कण्वमुनिने हम सबलोगों से कहा कि हे पुत्रो जो धीरपुरुष बड़े२ कठिन दुःखोंको सहते हैं उनके बड़े२ कठिन मनोरथ भी पूर्ण होजातेहैं और जो सत्त्वहीन आलस्यी होतेहैं उनके करनेसे कुछ भी नहींहोता इससे तुमलोग विकलताको त्यागकरो तुम्हारा स्वामी मृगांकदत्तभी सम्पूर्ण मंत्रियों से मिलकर शशांकवतीको पाके बहुतकालतक राज्य करेगा कण्वमुनिके यह वचन सुनकर हमलोग उस रात्रिको वहीं व्यतीतकरके दूसरेदिन वहां से चलके इस वनमें आये यहां क्षुधासे अत्यन्त व्याकुलहोके इस वृक्षपर चढ़नेसे गणेशजी के कोपसे फलरूप होगये आज आपके तपके प्रभावसे हम फिर मनुष्यहुएहैं यही हम चारों का वृत्तान्तहै अब शाप क्षीण होगया चलकर अपने कार्य्य को सिद्ध कीजिये व्याघ्रसेन से इस वृत्तान्त को सुनकर मृगांकदत्तने बहुत प्रसन्नहोकर शशांकवती के मिलने की दृढ़ आशा करके वहरात्रि वहीं व्यतीतकी२६२॥इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांशशांकवतीलम्बकेचतुस्त्रिंशस्तरंगः १२ ॥

सुनकर मृगांकदत्तने कहा कि उससमय मायावटुके यहां से विमलबुद्धि गुणाकर, भीमपराक्रम तथा श्रुतधिके साथ जाकर मुझे मार्ग में प्रचण्डशक्ति विचित्रकथ तथा विक्रमकेशरी यह तीनमंत्री क्रमसे मिले इन्हें साथलेकर मैं गणेशजी के एकवृक्षके निकटपहुंचा वहां वृक्षपर चढ़जानेके अपराधसे मेरे छओं मंत्री फलहोगये फिर श्रीगणेशजीकी आराधना करके मैंने इनछओं मंत्रियोंको तथा पहलेही फलरूप होजानेवाले दृढ़मुष्ठि, व्याघ्रसेन, मेघबल और स्थूलबाहु इनचारोंकोभी फलरूपसे छुटाया और इनसबको पाकर इन्हींके साथ उज्जयिनीके निकटजाके उसे सब ओरसे रक्षितदेखा इससे उसनगरीके भीतरभी हम नहीं जासके प्रियाकी प्राप्ति तो बहुत दूररही और हमारे पास कुछ सेना न थी इससे राजा के पास कोई दूत भेजनाभी उचित न समझा इसीकारण अब तुम्हारे पास चले आये हैं अब हमारे कार्य्य का सिद्धहोना तुम्हारेही आधीन है मृगांकदत्तके यहवचन सुनकर दुर्गपिशाच तथा मायावटु ने कहा कि धैर्य्यधरिये, यह कौन बड़ी बात है यहप्राण आपही के निमित्त हैं कहिये राजा कर्मसेनको यहां पकड़ लावें अथवा उसकी पुत्री शशांकवती को छीनलावें उनके यहवचन सुनकर मृगांकदत्त ने कहा क्या बातहै तुम ऐसेही वीरहो तुम्हारे सत्त्वसेही मालूमहोता है कि तुम सम्पूर्ण कार्य्यों का निर्वाह करोगे ब्रह्माने विन्ध्याचल से दृढ़ता और सिंहों से शूरतालेकर तुम लोगों को बनाया है अब विचार करके जैसा उचितहो वैसाकरना इसप्रकार वार्त्ता करते २ सूर्य्य भगवान् अस्त होगये उस रात्रि को उसी कटकमें व्यतीत करके प्रातःकाल मृगांकदत्त ने गुणाकरको शक्तिरक्षित नाम किरातराज के बुलानेको भेजा तब गुणाकर जाके थोड़ेही दिनोंमें शक्तिरक्षितको सेना सहित बुलालाया उसके साथमें दश लाख पैदल दो लाख घोड़े दशहजार हाथी और अट्ठासी हजार रथथे मृगांकदत्तने उसे आगेचलके ले आकर कटकमें टिकाया इतनेमें मातंगराज तथा मायावटुके मित्र तथा बांधवदूतोंके द्वारा इसवृत्तान्त को सुन २ कर अपनी २ सेना सहित आये उनको बड़े आदरपूर्व्वक मृगांकदत्तने ठहराया और मायावटु तथा दुर्ग पिशाचने फल मांस तथा मद्य आदिसे उनका बड़ा सत्कार किया मृगांकदत्तने उन सब को यथायोग्य स्थानों में बैठालकर उन्हींके साथ भोजनकिया और मातंगराजको पहलेही दूर बैठालके भोजन करादिया ठीकहै ( कार्य्यंदेशश्चकालश्चगरीयान्नपुनःपुमान् ) कार्य्य देश तथा काल गरिष्ठ होताहै पुरुष नहीं इसके उपरान्त नवीनआईहुई सम्पूर्ण सेनाके डेरे पड़जानेपर मृगांकदत्तने सम्पूर्ण निषाद-राजाओंका बड़ा सत्कार करके एकान्तमें मातंगराज आदिक मित्रोंसे कहा कि अब क्यों देर करतेहो इस सम्पूर्ण सेनाको साथ लेकर शीघ्रही उज्जयिनीको चलना चाहिये यह सुनकर श्रुतधि ब्राह्मण ने कहा कि हे स्वामी सुनो मैं नीतिके जाननेवालोंका मत कहताहूं पहले जीतनेवालेकी इच्छा करनेको कार्य्य और अकार्य्यका विचार करना चाहिये जो उपायसे न सिद्धहोसके उसे अकार्य्य कहते हैं उसका त्याग करनाचाहिये और जो उपायसे सिद्धहोसके उसे कार्य्य कहते हैं उपाय चार प्रकारकाहै साम दाम भेद और दंड इनमें पूर्व २ उत्तम और पर पर निकृष्टहैं इससेपहले आपकोसामउपाय करनाचाहिये क्योंकि राजा कर्मसेन निर्लोभहै इससे वहां दाम नहीं चलसक्ता और उसकी प्रजा तथा बन्धुओं में कोई उससे

वचन सुनकर, मृगांकदत्तने बहुत प्रसन्नहोकर स्वीकार किये दूसरे दिन प्रातःकाल सूर्य्य भगवान्को प्रणामकरके वह अपने दशों मंत्री तथा श्रुतधि ब्राह्मण समेत वहाँ से चला बड़े २ गहनवनोंको उल्लं-घन करताहुआ तड़ागों के तटपर वृक्षों के नीचे निवास करताहुआ विन्ध्याचलके दक्षिण ओर पहुँचा वहां उसने यह शोचा कि मातंगराजका कोट यहां हमें कौन बतावेगा और कैसे प्राप्तहोगा, इतने में एक मुनिकुमार आताहुआ दिखाई दिया मंत्रियों समेत मृगांकदत्तने प्रणामकरके उससे पूछा कि हे सौम्य क्या आप जानते हैं कि मातंगराजका स्थानकहांहै यहसुनके उसने कहा कि यहांसे कोसभरपर पंचवटी नाम स्थानहै पंचवटी से कुछ दूरपर आकाश से राजा नहुष के गिरानेवाले अगस्त्यमुनि का आश्रमहै, जहां अपने पिताकीआज्ञासे श्रीरामचन्द्रजी अपने छोटेभाई लक्ष्मण और सीतासहित आ-नकररहेथे जहां श्रीरामचन्द्रको कबन्ध निगलनो चाहताथा जहां श्रीरामचन्द्रजीने योजनबाहुकी भुजा काटीथी जहां वर्षाऋतुमें मेघोंके शब्दोंको सुनकर जानकीजी के पालेहुए वृद्धमृग श्रीरामचन्द्रजी के धनुषकी गम्भीर टंकारको स्मरणकरके चारोंओर देखके अबतक आंसू भरलेते हैं जहां मानों मृगोंको बचाने के लिये सुवर्णका मृग अपनी मायासे श्रीरामचन्द्रजी को बहुत दूरतक लेगयाथा और जहां अनेक तड़ागोंसे ऐसी शोभाहोतीहै कि मानों अगस्त्यजी ने समुद्रको पीकर पद २ पर उसका जल उगलाहै उसआश्रमसे कुछदूरपर विन्ध्याचलके बड़े ऊंचे शिखरपर करभग्रीवनाम बड़ा दुर्गमकोटहै उस में महाबलवान् मातंगराज दुर्गपिशाच रहताहै उसके पास एकलाख बड़े २ धनुर्द्धर योद्धाहैं जिनमें से एक २ योद्धा पांच २ सौ योद्धाओंको अकेलाही जीतसक्ता है उन्हीं योद्धाओं के द्वारा वह पथिकोंको लूटताहै और बड़े २ राजा लोगों से निर्भयहोकर वनका राज्य करता है मुनिपुत्रके यहवचन सुनकर मृगांकदत्त अपने मंत्रियों समेत उसी मार्गसे करभग्रीवके निकटआया ६० वहां पहिलेसेही आकर डेरे डालकर टिकेहुए मायाबटुके दूतोंने उसे देख और पहचानके शीघ्रही मायाबटुसे जाकर कहा मायाबटु उसके आगमनका वृत्तान्त सुनके सेना समेत उसके निकटजाकर उसे मातंगराजके यहां जानेसे रोक कर अपने डेरेमें लेगया और वहीं उसने मातंगराजको बुलवाभेजा मातंगराज अपनी सम्पूर्ण भयंकर सेनाको लेकर वहां आया और मृगांकदत्तको प्रणामकरके बोला कि आज भगवती विन्ध्यवासिनी मेरे ऊपर प्रसन्नहैं जो मंत्रियों सहित आपके दर्शन मुझे हुएहैं यहकहकर मोती तथा कस्तूरी आदिक उसने भेटकिये उससमय सम्पूर्ण सेनाके कोलाहलसे वन पूर्णहोगया और उनकाले २ सैनिकों को देखकर यहमालूमहोताथा कि मानों कज्जलके पर्व्वतसे बहुतसी शिलाल्हुड़क आई हैं अथवा प्रलय कालके भयंकर मेघ पृथ्वीमें उतर आये हैं तब मृगांकदत्तके कहनेसे सम्पूर्ण सेनाके डेरे वनमें पड़े बड़े २ वृक्षोंमें हाथी तथा घोड़े बांधदियेगये और पैदल लोग अपने २ शस्त्रधरकर भोजनादिकी तय्यारी करने लगे इसके उपरान्त भोजनादिसे निवृत्तहोकर सुखपूर्व्वक बैठेहुए मृगांकदत्तसे दुर्गपिशाचने कहा कि हे राजपुत्र यह मायाबटु बहुतकालसे यहीं मेरे स्थानके निकट सेना सहित आके आपकी प्रतीक्षा करता हुआ टिकाहै आप इतने दिन कहां रहे और क्या २ काम अपने किये सो सब कहिये उसके यहवचन

सुनकर मृगांकदत्तने कहा कि उससमय मायावटुके यहां से विमलबुद्धि गुणाकर, भीमपराक्रम तथा श्रुतधिके साथ जाकर मुझे मार्ग में प्रचण्डशक्ति विचित्रकथ तथा विक्रमकेशरी यह तीनमंत्री क्रमसे मिले इन्हें सायलेकर मैं गणेशजी के एकवृक्षके निकटपहुंचा वहां वृक्षपर चढ़जानेके अपराधसे मेरे छओं मंत्री फलहोगये फिर श्रीगणेशजीकी आराधना करके मैंने इनछओं मंत्रियोंको तथा पहलेही फलरूप होजानेवाले दृढ़मुष्टि, व्याघ्रसेन, मेघवल और स्थूलबाहु इनचारोंकोभी फलरूपसे छुटाया और इनसबको पाकर इन्हींके साथ उज्जयिनीके निकटजाके उसे सब ओरसे रक्षितदेखा इससे उसनगरीके भीतरभी हम नहीं जासके प्रियाकी प्राप्ति तो बहुत दूररही और हमारे पास कुछ सेना न थी इससे राजा के पास कोई दूत भेजनाभी उचित न समझा इसीकारण अब तुम्हारे पास चले आये हैं अब हमारे कार्य्य का सिद्धहोना तुम्हारेही आधीन है मृगांकदत्तके यहवचन सुनकर दुर्गपिशाच तथा मायावटु ने कहा कि धैर्य्यधरिये यह कौन बड़ी बात है यहप्राण आपही के निमित्त हैं कहिये राजा कर्मसेनको यहां पकड़ लावें अथवा उसकी पुत्री शशांकवती को छीनलावें उनके यहवचन सुनकर मृगांकदत्त ने कहा क्या बातहै तुम ऐसेही वीरहो तुम्हारे सत्त्वसेही मालूमहोता है कि तुम सम्पूर्ण कार्य्यों का निर्वाह करोगे ब्रह्माने विन्ध्याचल से दृढ़ता और सिंहों से शूरतालेकर तुम लोगों को बनाया है अब विचार करके जैसा उचितहो वैसाकरना इसप्रकार वार्त्ता करते २ सूर्य्य भगवान् अस्त होगये उस रात्रि को उसी कटकमें व्यतीत करके प्रातःकाल मृगांकदत्त ने गुणाकरको शक्तिरक्षित नाम किरातराज के बुलानेको भेजा तब गुणाकर जाके थोड़ेही दिनोंमें शक्तिरक्षितको सेना सहित बुलालाया उसके साथमें दश लाख पैदल दो लाख घोड़े दशहजार हाथी और अट्ठासी हजार रथथे मृगांकदत्तने उसे आगेचलके ले आकर कटकमें टिकाया इतनेमें मातंगराज तथा मायावटुके मित्र तथा बांधवदूतोंके द्वारा इसवृत्तान्त को सुन २ कर अपनी २ सेना सहित आये उनको बड़े आदरपूर्व्वक मृगांकदत्तने ठहराया और मायावटु तथा दुर्ग पिशाचने फल मांस तथा मद्य आदिसे उनका बड़ा सत्कार किया मृगांकदत्तने उन सब को यथायोग्य स्थानों में बैठालकर उन्हींके साथ भोजनकिया और मातंगराजको पहलेही दूर बैठालके भोजन करादिया ठीकहै (कार्य्यंदेशश्चकालश्चगरीयान्नपुनःपुमान्) कार्य्य देश तथा काल गरिष्ठ होताहै पुरुष नहीं इसके उपरान्त नवीनआईहुई सम्पूर्ण सेनाके डेरे पड़जानेपर मृगांकदत्तने सम्पूर्ण निषाद-राजाओंका बड़ा सत्कार करके एकान्तमें मातंगराज आदिक मित्रोंसे कहा कि अब क्यों देर करतेहो इस सम्पूर्ण सेनाको साथ लेकर शीघ्रही उज्जयिनीको चलना चाहिये यह सुनकर श्रुतधि ब्राह्मण ने कहा कि हे स्वामी सुनो मैं नीतिके जाननेवालोंका मत कहताहूं पहले जीतनेवालेकी इच्छा करनेको कार्य्य और अकार्य्यका विचार करना चाहिये जो उपायसे न सिद्धहोसके उसे अकार्य्य कहते हैं उसका त्याग करनाचाहिये और जो उपायसे सिद्धहोसके उसे कार्य्य कहते हैं उपाय चार प्रकारकाहै साम दाम भेद और दंड इनमें पूर्व २ उत्तम और पर पर निकृष्टहै इससेपहले आपको सामउपाय करनाचाहिये क्योंकि राजा कर्मसेन निर्लोभहै इससे वहां दाम नहीं चलसक्ता और उसकी प्रजा तथा बन्धुओं में कोई उसमे

अप्रसन्नभी नहीं है इससे भेदभी नहीं चलसक्ता और अवतक कोई राजा उसे जीत नहीं सकाहै क्योंकि उसके पास बहुतसी सेनाहै इससे दंडमें भी सन्देहहै युद्धमें बड़े २ बलवानोंको भी जयश्रीपर विश्वास न करना चाहिये और जिसकी कन्या लेनी चाहिये उसका पहलेहीसे नाश करदेना यह भी योग्य नहीं है इससे सामके लिये पहले उसके पास दूतही भेजना चाहिये जो इससे काम नहीं चलेगा तो अन्त में युद्धही किया जायगा श्रुतधिके यह वचन वहांके सब लोगोंने स्वीकार करलिये तब मृगांकदत्तने किरातराज शक्तिरक्षितके सेवक सुविग्रह नाम ब्राह्मणको पत्र लिखके दूत बनाकर भेजा उसने उज्जयिनी में जाकर प्रतीहारसे आज्ञा पाकर सभामें जाकर राजा कर्मसेन को सिंहासनपर बैठाहुआ देखा और कुशल पूछके उसको वह पत्र देदिया उसपत्रको लेके मुहर तोड़के प्रज्ञाकोश नाम मंत्रीने पढ़ा उसमें यह लिखाथा कि करभग्रीवकोटसे अयोध्यापुरीके स्वामी अमरदत्तका मृगांकदत्तनाम पुत्र उज्जयिनीके महाराजा कर्मसेनको आदरपूर्वक यह संदेशा देताहै कि आपके अत्यन्त रूपवती एक कन्याहै उसका विवाह आपको अवश्य करनाहै इससे आप उसका विवाह मेरेही साथकर दीजिये क्योंकि देवतालोगों ने ऐसाही कहाहै जो आप ऐसा करेंगे तो हमारा और आपका पिछला बैर नष्टहोगा और नवीन स्नेह बढ़ैगा और ऐसा न होनेपर हम अपनी भुजाओं कोही आश्रय लेंगे इस लेखको सुनकर कर्मसेनने अपने मंत्रियोंसे कहा कि देखो वह तो हमारे सदैवके शत्रुहैं पत्रमें पहले अपना नाम लिखा पीछे मेरा नाम लिखा और अपनी भुजाओंका बलभी प्रकट कियाहै इससे मुझे उनके पत्रका उत्तरही न देना चाहिये कन्या तो बहुत दूर रही मंत्रियोंसे यह कहके उसने दूतसे कहा कि हे दूत तू जा तेरा स्वामी जो चाहे सो करे उसके वह वचन सुनके सुविग्रहने कहा कि जब तक राजपुत्र नहीं आताहै तबतक तुम चाहे जितनी वल्गना करो तुम तैयार रहना जब वह आवेगा तब तुमको सब हाल मालूम होजायगा उसके यहवचन सुनके सम्पूर्ण सभा कुपित होगई राजाने कहा कि तू चलाजा क्योंकि दूत अवध्यहोताहै, कुछवीरोंने हाथ मलकर कहा कि चलो अभी चलकर उस दुष्ट राजपुत्रको मारडालें, कुछ लोगोंने कहा इसको जाने दो जब वह आवेगा तब देखना हम क्या करते हैं और कुछ लोग बिना कुछ कहेही कुपित होकर रहगये इस प्रकार सभाको कुपित देखके सुविग्रह वहांसे मृगांकदत्तके कटकमें आया और मृगांकदत्तके निकटजाकर राजा कर्मसेनके यहांका सब वृत्तान्त कहा इसवृत्तान्तको सुनकर मृगांकदत्तने सेनाको चलने की आज्ञा देदी उसकी आज्ञासे हाथी घोड़े रथ तथा पैदलोंकी चतुरंगिणी सेना जय ध्वनि करतीहुई चली और मृगांकदत्तभी श्रीगणेशजी को प्रणामकरके अपने मंत्रियों समेत चला १५३ ॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांशशाङ्कवतीलम्बकेपंचत्रिन्शस्तरङ्गः ३५ ॥

इसके उपरान्त विन्ध्याचल का उल्लंघन करके मृगांकदत्त सेना सहित उज्जयिनी की सीमापर पहुंचा उसके आगमन को सुनके राजा कर्मसेनभी अपनी सबसेना समेत पुरीकेबाहर आया उनदोनों सेनाओं के परस्पर मिलने से घोर युद्धहोनेलगा वीरलोग गर्जकर अस्त्र शस्त्र चलानेलगे कायरलोग भयभीत होकर भागनेलगे टीड़ियों के समान बाणोंके समूह धान्यों के समान सुभटोंपर गिरनेलगे खड्गों

के लगने से हाथियोंके मस्तकोंसे गिरेहुए मोती युद्धलक्ष्मीके टूटेहुए हारके समान शोभितहुए भालों से कटेहुए उछलतेहुए वीरोंके शिर ऐसे शोभितहोतेथे मानों आकाशमें दिव्यस्त्रियों का चुम्बन करने को जाते हैं सुभटोंके कबन्ध इधर उधर खड्गलेलेकर दौड़नेलगे और रुधिरकी नदी बहनेलगी इसप्रकार पांच दिनतक महाघोर युद्धहुआ पांचवेंदिन रात्रिके समय अपने मंत्रियों समेत एकान्तमें बैठेहुए मृगांकदत्तसे श्रुतधिने कहा कि जब आपलोग युद्ध में व्यग्रहुए तब मैंने भिक्षुकका स्वरूप रखके उज्जयिनी में जाके विद्याकेप्रभावसे अलक्षितहोके जो समाचार पाये हैं वह आपसुनिये जब राजा कर्मसेन युद्धके लिये निकला तो माताकी आज्ञा से शशांकवती अपने पिताके कल्याण के अर्थ पार्वतीजी के मंदिरमें जाके उनकी आराधना करनेलगी यहां उसने एकान्त में किसी अपनी प्यारीसखी से कहा कि हेसखी मेरे लिये मेरे पिताको यह युद्ध करना पड़ाहै जो यह हारेगा तो राज्य बचाने के लिये राजपुत्र के साथ मेराविवाह करदेगा क्योंकि राजा लोगोंको सन्ततिकी अपेक्षा राज्य अधिक प्रियहोताहै मुझे नहीं मालूम है कि वह राजपुत्र मेरे योग्यहै या नहीं मैं चाहतीहूं कि चाहे मेरी मृत्युहोजाय पर कुरूप पति नहींमिले जो रूपवान् दरिद्रीभी पतिहोय तो अच्छाहै परन्तु कुरूप चक्रवर्त्तीभी नहीं अच्छाहै इससे तुम अपनी बुद्धिके बलसे उसकी सेनामें जाकर देखआओ कि उसका रूप कैसाहै उसके यह वचन सुनकर वह सखी युक्तिसे तुम्हारे कटकमें आके तुम्हें देखके जाकर शशांकवती से बोली कि हे सखी शेषजीको भी यह सामर्थ्य नहीं है जो उसकेरूपका वर्णन करसकें जैसे तुम्हारेसमान कोई रूपवती स्त्री नहीं है वैसेही उसके सदृश कोई रूपवान् मनुष्य नहीं है अथवा त्रैलोक्यमें सिद्ध गन्धर्व विद्याधर तथा देवता कोई भी उसके समान रूपवान् नहीं है उस सखीके यह वचनसुनकर शशांकवती का मन काम के बाणों से आपमें कीलित होगया उसीक्षणसे वह आपकी और अपने पिताकी कुशल मनारही है और आपके विरहसे कृश होरही है इससे आप रात्रिके समय पार्वतीजी के मंदिरसे उसे हरलाकर मायावटुके घरचलेजाओ पीछेसे इन सब लोगोंको लेकर मैंभी वहीं आजाऊंगा इससे युद्ध निवृत्तहोजायगा और तुम्हारा तथा तुम्हारे श्वशुरका कल्याण होगा बुद्धिमान् लोग युद्धको महानिन्दित उपाय कहते हैं यह अगतिक गतिहै श्रुतधिके यह वचनसुनकर मृगांकदत्त अपने दशों मंत्रियों समेत घोड़ोंपर चढ़ के रक्षकों के सोजाने के कारण सुखसे उज्जयिनी में चलागया और वहां श्रुतधि के बतायेहुए पते से पुष्पकरण्डक नाम उपवनमें पहुंचा इतने में सम्पूर्ण सखियों के सोजानेपर शशांकवती ने जगकर यह शोचा कि मेरे निमित्त युद्धमें दोनों पक्षोंके राजा तथा राजपुत्र मारेजारहेहैं और वह राजपुत्र मृगांकदत्तही मेरा पतिहोगा यह भगवती ने आज मुझसे स्वप्नमें कहाहै और मेराचित्त भी उसीपर अनुरक्त होरहा है परन्तु मेरे पिता मुझ अभागिनीको अभिमान करके उसे नहींदेंगे यह सखियों से आज मैंने सुनाहै इसमें मुझे अपने प्रिय की प्राप्ति में कोई द्वार नहीं दिखाई देताहै जब भाग्य विपरीत होताहै तो देवताओं के वरकाभी कुछ निश्चय नहीं रहताहै इससे युद्धमें जबतक मेरे प्रियकी तथा मेरे पिताकी कुशलहै तब तक मुझे अपने प्राण त्यागदेने चाहिये यह शोचके उठके उसने पार्वतीजी के आगे जाके

अप्रसन्नभी नहीं है इससे भेदभी नहीं चलसक्ता और अवतक कोई राजा उसे जीत नहीं सकाहै क्योंकि उसके पास बहुतसी सेनाहै इससे दंडमें भी सन्देहहै युद्धमें वड़े, २ बलवानोंको भी जयश्रीपर विश्वास न करना चाहिये और जिसकी कन्या लेनी चाहिये उसका पहलेहीसे नाश करदेना यह भी योग्य नहीं है इससे सामके लिये पहले उसके पास दूतही भेजना चाहिये जो इससे काम नहीं चलेगा तो अन्त में युद्धही किया जायगा श्रुतधिके यह वचन वहांके सब लोगोंने स्वीकार करलिये तब मृगांकदत्तने किरातराज शक्तिरक्षितके सेवक सुविग्रह नाम ब्राह्मणको पत्र लिखके दूत बनाकर भेजा उसने उज्जयिनी में जाकर प्रतीहारसे आज्ञा पाकर सभामें जाकर राजा कर्मसेन को सिंहासनपर बैठाहुआ देखा और कुशल पूछके उसको वह पत्र देदिया उसपत्रको लेके मुहर तोड़के प्रज्ञाकोश नाम मंत्रीने पढ़ा उसमें यह लिखाथा कि करभग्रीवकोटसे अयोध्यापुरीके स्वामी अमरदत्तका मृगांकदत्तनाम पुत्र उज्जयिनीके महाराजा कर्मसेनको आदरपूर्वक यह संदेशा देताहै कि आपके अत्यन्त रूपवती एक कन्याहै उसका विवाह आपको अवश्य करनाहै इससे आप उसका विवाह मेरेही साथकर दीजिये क्योंकि देवतालोगों ने ऐसाही कहाहै जो आप ऐसा करेंगे तो हमारा और आपका पिछला बैर नष्टहोगा और नवीन स्नेह बढ़ैगा और ऐसा न होनेपर हम अपनी भुजाओं कोही आश्रय लेंगे इस लेखको सुनकर कर्मसेनने अपने मंत्रियोंसे कहा कि देखो वह तो हमारे सदैवके शत्रुहैं पत्रमें पहले अपना नाम लिखा पीछे मेरा नाम लिखा और अपनी भुजाओंका बलभी प्रकट कियाहै इससे मुझे उनके पत्रका उत्तरही न देना चाहिये कन्या तो बहुत दूर रही मंत्रियोंसे यह कहके उसने दूतसे कहा कि हे दूत तू जा तेरा स्वामी जो चाहे सो करे उसके वह वचन सुनके सुविग्रहने कहा कि जब तक राजपुत्र नहीं आताहै तबतक तुम चाहे जितनी वल्गना करो तुम तैयार रहना जब वह आवेगा तब तुमको सब हाल मालूम होजायगा उसके यहवचन सुनके सम्पूर्ण सभा कुपित होगई राजाने कहा कि तू चलाजा क्योंकि दूत अवध्यहोताहै, कुछवीरोंने हाथ मलकर कहा कि चलो अभी चलकर उस दुष्ट राजपुत्रको मारडालें, कुछ लोगोंने कहा इसको जाने दो जब वह आवेगा तब देखना हम क्या करते हैं और कुछ लोग बिना कुछ कहेही कुपित होकर रहगये इस प्रकार सभाको कुपित देखके सुविग्रह वहांसे मृगांकदत्तके कटकमें आया और मृगांकदत्तके निकटजाकर राजा कर्मसेनके यहांका सब वृत्तान्त कहा इसवृत्तान्तको सुनकर मृगांकदत्तने सेनाको चलने की आज्ञा देदी उसकी आज्ञासे हाथी घोड़े रथ तथा पैदलोंकी चतुरंगिणी सेना जय ध्वनि करतीहुई चली और मृगांकदत्तभी श्रीगणेशजी को प्रणामकरके अपने मंत्रियों समेत चला १५२ ॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांशशाङ्कवतीलम्बकेपंचत्रिन्शस्तरङ्गः ३५ ॥

इसके उपरान्त विन्ध्याचल का उल्लंघन करके मृगांकदत्त सेना सहित उज्जयिनी की सीमापर पहुंचा उसके आगमन को सुनके राजा कर्मसेनभी अपनी सबसेना समेत पुरीकेबाहर आया उनदोनों सेनाओं के परस्पर मिलने से घोर युद्धहोनेलगा वीरलोग गर्जकर अस्त्र शस्त्र चलानेलगे कायरलोग भयभीत होकर भागनेलगे टीड़ियों के समान बाणोंके समूह धान्यों के समान सुभटोंपर गिरनेलगे खड्गों

एक गोयन्देने कहा कि हे स्वामी आज सायंकालके समय मंत्रियों सहित मृगांकदत्त अपने कटकमेंसे निकलकर घोड़ोंपरचढ़के शशांकवतीके हरनेकेलिये उज्जयिनीके भीतरगयाहै अब जैसा आप उचित समझियेंसो कीजिये उसके वचनसुनके राजाकर्मसेनने अपने सेनापतिको बुलाके सबवृत्तान्त सुनाके कहा कि पांचसौ सवारलेकर शीघ्रही उज्जयिनीको जाओ और मृगांकदत्तको मारडालो या जीता पकड़लाओ मैंभी पीछेआताहूं राजाके यहवचनसुनकर सेनापति पांचसौसवारलेकर उज्जयिनीकोचला मार्ग में नगराध्यक्षने उससे मिलकर कहा कि कोई वीर राजपुत्रीको जाने किसमार्ग से हरलेगया उसके वचन सुनकर सेनापतिने लौटकर राजासे यहसब वृत्तान्तकहा इसवृत्तान्तको सुनकर बड़ेविचारमें पड़कर राजाने वह रात्रि व्यतीतकी और मृगांकदत्त के कटकमें श्रुतधिके कहनेसे मायावटु आदिक सम्पूर्ण वीर युद्धकेलिये रात्रिभर सन्नद्धरहे प्रातःकाल राजा कर्मसेन नें मृगांकदत्त के कटकमें दूतके द्वारा यह संदेशाभेजा कि मृगांकदत्त छलसे मेरी कन्याको हरलेगया है इसमें कोई हानि नहीं है क्योंकि मृगांकदत्त के सिवाय शशांकवतीके योग्य दूसरा पति नहींथा इससे वह तुम लोगों समेत हमारे घरआवे मैं अपनी कन्याका विधिपूर्व्वक व्याह करदूं इस संदेशेको श्रुतधि तथा सम्पूर्ण किरातराजाओंने स्वीकार करके दूतसे कहा कि तुम्हारा स्वामी अपनी पुरीको जाय हम लोग उसे लिवाकर तुम्हारे यहां आवेंगे उनके वचन सुनके दूतने जाकर राजा कर्मसेन से सब कहदिया इससे राजा कर्मसेन अपनी सेनाको लेकर उज्जयिनीको चलागया और उसकेचलेजानेपर मायावटु आदिक सम्पूर्ण किरातराज मृगांकदत्तकेपास चले ९६ इस बीचमें मृगांकदत्तभी शशांकवती तथा अपने मंत्रियों समेत मायावटुके यहां पहुंचा वहां मायावटुकी रानियोंने बड़ा सत्कार करके उसे टिकाया दूसरे दिन श्रुतधि शक्तिरक्षित मायावटु तथा दुर्गपिशाचादिक सब लोग भी यहीं आगये और मृगांकदत्तको शशांकवती समेत देखकर अत्यन्त प्रसन्नहुए और कुशल प्रश्नके उपरान्त राजा कर्मसेनका संदेशा कहकर अपने २ योग्य स्थानोंमें डेरे डाल २ कर टिके तदनन्तर मृगांकदत्तने सम्पूर्ण मंत्री श्रुतधि ब्राह्मण तथा किरात राजाओंको बुलाकर यह सलाह पूछी कि मुझको विवाहके निमित्त उज्जयिनी जाना चाहिये या नहीं यह सुनकर सब मंत्रियोंने तथा राजाओं ने कहा कि राजा कर्मसेन बड़ादुष्टहै इससे उसके यहां नहीं जानाचाहिये और उसके यहां जानेसे प्रयोजनही क्याहै क्योंकि उसकी कन्या तो आहीगई है सबका यह मत सुनकर मृगांकदत्तने श्रुतधिसे कहा कि हे महामते तुम क्यों उदासीन बैठेहो तुम्हारा भी यही मतहै या नहीं सो कहो तब श्रुतधिने कहा कि सुनिये मेरा मत तो यह है कि कर्मसेनके यहां अवश्य जानाचाहिये उसने निश्छल होकर यह संदेशा भेजाहै नहीं तो वह युद्ध छोड़कर क्यों अपने घर चलाजाता और जो उसके चित्तमें छलभी होगा तो वह आपका क्या करसकेगा क्योंकि आप सम्पूर्ण सेना लेकर उसके यहां जाइयेगा और उसके यहां जानेसे यह बड़ा लाभ होगा कि वह सदैवके लिये आपका सहायक होजायगा उसने अपनी कन्याकेही स्नेहसे आपको बुलाया है इससे आपको अवश्य जाना चाहिये श्रुतधिके यह वचन सुनके सबने कहा कि बहुत ठीकहै तब मृगांकदत्त ने कहा कि अच्छा चि-

अशोक वृक्षमें अपने डुपट्टेसे फांसीलगाई इतने में मृगांकदत्त भी अपने मंत्रियोंसमेत घोड़ोंपरसे उतर कर और घोड़ोंको वृक्षोंमें बांधके पार्वतीजीके मन्दिरके निकटगया वहां कुछ दूरसे विमलबुद्धि ने शशांकवतीको देखकर मृगांकदत्तसे कहा कि हे स्वामी देखिये यह कोई कन्या फांसीलगाकर मरना चाहती है उसके वचन सुनके मृगांकदत्तने उसे देखकर कहा कि क्या यह साक्षात् रतिहै या चन्द्रमाकी साकारकान्तिहै अथवा कामदेवकी चलनेवाली आज्ञाहै या कोई अप्सराहै परन्तु इनमें से यह कोई भी नहीं है नहीं तो फांसी क्यों लगाती इससे वृक्षोंकी आड़में क्षणभर ठहरके देखना चाहिये कि यह कौनहै यह कहके जैसेही मृगांकदत्त मंत्रियों सहित वृक्षोंकी आड़में खड़ाहुआ वैसेही शशांकवती ने भगवतीसे यह विज्ञापनाकी कि हे भगवती जो इस जन्ममें प्राक्तन पापोंके कारण राजपुत्र मृगांकदत्त मेरा पति नहीं हुआ तो तुम्हारी कृपासे अन्य जन्ममें अवश्यहोय यह विज्ञापना करके जैसेही उसने अपने गले में फांसीलगाई वैसेही जगकर सखियोंने उसे वहां न देखकर ढूंढनेके कारण वहां आके उसे फांसीलगाते देखा और देखकर जल्दीसे फांसीको तोड़के उससे कहा कि हे सखी यह तुम क्या साहसकरतीहो उससमय पार्वतीजीके मंदिरसे यह शब्द सुनाईदिया कि हे पुत्री खेदमतकरो मैंने जो वचन तुमसे स्वप्न में कहे हैं वह मिथ्या नहीं होसक्ते वह मृगांकदत्त तुम्हारे निकट आगयाहै इसके साथ जाकर तुम सम्पूर्ण पृथ्वीका राज्यभोगो इस शब्दको सुनकर शशांकवती चकित होकर जैसेही इधर उधर देखनेलगी वैसे ही मृगांकदत्तके मंत्री विक्रमकेशरीने उसके पास जाकर कहा कि हे राजपुत्री भगवतीके वचन यथार्थहैं देखो तुम्हारे प्रेमरूपी पाशोंसे बँधाहुआ मृगांकदत्त यहीं खड़ाहै उसके वचन सुनकर शशांकवती नक्षत्रों के बीचमें चन्द्रमा के समान मंत्रियोंके बीचमें मृगांकदत्तको देखकर निश्चलहोगई और उसके शरीरमें रोमांचहोआये तब मृगांकदत्तने उसके निकटजाके यह मधुर वचन कहे कि हे सुन्दरी तुम्हारे गुण मुझे देश राज्य तथा बन्धुओंसे छुड़ाकर यहां बांधलाये हैं वनवास पृथ्वीमें शयन फलाहार तथा धूपका सहना इत्यादि कठिन तपका फल मुझे यह मिला जो नेत्रोंमें अमृत के समान आनन्ददायी तुम्हारारूप मैंने देखा हेमृगनयनी जोमुझपर तुमको स्नेहहै तो हमारेसाथ चलकर हमारे पुरकी स्त्रियोंके नेत्रोंको सुख दो यह युद्धशान्तहोय जिससे दोनों पक्षोंका कल्याणहोय और हे प्रिये तुम्हारे संयोगसे मेरा जन्म सफलहोय मृगांकदत्तके यह वचन सुनकर शशांकवतीबोली कि हे आर्य्य पुत्र यहजन तो आपके स्वाधीनही है इससे जिसमें आप कल्याणदेखो सो करो उसके यह वचन सुनके मृगांकदत्तने भगवतीको प्रणाम करके उसको अपने घोड़ेपर बैठालिया और मंत्रियोंने उसकी सखियोंको अपने २ घोड़ोंपर बैठालिया इसप्रकारसे सखियों सहित शशांकवतीको लेकर मृगांकदत्त अपने मंत्रियोंसमेत वहांसे चला पुररक्षक लोग उसे जाते देखकरभी न रोकसके और वह उज्जयिनीसे निकलकर श्रुतधि के कहनेके अनुसार मायावटुके यहां चलागया यहां उज्जयिनीमें यह कौनथे और कहांगये इसप्रकार रक्षकोंके कोलाहलहोने पर यह मालूमहुआ कि शशांकवतीको कोई हरलेगया यह समाचार कहनेके लिये रानीने नगराध्यक्षको राजा कर्मसेनके पास भेजा इतनेमें रात्रिके समय कटकमें राजा कर्मसेनसे

शोभितहुई मार्ग में क्रमसे चलते २ किरातराज शक्तिरक्षित के यहां वह पहुंचा और उसके यहां एक दिन रहकर उसकी दीहुई भेटलेके वहांसे चलकर अयोध्यापुरी में आया उससमय वहपुरी झरोखों के द्वारा देखती हुई पुराङ्गनाओं के मुखारविन्दों से प्रफुल्लित कमलवाली उनके चंचल नेत्रोंसे कंपित कोकावेलीवाली और पताकारूपी तरंगवाली नदी के समान शोभितहुई शशांकवती को देखकर संपूर्ण पुरवासियों ने कहा कि जो समुद्र तथा हिमालय इस शशांकवती को देखें तो उन्हें अपनी लक्ष्मी तथा पार्वतीजीके अत्यन्त रूपवती होनेका अभिमान दूरहोजाय सम्पूर्ण पुरवासियों के नेत्रोंको आनन्ददेकर राजा अमरदत्त सम्पूर्ण परिकर सहित अपने मंदिरमेंगया और वहदिन बड़े उत्सवसे व्यतीत करके दूसरे दिन उसनें ज्योतिषियों से लग्नका निश्चयकराके विवाहकी सम्पूर्ण सामग्री इकट्ठी कराई अनेक दिशाओं से आयेहुए रत्नोंसे वहपुरी ऐसी पूर्णहुई कि अलकाभी उससे न्यूनहोगई इसके उपरान्त कुछ दिनोंमें सभामें बैठेहुए राजा अमरदत्त से द्वारपालने आकर कहा कि हे स्वामी भिल्लराज मायावटुका दूत द्वारपर खड़ाहै राजाने कहा बहुत अच्छा उसे आने दो द्वारपालसे आज्ञापाकर उसदूत ने राजाके निकट आके प्रणामकरके कहा कि हे स्वामी राजपुत्र सुषेण और किरातराज मायावटु अयोध्याकी सीमापर आकर स्थितहुएहैं दूतके वचन सुनकर राजा अमरदत्तने मृगांकदत्तको तथा अपने सेनापतिको उनके लेने के लिये भेजा मृगांकदत्त जाकर उनदोनों को बड़े आदरपूर्वक अपने रथपर चढ़ाके लिवालाया सुषेण राजमंदिर में आकर पहले राजा अमरदत्तसे मिला और फिर अपनी बहिन शशांकवती के पासगया शशांकवती उठकर उसे अपने गलेसे लगाके आंसूभरके लज्जासे नीचेको मुखकरके खड़ीहोगई तब सुषेणने उसे बैठालकर उससेकहा कि हे बहिन तातने तुमसेकहा है कि हेपुत्री तुमने अनुचित नहीं किया मुझे अब मालूमहुआ है कि भगवतीने तुमसे स्वप्नमें कहाहै कि मृगांकदत्त तुम्हारा पतिहोगा इससे जो तुमने अपने पतिकी आज्ञामानी यह बहुतहीउचितकिया सतीस्त्रियों का यही परमधर्म्म है उसे इसप्रकार समझाकर सुषेणने राजा अमरदत्तको ढाईहजार मन सोना साढ़े बारहसौ मन रत्नजटित आभूषण तथा अन्यसुवर्णमय बहुतसे पात्रदेकर कहा कि यहसब शशांकवती का निज धनहै औरजो कुछ मेरे पिताने धनदियाहै वह विवाहकेसमयमें मैंदूंगा तदनन्तर मृगांकदत्त के साथ सुखपूर्वक वहीं रहा लग्न कादिन प्राप्तहोनेपर शशांकवती तथा मृगांकदत्त स्नानकरके तथा दिव्य आभूषण वस्त्रादि पहनकर वेदीपर बैठे उससमय सुषेणने शशांकवती का हाथ संकल्पकर मृगांकदत्तके हाथमें देदिया पाणिग्रहण के उपरान्त प्रथम लाजाहवन में सुषेणने पांचहजार घोड़े पांचसौहाथी पांचसौमन सुवर्ण और अच्छे वस्त्र आभूषण तथा रत्नोंसे लदीहुई नब्बेदासियांदीं और इसीक्रमसे द्विगुण रत्न हर एकलाजाहवनमें दिया इसप्रकार विवाह विधिके होजानेपर राजा अमरदत्तने अपनी संपूर्ण प्रजाओंको हाथी घोड़े रत्न आभूषण तथा वस्त्र दिये और शशांकवती मृगांकदत्त सुषेण तथा सम्पूर्ण राजालोगोंके साथ भोजन करके नृत्य तथा गानादिसे वह दिन बड़े सुखपूर्वक व्यतीत किया उत्सव के समाप्त होनेपर मानों सूर्य भगवान्भी उस उत्सवको देख थककर अपने अस्ताचलपर बैठगये संध्या

वाह करनेको तो मैं वहां जाऊंगा परन्तु माता पिताके बिना मुझे विवाह नहीं रुचता इससे कोई मेरे माता पिताके बुलानेको जाय उनका अभिप्राय जानकर जैसा उचित होगा सो किया जायगा यह कहकर उसने भीमपराक्रम नाम मंत्रीको अपने पिताके पास भेजा इसबीचमें मृगांकदत्तका पिता राजा अमरदत्त अयोध्यापुरी में लोगोंके द्वारा यह जानकर कि विनीतमति मंत्रीने झूठा दोष लगाकर मृगांकदत्तको निकलवा दियाहै उसे कुटुंब सहित मरवाकर शोकसे रानियों समेत नन्दिग्राममें रहनेलगा, वहां बहुत दिनतक उसके रहतेरभीमपराक्रम अयोध्यामें आया और अयोध्याको उदासीन देखकर यह जानके कि राजा नन्दिग्राममें रहताहै वहीं जाकर राजाके पैरोंपर गिरा उसे गलेसे लगाकर राजा अमरदत्तने आंसूभरके पूछा कि कहो मृगांकदत्त कुशलपूर्वक है उसने कहा कि हे महाराज मृगांकदत्तने अपनेही पराक्रम से राजा कर्मसेनकी शशांकवती कन्यापाई आपके बिना वह विवाह करना उचित नहीं समझताहै इससे उसने आपके बुलानेकेलिये मुझे भेजाहै वह भिल्लराज मायाबटुके यहां आपकी प्रतीक्षा कररहाहै यह कहके उसने मृगांकदत्तका सम्पूर्ण वृत्तान्त कहदिया अपने पुत्रके वृत्तान्तको सुनकर राजा अमरदत्त अपनी रानी तथा सम्पूर्ण सेनाको साथ लेकर अपने पुत्रके पासचला और थोड़ेही दिनोंमें मायाबटुके पुरके निकट पहुंचगया मृगांकदत्त अपने पिताका आगमन जानकर अपने मित्र तथा मंत्रियों सहित पुरके बाहर आकर उसके पैरोंपर गिरा अमरदत्तने उसे पैरोंपर से उठाकर अपनी छातीसे लगालिया और उसकी मातानेभी उसे छातीसे लगाकर बहुत दिनके वियोगके कारण उसे बड़ी देरमें छोड़ा मृगांकदत्तके मित्रोंने भी अमरदत्तको प्रणामकिया तदनन्तर राजा अमरदत्त मायाबटुके पुरमें जाकर वहां प्रणाम करती हुई अपनी शशांकवती बहूको देखके अत्यन्त प्रसन्नहोके उसे लेकर पुरके बाहर डेरे डालकर वहीं टिका वहां सम्पूर्ण राजा तथा अपने पुत्रके साथ भोजन करके उसने बड़े उत्सवसे वह दिन व्यतीत किया और मृगांकदत्तको भावीचक्रवर्ती जानकर अपने जन्मको सफलमाना इतनेमें राजाकर्मसेनने दूतकेद्वारा मृगांकदत्तकेपास यह संदेशाभेजा कि जो आप उज्जयिनीको नहीं आनाचाहते हो तो मैं अपने पुत्र सुषेणकोही आपकेपास भेजताहूं वही आकर अपनी बहिन का आपकेसाथ विधिपूर्वक ब्याहकरदेगा इससे जोआपको मेरेसाथ कुछ स्नेहरखनाहोय तो मेरी कन्या केसाथ अविधि विवाह न करना इस संदेशेको सुनकर राजा अमरदत्तने दूतसेकहा कि राजा कर्मसेनसे हमको बड़ा स्नेहहै वह अपने पुत्रकोभेजे हमवही कार्य्यकरेंगे जिसमें उसकी प्रसन्नताहोगी यह कहके दूतको विदाकरके अपने पुत्रसे श्रुतधि से तथा अन्य किरातराजोंसेकहा कि अब मैं अयोध्याको जाताहूं क्योंकि विवाहकी शोभा वहींहोगी और सुषेणका सत्कारभी यथायोग्य वहीं बनेगा राजा मायाबटु अभी यहांठहरे वह सुषेणको लेकर पीछे से आवे मैं आगे चलकर विवाहकी सम्पूर्ण सामग्री इकट्ठी करूंगा उसके वचन सबने स्वीकार करलिये तब दूसरे दिन राजा अमरदत्त शशांकवती अपनी रानी, मृगांकदत्त, सम्पूर्णमंत्री सबसेना तथा सम्पूर्ण किरातराज इनसबको साथ लेकर चला उससमय सेना की धूलिसे आकाश पृथ्वीकेसमान और गर्जतेहुए हाथी रूपी मेघोंसे पृथ्वी आकाश के समान

मृगांकदत्तके राज्यसमयमें दुर्भिक्ष, चोर, तथा अकालमरणादिक दुःख केवल कथाओंमेंही सुनाई देतेथे सम्पूर्ण प्रजा उसे अपने पिता के समान देखतीथी और वह सबको पुत्रके समान देखताथा इसप्रकार सम्पूर्ण प्रजाओं को सुखी करके मृगांकदत्तने अपने मन्त्री और शशांकवती के साथ बहुतकाल तक आनन्दपूर्वक राज्य किया मलयाचलके वनमें नरवाहनदत्तसे इस कथाको कहके पिशंगजट मुनि ने फिर कहा कि हे युवराज जैसे बहुत क्लेश सहकर मृगांकदत्तको शशांकवती मिलीथी इसीप्रकार तुम्हें भी मदनमंचुका मिलजायगी पिशंगजटके इन वचनोंको सुनकर नरवाहनदत्त मदनमंचुका की प्राप्ति के लिये अपने चित्त में धैर्य करके उनसे आज्ञा लेकर उस ललितलोचना विद्याधरी को ढूंढ़नेलगा जो उसे वहां लेगईथी २२५॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांशशांकवतीलम्बकेषट्त्रिंशस्तरंगः ३६॥

शशांकवतीनामबारहवांलम्बकसमाप्तहुआ॥

---

## मदिरावतीनामत्रयोदशोलम्बकः॥

---

सर्वोविघ्नेश्वरःपायान्नमितोन्नमितेवयम्।
अनुनृत्यतिनृत्यन्तंसंध्यासुभुवनावली॥
गौरीप्रसाधनालग्नचरणालक्तकश्रियः।
सर्वासुखायभूयाद्वःशंभोर्भालेक्षणप्रभा॥
कवीन्द्रमानसांभोजनिवासभ्रमरीन्नुमः।
देवींसहृदयानन्दशब्दमूर्त्तिसरस्वतीम्॥

इसके उपरान्त मदनमंचुका के विना विरहसे व्याकुल नरवाहनदत्तको मलयाचलके सुन्दर वनोंमें बड़ा क्लेशहुआ भ्रमरोंकी पंक्ति रूप प्रत्यंचासे युक्त आम्रके बौर रूपी कामके धनुषको देखके उसके हृदय में बड़ा कम्पहुआ कामदेवके क्रोधयुक्त वचनोंके समान कोकिलाओंका मधुर शब्दभी उसके कानोंमें दुस्सहहुआ पुष्पोंकी धूलिसे युक्त मलयाचलकी शीतल वायु कामाग्निके समान इसके अंगोंको संताप करनेवाली हुई उस वनमें बहुत विकल होकर वह वहांसे गंगाजीकी ओर गयेहुए मार्गके निकट एक तड़ागके तटपर गया वहां एक वृक्षके नीचे दो सुन्दर ब्राह्मण कुछ वार्त्तालाप कररहेथे वह दोनों नरवाहनदत्तको देखके कामदेव जानकर खड़े होकर हाथजोड़के बोले कि हे भगवन् कुसुमायुध आप अपने पुष्पोंके धनुषको छोड़के रतिके विना अकेले कहां भ्रमण कररहे हैं उनके वचन सुनकर नरवाहनदत्तने

के साथ सूर्य भगवान्‌को गये देखकर दिनकी लक्ष्मीभी मानों पक्षियोंके शब्दरूपी कोलाहलको करके उन्हींके पीछे चलीगई और रात्रिरूपी अभिसारिका ( जो स्त्री छिपकर अपने प्रियके संकेतको जाती हो ) अन्धकाररूपी काले वस्त्रोंको पहरकर आई कामकी लताके नवीन पल्लवरूपी चन्द्रमासे पूर्वदिशाका मुख प्रकाशित हुआ उससमय मृगांकदत्त संध्योपासन करके शशांकवतीके साथ शयनस्थानमें गया वहां मुखफेरकर लेटीहुई शशांकवतीको उसने चुंबन तथा आलिंगनसे लज्जारहित करके उसे अपने सम्मुख किया और उसके साथ आनन्दपूर्वक संभोग किया वह रात्रि रतिके आनन्दही में व्यतीतहोगई उससमय वन्दीजनोंने यहकहकर उसे जगाया कि हेस्वामी रात्रि व्यतीतहुई अब शय्याको त्यागकीजे रात्रिके अन्तको सूचित करनेवाली शीतलवायु चलरही है चन्द्रमाके साथ सहसा गईहुई रात्रिरूपी स्त्रीके टूटेहुए हारके मोतियोंके समान ओसके बिन्दु दूबकी पत्तियोंपर शोभायमान होरहे हैं हेराजपुत्र देखिये जिन भ्रमरों ने चन्द्रिकामें प्रकाशित कोकावेलियोंपर बैठकर रात्रिभर मधुपान किया है वही भ्रमर अब उन कोकावेलियोंको संकुचित देखकर अन्य स्थानोंको चलेजारहेहैं ठीकही है मलिनलोग आपत्तिमें किसीके साथी नहीं होते कामदेवने रात्रिको सूर्यकी किरणोंसे युक्तहोते देखके उसका चन्द्रमारूपी तिलक तथा अंजनरूपी अन्धकार धोडाला वन्दियोंके यहवचन सुनकर मृगांकदत्तने उठके स्नानपूर्वक संध्योपासनादि नित्यकृत्य किया इसप्रकार बहुतदिनोंके व्यतीतहोनेपर राजा अमरदत्तने बहुतसे हाथी घोड़े आभूषण वस्त्र तथा रूपवती सौस्त्री सहित एकसुन्दरदेश सुषेणको दिया और मायावटु शक्तिरक्षित दुर्ग पिशाच श्रुतधि ब्राह्मण तथामृगांकदत्तके दशोंमंत्री इन सबकोभी घोड़ेहाथी सुवर्ण वस्त्र तथा रत्नसहित एक २ देश दिया इसके उपरान्त विदेशी लोगोंको बिदाकरके सुखपूर्वक राज्यभोगनेलगा और मृगांकदत्त भी अपने मंत्रियों और शशांकवतीकेसाथ सुखभोगनेलगा कुछकाल व्यतीतहोनेपर राजाअमरदत्तके कानोंमें मानों यह कहनेकेलिये कि आप ऐश्वर्य्यका समय भोगचुके अब शान्तिका समय आयाहै वृद्धावस्था कानोंके निकट आई तब राजा अमरदत्तने अपने मंत्रियोंसे कहा कि मेरी अवस्था व्यतीतहोगई यमराजकी दूतीरूप वृद्धावस्थाने मेरे बाल पकड़लिये हैं इससे अब भोगोंकी तृष्णा छोड़नी चाहिये अवस्थाके साथही साथ लोभभी बढ़ताजाताहै यह नीचपुरुषोंकीबातें हैं सत्पुरुषोंमें यहबात नहींहोती इससे मैं सब प्रकारसे समर्थ होनेवाले मृगांकदत्तको अपना राज्यदेकर रानी सहित किसी तीर्थपर जाकर तपकरूंगा अब मेरी यही शोभा है उसके यह योग्य वचन रानी ने तथा सब मंत्रियोंने स्वीकार करलिये तब उसने ज्योतिषियोंको बुलाकर शुभलग्न पूछ के राज्याभिषेककी संपूर्ण सामग्री मँगाके तीर्थके जलोंसे तथा अपने आनन्दके अश्रुजलों से अभिषेक करके मृगांकदत्तको सब राज्य देदिया और सातदिन तक बड़ा उत्सवकिया आठवेंदिन वह अपने मंत्री तथा रानीको साथलेकर काशीपुरीको चलागया और वहां त्रिकाल शिवपूजनपूर्वक तप करनेलगा मृगांकदत्त भी राज्यको पाकर अपनेमंत्रीश्रुतधि ब्राह्मण कर्मसेनादिक राजा तथा मायावटु आदिक किरातराजाओं को साथलेकर सप्तद्वीपवती पृथ्वीका दिग्विजय करके धर्मपूर्वक संपूर्ण पृथ्वी का राज्य करनेलगा

से उपाध्यायके यहां मदिरावतीने तुमको देखाहै उसदिनसे भोजन क्रीड़ा संगीत आदि किसी पदार्थ में भी उसका चित्तनहीं लगता केलेकेपत्ते चन्दनकालेप तथा चन्द्रमाकी शीतल किरणोंसे भी उसे सन्ताप होताहै और कृष्णपक्षकी चन्द्रमाकी कलाके समान उसका शरीर प्रतिदिन क्षीण होता जाताहै केवल तुम्हारे विषयकेही वार्त्तालापोंसे उसको आनन्द होताहै इससे अब ऐसाकरो जिससे उसका मनोरथ सफलहोय नहीं तो उसका जीवन कठिनहै उसके वचनसुनके मैंने कहा कि मैं तुम्हारे आधीन हूं जैसा उचित समझो वैसाकरो मेरे वचनसुनके वह प्रसन्नहोकर चलीगई और मैंभी अपने चित्तमें कुछ धैर्य्ययुक्त हुआ दूसरेदिन उज्जयिनी से आयेहुए एक महाधनवान् क्षत्रीने मदिरावती के पितासे मदिरावतीके लिये याचाकी उसके पिताने उसकी प्रार्थना स्वीकार करली इस समाचारको सुनकर मैं स्वर्गसे गिरेहुए वज्रसेहतहुए तथा भूतसे ग्रस्तहुए के समान बहुत कालतक मोहितरहा फिरसावधान होकर मैंने शोचा कि अभी व्याकुलहोने से क्या प्रयोजनहै देखो अन्तमें क्याहोता है इसप्रकार धैर्य्य करके मैं महाकष्टसे दिनव्यतीतकरनेलगा इतनेमें लग्नका निश्चयहोगया और लग्नकेदिन बड़ेठाटबाट और तैयारीसे वह वर उसके यहांआया यहदेखकर मैंने मदिरावतीसे निराशहोकर और मरणकेदुःखसे भी विरहके दुःखको कठिन जानके नगरी के बाहरजाके एकबरगदके वृक्षमें उसीकी जटाबांधके गले में फांसीलगाली फांसीलगातेही मेरी चेतना जातीरही क्षणभरमें फिर चैतन्यहोकर मैंने अपनेको उसीवृक्ष के नीचे एकयुवा पुरुषकी गोदीमें लेटेहुए देखा उसे अपना रक्षकजानके उससे मैंनेकहा कि हे महासत्त्व आपने तो बड़ी कृपालुता प्रकटकी परन्तु मुझविरहीको जीवनकी अपेक्षा मृत्यु अच्छीमालूमहोती है मुझे चन्द्रमा अग्निके समान आहार विषकेसमान मधुरगीत कटुभाषणके समान उपवन बन्दीगृह के समान पुष्पोंकीमाला बाणोंके समान औरचन्दनादिक लेप अंगारोंके समान मालूमहोताहै हेमित्र ऐसे क्लेशित वियोगियोंको जीवन में क्या सुखहै यहकहके मैंने उसे अपना सबवृत्तांत सुनादिया तब वह साधु मुझसे बोला कि जिस आत्माके लिये यहसंपूर्ण यत्नहैं उसके त्यागकरने में क्या फलहै सुनो इस विषयपर मैं अपनाही वृत्तान्त तुमको सुनाता हूं हिमालय नामपर्व्वत पर निषधनाम महापवित्र देश है उस देशके निवासी शीलश्रुतनाम ब्राह्मण का मैं पुत्र हूं देशान्तरों के देखने के कौतुक से मैं अपने देशसे चलकर भ्रमण करताहुआ और अनेक उपाध्यायों को देखताहुआ यहां से कुछ दूर पर शंखपुरनाम नगरमें पहुंचा जहां शंखपालनाम नागराजका शंखह्रदनाम बड़ा निर्मलतड़ागहै उस पुरमें एक उपाध्यायके यहां जाकर मैं रहनेलगा एकसमय किसी पर्व्वकेदिन मैं उसीतड़ागमें स्नानकरनेको गया वहां स्नानकरके उस तड़ागके दक्षिण ओर बहुतसे वृक्षोंका समूह मैंने देखा तमालरूपी धुएंसे, टेसूरूपी अंगारोंसे और प्रफुल्लित अशोकरूपी ज्वालाओंसे वह वृक्षोंका समूह श्रीशिवजीके नेत्रकी अग्निसे जलतेहुए कामदेव के समान शोभितथा वहां एक कन्या पुष्प तोड़रहीथी पुष्पों के तोड़नेकेलिये हाथके उठानेके कारण उसका एकपयोधर कुछ २ लक्षित होरहाथा उसकी शिरकीचोटी ऐसी शोभितहोरही थी कि मानों मुखरूपी चन्द्रमाके भयसे अन्धकार शरणमें आयाथा देखनेही वह

कहा कि मैं कामदेव नहींहूं मनुष्यहूं यह कहके उसने अपना सम्पूर्ण वृत्तान्तकहकर उनसे पूछा कि तुम दोनों कौनहो अपना सब वृत्तान्त मुझसे कहो उसके वचन सुनकर उनमेंसे एकने नम्रतापूर्व्वक कहा कि यद्यपि आपसरीके राजाओंके आगे गुप्तबात कहना योग्य नहीं है तथापि आपकी आज्ञाके अनुरोधसे मैं कहताहूं कि कलिङ्ग देशमें कलियुगके प्रभावसे रहित अत्यन्तपवित्र शोभावतीनाम नगरीहै उसमें यशस्करनाम एक विद्वान् याज्ञिक ब्राह्मण रहताथा उसके मेखलानाम पतिव्रतास्त्रीथी उसब्राह्मण के उसीस्त्रीमें एक मैंही पुत्र उत्पन्नहुआ मेरे पिताने योग्य समयमें मेरा यज्ञोपवीत करदिया और मैं गुरु के यहां जाकर विद्याध्ययन करनेलगा कुछकालके उपरान्त उस देशमें अनावृष्टिके कारण बड़ादुर्भिक्ष पड़ा इससे मेरे पिता मुझे और सबपरिकर लेकर विशालानाम पुरीको चलेआये वहां एकमित्र वैश्यके यहांरहेऔरमैंभी वहीं एकउपाध्यायके पासजाकर विद्याध्ययन करनेलगा उसउपाध्यायके बहुतसेशिष्य थे उनमें से किसी धनवान् क्षत्रीके विजयसेन नाम एक गुणवान् पुत्रकेसाथ मेरी मित्रता होगई एक समय मेरे मित्रकी मदिरावतीनाम बहिनभी अपने भाईके साथ उपाध्यायके यहांआई वह ऐसी रूपवतीथी जिससे यह मालूमहोताथा कि मानों ब्रह्माने इसके मुखको बनाकर बचीहुई सुन्दरतासे चन्द्रमा को बनाडालाहै उसे देखकर मैं उसपर आसक्तहोके अत्यन्त कामसे पीड़ितहुआ और उसने भी तिरछी दृष्टिसे मुझे देखकर कपोलोंकी रोमावली से अपना मुझपर प्रेम प्रकटकिया तदनन्तर क्रीड़ाके व्याज से वह बहुतकालतक वहां ठहरकर फिर २ के मुझे देखतीहुई अपने घरको चलीगई और मैं भी अपने घरजाकर जलसे निकालीगई मछलीके समान दिन रात तड़फतारहा और दूसरे दिन फिर उपाध्याय के यहां गया वहां मेरे मित्रने मुझ से आकर कहा कि हे मित्र मेरी बहिनके मुखसे तुम्हारी प्रशंसा सुनकर मेरी माताभी तुमको देखना चाहती है इससे तुम मेरे घरचलो उसके यह अमृतमय वचन सुनकर मैं उसीके साथ उसके घरगया वहां उसकी माताने मेरा बड़ा सत्कार किया और मेरा मित्र अपने पिताकी आज्ञासे कहीं को चलागया उससमय मदिरावतीकी धायने मेरे पास आके मुझसे कहा कि हे पुत्र मदिरावतीने जो अपने हाथसे सींचकर उपवनमें मालतीकीलता बढ़ाई है उसमें पहलेही पहल पुष्प निकलेहैं उनपुष्पोंको तोड़कर उसने अपने हाथसे बनाकर यहपुष्पमाला तुमको भेजी है क्योंकि नवीन वस्तु प्रथम अपने प्रियको देनीचाहिये यहकहकर उसने पांच पान और वहमाला मुझ को दी उनपानों को खाके और प्रियाके आलिंगनके समान सुखदायी उस मालाको पहनकर मैंने उससे कहा कि हे आर्ये मेरे हृदयमें ऐसी कामकी बाधाहै कि मैं मदिरावतीके लिये अपने प्राणभी देदूं तो अपना सफल जन्मसमझूं क्योंकि वही मेरी प्राणेश्वरी है उससे यह कहकर मैं उसीसमय आयेहुए विजयसेनकेसाथ उपाध्यायके घरको चलाआया वहांसे विजयसेन अपनेघरको लौटगया और मैं अपने घरको आया ५० दूसरेदिन विजयसेन मदिरावती को लेकर मेरे घर आया इसप्रकार बारंबार मिलने से मेरे और मदिरावतीके हृदय में प्रेमरूपी वृक्षगुप्ततासे बढ़तागया एकदिन मदिरावती की दासी ने एकान्तमें मुझसे कहा कि हे महाभाग एकबात मैं तुमसे कहतीहूं उसे तुम यथार्थही मानना जिसदिन

आई उसे देखकर मैंने अपने उस मित्रसे कहा कि यह जो काम देवका मंदिरहै इसमें कामदेवका पूजनकरनेकेलिये यह मंदिरावती यहां आई है इस नगरीकी यहरीतिहै कि जिनकन्याओं का विवाहहोता है वह यहां आकर प्रथम कामदेवका पूजन करतीहैं इसीसे मैंने इसबरगदमें फांसी लगाईथी कि मंदिरावती यहां आकर मुझे मराहुआ देखेगी मेरे यह वचन सुनकर उस अकारण मित्रने मुझसे कहा कि चलो इस मंदिरमें मातृका देवीकी मूर्तिके पीछे छिपकर खड़ेहोयँ कदाचित् कोई उपाय निकलआवे उसके यह वचन सुनके मैं उसीके साथ मंदिरमें जाकर मातृकादेवीके पीछे छिपकर खड़ाहोगया तब मंदिरावती अपनी सखियोंसे बोली कि तुम सबमन्दिरसे बाहररहो मैं अकेलीही कामदेवसे कुछ वरमांगूंगी यह कहके सब सखियोंको मन्दिरके बाहरही छोड़कर मन्दिरके भीतरजाके कामदेवका पूजनकर के उसने यह विज्ञापनाकी कि हे देव आपने मनोभवहोकर भी मेरे मनका अभिप्राय क्यों नहीं जाना अच्छा जो इस जन्ममें आपने मेरा मनोरथ नहीं पूर्णकिया तो अन्य जन्ममें आपकी कृपासे वह ब्राह्मण अवश्य मेरा पतिहोय यह कहके उसने खूंटियोंमें डुपट्टा बांधके अपने गलेमें फांसीलगाई यह देखकर मेरे मित्रने मुझसे कहा कि जल्दी जाकर इसके प्राणबचाओ उसके यह वचन सुनकर मैंने तुरन्तहीजाके उसकेगलेसे डुपट्टाखोलके उससेकहा कि हेप्रिये साहसनकरो तुम्हारादासतो आगेहीखड़ा है मुझे एकाएकी देखकर वह आनन्द तथा भ्रमसे चकितसी होगई इतनेमें मेरे मित्रने मुझसे कहा कि दिन व्यतीतहोने के कारण इससमय अन्धकारहोरहाहै इससेमैं इसका वेषबनाकर इसकीसखियोंके साथ चलाजाऊंगा और तुम इसे लेकर दूसरेद्वारसे आजही देशान्तरको चलेजाओ मेरी चिन्ता कुछ न करना ईश्वर मेरा कल्याण करेगा यह कहकर वह मंदिरावती कासा वेषबनाकर उन सखियोंके संग चलागया और मैं मंदिरावतीकोलेकर उसी रात्रिको एकयोजन पृथ्वी निकलगया और प्रातःकाल किसीस्थानमें स्नानादिसे निवृत्तहोकर चलतेचलते अचलपुरनाम नगरमें पहुंचगया वहां एकब्राह्मणने मित्रताकरकेमेरे रहनेको एकघर मुझेदिया वहीं मैंने मंदिरावतीकेसाथ गान्धर्वविवाह करलिया१५०वहां सुखपूर्व्वकरहते हुए मुझको एकयही व्यथाथी कि मेरे मित्रकी क्यादशाहुई होगी तदनन्तर गंगाजीके स्नान करनेके निमित्त यहांआयेहुए मुझको यहवही अकारणमित्रमिलगया और जैसेमैं इसका आलिंगनकरके वृत्तान्त पूछनेलगा वैसेही आप आगये उसके वचन सुनकर नरवाहनदत्तने उसदूसरे ब्राह्मणसे पूंछा कि उस संकट से तुम किसप्रकार से छूटे वह सब वृत्तान्त मुझसे कहो तब नरवाहनदत्तके वचन सुनकर उसने कहा कि जब मैं मंदिरावती का वेषबनाकर मन्दिरके बाहरआया तब सम्पूर्ण सखियां मुझे पालकीपर चढ़ाकर मंदिरावतीके मकानपर लेगईं वहां बहुतसी स्त्रियों ने आकर मुझे घेर लिया और सम्पूर्ण सखियां विवाहके आनन्दसे गानेलगीं इतनेमें बहुतसी सखियों समेत एककन्या वहांआई सौन्दर्य्य समुद्र की लहरके समान उसकन्याको देखकर पहचानके मैं अपने चित्तमें अत्यन्त हर्षितहुआ वह वही कन्या थी जो शंखह्रदके निकट मुझको मिलीथी क्षणभरमें मंदिरावतीकी सखियां ने उससे कहा कि हे मर्ली आज तुम उदासीन क्योंहो उसने अपने आशयको छिपाकरकहा क्या तुम नहीं जानतीहो कि मंदि-

कन्या मेरे हृदयमें कामदेवकी वरछीके समान प्रविष्टहोगई और वह भी मुझे देखकर कामके वशीभूत होगई और तिरछी दृष्टिसे वारम्वार मुझे देखनेलगी इतनेमें भागतेहुए लोगोंका महाहाहाकार सुनाई दिया और एक मतवाला हाथी उसी ओर को दौड़ताहुआ आया हाथीको देखकर भयभीतहुई उस कन्याको गोदीमें लेकर जहां सब लोग भागकरगयेथे वहां मैंभी चलागया वहां उसके सेवकोंने आकर उसे सावधान किया इतनेमें वह हाथी वहां भी आया इससे वहुत भीड़होनेके कारण उस कन्याके सेवकजनोंने उसे कहां लेगये इससे हाथीके चलेजाने पर भी मैं उसे कहीं न देखकर वहुत उदासीन होके उपाध्याय के घरको चलाआया वहां उसके स्पर्श के सुखका स्मरण करके अत्यन्त दुःखीहुआ चिन्ता ने मानों मुझे विकल देखके अपनी गोदी में लेलिया और शिरकी पीड़ा ने आकर मेरा शिर पकड़ लिया मेरेधैर्य्यके साथही वह दिन समाप्त होगया मेरे मुखके समान कमल संकुचित होगये मेरे मनोरथोंके समान चक्रवाकों के जोड़े भिन्न २ होगये सुखियों का आनन्द देनेवाला चन्द्रमा पूर्वदिशा में उदित हुआ उसकी अमृतमय किरणें भी मेरे अंगों में अग्नि की वृष्टि के समान क्लेश देनेलगीं इसप्रकार मुझे महादुःखित देखकर मेरेएक स्वाध्यायीने मुझसेकहा कि हे मित्र तुम क्यों वहुत दुःखित होरहेहो तुम्हारे शरीर में कोई रोग तो नहीं दिखाई देता है परन्तु धन अथवा कामके निमित्त तुम्हारे चित्तमें कोई खेदहोय तो सुनो मैं कहताहूं ( अतिगर्धनयेह्यर्थंवंचयित्वापरंचये। अपहृत्य[illegible]पांवावांछन्तेनैवतेस्थिराः १ पापमूलायतःपापफलभारंप्रसूयते। तद्भरेणैवभज्यन्तेशीघ्रंधनविपद्रुमाः २ [illegible] अर्जनादिपरिक्लेशःकेवलंतैर्धनैरिह। अमुत्रदुःखमाचन्द्रतारकंनारकंमहत् ३ कामोप्यप्राप्यनष्टोयःसाप्राण[illegible]न्तविडंवना। पश्चाद्धर्मोग्रदूतःसनिरयाग्नेर्मुखप्रियः ४ ) वहुत लोभसे दूसरोंको ठगकर अथवा दूसरोंके यह[illegible]से चुराके जिसधनकी अभिलाषा कीजाती है वह धनस्थिर नहीं रहता १ पाप उसका मूलहोताहै इस[illegible] वह धनरूपी विष वृक्ष पापरूपी फलोंके भारको उत्पन्नकरके उन्हींके भारसे नष्टहोजाताहै २ इस लोकमें धनसे केवल उपार्जनादिका क्लेश प्राप्तहोताहै और परलोकमें जब तक चन्द्रमा तथा नक्षत्ररहेंगे तब नरकोंका दुःखभोगना पड़ताहै ३ विना प्राप्तहुए नष्टहुआ कामभी प्राणान्त कष्टदायी होताहै और उस में अधर्म्म होताहै वह पहले कुछसुखदायी नरककी अग्निका पहलादूतहै ४ परन्तु उत्साहयुक्त पुरुष न्यायसे धन तथा काम प्राप्तकरते हैं तुम्हारे सरीके अधीरोंसे कुछ नहीं होसक्ताहै २ धैर्य्यका अवलंबन करके अपने मनोरथकी सिद्धिकेलिये यत्नकरो उसके यह वचन सुनके उसको भी उत्तर न देकर मैं किसी प्रकार उस रात्रिको वहां व्यतीतकरके इस पुरीमें इसलिये चला आयाहूं कदाचित् वह यहीं रहतीहो यहां मैंने तुमको फांसी में लटका देखकर तुम्हें फांसी से उतारकर दुःख सुना और अपना तुमसे कहा हे मित्र मैं अपनी प्रियाका नाम आदि कुछ भी नहीं जानताहूं तो भी उसके निमित्त उद्योगकर रहाहूं और तुम मदिरावतीको जानकर भी पुरुषार्थको छोड़कर क्यों अधीर होतेहो क्या तुमने रुक्मिणीजीका वृत्तान्त नहीं सुनाहै कि उनके विवाहका ठीक तो शिशुपालसेथा और कृष्ण उनको हरलेगये उसके इसप्रकार कहतेही वजतेहुए वाजोंके साथ मदिरावती वहां

आई उसे देखकर मैंने अपने उस मित्रसे कहा कि यह जो काम देवका मंदिरहै इसमें कामदेवका पूज-नकरनेकेलिये यह मदिरावती यहां आई है इस नगरीकी यहरीतिहै कि जिनकन्याओं का विवाहहोता है वह यहां आकर प्रथम कामदेवका पूजन करतीहैं इसीसे मैंने इसबागदमें फांसी लगाईथी कि मदि-रावती यहां आकर मुझे मराहुआ देखेगी मेरे यह वचन सुनकर उस अकारण मित्रने मुझसे कहा कि चलो इस मंदिरमें मातृका देवीकी मूर्त्तिके पीछे छिपकर खड़ेहोयँ कदाचित् कोई उपाय निकलआवे उसके यह वचन सुनके मैं उसीके साथ मंदिरमें जाकर मातृकादेवीके पीछे छिपकर खड़ाहोगया तब मदिरावती अपनी सखियोंसे बोली कि तुम सबमन्दिरसे बाहररहो मैं अकेलीही कामदेवसे कुछ वरमां-गूंगी यह कहके सब सखियोंको मन्दिरके बाहरही छोड़कर मन्दिरके भीतरजाके कामदेवका पूजनकर के उसने यह विज्ञापनाकी कि हे देव आपने मनोभवहोकर भी मेरे मनका अभिप्राय क्यों नहीं जाना अच्छा जो इस जन्ममें आपने मेरा मनोरथ नहीं पूर्णकिया तो अन्य जन्ममें आपकी कृपासे वह ब्राह्मण अवश्य मेरा पतिहोय यह कहके उसने खूंटियोंमें डुपट्टा बांधके अपने गलेमें फांसीलगाई यह देखकर मेरे मित्रने मुझ से कहा कि जल्दी जाकर इसके प्राणबचाओ उसके यह वचन सुनकर मैंने तुरन्तहीजाके उसकेगलेसे डुपट्टाखोलके उससेकहा कि हेप्रिये साहसनकरो तुम्हारादासतो आगेहीखड़ा है मुझे एकाएकी देखकर वह आनन्द तथा भ्रमसे चकितसी होगई इतनेमें मेरे मित्रने मुझसे कहा कि दिन व्यतीतहोने के कारण इससमय अन्धकारहोरहाहै इससेमैं इसका वेषबनाकर इसकीसखियोंके साथ चलाजाऊंगा और तुम इसे लेकर दूसरेद्वारसे आजही देशान्तरको चलेजाओ मेरी चिन्ता कुछ न करना परमेश्वर मेरा कल्याण करेगा यह कहकर वह मदिरावती कासा वेषबनाकर उन सखियोंके संग चलागया और मैं मदिरावतीकोलेकर उसी रात्रिको एकयोजन पृथ्वी निकलगया और प्रातःकाल किसीस्थानमें भोजनादिसे निवृत्तहोकर चलते२ अचलपुरनाम नगरमें पहुंचगया वहां एकब्राह्मणने मित्रताकरकेमेरे रहनेको एकघर मुझेदिया वहीं मैंने मदिरावतीकेसाथ गान्धर्वविवाह करलिया५० वहां सुखपूर्वकरहते हुए मुझको एकयही व्यथाथी कि मेरे मित्रकी क्यादशाहुई होगी तदनन्तर गंगाजीके स्नान करनेके निमित्त यहांआयेहुए मुझको यहवही अकारण मित्रमिलगया और जैसेमैं इसका आलिंगनकरके वृत्तान्त पूंछनेलगा वैसेही आप आगये उसके वचन सुनकर नरवाहनदत्तने उसदूसरे ब्राह्मणसे पूंछा कि उस संकटसे तुम किसप्रकार से छूटे वह सब वृत्तान्त मुझसे कहो तब नरवाहनदत्तके वचन सुनकर उसने कहा कि जब मैं मदिरावती का वेषबनाकर मन्दिरके बाहरआया तब सम्पूर्ण सखियां मुझे पालकीपर चढ़ाकर मदिरावतीके मकानपर लेगईं वहां बहुतसी स्त्रियों ने आकर मुझे घेर लिया और सम्पूर्ण स-खियां विवाहके आनन्दसे गानेलगीं इतनेमें बहुतसी सखियों समेत एककन्या वहांआई सौन्दर्य्य समुद्र की लहरके समान उसकन्याको देखकर पहचानके मैं अपने चित्तमें अत्यन्त हर्षितहुआ वह वहीकन्या थी जो शंखह्रदके निकट मुझको मिलीथी क्षणभरमें मदिरावतीकी सखियों ने उससे कहा कि हे सखी आज तुम उदासीन क्योंहो उसने अपने आशयको छिपाकरकहा क्या तुम नहीं जानतीहो कि मदि-

रावती मेरी कैसी प्यारी सखी है यह विवाहकरके अपने श्वशुरके यहां चलीजायगी और इसके बिना मैं नहीं रहसकूंगी यही मुझे दुःख है तुमलोग यहां से चली जाओ मैं इससे एकान्त में कुछ वार्त्तालाप करूंगी यहकहके वह सबको हटाकर कुण्डी बन्दकरके मुझसे बोली कि हे सखी मदिरावती तुम्हारे दुःख से अधिक और कोई दुःख नहीं है तुम्हारा प्रिय तो और है परन्तु तुम्हारा पिता दूसरे के साथ तुम्हारा विवाहकरे देताहै तथापि तुम अपने प्रियको जानतीहो इससे कदाचित् फिर तुम्हारा समागमहोजाय परन्तु मुझे ऐसा दुःख उत्पन्नहुआहै जिसके दूरहोनेकी आशा नहींहै वह मैं तुमको सुनातीहूं क्योंकि तुमसे मैं कोई बात छिपा नहीं सक्तीहूं एकपर्वके दिन मैं शंखह्रदमें स्नानकरनेको गईथी वहां सौन्दर्य्य रूपी हाथीके बांधनेके स्तंभके समान एक नवयुवक ब्राह्मण आया उसके मुखारविन्दमें भ्रमरकी पंक्ति के समान थोड़ी २ मूंछें अत्यन्त शोभितहोरहीथीं उसे देखकर मुझे ऐसी काम बाधाहुई कि मैं लज्जा तथा भय रहितहोकर उसे अपनी तिरछी दृष्टि से देखनेलगी इतने में एक मतवाला हाथी चिंघाड़ता हुआ वहीं आया उसे देखकर सब लोग भागे और वह नवयुवक मुझे भयभीत देखके अपनी गोदीमें चढ़ाकर जहां वह सब भागकर गयेथे वहीं मुझेभी लेगया उसके अंगोंके स्पर्शसे मुझे ऐसा आनन्द हुआ कि कहां हाथी है कहां मैं हूं और कहां मेरे सेवकहैं कुछ भी मुझे ज्ञान न रहा तब मेरे सेवकोंने आकर उसकी बड़ी प्रशंसाकरके उससे मुझे ले लिया इतने में वह मतवाला हाथी वहां भी आया उस हाथीको देखकर मेरे सेवक मुझे घरलेआये और मेरा वह प्रिय न जानें कहां चलागया तबसे मैं रात्रि दिन उसीका स्मरण किया करतीहूं सम्पूर्ण दुःखोंकी दूरकरनेवाली निद्राभी मुझे नहीं आती इसनिरु-पाय दुःख में तुम्हारे साथ वार्त्तालाप करने से मुझे कुछ सावधानता होतीथी सो तुमभी जातीहो अब मेरी मृत्यु अवश्यहोजायगी चलो अच्छा लाओ तुम्हारा मुख तो अच्छे प्रकारसे देखलूं यह कहकर उसने मेरा घूंघट खोलके जैसेही देखा वैसेही पहचानकर हर्ष आश्चर्य्य तथा सम्भ्रम से व्याप्तहोगई तब मैंने उससे कहा कि हे मुग्धे तुम क्यों भयभीतसी होगईहो मैं वही तुम्हारा दासहूं ( विधिर्हिघटयत्यर्थां नचिन्त्यानपिसम्मुखः ) अनुकूल भाग्य अचिन्त्य कार्य्योंकोभी सिद्धकर देताहै मैंने तुम्हारे लिये बहुत दुःख भोगाहै वह सब वृत्तान्त मैं तुमसे कहूंगा अभी कहनेका समय नहीं है इससमय तो यहांसे निकल चलनेका उपाय शोचनाचाहिये मेरे वचन सुनकर उसने कहा कि यह जो पश्चिमकीओर द्वार लगाहै इसे खोलकर निकलचलो इसद्वारके बाहर मेरे पिताका उपवनहै उसीउपवनमें जाकर जहांचाहना वहां चलना यहकहके वह अपने आभूषण खोलकर मुझे देकर उसी मार्ग से मेरे साथ चली रात्रि मेंही मैं इतनी दूरचला कि प्रातःकाल होते २ एकमहावनमें पहुंचगया उसी वनमें प्रियाके साथ चलते २ मध्याह्न का समयहोगया तब अपनीप्रियाको दुःखितदेखकर मैंने एकवृक्षकेनीचे उसे बैठालकर अपनेवस्त्रोंकापंखा उसके हांका इतनेमें एकघायल भैंसा वहां दौड़ताहुआ आया और उसके पीछे घोड़ेपरसवार एकधनुष धारी पुरुष आया उसने भालेके प्रहारसे उस भैंसेको मारकर गिरादिया औरमुझे देखके घोड़ेसे उतरकर पूछनेलगा कि तुम कौनहो और यह स्त्री तुम्हारी कौनहै उसके यह वचन सुनके अपना जनेऊ दिखा

कर झूठ तथा सत्य गर्भित यह वचन मैंने कहा कि मैं ब्राह्मणहूं और यह मेरी स्त्री है किसी कार्य्य से मैं इसे लेकर परदेशको जाताथा मार्गमें चोरोंने मेरे सब साथियोंको लूट लिया इसीसे भयभीत होकर मैं इस वनमें आयाहूं यहां आपको देखकर अब सब मेरा भय दूरहोगया मेरे वचन सुनके उसने दया युक्त होके कहा कि मैं वनवासियोंका राजाहूं तुम दोनों यहां आनेसे मेरे आतिथि हुए इससे कुछ दूर चलके मेरे स्थानको पवित्र करो यह कहके वह मेरी प्रियाको घोड़ेपर चढ़ाके आप पैदलही चलकर मुझे अपने स्थानपर लेगया वहां उसने मेरा भोजनादिसे बड़ा सत्कार किया (कुदेशेप्वपिजायन्तेक्वचित्केचिन्महाशयाः) कहीं कुदेशोंमें भी कोई २ महाशय उत्पन्न होजाते हैं तदनन्तर उससे कुछ रक्षकोंको लेकर मैं उस वनको उल्लंघन करके प्रिया सहित एक ग्राम में आया वहां किसी ब्राह्मण के घरमें रहके और वहीं अपनी प्रियाके साथ गान्धर्व विवाह करके अनेक देशोंमें भ्रमण करते २ श्रीगंगाजीके स्नानकरने को यहां आया भाग्यवशसे यहीं यह मित्र मिलगया और आपके भी दर्शनहुए उसके यह वचनसुनकर नरवाहनदत्तने उसकी बड़ी प्रशंसाकी इतनेमें नरवाहनदत्तको ढूंढ़तेहुए गोमुखादिक मंत्री वहां आगये और उसे देखकर आनन्दसे उसके पैरोंपरगिरे उन सबको हृदयसेलगाकर नरवाहनदत्त उनदोनोंब्राह्मणों को तथा उसीसमय आईहुई ललितलोचनाको साथ लेकर उन मंत्रियोंसमेत अपनी पुरीकोआया २१६॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांमदिरावतीलम्बकेप्रथमस्तरङ्गः १॥

मदिरावतीनामतेरहवांलम्बकसमाप्तहुआ॥

---

## पंचनामचतुर्दशोलम्बकः॥

---

तुष्टेनयेनदेहार्धमप्युमायैसमर्पितम्।
सवोददात्त्वभिमतंवरदःपार्वतीपतिः १॥
निशिविघ्नजितोवोव्यात्ताण्डवोद्दंडितःकरः।
शोणश्चन्द्रातपत्रस्यतन्वन्निद्दमदण्डताम् २॥

इसके उपरान्त नरवाहनदत्त त्रैलोक्य सुन्दरी मदनमंचुका आदिक स्त्रियोंको पाकर सुखपूर्वक गोमुखादि मंत्रियोंके साथ अपना समय व्यतीत करनेलगा एकसमय उसने अन्तःपुर में अपनी प्रिया मदनमंचुकाको तथा उसकी दासियोंको नहीं देखा उसे न देखके उसने सोचा क्या मेरी परीक्षा करनेके लिये मेरी प्रिया कहीं छिपगई है या मेरे किसी अपराध से वह कुपित होगई है अथवा किसीने मायाकरके उसे छिपा लियाहै या उसे कोई हरलेगयाहै इसप्रकार अनेक सन्देह करके वह विकलहोगया इस

वृत्तान्तको सुनकर राजा उदयन् बहुत घबराकर अपनी रानी तथा मंत्रियों सहित वहां आया और कलिंगसेनाभी मदनमंचुकाके वृत्तान्तको सुनकर बड़ी व्याकुल हुई उससमय अन्तःपुर की रहनेवाली एक वृद्धाने नरवाहनदत्तके आगे सबसे कहा कि जो मानसवेग नाम विद्याधर कलिंगसेनासे जबमदनमंचुका कन्याहीथी तब उसे मांगने को आयाथा वही अपनी माया से मदनमंचुकाको हर लेगया होगा यद्यपि दिव्यपुरुष परस्त्रीको नहींहरते हैं तथापि कामान्धलोगोंको कुमार्ग और सुमार्गका ज्ञाननहींरहता है उसके वचन सुनकर लहरों में पड़ेहुए कमलके समान नरवाहनदत्तका चित्त कोप विचार तथा विरहसे डगमगानेलगा उसीसमय रुमण्वान् ने भी कहा कि इसपुरीकी रक्षकलोग सब ओरसे ऐसी रक्षाकरतेहैं कि आकाशके सिवाय पृथ्वीके मार्गों से कोई भी अपरिचित यहां नहीं आसक्ताहै और श्रीशिवजीकी कृपासे मदनमंचुका का कुछ अनिष्ट नहीं होसक्ताहै वह यहीं कहीं युवराजकी परीक्षाकेलिये छिपी होगी इस विषयपर मैं तुम लोगोंको एककथा सुनाताहूं कि पूर्व्व समयमें अंगिरा नाम ऋषिने अष्टावक्र से उनकी सावित्री नाम कन्या अपने साथ विवाह करनेकेलिये मांगी परन्तु अष्टावक्रने उन्हें सावित्री कन्या नदी क्योंकि वह किसी अन्यके साथ उसका विवाह करनेको कहचुकेथे तब अंगिराने अष्टावक्र के भाईकी अश्रुतानाम कन्याके साथ अपना विवाह करलिया वह अश्रुताजानती थी कि मेरे पतिने पहले सावित्रीके साथ अपना विवाह करना चाहा था एक समय अंगिरा ऋषि बहुत देरसे बैठे हुए जपकर रहेथे उससमय अश्रुताने उनसे पूछा कि हे आर्य्यपुत्र आप किसका बहुत देरसे ध्यान कररहे हो तब मुनिने कहा कि हेप्रिये मैं सावित्रीका ध्यानकररहा हूं सावित्रीकानाम सुनकर अश्रुताने अष्टावक्रकी पुत्री का ध्यान करना जानकर वनमें जाके फांसी लगाकर अपने प्राण देनेचाहे उस समय अक्षसूत्र कमण्डल धारिणी भगवती गायत्रीने प्रकटहोकर उससे कहा कि हेपुत्री साहस न करो तुम्हारे पतिने मेरा ध्यान किया था अष्टावक्रकी पुत्रीका ध्यान नहीं कियाथा यह कहकर गायत्री अन्तर्द्धान होगई और अश्रुतावनसे अपने घरको चलीआई इससे मदनमंचुका भी किसीस्वल्प अपराधसे कुपित होकर कहीं छिपीहोगी उसेढूंढ़िये रुमण्वान् के यह वचनसुनके वत्सराज उदयन् ने कहा कि रुमण्वान् का कहना बहुत ठीकहै मदनमंचुका को कोई अनिष्ट नहीं होसक्ता क्योंकि जब इसका जन्महुआ था तब यह आकाशवाणी हुईथी कि मदनमंचुका का नरवाहनदत्तके साथ विवाह होगा और एक कल्प पर्य्यन्त यह विद्याधरों का ऐश्वर्य्य उसके साथ भोगेगी यह आकाशवाणी मिथ्या नहीं होसक्ती इससे अच्छे प्रकारसे उसेढूंढ़ना चाहिये अपने पिताके यह वचनसुनकर नरवाहनदत्त उन्मत्तसाहोके उसे इधर उधर ढूंढ़नेलगा वनमें पत्तेरूपी हाथोंको हिला २ कर मानों वृक्ष उससे कहते थे कि हमने तुम्हारी स्त्री नहीं देखीहै मरुभूति हरिशिख गोमुख तथा वसन्तक यह मंत्री भी उसे ढूंढ़नेलगे इस बीचमें वेगवती नाम विद्याधरी मदनमंचुका कासारूप बनाके उपवनमें अशोक वृक्षके नीचे आकर बैठगई मरुभूतिने ढूंढ़ते ढूंढ़ते उसे देखकर नरवाहनदत्त से जाकर कहा कि सावधानहो तुम्हारी प्रिया अशोक के नीचे बैठी है उसके यह वचनसुनकर नरवाहनदत्तने शीघही वहां आकर जैसेही उसका आलिंगन करना

चाहा वैसेही उसने युक्ति पूर्व्वक अपना विवाह करनेके लिये कहा कि अभी तुम मेरास्पर्श न करना जब मेरा विवाह नहींहुआ था तब मैंने यक्षोंसे तुम्हारी प्राप्तिके लिये यहप्रार्थना करीथी कि जबमेरा विवाह नरवाहनदत्तके साथहोगा तब मैं अपने हाथसे तुम्हें वलिदूंगी परन्तु विवाहके समय में वलिदेना भूलगई इसीकोपसे वह यक्षमुझे हरलेगये थे इस समय वह यक्षमुझसे यह बात कहके कि तुम फिर अपना विवाह करके हमको वलिदेकर पतिसे समागम करना नहीं तो तुम्हारा कल्याण न होगा मुझे यहां छोड़गये इससे आपफिर मेरे साथ विवाहकरो तो मैं यक्षोंको वलिदान अपने हाथसे देऊं उसके यह वचनसुनकर नरवाहनदत्तने शान्तिसोम पुरोहित को बुलवाकर उसके साथ अपना विवाह किया और उसने यक्षों को वलिदियी तदनन्तर वड़े उत्सवसे उसदिनके समाप्तहोने पर रात्रिके समय वहुत कालसे उत्कण्ठित नरवाहनदत्तने शयन स्थान में जाकर उसके साथ सम्भोग किया सम्भोगके उपरान्त उसने नरवाहनदत्तसे कहा कि हेप्रिय जब मैं सोजाऊं तो मेरामुख खोलकर मतदेखना उसके यह वचनसुनकर नरवाहनदत्तने सन्देह युक्तहोकर जब वह सोगई तब उसका मुखदेखा उस समय सोनेके कारण उसका वह मायाकारूप नष्टहोगया था इससे जब वह जगी तब नरवाहनदत्तने उससे पूछा कि सत्य २ बताओ कि तुम कौनहो तब वह अपना भेदखुलाजानकर बोली कि हे प्रियसुनो मैं अपना वृत्तान्त कहतीहूं विद्याधरों का निवास स्थान आषाढ़पुर नाम एक पर्व्वतहै वहांके राजावेगवान् के मानसवेग नाम एक पुत्र है उसकी वेगवती नाम मैं छोटी वहिनहूं मेराभाई मेरे साथ वहुतद्वेष करताथा इससे उसने मुझे विद्या नहीं सिखाई तब मैंने तपोवनमें जाकर अपने पितासे सब विद्यासीखीं और पिताके वरदानसे वह सम्पूर्ण विद्या मुझे अधिक वलवती होकर प्राप्तहुई मैंने आषाढ़पुरमें आपकी प्रिया मदनमंचुकाको देखाहै मेराभाई मानसवेग उसे हरलेगयाहै वह हठ पूर्व्वक उसके साथ संभोग नहीं करसका क्योंकि उसको यह शापहै कि वह हठ पूर्व्वक किसी स्त्रीके साथ संभोगकरे तो उसकी मृत्युहोजाय इससे उसने मदनमंचुकाके समझानेकेलिये मुझे भेजा मैंने उसके पास जाकर प्रसंग से तुम्हारा नामसुना नामके सुनतेही तुम्हारे ऊपर मेरा चित्त आशक्त होगया तब मुझे भगवतीके इस वरका स्मरणआया कि जिसके नामको सुनकर तुझे कामकी पीड़ा होगी वही तेरा पति होगा इस वरको स्मरण करके और अत्यन्त व्याकुल मदनमंचुकाको समझाके उसीका रूप धारण करके मैंने युक्ति पूर्व्वकआपके साथ विवाह किया अब जहां आपकी प्रिया मदनमंचुकाहै चलिये मैं वहीं आपको लेचलूं मैं आपके स्नेहसे सौतों से भी द्वेष नहीं करतीहूं यह कहकर वह नरवाहनदत्तको लेकर आकाश मार्गसे धीरे २ चली यहां प्रातःकाल नरवाहनदत्तको मदनमंचुका सहित न देखकर राजा उदयन् वासवदत्ता पद्मावती यौगन्धरायणादिक मंत्री तथा नरवाहनदत्तके मरुभूति आदिक मंत्री और संपूर्ण पुरवासी वहुत व्याकुलहुए उससमय आकाशसे द्वितीय सूर्य्यके समान तेजस्वी नारदमुनि राजा उदयन्के पास आये और अर्घपाद्य ग्रहण करके बोले कि तुम्हारा पुत्र विद्याधरी के साथ आषाढ़पुरको गयाहै थोड़े कालमें आजायगा तुमको धैर्य्य देनेकेलिये शिवजीने मुझको भेजाहै यह कहके नारद

जीने वेगवतीका सब वृत्तान्त उदयन्से कहदिया नारदजीके वचन सुनकर रानियों सहित तथा मंत्रियों समेत राजा उदयन्का चित्त सावधान होगया और नारदमुनि अपने लोकको चलेगये इस बीचमें वह वेगवती आकाश मार्गसे नरवाहनदत्तको आषाढ़पुर में लेगई मानसवेगने यह जानकर उन दोनों अपने बहिन बहनोईको मारनाचाहा तब वेगवतीने नरवाहनदत्तको विद्याके द्वारा रक्षित करके मानसवेगके साथ बड़ा युद्ध किया और मायाके बलसे अपना भयंकर रूपबनाके मानसवेगको मोहितकरके अग्नि पर्वतपर डालदिया और नरवाहनदत्तको गन्धर्वपुरमेंलाके एक सूखे कुएमें छोड़कर कहा कि हे आर्य्य पुत्र आप कुछ काल यहां रहिये इससे आपका बड़ा कल्याण होगा आप अधैर्य न कीजियेगा यहां आप सम्पूर्ण विद्याधरोंके चक्रवर्त्ती होजाइयेगा अब मैं अपनी विद्याओंको फिर सिद्धकरनेको जातीहूं मैंने अपने बड़े भाईका तिरस्कार कियाहै इसीसे मेरी विद्या क्षीण होगई है थोड़ेही कालमें मैं आपके पास आजाऊंगी यह कहके वह वेगवती विद्याधरी कहीं चलीगई ६१॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांपंचलम्बकेप्रथमस्तरंगः १॥

इसके उपरान्त कुएं में पड़ेहुए नरवाहनदत्तको एकवीणादत्तनाम गन्धर्वने निकाला और उससेपूछा कि तुम मनुष्य नहीं मालूमहोतेहो क्योंकि मनुष्योंसे अगम्य इसस्थानमें प्राप्तहुएहो यह सुनकर नरवाहनदत्तने कहा कि (परार्थफलजन्मानोनस्युर्मार्गद्रुमाइव तापच्छिदोमहान्तश्चेज्जीर्णारण्यंजगद्भवेत्) मार्गके वृक्षोंके समान परार्थरूपी फलकेही लिये उत्पन्नहुए महात्मालोग जो तापके नाशकरनेवाले न होयँ तो संपूर्ण संसार जीर्णारण्य होजाय यह कहकर उसने कहा कि मैं मनुष्यहूं मुझे विद्याधरीने लाकर यहां डालाहै उसके वचन सुनके और चक्रवर्त्तियोंके से उसके लक्षण देखकर वह गन्धर्व उसे अपने घरलेगया उसके घरमें जाकर नरवाहनदत्तने उसके दियेहुए भोजन वस्त्र तथा आभूषणों को ग्रहण करके वह दिन वहीं व्यतीत किया दूसरेदिन उस पुरमें सबपुरुषोंको वीणाधारी देखकर नरवाहनदत्तने वीणादत्तसे पूछा कि इस पुरमें सब लोग वीणाधारी क्यों हैं उसने कहा कि यहां गन्धर्वों का सागरदत्तनाम जो राजाहै उसके गन्धर्वदत्तानाम बड़ी रूपवती कन्याहै वह सदैव वीणा में विष्णु भगवान्के भजन गाते २ गान्धर्वविद्यामें परम चतुर होगईहै इससे उसने यह प्रतिज्ञाकीहै कि जो विष्णु भगवान्के पद वीणामें तीन ग्रामोंसे बजासके और गासके उसीके साथ मैं अपना विवाह करूंगी इससे यहांके सबलोग वीणालेकर उसका अभ्यासकरते हैं परन्तु अभीतक इसकी पराकाष्ठाको कोईनहीं पहुँचाहै उसके यह वचनसुनके नरवाहनदत्तने कहा कि मैं संपूर्णगान्धर्वविद्या भलीभांति जानताहूं उसके यह वचन सुनके उस गन्धर्वने उसे लेजाकर राजा सागरदत्तसे कहा कि यह वत्सराजका पुत्र नरवाहनदत्तहै विद्याधरीके साथ यहां यह आयाहै संपूर्ण गन्धर्वविद्या इसे अच्छेप्रकारसे आती है उसके यह वचन सुनकर राजाने कहा कि मैंने पहलेही गन्धर्वोंके मुखसे इसकी प्रशंसा सुनी है यहकहके उसने गन्धर्वदत्ताको वहां बुलवाया गन्धर्वदत्ताने वहां आकर अपने पिताकी आज्ञासे वीणाबजाई वीणा को सुनकर तथा उसके अद्भुत रूपको देखकै नरवाहनदत्तने चकितहोकर उससे कहा कि हे राजपुत्री

तुम्हारी वीणाका स्वर अच्छा नहींहै में जानताहूं इसके भीतर कोई बालहै उसके वचनसुनके जो वीणा दिखाई गई तो उसमें बालनिकला इससे संपूर्ण गन्धर्वोंको बड़ा आश्चर्य हुआ तब राजा सागरदत्त ने उससे कहा कि हेराजपुत्र तुम वीणालेकरबजाओ यह कहके राजाने अपनी पुत्री के हाथसे वीणा लेकर उसे देदी वीणालेके नरवाहनदत्तने उसी वीणाके द्वारा ऐसे मधुरस्वरसे विष्णुपद गाये जिससे संपूर्ण वहांके लोग चित्र लिखेसे रहगये और गन्धर्वदत्ता उसपर आसक्तहोगई राजा सागरदत्तने अपनी कन्याको मोहितहुई जानके उसका विवाह नरवाहनदत्तकेसाथ करदिया उसकेसाथ विवाहकरके नरवाहनदत्त सुखपूर्वक वहां रहनेलगा एक दिन नरवाहनदत्त नगरकी शोभा देखताहुआ उपवन में गया वहां उसने एक दिव्यस्त्री कन्यासमेत आकाशसे उतरतीहुई देखी नरवाहनदत्तको देखके उस स्त्री ने अपनी कन्यासे कहा कि हेपुत्री यही राजपुत्र तुम्हारा पतिहोगा यह कहके निकटआईहुई उस स्त्रीसे नरवाहनदत्त बोला कि तुम कौनहो और किस लिये यहां आईहो उसने कहा कि विद्याधरों के राजा देवसिंहकी में स्त्रीहूं और यह कन्या मेरीपुत्री है इसका अजिनावती नामहै चंडसिंह नाम इसका एकभाई है जिस समय इसकन्याका जन्म हुआथा उस समय यह आकाशवाणी हुईथी कि इसकन्या का पति नरवाहनदत्तहोगा इससे में तुमको यहां आयाजानकर तुमसे अपना अभीष्ट कहनेको आई हूं तुमको इस स्थानमें न रहना चाहिये क्योंकि संपूर्ण विद्याधरलोग तुमसे शत्रुता रखतेहैं वह तुमको यहां अकेला जानकर बहुत क्लेशदेंगे इससे चलो में तुमको ऐसे स्थान में पहुँचादूं कि जहां विद्याधर लोग तुमको न पासकें यह कहके वह नरवाहनदत्तको लेके श्रावस्तीपुरीके उपवनमें छोड़गई और यह कहगईकिमें समयपर अपनी पुत्रीका विवाह तुम्हारेसाथकरूंगी उसकेचलेजानेपर राजाप्रसेनजित वहां आकर उसे देखके उसका नाम तथा वंशपूछके अपने राजमंदिरमें लेगया और वहांउसने ज्योतिषियों से लग्नपूछके अपनी भागीरथयशानामें कन्याका विवाह उसकेसाथ करदिया उसकेसाथ नरवाहनदत्त सुखपूर्वक वहांरहाठीकहै(यत्रतत्रस्थितंसोत्कानरंकल्याणभाजनम्।संपदोभिसरन्त्येव प्रियंजनमिवाङ्गनाः) जैसे प्रियपुरुषकेपास स्त्रियांजाती हैं उसीप्रकार कल्याणभागीपुरुषके पास सम्पत्तियांभीजाती हैं एकदिन रात्रिकेसमय नरवाहनदत्त चन्द्रमाकी चन्द्रिकामें भगीरथयशाके साथ पलंगपर लेटा और थोड़े काल तक उसकेसाथ क्रीड़ा करके शयनस्थानमें जाके उसीकेसाथ सोरहा भगीरथयशा तो सोतीरही परन्तु उसकी निद्रा बीचमेंही खुलगई उससमय उसको यह विचार उत्पन्नहुआ कि मेरीसम्पूर्ण प्रियाओं की क्या दशाहोगी देखो मेरामंत्री मरुभूति तो प्रायः वीरताके कार्य्योंमें रहताहै और हरिशिखनीतिके कार्य्यों में लगा रहता है परन्तु गोमुख सदैव मेरी प्रसन्नताकाही यत्नकिया करताहै उसके विना मुझे इससमय बड़ा क्लेश होताहै इसप्रकार शोचते २ उसने किसी स्त्रीकाहा हायर शब्द सुना और शब्दको सुनकर जैसेही सबओरको देखा वैसेही झरोखे के भीतर किसी दिव्य स्त्रीका निष्कलंक चन्द्रमा के समान मुख उसे दिखाई दिया उसके अन्य अंगोंको न देखकर उसने शोचा कि ब्रह्माने पूर्वसमयमें आनारी राक्षस को सृष्टिमें अनेक विघ्न करते देखकर उससे कहा कि नन्दनवनमें जाकर तुम एक आश्चर्य देखो यह

ज़ीने वेगवतीका सब वृत्तान्त उदयन्से कहदिया नारदज़ीके वचन सुनकर रानियों सहित तथा मंत्रियों समेत राज़ा उदयन्का चित्त सावधान होगया और नारदमुनि अपने लोकको चलेगये इस बीचमें वह वेगवती आकाश मार्गसे नरवाहनदत्तको आषाढ़पुर में लेगई मानसवेगने यह जानकर उन दोनों अपने बहिन बहनोईको मारनाचाहा तब वेगवतीने नरवाहनदत्तको विद्याके द्वारा रक्षित करके मानसवेगके साथ बड़ा युद्ध किया और मायाके बलसे अपना भयंकर रूपबनाके मानसवेगको मोहितकरके अग्नि पर्व्वतपर डालदिया और नरवाहनदत्तको गन्धर्वपुरमेंलाके एक सूखे कुएमें छोड़कर कहा कि हे आर्य्य पुत्र आप कुछ काल यहां रहिये इससे आपका बड़ा कल्याण होगा आप अधैर्य्य न कीजियेगा यहां आप सम्पूर्ण विद्याधरोंके चक्रवर्त्ती होजाइयेगा अब मैं अपनी विद्याओंको फिर सिद्ध करनेको ज़ातीहूं मैंने अपने बड़े भाईका तिरस्कार कियाहै इसीसे मेरी विद्याक्षीण होगई हैं थोड़ेही कालमें मैं आपके पास आजाऊंगी यह कहके वह वेगवती विद्याधरी कहीं चलीगई॥१॥

॥ इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांपंचलम्बकेप्रथमस्तरंगः १॥

॥ इसके उपरान्त कुएं में पड़ेहुए नरवाहनदत्तको एकवीणादत्तनाम गन्धर्वने निकाला और उससेपूछा कि तुम मनुष्य नहीं मालूमहोतेहो क्योंकि मनुष्योंसे अगम्य इसस्थानमें प्राप्तहुएहो यह सुनकर नरवाहनदत्तने कहा कि (परार्थफलजन्मानोनस्युर्मार्गद्रुमाइव तापच्छिदोमहान्तश्चेज्जीर्णारण्यंजगद्भवेत) मार्गके वृक्षोंके समान परार्थरूपी फलकेही लिये उत्पन्नहुए महात्मालोग जो तापके नाशकरने वाले न होयँ तो संपूर्ण संसार जीर्णारण्य होजाय यह कहकर उसने कहा कि मैं मनुष्यहूं मुझे विद्याधरीने लाकर यहांडालाहै उसके वचन सुनके और चक्रवर्त्तियोंके से उसके लक्षण देखकर वह गन्धर्व उसे अपने घरलेगया उसके घरमें जाकर नरवाहनदत्तने उसके दियेहुए भोजन वस्त्र तथा आभूषणोंको ग्रहण करके वह दिन वहीं व्यतीत किया दूसरेदिन उस पुरमें सबपुरुषोंको वीणाधारी देखकर नरवाहनदत्तने वीणादत्तसे पूछा कि इस पुरमें सब लोग वीणाधारी क्यों हैं उसने कहा कि यहां गन्धर्वोंका सागरदत्तनाम जो राजाहै उसके गन्धर्वदत्तानाम बड़ी रूपवती कन्याहै वह सदैव वीणा में विष्णु भगवान्के भजन गाते २ गान्धर्वविद्यामें परम चतुर होगईहै इससे उसने यह प्रतिज्ञाकीहै कि जो विष्णु भगवान्के पद वीणामें तीन ग्रामोंसे बजासके और गासके उसीके साथ में अपना विवाह करूंगी इससे यहांके सबलोग वीणालेकर उसका अभ्यासकरते हैं परन्तु अभीतक इसकी पराकाष्ठाको कोईनहीं पहुँचाहै उसके यह वचनसुनके नरवाहनदत्तने कहा किमैं संपूर्णगान्धर्व्वविद्या भलीभांति जानताहूं उसके यह वचन सुनके उस गन्धर्वने उसे लेजाकर राजा सागरदत्तसे कहा कि यह वत्सराजका पुत्र नरवाहनदत्तहै विद्याधरीके साथ यहां यह आयाहै संपूर्ण गन्धर्वविद्या इसे अच्छेप्रकारसे आती है उसके यह वचन सुनकर राज़ाने कहा कि मैंने पहलेही गन्धर्वोंके मुखसे इसकी प्रशंसा सुनी है यहकहके उसने गन्धर्वदत्ताको वहां बुलवाया गन्धर्वदत्ताने वहीं आकर अपने पिताकी आज्ञासे वीणाबजाई वीणाको सुनकर तथा उसके अद्भुत रूपको देखके नरवाहनदत्तने चकितहोकर उससे कहा कि हे राजपुत्री

सुनकर वहीं बालक निराशहोकर मरगया इससे हे प्राणमित्र जो मैं अभी तुम्हारेसाथ संभोग करूंगी तो मदनमंचुका यह जानकर शीघ्रही निराशहोकर मरजायगी इससे आप पहले उससे मिललो तब मेरे मनोरथको पूर्णकरना उसके यहवचनसुनके नरवाहनदत्तने उसेबड़ी साध्वी जानके उससेकहा कि अच्छा तुम मुझको मदनमंचुकाकेही पास लेचलो उसके यहवचन सुनकर प्रभावती शीघ्रही उसे आषाढ़पुर पर्व्वत परलेगई वहां विरहसेसंतप्तअत्यन्तकृश मदनमंचुकाको देखकर नरवाहनदत्तने अपनेहृदयमें लगालिया और मदनमंचुका ने मानों विरहकी अग्नि बुझाने को रोरोकर बहुतसे आंसू बहाये उससमय प्रभावती ने अपनी विद्याके प्रभावसे उनदोनों के लिये वहीं शयनके लिये शय्या और वस्त्रादिक उत्पन्न कर दिये और ऐसी मायाकी जिससे मदनमंचुकाके सिवाय नरवाहनदत्तको किसी नेभी नहीं देखा प्रातःकाल बहुत दिनसे बँधीहुई चोटीको खोलतेहुए नरवाहनदत्तसे मदनमंचुकाने कहा कि मैंने यह प्रतिज्ञाकीथी कि जो आर्यपुत्र मानसवेगको जीतकर मारडालेंगे तो वही अपने हाथसे मेरी चोटी खोलेंगे और नहीं तो जो मैं बीचहीमें मरगई तो यह चोटी अग्निमें भस्महोगी सो यह मेरी प्रतिज्ञा मिथ्याहो गई क्योंकि मानसवेगके जीतेही आपने मेरी चोटी खोली इससे मेरे चित्तमें बड़ा खेदहोताहै देखो वेगवती ने इसको अग्नि पर्व्वतपर फेंका तब भी यह नहीं मरा इससमय प्रभावती ने अपनी माया से आप को अलक्षित कर रक्खाहै नहीं तो शत्रुके सहायक लोग आपको देखकर अवश्य उपद्रव करते उसके वचन सुनके नरवाहनदत्त ने कहा कि हे प्रिये कुछकाल धैर्य्यधरो मैं विद्याओं को सीखकर इसदुष्टको बहुत शीघ्र मारूंगा यहकहके नरवाहनदत्त उसीके पास वहीं रहनेलगा तब प्रभावती ने अपनी विद्याके प्रभावसे स्वयं अलक्षितहोके नरवाहनदत्तको अपनासा स्वरूप करदिया इससे किसी ने भी उसको नहीं पहचाना और यह अनुमान किया कि प्रभावती वेगवती की बड़ी सखीहै इसी से मदनमंचुकाका सेवनकिया करती है इसके उपरान्त एकदिन मदनमंचुका ने प्रसंगसे नरवाहनदत्त से अपने विरहका यह वृत्तान्त कहा कि जिससमय मानसवेग अपनी मायासे मुझे हरलाकर अनेक अनेकोपायों से मुझे भ्रष्ट करनेको उद्यतहुआ उस समय भगवान् भैरवने प्रकटहोकर हुंकार करके मानसवेगसे कहा कि हे दुष्ट विद्याधरों के भावी चक्रवर्तीकी इस स्त्रीको तू क्यों भ्रष्टकरनाचाहताहै क्या तू मुझेनहीं जानताहै भैरवजीके इसप्रकार कहतेही वहपापी पृथ्वीमें गिरपड़ा और उसके मुखसे रुधिर बहनिकला तब भैरवजी अन्तर्द्धान होगये और मानसवेग थोड़ी देरमें सावधानहोकर अपने मंदिरमें चलागया तदनन्तर अन्तःपुरकी चेरियों ने मुझे अत्यन्त व्याकुल देखके मुझसे कहा कि पूर्वसमयमें यह मानसवेग किसी रूपवती मुनिकन्याको देखकर हरना चाहताथा इससे उसके भाइयोंने इसे यह शापदिया कि हेपापी जोतू किसी परस्त्री के साथ हठपूर्व्वक संभोगकरेगा तो तेरे शिरके सौटुकड़े होजायँगे इससे यह तुम्हारेसाथ बलात्कार नहीं करेगा तुम भयमतकरो चेरियोंके इसप्रकारकहतेही मानसवेगकी बहिन वेगवती मुझे समझानेकोआई और मुझेदेखकर दयाकरके जैसे आपको बुलानेकोगई वह सब आपको विदितहीहै वेगवतीके चलेजानेपर मानसवेगकी माता पृथ्वीनेआकर मुझसे स्नेहपूर्व्वककहा कि हे पुत्री

सुनकर उसने नन्दनवनमें जाके किसीस्त्रीका मनोहर पैरमात्र देखा इससे वह उसस्त्रीके अन्य अंगोंके देखने की इच्छासे उद्योग करतेही करते मरगया उसीप्रकार मयाब्रह्माने मुझे भी यह सुखदिखाया है उसके इसप्रकार शोचतेही उस दिव्य स्त्रीने झरोखेमें हाथ डालकर उसे बुलाया तब नरवाहनदत्त शयन स्थानसे निकलकर उसकेपासगया उसे देखकर उसदिव्य स्त्रीनेकहा कि हाय मदनमंचुके इस अन्यासक्त पतिपर स्नेहकरके तू अपने प्राण क्योंदिये देती है मदनमंचुका का नाम सुनके नरवाहनदत्त ने उससे कहा कि तुम कौनहो तुमने मदनमंचुका कहां देखी है और तुम मेरेपास क्योंआईहो नरवाहनदत्त के वचन सुनके उसने उसे एकान्तमें लेजाकर कहा, कि सुनो मैं सबवृत्तान्त कहतीहूं कि पुष्करावती नाम नगरीमें विद्याधरों का पिंगलगान्धारनाम राजाहै उसकी मैं प्रभावती नाम कन्याहूं मैं आषाढपुर में अपनी प्यारी सखी वेगवतीके देखने को गई थी परन्तु वह वहां नहीं मिली और मैंने सुना कि वह कहीं तपकरने को गई है वहीं उसकी माता पृथ्वीने तुम्हारी प्रिया मदनमंचुकाको मुझे दिखाया वह मदनमंचुका तुम्हारे गुणोंका वर्णन कर २ के रोरही थी बहुतसी विद्याधरी स्त्रियां उसे घेरे बैठी थीं उन्हीसे तुम्हारी प्रशंसाको सुनकर मैं तुमपर आसक्त होगई इससे और मदनमंचुका के दुःखको दूर करनेकेलिये मैं अपनी विद्याके प्रभावसे तुमको यहां आयाहुआ जान के आई हूं मैं चाहतीहूं कि तुम चलकर मदनमंचुका के दुःखको दूरकरके मेरे भी मनोरथको पूर्णकरो इससमय तुमको अन्यस्त्रीकेसाथ सोते देखकर मुझे यह दुःखहुआ कि वह तो आपसे ऐसा स्नेह करतीहै और आप उसे भूलके अन्यस्त्रियों से संभोग करतेहो उसके यह वचन सुनकर नरवाहनदत्तने कहा कि जहां मेरी प्रियाहै वहीं मुझको लेचलो तुम मुझसे जो कहोगी सो मैं करूंगा उसके यहवचन सुनकर वह प्रभावती विद्याधरी उसे लेके आकाश मार्गसे चली मार्गमें कहीं अग्नि बलती देखकर उसने युक्तिपूर्व्वक अपना विवाह करनेके लिये नरवाहनदत्त का हाथ पकड़कर उस अग्निकी प्रदक्षिणाकरी फिर वहां से नरवाहनदत्तको अनेक प्रकार के मार्ग दिखातीहुई चली बहुत दूर चलके नरवाहनदत्त को तृषालगी इससे उसने एक सुन्दर वनके निर्मल जलवाले तड़ागपर नरवाहनदत्तको उतार जलपिलाया उससुन्दर वनको देखकर नरवाहनदत्त कामसे पीड़ितहोके उससे संभोग करने को हठकरनेलगा तब उसने मदनमंचुका के दुःखका स्मरण करके नरवाहनदत्तकी बड़ी निन्दाकी ठीक है ( परार्थप्रतिपन्नाहि नेक्षन्ते स्वार्थमुत्तमाः ) परोपकार में लगेहुए उत्तम लोग स्वार्थनहीं देखते हैं और कहा कि हे आर्यपुत्र मेरी निन्दासे आप अप्रसन्न न हूजियेगा मेरा जो अभिप्रायहै उसपर मैं एककथा आपको सुनातीहूं ६३ पाटलिपुत्र नामनगरमें एक युवती विधवाहोगई थी उसके एकबालकपुत्रथा रात्रिकेसमय वह अपने बालकको अकेला घरमें छोड़ कर परपुरुषों के यहां जायाकरती थी जाते समय वह अपने पुत्रसे यहकहजाया करती थी कि हेपुत्र मैं तुम्हारे लिये मोदकलाऊंगी और प्रातःकाल मोदकलेआया करती थी इससे वह बालक मोदककी आशालगायेहुए घरमें चुपचाप बैठा रहताथा एकदिन वहस्त्री मोदकलानेको भूलगई और जब बालक ने मोदकमांगा तब उसनेकहा कि हेपुत्र मैं तो अपनेप्रियकोही मोदक समझती हूं माताके यहवचन

सुनकर वहि बालक निराशहोकर मरगया इससे हे प्राणप्रिय जो मैं अभी तुम्हारेसाथ संयोग करूंगी तो मदनमंचुका यह जानकर शीघ्रही निराशहोकर मरजायगी इससे आप पहले उससे मिललो तब मेरे मनोरथको पूर्णकरना उसके यहवचनसुनके नरवाहनदत्तने उसेबड़ीसाध्वी जानके उससेकहा कि अच्छा तुम मुझको मदनमंचुकाकेही पास लेचलो उसकेयहवचन सुनकर प्रभावती शीघ्रहीउसेआषाढ़पुर पर्व्वत पर लेगई वहां विरहसेसंतप्तअत्यन्तकृश मदनमंचुकाको देखकर नरवाहनदत्तने अपनेहृदयमें लगालिया और मदनमंचुका ने मानों विरहकी अग्नि बुझाने को रोरोकर बहुतसे आंसू बहाये उससमय प्रभावती ने अपनी विद्याके प्रभावसे उनदोनों के लिये वहीं शयनके लिये शय्या और वस्त्रादिक उत्पन्न कर दिये और ऐसी मायाकी जिससे मदनमंचुकाके सिवाय नरवाहनदत्तको किसी नेभी नहीं देखा प्रातःकाल बहुत दिनसे बँधीहुई चोटीको खोलतेहुए नरवाहनदत्तसे मदनमंचुकाने कहा कि मैंने यह प्रतिज्ञाकीथी कि जो आर्यपुत्र मानसवेगको जीतकर मारडालेंगे तो वही अपने हाथसे मेरी चोटी खोलेंगे और नहीं तो जो मैं बीचहीमें मरगई तो यह चोटी अग्निमें भस्महोगी तो यह मेरी प्रतिज्ञा मिथ्याहो गई क्योंकि मानसवेगके जीतेही आपने मेरी चोटी खोली इससे मेरे चित्तमें बड़ा खेदहोताहै देखो वेगवती ने इसको अग्नि पर्व्वतपर फेंका तब भी यह नहीं मरा इससमय प्रभावती ने अपनी माया से आप को अलक्षित कर रक्खाहै नहीं तो शत्रुके सहायक लोग आपको देखकर अवश्य उपद्रव करते उसके वचन सुनके नरवाहनदत्त ने कहा कि हे प्रिये कुछकाल धैर्य्यधरो मैं विद्याओं को सीखकर इसदुष्टको बहुत शीघ्र मारूंगा यहकहके नरवाहनदत्त उसीके पास वहीं रहनेलगा तब प्रभावती ने अपनी विद्याके प्रभावसे स्वयं अलक्षितहोके नरवाहनदत्तको अपनासा स्वरूप करदिया इससे किसी ने भी उसको नहीं पहचाना और यह अनुमान किया कि प्रभावती वेगवती की बड़ी सखीहै इसी से मदनमंचुका का सेवनकिया करती है इसके उपरान्त एकदिन मदनमंचुका ने प्रसंगसे नरवाहनदत्त से अपने विरहका यह वृत्तान्त कहा कि जिससमय मानसवेग अपनी मायासे मुझे हरलाकर अनेक प्रकारसे मुझे भ्रष्ट करनेको उद्यतहुआ उस समय भगवान् भैरवने प्रकटहोकर हुंकार करके मानसवेगसे कहा कि हे दुष्ट विद्याधरों के भावी चक्रवर्त्तीकी इस स्त्रीको तू क्यों भ्रष्टकरनाचाहताहै क्या तू मुझेनहीं जानताहै भैरवजीके इसप्रकार कहतेही वहपापी पृथ्वीमें गिरपड़ा और उसके मुखसे रुधिर बहनिकला तब भैरवजी अन्तर्द्धान होगये और मानसवेग थोड़ी देर में सावधानहोकर अपने मंदिर में चलागया तदनन्तर अन्तःपुरकी चेरियों ने मुझे अत्यन्त व्याकुल देखके मुझसे कहा कि पूर्व्वसमयमें यह मानसवेग किसी रूपवती मुनिकन्याको देखकर हरना चाहताथा इससे उसके भाइयोंने इसे यह शापदिया कि हेपापी जो तू किसी परस्त्री के साथ हठपूर्व्वक संभोगकरेगा तो तेरे शिरके सौटुकड़े होजायँगे इससे यह तुम्हारेसाथ बलात्कार नहीं करेगा तुम भयमतकरो चेरियोंके इसप्रकारकहतेही मानसवेगकी बहिन वेगवती मुझे समझानेकोआई और मुझेदेखकर कृपाकरके जैसे आपको बुलानेकोगई वह सब आपको विदितहीहै वेगवतीके चलेजानेपर मानसवेगकी मातापृथ्वीनेआकर मुझसे स्नेहपूर्व्वककहा कि हे पुत्री

तुम भोजनछोड़कर प्राण क्योंदिये देतीहो शत्रुकाअन्न मैं कैसेखाऊं यह सन्देहकरके क्योंकि इसरा-ज्यमें मेरीपुत्री वेगवतीकाभी भागहै और उसके साथ तुम्हारे पति ने विवाहकर लियाहै तो जो धनवेग-वतीकाहै वह तुम्हारे पतिकाहै और जो तुम्हारे पतिकाहै सो तुम्हाराहै इससे भोजनकरो भोजनकरने में कोई दोष नहीं है यह कहके उसने शपथ दिलाकर इन्हें भोजन करवाया तदनन्तर वेगवती आप को लेकर यहां आई और आपकी रक्षाकरके अपने भाईको जीता फिर उसका क्या वृत्तान्तहुआ वह मैं नहीं जानती तदनन्तर प्रभावतीके इस कहने से इस संकटमें आप मुझे मिले अब मुझे यह चिन्ता है कि जो प्रभावती यहांसे चली जायगी तो तुम्हारा यहरूपभी नष्टहोजायगा तब न जाने कैसी दशा होगी उसके यह वचन सुनकर नरवाहनदत्त उसे समझाकर वहीं रहनेलगा एकसमय प्रभावती अपने पिताके स्थानको चलीगई इससे नरवाहनदत्त को निजस्वरूपमें देखकर सेवकोंने मानसवेग से जाकर कहा कि कोई परस्त्रीलंपट पुरुष यहां आयाहै यह सुनकर मानसवेगने सेनासमेत आ के नरवाहन-दत्तको घेरलिया तब उसकी माता पृथ्वीने आकर उससे कहा कि हे पुत्र इसको मारना नहीं यहमहा-राज उदयनका पुत्र नरवाहनदत्त है और अपनी स्त्रीके पास आया है इसमें इसका क्या अपराधहै मैं अपनी विद्याके बलसे जानतीहूं कि यह मेरा जामाताहोचुका इससे यह तुम्हारा पूज्यहै अपनी माता के यह वचन सुनकर मानसवेगने कहा कि अब तो यह मेरा शत्रुहोगया यह सुनके उसने फिर कहा कि हे पुत्र यह विद्याधरोंका लोकहै इसमें अधर्म नहीं चलसक्ता इससे विद्याधरोंकी जो सभाहै उसमें उसे लेजाकर सभापतिके आगे तुम इसे दोषीठहराओ वहां से जो कुछ निर्णयहोगा वही ठीकहै और जो ऐसानकरोगे तो सम्पूर्ण विद्याधर तुम पर रुष्टहोंगे और देवतालोग तुमको शापदेंगे माताके यह वचन सुनके मानसवेगने नरवाहनदत्तको बांधके सभामें लेजानाचाहा इससे नरवाहनदत्तने कुपितहोके एक खंभउपाड़के उसीके प्रहार से उसके बहुतसे सेवक मारडाले और उन्हींमें से किसीका खड्गलेकर बहुतोंके शिर काटडाले तब मानसवेग उसे अपनी विद्याके बलसे बांधकर मदनमंचुका समेत सभामें लेगया वहां नगाड़ोंके शब्दको सुनकर सम्पूर्णसभ्य विद्याधरआये और सभापति राजा वायुपथभी आकर रत्नके सिंहासन पर बैठा उसके आगे मानसवेगने नरवाहनदत्तकी ओर दृष्टिकरके कहा कि इस ने मनुष्यहोकर भी मेरी बहिनको भ्रष्टकिया और यह हम लोगोंका चक्रवर्तीहोना चाहताहै और हमारे अन्तःपुर में अकेलाही चलाआया है इससे इस शत्रुको मारडालना चाहिये उसके यह वचन सुनके सभापतिने नरवाहनदत्तसे कहा कि तुम इसका कुछ उत्तरदेना चाहतेहो यह सुनकर नरवाहनदत्तने

( सासभायत्रसभ्योऽस्तिससभ्योधर्ममाहयः। सधर्मोयत्रसत्यंस्यात्तत्सत्यंयत्रनच्छलम् ) जहां सभा कहलाती है और जो धर्मवादी होय वह सभ्य कहलाते हैं और वही धर्म है वही सत्यहै जिसमें छल न होय देखो मैं तो माया से बंधाहुआहूं और खुलाहुआहै और आसनपर बैठाहै इससे हमारा और इस का क्या नि- कर वायुपथने मानसवेगकोभी पृथ्वीपर खड़ा करवादिया और नरवाहन

नदत्तके बंधन छुड़वादिये तब नरवाहनदत्तने सम्पूर्ण सभ्योंके आगे कहा कि यह मेरी इसमदनमंचुका स्त्रीको यहां हरलायाथा में जो अपनी स्त्रीके पास आया इसमें क्यादोषहै और इसकी बहिनने मेरी स्त्रीका रूप बनाकर मुझे अपना पति बनाया इसमें मेरा क्या अपराधहै और जो इसने कहाहै कि यह विद्याधरों का चक्रवर्ती होना चाहताहै इसमेंभी कोई दोष नहीं है क्योंकि किसकी अभिलाषा किसपर नहींहोती नरवाहनदत्त के यह वचन सुनके राजा वायुपथने विचारके मानसवेगसे कहा कि यह बहुत धर्मानुकूल वचन कहरहाहै इससे तुम इसके साथकोई अधर्मका व्यवहार न करना उसके यहवचन सुनकरभी मानस वेग अधर्मसे नहीं निवृत्तहुआ और सेना लेकर उससे लड़नेको उद्यतहुआ इससे वहराजा वायुपथभी धर्मके अनुरोधसे अपनी सेनालेकर मानसवेगसे लड़नेको उद्यतहुआ ठीकहै(धर्मासनोपविष्टाहिदुर्बलंब-लिनंपरं।आत्मीयंचवजानन्तिधीरान्यायैकदर्शिनः)धर्मासनपर बैठेहुए न्यायदर्शी धीरलोग दुर्बलकोबल वान् और परको आत्मीय जानते हैं उससमय नरवाहनदत्तने मानसवेगसे कहा कि तू मायाको छोड़ कर मुझसे युद्धकर तब में अपना पुरुषार्थ दिखाऊं एकही प्रहारसे में तेरे प्राणलेलूंगा इसप्रकारपरस्पर कलहहोनेपर सभाका एक खंभा तड़ाक से फटगया उस में से महाभयंकर स्वरूपधारी भैरवजी निकले और मानसवेगसे बोले कि हेमूर्ख तू विद्याधरोंके भावीचक्रवर्त्ती का पराभवनहीं करसक्ता है भैरवजी के यह वचन सुनके मानसवेग अधोमुख होगया और वायुपथ बहुत प्रसन्नहुआ तब भैरवजी नरवाहनदत्त को लेकर ऋष्यमूक पर्वतपर चलेगये और वहां उसे छोड़कर अन्तर्द्धानहोगये भैरवजीके चलेजानेपर सभामें सब विद्याधर क्रोधरहित होगये वायुपथ अपने संपूर्ण सभ्योंको लेकर चलागया और मानसवे-ग हर्ष तथा दुःखसे व्याकुल मदनमंचुकाको लेकर अपने आषाढ़पुरको चलाआया १८६ ॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांपंचलंबकेद्वितीयस्तरंगः २॥

इसके उपरान्त ऋष्यमूकपर्व्वतपर नरवाहनदत्तसे प्रभावती ने आकरकहा कि सभामें आपके साथ मानसवेगको उपद्रव करते देखकर में अपनी विद्याके प्रभावसे भैरवजीका रूपधरके उसको डाटकर आपको यहां लेआई इसपर्व्वतपर बड़े २ विद्याधरोंकी भी विद्याका प्रभाव नहीं चलता क्योंकि यह सिद्धक्षेत्रहै इसीसे मेरी विद्याका भी यहां प्रभाव नहीं चलता इससे मुझको बड़ा शोच होताहै कि यहां आप वनके फलोंको खाकर कैसे अपना निर्वाह करोगे उसके वचन सुनके भी नरवाहनदत्त उस क्लेश के समयको व्यतीत करनेके लिये वहीं रहा और वनवासियों से मिलकर श्रीरामचन्द्रजी के क्रीड़ाके स्थानोंको देखनेलगा उन स्थानोंको देख २ कर प्रभावती उसके चित्तको बहलानेके लिये रामायणके वृत्तान्त कहतीथी जैसे देखो हेआर्यपुत्र यहीं श्रीरामचन्द्रजी लक्ष्मण तथा सीताके सहित रहे थे यहीं वालिने दुन्दुभि दैत्यको माराथा इसीसे वालि और सुग्रीवका वैरहुआथा सुग्रीवने भ्रमसे यह जानाथा कि उसदैत्यने वालिको मारडाला इसीसे वह उसगुफाको पर्व्वतों से बन्दकरके अपने घरको चला आया जब वालि उस दैत्यको मारकर गुहाके द्वारपर से शिलाओंको हटाकर अपने घरमें आया तो सुग्रीवको अपना वैरी जानकर राज्यसे निकालदिया इससे वह भागकर हनुमान् आदिक मंत्रियों सहित इस

तुम भोजनछोड़कर प्राण क्योंदिये देतीहो शत्रुकाअन्न मैं कैसेखाऊं यह सन्देहमतकरो क्योंकि इसरा-ज्यमें मेरीपुत्री वेगवतीकाभी भागहै और उसके साथ तुम्हारे पतिने विवाहकर लियाहै तो जो धनवेग-वतीकाहै वह तुम्हारे पतिकाहै और जो तुम्हारे पतिकाहै सो तुम्हाराहै इससे भोजनकरो भोजनकरने में कोई दोष नहीं है यह कहके उसने शपथ दिलाकर मुझे भोजन करवाया तदनन्तर वेगवती आप को लेकर यहां आई और आपकी रक्षाकरके उसने अपने भाईको जीता फिर उसका क्या वृत्तान्तहुआ वह मैं नहीं जानती तदनन्तर प्रभावतीके प्रभावसे इस संकटमें आप मुझे मिले अब मुझे यह चिन्ता है कि जो प्रभावती यहांसे चली जायगी तो तुम्हारा यहरूपभी नष्टहोजायगा तब न जाने कैसी दशा होगी उसके यह वचन सुनकर नरवाहनदत्त उसे समझाकर वहीं रहनेलगा एकसमय प्रभावती अपने पिताके स्थानको चलीगई इससे नरवाहनदत्त को निजस्वरूपमें देखकर सेवकोंने मानसवेग से जाकर कहा कि कोई परस्त्रीलंपट पुरुष यहां आगयाहै यह सुनकर मानसवेगने सेनासमेत आ के नरवाहन-दत्तको घेरलिया तब उसकी माता पृथ्वीने आकर उससे कहा कि हे पुत्र इसको मारना नहीं यहमहा-राज उदयनका पुत्र नरवाहनदत्त है और अपनी स्त्रीके पास आया है इसमें इसका क्या अपराधहै मैं अपनी विद्याके बलसे जानतीहूं कि यह मेरा जामाताहोचुका इससे यह तुम्हारा पूज्यहै अपनी माता के यह वचन सुनकर मानसवेगने कहा कि अब तो यह मेरा शत्रुहोगया यह सुनके उसने फिर कहा कि हे पुत्र यह विद्याधरोंका लोकहै इसमें अधर्म नहीं चलसक्ता इससे विद्याधरोंकी जो सभाहै उसमें उसे लेजाकर सभापतिके आगे तुम इसे दोषीठहराओ वहां से जो कुछ निर्णयहोगा वही ठीकहै और जो ऐसानकरोगे तो सम्पूर्ण विद्याधर तुम पर रुष्टहोंगे और देवतालोग तुमको शापदेंगे माताके यह वचन सुनके मानसवेगने नरवाहनदत्तको बांधके सभामें लेजाना चाहा इससे नरवाहनदत्तने कुपितहोके एक खंभउपाड़के उसीके प्रहार से उसके बहुतसे सेवक मारडाले और उन्हींमें से किसीका खड्गलेकर बहुतोंके शिर काटडाले तब मानसवेग उसे अपनी विद्याके बलसे बांधकर मदनमंचुका समेत सभामें लेगया वहां नगाड़ोंके शब्दको सुनकर सम्पूर्णसभ्य विद्याधरआये और सभापति राजा वायुपथभी आकर रत्नके सिंहासन पर बैठा उसके आगे मानसवेगने नरवाहनदत्तकी ओर दृष्टिकरके कहा कि इस ने मनुष्यहोकर भी मेरी बहिनको भ्रष्टकिया और यह हम लोगोंका चक्रवर्तीहोना चाहताहै और हमारे अन्तःपुर में अकेलाही चलाआया है इससे इस शत्रुको मारडालना चाहिये उसके यह वचन सुनके सभापतिने नरवाहनदत्तसे कहा कि तुम इसका कुछ उत्तरदेना चाहतेहो यह सुनकर नरवाहनदत्त ने कहा कि ( सासभायत्रसभ्योऽस्तिससभ्योधर्ममाहयः। सधर्मोयत्रसत्यंस्यात्तत्सत्यंयत्रनच्छलम् ) जहां सभ्यहोंय वह सभा कहलाती है और जो धर्मवादी होंय वह सभ्य कहलाते हैं और वही धर्म है जि-समें सत्यहोय और वही सत्यहै जिसमें छल न होय देखो मैं तो माया से बंधाहुआहूं और पृथ्वीपर खड़ा हुआहूं परन्तु यह खुलाहुआहै और आसनपर बैठाहै इससे हमारा और इस का क्या विवादहै नरवाहनदत्तके यह वचन सुनकर वायुपथने मानसवेगकोभी पृथ्वीपर खड़ा करवादिया और नरवाह-

हिमाचलपर विद्याधरोंके दो वेद्यर्ध हैं एक उत्तर दूसरा दक्षिण कैलाशके इस ओर उत्तर वेद्यर्ध है और उस ओर दक्षिण वेद्यर्धहै इनमें से उत्तर वेद्यर्धकी प्राप्तिकेलिये अमितगति ने घोरतपकरके श्रीशिवजी को प्रसन्नकिया है इससे श्रीशिवजीने प्रसन्नहोकर इससे कहाहै कि तुम सबका जो नरवाहनदत्त चक्रवर्त्तीहोगा वही तुम्हारे मनोरथोंको पूर्णकरेगा उस वेद्यर्धमें मन्दरदेवनाम बड़ा दुष्ट मुख्य राजाहै यद्यपि वह बड़ा बलवान् है तथापि आप विद्याओं को पाकर उसे जीतलीजियेगा परन्तु दक्षिण वेद्यर्धमें जो गौरिमुण्ड नाम मुख्यराजा है वह विद्याओं के प्रभावसे बड़ा दुर्जय है और आपके शत्रु मानसवेगका परममित्रहै जब तक आप उसे न जीतयेगा तबतक कोई कार्य सिद्ध न होगा इससे अब आप शीघ्रही विद्याओंको सिद्ध कीजिये पिंगलगान्धार के इसप्रकार कहनेपर धनवती ने कहा कि हे पुत्र यह राजा बहुत यथार्थ कहरहाहै इससे सिद्ध क्षेत्रमें जाकर तुम विद्याओंकी सिद्धिकेलिये श्रीशिवजीको प्रसन्न करो क्योंकि उनकी कृपाके विना कोई कार्य्य सिद्धनहीं होसक्नाहै वहां यह सम्पूर्ण राजालोग तुम्हारी रक्षाकरेंगे उसके यह वचन सुनकर चित्रांगदने कहा कि बहुत ठीकहै चलिये सबसे पहले मैंही आपके साथचलताहूं उनसबके वचनोंपर निश्चयकरके नरवाहनदत्त अपने माता पिताकी आज्ञालेकर अपनी सम्पूर्ण रानी तथा मंत्रियों समेत उनके साथ उन्हींकी विद्याओं के प्रभावसे आकाशमार्ग होकर चला क्षणभरमेंही वह सब उसेलेकर सिद्धक्षेत्रमें पहुंचगये वहां सिद्धों से नियमकी विधि पूछकर श्रीशिवजीको प्रसन्न करनेके लिये नरवाहनदत्त घोरतपकरनेलगा और वह सम्पूर्ण राजालोग उसे घेरकर रात्रि दिन उसीकी रक्षाकरनेलगे तपकरतेहुए नरवाहनदत्तको देखकर बहुतसी विद्याधरी उसपर आसक्तहुई पांच क्वांरी विद्याधरियों ने उसे देखकर परस्पर कहा कि जब यहतपकर चुकेगा तब हम पांचों एकसाथही इसके साथ विवाहकरेंगी जो हममेंसे कोई भी अलग अपना विवाहकरलेगी तो चारों अग्निमें भस्म होजायँगी इसप्रकार दिव्य कन्याओं के मोहितहोनेपर उसतपोवनमें अकस्मात् घोर उत्पातहोने लगा बड़े २ वृक्षोंको उखाड़तीहुई घोर वायु चलनेलगी वह मानों यह सूचन करतीथी कि इसीप्रकार युद्धमें शूर लोग गिरेंगे हाय यहां क्याहोगा इसभयसे मानों पृथ्वी कांपनेलगी मानों भयभीतोंको अवकाश देनेके लिये पर्व्वतोंके शिखर फटगये और मेघोंके विनाही आकाशमें घोरशब्द होनेलगा इसउत्पात में नरवाहनदत्त निर्भयहोकर श्रीशिवजीका ध्यानकरतारहा और गन्धर्वराज तथा सम्पूर्ण विद्याधरों के राजा शत्रुओंका आगमन जानके शस्त्र बांध २ कर युद्धके लिये उद्यतहुए दूसरे दिन अकस्मात् आकाश में विद्याधरों की बड़ी भयंकर सेना आगई तब धनवती ने कहा कि देखो मानसवेगके साथ दक्षिण वेदीका राजा गौरिमुण्ड आगया उसके इसप्रकार कहनेही मानसवेग तथा गौरिमुण्ड दोनों उनसबसे आके क्रोधकरकेबोले कि कहां तो यहमनुष्य और कहां हमतुमने हमें छोड़कर इसमनुष्यका पक्षपात कियाहै इससे हमतुम्हारे अभिमानको अभी दूरकरेदेते हैं उनके यहवचन सुनकर यहसम्पूर्णवीर दौड़कर उनसे युद्धकरनेलगे धूलरूपी मेघ आकाशमें आगये शस्त्रोंकी दीप्तिरूपी बिजली चमकनेलगी और रुधिररूपी जल बरसनेलगा योद्धालोग शत्रुओंके शिरकाटकर मानों रणकी लक्ष्मीको बलिदेने

शिखरपर रहा यहां सीताजीको ढूंढ़ते आयेहुए श्रीरामचन्द्रजी से उसकी मित्रता होगई इससे रामच-न्द्रजीने वालि को मारकर यहांका राज्य सुग्रीवको दिया और सुग्रीवने सीताजी के ढूंढ़ने को हनुमान् आदिक दूतभेजे उनके द्वारा सीताजी के समाचारको पाकर समुद्र में सेतुबांधके श्रीरामचन्द्रजी सीता जीको लेआये हे आर्य्यपुत्र तुमभी इसीप्रकार आपत्तियों से छूटजाओगे इसप्रकार कहतीहुई प्रभावती के साथ नरवाहनदत्त क्रीड़ाकरताहुआ वहींरहा एकसमय पंपासरोवरके तटपर होमकरतेहुए नरवाह-नदत्तके पास धनवती अजिनवतीको साथ लेकरआई (यह वही दोनों हैं जिन्होंने नरवाहनदत्तको श्रावस्ती पुरी में पहुंचायाथा) अजिनवती तो प्रभावती से वार्त्तालाप करनेलगी और धनवती ने नर-वाहनदत्तसे कहा कि मैंने पहले अजिनवतीका विवाह तुम्हारे साथ करनेको कहाथा अब तुम इसके साथ विवाह करलो क्योंकि अब तुम्हारे उदयका समय निकट आगयाहै धनवतीके यह वचन नरवा-हनदत्तने और प्रभावती दोनोंने स्वीकारकरलिये तब धनवतीने उसके साथ अजिनवतीका विवाहक-रके वह दिन उत्सवसे व्यतीतकिया और दूसरे दिन उससे कहा कि हे पुत्र तुमको बहुत कालतक ऐसे वैसे स्थानोंमें न रहना चाहिये क्योंकि विद्याधरलोग बड़े मायावीहोते हैं इससे तुम अजिनवती और प्रभावतीको लेकर अपनी कौशाम्बीपुरी को जाओ मैं अपने पुत्र चण्डसिंह तथा अन्य विद्याधरों के राजाओंको साथ लेकर वहीं आऊंगी यह कहके धनवती आकाशको चलीगई और प्रभावती तथा अजिनवती यह दोनों नरवाहनदत्तको लेके आकाशमार्ग से कौशाम्बीपुरी को आई वहां उपवनमें नरवाहनदत्त उनदोनों के साथ आकाश से उतरा उद्यानपालों ने उसे देखकर जाके राजा उदयन्से उसके आनेका वृत्तान्त कहा उसके आगमनको सुनकर महाराज उदयन् वासवदत्ता पद्मावती तथा यौगन्धरायणादिक मंत्रियों समेत उसके पासगया और नरवाहनदत्तके गोमुखादि मंत्री भी उसकीरत्न-प्रभाआदि रानियों समेत वहींगये नरवाहनदत्त उन सब से यथायोग्य मिला और बड़ा उत्सव वहां होनेलगा इतने में मानसवेगकी बहिन वेगवती विद्याधरी भी वहां आई और सास श्वशुरको प्रणाम करके अपने पति नरवाहनदत्तसे बोली कि मैं अपनी विद्याओं को तपसे पुष्टकरके फिर आपके पास आगई नरवाहनदत्तसे यह कहके वह अपनी प्यारीसखी प्रभावती और अजिनावती से जाकर मिली उन दोनोंने मिलकर उसे अपने पास बैठाया इतनेमें अजिनावतीकी माता धनवती आई उसके साथ में बहुतसे विद्याधर अपनी २ सेनालेकर आयें उसका पुत्र चंडसिंह उसीका भाई अमितगति प्रभाव-तीका पिता पिंगलगान्धार सभापति वायुपथ रत्नप्रभाका पिता हेमप्रभ उसका पुत्र वज्रप्रभ गन्धर्वद-त्ताका पिता गन्धर्वराज सागरदत्त तथा चित्रांगद इत्यादि बहुतसे लोग धनवती के साथ आये इन सब को महाराज उदयन्ने आदर पूर्वक यथा योग्य आसनोंपर बैठाया उससमय पिंगल गान्धारने नरवा-हनदत्तसे कहा कि तुम देवताओंकी आज्ञासे हम सबके चक्रवर्तीहोगे इससे हम सब लोग स्नेहसे तुम को देखनेको आयेहैं यह धनवती तुम्हारी सास बड़ी ज्ञानवती है और यह सदैव तुम्हारी रक्षाका उद्योग किया करतीहै इससे तुम्हारे कार्य्य सिद्धहोनेमें कोई सन्देह नहीं है अब मैं जो कहताहूं सो तुम सुनो

हिमाचलपर विद्याधरोंके दो वेद्यर्ध हैं एक उत्तर दूसरा दक्षिण कैलाशके इस ओर उत्तर वेद्यर्ध है और उस ओर दक्षिण वेद्यर्धहै इनमें से उत्तर वेद्यर्धकी प्राप्तिकेलिये अमितगति ने घोरतपकरके श्रीशिवजी को प्रसन्नकिया है इससे श्रीशिवजीने प्रसन्नहोकर इससे कहाहै कि तुम सबका जो नरवाहनदत्त चक्रवर्त्तीहोगा वही तुम्हारे मनोरथोंको पूर्णकरेगा उस वेद्यर्धमें मन्दरदेवनाम बड़ा दुष्ट मुख्य राजाहै यद्यपि वह बड़ा बलवान् है तथापि आप विद्याओं को पाकर उसे जीतलीजियेगा परन्तु दक्षिण वेद्यर्धमें जो गौरिमुण्ड नाम मुख्यराजा है वह विद्याओं के प्रभावसे बड़ा दुर्जय है और आपके शत्रु मानसवेगका परममित्रहै जब तक आप उसे न जीतयेगा तबतक कोई कार्य सिद्ध न होगा इससे अब आप शीघ्रही विद्याओंको सिद्ध कीजिये पिंगलगान्धार के इसप्रकार कहनेपर धनवती ने कहा कि हे पुत्र यह राजा बहुत यथार्थ कहरहाहै इससे सिद्ध क्षेत्रमें जाकर तुम विद्याओंकी सिद्धिकेलिये श्रीशिवजीको प्रसन्न करो क्योंकि उनकी कृपाके विना कोई कार्य्य सिद्धनहीं होसक्ताहै वहां यह सम्पूर्ण राजालोग तुम्हारी रक्षाकरेंगे उसके यह वचन सुनकर चित्रांगदने कहा कि बहुत ठीकहै चलिये सबसे पहले मैंही आपके साथचलताहूं उनसबके वचनोंपर निश्चयकरके नरवाहनदत्त अपने माता पिताकी आज्ञालेकर अपनी सम्पूर्ण रानी तथा मंत्रियों समेत उनके साथ उन्हींकी विद्याओं के प्रभावसे आकाशमार्ग होकर चला क्षणभरमेंही वह सब उसेलेकर सिद्धक्षेत्रमें पहुंचगये वहां सिद्धों से नियमकी विधि पूछकर श्रीशिवजीको प्रसन्न करनेके लिये नरवाहनदत्त घोरतपकरनेलगा और वह सम्पूर्ण राजालोग उसे घेरकर रात्रि दिन उसीकी रक्षाकरनेलगे तपकरतेहुए नरवाहनदत्तको देखकर बहुतसी विद्याधरी उसपर आसक्तहुईं पांच कांरी विद्याधरियों ने उसे देखकर परस्पर कहा कि जब यहतपकर चुकेगा तब हम पांचों एकसाथही इसके साथ विवाहकरेंगी जो हममेंसे कोई भी अलग अपना विवाहकरलेगी तो चारों अग्निमें भस्म होजायँगी इसप्रकार दिव्य कन्याओं के मोहितहोनेपर उसतपोवनमें अकस्मात् घोर उत्पातहोने लगा बड़े २ वृक्षोंको उखाड़तीहुई घोर वायु चलनेलगी वह मानों यह सूचन करतीथी कि इसीप्रकार युद्धमें शूर लोग गिरेंगे हाय यहां क्याहोगा इसभयसे मानों पृथ्वी कांपनेलगी मानों भयभीतोंको अवकाश देनेके लिये पर्व्वतोंके शिखर फटगये और मेघोंके विनाही आकाशमें घोरशब्द होनेलगा इसउत्पात में नरवाहनदत्त निर्भयहोकर श्रीशिवजीका ध्यानकरतारहा और गन्धर्वराज तथा सम्पूर्ण विद्याधरों के राजा शत्रुओंका आगमन जानके शस्त्र बांध २ कर युद्धके लिये उद्यतहुए दूसरे दिन अकस्मात् आकाश में विद्याधरों की बड़ी भयंकर सेना आगई तब धनवती ने कहा कि देखो मानसवेगके साथ दक्षिण वेदीका राजा गौरिमुण्ड आगया उसके इसप्रकार कहनेही मानसवेग तथा गौरिमुण्ड दोनों उनसबसे आके क्रोधकरकेबोले कि कहां तो यहमनुष्य और कहां हमतुमने हमें छोड़कर इसमनुष्यका पक्षपात कियाहै इससे हमतुम्हारे अभिमानको अभी दूरकरदेते हैं उनके यहवचन सुनकर यहसम्पूर्णवीर दौड़कर उनसे युद्धकरनेलगे धूलरूपी मेघ आकाशमें छागये शस्त्रोंकी दीप्तिरूपी बिजली चमकनेलगी और रुधिररूपी जल बरसनेलगा योद्धालोग शत्रुओंके शिरकाटकर मानों रणकी लक्ष्मीको बलिदेने

सम्पूर्ण विद्या उसके आगे प्रकटहोकर बोलीं कि क्या आज्ञा है इसप्रकार सम्पूर्ण विद्याओं को पाकर नरवाहनदत्त श्री शिवजी तथा पार्वतीजी को प्रणाम करके उनसे आज्ञालेके विमानपर चढ़के प्रथम वक्रपुरमें अमित गतिके यहां आया अमित गतिने उसे आवेदेखकर आगेजाके उसे अपने घरमें लाकर बड़ा सत्कारकिया और सम्पूर्ण सिद्धियों का वृत्तान्त उससे पूछकर अपनी सुलोचना नाम कन्या का विवाह उसके साथ करदिया विद्याधरोंकी द्वितीय लक्ष्मीके समान उस सुलोचनाको पाकर नरवाहनदत्त बड़े उत्सवसे उसदिन वहां रहा १२६ ॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांपंचलम्बकेतृतीयस्तरङ्गः ३ ॥

इसके उपरान्त वक्रपुरमेंस्थित नरवाहनदत्तके पास दूसरेदिन सभामें एकपुरुष आकाशसे उतरकर प्रणामकरके बोला कि हे स्वामी पौररुचिनाम मैं चक्रवर्त्तियों का सदैव से प्रतीहार हूं इससे आपकी सेवा के निमित्त आयाहूं यह कहके उसने अमितगतिकी ओर देखा अमितगतिने कहा कि यह बहुत यथार्थ वचन कहताहै तब नरवाहनदत्त ने उसे अपना प्रतीहार बनालिया तदनन्तर अपनी २ विद्याओं के प्रभावसे नरवाहनदत्त के वृत्तान्तको जानकर नरवाहनदत्तकी सम्पूर्ण स्त्रियों समेत धनवती उसका पुत्र चंडसिंह राजा पिंगल गान्धार सभापति वायुपथ, हेमप्रभ, चित्रांगद तथा गन्धर्वराज सागरदत्त इत्यादिक बहुत से लोगआये नरवाहनदत्त ने सबको आदर पूर्व्वक बैठाया और धनवती को प्रणाम किया और उससे आशीर्वादलेके तथा अपनासम्पूर्ण वृत्तान्त कहके पूंछा कि मेरे सम्पूर्ण मंत्री कहां हैं उसने कहा कि मैंने अपनी विद्याके प्रभावसे उनको अलग २ रखदिया है यहकहके उसने विद्याके द्वारा उनसबको वहीं बुलवालिया आकर प्रणाम करतेहुए उनसबसे कुशल पूछकर तथा अपनी सिद्धि का वृत्तान्त कहके नरवाहनदत्तने उनसे पूंछा कि इतने दिन तुमसब कहां २ रहे यहसब वृत्तान्त मुझसे कहो उसके वचन सुनकर पहले गोमुखनेकहा कि जब मानस वेगने मुझको आकाशसे फेंका तो कोई देवी मुझे अपने हाथोंपर रोककर एक वनमें छोड़कर अन्तर्द्धानहोगई वहां आपके वियोगसे दुखित होकर मैंने एकऊंचेस्थानसे गिरकर अपने प्राणदेने चाहे इतने में एकतपस्वीने आकर मुझसेकहा कि हे गोमुख तुम्हारा स्वामी सिद्धिको प्राप्तहोकर फिर तुमको मिलेगा उसके यह वचन सुनके मैंने उससे पूंछा कि तुम कौनहो और मुझे तुमने कैसेजानाहै उसने कहा कि मेरे आश्रममें चलो तो मैं तुमसे सबवृत्तान्त कहूंगा यहकहके उसने मुझे अपने आश्रममें लेजाकर अतिथि सत्कार करके अपनी यह कथा कही २० कि मैं कुंडिनपुरका रहनेवाला नागस्वामी नाम ब्राह्मण हूं पिताके मरजानेपर मैं अपने देशसे पाटलिपुत्र नगरमें जाकर जयदत्तनाम उपाध्यायके यहां विद्याध्ययन करनेलगा मेरी ऐसी जड़ बुद्धिथी कि एक अक्षरभी मुझे समझनहीं पड़ता था इससे सम्पूर्ण विद्यार्थी मुझे देखकर हंसाकरते थे इस उपहासको न सहकर मैं विन्ध्यवासिनी के दर्शन को चला मार्ग में वक्रोलकनाम पुरमें पहुंचकर भिक्षामांगनेलगा एकघरसे एकस्त्रीने निकलकर मुझे एकलालकमल सहित भिक्षादी उसे लेकर मैं दूसरेघर मांगनेगया वहां दूसरी स्त्रीने वह कमल देखकर मुझ से कहा कि तुमको योगिनी स्त्री ने

लगे कबन्धरूपी ग्राह शस्त्ररूपी सर्प तथा मेदारूपी फेनावाली रुधिरकी नदी बहनेलगी युद्धहोते२ गौरिमुण्डकी सम्पूर्ण सेना मारीगई तब उसने अपनी गौरी विद्याका स्मरणकिया उस विद्याने प्रकटहोकर नरवाहनदत्तके पक्षवाले सम्पूर्णवीरोंको मोहित करदिया तब गौरिमुंड नरवाहनदत्तसे जाकर बाहुयुद्ध करनेलगा नरवाहनदत्तने उसे युद्धविद्यामें जीतलिया हारकर उसने फिर अपनी उसी विद्याका स्मरण किया और उसके बलसे नरवाहनदत्तको आकाशमें उठालेजाकर धनवतीकी विद्याके प्रभावसे उसके मारनेमें असमर्थहोकर उसे अग्नि पर्वतपर फेंकदिया और मानसवेगने उसके गोमुख आदि मंत्रियोंको पकड़कर आकाशमें लेजाकर बहुत ऊंचेसे पृथ्वीपर डालदिया धनवतीकी विद्याने उनकोभी बीचहीमें रोककर अलग२ स्थानों में रखदिया और उनसे कहदिया कि घबरानानहीं तुम्हारास्वामी तुमको शीघ्रही मिलजायगा, तब अपनी विजय जानकर मानसवेग तथा गौरिमुण्ड दोनों अपनी२ सेना समेत अपने२ स्थानोंको गये उनके चलेजानेपर धनवती ने मोह रहितहुए सम्पूर्ण विद्याधर तथा गन्धर्वराजों से कहा कि तुमलोग अपने २ स्थानको जाओ नरवाहनदत्त कार्य्य सिद्धकरके तुमलोगों के पास आवेगा उसका कुछ अनिष्ट न होगा धनवतीके यह वचनसुनकर वह सबलोग अपने २ स्थानको चलेगये और वह अपनी पुत्री आदि नरवाहनदत्त की सब रानियों समेत अपने स्थानकोगई मानसवेग ने अपने स्थानपर जाकर मदनमंचुकासे कहा कि तुम्हारा पतिमारागया अब तुम मुझे स्वीकार करो यह सुनकर मदनमंचुकाने कहा कि तुम उसको क्यामारोगे उसपर देवताओंकी कृपाहै इससे वही तुमको मारेगा इस बीचमें जब नरवाहनदत्तको गौरिमुंडने अग्नि पर्व्वतपर फेंका तो बीचही में कोई पुरुष उसे रोककर श्रीगंगाजी के तटपरलेगया वहां नरवाहनदत्तने उससे पूछा कि आप कौनहैं उसने कहा कि मैं विद्याधरोंका राजा अमृतप्रभहूं इससमय श्रीशिवजीने तुम्हारी रक्षाकेलिये मुझको भेजाथा देखो आगे यह कैलाश पर्व्वत है यहां तुम शिवजीकी आराधना करके सम्पूर्ण सिद्धियोंको पाओगे इससे चलो मैं तुमको कैलाशपर पहुंचादूं यह कहके वह उसे कैलाशपर पहुंचाके अन्तर्द्धान होगया नरवाहनदत्तने कैलाशपर पहुंचके पहले तपकरके श्रीगणेशजीको प्रसन्नकिया गणेशजीने प्रसन्नहोके उसे श्री शिवजीके स्थानके निकटजानेकी आज्ञादी उनकीआज्ञापाके उसनेशिवजीके द्वारपरजाके द्वारपर नन्दी को खड़ादेखकर उसकी प्रदक्षिणाकी उसे प्रदक्षिणाकरते देखकर नन्दीने उससे कहा कि अबतुम्हारे सब विघ्न शान्तहोगये अब तुमयहीं शिवजीके प्रसन्नकरनेको तपकरो क्योंकि पापनाशक तपके बिनाकोई सिद्धि नहीं प्राप्तहोती नंदी के यह वचनसुनकर नरवाहनदत्त श्रीशिवजी तथा पार्व्वतीजी का ध्यान करके वायुभक्षी होकर तप करनेलगा कुछकाल तपकरने से प्रसन्नहुए शिवजी पार्वती समेत प्रकट होकर उससे बोले कि हेपुत्र तुम सम्पूर्ण विद्याधरों के चक्रवर्ती हो सबसे अधिक सम्पूर्ण विद्या तुमको प्राप्तहोयँ हमारे प्रभावसे तुम सब शत्रुओंको जीतोगे शस्त्रोंके लगनेसे तुम्हारा शरीर छिन्न भिन्न न होगा तुम्हारे आगे तुम्हारे शत्रुओं की सब विद्या नष्टहोजायँगी और गौरी विद्याभी तुमको प्राप्तहोगी इस प्रकार वरदेके श्री शिवजीने ब्रह्माजीका बनायाहुआ चक्रवर्त्तियों का महापद्म विमान उसको दिया तब

नावती गन्धर्वदत्ता, प्रभावती, आत्मनिका, वायुयशा, कालिका, सुलोचना तथा मंदरदेवी आदिक नरवाहनदत्तकी रानियों ने राजा उदयन् वासवदत्ता तथा पद्मावती को यथायोग्य प्रणाम किया और उन लोगोंने उनको यथायोग्य आशीर्वाददिया तदनन्तर राजा उदयन्के अपने सम्पूर्ण परिकर समेत यथायोग्य आसनोंपर बैठजानेपर नरवाहनदत्त अपने महासिंहासन पर बैठा उससमय रानी वासवदत्ता अपनी नवीन बहुओंको देखके उनके कुल तथा नाम पूछकर बहुत प्रसन्नहुई और राजा उदयन्भी अपने पुत्रकी महाविभूतिको देखकर अत्यन्त प्रसन्नहुआ इसके उपरान्त रुचिरदेव प्रतीहारने आकर कहा कि हे स्वामी मद्यपानकी भूमि सजगई वहीं चलिये उसके वचन सुनके नरवाहनदत्त उन सबको लेकर वहां गया वह स्थान अनेक प्रकारके रत्नोंके पात्रों से अनेक प्रकारके प्रफुल्लितकमलवाले तड़ाग के समान सुशोभित होरहाथा वहां सबने बड़ेहर्षपूर्वक मद्यपानकिया मद्यपीनेसे कुछ रक्तवर्णहुए उन के प्रफुल्लित मुख प्रातःकालकी धूपसेयुक्त तड़ागों के कमलों के समान शोभितहुए फिर मद्यपानके उपरान्त सब लोग भोजनके स्थानमेंगये वहां अनेक प्रकारके आसन अलग २ बिछेहुएथे और आसनोंके पास अनेक रत्नमय पात्र भोजनोंके निमित्त रक्खेहुएथे और उनपात्रोंमें अनेक प्रकारके दिव्य भोजन रक्खेथे वहां भोजन करके सूर्य्य भगवान् के अस्तहोजाने पर सब लोग अपने २ योग्य शयन स्थानमेंगये और नरवाहनदत्त विद्याओंके प्रभावसे अनेकरूप धारण करके अपनी सम्पूर्ण रानियोंके पास गया परन्तु अपने यथार्थ शरीर से रानी मदनमंचुकाकेही पासरहा और राजा उदयन्भी अपने सम्पूर्ण परिकर समेत उसी शरीरसे मानों जन्मान्तर में प्राप्तहोकर बड़े आनन्दसे उसरात्रिको व्यतीत करके दूसरे दिन प्रातःकाल वहांके दिव्य उद्यानोंको देखकर बड़े सुखसे वहीं रहा इसप्रकार बड़े आनन्द पूर्वक बहुत दिनों के व्यतीत होनेपर एक दिन महाराज उदयन्ने नरवाहनदत्त से कहा कि हे पुत्र ऐसा कौनजीवहोगा जिसका चित्त इन दिव्यभोगों में न रमे किन्तु मनुष्यों को जन्मभूमि का स्नेह बहुत होता है इससे मैं अब अपनी पुरी को जाताहूं तुम विद्याधरों के ऐश्वर्यों को भोगकरो क्योंकि अब तुम दिव्य शरीर होगयेहो इससे यही स्थान तुम्हारे योग्य है समयपाकर फिर तुम हम लोगोंको बुलाना क्योंकि इस जन्मका मुख्य फल हमको यही है कि तुम्हारे सुन्दर मुखारविन्दको देखें और तुम्हारे इस दिव्य ऐश्वर्य्य को देखकर प्रसन्नहोंय अपने पिताके यह वचन सुनकर नरवाहनदत्त ने देवमायको बुलाके गद्गद वचनोंसे कहा कि संपूर्ण मंत्रियों तथा सब माताओं समेत तात अब जाने को कहते हैं इससे हजारों विद्याधरों पर हजारों मन सुवर्ण तथा रत्न लदवाकर कौशाम्बपुरी को भेजो उसके यह वचनसुनकर देवमायने कहा कि हे स्वामी मैं आपहीजाकर महाराज उदयन् को कौशाम्बी तक भेजआऊंगा उसके वचन सुनकर नरवाहनदत्त ने पिताका माताओंका तथा यौगन्धरायणादिक मंत्रियोंका वस्त्र आभूषणादिसे पूजनकिया और उन सबको दिव्य विमानपर चढ़ाके वायुपथ तथा देवमायको उनके साथकरदिया उस दिव्यविमानपर चढ़कर राजाउदयन् दूरतक साथ२ चलेआयेहुए अपने पुत्रके [illegible] कोचला और रानी वासवदत्ता स्नेहसे विह्वल होकर प्रणाम करतेहुए पुत्र

को लौटाकर फिर २ कर उसे देखती और रोतीहुई महाकष्टसे चली और नरवाहनदत्तभी अपने माता पिताको विदाकरके अश्रुओंसे अपने मुखचन्द्रको कलंकित करताहुआ मंत्रियोंसमेत अपने स्थानपर आया वहां गोमुखादिक मंत्री तथा मदनमंचुकादिक रानियोंसमेत विद्याधरोंके दिव्य सुखोंको भोगता हुआ बहुतकालतक आनन्दपूर्व्वक वहां रहा १४८॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभापायांमहाभिपेकलम्बकेद्वितीयस्तरंगः २॥

महाभिपेकनामपन्द्रहवांलम्बकसमाप्तहुआ॥

---

## सुरतमञ्जरीनाम पोड़शोलम्बकः॥

---

पातुवस्ताण्डवोड्डीनगंडसिन्दूरमण्डनः॥
वान्ताभिपीतप्रत्यूहप्रतापइवविघ्नजित् १

इसप्रकार ऋपभपर्व्वत पर रहतेहुए नरवाहनदत्तको वसन्तऋतु प्राप्तहुई चन्द्रमाकी चन्द्रिका निर्मल होगई नवीन २ दूर्वा से युक्त पृथ्वी अत्यन्त शोभित होनेलगी मलयाचलकी वायुसे वारंवार स्पर्श की गई वनकी पंक्तियां कंपित तथा अत्यन्त सरसहोगईं कोकिला अपने मधुरशब्दोंसे मानों मानवतियों को मानकरनेसे निपेध करनेलगीं आमके वृक्षोंपरसे उड़तीहुई भ्रमरों की पंक्तियां कामदेवके धनुपसे निकलीहुई बाणोंकी पंक्तियोंकी समान शोभितहुईं इसप्रकार वसन्तके आगमनको देखकर गोमुखादि मंत्रियोंने नरवाहनदत्तसे कहा कि हे स्वामी देखिये वसन्तके आगमनसे इस ऋपभपर्व्वत की औरही शोभाहोगई देखिये लताएं परागरूपी वस्त्रोंको पहनकर भ्रमरोंके गुंजाररूपी गानोंकोकरके मानो वायु के द्वारा कम्पितहोकर नृत्य कररहीहैं चलिये गंगाजीके तटपर उपवन में चलके वसन्तकी शोभाकोदेखें मंत्रियों के यह वचन सुनकर नरवाहनदत्त अपनी सम्पूर्ण रानियों समेत गंगाजीके तटपर गया और इलायची लौंग वकुल अशोक तथा मन्दार आदिक वृक्षोंसेयुक्त उस उपवन में शिलापर बैठके अपने बाईओर मदनमंचुकाको बैठालके वसन्तकी शोभाको देखकर अपने मंत्रियोंसे बोला कि शीतल मन्द सुगंध मलयाचल की वायु, निर्मल दिशा, स्थान २ में सुगन्धितवन, कोकिलाओं के मधुरशब्द और भ्रमरोंकी गुंजार इत्यादि अनेकसुख इस वसन्तमेंहैं केवल प्रियका वियोगही इस ऋतुमें बड़ा दुखदायी होताहै भला मनुष्योंकी तो कौनकहे पशुपक्षियोंको भी इसमें बड़ाक्लेशहोताहै देखो यह कोकिला अपने खोयेहुए प्रियको बहुत ढूंढ़के भी न पाकर विरहसे विह्वलहोकर आमकी शाखापर कैसी मरीहुईसी चुपचाप बैठीहुई है उसके यह वचन सुनकर गोमुखने कहा कि हे स्वामी इसऋतुमें सब प्राणियोंको विरह बड़ादुस्सह होताहै श्रावस्तीपुरीका एक वृत्तान्त में आपको सुनाताहूं उस पुरीमें एक राजाका सेवक

सूरसेन नाम राजपुत्र रहताथा उसके सुषेणानाम परमप्यारी स्त्रीथी एकसमय राजाकी आज्ञासे वह सूरसेन विदेशजानेको उद्यतहुआ तब सुषेणाने उससे कहा कि हे आर्य्यपुत्र मुझे अकेली छोड़कर आपको जाना उचितनहीं है मैं आपके विना क्षणभरभी न रहसकूंगी उसके यह वचन सुनके सूरसेननेकहा कि हे प्यारी क्या तुम नहींजानतीहो कि मैं राजाकी आज्ञाको नहीं उल्लंघन करसक्ताहूं मैं पराधीन सेवकहूं यह सुनकर सुषेणाने कहा अच्छा जो आपको अवश्य जानाहै तो जाइये परन्तु वसन्तऋतु में आपका एकदिनका भी वियोग मैं न सहसकूंगी यह सुनकर सूरसेनने कहा कि अच्छा जो मुझेकोई आवश्यक भी कार्य्यहोगा उसे छोड़के मैं चैत्रके प्रथमदिन अवश्य आजाऊंगा यह कहके वह चला गया और सुषेणा उसकी अवधिके दिनोंको प्रतिदिन गिनतीरही धीरे २ वसन्तके प्रारम्भका दिन आगया कोकिला कामकी आज्ञाके समान अपने मधुर २ शब्द सुनानेलगीं और कामदेव के धनुष की टंकारके समान उन्मत्त भ्रमरोंके गुंजार सुनाई देनेलगे उसदिन सुषेणा यह जानकर कि आज मेरा प्रिय अवश्य आवेगा स्नान करके तथा सुन्दरवस्त्र आभूषण पहरकर उसका मार्ग देखनेलगी दिनके व्यतीत होजानेपर भी जब वह न आया तो निराशहोकर शोचनेलगी कि हाय मृत्युका समय तो आगया परन्तु प्रिय न आया हाय पराधीन मनुष्योंको अपने स्वजनोंपर स्नेह नहींहोता इसप्रकार शोचते २ उसकेप्राण निकलगये तदनन्तर सूरसेन भी अपने कार्य्यको समाप्तकरके बड़ेबेगवाले घोड़े पर सवारहोकर उसीदिन रात्रिके पिछलेपहरमें आया और वायुकेद्वारा उखड़ीहुई प्रफुल्लित लताकेसमान अपनी प्रियाको मरीहुई देखकर विलाप करनेलगा विलापकरते २ उसकेभी प्राण निकलगये उन दोनों की यह दशा देखके उनकी कुल देवता चंडीदेवी ने उनको जिलादिया फिर जीकर वह दोनों तब से कभी वियुक्त नहींहुए इसप्रकारसे हे स्वामी वसन्तऋतुमें मलयाचलकी वायुसे उद्दीप्तहुई विरहाग्नि किसको दुस्सह नहींहोतीहै ४७ गोमुखके यह वचन सुनकर नरवाहनदत्त अकस्मात् कुछ उदासीनसा होगया (किसीहेतुके विनाही प्रसन्नहुआ अथवा खिन्नहुआ महात्माओं का अन्तःकरण भावी शुभाशुभको सूचित करताहै) उस दिनके व्यतीत होजानेपर नरवाहनदत्त संध्योपासनकरके शयनस्थान में सोया पिछलीरात्रिको उसे यह स्वप्नदिखाई दिया कि महाराज उदयन् को कोई काली स्त्री दक्षिण दिशामें घसीटे लिये जाती है यह स्वप्न देखके जगकर उसने सन्देह युक्तहोकर प्रज्ञप्तिनाम विद्याका स्मरणकरके उससे पूंछा कि मेरे पिताका क्या वृत्तान्त है वह बताओ उसके यहवचन सुनकर वह विद्या रूप धारणकरके बोली कि एकदिन तुम्हारे पिताने उज्जयिनी से आये हुए एकदूतसे सुना कि राजा चण्डमहासेन मरगया और रानी अंगारवती उसके साथ सतीहोगई दूतके वचन सुनके वह पृथ्वीपर शोकसे व्याकुलहोके मूर्च्छितहो गिरपड़ा थोड़ेही कालके पीछे चैतन्यहोकर उसने रानी वासवदत्ताके साथ अपने सास श्वशुरका बड़ा शोककिया और मंत्रियोंके इसप्रकार समझानेसे कि इससंसारमें कोई वस्तु स्थिर नहीं है राजा चण्डमहासेन शोककरनेके योग्य नहींहै क्योंकि आप उसके जामाता गोपालक उसका — और नरवाहनदत्त उसका दौहित्रहै, उनको तिलांजलिदी और वहीं रहतेहुए अपने साले

गोपालकसे कहा कि तुम उज्जयिनीको जाओ और अपने पिताके राज्यका पालनकरो उसके वचन सुनकर गोपालकने रोके कहा कि मैं आपको और अपनी बहिनको छोड़कर यहां से जाना नहीं चाहताहूं क्योंकि मैं अपने पितासे शून्य उसपुरीको नहीं देखना चाहताहूं इससे मेरा छोटा भाई पालकही राज्य करे उसके यहवचन सुनके महाराज उदयन्ने रुमण्वान्को उज्जयिनी भेजकर पालकको राज्य दिलवा दिया और अपने यौगन्धरायण आदि मंत्रियोंसे कहा कि इस असार संसारमें सम्पूर्ण पदार्थ अन्त में नीरसहैं हमने बहुत दिन राज्य किया शत्रुओंको जीता और पुत्रको विद्याधरोंके चक्रवर्त्ती पदपर देख लिया इससे अधिक क्याहोगा अब हमारी अवस्था व्यतीतहोगई वृद्धावस्थावालों को पकड़के हमें मृत्युको देनाचाहतीहै सब शरीर शिथिलहोगया इससे कालिञ्जर पर्व्वतपर जाके इस नश्वर शरीरका त्यागकरके परमपदका साधन करना चाहिये उसके यहवचन सुनकर रानी वासवदत्ता पद्मावती तथा यौगन्धरायण मन्त्री इनसबने कहा कि हे स्वामी आपको जैसा श्रेष्ठ समझ पड़े वह कीजिये हमभी आपके साथ चलकर परमपदको प्राप्तहोंगे उनके वचन सुनके महाराज उदयन्ने गोपालकसे कहा कि तुम मुझको नरवाहनदत्तके समान प्रियहो इससे तुम कौशाम्बीका राज्यकरो यहसुनकर गोपालकने कहा कि जो आपकी गतिहोगी वही मेरीभी गतिहोगी मैं आपके विना यहां नहींरहूंगा उसके यह हठयुक्त वचन सुनके महाराज उदयन्ने बनावटका कोपकरके कहा क्या तुम अभीसे स्वाधीनहोगये मेरे कहनेपर तुमने कुछ भी ध्यान नहींकिया यहसुनकर गोपालकने अपने चित्त में वनजाने का निश्चय करके उसकी आज्ञा ऊपरके चित्तसे स्वीकारकरली तब महाराज उदयन् उसे राज्य देकर और रोतीहुई सम्पूर्ण प्रजाओं को समझाके रानी वासवदत्ता पद्मावती तथा यौगन्धरायण आदि मंत्रियों को साथ लेके हाथीपर चढ़के कालिञ्जर पर्व्वतपरगया वहां श्री शिवजी को प्रणामकरके और अपनी घोषवती वीणाको हाथमें लेकर अपने सम्पूर्ण साथियों समेत प्राणदेनेके लिये शिखरपरसे कूदा कूदतेही देवताओंके दूत उसे विमानपर चढ़ाके सब साथियों समेत स्वर्गको लेगये विद्याके यहवचन सुनकर नरवाहनदत्त हाय तात यहकहकर मूर्च्छितहोके पृथ्वीपर गिरपड़ा क्षणभरमें मूर्च्छा से जगके अपने माता पिताका शोककरके रोदन करनेलगा उसके रोदन को सुनकर गोमुखादि मन्त्री भी वहां आके और सब वृत्तान्त पूंछके अपने २ पिताओंका शोककरनेलगे उससमय सम्पूर्ण विद्याधरों ने तथा धनवती ने नरवाहनदत्त से कहा कि हे स्वामी आप इसक्षणभंगुर संसारके स्वरूपको जानकरभी क्यों ऐसे मोहित होतेहो महाराज उदयन् शोककरनेके योग्य नहींथे जिनके आपसरीके चक्रवर्त्ती पुत्रहो, उनके इस प्रकार समझाने से उसने अपने पितरों को तिलांजलि देकर फिर उस विद्या से पूंछा कि मेरा मामा गोपालक कहां है और मेरे पिताके परलोक जानेके उपरान्त उसने क्याकिया यहसब वर्णनकरो यह सुनकर विद्याने कहा कि महाराज उदयन्के चलेजानेके उपरान्त गोपालक उज्जयिनी से अपने छोटे भाई पालकको बुलाकर कौशाम्बीकाभी राज्य उसे देकर असित गिरिपर कश्यपजी के आश्रममें तपकरने को चलागया अभीतक वह वहीं तपकररहाहै विद्याके यह वचन सुनके नरवाहनदत्त अपने मामा

सूरसेन नाम राजपुत्र रहताथा उसके सुषेणानाम परमप्यारी स्त्रीथी एकसमय राजाकी आज्ञासे वह सूरसेन विदेशजानेको उद्यतहुआ तब सुषेणाने उससे कहा कि हे आर्य्यपुत्र मुझे अकेली छोड़कर आप को जाना उचितनहीं है मैं आपके विना क्षणभरभी न रहसकूंगी उसके यह वचन सुनके सूरसेननेकहा कि हे प्यारी क्या तुम नहींजानतीहो कि मैं राजाकी आज्ञाको नहीं उल्लंघन करसक्ताहूं मैं पराधीन सेवकहूं यह सुनकर सुषेणाने कहा अच्छा जो आपको अवश्य जानाहै तो जाइये परन्तु वसन्तऋतु में आपका एकदिनका भी वियोग मैं न सहसकूंगी यह सुनकर सूरसेनने कहा कि अच्छा जो मुझेकोई आवश्यक भी कार्य्यहोगा उसे छोड़के मैं चैत्रके प्रथमदिन अवश्य आजाऊंगा यह कहके वह चला गया और सुषेणा उसकी अवधिके दिनोंको प्रतिदिन गिनतीरही धीरे २ वसन्तके प्रारम्भका दिन आगया कोकिला कामकी आज्ञाके समान अपने मधुर २ शब्द सुनानेलगीं और कामदेव के धनुष की टंकारके समान उन्मत्त भ्रमरोंके गुंजार सुनाई देनेलगे उसदिन सुषेणा यह जानकर कि आज मेरा प्रिय अवश्य आवेगा स्नान करके तथा सुन्दरवस्त्र आभूषण पहरकर उसका मार्ग देखनेलगी दिनके व्यतीत होजानेपर भी जब वह न आया तो निराशहोकर शोचनेलगी कि हाय मृत्युका समय तो आगया परन्तु प्रिय न आया हाय पराधीन मनुष्योंको अपने स्वजनोंपर स्नेह नहींहोता इसप्रकार शोचते २ उसकेप्राण निकलगये तदनन्तर सूरसेन भी अपने कार्य्यको समाप्तकरके बड़ेवेगवाले घोड़े पर सवारहोकर उसीदिन रात्रिके पिछलेपहरमें आया और वायुकेद्वारा उखड़ीहुई प्रफुल्लित लताकेसमान अपनी प्रियाको मरीहुई देखकर विलाप करनेलगा विलापकरते २ उसकेभी प्राण निकलगये उन दोनों की यह दशा देखके उनकी कुल देवता चंडीदेवी ने उनको जिलादिया फिर जीकर वह दोनों तब से कभी वियुक्त नहींहुए इसप्रकारसे हे स्वामी वसन्तऋतुमें मलयाचलकी वायुसे उद्दीप्तहुई विरहाग्नि किसको दुस्सह नहींहोतीहै ४७ गोमुखके यह वचन सुनकर नरवाहनदत्त अकस्मात् कुछ उदासीनसा होगया (किसीहेतुके विनाही प्रसन्नहुआ अथवा खिन्नहुआ महात्माओं का अन्तःकरण भावी शुभाशुभको सूचितकरताहै) उस दिनके व्यतीत होजानेपर नरवाहनदत्त संध्योपासनकरके शयनस्थान में सोया पिछलीरात्रिको उसे यह स्वप्नदिखाई दिया कि महाराज उदयन् को कोई काली स्त्री दक्षिण दिशामें घसीटे लिये जातीहै यह स्वप्न देखके जगकर उसने सन्देह युक्तहोकर प्रज्ञप्तिनाम विद्याका स्मरणकरके उससे पूंछा कि मेरे पिताका क्या वृत्तान्त है वह बताओ उसके यहवचन सुनकर वह विद्या रूप धारणकरके बोली कि एकदिन तुम्हारे पिताने उज्जयिनी से आये हुए एकदूतसे सुना कि राजा चण्डमहासेन मरगया और रानी अंगारवती उसके साथ सतीहोगई दूतके वचन सुनके वह पृथ्वीपर शोकसे व्याकुलहोके मूर्च्छितहो गिरपड़ा थोड़ेही कालके पीछे चैतन्यहोकर उसने रानी वासवदत्ताके साथ अपने सास श्वशुरका बड़ा शोककिया और मंत्रियोंके इसप्रकार समझानेसे कि इससंसारमें कोई वस्तु स्थिर नहीं है राजा चण्डमहासेन शोककरनेके योग्य नहींहै क्योंकि आप उसके जामाता गोपालक उसका पुत्र और नरवाहनदत्त उसका दौहित्रहै, उनको तिलांजलिदी और वहीं रहतेहुए अपने साले

गोपालकके यह वचन सुनकर नरवाहनदत्तने धूमशिखनाम विद्याधरको भेजके उज्जयिनीसे भरतरोह मंत्री समेत अपने मामाके पुत्रको बुलवाया और धूमशिखके साथ आयेहुए उनदोनोंको प्रणामकरते देखकर बड़े आदरपूर्व्वक उनको बैठालकर और इत्यक तथा सुरतमंजरीको भी वहीं बुलवाकर सब के आगे भरतरोह तथा अवन्तिवर्धन से वह सब वृत्तान्त कहके कहा कि तुम सुरतमंजरी के विवाहका सब वृत्तान्त यथावत् कहो उस के वचन सुनकर भरतरोहने कहा हेस्वामी सुनिये में सब वृत्तान्त कहता हूं एक दिन उज्जयिनी में राजा पालकसे सब पुरवासियों ने आकरकहा कि हे स्वामी आज के दिन इसपुरी में उदकदान नाम एक मेला हुआ करता है इसका हेतु जो आपको न मालूम होय तो सुनिये पूर्व्वसमयमें आपके पिता चण्डमहासेनने उत्तम खड्ग तथा श्रेष्ठ स्त्रीपाने के लिये तप करके भगवतीको प्रसन्न किया प्रसन्नहुई भगवतीने अपना खड्ग देकर उससे कहा कि हे पुत्र तुम इस खड्गको लो थोड़ेही कालमें अंगारक नाम दैत्यको मारकर उसकी अत्यन्त रूपवती अंगारवती पुत्री तुम पाओगे उसीके साथ अपना विवाह करलेना भगवती से इस वरदानको पाकर राजा चण्डमहासेन अंगारवती की प्राप्तिके लिये बड़ा उत्कण्ठितरहा इस बीचमें उज्जयिनीपुरी में जो कोई नगराधिपहोताथा उसे कोई जीव रात्रिके समय खा जाताथा इस बातके तत्त्वके जाननेके लिये राजा चण्डमहासेन एकदिन आप ही रात्रिके समय पुरी में भ्रमण करनेको निकला भ्रमण करते २ उसने एक लम्पट पुरुषको देखकर उस का शिर काटलिया शिर काटतेही एक राक्षसने आकर खानेके लिये उसका धड़ ले लिया उस राक्षसको देखकर राजा चण्डमहासेनने यहजानकर कि यही मेरे नगराधिपोंको खाजाताहै उसके बाल पकड़कर उसका शिर काटना चाहा तब उस राक्षसने कहा कि हे राजा मुझे व्यर्थ न मारो तुम्हारे नगराधिपों का खानेवाला कोई औरही है उसके वचन सुनकर राजाने पूछा कि वह कौनहै उसने कहा कि अंगारक नाम दैत्य अर्धरात्रिके समय आपके नगराधिपोंको मारकर खाजाया करताहै और राजकन्याओंको हर ले जाकर अपनी कन्याकी सखी बनाताहै उसके यह वचन सुनके राजा उसे छोड़कर अपने मन्दिर में चला आया और एकदिन शिकार खेलनेको गया वहां एक महाभयंकर शूकरको देखकर यह अनुमान करके कि यह अंगारक नाम दैत्यहै उसे बाणोंसे मारता हुआ उसके पीछे दौड़ा वह शूकर उनबाणोंको सहकर एक गुफामें घुसगया राजाभी उसीके पीछे गुफामें चला गया वहां वह शूकर तो नहीं परन्तु एक दिव्य पुर उसे दिखाई दिया वहां एक बावड़ीके तटपर बैठके उसने एक अत्यन्त रूपवती कन्या देखी उस कन्याने उसके निकट आके उससे आगमनका सब वृत्तान्त पूछके गद्गद वचन होके कहा कि हाय तुम किस विपत्ति में आगये वह जो शूकर तुमने देखाथा वह अंगारक नाम महाबलवान् दैत्यहै उसका संपूर्ण शरीर वज्रमयहै वह इस समय सोरहाहै जगकर न जाने तुम्हारी क्या दशा करेगा में उसकी अंगारवती नाम पुत्रीहूं तुमको देखकर मुझे बड़ा खेदहो रहाहै उसके यह वचन सुनके राजाने भगवतीके वरदान को स्मरण करके प्रसन्न होकर उससे कहा कि जो मुझपर तुमको स्नेहहै तो जब तुम्हारा पिता जगे तब तुम उसके पास बैठकर रोनेलगना और जब वह रोनेका कारण पूछे तो तुम कहना कि जो तुम्हें कोई

के देखनेके निमित्त संपूर्ण परिकर समेत विमानपर चढ़के असित गिरिपर गया वहां विमान से उतर कर उसनें कश्यपजीके आश्रमको देखा वह आश्रम पक्षियोंके शब्दोंसे मानों पथिकों से स्वागत पूछ रहाथा और हवनके धुएंसे मानों तपस्वियोंको स्वर्गका मार्ग बतारहाथा वहां मुनियों के मध्य में मूर्त्तिमान् शमके समान बैठेहुए अपने मामा गोपालकको उसने देखा गोपालकने भी उसे देखकर उठके अपनी गोदीमें उसे उठा लिया परस्पर मिलकर वह दोनों अपने २ माता पिताओंका स्मरणकर २ के वहां रोदन करनेलगेठीकहै (स्वजनालोकवातेद्धोदुःखाग्निःकन्नतापयेत्) स्वजनके दर्शनरूपी वायु से दीप्तहुई दुःखाग्नि किसको नहीं संतप्तकरती है उन दोनोंके रोदनसे पशु पक्षियोंको भी दुःखित देख कर कश्यपादिक मुनियों ने समझाकर उन्हें सावधान किया इसके उपरान्त नरवाहनदत्तने वह दिन वहीं व्यतीत करके दूसरे दिन अपने मामागोपालकसे कहा कि हेमामा आप चलकर हमारे ऐश्वर्य्यमें निवास करिये उसके वचन सुनकर गोपालकने कहा कि हेवत्स तुम्हारेदर्शनसेही मुझे सबसुखहोगया अब जो तुमको मुझपर कुछस्नेहहै तो यह जो वर्षाऋतु आगई है इसे इसी आश्रममें व्यतीतकरो गोपालकके यहवचनसुनकर नरवाहनदत्तने अपने परिकरसमेत वर्षाऋतुमें वहींरहना स्वीकारकिया १०६॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांसुरतमंजरीलम्बकेप्रथमस्तरङ्गः १॥

इसके उपरान्त असित पर्व्वतपर सभामें बैठेहुए नरवाहनदत्तसे सेनापतिने कहा कि हेस्वामी आजरात्रि को मैंने अपने महलपर से देखा कि एक दिव्यपुरुष एक सुन्दरस्त्री को हरेलिये चलाजाताथा और वहस्त्री हाय आर्यपुत्र हाय आर्यपुत्र यह कहके रोती चलीजातीथी उसके आर्त्तशब्दको सुनकर मैंने उसपुरुषसे कहा कि हे पापी तू पराई स्त्री को हरकर कहां लिये जाता है राजा नरवाहनदत्तके ६४ हजारयोजन राज्यमें पशु पक्षीभी पाप नहीं करते हैं तो अन्योंकी क्या गणनाहै यहकहके मैंनेदौड़कर उसे आकाश से उतारलिया और उतारकर जो मैंने देखा तो वह आपकी महाराणी मदनमंचुका का भाई इत्यकया जो मदनवेगसे कलिंगसेनामें उत्पन्नहुआ है मैंने उससे पूछा कि यह कौन स्त्रीहै और तुम कैसे इसको हरेलिये जाते हो मेरे वचन सुनके उसने कहा कि यह मतंगदेव विद्याधरकी सुरतमंजरीनाम पुत्रीहै इसकी माताने पहलेंही मुझे इसका वाक्दान करदियाथा फिर इसके पिताने इसका किसी मनुष्यके साथ विवाह करदिया इससे आजजो इसेपाकर मैं हरेलिये जाताहूं इस में मेरा कौन अपराधहै इत्यकके यह वचनसुनके मैंने उसस्त्रीसे पूछा कि हेआर्य्ये किसके साथ तुम्हारा विवाह हुआहै और यह किसप्रकार तुमको पकड़ लायाहै मेरे वचन सुनकर उसने कहा कि उज्जयिनी में पालकनामराजाहै उसके अवन्तिवर्धननाम पुत्रहै उसीके साथ मेरा विवाह हुआहै आज मेरे पतिके सो जानेपर यह पापी मुझे हरलायाहै उसके यह वचनसुनकर मैंने उन दोनोंको अपने यहां रखछोड़ाहै अब आप जैसा उचित समझिये वैसा कीजिये सेनापतिके यह वचन सुनकर नरवाहनदत्तने गोपालकसे यह सब वृत्तान्त कहा यह सुनकर गोपालकने कहा कि मेरे आगे पालकके पुत्रका विवाह नहीं हुआथा अब चाहे उसका विवाह होगयाहो उज्जयिनी से भरतरोहनाम मंत्री समेत उसे बुलाओ तो निश्चयहोजाय

मेरे पुत्रका चित्त जो उसपर चलायमानहुआ है इससे मालूमहोताहै कि वह यथार्थ में चांडाल कन्या नहीं है क्योंकि ऐसे कार्य्योंमें सज्जनलोगोंकी चित्तवृत्तिही प्रमाण होतीहै इस विषयपर में तुमको एककथा सुनाताहूं पूर्व्वसमयमें राजाप्रसेनजित् के सुप्रतिष्ठितनाम नगरमें कुरंगीनाम एक अत्यंत रूपवती राजपुत्री कन्या रहती थी एकसमय उपवनमें गईहुई उस कन्याको कहीं से आयेहुए एक मतवाले हाथी ने अपने दांतोंपर उठालिया इससे उसके सबसाथी हाय २ करके भगे इतनेमें एक चाण्डालके पुत्रने आकर खड्गके प्रहारसे हाथी की सूंड़ काटकर उस कन्याको बचालिया तब उसके सब साथी आकर उस कन्याको घरको लेगये घर में जाकर वह कन्या यह शोचनेलगी कि वह मेरी रक्षाकरनेवाला के तो मेरा पतिहोगा अथवा विरहक्लेशसे मेरा मृत्युकारीहोगा और उस चांडालके पुत्रने अपने घरमें जाकर उसी कुरंगीनाम कन्या का स्मरणकरके यह शोचा कि कहां तो मैं अन्त्यज और कहां वह राजकन्या कौएके साथ राजहंसी का समागम कैसे होसक्ताहै यह हास्यकारी अपने चित्तकी बात न किसी से कहसक्ताहूं और न छिपाही सक्ताहूं यह शोचकर उसने रात्रिके समय श्मशानमें जाकर चितालगाके अग्निबलाकर यहप्रार्थनाकी कि हेअग्निदेव में आपमें अपनेशरीरका हवनकरताहूं इससे दूसरेजन्ममें राजपुत्री कुरंगी मेरीस्त्रीहोय यह कहके जैसेही उसने चितामें कूदनाचाहा वैसेही अग्निदेवने प्रकटहोकरकहा कि हेपुत्र साहस मतकरो वह राजपुत्री तुम्हारी स्त्रीहोगी तुम चाण्डाल नहीं हो इसनगर में कपिलशर्मानाम एकब्राह्मण रहताहै उसके अग्निकुंड में मैं प्रत्यक्ष होकर सदैव रहताहूं एकसमय उसकी कन्याको देखकर रूपके लोभ से वरदानदेके उसके दोषको मिटाके उसके साथ मैंने रमण किया उसी समय मेरे अमोघ वीर्य से तुम उत्पन्नहुए तुम्हारी माताने लज्जासे तुमको लेके गलीमें फेंकदिया वहां से चांडालोंने लेजाकर तुमको पाला इसप्रकार तुम ब्राह्मणीके गर्भसे उत्पन्न मेरे पुत्रहो तुमको वह कुरंगी अवश्य मिलेगी यह कहके अग्निदेव अन्तर्द्धान होगये और वह चांडाल अपने घरको चलागया तदनन्तर स्वप्नमें अग्निदेवकी आज्ञापाके राजा प्रसेनजित् ने चांडाल के साथ कुरंगीका विवाह करदिया इसप्रकारसे हे रानी इस संसारमें बहुतसे दिव्यजीव छिपेहुए रहतेहैं इससे यह सुरतमंजरी भी कोई दिव्यस्त्रीहै राजाके यह वचन सुनकर मैंने कहा कि हे स्वामी आपका कथन बहुतठीकहै मैंभी इसी विषयपर आपको एक कथा सुनाताहूं राजगृहनाम नगरमें मलयसिंह नाम एक राजाथा उसके मायावती नाम अत्यन्त रूपवती एक कन्याथी एकसमय उस कन्याको उपवन में क्रीड़ा करतेदेखकर किसी धीवरकासुप्रहार नाम पुत्र काम के वशीभूत होगया और अपने घरमें जाकर मछलियों का पकड़ना आदि अपना कर्मछोड़कर शय्या परलेटके उसीका स्मरण करनेलगा और अपनी रक्षितिका नाम माताके पूछनेपर उसने अपना अभिप्राय कहदिया तब रक्षितिकाने कहा कि हेपुत्र तुम खेद न करो युक्तिपूर्व्वक मैं तुम्हारा मनोरथ सिद्ध करदूंगी अपनी माता के यह वचन सुनके उसने सावधान होकर भोजन किया और वह धीविनी बहुत उत्तम २ मछली लेकर राजपुत्री के यहां गई और राजपुत्री को मछलियों की भेंटदेकर चली आई इसप्रकार से वह प्रतिदिन मछलियां लेकर राजपुत्रीके यहां जातीरही एकदिन राजपुत्रीने बहुत

मारडाले तो मेरी क्या दशा होगी इसी शोचमें मैं रोतीहूं इसयुक्ति से हमारा तुम्हारा दोनों का कल्याण होगा राजाके यह वचन सुनके वह अपने पिताके पास जाकर जब वह जगा तो रोनेलगी और पूछने पर राजाका बतायाहुआ रोदनका कारण कहदिया तब उस दैत्यनेकहा कि मेरा सम्पूर्ण शरीर वज्रका है मुझे कौन मारसक्ताहै और जो मेरे बायेंहाथमें मर्म है वह धनुपसे बचारहताहै उसके यहवचन राजा ने एकान्तमें छिपकर सुनलिये और जब वह दैत्य स्नानकरके श्री शिवजीका पूजन मौनहोकर करने लगा तब राजाने उसके सन्मुखजाके कहा कि तुम मेरे साथ युद्धकरो तब उस दैत्यने दक्षिण हाथमें के पूजनमें व्यग्रहोने के कारण बायां हाथ उठाकर इशारे से कहा कि जरादेर ठहरजाओ राजाने उसी समय उसके मर्म में ऐसा बाणमारा कि वह पृथ्वी में गिरपड़ा और यह वचनबोला कि जिसने मुझप्यासे को माराहै वह जो प्रतिवर्ष मेरा तर्पण नहीं करेगा तो उसके पांच मन्त्री हर वर्ष मरजायंगे यह कहके उस दैत्यके मरजानेपर राजा चण्डमहासेनने अंगारवतीकोलेके उज्जयिनी में आकर विवाहकरके प्रति वर्ष अंगारकासुरका तर्पण किया इसी से यहां के सबलोग उस दिन उदकदाननाम महोत्सव करनेलगे आज वही दिनहै इससे आपको भी महोत्सव करना उचितहै प्रजाओं के यह वचन सुनकर राजा पालकने पुरीभर में जलदानोत्सव करनेकी आज्ञादेदी ६१ उस महोत्सव में सम्पूर्ण पुरवासियों के व्यग्र होनेपर अकस्मात् एक उन्मत्त हाथी जंजीरतोड़ाकर भागा उसके पकड़ने के लिये बहुतसे हाथीवान् तथा पुरवासी उसके पीछेदौड़े परन्तु कोई भी उसे न रोकसका क्रमसे दौड़ताहुआ वह हाथी चांडालों के मुहल्ले में पहुंचा वहां लोगोंकी दृष्टिको अतिआनन्द देनेवाली एक महासुन्दर चांडालकी कन्या ने अपने घरसे निकलकर अपने हाथसे उस हाथी को ठोंका इससे वहहाथी मोहितहोकर उसीकी ओर देखकर वहीं रुकगया तब वह कन्या उसके दांतों में डुपट्टाडालके झूलनेलगी उस चमत्कारको देखकर सम्पूर्ण पुरवासियों ने कहा कि यह कोई दिव्य कन्याहै जिसने अपने प्रभावसे पशुओंको भी वशकर लियाहै इतने में इस वृत्तान्तको सुनकर यह कुमार अवन्तिवर्द्धन भी वहां गया वहां इसका चित्तरूपी हरिण कामदेवरूपी बहेलिये के बन्धनरूपी उस कन्यासे बँधगया और वह कन्याभी इसे देखकर इसपर आसक्तहोके हाथी के दांतोंपरसे अपना डुपट्टा उतारकर अपने घर चलीगई तब हाथीवान् उस हाथी को गजशाला में लेगया और कुमार अवन्तिवर्द्धन भी अपने घरको चलाआया वहां इसने अपने मित्रोंसे पूछा कि तुम जानतेहो वह कन्या किसकी है उन्होंनेकहा कि उत्पलहस्तनाम चांडालकी वह सुरतमंजरीनाम कन्याहै उसका अत्यन्त मनोहररूप सज्जनों के दर्शनके योग्यहै परन्तु स्पर्शके योग्य नहीं है यह सुनकर अवन्तिवर्द्धनने उनसे कहा कि मैं जानताहूं वह कोई दिव्यस्त्री है चांडालकी कन्या नहीं है क्योंकि चांडालकी कन्याका ऐसा स्वरूपनहीं होसक्ता इससे जो वहकन्या मुझे न मिलेगी तो मेरा जीना व्यर्थ है अपने मित्रोंसे यह कहकर यह बहुत व्याकुलहुआ इसकी व्याकुलताको सुनकर रानी अवन्तिवती तथा राजा पालक दोनों बड़े सन्देहमें पड़े रानी अवन्तिवती ने कहा कि मेरा पुत्र राजवंशमें उत्पन्नहोकर चांडालकी कन्यापर क्यों आसक्तहुआहै यह सुनकर राजा पालकने कहा कि

मेरे पुत्रका चित्त जो उसपर चलायमान हुआ है इससे मालूम होता है कि वह यथार्थ में चांडाल कन्या नहीं है क्योंकि ऐसे कार्य्योंमें सज्जनलोगोंकी चित्तवृत्तिही प्रमाण होतीहै इस विषयपर मैं तुमको एककथा सुनाताहूं पूर्व्वसमयमें राजाप्रसेनजित्‌के सुप्रतिष्ठितनाम नगरमें कुरंगीनाम एकअत्यंत रूपवती राजपुत्री कन्या रहती थी एकसमय उपवनमें गईहुई उस कन्याको कहीं से आयेहुए एक मतवाले हाथी ने अपने दांतोंपर उठालिया इससे उसके सबसाथी हाय २ करके भगे इतनेमें एक चाण्डालके पुत्रने आकर खड्गके प्रहारसे हाथी की सूंड़ काटकर उस कन्याको बचालिया तब उसके सब साथी आकर उसकन्याको घरको लेगये घर में जाकर वह कन्या यह शोचनेलगी कि वह मेरी रक्षाकरनेवाला के तो मेरा पतिहोगा अथवा विरहक्लेशसे मेरा मृत्युकारीहोगा और उस चांडालके पुत्रने अपने घरमें जाकर उसी कुरंगीनाम कन्या का स्मरणकरके यह शोचा कि कहां तो मैं अन्त्यज और कहां वह राजकन्या कौएके साथ राजहंसी का समागम कैसे होसक्ताहै यह हास्यकारी अपने चित्तकी बात न किसी से कहसक्ताहूं और न छिपाही सक्ताहूं यह शोचकर उसने रात्रिके समय श्मशानमें जाकर चितालगाके अग्निबलाकर यहप्रार्थनाकी कि हेअग्निदेव मैं आपमें अपनेशरीरका हवनकरताहूं इससे दूसरेजन्ममें राजपुत्री कुरंगी मेरीस्त्रीहोय यह कहके जैसेही उसने चितामें कूदनाचाहा वैसेही अग्निदेवने प्रकटहोकरकहा कि हेपुत्र साहस मतकरो वह राजपुत्री तुम्हारी स्त्रीहोगी तुम चाण्डाल नहीं हो इसनगर में कपिलशर्मानाम एकब्राह्मण रहताहै उसके अग्निकुंड में मैं प्रत्यक्ष होकर सदैव रहताहूं एकसमय उसकी कन्याको देखकर रूपके लोभ से वरदानदेके उसके दोषको मिटाके उसके साथ मैंने रमण किया उसी समय मेरे अमोघ वीर्य से तुम उ- त्पन्नहुए तुम्हारी माताने लज्जासे तुमको लेके गलीमें फेंकदिया वहां से चांडालने लेजाकर तुमको पाला इसप्रकार तुम ब्राह्मणीके गर्भसे उत्पन्न मेरे पुत्रहो तुमको वह कुरंगी अवश्य मिलेगी यह कहके अग्निदेव अन्तर्द्धान होगये और वह चांडाल अपने घरको चलागया तदनन्तर स्वप्नमें अग्निदेवकी आज्ञापाके राजा प्रसेनजित्‌ ने चांडालके साथ कुरंगीका विवाह करदिया इसप्रकारसे हे रानी इस सं- सारमें बहुतसे दिव्यजीव छिपेहुए रहतेहैं इससे यह सुरतमंजरी भी कोई दिव्यस्त्रीहै राजाके यह वचन सुनकर मैंने कहा कि हे स्वामी आपका कथन बहुतठीकहै मैंभी इसी विषयपर आपको एक कथा सु- नाताहूं राजगृहनाम नगरमें मलयसिंह नाम एक राजाथा उसके मायावती नाम अत्यन्त रूपवती एक कन्याथी एकसमय उस कन्याको उपवन में क्रीड़ा करतेदेखकर किसी धीवरकासुप्रहार नाम पुत्र काम के वशीभूत होगया और अपने घरमें जाकर मछलियों का पकड़ना आदि अपना कर्मछोड़कर शय्या परलेटके उसीका स्मरण करनेलगा और अपनी रक्षितिका नाम माताके पूछनेपर उसने अपना अ- भिप्राय कहदिया तब रक्षितिकाने कहा कि हेपुत्र तुम खेद न करो युक्तिपूर्व्वक मैं तुम्हारा मनोरथ सिद्ध करदूंगी अपनी माता के यह वचन सुनके उसने सावधान होकर भोजन किया और वह धीवरीका बहुत उत्तम २ मछली लेकर राजपुत्री के यहां गई और राजपुत्री को मछलियों की भेटदेकर चली आई इसप्रकार से वह प्रतिदिन मछलियां लेकर राजपुत्रीके यहां जातीरही एकदिन राजपुत्रीने बहुत

प्रसन्न होकर उससे कहा कि बता तू क्या चाहती है तेरा दुष्कर कार्य्य भी मैं करूंगी यह सुनकर रक्षिति-काने एकान्त में जाकर उससे कहा कि मेरापुत्र उद्यानमें तुमको देखकर तुम्हारे ऊपर आसक्त होगया है और तुम्हारा स्मरण करके अत्यन्त व्याकुल पड़ा रहताहै मैंने तुम्हारे मिलनेकी उसे आशादी है इससे जो तुम मेरे ऊपर प्रसन्नहो तो उसका आलिंगन करके उसके प्राणोंकी रक्षाकरो उसके यह वचन सुनके राजपुत्री ने क्षणभर विचार करके कहा कि रात्रिके समय तुम छिपाकर अपने पुत्रको मेरे यहां लाना उसके वचन सुनके रक्षितिका बहुत प्रसन्नहोकर अपने घरको चलीगई और रात्रिके समय अपने सुप्रहार पुत्रको राजपुत्री के यहां लेगई वहाँ राजपुत्री ने हाथ पकड़कर उसे अपने पलंगपर बैठालिया और मधुर२ वचनकहके उसे सावधान किया राजपुत्री के हाथके स्पर्श से वह अत्यन्त प्रसन्नहोकर उसीसमय सोगया और उसे सोया देखकर वह राजपुत्री वहां से उठकर अन्तःस्थानमें जाकर सोगई क्षणभरके उप-रान्त सुप्रहार जगकर अपनी प्रिया राजपुत्रीको न देखकर अत्यन्त व्याकुलहोके मिलीहुई निधिके खो-जाने से दरिद्री के समान बहुत दुखितहोकर मरगया थोड़ेही कालकेपीछे राजकन्या वहां आके उसेमरा देखकर अपनी बहुत निन्दाकरके प्रातःकाल उसके साथ सती होनेको उद्यतहुई इसवृत्तान्तको सुनके राजामलयसिंहने वहांआकर अपनी कन्याको निवारण करनेमें असमर्थ होकरकहा कि जो मैं सत्य२ श्रीशिवजीका भक्तहूं तो इससमय मुझे जैसा करना उचितहोय वह लोकपाल बतावें राजाके इसप्रकार कहतेही यह आकाशवाणीहुई कि हे राजा यह तुम्हारी पुत्री इस सुप्रहारकी पूर्व जन्मकी स्त्रीहै नाक-स्थलनाम ग्राममें महीधर नाम ब्राह्मण के बलधरनाम एकपुत्रथा वह अपने पिताके मरजानेपर निर्द्धन होकर अपनी स्त्रीको साथलेके श्रीगंगाजी के तटपर निराहारहोकर प्राणदेनेको बैठा कुछ दिनों के उप-रान्त धीवरों को वहां मछलीखाते देखकर उसका भी चित्त मछली खानेकोहुआ इससे वह अपने चित्त में भ्रष्टहोकर दो तीनदिनके उपरान्त मरगया और उसकी शुद्ध स्त्रीभी उसीकेसाथ सतीहोगई चित्तके दोषसे वही ब्राह्मण धीवरके यहां यह उत्पन्न हुआ है और उसकी स्त्री तुम्हारी पुत्रीहुई है इससे इसको तुम्हारी पुत्री अपनी आधीआयु देकर जिलावे इसके पुण्यके प्रभावसे पवित्रहोकर यह आपका जा-माताहोकर राजा होजायगा इस आकाशवाणी को सुनकर राजाने अपनी पुत्री से आधीआयुर्दा के देनेका संकल्पकराके उस धीवरको जिलाकर उसीकेसाथ उसका विवाह करदिया और बहुत से गांव हाथी धनआदि पदार्थ देकर उसे अपने समान राजा बनालिया इसप्रकार से बहुधा मनुष्यों का प्राक्तन संस्कारसे स्नेहहुआ करताहै इसी विषयपर मैं आपको एक चोरकी कथा सुनाताहूं पूर्व्व समयमें अ-योध्यापुरीमें वीरबाहुनाम बड़ा धर्मात्मा राजाथा एकसमय पुरवासियों ने आकर उसराजासे यह प्रार्थना करी कि हे स्वामी इस नगरी में नित्य प्रति चोरलोग चोरियां करते हैं और हमलोग रात्रिभर जागते भी रहते हैं परन्तु वह लक्षित नहींहोते पुरवासियों के यहवचन सुनके राजाने बहुतसे गोयन्दोंको उनचोरों के नियत करदिया परन्तु उनको भी चोर नहीं मिले और उपद्रवभी शान्त न हुआ इससे वह चोरोंके ढूंढ़नेको रात्रिकेसमय खड्गलेकर निकला घूमते२ उसने परकोटेपर एकपुरुषको

बहुत धीरे २ चलते देखा वहपुरुष ऐसे धीरेन पैररखताया कि उसका शब्द नहीं सुनाईदेताथा और मुंह फेरफेरकर वह पीछेकी ओर देखता चलाजाताथा और नंगीतलवार बांधेहुएथा उसे देखकर यह जानकर कि यही चोर मेरी नगरीमें नित्यचोरी करताहै राजा उसकेपास गया उसने राजासेपूंछा कि तुम कौन हो राजाने कहा कि मैं तो चोरहूं तुम कौनहो यहसुनकर उसचोरने कहा कि मैं भी चोरहूं तुम मेरे यहां चलो तो मैं तुमको बहुतसा धनदूं उसके यह वचन सुनके राजा उसीके साथ वनमें एक गुफाके भीतर गया उसगुफाके भीतर उसचोरका बड़ा दिव्य गृहबनाथा वहां बाहरकी ओर राजाको बैठा कर वहघरके भीतर चलागया उससमय एकदासीने आकर राजासेकहा कि तुमइसकालकेमुखमें कैसे आगयेहो यह विश्वासघाती भीतरसे निकलकर तुमको मारडालेगा उसके वचन सुनकर राजाने शीघ्रही वहांसे अपनी पुरीमें आकर सेना साथ लेकर उसकी गुफाजाकर घेरली और योद्धाओंके द्वारा उसे पकड़वाकर उसे अपनी नगरी में लाके शूलीपर चढ़ाने की आज्ञादी राजाकी आज्ञासे घातकलोग उसे बाजारमें घुमाकर मारनेकेलिये लेचले मार्गमें उसे एक वामदत्ता नाम वैश्यपुत्री ने देखकर अपने पितासे कहा कि हे तात यह जो चोर शूलीपर चढ़ानेकेलिये जाताहै वह जो मेरापति न होगा तो मैं अपने प्राणदेदूंगी अपनी पुत्रीके यह हठपूर्व्वक वचन सुनकर उस वैश्यने राजाके यहां जाके करोड़ अशर्फी देकर उसे बचानाचाहा परन्तु राजाने उसके वचन न मानके क्रोधसे उसीसमय चोरको फांसीपर चढ़वादिया तब वह वामदत्ता श्मशानमें जाके उसचोरके शरीरको लेकर अग्निमें भस्महोगई इसप्रकारसे प्राक्तन जन्मके सम्बन्धसे जिसको जो होनेवालाहै उसे कोई रोक नहींसक्ताहै इससे यह सुरतमंजरीभी अवन्तिवर्धनकी अवश्य स्त्री होगी हे स्वामी आप सुरतमंजरी के पिता उत्पलहस्तके पास दूत भेजकर कन्या मांगिये देखिये वह क्या कहता है मेरे यह वचन सुनकर राजा पालकने उत्पलहस्तके पास कन्या मांगने के लिये दूत भेजा दूतके वचन सुनकर उत्पलहस्तने कहा कि मैं राजपुत्र को कन्या तो देना चाहताहूं परन्तु मेरी यहप्रतिज्ञा है कि जो इसपुरके रहनेवाले अठारह हजार ब्राह्मण मेरे घरपर खिलावे उसे यह सुरतमंजरी कन्यादूंगा उसके वचन सुनके दूतों ने राजा से आकर कहे इस बात को सकारण जान के राजाने ब्राह्मणों को बुलाकर उनसे कहा कि तुम सब अठारह हजार ब्राह्मण मिलकर उत्पलहस्त के यहां भोजन करो राजा पालक के यह वचन सुनकर और चांडालके यहां खाना अनुचित समझकर वह सब ब्राह्मण महाकाल जी के मंदिर में तप करनेलगे दो तीन दिन के पीछे श्री शिवजीने स्वप्नमें उनसे कहा कि हे ब्राह्मण लोगो तुम उत्पलहस्तके घरपर निस्सन्देह भोजनकरो यह चांडाल नहीं है किन्तु विद्याधरहै श्रीशिवजीकी आज्ञापाके ब्राह्मणों ने राजासे यह सब वृत्तान्त कहके कहा कि हे राजा यह उत्पलहस्त चांडालोंके मुहल्लेसे निकलकर अलग किसी गृहमेंरहै तो हम लोग उसके यहां भोजन करेंगे ब्राह्मणोंके वचन सुनकर राजाने अन्य स्थानमें उत्पलहस्तको एक स्थान दे दिया और वहीं रसोई करनेवालों को भेजकर ब्राह्मणोंके योग्य भोजन बनवा दिये तब उत्पलहस्त ने स्नान करके शुद्धवस्त्र पहनकर अठारहहजार ब्राह्मणोंको भोजनकराया और भोजनकरके उनके चले

प्रसन्न होकर उससे कहा कि बता तू क्या चाहती है तेरा दुष्कर कार्य्य भी मैं करदूंगी यह सुनकर रक्षिति कानें एकान्त में जाकर उससे कहा कि मेरापुत्र उद्यानमें तुमको देखकर तुम्हारे ऊपर आसक्त होगया और तुम्हारा स्मरण करके अत्यन्त व्याकुल पड़ा रहताहै मैंने तुम्हारे मिलनेकी उसे आशादी है इससे जो तुम मेरे ऊपर प्रसन्नहो तो उसका आलिंगन करके उसके प्राणोंकी रक्षाकरो उसके यह वचन सुनके राजपुत्री ने क्षणभर विचार करके कहा कि रात्रिके समय तुम छिपाकर अपने पुत्रको मेरे यहां लान उसके वचन सुनके रक्षितिका बहुत प्रसन्नहोकर अपने घरको चलीगई और रात्रिके समय अपने सुप्रहार पुत्रको राजपुत्री के यहां लेगई वहाँ राजपुत्री ने हाथ पकड़कर उसे अपने पलंगपर बैठालिया और मधुर२ वचनकहके उसे सावधान किया राजपुत्री के हाथके स्पर्श से वह अत्यन्त प्रसन्नहोकर उसीसमय सोगया और उसे सोया देखकर वह राजपुत्री वहां से उठकर अन्तःस्थानमें जाकर सोगई क्षणभरके उपरान्त सुप्रहार जगकर अपनी प्रिया राजपुत्रीको न देखकर अत्यन्त व्याकुलहोके मिलीहुई निधिके खोजाने से दरिद्री के समान बहुत दुःखितहोकर मरगया थोड़ेही कालकेपीछे राजकन्या वहां आके उसेमरा देखकर अपनी बहुत निन्दाकरके प्रातःकाल उसके साथ सती होनेको उद्यतहुई इसवृत्तान्तको सुनके राजामलयसिंहने वहांआकर अपनी कन्याको निवारण करनेमें असमर्थ होकरकहा कि जो मैं सत्य२ श्रीशिवजीका भक्तहूं तो इससमय मुझे जैसा करना उचितहोय वह लोकपाल बतावें राजाके इसप्रकार कहतेही यह आकाशवाणीहुई कि हे राजा यह तुम्हारी पुत्री इस सुप्रहारकी पूर्व जन्मकी स्त्रीहै नाकस्थलनाम ग्राममें महीधर नाम ब्राह्मण के बलधरनाम एकपुत्रथा वह अपने पिताके मरजानेपर निर्द्धन होकर अपनी स्त्रीको साथलेके श्रीगंगाजी के तटपर निराहारहोकर प्राणदेनेको बैठा कुछ दिनों के उपरान्त धीवरों को वहां मछलीखाते देखकर उसका भी चित्त मछली खानेकोहुआ इससे वह अपने चित्त में भ्रष्टहोकर दो तीनदिनके उपरान्त मरगया और उसकी शुद्ध स्त्रीभी उसीकेसाथ सतीहोगई चित्तके दोषसे वही ब्राह्मण धीवरके यहां यह उत्पन्न हुआ है और उसकी स्त्री तुम्हारी पुत्रीहुई है इससे इसको तुम्हारी पुत्री अपनी आधीआयु देकर जिलावे इसके पुण्यके प्रभावसे पवित्रहोकर यह आपका जामाताहोकर राजा होजायगा इस आकाशवाणी को सुनकर राजाने अपनी पुत्री से आधीआयुदान के देनेका संकल्पकराके उस धीवरको जिलाकर उसीकेसाथ उसका विवाह करदिया और बहुत से गांव हाथी धनआदि पदार्थ देकर उसे अपने समान राजा बनालिया इसप्रकार से बहुधा मनुष्यों का प्राक्तन संस्कारसे स्नेहहुआ करताहै इसी विषयपर मैं आपको एक चोरकी कथा सुनाताहूं पूर्व्व समयमें अयोध्यापुरीमें वीरबाहुनाम बड़ा धर्मात्मा राजाथा एकसमय पुरवासियों ने आकर उसराजासे यह प्रार्थना करी कि हे स्वामी इस नगरी में नित्य प्रति चोरलोग चोरियां करते हैं और हमलोग रात्रिभर जागते भी रहते हैं परन्तु वह लक्षित नहींहोते पुरवासियों के यहवचन सुनके राजाने बहुतसे गोयन्दोंको उनचोरों के ढूंढ़नेको नियत करदिया परन्तु उनको भी चोर नहीं मिले और उपद्रवभी शान्त न हुआ इससे वह राजा आपही चोरोंके ढूंढ़नेको रात्रिकेसमय खड्गलेकर निकला घूमते२ उसने परकोटेपर एकपुरुषको

राजा इसके एक अपराधको क्षमाकरो क्योंकि यह मदनवेग का पुत्र तुम्हारा सालाहै मुनियों के यह वचन सुनके नरवाहनदत्तने उसे बहुत धिक्कारी देकर छोड़दिया और मरतरोह तथा सुरतमंजरी सहित अवन्ति वर्धनको वायुपथ के द्वारा उज्जयिनी भिजवादिया २३४॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांसुरतमंजरीलम्बकेद्वितीयस्तरंगः २॥

इसप्रकार असित पर्वतपर इत्यकसे सुरतमंजरी को छुटवाकर सभामें बैठेहुए नरवाहनदत्त से क-श्यपऋषिने कहा कि हे राजा तुम्हारे समान चक्रवर्त्ती न हुआ है और न होगा क्योंकि ऐसा अधि-कार पाकरभी तुम्हारे चित्तमें पक्षपात नहीं है वह धन्य पुरुष हैं जो तुमको नित्य देखते हैं पूर्वसमयमें ऋषभकआदि बहुतसे चक्रवर्त्ती हुएहैं परन्तु उनमें बहुतरसे दोषथे इसीसे वह नष्टहोगये ऋषभक, सर्व-दमन, तथा बन्धुजीवक यहतीनों बड़े अभिमानी थे इसीसे इनको इन्द्रने मारडाला जीमूतवाहन भी जब चक्रवर्त्तीहुआथा तो उससे महर्षि नारदने पूंछा था कि तुम चक्रवर्त्ती कैसेहुए हो नारद के वचन सुनकर उसनेकहाथा कि मैंने कल्पवृक्षका दानकिया और अपने शरीरका परोपकारकेलिये त्यागकिया इसीसे चक्रवर्त्ती हुआहूं इसप्रकार अपने पुण्यके कहने से वह अपने चक्रवर्त्ती पदसे भ्रष्टहोगया और विश्वान्तरनाम जो चक्रवर्त्तीहुआ था उसके पुत्रको चेदिदेश के राजावसन्ततिलक ने अपनी स्त्री के भ्रष्ट करनेके अपराध से मारडाला उसी शोक से विश्वान्तर अधीर्य्य होके अपने पदसे भ्रष्टहुआ एक तारावलोक मनुष्य होकर भी पुण्यके प्रभाव से विद्याधरों का चक्रवर्त्ती होकर निर्दोषहोने के कारण बहुत दिनतक राज्यका भोग करके अन्त में वैराग्यसे राज्यको त्यागकर तपोवनको चलागया इसी प्रकार से प्रायः विद्याधर लोग अत्यन्त अभिमानी होकर कुमार्ग में चलनेलगतेहैं और इसीसे भ्रष्टहो जातेहैं इससे तुम सदैव सुमार्गमें चलना और संपूर्ण विद्याधरोंको अधर्मसे बचाना कश्यपमुनिके इन योग्य वचनों को सुनकर नरवाहनदत्तने उनसे पूंछा कि हे भगवन् तारावलोक किसप्रकार से मनुष्य होकर विद्याधरों का चक्रवर्त्ती हुआ था यह सुनके कश्यपजी ने कहा कि पूर्वसमय में इस पृथ्वी पर चन्द्रावलोकनाम एक राजाथा उसके चन्द्रलेखानाम बड़ी प्यारी स्त्री थी और कुवलयापीड़नाम एकबड़ा बलवान् हाथीथा उसहाथीके बलसे राजाचन्द्रावलोकको कोई शत्रु नहीं जीतसक्ताथा उसराजाके वृद्धा-वस्थामें रानी चन्द्रलेखामें तारावलोकनाम एकपुत्रहुआ वह तारावलोक क्रमसे सब शास्त्रोंको पढ़कर युवाहुआ परन्तु उसके सब कार्य्य वृद्धोंकेसेथे वह सूर्य्यके समान अत्यन्त तेजस्वी था परन्तु अत्यन्त सौम्य मालूमहोताथा उसके शरीर भरमें चक्रवर्त्तियों के लक्षण थे राजा चन्द्रावलोक ने अपने पुत्रको सम्पूर्ण गुणोंसेयुक्त देखकर मद्रदेशके राजाकी मादीनाम कन्यासे उसका विवाहकरके युवराज पदवी उसे देदी युवराजपदवी पाकर तारावलोकने बहुतसे सदावर्त्त खोलदिये और यह नियम किया कि मुझ से जो कोई जौनसा पदार्थ मांगेगा मैं उसे वही दूंगा कुछ दिनों के उपरान्त तारावलोकके माद्रीरानी में दो पुत्र उत्पन्नहुए उनकानाम उसने राम लक्ष्मण रक्खा एकसमय तारावलोक के शत्रु किसी राजाने अपने ब्राह्मणोंसे कहा कि तुम जाकर तारावलोकसे कुवलयापीड़ हाथी मांगो जो वह तुम्हें कुवलया-

जानेके उपरान्त राज सभामें आके प्रणामपूर्व्वक राजा पालकसे आकरकहा कि हे राजा विद्याधरोंके स्वामी गौरिमुण्ड नाम विद्याधरका मैं आज्ञावर्त्तीथा मतंगदेव मेरा नामहै जब मेरे यह सुरतमञ्जरीकन्या उत्पन्नहुई तो गौरिमुण्डने एकान्त में मुझसे कहा कि राजा उदयन के जो यह नरवाहनदत्त नाम पुत्र हुआ है उसे देवतालोग हम लोगों का भावी चक्रवर्त्ती बताते हैं इससे तुम जाकर पहले ही अपनी मायासे उसे मारडालो जिससे वह बचनेही न पावे गौरिमुण्डके यह वचनसुनके मैं आकाशमार्ग से नरवाहनदत्तके मारनेको चला मार्ग में मुझे श्री शिवजी मिलगये उन्हों ने क्रोधकरके मुझे यह शाप दिया कि हे पापी तू निरपराधी महात्माके साथ पाप करना चाहताहै इससे तू अपनी स्त्री तथा पुत्री समेत इसी शरीरसे उज्जयिनी में जाकर चांडालहोजा जब कोई तेरीकन्या के निमित्त तेरे स्थानपर अठारह हजार ब्राह्मणोंको भोजन करावेगा तब तू इस शापसे छूटेगा और उसी को तू अपनी कन्या देदेना यह कहकर श्री शिवजीके अन्तर्द्धान होजानेपर मैं इस पुरी में अपनीस्त्री तथा पुत्री समेत आकर उत्पलहस्तनाम चाण्डाल होकररहा इससमय आपके पुत्रकी कृपासे मेराशाप छूटगया इससे मैंने अपनी यह सुरतमंजरी कन्या उसेदेदी अब मैं अपने चक्रवर्त्ती नरवाहनदत्तकी सेवाके निमित्त अपने स्थानको जाताहूं यह कहके वह कन्या देकर अपनी स्त्री समेत आकाशमें उड़कर आपकेपास चला आया तब राजा पालकने सब तत्त्वकोजानके अति प्रसन्नहोकर सुरतमंजरी के साथ इस अवन्तिवर्द्धन का विवाह किया और यहभी विद्याधरी स्त्रीको पाकर बहुत प्रसन्नहुआ एकदिन यह महलपर अपनी प्रियासमेत सोया और थोड़ेही कालके पीछे उठकर इसने अपनी प्रियाको न देखा उससमय सुरतमंजरी को ढूंढ़के उसे न पाकर यह ऐसा व्याकुलहुआ जिससे राजा पालकभी इसकी विकलताको देखकर अत्यन्त व्याकुलहोगया तब हम लोगोंने कहा कि इसपुरीकी ऐसी रक्षाकीजातीहै जिससे रात्रिमें कोई भी अपरिचित यहां नहींआसक्ता इससे मालूमहोताहै कि कोईपापी आकाशचारी सुरतमंजरीको हरले गयाहै हम लोगोंके इस प्रकार कहतेही आपका भेजाहुआ धूमशिखनाम विद्याधर जाकर राजापालक से सब वृत्तान्त कहकर मुझसमेत कुमार अवन्तिवर्द्धन को आपके पासलेआया यहां सुरतमंजरी तथा उसका पिता मतंगदेवभी स्थित है और सब वृत्तान्त भी आपने सुन लिया अब जैसा उचित जानिये सो कीजिये इसप्रकार कहके भरतरोहके निवृत्त होजानेपर सभासदों ने नरवाहनदत्त के आगे मतंगदेवसे पूछा कि तुमने सुरतमंजरी किसको दीथी यह सुनकर मतंगदेवने कहा कि मैंने अवन्तिवर्धनको दीथी उसके वचन सुनके सभासदोंने इत्यकसे पूछा कि तुम इसको एकान्तमें पाकर क्यों उठाये लिये जातेथे यह सुनकर इत्यकने कहा कि इसकी माताने पहलेही इसको विवाह मेरे साथ करने को कहाथा इसीसे मैं इसे अकेले में पाकरलिये जाताथा उसके वचन सुनके सभासदों ने कहा कि जिसका पिता जीताहोय उसकी माताको कन्याके देनेका कुछ अधिकार नहीं है और इस बातका भी तुम्हारेपास कोई साक्षी नहीं है कि इसकी माताने तुम्हें इसे देनेकहा था इससे तुम इसपरस्त्रीकेहरने के अपराधी हो सभासदों के यहवचन सुनकर नरवाहनदत्तने उसके वधकी आज्ञादेदी तब कश्यपादिक मुनियोंनेकहा कि हे

राजा इसके एक अपराधको क्षमाकरो क्योंकि यह मदनवेग का पुत्र तुम्हारा सालाहै मुनियों के यह वचन सुनके नरवाहनदत्तने उसे बहुत धिक्कारी देकर छोड़दिया और भरतरोह तथा सुरतमंजरी सहित अवन्ति वर्धनको वायुपथ के द्वारा उज्जयिनी भिजवादिया २३४॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांसुरतमंजरीलम्बकेद्वितीयस्तरंगः २॥

इसप्रकार असित पर्व्वतपर इत्यकसे सुरतमंजरी को छुटवाकर सभामें बैठेहुए नरवाहनदत्त से कश्यपऋषिने कहा कि हे राजा तुम्हारे समान चक्रवर्त्ती न हुआ है और न होगा क्योंकि ऐसा अधिकार पाकरभी तुम्हारे चित्तमें पक्षपात नहीं है वह धन्य पुरुष हैं जो तुमको नित्य देखते हैं पूर्व्वसमयमें ऋषभकआदि बहुतसे चक्रवर्त्ती हुएहैं परन्तु उनमें बहुत२से दोषथे इसीसे वह नष्टहोगये ऋषभक, सर्वदमन, तथा बन्धुजीवक यहतीनों बड़े अभिमानी थे इसीसे इनको इन्द्रने मारडाला जीमूतवाहन भी जब चक्रवर्त्तीहुआथा तो उससे महर्षि नारदने पूंछा था कि तुम चक्रवर्त्ती कैसेहुए हो नारद के वचन सुनकर उसनेकहा था कि मैंने कल्पवृक्षका दानकिया और अपने शरीरका परोपकारकेलिये त्यागकिया इसीसे चक्रवर्त्ती हुआहूं इसप्रकार अपने पुण्यके कहने से वह अपने चक्रवर्त्ती पदसे भ्रष्टहोगया और विश्वान्तरनाम जो चक्रवर्त्तीहुआ था उसके पुत्रको चेदिदेश के राजावसन्ततिलक ने अपनी स्त्री के भ्रष्टकरनेके अपराध से मारडाला उसी शोक से विश्वान्तर अधीर्य्य होके अपने पदसे भ्रष्टहुआ एक तारावलोक मनुष्य होकर भी पुण्यके प्रभाव से विद्याधरों का चक्रवर्त्ती होकर निर्दोषहोने के कारण बहुत दिनतक राज्यका भोग करके अन्त में वैराग्यसे राज्यको त्यागकर तपोवनको चलागया इसी प्रकार से प्राय२ विद्याधर लोग अत्यन्त अभिमानी होकर कुमार्ग में चलनेलगतेहैं और इसीसे भ्रष्टहो जातेहैं इससे तुम सदैव सुमार्गमें चलना और संपूर्ण विद्याधरोंको अधर्मसे बचाना कश्यपमुनिके इन योग्य वचनों को सुनकर नरवाहनदत्तने उनसे पूंछा कि हे भगवन् तारावलोक किसप्रकार से मनुष्य होकर विद्याधरों का चक्रवर्त्ती हुआ था यह सुनके कश्यपजी ने कहा कि पूर्व्वसमय में इस पृथ्वी पर चन्द्रावलोकनाम एक राजाथा उसके चन्द्रलेखानाम बड़ी प्यारी स्त्री थी और कुवलयापीड़नाम एकबड़ा बलवान् हाथीथा उसहाथीके बलसे राजाचन्द्रावलोकको कोई शत्रु नहीं जीतसक्ताथा उसराजाके वृद्धावस्थामें रानी चन्द्रलेखामें तारावलोकनाम एकपुत्रहुआ वह तारावलोक क्रमसे सब शास्त्रोंको पढ़कर युवाहुआ परन्तु उसके सब कार्य्य वृद्धोंकेसेथे वह सूर्य्यके समान अत्यन्त तेजस्वी था परन्तु अत्यन्त सौम्य मालूमहोताथा उसके शरीर भरमें चक्रवर्त्तियों के लक्षण थे राजा चन्द्रावलोक ने अपने पुत्रको सम्पूर्ण गुणोंसेयुक्त देखकर मद्रदेशके राजाकी मादीनाम कन्यासे उसका विवाहकरके युवराज पदवी उसे देदी युवराजपदवी पाकर तारावलोकने बहुतसे सदावर्त्त खोलदिये और यह नियम किया कि मुझसे जो कोई जोनसा पदार्थ मांगेगा मैं उसे वही दूंगा कुछ दिनों के उपरान्त तारावलोकके माद्रीरानी में दो पुत्र उत्पन्नहुए उनकानाम उसने राम लक्ष्मण रक्खा एकसमय तारावलोक के शत्रु किसी राजाने अपने ब्राह्मणोंसे कहा कि तुम जाकर तारावलोकसे कुवलयापीड़ हाथी मांगो जो यह तुम्हें कुवलया-

पीड़ हाथी देदेगा तो मैं उसीके बलसे उसे जीतलूंगा और जो न देगा तो उसका मरा मरहोजावेगा अपने राजा के वचन सुनकर ब्राह्मणों ने आकर तारावलोकसे कुवलयापीड़ हाथी मांगा ब्राह्मणों के वचन सुनके तारावलोकने शोचा कि इनब्राह्मणोंको हाथीसे क्या प्रयोजनहै मैं जानताहूं कि किसीने इनको मांगनेके लिये भेजाहै अच्छा जो चाहै सो होय इनको हाथी अवश्य देदेना योग्यहै यह शोच कर उनब्राह्मणोंको उसने वहहाथी देदिया ब्राह्मणोंको हाथी लेजाते देखके पुरवासियोंने राजाचन्द्रावलोकसे जाकर कहा कि तुम्हारापुत्र राज्यको त्यागे देताहै क्योंकि उसने सम्पूर्णराज्यका मूलकारण कुवलयापीड़ हाथीही ब्राह्मणोंको देदिया इससे तुम इसपुत्रको वनभेजदो या ब्राह्मणों से उसहाथीको फेर लो तो हम अन्य कोई राजा बनालें पुरवासियोंके वचनसुनकर राजा चन्द्रावलोकने तारावलोकके पास यहीसंदेशा प्रतीहारके द्वारा भेजदिया प्रतीहार के वचनसुनकर तारावलोकनेकहा कि हाथी तो मैंने ब्राह्मणोंको देदिया और मेरे पास ऐसी कोईवस्तु नहीं है जो अदेयहोय ऐसे पराधीनराज्यको लेकर मैं क्या करूंगा और बिजलीके समान चंचल लक्ष्मीसे भी मुझे क्या प्रयोजनहै इससे मैं वनको चलाजाऊंगा मुझे जड़वृक्षोंमें रहना अच्छाहै परन्तु ऐसे पशुओंके समान मनुष्योंमें रहना उचित नहींहै यहकहकर वह अपनी स्त्री तथा पुत्रोंको साथ लेकर रोतेहुए ब्राह्मणोंको समझाकर अपने पुत्रोंके चढ़ानेके लिये केवल एकरथ लेकर वनको चला मार्ग में ब्राह्मणोंने उससे रथके घोड़े मांगे उन्हें वह घोड़े देकर आपही स्त्री समेत रथको घसीटताहुआ वनको चला कुछदूर जाकर एकब्राह्मणने उससे रथभी मांगा उसे वह रथभी देकर तारावलोक अपने पुत्र और स्त्री समेत किसीप्रकारसे तपोवन में पहुंचा वहां एकवृक्ष के नीचे कुटी बनाकर आनन्द से रहनेलगा वह तपोवन चंचलतारूपी चामरोंसे वृक्षों की छायारूपी छत्रोंसे शिलारूपी सिंहासनोंसे भ्रमरोंके गीतोंसे और अनेक प्रकारके फलोंसे उसदानवीरकी उनदिनों मानों बड़ीसेवाकरतारहा एकसमय फल पुष्प लेनेके निमित्त माद्रीकेवनान्तरमें जानेपर एकवृद्धब्राह्मण ने आकर तारावलोकसे वह दोनों राम लक्ष्मणनाम पुत्रमांगे ब्राह्मणकी याचनासुनकर तारावलोक ने शोचा कि इन बालकों के चलेजाने परमैं किसीप्रकारसे अपनासमय व्यतीत करलूंगा इससे इसब्राह्मण का मनोरथ भंग न करनाचाहिये ब्रह्मा मेरे धैर्यकी परीक्षाकररहाहै यहशोचकर उसने अपने दोनों पुत्र उसब्राह्मणको देदिये ब्राह्मणने उनबालकोंको लेकर उन्हें अपनेसाथमें न चलते देखकर उनके हाथबांध के उन्हें बहुत पीटा और उनरोतेहुए बालकों को वह निर्दय अपने साथलेकर कहीं चलागया अपने बालकों की यह दुर्दशा देखकर भी तारावलोक के चित्तमें ज़राखेद नहींहुआ तदनन्तर फल पुष्पले कर आईहुई माद्री अपने बालकों को न देखकर और उनके खिलौने बिखरे पड़े देखकर सन्देह युक्तहो कर अपने पतिसे बोली कि हाय वह मेरे पुत्र कहांगये उसके वचनसुनकर तारावलोकने धीरेसे उससे कहा कि मैंने एकदरिद्री याचकब्राह्मणको वह दोनों पुत्रदेदिये यहसुनकर वह मोहरहितहोकर बोली कि आपने बहुत अच्छा किया क्योंकि अर्थीका पराङ्मुखजाना अच्छा नहीं है उसके इसप्रकार क हनेपर उनदोनों के धैर्यसे त्रैलोक्य कांपउठा और इन्द्रकाआसन चलायमानहुआ तब इन्द्रने ब्राह्मण

का स्वरूप धारणकरके तारावलोकसे माद्रीको मांगा तारावलोक उसीसमय माद्रीका संकल्प करनेको उद्यतहोगया उसकी इस उदारताको देखकर ब्राह्मणरूप-इन्द्रने उससे पूछा कि हेराजर्षे तुम इसप्रकार के दानसे कौनसा फल चाहतेहो इन्द्रके यह वचनसुनकर तारावलोकने कहा कि मैं कोईभी फलनहीं चाहताहूं यही मेरी इच्छाहै कि जो ब्राह्मण मेरे प्राणभीमांगे तो मैं उसे वहभी देदूं उसके यहवचनसुनके इन्द्रअपना स्वरूपधारणकरके उससे बोले कि हेराजा तुमपरमैंप्रसन्नहूं इससेमैंकहताहूं कि अबतुम अपनी स्त्री किसीको न देना तुम थोड़ेही कालमें विद्याधरोंके चक्रवर्ती होजाओगे यहकहकर इन्द्र अन्तर्द्धान होगये इस बीचमें वह वृद्धब्राह्मण तारावलोकके राम लक्ष्मणनाम दोनों पुत्रोंको लेजाकर राजा चन्द्रावलोकके पुरमें बाजारमें खड़ाहोकर बेचनेलगा वहाँ पुरवासीलोग उनबालकोंको पहचानकर उसब्राह्मणको बालकों समेत राजा चन्द्रावलोकके पासलेगये राजा चन्द्रावलोक अपने पौत्रोंको देखकर उस ब्राह्मणसे सब वृत्तान्त पूछकर बहुतसाधन देके उस ब्राह्मण से अपने पौत्रोंको लेकर अपने सम्पूर्ण परिकर समेत तारावलोकके आश्रम को गया वहां तारावलोक अपने पिताको आते देखकर प्रणाम करके उसके चरणोंपर गिरा और चन्द्रावलोक उसे उठाकर हृदय से लगाके गोदी में बैठालकर उसपर अश्रुओं की वृष्टि करनेलगा तारावलोक ने अपने पुत्रोंको देखकर चन्द्रावलोक से पूछा कि आपके पास यह कहां से आये उसने कहा कि जिस ब्राह्मणको तुमने यह दियेथे उसीसे हमने मोललिये उन दोनोंके इसप्रकार वार्त्तालाप करतेही आकाशसे चारदांतका हाथी विद्याधरों की राज्य लक्ष्मी और बहुत से विद्याधरों के राजा आकाश से उतरे राज्य लक्ष्मीने तारावलोक से कहा कि हे राजा इसहाथी पर चढ़के विद्याधरों के लोकको चलो और वहां चलकर दानके प्रभावसे प्राप्तहुए विद्याधरों के चक्रवर्त्ती पदको स्वीकारकरो लक्ष्मीके यह वचनसुनकर तारावलोक अपने पिताको प्रणाम करके अपनी स्त्री तथा पुत्रों समेत हाथीपर बैठकर आकाश मार्गसे विद्याधरोंके स्थानको गया वहां बहुतकाल तक विद्याधरों के ऐश्वर्य्यको भोगकरके अन्तमें वैराग्ययुक्तहोकर तपोवन में चलागया इसप्रकार से तारावलोक पुण्यके प्रभावसे मनुष्यहोकर भी विद्याधरोंका चक्रवर्त्ती हुआ था और अन्यभी बहुतसे चक्रवर्त्तीहुएहैं परन्तु वह प्रमादसे अपने २ पदों से भ्रष्टहोगयेहैं इससे तुम ऐसायत्न सदैव करतेरहो जिससे तुम्हारी प्रजामें कोई भी अधर्म न करनेपावे और तुम भी कभी अधर्मकी ओर दृष्टि न करना कश्यप मुनि के यह वचनसुनकर नरवाहनदत्तने अपने सम्पूर्ण राज्यमें यह ढंढोरा पिटवादिया कि जो कोई विद्याधर मेरे राज्यमें धर्मसे प्रतिकूल कार्य्य करेगा उसका मैं अवश्य वधकरूंगा इसप्रकार ढंढोरा पिटवाकर नरवाहनदत्त वर्षाऋतुके व्यतीत करनेके निमित्त अपने मामाकेपास वहीं कश्यपमुनिके आश्रममें परिकर समेत सुख पूर्व्वक रहा ॥ १०० ॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांसुरतमंजरीलम्बकेतृतीयस्तरंगः ३ ॥

सुरतमंजरी नाम सोलहवां लम्बक समाप्तहुआ ॥

पीड़ हाथी देदेगा तो मैं उसीके बलसे उसे जीतलूंगा और जो न देगा तो उसका मरना कटहोजायगा अपने राजा के वचन सुनकर ब्राह्मणों ने आकर तारावलोकसे कुवलयापीड़ हाथी मांगा ब्राह्मणों के वचन सुनके तारावलोकने शोचा कि इनब्राह्मणोंको हाथीसे क्या प्रयोजनहै मैं जानताहूं कि किसीने इनको मांगनेके लिये भेजाहै अच्छा जो चाहै सो होय इनको हाथी अवश्य देदेना योग्यहै यह शोच कर उनब्राह्मणोंको उसने वहहाथी देदिया ब्राह्मणोंको हाथी लेजाते देखके पुरवासियोंने राजाचन्द्रावलो- कसे जाकर कहा कि तुम्हारापुत्र राज्यको त्यागे देताहै क्योंकि उसने सम्पूर्णराज्यका मूल कारण कुव- लयापीड़ हाथीही ब्राह्मणोंको देदिया इससे तुम इसपुत्रको वनभेजदो या ब्राह्मणों से उसहाथीको फेर लो तो हम अन्य कोई राजा बनालें पुरवासियोंके वचनसुनकर राजा चन्द्रावलोकने तारावलोकके पास यहीसंदेशा प्रतीहारके द्वारा भेजदिया प्रतीहार के वचनसुनकर तारावलोकनेकहा कि हाथी तो मैंने ब्रा- ह्मणोंको देदिया और मेरे पास ऐसी कोईवस्तु नहीं है जो अदेयहोय ऐसे पराधीनराज्यको लेकर मैं क्या करूंगा और बिजलीके समान चंचल लक्ष्मीसे भी मुझे क्या प्रयोजनहै इससे मैं वनको चलाजाऊंगा मुझे जड़वृक्षोंमें रहना अच्छाहै परन्तु ऐसे पशुओंके समान मनुष्योंमें रहना उचित नहींहै यहकहकर वह अपनी स्त्री तथा पुत्रोंको साथ लेकर रोतेहुए ब्राह्मणोंको समझाकर अपने पुत्रोंके चढ़ानेके लिये केवल एकरथ लेकर वनको चला मार्ग में ब्राह्मणोंने उससे रथके घोड़े मांगे उन्हें वह घोड़े देकर आ- पही स्त्री समेत रथको घसीटताहुआ वनको चला कुछदूर जाकर एकब्राह्मणने उससे रथभी मांगा उसे वह रथभी देकर तारावलोक अपने पुत्र और स्त्री समेत किसीप्रकारसे तपोवन में पहुंचा वहां एकवृक्ष के नीचे कुटी बनाकर आनन्द से रहनेलगा वह तपोवन चंचलतारूपी चामरोंसे वृक्षों की छायारूपी छत्रोंसे शिलारूपी सिंहासनोंसे भ्रमरोंके गीतोंसे और अनेक प्रकारके फलोंसे उसदानवीरकी उनदिनों मानों बड़ीसेवाकरतारहा एकसमय फल पुष्प लेनेके निमित्त माद्रीकेवनान्तरमें जानेपर एकवृद्ध ब्राह्मण ने आकर तारावलोकसे वह दोनों राम लक्ष्मणनाम पुत्रमांगे ब्राह्मणकी याचनासुनकर तारावलोक ने शोचा कि इन बालकों के चलेजाने परमैं किसीप्रकारसे अपनासमय व्यतीत करलूंगा इससे इसब्राह्मण का मनोरथ भंग न करनाचाहिये ब्रह्मा मेरे धैर्यकी परीक्षाकररहाहै यहशोचकर उसने अपने दोनोंपुत्र उसब्राह्मणको देदिये ब्राह्मणने उनबालकोंको लेकर उन्हें अपनेसाथमें न चलते देखकर उनके हाथबांध के उन्हें बहुत पीड़ा और उनरोतेहुए बालकों को वह निर्दय अपने साथलेकर कहीं चलागया अपने बालकों की यह दुर्दशा देखकर भी तारावलोक के चित्तमें ज़राखेद नहींहुआ तदनन्तर फल पुष्पले- करे आईहुई माद्री अपने बालकों को न देखकर और उनके खिलौनें बिखरे पड़े देखकर सन्देह युक्तहो- कर अपने पतिसे बोली कि हाय वह मेरे पुत्र कहांगये उसके वचनसुनकर तारावलोकने धीरसे उससे कहा कि मैंने एकदरिद्री याचक ब्राह्मणको वह दोनों पुत्रदेदिये यहसुनकर वह मोहरहितहोकर बोली कि आपने बहुत अच्छा किया क्योंकि अर्थीका पराङ्मुखजाना अच्छा नहीं है उसके इसप्रकार क- हनेपर उनदोनों के धैर्यसे त्रैलोक्य कांपउठा और इन्द्रकाआसन चलायमानहुआ तब इन्द्रने ब्राह्मण

वैसेही नगाड़ेका शब्द सुनाई दिया और चन्द्रकेतुका प्रतीहार मुक्ताफलकेतुके बुलानेके निमित्त वहीं आकर उससे बोला कि आपको इन्द्र तथा चन्द्रकेतु युद्धमें बुलारहे हैं आप इसी रथपरचढ़के चलिये उन के यह वचन सुनके वह उसरथपर चढ़केसम्पूर्ण देवताओं समेत चला और पद्मावती तड़ागमें स्नानकर-के उसके कल्याणके निमित्त श्रीपार्वतीजी का पूजन करनेलगी, उसमंदिरसे चलकर मुक्ताफलकेतु उस युद्धमें पहुँचा उसे देखकर सम्पूर्ण दैत्य क्रोधकरके उसीसे युद्ध करनेलगे तब उसने अपने बाणोंसे उन सबको मारकर हटादिया यह देखके विद्युध्वज क्रोधकरके उसी से युद्ध करनेलगा मुक्ताफलकेतुने उस पर बाणोंकी वृष्टिकी उस समय सम्पूर्ण देवता तथा दैत्यों का परस्पर घोर युद्ध होनेलगा हाथी घोड़े तथा बड़े २ वीर मर मरकर पृथ्वीमें गिरनेलगे रुधिर की नदियां बहनेलगीं और भूतों के साथ कबन्ध नाचनेलगे इसप्रकार से चौबीस दिन तक युद्ध रहा पच्चीसवें दिन दोनों सेनाओं के क्षीण होजाने पर मुक्ताफलकेतु के साथ विद्युध्वजका द्वन्द्व युद्ध होनेलगा उस समय अन्धकारास्त्र को सूर्यास्त्र से ग्रीष्मास्त्रको शिशिरास्त्रसे पर्व्वतास्त्रको वज्रास्त्रसे और नागास्त्रको गरुड़ास्त्रसे निवारणकरके मुक्ताफ-लकेतुने विद्युध्वजका रथ घोड़े तथा सारथियोंसमेत काटडाला इससे विद्युध्वज आकाशमें जाके अ-पनी मायाकरके अग्नि तथा शिलाओंकी वृष्टिकरनेलगा तब मुक्ताफलकेतुने अभिमंत्रणकरके ब्रह्मास्त्र चलाया इससे वह दुष्ट दैत्य निर्जीवहोकर गिरपड़ा और उसके सब सहायक भयभीतहोकर पातालको चलेगये और देवतालोग जयजय ध्वनिकरके पुष्पोंकी वृष्टिकरनेलगे तब इन्द्र मुक्ताफलकेतु को साथ लेकर स्वर्ग के भीतरगया उससमय इन्द्राणीको लेकर आयेहुए बृहस्पतिजी ने मुक्ताफलकेतुके शिर में महाउत्तम चूड़ामणि पहराई और इन्द्रने अपने गलेसे दिव्य हार उतारकर उसके गले में पहरादिया और प्रतीहार भेजकर विद्युध्वजका स्वर्ग से भी अधिक सुन्दरपुर अपने अधिकार में करलिया उसस-मय गन्धर्वराज पद्मशेखरने पद्मावती के विवाहकी इच्छासे ब्रह्माकी ओर देखा उसके अभिप्राय को जानके ब्रह्माने कहा अभी कुछ कार्य्य बाकी है इससे कुछ काल ठहरजाओ तदनन्तर रम्भाआदि के नृत्यों से वहां बड़ाउत्सवहुआ उसउत्सवको देखकर ब्रह्माजी के चलेजानेपर इन्द्रने सम्पूर्ण लोकपालों को बिदाकरके गन्धर्वराज पद्मशेखरको बड़े सत्कारपूर्व्वक गन्धर्वनगरके जानेकी आज्ञादी और चन्द्र-केतु तथा मुक्ताफलकेतुको अपनेही रथपर चढ़ाके बड़े आदरपूर्व्वक विद्याधरों के स्थानको भेजा विद्यु-ध्वजको मारकर अपने स्थानमें आके मुक्ताफलकेतुने बड़ा उत्सवकिया और उसके पिता चन्द्रकेतुने अपने पुत्रके विजयसे बहुत प्रसन्नहोकर अपने बन्धुजन तथा भृत्योंको बहुतसाधनदेकर अत्यन्त प्रसन्न किया दैत्यों के विजयकी कीर्त्तिको पाकरभी पद्मावती के बिना मुक्ताफलकेतुको अपने ऐश्वर्य में कुछ भी सुख नहींहुआ तब संयतकनाम मंत्रीके समझानेसे किसीप्रकार बहुदिन उसने व्यतीतकिया ६५॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांपद्मावतीलम्बकेतृतीयस्तरंगः ३॥

इसबीचमेंगन्धर्व राज पद्मशेखरने अपने पुरमें पहुँचकर अपनी स्त्रीके मुखसे अपनी कन्या को त-पकरनेको गई जानकर बुलवालिया और उसे प्रणाम करते देखकर यह आशीर्वाद दिया कि हे वत्से

वृत्तान्त सुनकर पीछे आताही होगा चन्द्रकेतुके वचन सुनकर इन्द्रने मुक्ताफलकेतुके बुलानेको वायुके रथलेकर भेजा और चन्द्रकेतुने उसी रथकेसाथ अपना प्रतीहारभी उसके बुलानेको भेजा इस अन्तर में मुक्ताफलकेतु अपने पिताको युद्धमें गया सुनकर हाथीपर चढ़के शिवजीके दिये हुए अपराजितनाम खड्गको लेकर उसीसमय चला विद्युध्वजके भयसे जो २ देवतालोग भागगये थे वह सब भी उसके साथ आगये उनसबके साथ चलते २ मार्ग में मुक्ताफलकेतुने मेघवन नाम पार्वतीजीका मंदिर देखा इस से हाथीपरसे उतरकर वह दिव्य पुष्पोंको लेकर पार्वतीजी का पूजन करनेलगा इसबीचमें गन्धर्वराज पद्म शेखरकी कन्या पद्मावती अपने पिता तथा पतिके कल्याणके निमित्त विमानपर चढ़कर उसी मंदिरमें पार्वतीजीका पूजन करनेको आई वहां उसकी एकसखी ने उससे पूछा कि हे पद्मावती तुम्हारे लिये अभी कोई वर तो निश्चय हुआ नहीं है और तुम्हारे पिताके लिये तुम्हारी माता तप कर रही हैं तो फिर तुम किसके लिये भगवतीका पूजन करने आईहो उसके वचन सुनकर पद्मावती ने कहा कि हे सखी कन्याओंका पिताही परम देवताहै और मेरे लिये वरभी निश्चित होचुका जो मुक्ताफलकेतु नाम विद्याधर श्रीशिवजीकी कृपासे विद्युध्वज के मारनेको उत्पन्न हुआहै वही मेरा पति होगा यह बात मैंने अपने पिताके मुखसे सुनी है वह मेरा वर संग्राममें जाचुका होगा या जायगा इससे मैं अपने पति और पिता के कल्याण के निमित्त श्रीपार्वती जीकी आराधना करूंगी उसके यह वचन सुनकर सखी ने कहा कि तुम्हारा यह कार्य्य बहुत योग्यहै परमेश्वर तुम्हारे इस कार्य्यको पूराकरे सखीके यहवचन सुनकर वह उस मंदिरके निकट एक सुन्दर तड़ागमें से पुष्प तोड़कर जैसेही स्नान करनेलगी वैसेही उसीमार्गसे आती हुई दो राक्षसी उसे वहां से उठालेगई इससे उसकी सब सखी बड़ा हाहाकार करके रोदन करनेलगीं इतने में मुक्ताफलकेतु भगवतीका पूजन करके मंदिरसे बाहर निकला और सखियोंका हाहाकार शब्द सुनके वहीं आया और आकाशमें पद्मावतीको लियेहुए राक्षसियोंको जाती देखकर आकाश में जाके राक्षसियोंको मारकर उसे छुड़ालाया और उसे देखकर क्षणभर कामदेवके वशीभूत होकर चित्र लिखासा होगया और पद्मावती भी चन्द्रमा और कामदेवको मानों एककरके बनागये मुक्ताफलकेतु को देखकर लज्जासे नीचेको मुखकरके अपनी सखीसे बोली कि परमेश्वर इस वीरका कल्याणकरे अबचलो यहां परपुरुषके पास बैठना उचित नहीं है तब मुक्ताफलकेतुने उसकी सखीसे पूछा कि यह क्या कहतीहै उस ने कहा कि यह आपको आशीर्वाद देके मुझसे कहती है कि इस परपुरुषके पाससे चलो यह सुनकर मुक्ताफलकेतुने उससे पूछा कि यह कौन है और किसके साथ इसका विवाह होनेवाला है यह सुनकर वह सखी बोली कि यह गन्धर्वराज पद्मशेखरकी पद्मावती नामकन्याहै इसका विवाह विद्युध्वजके मारने वाले विद्याधरोंके स्वामी मुक्ताफलकेतुके साथ होगा उसी की जयके निमित्त यह यहां भगवती के पूजन करनेको आई है यह सुनकर चन्द्रकेतुके साथियों ने पद्मावती से कहा कि हे सुन्दरी तुम्हारा वर यही मुक्ताफलकेतुहै उनके यहवचन सुनके पद्मावती बहुतप्रसन्नहुई और मुक्ताफलकेतुभी उसे पहचान कर आनन्दसे पूर्ण होगया इसप्रकार परस्पर पहचानकर जैसेही वहदोनों प्रेम सहित परस्पर देखनेलगे

रूपको वह कैसे छोड़ेगा और शिवजीके वचन कैसे मिथ्या होसक्केहें इससे सावधानहो थोड़ेहीकालमें वह तुमको मिलजायगा तुमको कोई दुर्लभ नहींहै किन्तु तुम्हीं सबको महादुर्लभहो मनोहारिका के वचन सुनकर पद्मावतीने कहा कि हेसखी यह मैं जानतीहूं परन्तु क्याकरूं मेरा चित्त उसकेबिना क्षण भर भी नहींमानता सन्तापसे मेरे सम्पूर्ण अंग भस्मसे होरहेहैं और प्राण बाहरको निकलसे रहेहैं यह कहके वह मोहितहोके मनोहारिकाकी गोदी में गिरपड़ी तब मनोहारिकाने जल छिड़ककर उसे सावधान किया और कोमल २ पत्ते उसके नीचे रखकर चन्दनकालेप उसके शरीरमें किया इससे और भी अधिक सन्तप्त होकर पद्मावतीने कहा कि हेसखी क्यों व्यर्थश्रम करतीहो इससे मेरीव्यथा दूरनहीं होसक्की जिससे शान्तिहोय सोकरो तब कल्याणहोय यह सुनकर मनोहारिकाने कहा कि हेसखी ऐसा कौन कार्य्य है जो मैं तुम्हारेलिये नहीं करूंगी यह सुनकर पद्मावतीने कहा कि तुम जाकर मेरेप्रियको यहां लेआओ इसके सिवाय कोई उपायनहीं है और जब वह यहां आवेगा तब मेरापिता शीघ्रही मेरा विवाह उसकेसाथ करदेगा उसके वचन सुनकर मनोहारिकाने कहा कि अच्छा तुम धैर्यकरो मैं विद्याधरोंके राजा चन्द्रकेतुके चन्द्रपुर नगरमें जाके तुम्हारे प्रियको लियेआतीहूं उसके यह वचन सुनके पद्मावतीने कुछ सावधान होकर कहा कि वहां जाकर तुम मेरे प्रियसे मेरीओरसे यह वचन कहना कि भगवतीके मंदिरमें राक्षसियोंसे मेरी रक्षाकरके अब इस हत्यारे कामदेवसे मेरीरक्षा आप क्योंनहीं करते आपसरीके महात्माओंको यह उचित नहीं है कि अपने आश्रित जनकी एकबार रक्षाकरके आपत्तिमें फिर उसकी रक्षा न करनी, इसके सिवाय जोतुम और कोई योग्यबात समझना सोकहना यह कहके पद्मावतीने उसे बिदाकिया तब वह अपनी सिद्धिके प्रभावसे पक्षियोंके वाहनपर चढ़के विद्याधरोंके पुरको गई ६८ मनोहारिकाके चलेजानेपर पद्मावती धैर्य्यधरके उस चित्रकोलेकर अपने पिताके घरमें जाके अपने निवासस्थान में सखियों के सन्मुख श्रीशिवजी का पूजनकरके हाथ जोड़करबोली कि हे देव देव शिवजी त्रैलोक्यमें आपकी कृपाके बिना किसीका कोई भी मनोरथ सिद्ध नहीं होताहै इससे कृपाकरके विद्याधरोंके चक्रवर्त्तीके पुत्रको मेरापति बनाइये नहीं तो मैं अपना शरीर आपकेआगे त्यागदूंगी उसके यह वचनसुनकर सखियोंने कहा कि हेसखी तुम ऐसा क्यों कहतीहो त्रैलोक्यमें ऐसी कौन वस्तुहै जो तुमको दुर्लभहोय बुद्ध भी जो तुम्हारे शरीरको देखें तो संयमको त्यागकरदें इससे वह बड़ा पुण्यात्माहै जिसकेलिये तुम प्रार्थना करतीहो सखियोंके वचनसुनकर उसनेकहा कि जिसने अकेलेही युद्ध में संपूर्ण दैत्योंकोमारा और जिसने राक्षसियोंसे मेरेप्राणबचाये उसकेलिये मैं प्रार्थना क्यों न करूं यहकहकर वह अपनी सखियों से उसीकी प्रशंसा करनेलगी इस बीचमें मनोहारिका विद्याधरों के चन्द्रपुर नाम नगरमें पहुँचकर राजमन्दिरमें मुक्ताफलकेतुको न देखके उपवनमें गई वहां पक्षीरूपी उपवनके रक्षकोंने मनुष्योंके समान प्रिय वचन कहके रत्नमय शिलापर बैठाकर उसका अतिथि सत्कारकिया उस सत्कार को ग्रहण करके विद्याधरों के ऐश्वर्य्य से बहुत आश्चर्य्यित होकर वह उसी उपवन में किसी कुंज के भीतर पुष्पोंकी शय्यापर लेटेहुए मुक्ताफलकेतुको देखकर यह यहां क्यों लेटाहै यह जाननेकेलिये वह

तुमने मेरे लिये बड़ा क्लेशकिया इससे विद्याधरोंका राजा विद्युध्वजका मारनेवाला विजयी मुक्ताफल-केतु शीघ्रही तुम्हारा पतिहोय पिताके इसआशीर्वादको सुनके वह नीचेको मुखकरके बैठगई और उसकी माता कुवलयावली ने चन्द्रकेतु से कहा कि हे आर्य्यपुत्र कैसे उसमहाभयंकर दैत्यको अत्यन्त कोमल अंगवाले राजपुत्रने शीघ्रही मारडाला यहसुनकर उसने देवता और असुरोंके युद्धका सम्पूर्ण वृत्तान्त उससे कहा तब पद्मावतीकी सखीने उनराक्षसियोंका भी सम्पूर्ण वृत्तान्त कहदिया यहसुनकर चन्द्रकेतुने कहा कि जिसने दैत्योंकी महासेना क्षणभरमें ही नष्टकरदी उसके आगे उन दो राक्षसियों की क्या गणनाहै अपने प्रियकी इसप्रकार प्रशंसा सुनकर कामाग्निसे बहुत पीड़ित होके पद्मावती वहां से अपने महलको चलीगई वहां भी अपने प्रियका स्मरण करके उसको महा संताप हुआ बहुत विकलहोके उसने अपने महलपरसे एक बड़ा सुन्दर उपवन देखकर विचार किया कि यह पुर बड़ाही उत्तमहै मेरे जन्म स्थान चन्द्रलोकसे भी इसमें अधिक शोभाहै देखो यहपुर नन्दन वनसे भी अधिक सुन्दर है इससे इसउपवनमें चलकर थोड़े काल अपनी विरहाग्नि को शान्तकरूं यहशोचकर वह अपने प्रभावसे पक्षियोंपर चढ़कर उसउपवनमें गई और वहां केलोंके पुंजमें पुष्प बिछाकर बैठी उसअत्यन्त शीतल स्थानमें भी उसकी व्यथाकम नहीं हुई किन्तु औरभी वृद्धिको प्राप्तहुई तब उसने अपनी सिद्धिके प्रभावसे वहां चित्र फलक (तसवीर लिखनेका कागज़) तथा रंगकी बत्तियां लेकर अपने चित्त के बहलानेके लिये मुक्ताफलकेतुकी तसवीर बनाई इतनेमें उसकी मनोहारिका नाम सखी उसे ढूंढ़तीहुई वहींआई और उसे देखके यह जाननेके लिये कि यहक्या कररही है छिपकर उसके पीछे खड़ीहुई उस समय पद्मावती ने उसचित्रको देखकर कहा कि दुर्जय दैत्यकोजीतकर तुमने इन्द्रकी रक्षाकी इससमय संभाषण मात्रसेही मेरी रक्षा क्यों नहीं करते मुझसरीखी अभागिनियों के लिये कल्पवृक्ष भी कृपणवृक्ष भी निर्दय और सुवर्ण भी पाषाण होजाताहै मैं जानती हूं कि तुम्हें कभी कामकी पीड़ा नहीं हुईहै इस से तुम मेरी व्यथाको नहीं जानते घोर दैत्योंके भी जीतनेवाले तुमको पुष्पों के बाणोंसे कामदेव कैसे पीड़ित करसक्ताहै यह कुटिल भाग्य अश्रुओंसे नेत्रोंको बन्दकरके चित्रमें भी आपके दर्शन नहीं करने देता यहकहकर वह रोनेलगी तब मनोहारिका उसके सम्मुख गई मनोहारिका को देखकर उसने वह चित्र छिपा लिया और कहा कि हे सखी तुम इतनी देरसे कहां थी यहसुनकर मनोहारिका बोली कि तुम्हीं को मैं ढूंढ़रही थी इसचित्रको तुम क्यों छिपाती हो मैंने इसे देखलिया और तुम्हारी सबबातें भी मैं ने सुनली हैं उसके यहवचन सुनकर पद्मावती ने वह चित्र निकाल कर कहा कि हे सखी तुमको तो सब विदितही है तुमसे क्या छिपाऊंगी तड़ागमें उस राजपुत्रने राक्षसीरूपी अग्निमेंसे निकालकर भी मुझे इस कामाग्निमें डालदिया है अब मैं क्या करूं कहां जाऊं क्या उपायकरूं उसके यह वचन सुनकर मनोहारिका ने कहा कि हे सखी उसपर तुम्हारा अनुराग करना उचितहीहै किंतु तुमको उसके विनाअधैर्य न करना चाहिये क्योंकि तुम्हारे विना उसको भी बड़ी विकलता होगी क्या तुमने उससमय उसका विकार नहींदेखाथा तुम्हारे स्वरूपको देखकर स्त्रियांभी चाहती हैं कि हम पुरुषहोजायँ ऐसेतुम्हारे

गुरुकी समाधिके देखनेके लिये भीतर गया वहां उसने अपनें गुरुको तो नहीं किन्तु मुक्ताफलकेतुको अपने मित्रसमेत देखकर क्रोधसे यह शापदिया कि हेमूर्ख तुमने मेरे गुरुको यहां से भगादियाहै इस अपराधसे तुम अपने मित्रसहित मनुष्य होजाओ यह शापदेकर वह अपने गुरुकेपास चलागया और मुक्ताफलकेतु उसशापको सुनकर अत्यन्त खेदको प्राप्तहोगया इतनेमें पद्मावतीभी मनोहारिकाके साथ वहां आई उस समय उसका दक्षिणनेत्र फड़कनेलगा इससे वह सन्देहयुक्त होकर और अपने प्रियको उदासीन देखकर यह शोचनेलगी कि क्या मेरे आनेमें देरहोगई इससे राजपुत्र उदासीन होगया उसे सन्देहयुक्त देखकर मुक्ताफलकेतु ने उससे कहा कि हेप्रिये तुम्हारा मनोरथ सिद्धहोकर भी भग्न होगया यह कहकर उसने शापका सब वृत्तान्त कहदिया तब पद्मावती उदासीन होकर उसे अपने साथमें ले कर उस ज्ञानी तपोधन मुनिकेपास शापका अन्त पूछनेकोगई परमज्ञानी तपोधन मुनिने उन सबको आकर प्रणाम करतेदेखकर मुक्ताफलकेतुसे कहा कि इस मूर्खशिष्यने आपको व्यर्थ शापदियाहै क्योंकि आपने मेरा कोई अपराध नहीं किया मैं अपनेआप समाधिसे उठबैठाहूं अच्छा यह तो तुम्हारे लिये होनाहीथा यह केवल हेतुमात्रहोगया क्योंकि मनुष्यशरीरमें तुमको अवश्य देवकार्य्य करनाहै मनुष्य योनिमें जब तुम कामसे पीड़ितहोकर इस पद्मावतीको देखोगे तब तुम शापसे छूटोगे और फिर यही शरीर पाकर इसकेसाथ विवाह करोगे तुमने ब्रह्मास्त्रका प्रयोगकरके बहुतसे बाल वृद्धदैत्य भी मारडाले हैं उसीअधर्मके लेशसे तुमको इतनाक्लेश सहना पड़ेगा मुनिके यह वचन सुनकर पद्मावती ने कहा हेभगवन् जो गति आर्य्यपुत्रकी होगी वही मेरी भी हो क्योंकि इनके विना मैं क्षणभर नहीं रहसक्ती यह सुनकर मुनि ने कहा कि ऐसा नहीं होसक्ता तुम यहीं तपकरो जिससे यह शीघ्रही शाप से छूट कर तुमको मिले और दशकल्प तक विद्याधरोंका राज्यकरे इसकी दीहुई चूड़ामणिके पहरनेसे तुमको तपमें क्लेश न होगा क्योंकि यह ब्रह्माके कमंडलसे पैदाहुई है इससे इसमें बड़ाप्रभावहै इसप्रकार कहते हुए उस मुनिसे मुक्ताफलकेतुने कहा कि हेभगवन् मनुष्ययोनिमें मुझको श्रीशिवजीके चरणोंमें बड़ी भक्तिहो और पद्मावतीके सिवाय अन्य किसी स्त्रीमें मेराचित्त चलायमान न होय मुनिने कहा ऐसाही होगा तब पद्मावतीने क्रोधकरके मुनिके शिष्यको यह शाप दिया कि तुमने अपनी मूर्खतासे आर्यपुत्र को शाप दियाहै इससे मनुष्ययोनिमें तुम इनके कामचारी वाहनहोगे पद्मावतीके शापको सुनकर वह मुनि अपने शिष्यसमेत अन्तर्द्धान होगये तब मुक्ताफलकेतुने पद्मावती से कहा कि मैं अपने पुरको जाता हूं देखूं वहां मेरी क्यादशा होती है यह सुनकर पद्मावती विरहसे व्याकुल होकर मूर्च्छितहोके पृथ्वी में गिरपड़ी तब उसे मूर्च्छासे जगाके और बहुत समझाके मुक्ताफलकेतु अपने मित्रसमेत वहां से चलागया और पद्मावती ने बहुत विलापकरके मनोहारिका से कहा कि हे सखी आज स्वप्नमें श्री पार्वतीजी ने मुझे दर्शन देकर कमलकी माला मेरेगले में पहरानी चाही परन्तु न जानें किसकारणसे माला न पहराकर मुझसे कहा कि मैं तुमको फिर माला पहराऊंगी इससे मैं जानती हूं कि पार्वतीजी ने प्रियके संगमका विघ्न मुझे इसप्रकारसे सूचन कियाहै उसके यहवचन सुनकर मनोहारिकाने कहा

वहीं छिपकर खड़ी होगई उस समय मुक्ताफलकेतुने अपने संयतक नाम मित्रसे कहा कि कामदेवने हिमचन्दन तथा मलयाचलकी वायुमें बहुतसे अंगार भरदिये हैं इससे तुम मेरे लिये व्यर्थ श्रम न करो अप्सराओंके मनोहर गीतोंको सुनकर भी मेरे चित्तको खेद होता है गन्धर्वराज पद्मशेखरकी पुत्री पद्मावतीके बिना मेरा यह कामज्वर नहीं शान्तहोगा और उसकी प्राप्तिका एकही उपायहै जहां पार्वतीजीके मंदिरमें मैंने उसे देखाहै वहां जाकर उसकी प्राप्तिकेलिये श्रीशिवजीकी आराधनाकरूं यह कहकर जैसेही उसने वहांसे उठना चाहा वैसेही मनोहारिका अपने चित्तमें प्रसन्न होकर उसके सन्मुख गई उसे देखकर संयतकने मुक्ताफलकेतुसे कहा कि हेमित्र तुम बड़े भाग्यवान्हो देखो तुम्हारी प्रियाकी सखी तुम्हारे पास आई इसको मैंने पार्वतीजीके मन्दिरमें तुम्हारी प्रियाकेपास देखाथा संयतकके यह वचन सुनकर मुक्ताफलकेतुने आनन्दमें मग्नहोकर मनोहारिकाको बैठालकर उससे अपनी प्रियाकी कुशल पूछी तब मनोहारिकाने कहा कि हे स्वामी आपके संयोगसे मेरी सखीको अवश्य कुशल होगा परन्तु इससमय वह दुखित है जबसे उसने आपको भगवतीके मन्दिरमें देखा है तबसे वह न किसी के वचन सुनती है और न कहती है अत्यन्त शीतल पुष्पोंकी शैयापर भी लेटकर बहुत संतप्त होती है यहकहकर मनोहारिकाने पद्मावतीका सबसंदेसा उससे कहदिया उस संदेसेको सुनकर मुक्ताफलकेतुने कहा कि तुम्हारे अमृतके समान वचनोंको सुनकर मेरा सब संताप दूरहोगया आज मेरे पूर्वकृत पुण्य सफल होगये जो पद्मावती भी मेरे ऊपर ऐसीकृपा करतीहै मैं तो किसीप्रकारसे विरहकी व्यथाको सहभीसक्ताहूं परन्तु वह अत्यन्त कोमलाङ्गी होनेके कारण नहीं सहसक्ती है इससे आज मैं उसी पार्वती जीके मंदिरमें आऊंगा तुम भी अपनी सखीको वहीं लिवालाना ब्रह्माजीने प्रसन्नहोके सर्वदुःखनाशक यह चूड़ामणि मुझको दीहै यह तुम जाकर मेरी प्रियाको देदेना और इन्द्रका दियाहुआ यह हार मैं तुमको पारितोषिक देताहूं यह कहके मुक्ताफलकेतुने चूड़ामणि तथा हार देकर उसे बिदाकिया तब वहां से चलकर पद्मावतीके निकट पहुँचकर मनोहारिकाने उसके प्रियका सब संदेसा उससे कहकर शिरमें वह चूड़ामणि पहरादी और अपनेको मिलाहुआ हारभी उसे दिखादिया तब पद्मावतीने बहुत प्रसन्न होकर मनोहारिकाको अपने हृदयमें लगाके पार्वतीजीके मंदिरको जानेके लिये तैयारीकरी इस बीच में भाग्यवशसे पार्वतीजीके उस मंदिरमें तपोधन नाम एक मुनि दृढ़व्रतनाम एक अपने शिष्यकेसाथ आये और उस शिष्यसे बोले कि मैं यहां समाधि लगाताहूं तुम इस उपवनके द्वारपर खड़ेरहो किसी को इसके भीतर आने मतदेना यह कहके अपने शिष्यको द्वारपर खड़ाकरके वह मुनि कुछकाल तक समाधि लगाकर अपने शिष्यसे विनाकहेही मठके भीतर जाके भगवती का पूजनकरनेलगे इतने में मुक्ताफलकेतु अपने मित्र संयतकके साथ वहां आया और जैसेही उपवनके भीतर जानेलगा वैसेही मुनिके शिष्यने कहा कि हमारेगुरु समाधिमें लगेहैं तुम भीतर मतजाओ उसके वचन सुनकर मुक्ताफलकेतु यह शोचके कि मुनि तो इसउपवनमें किसी एकस्थानमें बैठे होंगे कदाचित् मेरीप्रिया आकर न घबरा रहीहो मुनि शिष्यकी दृष्टिबचाकर उपवनके भीतर चलागया इतनेमें मुनिका शिष्य अपने

गुरुकी समाधिके देखनेके लिये भीतर गया वहां उसने अपनें गुरुको तो नहीं किन्तु मुक्ताफलकेतुको अपने मित्रसमेत देखकर क्रोधसे यह शापदिया कि हेमूर्ख तुमने मेरे गुरुको यहां से भगादियाहै इस अपराधसे तुम अपने मित्रसहित मनुष्य होजाओ यह शापदेकर वह अपने गुरुकेपास चलागया और मुक्ताफलकेतु उसशापको सुनकर अत्यन्त खेदको प्राप्तहोगया इतनेमें पद्मावतीभी मनोहारिकाके साथ वहां आई उस समय उसका दक्षिणनेत्र फड़कनेलगा इससे वह सन्देहयुक्त होकर और अपने प्रियको उदासीन देखकर यह शोचनेलगी कि क्या मेरे आनेमें देरहोगई इससे राजपुत्र उदासीन होगया उसे सन्देहयुक्त देखकर मुक्ताफलकेतु ने उससे कहा कि हेप्रिये तुम्हारा मनोरथ सिद्धहोकर भी भग्न होगया यह कहकर उसने शापका सब वृत्तान्त कहदिया तब पद्मावती उदासीन होकर उसे अपने साथमें लेकर उस ज्ञानी तपोधन मुनिकेपास शापका अन्त पूछनेकोगई परमज्ञानी तपोधन मुनिने उन सबको आकर प्रणाम करतेदेखकर मुक्ताफलकेतुसे कहा कि इस मूर्खशिष्यने आपको व्यर्थ शापदियाहै क्योंकि आपने मेरा कोई अपराध नहीं किया मैं अपनेआप समाधिसे उठबैठाहूं अच्छा यह तो तुम्हारे लिये होनाहीथा यह केवल हेतुमात्रहोगया क्योंकि मनुष्यशरीरमें तुमको अवश्य देवकार्य्य करनाहै मनुष्य योनिमें जब तुम कामसे पीड़ितहोकर इस पद्मावतीको देखोगे तब तुम शापसे छूटोगे और फिर यही शरीर पाकर इसकेसाथ विवाह करोगे तुमने ब्रह्मास्त्रका प्रयोगकरके बहुतसे बाल वृद्धदैत्य भी मारडाले हैं उसीअधर्मके लेशसे तुमको इतनाक्लेश सहना पड़ेगा मुनिके यह वचन सुनकर पद्मावती ने कहा हेभगवन् जो गति आर्य्यपुत्रकी होगी वही मेरी भी हो क्योंकि इनके विना मैं क्षणभर नहीं रहसक्ती यह सुनकर मुनि ने कहा कि ऐसा नहीं होसक्ता तुम यहीं तपकरो जिससे यह शीघ्रही शाप से छूटकर तुमको मिले और दशकल्प तक विद्याधरोंका राज्यकरे इसकी दीहुई चूड़ामणिके पहरनेसे तुमको तपमें क्लेश न होगा क्योंकि यह ब्रह्माके कमंडलसे पैदाहुई है इससे इसमें बड़ाप्रभावहै इसप्रकार कहते हुए उस मुनिसे मुक्ताफलकेतुने कहा कि हेभगवन् मनुष्ययोनिमें मुझको श्रीशिवजीके चरणोंमें बड़ी भक्तिहो और पद्मावतीके सिवाय अन्य किसीस्त्रीमें मेराचित्त चलायमान न होय मुनिने कहा ऐसाही होगा तब पद्मावतीने क्रोधकरके मुनिके शिष्यको यह शाप दिया कि तुमने अपनी मूर्खतासे आर्यपुत्र को शाप दियाहै इससे मनुष्ययोनिमें तुम इनके कामचारी वाहनहोगे पद्मावतीके शापको सुनकर वह मुनि अपने शिष्यसमेत अन्तर्द्धान होगये तब मुक्ताफलकेतुने पद्मावती से कहा कि मैं अपने पुरको जाता हूं देखूं वहां मेरी क्यादशा होती है यह सुनकर पद्मावती विरहसे व्याकुल होकर मूर्च्छितहोके पृथ्वी में गिरपड़ी तब उसे मूर्च्छासे जगाके और बहुत समझाके मुक्ताफलकेतु अपने मित्रसमेत वहां से चलागया और पद्मावती ने बहुत विलापकरके मनोहारिका से कहा कि हे सखी आज स्वप्नमें श्री पार्वतीजीने मुझे दर्शन देकर कमलकी माला मेरेगले में पहरानी चाही परन्तु न जानें किसकारणसे माला न पहराकर मुझसे कहा कि मैं तुमको फिर माला पहराऊंगी इससे मैं जानती हूं कि पार्वतीजी ने प्रियके संगमका विघ्न मुझे इसप्रकारसे सूचन कियाहै उसके यहवचन सुनकर मनोहारिकाने कहा

कि भगवती ने तुमको सावधान करने के लिये यहस्वप्न दिखाया है और मुनिने भी ऐसाही कहा है और अन्य देवताओं की भी यही आज्ञाहै इससे धैर्य्यधरो थोड़ेही कालमें तुम्हारा प्रिय तुमको मिलेगा सखीके वचन सुनकर पद्मावती धैर्य्य धारण करके त्रिकाल शिवपूजन करतीहुई वहीं तपकरनेलगी इससमाचारको सुनकर वहाँ आकर तपसे निषेधकरतेहुए अपने माता पितासे उसने कहा कि जो मेरे पतिको शापका अत्यन्त दुःखमिलाहै तो मैं सुखपूर्व्वक कैसेरहूं क्योंकि पतिव्रता स्त्रियोंका पतिही परम देवहै तपसे पापके क्षीणहोजानेपर और श्री शिवजी के प्रसन्नहोजानेपर थोड़ेही कालमें मेरा प्रिय मुझको मिलजायगा क्योंकि तपसे कोई वस्तु असाध्य नहीं है पद्मावतीके यह निश्चित वचन सुनकर उसकी माता कुवलयावली ने अपने पति से कहा कि हे स्वामी इसको तपकरनेदो निषेध मतकरो क्योंकिऐसाही होनेवालाहै इसका जो कारणहै वह मैं आपसे कहतीहूं आप सुनिये कि पूर्व्वसमय शिवपुरमें सिद्धोंके स्वामीकी देवप्रभा नाम कन्या अभीष्ट पति मिलने के लिये घोर तपकररहीथी उसे देखकर पद्मावतीने हँसकर उससे कहाथा कि तुम पतिके लिये तपकरने में क्यों नहीं लज्जितहोतीहो इसके यह वचन सुनकर उसने इसे यह शापदियाथा कि हे मूर्खे तू बालकपनसे मुझे अभी हँसती है तुझको भी पतिके लिये इसीप्रकार तप करनापड़ैगा उसी शापके प्रभावसे इसको यह क्लेश भोगनापड़ा है इससे आप इसको तप करनेदीजिये कुवलयावली के यह वचनसुनकर गन्धर्वराज उसकेसाथ अपनी पुरीको चला गया और पद्मावती नित्य आकाशमार्ग से जाकर श्री सिद्धीश्वरका पूजनकरके पार्वती जी के उसी आश्रममें रहनेलगी ॥ १८२ ॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांपद्मावतीलम्बकेचतुर्थस्तरंगः ४ ॥

इसप्रकारसे पद्मावती तो दृढ़चित्त होकर तप करनेलगी और मुक्ताफलकेतु अपने नगर में आकर शापके भयसे श्री शिवजी के मन्दिरमें जाके भक्तिपूर्व्वक श्री शिवजी का पूजन करनेलगा उससमय उस मन्दिरसे यह वचन सुनाईदिया कि हे पुत्र डरोमत तुमको गर्भ के वासका क्लेश नहींहोगा मनुष्य योनिमें भी तुमको बहुतसे दुःख नहीं भोगनेपड़ेंगे और तुम महाबलवान् राजपुत्रहोगे तपोधन नाम मुनिसे तुमको सम्पूर्ण अस्त्रशस्त्र प्राप्तहोंगे और मेरा किंकर नाम गण तुम्हारा छोटा भाईहोगा उसकी सहायतासे तुम सम्पूर्ण शत्रुओंको जीतकर देवताओंका कार्य्यकरके फिर विद्याधर होजाओगे इस वचनको सुनकर मुक्ताफलकेतु धैर्य्यधरके शापके फलकी अपेक्षा करनेलगा उन्हीं दिनों में पूर्व्व दिशामें देवसभनाम एक नगरथा उसमें मेरुध्वजनाम महायशस्वी धर्मात्मा प्रतापी और परमदानी राजा था उस राजाके चित्तमें केवल दो बातोंकी चिन्ता रहती थी एक तो यह कि उसके कोई पुत्र न था और दूसरे देवताओं के युद्ध से भागेहुए दैत्य जो पातालमें रहते थे वह उसके तीर्थ तथा आश्रमों में आकर उनको भ्रष्टकरके चलेजाते थे और उपाय करनेपर भी राजाके बन्धनमें नहीं आते थे यही दो चिन्ता उसके हृदयमें रहतीथीं एकसमय चैत्रके शुक्लपक्षकी प्रतिपदाके दिन इन्द्रने उत्सव देखने के निमित्त अपना रथ भेजकर राजा मेरुध्वजको स्वर्ग में बुलवाया वहां दिव्य स्त्रियों के नृत्यको देखकर भी राजा

को अप्रसन्न देखकर इन्द्रने उसका अभिप्राय जानकर कहा कि हे राजा में तुम्हारे दुःखको जानता हूं यह दुःख तुम त्यागदो क्योंकि श्री शिवजी के अंशसे मुक्ताफलध्वजनाम और श्री शिवजी के गणका अवतार मलयध्वजनाम यह दो पुत्र तुम्हारे होंगे तपोधन नाम मुनिसे सम्पूर्ण विद्या कामचारीवाहन तथा सम्पूर्ण अस्त्रशस्त्र पाकर और फिर महापाशुपतनाम अस्त्रको भी प्राप्तकरके मुक्ताफलध्वज सम्पूर्ण दैत्योंको जीतकर पृथ्वी तथा पातालको अपने वशकरलेगा और तुम मुझसे कांचनगिरि तथा कांचनशेखरनाम दो हाथी और महाअस्त्रलो यह कहके इन्द्रने उसे दोनों हाथी तथा अस्त्र देकर पृथ्वीपर भेजदिया पृथ्वीपर आकर उन दिव्य हाथियोंपर चढ़के तपोधन मुनिके आश्रममें जाकर उसने यह प्रार्थनाकरी कि हे भगवन् पुत्रोंकी प्राप्तिके निमित्त मुझको कोई शीघ्र उपाय आप बतोइये उसके यह वचन सुनकर तपोधन मुनिने उसे श्री शिवजी के आराधन का व्रतबतलाया उस व्रतसे राजापर प्रसन्न हुए श्री शिवजी ने स्वप्नमें दर्शन देकर कहा कि हे राजा उठो सम्पूर्ण दैत्यों के नाशकरनेवाले दो पुत्र तुम्हारे क्रमसे उत्पन्नहोंगे शिवजी से यह वरपाके राजाने प्रातःकाल सोने से उठके मुनिसे सब वृत्तांत कहके व्रतका पारणकिया इसके कुछेकदिनके उपरान्त राजा मेरुध्वजकी रानीको रजोधर्महुआ उन्हीं दिनों मुक्ताफलकेतु अपने शरीरको त्यागकर उसके गर्भ में आकर प्राप्तहुआ और उसका वह मुख्य शरीर चन्द्रपुरमें विद्याके प्रभावसे ज्योंकात्योंही रक्खारहा और यहां देवसभनगर में राजा मेरुध्वज अपनी रानीको गर्भवती जानकर अत्यन्त प्रसन्नहुआ समय पाकर रानी ने अत्यन्त तेजस्वी पुत्रउत्पन्न किया इससे सम्पूर्ण नगरमें बड़ा महोत्सवहुआ और आकाशमें नगाड़ेबजे तपोबलसे पुत्रकी उत्पत्ति को जानकर तपोधन मुनि ने वहां आकर राजाके कहने से उस बालकका मुक्ताफलध्वज नाम रक्खा नामकरणकरके मुनिके चलेजानेपर एकवर्ष के उपरान्त राजा मेरुध्वजके उसी रानी में द्वितीय पुत्र उत्पन्नहुआ तपोधन मुनिने आकर प्रसन्नहोकर उसका मलयध्वज नाम रक्खा तदनन्तर संयंतक भी शापके प्रभाव से राजा मेरुध्वज के मन्त्री के यहां उत्पन्न हुआ उसका नाम मन्त्री ने महाबुद्धि रक्खा तदनन्तर आठवर्ष व्यतीत होनेपर तपोधन मुनिने आकर उन दोनों राजपुत्रोंका यज्ञोपवीत करके उन्हें सम्पूर्ण विद्या कला तथा महा अस्त्रोंकी शिक्षाकी बालकों को शिक्षित करके जब तपोधन मुनि अपने आश्रमको जानेलगे तब राजा मेरुध्वज ने उनसे कहा कि हे भगवन् आप अभीष्ट दक्षिणा मांगिये राजाके यह वचनसुनके तपोधन मुनिनेकहा कि हेराजा में यही दक्षिणा मांगताहूं कि तुम अपने पुत्रों समेत आकर यज्ञों में विघ्न करनेवाले दैत्यों को मारो मुनि के वचनसुनकर राजाने कहा कि आप अपने आश्रममें जाकर यज्ञका प्रारम्भ कीजिये जब दैत्य लोग विघ्न करनेआवेंगे तब में अपने पुत्रों समेत आकर उनका नाशकरूंगा पूर्वसमय में दैत्य लोग छलसे यज्ञमें विघ्नकरके आकाशमें उड़के समुद्रमें कूदकर पाताल में चलेजानेथे अब तो इन्द्र के दिये हुए आकाशगामी हाथी मेरे पासहैं इनसे उनको आकाशसे भी में पकड़लाऊंगा राजा के यह वचन सुनकर तपोधनने कहा कि अच्छा आप यज्ञकी सम्पूर्ण सामग्री मेरे आश्रममें भिजवाइये में आश्रममें जाके यज्ञका प्रारम्भकरके अपने इनदद

कि भगवती ने तुमको सावधान करने के लिये यहस्वप्न दिखाया है और मुनिने भी ऐसाही कहा है और अन्य देवताओं की भी यही आज्ञाहै इससे धैर्य्यधरो थोड़ेही कालमें तुम्हारा प्रिय तुमको मिलैगा सखीके वचन सुनकर पद्मावती धैर्य्य धारण करके त्रिकाल शिवपूजन करतीहुई वहीं तपकरनेलगी इससमाचारको सुनकर वहाँ आकर तपसे निषेधकरतेहुए अपने माता पितासे उसने कहा कि जो मेरे पतिको शापका अत्यन्त दुःखमिलाहै तो मैं सुखपूर्व्वक कैसेरहूं क्योंकि पतिव्रता स्त्रियोंका पतिही परम देवहै तपसे पापके क्षीणहोजानेपर और श्री शिवजी के प्रसन्नहोजानेपर थोड़ेही कालमें मेरा प्रिय मुझको मिलजायगा क्योंकि तपसे कोई वस्तु असाध्य नहीं है पद्मावतीके यह निश्चित वचन सुनकर उसकी माता कुवलयावली ने अपने पति से कहा कि हे स्वामी इसको तपकरनेदो निषेध मतकरो क्योंकिऐसाही होनेवालाहै इसका जो कारणहै वह मैं आपसे कहतीहूं आप सुनिये कि पूर्व्वसमय शिवपुरमें सिद्धोंके स्वामीकी देवप्रभा नाम कन्या अभीष्ट पति मिलने के लिये घोर तपकररहीथी उसे देखकर पद्मावतीने हँसकर उससे कहाथा कि तुम पतिके लिये तपकरने में क्यों नहीं लज्जितहोतीहो इसके यह वचन सुनकर उसने इसे यह शापदियाथा कि हे मूर्खे तू बालकपनसे मुझे अभी हँसती है तुझको भी पतिके लिये इसीप्रकार तप करनापड़ैगा उसी शापके प्रभावसे इसको यह क्लेश भोगनापड़ा है इससे आप इसको तप करनेदीजिये कुवलयावली के यह वचनसुनकर गन्धर्वराज उसकेसाथ अपनी पुरीको चला गया और पद्मावती नित्य आकाशमार्ग से जाकर श्री सिद्धीश्वरका पूजनकरके पार्वती जीके उसी आश्रममें रहनेलगी १८२॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांपद्मावतीलम्बकेचतुर्थस्तरंगः ४॥

इसप्रकारसे पद्मावती तो दृढ़चित्त होकर तप करनेलगी और मुक्ताफलकेतु अपने नगर में आकर शापके भयसे श्री शिवजी के मन्दिरमें जाके भक्तिपूर्व्वक श्री शिवजी का पूजन करनेलगा उससमय उस मन्दिरसे यह वचन सुनाईदिया कि हे पुत्र डरोमत तुमको गर्भ के वासका क्लेश नहींहोगा मनुष्य योनि में भी तुमको बहुतसे दुःख नहीं भोगनेपड़ेंगे और तुम महाबलवान् राजपुत्रहोगे तपोधन नाम मुनिसे तुमको सम्पूर्ण अस्त्रशस्त्र प्राप्तहोंगे और मेरा किंकर नाम गण तुम्हारा छोटा भाईहोगा उसकी सहायतासे तुम सम्पूर्ण शत्रुओंको जीतकर देवताओंका कार्य्यकरके फिर विद्याधर होजाओगे इस वचनको सुनकर मुक्ताफलकेतु धैर्य्यधरके शापके फलकी अपेक्षा करनेलगा उन्हीं दिनों में पूर्व्व दिशामें देवसभनाम एक नगरथा उसमें मेरुध्वजनाम महायशस्वी धर्मात्मा प्रतापी और परमदानी राजा था उस राजाके चित्तमें केवल दो बातोंकी चिन्ता रहती थी एक तो यह कि उसके कोई पुत्र न था और दूसरे देवताओं के युद्ध से भागेहुए दैत्य जो पातालमें रहते थे वह उसके तीर्थ तथा आश्रमों में आकर उनको भ्रष्टकरके चलेजाते थे और उपाय करनेपर भी राजाके बन्धनमें नहीं आते थे यही दो चिन्ता उसके हृदयमें रहतीथीं एकसमय चैत्रके शुक्लपक्षकी प्रतिपदाके दिन इन्द्रने उत्सव देखने के निमित्त अपना रथ भेजकर राजा मेरुध्वजको स्वर्ग में बुलवाया वहां दिव्य स्त्रियों के नृत्यको देखकर भी राजा

दुष्ट दैत्यों को न मारो इन्हीं के साथ रसातलमें चलना होगा इस दैत्यराज त्रैलोक्यमाली को कुटुम्ब सहितबांधकर दुष्ट सर्प दुष्टराक्षस तथा बड़े २ दैत्यों समेत श्वेत पर्वतकी गुहामें बन्दकरदो तपोधनके यह वचन सुनकर मेरुध्वजने दैत्योंसे कहा कि तुम लोग भयमतकरो अब हम तुमको नहीं मारेंगे परन्तु मुक्ताफलध्वजकी आज्ञा तुम लोगों को माननी होगी राजा के यह वचन उन सब दैत्यों ने प्रसन्नहोकर स्वीकार करलिये तब राजा मेरुध्वजने त्रैलोक्यमाली को बँधवाकर श्वेत पर्व्वतकी गुहा में बन्द करवादिया और बहुतसी सेना समेत अपने प्रधान मंत्रीको उसकी रक्षाके निमित्त नियत करदिया ६७ इसके उपरान्त युद्ध के निवृत्त होजानेपर मेरुध्वजने अपने दोनों पुत्रोंसे कहा कि मैं यहीं यज्ञकी रक्षा के निमित्त ठहरताहूं तुम दोनों अपनी सबसेना लेकर दैत्यों के साथ पातालमें जाके वहाँ के निवासियों को स्वस्थ करके उनपर अपना अधिकार जमाकर और अपने अधिकारी नियत करके यहाँ लौट आओ मेरुध्वजके यहवचन सुनकर मुक्ताफलध्वज तथा मलयध्वज दोनों भाई अपनी सम्पूर्ण सेना लेकर दैत्यों के साथ रसातलमें गये वहाँ सातों रसातलोंमें अपने नामका ढँढोरा पिटवाकर उनपर अपना अधिकार जमाकर कुछदिन वहाँ के उपवनों में विहार करतेरहे वहाँ बहुतसी अत्यन्त रूपवती दैत्यों की स्त्रियां उन्हों ने देखीं उनमें से दैत्यराज त्रैलोक्यमालीकी स्वयंप्रभानाम स्त्री और त्रैलोक्यप्रभा तथा त्रिभुवनप्रभानाम दोनों कन्या अपने पति तथा पिता के कल्याण के लिये तपकरतीथीं, उनको देखकर वह दोनों राजपुत्र सम्पूर्ण पाताल को स्वस्थ करके और संग्रामसिंहादिक अधिकारियों को वहाँ नियतकरके तपोधन मुनिके आश्रममें अपने पिताके पास चलेआये इतने में मुनिका यज्ञभी समाप्तहुआ इससे इन्द्रादिक देवता तथा सम्पूर्ण महर्षि अपने २ आश्रमको चले तब मेरुध्वजने इन्द्रसे कहा कि हे देवराज जो आप मुझपर प्रसन्नहैं तो मेरे नगरको चलकर पवित्रकरो उसके वचन सुनकर इन्द्र उसके साथ देवसभ नगरमें गया वहाँ राजा मेरुध्वजने इन्द्रका ऐसा सत्कार किया कि जिससे वह अपने स्वर्ग के सुखोंको भी भूलगया इससे इन्द्रने भी प्रसन्न होकर मेरुध्वजको मुक्ताफलध्वज तथा मलयध्वज समेत स्वर्गमें लेजाकर बड़ा सत्कार किया और कल्पवृक्षकी माला तथा दिव्य मुकुट पहराकर पृथ्वीपर भेजदिया तदनन्तर एकदिन मेरुध्वज ने मुक्ताफलध्वजसे कहा कि हे पुत्र तुमने सम्पूर्ण शत्रुजीते और तुम्हारी युवावस्था है और बहुतसी रूपवती राजकन्या मेरे वशमेंहैं इससे तुम अपना विवाहकरो अपने पिताके वचन सुनकर मुक्ताफलध्वजने कहा कि हे तात विवाहकरनेको मेरा चित्त नहीं चाहताहै मैं श्री शिवजी के प्रसन्न करने के लिये तपकरूंगा मलयध्वजको चाहिये कि अपना विवाहकरले मुक्ताफलध्वजके वचन सुनकर मलयध्वजने कहा कि हे आर्य तुम्हारे विवाह किये बिना मुझको विवाहकरना कैसे उचित है मैं तुम्हारा अनुचर हूं जो तुमकरोगे वही मैं करूंगा मलयध्वज के यहवचन सुनके मेरुध्वज ने मुक्ताफलध्वज से कहा कि तुम्हारा अनुज बहुत ठीक कहताहै परन्तु तुम उचित बात नहीं कहते हो क्योंकि यहकौनसा तपका समय है इससे इसदुराग्रहको त्यागकर अपना विवाहकरो पिताके यहवचन सुनकर भी मुक्ताफलध्वजने विवाहकरना नहीं स्वीकार किया इससे राजा

व्रतनाम शिष्यको आपके बुलाने के लिये भेजूंगा यह पक्षीरूपहोकर आपके पास आवेगा और मु-क्ताफलध्वजका कामचारी वाहनहोगा यह कहके वह मुनि अपने आश्रमको चलेगये और राजाने उन के साथही सम्पूर्ण यज्ञकी सामग्रीभेजदी यज्ञका प्रारम्भ होतेही पातालमें सम्पूर्ण दैत्यलोग महा कुपित हुए यह जानकर तपोधनने शापके प्रभावसे पक्षीहुए दृढ़व्रत नाम अपने शिष्यको राजाके बुलाने को भेजा उसेदेखकर मुनि के वचनका स्मरण करके अपने दोनों हाथियों को सजवाके एकपर आप तथा दूसरे हाथीपर अपने दूसरे पुत्रको चढ़ाकर और मुक्ताफलध्वजको उस पक्षीपर चढ़ाके राजा मेरु ध्वज मुनिके आश्रमको गया और पीछेसे सम्पूर्ण सेनाभी पृथ्वी के मार्ग से गई आश्रम में उनसबको आया देखके मुनिने प्रसन्नहोकर यह वरदिया कि तुमलोगोंके शरीरों में शस्त्रोंका वेधनहीं होगा इतनेमें दैत्योंकी सेनाभी यज्ञविध्वंस करनेको आगई उन्हें देखकर मेरुध्वजकी सेना उनदैत्योंसे युद्धकरनेलगी आकाशचारी दैत्यों से मनुष्यों को पीड़ित देखकर मुक्ताफलध्वजने अपने पक्षीरूप वाहनपर चढ़के आकाशमें जाकर अपने वाणोंकी वृष्टिसे दैत्योंके शरीर काटडाले उसे पक्षीपर चढ़ा देखके विष्णुभग-वान् जानकर सब दैत्योंने भागकर पातालमें जाकर त्रैलोक्यमालीनाम दैत्यराज से सब वृत्तान्त कहा दैत्योंके वचनसुनकर त्रैलोक्यमाली चारोंके द्वारा मुक्ताफलध्वजको मनुष्य जानके युद्धके लिये सम्पूर्ण दैत्योंको एकत्रित करके दुरशकुनोंको भी न मानकर सम्पूर्ण दैत्यों समेत युद्ध करनेको आश्रममेंआया उसे आते देखकर मेरुध्वजके सम्पूर्ण सैनिक लोग उन दैत्यों से युद्ध करनेलगे उससमय मुक्ताफल ध्वजके पास शिवजीका भेजाहुआ पाशुपत नाम अस्त्रभी आकर प्राप्तहुआ और बोला कि श्रीशिव-जीने तुम्हारे विजयके निमित्त मुझको भेजाहै उसके यह वचन सुनके मुक्ताफलध्वजने पूजन करके उसे ग्रहण करलिया उस अस्त्रके तीननेत्र चारमुख एक पैर तथा आठ भुजाथीं और कल्पान्तकी अग्नि के समान उसका तेजथा ऐसे अस्त्रको पाकर वाणोंके जालोंसे अपनी सेनाकी रक्षा करके मुक्ताफल-ध्वजने अपने भाई तथा पिताको साथलेके आकाशमें जाकर दैत्योंसे घोर युद्ध किया मुक्ताफलध्वजके वड़े पराक्रमको देखकर दैत्यराज त्रैलोक्यमाली ने सर्पास्त्र चलाया उससे निकलेहुए हजारों सर्पों को मलयध्वजने गरुड़ास्त्रसे नष्ट करदिया इस प्रकार उस दैत्यने जो २ अस्त्र चलाये वह सब मुक्ताफलध्व-जने अपने अस्त्रों से काटडाले इससे सम्पूर्ण दैत्योंने कुपितहोकर आग्नेयादिक सम्पूर्ण अस्त्र उसपर एकवारही चलाये परन्तु सब अस्त्र पाशुपत अस्त्रको देखके विमुख होकर लौटगये इससे वह दैत्यजैसे ही भागने की इच्छा करनेलगे वैसेही मुक्ताफलध्वजने उनके चारोंओर वाणोंका पिंजरासा वनादिया जिससे कि वह भागने में असमर्थ होकर उसीके भीतर पक्षियों के समान घूमनेलगे तब उसके पिता तथा भाईने तीक्ष्ण वाणोंसे उन दैत्यों के हाथ पैर तथा शिर काट २ कर पृथ्वीपर डालदिये और उन दैत्यों के शरीरों से रुधिरकी नदियां वहनेलगीं इस विचित्र युद्धको देखकर देवता लोगों ने आकाश से पुष्पोंकी वृष्टिकरके मुक्ताफलध्वजकी वड़ी प्रशंसाकी तब मुक्ताफलध्वजने मोहनास्त्रसे सम्पूर्ण दैत्यों को मोहित करके वारुणास्त्रसे सबको बांधलिया यह देखकर तपोधनने मेरुध्वजसे कहा कि अब इन

दुष्ट दैत्यों को न मारो इन्हीं के साथ रसातलमें चलना होगा इस दैत्यराज त्रैलोक्यमाली को कुटुम्ब सहितबांधकर दुष्ट सर्प दुष्टराक्षस तथा बड़े २ दैत्यों समेत श्वेत पर्वतकी गुहामें बन्दकरदो तपोधनके यह वचन सुनकर मेरुध्वजने दैत्योंसे कहा कि तुम लोग भयमतकरो अब हम तुमको नहीं मारेंगे परन्तु मुक्ताफलध्वजकी आज्ञा तुम लोगों को माननी होगी राजा के यह वचन उन सब दैत्यों ने प्रसन्नहोकर स्वीकार करलिये तब राजा मेरुध्वजने त्रैलोक्यमाली को बँधवाकर श्वेत पर्व्वतकी गुहा में बन्द करवादिया और बहुतसी सेना समेत अपने प्रधान मंत्रीको उसकी रक्षाके निमित्त नियत करादिया ६७ इसके उपरान्त युद्ध के निवृत्त होजानेपर मेरुध्वजने अपने दोनों पुत्रोंसे कहा कि मैं यहीं यज्ञकी रक्षा के निमित्त ठहरताहूं तुम दोनों अपनी सबसेना लेकर दैत्यों के साथ पातालमें जाके वहाँ के निवासियों को स्वस्थ करके उनपर अपना अधिकार जमाकर और अपने अधिकारी नियत करके यहाँ लौट आओ मेरुध्वजके यहवचन सुनकर मुक्ताफलध्वज तथा मलयध्वज दोनों भाई अपनी सम्पूर्ण सेना लेकर दैत्यों के साथ रसातलमें गये वहाँ सातों रसातलोंमें अपने नामका ढँढोरा पिटवाकर उनपर अपना अधिकार जमाकर कुछदिन वहाँ के उपवनों में विहार करतेरहे वहाँ बहुतसी अत्यन्त रूपवती दैत्यों की स्त्रियां उन्हों ने देखीं उनमें से दैत्यराज त्रैलोक्यमालीकी स्वयंप्रभानाम स्त्री और त्रैलोक्यप्रभा तथा त्रिभुवनप्रभानाम दोनों कन्या अपने पति तथा पिता के कल्याण के लिये तपकरतीथीं, उनको देखकर वह दोनों राजपुत्र सम्पूर्ण पाताल को स्वस्थ करके और संग्रामसिंहादिक अधिकारियों को वहाँ नियतकरके तपोधन मुनिके आश्रममें अपने पिताके पास चलेआये इतने में मुनिका यज्ञभी समाप्तहुआ इससे इन्द्रादिक देवता तथा सम्पूर्ण महर्षि अपने २ आश्रमको चले तब मेरुध्वजने इन्द्रसे कहा कि हे देवराज जो आप मुझपर प्रसन्नहैं तो मेरे नगरको चलकर पवित्रकरो उसके वचन सुनकर इन्द्र उसके साथ देवसम नगरमें गया वहाँ राजा मेरुध्वजने इन्द्रका ऐसा सत्कार किया कि जिससे वह अपने स्वर्ग के सुखोंको भी भूलगया इससे इन्द्रने भी प्रसन्न होकर मेरुध्वजको मुक्ताफलध्वज तथा मलयध्वज समेत स्वर्गमें लेजाकर बड़ा सत्कार किया और कल्पवृक्षकी माला तथा दिव्य मुकुट पहराकर पृथ्वीपर भेजदिया तदनन्तर एकदिन मेरुध्वज ने मुक्ताफलध्वजसे कहा कि हे पुत्र तुमने सम्पूर्ण शत्रुजीते और तुम्हारी युवावस्था है और बहुतसी रूपवती राजकन्या मेरे वशमेंहैं इससे तुम अपना विवाहकरो अपने पिताके वचन सुनकर मुक्ताफलध्वजने कहा कि हे तात विवाहकरनेको मेरा चित्त नहीं चाहताहै मैं श्री शिवजी के प्रसन्न करने के लिये तपकरूंगा मलयध्वजको चाहिये कि अपना विवाहकरले मुक्ताफलध्वजके वचन सुनकर मलयध्वजने कहा कि हे आर्य तुम्हारे विवाह किये बिना मुझको विवाहकरना कैसे उचित है मैं तुम्हारा अनुचर हूं जो तुमकरोगे वही मैं करूंगा मलयध्वज के यहवचन सुनके मेरुध्वज ने मुक्ताफलध्वज से कहा कि तुम्हारा अनुज बहुत ठीक कहताहै परन्तु तुम उचित बात नहीं कहते हो क्योंकि यहकौनसा तपका समय है इसमे इसदुराग्रहको त्यागकर अपना विवाहकरो पिताके यहवचन सुनकर भी मुक्ताफलध्वजने विवाहकरना नहीं स्वीकार किया इससे राजा

मेरुध्वज चुपहोके समयकीप्रतीक्षा करनेलगा इसबीचमें पातालमें त्रैलोक्यमालीकी स्वयंप्रभानाम स्त्रीसे उसकी दोनोंकन्याओं नें कहा कि हे अंब किसपापरूपी अपराधसे हमारापिता बन्धनमें पड़ाहै आश्चर्य हमको तपकरतेहोगये अभीतक श्रीशिवजी प्रसन्ननहींहुए इससे हम अपनेशरीरोंको अग्नि में जलाये देतीहैं यहकन्याओंके वचनसुनकर स्वयंप्रभानेकहा हेप्यारीपुत्रियो सन्तोपकरो तुम्हाराउदय फिरहोगा श्रीशिवजीने मुझसे स्वप्नमेंयहकहाहै कि हेपुत्री धैर्य्यकरो तुम्हारेपति को फिर पातालका राज्य मिलेगा मुक्ताफलध्वज तथा मलयध्वज तुम्हारी दोनोंकन्याओंके पतिहोंगे इनको तुममनुष्य मतजानो इनमें से एकविद्याधर और दूसरा मेरागणहै श्रीशिवजीके यहवचन सुनकरमैं जगपड़ी और इसी आशासे मैंने इतनाक्लेशसहा अवतुम्हारे पितासे इसस्वप्नके वृत्तान्तको कहलवाकर उसकी आज्ञासे तुम्हारे विवाहका यत्न करूंगी इसप्रकार अपनीकन्याओंको समझाकर स्वयंप्रभाने अपनी इन्दुमतीनाम सखीसे कहा कि श्वेतशैलकी गुहामें आर्यपुत्रके निकट जाके मेरी ओरसे विनयकरके मैंने जो स्वप्न देखाहै वह उनको सुनाओ और कन्याओं के विवाहके लिये उनसे पूछो फिर जो कुछवह तुमसे कहैं वहमुझसे आकर कहो यह कहके उसइन्दुमती को गुहा में भेजा इन्दुमती ने पातालसे श्वेत पर्वतकी गुहा में जाकर रक्षकों से आज्ञालेके त्रैलोक्यमाली के निकट जाके उससे स्वयंप्रभा का सब संदेसा कहा संदेसे को सुनकर त्रैलोक्यमाली ने कहा कि चाहो मैं इसी बन्धन मेंही मरजाऊं परन्तु मेरुध्वज के पुत्रोंको अपनी कन्या कभी न दूंगा त्रैलोक्यमाली के वचनसुनकर इन्दुमती ने आकर स्वयंप्रभासे सबवृत्तान्तकहदिया इन्दुमतीके वचन सुनकर त्रैलोक्यप्रभा तथा त्रिभुवनप्रभा दोनों कन्याओं ने अपनी स्वयंप्रभा मातासे कहाकि हेअंब अब यौवनकेभयसे हमको अग्निहीमें जलजाना उचितहै इससे यह जो चतुर्दशी आती है उस दिन हमदोनों अग्निमें भस्महोंगी यह कन्याओं के वचन सुनकर स्वयंप्रभानेभी अग्निमें भस्म होने का निश्चयकर लिया और जब चतुर्दशी का दिन आया तो हाटकेश्वरनाम शिवजी का पूजनकरके पापरिपुनाम तीर्थ के निकट उनसबने चितालगाई इतने में राजामेरुध्वजभी उसीदिन अपने पुत्रतथा स्त्रियों समेत हाटकेश्वरका पूजनकरने के निमित्त वहींगया वहां से पापरिपु तीर्थमें स्नानकरने के लिये जाकर उसीके निकट वनमें धुआंउठता देखकर उसने अपने अधिकारियों से कहाकि देखो यह धुआं कैसा उठरहाहै उन्होंने कहा हे महाराज त्रैलोक्यमाली दैत्यकी स्वयंप्रभानाम स्त्री अपनीदोनों कन्याओंसमेत यहाँ तपकरती है वही कुछहवन कररहीहोगी अथवा खिन्नहोकर अग्निमें प्रवेशकरना चाहतीहोगी यहसुनकर राजामेरुध्वज संपूर्ण सेनाको वहीं छोड़कर अपने पुत्र तथा स्त्रियों समेत उनके पास जाके छिपकर उन्हें देखनेलगा और अत्यन्तरूपवती उनदोनों कन्याओंको देखकर राजानेशोचा कि इनके बाल क्याहैं मानों ब्रह्मानि इनके स्वरूपकी रक्षाके लिये सर्पही बैठालदियेहैं क्याही विलक्षण इनका स्वरूपहै कि रंभा उर्वशी तथा तिलोत्तमादिक अप्सरा भी इनकी तुल्यता नहींकरसक्तीहैं राजाके इसप्रकार शोचतेहीं त्रैलोक्यप्रभानाम ज्येष्ठकन्याने अग्निका पूजनकरके यहप्रार्थना करी कि हे अग्नि देव जिसदिनसे मेरीमाताने स्वप्नका वर्णनकियाहै उसी दिनसे राजपुत्र मुक्ताफलध्वजको मैंने अपना

पति मानलियाहै इससे द्वितीय जन्म में वह मेरा पति अवश्य होय क्योंकि इसजन्ममें मैं उसके साथ पिताकी आज्ञाके विना विवाह नहींकरसक्तीहूं यहकहके उसके निवृत्तहोजानेपर त्रिभुवनप्रभाने मलयध्वजको द्वितीय जन्ममें अपने पतिहोनेकी प्रार्थनाकरी उनदोनोंकी यह प्रार्थना सुनकर राजा मेरुध्वजने अपनी रानी से यह सलाहकी कि यह दोनों कन्या जो हमारे पुत्रोंको मिलें तो इनके सम्पूर्ण गुण सफलहोंय इससे इनके पास चलके इनको मृत्युसे निवारण करना चाहिये यह शोचकर राजाने रानी समेत उनके पास जाकर कहा कि साहस मतकरो मैं तुम्हारे दुःखको दूरकरूंगा राजाके यहवचन सुनकर वह सब उसको प्रणामकरके बोलीं कि आपके दर्शनके प्रभावसे हमारा दुःख अवश्य नष्टहोगा अब आप आसनपर बैठकर अर्घपाद्यादि सत्कार ग्रहणकीजिये यहसुनकर राजाने स्वयंप्रभासे हँसकर कहा कि तुम दोनों इन अपने जामाताओं को अर्घपाद्यदो यह सुनकर स्वयंप्रभाने कहा कि जब श्री शिवजी कृपाकरेंगे तब मैं इनको अर्घपाद्यदूंगी अभी तो आप अर्घपाद्य ग्रहण कीजिये यह सुनकर मेरुध्वजने कहा कि तुम मृत्युसे निवृत्तहोगी तब जानों कि मैंने सब सत्कार पाया अब तुम यहांसे चलकर अपने पुरमें रहो मैं तुम्हारे कल्याणके लिये यत्नकरूंगा राजाके यह वचनसुनकर स्वयंप्रभाने कहा कि आपकी आज्ञासे हम शरीर त्याग करने से तो निवृत्तहोगई परन्तु स्वामीके कारागृह में होने पर हमको पुरमें रहना उचित नहीं है इससे तबतक हम यहीं रहेंगी जबतक आप हमारे पतिको कुटुम्ब सहित कारागृहसे न छोड़ियेगा जब आपउसे छोड़दीजियेगा तब वह आपहीका अधिकारी होकर यहां का राज्य करेगा और आपकी आज्ञानुसारही सम्पूर्ण कार्य्यकरेगा इसमें मैं आपकी प्रतिभू (जामिन) हूं इन पातालों में से जो २ रत्न आपको चाहिये सो २ ले लीजिये स्वयंप्रभाके यह वचनसुनकर मेरुध्वजने यह कहकर कि जैसा योग्य समझ पड़ेगा वह हम करेंगे परन्तु तुम अपने वचनोंको न भूलना स्नान करके हाटकेश्वरका पूजन किया उससमय मुक्ताफलध्वज तथा मलयध्वजको देखकर वहदोनों कन्या उन्हीं में एकाग्रचित्तहोगईं तदनन्तर राजामेरुध्वज अपने पुत्र स्त्री और सम्पूर्ण परिकरको लेकर पातालसे अपने नगरको आया वहां मलयध्वज त्रिभुवनप्रभाका स्मरणकरके कामसे अत्यन्त पीड़ित हुआ परन्तु अत्यन्त धैर्य्यवान् मुक्ताफलध्वज त्रैलोक्यप्रभा को अपने ऊपर आसक्त जानकरके भी मुनिके वरके प्रभावसे जराभी चित्तमें विकारयुक्त नहीं हुआ और राजा मेरुध्वज मुक्ताफलध्वजको विवाह करनेसे विमुख देखकर मलयध्वज को कामसे पीड़ित जानकर और उस त्रैलोक्यमाली दैत्यको कन्या देनेमें विरुद्ध जानकर उपायके शोचने में अत्यन्त व्यग्रहुआ १६७॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांपद्मावतीलम्बकेपंचमस्तरंगः ५॥

इसके उपरान्त राजा मेरुध्वजने मलयध्वजको कामसे पीड़ित देखकर अपनी महादेवीनाम रानी से कहा कि जो त्रैलोक्यमाली दैत्यकी कन्या मेरी पुत्रवधू नहीं हुई तो मेरा सब राज्य व्यर्थ है छोटी कन्याके विना मेरा पुत्र मलयध्वज अत्यन्त कामसे पीड़ित होरहाहै मैंने त्रैलोक्यमाली दैत्यको अभी तक बन्धनमें से इसी कारण नहीं छोड़ाहै क्योंकि वह बन्धनसे छूटकर अभिमानसे फिर मेरे पुत्रों को

मनुष्य जानकर अपनी कन्या नहीं देगा इससे पहलेही उससे नियम करालेना चाहिये यहकहके और रानी से सलाहकरके उसने प्रतीहारको बुलाकेकहा कि तुम श्वेतशैलकी गुहा में जाकर त्रैलोक्यमाली दैत्यसे यह मेरे वचनकहो कि हे दैत्यराज दैवयोगसे तुमको यहां बड़ा क्लेश प्राप्तहुआहै इससे अब हमारे वचनमानके अपने क्लेशको दूरकरो अपनी दोनों कन्या मेरे दोनों पुत्रोंको देदो और बन्धन से छूटकर अपने देशको जाकर राज्यकरो राजाके वचन सुनके प्रतीहारने श्वेतपर्व्वत में जाके त्रैलो- क्यमाली से राजाके वचनकहे और उसका यहउत्तर कि मैं अपनी कन्या मनुष्योंको नहींदूंगा राजासे आकर कहा तब राजा मेरुध्वज कोई अन्य उपाय शोचनेलगा उन्हीं दिनों में स्वयंप्रभाने सब वृत्तान्त जानकर इन्दुमतीको महादेवी के पास भेजा उसने आकर महादेवी से कहा कि पर्व्वत तथा समुद्र चाहे अपनी मर्य्यादाको त्यागदें परन्तु आपलोगों के वचन नहीं टलते हमारे स्वामी ने तुम्हारे पुत्रों को कन्या देना इसलिये नहीं स्वीकार कियाहै कि वह कन्याओंकी भेट देकर बन्धनसे नहीं छूटना चाहता है जो तुम बन्धनसे उसे छुड़वादोगी तो वह प्रत्युपकारके लिये अपनी कन्या तुम्हारे पुत्रों को अ- वश्यदेगा और नहीं तो स्वयंप्रभा अपनी कन्याओं समेत अपना प्राणदेदेगी इससे हेरानी ऐसा उ- पाय करो जिससे त्रैलोक्यमाली बन्धन से छूटे तो सब कार्य्य सिद्ध होजाय और स्वयंप्रभाकी दीहुई यह चूड़ामणि तुमलो इसके पहरनेसे मनुष्यको आकाशमें गमन करनेकी शक्तिहोजाती है इन्दुमतीके यह वचन सुनकर रानी महादेवीने उससे कहा कि उस दुःखित स्वयंप्रभाका यह आभूषण मैं कैसेलूं यह सुनके इन्दुमतीने कहा कि जो तुम इसे न लोगी तो हमको बड़ा दुःख होगा और जो लेलोगी तो हमारे चित्तमें शान्ति होगी इन्दुमतीके वचन सुनकर रानीने वह चूड़ामणि लेली और कहा जबतक राजा आवे तबतक तुम यहां ठहरो इतनेमें राजा मेरुध्वज वहां आया उसे देखकर इन्दुमतीने प्रणाम करके स्वयंप्रभाका भेजाहुआ विष,रोग तथा वृद्धावस्थानाशक आभूषण उसकी भेटकिया उस आभू- षणको देखकर राजाने कहा कि जब हम अपने सत्यका पालन करलेंगे तब इस आभूषणको लेंगे राजा के यह वचन सुनकर इन्दुमतीने कहा कि आपने जो कहाहै वह आप अवश्य कीजियेगा इससे जो आप इसको लेलीजियेगा तो हमलोगोंके चित्तमें बड़ी स्वस्थता होगी उसके यह वचनसुनकर रानीने आभूषण लेकर राजाको पहरादिया तब इन्दुमतीने जो वचन रानी से कहेथे वही वचन राजासेभीकहे इन्दुमतीके वचन सुनकर राजाने कहा आज तुम यहीं रहो प्रातःकाल में तुमको उत्तर दूंगा यह कहके वह रात्रि व्यतीत करके राजाने प्रातःकाल अपने मंत्रियोंको बुलाके उनके आगे इन्दुमतीसे कहा कि हमारे इन मंत्रियोंके साथ जाकर त्रैलोक्यमाली से आज्ञा लेकर पातालसे स्वयंप्रभा आदिक सम्पूर्ण दैत्याङ्गना तथा पातालके मुख्य निवासी और हाटकेश्वरका जल यहां लाकर सम्पूर्ण दैत्यांगनाओंसे अपने २ पतियोंकी यह शपथ लिखवाओ कि त्रैलोक्यमाली अपने कुटुम्ब सहित सदैव मेरे वशीभूत रहेगा तथा सर्पलोग पृथ्वीमें किसी प्रकारकी हानि नहीं पहुंचावेंगे इस विषय में सम्पूर्ण पाताल के निवासी प्रतिभू (जामिन) हों और राजा समेत सब दैत्य इस विषय का पत्र लिखकर मुझेदेदें और

सब मिलकर हाटकेश्वरका जलपियें तब मैं त्रैलोक्यमालीको बन्दीगृहसे छोड़ूंगा यह कहकर राजाने इन्दुमतीको अपने मंत्रियों के साथ भेजा वह उन मंत्रियोंके साथजाके त्रैलोक्यमाली से आज्ञा लेकर पातालसे स्वयंप्रभा आदिक सबको राजाके निकट लिवालाई राजाने उनसबसे शपथ लिखवाकर और पत्र लिखवाकर त्रैलोक्यमालीको बन्दीगृहसे निकालकर अपने घरमें लाकर आदरपूर्व्वक पातालका राज्यदेदिया और उससे बहुमूल्य दैत्योंके सबरत्न लेलिये तदनन्तर त्रैलोक्यमालीने पातालमें जाकर बड़ाउत्सव किया और स्वयंप्रभासे सलाहकरके फिर मेरुध्वजके निकट आकरकहा कि आपने प्रथम भलीभांति रसातल न देखा होगा इससे अब मेरे साथ चलकर सब रसातलको देखिये और अपने पुत्रों के लिये मेरी कन्याओं को स्वीकार कीजिये त्रैलोक्यमालीके यह वचन सुनकर मेरुध्वजने अपनी रानी तथा पुत्रों को वहीं बुलवाके त्रैलोक्यमाली के कहेहुये वचन सुनाये तब मुक्ताफलध्वजने कहा कि हे तात मैं शिवजीकी आराधना किये विना विवाह नहीं करूंगा इस मेरे अपराध को आप क्षमाकीजिये, मलयध्वज अपना विवाह करले क्योंकि दैत्यकन्याके विना इसका चित्त बहुत विकल होरहाहै उसके यहवचन सुनकर मलयध्वजने कहा कि हे आर्य आपके विवाह किये विना मैं अपना विवाह नहीं करूंगा इसमें मुझको अयश तथा अधर्म होगा उनदोनोंकी यह वार्त्तालाप सुनकर त्रैलोक्यमाली मेरुध्वजसे आज्ञालेकर पातालको लौटगया वहां उसने अपनी स्त्री तथा पुत्रों से कहा कि देखो मेरा भाग्य कैसा विपरीत है कि मनुष्य भी मेरी कन्याओंको नहीं स्वीकार करते हैं यहसुनकर उसकी स्त्री तथा पुत्र ने कहा कि ब्रह्माकी चित्तवृत्तिको कौन जान सक्ताहै क्या शिवजी के वचन भी मिथ्या होजायँगे उनको इसप्रकार कहतेहुए सुनकर त्रैलोक्यप्रभा तथा त्रिभुवनप्रभा दोनों कन्याओंने यह प्रतिज्ञाकरी कि बारह दिनतक हमदोनों निराहार रहेंगी इतने दिनोंमें जो श्री शिवजीकी कृपासे हमारे विवाहका निश्चय न होगा तो अग्निमें प्रवेशकरके अपने शरीरों को त्यागकरेंगी यह नियमकरके वह दोनों श्री शिवजीका ध्यानकरके बैठगईं उनकी यह दशा देखकर स्वयंप्रभा तथा त्रैलोक्यमालीने भी आहार त्यागदिया तब स्वयंप्रभाने इन्दुमतीके द्वारा महादेवीके पास यहवृत्तान्त कहलाभेजा इन्दुमती से इसवृत्तान्तको सुनकर महादेवी तथा मेरुध्वज ने भी आहार त्यागदिया और अपने मातापिताको निराहार देखकर मुक्ताफलध्वज तथा मलयध्वजने भी आहार त्यागदिया इसप्रकार सबके निराहार होनेपर मुक्ताफलध्वज शरणागत वत्सल श्रीशिवजीका ध्यान करनेलगा छःरात्रि व्यतीत होजाने पर मुक्ताफलध्वजने सातवें दिन प्रातःकाल उठकर अपने महाबुद्धिनाम मित्रसेकहा कि हे मित्र आज स्वप्नमें मैं तपोधन मुनिके दियेहुये वाहनपर चढ़कर यहां से बहुत दूर मेरुपर्व्वत के निकट श्रीशिवजीके दर्शनको गया तो वहां एक दिव्य कन्या तप कररही थी उस कन्यापर दृष्टि करके एक जटाधारी पुरुषने हँसकर मुझसे कहा कि एक कन्यासे भागकर तुम यहां आयेहो यहां यह दूसरी कन्या तुम्हारे लिये खड़ी हुई है उस पुरुष के यहवचन सुनकर उसकन्या के अत्यन्त मनोहर रूपको देखतेही देखने में जगपड़ा इससे मैं उसदिव्य कन्याकी प्राप्तिके लिये उसी स्थानको जाऊंगा।

मनुष्य जानकर अपनी कन्या नहीं देगा इससे पहलेही उससे नियम करालेना चाहिये यहकहके और रानी से सलाहकरके उसने प्रतीहारको बुलाकेकहा कि तुम श्वेतशैलकी गुहा में जाकर त्रैलोक्यमाली दैत्यसे यह मेरे वचनकहो कि हे दैत्यराज दैवयोगसे तुमको यहां बड़ा क्लेश प्राप्तहुआहै इससे अब हमारे वचनमानके अपने क्लेशको दूरकरो अपनी दोनों कन्या मेरे दोनों पुत्रोंको देदो और बन्धन से छूटकर अपने देशको जाकर राज्यकरो राजाके वचन सुनके प्रतीहारने श्वेतपर्वत में जाके त्रैलोक्यमाली से राजाके वचनकहे और उसका यहउत्तर कि मैं अपनी कन्या मनुष्योंको नहींदूंगा राजासे आकर कहा तब राजा मेरुध्वज कोई अन्य उपाय शोचनेलगा उन्हीं दिनों में स्वयंप्रभाने सब वृत्तान्त जानकर इन्दुमतीको महादेवी के पास भेजा उसने आकर महादेवी से कहा कि पर्व्वत तथा समुद्र चाहे अपनी मर्य्यादाको त्यागदें परन्तु आपलोगों के वचन नहीं टलते हमारे स्वामी ने तुम्हारे पुत्रों को कन्या देना इसलिये नहीं स्वीकार कियाहै कि वह कन्याओंकी भेट देकर बन्धनसे नहीं छूटना चाहता है जो तुम बन्धनसे उसे छुड़वादोगी तो वह प्रत्युपकारके लिये अपनी कन्या तुम्हारे पुत्रों को अवश्यदेगा और नहीं तो स्वयंप्रभा अपनी कन्याओं समेत अपना प्राणदेदेगी इससे हेरानी ऐसा उपाय करो जिससे त्रैलोक्यमाली बन्धन से छूटे तो सब कार्य्य सिद्ध होजाय और स्वयंप्रभाकी दीहुई यह चूड़ामणि तुमलो इसके पहरनेसे मनुष्यको आकाशमें गमन करनेकी शक्तिहोजाती है इन्दुमतीके यह वचन सुनकर रानी महादेवीने उससे कहा कि उस दुःखित स्वयंप्रभाका यह आभूषण मैं कैसेलूं यह सुनके इन्दुमतीने कहा कि जो तुम इसे न लोगी तो हमको बड़ा दुःख होगा और जो लेलोगी तो हमारे चित्तमें शान्ति होगी इन्दुमतीके वचन सुनकर रानीने वह चूड़ामणि लेली और कहा जबतक राजा आवें तबतक तुम यहां ठहरो इतनेमें राजा मेरुध्वज वहां आया उसे देखकर इन्दुमतीने प्रणाम करके स्वयंप्रभाका भेजाहुआ विष,रोग तथा वृद्धावस्थानाशक आभूषण उसकी भेटकिया उस आभूषणको देखकर राजाने कहा कि जब हम अपने सत्यका पालन करलेंगे तब इस आभूषणको लेंगे राजा के यह वचन सुनकर इन्दुमतीने कहा कि आपने जो कहाहै वह आप अवश्य कीजियेगा इससे जो आप इसको लेलीजियेगा तो हमलोगोंके चित्तमें बड़ी स्वस्थता होगी उसके यह वचनसुनकर रानीने आभूषण लेकर राजाको पहरादिया तब इन्दुमतीने जो वचन रानी से कहेथे वही वचन राजासेभीकहे इन्दुमतीके वचन सुनकर राजाने कहा आज तुम यहीं रहो प्रातःकाल में तुमको उत्तर दूंगा यह कहके वह रात्रि व्यतीत करके राजाने प्रातःकाल अपने मंत्रियोंको बुलाके उनके आगे इन्दुमतीसे कहा कि हमारे इन मंत्रियोंके साथ जाकर त्रैलोक्यमाली से आज्ञा लेकर पातालसे स्वयंप्रभा आदिक सम्पूर्ण दैत्याङ्गना तथा पातालके मुख्य निवासी और हाटकेश्वरका जल यहां लाकर सम्पूर्ण दैत्यांगनाओंसे अपने २ पतियोंकी यह शपथ लिखवाओ कि त्रैलोक्यमाली अपने कुटुम्ब सहित सदैव मेरे वशीभूत रहेगा तथा सर्पलोग पृथ्वीमें किसी प्रकारकी हानि नहीं पहुंचावेंगे इस विषय में सम्पूर्ण पाताल के निवासी प्रतिभू (जामिन) हों और राजा समेत सब दैत्य इस विषय का पत्र लिखकर मुझेदेदें और

इसके उपरान्त कश्यपजी के आश्रममें नरवाहनदत्त ने मुनियों से कहा कि मदनमंचुका के विरह में जब वेगवती ने मुझे लेजाकर विद्यासे रक्षितकरके रक्खा तो अत्यन्त विरहसे व्याकुलहोकर मैंने अपना शरीर त्यागनाचाहा इतने में वनमें भ्रमण करतेहुए कण्वमुनिको देखकर मैंने प्रणाम किया उन्होंने मुझे प्रणाम करते देखके ध्यानसे मेरे सब वृत्तान्तको जानकर मुझे अपने आश्रममें लेजाकर मुझसे कहा कि चन्द्रवंशमें उत्पन्नहोकर भी तुम ऐसे कातर क्यों होतेहो क्या देवताओं के कहनेपरभी तुमको अपनी प्रियाके मिलने का विश्वासनहीं है मनुष्योंको असम्भव पदार्थ भी संसारमें प्राप्तहोते हैं इस विषयपर मैं राजा विक्रमादित्यकी कथा तुमको सुनाताहूं कि अवन्ती देशमें परम प्रसिद्ध उज्ज-यिनी नाम पुरी है उसमें महाप्रतापी कामके समान स्वरूपवान् बड़ादानी महेन्द्रादित्य नाम राजा था उसके सौम्यदर्शनानाम अत्यन्त रूपवती रानी थी सुमति नाम महा बुद्धिमान् मंत्री था और वज्रायुध नाम प्रतीहार था उनसबके साथ राज्यका पालन करताहुआ राजा महेन्द्रादित्य पुत्रकी कामनासे अ-नेक व्रत कियाकरता था इसबीचमें म्लेच्छोंके उपद्रवों से दुखितहोकर इन्द्रादिक देवता कैलाश में श्री शिवजी के निकट गये स्तुतिपूर्व्वक प्रणामकरके बैठने के उपरान्त आगमनका कारण पूछनेपर उन लोगों ने शिवजी से कहा कि हे स्वामी जिन दैत्योंको आपने तथा विष्णुभगवान् ने माराहै वह म्ले-च्छरूपसे पृथ्वी में उत्पन्नहोकर ब्राह्मणोंको मारते हैं यज्ञादिक क्रियाओं को नष्ट करते हैं और मुनियों की कन्याओंको हरलेते हैं इत्यादिक अनेक पापकरते हैं भूलोकसे सदैव देवलोक तृप्तहोताहै क्योंकि ब्राह्मणलोग जो हविष्यान्न अग्निमें हवन करते हैं उसी से देवताओंकी तृप्तिहोती है इन दिनों पृथ्वी म्लेच्छों से व्याप्तहोगई है इसकारण यज्ञभाग नष्टहोगयेहैं इससे देवतालोग बहुत पीड़ितहैं इसका आप कोई उपाय शीघ्रही कीजिये कोई ऐसा वीर पृथ्वीमें उत्पन्न कीजिये जो इन म्लेच्छोंका नाशकरे देवता-ओं के वचन सुनके श्री शिवजी ने कहा कि तुमलोग जाओ हमशीघ्रही इसका उपाय करेंगे शिवजी के वचन सुनकर देवताओं के चलेजाने पर शिवजी ने माल्यवान् गणको बुलाकर उससे कहा कि हे पुत्र तुम मृत्युलोक में उज्जयिनी के राजामहेन्द्रादित्यके पुत्रहो वहराजा मेरा अंशहै और उसकी स्त्री पार्वती जी के अंशसे है उसके यहां उत्पन्नहोके वैदिकधर्मके नष्टकरनेवाले म्लेच्छोंको मारकर तुम देवताओंको प्रसन्नकरो मेरी कृपासे तुम सातों द्वीपों के राजाहोगे यक्ष राक्षस तथा वैताल तुम्हारे वशीभूतहोंगे कृत

होके उसव
इसने तुम्ह
ग्निके अ
गन्धर्वरा
साथ पद्म
राजकी ए
अपनी द
राज्यदेव
समेत वि
देदी उस
और स
स्थानवे
गये अ
और व
वैराग्य
पनेको
पदार्थ
हंसोंसे
स्त्री त
वह स
लोगे
में गो

में भी उसकेपास गई वह दुष्ट शवपर चढ़ाहुआ अग्निमें हवन कर रहाथा मुझेदेखकर वह अभिमान से मोहित होकर श्मशानके निकट एकनदीमें आचमन करनेकोगया उससमय मैंने ब्रह्माजीके वचनका स्मरणकरके उच्चस्वरसे कहा कि हेमहाराज विक्रमादित्य मेरी रक्षाकरो तुम्हारे राज्यमें यह दुष्ट कापालिक मुझ सतीस्त्रीको भ्रष्टकरना चाहताहै मेरे इसप्रकार कहतेही राजाविक्रमादित्य जाज्वल्यमान् खड्ग हाथमें लिये मेरे पास आके बोले कि हेशुभे डरोनहीं में तुम्हारी इस कापालिकसे रक्षाकरूंगा मेरे राज्य में कौनऐसा अधर्म करसक्ताहै यह कहके उन्हों ने अग्निशिख नाम वैतालको बुलाया उसने आकर राजासे कहा कि क्या आज्ञाहै तब राजाने उससे कहा कि इस परस्त्रीहारी कापालिकको तुम मारकर खाजाओ राजाके वचन सुनके उस वैतालने एक मुर्देमें प्रवेशकरके दौड़कर आचमनकरके आतेहुये उस कापालिकको पकड़कर पटकके मारडाला उस कापालिकको मरादेखके यमशिखनाम वैताल ने आकर उसका शरीर लेलिया तब उस अग्नि शिखनाम वैतालने उससे कहा कि अरेदुष्ट मैंने विक्रमादित्य राजाकी आज्ञासे इस कापालिकको माराहै तू इसका कौन होताहै यहसुनकर यमशिखने उस से कहा कि बताओ राजा विक्रमादित्यका क्या प्रभावहै यहसुनकर अग्निशिखने कहा कि तुम उसके प्रभावको नहीं जानतेहो तो मुझसे सुनों इसपुरी में ढाकिनेयनाम एकजुवारी रहताथा एकसमय वह अपना सब धन हारगया और कुछ उधार भी लेकरहारा इससे अन्य ज्वारियोंने उसे बहुत मारकर ले जाके एकअन्धे कुएमें डालदिया कुए में जाकर उसने दो भयंकर पुरुषदेखे उनदोनोंने उसे भयभीत देखकर पूंछा कि तू कौनहै और कैसे इस कुएमें आयाहै उनसे उसने अपना सब वृत्तान्त कहके पूछा कि तुम दोनों कौनहो यहसुनकर उन्हों ने कहा कि हम दोनों इसपुरी के श्मशानके रहनेवाले ब्रह्म राक्षसहैं हम दोनों ने प्रधान मंत्री तथा प्रधान वैश्यकी कन्याओं पर अपना आवेश कियाथा पृथ्वीके बड़े २ मांत्रिक लोगभी हमसे उनकन्याओंको नहीं छुड़ासके तब राजा विक्रमादित्य उनकन्याओंके पिताओंके स्नेहसे वहां आया उसे देखतेही हमने उनकन्याओंको छोड़कर भागनाचाहा परन्तु उस के तेजसे भाग न सके तब उसने हम दोनोंको बांधकर कहा कि हे पापियो तुम एकवर्षतक अन्धकूप में जाकररहो और अब ऐसा कार्य्यकभी न करना नहीं तो मैं तुम्हें मारडालूंगा यहकहके उसने हम दोनोंको इसअन्धकूप में डालदिया आजसे आठवें दिन इसकुए में हमारे रहनेकी अवधि पूरीहोगी इस से जो तुम इनदिनों में कुछ भोजन हमें देनेकहो तो हम इस कुए से बाहर तुमको निकालदें और जो तुम अंगीकारकरके भी हमको भोजन न दोगे तो हम इस कुएसे निकलकर तुमको खाजायेंगे उन ब्रह्मराक्षसों के यह वचन उस ढाकिनेयज्वारी ने स्वीकारकर लिये इससे उन दोनों ने उसे कुएके बाहर निकालदिया कुएके बाहर निकलकर वह उन दोनों ब्रह्मराक्षसों के भोजन देनेका कोई उपाय न जानकर श्मशान में जाकर महामांस बेचनेलगा उससमय श्मशानमें उस ज्वारीको महा मांस बेचते देखकर मैंने उससे कहा कि इसका क्या मूल्यलोगे उसने कहा कि इसके बदले में तुम अपना रूप और प्रभाव मुझकोदेदो यह सुनकर मैंने उससे पूछा कि यह लेकर तुम क्या करोगे मेरे

न मृग था न समुद्र था केवल एक बड़ा घना वन लगाथा जिसमें अनेक प्रकारके फल पुष्पवाले वृक्ष लगे थे उसवनमें बहुत घूमते २ एक बड़े निर्म्मल जलवाला तड़ाग हमको मिला उसतालावपर एक दिव्य कन्या पालकीपर चढ़ीहुई बहुतसे परिकर समेत स्नानकरनेको आई पालकी परसे उतरके उस कन्याने कमल तोड़कर स्नानकरके श्रीशिवजीका ध्यान किया ध्यान करतेही उसतड़ागमें से श्रीशिवजीका एकरत्न मय लिंग निकलकर उसके निकट प्राप्तहुआ उस लिंगका पूजनकरके उसने बीणा बजाकर ऐसा मधुरगान किया कि जिसे सुनकर आकाशमें चलनेवाले देवता भी निश्चल होगये क्षण भर पीछे गानसे निवृत्तहोके उसने शिवजीका बिसर्जन किया बिसर्जन करतेही वह लिंग उसी तड़ाग में डूबगया तदनन्तर वह कन्या पालकीमें चढ़के अपने सब परिकर समेत चली हमदोनों ने उसके परिजनों से कईबार यह पूछा कि यह कौनहै परन्तु किसीने कोई उत्तर नहीं दिया तब मैंने इसदूतको आपका प्रभाव दिखाने के लिये उच्चस्वरसे कहा कि हे सुन्दरी तुमको महाराज विक्रमादित्यके चरणों की शपथहै जो तुम अपना वृत्तान्त बिना कहे जाओ मेरे यहवचन सुनके वह पालकी परसे उतरकर बोली कि महाराज विक्रमादित्य कुशल पूर्व्वक हैं अथवा क्या पूछूं मुझे तो सब विदित ही है मैं ही माया करके राजाके किसी कार्य्य के लिये तुमको यहां लाई हूं राजा मेरा मान्यहै क्योंकि महाभय से उसने मेरी रक्षाकी है इससे तुम मेरेघर चलो वहां तुमसे सब वृत्तान्त कहूंगी यह कहके वह नम्रता पूर्व्वक हमदोनों को अपने स्वर्ग समान सुन्दर पुरमें लेगई उसपुरके रत्न जटित द्वारोंपर अनेक प्रकारके शस्त्रधारी बहुतसे वीर पुरुष बैठे थे वहां उसने अपने मंदिरमें हमदोनोंको टिकवाके अपनी सखियों के द्वारा स्नान वस्त्र भूषण तथा भोजनादि से सेवाकरवाई १३३॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांविषमशीललम्बकेप्रथमस्तरंगः१॥

यहकहके अनंगदेवने फिर कहा कि हे स्वामी भोजनके उपरान्त वह दिव्य स्त्री बोली कि हे अनंगदेव सुनो मैं अपना संपूर्ण वृत्तान्त तुमसे कहती हूं कि मैं कुबेरके भाई मणिभद्रकी स्त्री हूं यक्षराज दुन्दुभि मेरेपिताका नामहै और मेरानाम मदनमंजरी है मैं अपने पतिके साथ नदियों के तटपर पर्व्वतों में तथा उपवनोंमें सुखपूर्व्वक भ्रमण करतीहुई एकसमय उज्जयिनी के मकरन्दनाम उपवनमें विहार करनेको गई वहां भाग्यवशसे प्रातःकाल मुझे विहारके श्रमसे सोते देखकर एक खंड कापालिक काम के वशीभूत होकर मुझे सिद्ध करनेके लिये श्मशानमें जाकर हवन करनेलगा इसवातको मैं ने अपने प्रभावसे जानकर अपने पतिसे कहा उसने अपनेभाई कुबेरसे कहा कुबेर ने ब्रह्माजी से कहा ब्रह्माजी ने ध्यानकरके उनसेकहा कि सत्यही तुम्हारेभाईकी स्त्रीको वह कापालिक हरना चाहताहै क्योंकि उसे यक्षोंके सिद्ध करनेवाले मंत्रोंकी बड़ीशक्तिहै जब वह तुम्हारे भाई की स्त्रीको मंत्रके बलसे आकर्षण करे तो वह स्त्री महाराज विक्रमादित्यको अपनी रक्षाके लिये पुकारे तो वह उसकी अवश्य रक्षाकरेगा ब्रह्माके वचन सुनके कुबेरने मेरे पतिसे आकर कहा और मेरे पतिने मुझसे कहा इतने में मंत्र सिद्ध करके उसदुष्ट कापालिकने मंत्रकेप्रभावसे मुझको श्मशानमें आकर्षणकिया मंत्रसे खिंचीहुई मैं श्मशान

उनसे निराशहोकर ठिंठाकरालने महाकालजी से द्यूत खेलनेको कहा महाकाल ने भी कहा कि हम तुम्हारे साथ द्यूत नहीं खेलते महादोषी निर्भय दुर्जन ज्वारियों से देवताभी डरते हैं तब ठिंठाकराल ने शोचा कि देवतालोगों ने मेरी युक्तिजानकर मेरा तिरस्कार करदिया इससे इन्हीं श्री शिवजीकी शरण में जानाचाहिये यहशोचकर वह महाकालके चरणोंपर शिररखकर इसप्रकारसे स्तुतिकरनेलगा कि जब पार्वतीजी द्यूतमें चन्द्रमा बैल तथा गजचर्मको जीतलेती हैं तब आपनग्नहोके घुटनों में कपोलरखकर बैठतेहो आपके ऐसे स्वरूपको मैं प्रणामकरताहूं आप जटाभस्म तथा कपालधारीहोकरभी देवतालोगोंको अनेक ऐश्वर्य्यदेतेहो आपहीकी कृपासे देवतालोग अपनेभक्तोंके मनोरथोंको पूर्णकरतेहैं मुझअभागे के लिये आपभी न जानें क्यों लोभीहोगये हो आप विश्वम्भरहोकरभी मुझ दीनकापालन क्योंनहीं करते हाय मंदभागियोंके मनोरथ कल्पवृक्षके पास जाकर भी नहीं पूर्णहोते हे दयालो मुझ, व्यसनी के अपराधों को क्षमाकरो हे स्वामी आप भी त्र्यक्ष (त्रिनेत्र) हो और मैं भी त्र्यक्ष (तीनपाशेवाला) हूं आप भी भस्मधारी हो और मेरे भी शरीर में भस्म लगी हुई है आप भी कपालमें भोजन करते हैं और मैं भी कपालही में भोजन करताहूं इससे मुझे अपने सदृश जानकर मेरेऊपर दयाकीजिये आप के साथ वार्त्तालाप करके मैं क्षुद्र मनुष्यों से कैसे बोलूंगा मेरा उद्धारकीजिये उसे इसप्रकार स्तुतिकरते देखकर श्रीशिवजी प्रसन्न होकर बोले कि हे ठिंठाकराल धैर्य्य धरो मैं तुमपर प्रसन्नहूं यहीं रहो मैं तुम्हें सबप्रकारके भोग यहीं दूंगा श्रीशिवजीकी यह आज्ञा पाकर वह धूर्त्त उनकी कृपासे मिलेहुए ऐश्वर्य्य को भोगकरताहुआ वहीं रहनेलगा १०८ एकदिन रात्रिके समय महाकाल तीर्थ में स्नान करनेको आई हुई अप्सराओं को देखकर श्रीशिवजी ने ठिंठाकरालसे कहा कि जब यह स्नान करनेलगें तब इनके वस्त्र लेकर मेरे पास चले आओ और जब तक यह तुमको कलावती नाम अप्सरा न दें तब तक इनके वस्त्र न देना श्रीशिवजी से यह आज्ञा पाकर ठिंठाकराल उनके कपड़े उठालाया और जब उन्होंने कहा कि हमारे वस्त्रदेदो हमको नग्नमतकरो तब उनसे कहा जो कलावतीनाम अप्सरा मुझे न दोगी तो तुम्हारेवस्त्र न दूंगा उसके यहवचनसुनकर और इन्द्रकेशापका स्मरणकरके उन्होंनेकलावती उसेदेकर अपनेवस्त्र लेलिये कलावतीको छोड़कर अप्सराओं के चलेजानेपर ठिंठाकराल शिवजी की आज्ञासे वहीं स्थान बनाकर कलावती के साथ सुखपूर्व्वक रहनेलगा। कलावती दिनको तो सदैव शिवजीका पूजनकरनेको स्वर्ग में चली जातीथी और रात्रिमें उसके पास आजायाकरतीथी एकदिन कलावती ने ठिंठाकरालसे कहा कि हे स्वामी इन्द्रके शापसे जो मुझको आपकी प्राप्तिहुई वह शापभी मरेकेदी समानदे उसके यह वचनसुन कर ठिंठाकरालने पूछा कि इन्द्रका शाप तुमको कैसेहुआ उसने कहा कि एकसमय मैंने देवतालोगोंके आगे मनुष्यों के भोगोंकी बड़ी प्रशंसा की इसने इन्द्रने कुपित होके मुझे यहशापदिया कि कोई मनुष्यतेरेसाथ विवाहकरेगा तब तू मनुष्योंके सुखको भोगेगी। इसीसे मेरा और आपका संयोगहुआहै कलमें तुम्हारे पास देरको आऊंगी तुमसन्देह न करना क्योंकि कल के दिन रंभा अप्सरा इन्द्रके आगे नृत्य करेगी जब नृत्य समाप्त होगा तब मैं तुम्हारे पास आऊंगी उ-

वचनसुनके उसने अपना सब वृत्तान्तकहकर कहा कि मैं तुम्हारे रूप और प्रभावको पाकर उन सब ज्वारियों को मारके ब्रह्मराक्षसोंको भोजनदूंगा उसके यह वचनसुनकर मैंने सातदिनकेलिये अपना रूप और प्रभाव उसे देदिया उनको पाके उसने सातदिनतक उन ज्वारियों को मारकर उन ब्रह्मराक्षसों को भोजनदिया आठवेंदिन जब मैंने अपना रूप और प्रभावलेलिया तो वह डाकिनेय भयभीतहोकर मुझसे बोला कि आज आठवांदिनहै आज मैंने उन ब्रह्मराक्षसों को कुछ भोजन नहींदियाहै इससे वह निकलकर मुझे खाजायँगे उनसे बचनेका कोई उपाय तुम मुझको बताओ उसके वचनसुनकर मैंने कहा कि उन राक्षसों ने ज्वारियोंको खायाहै तुम चलकर उन राक्षसों को मुझे दिखाओ तो मैं उन्हें खाजाऊं यह वचनसुनके वह मुझे उस कुएके निकटलेगया वहां जैसेही मैं कुए में झांककर देखनेलगा वैसेही उसने मुझे कुएमें ढकेलदिया कुएके भीतर जो मैं गया तो राक्षसों ने भोजन जानके मुझे पकड़ लिया इससे उनकेसाथ मैंने बड़ा बाहुयुद्धकिया और जब वह मुझे नहीं जीतसके तब युद्धसे निवृत्तहोकर मुझसे बोले कि तुम कौनहो मैंने उनसे डाकिनेय का सबवृत्तान्त कहदिया तब राक्षसोंने मेरेसाथ मित्रताकरके मुझसे कहा कि देखो इस दुष्ट ज्वारी ने हमारी तुम्हारी और उनज्वारियों की क्यादशा की ज्वारियोंपर कभी विश्वास न करना चाहिये क्योंकि उनके चित्तमें परोपकार दया तथा मित्रताका लेश भी नहीं होता और वह स्वभावही से बड़े साहसी होते हैं इस विषयमें हम तुमको ठिंठाकरालकी कथा सुनातेहैं इसी उज्जयिनीमें ठिंठाकराल नाम एक ज्वारी रहताथा वह जिन ज्वारियोंकेसाथ अपना सब धनहारा था वह उसको प्रतिदिन सौकौड़ीदिया करतेथे उनकौड़ियों से वह आटालेकर खपरेमें मलकर श्मशानमें जाके चिताकी अग्नि में सेककर महाकालके मंदिरमें आकर उनके दीपकके घृतसे चुपड़ कर खाताथा और वहीं सो रहताथा एकसमय रात्रिमें महाकालजीके मंदिरमें मातृका देवी तथा यक्षादिकों की प्रतिमा देखकर उसने शोचा कि धन उपार्जनकेलिये एक युक्तिकरूं जो सिद्धहोजायगी तो अच्छा है नहीं तो कुछ हानिनहीं है यह शोचके उसने देवताओं की ओर देखकर कहा कि आओ तुम्हारेसाथ द्यूतखेलें जो हारना सोदेदेना और जो जीतना सो लेलेना उसकेइसप्रकार कहनेपर जबप्रतिमाओं में से कोई उत्तर नहीं मिला तो उसने पणकरके कौड़ी फेंकी क्योंकि द्यूतकी यह मर्य्यादाहै कि जो पणबदने में निषेध न कियाजाय तो अंगीकार समझा जाता है तब बहुतसा धन जीतकर उसने उन प्रतिमाओं से कहा कि जो धन तुम हारीहो सो हमें देदो उसके इसप्रकार कहनेपरभी जबकोई उत्तर नहीं मिला तब उसने क्रोधकरके प्रतिमाओं से कहा कि जो तुम मुझे कुछ उत्तर नहीं देतीहो तो हारकर न देनेवाले ज्वारियों का जो यत्न कियाजाताहै वही मैं करूंगा यह कहके वह पैना आरा लेकर उन प्रतिमाओं को काटनेचला तब देवताओं ने उसे वह सब धन देदिया उस धनको लेकर उसने प्रातःकालही ज्वारियोंकी मण्डली में जाके सब हारदिया और रात्रिके समय फिर वहीं आकर मातृका देवियोंसे उसीप्रकार धन लिया इसप्रकारसे वह बहुत दिनतक करतारहा एक दिन चामुण्डादेवीके कहने से मातृकादेवियों ने उस ठिंठाकरालसे द्यूतके समय कहदिया कि हम तुम्हारेसाथ नहीं खेलते तब

उनसे निराशहोकर ठिंठाकरालने महाकालजी से द्यूत खेलनेको कहा महाकाल ने भी कहा कि हम तुम्हारे साथ द्यूत नहीं खेलते महादोषी निर्भय दुर्जन ज्वारियों से देवताभी डरते हैं तब ठिंठाकराल ने शोचा कि देवतालोगों ने मेरी युक्तिजानकर मेरा तिरस्कार करदिया इससे इन्हीं श्री शिवजीकी शरण में जानाचाहिये यहशोचकर वह महाकालके चरणोंपर शिररखकर इसप्रकारसे स्तुतिकरनेलगा कि जब पार्वतीजी द्यूतमें चन्द्रमा बैल तथा गजचर्मको जीतलेती हैं तब आपनग्नहोके घुटनों में कपोलरखकर बैठेहो आपके ऐसे स्वरूपको मैं प्रणामकरताहूं आप जटाभस्म तथा कपालधारीहोकरभी देवतालोगोंको अनेक ऐश्वर्य्यदेतेहो आपहीकी कृपासे देवतालोग अपनेभक्तोंके मनोरथोंको पूर्णकरतेहैं मुझअभागे के लिये आपभी न जानें क्यों लोभीहोगये हो आप विश्वम्भरहोकरभी मुझ दीनकापालन क्योंनहीं करते हाय मंदभागियोंके मनोरथ कल्पवृक्षके पास जाकर भी नहीं पूर्णहोते हे दयालो मुझ व्यसनी के अपराधों को क्षमाकरो हे स्वामी आप भी त्र्यक्ष ( त्रिनेत्र ) हो और मैं भी त्र्यक्ष ( तीनपाशेवाला ) हूं आप भी भस्मधारी हो और मेरे भी शरीर में भस्म लगी हुई है आप भी कपालमें भोजन करते हैं और मैं भी कपालही में भोजन करताहूं इससे मुझे अपने सदृश जानकर मेरेऊपर दयाकीजिये आप के साथ वार्त्तालाप करके मैं क्षुद्र मनुष्यों से कैसे बोलूंगा मेरा उद्धारकीजिये उसे इसप्रकार स्तुतिकरते देखकर श्रीशिवजी प्रसन्न होकर बोले कि हे ठिंठाकराल धैर्य्य धरो मैं तुमपर प्रसन्नहूं यहीं रहो मैं तुम्हें सबप्रकारके भोग यहीं दूंगा श्रीशिवजीकी यह आज्ञा पाकर वह धूर्त्त उनकी कृपासे मिलेहुए ऐश्वर्य्य को भोगकरताहुआ वहीं रहनेलगा १०८ एकदिन रात्रिके समय महाकाल तीर्थ में स्नान करनेको आई हुई अप्सराओं को देखकर श्रीशिवजी ने ठिंठाकरालसे कहा कि जब यह स्नान करनेलगें तब इनके वस्त्र लेकर मेरे पास चले आओ और जब तक यह तुमको कलावती नाम अप्सरा न दें तब तक इनके वस्त्र न देना श्रीशिवजी से यह आज्ञा पाकर ठिंठाकराल उनके कपड़े उठालाया और जब उन्होंने कहा कि हमारे वस्त्रदेदो हमको नग्नमतकरो तब उनसे कहा जो कलावतीनाम अप्सरा मुझे न दोगी तो तुम्हारेवस्त्र न दूंगा उसके यहवचनसुनकर और इन्द्रकेशापका स्मरणकरके उन्होंनेकलावती उसेदेकर अपनेवस्त्र लेलिये कलावतीको छोड़कर अप्सराओं के चलेजानेपर ठिंठाकराल शिवजी की आज्ञासे वहीं स्थान बनाकर कलावती के साथ सुखपूर्व्वक रहनेलगा कलावती दिनको तो सदैव शिवजीका पूजनकरनेको स्वर्ग में चली जातीथी और रात्रिमें उसके पास आजायाकरतीथी एकदिन कलावती ने ठिंठाकरालसे कहा कि हे स्वामी इन्द्रके शापसे जो मुझको आपकी प्राप्तिहुई वह शापभी वरकेही समानहै उसके यह वचनसुनकर ठिंठाकरालने पूछा कि इन्द्रका शाप तुमको कैसेहुआ उसने कहा कि एकसमय मैंने देवतालोगोंके आगे मनुष्यों के भोगोंकी बड़ी प्रशंसा की इससे इन्द्रने कुपित होके मुझे यहशापदिया कि कोई मनुष्यतेरेसाथ विवाहकरेगा तब तू मनुष्योंके सुखको भोगेगी इसीसे मेरा और आपका संयोगहुआहै कलमें तुम्हारे पास देरको आऊंगी तुमसन्देह न करना क्योंकि कल के दिन रंभा अप्सरा इन्द्रके आगे नृत्य करेगी जब नृत्य समाप्त होगा तब मैं तुम्हारे पास आऊंगी उ-

सके वचन सुनकर ठिंठाकराल ने कहा कि मैं भी रंभाका नृत्य देखना चाहताहूं तुम मुझको भी छिपा कर वहां ले चलो यह सुनकर कलावती ने कहा कि यह योग्य नहीं है कदाचित् इन्द्र जानजायगा तो बड़ा क्रोधकरेगा उसके यहवचन सुनकर भी ठिंठाकरालने बड़ा आग्रहकिया तो वह अपने प्रभावसे ठिंठाकरालको छिपाकर कानके कमलमें रखकर स्वर्गको लेगई वहां नन्दन वनादिक उत्तम २ स्थानों को देखकर उसने इन्द्रकी सभामें रम्भाका नृत्यदेखा और नारदादि मुनियों के बनायेहुये सम्पूर्ण बाजे सुने ठीकहै (प्रसन्नेहिकिमप्राप्यमस्तीहपरमेश्वरे) परमेश्वरके प्रसन्नहोनेपर कौनसी वस्तु अप्राप्यहोतीहै नृत्यके उपरान्त एकदिव्य भांड़ बकरेकीसी चेष्टा करके नृत्यकरनेलगा उसेदेखकर ठिंठाकरालने शोचा कि यह तो उज्जयिनीहीकासा बकरा मालूमहोताहै यह यहां किसप्रकारसे आया यह देवताओं की माया बड़ी अचिन्त्यहै उसबकरेके नृत्यके उपरान्त इन्द्रने सभा समाप्तकी तब कलावती प्रसन्नहोकर ठिंठाकरालको मृत्युलोकमें लेआई दूसरे दिन ठिंठाकरालने उज्जयिनी में आयेहुए उसभांड़से कहा कि तुमने जैसा नृत्य इन्द्रके आगे कियाथा वैसाही मेरे आगे करो उसके यहवचन सुनकर वह भांड़ यह जानकर कि यहमनुष्य होकर भी मुझे कैसे जानताहै, चुपहोरहा उसे चुपहुआ जानके ठिंठाकरालने बड़ा आग्रहकिया और आग्रहकरनेपर भी जब उसने नृत्य नहीं किया तो उसके शिरपर लाठी मारी इससे उसभांड़ने कुपित होके इन्द्रके पास जाके यहसब वृत्तान्त कहा उसके वचन सुनके इन्द्रने ध्यान से सब वृत्तान्त जानकर कलावतीको बुलाके यह शापदिया कि तूने मेरे साथ बड़ा छल कियाहै इससे नागपुरमें राजा नरसिंहके बनवायेहुए देवमंदिरके स्तंभमें तू पुतली होगी इसशापको सुनकर कलावती ने बड़ी प्रार्थनाकरी तब इन्द्रने यह शापान्त बतलाया कि जब वह मंदिर नष्टहोके पृथ्वी में मिलजायगा तब तू शापसे छूटेगी इसशापान्तको सुनकर कलावती मृत्युलोक में जाके ठिंठाकराल से सब वृत्तान्त कहके और अपने आभूषण उसेदेके नागपुरमें जाकर काष्ठकी पुतलीहोगई उसके चलेजानेपर ठिंठाकराल विलापकरके यह कहनेलगा कि हाय मैं बड़ा मूर्खहूं मैंने गुप्तबात भी प्रकटकरदी उसीके कारण मेरा प्रिया से वियोगहुआ यह विलापकरके उसने शोचा कि यह विलापका समय नहीं है धैर्यधरके शापान्तका यत्न करनाचाहिये यह शोचकर वह संन्यासी का रूपबनाके नागपुरको गया वहां पुरके बाहर चारों दिशाओं में अपनी स्त्री के आभूषण कलशों में रखकर पृथ्वी में गाड़ दिये और एककलशमें रत्नभरके देवमन्दिर के आगे गाड़दिया यह यत्नकरके वह नदी के तटपर अपनी कुटी बनाके भिक्षावृत्ति करके तप करनेलगा इससे नगर भरमें उसे सब जानगये क्रमसे राजाने भी उसके तपकी प्रशंसा सुनकर उसे अपने यहां बुलाया वह बुलानेपर भी जब न गया तो राजा आपही उसके पास चलागया बहुत देर ठहरकर जब सायंकालके समय राजा अपने स्थानको जानेलगा तो अकस्मात् शृगाली ने शब्द किया उस शब्दको सुनकर ठिंठाकराल बहुत हँसा और वह राजा के बहुत पूछने पर बोला कि इसनगर की पूर्व्व दिशामें एक रत्नके आभूषणों से भराहुआ कलशा है उसे तुम खोद लो यही बात इसशृगाली ने कही है यहकहके उसने राजाको उसी स्थान में लेजाकर वह कलश

खुदवादिया इससे राजाके चित्तमें बड़ाविश्वासहुआ और राजाने उसके पैरोंपरगिरकर वारंवार प्रणाम किया और अपने स्थानमें जाके वह आभूषण अपने खजाने में रखवा आया इसीप्रकार से उस ठिंठाकरालने राजाको वह तीनों बाकी के कलशभी खुदवादिये इससे राजा और सब मंत्रियों को उस पर बड़ाही विश्वास होगया एकदिन वह ठिंठाकराल राजाके साथ देवमंदिरके दर्शन को जाताथा मार्ग में कौएके शब्दको सुनकर राजासे कहा कि तुमने कौएका शब्द सुना यह कौआ यह कहता है कि देवमंदिर के आगे रत्नोंका कलशगड़ा है उसे तुम क्यों नहीं खोदवालेतेहो तब राजा उसका हाथ पकड़कर देवमंदिरमें उसे लेगया वहां उसने स्तंभमें अपनी प्रिया कलावतीको देखा और कलावती भी उसे देखकर रोनेलगी यह देखकर राजाने उससे पूछा कि यह पुतली क्यों रोती है राजाके वचन सुनकर वह दुखितसाहोकर बोला कि अपने स्थानको चलिये वहां मैं सब वृत्तान्त कहूंगा यह कहकर उसने राजा के स्थानमें जाकर उससे कहा कि आपने कुमुहूर्त्तमें इसमंदिरको बनवायाहै इससे आजके तीसरे दिन आपका कोई बड़ा अनिष्टहोगा यही शोचकर वह पुतली आपको देखकर रोईथी इससे जो आप अपना कल्याण चाहतेहैं तो आजही इस मंदिर को खुदवाइये और अन्यस्थानमें सुन्दर मुहूर्त्तमें बनवाइये यह सुनकर राजाने उसी दिन वह मंदिर खुदवाडाला और दूसरे स्थानमें मंदिर बनवानेकी आज्ञा दी ठीकहै ( अहोविश्वास्यवंच्यन्तेधूर्त्तैर्च्छद्मभिरीश्वराः ) धूर्त्तलोग राजा लोगोंको छलसे विश्वासित करके ठगते हैं तदनन्तर इसप्रकार अपने कार्य्यको सिद्धकरके ठिंठाकराल तपस्वी के वेषको छोड़कर उज्जयिनी को चलागया और वह कलावती भी शापसे छूटकर बहुत कालके उपरान्त अपने प्रियसे मिलकर स्वर्गमें इन्द्रकेपास गई इन्द्रने उसे देखके आश्चर्य्यितहोके उससे सबवृत्तान्त पूछा इन्द्रकी आज्ञा से कलावतीने अपने धूर्त्त पतिकी सब मायाकहदी इस वृत्तान्तको सुनकर वृहस्पतिने इन्द्रसे कहा कि ज्वारी लोग इसीप्रकार सदैव से मायावीहोतेहैं पूर्व्वकल्पमें किसी नगरमें कुट्टिनीकपटनाम एकज्वारी रहताथा जब वहमरकर परलोकमेंगया तब यमराजने उससेकहा कि हेधूर्त्त तुमको एककल्प पर्य्यन्तनरक में रहनापड़ेगा और एकदिनकेलिये तुमको इन्द्रकी पदवी मिलेगी क्योंकि तुमने एकवैदिकब्राह्मणको किसीसमय सुवर्णका दानदियाथा इससे तुमकहो कि पहले इन्द्रपदवीका भोगकरोगे या नरकका यह सुनकर उसधूर्त्तने कहा कि मैं पहले इन्द्रपदवीका भोगकरूंगा उसके वचनसुनकर यमराजने उसे स्वर्ग में भेजदिया वहां देवतालोगोंने उसदिन इन्द्रकोउतारकर उसकेस्थानमें उसको बैठालदिया इन्द्रपदवीको पाकर उसने देवताओंको यहआज्ञादी कि तुममृत्युलोकसे सम्पूर्णज्वारी तथा वेश्याओंको लाकरउनके साथमुझको पृथ्वीके तथा स्वर्गके सबनीर्थोंमें स्नानकराओ और राजालोगोंके शरीरोंमें प्रवेशकरके मेरे निमित्त अनेकप्रकारके दानदो उसकी यह आज्ञापाकर देवतालोगोंने ऐसाहीकिया इससे वहधूर्त्त पाप रहित होकर स्थिर इन्द्रपदवीको प्राप्तहोगया और जिन वेश्या तथा ज्वारियों को उसने अपने साथ में स्नान करवाया था वह सब भी देवता होगये दूसरे दिन चित्रगुप्तने यमराज से कहा कि वह ज्वारी अपने पुण्यके प्रभावसे सदैवकेलिये इन्द्र होगया यह सुनकर धर्मराजको बड़ा आश्चर्य्य हुआ हे इन-

सके वचन सुनकर ठिंठाकराल ने कहा कि मैं भी रंभाका नृत्य देखना चाहताहूं तुम मुझको भी छिपा कर वहां ले चलो यह सुनकर कलावती ने कहा कि यह योग्य नहीं है कदाचित् इन्द्र जानजावगा तो बड़ा क्रोधकरेगा उसके यहवचन सुनकर भी ठिंठाकरालने बड़ा आग्रहकिया तो वह अपने प्रभावसे ठिंठाकरालको छिपाकर कानके कमलमें रखकर स्वर्गको लेगई वहां नन्दन वनादिक उत्तम २ स्थानों को देखकर उसने इन्द्रकी सभामें रम्भाका नृत्यदेखा और नारदादि मुनियों के बनायेहुये सम्पूर्ण बाजे सुने ठीकहै (प्रसन्नेहिकिमप्राप्यमस्तीहपरमेश्वरे) परमेश्वरके प्रसन्नहोनेपर कौनसी वस्तु अप्राप्यहोतीहै नृत्यके उपरान्त एकदिव्य भांड़ बकरेकीसी चेष्टा करके नृत्यकरनेलगा उसेदेखकर ठिंठाकरालने शोचा कि यह तो उज्जयिनीहीकासा बकरा मालूमहोताहै यह यहां किसप्रकारसे आया यह देवताओं की माया बड़ी अचिन्त्यहै उसबकरेके नृत्यके उपरान्त इन्द्रने सभा समाप्तकी तब कलावती प्रसन्नहोकर ठिंठाकरालको मृत्युलोकमें लेआई दूसरे दिन ठिंठाकरालने उज्जयिनी में आयेहुए उसभांड़से कहा कि तुमने जैसा नृत्य इन्द्रके आगे कियाथा वैसाही मेरे आगे करो उसके यहवचन सुनकर वह भांड़ यह जानकर कि यहमनुष्य होकर भी मुझे कैसे जानताहै, चुपहोरहा उसे चुपहुआ जानके ठिंठाकरालने बड़ा आग्रहकिया और आग्रहकरनेपर भी जब उसने नृत्य नहीं किया तो उसके शिरपर लाठी मारी इससे उसभांड़ने कुपित होके इन्द्रके पास जाके यहसब वृत्तान्त कहा उसके वचन सुनके इन्द्रने ध्यान से सब वृत्तान्त जानकर कलावतीको बुलाके यह शापदिया कि तूने मेरे साथ बड़ा छल कियाहै इससे नागपुरमें राजा नरसिंहके बनवायेहुए देवमंदिरके स्तंभमें तू पुतली होगी इसशापको सुनकर कलावती ने बड़ी प्रार्थनाकरी तब इन्द्रने यह शापान्त बतलाया कि जब वह मंदिर नष्टहोके पृथ्वी में मिलजायगा तब तू शापसे छूटेगी इसशापान्तको सुनकर कलावती मृत्युलोक में जाके ठिंठाकराल से सब वृत्तान्त कहके और अपने आभूषण उसेदेके नागपुरमें जाकर काष्ठकी पुतलीहोगई उसके चलेजानेपर ठिंठाकराल विलापकरके यह कहनेलगा कि हाय मैं बड़ा मूर्खहूं मैंने गुप्तबात भी प्रकटकरदी उसीके कारण मेरा प्रिया से वियोगहुआ यह विलापकरके उसने शोचा कि यह विलापका समय नहीं है धैर्यधरके शापान्तका यत्न करनाचाहिये यह शोचकर वह संन्यासी का रूपबनाके नागपुरको गया वहां पुरके बाहर चारों दिशाओं में अपनी स्त्री के आभूषण कलशों में रखकर पृथ्वी में गाड़ दिये और एककलशमें रत्नभरके देवमन्दिर के आगे गाड़दिया यह यत्नकरके वह नदी के तटपर अपनी कुटी बनाके भिक्षावृत्ति करके तप करनेलगा इससे नगर भरमें उसे सब जानगये क्रमसे राजाने भी उसके तपकी प्रशंसा सुनकर उसे अपने यहां बुलाया वह बुलानेपर भी जब न गया तो राजा आपही उसके पास चलागया बहुत देर ठहरकर जब सायंकालके समय राजा अपने स्थानको जानेलगा तो अकस्मात् शृगाली ने शब्द किया उस शब्दको सुनकर ठिंठाकराल बहुत हँसा और वह राजा के बहुत पूछने पर बोला कि इसनगर की पूर्व्व दिशामें एक रत्नके आभूषणों से भराहुआ कलशा है उसे तुम खोद लो यही बात इसशृगाली ने कही है यहकहके उसने राजाको उसी स्थान में लेजाकर वह कलश

साथ विहारकरते थे एकसमय मृत्युलोकमें राजपुत्रोंको हरिणोंके साथ क्रीड़ाकरते देखा इससे वहमृगों के पानेके लिये इन्द्रके पास जाके रोया इन्द्रने विश्वकर्मा से स्वर्णमय मृग बनवालिया उसके साथ जयन्त क्रीड़ाकरके बहुत प्रसन्नहुआ कुछकालके उपरान्त रावणका पुत्र इन्द्रजीत इन्द्रको जीतकर उस मृगको लंकामें लेगया तदनन्तर जब श्री राम लक्ष्मणने रावण तथा इन्द्रजीतको जीतकर लंकाका राज्य विभीषणको देदिया तब से वह मृग विभीषणके पास रहा विभीषणने किसी उत्सवमें बड़े स्नेह से वह मृग मुझे देदिया तबसे यह मेरेपासहै मैं तुम्हारे स्वामीको यह दूंगी उसयक्षणी के इसप्रकार क- हतेही सूर्य्यभगवान् अस्तहोगये तब संध्यावन्दनेकरके उसीके बतायेहुए स्थानमें हमदोनोंजने सोये और प्रातःकालउठे तो आपकेसेनापति विक्रमशक्तिके डेरेमें हमने अपनेकोदेखा इससेहम बहुतआश्च- र्य्यितहोके विक्रम शक्तिकेपासगये उसने हमसे कुशलपूछ कर जैसेही सिंहलद्वीपकावृत्तान्त पूछनाचाहा वैसेही यक्षणीके यहांजो हमने वह दिव्यकन्या देखीथीं वहकन्या मृग तथा बहुतसी यक्षोंकी सेनासमेत वहांआई उन्हेंदेखकर विक्रमशक्तिने हमसेपूछा कि यहकौनहै यहसुनकर मैंनेयक्षणीका सबवृत्तान्त उससे कहदिया और यहभी कहा कि सब राजा लोग एक मतहोके आपसे युद्धकरना चाहते हैं इससे आप सावधान रहना मेरे वचन सुनकर विक्रमशक्तिने युद्धकेलिये सम्पूर्ण सेनासजी क्षणभरमें बहुतसे म्लेच्छ तथा राजा लोग युद्धकरने को आगये उनकेसाथ हमारी सेनाका महावोर युद्धहोनेलगा यक्षणी के भेजे हुए यक्षोंने हमारे शत्रुओं की सेना मारकर भगादी क्षणभरही में सम्पूर्ण राजा लोग नम्रहोकर विक्रम- शक्तिकी शरणमें आये उससमय वह यक्षिणी अपने पति समेत प्रकटहोकर विक्रमशक्तिसे बोली कि मैंने जो आपके स्वामीकी यह सेवाकी है इसका विज्ञापन करके तुम उनसे कहना कि इन दिव्यकन्या- ओंके साथ आप अपना विवाह करलीजिये और इस मृगका पालन कीजिये यह कहके और बहुत से रत्न देके वह यक्षणी अपने पति समेत अन्तर्द्धान होगई इसके उपरान्त दूसरे दिन सिंहलद्वीपके राजाकी पुत्री मदनलेखा बहुतसे परिकर समेत वहां आई विक्रमशक्ति ने बड़े आदर पूर्व्वक उसको अपने डेरेमें रक्खा और दूसरे दिन मंगलाचार पूर्व्वक सम्पूर्ण सेना तथा मृगसमेत उनकन्याओं को लेकर यहांको प्रस्थान किया वह कई दिन चलकर यहांसे निकटही आगयाहै इससे हम दोनों आपसे कहनेके लिये यहां पहले आगये हैं अब आगे चलकर आप उनको लीजिये अनंगदेवके यह वचन सुनकर राजा विक्रमादित्यने यक्षणी की रक्षाका स्मरण करके उसके प्रत्युपकारके सन्मुख अपने उप- कारको तृण समान भी नहीं माना ठीकहै ( बहुकृत्वापिमन्यन्तेस्वल्पमेवमहाशयाः ) महाशय लोग बहुत करके भी थोड़ासा मानतेहैं इसके उपरान्त अनंगदेवको फिर बहुतसे ग्राम तथा रत्न देकर वह दिन बड़े उत्सवसे व्यतीत करके दूसरे दिन राजा विक्रमादित्य सम्पूर्ण सेना लेकर विक्रमशक्तिलेने कोचला जयवर्धन अंजनगिरिनाम हाथीपर रणभटकाल मेघनाम हाथीपर सिंह पराक्रम संग्रामसिद्धि नाम हाथीपर विक्रमनिधि रिपुराक्षस नाम हाथीपर जयकेशपवन जव नाम घोड़ेपर समरशक्ति समुद्र- वेग नाम घोड़ेपर बाहु तथा सुबाहु शरवेग तथा गरुड़ वेगनाम घोड़ेपर कीर्त्तिवर्मा कुवलयमालानाम

इसी प्रकारसे ज्वारी लोग बड़े छली होतेहैं यह कहकर वृहस्पतिजीके निवृत्त होजानेपर इन्द्रने कला-वतीको भेजकर ठिंठाकरालको अपने पास बुलवालिया और उसपर प्रसन्न होकर उसे अपनेही पास रखलिया इससे वह सुख पूर्व्वक कलावतीके साथ स्वर्ग में रहनेलगा इसप्रकारसे ज्वारी लोगोंकी बड़ी कठिन माया होतीहै इससे हे अग्निशिख वैताल क्या आश्चर्य्य है कि तुमको डाकिनियने कुएमें ढकेल दिया अब तुम इसमें से निकलजाओ ब्रह्मराक्षसके यह वचन सुनकर मैंने उसकूपसे निकलकर रात्रि में एक पथिक ब्राह्मणको जाते देखकर उसे खाना चाहा तब उसने भयभीत होकर विक्रमादित्यको पुकारा उसके शब्दको सुनकर विक्रमादित्यने प्रकट होकर मुझसे कहा कि हे पापी ब्राह्मणको मत-मारे यह कहके वह मेरा चित्र बनाके चित्रका शिरकाटने लगा इससे मेरी ग्रीवा कटनेलगी और रुधिर बहने लगा इससे मैं व्याकुलहोके ब्राह्मणको छोड़कर उसीकी शरणमें गया तो उसने मुझे कृपाकरके छोड़दिया हे अग्निशिख राजा विक्रमादित्यका ऐसा प्रभावहै उसीकी आज्ञासे मैंने इसखंडकापालिक को माराहै तुम इसको छोड़दो अग्निशिखके यह वचन सुनकर भी यमशिखने अभिमानसे खंडका-पालिकका शिरलेलिया तब विक्रमादित्यने प्रकट होकर पृथ्वी में एक पुरुष लिखकर खड्गसे उसका हाथ काटडाला इससे यमशिखका हाथ कटकर पृथ्वीमें गिरपड़ा तब वह खंडकापालिकको छोड़कर भागगया और अग्निशिखने उसे लेकर खाडाला यह सब वृत्तान्त मैंने वहां देखा इस प्रकार आपका प्रताप कहके उस मदनमंजरीने फिर कहा कि तब महाराज विक्रमादित्यने मुझसे कहा कि हे यक्षिणी अब तुम अपने घरकोजाओ उसके वचन सुनके मैं उसे प्रणाम करके अपने घरचली आई इसप्रकार से महाराज विक्रमादित्यने मेरी रक्षाकी है जब तुम मेरा यह वृत्तान्त उनसे कहोगे तो उनको स्मरण आजायगा जबसे राजाविक्रमादित्यने मेरी रक्षाकीहै तबसे मैं उनका प्रत्युपकार करना चाहतीहूं आज मैंने जानाहै कि सिंहलदेशके राजाने अपनी त्रैलोक्य सुन्दरी कन्या महाराज विक्रमादित्यके लिये भेजी है इससे सम्पूर्ण राजालोग मिलकर विक्रमादित्य के विक्रमशक्ति सेनापतिको मारकर उसकन्या को लेनाचाहते हैं इससे तुम विक्रमशक्तिसे जाकरकहो कि वहसावधानरहै और मैंभी ऐसायत्नकरूंगी जिससे विक्रमादित्यकी जयहोय इसीलिये मैंने मायाकरके तुमको यहांबुलायाहै मैं तुम्हारे स्वामी के लिये भेटभी भेजूंगीइससे उनका कुछप्रत्युपकारहोगा उसकेइसप्रकार कहतेही वहदोनोंकन्या मृग लिये हुऐ जिनको कि मैंने समुद्रकेटापूमेंदेखाथा वहांआई उनकोदेखकर मैंने मदनमंजरीसे पूछा कि यहदोनों कन्याकौनहैं और यहमृगकैसाहै यहसुनकर उसनेकहा कि हेअनंगदेवसुनो पूर्व्वसमयमें ब्रह्माकी सृष्टि में विघ्नकरनेके लिये घंट और निघंट दो दैत्य आये उनके नाशके लिये ब्रह्माने यहअत्यन्त रूपवती दोनों कन्या बनाई इनको देखकर वह दोनों लेनेकी इच्छासे परस्पर युद्धकरके मरगये तब ब्रह्माने यह दोनों कन्या कुवेरको इसलिये देदीं कि तुम किसी योग्य वरके अर्थ इनको देदेना कुवेरने अपने छोटे भाई मेरे पतिको देदीं मेरे पतिने मुझे देदीं मैंने महाराज विक्रमादित्यको इनके योग्य वर समझाहै इनकन्याओंका वृत्तान्त तो हुआ अब मृगका वृत्तान्त सुनो इन्द्रके पुत्र जयन्तने स्वर्गकी स्त्रियों के

होजाने के कारण उसे जगा दिया इससे उसकन्या के समागम के सुखसे रहित होकर राजा ने क्रोध करके उस पहरुएको नगरसे बाहर निकलवा दिया और अपने चित्तमें शोचा कि कहां पथिक कहां पुस्तक कहां राजकन्याका चित्र और फिर कहां उसीका स्वप्न में मिलना इसदैवी घटनासे मुझे अवश्य मालूम होताहै कि वह कन्या कहीं अवश्य है परन्तु न जानिये किस द्वीप में है इससे उसका प्राप्तहोना बहुत कठिनहोगा इत्यादि विचार करके राजा विक्रमादित्य कामसे बहुत पीड़ितहुआ उसे व्याकुल देखकर भद्रायुध प्रतीहारने पूछा कि हे स्वामी आपकी विकलताका क्या कारण है उस के वचन सुनकर राजाने कहा कि हे मित्र चित्रकर ने जो मुझे राजकन्याका चित्र दिखायाथा उसका ध्यानकरतेही करते में सोगया स्वप्नमें समुद्रके पारजाके मैंने एकनगरमें बहुतसी शस्त्र धारिणी कन्या देखीं वह मुझे देखकर मारो २ ऐसा कोलाहल करनेलगीं तब एक तपस्विनी ने मुझे अपने घरमें ले जाकर मुझसे कहा कि हे पुत्र मलयवती नाम राजपुत्री इधर आती है यह जिस किसी पुरुषको देख लेती है उसे इन कन्याओं से मरवाडालती है इसलिये मैं तुमको अपने घरमें लेआई हूं यह कहकर उसने मेरा स्त्रियोंकासा भेष करदिया मैंने भी कन्याओं को अवध्य जानकर स्त्रीका भेष स्वीकार कर लिया इतने में वह राजपुत्री वहींआई और मैंने उसे देखा तो वह वहीथी जिसका कि चित्र देखकर मैं मोहितहुआ था इससे मैं ने अपने चित्तमें कहा कि मैं धन्यहूं जो यह साक्षात् मुझे देखने को मिली इतने में उस राजपुत्रीने तपस्विनी से कहा कि मैं ने यहां किसी पुरुषको आते देखाहै उसके वचन सुनकर तपस्विनीने कहा कि पुरुष तो कोई नहीं आया है केवल मेरी कन्याकी पुत्रीआई है यह कहके उसने मुझे दिखा दिया मुझ स्त्रीरूपको भी देखकर वह राजकन्या कामके वशीभूतहोके तपस्विनी से बोली कि तुम्हारी कन्याकी पुत्री तो मेरी भी मान्यहुई इससे मैं इसे घरलेजाके सत्कार करके तुम्हारे पास भेजदूंगी यह कहके वह मेरा हाथ पकड़कर मुझे अपने घरलेगई वहां उसने मेरा बड़ा सत्कार किया और क्षणभर भी मुझे अपनी दृष्टिसे अलग नहींकिया तब उसकी सखियों ने क्रीड़ामें मुझेवर बनाके और उस राजपुत्री को वधू बनाके मेरेसाथ उसका विवाहकिया विवाह करके उसने मुझे शयन स्थानमें लेजाकर निस्सन्देह होकर मुझे अपने गलेमें लगालिया उससमय मैंने अपना स्वरूप प्रकट करके उसका आलिंगन किया इससे वह अपना मनोरथ पूर्ण जानके चित्तमें प्रसन्नहोकर भी लज्जित होगई तब जैसेही उसकी लज्जाको दूरकरके मैंने उसकेसाथ रमणकरना चाहा वैसेही पहरुएने मुझको जगादिया इससे हे वज्रायुध उस मलयवती के बिना मुझे अपना जीना कठिन मालूमहोता है राजाके यह वचन सुनके और स्वप्नको सत्यजानके भद्रायुधने राजासे कहा कि जो नगर आपने स्वप्नमें देखा था उसका जो आपको अच्छे प्रकार स्मरणहोय तो उसका ठीक २ चित्र बनाइये वज्रायुधके वचन सुनकर राजाने उसीसमय उसनगरका चित्र लिखदिया उस चित्रको लेकर भद्रायुधने एकनवीन मठ बनवाके उसकी दीवारमें वह चित्रलटकादिया और उस मठमें दूरदेशसे आयेहुए बन्दियों को पट्टरस भोजन वस्त्रका जोड़ा तथा एक अशर्फी देनेकी आज्ञादेदी और मठके अधिकारियों से कहा कि चित्र

घोड़ीपर और समरसिंह गंगालहरीनाम घोड़ीपर चढ़कर चला इसप्रकार से सब लोग अपने २ हाथी तथा घोड़े घोड़ीपर चढ़ २ के राजाके साथ चले उस समय महाराज विक्रमादित्यके चलने में सम्पूर्ण पृथ्वी सेनमयी, दिशाशब्दमयी और आकाश धूलमयहोगया २८०॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांविषमशीललम्बकेद्वितीयस्तरंगः २॥

इसके उपरान्त राजा विक्रमादित्य चलकर अपने सेनापति विक्रमशक्तिके निकट पहुँचगया वहां पहलेही विक्रमशक्तिने आकर उसके चरणों में प्रणामकिया तदनन्तर अन्य जो राजा लोग उसकेसाथ में आये थे उनको नामदेश कहके प्रतीहारने लाकर मिलाया गौड़देशके स्वामी शक्तिकुमार, कर्णाटक देशके राजा जयध्वज, लाटदेशके राजा विजयवर्मा, कश्मीरके राजा सुनन्दन, सिन्धुके राजा गोपक, भिल्लों के राजा विन्ध्यबल, और पारसके राजा निर्भूक, को प्रणाम करते देखकर महाराजा विक्रमादित्यने बड़े आदर पूर्व्वक बैठाला और सिंहलद्वीपके राजाकी कन्या तथा उन दिव्य कन्याओं का बड़ा सत्कार किया और उनके साथ वह दिन वहीं व्यतीत करके दूसरे दिन उज्जयिनीमें आकर सम्पूर्ण राजा लोगों को अपने २ देश जानेकी आज्ञादी तदनन्तर जगदानन्ददायी वसन्तऋतु आगई लताएं पुष्परूपी आभूषण पहरने लगीं भ्रमरी अपने गुंजाररूपी गीत गानेलगीं शीतल मन्द सुगन्ध वायुके लगनेसे वनकी पंक्ति मानों नाचने लगीं और कोकिला अपने मधुर शब्दों से मानों मंगल गान करनेलगीं ऐसे सुन्दर समयमें राजा विक्रमादित्यने उन तीनों कन्याओंके साथ अपना विवाह किया सिंहलद्वीपी कन्याके साथ आयेहुए उसके बड़े भाई ने बहुतसे रत्न राजाको दिये और उसी समय आईहुई वह यक्षिणी राजाको बहुतसे रत्नदेकर बोली कि हे राजा मैं आपसे यद्यपि कभी अनृण नहींहोसक्तीहूं तथापि यह जो मैंने आपकी सेवाकी है उसे स्वीकार कीजिये और इनकन्याओंपर सदा हरिणीपर कृपा दृष्टि रखियेगा यहकहकर वह अन्तर्द्धानहोगई इसप्रकार ऐसी सुन्दर स्त्रियां तथा सप्त द्वीपवती पृथ्वी पाकर राजा विक्रमादित्य वसन्त आदि ऋतुओंके अलग २ आनन्दोंको भोगताहुआ अकंटक राज्य करनेलगा राजा विक्रमादित्य के नगर स्वामीनाम एकबड़ा प्रिय चित्रकर था जिसको कि उसने सौ ग्राम दियेथे वहदूसरे दिन नवीन २ प्रकारकी राजकन्या बनाकर राजाकी भेटकिया करता था एकसमय किसी उत्सवके कारण वह चित्रकर तसवीर लिखनेको भूलगया इससे राजाके यहां जाने के समय वह बड़ा व्याकुलहुआ कि मैं राजाके यहां जाके क्या भेटकरूंगा इतने में एकपथिक उसके हाथमें पुस्तकरखकर कहीं चलागया उसेखोलकर जो उस चित्रकरने देखा तो उसमें किसी राजकन्या का अपूर्व चित्रदिखाई दिया उसेलेकर उसने राजाके यहां जाकर वही चित्र राजाकी भेटकरके कहा कि हे स्वामी आज ऐसा अपूर्व चित्र मुझ से बनगयाहै उसे देखकर राजाने कहा कि हे नगरस्वामी यह तुम्हारे हाथका लेख नहींहै यह विश्वकर्माके हाथकी रेखाहै क्योंकि मनुष्य ऐसारूप लिख नहीं सक्ते यह सुनकर चित्रकरने राजासे सब वृत्तान्त कहा २८ तब से उसीकन्यामें आशक्तहोकर स्वप्नमें राजाने किसी द्वीपान्तरमें उसे देखा और जैसेही उसके साथ समागम करनाचाहा वैसेही पहरूने रात्रि क्षीण

जिस प्रियको मैंने स्वप्नमें देखाया वह आगया इससे मेरे पिताको जाकर बुलालाओ उसके वचन सुन-कर सखियोंने जाकर राजासे कहा तब प्रसन्न होकर राजा मलयसिंह वहां आया उससमय संवरसिद्धि वंदीने हाथ उठाकर कहा कि हे म्लेच्छरूपी वनके दावाग्नि हे अपने तेजसे भूतों के सिंद करनेवाले हे सप्तदीपवती पृथ्वीके नाथ हे सम्पूर्ण राजाओंके शिरपर अपनी आज्ञाके रखनेवाले विषमशील वि-क्रमादित्य आपकी सदैव जयहोय वन्दीके यह वचन सुनकर मलयसिंहने उसे विक्रमादित्य जानकर चरणोंमें गिरकर उसे प्रणामकिया और उसे अपने मंदिरमें लेजाकर विधिपूर्वक मलयवती से उसका विवाह करके अपनेको कृत कृत्यमाना राजा विक्रमादित्यभी उस प्रियाको पाकर कई दिन सुख पूर्वक वहां व्यतीत करके मलयसिंहसे आज्ञा मांगकर अपनी सम्पूर्ण सेना तथा मलयवतीको साथमें लेकर मार्ग में राजालोगों से भेटोंको लेताहुआ अपनी उज्जयिनी पुरी में आया वहां उसके इस प्रभावको देखकर पुरवासियोंने हर्ष तथा आश्चर्य्यसे युक्तहोके बड़ा उत्सव किया ३१२॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांविषमशीललम्बकेतृतीयस्तरंगः ३॥

इसके उपरान्त एकसमय विक्रमादित्यकी कलिंगसेना नाम रानीने अपनी सौतों से कहा कि आर्य-पुत्रने जोमलयवतीके लिये इतना श्रमकियाहै यह आश्चर्य्यकी वात नहीं है इनका स्वभावही इसीप्रकार काहै मेरेसमान पुत्तलिका खम्भेमें देखकर इन्होंने मेरे साथ हठ पूर्वक विवाह कियाथा राजाने मेरे साथ अविधिसे विवाह क्यों किया इसलिये मुझे दुःखित देखकर देवसेननाम कार्पटिक (भिक्षुक) ने मेरे समझानेके लिये जो कथाकही है वह मैं तुमको सुनातीहूं उसने मुझसे कहा कि हे रानी चित्त में खेद न करो राजाने बड़ी श्रद्धासे तुम्हारे साथ विवाह कियाहै इसकी सब कथा मैं तुमको सुनाताहूं मैं कार्पटिक होकर तुम्हारे पतिकी सेवाकरताथा एकसमय वनमें बड़े भारी शूकरको देखकर मैंने आके महाराजसे कहा कि हे स्वामी वनमें मैंने एकशिकारके योग्य महाशूकर देखाहै वह शूकर क्याहै मानों चन्द्रमाओंकी कलाओंको खाताहुआ रूपधारी कृष्णपक्षही है मेरे वचनसुनकर राजाने शिकारके निमित्त वनमें जाकर मेरा बतायाहुआ वहशूकर देखा उसशूकरको बड़ा अद्भुत जानकर महाराज विक्रमादित्य उच्चैश्रवाके पुत्र रत्नाकरनाम घोड़ेपर चढ़के (मध्याह्नके समय सदैव सूर्य्य भगवान् एकमुहूर्त्ततक आकाश में ठहर जातेहैं उससमय अरुण स्नान तथा जल पीनेके निमित्त घोड़ोंको छोड़तेहैं एकसमय सूर्य्य के रथसे छूटकर उच्चैश्रवाने वनमें महाराज विक्रमादित्यकी घोड़ीको देखकर उसके साथ रमणकिया उससे उस रत्नाकरका जन्महुआथा ) उसशूकरके पीछे दौड़े बहुतदूर जाके वह अत्यन्त वेगवान् शूकर राजा की दृष्टि से अलक्षितहोगया तब राजाने शूकरको न पाकर केवल मुझकोही अपने साथ में देखकर मुझसे पूछा कि तुम जानतेहो कि हम कितनी दूर निकलआये हैं यहसुनकर मैंने कहा कि हे स्वामी तीन सौ योजन पृथ्वी आप निकलआये हैं यहसुनकर राजाने मुझसे कहा कि तुम पैदल मेरे साथ कैसे आये यहसुनकर मैंने कहा कि हे स्वामी मेरे पास एक पैरों में लगानेका लेपहै उसका वृत्तान्त आप सुनिये कि पूर्वसमयमें अपनी स्त्री के वियोग से तीर्थयात्राके निमित्त निकलेहुए मैंने मार्ग में

में लिखे हुए इसपुरका जाननेवाला जो बन्दीआवे उसे मेरेपास लेआना इतने में वर्षाऋतु आनेके कारण से राजा विक्रमादित्यकी कामाग्नि और भी प्रज्वलित हुई उसे व्याकुल देखकर हे हारलते हिमजलको हे चित्रांगी चन्दन से सींचो हे पत्रलेखे कमलके पत्तों की शैया बिछाओ और हे कन्दर्पसेने केले के पत्रों से पंखाकरो यह शब्द राजमंदिर में सुनाई दिये इसप्रकार महाकष्टसे वर्षाऋतु तो व्यतीत हुई परन्तु राजाका सन्ताप नहीं गया वर्षा के उपरान्त शरदऋतु आई मार्गों में पथिक लोग चलनेलगे स्त्रियां अपने प्रियों के मिलने की आशा करनेलगीं और राजहंस अपने मनोहर शब्दोंसे दिशाओं को व्याप्त करनेलगे ऐसी सुन्दर उस ऋतुमें संवरसिद्धि नाम एक बन्दी भद्रायुधके बनवायेहुए मठमें भोजनके निमित्त आया उसने उस पुरके चित्रको देखकर आश्चर्यित होकर कहा कि यह चित्र किसने लिखाहै मैं तो जानताहूं कि केवल मैंनेही इस पुरको देखाहै और कदाचित् जिसने यह चित्र लिखाहै उसने भी देखाहोय उसके यह वचन सुनकर मठका अधिकारी उसे भद्रायुधके पास लेगया और भद्रायुध उसे राजाके निकट लेगया उससे राजाने पूछा कि क्या तुमने सत्य २ यह पुर देखाहै यह सुनकर उसने कहा कि मैंने सम्पूर्ण पृथ्वी में भ्रमण करते २ समुद्रका उल्लंघन करके एक द्वीपमें मलयपुरनाम यह नगर देखाहै इस पुरमें मलयसिंह नाम राजा है और उसके मलयवती नाम अत्यन्त रूपवती कन्या है वह मलयवती पुरुषों से द्वेष करतीथी एक समय स्वप्नमें किसी महापुरुषको देखकर उसके चित्तसे द्वेष निकलगया स्वप्नमें ही उसने उसके साथ विवाह करके शयन स्थानमें जाकर जैसेही रति करनी चाही वैसेही प्रातःकाल होनेके कारण दासीने उसे जगादिया इससे उसने क्रोध करके उस दासीको अपने देशसे निकालदिया और उस प्रियको स्मरण करके वह कामसे ऐसी पीड़ित हुई कि उठ २ कर शैयापर गिरनेलगी और मूक तथा जन्मतों के समान होकर उसने पूछनेवालों से कुछ न बोली उसके इस क्लेशको सुनकर राजा रानीने बड़े आग्रह से पूछा तो उसने अपनी एक प्यारी सखी के द्वारा अपने स्वप्नका सब वृत्तान्त कहदिया तब उस वृत्तान्तको जानकर अपने पिताके बहुत समझाने से उसने यह प्रतिज्ञाकी कि जो छः महीने के भीतर वह प्रिय मुझे नहीं मिलैगा तो मैं अग्नि में प्रवेश करूंगी हे राजन् आज उसको प्रतिज्ञा कियेहुए पांच महीने व्यतीत होगये न जानें उसकेलिये क्या होनेवालाहै हे स्वामी यह अद्भुत वृत्तान्त मुझे उसपुर में जानेसे मालूमहुआ संवरसिद्धिके यह वचन सुनकर राजाको प्रसन्न देखके भद्रायुधने कहा कि हे स्वामी आपका कार्य्य सिद्ध होगया वह द्वीप आपहीके वशमें है इससे शीघ्रही वहां जाइये ऐसा न होय कि अवधिका बाकी छठा महीनाभी व्यतीत होजाय भद्रायुधके यह वचन सुनकर राजा विक्रमादित्य संवरसिद्धिको साथलेकर थोड़ीसी सेना लेकेचला क्रमसे समुद्रकेपार पहुँचकर जैसेही उस पुरके निकट पहुँचा वैसेही यह कोलाहल सुनाई दिया कि आज छः महीने के पूर्ण होजाने के कारण अपने प्रियको न पाकर राजपुत्री मलयवती अग्नि में प्रवेश करना चाहती है इस कोलाहलको सुनकर राजा विक्रमादित्य वहीं गये जहां उस राजपुत्री के भस्म होनेको चिता बनीथी वहां राजाको देखकर राजपुत्री मलयवती ने अपनी सखियों से कहा कि

गया और बहुतसी घोंघची तथा मोरपंख रक्खेहुएथे वहां सेनापतिकी मोती के आभूषण पहरेहुए स्त्री ने राजाकी बड़ी सुश्रूषाकी स्नान तथा भोजन के उपरान्त राजाने सेनापतिको तरुण और उसके पुत्रों को वृद्ध देखकर उससे पूछा कि हे सेनापति मुझे आश्चर्य्य है कि तुम तरुणहो और तुम्हारे पुत्र वृद्ध हैं राजाके वचन सुनकर सेनापति ने कहा हेस्वामी सुनिये मैं मायापुरीका रहनेवाला चन्द्रस्वामीनाम ब्राह्मणहूं एक समय में काष्ठलेनेको अपने पिताकी आज्ञासे वनमें गया वहां एक बन्दरने मेरा मार्ग रोका और दीनहोकर दृष्टिके इशारे से मुझे दूसरा मार्ग दिखाया यह देखकर मैंने शोचा कि यह वानर मुझे क्लेश तो देता नहीं है इससे इसके बताएहुए मार्ग से चलूं देखूं इसका क्या अभिप्रायहै यह शोच के मैं उसी मार्ग से चला और वहवानर फिर २ कर मुझे देखताहुआ आगे २ चला थोड़ी दूर जाकर वह एक जामनके वृक्षपर चढ़गया उस वृक्षपर उसकी वानरी लताओं से बँधीहुई बैठीहुई थी उसे देखके यह जानकर कि यह इसी के छुड़ाने को मुझे बुलालाया है मैंने कुठारसे उसके सब बन्धन काटदिये और वृक्षपरसे उतरकर अपने घर आनाचाहा तब वह वानरी मेरे पैरों में चिपटगई और उस वानर ने कहीं से जाके एक दिव्य फल मुझे लाकर दिया उस फलको मैंने अपने घरमें लाके अपनी स्त्री के साथ खाया उसे खातेही मैं और मेरी स्त्री दोनों अजर अमर होगये तदनन्तर उस देशमें बड़ा दुर्भिक्ष हुआ इससे वहां के लोग जहां तहां भागगये और अपनी स्त्री समेत मैं भाग्यवशसे इस वनमें आया उनदिनों यहां शबरोंका काँचनदंष्ट्रनाम राजा था शस्त्रधारणकरके उसी की सेवा में करनेलगा युद्ध में मुझे बहुत प्रवीण जानके काँचनदंष्ट्रने मुझे सेनापति बनालिया सेनापतिहोके मैंने उसका ऐसा सेवन किया कि जिससे मरते समय वह अपना राज्य मुझे देगया मुझे यहां रहते २ सत्ताईससौ वर्ष होचुके परन्तु उस फल के प्रभावसे अभीतक मुझे वृद्धावस्थानहींहुई इसप्रकार अपना वृत्तांतकहके उसने फिर कहा कि हे महाराज उस फल के खाने से जो मैं इतने दिनतक जिया उसका फल यह प्राप्त हुआ कि आपके चरणोंके दर्शन हुए अब हे स्वामी मैं यह प्रार्थना करता हूं कि आपने मेरे गृहमें आकर जो कृपा प्रकटकी है उसे और भी पूर्ण कीजिये कि मेरे क्षत्रिया स्त्री में उत्पन्नहुई अत्यन्त रूपवती मदन-सुन्दरी नाम एक कन्याहै उसे आप स्वीकार कीजिये उसकी यह प्रार्थना सुनकर महाराज विक्रमा-दित्य उस कन्याके साथ विवाह करके सातदिन वहां रहकर उस सेनापति के दियेहुए सैकड़ों मोती और कस्तूरी से लदेहुए उंटोंको लेकर भिल्लोंकी सेनाके साथ वहां से चला इस बीच में जहां राजाने शिकार खेलते २ अपनी सेना छोड़ीथी वहां बड़ा सन्देहहुआ कि राजा कहां चलागया सबको उदासीन देखके भद्रायुधने कहा कि खेद न करो थोड़ेही समयमें हमारा स्वामी आताहोगा उसके दिव्यप्रभाव के कारण उसकी कहीं कुछ हानि नहींहोसक्ती क्या तुम लोगों को स्मरण नहीं है कि यह अकेलाही पातालमें जाकर सुरूपानाम नागकन्याको ले आयाथा और गन्धर्व लोक में जाकर गन्धर्वराजकी तारावलीनाम कन्याको ले आयाथा भद्रायुधके इसप्रकार समझानेसे वह सब उसी वनमें राजाकी प्रत्या-शा करनेलगे और राजा विक्रमादित्यभी मदनसुन्दरीको भिल्लोंकी सेनाके साथ स्पष्टमार्ग में छोड़कर

सायंकाल के समय एक देवमंदिर देखकर उसके भीतर जाके एक स्त्री उसमें बैठीहुई देखी उस स्त्री ने बड़े आदर पूर्वक मुझे वहां रक्खा रात्रिकेसमय उसने एकओष्ठ आकाश में और एकओष्ठ पृथ्वी में लगाकर मुझसे कहा कि तुमने कहीं ऐसा मुखदेखाहै तब मैंने खड्ग निकालकर उससे कहा कि तुम ने ऐसा पुरुष कहीं देखाहै तब वह अपना साधारण रूपकरके मुझसे बोली कि मैं चंडीनाम यक्षिणी हूं तुम्हारे धैर्यसे मैं तुमपर प्रसन्नहूं तुम जो चाहो सो वरमांगो उसके वचन सुनकर मैंने कहा कि जो तुम सत्य २ मुझपर प्रसन्नहो तो ऐसाकर कि बिनाही परिश्रमके मैं सब तीर्थोंकी भ्रमणकरूं मेरे वचन सुन कर उस यक्षिणी ने मेरे पैरोंमें ऐसा लेपलगादिया कि जिससे विना क्लेशकेही मैं संपूर्ण तीर्थोंपर घूमा और आज आपके साथ यहां दौड़ा और इसी लेपके प्रभावसे रोज़ इसवनमें आके फलखाकर उज्ज यिनी में आपकी सेवाकरता हूं यह मेरे वचन सुनकर राजा मेरे ऊपर बहुत प्रसन्नहुआ तब मैंने फिर राजासे कहा कि हेस्वामी जो आपको क्षुधालगीहोय तो मैं आपको सुन्दर मधुर फललाकरदेऊं यह सुन कर राजाने कहा कि मुझे क्षुधानहीं है तुम्हारी जो इच्छाहोय तो तुमको जो यहांमिले सोखाओ राजा की यह आज्ञापाके मैंने एक ककड़ी वहींसे तोड़कर खाई उसके खातेही मैं अजगरहोगया मेरी यह दशा देखकर महाराज विक्रमादित्यने खेद युक्तहोकर भूतकेतु नाम वैतालका स्मरणकिया जिसके नेत्ररोग को उन्होंने दृष्टिमात्रसेही दूर कियाथा स्मरण करतेही उस वैतालने आकर कहा कि हे महाराज क्या आज्ञा है तब राजाने उससे कहा कि यह मेरा कार्पटिक सहसा अजगर होगया है इसको शीघ्र अजगर पनेसे छुड़ाओ राजाके यह वचन सुनकर वैतालने कहा कि मुझमें ऐसी शक्तिनहीं है क्योंकि सबकी शक्तियां नियतहोती हैं क्या जल बिजली की अग्निको शान्तकरसक्ता है यह सुनके राजानेकहा कि तो हे मित्र चलो इस गांवमें चलें कदाचित् भिल्लोंसे कोई उपाय मालूमहोगा यह कहके राजा विक्र मादित्य वैतालकेसाथ उसगांवमें गया वहां उसे आभूषण पहरे देखकर बहुतसे चोर उसपर बाणोंकी वृष्टिकरनेलगे तब राजाकी आज्ञासे उस वैतालने पांचसौ चोर चबाडाले और जो बाकीबचे उन्होंने जाकर अपने सेनापति से सब वृत्तान्त कहा भिल्लोंकी मृत्यु सुनकर एकाकिकेसरी नाम वह सेनापति बहुतसी सेनालेकर आया परन्तु एक सेवक जोकि राजा विक्रमादित्यको पहचानताथा उसके कहनेसे राजाको पहचानके वह सेनापति उसके चरणोंपर गिरा उससे कुशलप्रश्न पूछकर राजाने कहा कि मेरा कार्पटिक यहां ककड़ी खाकर अजगर होगयाहै उसके अजगरपने के छूटने के लिये कोई उपायकरो राजाके यह वचन सुनकर सेनापतिने कहा कि मेरेइस पुत्रको इस वैतालके साथ अजगर के निकट भेजिये तब राजा के कहने से वह वैताल सेनापतिके पुत्रको लेकर मेरे पास आया वहां आकर सेना पति के पुत्रने मुझे एक औषधका रस सुँघाकर फिर पुरुष करदिया ९६ तब मैं प्रसन्नहोकर सेनापतिके पुत्रके साथ राजाके निकटगया राजाने मुझे देखके और बहुत प्रसन्नहोके सेनापति के पुत्रकी बड़ी प्र शंसाकी राजाको प्रसन्न देखकर वह एकाकिकेसरी सेनापति बहुत प्रार्थनाकरके मुझ समेत राजा को अपने घरमें लेगया उस गृहमें बहुतसा हाथीदांत जड़ाहुआ था सुगन्धिके लिये हाथी का मदबिंदका

गया और बहुतसी घोंघची तथा मोरपंख रक्खेहुएथे वहां सेनापतिकी मोती के आभूषण पहरेहुए स्त्री ने राजाकी बड़ी सुश्रूषाकी स्नान तथा भोजन के उपरान्त राजाने सेनापतिको तरुण और उसके पुत्रों को वृद्ध देखकर उससे पूछा कि हे सेनापति मुझे आश्चर्य्य है कि तुम तरुणहो और तुम्हारे पुत्र वृद्ध हैं राजाके वचन सुनकर सेनापति ने कहा हेस्वामी सुनिये मैं मायापुरीका रहनेवाला चन्द्रस्वामीनाम ब्राह्मणहूं एक समय में काठलेनेको अपने पिताकी आज्ञासे वनमें गया वहां एक बन्दरने मेरा मार्ग रोका और दीनहोकर दृष्टिके इशारे से मुझे दूसरा मार्ग दिखाया यह देखकर मैंने शोचा कि यह वानर मुझे क्लेश तो देता नहीं है इससे इसके बताएहुए मार्ग से चलूं देखूं इसका क्या अभिप्रायहै यह शोच के मैं उसी मार्ग से चला और वहवानर फिर २ कर मुझे देखताहुआ आगे २ चला थोड़ी दूर जाकर वह एक जामनके वृक्षपर चढ़गया उस वृक्षपर उसकी वानरी लताओं से बँधीहुई बैठीहुई थी उसे देखके यह जानकर कि यह इसी के छुड़ाने को मुझे बुलालाया है मैंने कुठारसे उसके सब बन्धन काटदिये और वृक्षपरसे उतरकर अपने घर आनाचाहा तब वह वानरी मेरे पैरों में लिपटगई और उस वानर ने कहीं से जाके एक दिव्य फल मुझे लाकर दिया उस फलको मैंने अपने घरमें लाके अपनी स्त्री के साथ खाया उसे खातेही मैं और मेरी स्त्री दोनों अजर अमर होगये तदनन्तर उस देशमें बड़ा दुर्भिक्ष हुआ इससे वहां के लोग जहां तहां भागगये और अपनी स्त्री समेत मैं भाग्यवशसे इस वनमें आया उनदिनों यहीं शबरोंका काँचनदंष्ट्रनाम राजा था शस्त्रधारणकरके उसी की सेवा मैं करनेलगा युद्ध में मुझे बहुत प्रवीण जानके काँचनदंष्ट्रने मुझे सेनापति बनालिया सेनापतिहोके मैंने उसका ऐसा सेवन किया कि जिससे मरते समय वह अपना राज्य मुझे देगया मुझे यहां रहते २ सत्ताईससौ वर्ष होचुके परन्तु उस फल के प्रभावसे अभीतक मुझे वृद्धावस्थानहींहुई इसप्रकार अपना वृत्तांतकहके उसने फिर कहा कि हे महाराज उस फल के खाने से जो मैं इतने दिनतक जिया उसका फल यह प्राप्त हुआ कि आपके चरणोंके दर्शन हुए अब हे स्वामी मैं यह प्रार्थना करता हूं कि आपने मेरे गृहमें आकर जो कृपा प्रकटकी है उसे और भी पूर्ण कीजिये कि मेरे क्षत्रिया स्त्री में उत्पन्नहुई अत्यन्त रूपवती मदन-सुन्दरी नाम एक कन्याहै उसे आप स्वीकार कीजिये उसकी यह प्रार्थना सुनकर महाराज विक्रमा-दित्य उस कन्याके साथ विवाह करके सातदिन वहां रहकर उस सेनापति के दियेहुए सैकड़ों मोती और कस्तूरी से लदेहुए ऊंटोंको लेकर भिल्लोंकी सेनाके साथ वहां से चला इस बीच में जहां राजाने शिकारखेलते २ अपनी सेना छोड़ीथी वहां बड़ा सन्देहहुआ कि राजा कहां चलागया सबको उदासीन देखके भद्रायुधने कहा कि खेद न करो थोड़ेही समयमें हमारा स्वामी आताहोगा उसके दिव्यप्रभाव के कारण उसकी कहीं कुछ हानि नहींहोसक्ती क्या तुम लोगों को स्मरण नहीं है कि वह अकेलाही पातालमें जाकर सुरूपानाम नागकन्याको ले आयाथा और गन्धर्व लोक में जाकर गन्धर्वराजकी तारावलीनाम कन्याको ले आयाथा भद्रायुधके इसप्रकार समझानेसे वह सब उसीवनमें राजाकी प्रतीक्षा करनेलगे और राजा विक्रमादित्यभी मदनसुन्दरीको भिल्लोंकी सेनाके साथ स्पष्टमार्ग में छोड़कर

उस वैतालको तथा मुझे साथमें लेकर उसमहाशूकरको देखनेके लिये वनमेंगया वनमें जातेही वहशू-
कर उसके आगे आया शूकरको देखकर राजाने पांच बाणमारे बाणोंके लगनेसे वहशूकर मरकेपृथ्वी
परगिरपड़ा और एकसुन्दर पुरुष उसशूकरके पेटकोफाड़कर निकला जैसेही राजाने उससे पूछनाचाहा
कि तुम कौनहो वैसेही एकमहाभयंकर मतवाला हाथी आया उसे आते देखकर राजाने एकही बाणसे
उसे मारकर पृथ्वीमें गिरादिया उसकेभी पेटको फाड़के एकपुरुष तथा एक दिव्य स्त्री उसमेंसे निकली
तब शूकरके पेटसे निकलेहुए पुरुषने राजासे कहा कि हे स्वामी सुनिये मैं आपसे अपना सबवृत्तान्त
कहताहूं कि हम दोनों देवकुमारहैं इसकानाम भदहै और मेरा नाम शुभ है एकसमय भ्रमणकरतेहुए
हमदोनों ने ध्यानकरते हुए कण्वमुनिको देखकर हाथी तथा शूकरकासा रूपबनाके उनको डरपाया
इससे कुपितहोके कण्वमुनिने यह शापदिया कि तुमने हाथी और शूकरका रूपबनाके मुझे डरपायाहै
इससे तुम इसीरूपमें होकर इसवनमें घूमोगे जब राजा विक्रमादित्य तुमको मारेगा तब तुम्हारे शापका
अन्तहोगा कण्वमुनिके इसशापसे हमदोनों हाथी तथा शूकरहोकर इसवनमें घूमनेलगे आज आपके
बाणोंके लगनेसे शापसे छूटे इसस्त्रीको हम नहीं जानते हैं यह अपना वृत्तान्त आप कहैगी और यह
जो मराहुआ शूकर तथा हाथी पड़ाहै इनको आप स्पर्शकरेंगे तो यह दोनों दिव्य ढाल तलवारहोजायँगे
यहकहके वह दोनों अन्तर्द्धानहोगये और वह शूकर और हाथी स्पर्शकरनेसे ढाल तलवारहोगये तब उस
स्त्रीने पूछनेपर अपना यह वृत्तान्तकहा कि उज्जयिनी के रहनेवाले धनदत्तनाम वैश्यकी मैं स्त्रीहूं मैं
अपने महलपर सोरहीथी वहांसे यहहाथी मुझे निगलकर यहां चलाआया इसके पेटमें कोई पुरुष न
था परन्तु जब यहमरा तो मेरे साथ एकपुरुषभी इसके पेटमेंसे निकला उसके यहवचन सुनकर राजाने
उससे कहा कि धैर्य्यधरो मैं तुम्हारे पतिके पास तुमको भेजदूंगा तुम हमारी रानी मदनसुन्दरीके साथ
यहांसे चलो यहकहके राजाने उसको वैतालके साथ रानी मदनसुन्दरी के पास भेज दिया उसस्त्रीको
रानीके पास पहुँचाके जैसेही वैताल आया वैसेही उसवनमें बहुतसे परिकर समेत दो कन्या दिखाईदीं
उन्हें देखके राजाने मुझे भेजकर उनके प्रधान मनुष्यों को बुलाके उनसे पूछा कि यहकन्या कौन हैं
और कहां से आई हैं उन्होंने कहा कि कटाहनाम द्वीप में गुणसागरनाम बड़ा प्रतापी राजा है उसके
गुणवतीनाम अत्यन्त रूपवती एककन्याहुई उसकन्याके लक्षणोंको देखकर सिद्धोंने कहा कि इसका
पति सातोंद्वीपोंका स्वामीहोगा समय पाके उसकन्याको तरुणी देखकर राजा गुणसागरने अपने
मंत्रियों से यह सलाहकरी कि राजा विक्रमादित्य इसके योग्य पति है इससे उसीके पास इसे भेजना
चाहिये यह निश्चयकरके उसने उसको सब परिकर समेत जहाजपर चढ़ाके बिदा किया भाग्यवश से
जब वह जहाज सुवर्णद्वीपके निकट आया तो वहां समुद्रका एकमहामत्स्य उसे निगलगया और बह-
कर सुवर्णद्वीपके किनारे आकर लगा वहां उसमहामत्स्यको देखके बहुतसे लोगोंने उसे मारकर उस
का पेट फाड़ा उसमें से वह पूरा जहाज निकला इससमाचारको सुनके वहांका राजा चन्द्रशेखर वहीं
आया वह राजा गुणसागरका सालाथा इससे उसने परिजनों के द्वारा गुणवतीको अपनी बहिनकी

पुत्री जानकर परिकर समेत अपनी राजधानी में लेजाकर बड़ा उत्सव किया और दूसरे दिन अपनी चन्द्रवतीनाम कन्या जिसका कि उसने पहलेहीसे विक्रमादित्यके साथ विवाह करनाचाहाथा उसे भी गुणवती के साथ परिकर समेत जहाजपर चढ़ाके सुमुहूर्त्त में राजा विक्रमादित्यके पास जानेको विदा किया वही यहदोनों कन्या समुद्रका उल्लंघन करके क्रमसे यहां आई हैं हम सब इनकेसाथ में हैं यहां जब हम पहुँचे तो एकशूकर और हाथी दोनों हमलोगोंपर दौड़े तब हम लोगोंने चिल्लाकर कहा कि यह दोनों कन्या महाराज विक्रमादित्यकेलिये आई हैं हे लोकपालो उसके धर्म से इनकी रक्षाकरो यह सुन कर हाथी तथा शूकरनेकहा कि धैर्य्यकरो राजाके नामलेनेसे तुमको कोई भय नहीं है वह राजा तुमको यहां मिलजायगा यह कहकर वह दोनों कहीं चलेगये हेस्वामी यही हमदोनोंका वृत्तान्तहै उनके वचन सुनकर मैंने उनसेकहा कि यही महाराज विक्रमादित्य हैं मेरे वचन सुनके उन्होंने प्रसन्नहोके राजाको प्रणामकरके वह दोनों कन्या राजाके अर्पण करदीं तब राजाने उन दोनों कन्याओं को वेतालके द्वारा मदनसुन्दरी के पास भिजवादिया और कहा कि यहभी मदनसुन्दरी के साथ उज्जयिनी को चलें फिर उनकन्याओं को पहुँचाके आयेहुए वेतालकेसाथ महाराज विक्रमादित्य मुझे अपनेसाथ लेकर वनमें ही चले वनमें चलते २ सूर्य्यभगवान् अस्तहोगये उससमय वहां मृदंगकी ध्वनि सुनाई दी इससे राजाने वेतालसे पूछा कि यह शब्द यहां कहां से आया वेतालने कहा हे स्वामी यहां विश्वकर्माका बनायाहुआ एक देवमंदिर है उसमें अनेक प्रकारके कौतुकहुआ करते हैं वहीं यह मृदंग बजरहाहै वेताल के यह वचन सुनकर उसीके साथ राजा और मैं दोनों मंदिरमें गये और घोड़ा बाहरही बांधदिया वहां एक रत्न मय शिवजी के लिंगके आगे एकदीपक बलरहाथा और बहुतसी दिव्यस्त्रियां सुन्दर बाजे बजाकर गान कर२ के नृत्य कररही थीं और बहुतसे पुरुषभी बाजे बजारहे थे क्षणभरमेंही गान तथा नृत्यके समाप्त होनेपर वह स्त्रियां स्तंभोंकी पुतलियों में लीनहोगईं और वहपुरुष चित्रके पुरुषों में लीनहोगये यह देखकर राजाके आश्चर्य्यितहोनेपर वेतालनेकहा कि विश्वकर्माकी बनाई हुई यह मायाहै यहां सदैव संध्याके समय यही हुआ करताहै वेताल के यह वचन सुनकर उसीकेसाथ उस मंदिरमें भ्रमण करतेर राजाने एक अत्यन्त रूपवती पुतली खंभेमें देखी उसे देखकर उसकी शोभाके वशीभूतहोके कहा कि जो ऐसीही सजीव स्त्री मुझको नहींमिली तो मेरे राज्य तथा जीवनको धिक्कारहै यह सुनके वेतालने कहा कि यह कोई दुर्लभ बातनहीं है कलिंगदेशके राजाकी कलिंगसेना नाम पुत्रीको देखकर वर्धमान पुरके रहनेवाले शिल्पीने यह पुतली बनाई है इससे हे स्वामी उज्जयिनी में जाकर कलिंगदेशके राजा से उसकी कन्या मांगिये या पराक्रम से हरलीजिये वेताल के यह वचन स्वीकार करके राजा विक्रमा- दित्य उस रात्रि को वहीं व्यतीत करके प्रातःकाल हम दोनों को साथ लेकर वहाँ से चला मार्ग में एक अशोक वृक्षके नीचे बैठेहुए दो पुरुष मिले उन्हों ने उठकर राजाको प्रणाम किया उनसे राजाने पूछा कि तुमकौनहो और वनमें कैसे रहतेहो यह सुनकर उनमें से एकने कहा कि मैं उज्जयिनी का रहनेवाला धनदत्तनाम वैश्यहूं एकदिन मैं अपनी स्त्रीके साथ महलपर सोया परन्तु प्रातःकाल उठ

कर देखा तो स्त्री वहां न थी और अन्य २ महल तथा उपवनादि में ढूंढनेसे भी वह नहीं मिली उसका चित्त कुछ दुष्टभी नहीं मालूम होताथा क्योंकि एकदिन उसने मुझे यह कहकर एक मालादी थी कि जो मैं पतिव्रताहूंगी तो यह माला नहीं कुम्हलावेगी वह माला अभीतक म्लान नहीं हुई है में और वह कहां चलीगई या कोई भूतादिक उसे लेगये यह शोच २ कर उसके वियोगकी अग्नि से मैं बहुत व्याकुल हुआ और बन्धुओंके बहुत समझाने से एक देवमन्दिर में जाकर सदैव ब्राह्मणों को भोजन करताहुआ वहीं रहनेलगा वहाँ एकदिन यह ब्राह्मण थकाहुआ आया इसका मैंने स्नान तथा भोजनसे अतिथि सत्कार किया और जब यह स्वस्थहोकर बैठा तो इससे पूछा कि तुम कहां से आयेहो इसने कहा कि काशीके समीप एकग्राम का मैं रहनेवालाहूं और वहींसे आयाहूं तदनन्तर इसने मेरे सेवकों से मेरा दुःख जानकर मुझसे कहा कि हे मित्र तुमने उद्योगके बिना इतना क्लेश क्यों सहा उद्योगी लोगोंको दुर्लभ पदार्थ भी प्राप्तहोजाता है इससे मेरे साथ चलकर अपनी स्त्री को ढूंढो इस के यह वचनसुनकर मैंने कहा कि जिसका कुछ भी ठिकाना नहीं मालूमहै उसे कैसे ढूंढूं मेरे वचन सुनकर इसने फिर कहा कि यह सन्देह न करो इसीप्रकार से केसटको भी रूपवती स्त्री प्राप्तहुई है यह कथा मैं तुमको सुनाताहूं कि पाटलिपुत्र नाम नगरमें किसी धनाढ्य ब्राह्मणके केसटनाम अतिरूपवान् पुत्रथा वह सदृश स्त्रीकी प्राप्तिके निमित्त माता पितासे बिना कहेही तीर्थोंमें भ्रमण करताहुआ देश २ में घूमनेलगा क्रमसे नर्मदाके तटपर पहुँचकर उसने एक बहुत बड़ी बरात आते देखी बरातमें से एक ब्राह्मणने आकर केसट से नम्रतापूर्वक एकान्तमें कहा कि तुमसे मैं कुछ प्रार्थनाकरताहूं उसमें तुम्हारी कोई हानि नहीं है और मेरा बड़ा उपकारहै जो तुम स्वीकारकरो तो कहूं यह सुनकर केसटने कहा कि हे आर्य जो मुझसे होसकेगा सो मैं अवश्य करूंगा आपकहिये यह सुनकर उस वृद्धब्राह्मणने कहा कि मेरे एकपुत्रहै वह अत्यन्त कुरूप है अर्थात् दांत बड़े नाक चपटी वर्ण काला पेट लम्बा पैर टेढ़े और कान सूपसे हैं ऐसे कुरूपवान् पुत्रके लिये भी मैंने स्नेहसे उसकेरूपकी बड़ी प्रशंसाकरके रत्नदत्तनाम ब्राह्मण से उसकी कन्यामांगी उसनें रूपवतीनाम अत्यन्त सुन्दर अपनी कन्या देनी स्वीकार करली आज उसका पाणिग्रहण है इसीनिमित्त हमलोग आये हैं मैं जानताहूं कि जो वह मेरे पुत्रको देखेगा तो कन्या न देगा इससे मेरा सब उद्योग व्यर्थ होजायगा इसमें यहीउपाय है कि तुम हमारे साथ चल के उस कन्यासे विवाह करके उसे हमारे पुत्रको देदो केसटने उसके यह वचन स्वीकार करलिये तब वह वृद्धब्राह्मण केसटको साथलेके नर्मदानदीके पारजाकर एक पुरकेपास जाकेटिका सायंकालके स-मय केसट सन्ध्याकरनेको नर्मदा नदीके तटपरगया वहाँ एक राक्षसने प्रकटहोकर उससेकहा कि हे के-सट मैं तुमको खाऊंगा राक्षसके वचनसुनके केसटनेकहा कि मैंने ब्राह्मणसे जो प्रतिज्ञाकीहै उसको पूर्ण करके तुम्हारेपास फिर आऊंगा तब तुम मुझको खाना यहसुनकर राक्षसनें शपथलेकर उसे छोड़दिया तब केसट राक्षससे छूटकर वृद्धब्राह्मणके पास आया ब्राह्मण लग्नका समय निकट जानकर केसटको सम्पूर्ण वरके वस्त्रादिक पहराकर सब बरातियोंके साथ उसपुरके भीतरजाके रत्नदत्तके गृहमें लेगया वहां

रनदत्तने केसटको वेदीपर बैठाके उसकेसाथ अपनी रूपवती कन्याका विवाह विधिपूर्वक करदिया उस समय केसटके रूपको देखकर सम्पूर्ण स्त्री तथा वह रूपवती अत्यन्त प्रसन्नहुई और केसट अपने चित्तमें आश्चर्य तथा खेद दोनोंसे व्याकुलहुआ तदनन्तर रात्रि के समय शयनस्थान में अत्यन्त चिन्ता में व्याकुलहुए केसटको पड़ाहुआ देखके रूपवतीभी उसके पासजाकर सोनेका वहाना करके लेटरही अर्द्ध रात्रिके समय केसट रूपवतीको सोतीहुई जानके सत्यका पालन करनेकेलिये उस राक्षसके पास गया और रूपवतीभी उसे जाते देखकर छिपकर उसीके पीछे २ चलीगई राक्षसने केसटको आया देखके कहा कि हे केसट तुम बड़े सत्यवान्हो तुमने अपने पुर पाटलिपुत्रको तथा अपने पिता देसटको पवित्र किया आओ मैं तुम्हें खाऊं राक्षसके यह वचन सुनके रूपवतीने उसके निकटजाके कहा कि हे राक्षस तुम मुझेखालो मेरे पतिको न खाओ नहीं तो मेरी क्यागतिहोगी यह सुनकर राक्षसने कहा कि भिक्षा तुम्हारी गतिहोगी यह सुनके रूपवतीने कहा कि मुझ स्त्रीको कौन भिक्षादेगा यह सुनके राक्षसने कहा जिससे तुम भिक्षामांगोगी जो वह तुम्हें भिक्षा न देगा तो उसके शिरके सौटुकड़े होजायँगे राक्षस के यह वचन सुनकर रूपवतीने कहा तो मैं तुम्हींसे इस पतिकी भिक्षामांगतीहूं यह सुनकर जो उस ने उस ब्राह्मणको न छोड़नाचाहा तो उसका शिर फटगया और उसे मरा देखकर रूपवती केसटको लेकर अपने पिताके यहां चलीआई इतनेमें वह रात्रि व्यतीतहोगई दूसरे दिन सब वरातीलोग भोजन करके वधू वरको साथलेकर नर्मदानदीके किनारेआये वहां वह वृद्ध ब्राह्मण मल्लाहों से सलाहकरके एक नावपर केसटको चढ़वाके दूसरी नावपर रूपवती तथा अन्य परिकर समेत आपचढ़ा तब वह ब्राह्मण तो नर्मदाके पारआगया और केसटकी नावको मल्लाह नदीके बड़े प्रवाह में छोड़कर नावपर से कूदके पैरकर चलेआये और केसट उसनावके द्वारा बहकर समुद्रमें चलागया वहां वायुके वेगसे उस की नाव लहरके द्वारा किनारेपर लगगई उससमय केसटने नावसे उतरके सावधान होकर शोचा कि देखो उस ब्राह्मणने मेरे साथ यह प्रत्युपकार किया अथवा उसकी तो अधर्मता और मूर्खता पहलेही प्रकटथी जब कि उसने दूसरेके साथ व्याहीहुई स्त्रीको अपनी पुत्रवधू बनाना चाहाथा उसके इसप्रकार शोचतेही दिन व्यतीतहोगया और रात्रि आगई चिन्तासे रात्रिके समय केसटको निद्रा नहींपड़ी चौथे पहरमें उसने देखा कि एक सुन्दरपुरुष आकाशसे गिरा उसे देखके केसट पहलेतो कुछ भयभीतहुआ फिर सावधानहोके उससे बोला कि तुम कौनहो उस पुरुष ने कहा कि पहले तुम बतलाओ कि तुम कौनहो तब मैंभी बतलाऊंगा यह सुनके केसटने अपना सब वृत्तान्त कहदिया उसके वृत्तान्तको सुन के उस पुरुषने कहा कि हे मित्र मेरी और तुम्हारी समानही दशाहै इससे मेरे वृत्तान्तको सुनो कि वेणानदी के तटपर रत्नपुर नाम एक नगरहै उसके निवासी एक धनवान् ब्राह्मणका कंदर्प नाम मैं पुत्रहूं एकदिन मैं वेणानदी पर सायंकाल के समय जललेनेको गया भाग्यवश से पैरके फिसलजाने के कारण नदी में गिरकर मैं वहा रात्रिभर बहते २ दूसरे दिन प्रातःकाल एक वनमें जाकर रुका उस वृक्षकी शाखाओंके आश्रयसे किनारे पर जाके मातृकाओंका एक शून्य मंदिर देखकर उस में गया

वहां मातृकादेवी को प्रणाम करके मैंने यह विज्ञापनाकरी कि हे भगवती मुझ दीनकी तुम्हारी शरणमें प्राप्तहूं यह विज्ञापना करके मैंने वहीं विश्राम किया और वह दिन भी गया २१० और चन्द्रिकासे निर्मल रात्रि आई उससमय मातृकादेवी में से निकलकर परस्पर कहा कि आज चक्रपुर में हमलोगोंको अवश्य जाना है यहां इस दीन ... कौन रक्षा करेगा इससे इसे ऐसे स्थानमें लेजाकर रखना चाहिये जहां इसका कुछ कल्याण प्रातःकाल हम वहांसे इसे लेआवेंगी यह कहके वह आकाशमार्ग से मुझे लेजाकर किसी पुरमें एक धनवान् ब्राह्मण के घरमें छोड़कर चलीगई वहां मैंने देखा कि कन्याके विवाहकी सम्पूर्ण सामग्री इकट्ठी होरहीथी और लग्नका समय आगयाथा परन्तु बरात नहीं आईथी इससे वहां के लोगों ने मेरा सुन्दर रूप देखके मेरे साथ सुमनानाम कन्याका विवाह करदिया विवाहविधि के उपरान्त मैं वहीं ब्राह्मणोंकी आज्ञासे एक सुन्दर महलमें उस सुमनाके साथ जाके सोया रात्रिके पिछले पहरमें चक्रपुर से लौटीहुई योगिनियां मुझे वहांसे लेकर आकाशमें उड़चलीं मार्ग में अन्य योगिनी उनसे मिलकर मुझे छीनने लगीं इससे उनका परस्पर युद्ध होनेलगा और मैं उनके हाथसे छूटकर यहां गिरपड़ा मैं नहीं जानताहूं कि किस नगरमें सुमनाके साथ मेरा विवाह हुआथा अब न जानिये मेरे भाग्यमें क्या बदाहै हे मित्र यही मेरा वृत्तान्तहै इससमय तुम्हारे समागम से मेरा सब दुःख शान्तसा होगयाहै कन्दर्पके यह वचन सुनके केसटने कहा कि हे मित्र भय न करो योगिनी तुम्हारा कुछ नहीं करेंगी क्योंकि मेरे पास ऐसीही विलक्षण शक्तिहै अब तुम हमारे साथही रहो परमेश्वर कल्याण करेगा उनके इस प्रकार वार्त्तालाप करते २ वह रात्रि व्यतीत होगई प्रातःकाल वह दोनों वहांसे चलकर भ्रमण करते र रत्नानदी के तटपर भीमपुर नाम नगर में पहुँचे वहां उस नदी के तटपर महाकोलाहल सुनके उन्होंने जाकर देखा कि एक इतनी बड़ी मछली आकर फँसी है कि पुलके समान जिस मछली से नदी के दोनों तट व्याप्त होगये हैं उस मछलीका पेट फाड़नेसे एक अत्यन्त रूपवती स्त्री उसमेंसे निकली उसे देखकर कन्दर्पने केसटसे कहा कि हे मित्र यह वही सुमनानाम स्त्री है जिसके साथ मेरा विवाहहुआ था परन्तु न जाने मछलीके पेट में इसका कैसे निवास हुआ इससे थोड़ी देर यहां ठहरें तो सब प्रकट होजायगा उसके यह वचन सुनकर केसटने कहा कि अच्छा ऐसाही करो तब लोगों के पूछनेसे सुमनाने कहा कि मैं रत्नाकरनाम पुरके रहनेवाले जयदत्त ब्राह्मण की सुमनानाम पुत्री हूं न जाने कहां से आयेहुए एक ब्राह्मणकेसाथ मेरा विवाहहोगया उसी रात्रिमें जब मैं सोगई तब वह न जाने कहां चलागया मेरे पिताने यत्नपूर्वक उसे बहुत ढूंढा परन्तु उसका कुछ पता न मिला इससे मैं वियोगाग्नि की शान्तिकेलिये नदीमें डूबी वहां एक मछलीने मुझे निगललिया जिसके द्वारा मैं यहां आकर प्रकट हुई हूं उसके इसप्रकार कहतेही एक यज्ञस्वामी नाम ब्राह्मणने उसे गलेसे लगाकर कहा कि हे पुत्री तू मेरी भानजी है मैं तुम्हारी माताका यज्ञस्वामी नाम भाईहूं उसके वचन सुनके सुमना मुखखोलकर उसे पहचानके उसके पैरोंपर गिरकर बहुत देरतकरोई और बोली कि हे मामाजी मुझे काष्ठलादो तो मैं

चितालगाकर भस्महोजाऊं क्योंकि आर्यपुत्रके विना मुझे जीना योग्यनहीं है यहसुनकर यज्ञस्वामीने उसे बहुत समझाया परन्तु वह अपने निश्चयसे चलायमान न हुई तब कन्दर्प उसके चित्तको शुद्धजानकर उसके निकटगया कन्दर्पको देखके उसके पैरोंपर गिरकर वह बहुत रोई और अपनेमामासे बोली कि यही मेरापति है उसके वचन सुन के यज्ञस्वामी बहुत प्रसन्नहोकर उसे तथा कन्दर्प और केसटको अपने घर लेगया वहां उनसबसे सब वृत्तान्त पूछकर उसने सबका बड़ा सत्कारकिया वहां कई दिन रहकर केसटने कन्दर्पसे कहा कि हे मित्र तुम तो अपनी प्रियाकोपाकर कृतार्थ होगये इससे तुम अपनी प्रियाको लेकर अपने रत्नपुर नगरको जाओ और मैं अपने देशको नहीं जाऊंगा तीर्थोंपर भ्रमण करके इस अपने पापी शरीरको त्यागूंगा उसके वचन सुनकर यज्ञस्वामीने कहा कि तुमकातरहोके यह क्या वचन कहतेहो धैर्य्यसे जीतेहुए को सब पदार्थ प्राप्तहोजाते हैं सुनो मैं तुमको कुसुमायुधका वृत्तान्त सुनाताहूं चण्डपुर नाम नगरमें देवस्वामी नाम एक ब्राह्मण रहताथा उसके अत्यन्तरूपवती कमललोचना नाम कन्याथी और कुसुमायुध नाम एक युवा ब्राह्मण उसका शिष्यथा इन दोनों में परस्पर स्नेहथा एक समय देवस्वामीने कमललोचनाका किसी अन्यवरके साथ विवाह करनेका निश्चय किया तब उसने अपनी सखीके द्वारा कुसुमायुध से कहलवाया कि मेरे पिता किसी अन्यके साथ मेरा विवाहकरना चाहते हैं और मैंने पहलेहीसे तुम्हारे साथ विवाह करनेका संकल्पकरलिया है इससे तुम युक्ति पूर्व्वक मुझे यहांसे हरलेचलो उसका यह अभिप्राय जानकर कुसुमायुधने उसके हरनेकेलिये एक अत्यन्त बेगवती उंटनी अपने सेवकके साथ उसके गृहके पास खड़ीकरदी रात्रिके समय कमललोचना घरसे निकलकर उस उंटनीपर चढ़ली उसे देखकर वह सेवक कामके वशीभूत होकर उसे किसी अन्यस्थान में लेगया वहां प्रातःकाल हुआ जानके कमललोचना ने उससे कहा कि तुम्हारा स्वामी मेरापति कहां है उसीके पास मुझे क्यों नहीं लेचलते उसके यह वचन सुनकर उस दुष्ट सेवकने कहा कि मैंहीं तुम्हारे साथ विवाहकरूंगा वह न जाने कहांगया यह सुनकर परम चतुर कमललोचनाने कहा कि तुम तो मेरे बड़ेही प्रियहो शीघ्रही तुम मेरे साथ विवाहकरो उसके वचन सुनकर वहमूर्ख किसी नगर के उपवनमें उसे छोड़कर विवाहकी सामग्री लेनेकेलिये बाजारको गया उसेगया देखकर कमललोचना वहांसे भागकर एक वृद्धमालीके यहां चलीगई उसमालीने उससे सबवृत्तान्त पूछकर बड़े आदर पूर्व्वक उसे अपने यहांरक्खा और वह दुष्टसेवक उसे उपवनमें न पाकर कुसुमायुधकेपास जाकरबोला कि तुमबड़े सरल चित्तहो इससे स्त्रियोंकी कुटिलताको नहींजानते वह कमललोचना तो घरसे निकलीही नहीं और लोगोंने मुझे वहां खड़ादेखकर बहुतपीटा इससमय मैं अपनेप्राण किसीप्रकारसे बचाकर भागके तुम्हारे पास आयाहूं उसकेयह वचन सुनकर कुसुमायुध चुपहोगया इसकेउपरान्त एकसमय कुसुमायुध अपने पिताकी प्रेरणासे किसी अन्य कन्यासे विवाह करनेकोचला और मार्गमें उसीनगरमें जाकर टिका जहां कमललोचनाथी वहां कमललोचनाने कुसुमायुधको देखकर उसमालीसे जिसके कि यहां वह रहतीथी जाकरकहा कि यहां मेरापति आयाहै उसके वचनसुनकर मालीने कुसुमायुधके पासजाकर सब वृत्तान्त

वहां मातृकादेवी को प्रणाम करके मैंने यह विज्ञापनाकरी कि हे भगवती मुझ दीनकी तुम्हारी शरणमें प्राप्तहूं यह विज्ञापना करके मैंने वहीं विश्राम किया और वह दिन भी गया २१० और चन्द्रिकासे निर्मल रात्रि आई उससमय मातृकादेवी में से निकलकर परस्पर कहा कि आज चक्रपुर में हमलोगोंको अवश्य जाना है यहां इस दीन कौन रक्षा करेगा इससे इसे ऐसे स्थानमें लेजाकर रखना चाहिये जहां इसका कुछ कल्याण होवे फिर प्रातःकाल हम वहांसे इसे लेआवेंगी यह कहके वह आकाशमार्ग से मुझे लेजाकर किसी पुरमें एक धनवान् ब्राह्मण के घरमें छोड़कर चलीगई वहां मैंने देखा कि कन्याके विवाहकी सम्पूर्ण सामग्री इकट्ठी होरहीथी और लग्नका समय आगयाथा परन्तु बरात नहीं आईथी इससे वहां के लोगों ने मेरा सुन्दर रूप देखके मेरे साथ सुमनानाम कन्याका विवाह करदिया विवाहविधि के उपरान्त मैं वहीं ब्राह्मणोंकी आज्ञासे एक सुन्दर महलमें उस सुमनाके साथ जाके सोया रात्रिके पिछले पहरमें चक्रपुर से लौटीहुई योगिनियां मुझे वहांसे लेकर आकाशमें उड़चलीं मार्ग में अन्य योगिनी उनसे मिलकर मुझे छीनने लगीं इससे उनका परस्पर युद्ध होनेलगा और मैं उनके हाथसे छूटकर यहां गिरपड़ा मैं नहीं जानताहूं कि किस नगरमें सुमनाके साथ मेरा विवाह हुआथा अब न जानिये मेरे भाग्यमें क्या बदाहै हे मित्र यही मेरा वृत्तान्तहै इससमय तुम्हारे समागम से मेरा सब दुःख शान्तसा होगयाहै कन्दर्पके यह वचन सुनके केसटने कहा कि हे मित्र भय न करो योगिनी तुम्हारा कुछ नहीं करेंगी क्योंकि मेरे पास ऐसीही विलक्षण शक्तिहै अब तुम हमारे साथही रहो परमेश्वर कल्याण करेगा उनके इस प्रकार वार्त्तालाप करते २ वह रात्रि व्यतीत होगई प्रातःकाल वह दोनों वहांसे चलकर भ्रमण करते २ रत्नानदी के तटपर भीमपुर नाम नगर में पहुँचे वहां उस नदी के तटपर महाकोलाहल सुनके उन्होंने जाकर देखा कि एक इतनी बड़ी मछली आकर फँसी है कि पुलके समान जिस मछली से नदी के दोनों तट व्याप्त होगये हैं उस मछलीका पेट फाड़नेसे एक अत्यन्त रूपवती स्त्री उसमेंसे निकली उसे देखकर कन्दर्पने केसटसे कहा कि हे मित्र यह वही सुमनानाम स्त्री है जिसके साथ मेरा विवाहहुआ था परन्तु न जाने मछलीके पेट में इसका कैसे निवास हुआ इससे थोड़ी देर यहां ठहरें तो सब प्रकट होजायगा उसके यह वचन सुनकर केसटने कहा कि अच्छा ऐसाही करो तब लोगों के पूछनेसे सुमनाने कहा कि मैं रत्नाकरनाम पुरके रहनेवाले जयदत्त ब्राह्मण की सुमनानाम पुत्री हूं न जाने कहां से आयेहुए एक ब्राह्मणकेसाथ मेरा विवाहहोगया उसी रात्रिमें जब मैं सोगई तब वह न जाने कहां चलागया मेरे पिताने यत्नपूर्वक उसे बहुत ढूंढ़ा परन्तु उसका कुछ पता न मिला इससे मैं वियोगाग्नि की शान्तिकेलिये नदीमें डूबी वहां एक मछलीने मुझे निगललिया जिसके द्वारा मैं यहां आकर प्रकट हुई हूं उसके इसप्रकार कहतेही एक यज्ञस्वामी नाम ब्राह्मणने उसे गलेसे लगाकर कहा कि हे पुत्री तू मेरी भानजी है मैं तुम्हारी माताका यज्ञस्वामी नाम भाईहूं उसके वचन सुनके सुमना मुखखोलकर उसे पहचानके उसके पैरोंपर गिरकर बहुत देरतकरोई और बोली कि हे मामाजी मुझे काष्ठलादो तो मैं

चितालगाकर भस्महोजाऊं क्योंकि आर्यपुत्रके विना मुझे जीना योग्यनहीं है यहसुनकर यज्ञस्वामीने उसे बहुत समझाया परन्तु वह अपने निश्चयसे चलायमान न हुई तब कन्दर्प उसके चित्तको शुद्धजानकर उसके निकटगया कन्दर्पको देखके उसके पैरोंपर गिरकर वह बहुत रोई और अपनेमामासे बोली कि यही मेरापति है उसके वचन सुन के यज्ञस्वामी बहुत प्रसन्नहोकर उसे तथा कन्दर्प और केसटको अपने घर लेगया वहां उनसबसे सब वृत्तान्त पूछकर उसने सबका बड़ा सत्कारकिया वहां कई दिन रहकर केसटने कन्दर्पसे कहा कि हे मित्र तुम तो अपनी प्रियाकोपाकर कृतार्थ होगये इससे तुम अपनी प्रियाको लेकर अपने रत्नपुर नगरको जाओ और मैं अपने देशको नहीं जाऊंगा तीर्थोंपर भ्रमण करके इस अपने पापी शरीरको त्यागूंगा उसके वचन सुनकर यज्ञस्वामीने कहा कि तुमकातरहोके यह क्या वचन कहतेहो धैर्य्यसे जीतेहुए को सब पदार्थ प्राप्तहोजाते हैं सुनो मैं तुमको कुसुमायुधका वृत्तान्त सुनाताहूं चण्डपुर नाम नगरमें देवस्वामी नाम एक ब्राह्मण रहताथा उसके अत्यन्तरूपवती कमललोचना नाम कन्याथी और कुसुमायुध नाम एक युवा ब्राह्मण उसका शिष्यथा इन दोनों में परस्पर स्नेहथा एक समय देवस्वामीने कमललोचनाका किसी अन्यवरके साथ विवाह करनेका निश्चय किया तब उसने अपनी सखीके द्वारा कुसुमायुध से कहलवाया कि मेरे पिता किसी अन्यके साथ मेरा विवाहकरना चाहते हैं और मैंने पहलेहीसे तुम्हारे साथ विवाह करनेका संकल्पकरलिया है इससे तुम युक्ति पूर्व्वक मुझे यहांसे हरलेचलो उसका यह अभिप्राय जानकर कुसुमायुधने उसके हरनेकेलिये एक अत्यन्त वेगवती उंटनी अपने सेवकके साथ उसके गृहके पास खड़ीकरदी रात्रिके समय कमललोचना घरसे निकलकर उस उंटनीपर चढ़ली उसे देखकर वह सेवक कामके वशीभूत होकर उसे किसी अन्यस्थान में लेगया वहां प्रातःकाल हुआ जानके कमललोचना ने उससे कहा कि तुम्हारा स्वामी मेरापति कहां है उसीके पास मुझे क्यों नहीं लेचलते उसके यह वचन सुनकर उस दुष्ट सेवकने कहा कि मैंहीं तुम्हारे साथ विवाहकरूंगा वह न जाने कहांगया यह सुनकर परम चतुर कमललोचनाने कहा कि तुम तो मेरे बड़ेही प्रियहो शीघ्रही तुम मेरे साथ विवाहकरो उसके वचन सुनकर वहमूर्ख किसी नगर के उपवनमें उसे छोड़कर विवाहकी सामग्री लेनेकेलिये बाजारको गया उसेगया देखकर कमललोचना वहांसे भागकर एक वृद्धमालीके यहां चलीगई उसमालीने उससे सबवृत्तान्त पूछकर बड़े आदर पूर्व्वक उसे अपने यहांरक्खा और वह दुष्टसेवक उसे उपवनमें न पाकर कुसुमायुधकेपास जाकरबोला कि तुमबड़े सरल चित्तहो इससे स्त्रियोंकी कुटिलताको नहींजानते वह कमललोचना तो घरसे निकलीही नहीं और लोगोंने मुझे वहां खड़ादेखकर बहुतपीटा इससमय मैं अपनेप्राण किसीप्रकारसे बचाकर भागके तुम्हारे पास आयाहूं उसके यह वचन सुनकर कुसुमायुध चुपहोगया इसकेउपरान्त एकसमय कुसुमायुध अपने पिताकी प्रेरणासे किसी अन्य कन्यासे विवाह करनेकोचला और मार्गमें उसीनगरमें जाकर टिका जहां कमललोचनाथी वहां कमललोचनाने कुसुमायुधको देखकर उसमालीसे जिसके कि यहां वह रहतीथी जाकरकहा कि यहां मेरापति आयाहै उसके वचनसुनकर मालीने कुसुमायुधके पासजाकर सब वृत्तान्त

कहा और उसेकमललोचनाके पास लिवालाया कमललोचनाकोदेखके अत्यन्तप्रसन्नहोके वहीं उसके साथ विवाह करके उस दुष्ट सेवकको मारकर निकालदिया और जिस कन्या के विवाह करनेको जाताथा जाकर उसके साथ भी विवाह किया इस रीतिसे वह दोनों स्त्रियोंको आनन्दसे अपने घरको गया इसप्रकारसे मनुष्यों के असंभव समागम भी होजाते हैं हे केसट थोड़ेही कालमें अपनी प्रियाको पाओगे यज्ञस्वामीके यह वचन सुनकर केसट तथा कन्दर्प काल वहां रहकर सुमनाको लेकर अपने देशकोचले वहांसे चलके एक महावनमें पहुँचकर एक मत-वाले हाथी के भयसे वह सब अलग २ होगये उनमें से केसट बहुत दुखीहोके अकेलाही काशीपुरी में आया वहां कन्दर्प भी उसे मिलगया उसके साथ वह अपने पाटलिपुत्र नगरमें अपने पिताके पास गया वहां रूपवतीके विवाह तथा कन्दर्पके समागमका वृत्तान्त कहकर कुछ दिन रहा इस बीचमें हाथीके भयसे भागीहुई वह सुमना वनमें हा आर्यपुत्र हा अम्ब इसप्रकार कहतीहुई रात्रिके समय बहुत शोच कर दावाग्निमें अपना शरीर भस्म करने को उद्यत हुई इतने में वह योगिनी जिन्होंने कन्दर्पपर कृपा कीथी उन्होंने अपने स्थानमें जाकर कन्दर्पका स्मरण करके अपने प्रभावसे जानलिया कि उसकी स्त्री वनमें शरीर त्यागनेको उद्यतहै यह जानकर उन्होंने यह सलाहकरी कि कन्दर्प तो पुरुष होनेके कारण धैर्य्यधरेगा परन्तु उसकीस्त्री अवश्यप्राणदेदेगी इससे उसको रत्नपुरमें लेजाकर छोड़ देना चाहिये वहां वह अपने श्वशुरके घरमें सौतकेसाथरहैगी यह निश्चयकरके योगिनियोंने वनमें जाकर सुमनाको समझाके वहांसे लाकर रत्नपुरमें छोड़दिया वहां रात्रिके व्यतीत होजानेपर प्रातःकाल बहुत व्यग्रतासे दौड़तेहुए लोगोंके द्वारा यह सुनकर कि कन्दर्प ब्राह्मणकी अनंगवतीनामस्त्री उसके बहुतकालसे चले जानेकेकारण निराशहोकर भस्महोनेको जाती है और कन्दर्पके माता पिताभी उसीके साथ भस्महोना चाहतेहैं सुमनाने चिताकेस्थानमें जाकर अनंगवतीसेकहा कि हे आर्य्ये साहस न करो तुम्हारापति जीता है यह कहकर उसने कन्दर्पका सब वृत्तान्त उसे सुनाया और कन्दर्पकी दीहुई रत्नजटित अंगूठी दिखाई इससे उसकेवचनको सत्यजानकर कन्दर्प के माता पिता अनंगवती तथा सुमना इन दोनों पुत्रबधुओंको लेकर मृत्युसे निवृत्तहोकर अपनेघरकोगये इसबीचमें कन्दर्प केसटसे विनाकहेही पाटलिपुत्र नगरसे चल कर उसनगरमें पहुंचा जहां रूपवती के साथ केसटका विवाहहुआ था और केसटभी रूपवती के विना दुखी होकर माता पितासे विना कहेही भ्रमण करने को चलागया इसके उपरान्त कन्दर्पने उसनगरमें बड़ा कोलाहल सुनकर लोगोंसे पूछा कि इसकोलाहल का क्याकारण है तब एक पुरुषने उससे कहा कि यहां ब्राह्मणकी पुत्री रूपवती अपने केसटनाम पतिको बहुतकालसे प्रतीक्षाकरतीहुई न पाकर प्राण देनेको उद्यतहै उसका सबवृत्तान्त मैं तुमसे कहता हूं यह कहकर उसने केसटकेविवाह तथा राक्षसके आश्चर्य्यकारी वृत्तान्तको वर्णनकरके कहा कि वह वृद्ध ब्राह्मण केसटको ठगके रूपवतीको लेकर चला यह नहीं मालूमहुआ कि रूपवती से विवाहकरके केसट कहांगया मार्ग में रूपवती ने केसटको न देख कर पूछा कि आर्य्यपुत्र कहांगये यह सुनकर उस वृद्ध ब्राह्मणने अपने पुत्रको दिखाकर उससे कहा कि

हे पुत्री यही तुम्हारापतिहै यह सुनकर रूपवतीने क्रोधकरके कहा कि यह कुरूप मेरा पति नहीं है जिस के साथ कल मेरा विवाहहुआ था अगर वह पति मुझे नहीं मिलेगा तो मैं अपने प्राणदेदूंगी यह कह कर उसने भोजन तथा जलछोड़दिया तब वह वृद्धब्राह्मण राजाके भयसे रूपवतीको यहां उसके पिता के घरमें छोड़गया रूपवती के पिताने उससे सबवृत्तान्त पूछकर कहा कि हे पुत्री जिसकेसाथ तुम्हारा विवाहहुआ है उसका पता कैसे लगसक्ताहै यह सुनकर रूपवतीने कहा कि हे तात पाटलिपुत्रके रहने वाले देसटनाम ब्राह्मण का पुत्र मेरा पति है उसका केसटनाम है यह मैंने रात्रिको राक्षसके मुखसे सुना है यह कहकर उसने अपने पति और राक्षस का सब वृत्तान्त कहा तब उसके पिताने नर्मदाके किनारे जाके राक्षसको मरा देखके अपनी कन्याके वचनों पर विश्वासयुक्त होके बहुतसे ढूंढ़नेवालों को पाटलि-पुत्र भेजा उन्होंने कुछ दिनोंके पीछे वहांसे आकर कहा कि पाटलिपुत्र नगर में देसट तो मिला उससे हमने पूछा कि केसट कहां है तब उसने आंसूभरके कहा कि कन्दर्प नाम मित्रकेसाथ केसट यहां आकर भी रूपवती के दुःखसे मुझसे विना कहेही न जाने कहां चलागया देसटके यह वचन सुनकर हमलोग यहां चलेआये ढूंढ़नेवालों के यहवचन सुनकर रूपवतीने अपने पितासेकहा कि हे तात अब मैं अग्नि में प्रवेशकरूंगी क्योंकि पतिके विना मैं इस पापी शरीर को नहीं धारण करसक्ती हूं यह कहके अपने पिताके भी निषेध करनेको न मानकर वह रूपवती आज चितामें भस्महोनेको जाती है उसकेसाथ उस की शृंगारवती तथा अनुरागवती दो सखियां भी प्राणदेनेको उद्यतहैं क्योंकि रूपवती के विवाहमें उ-न्होंने भी केसटको देखकर उसे अपनापति बनानेका संकल्पकियाथा इसी निमित्त यह कोलाहल यहां होरहाहै उसपुरुषके यह वचनसुनकर कन्दर्पने चिताकेनिकटजाकर अग्निकापूजन करतीहुई रूपवतीसे कलकल शब्दको निवृत्तकरके कहा कि हे आर्य साहस न करो तुम्हारा पति केसट जीताहै मैं उसका मित्र कन्दर्प हूं यह कहकर उसने केसटका नावसमेत बहने से लेकर जो २ वृत्तान्तहुआ सब कहदिया उस वृत्तान्त को सुनकर रूपवती प्रसन्नहोकर अपनी सखियों समेत पिताके घरकोगई और रूपवतीके पिताने कन्दर्पको अपने घरमेंलेजाकर बड़े आदरपूर्व्वक रक्खा इसबीचमें केसटभी भ्रमण करते २ रत्नपुर नगरमेंपहुँचा जहां कन्दर्पका घरथा वहां महलपरसे सुमनाने उसे देखकर हर्षपूर्व्वक अपने श्वशुरसेकहा कि आर्य्यपुत्रका मित्र केसट यहांआयाहै इसे शीघ्रहीबुलाओ इससे सबवृत्तान्त मालूमहोगा उसके यह वचनसुनकर कन्दर्पका पिता केसटको सुमनाकेपास बुलालाया केसटने सुमनाको देखके बहुतप्रसन्नहोके वनसे छूटनेसे लेकर अपना और कन्दर्पका सबवृत्तान्तकहा तब कन्दर्प के पिताने उसका बड़ा आदर करके उसे अपनेही यहां रखलिया उसके दोचार दिनकेही उपरान्त कन्दर्पके पाससे एकपुरुष एकपत्र लेकर वहांआया उसपत्रमें यह लिखाथा कि जिसनगरमें कन्दर्प के मित्र केसटने रूपवतीकेसाथ विवाह कियाथा वहां कन्दर्प औररूपवती दोनों हैं इस लेखकोपढ़कर कंदर्पकेपिताने बहुतप्रसन्नहोकर केसटको वहीं जानेकेलिये विदाकिया और उसीकेसाथ कन्दर्पके बुलाने के निमित्त एकअपना दूतभेजा केसटने वहांसे चलकर कईदिनमें अपनीप्रियाके नगरमें पहुँचकर बहुतकालसे चातकीकेसमान उत्कण्ठित अप-

कहा और उसेकमललोचनाके पास लिवालाया कमललोचनाकोदेखके अत्यन्तप्रसन्नहोके वहीं उसके साथ विवाह करके उस दुष्ट सेवकको मारकर निकालदिया और जिस कन्या के विवाह करनेको जाताथा जाकर उसके साथ भी विवाह किया इस रीतिसे वह दोनों आनन्दसे अपने घरको गया इसप्रकारसे मनुष्यों के असंभव समागम भी होजाते हैं हे केसट थोड़ेही कालमें अपनी प्रियाको पाओगे यज्ञस्वामीके यह वचन सुनकर केसट तथा कन्दर्प काल वहां रहकर सुमनाको लेकर अपने देशकोचले वहांसे चलके एक महावनमें पहुँचकर एक वाले हाथी के भयसे वह सब अलग २ होगये उनमें से केसट बहुत दुखीहोके अकेलाही काशीपुरी में आया वहां कन्दर्प भी उसे मिलगया उसके साथ वह अपने पाटलिपुत्र नगरमें अपने पिताके पास गया वहां रूपवतीके विवाह तथा कन्दर्पके समागमका वृत्तान्त कहकर कुछ दिन रहा इस बीचमें हाथीके भयसे भागीहुई वह सुमना वनमें हा आर्यपुत्र हा अम्ब इसप्रकार कहतीहुई रात्रिके समय बहुत शोच कर दावाग्निमें अपना शरीर भस्म करने को उद्यत हुई इतने में वह योगिनी जिन्होंने कन्दर्पपर कृपा कीथी उन्होंने अपने स्थानमें जाकर कन्दर्पका स्मरण करके अपने प्रभावसे जानलिया कि उसकी स्त्री वनमें शरीर त्यागनेको उद्यतहै यह जानकर उन्होंने यह सलाहकरी कि कन्दर्प तो पुरुष होनेके कारण धैर्य्यधरेगा परन्तु उसकीस्त्री अवश्यप्राणदेदेगी इससे उसको रत्नपुरमें लेजाकर छोड़ देना चाहिये वहां वह अपने श्वशुरके घरमें सौतकेसाथरहैगी यह निश्चयकरके योगिनियोंने वनमें जाकर सुमनाको समझाके वहांसे लाकर रत्नपुरमें छोड़दिया वहां रात्रिके व्यतीत होजानेपर प्रातःकाल बहुत व्यग्रतासे दौड़तेहुए लोगोंके द्वारा यह सुनकर कि कन्दर्प ब्राह्मणकी अनंगवतीनामस्त्री उसके बहुतकालसे चले जानेकेकारण निराशहोकर भस्महोनेको जाती है और कन्दर्पके माता पिताभी उसीके साथ भस्महोना चाहतेहैं सुमनाने चिताकेस्थानमें जाकर अनंगवतीसेकहा कि हे आर्य्ये साहस न करो तुम्हारापति जीता है यह कहकर उसने कन्दर्पका सब वृत्तान्त उसे सुनाया और कन्दर्पकी दीहुई रत्नजटित अंगूठी दिखाई इससे उसकेवचनको सत्यजानकर कन्दर्प के माता पिता अनंगवती तथा सुमना इन दोनों पुत्रवधुओंको लेकर मृत्युसे निवृत्तहोकर अपनेघरकोगये इसबीचमें कन्दर्प केसटसे बिनाकहेही पाटलिपुत्र नगरसे चल कर उसनगरमें पहुंचा जहां रूपवती के साथ केसटका विवाहहुआ था और केसटभी रूपवती के विना दुखी होकर माता पितासे विना कहेही भ्रमण करने को चलागया इसके उपरान्त कन्दर्पने उसनगरमें बड़ा कोलाहल सुनकर लोगोंसे पूछा कि इसकोलाहल का क्याकारण है तब एक पुरुषने उससे कहा कि यहां ब्राह्मणकी पुत्री रूपवती अपने केसटनाम पतिको बहुतकालसे प्रतीक्षाकरतीहुई न पाकर प्राण देनेको उद्यतहै उसका सबवृत्तान्त मैं तुमसे कहता हूं यह कहकर उसने केसटकेविवाह तथा राक्षसके आश्चर्य्यकारी वृत्तान्तको वर्णनकरके कहा कि वह वृद्ध ब्राह्मण केसटको ठगके रूपवतीको लेकर चला यह नहीं मालूमहुआ कि रूपवती से विवाहकरके केसट कहांगया मार्ग में रूपवती ने केसटको न देख कर पूछा कि आर्य्यपुत्र कहांगये यह सुनकर उस वृद्ध ब्राह्मणने अपने पुत्रको दिखाकर उससे कहा कि

हे पुत्री यही तुम्हारापतिहै यह सुनकर रूपवतीने क्रोधकरके कहा कि यह कुरूप मेरा पति नहीं है जिस के साथ कल मेरा विवाहहुआ था अगर वह पति मुझे नहीं मिलेगा तो मैं अपने प्राणदेदूंगी यह कह कर उसने भोजन तथा जलछोड़दिया तब वह वृद्धब्राह्मण राजाके भयसे रूपवतीको यहां उसके पिता के घरमें छोड़गया रूपवती के पिताने उससे सबवृत्तान्त पूछकर कहा कि हे पुत्री जिसकेसाथ तुम्हारा विवाहहुआ है उसका पता कैसे लगसक्ताहै यह सुनकर रूपवतीने कहा कि हे तात पाटलिपुत्रके रहने वाले देसटनाम ब्राह्मण का पुत्र मेरा पति है उसका केसटनाम है यह मैंने रात्रिको राक्षसके मुखसे सुना है यह कहकर उसने अपने पति और राक्षस का सब वृत्तान्त कहा तब उसके पिताने नर्मदाके किनारे जाके राक्षसको मरा देखके अपनी कन्याके वचनों पर विश्वासयुक्त होके बहुतसे ढूंढ़नेवालों को पाटलि-पुत्र भेजा उन्होंने कुछ दिनोंके पीछे वहांसे आकर कहा कि पाटलिपुत्र नगर में देसट तो मिला उससे हमने पूछा कि केसट कहां है तब उसने आंसूभरके कहा कि कन्दर्प नाम मित्रकेसाथ केसट यहां आकर भी रूपवती के दुःखसे मुझसे विना कहेही न जाने कहां चलागया देसटके यह वचन सुनकर हमलोग यहां चलेआये ढूंढ़नेवालों के यहवचन सुनकर रूपवतीने अपने पितासेकहा कि हे तात अब मैं अग्नि में प्रवेशकरूंगी क्योंकि पतिके विना मैं इस पापी शरीर को नहीं धारण करसक्ती हूं यह कहके अपने पिताके भी निषेध करनेको न मानकर वह रूपवती आज चितामें भस्महोनेको जाती है उसकेसाथ उस की शृंगारवती तथा अनुरागवती दो सखियां भी प्राणदेनेको उद्यतहैं क्योंकि रूपवती के विवाहमें उ-न्होंने भी केसटको देखकर उसे अपनापति बनानेका संकल्पकियाथा इसी निमित्त यह कोलाहल यहां होरहाहै उसपुरुषके यह वचनसुनकर कन्दर्पने चिताकेनिकटजाकर अग्निकापूजन करतीहुई रूपवतीसे कलकल शब्दको निवृत्तकरके कहा कि हे आर्ये साहस न करो तुम्हारा पति केसट जीताहै मैं उसका मित्र कन्दर्प हूं यह कहकर उसने केसटका नावसमेत बहने से लेकर जो २ वृत्तान्तहुआ सब कहदिया उस वृत्तान्त को सुनकर रूपवती प्रसन्नहोकर अपनी सखियों समेत पिताके घरकोगई और रूपवतीके पिताने कन्दर्पको अपने घरमेंलेजाकर बड़े आदरपूर्व्वक रक्खा इसबीचमें केसटभी भ्रमण करते २ रत्नपुर नगरमेंपहुँचा जहां कन्दर्पका घरथा वहां महलपरसे सुमनाने उसे देखकर हर्षपूर्व्वक अपने श्वशुरसेकहा कि आर्य्यपुत्रका मित्र केसट यहांआयाहै इसे शीघ्रहीबुलाओ इससे सबवृत्तान्त मालूमहोगा उसके यह वचनसुनकर कन्दर्पका पिता केसटको सुमनाकेपास बुलालाया केसटने सुमनाको देखके बहुतप्रसन्नहोके वनसे छूटनेसे लेकर अपना और कन्दर्पका सबवृत्तान्तकहा तब कन्दर्प के पिताने उसका बड़ा आदर करके उसे अपनेही यहां रखलिया उसके दोचार दिनकेही उपरान्त कन्दर्पके पाससे एकपुरुष एकपत्र लेकर वहांआया उसपत्रमें यह लिखाथा कि जिसनगरमें कन्दर्प के मित्र केसटने रूपवतीकेसाथ विवाह कियाथा वहां कन्दर्प औररूपवती दोनों हैं इस लेखकोपढ़कर कंदर्पकेपिताने बहुतप्रसन्नहोकर केसटको वहीं जानेकेलिये विदाकिया और उसीकेसाथ कन्दर्पके बुलानेके निमित्त एकअपना दूतभेजा केसटने वहांसे चलकर कईदिनमें अपनीप्रियाके नगरमें पहुँचकर बहुतकालसे चातकीकेसमान उत्कण्ठित अप-

नी प्रियाको प्रसन्नकिया और कन्दर्पसे मिलकर अपनी प्रियाके कहनेसे उसकी दोनों शृंगारवती अनुरागवती सखियों के साथभी विवाह किया इसके उपरान्त उत्सवसे बहुतदिनों के व्यतीत केसट अपनी उन तीनोंप्रियाओं को लेकर और कन्दर्पसे पूछकर अपने पाटलिपुत्र नगरकोगया कन्दर्पभी दूतके साथ अपने रत्नपुर नगरमें जाकर अपनी अनंगवती और सुमनानाम स्त्रियोंसे इसप्रकार केसट और कन्दर्प दोनों अपनी २ स्त्रियोंको लेकर अपने २ देशमें जाके आनन्द भोगने लगे इसभांति दुर्भाग्यसे वियोगको प्राप्तहुए मनुष्य अनेक प्रकारके दुःखोंको भोगकर अन्तमें प्रियाओं को पाते हैं इससे हे मित्र चलो तुम भी ढूंढ़ने से अपनी प्रियाको पाओगे दैवकी विचित्र गति को कौन जानता है देखो मैंनेही अपनी मरीहुई स्त्री फिरकर सजीवपाई है इसप्रकार यह कथा कहकर इसने मुझे बड़ा उत्साह दिलाया इससे मैं इसीके साथ अपनी प्रियाको ढूंढ़ताहुआ यहां आया हूं यहां मैंने एक बड़ाभारी हाथी देखा उसने मेरे आगे मेरी प्रियाको उगलकरभी फिर निगललिया वह हाथीभी अब न जाने कहाँ चलागया बहुत ढूंढ़ने से भी नहीं मिलताहै यही मेरा वृत्तान्तहै इससमय बड़े पुण्योंके प्रभावसे आपके दर्शन हुएहैं उस वैश्यके यह वचनसुनकर महाराज विक्रमादित्यने वेतालके द्वारा उसकी प्रियाको अपनी रानीके पास से बुलवाके उसके सुपुर्दकरदिया परस्पर मिलकर वह दोनों स्त्री पुरुष अपना २ वृत्तान्त कहके अत्यन्त प्रसन्नहुए और महाराज विक्रमादित्यकी बड़ी प्रशंसा करनेलगे ३४५ ॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांविषमशीललम्बकेचतुर्थस्तरंगः ४ ॥

इसके उपरान्त राजा विक्रमादित्यने उस वैश्यके मित्रसे पूछा कि तुमने जो कहाथा कि मैंने मरी हुई स्त्री भी सजीवपाई उसका सब वृत्तान्त मुझसे कहो राजाके वचनसुनकर उस वैश्यने कहा कि ब्रह्मस्थल नाम ग्रामका रहनेवाला चन्द्रस्वामी नाम मैं ब्राह्मणहूं मेरी स्त्री अत्यन्त रूपवती है एक समय अपने पिताकी आज्ञासे मैं दूसरे ग्रामको किसी कार्य्यके लियेगया मेरे पीछे भिक्षालिये आयेहुए एक कापालिकने मेरी स्त्री को देखा उसके देखनेसेही वह ज्वर से पीड़ितहोके सायंकालही को मरगई तब मेरे बन्धुओंने उसे लेजाकर रात्रिके समय श्मशान में चितालगाकर जलाया उसीसमय में भी ग्रामसे लौटकर अपने घरमें आके उस वृत्तान्तको सुनकर श्मशानमें चिताके निकटगया उससमय वह कापालिकभी खट्वाङ्ग को नचाता और डमरू को बजाताहुआ वहीं आया और भस्मफेंककर चिताको शान्त करके उसमेंसे सजीव निकलीहुई मेरीस्त्रीको मन्त्रके प्रभावसे अपने साथलेके गंगातटपर जाके एक गुफाके द्वारपर खट्वाङ्गको रखकर भीतर चलागया और मैंभी धनुष चढ़ायेहुए उसीके पीछे २ चलागया वहां उस दुष्टने भीतर बैठीहुई दो कन्याओं से कहा कि तुम दोनों को पाकरभी जिसके विना मैंने भोग नहीं कियाथा आज वह मुझे प्राप्तहोगई देखो वह यही है यहकहकर जब वह उन कन्याओं को मेरी स्त्री दिखानेलगा तब मैंने उसका खट्वाङ्गलेके गंगामें फेंककर उससे कहा कि हे दुष्ट कापालिक तू मेरी स्त्रीको हरनाचाहताहै देख मैं तुझे अभी मारडालताहूं मेरे यह वचनसुनके खट्वाङ्गको न पाकर

वह सिद्धि रहित होकर वहां से भागा उसे भागा देखकर मैंने धनुष में विषसे बुझाहुआ बाण चढ़ाके उसके मारा जिसके लगतेही उसके प्राणनिकलगये इसप्रकार उस पाखंडीको मारकर अपनी स्त्री तथा उन दोनों कन्याओं को लेकर मैं अपने घरमें आया वहाँ पूछनेपर उन कन्याओं ने अपना यहवृत्तान्त कहा कि काशीपुरी के रहनेवाले एकक्षत्री तथा एक वैश्यकी हमदोनों कन्याहैं हमको सिद्धिकी युक्ति से यह दुष्ट हरलाया आपकी कृपा से हमारा इस पापी से उद्धार हुआ उनके वचन सुनकर दूसरे दिन मैं दोनों कन्याओं को लेकर काशीजी में उनके पिताओंके पास भेजआया काशीसे लौटकर मार्ग में यह वैश्य मुझे मिला इसी के साथ मैं यहां आया उस कापालिककी गुफामें मुझे एक अंगराग मिला था जिसके लगाने से अबतक मेरे शरीरमें सुगन्ध आरही है इसप्रकार मैंने मरीहुई स्त्रीभी सजीवपाई उसके यह वचन सुनकर राजाने उन दोनों को वहीं छोड़कर उज्जयिनी में आके गुणवती और चन्द्रवती के साथ विवाहकिया और स्तम्भमें देखीहुई उस पुतलीका स्मरणकरके प्रतीहारसे कहा कि कलिंग देशके राजाकलिंगसेन सेकन्या मांगनेकेलिये दूत भेजो राजाकी यह आज्ञा पाकर प्रतीहारने कलिंग देशको दूत भेजा उस दूतने राजाकलिंगसेन से जाकर कहा कि महाराज विक्रमादित्य ने तुमसे कहा है कि तुम जानतेहो इसपृथ्वीमेंजो २ उत्तम रत्न होताहै वह मेरे पास आताहै इससे तुम अपनी कन्या रूपी रत्न मेरे पास भेज दो और हमारी कृपा से अकण्टक राज्यभोगो दूत के यह वचन सुनकर राजा कलिंगसेनने क्रोधकरके कहा कि राजाविक्रमादित्य यह क्या मुझे आज्ञा देताहै वह बड़ा अभिमानी होगयाहै इससे उसे नीचा देखनापड़ेगा उसके यह वचन सुनकर उस दूतने उससे यह कहकर कि तुम सेवक होकरभी स्वामी से क्यों द्वेष करतेहो उसकी प्रतापाग्निमें अपने प्राण मतहोमो, राजाविक्रमादित्य के पास आके कलिंगसेनका सब वृत्तान्त कहा दूतके वचन सुनकर राजा विक्रमादित्य भूनकेतु बेताल तथा बहुतसी सेनाको लेकर कलिंगदेश में गया वहां राजाकलिंगसेनको युद्धके लिये तैयार देखकर राजाविक्रमादित्य ने शोचा कि इसकी कन्याके साथ में विवाह करना चाहताहूं इससे यह मेरा श्वशुर हुआ इसको मारना योग्य नहीं है इसमें कोई युक्ति करनी चाहिये यहशोचकर राजा विक्रमादित्य रात्रि के समय वेतालके साथ कलिंगसेनके शयन स्थानमें गया वहां बेतालने कलिंगसेनको जगाकर उस से कहा कि विक्रमादित्यसे विरोध करके भी तुम क्यों पड़े सोरहेहो वेतालके वचन सुनके उसने उठकर विक्रमादित्यको देखकर भयभीत होकर कहा कि मैं आपके वशीभृतहूं जो आज्ञाहोय सो करूं उसके वचन सुनकर महाराज विक्रमादित्यने उससे कहा कि जो तुम मेरी आज्ञा पालन करना चाहतेहो तो अपनी कलिंगसेना कन्याका विवाह मेरे साथ करदो यह सुनकर उसने कहा कि कल मैं अपनी पुत्री कलिंगसेनाका विवाह आपके साथ करदूंगा उसके यह वचन सुनके राजा विक्रमादित्य वेताल समेत अपने डेरेमें चलाआया दूसरे दिन कलिंगसेनने महाराज विक्रमादित्यके साथ तुम्हारा विवाह करदिया इसप्रकार हे रानी राजाने बड़े अनुरागपूर्वक तुम्हारे साथ विवाह कियाहै उस कार्पटिकसे यह कथा सुनकर मेरे चित्तको बड़ा संतोषहुआ रानी कलिंगसेनाने यह वृत्तान्त सुनकर सब रानी बहुत प्रसन्न

नी प्रियाको प्रसन्नकिया और कन्दर्पसे मिलकर अपनी प्रियाके कहनेसे उसकी दोनों शृंगारवती अनुरागवती सखियों के साथभी विवाह किया इसके उपरान्त उत्सवसे बहुतदिनों के व्यतीत केसट अपनी उन तीनोंप्रियाओंको लेकर और कन्दर्पसे पूछकर अपने पाटलिपुत्र नगरकोगया कन्दर्पभी दूतके साथ अपने रत्नपुर नगरमें जाकर अपनी अनंगवती और सुमनानाम स्त्रियोंसे मिला इसप्रकार केसट और कन्दर्प दोनों अपनी २ स्त्रियोंको लेकर अपने २ देशमें जाके आनन्द भोगने लगे इसभांति दुर्भाग्यसे वियोगको प्राप्तहुए मनुष्य अनेक प्रकारके दुःखोंको भोगकर अन्तमें प्रियाओं को पाते हैं इससे हे मित्र चलो तुम भी ढूंढ़ने से अपनी प्रियाको पाओगे दैवकी विचित्र गति को कौन जानता है देखो मैंनेही अपनी मरीहुई स्त्री फिरकर सजीवपाई है इसप्रकार यह कथा कहकर इसने मुझे बड़ा उत्साह दिलाया इससे मैं इसीके साथ अपनी प्रियाको ढूंढ़ताहुआ यहां आया हूं यहां मैंने एक बड़ाभारी हाथी देखा उसने मेरे आगे मेरी प्रियाको उगलकरभी फिर निगललिया वह हाथीभी अब न जाने कहाँ चलागया बहुत ढूंढ़ने से भी नहीं मिलताहै यही मेरा वृत्तान्तहै इससमय बड़े पुण्योंके प्रभावसे आपके दर्शन हुएहैं उस वैश्यके यह वचनसुनकर महाराज विक्रमादित्यने बेतालके द्वारा उसकी प्रियाको अपनी रानीके पास से बुलवाके उसके सुपुर्दकरदिया परस्पर मिलकर वह दोनों स्त्री पुरुष अपना २ वृत्तान्त कहके अत्यन्त प्रसन्नहुए और महाराज विक्रमादित्यकी बड़ी प्रशंसा करनेलगे ३४५ ॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांविषमशीललम्बकेचतुर्थस्तरंगः ४॥

इसके उपरान्त राजा विक्रमादित्यने उस वैश्यके मित्रसे पूछा कि तुमने जो कहाथा कि मैंने मरीहुई स्त्री भी सजीवपाई उसका सब वृत्तान्त मुझसे कहो राजाके वचनसुनकर उस वैश्यने कहा कि ब्रह्मस्थल नाम ग्रामका रहनेवाला चन्द्रस्वामी नाम मैं ब्राह्मणहूं मेरी स्त्री अत्यन्त रूपवती है एक समय अपने पिताकी आज्ञासे मैं दूसरे ग्रामको किसी कार्य्यके लियेगया मेरे पीछे भिक्षालिये आयेहुए एक कापालिकने मेरी स्त्री को देखा उसके देखनेसेही वह ज्वर से पीड़ितहोके सायंकालही को मरगई तब मेरे बन्धुओंने उसे लेजाकर रात्रिके समय श्मशान में चितालगाकर जलाया उसीसमय मैं भी ग्रामसे लौटकर अपने घरमें आके उस वृत्तान्तको सुनकर श्मशानमें चिताके निकटगया उससमय वह कापालिकभी खट्वाङ्ग को नचाता और डमरू को बजाताहुआ वहीं आया और भस्मफेंककर चिताको शान्त करके उसमेंसे सजीव निकलीहुई मेरीस्त्रीको मन्त्रके प्रभावसे अपने साथलेके गंगातटपर जाके एक गुफाके द्वारपर खट्वाङ्गको रखकर भीतर चलागया और मैंभी धनुष चढ़ायेहुए उसीके पीछे २ चलागया वहां उस दुष्टने भीतर बैठीहुई दो कन्याओं से कहा कि तुम दोनों को पाकरभी जिसके बिना मैंने भोग नहीं कियाथा आज वह मुझे प्राप्तहोगई देखो वह यही है यहकहकर जब वह उन कन्याओं को मेरी स्त्री दिखानेलगा तब मैंने उसका खट्वाङ्गलेके गंगामें फेंककर उससे कहा कि हे दुष्ट कापालिक तू मेरी स्त्रीको हरनाचाहताहै देख मैं तुझे अभी मारडालताहूं मेरे यह वचनसुनके खट्वाङ्गको न पाकर

वह सिद्धि रहित होकर वहां से भागा उसे भागा देखकर मैंने धनुष में विषसे बुझाहुआ बाण चढ़ाके उसके मारा जिसके लगतेही उसके प्राणनिकलगये इसप्रकार उस पाखंडीको मारकर अपनी स्त्री तथा उन दोनों कन्याओं को लेकर मैं अपने घरमें आया वहाँ पूछनेपर उन कन्याओं ने अपना यहवृत्तान्त कहा कि काशीपुरी के रहनेवाले एकक्षत्री तथा एक वैश्यकी हमदोनों कन्याहैं हमको सिद्धिकी युक्ति से यह दुष्ट हरलाया आपकी कृपा से हमारा इस पापी से उद्धार हुआ उनके वचन सुनकर दूसरे दिन में दोनों कन्याओं को लेकर काशीजी में उनके पिताओंके पास भेजआया काशीसे लौटकर मार्ग में यह वैश्य मुझे मिला इसी के साथ मैं यहां आया उस कापालिककी गुफामें मुझे एक अंगराग मिला था जिसके लगाने से अबतक मेरे शरीरमें सुगन्ध आरही है इसप्रकार मैंने मरीहुई स्त्रीभी सजीवपाई उसके यह वचन सुनकर राजाने उन दोनों को वहीं छोड़कर उज्जयिनी में आके गुणवती और चन्द्रवती के साथ विवाहकिया और स्तम्भमें देखीहुई उस पुतलीका स्मरणकरके प्रतीहारसे कहा कि कलिंग देशके राजाकलिंगसेन सेकन्या मांगनेकेलिये दूत भेजो राजाकी यह आज्ञा पाकर प्रतीहारने कलिंग देशको दूत भेजा उस दूतने राजाकलिंगसेन से जाकर कहा कि महाराज विक्रमादित्य ने तुमसे कहा है कि तुम जानतेहो इसपृथ्वी में जो २ उत्तम रत्न होताहै वह मेरे पास आताहै इससे तुम अपनी कन्या रूपी रत्न मेरे पास भेज दो और हमारी कृपा से अकण्टक राज्यभोगो। दूत के यह वचन सुनकर राजा कलिंगसेनने क्रोधकरके कहा कि राजाविक्रमादित्य यह क्या मुझे आज्ञा देताहै वह बड़ा अभिमानी होगयाहै इससे उसे नीचा देखनापड़ेगा। उसके यह वचन सुनकर उस दूतने उससे यह कहकर कि तुम सेवक होकरभी स्वामी से क्यों द्वेष करतेहो उसकी प्रतापाग्निमें अपने प्राण मतहोमो, राजाविक्रमादित्य के पास आके कलिंगसेनका सब वृत्तान्त कहा दूतके वचन सुनकर राजा विक्रमादित्य भूतकेतु वेताल तथा बहुतसी सेनाको लेकर कलिंगदेश में गया। वहां राजाकलिंगसेनको युद्धके लिये तैयार देखकर राजाविक्रमादित्य ने शोचा कि इसकी कन्याके साथ मैं विवाह करना चाहताहूं इससे यह मेरा श्वशुर हुआ इसको मारना योग्य नहीं है इसमें कोई युक्ति करनी चाहिये यह शोचकर राजा विक्रमादित्य रात्रि के समय वेतालके साथ कलिंगसेनके शयन स्थानमें गया वहां वेतालने कलिंगसेनको जगाकर उस से कहा कि विक्रमादित्यसे विरोध करके भी तुम क्यों पड़े सोरहेहो वेतालके वचन सुनके उसने उठकर विक्रमादित्यको देखकर भयभीत होकर कहा कि मैं आपके वशीभूतहूं जो आज्ञाहोय सो करूं उसके वचन सुनकर महाराज विक्रमादित्यने उससे कहा कि जो तुम मेरी आज्ञा पालन करना चाहतेहो तो अपनी कलिंगसेना कन्याका विवाह मेरे साथ करदो। यह सुनकर उसने कहा कि कल मैं अपनी पुत्री कलिंगसेनाका विवाह आपके साथ करदूंगा। उसके यह वचन सुनके राजा विक्रमादित्य वेताल समेत अपने डेरेमें चलाआया। दूसरे दिन कलिंगसेनने महाराज विक्रमादित्यके साथ तुम्हारा विवाह करदिया इसप्रकार हे रानी। राजाने बड़े अनुरागपूर्वक तुम्हारे साथ विवाह कियाहै उस कार्पटिकसे यह कथा सुनकर मेरे चित्तको बड़ा संतोषहुआ रानी। कलिंगसेनासे यह वृत्तान्त सुनकर सब रानी बहुत प्रसन्न

नी प्रियाको प्रसन्नकिया और कन्दर्पसे मिलकर अपनी प्रियाके कहनेसे उसकी दोनों शृंगारवती अनुरागवती सखियों के साथभी विवाह किया इसके उपरान्त उत्सवसे बहुतदिनों के व्यतीत केसट अपनी उन तीनोंप्रियाओंको लेकर और कन्दर्पसे पूछकर अपने पाटलिपुत्र ; कन्दर्पभी दूतके साथ अपने रत्नपुर नगरमें जाकर अपनी अनंगवती और सुमनानाम स्त्रियोंसे इसप्रकार केसट और कन्दर्प दोनों अपनी २ स्त्रियोंको लेकर अपने २ देशमें जाके आनन्द लगे इसभांति दुर्भाग्यसे वियोगको प्राप्तहुए मनुष्य अनेक प्रकारके दुःखोंको भोगकर अन्तमें प्रियाओं को पाते हैं इससे हे मित्र चलो तुम भी ढूंढ़ने से अपनी प्रियाको पाओगे दैवकी विचित्र गति को कौन जानता है देखो मैंनेही अपनी मरीहुई स्त्री फिरकर सजीवपाई है इसप्रकार यह कथा कहकर इसने मुझे बड़ा उत्साह दिलाया इससे मैं इसीके साथ अपनी प्रियाको ढूंढ़ताहुआ यहां आया हूं यहां मैंने एक बड़ाभारी हाथी देखा उसने मेरे आगे मेरी प्रियाको उगलकरभी फिर निगललिया वह हाथीभी अब न जाने कहाँ चलागया बहुत ढूंढ़ने से भी नहीं मिलताहै यही मेरा वृत्तान्तहै इससमय बड़े पुण्योंके प्रभावसे आपके दर्शन हुएहैं उस वैश्यके यह वचनसुनकर महाराज विक्रमादित्यने वेतालके द्वारा उसकी प्रियाको अपनी रानीके पास से बुलवाके उसके सुपुर्दकरदिया परस्पर मिलकर वह दोनों स्त्री पुरुष अपना २ वृत्तान्त कहके अत्यन्त प्रसन्नहुए और महाराज विक्रमादित्यकी बड़ी प्रशंसा करनेलगे ३४५ ॥

इतिश्रीकथासरित्सागरभाषायांविषमशीललम्बकेचतुर्थस्तरंगः ४ ॥

इसके उपरान्त राजा विक्रमादित्यने उस वैश्यके मित्रसे पूछा कि तुमने जो कहाथा कि मैंने मरी हुई स्त्री भी सजीवपाई उसका सब वृत्तान्त मुझसे कहो राजाके वचनसुनकर उस वैश्यने कहा कि ब्रह्मस्थल नाम ग्रामका रहनेवाला चन्द्रस्वामी नाम मैं ब्राह्मणहूं मेरी स्त्री अत्यन्त रूपवती है एक समय अपने पिताकी आज्ञासे मैं दूसरे ग्रामको किसी कार्य्यके लियेगया मेरे पीछे भिक्षालिये आयेहुए एक कापालिकने मेरी स्त्री को देखा उसके देखनेसेही वह ज्वर से पीड़ितहोके सायंकालही को मरगई तब मेरे बन्धुओंने उसे लेजाकर रात्रिके समय श्मशान में चितालगाकर जलाया उसीसमय मैं भी ग्रामसे लौटकर अपने घरमें आके उस वृत्तान्तको सुनकर श्मशानमें चिताके निकटगया उससमय वह कापालिकभी खट्वाङ्ग को नचाता और डमरू को बजाताहुआ वहीं आया और भस्मफेंककर चिताको शान्त करके उसमेंसे सजीव निकलीहुई मेरीस्त्रीको मन्त्रके प्रभावसे अपने साथलेके गंगातटपर जाके एक गुफाके द्वारपर खट्वाङ्गको रखकर भीतर चलागया और मैंभी धनुष चढ़ायेहुए उसीके पीछे २ चलागया वहां उस दुष्टने भीतर बैठीहुई दो कन्याओं से कहा कि तुम दोनों को पाकरभी जिसके बिना मैंने भोग नहीं कियाथा आज वह मुझे प्राप्तहोगई देखो वह यही है यहकहकर जब वह उन कन्याओं को मेरी स्त्री दिखानेलगा तब मैंने उसका खट्वाङ्गलेके गंगामें फेंककर उससे कहा कि हे दुष्ट कापालिक तू मेरी स्त्रीको हरनाचाहताहै देख मैं तुझे अभी मारडालताहूं मेरे यह वचनसुनके खट्वाङ्गको न पाकर

वह सिद्धि रहित होकर वहां से भागा उसे भागा देखकर मैंने धनुष में विषसे बुझाहुआ बाण चढ़ाके उसके मारा जिसके लगतेही उसके प्राणनिकलगये इसप्रकार उस पाखंडीको मारकर अपनी स्त्री तथा उन दोनों कन्याओं को लेकर मैं अपने घरमें आया वहाँ पूछनेपर उन कन्याओं ने अपना यहवृत्तान्त कहा कि काशीपुरी के रहनेवाले एकक्षत्री तथा एक वैश्यकी हमदोनों कन्याहैं हमको सिद्धिकी युक्ति से यह दुष्ट हरलाया आपकी कृपा से हमारा इस पापी से उद्धार हुआ उनके वचन सुनकर दूसरे दिन मैं दोनों कन्याओं को लेकर काशीजी में उनके पिताओंके पास भेजआया काशी से लौटकर मार्ग में यह वैश्य मुझे मिला इसी के साथ मैं यहां आया उस कापालिककी गुफामें मुझे एक अंगराग मिला था जिसके लगाने से अबतक मेरे शरीरमें सुगन्ध आरही है इसप्रकार मैंने मरीहुई स्त्रीभी सजीवपाई उसके यह वचन सुनकर राजाने उन दोनों को वहीं छोड़कर उज्जयिनी में आके गुणवती और चन्द्रवती के साथ विवाहकिया और स्तम्भमें देखीहुई उस पुतलीका स्मरणकरके प्रतीहारसे कहा कि कलिंग देशके राजाकलिंगसेन सेकन्या मांगनेकेलिये दूत भेजो राजाकी यह आज्ञा पाकर प्रतीहारने कलिंग देशको दूत भेजा उस दूतने राजाकलिंगसेन से जाकर कहा कि महाराज विक्रमादित्य ने तुमसे कहा है कि तुम जानतेहो इसपृथ्वीमें जो २ उत्तम रत्न होताहै वह मेरे पास आताहै इससे तुम अपनी कन्यारूपी रत्न मेरे पास भेज दो और हमारी कृपा से अकण्टक राज्यभोगो। दूत के यह वचन सुनकर राजा कलिंगसेनने क्रोधकरके कहा कि राजाविक्रमादित्य यह क्या मुझे आज्ञा देताहै वह बड़ा अभिमानी होगयाहै इससे उसे नीचा देखनापड़ैगा। उसके यह वचन सुनकर उस दूतने उससे यह कहकर कि तुम सेवक होकरभी स्वामी से क्यों द्वेष करतेहो उसकी प्रतापाग्निमें अपने प्राण मतहोमो, राजाविक्रमादित्य के पास आके कलिंगसेनका सब वृत्तान्त कहा दूतके वचन सुनकर राजा विक्रमादित्य भूतकेतु वेताल तथा बहुतसी सेनाको लेकर कलिंगदेश में गया वहां राजाकलिंगसेनको युद्धके लिये तैयार देखकर राजाविक्रमादित्य ने शोचा कि इसकी कन्याके साथ मैं विवाह करना चाहताहूं इससे यह मेरा श्वशुर हुआ इसको मारना योग्य नहीं है इसमें कोई युक्ति करनी चाहिये यह शोचकर राजा विक्रमादित्य रात्रि के समय वेतालके साथ कलिंगसेनके शयन स्थानमें गया वहां वेतालने कलिंगसेनको जगाकर उस से कहा कि विक्रमादित्यसे विरोध करके भी तुम क्यों पड़े सोरहेहो वेतालके वचन सुनके उसने उठकर विक्रमादित्यको देखकर भयभीत होकर कहा कि मैं आपके वशीभूतहूं जो आज्ञाहोय सो करूं उसके वचन सुनकर महाराज विक्रमादित्यने उससे कहा कि जो तुम मेरी आज्ञा पालन करना चाहतेहो तो अपनी कलिंगसेना कन्याका विवाह मेरे साथ करदो। यह सुनकर उसने कहा कि कल मैं अपनी पुत्री कलिंगसेनाका विवाह आपके साथ करदूंगा। उसके यह वचन सुनके राजा विक्रमादित्य वेताल समेत अपने डेरेमें चलाआया दूसरे दिन कलिंगसेनने महाराज विक्रमादित्यके साथ तुम्हारा विवाह करदिया इसप्रकार हे रानी। राजाने बड़े अनुरागपूर्वक तुम्हारे साथ विवाह कियाहै उस कार्पटिकसे यह कथा सुनकर मेरे चित्तको बड़ा संतोषहुआ रानी। कलिंगसेनासे यह वृत्तान्त सुनकर सब रानी बहुत प्रसन्न

